दुर्दांत आतंकवादी जगमीत सिंह उर्फ मीता का शव । उसने संगरूर-बरनाला सड़क पर बडहर के पास पुलिस द्वारा घेर लिये जाने पर साइनाइड खाकर आत्म-हत्या कर ली । (छाया : सिटीलाइट)

तेजपाल साथी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

टी.वी. पर चित्रहार आ रहा था तथा मुहल्ले में एक घर में वी.सी.आर. लगा हुआ था, जिस कारण वहां पर मुहल्ले के लड़के नहीं थे,वरना मौतों की गिनती बहुत ज्यादा होती ।

इससे पहले राज कुमार जैन के पुत्र अमृत लाल जैन व पौत्र अशोक जैन को 16 फरवरी,1986 को घाटी बाजार में उग्रवादी मार गए थे । भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के सुखविंदर सिंह सेघा ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है ।

पट्टी में कल मारे गए 4 व्यक्तियों का आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

उग्रवादी गिरफ्तार

रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति मुख्तार सिंह को गिरफ्तार करके उससे दो 12 बोर की बंदूकें, एक एकनाली बंदूक, 12 बोर के 10 कारतूस बरामद किए । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह अभी हाल ही में आतंकवादियों की पंक्तियों में शामिल हुआ था । उसके विरुद्ध केस दर्ज करके पूछताछ शुरू कर दी गई है ।

फायरिंग

अमृतसर के जंडियाला थाना के ग्राम अकालगढ़ धपई में स्पैशल पुलिस अफसर व उग्रवादियों के बीच आज रात्रि जम कर फायरिंग हुई । कुछ उग्रवादियों ने ग्राम के सरपंच का दरवाजा खटखटाया पर बाहर कुछ अपरिचितों को देख कर सरपंच के लड़के ने हवाई फायरिंग की । इस पर विशेष पुलिस अफसर ने भी उग्रवादियों पर फायरिंग की । थोड़ी देर की फायरिंग के बाद उग्रवादी वहां से फरार हो गए ।

लूट की वारदातें

मोगा (वार्ता) : गत रात जिला फरीदकोट के थाना मलोट के गांव मिड्डा में सशस्त्र लुटेरों ने 4 घरों से दोनाली बंदूकें तथा हजारों रुपए मूल्य की नकदी व जेवर लूट लिए ।

8 उग्रवादी गिरफ्तार

भटिंडा (ग्रोवर) : भटिंडा पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनकी पहचान दर्शन सिंह, रणजीत सिंह उर्फ बिट्टू, नरेन्द्र सिंह उर्फ निहंग, मनजीत सिंह, राजपाल सिंह, गुरतेज सिंह और सुखदेव सिंह 'बिल्ली' के रूप में की गई है । उनसे 3 बंदूकें, एक पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का मिला है । पूछताछ के दौरान उन्होंने तीन हत्याओं, दो गोलीबारी की घटनाओं और 5 डकैतियों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की ।

4 की हत्या

फिरोज़पुर (बागी): गत रात आतंकवादियों ने थाना मक्खू के गांव मिट्ठा के सरपंच, उसके दो बेटों तथा एक नौकर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । सरपंच के लड़कों के नाम नछत्तर सिंह तथा बचित्तर सिंह बताए जाते हैं ।

बताया जाता है कि आतंकवादी सरपंच के घर गए तथा दरवाजे पर दस्तक दी । जैसे ही सरपंच ने दरवाजा खोला, उन्होंने ए.के. 47 राइफलों से गोलियों की बौछार कर दी । हमलावर भाग निकलने में सफल हो गए ।

नछत्तर सिंह गिरफ्तार

संगरूर (गोयल) : जिला पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के खतरनाक आतंकवादी नछत्तर सिंह को एक नाकाबंदी के दौरान ठीकरी वाला ड्रेन के निकट से गिरफ्तार किया है । उसके कब्ज़े से पुलिस ने 30 बोर स्प्रिंग फ़ील्ड राइफल और उसके 16 कारतूस भी बरामद किए हैं । अभियुक्त ने स्वीकार किया है कि उसने शेरपुर के डाक्टर कृष्ण चंद की हत्या इस वर्ष 5 मई को की थी । इसके अलावा उसने 4 स्कूटर भी पिस्तौल की नोक पर लोगों से छीने थे । उसने अपने दो साथियों का पता भी बताया, जिन्होंने उक्त हत्या के दौरान उसकी मदद की थी । पुलिस उनकी तलाश कर रही है ।

हत्या

उग्रवादियों ने आज सायं संगरूर जिले के धूरी के पास एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

हरिके थाने के एस.एच.ओ. के गनमैन अशोक कुमार का शव उसकी आतंकवादियों ने घराली थाने के इलाके में हत्या कर दी ।

खतरनाक आतंकवादी पकड़ा गया

कपूरथला (शर्मा): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने गत सायं थाना भुलत्थ के गांव रामगढ़ के निकट से एक खतरनाक आतंकवादी जोगेंद्र सिंह पुत्र नत्था सिंह वासी खस्सन थाना भुलत्थ को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक 6 गोलियों से भरा हुआ 32 बोर का रिवाल्वर और 4 गोलियां बरामद की हैं । यह दुर्दांत आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के गुरजंत सिंह रायसिंह नगर (राजस्थान) के गिरोह से सम्बन्ध रखता है । पुलिस को यह आतंकवादी निम्नलिखित गोली कांडों में वांछित था । नकोदर सब्ज़ी मंडी गोली कांड,जिसमें 3 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा कई घायल हुए थे । थाना नूरमहल के गांव बिलगा गोलीकांड जिसमें एक व्यक्ति मारा गया, 2,3 घायल हुए थे । इसी थाने के गांव उप्पल गोली कांड में एक शराब का ठेकेदार मारा गया था ।

डराने के लिए फ़ायरिंग

गुरदासपुर (वार्ता): थाना दीनानगर के गांव वाड़ा में 8 आतंकवादियों के एक गिरोह ने लोगों को डराने के लिए अंधाधुंध फ़ायरिंग की । जिला पुलिस चीफ श्री पी.एम. दास ने बताया कि फ़ायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ । ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि आतंकवादी पूछ रहे थे कि गांव में किसके पास लाइसैंसी हथियार हैं ? श्री दास ने कहा कि जांच पड़ताल जारी है और अपराधियों को खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

पंचायत चुनावों में हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

जनता पार्टी द्वारा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पासवान, श्रीमती मेनका गांधी, श्री हरिकेश बहादुर और श्री थामस (सभी महासचिव), श्री जयंत मल्होत्रा (कोषाध्यक्ष) एवं डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी और श्री सत्य प्रकाश मालवीय विशेष आमंत्रित । समाजवादी जनता दल के चार घटकों में जनमोर्चा ने एक एवं दो अगस्त की अपनी बैठक में विलय की सम्पुष्टि कर दी है और कांग्रेस (स) ने इसके लिए अपनी कार्य समिति की बैठक 10 अगस्त को कलकत्ता में बुलाई है । लोकदल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भी बैठक शीघ्र बुलाई जाएगी, ऐसे संकेत लोकदल सूत्रों ने दिए हैं ।

उधर जनमोर्चा के संसद के दस सदस्यों ने संसद से अपना त्यागपत्र अपने नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह के पास भेज दिया है । जनमोर्चा सूत्रों के अनुसार इन सदस्यों के त्यागपत्र राज्यसभा के सभापति और लोकसभा के अध्यक्ष के पास तब भेजे जाएंगे, जब समाजवादी जनता दल का गठन हो जाएगा । जिन संसद सदस्यों ने इस्तीफा भेजा है, उनके नाम सर्वश्री अरुण नेहरू, विद्याचरण शुक्ल, आरिफ मोहम्मद खां, मफ्ती मोहम्मद सईद, जी.जी. स्वैल, राजकुमार राय, मानवेन्द्र सिंह, चन्द्रमोहन सिंह नेगी तथा ए.पी. गौतम हैं । इन सदस्यों ने अपना इस्तीफा संयुक्त रूप से भेजा है । श्री विद्याचरण शुक्ल ने कहा कि हम लोगों ने अपना त्यागपत्र इसलिए भेजा है ताकि लोगों को यह कहने का मौका न मिले कि हम अपनी सदस्यता नहीं छोड़ना चाहते ।

श्री जी.जी. स्वैल ने सम्पर्क करने पर अपने इस्तीफे की खबर का खंडन किया । जनमोर्चा के संयोजक रामधन ने कहा कि उन्होंने भी इस्तीफा नहीं दिया है । यह पूछने पर कि क्या इस्तीफा देने वाले सांसदों ने आपसे सम्पर्क किया ? श्री रामधन ने कहा कि उनसे इस बारे में किसी ने बात नहीं की ।

श्री रामधन ने कहा कि त्यागपत्र संयुक्त रूप से नहीं दिए जाते बल्कि अलग-अलग दिए जाते हैं और अगर कुछ लोगों ने संयुक्त पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं तो वह फर्जी हैं ।

बेंगलूर : कर्नाटक के मुख्यमंत्री राम कृष्ण हेगड़े ने आज कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल द्वारा प्रस्तावित समाजवादी जनता दल के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा से पैदा हुए भ्रम के कारण एकता प्रयासों पर कोई असर नहीं पड़ेगा । जब संवाददाताओं ने श्री हेगड़े को समाजवादी जनता दल की घटनाओं पर टिप्पणी करने को कहा तो उन्होंने कहा कि वे नहीं मानते कि इससे एकता प्रयासों को धक्का पहुंचा है । श्री हेगड़े ने बताया कि उन्होंने जनता पार्टी के नेता बीजू पटनायक तथा अन्य लोगों से बातचीत की थी और उन सभी का यही कहना है कि यह मात्र एक प्रस्ताव है, इसलिए इस संबंध में ज्यादा होहल्ला मचाने की कोई जरूरत नहीं ।

उन्होंने कहा कि पार्टी को अभी अपना संविधान तय करना है, नियम आदि बनाने हैं और विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों की व्याख्या करनी है ।

बूटा सिंह इस्तीफ़ा दें

अमृतसर, 4 अगस्त (वार्ता): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान श्री बलदेव चावला ने श्री तेजपाल साथी की हत्या की निन्दा करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह से इस्तीफ़े की मांग की क्योंकि उनके कथनानुसार वह पंजाब में एक समुदाय के लोगों की प्राण रक्षा करने में नाकाम रहे हैं ।

शाम के भाव

(4 अगस्त, 1988)

Punjab Sahitya

इंका नेता पिस्तौल सिंह सहित पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 3 लोगों की हत्या

पट्टी गोली कांड का घायल चल बसा, दूसरे दिन भी हड़ताल रही

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 5 अगस्त (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक प्रमुख कांग्रेस (इ) नेता श्री पिस्तौल सिंह सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पट्टी गोली कांड के एक घायल की अस्पताल में मृत्यु हो गई । सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए ।

घुसपैठिया मरा

कल रात्रि ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया ।

सरपंच की हत्या

रैय्या (जसपाल): थाना मेहता के गांव जलालुस्मान में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः गांव के सरपंच श्री पिस्तौल सिंह (55) की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि वह अपने भाई के साथ एक स्कूटर पी.ए.एस. 6761 पर बैठ कर जा रहे थे । वारदात स्थानीय हाई स्कूल के निकट हुई । पिस्तौल सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । बताया गया है कि आतंकवादियों के साथ दो और संदिग्ध व्यक्ति भी थे जो पिस्तौल सिंह का स्कूटर लेकर फरार हो गए जबकि श्री पिस्तौल सिंह की हत्या करने वाले भी स्कूटर पर सवार थे । श्री पिस्तौल सिंह जिला कांग्रेस (इ) अमृतसर देहाती के भूतपूर्व महासचिव थे । पुलिस ने इस विषय में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । श्री पिस्तौल सिंह की हत्या की जिम्मेदारी भिडरांवाला टाइगर फोर्स के भूपिन्द्र सिंह मिंदा ने ली है ।

श्री पिस्तौल सिंह वयोवृद्ध इंका नेता श्री सोहन सिंह जलालुस्मान के निकट संबंधी थे । जिला इंका के महासचिव श्री प्रकाश बिंदरा ने बताया कि श्री पिस्तौल सिंह आतंकवादियों की हिट लिस्ट पर थे और उन्हें आतंकवादियों के विरुद्ध अपने मजबूत स्टैंड के कारण धमकी भरे पत्र मिल रहे थे । श्री पिस्तौल सिंह भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के निकट साथी थे । वह पंजाब प्रदेश कांग्रेस के सदस्य थे ।

पिस्तौल सिंह की हत्या की जिम्मेदारी एक समय उसके मित्र रह चुके खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल सुखदेव सिंह झामके ने ली है ।

एक और हत्या

थाना मेहता के अंतर्गत गत रात गांव मैदों की लेल में संदिग्ध व्यक्तियों ने जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात 2 बजे के लगभग आतंकवादियों ने जोगेन्द्र सिंह को सोए हुए को उठाया और उसे गांव से लगभग 100 गज दूर ले जाकर गोली मार दी । पुलिस के अनुसार जोगेन्द्र सिंह शराब बेचने का धंधा करता था ।

2 आतंकवादी मारे गए

अमृतसर (ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादी आज तड़के भिखीविंड पुलिस थाने के मनियाला गांव में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एक सूचना के आधार पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस ने एक मकान पर जब संयुक्त रूप से छापा मारा तो गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए । घर में छुपे अन्य आतंकवादी भाग निकले । घटनास्थल से एक ए.के.-47 असाल्ट राइफल तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए । जिस मकान पर छापा मारा गया वह प्रीतम सिंह का है ।

मारे गए एक आतंकवादी की शिनाख्त राजी के रूप में हुई है जोकि उसी गांव का निवासी है ।

मुठभेड़ स्थल से भारतीय मुद्रा में 3,925 रुपए से ज्यादा की रकम व कुछ पाकिस्तानी करंसी भी मिली । कुछ मात्रा में अफीम भी वहां से बरामद हुई ।

बी.एस.एफ. की विज्ञप्ति

बी.एस.एफ. पंजाब के आई.जी. के जालन्धर कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दो आतंकवादियों के मारे जाने के अलावा दो घायल भी हो गए । घायलों में से एक निरवैर सिंह को बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने काबू कर लिया जबकि दूसरा फरार हो गया । फार्म हाऊस के मालिक प्रीतम सिंह को भी पकड़ लिया गया । गोलीबारी के दौरान बी.एस.एफ. के नायक राम अवतार पांडे को भी गोलियों के घाव लगे । मुठभेड़ स्थल से एक कागज का टुकड़ा मिला जिस पर कई लाख रुपए का हिसाब-किताब दर्ज है ।

घायल चल बसा

इसी मध्य बुधवार की रात को पट्टी में हुई फायरिंग में जो दो लोग घायल हुए थे, उनमें से एक की मृत्यु हो गई । इस तरह इस कांड में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है । पट्टी कस्बे में आज दूसरे दिन भी प्रोटैस्ट के तौर पर हड़ताल रही ।

पैट्रोल पम्प पर फायरिंग

गत रात आतंकवादियों के एक गिरोह ने चोला साहब में गुरुद्वारा बीड़ बाबा के निकट एक पैट्रोल पम्प पर भारी फायरिंग की और इसके मालिक को धमकियां दीं परन्तु फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ ।

अकाली नेता के नौकर पर फायरिंग

लुधियाना (धीमान) : आज सायं गिल रोड पर 2 उग्रवादी वरिष्ठ अकाली नेता श्री सुरजन सिंह ठेकेदार के पुत्र कंवर इन्द्र सिंह की दुकान पर आए और उनके 60-65 वर्षीय नौकर प्यारा को कहा कि उन्हें सीमैंट चाहिए । नौकर ने कहा कि मालिक घर चले गए हैं । आप कल सुबह आकर सीमैंट ले जाना । इस पर उग्रवादियों ने गोली चला दी । इससे नौकर घायल हो गया । उसे सिविल अस्पताल दाखिल कराया गया है । उग्रवादी फरार हो गए ।

3 हिरासत में

लुधियाना, (धीमान): जिला पुलिस अधीक्षक श्री सैनी ने आज शाम यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि श्री तेजपाल साथी और एक कांस्टेबल मोहन लाल की हत्या के संदर्भ में पुलिस ने 10 जगहों पर छापे मारे और तीन लोगों को हिरासत में लिया । उन्होंने बताया कि इन हत्याओं में बब्बर खालसा का हाथ होने का संदेह है । उन्होंने बताया कि श्री साथी की हत्या के अवसर पर एक कांस्टेबल अनुपस्थित था । दूसरा किसी सरकारी काम पर गया हुआ था । तीसरा अस्पताल में घूम रहा था जबकि चौथा मोहन लाल उग्रवादियों की गोली का शिकार हो गया। ज्ञानी सोहन सिंह और भान सिंह की हत्याओं के बारे श्री सैनी ने कहा कि इस कांड के अभियुक्तों का अभी तक कोई पता नहीं चला । पुलिस इस मामले में सरगर्म है ।

फार्म हाऊस में हत्या

जालन्धर (ह.स.): जालन्धर जिले में गोराया पुलिस थाने के घुरका कलां गांव में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक तेजधार वाले हथियार से हरबंस लाल नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि मृतक अपने फार्म हाऊस में था और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फगवाड़ा के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार उग्रवादियों से पकड़े गए हथियार व गोली-सिक्का, विस्फोटक पदार्थ व पोटैशियम साइनाइड का निरीक्षण करते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल (छाया : फोटो नैटवर्क), इनसैट में उग्रवादियों से मिला भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का पर्चा । (छाया : प्यारे)

Punjab Sandesh

अमृतसर जिले के चौक मेहता थाना क्षेत्र के ग्राम जलाल उस्मान के इंका नेता पिस्तौल सिंह (पुराना चित्र इन्सैट में) की जहां हत्या की गई, वह मकान । (छाया : जसपाल रैया)

जिला अमृतसर के थाना खालड़ा के गांव भैंडाल में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) रौशन लाल (2) उनकी पत्नी कृष्णा देवी और (3) जनक राज के शव । (छाया : भगवान स्टुडियो)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

उसका शव आज सुबह बरामद किया गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

घायल करके लूट लिया

फगवाड़ा (ह.स.): कल आधी रात के बाद निकटवर्ती गांव पंडोरी में सशस्त्र व्यक्तियों के एक ग्रुप ने रवींद्र कुमार पर हमला करके घायल कर दिया और उससे सात सौ रुपए व स्टीरियो छीन कर ले गए । रवींद्र पर उस समय हमला किया गया जब वह एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ गुत्थमगुत्था हो गया ।

राकेश के अनुसार थाना गोराया के गांव लोहारां में ही गांव के लोगों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । बताया जाता है कि कल रात गांव लोहारां में 2 व्यक्ति स्कूटर पर सवार होकर आए और सुच्चा सिंह के घर पर जाकर उसके बारे पूछने लगे । जब वह घर न मिला उन्होंने सुच्चा सिंह के एक लड़के को स्कूटर पर बिठा लिया तथा चले गए वह लड़का भाग कर वापिस घर आया तो दोनों संदिग्ध व्यक्ति फिर घर वापिस आ गए । बाद में घर पर सुच्चा सिंह व उसके लड़के दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के साथ गुत्थमगुत्था हो गए उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि दूसरा फरार हो गया ।

FEW FREEHOLD
RESIDENTIAL PLOTS

Punjabi Samachar

शिरोमणि कमेटी के सदस्य सहित पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर में मारा गया उग्रवादी राजी अनेक हत्याओं में वांछित था

पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 6 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक सदस्य, आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक नेता सहित छः व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक पाक घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया ।

शिरोमणि कमेटी के सदस्य की हत्या

खरड़ (शशि, संघी): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य तथा एकीकृत अकाली दल जिला रोपड़ के उपाध्यक्ष श्री संत सिंह रुड़की (55) की आज दो उग्रवादियों ने स्थानीय ग्रेन मार्केट में स्थित उनकी दुकान में गोलियां मारकर हत्या कर दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार दो उग्रवादी प्रातः 10.40 बजे साइकल पर सवार होकर उनकी दुकान पर आए तथा श्री संत सिंह, जो कि उस समय दुकान के बाहर खड़े थे, पर गोलियां चलाईं, जो कि उनके चेहरे तथा सिर पर लगीं । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हत्यारे साइकल पर ही फ़रार हो गए ।

मौका पर मौजूद लोगों ने बताया कि हत्यारों ने श्री संत सिंह को गोलियां मारने के बाद गालियां दीं तथा कहा कि इसने कई गद्दारियां की थीं, जिसका जवाब दिया जा रहा है । श्री संत सिंह ने स्थानीय ग्रेन मार्केट में अभी एक अप्रैल को ही आढ़ती के तौर पर काम शुरू किया था । कुछ लोगों ने बताया कि हत्यारों ने श्री संत सिंह को मारने के बाद वहां मौजूद पल्लेदारों से कहा कि यदि किसी में दम है तो वह आगे आए । उस समय मार्केट में काफी लोग मौजूद थे, परन्तु किसी ने भी साइकल पर जा रहे हत्यारों को पकड़ने की कोशिश नहीं की ।

हत्यारों ने भागते हुए निकट ही मार्केट कमेटी के कार्यालय के बाहर बैठे कुछ कर्मचारियों पर भी गोली चलाई, लेकिन वे बाल-बाल बच गए । श्री संत सिंह का एक लड़का खरड़ मार्केट कमेटी का कर्मचारी है । श्री संत सिंह खरड़ के भूतपूर्व विधायक बचित्तर सिंह के बहुत निकट समझे जाते थे । हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और हत्यारों की खोज आरम्भ कर दी ।

रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चन्द्रशेखर ने बताया कि पुलिस को उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों का एक खोल मिला है, जो सम्भवतः .38 बोर की रिवाल्वर से चला हुआ है । हत्यारों की आयु 24-25 वर्ष बताई जाती है । उन्होंने बताया कि श्री संत सिंह को 3 गोलियां लगी हैं । उनके शव को पोस्ट मार्टम के लिए रोपड़ के सिविल अस्पताल में भेजा गया है ।

पिछले चार दिनों में यह दूसरा मौका है जब आतंकवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य को अपना निशाना बनाया है ।

गत बुधवार को आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में सरहाली खुर्द गांव में प्रबन्धक कमेटी के सदस्य अर्जुन सिंह को मौत के घाट उतार दिया था ।

घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर (अशोक): प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अमृतसर के सीमांत गांव राजा ताल में विगत रात पाकिस्तान से अवैध रूप से भारत में दाखिल हो रहे दो घुसपैठियों के साथ सीमा सुरक्षा बल की मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया, जबकि उसका एक साथी वापस भाग गया ।

दो व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर के थाना वल्टोहा के गांव पनियां में गत रात दो व्यक्तियों गुरमेल सिंह और जरनैल सिंह की किसी ने उस समय तेज़ धार हथियारों से हत्या कर दी, जबकि वे गांव के बाहर अपने ट्यूबवैल पर सो रहे थे । पुलिस ने सूचना मिलने पर प्रातः उनकी लाशें कब्ज़े में ले लीं ।

थाना जंडियाला के गांव मानांवाला में सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी के साथ दो स्कूटर सवार आतंकवादियों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों आतंकवादी स्कूटर छोड़कर भाग निकले । सुरक्षा बलों ने मानांवाला ड्रेन पर नाका लगा रखा था । रात 11.30 बजे उन्होंने दो स्कूटर सवारों को आते देखा । उन्होंने उन्हें रुकने का संकेत किया, परन्तु आतंकवादियों ने खेतों में स्कूटर उतारकर भाग निकलने की चेष्टा की । सुरक्षा बलों द्वारा पीछा किए जाने पर स्कूटर सवारों ने फायरिंग की । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने पर वे स्कूटर छोड़कर भाग निकले ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sentinel

शिरोमणि कमेटी सदस्य की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद में सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर जाकर स्कूटर की तलाशी ली तो उसमें से करीब 400 अनचले कारतूस ए.के. 47 असाल्ट राइफल के तथा 5 चले कारतूस मिले । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के तीन कारतूस भी मिले ।

मृत आतंकवादियों की पहचान

कल मनियाला गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान राजी तथा शिदा उर्फ़ लामा जट्ट के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार 'प्लस बी' श्रेणी का आतंकवादी राजी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित था और उसके सिर पर 25,000 रुपए का इनाम था । वह 15 से अधिक लोगों की हत्या में वांछित था और जिला अमृतसर के भिखीविंड, पट्टी तथा वल्टोहा क्षेत्रों में सरगर्म था ।

लूटमार करने वाले गिरफ्तार

पुलिस ने आज तरनतारन क्षेत्र में सरगर्म एक गिरोह के 10 में से 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया और इनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । तरनतारन के पुलिस चीफ़ श्री संजीव गुप्ता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि यह गिरोह वैरोवाल तथा तरनतारन क्षेत्रों में लूटमार और धन व हथियार छीनने की वारदातों में संलिप्त था । गिरोह के सदस्यों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे गांव सेरों में डकैती डालने की योजना बना रहे थे । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उन्होंने कहा कि लूट के धन से उनकी हथियार खरीदने की योजना थी ।

गिरोह से बरामद किए गए हथियारों में एक .32 बोर का रिवाल्वर, दो बारह बोर के पिस्तौल, एक .303 पिस्तौल और 12 कारतूस शामिल हैं । गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम सोहन सिंह, सरदूल सिंह, कंवलजीत सिंह, सतनाम सिंह सत्ता, अजायब सिंह, मुख्तार सिंह, तरसेम सिंह तथा गुरमुख सिंह हैं ।

लुधियाना के निकट हत्या

लुधियाना (मुसाफ़िर, ह.स.) : यहां के निकटवर्ती गांव कौंके में कुछ उग्रवादी अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर आए । उसके बाहर आते ही उग्रवादियों ने उसे गोली मार दी, जिससे उनकी वहीं मृत्यु हो गई ।

फैडरेशन नेता की हत्या

लुधियाना (ह.स.): अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ के भूतपूर्व अध्यक्ष जगविन्द्र सिंह की लुधियाना के निकट किला रायपुर गांव में उनके मकान में आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

संशोधन

मेघधन साप्ताहिक लाटरी के 263वें ड्रा में जो 3.8.88 को निकाला गया कृपया 5वें पुरस्कार का पहला नम्बर 2903 की बजाए 2905 पढ़ें ।

तीन संदिग्ध युवक गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि गत दिवस बटाला में तैनात बी.एस.एफ. ने सूचना मिलने पर कुछ संदिग्ध युवकों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर ट्रक यूनियन क्षेत्र में ज़मीन में गाड़ रखी पांच बंदूकें, जिनमें दो 12 बोर की दोनाली बंदूकें शामिल हैं व 228 गोलियां बरामद करके सिटी पुलिस के हवाले किया । पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया । श्री शर्मा ने बताया कि इनकी शिनाख्त गुरदियाल सिंह बिल्ला, सतनाम सिंह सत्ता व इन्द्रजीत सिंह इन्दी सिनेमा रोड के रूप में की गई है और इन्होंने यह हथियार मार्च 1986 में दंगों के दौरान सिनेमा रोड बटाला स्थित लाहौर गन हाऊस से लूटे थे । कुल 41 शस्त्र लूटे गए थे, जिनमें से काफी मात्रा में पहले ही बरामद किए जा चुके हैं ।

धारीवाल के निकट हत्या

दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज दोपहर गुरदासपुर जिले में धारीवाल के निकट महेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

सी.आर.पी. ने नूरमहल थाना क्षेत्र में कुछ जगहों पर छापे मार कर मल्कियत सिंह, जसबीर सिंह, ज्ञान सिंह नामक तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार करके इनसे 6.5 किलो विस्फोटक पदार्थ बरामद किया ।

उग्रवादियों का रिमांड

फगवाड़ा (कौड़ा): कल फगवाड़ा में सुरक्षा बलों व उग्रवादियों के मध्य हुई बीस मिनट की फ़ायरिंग के बाद गिरफ्तार किए गए पांच उग्रवादियों का आज अदालत से रिमांड ले लिया गया । इसी मध्य पता चला है कि यह पांचों उग्रवादी फगवाड़ा शहर व इसके निकटवर्ती क्षेत्रों में कुछ बड़ी वारदातें करने के लिए पूर्ण तैयारी से निकले थे व उनकी क्षेत्र में विध्वंसक कार्रवाइयों की व्यापक योजना थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर्ज़ फ़ोर्स के इन सदस्यों से अनेक सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

चार संदिग्ध आतंकवादी पकड़े

आज प्रातः पुलिस ने फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव रावलपिंडी (थाना सदर) के निकट नाकाबंदी के दौरान चार संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार कर लिये और उनसे गोली सिक्का भी पकड़ा । गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों में अमरजीत सिंह उर्फ लक्खा गांव जनोहा थाना माहिलपुर के कब्ज़े से भरा हुआ 12 बोर का पिस्तौल, जसबीर सिंह गांव साहलों थाना नवांशहर से 12 बोर का पिस्तौल व एक कारतूस, अमरजीत सिंह उर्फ बंटी गांव पांछटा थाना फगवाड़ा से 12 बोर के दो कारतूस और परमिंदर सिंह उर्फ पिंकी गांव दोमेड़ा थाना आदमपुर से 2 कारतूस मिले ।

1.40 लाख लूटे

बुलन्दशहर, 6 अगस्त : सपनावत गांव के पास कल कुछ बदमाशों ने एक डेयरी एजैंट से 1.40 लाख रुपए लूट लिए । पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने साथी के साथ स्कूटर पर जाते समय कुछ बदमाशों ने उन्हें रोका तथा पिस्तौल दिखा कर सारा धन लूट कर चम्पत हो गए ।

सेना की सहायता मांगी

(पृष्ठ 3 का शेष)

छोटे-मोटे कार्य करने के लिए कहा गया है ।

20 मरे

यहां प्राप्त प्रारम्भिक सूचनाओं के अनुसार वर्षा और बाढ़ से अब तक कम से कम 20 व्यक्ति मारे गए हैं, 123 पशु भी मारे गए । लगभग 1400 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और 14.35 करोड़ रुपए की फसल और सम्पत्ति नष्ट हुई है ।

राजपुरा-चंडीगढ़ मार्ग बंद

राजपुरा (मासूम): भारी वर्षा के कारण बरसाती नालों में बाढ़ आ जाने से चंडीगढ़ मार्ग पर आलमपुरा के निकट बन रही सतलुज यमुना योजक नहर के साथ 100 फुट सड़क का टुकड़ा बह गया, उसी सड़क पर 20 फुट गहरा गड्ढा हो जाने से 6 दिनों से यातायात बिल्कुल बंद है व चंडीगढ़ जाने के लिए लोगों को वाया सरहिन्द से होकर जाना पड़ता है । समय भी दगुना लगता है व बस का किराया भी लगभग 20 रुपए देना पड़ता है । इतनी बड़ी सड़क इतने दिनों से बंद पड़ी है । इसी तरह अम्बाला मार्ग भी बंद है व यातायात रुक-रुक कर चल रहा है ।

दरार 200 फुट की

बलाचौर (जोशी) : सतलुज के किनारे पर धुस्सी बांध में गांव औलियापुर के निकट जो दरार पड़ी है, वह बुर्जी नं. 61800-62000 के निकट पड़ी है और लगभग 200 फुट की है । सेना ने मेजर मक्कड़ के नेतृत्व में बांध बनाना शुरू कर दिया है । एस.ई. ड्रेनेज श्री देवेन्द्र सिंह के अनुसार पानी का स्तर लगभग 45000 क्यूसेक है, यदि और पानी छोड़ा गया तो जिला जालन्धर के 16 गांवों को खतरा पैदा हो जाएगा ।

धुस्सी बांध में दरार

होशियारपुर (अश्विनी) : बलाचौर के निकट गांव औलियापुर में सतलुज नदी में बाढ़ आने के कारण धुस्सी बांध में दरार पड़ने की खबर मिली है । एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू ने हमारे सम्वाददाता को बताया कि दरार भरने के लिए सैनिक कार्रवाई की जा रही है । होशियारपुर से भारी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के दस्ते सहायता के लिए भेजे गए हैं । ड्रेनेज विभाग के चीफ इंजीनियर श्री आर.एल. बांसल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं । होशियारपुर से रेत की भरी हुई हजारों बोरियां वहां भेजी गई हैं । जिला बाढ़ नियंत्रक अधिकारी श्री कृपाल सिंह राहत पार्टियों के साथ मौके पर पहुंच गए हैं । सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने दरार का कार्य शुरू कर दिया है । इस दरार के कारण कुछ गांवों में पानी भरने की भी सूचना मिली है ।

शाम के भाव

(6 अगस्त, 1988)

चांदी (999) 6033 चांदी सिक्का 6498, सोना बिटुर (प्रति 10 ग्राम) 3100, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3210, मिल डिलीवरी : वनस्पति उ.प्र. (प्रति टीन) 323-328, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 324-330, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 180, सोयाबीन तेल (प्रति 10 किलो) 186, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 185, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 137, चर्बी 1800, गुड़ वायदा दिसं. 112.60, तेल बिनौला (10 किलो) 191, गणेश जीरा 3500-3600, मैंथल फ्लैक 207, मैंथल बोल्ड 238 रुपए ।

Punjab Kesari

पंजाब में 2 बिहारी मज़दूरों समेत आतंकवादियों द्वारा 8 व्यक्तियों की हत्या

ढोलबाहा के निकट मुठभेड़ के बाद 3 उग्रवादी पकड़े गये

कुछ शरणदाता गिरफ्तार किए गए, लूटपाट की कई वारदातें

पाक घुसपैठिया मरा : लुधियाना विश्वविद्यालय में विस्फोट से 4 घायल

चंडीगढ़, 7 अगस्त (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात पंजाब में 2 बिहारी मजदूरों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । होशियारपुर, जालंधर जिलों तथा हिमाचल के कुछ क्षेत्रों में लूट आदि की वारदातें करने वाले तीन आतंकवादी ढोलबाहा के निकट मुठभेड़ के बाद पकड़े गए । जंडियाला पुलिस ने 5 आतंकवादियों को जिला संगरूर पुलिस ने 6 आतंकवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया ।

डेरा बाबा नानक क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

कृषि वि.वि. में बम फटा, 4 घायल

लुधियाना (महिन्द्रा): उग्रवादियों द्वारा आज सुबह दस बजे लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय में बम विस्फोट किए जाने से कम से कम चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गम्भीर है । विस्फोट से भवन को भी क्षति पहुंची ।

पता चला है कि घटना के समय चारों घायल,जो छात्र हैं, होस्टल के सामने टहल रहे थे । तभी स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने उन पर बम फैंका, जो विस्फोट नहीं फटा । उग्रवादी वहां से फरार हो गए । तभी बम फट गया । घायलों में जसबीर सिंह, [illegible] बीत सिंह, विनय सूद व एस.के. सुचैन शामिल हैं । दयानंद मैडीकल कालेज के डाक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर घोषित किया ।

[illegible]रांव के पास 3 की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि लुधियाना जिले के [illegible] थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लाह में कम से कम तीन लोगों की हत्या कर दी और फरार हो गए ।

दो प्रवासी मजदूरों की हत्या

नकोदर (गगन): गत रात नकोदर के नजदीक गांव नानड़ी में दो प्रवासी मजदूरों की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । ये हत्याएं एक फार्म पर हुई । फार्म पर यह दोनों व्यक्ति ही थे, इसलिए यह मालूम नहीं हो सका कि वास्तव में कितने थे और वे कैसे आए । हत्याओं के बारे आज सुबह मालूम हुआ । यहां उल्लेखनीय है कि यह मजदूर गोहीर गांव के सरदार हरदयाल सिंह के फार्म पर काम करते थे जिसकी 31 जुलाई को आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी । मृतकों ने नाम रामू तथा लगन थे । दोनों की आयु 25-25 वर्ष के करीब थी । आज नकोदर अस्पताल में जिस समय लाशों का पोस्टमार्टम हो रहा था तब 50 के करीब प्रवासी मजदूर परेशानी की हालत में बैठे थे । वे सभी फौरन पंजाब से जाने का मन बनाकर बैठे थे । पुलिस ने केस की जांच शुरू कर दी है ।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने पहले इन मजदूरों से एक बिहारी मजदूर सीता राम का अता-पता पूछा । सूत्रों का कहना है कि सीता राम शायद वह व्यक्ति हो जिसने श्री हरदयाल सिंह की हत्या के बाद भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया था । एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादियों के हमले के समय दोनों बिहारी मजदूर सो रहे थे तथापि आतंकवादियों ने एक 15 वर्षीय लड़के की जान बख्श दी जोकि वहीं सो रहा था ।

'शरणदाता गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने जालंधर जिले के गांव खानखाना में छापा मार कर तरनजीत सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो दुर्दांत आतंकवादियों परमजीत सिंह उर्फ पम्मा, गुरनेक सिंह उर्फ नेका तथा बलदेव सिंह को शरण देता था । उसके कब्जे से ए.के. 47 राइफल के आठ कारतूस मिले ।

आतंकवादियों का पुलिस रिमांड

जालंधर (न.न.ए.): जालंधर पुलिस ने तीन खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से साढ़े छः किलो विस्फोटक पाऊडर बरामद किया है । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों मलकीयत सिंह (गांव बंडाला), ज्ञान सिंह उर्फ ज्ञानी (गांव सरहाली) और जसवंत सिंह (गांव देसीयाकाना) थाना नूरमहल शामिल हैं । ये तीनों आतंकवादी बब्बर खालसा के सदस्य हैं । पुलिस ने तीनों आतंकवादियों को श्री एस.सी. अरोड़ा की अदालत में पेश करके इनका तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया है ।

उक्त जानकारी एक पुलिस प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उक्त तीनों आतंकवादियों को मलकीयत सिंह के घर छापा मार कर उस समय गिरफ्तार किया गया जब ये तीनों आतंकवादी बम तैयार करके विभिन्न जगह विस्फोट करके कई लोगों को मारने की योजना बना रहे थे । पुलिस के अनुसार उक्त विस्फोटक पाऊडर मलकीयत सिंह ने अपने घर के आंगन में जमीन के नीचे प्लास्टिक के तीन डिब्बों में बंद करके छुपाया हुआ था । पुलिस द्वारा इनसे गहन पूछताछ जारी है और इनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की सम्भावना है ।

नया स्कूटर छीना

जालंधर ज़िला के ही थाना भोगपुर के गांव भड़ियां के निकट दो युवक पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति कुलबीर सिंह का नया स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

होमगार्ड घायल

'वार्ता' के अनुसार जिला जालंधर के गांव खातड़ां के एक होमगार्ड तीर्थ सिंह को सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । कहा जाता है कि होमगार्ड का यह जवान ड्यूटी पर तैनात था कि किसी ने उसको गोली मार दी । अस्पताल में उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

रिवाल्वर सहित गिरफ्तार

फगवाड़ा (राकेश): कल स्थानीय थाना सदर पुलिस ने आतंकवादियों के विरुद्ध अपने अभियान के अंतर्गत निकटवर्ती गांव मलिकपुर में छापा मार कर एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह पुत्र उजागर सिंह के कब्जे से 455 रिवाल्वर के पांच कारतूस बरामद किए । पुलिस ने उसे उग्रवाद एक्ट छः तथा 212-216 के अधीन गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने कहा अन्य गांवों पण्डोरी, डण्डोली, रावल पिण्डी तथा भवियाना में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में छापे मारे परन्तु किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं कर सकी ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (स): कल रात जिला होशियारपुर में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि रात दो बजे थाना हरयाना में ढोलबाहा के पास कोकानैट सड़क पर पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी । थोड़ी देर बाद तीन व्यक्ति वहां से पैदल गुजरे । पुलिस ने जब उन्हें रोका तो उन्होंने पोजीशनें लेकर फायरिंग शुरू कर दी । जब पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो उन्होंने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में पवन कुमार उमनोह गगरेट (हिमाचल), नरेश कुमार गांव दौलतपुर (हिमाचल) से 32 बोर का रिवाल्वर तथा छः कारतूस मिले । निर्मल सिंह उर्फ निम्मा जिला अमृतसर को भी गिरफ्तार किया गया । उनसे एक कमानीदार चाकू भी मिला । प्रारंभिक जांच-पड़ताल के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने गांव बडेला के निकट जौहल ट्रांसपोर्ट की बस पी.जे.जे. 6595 में सवार होकर बस के यात्रियों से जेवर व नकदी लूटी थी । उन्होंने जालंधर, होशियारपुर तथा हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में लूटमार की कई वारदातें की हैं ।

उन्होंने तीन जुलाई को जालंधर में एक व्यक्ति जसबीर सिंह से उसका स्कूटर तथा उसकी मां से बालियां छीनने की भी स्वीकारोक्ति की । उन्होंने यह भी माना कि उन्होंने हरदेव नगर जालंधर में श्रीमती सुरजीत कौर के मकान से कीमती सामान लूटा था ।

दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): सी.आई.ए. स्टाफ संगरूर ने दो संदिग्ध आतंकवादियों कर्मजीत सिंह तथा भगवंत सिंह (दोनों जिला लुधियाना के) को गिरफ्तार किया और उनसे दो पिस्तौल तथा सात कारतूस बरामद किए । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि जिला में समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध अभियान जोरों पर है तथा बेदी सिंह, महेंद्र सिंह, रन सिंह तथा फूल सिंह को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में तस्करी का सामान पकड़ा गया ।

स्कूटर छीना

खन्ना (पूर्ण): यहां से छः किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव भरां के निकट दो नकाबपोश आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक युवक से उसका स्कूटर सी.एन.एच. 3642 दिन-दहाड़े छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अवतार सिंह ब्रह्मा पाकिस्तान में : गिल

बटाला, 7 अगस्त (वार्ता, ह.स., कोछड़): पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने कहा है कि तथाकथित 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' का प्रमुख अवतार सिंह ब्रह्मा अंतिम बार गत वर्ष दिसम्बर में अमृतसर जिले में देखा गया था और अब वह पाकिस्तान में है ।

श्री गिल कल शाम यहां संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने बताया कि अमृतसर जिले में भिखीविंड हरीके रोड पर स्थित मनियाला गांव में गत शुक्रवार को छः आतंकवादियों के साथ सीमा सुरक्षा बल की मुठभेड़ में घायल दो में से एक आतंकवादी निरवैर सिंह से पूछताछ के दौरान यह रहस्योद्घाटन हुआ । मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । बल का एक नायक घायल हुआ था और बल ने भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया था ।

पुलिस महानिदेशक ने निरवैर सिंह से बरामद किए गए दस्तावेजों से प्राप्त सूचनाओं के हवाले से बताया कि ब्रह्मा लगभग एक पखवाड़ा पहले सीमा पार कर पाकिस्तान चला गया ।

श्री गिल ने बताया कि सुक्खा सिपाही उर्फ सुखदेव सिंह उर्फ तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह के मारे जाने के बाद पंजाब में आतंकवादी फिर से एक जुट हो रहे हैं और इस कमी को पूरा करने के लिए नए युवकों की नियुक्ति कर रहे हैं ।

श्री गिल ने कहा कि यह सिद्ध किया जा चुका है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को प्रशिक्षण तथा हथियार देकर पंजाब में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल पूर्ण रूप से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है यद्यपि "हम इससे संतोषजनक रूप से निबटने में सफल नहीं हुए हैं ।" पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सीमा पर कंटीले तार लगाने से पाकिस्तान से हथियारों के भारत भेजे जाने की प्रक्रिया में कमी आई है ।

उन्होंने कहा कि नए पुलिस जिले बनाने का प्रयोग अच्छे परिणाम देने लगा है । बटाला पुलिस जिले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में मई में 18 तथा जून में 13 लोग मारे गए जबकि जुलाई में केवल आठ लोग मारे गए जिससे अपराध दर में कमी का पता चलता है ।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि 19 अप्रैल को बटाला पुलिस जिले के गठन के बाद से जिले में आतंकवादी भी लगभग इतने मारे गए । बाद में श्री गिल ने सीमा क्षेत्र के महानिरीक्षक चमन लाल के साथ तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस के अधिकारियों के साथ एक बैठक में कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा की । उन्होंने गुमराह युवकों से आग्रह किया कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ दें । यदि वे अपने नजदीकी पुलिस थाने में अपने हथियार जमा करा देंगे तो उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sahara





पुलिस जिला बटाला बनने के बाद बी.एस.एफ. तथा पुलिस द्वारा आतंकवादियों से पकड़े गए हथियार और गोली-सिक्का । इनमें 11 ए. के. 47 चीनी राइफलें, 1 चीनी थामसन गन, 1 स्टेनगन, 15 विदेशी पिस्तौल, 7 एच.ई. 36 किस्म के हथगोले तथा 68 अन्य आग्नेय अस्त्र तथा 12 बोर की 9 दोनाली बंदूकें भी थीं । इन्सैट : पकड़े गए हथियारों का निरीक्षण करते हुए पुलिस महानिदेशक के.पी. एस. गिल । उनके साथ आई.जी. पुलिस (बार्डर रेंज) चमन लाल भी हैं । (छाया : कोछड़)

punjabi sanatan



जिला जालन्धर के थाना नकोदर के गांव मालड़ी में आतंकवादियों द्वारा मारे गए दो प्रवासी मजदूरों (ऊपर) लगन और (नीचे) राम के शव । (छाया : गैएन)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्लर्क गिरफ्तार

नाभा (ग): गवर्नमैंट रिफैक्टरी कालेज के एक क्लर्क गुरमेल सिंह को आज संगरूर पुलिस ने उसके मकान पर छापा मार कर गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उससे एक बंद बक्सा बरामद किया है । अभी यह मालूम नहीं हो सका कि बक्से में क्या चीज रखी हुई है ।

शरण देने पर केस दर्ज

बरनाला (तिवधानी): थाना धनौला के गांव भैनी महाराज में पुलिस ने एक व्यक्ति तोहला सिंह के परिवार के विरुद्ध खतरनाक आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में केस दर्ज किया है । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि तोहला सिंह और उसके दो लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसकी पत्नी व दो नौजवान लड़कियां फरार हो गई हैं । तलाशी लेने पर उसके घर से एक ए.के. 47 चीनी राइफल और पचास कारतूस बरामद हुए । यह लोग कई महीनों से खतरनाक आतंकवादियों को पनाह देते आ रहे थे । पुलिस ने अफीम के तस्करों को भी गिरफ्तार करके उनसे एक लाख रुपए मूल्य की अफीम बरामद की ।

किसान की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): गत सांय जिला अमृतसर के थाना खालड़ा के गांव बान में आतंकवादियों ने तेजधार हथियार से एक व्यक्ति दलजीत सिंह की हत्या कर दी । वारदात के समय दलजीत सिंह अपने खेत में काम कर रहा था ।

पांच गिरफ्तार

जंडियाला पुलिस ने कल रात गश्त के दौरान विभिन्न स्थानों से पांच आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया । पुलिस ने इनके नाम बीरा, बबला, कुंदन सिंह, जोगिंदर सिंह व तरलोचन सिंह बताए हैं ।

राइफल ले गए

पुलिस ने बताया कि कल रात चार आतंकवादी थाना पट्टी के गांव चूसलेवाल के एक व्यक्ति रसाल के घर में घुसकर उसकी लाइसैंसशुदा 315 बोर की राइफल ले गए ।

रिटायर्ड सैनिक की हत्या

आज शाम अमृतसर जिला में थाना पट्टी के गांव बरवाल में दो आतंकवादियों ने एक रिटायर्ड सूबेदार संतोख सिंह को उसके घर से बाहर बुलाकर गोलियां मार कर खत्म कर दिया ।

कारज सिंह गिरफ्तार

मजीठा जिला पुलिस ने गांव बोपाराय बाज सिंह के निवासी कारज सिंह को गिरफ्तार किया है । वह इस गांव की तीन तारीख को इसी गांव में तीन व्यक्तियों की हत्या में वांछित था ।

घुसपैठिया मारा गया

बटाला (कोछड़): आज प्रातः जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका साथी वापस भाग गया । मारे गए घुसपैठिये की पहचान नहीं हो सकी ।

हत्या

कल रात्रि गुरदासपुर जिले के सोहल ग्राम के पास उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

फूड सप्लाई इंस्पैक्टरों ने 20% वेतन वृद्धि मांगी

लुधियाना, 7 अगस्त (महिन्द्रा): पंजाब के फूड सप्लाइज इंस्पैक्टोरैट एसोसिएशन ने वेतन आयोग की सिफारिशें रद्द करते हुए पंजाब सरकार से मांग की है कि सरकार फूड सप्लाइज इंस्पैक्टरों के वेतनों में 20 प्रतिशत वृद्धि करे और उन्हें कृषि इंस्पैक्टरों के समान सुविधाएं उपलब्ध कराए ।

जिला एसोसिएशन के महासचिव श्री जगन्नाथ बांसल ने राज्यस्तरीय एसोसिएशन की बैठक की कार्रवाई प्रैस को रिलीज करते हुए बताया कि मीटिंग में इस बात पर दुख व्यक्त किया गया कि सरकार उन्हें कृषि इंस्पैक्टरों की अपेक्षा कम सुविधाएं प्रदान करती है । मीटिंग में दो कर्मचारियों के निधन पर भी शोक प्रकट किया गया ।

Punjabi Parivartan

एक परिवार के तीन सदस्यों सहित आतंकवादियों द्वारा 6 लोगों की हत्या

माहिलपुर में 10 खतरनाक उग्रवादी गिरफ्तार, बड़ा नरसंहार टला

सत्ता का निकट साथी कुलदीप सिंह पकड़ा गया

चंडीगढ़, 8 अगस्त (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्यों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बना रहे भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । इस तरह एक बड़ा सम्भावित नर-संहार टल गया । पुलिस ने सतनाम सिंह सत्ता के एक निकट साथी को गिरफ्तार कर लिया ।

बी.टी.एफ. को धक्का

जालन्धर (वार्ता): सुखविंदर सिंह संघा के नेतृत्व में 30 सदस्यीय भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान को जबरदस्त धक्का लगा जबकि होशियारपुर पुलिस ने गत रात माहिलपुर के निकट इसके दस सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने इनके नाम बलविंदर सिंह उर्फ भिंडर गांव चरखीआरा थाना आदमपुर जिला जालन्धर, तीर्थ सिंह उर्फ राणा, तरसेम सिंह उर्फ बिट्टा, मनजीत सिंह उर्फ जसबीर सिंह, अवतार सिंह उर्फ कुक्की, जोगिन्दर सिंह उर्फ घुग्गी, कमलजीत सिंह, कुलदीप सिंह उर्फ दीपा, सुरेन्द्र पाल सिंह उर्फ कुक्की, और मनजीत सिंह उर्फ जैकी बताए हैं । पुलिस ने बताया कि यह लोग जिस समय पकड़े गए उस समय ये एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बना रहे थे । उनसे एक .32 बोर का भरा हुआ रिवाल्वर, एक .455 बोर का रिवाल्वर, एक .12 बोर डबल बैरल गन, एक फियट कार और एक नया मोटर साइकल (बिना नम्बर प्लेट) तथा एक स्कूटर पी.पी.आर. 4950 बरामद हुआ ।

इससे पूर्व कपूरथला पुलिस ने शुक्रवार को इस गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा था जो कि कई हत्याओं व डकैतियों में शामिल थे । इसी गिरोह के तीन अन्य सदस्य दविंदर सिंह उर्फ पिंका, बग्गा सिंह तथा गुरदेव सिंह करनाना मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं । यह गिरोह जालन्धर, कपूरथला तथा तरनतारन जिलों में सक्रिय रहा है ।

होशियारपुर जिला के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि 21 मई 88 को उन्होंने जिला कपूरथला के पांछटा ग्राम में एक ईंटों के भट्ठे पर प्रवासी श्रमिकों की हत्या के उद्देश्य से हमला करके श्रमिकों को लाइन में खड़ा कर दिया था लेकिन राइफल में कुछ फंस जाने के कारण सभी श्रमिकों की हत्या न कर सके व एक ही श्रमिक की हत्या की । 28 मई 1988 को जिला होशियारपुर के रैहली ग्राम में एक महिला व एक पुरुष की हत्या की व एक बच्चे सहित दो अन्य को घायल किया था । 12 जून 88 को पंडोरी गंगा सिंह में महंगा सिंह निरंकारी की हत्या की । 7 जून 88 को दिहाना में सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक की शाखा से 11499 रुपए लूटे थे । एस.एस.पी. के अनुसार इन आतंकवादियों ने 14 अक्तूबर 87 को अजनोहा ग्राम में कैप्टन कुलदीप सिंह के घर पर हमला करके उसके भाई को गोली मारकर घायल कर दिया था व रिवाल्वर छीन लिया था । टोडपुर ग्राम में राणा नामक व्यक्ति से उसका माउजर व एक राइफल छीन ली थी । बिंजो ग्राम के गुरदयाल सिंह से उसका रिवाल्वर छीना था । नडालो से एक स्कूटर भी छीना था । एस.एस.पी. ने बताया कि जिला पुलिस ने कुछ समय पूर्व उस्मान शहीद के एक आतंकवादी हरविंद्र सिंह उर्फ छोपी को गिरफ्तार किया था उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल व भारी तादाद में कारतूस पकड़े हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि इस राइफल का प्रयोग पंजाब इंका महासचिव डा. केवल कृष्ण पर किए गए हमले में किया गया था ।

हत्या की जिम्मेदारी ली

होशियारपुर : दुष्ट सोधु खालिस्तान कमांडो फोर्स (सीता ग्रुप) की तरफ से भाई तूफान सिंह जनरल, बी.टी.एफ. के लैफ्टीनैंट जनरल भाई सुखदेव सिंह संघा व लै. जनरल भाई हीरा सिंह ने एक प्रैस नोट में ग्राम बिहाला के नम्बरदार गुरबख्श सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

डेरे में हत्या

संगरूर (ह.स.): आज प्रातः जिला संगरूर के गांव मोही खुर्द में तीन आतंकवादियों ने एक डेरे में घोला सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । हत्यारे डेरे में खड़े एक मोटर साइकल पर सवार होकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है ।

महंत की हत्या

वार्ता के अनुसार गत रात जिला संगरूर में थाना मालेरकोटला के गांव भुंडेन में डेरा 'बारू चारा' में डेरे के महंत प्रीतम दास की गोली मारकर हत्या कर दी । महंत का शव आज प्रातः बरामद हुआ ।

तीन व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (चि.प्र.): आतंकवादियों ने गत रात थाना भिखीविंड के गांव ठट्ठा में एक परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतकों के नाम सुरजीत सिंह, बलदेव सिंह तथा जीतो बताए जाते हैं । जीतो के पति कुन्दन सिंह की कुछ अर्सा पहले आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी ।

सत्ता का साथी गिरफ्तार

गत रात्रि मजीठा पुलिस ने भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के स्वयंभू एरिया कमांडर सतनाम सिंह सत्ता के एक निकट साथी को गिरफ्तार किया । मजीठा के पुलिस चीफ श्री राजेन्द्र सिंह ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम कुलदीप सिंह बताया है जो जिला फिरोजपुर के एक गांव का निवासी है ।

पुलिस चीफ का बयान

मजीठा के पुलिस चीफ श्री राजेन्द्र सिंह ने आज दावा किया कि आप्रेशन ब्लैक थंडर के बाद सुरक्षा बलों ने 24 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, दो राकेट लांचर, 14 एच.ई. 36 हथगोले, दर्जन भर अन्य आग्नेय हथियार व भारी मात्रा में गोली-सिक्का पकड़ा है । उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा 11 ए.के. 47 राइफलें पुलिस व सी.आर.पी. ने अजनाला सैक्टर में बरामद कीं जबकि थाना मजीठा के अंतर्गत 6 एस.के. 47 राइफलें, एक एस.एल.आर. राइफल और एक कार्बाइन बरामद की गई । कुल मिलाकर सुरक्षा बलों ने चार राकेट, दो राकेट लांचर, दो 303 राइफलें, तीन कार्बाइनें, तीन थामसन गन बरामद कीं । गत तीन महीनों में दर्जनों रिवाल्वर, पिस्तौलें तथा हजारों कारतूस बरामद किए गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सारा को प्रसव पीड़ा

लंदन, 8 अगस्त : प्रिंस एंड्रयू की पत्नी सारा को आज प्रातः प्रसव पीड़ा के कारण अस्पताल में भरती कराया गया । यह उनकी पहली संतान होगी ।

रिबैरो पट्टी के जैन मुहल्ले में गए

पट्टी, 8 अगस्त (पाठक): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो, आई.जी. सीमा रेंज श्री चमन लाल तथा जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह आज यहां पहुंचे । वह जैन मुहल्ले में गए जहां आतंकवादियों ने गोलियां चलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी थी । वह मृतकों के परिवारों से मिले

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक और हत्या

बटाला (कोछड़): आज बाद दोपहर जिला गुरदासपुर से बटाला के निकट दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति चरणजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो मरे, एक घायल

लुधियाना (ह.स.): गत रात जिला लुधियाना में आतंकवादियों ने बड़े पैमाने पर कारंवाई करते हुए थाना जगराओं के गांव मालहां में दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि तीसरे को घायल कर दिया । मृतकों के नाम नछत्तर सिंह तथा बलबीर सिंह हैं जो कि आपस में रिश्तेदार थे जबकि घायल का नाम जोरा सिंह है । जोरा सिंह को गम्भीर रूप से घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

गत रात ही कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में होस्टल नम्बर चार के साइकल स्टैंड के निकट हुए बम विस्फोट में चार व्यक्ति घायल हो गए ।

कार छीनी

आतंकवादियों ने कल रात डोगरी रोड एरिया में एक व्यक्ति से रिवाल्वर की नोक पर उसकी कार छीन ली । पिछले तीनों वारदातें रात लगभग 9.30 बजे के आसपास हुई ।

नेपाल के अनसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने सभी तरह के दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी पर लगी पाबंदी समाप्त कर दी है । श्री बराड़ ने एक अन्य आदेश में कहा है कि रैस्टोरैंट, ढाबे व अन्य खाने-पीने के सामान की दकानें रात दस बजे तक खुली रह सकेंगी । सब डिवीजनल हैड क्वार्टरों पर देसी व अंग्रेजी शराब के ठेके रात दस बजे तक खुले रहेंगे लेकिन जिला के अन्य भागों में यह 9 बजे बंद होंगे ।

फगवाड़ा (राकेश): गत दिवस स्थानीय थाना सदर पुलिस ने जिन संदिग्ध आतंकवादियों अमरजीत सिंह उर्फ बंटी, परमिन्दर सिंह उर्फ पिंकी, जसवीर सिंह उर्फ पिंकी, अमरजीत उर्फ लखा व गुरदियाल सिंह को शस्त्रों सहित गिरफ्तार किया था को अदालत ने पुलिस रिमांड समाप्त होने पर 22 अगस्त तक न्यायिक रिमांड देकर जालन्धर जेल भेज दिया है ।

Punjab Sahitya

उग्रवादियों द्वारा भू.पू. अकाली विधायक के पी.ए. सहित 2 की हत्या

चंडीगढ़, 10 अगस्त (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने एक भू.पू. अकाली विधायक के पी.ए. सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए । तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 'डिप्टी चीफ' को फिरोजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसकी मोगा, फिरोजपुर व फरीदकोट में नरसंहार करने की योजना थी । एक आतंकवादी भी मारा गया ।

हत्या कर दी

अमृतसर (वार्ता) : थाना भिखीविंड के गांव अलगो कोठी में दो आतंकवादियों ने एक किसान ठारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । कल थाना मजीठा के गांव लोहारके में आतंकवादियों ने एक प्रवासी मजदूर की हत्या कर दी थी जोकि रछपाल सिंह के फार्म हाऊस में काम करता था ।

आतंकवादी मारा गया

विशेष पुलिस अधिकारियों (एस.पी.ओ.) के हाथों आज प्रातः तरनतारन के ढुड्डेवाल गांव में एक आतंकवादी मारा गया । दो आतंकवादियों ने इन अधिकारियों के कार्यालय पर हमला किया था और दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा भाग निकला ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी गुरनाम सिंह को आज प्रातः घरौंडा पुलिस ने भारत-पाक सीमा के निकट गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से कुछ पाकिस्तानी करंसी भी बरामद हुई । एक अन्य आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को थाना वैरोवाल के गांव छोटा मानोचाहल में गिरफ्तार किया गया । उससे एक .12 बोर की पिस्तौल बरामद की गई ।

कार चुरा ली गई

धूरी (सिंगला) : कल रात धूरी के एक आढ़ती सुरेंद्र कुमार की फिएट कार पी.सी.टी. 103 अज्ञात व्यक्तियों ने चुरा ली । कार श्री सुरेन्द्र कुमार के घर के निकट खड़ी थी ।

इसी बीच जिला संगरूर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर जरनैल सिंह वजीरके खुर्द, सोहन सिंह सेखा, सतपाल, हरी राम बरमाला, जसवंत सिंह दुल्लां, पद्म बहादुर मालेरकोटला, चेतराम, हरदयाल सिंह कालेका तथा छोटा सिंह दड़बा को अवैध शराब, पोस्त का धंधा करने तथा जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

राजपुरा पुलिस ने आतंकवादी पकड़ा

राजपुरा (मासूम) : यहां की पुलिस ने आतंकवादी अजायब सिंह गांव मदनपुर चलहेड़ी को पकड़ा है । बताया गया है कि यह आतंकवादी गत दिवस गांव घड़ामा में शराब के ठेके के कर्मचारी को गोली मार कर हत्या करने वालों में एक है । इसका दूसरा साथी बनूड़ के निकट पुलिस मुकाबले में मारा गया था । यह भी मालूम हुआ है कि गत दिनों 15 मई शाम को जिन आतंकवादियों ने टाउनशिप टाहली वाले चौक में एक जिप्सी में आकर अन्धाधुंध गोलियां चलाकर 6 व्यक्तियों को मार दिया था व कुछ को घायल कर दिया था, उनका भी सुराग लगा लिया गया है व पुलिस उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी ।

मुठभेड़ के बाद 2 उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़) : बटाला जिला पुलिस के एस.पी. (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि थाना कादियां के गांव कोटला मुसा के निकट सीमा सुरक्षा बल और पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों दिलबाग सिंह निवासी बसतगढ़ और मान सिंह निवासी मारियां कोहाड़ को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से 32 बोर और 12 बोर के दो पिस्तौल, 9 जीवित व कुछ चले हुए कारतूस तथा एक छीना हुआ स्कूटर पी.यू.एक्स. 5073 बरामद हुआ है ।

तुरन्त सूचना दें

श्री शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी वारदात की सूचना तुरन्त 25,40,164 और 460 टैलीफोन नम्बरों पर दें ताकि तुरन्त कार्रवाई की जा सके ।

खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर (बागी) : फिरोजपुर पुलिस ने खतरनाक आतंकवादी सुखवंत सिंह अबोहर निवासी को गिरफ्तार किया है जोकि अतिदर पाल सिंह के नेतृत्व वाली अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादी संस्था खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का डिप्टी चीफ होने का दावा करता है । उसके कब्जे से एक कथित खालिस्तानी पासपोर्ट तथा 5 खालिस्तान मोहरें बरामद हुई । यह रहस्योद्घाटन एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिश ने किया । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान सुखवन्त सिंह ने स्वीकार किया कि उसने चार अन्य आतंकवादियों के साथ मिल कर मोगा, फरीदकोट व फिरोजपुर में बम विस्फोटों और गोली-बारी द्वारा नरसंहार करने की योजना बनाई थी । वह के.एल.ओ. के एक अन्य आतंकवादी मनजीत सिंह रसूलपुर जिला होशियारपुर द्वारा साइकलोस्टाइल्स किए गए 'खालिस्तान टाइम्ज़' के वितरण की भी योजना बना रहा था । उसने स्वीकार किया कि आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद वह पाकिस्तान चला गया था जहां वह 7 महीने तक रहा था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

झामका को पंथक कमेटी का नाम प्रयोग करने के विरुद्ध चेतावनी

अमृतसर, 10 अगस्त (मनोहर): पांच सदस्यीय पंथक कमेटी और खालिस्तान कमांडो फोर्स में सीधी टक्कर की सम्भावना है । पंथक कमेटी द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुखदेव सिंह झामका को धमकी दी गई है कि वह पंथक कमेटी के नाम का प्रयोग मत करे और कहा है कि वह अपनी पंथ विरोधी हरकतों से बाज आये । पंथक कमेटी ने कहा है कि उन्होंने 'जनरल' लाभ सिंह की जगह पर किसी की नियुक्ति नहीं की है जबकि सुखदेव सिंह झामका खुद ही अपने आपको मुखिया कह रहा है जो बर्दाश्त के बाहर है ।

पंथक कमेटी की विज्ञप्ति में गुरबचन सिंह मानोचाहल के हस्ताक्षर नहीं हैं बल्कि अन्य चार सदस्यों बस्सन सिंह जफ्फरवाल, कंवरजीत सिंह, दलबीर सिंह और दलविन्दर सिंह के हस्ताक्षर हैं । विज्ञप्ति में कमांडो फोर्स के तीन 'लेफ्टिनेंट जनरलों' गुरजंट सिंह राजस्थानी, निर्मल सिंह निम्मा, हरि सिंह (बाबा) के अलावा सुरिन्दर सिंह छिन्दा, अजीत सिंह, जसपाल सिंह, हरभजन सिंह, बख्शीश सिंह (सभी कमांडो फोर्स) के भी हस्ताक्षर हैं । पंथक कमेटी के 'लैटर पैड' पर जारी आज का प्रैस नोट अपनी किस्म का पहला प्रैस नोट है जिसमें पंथक कमेटी के केवल चार ही सदस्यों और इसके अलावा कई अन्य उग्रवादियों के दस्तखत हैं । पंथक कमेटी ने सुखदेव सिंह झामके के साथ ही भाई गुरनाम सिंह बढ़ाला को भी पंथक कमेटी के नाम का प्रयोग करने के विरुद्ध चेतावनी दी है । विज्ञप्ति में कहा गया कि कमांडो फोर्स का 'जनरल' नियुक्त करने के लिए सभी उग्रवादी संगठनों की शीघ्र ही किसी गुप्त स्थान पर बैठक बुलाई जा रही है ।

खरीद पर हंगामे के बाद
न में पेश करने का आश्वासन

Punjab Digital Library

पटवारी और बस ड्राइवर सहित आतंकवादियों द्वारा 6 की हत्या

फरीदकोट ज़िला में किरायादारों बारे थानों में सूचना देनें का आदेश

बाप-बेटे ने उग्रवादी को पीट-पीट कर मार डाला

चंडीगढ़, 11 अगस्त (वार्ता, हस): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक आतंकवादी को 2 ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला । फरीदकोट के जिलाधिकारियों ने किरायादारों के बारे में निकटवर्ती थानों में सूचना दिये जाने का आदेश जारी किया है ।

बस ड्राइवर, यात्री की हत्या

फिरोज़पुर (वार्ता, धीमान): आज सुबह इस जिला के थाना घाल खुर्द के गांव सरावाली में आतंकवादियों ने एक बस ड्राइवर सहित दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । यहां पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि जब पंजाब रोडवेज की बस नम्बर पी.डी.एफ. 2731 सरावाली पहुंची तो ए.के. 47 राइफल से लैस दो आतंकवादी इसमें दाखिल हो गए और एक यात्री सुरजीत सिंह व ड्राइवर जगराज सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुरजीत सिंह लोहां गांव का पटवारी था । हत्या के बाद आतंकवादी सुरजीत सिंह की बंदूक भी ले गए । यह बस मुदकी से फिरोज़पुर आ रही थी । उच्च पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर चले गए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार दोनों आतंकवादी मुक्तसर से इस बस में सवार हुए थे । वे घटनास्थल के निकट खड़े एक स्कूटर पर सवार होकर फरार हुए ।

धड़े बंदी का परिणाम

पुलिस ने बताया कि सुरजीत सिंह के परिवार के कुछ सदस्य आतंकवादी बताए जाते हैं अतः यह आतंकवादी गुटों की आपसी धड़ेबंदी प्रतीत होती है ।

बाघापुराना से प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादी ड्राइवर की हत्या करने नहीं आए थे उनका निशाना पटवारी सुरजीत सिंह था । ड्राइवर पटवारी के पास बैठा होने के कारण गोली लगने से मर गया । पटवारी काफी समय से आतंकवादियों की हिटलिस्ट में था । पता चला है कि पटवारी का लड़का सुखमंदर सिंह लोहामावाला एक खतरनाक आतंकवादी था तथा कुछ समय पूर्व पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया था । कुछ समय पहले ही आतंकवादियों ने पटवारी के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी थी । पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या

मोगा (ह.स.): गत रात मोगा सदर थाने के गांव तलवंडी भंगेरिया में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी की हत्या कर दी । पुलिस ने कहा कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति ठेके पर गए और पथराव करके दरवाजा तोड़ दिया । उन्होंने कर्मचारी को, जो अन्दर सो रहा था, मार डाला और उसकी लाश को जला दिया । मृत कर्मचारी का नाम जगीर सिंह बताया जाता है ।

किरायादारों के बारे में आदेश

फरीदकोट (ह.स.): यहां जारी एक सरकारी आदेश में नागरिकों को किराए के मकानों में रहने वालों के बारे में जानकारी निकटस्थ थानों में देने को कहा गया है । होटलों, होस्टलों, गैस्ट हाऊसों और अन्य सार्वजनिक निवास स्थानों के मैनेजरों को भी वहां ठहरे अतिथियों के बारे में जानकारी पुलिस को देने के लिए कहा गया है । यह पग आतंकवादी गतिविधियों की रोकथाम के लिए उठाया गया है ।

अपरा-लूट का मुख्य अभियक्त गिरफ्तार

फिल्लौर (भाखड़ी): स्थानीय पुलिस ने गत वर्ष अपरा स्थित पंजाब बिजली बोर्ड के दफ्तर में पिस्तौल की नोक पर 52421 रुपए लूटने वाले अभियुक्तों के प्रमुख तरनजीत सिंह को बंगा के निकट गांव खान खाना में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने गत वर्ष बिजली घर से लूटे गए कैश के सम्बन्ध में केस दर्ज किया था । इस प्रकार इस केस में उक्त अभियुक्त के पकड़े जाने से अधिकांश केसों को सुलझाने में सफलता मिली है ।

दसोंधी राम की अंत्येष्टि

नवांशहर के भूतपूर्व अकाली विधायक श्री जितेन्द्र सिंह करीहा के पी.ए. मास्टर दसोंधी राम, जिनकी कल रात लंगड़ोआ गांव में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

नवांशहर के गांव लंगड़ोआ के मास्टर दसोंधी राम, जिनकी बुधवार को उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । मास्टर दसोंधी राम भूतपूर्व विधायक श्री जितेन्द्र सिंह करीहा के पी.ए. थे ।

आतंकवादी को मार डाला

अमृतसर (वार्ता): गत रात पुलिस जिला तरनतारन में अमा खालड़ा के गांव माड़ी मेंघा में महेन्द्र सिंह और उसके लड़के जसविंदर सिंह ने एक आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला । पुलिस ने बताया कि महेन्द्र सिंह और उसका लड़का ट्यूबवैल पर सो रहे थे । तीन आतंकवादी वहां आए और उन्होंने उन्हें जगाया । बाप-बेटे ने उनमें से एक को जफ्फा डाल लिया जबकि दो अन्य भाग निकले । पकड़े गए आतंकवादी को बाद में बाप बेटे ने पीट-पीट कर मार डाला ।

हत्या

आज रात्रि अजनाला में शक्ति पुल के पास एक सिनेमा घर के निकट दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कंस राज की हत्या कर दी ।

फिरोजपुर जिले में मक्खु के पास उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

फरीदकोट जिले के मलौद में उग्रवादियों ने जोगेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

2 उग्रवादी बंदी

लुधियाना के जगराओं के पास भानुके मल्ला नाले के पास मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने 2 उग्रवादियों गुरदीप सिंह तथा करमजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जिनसे हथियार मिले हैं ।

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार एस.एस.पी. समेध सिंह सैनी ने बताया कि इनकी शिनाख्त गुरदीप सिंह गांव हीरा सिंह बाला थाना निहाल सिंह वाला और कर्मजीत सिंह गांव डहिरके थाना जगराओं के रूप में की गई है । एस.एस.पी. के अनुसार दोनों का सम्बन्ध खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के साथ है । श्री सैनी ने बताया कि उनके कब्जे से 2 पिस्तौल और 4 कारतूस मिले हैं । जांच के दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने एक समुदाय के लोगों को मारने और पैटोल पम्प और शराब के ठेके लूटने की योजना तैयार की थी। जगराओं थाना में उनके विरुद्ध शस्त्र एक्ट और उग्रवादी एक्ट का केस दर्ज किया गया है । श्री सैनी के अनुसार जांच जारी है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

पटियाला (भूषण): तीन आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर यहां से 25 किलो मीटर दूर पोहती पुल (नाभा) के निकट एक पैट्रोल पम्प लूट लिया । अभियुक्त बिना नम्बर के स्कूटर पर आये तथा सेल्जमैन से 4652 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

शिरोमणि कमेटी के आगामी चुनावों में टोहरा धड़े को काफी क्षति हो सकती है

अमृतसर, 11 अगस्त (मनोहर): विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के आगामी चुनावों में गुरचरण सिंह टोहरा ग्रुप को काफी मार पड़ सकती है क्योंकि उग्रवादियों द्वारा हाल ही में शिरोमणि कमेटी के जिन लोगों को गोलियों का निशाना बनाया गया है उससे सीधे तौर पर टोहरा धड़े को क्षति हुई है । सूत्रों के अनुसार अकाली दल तथा शिरोमणि कमेटी ने नवम्बर में हो रहे प्रधानगी चुनावों के लिए अभी से सरगर्मियां तेज कर दी हैं ।

शिरोमणि कमेटी के सूत्रों के मुताबिक कमेटी में आपसी धड़ेबंदी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है और इस समय अन्य मुद्दों के साथ-साथ हर एक धड़ा चुनावों में अपने-आपको स्टैंड करने के प्रयास कर रहा है । सूत्रों के अनुसार गुरचरण सिंह टोहरा, प्रकाश सिंह बादल और जगदेव सिंह तलवंडी गुट अब इकट्ठे होकर नवम्बर चुनाव की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं । दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला, बाबा जोगिन्दर सिंह पर्दे के पीछे इकट्ठे चल रहे हैं जबकि कैप्टन अमरेंद्र सिंह अभी दोनों ओर की सियासत को देख रहे हैं । बताया जाता है कि सदस्यों की जोड़तोड़ अभी से शुरू हो गई है ।

सूत्रों ने बताया है कि शिरोमणि कमेटी का एक वर्ग अपने गुट के लोगों पर आतंकवादियों के हमलों से बुरी तरह भयभीत है और बड़ी दुविधा में फंसा हुआ है । बताया गया है कि आतंकवादियों द्वारा पिछले वर्ष अविनाशी सिंह के अपहरण, हरि सिंह आरेवाला पर हमले तथा इस साल पिछले मास शिरोमणि कमेटी के ही भान सिंह की हत्या तथा महासचिव मल सिंह घुमान को घायल करना, उसके बाद अर्जुन सिंह सरहाली की हत्या और फिर संत सिंह रुड़की की हत्या का सीधा असर उस वर्ग और खास कर टोहरा गुट पर पड़ा है । सूत्रों ने सम्भावना व्यक्त की है कि अगर उग्रवादियों के हमले इस वर्ग के लोगों पर जारी रहे तो टोहरा धड़े को काफी क्षति हो सकती है ।

सूत्रों ने बताया कि इस समय पंजाब की अकाली सियासत में पुनः बाबा धड़ा ऊपर उठ रहा है क्योंकि सिमरनजीत सिंह मान ने भी डूब रहे बाबा धड़े को सहारा दिया है । पता चला है कि बादल, टोहरा समेत कई प्रमुख अकाली नेताओं के जेल में बंदी होने का उनके विरोधी पूरा फायदा उठाना चाह रहे हैं । बाबा धड़े के विरोधियों का आरोप है कि बाबा गुट तथा उनके साथी मात्र सत्ता हथियाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जबकि वह केवल पंथ पर आई मुश्किलों के लिए सरकार से टक्कर ले रहे हैं ।

Punjabi Sahatant



शुक्रवार को पंचकूला के पास हरियाणा रोडवेज़ की बस में हुए विस्फोट से (1) बस का नष्ट हुआ हिस्सा, (2) विस्फोट से मृत लोगों के वस्त्र आदि, (3-4) अस्पताल में उपचाराधीन घायल, (5) एक पुलिस अधिकारी बस का क्षतिग्रस्त भाग दिखाते हुए, (6) बस के नीचे बिखरा खून आदि ।

(छाया : अनिल परी)

पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या, 2 पाक घुसपैठिये, 2 आतंकवादी मठभेड़ों में मरे

मक्खन सिंह समेत बब्बर खालसा के 3 खूंखार उग्रवादी पकड़े गए

संगरूर पुलिस ने 7 शरणदाताओं को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वा., ह.स.) : गत रात के बाद से आतंकवादियों ने पंजाब में एक नम्बरदार सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 2 आतंकवादी तथा 2 पाकिस्तानी घुसपैठिया मठभेड़ों में मारे गए । जालन्धर पुलिस ने बब्बर खालसा के तीन खूंखार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया,जिनमें से एक के सिर पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित था । मक्खन सिंह नामक यह खूंखार आतंकवादी बम बनाने में माहिर बताया जाता है । संगरूर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया ।

आतंकवादी मारा गया

अमृतसर (ह.स.) : गत देर रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के गांव छोटा अटवाल में एक फार्म हाऊस में सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । पुलिस के अनुसार गत सायं अजनाला नगर के एक सिनेमा घर के पास दो स्कूटर सवारों द्वारा एक कपड़ा दुकान मालिक कंस राज शर्मा की हत्या किए जाने के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की छानबीन शुरू की थी । जब सुरक्षा बल छोटा अटवाल में एक फार्म हाऊस के पास पहुंचे तो वहां छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं,जिसके बाद हुई मठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा बच कर भाग निकलने में सफल हो गया ।

एक और आतंकवादी मरा

आज बाद दोपहर अजनाला क्षेत्र में एक और आतंकवादी सुरक्षा बलों से मठभेड़ में मारा गया । घटनास्थल से कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद हुआ ।

बाप-बेटे की हत्या

तीन उग्रवादियों ने आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला में थाना वल्टोहा के गांव भंगाला में एक किसान और उसके लड़के की हत्या कर दी । मृतकों के नाम प्यारा सिंह और दिलबाग सिंह बताए जाते हैं । उग्रवादी उन्हें उनके घरों से अपहरण करके ले गए तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया । दोनों बाप-बेटे को उग्रवादियों ने उनकी बंदूकें जमीन से खोद कर निकालने के लिए विवश किया,जो कि उन्होंने ट्यूबवैल के निकट दबा रखी थीं । इसके बाद उन्होंने दोनों को गोली मार दी तथा उनकी राइफलें लेकर फरार हो गए ।

उग्रवादियों ने प्यारा सिंह के नौकर की भी हत्या कर दी ।

पूर्व सरपंच की हत्या

गत रात जिला अमृतसर के थाना सदर के गांव मीरा कोट कलां में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने एक पूर्व सरपंच श्री धर्मसिंह की हत्या कर दी ।

दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने आज शाम अमृतसर शहर के सुल्तानविंड क्षेत्र में एक अड्डे पर छापे के दौरान एक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Samachar

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

दर्दांत आतंकवादी दविंदर सिंह मंड उर्फ कमांडो को गिरफ्तार किया इस छापे के दौरान सुरक्षा बलों ने 3 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 3 हथगोले, 3 पिस्तौल, एक मैगज़ीन व गोली-सिक्के के भरे दो थैले तथा ए.के. 47 राइफलों के तीन भरे हुए मैगज़ीन बरामद किए ।

बम मिला

इसी मध्य यहां एक शापिंग काम्प्लैक्स के निकट एक टाइमबम पड़ा मिला । विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर पहुंच कर इसको नाकारा बना दिया ।

घुसपैठिया मरा

आज तड़के खलड़ा सैक्टर की राजोके चौकी के पास बी.एस.एफ. व मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया, जबकि एक वापस पाकिस्तान भाग गया ।

उग्रवादी फ़रार

आज सायं उग्रवादियों का एक गिरोह सुरक्षा बलों के चुंगल से फ़रार हो गया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी अमृतसर-झब्बाल सड़क पर मारुति कार में थे । उन्हें पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी ने गांव भौंडू के निकट रुकने के लिए कहा । उन्होंने रुकने के स्थान पर कार भगा ली । पीछा करने पर उग्रवादी कार छोड़ कर खेतों में भाग गए । उन्हें घेर लिया गया है ।

नम्बरदार की हत्या

बटाला (गुरदासपुर) : आज सुबह पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चीमा खुड्डी के बस अड्डा पर तीन आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक नम्बरदार बचन सिंह की हत्या कर दी । बी.एस.एफ. व पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए । घटना के समय श्री बचन सिंह कई अन्य लोगों के साथ बस की प्रतीक्षा में लाइन में खड़े थे । आतंकवादियों ने उनके समीप आकर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी ।

आतंकवादी बच निकले

गत रात थाना श्री हरगोबिन्दपुर के अंतर्गत गांव कज्जनपुर में तीन आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद बच निकलने में सफल हो गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ ।

घुसपैठिया मारा गया

फिरोज़पुर (ह.स.) : पाकिस्तानी सीमा से भारत में घुसने का प्रयास कर रहा एक घुसपैठिया कल रात यहां सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल द्वारा गोली चलाए जाने से मारा गया । गश्ती दल ने जब घुसपैठ कर रहे व्यक्ति को ललकारा तो उसने गोली चला दी । गश्ती दल की जवाबी गोली से घुसपैठिया मारा गया ।

7 शरणदाता गिरफ्तार

संगरूर (गोयल) : एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने आज यहां बताया कि जिला के विभिन्न स्थानों से सात व्यक्तियों को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने उनके घरों की तलाशी लेने पर 2 ए.के.47 राइफलें, 5 मैगज़ीन और 197 कारतूस बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में गुरमेल सिंह उर्फ मेला निवासी भैणी महराज, नेक सिंह, करतार सिंह तथा उसके तीन बेटे सुखदेव सिंह, गुरदेव सिंह और गुरचरण के अलावा मुख्तार सिंह गांव बड़बड़ शामिल हैं । उल्लेखनीय है कि बड़बड़ में 2 अगस्त को मारा गया गुरमीत सिंह उर्फ मीता जिसने पुलिस के घेरे में आने के बाद ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली थी, करतार सिंह के घर प्रायः आकर ठहरता था । अपने हथियार वह उसके घर में ही छुपा कर रखता था । समझा जाता है कि पुलिस ने जो हथियार बरामद किए हैं, वह उसी के थे ।

लुधियाना (मुसाफिर): एस.एस.पी. श्री समेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस ने ज़िला में 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनको समराला क्षेत्र में अर्ध सैनिक बलों के साथ मामूली मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया । इनके नाम जग सिंह नानूवाल कलां और निर्मल सिंह उर्फ काला हैं । दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के साथ सम्बन्ध रखते हैं । उन पर कई स्कूटर छीनने और पैट्रोल पम्प लूटने की वारदातें करने का आरोप है । उनके कब्जे से एक स्कूटर (बजाज), दो पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

Punjabi Samachar

पंचकूला के पास बस में बम फटा, 8 मरे, 30 घायल

चंडीगढ़ के सैक्टर 17 में सिनेमा घर के पास बम मिला

चंडीगढ़, 12 अगस्त (राकेश संघी): पंचकूला के सूरज सिनेमा के निकट चंडीगढ़-कालका मार्ग पर हरियाणा रोडवेज की एक बस में आज सायं लगभग छः बजे जोरदार बम विस्फोट होने से 8 लोगों की मृत्यु हो गई जबकि तीस अन्य घायल हो गए ।

चंडीगढ़ के एक सिनेमा हाल के बाहर भी एक बम मिला, जिसे समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया ।

सभी 30 घायलों और 6 मृतकों को पी.जी.आई. में लाया गया । सभी मृतक पुरुष हैं । बम बस के पिछले हिस्से में फ़िट किया गया था, परिणामस्वरूप बस की पिछली सीटों पर बैठे सभी लोग इसकी चपेट में आ गए । बस का पिछला हिस्सा पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया । बस में आगे की सीटों पर बैठे यात्री बाल-बाल बच गए ।

यहां से लगभग 12 किलोमीटर दूर छावनी क्षेत्र में पश्चिम कमान के मुख्यालय के निकट यह विस्फोट चलती हुई बस में हुआ ।

इसी बीच हरियाणा रोडवेज़ ने दिल्ली को छोड़ राज्य के सभी रूटों पर रात्रि बस-सेवा निलम्बित कर दी है । पुलिस और सिविल प्रशासन के अधिकारी सूचना मिलते ही डाक्टरों की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए ।

प्राप्त विवरणानुसार हरियाणा रोडवेज की बस एच.आर.एक्स. 1610 चंडीगढ़ से शहजादपुर जा रही थी । बम बस में सामान रखने के लिए बने शैल्फ में रखा गया था । घायलों में से आठ को पंचकूला की डिस्पैंसरी में दाखिल कराया गया है।

हरियाणा पुलिस के महानिदेशक श्री एस.एस. बराड़ के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह ट्रांजिस्टर बम था, जो बस के चंडीगढ़ से रवाना होने से कुछ समय पूर्व ही रखा गया था । बस में कुल 70 यात्री थे । इनमें अधिकांश दैनिक यात्री थे । बस में खून व रोटी के डिब्बे इत्यादि इधर-उधर बिखरे पड़े थे । बस की खिड़कियां लगभग 100 गज दूर तक जा गिरीं ।

श्री बराड़ ने बताया कि बम की किस्म का पता लगाने के लिए विस्फोट विशेषज्ञों को बुलाया जा रहा है । घायलों में बस कंडक्टर राम कुमार भी शामिल है । बस के ड्राईवर जय सिंह ने बताया कि लगभग 5.20 पर रवाना हुई बस में अनाज मंडी से भी कुछ यात्री सवार हुए । जैसे ही बस पुराने पंचकूला के निकट पहुंची तो जोरदार विस्फोट हुआ ।

पंचकूला में दाखिल 8 घायलों में 2 महिलाएं श्रीमती नीता और सुरिंदर कौर भी शामिल हैं । अन्य घायल यशवीर कुमार, राज कुमार, कंवल नैन, रमेश कुमार, मुखदेव व अशोक कुमार हैं ।

बस यमुनानगर से आकर शहज़ादपुर जा रही थी । घायलों में 5 की हालत गम्भीर है । जिस शैल्फ पर बम रखा था, उसके नीचे बैठे लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । दो यात्रियों के सिर धड़ से अलग हो गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट इतना जोरदार था कि एक यात्री का शव बाहर आकर गिरा । बस ड्राईवर के अनुसार जब बस चंडीगढ़ से चली तो उसमें लगभग 60 यात्री थे । हरियाणा बैरियर पार करने के कुछ समय बाद ही विस्फोट हुआ । ड्राईवर ने टायर फटा समझ तुरंत बस खड़ी की । ड्राईवर ने बताया कि देखने पर और ही त्रासदी मिली । बम विस्फोट से बस के बाईं ओर बैठे कई यात्रियों के अंग उड़ गए ।

मृतकों में दो की शिनाख्त गुरबंत सिंह गांव छोटी खोही जिला अम्बाला और रणजीत सिंह ढिल्लों हरियाणा निवासी के रूप में की गई है । श्री ढिल्लों चंडीगढ़ स्थित बैंक में कार्यरत थे ।

सरकारी सूत्रों ने केवल 3 लोगों की मृत्यु व 29 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है ।

घायलों में संतराम, करनैल सिंह, पवन कुमार, जीत सिंह, बाबू राम, राम कुमार, प्रेम सिंह, नारायण, चेतन कुमार, रंजीत सिंह, अजायब सिंह, नायब सिंह, जरनैल सिंह, अशोक कुमार, जसपाल सिंह, राजेन्द्र कुमार, देवेन्द्र, तेजराम, तिलक राज, सतीश कुमार, शामिल हैं जो पी.जी.आई. में भरती कराए गए हैं ।

गत दो मास के दौरान हरियाणा में यह तीसरा बम विस्फोट है । गत 19 जून को कुरुक्षेत्र में 'रामायण' देख रहे 15 लोग बम विस्फोट में मारे गए थे । इसके दूसरे दिन ही पिहोवा के एक सिनेमा हाल के बाहर विस्फोट से 4 लोग मारे गए थे ।

सिनेमा हाल के बाहर भी बम मिला

आज सायं चंडीगढ़ के भीड़भाड़ वाले सैक्टर 17 स्थित एक सिनेमाघर के बाहर भी एक बम मिला, पर उसे फटने से पूर्व ही निष्क्रिय कर दिया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने बस अड्डे पर दो बसों में बम रखने की योजना बनाई थी पर वे एक ही बस में बम रख पाए । दूसरे बम में जो टाइमर लगा हुआ था, वह बड़ा था और उसे बस में छिपाने में विफल होने पर उग्रवादी उसे बस अड्डे से 500 गज दूर सैक्टर 17 के नीलम सिनेमा के पीछे छिपा गए ।

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में सुरक्षा बलों को आज 'सतर्क' कर दिया गया है । हरियाणा के पंचकूला में हरियाणा रोडवेज की एक बस में बम फटने और एक सिनेमा हाल के सामने दूसरा बम बरामद होने से यह 'सतर्क' किया गया है । सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी । सैक्टर 17 के वाणिज्यक इलाके में प्राप्त बम को निष्क्रिय कर दिया गया । बस में बम विस्फोट में कम से कम सात व्यक्ति मारे गए और 20 अन्य घायल हुए हैं ।

Punjab Sampark

पंजाब में एक दम्पति सहित 9 व्यक्तियों की हत्या

राजोकी सीमा पर 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए

सी.आर.पी. के कैम्प पर फायरिंग

चंडीगढ़, 13 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से 9 व्यक्तियों की हत्या की गई जिनमें एक दम्पति शामिल है । लुधियाना पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । जिला अमृतसर में भारत-पाक सीमा के राजोके क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 घुसपैठिए मारे गए । जिला होशियारपुर में बंगा रोड पर उग्रवादियों ने सी.आर.पी. के एक कैम्प पर फायरिंग की ।

एक व्यक्ति की हत्या

अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने बताया कि गत रात थाना मेहता चौक में गांव सैदोके में कुछ आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह उर्फ बिल्लू की हत्या कर दी ।

रैया से जसपाल के अनुसार रात साढ़े आठ बजे सशस्त्र व्यक्ति जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थीं, हजारा सिंह के पुत्र जोगेन्द्र सिंह के घर गए । उस समय जोगेन्द्र सिंह पानी लेने जा रहा था । आतंकवादियों ने उसपर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । मृतक मवेशियों का व्यापारी था ।

पुलिस ने घटनास्थल पर 3 कारतूस बरामद किए । लाश कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्ट मार्टम के लिए भेज दी । एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक का नाम बलविंदर सिंह उर्फ बिल्ला था ।

शव मिला

अमृतसर जिले के ही फत्तन गांव में आज सुबह गोलियों से छलनी एक शव मिला । यह शव मेजर सिंह का बताया जाता है ।

तेज धार हथियार से हत्या

कल रात झब्बाल थाना के गांव खानपुर में एक व्यक्ति की तेज धार हथियार से हत्या कर दी गई । मृतक का नाम सोहन सिंह बताया जाता है ।

अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार कल शाम सुरक्षा बलों ने सुलतान विंड क्षेत्र में एक घर पर छापा मार कर दविंदर सिंह उर्फ मंड उर्फ कमांडो को काबू किया । उससे प्राप्त जानकारी के आधार पर भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया । गिरफ्तार किया गया यह आतंकवादी काफी भयानक किस्म का है और वह पुलिस को कई हत्याओं व डकैतियों के मामले में वांछित था जिनमें कुछ समय पूर्व मैडीकल कालेज में हुआ गोलीकांड भी शामिल है । उससे पूछताछ जारी है ।

एक की हत्या

आज सायं अजनाला पुलिस स्टेशन के गांव चैनपुर के निकट उग्रवादियों ने गोली मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि एक अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस के अनुसार लखविंदर सिंह और सच्चा सिंह साइकिल पर गांव आ रहे थे कि चार उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहां लखविंदर सिंह की मृत्यु हो गई ।

शव मिला

आज रात पट्टी क्षेत्र में एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

आज रात्रि पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम ठाकुरपुरा के पास उग्रवादियों व सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । ये उग्रवादी एक कार में जा रहे थे जब सुरक्षा बलों की नाकापार्टी ने उन्हें रुकने का इशारा किया । उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी ।

राइफल छीन ली

चमकौर साहब (भंग): आज दोपहर यहां के गांव रुड़की में 2 उग्रवादियों ने गांव के सरपंच के घर में घुस कर स्टेनगन की नोक पर उसकी 12 बोर की राइफल व 30 कारतूस छीन लिए ।

दो गिरफ्तार

मोगा (बांसल): पुलिस व सुरक्षा बलों ने थाना कोट भाई के गांव बट्टर सरीह में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस चीफ श्री शर्मा ने बताया कि इन आतंकवादियों के नाम मिट्ठू सिंह तथा मग्घर सिंह हैं । इन दोनों से .44 बोर की अमरीकी राइफल तथा 4 कारतूस बरामद किए गए तथा एक .315 बोर की पिस्तौल 4 कारतूसों सहित बरामद हुई ।

पुलिस चीफ ने बताया कि जिला में आतंकवादियों तथा समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान 12 समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में जनता का सहयोग जरूरी है ।

6 आतंकवादी पकड़े गए

लुधियाना (महिन्द्रा, अश्विनी): एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज यहां बताया कि सिटी पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम हैं : भूपिंदर सिंह उर्फ काकू ग्रेवाल कालोनी हैबोवाल कलां, प्रभजीत सिंह उर्फ बिट्टू रणजोध पार्क हैबोवाल कलां, सरबजीत सिंह लाली संतोष नगर हैबोवाल कलां, हरभजन सिंह उर्फ घोना न्यू मांडल टाऊन लुधियाना, अशोक कुमार शोकी मांडल टाऊन लुधियाना और अवतार सिंह उर्फ तारी गोबिंदनगर सिविल लाइन्ज । श्री सैनी ने बताया कि इन आतंकवादियों के कब्जे से दो विदेशी रिवाल्वर 38 बोर, दो पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । लोगों से छीने गए दो चेतक बजाज स्कूटर और नौ हजार रुपए नकद भी इनसे बरामद हुए । पूछताछ के दौरान उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि स्थानीय भारत नगर का डाकखाना भी इन्हीं लोगों ने लूटा था । शहर में स्कूटर छीनने की कई वारदातें भी वे कर चुके हैं । पूछताछ अभी तक जारी है ।

दम्पति की हत्या

जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना नवांशहर के गांव महालों में एक आतंकवादी अमरजीत सिंह द्वारा हरचरण सिंह व उसकी पत्नी अवतार कौर की हत्या किए जाने की खबर मिली है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमरजीत उक्त दम्पति के खेतों में स्थित डेरे पर आया तथा कहा कि उसने वहां एक रात रहना है लेकिन हरचरण सिंह तथा उसकी पत्नी अवतार कौर ने उसे वहां ठहराने से इन्कार कर दिया । इसपर क्रोधित होकर उसने दोनों की हत्या कर दी । सूचना मिलने पर उच्चाधिकारी मौका पर पहुंच गए । नवांशहर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमरजीत सिंह उर्फ कुक्कू ने पहले इसी गांव के सतविंदर सिंह को घर से बाहर बुलाया तथा उसपर चार गोलियां चलाईं । सतविंदर सिंह बाल-बाल बच गया क्योंकि कोई भी गोली निशाने पर नहीं लगी । इसपर घबराकर अमरजीत सिंह भाग खड़ा हुआ । उसे डर था कि सतविंदर सिंह पुलिस को बुला लेगा क्योंकि उसने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Jagran.com

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसे पहचान लिया था । दोनों इसी गांव के रहने वाले हैं । कहा जाता है कि हरचरण सिंह के घर में भी किसी ने अमरजीत सिंह को पहचान लिया था । पुलिस को दम्पति की हत्या की सूचना प्रातः ही मिली । इस घटना के साथ जिला जालन्धर में इस महीने मरने वाले निर्दोषों की संख्या 6 हो गई है ।

फगवाड़ा (राकेश) : कल यहां से 17 कि.मी. दूर गांव लिट्टड़ कलां थाना बंगा में सहकारी सोसाइटी में 2 आतंकवादियों ने जाकर पिस्तौल की नोक पर 5300/- छीन लिए । उन्होंने जाते समय सोसाइटी के 2 कर्मचारियों को कमरे में बंद कर दिया तथा फरार हो गए ।

कल यहां से 3 कि.मी. दूर गांव ठकरकी के पास 2 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मोहन सिंह पुत्र शिव सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.ए.सी.-3192 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया, जब वह अपने साले जगराज सिंह के साथ फगवाड़ा से गांव भानोकी को जा रहा था । दोनों आतंकवादियों के पास एक-एक पिस्तौल था ।

बंदूक छीन ली

शाहकोट से 'चोपड़ा' की सूचना है कि कल रात 11½ बजे के करीब गांव मूलेवाल राइयां में स्टेनगन तथा पिस्तौलों से लैस तीन उग्रवादी मास्टर अमरजीत सिंह के फार्म हाऊस में आए और एक नाली बंदूक व 6 कारतूस छीन कर ले गए ।

दो की हत्या

भटिंडा (गोयर): कल सायं जिला भटिंडा में डूमवाली में कुछ आतंकवादियों ने तेजधार हथियारों से एक व्यक्ति निर्भय सिंह तथा एक स्त्री रेशमा की हत्या कर दी । दोनों की लाशें आज पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई ।

सी.आर.पी. कैम्प पर फायरिंग

होशियारपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार कल रात लगभग तीन बजे गढ़शंकर में बंगा रोड पर सी.आर.पी. के एक कैम्प पर उग्रवादियों ने फायरिंग की तथा भाग गए । सी.आर.पी. का कोई जवान घायल नहीं हुआ । जिला पुलिस चीफ ने बताया कि गढ़शंकर के इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में उग्रवादियों को ढूंढने के लिए छापे मारे जा रहे हैं ।

Punjabi Sahitya

बाघा पुराना के निकट सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा स्त्री का अपहरण

गुरुद्वारे के हैडग्रन्थी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 14 अगस्त (वार्ता, हस.) : कल रात से जम्मू-कश्मीर व पंजाब में भारत-पाक सीमा पर 16 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए। पंजाब में आतंकवादियों ने एक गुरुद्वारे के ग्रंथी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी। बाघापुराना के निकटवर्ती गांव में सशस्त्र आतंकवादियों ने एक स्त्री का अपहरण कर लिया।

चंडीगढ़ में सरकारी सूत्रों ने दावा किया कि चमकौर साहब में हरदयाल सिंह तथा आलूवाल में कपूर चन्द की हत्या निजी शत्रुता का नतीजा है और इसका आतंकवादी अपराधों से कोई सम्बन्ध नहीं है।

11 पाक घुसपैठिये मरे

जम्मू (सच्चर, वार्ता): गत रात जम्मू ज़िला के रामगढ़ सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 11 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये। सीमा सुरक्षा बल के आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा ने बताया कि इन घुसपैठियों के शव राज्य पुलिस के हवाले कर दिये गये हैं।

कहा जाता है कि सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने इन घुसपैठियों को देखा तो उन्हें चुनौती दी। इन घुसपैठियों ने भाग निकलने की कोशिश की लेकिन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें मार गिराया। इन घुसपैठियों के कब्जे से कुछ दस्तावेज मिले हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

गत दो दिनों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो पाकिस्तानी एजैंट भी मारे गये हैं। इससे गत तीन दिनों में मारे गए पाकिस्तानियों की संख्या 13 हो गई है लेकिन कल रात की घटना बहुत बड़ी थी जबकि एक ही घटना में इतनी बड़ी संख्या में घुसपैठिये मारे गए हैं।

वरिष्ठ सरकारी सूत्रों ने आज रात्रि कहा कि जम्मू के जिलाधीश और एस.एस.पी. ने मुकाबले के स्थान का दौरा किया और इसके सम्बन्ध में एक रिपोर्ट सरकार को भेजी है। रिपोर्ट के अनुसार सभी मृतक बंगला देशी थे, जो पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहे थे। एक मृतक से मिली टिकट से पता चलता है कि वे 13 अगस्त को पठानकोट पहुंचे थे। उनमें प्रत्येक के पास भारतीय मुद्रा थी और कुछ खाद्य पदार्थ था, जो उन्होंने जालन्धर से खरीदा था।

स्कूटर छीना

मोगा (वार्ता): गत रात ज़िला फरीदकोट में थाना बघानी कलां के अंतर्गत गांव राओके के निकट तीन आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया। सरकारी सूचनाओं में कहा गया है कि शिंदर सिंह स्कूटर पर रानी गांव जा रहा था जब आतंकवादियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और स्कूटर छीन कर उसी पर सवार होकर फरार हो गए।

4 सूत्री योजना

फरीदकोट पुलिस ने ज़िला में आतंकवाद के उन्मूलन तथा लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक 4 सूत्री योजना बनाई है। ज़िला पुलिस चीफ श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए ज़िला के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बलों की गश्त तेज़ की जायेगी। उन्होंने कहा कि ज़िला में सभी स्टेशन हाऊस अफसरों को निर्देश दिये गये हैं कि डी.एस.पी. से सलाह किये बगैर आतंकवादियों को शरण देने वालों के विरुद्ध केस दर्ज न किया जाये तथा मुझ से (एस.एस.पी.) सलाह किये बगैर किसी के भी विरुद्ध राजद्रोह का केस दर्ज न किया जाये। इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले थाना इंचार्ज के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

एस.एस.पी. ने भगौड़े युवकों से अपील की कि वे अपने हथियारों सहित आत्म समर्पण कर दें और विश्वास दिलाया कि उन्हें परेशान नहीं किया जायेगा बल्कि उनके मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ज़िला में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में पंचायत नेताओं, राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग की अपील की।

महिला का अपहरण

बाघापुराना (ज्ञान): गत रात 6 सशस्त्र उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर गांव खोटला मेहर सिंह वाला से एक नवविवाहिता हरजिंदर कौर का अपहरण कर लिया। बताया जाता है कि उग्रवादी एक कार में आए तथा घर का दरवाज़ा खटखटाया। जैसे ही दरवाजा खुला उन्होंने उसे पिस्तौल की नोक पर डराकर कार में बिठाया और फरार हो गये। बताया जाता है कि कुछ समय पहले उक्त महिला के उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध थे लेकिन अब उसने उनसे सम्बन्ध तोड़ लिये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

(शेष पृष्ठ 14 पर)

ले में गिरफ्तार
हाई का आदेश

विरोध करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अल्पसंख्यकों को विशेष रूप से सिखवाद के मीरी-पीरी की अवधारणा को समाप्त करना है। उन्होंने विपक्षी दलों और दक्षिण पंथी विचारधारा के लोगों से अपील की कि वे इस विधेयक के खिलाफ आवाज़ उठाएं। बयान के अंत में इन अकाली नेताओं ने रासुका के तहत नज़रबंद अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल के इस मज़बूत स्टैंड की सराहना की कि सिख राजीव गांधी के शासन के खत्म होने तक इंतज़ार करें, चाहे उन्हें कितनी ही कुर्बानी क्यों न देनी पड़े।

एयर इंडिया के पायलटों द्वारा हड़ताल की धमकी

बम्बई, 14 अगस्त (टा.इ.): एयर इंडिया के पायलटों की प्रतिनिधि संस्था इंडियन पायलट्स गिल्ड ने एयर लाइन्स मैनेजमैंट को नोटिस देकर एक सितम्बर से हड़ताल पर चले जाने की धमकी दी है। गिल्ड के सूत्रों के अनुसार नोटिस इसलिए दिया गया है जब मैनेजमैंट ने एयर बस ए-300 के लिए एक विशेष कैप्टन को परीक्षक इंस्ट्रक्टर बनाने का फैसला किया था। सूत्रों ने बताया कि पांच साल पहले भी मैनेजमैंट ने उस कैप्टन को नियुक्त करने का फैसला किया था, लेकिन गिल्ड द्वारा प्रोटैस्ट करने पर वह कार्रवाई रोक दी गई थी। बाद में उस कैप्टन को बोइंग -747 का कमांडर बना दिया गया। सूत्रों ने बताया कि वे उक्त व्यक्ति की नियुक्ति के विरुद्ध इसलिए हैं क्योंकि उसका स्वभाव परीक्षक और इंस्ट्रक्टर बनने के लिए उपयुक्त नहीं है। सूत्रों ने उस कैप्टन का नाम नहीं बताया। उधर एयर इंडिया के अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले पर गौर कर रहे हैं।

मिलावटी तेल के नमूनों की जांच करने वाले वैज्ञानिक भी उनसे बीमार पड़े

कलकत्ता, 14 अगस्त (वार्ता): मिलावटी तेलों के नमूनों की जांच कर रहे वैज्ञानिक और कर्मचारी भी उसके दुष्प्रभावों के शिकार हो रहे हैं।

बेहाला और तालीगंज में मिलावटी तेल के उपयोग से हुई त्रासदी के बाद केंद्रीय खाद्य अनुसंधान प्रयोगशाला के जो वैज्ञानिक और कर्मचारी रंपसीड,

प्रो. दर्शन सिंह द्वारा शिरोमणि कमेटी की पेशकश मंजूर, कुछ समय मांगा

लुधियाना, 14 अगस्त (हस): प्रोफैसर दर्शन सिंह ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से उन्हें अकाल तख्त का जत्थेदार नियुक्त करने की पेशकश स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि जहां तक पद संभालने का सवाल है इसके लिए कुछ समय चाहिए। प्रत्येक सिख का कर्त्तव्य है कि वह पंथ के सिद्धांत को माने। मैं पंथ की सेवा के लिये सिर झुकाता हूं। मैं शिरोमणि कमेटी से अनुरोध करता हूं कि मेरी कुछ विवशताओं की ओर ध्यान दे तथा मुझे कुछ समय दिया जाए।

हालात में आप क्या अंतर अनुभव करते हैं, उन्होंने कहा कि अंतर यह है कि अब सिख संगठन स्वतंत्र होकर आवाज उठाने लगे हैं तथा उनमें नए साहस की भावना पैदा हुई है। उनसे पूछा गया कि हत्याओं के क्या कारण हैं, उन्होंने इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया तथापि कहा कि वातावरण पवित्र होना चाहिए और 'ब्लैक थंडर' के बाद जो लाशें निकली हैं, उनके बारे में 'कौम' फैसला करेगी। ब्लैक थंडर क्यों हुआ और कैसे हुआ, इसकी जिम्मेदारी किस पर है। इस बारे पंथ फैसला

Punjab Spectator

उग्रवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (राकेश, कौड़ा): कल शाम पलाही गेट के दुकानदारों ने एक संदिग्ध उग्रवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । बताया जाता है कि 12 अगस्त को दो नौजवान पलाही गेट के एक दुकानदार के पास आये तथा उससे कहा कि हम रात 8 बजे आयेंगे । दुकानदार 7 बजे ही दुकान बंद करके चला गया । कल उग्रवादी फिर उसकी दुकान पर आये तथा कहने लगे कि कल तुम एक घंटा पहले दुकान बंद करके चले गये थे, आज तुम्हें नहीं छोड़ेंगे । इस पर दुकानदार ने एक उग्रवादी को जफ्फा मार लिया जबकि दूसरा फरार हो गया । इसी बीच अन्य दुकानदार भी वहां आ गये तथा उन्होंने इस उग्रवादी की जम कर पिटाई की । इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

आज फगवाड़ा पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में फगवाड़ा व इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में छापे मार कर दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

Punjabi Samachar

आतंकवादियों द्वारा सेना, सी.आर.पी., बी.एस.एफ. पर हमले, 1 जवान मरा, 9 घायल, एक होमगार्ड सब-इंस्पैक्टर की भी हत्या

चंडीगढ़, 17 अगस्त (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां तेज करते हुए कल रात जिला अमृतसर में अलग-अलग वारदातों में सेना, सी.आर.पी. और बी.एस.एफ. पर हमले करते हुए एक सुरक्षा कर्मी की हत्या कर दी जबकि 9 अन्य को घायल कर दिया । फगवाड़ा के निकट सी.आर.पी. की चौकी को बम से उड़ाने का प्रयास किया गया । पंजाब में अन्य वारदातों में 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । संगरूर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया ।

सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि सुन्दरगढ़ चौकी पर आतंकवादियों ने पाक रेंजरों की मदद से सीमा पार से गोली चलाई ।

सेना पर भी हमला

अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिला में गत रात आतंकवादी काफी सक्रिय रहे जबकि उन्होंने विभिन्न स्थानों पर न केवल निर्दोषों की हत्याएं कीं अपितु प्रथम बार एक सैनिक ट्रक पर भी गोली चलाई जिससे सेना के 5 जवान घायल हो गए । दो अन्य स्थानों पर सुरक्षा बलों पर भी हमले हुए जिनमें सी.आर.पी. का एक जवान मारा गया तथा एक अन्य घायल हो गया । आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक चौकी पर राकेटों से हमला भी किया और फायरिंग भी की लेकिन किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई ।

सेना के ट्रक पर हमला अमृतसर जिला में गांव अलगों कोठी और अमरकोट के मध्य किया गया । इस हमले में 5 जवान घायल हो गए जिनमें अंगरेज सिंह, शिगारा सिंह, शमशेर सिंह और सतपाल सिंह शामिल हैं । इन घायल जवानों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

सुरक्षा बलों पर हमले की पहली घटना गांव गग्गो बुआ के निकट एक नहर के पुल पर हुई जहां से सुरक्षा बलों का एक वाहन गुजर रहा था । फायरिंग में एक कांस्टेबल राम निवास शर्मा मारा गया जबकि लांस नायक बी.आर. अमले घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया । दूसरी घटना थाना कत्थूनंगल के अन्तर्गत गांव रूपोवाली में हुई जहां सुरक्षा बलों की एक चौकी पर राकेटों से हमला किया गया तथा भीषण फायरिंग भी की गई तथापि किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई । उन्होंने चौकी पर सोवियत निर्मित दो शक्तिशाली राकेट छोड़े तथा ए.के. 47 चीनी राइफलों से भारी गोलीबारी की ।

सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष ने बताया कि राकेट अपने लक्ष्य पर पहुंचने की बजाय उच्च विद्युत क्षमता वाले बिजली के तारों से टकराकर नजदीकी स्कूल की इमारत को छेदता हुआ निकल गया । राकेटों से बिजली के तारों को नुक्सान पहुंचा । नियंत्रण कक्ष ने बताया कि आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की चौकी से 150 फुट की दूरी पर एक धान के खेत से राकेट छोड़े । आतंकवादियों की संख्या का पता नहीं लगा । सी.आर.पी. के जवानों ने भी जवाब में गोली चलाई ।

सीमा सुरक्षा बल के तीन जवान उस समय गम्भीर रूप से घायल हो गए जब आतंकवादियों ने कल रात अजनाला पुलिस थाने की भारत-पाकिस्तान सीमा पर बनी न्यू सुन्दरगढ़ चौकी पर हमला किया । सुरक्षा बल के अधिकारियों को संदेह है कि आतंकवादियों ने पाकिस्तानी रेंजरों की मदद से सीमा पार से गोली चलाई । सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं । तीनों घायल जवानों टी. शशि, राजपाल और सोहन कृष्ण को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'वार्ता' का कहना है कि सीमा सुरक्षा बल के जवान पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा बिना किसी उत्तेजना के की गई फायरिंग से घायल हुए ।

3 की हत्या

इस बीच आतंकवादियों ने कल रात झब्बाल पुलिस थाने के मियांपुर गांव में अंधाधुंध गोलियां चलाकर एक महिला सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में चौकीदार संतोख सिंह, एक अधेड़ उम्र की महिला गुरमेज कौर और गांव का पटवारी जगतार सिंह शामिल हैं । पुलिस ने बताया कि इन तीनों के गोली से छलनी शव आज सुबह गांव वालों ने खेत में पड़े देखे । आतंकवादियों के ताजा हमलों को देखते हुए सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है ।

सेवादार मुठभेड़ में मरा

आज शाम जिला अमृतसर में थाना घरेंडा के अंतर्गत गुरुद्वारा सर सतलानी का सेवादार सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । इससे पूर्व सेवादार ने जिसका नाम मंगा सिंह बताया गया है, गुरुद्वारा में कार सेवा कर रहे दो व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया था और फरार हो गया था । सुरक्षा बलों ने उसका पीछा किया तथा उसे गोली मार कर मार डाला ।

4 उग्रवादी काबू

तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार तरनतारन पुलिस ने चार आतंकवादियों हरि सिंह उर्फ मेजर सिंह निवासी दमदमा साहब जिला भटिंडा, अमरसिंह उर्फ काला निवासी टिम्मोवाल थाना जंडियाला, गुरमुख सिंह उर्फ लम्मा निवासी वडाला जौहल थाना जंडियाला तथा रामसिंह उर्फ किंदा को हथियारों समेत गिरफ्तार किया । मिले हथियारों में .12 बोर का एक पिस्तौल, एक .32 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस शामिल हैं । इन आतंकवादियों को एक संक्षिप्त भिड़ंत के बाद पकड़ा गया । प्रारम्भिक पूछताछ में इन्होंने कुछ जघन्य अपराध करने की अपनी योजना की जानकारी दी ।

एक व्यक्ति की हत्या

फिरोजपुर (वार्ता): इस जिला के गांव शकूरपुर में एक व्यक्ति बंत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

बम धमाका

फगवाड़ा (राकेश, अशोक): कल रात यहां सी. आर. पी. एफ. के मुख्यालय को आतंकवादियों ने देसी बम से उड़ाने की असफल कोशिश की । बताया जाता है कि कल रात कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने 12 बजे के करीब फगवाड़ा-दोसांझ कलां रोड पर सी.आर.पी.एफ. की 78वीं बटालियन के मुख्यालय के पास एक शक्तिशाली बम फैंका जो कि वहां से लगभग 150 गज की दूरी पर फटा, जिससे एक छोटा-सा गड्ढा पैदा हो गया । धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज लगभग दो कि.मी. दूर तक सुनी गई । बम का धमाका सुनते ही वहां पर सुरक्षा गार्ड सतर्क हो गए तथा उन्होंने भी दो फायर किए । जब यह धमाका हुआ उस समय सभी जवान सोये हुए थे परन्तु धमाका सुनते ही सभी उठ खड़े हुए ।

सी.आर.पी.एफ. के कमांडैंट ने बताया कि इस बम के फटने से किसी प्रकार का कोई नुक्सान नहीं हुआ तथा रात को सारे क्षेत्र को घेरे में लेकर चैकिंग की गई । घटनास्थल से 4-5 लोहे के टुकड़े मिले हैं जिनके बारे में जांच की जा रही है । पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के उच्च अफसरों ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया है । फगवाड़ा में कुछ मास पहले भी सी.आर.पी.एफ. पर राकेटों से हमला किया जा चुका है । इस कांड की पुलिस को सूचना दे दी गई है । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । धमाका सुनते ही सी.आर.पी. मुख्यालय के पास ही स्थित गुजरात पुलिस की चौकी के जवानों ने जवाबी दो फायर किए लेकिन आतंकवादी सम्भवतः बम फैंक कर अंधेरे में भाग निकले । धमाका होते ही जगतजीत काटन मिल के वर्करों में भी भगदड़ मच गई । इस बात का पता नहीं चल सका कि आतंकवादियों का निशाना क्या था । उल्लेखनीय है कि घटना से लगभग आध घंटा पहले ही सी.आर.पी. की एक गश्ती जीप हदियाबाद की ओर रवाना हुई थी । धमाके की आवाज सुनकर वह वापस आ गई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार दो बम धमाके हुए ।

पानीपत और पिहोवा हत्याकांडों के मुख्य अभियुक्त डा. गुरमीत सिंह उर्फ जसमेल सिंह का शव जिसने मंडी गोबिन्दगढ़ के पास तूरा गांव में पुलिस के शिकंजे से बचने के लिए जहर खाकर आत्महत्या कर ली । (छाया : भाला, जग्गी स्टुडियो)

बम शक्तिशाली था

फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां सी.आर.पी.एफ. के हैड क्वार्टर पर आतंकवादियों की तरफ से फैंके गये बम के फटने के संबंध में डी.एस.पी. श्री दीवान चंद ने बताया कि वह बम अथवा शैल किसी कारखाने में तैयार किया हुआ था, यह इतना शक्ति शाली था कि यदि हैड क्वार्टर के बिल्कुल पास गिरता तो काफी नुक्सान हो सकता.

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सुरक्षा बलों की चौकी को राकेटों से उड़ाने का प्रयास, फगवाड़ा में बम विस्फोट : अन्यत्र 6 लोगों की हत्या

Punjab Varani

आतंकवादियों द्वारा हमले

(पृष्ठ 3 का शेष)

था । इस बम की जांच के लिए अभी तक कोई भी सेना का विस्फोटक विशेषज्ञ नहीं पहुंचा ।

3 शरणदाता गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): एस.एस.पी. संगरूर श्री ज्ञान सिंह के अनुसार पुलिस ने खतरनाक आतंकवादियों को शरण देने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया । पकड़े गए लोगों के नाम हैं : परमजीत सिंह गांव वजीदपुर, बख्शीश सिंह गांव बालियां और गुरमेल सिंह गंडा सिंह वाला जबकि बालियां गांव का महेन्द्र सिंह फरार है । श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग काफी अर्से से आतंकवादियों को अपने घरों में शरण दे रहे थे तथा उनके हथियार छुपाकर रखते थे ।

हत्या करके स्कूटर छीना

संगरूर जिला में भिवानीगढ़ के पास अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति की दो आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी और उसका स्कूटर लेकर चम्पत हो गए ।

गुमशुदा की तलाश

राज रानी उम्र 55 साल, कद 5' रंग साफ

होमगार्ड के सब इंस्पैक्टर की हत्या

सामाना से राजकुमार वर्मा के अनुसार आज रात्रि 9.30 बजे स्थानीय क्षत्रियां मोहल्ला में उग्रवादियों ने होमगार्ड के एक सब इंस्पैक्टर मख्त्यार सिंह के घर में घुस कर अंधा धुंध फायरिंग की जिससे मख्त्यार सिंह की वहीं मृत्यु हो गई व उनके दो लड़के (8 वर्ष, 6 वर्ष) घायल हो गए । घटना के समय घर वाले खाना खाकर सोने गए थे ।

दरें बढ़ाना विचाराधीन

चंडीगढ़, 17 अगस्त (परवाना): पंजाब में नगर पालिकाओं व अमृतसर, जालन्धर और लुधियाना नगर निगमों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए महसूल चुंगी की दर और जलापूर्ति व सीवरेज खर्च बढ़ाने के अतिरिक्त मोहाली जैसे नए माडल शहरों में हाऊस टैक्स लगाने बारे गम्भीरता से विचार किया जा रहा है । इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने मुख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा की अध्यक्षता में जो उच्चस्तरीय समिति गठित कर रखी है, उसने सारे आंकड़े इकट्ठे कर लिए हैं । सम्भव है कि यह समिति आगामी कुछ सप्ताह में अपनी रिपोर्ट तैयार करके राज्यपाल श्री एस.एस. रे को सौंप दे ।

कुछ समय पूर्व स्थानीय निकाय विभाग ने कई चीजों पर महसूल चुंगी की दर बढ़ाने और पालिका सीमा में आने वाले अनाज पर कुछ टैक्स लगाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया था परन्तु इंका के प्रोटैस्ट करने पर श्री रे ने नोटिफिकेशन वापस ले लिया था । उच्च सरकारी सूत्रों के अनुसार मोहाली के विकास व सड़कों की मुरम्मत के लिए दस करोड़ रुपए जबकि लुधियाना शहर के विकास के लिए इससे अधिक राशि मांगी गई है, परन्तु सरकार की विवशता यह है कि उसके पास पैसा नहीं । इसलिए अब यह सुझाव विचाराधीन है कि चुंगी की दर कुछ बढ़ा दी जाए और इससे होने वाली आय शहरों के विकास पर खर्च की जाए लेकिन दूसरी ओर

Punjabi Samachar

एस. सब-इंस्पैक्टर द्वारा कत्ल किये गये पटियाला के (1) एस.एस.पी. श्री सीतल दास तथा (2) एस.पी. श्री बराड़ के शव, (3) सीतल दास की पत्नी श्रीमती सुजाता आई.ए.एस.अधिकारी तथा रिश्तेदार विलाप करते हुए, (4) श्री बराड़ के सम्बन्धी विलाप करते हुए, (5) थाने का वह कक्ष जहां यह हत्याकांड हुआ, जगह-जगह खून पड़ा है, (6) थाने के बाहर का दृश्य, (7) पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार जे.एफ. रिबैरो व पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए। *(छाया : अनिल पुरी)*

पटियाला के एस.एस.पी. सीतल दास व एस.पी. बराड़ की हत्या

पटियाला, 19 अगस्त (भूषण): एस.एस.पी. श्री सीतल दास और एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री बलदेव सिंह बराड़ की आज लगभग साढ़े 12 बजे सिविल लायन्स पुलिस स्टेशन में ए.एस.आई. दलबीर सिंह ने गोली मार कर हत्या कर दी। उक्त दोनों अधिकारी दलबीर के विरुद्ध एक केस की जांच के सम्बन्ध में उससे पूछताछ करने गए थे कि उसने अपने रिवाल्वर से दोनों की हत्या करने के बाद उसी रिवाल्वर से गोली चला कर आत्महत्या कर ली। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व इसी जिला के एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ और एस.पी. श्री कंवर गिल की भी उग्रवादियों ने उस समय हत्या कर दी थी जब वे नेता जी सुभाष नैशनल इंस्टीच्यूट आफ स्पोर्ट्स में प्रातः की सैर के लिए गए थे।

पुलिस में घुसपैठ

ए.एस. आई. दलबीर द्वारा दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दिए जाने से अब इस बात में कोई सन्देह नहीं रह गया कि पुलिस में स्क्रीनिंग बहुत जरूरी है। कुछ राजनीतिक पार्टियों का मत है कि पुलिस में समाज विरोधी व राष्ट्र विरोधी तत्व घुसपैठ कर चुके हैं। एक ए.एस.आई. द्वारा ही दो अधिकारियों की हत्या से स्पष्ट है कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता किस सीमा तक बढ़ गई है।

यहां इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि जांच से पूर्व उक्त अधिकारियों ने ए.एस.आई. से उसका सर्विस रिवाल्वर क्यों नहीं लिया? ऐसा इसलिए भी आवश्यक था क्योंकि वह पहले भी कुछ विभागीय जांचों के घेरे में था।

श्री सीतल दास और श्री बराड़ समर्पित अधिकारी थे और उन्होंने हाल ही में बहुत से उग्रवादियों को हिरासत में लिया। उनकी हत्या से पुलिस का मनोबल गिरा है। उल्लेखनीय है कि गत दस मास के दौरान इस जिला में कई पुलिस अधिकारियों की हत्या की जा चुकी है। इनमें एस.एस.पी. बराड़ व एस.पी. गिल के अतिरिक्त एक इंस्पैक्टर, एक ए. एस.आई. और दो कांस्टेबल शामिल हैं।

उग्रवादियों से सम्बन्ध थे

आज सायं जानकार सूत्रों ने बताया कि दलबीर के तस्करों और उग्रवादियों से सम्बन्ध थे। दलबीर (31) जिला अमृतसर के क्षेत्र तरनतारन निवासी लाभ सिंह का लड़का था। वह अक्तूबर 1979 में पुलिस में भर्ती हुआ परन्तु बाद में तस्करों से सम्बन्ध होने के कारण उसे बर्खास्त किया गया। मई 1987 में वह बहाल हुआ और पटियाला में नियुक्त हुआ। उसने जनरल वैद्य, ललित माकन और इंस्पैक्टर जनरल (जेल) जे.सी. कटोच के हत्यारों में से एक के.सी. शर्मा को मार गिराया। इस पर उसे ए.एस.आई. पदोन्नत कर दिया गया और एक जीप तथा दो गनमैन दिए गए। इस तरह वह स्वयं को सीनियर अधिकारियों में समझने लगा था।

कुछ दिन पूर्व दोनों गनमैन एस.एस.पी. के सामने पेश हुए और शिकायत की कि दलबीर गलत कार्य कर रहा है। इस पर दोनों को बदल दिया गया। आज की जांच में दलबीर पर एक केस को रफादफा करने के लिए तस्करों से सात लाख रुपए लेने का आरोप मुख्य था।

गत रात वह स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल में नर्सिंग होस्टल में एक नर्स के पास रहा। जांच के दौरान एस.एस.पी. ने उसे सी.आई.ए. स्टाफ ले जाने के आदेश दिए। इससे वह तिलमिलाया और अपना सर्विस रिवाल्वर निकाल कर गोलियां चला दीं और बाद में आत्महत्या कर ली। इस बात पर भी

(शेष पृष्ठ 12 पर)





Punjab Sahata.com

एस. सब-इंस्पैक्टर द्वारा कत्ल किये गये पटियाला के (1) एस.एस.पी. श्री सीतल दास तथा (2) एस.पी. श्री बराड़ के शव, (3) सीतल दास की पत्नी श्रीमती सुजाता आई.ए.एस.अधिकारी तथा रिश्तेदार विलाप करते हुए, (4) श्री बराड़ के सम्बन्धी विलाप करते हुए, (5) थाने का वह कक्ष जहां यह हत्याकांड हुआ, जगह-जगह खून पड़ा है, (6) थाने के बाहर का दृश्य, (7) पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार जे.एफ. रिबैरो व पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए। (छाया : अनिल पुरी)

उग्रवादियों द्वारा ग्रंथी समेत पंजाब में 9 व्यक्तियों की हत्या

नौशहरा पन्नुआं में सहकारी बैंक से 20450 रुपए लूटे गए

18 हत्याओं में वांछित दुर्दांत आतंकवादी बंदी

चंडीगढ़, 19 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने कल रात के बाद से एक ग्रंथी सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक सहकारी बैंक से 20 हजार रुपए लूट लिए गए । भटिंडा पुलिस ने एक दुर्दांत उग्रवादी हरि सिंह को गिरफ्तार किया जो कि 18 हत्याओं और लूट-पाट की अनेक घटनाओं में वांछित था ।

दो की हत्या

अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले में दो अलग-अलग वारदातों में विशेष पुलिस अधिकारी बल के एक जवान सहित दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 चीनी राइफल से लैस पांच-छः आतंकवादियों ने वैरोवाल थाने के तहत एकल गड्डा गांव में बल की चौकी पर हमला किया जिसमें बल का जवान करतार सिंह मारा गया । हमलावर फरार हो गए । दूसरी वारदात में दो आतंकवादियों ने झब्बाल गांव में एक किसान सरदूल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । हमले के वक्त वह छत पर सो रहा था । भागते हुए आतंकवादियों ने हवा में गोलियां चलाईं ।

सहकारी बैंक लूटा

आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर थाना सरहाली के अन्तर्गत गांव नौशहरा पन्नुआं में केन्द्रीय सहकारी बैंक ब्रांच से 20,450 रुपए लूट लिए । पुलिस ने कहा कि आतंकवादी रुपए लूटकर एक स्कूटर पर फरार हो गए । तथापि वे स्कूटर घटनास्थल से एक किलो मीटर दूर खेतों में छोड़ गए । पुलिस ने स्कूटर कब्जे में ले लिया परन्तु अपराधी पकड़े नहीं जा सके ।

3 लाशें मिलीं

आज प्रातः थाना तरनतारन के अन्तर्गत गांव धरड़ से बाहर एक नाले के निकट तीन लाशें मिलीं । इनमें एक लाश एक औरत की थी । पुलिस का ख्याल है कि इन लोगों की आतंकवादियों ने कल रात हत्या कर दी ।

बब्बर खालसा ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है । मृतकों में से एक की पहचान कश्मीर सिंह उर्फ भोला के रूप में हुई है । बब्बर खालसा ने कहा है कि कश्मीर सिंह छीना-झपटी की वारदातें करता था ।

ग्रंथी की हत्या

कल रात ही अमृतसर शहर के बाहर थाना सदर के गांव सखीरा में कुछ आतंकवादियों ने एक ग्रंथी मोहन सिंह मजहबी की हत्या कर दी । इस हत्या की जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर फोर्स ने ली है ।

तरनतारन से पन्नु के अनुसार आतंकवादी उसके घर गए तथा दरवाजे पर दस्तक दी । उसके दरवाजा खोलने पर उन्होंने उसको पकड़कर उसके बाजू बांध दिए तथा उसे घर से 400 गज की दूरी पर ले जाकर उसे गोलियां मार दीं । बी.टी.एफ. ने आरोप लगाया कि ग्रंथी शराब पीता था तथा लोगों को धागे, तावीज़ देता था ।

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा पुलिस ने एक कट्टर आतंकवादी हरि सिंह लहराखाना को गिरफ्तार किया है । उससे एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा 7 कारतूस पकड़े गए जो कि उसने पंजाब नैशनल बैंक सैलबरा से छीने । इसके अलावा एक मोटर साइकल भी बरामद किया गया जो उसने चंदभान के निकट दो हिन्दुओं की हत्या करके छीना था । पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार उससे पूछताछ पर रहस्योद्घाटन हुआ है कि उसने 18 हत्याएं कीं, 6 मोटर साइकल, स्कूटर छीने तथा कई ठेके लूटे । वह ए.एस.आई. नागौर सिंह के पिता के अपहरण के बाद उसकी हत्या, जीवन सिंह वाला गांव में ग्रंथी, संगरूर में जेल वार्डन टाटा सिंह के परिवार के 4 सदस्यों तथा भुच्चो में 6 हिन्दुओं की हत्या में संलिप्त था । हरि सिंह का सम्बन्ध खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से है ।

सेंधमार गिरोह पकड़ा

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने सेंधमारों के एक गिरोह को पकड़ कर सेंधमारी के लगभग एक दर्जन केसों का सुराग लगाया है । गिरोह के तीन सदस्यों की पहचान रवीन्द्र सिंह उर्फ काला, अनिल कुमार उर्फ बंटी और राज कुमार उर्फ राजू के रूप में की गई है । एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास के अनुसार गिरोह के सदस्यों से दो मोटर साइकल, एक स्कूटर, 14 स्टीरिया, 48 कैसेट, 6 साइकल तथा 1.5 लाख रुपए मूल्य के कपड़े बरामद किए गए । यह गिरोह पठानकोट सब-डिवीजन में सक्रिय था ।

निहंग गिरफ्तार

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया है कि जिला पुलिस ने एक आतंकवादी कुलदीप सिंह निहंग निवासी गांव दल्लोवाना को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की बंदूक तथा सात कारतूस बरामद किए हैं । श्री दास ने बताया कि इस आतंकवादी ने यह बंदूक 25 जुलाई 1988 को रछपाल सिंह निवासी धारीवाल से लूटी थी ।

घुसपैठिया मरा

फिरोजपुर सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया ।

दुकानदार की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना

(शेष पृष्ठ 12 पर)

कई इकाइयों द्वारा विद्रोह

नई दिल्ली, 19 अगस्त (वार्ता): लोकदल की कई इकाइयों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल द्वारा कल बुलाई विधायकों की बैठक में भाग लेने से इंकार कर दिया है ।

लोकदल के महासचिव बुद्ध प्रिय मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लोकदल विधायकों की आज लखनऊ में हुई बैठक में यह निश्चय किया गया कि वह किसी ऐसी बैठक में भाग नहीं लेंगे जिससे पार्टी के टूटने की आशंका हो ।

श्री मौर्य ने बताया कि कल के सम्मेलन में हरियाणा के अलावा, बिहार और राजस्थान के कुछ लोग ही भाग लेंगे ।

उन्होंने कहा कि हम आशावादी हैं और अब भी आशा करते हैं कि श्री देवी लाल पुराने अनुभवी नेता हैं और वह कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे पार्टी टूटे ।

उन्होंने कहा कि पार्टी के टूटने से केवल कांग्रेस (इ) को लाभ होगा किसी और को नहीं ।

श्री मौर्य ने कहा कि हम विपक्षी एकता के विरोधी नहीं हैं एकता होगी अवश्य लेकिन इसमें समय लगेगा ।

उन्होंने कहा कि एकता के लिए सभी संबंधित दलों से परामर्श करना होगा और आपस में मन बनाना होगा ।

उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता के बारे में हम श्री देवी लाल की नीयत पर संदेह नहीं करते किन्तु इसके लिए हर स्तर पर विचार-विमर्श की जरूरत होती है । जल्दबाजी करने से बनता काम बिगड़ जाता है ।

शिमला से मिली खबर के अनुसार लोकदल की हिमाचल प्रदेश इकाई ने श्री देवी लाल द्वारा बुलाई बैठक में भाग न लेने का निश्चय किया है । राज्य शाखा के महासचिव जे.सी. जोशी ने संवाददाताओं

Punjabi Tribune

सीतल दास, बराड़ की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि उसके उग्रवादियों से सम्बन्धों की जानकारी के बावजूद दलबीर को कांस्टेबल से सीधे ए.एस.आई. पदोन्नत कैसे कर दिया गया ?

दलबीर हिटलिस्ट में था

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज दोपहर बाद सिविल लायन्ज पुलिस स्टेशन का दौरा किया । उन्होंने बताया कि दलबीर से सर्विस रिवाल्वर इसलिए वापस नहीं लिया गया था क्योंकि वह उग्रवादियों की हिटलिस्ट में था ।

घटना के बारे श्री गिल ने बताया कि जांच के समय दलबीर ने श्री बलदेव सिंह बराड़ पर गोली चलाई । इस पर सिविल लायन्ज का एक इंस्पैक्टर उससे उलझ गया और श्री सीतल दास ने भी अपना रिवाल्वर निकाल लिया परन्तु दलबीर ने उन पर भी गोली चला दी जो घातक सिद्ध हुई । इसके बाद दलबीर ने भी आत्महत्या कर ली ।

साथ राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो ने भी पटियाला का दौरा किया ।

आंखें दान

श्री सीतल दास की विधवा ने अपने पति की आंखें सम्बन्धित बैंक को दान में दे दी हैं ।

अंत्येष्टि आज

श्री बराड़ की अंत्येष्टि कल प्रातः गोनियाना मंडी के ग्राम पलिहार मेहमां में की जाएगी ।

श्री सीतल दास बहुत मृदुभाषी थे । वह बिहार कैडर के आई.पी.एस. अधिकारी थे और बाद में उन्हें पंजाब कैडर में बदल दिया गया । दरबार साहब से उग्रवादियों को निकालने के लिए जब जून 1984 में आप्रेशन ब्लू स्टार हुआ तो उस समय वह अमृतसर में एस.पी. सिटी थे । बाद में उन्हें फिरोजपुर और उसके बाद पुनः अमृतसर एस.पी. (इंटैलीजैंस) लगाया गया ।

चंडीगढ़ से 'ह.स.' के अनुसार दलबीर सिंह के विरुद्ध उग्रवादियों की सहायता करने बारे मिली शिकायतों पर उसे निलम्बित किया गया था । उक्त दोनों अधिकारी इन शिकायतों के संबंध में जांच करने गए थे । प्राप्त समाचार के अनुसार दलबीर की गोली से एस.पी. श्री बराड़ की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि एस.एस.पी. घायल हो गए । उन्होंने घायल होने के बावजूद जवाबी गोली चलाई जिससे दलबीर मारा गया । श्री सीतल दास की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

पंजाब बंद का आह्वान

'ह.स.' के अनुसार पुलिस अधिकारियों की हत्या के रोषस्वरूप हिंद सुरक्षा समिति ने कल पंजाब बंद का आह्वान किया है । शीघ्रता में बुलाई गई बैठक में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

श्री पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि आज की हत्या से समिति की इस मांग की पुष्टि होती है कि पुलिस फोर्स से समाज विरोधियों की सफाई के लिए स्क्रीनिंग होनी चाहिए ।

जिला भाजपा ने भी इन हत्याओं की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

श्री सीतल दास अपने पीछे पत्नी और दो बच्चे तथा श्री बराड़ पत्नी और तीन बच्चे छोड़ गए । श्री रिबैरो और श्री गिल मृतकों के परिवारों को सांत्वना देने उनके घरों में गए ।

पम्मा से संबंध

पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार जे.एफ. रिबैरो ने आज रात प्रैस ट्रस्ट को बताया कि दलबीर सिंह का संबंध एक आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा के साथ था परन्तु बाद में उसने आतंकवादी गतिविधियां छोड़ दी थीं ।

रिबैरो का बयान

पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो ने बताया कि चंडीगढ़ से दर्जी सगीर अहमद और जम्मू से पांच तस्करों के अपहरण में शामिल होने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बराड़ ने जब सहायक उपनिरीक्षक से रिवाल्वर जमा कर देने को कहा तो उसने उन पर गोली चला दी ।

श्री रिबैरो ने कहा कि आतंकवादियों को शस्त्र उपलब्ध कराने के आरोप में सहायक उपनिरीक्षक ने हाल ही में एक मुस्लिम दर्जी का अपहरण कर लिया था । एक शिष्टमंडल की शिकायत से पता चला कि यह अपहरण एक अन्य दर्जी के कहने पर किया गया था । दर्जी के मामले की जांच के दौरान यह तथ्य उजागर हुआ कि अपने अंगरक्षक के साथ उसने जम्मू से पांच तस्करों का अपहरण किया और चंडीगढ़ के हरभजन सिंह के लिए उनसे 45 लाख रुपए वसूले । इसके लिए उसे सात लाख रुपए मिले । श्री रिबैरो ने बताया कि सारा विवरण मिलने के बाद उन्होंने आज प्रातः श्री शीतल दास को सहायक उपनिरीक्षक को निःशस्त्र कर गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे । इसके लिए उसे पटियाला के सिविल लाइन्स थाने में बुलाया गया था । जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उससे सरकारी शस्त्र मांगा तो उसने रिवाल्वर निकाल कर गोली चला दी जिससे श्री बराड़ की वहीं मृत्यु हो गई । सिविल लाइन्स का थानेदार जो वहीं खड़ा था हमलावर से भिड़ गया लेकिन वह फिर भी श्री दास को गोली मारने में सफल रहा । इसी बीच श्री दास अपना रिवाल्वर निकाल चुके थे, उन्होंने गोली चलाकर हमलावर पुलिस अधिकारी को वहीं मार डाला । बाद में श्री दास की भी मृत्यु हो गई । श्री रिबैरो ने बताया कि दलबीर सिंह एक सिपाही के रूप में पुलिस में भर्ती हुआ था । आतंकवादी विरोधी अभियान में उत्तम कार्य के कारण उसे पदोन्नत करके सहायक उप-निरीक्षक बनाया गया ।

अपहरण के केस में वांछित था

दलबीर चंडीगढ़ पुलिस को यहां के सैक्टर 17 के एक दर्जी सगीर अहमद के अपहरण के केस में वांछित था । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत 15 जुलाई को दर्जी का अपहरण करने का केस दर्ज किया गया था । बाद में पता चला कि अपना व्यक्तिगत बदला लेने के लिए दलबीर दर्जी का अपहरण कर पटियाला ले गया और उसके विरुद्ध शस्त्र कानून के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया । इस घटना के रोष स्वरूप चंडीगढ़ के दर्जियों ने हड़ताल कर दी । पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे के निर्देशों पर इस मामले की जांच की गई और दर्जी के विरुद्ध दर्ज झूठा केस रद्द कर, उसे रिहा कर दिया गया ।

व्यापारिक गतिविधियां

एस.बी.आई. द्वारा क्वालिटी सर्कल गठित करने का निर्णय

जालन्धर, 19 अगस्त : जापान की अवधारणा क्वालिटी सर्कल का स्टेट बैंक आफ इंडिया ने ऐच्छिक आधार पर भारत में लागू करने का निश्चय किया है । बैंक के चीफ जनरल मैनेजर श्री टी.वी. किनी के अनुसार क्वालिटी सर्कल का उद्देश्य समस्याएं सुलझाने में स्टाफ की कुशलता में वृद्धि, बेहतर ग्राहक सेवा तथा अप टू डेट हाऊस कीपिंग हैं । फलस्वरूप मैनेजमैंट के टारगेट ओरियंटेड एप्रोच का विकल्प तैयार हो जायेगा । इस योजना के तहत बैंक की बड़ी व छोटी शाखाओं में 5 से 8 कर्मचारियों का एक ग्रुप ऐच्छिक आधार पर अपनी शाखा के ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करेगा । यह ग्रुप समस्या के कारणों की जांच करेगा तथा अपने स्टाफ के अन्य सदस्यों की मदद से उसका समाधान करेगा । प्रत्येक ग्रुप में एक फैसिलिटेटर, ग्रुप उपनेता व सामान्य सदस्य होंगे । इससे बैंक में धोखाधड़ी को भी रोकने में मदद मिलेगी । स्टेट बैंक आफ इंडिया के भोपाल सर्कल ने इस योजना को अपनी 100 से अधिक शाखाओं में लागू किया है और इसके अत्यन्त उत्साहवर्धक परिणाम सामने आये हैं ।

अमृतसर सर्राफा

(19, अगस्त 1988)

सोना स्टैंडर्ड 3200, सोना घटा 3150, स्वर्ण आभूषण 3100, मिली 2675, चांदी तेजाबी 6200, चांदी 6000, सिक्का 6500 रुपए ।

शाम के भाव

(19, अगस्त 1988)

दिल्ली (एन.एन.एस.): चांदी (999) 6021 चांदी सिक्का 6460 सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम) 3060 सोना

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री हरगोबिन्दपुर के कस्बा घमान में आज प्रातः लगभग 6 बजे दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक दुकानदार किशोरी लाल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दुकानदार प्रातः अपनी दुकान की सफाई आदि कर रहा था ।

बाद का समाचार है कि दुकानदार की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

दुकानदार की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार सदर थाना के ग्राम मंबोई में आज दोपहर ढाई बजे दो उग्रवादियों ने फायरिंग करके किरयाना विक्रेता तिलक राज (45) की हत्या कर दी । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र मिला जिसमें उसे पुलिस का मुखबिर बताया गया था ।

एस.पी.ओ. की हत्या

बटाला के श्री हरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडोरी में उग्रवादियों ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग करके एक एस.पी.ओ. संतोख सिंह की हत्या कर दी व एक अन्य को घायल कर दिया ।

श्रीनगर में हवाई फायर

(पृष्ठ 1 का शेष)

दक्षिण कश्मीर में स्थिति शांतिपूर्ण है ।

छड़ी मुबारक मट्टन पहुंचाई

'छड़ी मुबारक' के साथ लगभग 400 साधु आज प्रातः अनंतनाग के निकट मट्टन शहर के एक मंदिर पहुंच गए । वे मट्टन से अमर नाथ के लिए आगे रवाना होंगे । बताया गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से इन साधुओं को कुछ वाहनों में मट्टन ले जाया गया ।

सुरक्षा बलों की गश्त

श्रीनगर से लगभग 53 किलो मीटर दूर बारमूला में भी अनिश्चितकालीन कर्फ्यू जारी है । एक सूचना के अनुसार इस सीमावर्ती कस्बे में सेना और अर्ध सैनिक बल गश्त लगा रहे हैं । कल की हिंसक घटनाओं के सिलसिले में सात लोग गिरफ्तार किए गए हैं । स्थिति शांतिपूर्ण बताई गई है ।

फ्लैग मार्च

सेना ने कोई भी हिंसक घटना न होने देने के लिए आज सुबह बारामूला और अनंतनाग में फ्लैग मार्च किया ।

21 गिरफ्तार

बाद में प्राप्त समाचार के अनुसार कर्फ्यू उल्लंघन पर 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया ।

तीर्थ यात्री घायल

इसी बीच खबर मिली है कि श्रीनगर के पास निशान में कल रात आठ बसों पर पथराव में कम से कम नौ तीर्थ यात्री घायल हो गए ।

कर्फ्यू में ढील

राज्य अधिकारियों ने आज श्रीनगर में कर्फ्यू में ढील दी ताकि लोग स्थानीय मस्जिदों में नमाज अदा करने जा सकें । यह जानकारी देते हुए आधिकारिक

क्लासीफाइड विज्ञापन

वीडियो

Always use Finest quality. Loomba Video Cassettes in yours VCR/VCP buy

इलैक्ट्रीकल्ज़

All Makes of V.C.R.'s, Two-in-ones, Stereos, Transistor Radios, Venus

पंजाब में एस.पी.ओ. सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : 3 घायल

बटाला में सीमा सुरक्षा बल के वाहन पर घात लगा कर हमला

विभिन्न स्थानों पर 13 उग्रवादी और शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 20 अगस्त (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 3 को घायल कर दिया । बी.एस.एफ. के वाहन पर घात लगा कर हमला किया गया । राजपुरा गोली कांड का एक अभियुक्त पकड़ा गया । संगरूर में 6 तथा जालंधर में 7 आतंकवादी व शरणदाता गिरफ्तार किए गए ।

हिजड़े सहित 3 की हत्या

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर जिले में कल रात से अब तक अलग-अलग वारदातों में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक हिजड़े सहित तीन व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी तथा एक महिला को घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि 5-6 आतंकवादियों ने कल रात बैरोवाल पुलिस थाने के कल्लावाल गांव में जुगनी नामक एक हिजड़े और उसके दो साथियों, तबला और हारमोनियम वादक की गोली मारकर हत्या कर दी । गांव के सरपंच ने आज सुबह पुलिस को उनके मारे जाने की सूचना दी । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के कुछ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । एक अन्य वारदात में आठ नौ आतंकवादियों के एक दल ने उदर्ता औद्योगिक क्षेत्र में भपरी भैनी गांव में एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला किया । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई । दोनों तरफ से गोलीबारी में अमरजीत कौर नामक एक महिला घायल हो गई । उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

तरनतारन से 'पन्नु' के अनुसार हिजड़ा व उसके साथी मकान की छत पर सो रहे थे, जब आतंकवादियों ने उन पर गोलियां बरसाईं ।

एक और हत्या

एक अन्य वारदात में तरनतारन पुलिस थाने के अधीन गहला गांव में महिन्द्रसिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई । पुलिस ने गोलियों से छलनी उसका शव आज सुबह बरामद किया ।

6 आश्रयदाता गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने थाना बरनाला और महल कलां के कई देहात में आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अभी तक फ़रार है । एस.एस.पी. ज्ञान सिंह ने बताया कि गत रात थाना बरनाला के क्षेत्र में काका सिंह, महिन्द्र सिंह सदस्य पंचायत, दर्बराज सिंह निवासी गांव संघेड़ा, कुंदन सिंह वजीद के कलां, महिन्द्र सिंह उर्फ़ बलविंदर, इन्द्र सिंह उर्फ़ बंटी को अलग-अलग छापे मारकर गिरफ्तार किया गया । श्री ज्ञान सिंह के अनुसार यह व्यक्ति खतरनाक आतंकवादियों को आश्रय देने के अतिरिक्त उन्हें सूचनाएं भी देते थे जिससे बरनाला, टिब्बा, भदौड़ और महल कलां के क्षेत्र में आतंकवादी वारदातों में काफ़ी वृद्धि हो गई थी । उनके विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 212, 216, 216-ए और आतंकवाद उन्मूलन कानून के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू की गई है । पुलिस चीफ़ के अनुसार मौज़ा चहां के खुर्द का निवासी सौदागर सिंह भी आतंकवादियों को आश्रय देने में लिप्त पाया गया है, लेकिन वह फ़रार है । पुलिस ने कई जगह छापे मारे लेकिन वह हाथ नहीं आया ।

7 गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.): सुरक्षा बलों और जिला पुलिस ने कल रात विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर और नाकाबंदी करके लूटपाट और छीना झपटी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों और उनके शरण देने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इस चार सदस्यीय गिरोह को जालन्धर जिले के आदमपुर पुलिस थाने के डोलीके गांव के निकट नाकाबंदी करके गिरफ्तार किया गया । इनके नाम हैं चरणजीत सिंह, अनिल कुमार, सुरजीत सिंह और जोगिन्दर पाल । पुलिस ने इनके पास से कुछ कारतूस और एक पिस्तौल, एक बी.सी.आर., एक जीडियो, एक स्कूटर और एक कार बरामद की है । जालन्धर जिले में नकोदर पुलिस थाने के रौली गांव में छापा मारकर कख्यात आतंकवादियों गुरजीत सिंह उर्फ़ राजस्थानी और कुलवन्त सिंह उर्फ़ काला को शरण देने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । इनके नाम करतार सिंह, चैन सिंह और संतोख सिंह हैं ।

एस.पी.ओ. की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में कुछ दिन की चुप्पी तोड़ते हुए आतंकवादियों ने गत चौबीस घंटे में फिर हिंसक उत्पात मचा दिया । गत रात थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव पणडोरी के निकट गश्त कर रहे एस.पी.ओ. पर गन्ने के खेतों में छिपे आतंकवादियों ने घात लगाकर फ़ायरिंग करके एक एस.पी.ओ. संतोख सिंह (45) भूतपूर्व सैनिक की हत्या कर दी और पी.ए.पी. जवान जोगिन्द्र सिंह व होम गार्ड जवान बलविंद्र सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । गांव पणडोरी में एस.पी.ओ. पिकेट में नौ एस.पी.ओ. तैनात थे, जिनमें से छः पणडोरी-भगतपुर सड़क पर गश्त कर रहे थे, जब उन पर फ़ायरिंग की गई ।

थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के एस.एस.ओ. जब बी.एस.एफ. के साथ घटनास्थल पर आ रहे थे तो आतंकवादियों ने घात लगा कर उन पर भी अंधाधुंध फ़ायरिंग करके उनकी जीप व मैटाडोर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिए। बी.एस.एफ़. व पुलिस ने भी जवाबी फ़ायरिंग की लेकिन आतंकवादी भागने में सफल हो गए ।

इसके बाद कस्बा हरचोवाल से घटनास्थल की ओर आ रही एक बी.एस.एफ़. की बस पर भी श्रीहरगोबिन्दपुर के निकट आतंकवादियों ने घात लगाकर अंधाधुंध फ़ायरिंग की और बस को बुरी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sentinel

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । इस फ़ायरिंग में बी.एस.एफ. के जवान के मामूली घायल होने की सूचना है । बताया गया है कि बी.एस.एफ. ने भी जवाबी फ़ायरिंग की और आतंकवादी बच निकलने में सफल रहे । आतंकवादियों ने इन सभी हमलों में चीनी असाल्ट राइफलें ए.के. 47 प्रयुक्त की बताई जाती हैं और यह भी कहा गया है कि इस सारी कार्रवाई में कम से कम बीस के.सी.एफ. व के.एल.एफ. से सम्बन्धित आतंकवादी शामिल थे, जो इस क्षेत्र में गत काफी समय से सक्रिय हैं । यह सारी कार्रवाई दो घंटे सायं सात से रात नौ बजे तक जारी रही बताई जाती है ।

उल्लेखनीय है कि कल शुक्रवार प्रातः थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के कस्बा घमान में दो अज्ञात युवकों ने एक दुकानदार किशोरी लाल को घायल कर दिया था, जो अमृतसर में उपचाराधीन है । इसी प्रकार कल दोपहर को थाना बटाला सदर के गांव भम्बोई में दो अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके एक दुकानदार तिलक राज की हत्या कर दी थी ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा भाई विजय सभ्रवाल जो कि स्कूटर नं. PAU 27 पर दफ्तर दिलकशा मार्कीट से अपने घर सैदांगेट के लिये चला है, का 14.8.88 से कोई पता नहीं है । जिस सज्जन को इस बारे या स्कूटर बारे जानकारी मिले कृपया नीचे लिखे पते व टैलीफोन नं. पर सम्पर्क करें । उचित इनाम भी दिया जाएगा ।

फोन नं. : Office : 76887, घर : 78837.

अशोक कुमार, E.P. 154,
सैदां गेट, जालंधर शहर ।

(ऊपर) पुलिस जिला बटाला के गांव पंडोरी के निकट आतंकवादियों द्वारा फायरिंग से मारे गए एस.पी.ओ. संतोख सिंह का शव । (नीचे) बटाला सदर थाना के गांव गोखुवाल के निकट आतंकवादियों की गोलियों से घायल सी.आई.डी. इंस्पैक्टर अजीत सिंह । (छाया : कोछड़)

सी.आई.डी. इंस्पैक्टर घायल

आज प्रातः बटाला डेरा बाबा नानक सड़क पर स्थित गांव गोखुवाल के निकट मुख्य सड़क पर दो स्कूटर सवार अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके सी.आई.डी. इंस्पैक्टर अजीत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इसे चिन्ताजनक दशा में अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । यह आज कल डेरा बाबा नानक में तैनात है और गांव गोखुवाल का निवासी बताया जाता है । अस्पताल में आए उसके परिवार के सदस्यों ने बताया कि अजीत सिंह इंस्पैक्टर प्रातः ड्यूटी के काम से बटाला आया था और लौटते समय गांव रुका था । यह भी बताया गया है कि इसने अज्ञात युवकों का बहादुरी से मुकाबला किया व उनसे गुत्थम-गुत्था हो गया क्योंकि वह बिना हथियार था ।

गोली कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

राजपुरा (मासूम): टाऊनशिप में टाहली वाले चौक में गत 15 मई को जिन आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर 6 व्यक्तियों की हत्या तथा 16 को घायल कर दिया था, उनमें से एक अजायब सिंह गांव छलहेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । उसके बताने पर तीन अन्य अभियुक्तों चरणजीत सिंह चन्नी, भगत सिंह भगता तथा बलविन्दर सिंह जो तीनों रोपड़ के बताए जाते हैं, के वारंट गिरफ्तारी पुलिस ने प्राप्त कर लिए हैं । इस कांड का पांचवां अभियुक्त इंद्रजीत सिंह जालन्धर में पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया था ।

घुसपैठिया मरा

आज तड़के फिरोजपुर जिले के ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया ।

समाजवादी जनता दल के गठन की पुष्टि

नई दिल्ली, 20 अगस्त : हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल की अध्यक्षता में लोकदल के विशेष राष्ट्रीय सम्मेलन ने आज समाजवादी जनता दल के गठन की पुष्टि कर दी ।

Punjab Kesari

इंद्रजीत सूद व बंत सिंह की हत्या में संलिप्त कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार

पैट्रोल पम्प कर्मचारी व सहकारी बैंक से 61 हजार रुपए से अधिक की राशि लूटी

उग्रवादी, घुसपैठिये सहित पंजाब में 8 मरे

चंडीगढ़, 22 अगस्त (वार्ता, ह.स.): कल रात पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या की गई, एक आतंकवादी तथा एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मुठभेड़ों में मारे गए । एक पैट्रोल पम्प कर्मचारी, एक सहकारी बैंक को लूटा गया ।

गुरदासपुर पुलिस ने एक कट्टर आतंकवादी को गिरफ्तार किया, जो कि हिंदसमाचार के समाचार सम्पादक श्री इंद्रजीत सूद और जगबाणी के मुख्य सम्पादक श्री बंत सिंह की हत्याओं में संलिप्त था ।

4 की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार थाना सदर के ग्राम [illegible] कालोनी में आज रात्रि 9 बजे एक दर्जन आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग करके 9 माह के बच्चे व एक महिला सहित चार की हत्या कर दी व दो को घायल कर दिया । आतंकवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । दो घायलों सतनाम सिंह, जसपाल सिंह ने बताया कि जसपाल सिंह की पत्नी गुरमीत कौर (29), 9 माह का बेटा कुलदीप, एक अन्य सतनाम (30), पठानकोट से आया एक किसान [illegible] सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए । घटना के समय वे खाना खाकर लेटे ही थे । यह परिवार सिक्ख समुदाय से सम्बद्ध है ।

बन्त सिंह, सूद का हत्यारा गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने आतंकवादी के दौरान दैनिक जगबाणी के मुख्य सम्पादक श्री बन्त सिंह और दैनिक हिंद समाचार के समाचार सम्पादक श्री इन्द्रजीत सूद की हत्या करने वाले तीन आतंकवादियों में से एक को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 38 बोर का एक रिवाल्वर और 5 कारतूस बरामद किए हैं । [illegible] एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने गांव जीवनवाल के निकट नाकाबंदी कर रखी थी । इतने में एक व्यक्ति आता दिखाई दिया । जब पुलिस ने उसे रोका तो उसने भागने का प्रयास किया । पुलिस ने उसे झट से काबू कर लिया । श्री दास ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उस आतंकवादी ने अपना नाम हरजिंदर सिंह उर्फ भिंडर उर्फ परदेसी गांव [illegible] दोना जिला कपूरथला बताया है । उसने रहस्योद्घाटन किया कि अपने दो साथियों जसपाल उर्फ बिट्टू गांव सुभाना जिला जालन्धर और [illegible] सिंह गांव कामोके थाना ब्यास पुलिस [illegible] मजीठा के साथ मिलकर उसने पहले 4 मई को [illegible] बंत सिंह तथा फिर 13 जुलाई को श्री इन्द्रजीत सूद की हत्या की थी । अपराध स्वीकार करते हुए उसने बताया कि उन्होंने यह दोनों हत्याएं खतरनाक आतंकवादी हरजिंदर सिंह बल गांव दकोहा जिला जालन्धर के कहने पर की थीं ।

स्मरण रहे कि श्री बंत सिंह व श्री सूद की हत्या उस समय की गई जब वे दफ्तर से ड्यूटी देकर घर वापस जा रहे थे और दोनों की हत्या का समय लगभग एक ही था । श्री दास के अनुसार इस आतंकवादी ने स्वीकार किया है कि उसने जसपाल सिंह के साथ मिलकर गांव सक्खीवाल थाना शाहकोट के निरंकारी अवतार सिंह तथा हरिसिंह की हत्या भी की थी । उसने यह भी रहस्योद्घाटन किया कि अपने साथियों के साथ मिलकर उसने अजीत सिंह रहीमपुर की हत्या की थी और उसका स्कूटर फूंक डाला था । उसने बताया कि अप्रैल 1988 में जसपाल सिंह के साथ मिलकर जिला कपूरथला के गांव सिधवां में एक स्कूटर भी छीना था । उस दिन रात को टिब्बा गांव के सरपंच से उसका रिवाल्वर तथा 20 कारतूस छीने थे । अभियुक्त के दोनों साथी जसपाल सिंह तथा मनमोहन सिंह अभी फ़रार हैं । हरजिंदर सिंह से अभी पूछताछ जारी है तथा अनेक रहस्योद्घाटन सम्भावित हैं ।

किसान की हत्या

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव भाम्बड़ी में कल रात 3-4 बजे के करीब लखविंदर सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । संदिग्ध आतंकवादियों ने सोये हुए किसान पर 12 बोर के पिस्तौल से गोलियां चलाईं तथा उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

कल रात थाना सदर फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सिधवां में पुलिस और बी.एस.एफ. की संयुक्त नाका पार्टी के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादी सुखदेव सिंह, हरदयाल सिंह और कश्मीर सिंह पकड़े गए । उनके कब्ज़े से 12 बोर के चार रिवाल्वर तथा नौ कारतूस बरामद हुए ।

रात्रि कर्फ़्यू बढ़ा

जिला गुरदासपुर के 62 सीमांत गांवों तथा पाकिस्तान के साथ लगती 120 किलो मीटर सीमा के 300 मीटर क्षेत्र में रात्रि कर्फ़्यू 16 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज बताया कि सीमांत गांवों में कर्फ़्यू सायं 7.30 बजे से प्रातः 5 बजे तक रहेगा, जबकि 300 मीटर क्षेत्र में यह प्रातः 6 बजे तक रहेगा ।

को-आप्रेटिव बैंक लूटा

बलाचौर (जोशी): आज दोपहर 12 बजे के करीब यहां से 11 किलो मीटर दूर गांव रकड़ां ढाहां में स्थित 'दी होशियारपुर सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक' से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने 15285 रुपए तथा बैंक की दोनाली बंदूक लूट ली । ज्ञात हुआ है कि तीन आतंकवादी, जिन में दो के पास पिस्तौलें व एक के पास स्टेनगन थी, दीवार फांद कर बैंक में घुस आए तथा उन्होंने सभी कर्मियों के हाथ खड़े कराकर कैशियर से चाबियां मांगीं व रुपए लूट लिए । जाते समय वे बैंक की दोनाली बंदूक भी ले गए । ये लोग एक स्कूटर पर आए थे तथा उसी पर फ़रार हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

34 गिरफ्तार

संगरूर (ह.स.): जिला संगरूर पुलिस ने विशेष छापों के दौरान जिला के विभिन्न भागों में 34 व्यक्तियों को समाज विरोधी गतिविधियों के आरोपें में गिरफ्तार किया ।

पैट्रोल पम्प कर्मी को लूटा

धूरी (सिंगला): तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने नाभा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

केंद्र द्वारा भूकम्प

नई दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता, ह.स.): बिहार तथा अन्य क्षेत्रों में भूकम्प पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया जा रहा है ।

केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मारग्रेट अल्वा ने समिति के गठन के लिए उपक्रम किया है । वह इस उद्देश्य से अनेक स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से मिली हैं ।

केंद्रीय कृषि मंत्री भजन लाल ने अपने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भूकम्प पीड़ित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य में राज्य सरकारों को हर सम्भव सहयोग दें । यह जानकारी एक सरकारी विज्ञप्ति में दी गई है । श्री भजन लाल ने उत्तर-पूर्व भारत के कई राज्यों में भूकम्प से धन-जन की हानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है और मृतकों के परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की है । उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया है । विज्ञप्ति के अनुसार कृषि मंत्रालय जल संसाधन, गृह, भूतल परिवहन संचार, शहरी विकास और स्वास्थ्य मंत्रालयों से निरंतर सम्पर्क

Punjab Archive

कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

के निकट रोधी पुल के निकट पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से 46261 रुपए लूट लिए । तीनों व्यक्ति बिना नम्बर के स्कूटर पर सवार थे ।

स्कूटर छीना

टांडा (गुप्ता): छुट्टी पर अपने गांव जा रहे सैनिक परमजीत सिंह से दो उग्रवादियों ने मसीती गांव में पिस्तौल दिखाकर उसका स्कूटर छीन लिया । स्कूटर बिना नम्बर था और परमजीत सिंह ने आज ही खरीदा था ।

आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता): सुरक्षा बलों ने कल रात अमृतसर जिले के वई पुई गांव में छापा मारकर आतंकवादी भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार किया । उसके दो साथी प्यारा सिंह तथा सोहन सिंह बच निकले ।

पुलिस चौकी पर हमला

आतंकवादियों ने कल आधी रात अमृतसर जिले के हरीके क्षेत्र में किरपोबाल गांव में एक पुलिस चौकी पर हमला किया, हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है ।

सी.आर.पी. पर फायरिंग

आतंकवादियों ने कल देर रात अमृतसर जिले के शहबाजपुर गांव में सी.आर.पी. की एक चौकी पर गोली बारी की । ड्यूटी पर तैनात जवानों ने जवाबी फायरिंग की, जिस पर आतंकवादी भाग निकले । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पर्चा मिला है जिसमें कहा गया है कि 'जनरल' लाभ सिंह की मौत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 15 चले हुए कारतूस बरामद किए ।

दो गिरफ्तार

इसी बीच सी.आर.पी. की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने दो आतंकवादियों बलविंदर सिंह बंडाला और ज्ञान सिंह को गिरफ्तार किया है । यह दोनों 19 अगस्त को थाना जंडियाला के गांव गोहलवड़ के निकट एक व्यक्ति साधक राम मंशी से 2415 रुपए छीनकर भाग रहे थे । उनसे एक .32 बोर का भरा हुआ पिस्तौल बरामद हुआ

फरीदकोट (ह.स.): जिला फरीदकोट में चार सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव बुट्टरकलां में दो व्यक्तियों से उनका स्कूटर छीन लिया और छीने हुए स्कूटर पर फरार हो गए ।

कानूनगो घायल

बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार स्कूटर छीनने वाले आतंकवादियों ने पहले गांव में एक रिटायर्ड कानूनगो गुरदेव सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया । कानूनगो को अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पाक घुसपैठिया मारा गया

फाजिल्का (लूना): आज सुबह फाजिल्का सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । लगभग 25 वर्षीय इस घुसपैठिये की शिनाख्त नहीं हो सकी । उससे एक 30 बोर का पिस्तौल, 2 मैगजीन, 17 कारामद कारतूस, कुछ पाक करंसी मिली ।

उग्रवादी मारा गया

आज सुबह फाजिल्का के निकट एक 'नाका' पर मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने उसे रुकने के लिए कहा तो उसने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में यह मारा गया ।

बैंक मैनेजर को लूट लिया

जालन्धर (इत्ल): आज प्रातः नवांशहर थाना के गांव बहलूर कलां स्थित न्यू बैंक आफ इंडिया के मैनेजर श्री रणजीत जोशी तथा उनके स्कूटर पर पीछे बैठे क्लर्क श्री हरिराम को कुछ उग्रवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर लूट लिए जाने का समाचार मिला है । बताया गया है कि उग्रवादी श्री जोशी का स्कूटर पी.ए.सी. 3400, पांच सौ रुपए नकद, एक घड़ी व एक सोने की अंगूठी तथा श्री हरिराम की घड़ी छीन कर ले गए ।

उग्रवादी भागने पर विवश

इसी मध्य थाना आदमपुर के गांव कालड़ा में तीन उग्रवादी एक व्यक्ति महंगा सिंह के घर में घुसे । घर के लोगों द्वारा शोर मचा देने पर जब ग्रामीण इकट्ठे हो गए तो उग्रवादी भाग निकले तथापि भागने से पहले उन्होंने लोगों को भयभीत करने के लिए हवा में कुछ फरार किए ।

महिला की हत्या

आज सायं पटियाला जिले में नाभा में कुछ उग्रवादियों ने एक महिला दर्शना देवी बंसल की छुरा घोंप कर हत्या कर दी व नकदी तथा जेवरात आदि लूट लिए । घटना के समय महिला घर में अकेली थी ।

लूटपाट

फगवाड़ा (अशोक): आज सायं यहां से तीस किलो मीटर दूर गांव घरारों के दो संदिग्ध हथियारबंद उग्रवादियों ने न्यू बैंक आफ इंडिया के मैनेजर रमेश पाल जोशी व उनके एक मित्र हरि राम से उनका मोटर साइकल नम्बर पी.ए.सी. 3400, दोनों की कलाई घड़ियां, सोने की जंजीर व लगभग तीन सौ रुपए की नंगदी उस समय पिस्तौल की नोक पर छीन कर फरार हो गए जब वे अपने मोटर साइकल पर घर लौट रहे थे ।

जिया की मां को बेटे की मौत का यकीन ही नहीं

इस्लामाबाद, 22 अगस्त (वार्ता): मरहूम राष्ट्रपति जिया उल हक की मां आज दुःखी मन से अपने बेटे की कब्र पर गईं । जनरल जिया की मां आज भी यह मानने को तैयार नहीं है कि उनका बेटा मर चुका है । वह कहती है कि उसने कभी मुझे दुःख नहीं दिया उन्होंने बताया कि जिया कहीं भी जाने से पहले उनसे अनुमति लेते थे और लौटने पर भी सम्मान करते थे ।

जिंदा के विरुद्ध आरोप-पत्र 30 को

पणे, 22 अगस्त (ह.स.): दर्दांत उग्रवादी हरजिंदर सिंह जिंदा और चार अन्य के विरुद्ध 30 अगस्त को विशेष जज श्री बी.एल. रुईकर की अदालत में जनरल ए.एस. वैद्य हत्या कांड के केस से सम्बन्धित आरोप-पत्र पेश किया जाएगा ।

सी.बी.आई. द्वारा पेश आरोप-पत्र के अनुसार इस केस में दस अभियुक्त थे । पांच अभी तक फरार बताए गए हैं । इनमें दर्दांत उग्रवादी सुक्खी भी है, जिसे गत वर्ष एफ.बी.आई. ने न्यू जर्सी से गिरफ्तार किया था । उसे भारत लाने की प्रक्रिया लम्बी होने के कारण अदालत ने सुक्खी पर अलग केस चलाने का निर्णय किया है ।

भूतपूर्व सेनाध्यक्ष की उग्रवादियों ने 10 अगस्त, 1986 को शहर के छावनी क्षेत्र में हत्या कर दी थी । पांच अभियुक्तों में से चार, जिनमें जिंदा, सुखदेव सिंह उर्फ सुखा, निर्मल सिंह उर्फ निम्मा और यादवेन्द्र सिंह शामिल हैं, को आज कड़े सुरक्षा प्रबन्धों में शिवाजी नगर क्षेत्र में स्थित अदालत में लाया गया ।

पांचवें अभियुक्त अवतार सिंह रंधावा को दुर्ग (मध्य प्रदेश) जेल से आज यहां नहीं लाया जा सका क्योंकि कूल्हे के आप्रेशन के बाद वह वहां सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन है । अदालत ने रंधावा की जमानत की अर्जी पर भी सुनवाई 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी और निर्देश दिए कि बहस उसकी उपस्थिति में होगी ।

योजक नहर बारे पत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

नहर एक राष्ट्रीय परियोजना है, जिसके पूर्ण न होने से हरियाणा को 100 करोड़ रुपए की वार्षिक क्षति उठानी पड़ रही है ।

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में हरियाणा सरकार ने पंजाब समझौते की 9 और 7 धाराओं को नहीं माना जबकि शेष समझौते पर कोई विचार व्यक्त नहीं किया । उन्होंने बताया कि इस वर्ष 31 जुलाई तक इस नहर के लिए पंजाब के क्षेत्र में 100 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया । भूमि कार्य का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया, 88 प्रतिशत लाइनिंग पूर्ण हो गई । 76 में से 31 पुल पूर्ण हो गए हैं । जहां तक क्रास ड्रेनेज कार्य का सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध में 11 (प्रमुख) में से अभी तक दो पूर्ण हुए हैं और 41 (मध्यम) में से 17 पूर्ण हुए हैं । केन्द्रीय सरकार ने इस परियोजना पर होने वाले व्यय को देना मान लिया है ।

310.45 करोड़ रुपए जारी

श्री वीरेन्द्र सिंह ने सदन में बताया कि केंद्र ने पंजाब के क्षेत्र में गत मास तक निर्मित सतलुज-यमुना योजक नहर के निर्माण के लिए 310.45 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं ।

सब से बड़े डिफाल्टर सरकारी विभाग

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष 31 जुलाई तक हरियाणा बिजली बोर्ड का 'डिफाल्टरों' की ओर 80.34 करोड़ रुपया बकाया चला आ रहा है । इनमें से सब से बड़ी राशि सरकारी विभागों की ओर बकाया है, जो 68.5 करोड़ रुपए बनती है । इसमें से सर्वाधिक राशि सिंचाई विभाग की ओर निकलती है । इस विभाग ने निर्णय किया है कि बिजली बोर्ड को एक करोड़ रुपया मासिक दे दिया जाए । उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की ओर लगभग 14 करोड़ रुपए वसूल करने अभी शेष हैं ।

मेजों की थपथपाहट के मध्य चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज हरियाणा के किसी भी सैक्टर में बिजली की कटौती लागू नहीं और 24 घंटे बिजली मिल रही है । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि सरकार इस सुझाव पर गम्भीरता से विचार कर रही है कि हर गांव में बिजली के बिल वसूल करने के लिए नम्बरदार नियुक्त किए जाएं । प्रयत्न यह किया जा रहा है कि नम्बरदार के नाम को सुन्दरतापूर्ण रख दिया जाए । सरकार यह भी सोच रही है कि भारतीय बिजली कानून में संशोधन कर दिया जाए ताकि यदि बिजली बिल का कोई 'डिफाल्टर' बोर्ड के निर्णय के विरुद्ध अदालत में जाता है तो अदालत में जाने से पूर्व वे बाकायदा राशि बोर्ड को अदा करें और बाद में यदि अदालत में वह जीत जाता है तो यह रुपया उसे वापस दिया जाए ।

अनाथ बच्चों को अप
शुरू किया जा

लुधियाना, 22 अगस्त (महिन्द्रा): नेहरू सिद्धांत केंद्र के चेयरमैन श्री सतपाल मित्तल भूतपूर्व सांसद ने घोषणा की है कि केंद्र की तरफ से अनाथ बच्चों को गोद लेने का अभियान शीघ्र ही शुरू किया जाएगा और मैडीकल कैम्पों का भी प्रबन्ध किया जाएगा । श्री मित्तल ने बताया कि इस समय तक केंद्र की तरफ से पांच से अधिक कमजोर वर्ग के छात्रों को वर्दियां उपलब्ध की गई हैं । केंद्र में चल रही लायब्रेरी में वृद्धि की जा रही है, जिसका नाम भी पंडित नेहरू के नाम पर रखा गया है ।

श्री मित्तल ने बताया कि 19200 रुपए की राशि मिडल और सीनियर सैकेंडरी स्कूलों के छात्रों को वजीफे के रूप में वितरित की जा रही है । इसके अतिरिक्त 4500 रुपए की ग्रांट गरीब छात्रों में वितरित की गई ।

फटकार मिलने पर आत्महत्या

जालन्धर, 22 अगस्त (इत्ल): आज स्थानीय

Punjab Kesari Jalandhar

इंका नेता, 2 मार्क्सी वर्करों सहित 10 की हत्या : आपसी लड़ाई में 3 आतंकवादी मरे

कपूरथला में 2 उग्रवादी गिरफ्तार, 1.30 लाख रुपये बरामद

3 पुलिस कर्मचारी बम विस्फोट में घायल, घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 23 अगस्त (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर एक इंका नेता व 2 मार्क्सी वर्करों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी, 3 आतंकवादी आपसी लड़ाई में मारे गए । कपूरथला में गिरफ्तार 2 उग्रवादियों से 1 लाख 30 हजार रुपए बरामद हुए । एक पाक घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया ।

3 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर ज़िला के जंडियाला थाना के अंतर्गत गत रात आतंकवादी काफी सक्रिय रहे जबकि एक इंका नेता जोगेंद्र सिंह भट्टी सहित 6 की हत्या कर दी गई । गांव तिमोवाल (थाना जंडियाला) में आतंकवादियों ने एक छकड़े पर बैठे तीन व्यक्तियों कुलवंत सिंह, जगीर सिंह व बलकार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसी छकड़े में एक बम भी फिट कर दिया गया । जब अतः पुलिस लाशों की बरामदगी के सिलसिले में गई तो बम धमाके से तीन पुलिस कर्मी मामूली घायल हो गए । इन घायलों में पुलिस जीप का ड्राइवर गुरमुख सिंह भी है ।

जंडियाला कस्बा में मारे गए इंका नेता श्री जोगेन्द्र सिंह आल इंडिया शिरोमणि बाबा जीवन सिंह मज़हबी दल के प्रधान, पंजाबी मासिक के सम्पादक तथा शहर के नगरपालिका सदस्य भी थे । अपने आतंकवाद-विरोधी अभियान के कारण वह उग्रवादियों की हिट लिस्ट में थे ।

रैय्या से जसपाल व बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार जोगेन्द्र सिंह भट्टी की हत्या महल्ला रामपुरा में की गई । आतंकवादी उनके घर में पीछे से सीढ़ी लगा कर दाखिल हुए । श्री भट्टी का लड़का मलकीयत सिंह आहट सुनकर अन्दर चला गया । आतंकवादियों ने उस पर फायरिंग की लेकिन वह बाल-बाल बच गया । इसके बाद आतंकवादी ने आंगन में सोये हुए श्री भट्टी पर गोलियां चलाकर उन्हें मार डाला ।

2 मृतक मार्क्सी थे

इसी बीच मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रवक्ता ने जालन्धर में बताया कि तिमोवाल गांव में आतंकवादियों के हाथों मारे गए तीन व्यक्तियों में से 2 जगीर सिंह व बलकार सिंह उनकी पार्टी के सदस्य थे । तीसरा मृतक कुलवन्त सिंह नजदीकी गांव धरड़ का एक मीट विक्रेता था । उक्त दोनों वर्कर इसी गांव के रहने वाले थे । प्रवक्ता ने बताया कि जगीर सिंह तथा बलकार सिंह की आयु 24-25 वर्ष के लगभग थी । आतंकवादी उन्हें उनके घरों से घसीट कर बाहर लाए तथा उन्हें गोलियां मारीं । बलकार सिंह अतीत में स्टुडैंट्स फैडरेशन आफ इंडिया और डैमोक्रेटिक यूथ फैडरेशन आफ इंडिया में सक्रिय था जोकि मार्क्सी पार्टी के क्रमशः छात्र व युवा विंग हैं । जगीर सिंह जोकि किसान था, किसान मोर्चे पर सक्रिय था ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अमृतसर के ज़िला सचिव श्री राजेश्वर सिंह ने इन हत्याओं की निन्दा तथा पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना प्रकट की है ।

लाशें मिलीं

जंडियाला थाना के गांव भैनियां के खेतों में से पुलिस को एक 18-19 वर्षीय युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली है । गत रात ही अमृतसर ज़िला के थाना रमदास के गांव नवांपिंड में आतंकवादियों ने एक बाप-बेटे की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक बाप का नाम बख्शीश सिंह और बेटे का नाम सरूप सिंह बताया गया है । अमृतसर ज़िले के ही एक अन्य गांव कर्मू चक (थाना सरहाली) जोकि मानेके और शहबाजपुर सड़क पर स्थित है, के नहर के पुल के निकट से पुलिस ने तीन गोलियों से छलनी लाशें बरामद की हैं । लाशों के करीब से पुलिस को एक पिस्तौल व कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

लाशों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी परन्तु फिर भी पुलिस का मत है कि मृतक आतंकवादी हैं । घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस तथा एक किरपान भी मिली है । पुलिस का ख्याल है कि यह आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में मारे गए हैं ।

थाना जंडियाला गुरु के गांव बदेशा भैणी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ । (छाया : जसपाल)

रिवाल्वर ले गए

आनंदपुर साहिब (गिरि) : गत दोपहर यहां से तीन किलो मीटर दूर गांव मांगेवाल में से, दो अज्ञात आतंकवादी यहां के कांग्रेसी नेता हकीम खुशहाल सिंह से उनका लाइसैंस युक्त 32 बोर का रिवाल्वर व आठ कारतूस छीन पर भाग गए । फरार युवकों की पहचान नहीं हो सकी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

शराब का ठेकेदार घायल

ज़िला रोपड़ में कल रात धनौली में एक शराब के ठेकेदार कृष्ण लाल को आतंकवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया ।

कल रात ही आतंकवादियों ने ज़िला फरीदकोट में मोगा थाना सदर के अतर्गत धूलकोट गांव में एक व्यक्ति गुरदेव सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार

फरीदकोट पुलिस ने चार आतंकवादियों को पकड़ा है । इनके नाम दर्शन सिंह, हरपाल सिंह, बलबीर सिंह और रणबीर सिंह बताए गए हैं । उन से एक .315 बोर बंदूक और तीन .12 बोर के देसी पिस्तौल मिले ।

फरीदकोट पुलिस ने दौलतपुर ग्राम में एक व्यक्ति की हत्या करके व अजीतवल में दो पैट्रोल पम्प लूटने में मोगा के डगरु ग्राम के नछत्तर सिंह, मेजर सिंह को एक बन्दूक व एक पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

एक व्यक्ति की हत्या

पटियाला ज़िला में कल रात आतंकवादियों ने लखविन्द्र सिंह नामक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । कल रात ही नाभा में आतंकवादियों ने दर्शना देवी नामक स्त्री की हत्या कर दी थी और नकदी व जेवर लूट ले गए थे ।

घुसपैठिया मारा गया

फिरोजपुर (ह.स.): कल रात इस ज़िला के गांव चिश्ती में चूड़ीवाला के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया । उससे एक .30 बोर का पिस्तौल, 2 मैगजीन तथा 7 कारतूस पकड़े गए ।

2 की हत्या

आज थाना सदर फाजिल्का के सीमांत गांव लक्खे कुटटर में एक व्यक्ति जल्ला सिंह की दो व्यक्तियों ने तेज धार हथियारों से हत्या कर दी । एक अन्य वारदात में जिला फिरोजपुर में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दलबीर सिंह औरतों का रसिया था

पटियाला, 23 अगस्त (भूषण): अब यह रहस्योद्घाटन हुआ है कि दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का हत्यारा दलबीर सिंह ए.एस.आई. वारदात से पहली रात अपनी प्रेमिका नर्स के पास रहा और उसने कहा कि "अब हमारी बादशाहत खत्म हो चुकी है, शायद आज की रात हमारी आखिरी मुलाकात साबित हो ।"

जानकार क्षेत्रों का कहना है कि दलबीर सिंह के न केवल तस्करों तथा उग्रवादियों के साथ संबंध थे, बल्कि वह सुंदर औरतों का भी रसिया था । पटियाला की नर्स के अलावा उसने अन्य स्थानों पर अपनी प्रेमिकाएं रखी हुई थीं जिनमें एक पंचकूला में एक फौजी अफसर की पत्नी है जिसे उसके पति ने तलाक दे दिया था । एक गर्ल फ्रैंड चंडीगढ़ में रखी हुई थी ।

दलबीर सिंह को पुलिस विभाग के सरबराहों ने खुली छुट्टी दे रखी थी । हर प्रकार की सुविधाएं थीं, और वह स्वयं को वरिष्ठ अधिकारी से अधिक समझता था । यदि पुलिस-अधिकारी-हत्याकांड की जांच सी.बी.आई. द्वारा कराई गई तो शायद यह पता लग सके कि पुलिस सरबराहों ने प्रदेश में ऐसे कितने दलबीर सिंह पाले हुए हैं और क्या वे उग्रवादियों की खबरें पुलिस को देते हैं या पुलिस की खबरें उग्रवादियों को देते हैं । यदि ऐसा न हुआ तो सरबराहों के चहेते ये दलबीर सिंह टाईप लोग न जाने और कितने हत्याकांड पंजाब में कराएंगे !

ज़िया की मौत के बाद पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी अब वहां से खिसकना चाहते हैं

अमृतसर, 23 अगस्त (मनोहर): आप्रेशन ब्लैक थंडर और उसके बाद आतंकवादियों के मारे या पकड़े जाने के कारण जहां सुरक्षा बलों और पुलिस का मनोबल ऊंचा हुआ है, वहां आतंकवादी क्षेत्रों में बहुतायत खलबली पैदा हो गई है । आप्रेशन ब्लैक थंडर के बाद जनरल लाभ सिंह, मलकीयत सिंह बाद और अवतार सिंह ब्रह्मा का मारा जाना आतंकवादियों का बड़ा भारी नुक्सान है और धीरे-धीरे उग्रवादियों के जहां कुछ लीडर मारे जा रहे हैं वहीं अन्य आतंकवादी लीडर घबराहट महसूस कर रहे हैं ।

जा रहा है । उग्रवादियों के पास हथियारों की कमी से भी यूं महसूस हो रहा है कि पाकिस्तान भी अब इन आतंकवादियों को ज्यादा मुंह नहीं लगा रहा, या फिर सीमा पर कड़ी चौकसी का ही परिणाम है कि उग्रवादी घुसपैठ नहीं कर पा रहे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जहां उग्रवादी पकड़े या मारे जाने से उग्रवादियों में खलबली मची है और हौसले गिरे हैं, वहीं दूसरी तरफ उग्रवादियों के मारे गये लीडरों की जगह सम्भालने के लिए धड़ेबंदियां पैदा हो गई हैं । 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' तो दो धड़ों में बंट चुका है । खालिस्तान लिबरेशन फोर्स

55 लाख की दो बैंक डकैतियां

Punjab Archive

इंका नेता, मार्क्सी वर्करों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

2 आतंकवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा) : जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने प्रैस सम्मेलन में बताया कि आज तड़के लगभग प्रातः 4 बजे कपूरथला पुलिस ने थाना सुलतानपुर लोधी के गांव नत्थूपुर के निकट नाकाबन्दी के दौरान मामूली भिड़ंत के पश्चात् दो स्कूटर सवार व्यक्तियों कर्ण सिंह वासी मजीन थाना ज्वालामुखी जिला कांगड़ा तथा चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी वासी इब्बन थाना सदर जिला अमृतसर को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक रिवाल्वर 38 बोर तथा एक पिस्तौल देसी 9.3 व 9 गोलियां बरामद तथा 2 चली हुई बरामद की हैं । इन दोनों के कब्जा से एक स्कूटर नं. पी.ए.डी. 2637 तथा एक बैग में एक लाख तीस हजार रुपए बरामद किए गए हैं ।

इन दोनों आतंकवादियों ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को सुल्तानपुर लोधी में शराब के ठेकेदार गुरनाम सिंह सुजविन्द्र सिंह एंड पार्टी के दो करिन्दों तरसेम लाल तथा ईश्वर दास से पिस्तौल की नोक पर यह स्कूटर तथा 135662 रुपए उस समय छीने थे, जब वह स्टेट बैंक आफ पटियाला में यह राशि जमा करवाने जा रहे थे । सरदार स्वर्ण सिंह के मुताबिक कर्ण सिंह पहले गुरनाम सिंह के ठेका शराब पर करिन्दा था परन्तु बात में वह आतंकवादी चरणजीत सिंह के गिरोह में शामिल हो गया । आतंकवादी चरणजीत सिंह अमृतधारी नहीं है । इन दोनों से शेष पूछताछ जारी है ।

Punjabi Samachar

पंजाब में 2 की हत्या, मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा, 2 पाक घुसपैठिए भी मरे

चंडीगढ़, 24 अगस्त (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): जिला अमृतसर में गत रात्रि सुरक्षाबलों के एक गश्ती दल पर हमला करने वाले उग्रवादियों में से एक उग्रवादी मुकाबले में मारा गया जबकि उसके 2 साथी फरार हो गए । जिला अमृतसर में एक पाक घुसपैठिया भी मारा गया । जिला फिरोजपुर में सुरक्षा बलों की फायरिंग से एक पाक घुसपैठिया मारा गया, जबकि जिला फिरोजपुर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की चाकू मार कर और एक की गोली मार कर हत्या कर दी । जिला गुरदासपुर में उग्रवादी एक भट्ठा मालिक से 11770 रु., लुधियाना में बुंगी से 26000 रुपए और पैट्रोल पम्प से 10000 रुपए लूट कर भाग गए । जालन्धर में दो स्त्रियों से सोने की बालियां छीन लीं । पुलिस ने बटाला में 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

उग्रवादी मारा गया

अमृतसर (वार्ता, ह.स.): अमृतसर जिले के डालड़ा क्षेत्र में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक कुख्यात आतंकवादी मारा गया । केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह मुठभेड़ उस वक्त हुई, जब तीन आतंकवादियों ने लिंक रोड पर गश्त लगा रही सुरक्षा बल की एक टुकड़ी पर हमला किया । गश्ती दल ने जवाबी गोली चलाई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया, दो अन्य भागने में सफल हो गए । मारे गए आतंकवादी के पास से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । बताया जाता है कि सुरक्षा बल की टुकड़ी दलेरी गांव से मांडीमेघा गांव में जा रही थी, जब उस पर हमला किया गया ।

गोली-सिक्का बरामद

अमृतसर के थाना डिवीज़न 'सी' के क्षेत्र में स्थित गुजरपुरा क्षेत्र से पुलिस ने आज सैंकड़ों राऊंड गोली-सिक्का बरामद किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गोली-सिक्का क्षेत्र में सड़क के किनारे लम्बी घास में एक प्लास्टिक के लिफाफे में छिपा हुआ पाया गया । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि इस सम्बन्ध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

कल रात्रि बाबा बकाला में उग्रवादियों ने एक शराब विक्रेता दलबीर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

थानेदार की जीप पर हमला

गत रात्रि जंडियाला के पास तिम्मेवाल ग्राम में उग्रवादियों द्वारा 3 व्यक्तियों की हत्या किए जाने के बाद वहां जा रहे जंडियाला थाने के एस.एच.ओ. एच.एस. सूरी की जीप को उग्रवादियों ने उड़ाने का प्रयास किया । श्री सूरी ने कुख्यात उग्रवादी मथुरा सिंह को मार गिराया था ।

घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर जिले में मोहावा सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गोली मार कर मार डाला जबकि उसका एक साथी वापस पाकिस्तान भाग गया ।

घुसपैठिए समेत 3 मारे गए

फिरोज़पुर (वार्ता): फिरोज़पुर जिले की सीमा पर कल इसी बल के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में एक अन्य पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । इसी जिले के लाखे गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या कर दी । इसी जिले में आतंकवादियों ने एक अन्य व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

11770 रुपए छीन लिए

गुरदासपुर (विनोद): गत दिवस काहनूवान थाने के गांव सिधवां में 3 अज्ञात उग्रवादियों द्वारा एक ईंट भट्ठे के मालिक पप्पू निवासी गुरदासपुर से दोपहर दो बजे 11770 रुपए छीन लिए । उग्रवादियों के पास कटी हुई दोनाली बन्दूक थी । सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sahatari

उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

फोर्स के साथ क्षेत्र की छानबीन करने पहुंच गए परन्तु लुटेरों का कुछ पता न चल सका ।

ट्रक छीन कर भाग गए

गत दिवस थाना सदर पठानकोट के क्षेत्र डमटाल के पास 3 अज्ञात कार सवार उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक ट्रक छीन लिया । गुड्डू निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ने पुलिस को सूचना दी कि कल दोपहर लगभग 3 बजे वह अपने ट्रक यू.टी.बी. 64 पर जा रहा था कि डमटाल से 2 किलो मीटर पीछे टाक्की नामक जगह पर तीन सिख युवक जोकि सफेद रंग की एम्बैसडर कार पर सवार थे, ने पिस्तौल की नोक पर उसका ट्रक छीन लिया । उग्रवादियों ने जिस कार का प्रयोग किया, वह बिना नम्बर की थी । जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि बाद में यह ट्रक कंदरौड़ी (हिमाचल प्रदेश) के पास खड़ा मिल गया । पुलिस घटना की जांच कर रही है ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला (चौधरी कोछड़): कल रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पारोवाल में पुलिस और सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के एक नए गिरोह के तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम हैं—हरदयाल सिंह, सुखदेव सिंह काला और कश्मीर सिंह उर्फ शेरा । उनके कब्जे से 303 बोर, 38 बोर और 12 बोर के पिस्तौल बरामद किए गए हैं । इसके अतिरिक्त 8 जीवित और 3 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस अधीक्षक श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि यह गिरोह अभी नया-नया था । अभी लूट मार ही शुरू की थी ।

एक अन्य केस में पुलिस ने तीन और उग्रवादियों लखबीर सिंह, निर्मल सिंह और कश्मीर सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 12 बोर की कटी हुई दोनाली और 8 कारतूस बरामद किए हैं । श्री शर्मा ने बताया कि यह गिरोह लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर पैसे बटोरता था । ये दोनों गिरोह थाना मजीठा में वारदातें करते थे । कल इस गिरोह ने फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव मनसनवाल में सुखविन्दर सिंह के घर में डाका डाला था । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लोगों ने बहादुरी से एक व्यक्ति को पकड़ लिया । उसकी निशान-देही से शेष उग्रवादी भी दबोच लिए गए ।

जालन्धर (ह.स.): दो अज्ञात व्यक्ति आज दोपहर यहां नकोदर रोड के एक मकान से दो जोड़ी सोने की बालियां लूट कर भाग गए । पुलिस के अनुसार अभियुक्त एक घर में घुसे और घर में मौजूद स्त्रियों को धमकी देकर दो स्त्रियों से उनकी बालियां छीन लीं और फरार हो गए ।

आभूषण, बहुमूल्य सामान लूट लिया

थाना बंगा जिला जालन्धर के गांव हीरीयां में आज उग्रवादियों ने एक व्यक्ति संतोख सिंह के घर से स्वर्णाभूषण और लगभग 35000 रुपए का बहुमूल्य सामान लूट लिया और फरार हो गए । पुलिस ने कहा है कि अभियुक्त आज तड़के घर में घुसे और एक स्टीरियो, 20 कैसेटें, दो घड़ियां, कुछ विदेशी सूट और स्वर्णाभूषण पिस्तौल की नोक पर लूट कर भाग गए ।

Punjab Archive

किए हैं । श्री शर्मा ने बताया कि यह गिरोह लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर पैसे बटोरता था । ये दोनों गिरोह थाना मजीठा में वारदातें करते थे । कल इस गिरोह ने फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव मनसनवाल में सुखविन्दर सिंह के घर में डाका डाला था । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लोगों ने बहादुरी से एक व्यक्ति को पकड़ लिया । उसकी निशान-देही से शेष उग्रवादी भी दबोच लिए गए ।

जालन्धर (ह.स.): दो अज्ञात व्यक्ति आज दोपहर यहां नकोदर रोड के एक मकान से दो जोड़ी सोने की बालियां लूट कर भाग गए । पुलिस के अनुसार अभियुक्त एक घर में घुसे और घर में मौजूद स्त्रियों को धमकी देकर दो स्त्रियों से उनकी बालियां छीन लीं और फरार हो गए ।

आभूषण, बहुमूल्य सामान लूट लिया

थाना बंगा जिला जालन्धर के गांव हीरीयां में आज उग्रवादियों ने एक व्यक्ति संतोख सिंह के घर से स्वर्णाभूषण और लगभग 35000 रुपए का बहुमूल्य सामान लूट लिया और फरार हो गए । पुलिस ने कहा है कि अभियुक्त आज तड़के घर में घुसे और एक स्टीरियो, 20 कैसेटें, दो घड़ियां, कुछ विदेशी सूट और स्वर्णाभूषण पिस्तौल की नोक पर लूट कर भाग गए ।

2 घायल

'ह.स.' के अनुसार आज रात्रि जालन्धर के थाना भोगपुर के ग्राम राजपुर में तीन उग्रवादियों द्वारा रिटायर्ड मास्टर कृष्ण लाल के घर में घुस कर फायरिंग किए जाने व लूट मार किए जाने से मास्टर कृष्ण लाल व उसकी पत्नी चरण कौर घायल हो गए । मास्टर ने एक उग्रवादी को पकड़ने का भी प्रयास किया था ।

36000 रुपए लूट लिए

लुधियाना (ह.स.): आज यहां उग्रवादियों ने 2 अलग-अलग घटनाओं में 36000 रुपए लूट लिए । लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर उग्रवादियों ने लुधियाना नगर निगम की एक चुंगी से पिस्तौल की नोक पर 26000 रुपए लूट लिए । उग्रवादियों ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में स्थित एक पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 10000 रुपए लूट लिए ।

9 उग्रवादी, तस्कर गिरफ्तार

धूरी (सिंगला) : संगरूर के एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने आज यहां बताया कि जिला पुलिस ने गांव खड़कवाल के सुखदेव सिंह, गांव धनौला के परमजीत सिंह और बरनाला के डिम्पल को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर और 6 कारतूस बरामद किए । पुलिस ने गांव झाड़ों के प्रीतम सिंह, खुड़ियां कलां के वली मुहम्मद, जल्लू के गुरचरण सिंह, गांव हरचन्दपुर के रणबीर सिंह, चन्ना खुर्द में सुखदेव सिंह, गांव जोधपुर के सुखदेव सिंह को तस्करी के संबंध में गिरफ्तार किया है ।

ट्रांजिस्टर से आतंक

पटियाला (भूषण): आज यहां गली दर्जियां वाली में एक दुकान के पास बैटरी के साथ एक ट्रांजिस्टर पड़ा पाया गया, जिससे बम के भ्रम में लोगों में आतंक फैल गया ।

कपूरथला (ह.स.): सुरक्षा बलों ने जिला कपूरथला में सुलतानपुर लोधी के निकट दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था । उनकी कर्म सिंह और चरणजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

दो उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

लोपोके जिला अमृतसर के वेरोके गांव में गत रात्रि 9.45 बजे कुंदन सिंह (65 वर्ष) नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फोर्स के सतनाम सिंह 'सत्ता' गुट ने घटना की जिम्मेदारी ली है । घटनास्थल से इस आशय का एक नोट मिला है, जिसमें कुंदन सिंह पर जादू-टोना करने का आरोप है ।

एक और हत्या

थाना जंडियाला जिला अमृतसर के गांव झीठा में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की हत्या कर दी ।

दो की हत्या

उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के थाना झब्बाल के क्षेत्र में स्थित एक गांव में दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । फायरिंग के विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

युवक की हत्या

खालिस्तान कमांडो फोर्स के ही आतंकवादियों ने धर्म सिंह (20 वर्ष) नामक एक व्यक्ति की थाना झब्बाल जिला अमृतसर के एहमा मल्लियां गांव में गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से मिले नोट में धर्म सिंह को 'अनैतिक चरित्र' का बताया गया है । पत्र में कहा गया है कि वह 'खेड़ें' करवाता था और स्त्रियों से छेड़छाड़ करता था तथा स्त्रियों के कपड़े पहनता था । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के खाली कारतूस मिले हैं ।

घर में घुस कर हत्या

अज्ञात आतंकवादियों ने कल रात थाना भिखिविंड जिला अमृतसर के करकविंड गांव में एक किसान किशौरा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार पांच से आठ नकाबपोश आतंकवादियों ने किशौरा सिंह के घर में घुस कर उसकी दनाली बंदूक मांगी । किशौरा सिंह द्वारा इंकार करने पर उन्होंने उसे गोली मार दी और उसकी बंदूक तथा तीस कारतूस लेकर फरार हो गए । किशौरा सिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक का नाम किशोरी सिंह व पिशौरा सिंह बताया गया है ।

ठीकरी पहरे की अवधि बढ़ी

जिला प्रशासन अमृतसर ने जिले में ठीकरी पहरे की अवधि 24 फरवरी, 1989 तक बढ़ा दी है ।

घुसपैठिया मारा गया

गत रात्रि पाकिस्तान से जिला अमृतसर में भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गोली मार कर मार दिया ।

साथी की गोली से जवान मरा

बटाला (कोछड़): आज प्रातः जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव दलो नंगल स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर तैनात एक होमगार्ड जवान बलदेव राज से अचानक गोली चल जाने के परिणामस्वरूप इसी चौकी पर तैनात एक अन्य जवान रणधीर सिंह की मौत हो गई । गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, कलानौर अस्पताल में ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई ।

लूट के इरादे से घर में घुसे थे

जालंधर : तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जालंधर जिले के भोगपुर थाने के राजपुर गांव में एक दम्पति को गोली मार कर घायल कर दिया था, उन्हें सिविल अस्पताल जालंधर में दाखिल करवाया गया है । बताया जाता है कि अब उन दोनों की हालत कुछ ठीक है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर लूट के इरादे से हरी सिंह के मकान में घुसे थे । हरी सिंह ने तीन में से एक आतंकवादी को दबोच लिया । उनकी पत्नी चरण कौर ने भी उनकी मदद की । अपने एक साथी को फंसा देख कर आतंकवादियों ने रिवाल्वर से गोलियां चलाईं और दम्पति को घायल करके बिना कुछ लिए भाग निकले । घायलों को जालंधर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

हैड कांस्टेबल के हत्यारे तीन उग्रवादी पकड़े गए

पटियाला (भूषण): तीन दुर्दांत उग्रवादियों, जो गत नौ अप्रैल को थाना भादसों में एक दुर्दांत हैड कांस्टेबल भीमसेन की हत्या करने और थाना भादसों के ही गांव भूंदड़ में एक व्यक्ति नाहर सिंह की हत्या करने के लिए जिम्मेदार हैं, को गत रात्रि थाना भादसों की पुलिस ने भुनरहेड़ी सड़क पर नाकाबंदी के दौरान काबू करके गिरफ्तार कर लिया । पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी के अनुसार अभियुक्तों में गांव चौधरी माजरा का नरेंद्र सिंह, गांव भूंदड़ का इंद्रजीत सिंह और गांव फजलपुर (जिला पटियाला) का दरबारा सिंह शामिल हैं ।। अभियुक्तों को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे दो स्कूटरों पर भुनरहेड़ी की ओर जा रहे थे । उनके कब्जे से एक 32 बोर का जर्मन रिवाल्वर और कारतूसों से भरी 315 बोर की एक राइफल और चोरी का वी.सी.आर. बरामद किया गया है । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने डाके डालने की चार घटनाओं की स्वीकारोक्ति की है ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति गत रात्रि थाना सरहंद के गांव चंडर में गिरफ्तार किय गया, उससे 12 बोर की एक पिस्तौल बरामद हुई है ।

तीन आश्रयदाता गिरफ्तार

श्री बिरदी के अनुसार थाना सरहंद के गांव जल्लाह के तीन व्यक्तियों नौरंग सिंह, संता सिंह और भिंदर सिंह को गत रात्रि उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । वे जहां उग्रवादियों को शरण देते थे, वहीं उनके हथियार भी अपने पास रखते थे ।

टाईम बम बरामद

जिला पुलिस अधीक्षक ने यह भी रहस्योद्घाटन किया कि आज प्रातः यहां से 25 किलोमीटर दूर राजपुरा के टाहली वाला चौक में दो किलो के बरामदी के टीन में एक टाईम बम पड़ा मिला, जो बैटरी के सैल के साथ जड़ा हुआ था । इसको कब्जे में ले लिया गया है, जिसे सैनिक अधिकारियों द्वारा नष्ट कर दिया जाएगा ।

7 गिरफ्तार

धूरी (सिंगला) : जिला संगरूर के एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार बरनाला के बलवंत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल, 2 कारतूस बरामद किए गए हैं । पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापा मार कर दर्शन सिंह ढिलवां, मल्कीयत सिंह हल्या, मक्खन सिंह, हरदेव सिंह लौंगोवाल, जगीर सिंह हमेदी और पूर्ण सिंह को भी गिरफ्तार किया है, उनसे भारी मात्रा में तस्करी का सामान और एक अवैध शराब की भट्ठी बरामद की है ।

स्कूटर छीन लिया

फगवाड़ा (राकेश) : आज प्रातः यहां से 8 कि.मी. दूर गांव पंडवा के पास पिस्तौल की नोक पर आतंकवादियों ने एक स्कूटर छीन लिया । बताया जाता है कि आज प्रातः गांव पंडवा का एक व्यक्ति जोगिन्द्र एक अन्य व्यक्ति गुरबख्श सिंह से उसका बजाज चेतक नं. पी.जे.यू. 9880 मांग कर किसी काम पर गया, जब वह गांव को लौट रहा था तो गांव पंडवा के पास 2 उग्रवादियों, जिनके पास पिस्तौल थे, ने उसे रोक कर उससे पिस्तौल की नोक पर स्कूटर, एक घड़ी तथा 150 रुपए नकद छीन लिए तथा फरार हो गए । थाना सदर पुलिस को सूचित कर दिया गया है ।

महंत की हत्या

होशियारपुर (ह.स.): होशियारपुर जिले में खेड़ा गांव के एक डेरे पर कल रात एक महंत की हत्या तेजधार वाले हथियार से कर दी गई । मृतक का नाम शंकर दास बताया जाता है ।

सिपाही गिरफ्तार

अगरतला, 25 अगस्त : पश्चिम त्रिपुरा क्षेत्र में तैनात असम राइफल्स के सिपाही को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त आदिवासी महिला से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

देर से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बलात्कार की शिकार आदिवासी महिला सदर अनुमंडल में दगरा इवाड़ी की है । महिला के पति ने भी इस सिलसिले में सिघाई थाने में एफ.आई.आर. दर्ज कराई है ।

तलवंडी प्रधान निर्वाचित

(पृष्ठ 3 का शेष)

शिरोमणि कमेटी की वीरवार को चंडीगढ़ में हुई कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्रधान श्री तरनतारनी व उनके साथ बैठे श्री मनजीत सिंह कलकत्ता । (छाया : पुरी)

इंका सरकार के दौर में 'खालिस्तानियों' से वी.आई.पी. जैसा व्यवहार किया जा रहा है । इस के विपरीत जो लोग लोकतंत्र व भारतीय संविधान के समर्थक हैं उनको जेलों में बंद किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी सरकार को जवाबदेह नहीं वह केवल सिखों के आगे जवाबदेह है ।

उन्होंने कहा कि सिमरनजीत सिंह मान के परिवार के कुछ लोग किसी तरह भागलपुर जेल गए व वहां से वापस आकर उनके प्रवक्ता वी.एल. वढेरा से घोषणा करवा दी कि श्री मान ने पार्टी की कौंसिल भंग कर दी है । अभी यह बात भी संदिग्ध है कि श्री मान ने परिषद तोड़ने वारे 'आदेश' पर हस्ताक्षर किए भी हैं या नहीं ।

प्रतिक्रिया

सिमरनजीत सिंह मान के समर्थक तीन अकाली नेताओं सच्चा सिंह छोटेपुर, संत अजीत सिंह व त्रिलोचन सिंह तुड़ ने आज यहां विचार व्यक्त किया है कि कुछ लोगों को बैठ कर आपस में सलाह करके श्री तलवंडी को एकीकृत अकाली दल का प्रधान बनाने का कोई अधिकार नहीं है । प्रधान का चुनाव बाकायदा डैलीगेट सैशन बुला कर किया जाता है ।

तलवंडी को प्रधान बनाने का कार्य दिल्ली को खुश करने व पंथ के हितों को चोट पहुंचाने के लिए किया गया है । उन्होंने जनता से अपील की है कि उसे मनजीत सिंह कलकत्ता, मेवा सिंह गिल, भाई शमिंदर सिंह व तलवंडी जैसे नेताओं से सावधान रहना चाहिए । अब ये लोग दिल्ली को खुश करने में लग गए हैं ।

रिबैरो ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

मैं यह पता करने के लिए तात्कालिक रूप से जांच करवा रहा हूं कि निगम ने जो काम किए हैं, वे ठीक हैं या नहीं । बकायों की अदायगी बारे फैसला उसके बाद किया जाएगा । जिला लुधियाना में लिंक मार्ग सितम्बर तक पूरे हो जाएंगे । कोहाड़ा और खन्ना में प्रिमिक्स प्लांट लगाए गए हैं ।

श्रीनगर में हिंसा जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में भी अधिकांश दुकानें खुली रहीं । इस्लामिया कालेज से श्रीवत क्षेत्र के एक किलोमीटर के क्षेत्र में कर्फ्यू लागू रहा । वहां तनाव भी बना हुआ है । शिया बाहुल्य वाले जादीबल में भी तनाव रहा ।

उधर एक सरकारी प्रवक्ता ने दावा किया कि पूरे शहर से प्रातः कर्फ्यू उठा लिया गया था पर एक स्कूटर चालक पर पथराव की घटना के बाद मशाली मोहल्ले से श्रीवत क्षेत्र तक कर्फ्यू लागू किया गया ।

शाम तक विभिन्न क्षेत्रों से 24 शरारती तत्व गिरफ्तार किए गए । बारामूला व अनंतनाग में जनजीवन सामान्य है ।

सीतल दास के हत्यारे

(पृष्ठ 3 का शेष)

दलबीर के गनमैन गिरफ्तार

पटियाला पुलिस अधिकारी हत्याकांड के हत्यारे दलबीर सिंह के तीनों गनमैन परमजीत सिंह, विक्रम सिंह व गुरतेज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । ये तीनों दलबीर सिंह की ओर से एस.एस.पी. श्री सीतल दास तथा एस.पी. श्री बलदेव सिंह बराड़ की हत्या के बाद हिरासत में ले लिए गए थे । पता चला है कि इनके विरुद्ध स्मगलिंग की रिश्वत में हिस्सा लेने बारे जांच हो रही है ।

इस केस में राजेन्द्र अस्पताल की स्टाफ नर्स श्रीमती कुलदीप कौर जांच में शामिल है । पता चला है कि पुलिस यह सुराग लगाने की कोशिश कर

क्लासीफाइड विज्ञापन

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

For Sale—An Industrial Plot of Land measuring ½ Acre with boundry walls at

ठेका

सिनेमा में कंटीन साइकल स्टैंड का ठेका लेने वाले मिलें : मालिक सुरज सिनेमा, पंचकूला ।

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे, 1 गिरफ्तार : महंत सहित पंजाब में 11 की हत्या

आतंकवादियों द्वारा रेलगाड़ी रोक कर दो पुलिस कर्मियों और एक होम गार्ड का अपहरण

हैडकांस्टेबल के हत्यारे पकड़े गये : राजपुरा में टाइम बम बरामद

विदेशी शस्त्र और गोली सिक्का बरामद : मृत आतंकवादियों से 40000 रुपये मिले

चंडीगढ़, 25 अगस्त (वार्ता, ह.स., वि.प्र.): आज एक अप्रत्याशित घटना में उग्रवादियों ने खेमकरण-अमृतसर रेल गाड़ी को भारत-पाक सीमा के निकट स्थित बोपाराय स्टेशन पर रोक कर तीन सुरक्षा कर्मियों का अपहरण कर लिया । आज तड़के ही जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में 2 दुर्दांत उग्रवादी मारे गए और उनका एक साथी गिरफ्तार कर लिया गया । उग्रवादियों ने अन्य घटनाओं में एक महंत सहित 11 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी । जिला पटियाला में सात उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, राजपुरा में घी के एक डिब्बे में से बम बरामद हुआ है । मारे गए उग्रवादियों के निकट से शस्त्र, गोली सिक्का, 40000 रुपए नगद तथा कुछ पत्र बरामद हुए हैं । इन पत्रों से पता चलता है कि इनकी आज कोई नृशंस वारदात करने की योजना थी ।

3 व्यक्तियों की हत्या

उग्रवादियों ने आज सायं राजा सांसी हवाई अड्डे से संलग्न गांव अदलीवाल के निकट 3 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों के गोलियों से बिंधे शव खेतों में पड़े मिले हैं ।

पुलिस ने कहा है कि उग्रवादी मक्की के खेतों में छिपे हुए थे और उन्होंने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से उन लोगों पर फायरिंग की जो अदलीवाल-राजासांसी मार्ग पर स्थित छोटे से शापिंग सैंटर में एक दुकान पर खड़े हुए थे । फायरिंग से तीनों व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मृतकों की विजय कुमार, नीटू (निवासी अदलीवाल) और सुखविंद्र सिंह (निवासी बुआ नंगल) के रूप में शिनाख्त की गई है । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है ।

2 पुलिस कर्मियों, होमगार्ड जवान का अपहरण

अमृतसर, (अशोक, वार्ता, ह. स.) : आज प्रातः लगभग साढ़े बजे खेमकरण से अमृतसर को आने वाली यात्री गाड़ी से छः सशस्त्र उग्रवादियों ने बंदूक की नोक पर तीन पुलिस कर्मियों कांस्टेबल सुख राज सिंह, कांस्टेबल विशंभर दास और होमगार्ड के हवलदार को उस समय नीचे उतार लिया, जब वे तीन अभियुक्तों को अमृतसर में पेशी के लिए ला रहे थे । बताया गया है कि कांस्टेबल अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी । यह क्षेत्र भारत-पाक सीमा से मुश्किल से दस किलोमीटर दूर है । घटना के समय रेलगाड़ी ठसाठस भरी हुई थी, उग्रवादियों के हमले के भय से बहुत से लोग गाड़ी से कूद कर भाग निकले ।

यह पहली बार है कि उग्रवादियों ने गाड़ी रोक कर सुरक्षा कर्मियों का अपहरण किया है । उल्लेखनीय है कि सन् 1983 में उग्रवादियों ने एक सुनियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत पंजाब के 34 रेलवे स्टेशनों को आग लगाई थी, बोपाराय रेलवे स्टेशन भी उनमें शामिल था ।

दो उग्रवादी मारे गए, दो गिफ्तार

जंडियाला थानांतर्गत नारायणगढ़ गांव में हुई मुठभेड़ में आज दो आतंकवादी गोली लगने से मारे गए जबकि उनके दो साथी पकड़ लिए गए । एक पकड़ा गया आतंकवादी गंभीर रूप से घायल हुआ है । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष के अनुसार इसकी बारहवीं बटालियन ने इन चार आतंकवादियों की तलाश में गांव के एक मकान पर छापा मारा था । उसी समय यह मुठभेड़ हुई । तीन भरी हुई मैगजीन सहित एक रिवाल्वर, दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें और 1000 कारतूस मृत और पकड़े गए आतंकवादियों के पास बरामद हुए हैं । उनके कब्जे से 40,000 रुपया नकद भी मिला है ।

तीन घंटे भारी संघर्ष रहा

बार्डर रेंज के आई.जी. श्री चमन लाल ने यहां पत्रकारों को घटना के विवरण देते हुए बताया कि मारे गए दो उग्रवादी और उनका घायल साथी बब्बर खालसा संगठन के सदस्य हैं । उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में लगभग तीन घंटे भीषण संघर्ष हुआ । घायल उग्रवादी की दशा बहुत गम्भीर है । पुलिस ने उनके कब्जे से एक एच.ई. 36 हथगोला भी बरामद किया है । घायल उग्रवादी के बताने पर कई और रहस्योद्घाटन होने की संभावना है ।

डेरे वाला भी मारा गया

श्री चमन लाल ने बताया कि मुकाबला उस समय हुआ जब सुरक्षा बलों ने माया सिंह के डेरे पर प्रातः छापा मारा, जहां ये सभी उग्रवादी छिपे हुए थे । उन्होंने कहा कि कमरों, मकान की छतों और निकटवर्ती खेतों में से भारी फायरिंग का आदान-प्रदान हुआ, जिसके बाद माया सिंह सहित दो उग्रवादी मारे गए और एक पर काबू पा उसको गिरफ्तार कर लिया गया ।

मृतकों में से दूसरे की शिनाख्त प्रगट सिंह उर्फ भोला के रूप में की गई है । ये बब्बर खालसा के उस गिरोह से संबंधित थे, जिनका नेतृत्व एरिया कमांडर सुखजिन्द्र सिंह बराड़ करता है । उसकी जेब में से एक पत्र मिला है, जिसमें इस गिरोह ने 19 अगस्त को गांव एकल गड्डा में एक व्यक्ति, बीस अगस्त को एक अन्य गांव में एक व्यक्ति, 23 अगस्त को गांव तिम्मोवाला में दो मार्क्सियों जागीर सिंह और बलकार सिंह सहित तीन व्यक्तियों की हत्या करने की स्वीकारोक्ति की है । इन तीन लोगों की उग्रवादियों ने उस समय हत्या कर दी थी, जब वे एक बैलगाड़ी में जा रहे थे । उग्रवादियों ने तब बैलगाड़ी में बम भी रख दिया था जिसके फटने से घटनास्थल पर घटना की जांच करने पहुंचे तीन सुरक्षा कर्मी घायल हो गए थे ।

और वारदात करने की योजना थी

श्री चमन लाल ने बताया कि इस पत्र पर आज की तिथि पड़ी हुई थी, जिससे विदित होता है कि उनकी आज और अपराध करने की योजना थी और उनका यह पत्र वहां फैंकने की योजना थी । श्री चमन लाल ने पकड़े गए उग्रवादी का नाम नहीं बताया । उग्रवादी की जेब से बरामद हुए अन्य कागज में एक हजार से दस हजार रुपए एकत्रित करने का विवरण दिया गया है ।

जादू-टोना करने के आरोप में हत्या

चार संदिग्ध आतंकवादियों ने थाना

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राजीव बिहार की त्रासदी जानने में असफल, उन्होंने सिर्फ शहरों का दौरा किया : वी.पी.

punjabi Jagatal

मृत्यु हो गई । मृतकों की विजय कुमार, नीट (निवासी अदलीवाल) और सुखविंद्र सिंह (निवासी बुआ नंगल) के रूप में शिनाख्त की गई है । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है ।

2 पुलिस कर्मियों, होमगार्ड जवान का अपहरण

अमृतसर, (अशोक, वार्ता, ह. स.) : आज प्रातः लगभग साढ़े बजे खेमकरण से अमृतसर को आने वाली यात्री गाड़ी से छः सशस्त्र उग्रवादियों ने बंदूक की नोक पर तीन पुलिस कर्मियों कांस्टेबल सुख राज सिंह, कांस्टेबल विशंभर दास और होमगार्ड के हवलदार को उस समय नीचे उतार लिया, जब वे तीन अभियुक्तों को अमृतसर में पेशी के लिए ला रहे थे । बताया जाता है कि कांस्टेबल सुखराज सिंह किसी तरह अपहरणकर्त्ताओं के चंगल से निकल कर भागने में सफल हो गया जबकि अपहरणकर्त्ता तीन अभियुक्तों व अन्य दो पुलिस कर्मचारियों को अपने साथ ले गए । अभी तक उपहृत पुलिस कर्मचारियों के बारे में कुछ पता नहीं चल सका । तीन अभियुक्त, जो विचाराधीन कैदी हैं, उग्रवादियों के साथ नहीं भागे । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने गाड़ी में सवार होकर कहा था कि सादा कपड़े पहने हुए पुलिस कर्मचारी हैं और एक कट्टर उग्रवादी की तलाश में रेलगाड़ी की तलाशी लेना चाहते हैं ।

आश्चर्यपूर्ण बात यह है कि विचाराधीन कैदी मौके से फरार नहीं हुए और उन्होंने अमृतसर पहुंच कर पुलिस को इस घटना की सूचना दी । बताया गया है कि उग्रवादी अपहृत सिपाही विशंभर दास और होमगार्ड के हवलदार (जिस का नाम पता नहीं चल सका) को धक्के मारते हुए अपने साथ ले गए ।

बार्डर रेंज के आई.जी. श्री चमन लाल ने अमृतसर में पत्रकारों को इस घटना के और विवरण देते हुए बताया कि दो पुलिस कर्मचारी और होमगार्ड का एक जवान एक विचाराधीन कैदी को 3-अप खेमकरण-अमृतसर पैसेंजर रेलगाड़ी में ला रहे थे कि सशस्त्र उग्रवादी, जिनकी संख्या छः से आठ थी, टिकट चैकर के रूप में ट्रेन में घुसे और पाक सीमा से लगे उस स्टेशन पर लगभग चालीस मिनट तक रेलगाड़ी को रोके रखा । उग्रवादियों ने तीनों सुरक्षा कर्मियों का अपहरण कर लिया लेकिन विचाराधीन कैदी को छोड़ दिया ।

श्री चमन लाल ने बताया कि कांस्टेबल सुखराज सिंह किसी प्रकार उग्रवादियों के कब्जे से बच निकला, लेकिन दोनों सुरक्षा कर्मी अभी भी उग्रवादियों के कब्जे में हैं । उग्रवादियों ने सुरक्षा कर्मियों के हथियार छीन लिए थे । बाद में रेलगाड़ी अमृतसर के लिए रवाना हुई ।

यह रेलगाड़ी खेमकरण रेलवे स्टेशन से प्रातः 9.35 बजे चली थी । यह घटना लगभग 10.30 बजे हुई । घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ रेलवे पुलिस और सुरक्षा अधिकारी भारी बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और सारे क्षेत्र में

3 कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ताओं सहित 7 व्यक्तियों की हत्या, 1 लाश मिली

सुरक्षा बलों ने 5 चीनी राइफलें, विभिन्न बोर के 1000 कारतूस व अन्य हथियार पकड़े

फिल्लौर के गांव में बैंक डकैती की योजना विफल, गार्ड घायल

चंडीगढ़, 26 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से तीन कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ताओं सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक बैंक गार्ड ने आतंकवादियों की बैंक लूटने की योजना सिरे न चढ़ने दी । सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक अड्डे पर छापा मार कर भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का बरामद किया । बटाला के एक गांव में एक सिर कटी लाश बरामद हुई । अमृतसर जिले में कल मारे गए दो आतंकवादियों में से एक बब्बर खालसा का 'बी' श्रेणी का आतंकवादी प्यारा सिंह था ।

कम्युनिस्ट वर्करों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले में कल रात से लगातार आतंकवादी वारदातों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तीन कार्यकर्त्ताओं सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा दो अन्य घायल हो गए । पुलिस के अनुसार 10-12 आतंकवादियों के एक गिरोह ने सरहाली पुलिस थाने के छोटियां गांव में कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के घरों में घुसकर उन्हें गोलियों का निशाना बनाया । मृत कार्यकर्त्ताओं की पहचान दिलबाग सिंह, परगट सिंह और त्रिट्टू के रूप में हुई है, जबकि बुध सिंह तथा पूर्ण सिंह घायल हुए हैं ।

एक अन्य समाचार के अनुसार आतंकवादी इन कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ताओं को घरों से निकाल कर मुख्य सड़क पर ले आए और अंधाधुंध गोलियां बरसा कर उन्हें मार डाला । हमलावर खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए फरार हो गए ।

दो की हत्या

एक अन्य वारदात में थाना सरहाली के ही गांव लोहा में जोगेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । जंडियाला क्षेत्र के गांव महसनपुर में एक रिटायर्ड टीचर सुरेन्द्र सिंह की हत्या कर दी गई ।

भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

बलियां मंजपुर गांव में कल हुई मुठभेड़ के बाद अपना अभियान जारी रखते हुए सुरक्षा बलों ने आज अमृतसर जिले में दो आतंकवादी ठिकानों पर छापे मारकर भारी संख्या में घातक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया । दोनों पक्षों के मध्य हुई फायरिंग में बब्बर खालसा से सम्बद्ध दो आतंकवादी मारे गए और एक को घायलावस्था में सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया । सी.आर.पी. कंट्रोल रूम के अनुसार पकड़े गए आतंकवादी से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर हथियार बरामद किए गए हैं ।

'बी श्रेणी आतंकवादी था

कल मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों में से एक का नाम प्यारा सिंह बताया गया है । प्यारा सिंह मजीठा पुलिस जिले के डेरीवाल गांव का रहने वाला था । पुलिस के अनुसार इससे पहले प्यारा सिंह की सही पहचान नहीं हो सकी थी और उसका नाम बाज सिंह उर्फ परगट सिंह उर्फ भोला बताया गया था । पुलिस ने बताया कि प्यारा सिंह बब्बर खालसा गिरोह का 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था, जिसका तथाकथित क्षेत्रीय कमांडर सुखजिंदर सिंह बराड़ है । प्यारा सिंह जिले में 20 से अधिक लोगों की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अमृतसर के गांव मैसमपुर के सुरेन्द्र सिंह का शव, जिसकी आतंकवादियों ने हत्या की । (2) जंडियाला पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए दो आतंकवादियों के शव । (छाया : पंजाब केसरी)

अकाल तख्त को र
सिंह साहिबान धार्मि

चंडीगढ़, 26 अगस्त (वि.प्र.): अकाली दल (लौंगोवाल) के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने उन सभी लोगों से वापस अकाली दल में आने का आह्वान किया है, जो किसी न किसी कारण से पार्टी छोड़ कर चले गए थे ।

Punjabi Sanatan

कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ताओं की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

हत्या के लिए जिम्मेदार था । दूसरे मृत आतंकवादी का नाम माया सिंह बताया गया है ।

छापे के दौरान 5 चीन निर्मित ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 3 दुनाली बंदूक, एक स्प्रिंग फील्ड और एक टामसन राइफल, दो रिवाल्वर, एक माऊजर पिस्तौल, छः एच.ई. 36 हथगोले, सात विद्युत चालित विस्फोटक, 500 ए.के. 47 राइफल कारतूसों समेत विभिन्न बोर के लगभग एक हजार कारतूस और 40 हजार रुपए नकद बरामद हुए । सीमावर्ती क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ की जगह से कुछ ऐसे आपत्तिजनक कागजात बरामद हुए, जिससे लगता है कि हाल की कई हत्याएं उसी गिरोह के आतंकवादियों ने की हैं । इसी गिरोह ने बुधवार को जंडियाला थानान्तर्गत तिमोवल गांव में एक रिमोट कंट्रोल बम फैंका जिससे तीन सुरक्षा कर्मी घायल हो गए ।

घर में घुसकर हत्या

विलम्ब से प्राप्त समाचार के अनुसार अमृतसर जिला के गांव घुरके में कर्म कौर नामक औरत के घर में घुसकर आतंकवादियों ने उसके पति पुरुषोत्तम सिंह की हत्या कर दी ।

एक और हत्या

उग्रवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव जौहल राजन सिंह में एक व्यक्ति खुशी राम की गोली मारकर हत्या कर दी ।

नकदी, मोपेड छीना

'मनोहर' के अनुसार दो सशस्त्र उग्रवादियों ने कल अमृतसर में गुमटाला रोड पर पिस्तौल की नोक पर दो भट्ठों से नकदी और एक मोपेड छीन ली ।

पाबंदी बढ़ी

धूरी (संगरूर): जिलाधीश ने धारा 144 के अधीन लगाई गई पाबंदियों की अवधि 12 अक्तूबर तक बढ़ा दी है । इनके अन्तर्गत सायं 6 बजे से प्रातः 5.30 बजे के मध्य बसें नहीं चल सकेंगी, दुकानें व कारोबारी संस्थान सायं 7.30 बजे तक खुले रहेंगे । सिनेमा घर, होटल व शराब के ठेके रात नौ बजे तक खुले रह सकेंगे तथा सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर नहीं चला जा सकेगा ।

बिना सिर के शव मिला

बटाला (गुरदासपुर): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के मंड क्षेत्र स्थित गांव डोगर महेश में पुलिस को एक युवा व्यक्ति का बिना सिर का व सड़ा-गला शव बरामद हुआ है । शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल बटाला से कराया गया है । यहां देखने से लगता था कि हत्या महीना-डेढ़ पहले की गई थी । मृत की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

पुलिस व सुरक्षा बलों ने गत रात संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री शर्मा ने बताया कि थाना फतेहगढ़ के गांव घनिये के बांगड़ में पुलिस व सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी कर रखी थी । रात सवा नौ बजे के लगभग दो युवक आते दिखाई दिए । जब उन्हें ललकारा गया तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । उनके नाम बलविंदर सिंह और लखबिंदर सिंह उर्फ लक्खा हैं । उनसे एक 303 बोर और एक 12 बोर के पिस्तौल के अलावा 7 कारतूस मिले । पुलिस सूत्रों के अनुसार उन्होंने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उन्होंने गांव गुज्जरपुरा में एक स्त्री की हत्या तथा लूटमार की कई वारदातें की हैं ।

बैंक गार्ड घायल

जालन्धर (न.न.ए.) : यहां से 35 कि.मी. दूर थाना फिल्लौर के गांव मठडाकलां में आज सुबह साढ़े 11 बजे पंजाब नैशनल बैंक की शाखा के सुरक्षा गार्ड को दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली मारकर उस समय घायल कर दिया, जब उसने उनकी बैंक लूटने की योजना को असफल कर दिया ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ठेके पर

किन्नु सन्तरों के 2300 फल भरे पौधे गांव मवा सिधयां, गगरेट-ऊना रोड हिमाचल में, ठेके पर बिकाऊ हैं । लेने वाले व्यापारी नीचे लिखे पते पर सम्पर्क करें : Savrupson Cold Storage, Model Town, Mithapur Road, Jalandhar-144003, Phone Nos. : 2597-2598.

बिकाऊ

जैनरेटर 400 KVA, 50 साइकिल बहुत अच्छी चालू हालत में बिकाऊ हैं । तुरन्त सम्पर्क करें—सतीश मियानी, 8/61, पंजाबी बाग, नई दिल्ली ।

LJD1

100 HP 735 RPM, 80 HP 585 RPM English A-One Electric Motors for sale. Contact : 94, Guru Amardas Market, Khanna. Phones : 20909, 21609.

तीर्थ यात्रा

4 सितम्बर नैनादेवी, शाहतलाई, चिन्तपूरनी, चामुंडा, भागसूनाग, वैष्णोदेवी, किराया 151/- तथा 11 सितम्बर बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, हरिद्वार, किराया 600/- मिलें : सुमित ट्रैवल्स, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन : 20393.

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फेल इंटर, मैट्रिक पास सीधे बी.ए. या ड्राइंग डिप्लोमा करके टीचर बनें । पत्राचार द्वारा बी.एड., दो वर्षीय आयुर्वेदिक कोर्स करके डाक्टर बनें । शांति निकेतन महाविद्यालय, छत्ता जम्बूदास, सहारनपुर ।

मैट्रिक, +2, B.A., M.A., 2 वर्षीय आयुर्वेदिक कोर्स गारंटिड करके डाक्टर बनें । राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

उपवैद्य, वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न पत्राचार द्वारा पास करें, पास सरकारी आर.एम.पी. (पटना) हेतु शीघ्र मिलें/लिखें—राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्जी मंडी, हिसार-125001.

उग्रवादी बंदी, शस्त्र मिले

आज सायं अमृतसर में सरहाली थाना क्षेत्र में ग्राम जौड़ा में सुरक्षा बलों के साथ उग्रवादियों के एक गिरोह की जबरदस्त मुठभेड़ हुई जिसके बाद सुरक्षा बलों ने सकत्तर सिंह नामक एक उग्रवादी को भारी परिमाण में शस्त्रास्त्रों के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके साथी फरार हो गए । सकत्तर सिंह के फार्म हाउस से 3 एम. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एम-35 बोर की रिवाल्वर भी मिला ।

बरामद हथियारों में एक 315 बोर की राइफल, 12 बोर की एक बंदूक, एक एच.ई. 36 हथगोले और ए.के.-47 के सौ कारतूस भी शामिल हैं । वैसे सुरक्षा कर्मी मुख्य गिरोह को पकड़ने में सफल नहीं हो पाए। इस गिरोह ने एक पुलिस गश्ती दल पर हमला किया था ।

बम नाकारा किया गया

राजपुरा (मासूम) : आज सुबह 9 बजे के लगभग सेना के विशेषज्ञों ने कस्तूरबा रोड पर गत 60 घंटे से पड़े बम को नाकारा कर दिया । इस बम की रेंज 50 मीटर बताई जाती है । बम को नाकारा किए जाने पर लोगों ने राहत अनुभव की है ।

मोहाली में चौकसी

मोहाली (नर्वदा): खूंखार आतंकवादियों चन्ना, जताना, डॉली तथा फौजी के नगर में प्रविष्ट होने की गुप्तचर एजैंसियों की सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों की चौकसी बढ़ा दी है । इसके अंतर्गत फ्रेंड्स इलैवन के हाऊसिंग बोर्ड के क्वार्टरों पर छापे मारे जाने की खबर है । यह क्षेत्र आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है । लूट की वारदातों के अलावा यहां पुलिस-भिड़ंत में एक आतंकवादी मारा गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में आतंकवादियों को पनाह देने वाले कुछ व्यक्ति मौजूद हैं । ऐसे लोगों की पड़ताल जारी है । एक सूत्र के अनुसार एक संदिग्ध व्यक्ति तथा एक महिला,जिनकी निगरानी की जा रही थी, यहां से फरार होने में सफल हो गए हैं ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): कल रात पटियाला जिले में नाकाबंदी के दौरान 2 उग्रवादियों नरेंद्र सिंह उर्फ ऊधे सिंह उर्फ खालसा तथा इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे दो रिवाल्वर बरामद हुए ।

पठानकोट (गुप्ता): चक्की थाना की पुलिस ने पठानकोट मिलिटरी अस्पताल के पास झाड़ियों से एक बम बरामद किया ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)



अजनाला के बाज़ार में शनिवार को हुए बम विस्फोट के कुछ घायल जो अमृतसर के अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (1) चमन लाल, (2) शत्रुघ्न, (3) उपदेश सिंह, (4) जोगेंद्र पाल, (5) अज्ञात, (6) अमरीक, (7) साल्वेस्टर, (8) प्रवेश, (9) वीरेंद्र सिंह, (10) मीनू, (11) कुलवंत, (12) राजेश तथा, (13) विजय कुमार । (छाया : रवि भंडारी)

Punjab anatahi

अजनाला में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

बरनाला में हत्या

आज प्रातः जिला संगरूर में बरनाला में सुरेश कुमार नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । दो अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं ।

लाश मिली

जालन्धर (वार्ता): जालन्धर की पुलिस डिवीजन नम्बर तीन के अंतर्गत निम्बवाली गली में एक व्यक्ति की लाश आज बरामद हुई । लाश पर तेज़ धार हथियारों से ज़ख्मों के निशान हैं ।

दो व्यक्ति घायल

संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात नकोदर थानान्तर्गत खानपुर ढड्डा गांव में दो व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार हमलावर ट्रैक्टर में आए और हरदीप सिंह के मकान पर धावा बोल कर उसे और कुलविंदर सिंह को गोली मार दी । दोनों को गम्भीर दशा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

Punjabi Sanatani

अजनाला के भीड़भाड़ वाले बाज़ार में भीषण बम विस्फोट : 1 मरा 30 घायल

जालंधर के गांव में उग्रवादियों की फायरिंग से 2 घायल

कांस्टेबल सहित 5 की हत्या, 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 27 अगस्त (वार्ता, हस.): आज प्रातः अमृतसर के अजनाला नगर में हुए एक भीषण बम विस्फोट में 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 30 घायल हो गये । अन्य स्थानों पर वारदातों में एक कांस्टेबल सहित 5 व्यक्तियों की हत्या की गई । जालंधर के एक गांव में दो व्यक्तियों को घायल कर दिया गया । पटियाला में 2 उग्रवादी हथियारों सहित पकड़े गए । अमृतसर जिले में दो उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए ।

विस्फोट में 1 मरा

अमृतसर (वार्ता): आज सुबह अमृतसर जिले के अजनाला कस्बा में एक शक्तिशाली बम विस्फोट में 1 व्यक्ति मर गया जबकि 30 अन्य घायल हो गए ।

यहां पहुंची प्रारम्भिक सूचनाओं के अनुसार बम मार्कीट चौक क्रासिंग में एक बैंक के सामने खड़े साइकल के कैरियर पर रखा हुआ था । घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया । विस्फोट से कई दुकानें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए ।

घटनास्थल पर मरने वाले दुकानदार का नाम सुदेश कुमार (22) बताया गया है । एस.पी. मुख्यालय मजीठा पुलिस जिला श्री एस.के. गोयल ने बताया कि 15 घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया,जबकि 6 अन्य को सिविल अस्पताल अजनाला में दाखिल कराया गया । दो व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई । घायलों में एक स्त्री, एक लड़की व तीन बच्चे भी शामिल हैं ।

श्री गोयल ने कहा कि यह देसी बम था और इसमें लोहे के टुकड़े भरे हुए थे । उन्होंने कहा कि यह बम उन बमों से भिन्न था,जो कि 30 मई और 21 जून को शिवाला भाइयां तथा कटड़ा आहलुवालिया में फटे थे, जबकि शिवाला भाइयां तथा कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम विस्फोटों से आग लग गई थी और लोग झुलस गए थे । अजनाला में हुए विस्फोट से लोग ज़ख्मी हुए हैं परन्तु झुलसे नहीं हैं । श्री गोयल ने कहा कि आतंकवादियों ने बम रखने के लिए भीड़-भाड़ वाले हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र को चुना, तथापि घायलों में दोनों सम्प्रदायों के लोगों की संख्या लगभग बराबर है ।

श्री गोयल ने कहा कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि जिस साइकल पर बम रखा हुआ था उसका हैंडल लगभग 60 मीटर दूर जा गिरा । उन्होंने संदेह व्यक्त किया कि इस विस्फोट के पीछे पाकिस्तानवाले टाइगर फोर्स का हाथ है । समूचे क्षेत्र को घेरे में ले लिया गया है तथा अभियुक्तों को पकड़ने के लिए कार्रवाई जारी है । प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि राखी के त्योहार के कारण क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी कर रहे थे । विस्फोट होने के तत्काल बाद सारा क्षेत्र वीरान हो गया और ग्राहक व दुकानदार आतंकित होकर इधर-उधर भागे । कई दुकानदार दुकानें खुली छोड़ कर भाग गए ।

एक दुकानदार जसवंत राय ने, जो कि अपने घायल युवा भाई विजय कुमार के साथ अस्पताल आया था, बताया कि विस्फोट बहुत भीषण था और इसकी आवाज़ नगर के सभी हिस्सों में सुनी गई । विस्फोट के बाद सब तरफ धुआं फैल गया । अधिकांश क्षतिग्रस्त दुकानें जनरल स्टोर, किरयाना, सब्ज़ी विक्रेताओं व कैमिस्टों की थीं ।

'अशोक' के अनुसार बम विस्फोट प्रातः 10.15 बजे हुआ तथा विस्फोट में 27 व्यक्ति घायल हुए हैं । घायलों में से 3 की दशा गम्भीर बताई जाती है । मौके पर मारे गए दुकानदार सुदेश कुमार ने 10 मिनट पहले ही दुकान खोली थी । एस.एस.पी. अमृतसर श्री सुरेश अरोड़ा आज सायं अमृतसर के अस्पताल में घायलों को देखने गए ।

अजनाला बम कांड में घायल होने वालों के नाम इस प्रकार हैं : चमन लाल, जोगेंद्र पाल, शत्रु पाल, प्रवीन कुमारी (छोटी बच्ची), विजय कुमार, उपदेश कुमार, अमरीक सिह, मीनू (छोटी बच्ची), बरिंदर सिह, सलविंदर सिह, निर्मल सिह, श्याम सुन्दर, बख्शीश सिह, मंगल सिह, किंदु (छोटी बच्ची), हंसराज, धर्म सिह, संत सिह, राजेश कुमार, अमनदीप, कुलवंत सिह, बलबीर सिह, नरेन्द्र कुमार, विजय कुमार तथा शिव कुमार ।

श्री गोयल ने बताया कि बम के टुकड़े जांच के लिए विशेषज्ञों को भेजे गए हैं ।

सरकारी तौर पर अजनाला बम विस्फोट में एक व्यक्ति के मरने तथा 27 के घायल होने की पुष्टि की गई है ।

2 की हत्या

पुलिस ने बताया कि गत रात जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने एक भूतपूर्व सरपंच सहित दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी तथा एक व्यक्ति को घायल कर दिया । भूतपूर्व सरपंच की हत्या थाना भिखीविंड के गांव मृगंदपुर में की गई जबकि तीन आतंकवादियों ने अमृतसर-फिरोज़पुर सीमा पर स्थित हरिके में एक किसान दर्शन सिह की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने दोनों व्यक्तियों की हत्या में ए.के. 47 असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया ।

एक अन्य व्यक्ति नाज़र सिह को थाना ब्यास के गांव दशमेश नगर में तेज़-धार हथियारों से हमला करके घायल कर दिया गया । उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

कांस्टेबल का शव मिला

पट्टी क्षेत्र में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल बिशम्भर दास का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ । वह उन तीन सुरक्षा कर्मियों में शामिल था, जिनका वीरवार को अमृतसर-खेमकरण मार्ग पर पैसेंजर गाड़ी में से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, जबकि होमगार्ड बलदेव सिह को आतंकवादियों ने कल छोड़ दिया था । दूसरा कांस्टेबल सुखराज सिह अपहरण के कुछ ही देर बाद बच कर निकलने में सफल हो गया था । पुलिस ने बताया कि बिशम्भर दास का शव आज प्रातः बोपाराय स्टेशन से 15-26 किलोमीटर दूर पड़ा मिला ।

नकदी व हथियार ले गए

गत रात तरनतारन पुलिस जिला के थाना भिखीविंड के गांव कच्चा पक्का के नम्बरदार जोगेंद्र सिह के घर से अज्ञात उग्रवादी 20,000 रुपए का सामान तथा .315 बोर का पिस्तौल व .12 बार की दुनाली बंदूक छीन कर ले गए ।

दो उग्रवादी मरे

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो उग्रवादी भी मारे गए । उनका साथी एक उग्रवादी गिरफ्तार कर लिया गया । यह मुठभेड़ अमृतसर के बलिया माझपुर क्षेत्र में हुई । एक मृत उग्रवादी की शिनाख्त मया सिह के रूप में हुई । दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी । गिरफ्तार उग्रवादी का नाम खजान सिह बताया गया । उनके पास से काफी हथियार आदि मिले हैं ।

फिरोजपुर पुलिस ने तीन उग्रवादी गिरफ्तार किए ।

उग्रवादी बंदी, शस्त्र मिले

आज सायं अमृतसर में सरहाली थाना क्षेत्र में ग्राम जौड़ा में सुरक्षा बलों के साथ उग्रवादियों के एक गिरोह की जबरदस्त मुठभेड़ हुई जिसके बाद सुरक्षा बलों ने सकत्तर सिह नामक एक उग्रवादी को भारी परिमाण में शस्त्रास्त्रों के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके साथी फरार हो गए । सकत्तर सिह के फार्म हाऊस से 3 एम. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एम-35 बोर की रिवाल्वर भी मिला ।

बरामद हथियारों में एक 315 बार की राइफल, 12 बोर की एक बंदूक, एक एच.ई. 36 हथगोले और ए.के.-47 के सौ कारतूस भी शामिल हैं । वैसे सुरक्षा कर्मी मुख्य गिरोह को पकड़ने में सफल नहीं हो पाए। इस गिरोह ने एक पुलिस गश्ती

अजनाला के बाज़ार में शनिवार को हुए बम विस्फोट के कु
उपचाराधीन हैं । (1) चमन लाल, (2) शत्रुघ्न, (3
(5) अज्ञात, (6) अमरीक, (7) साल्वेस्टर, (8) प्र
(11) कुलवंत, (12) राजेश तथा, (13) विजय कुमा

हरियाणा में टैलिफोनों को
रहा, न कोई निर्देश ही दि

चंडीगढ़, 27 अगस्त (हस): हरियाणा के पुलिस उपमहानिरीक्षक (सी.आई.डी.) श्री एम.एस. मलिक ने इस समाचार का खंडन किया कि राज्य में टैलिफोनों को टैप किया जा रहा है ।

कुछ समाचार पत्रों में आज प्रकाशित एक समाचार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह न केवल आधारहीन है बल्कि यह राज्य की पूर्णतया निर्वाचित सरकार को बदनाम करने और उनके सम्मान को कम करने के षड्यंत्र का भी एक अंग है । उन्होंने दोहराया कि ऐसे कोई निर्देश जारी नहीं किये गये और न ही सी.आई.डी. और राज्य सरकार के अन्य विभागों सहित पुलिस को टैलिग्राफ कानून के अंतर्गत कोई शक्ति प्राप्त है ।

इस समाचार में श्री खुर्शीद अहमद, श्री के.आर. पूनिया और रण सिह मान सहित कई मंत्रियों के नामों सहित सत्तारूढ़ दल के कुछ सदस्यों के नाम दिये गये थे, जिनके टैलिफोन टैप किये जा रहे हैं । श्री मलिक ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों की बात ही क्या, किसी अन्य के भी मामले में न तो कोई टैपिंग की जा

भूकम्प पीड़ितों में
दहशत का माहौल

पटना, 27 अगस्त : युद्ध स्तर पर राहत के सरकारी दावों पर जवाबी दावों और भविष्य में भी भूकम्प आने की निरन्तर अफवाहों के बीच बिहार के

Punjab Sahaj Sahaj

सी.आर.पी. के इंस्पैक्टर, 2 प्रवासी मज़दूरों समेत 7 की हत्या, 3 आतंकवादी मरे

अजनाला बमकांड का एक घायल दम तोड़ गया

चंडीगढ़, 28 अगस्त (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 7 व्यक्तियों की संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हत्या की गई, जबकि 3 आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । उग्रवादियों के हाथों मारे गए लोगों में सी.आर.पी. का एक इंस्पैक्टर तथा 2 प्रवासी मज़दूर शामिल हैं । अजनाला बम कांड का एक घायल दम तोड़ गया ।

इंस्पैक्टर, 3 आतंकवादी मरे

अमृतसर (वार्ता, हस): सुरक्षा बलों और आतंकवादी गुटों के बीच कल रात पट्टी थानांतर्गत चानचक गांव में हुई मुठभेड़ में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक इंस्पैक्टर और तीन आतंकवादी मारे गये । केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) के नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह मुठभेड़ उस वक्त हुई, जब सी.आर.पी.एफ. का एक गश्ती दल गोलियों की आवाज़ सुन कर गांव के लिये रवाना हुआ तथा वहां भूतपूर्व सरपंच तेजा सिंह के मकान में तीन आतंकवादियों को छुपा पाया ।

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों से हथियार डालने को कहा, लेकिन जवाब में एक आतंकवादी ने इंस्पैक्टर राम अवतार पर गोली चला दी । राम अवतार बच गए क्योंकि उन्होंने बुलेट प्रूफ़ जाकेट पहन रखी थी,लेकिन तब तक एक दूसरे आतंकवादी ने गोली चला दी जिससे राम अवतार की मृत्यु हो गई । गोली राम अवतार की गर्दन और पीठ पर लगी । सुरक्षा बलों की जवाबी गोलियों से तीनों आतंकवादी मारे गये । इनमें से एक भूतपूर्व सरपंच का संबंधी देशा सिंह है । सुरक्षा बलों ने एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक दोनाली बंदूक,एक पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए ।

घायल चल बसा

अजनाला शहर के मुख्य बाज़ार में कल के बम विस्फोट में घायल एक व्यक्ति ने आज तड़के अस्पताल में दम तोड़ दिया । इसके साथ मरने वालों की संख्या दो हो गई । मृतक शत्रुघ्न लाल एक सरकारी उच्च विद्यालय का कर्मचारी था ।

2 की हत्या

थाना पट्टी के अंतर्गत गांव सभरावां खुर्द में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति गुरमेज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला में थाना खडाली के एक गांव में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़धार हथियारों से केहर सिंह की हत्या कर दी ।

नकदी, ज़ेवर लूटे

अमृतसर की एक अन्य सूचना में कहा गया है कि थाना खालड़ा के गांव मदार मथुरा भागी में कुछ अज्ञात लोग एक व्यक्ति करम सिंह के घर से 10 हज़ार रुपए मूल्य की नकदी व ज़ेवर लूट कर फरार हो गए ।

गला घोंट कर हत्या

संगरूर (वार्ता): संगरूर जिला मैंढिड़बा थाना के अंतर्गत गांव काहनगढ़ में एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी गई । मृतक का नाम काका सिंह बताया जाता है ।

3 की हत्या

फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): कल रात थाना फगवाड़ा के गांव जगतपुर जट्टां में तीन व्यक्तियों की तेज़ धार हथियारों से हत्या कर दी गई । मृतकों में एक पंचायत सदस्य तथा दो प्रवासी मज़दूर बताये जाते हैं । एक सूचना में हत्याओं का कारण निजी शत्रुता बताया गया है । मृतकों के नाम सोहन सिंह, हरि राम और राजेंद्र प्रसाद बताये गये हैं । इनकी हत्या उस समय की गई,जब वे सो रहे थे । उनके

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पाकिस्तान हर वर्ष दो परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम तैयार कर सकता है

वाशिंगटन, 28 अगस्त (वार्ता): अमरीकी सीनेट की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कहूटा परमाणु संयंत्र में शीघ्र हर वर्ष एक-दो परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम का संवर्द्धन किया जा सकता है । दक्षिण एशिया के मामलों के विशेषज्ञ पीटर गालब्रेथ द्वारा सीनेट की विदेश-संबंध समिति के लिए तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहूटा संयंत्र की यूरेनियम संवर्द्धन की मौजूदा क्षमता के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है ।

रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम गतिशील है, क्योंकि वह इस मामले में भारत से बहुत पीछे है । भारत ने परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी सफलता हासिल कर ली है । इसलिए उसका परमाणु कार्यक्रम अब स्थिर है । पाकिस्तान परमाणु कार्यक्रम को अब इतना महत्व दे रहा है कि इसकी वजह से अमरीकी निर्यात कानूनों और परमाणु अप्रसार वायदों का उल्लंघन हुआ है ।

रिपोर्ट के अनुसार अमरीका के भारत तथा पाकिस्तान के साथ समान संबंध नहीं होने के कारण उसके लिए समान क्षेत्रीय परमाणु अप्रसार दृष्टिकोण अपनाने में कठिनाई हो रही है । रिपोर्ट में कहा गया है कि अमरीका से पाकिस्तान को दी जाने वाली वार्षिक सहायता साठ करोड़ डालर से भी ज्यादा है, जबकि भारत को चालू वित्त वर्ष में मात्र 10.4 करोड़ डालर की अमरीकी सहायता मंजूर की गई है । रिपोर्ट के अनुसार अमरीकी परमाणु अप्रसार नीति के सामने एक बड़ी बाधा यह भी है कि क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में भारत तथा पाकिस्तान के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं ।

भारत को पाकिस्तान अपने लिए मुख्य चुनौती मानता है और वह ऐसे किसी भी परमाणु अप्रसार कार्यक्रम को स्वीकार नहीं करेगा जिसके तहत उसे भारत के समक्ष नहीं माना गया हो, जबकि भारत के परमाणु विकल्प मुख्यतः चीन के लिए हैं, न कि पाकिस्तान के लिए ।

अमरीका ने पहली बार भारत की इस नीति की सराहना की है कि चीन के परमाणु हथियार संयंत्र बेहतर होने की वजह से भारत द: एशिया के लिए सीमित किसी भी परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं करेगा । अमरीकी सीनेट की रिपोर्ट के अनुसार अगर कोई ऐसा समझौता हो जिसमें तिब्बत के अलावा चीन के अन्य हिस्सों तथा हिंद महासागर के कुछ हिस्सों में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान हो तो भारत उसमें दिलचस्पी ले सकता है । रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण एशिया को परमाणु हथियार-मुक्त क्षेत्र बनाने का व्यापक प्रस्ताव पाकिस्तान को स्वीकार कर लेना चाहिए जो मात्र इस उपमहाद्वीप को परमाणु हथियारों से मुक्त क्षेत्र बनाने का घोषित रूप से समर्थक है ।

अमरीकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत जैसे विकासशील देशों की सैनिक शक्ति अगले एक या दो दशकों में अपने क्षेत्रों में काफी बड़ी बन जाएगी लेकिन फिर भी महाशक्तियों की तुलना में यह काफी कम होगी । रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, दक्षिण कोरिया, ताइवान, तुर्की, ब्राजील और मिस्र जैसी उभरती क्षेत्रीय शक्तियों को शस्त्र भंडार महाशक्तियों की तुलना में हालांकि काफी कम होंगे लेकिन क्षेत्र के अन्य देशों की तुलना में ये काफी अधिक होंगे । इससे शताब्दी के अंत या इक्कीसवीं सदी के शुरू तक इन देशों के पास अत्याधुनिक हथियारों का बहुत बड़ा भंडार होगा । ये विकासशील देश भारी संख्या में हथियारों का निर्यात भी करेंगे ।

पाक के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त

मैड्रिड, 28 अगस्त (रायटर): बेनज़ीर भुट्टो ने स्पेन की एक मैगज़ीन को दी गई एक भेंट वार्ता में कहा है कि जनरल जिया की मृत्यु से पाकिस्तान के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो गया है ।

Punjab Sanatan

फगवाड़ा के पास जगतपुर जट्टा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तेज धार के हथियारों से मारे गये (1) सोहन सिंह, (2) राम प्रसाद और हरि राम के शव, (3) मृतक सोहन सिंह के शोकाकुल परिवार के सदस्य तथा ग्रामीण । (छाया : राकेश)

राजपुरा में गत दिवस (बाएं) एक शक्तिशाली बम पड़ा मिला, जिसे पुलिस ने सुरक्षापूर्वक रेत के बोरों से ढंक दिया । (दाएं) पुलिस अधिकारी और विशेषज्ञ घटनास्थल पर निरीक्षण करते हुए । (छाया : विमल स्टू., मासूम)

Punjab.org

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

शव पोस्टमार्टम के लिये फगवाड़ा सिविल अस्पताल पहुंचाए गये ।

धमकी-भरा पत्र

धूरी (सिंगला): बार एसोसिएशन धूरी के प्रधान जे.आर. जिंदल को उग्रवादियों की ओर से धमकी-भरा पत्र मिला है जिसमें लिखा है कि धूरी कचहरी में 29 अगस्त से 5 सितम्बर के बीच बम धमाका किया जाएगा, क्योंकि वकील खालिस्तान का विरोध कर रहे हैं ।

स्कूटर छीना

कल दो संदिग्ध व्यक्तियों ने मालेरकोटला के नरेश कुमार जैन से उसका स्कूटर पी.एल.पी. 5762 छीन लिया । इसी बीच कल रात धूरी बस अड्डा के निकट शराब की दुकान की पिछली दीवार तोड़ कर कुछ लोग 7,000 रुपए मूल्य की शराब चुरा कर ले गए ।

ट्रैक्टर सवारों पर फ़ायरिंग

भटिंडा (वार्ता): गत रात भटिंडा जिला में फूल में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने दो ट्रैक्टर सवारों पर फायरिंग की, जिससे उनमें एक घायल हो गया । उग्रवादी दूसरे व्यक्ति को रस्सी से बांध कर ट्रैक्टर लेकर चम्पत हो गए ।

Punjabi Sanatani

निरंकारी सहित पंजाब में 7 लोगों की हत्या : एक व्यक्ति का अपहरण

3 दर्जन से ज्यादा आतंकवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार

कुख्यात आतंकवादी पिपल सिंह छापे के दौरान भाग निकला

चंडीगढ़, 29 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से अब तक विभिन्न घटनाओं में एक निरंकारी नेता सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 3 दर्जन से अधिक आतंकवादी और उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । कुख्यात आतंकवादी पिपल सिंह एक छापे के दौरान पुलिस के शिकंजे से बच निकला । फगवाड़ा के निकट एक मारुति कार छीन ली गई । कैरों बस अड्डे पर आतंकवादी एक व्यक्ति का अपहरण करके ले गए । पठानकोट में एक धर्म स्थान में एक प्रतिमा को नष्ट कर दिया गया ।

निरंकारी की हत्या

मोहाली (नवाँदा): आज प्रातः लगभग साढ़े 7 बजे आतंकवादियों ने जिला रोपड़ के गांव हरनौला में 38 वर्षीय पिशौरा सिंह निरंकारी की गोली मारकर हत्या कर दी । श्री पिशौरा सिंह बस की प्रतीक्षा में बस स्टैंड पर खड़े थे कि दो स्कूटर सवार आतंकवादी वहां आए और आते ही उन पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे घटनास्थल पर ही श्री पिशौरा सिंह की मौत हो गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी काफी समय से मृतक के पीछे पड़े हुए थे । गत वर्ष भी उन पर गोली चलाकर उन्हें घायल कर दिया गया था । सूत्रों ने बताया कि हमलावरों की आयु 22-24 वर्ष के मध्य थी । हत्या के बाद आतंकवादी उसी स्कूटर पर फरार हो गए । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी तथा वाहनों की कड़ी छानबीन शुरू कर दी । जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका देखा ।

बब्बर खालसा का सदस्य गिरफ्तार

गुरदासपुर (वार्ता): पुलिस ने गत रात बब्बर खालसा के एक सदस्य को, जोकि पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के लाइनमैन के रूप में नियुक्त है, गिरफ्तार किया तथा उससे एक .22 बोर की पिस्तौल व 15 गोलियां बरामद कीं । जिला पुलिस चीफ श्री पी.एस. दास ने बताया कि अभियुक्त का नाम जसपाल सिंह है । वह थाना दीनानगर क्षेत्र में बहरामपुर में तैनात था ।

चेन छीन ली

बटाला में एक स्त्री से सोने की चेन छीन ली गई । घटना के समय वह घर में अकेली थी ।

अमृतसर (वि.प्र.): आज सुबह अमृतसर जिला के तरनतारन उपमंडल में कैरों बस अड्डे पर कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति पुरुषोत्तम दास का अपहरण कर लिया । पुलिस ने कहा कि अपहृत व्यक्ति पट्टी से अमृतसर आ रही पंजाब रोडवेज की बस में सफर कर रहा था । जब वह कैरों बस अड्डे पर उतरा तो 3-4 व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका अपहरण कर लिया । 25 अगस्त के बाद उसी क्षेत्र में अपहरण की यह दूसरी घटना है । इससे पहले बोपाराय रेलवे स्टेशन पर एक पैसेंजर गाड़ी में से तीन सुरक्षा कर्मियों का अपहरण कर लिया गया था । कांस्टेबल विशम्भर दास का शव बाद में बरामद हो गया था जबकि दो अन्य सुरक्षाकर्मी बचकर आ गए थे ।

पिपल सिंह बच निकला

तरनतारन पुलिस जिला में आतंकवादियों के ठिकानों पर मारे गए छापों के बाद 4 आतंकवादी फरार हो गए जिनमें तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का सरगना पिपल सिंह भी शामिल है ।

10 गिरफ्तार

थाना बैरोवाल के गांव ढंडा से 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें पिपल सिंह द्वितीय, पाल सिंह, लक्खा सिंह, हरबंस सिंह तथा संता सिंह शामिल हैं । पुलिस ने गांव वडिंग में एक अड्डे से 5 अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जिनमें अजीत सिंह, बचित्तर सिंह, मेवा सिंह, शबिन्द्र सिंह तथा कश्मीर सिंह शामिल हैं । दो अन्य आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए । एक सूचना में कहा गया है कि उक्त 10 व्यक्तियों को राष्ट्रविरोधी नारे लगाने पर गिरफ्तार किया गया ।

एक अन्य घटना में लोपोके में एक घर में घुसकर कुछ आतंकवादी एक दुनाली बंदूक ले गए ।

मारुति कार छीन ली

फगवाड़ा (खोसला): आज प्रातः 8½ बजे के करीब एक व्यक्ति गुलाब सिंह अपनी पत्नी के साथ अपनी सफेद रंग की मारुति कार नम्बर पी.ए.सी. 151 में सवार होकर अपने गांव करयाम से होशियारपुर जा रहा था । जब वह गांव रावलपिंडी के निकट पहुंचे तो देखा कि नीले रंग की एक मारुति वैन उनका पीछा कर रही है । गांव मोहाता के निकट तीन सशस्त्र युवक उस वैन से उतरे और उन्हें कहा कि कार उनके हवाले कर दी जाए । वे सभी चीनी असाल्ट राइफलों और मशीनगनों से लैस थे । इस पर पति-पत्नी कार से उतर गए तथा कार उनके हवाले कर दी । जाते हुए वे अपनी नीले रंग की वैन भी ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया

स्कूटर छीन लिया

पुलिस ने बताया कि आज बाद दोपहर थाना सदर में अंतर्गत कुकड़ पिंड में डाक्टर आर. के. अग्रवाल से उनका स्कूटर छीन लिया गया ।

फगवाड़ा (राकेश) : आज सुबह यहां से 5 कि.मी. दूर गांव उच्चापिंड के पास आतंकवादियों ने एक स्कूटर छीन लिया ।

बताया जाता है कि आज सुबह एक व्यक्ति मदन लाल सुपुत्र दर्शन लाल जो कि एक अध्यापक है, जब वह अपने स्कूटर पर गांव बिर्क से दादवाल को जा रहा था तो गांव उच्चापिंड के पास 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नम्बर पी.ए.के.-8262 छीन लिया व फरार हो गए ।

गत दिवस यहां के निकटवर्ती गांव पंडवा के पास एक व्यक्ति जोगिन्द्र से बजाज चेतक स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीना गया था । स्थानीय पुलिस को गांव खेड़ा के गन्ने के खेतों में लावारिस पड़ा मिल गया है ।

फगवाड़ा (अशोक) : एकीकृत अकाली दल नेता व प्रोफैसर दर्शन सिंह के निकटतम सहयोगी जत्थेदार अजायब सिंह संघा को आज पुनः फगवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों ने इस गिरफ्तारी का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं किया है ।

उग्रवादी हाथ न आए

जालंधर जिला के नवांशहर क्षेत्र में 2 आतंकवादी पीछा कर रही पुलिस पार्टी को चकमा देकर फरार हो गए । पुलिस को इन आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिस पर क्षेत्र की नाकाबंदी की गई थी लेकिन वे हाथ न आए ।

करतारपुर (साहनी): यहां से 12 किलो मीटर दूर गांव जंडे सराए के सरपंच सरदार इंद्र सिंह को खालिस्तान कमांडो फोरस के लैटर पैड पर लिखा हुआ एक पत्र प्राप्त हुआ है । इस पत्र में धमकी दी गई है कि आप जो गांव में जंजघर बनवा रहे हो, इसको बनवाना बंद करवा दो । क्योंकि हम तो बारातों का काम बंद करवा रहे हैं तथा आप लोग इसको शुरू करवा रहे हो । इस पत्र से आपको पहली तथा आखिरी चेतावनी दी जाती है, इसके बाद सोध दिया जाएगा । पत्र के नीचे जनरल हरि सिंह खालसा तथा सुखदेव सिंह झामका का नाम लिखा हुआ है । दूसरी ओर गांव के सरपंच सरदार इंद्र सिंह तथा पंचायत के बाकी सदस्यों ने अपने एक लिखित प्रैस नोट में बताया है कि गांव में न तो कोई जंजघर बनाया जा रहा है तथा न ही आगे हमारी ओर से बनाने की सम्भावना है ।

पुलिस अधिकारियों की बैठक

लुधियाना (मुसाफिर): आई.जी. पी.ए.पी. श्री सी. पाल सिंह ने आज यहां एस.एस.पी. तथा अर्ध सैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 3 घंटे बैठक की, जिसमें जिला लुधियाना में कानून-व्यवस्था की हालत का जायजा लिया गया । पता चला है कि बैठक में सैक्टर योजना को मजबूत बनाने और गश्त तेज करने पर जोर दिया गया । उल्लेख्य है कि राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबेरो ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में आगामी सवा या डेढ़ वर्ष में किसी भी तरह के चुनाव होने की संभावना नहीं

पंजाब ने दिल्ली, चंडी

जाने वाले दूध का

चंडीगढ़, 29 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने केंद्र से मांग की है कि मिल्कफैड की ओर से दिल्ली और चंडीगढ़ को सप्लाई किए जाने वाले दूध का लाभप्रद भाव दिया जाए, जिस मूल्य पर अब मिल्कफैड से दूध खरीदा जा रहा है, उससे पंजाब को कई करोड़ रुपए का वार्षिक घाटा सहन करना पड़ रहा है ।

अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. मनोहर सिंह ने हाल ही में नैशनल डेयरी डिवैलपमैंट बोर्ड के अध्यक्ष डा. बी. कोरियन को लिखे पत्र में प्रार्थना की है कि जिस प्रकार बम्बई, कलकत्ता और मद्रास जैसे बड़े नगरों को सप्लाई किए जा रहे दूध पर सबसिडी दी जा रही है, ठीक उसी पद्धति पर केंद्रीय क्षेत्र चंडीगढ़, जिसकी देखभाल करना केंद्र सरकार का कार्य है, में भी सबसिडी वाले मदर डेयरी वितरण प्रणाली खोली जाए या फिर मिल्कफैड को नकद सबसिडी दी

जिया के विमान में तोड़फोड़ पिंडी में हुई ?

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (वार्ता): जनरल जिया के विमान की दुर्घटना की जांच कर रहा पाकिस्तानी तथा अमरीकी जांच दल इस बात की भी पड़ताल कर रहा है कि बहावलपुर से उड़ान भरने से पूर्व ही क्या इस विमान में रावलपिंडी में तोड़फोड़ कर दी गई थी ।

दैनिक 'जंग' ने मुखपृष्ठ पर दिए समाचार में कहा है कि जांच दल इस बात का पता लगा रहा है कि क्या विमान 'बेकार' कर दिया गया था जिसकी वजह से यह संतुलन खो बैठा तथा दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जांच दल को दुर्घटनास्थल से एलीवेटर के कुछ टुकड़े भी मिले हैं ।

मिजाइल लगी

पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा राष्ट्रपति जिया उल हक के विमान की दुर्घटना की 'प्रारम्भिक' जांच का निष्कर्ष है कि जमीन से छोड़े गए प्रक्षेपास्त्र से ही यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ ।

पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने वाशिंगटन पोस्ट को यह जानकारी दी । सत्रह अगस्त को हुई इस दुर्घटना में राष्ट्रपति जिया पाकिस्तान स्थित अमरीकी राजदूत अर्नाल्ड राफेल और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे ।

अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना की जांच में मदद कर रहे अमरीकी दल ने स्वतंत्र रूप से पाक

Punjabi Tribune

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गत दिवस कहा था कि लुधियाना और जगराओं सब-डिवीजन में उग्रवादियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं ।

हथियारों पर पाबंदी

इसी बीच ज़िलाधीश ने लुधियाना ज़िला में सार्वजनिक रूप से हथियार लेकर चलने पर पाबंदी 2 मास बढ़ा दी है ।

6 की हत्या

फिरोज़पुर (बागी): गत रात थाना मल्लांवाला के गांव बाघेवाला में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 5 आतंकवादियों ने 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । यह रहस्योद्घाटन करते हुए एस.पी. आप्रेशन एच.बी. चांद ने आज कहा कि मृतकों के नाम सुच्चा सिंह, बलबीर सिंह (दोनों सगे भाई), मेजर सिंह पुत्र बलबीर सिंह, भजन सिंह व रेशम सिंह (सभी बाघेवाला निवासी) तथा सुखजिंदर सिंह गांव रुकने शाहवाला हैं । यह सभी लोग रेशम सिंह के घर में सोये हुए थे । रात लगभग 11 बजे आतंकवादियों ने उन्हें बाहर बुलाया तथा बंदूक की नोक पर गांव से बाहर ले गए जहां सभी की हत्या कर दी गई ।

गत रात ज़िला फिरोज़पुर के गांव बरयामवाला के निकट ममदोट रोड पर एक मुठभेड़ के बाद 'सैफरन टाइगर फोर्स' के 5 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । ज़िला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कौशिक ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादियों से 3 दुनाली बंदूकें, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला । इन आतंकवादियों के नाम बलविंदर सिंह, शमशेर सिंह, हरजिंदर सिंह, काबुल सिंह और जगीर सिंह बताए गए हैं ।

10 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा (आ.): आज यहां फरीदकोट के ज़िला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने गत रात गश्त और नाकाबंदियों के दौरान अलग-थलग स्थानों पर छापे मार कर 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम दर्शन सिंह, रणधीर, हरपाल सिंह, बलविंदर सिंह, अजायब सिंह, चमकौर सिंह, निर्मल सिंह, बलवंत सिंह, जीत सिंह तथा भूपिंदर पाल बताए जाते हैं । इनके कब्जे से एक 315 बोर की राइफल, 3 बारह बोर की दुनाली बंदूकें, एक 12 बोर का पिस्तौल, 26 कारतूस, 4 स्कूटर तथा एक मोपेड मिला ।

इसी बीच पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम भरपूर सिंह, चमकौर सिंह, जसविंदर सिंह, मनजीत सिंह, गुरसेवक सिंह तथा भजन सिंह बताए जाते हैं । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि इन आतंकवादियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी से जिला खालिस्तान कमांडो फोर्स का सफाया हो गया है । यह आतंकवादी हत्या और लूट की वारदातों में वांछित थे ।

आत्म समर्पण

श्री शर्मा ने बताया कि पंचायतों के कुछ संदिग्ध व्यक्तियों का पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कराया है । इनमें निर्मल सिंह बलबीर सिंह तथा जीत सिंह शामिल हैं ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार

मालेरकोटला पुलिस ने दो आतंकवादियों करनैल सिंह निवासी झंल और सुभाष कुमार निवासी लासोई को उस समय गिरफ्तार किया जब वे ठेके लूटने तथा हिन्दुओं की हत्याओं की योजना बना रहे थे ।

6 गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): संगरूर पुलिस ने गश्त के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स और बब्बर खालसा के साथ सम्बन्धित 6 आतंकवादियों तथा उनको आश्रय देने वालों को गिरफ्तार किया । इनमें करनैल सिंह उर्फ काला गांव बड़बड़, शमशेर सिंह गांव संघेड़ा, सुरजीत सिंह गांव शहनां, बिल्लू गांव चैनीवाल खुर्द, सर्वजीत सिंह उर्फ सरवा शामिल हैं । एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ ने बरनाला-चीमा सड़क पर उक्त अभियुक्तों को किसी वारदात की योजना बनाते हुए दबोच लिया । उनके कब्जे से एक देसी बंदूक, कुछ कारतूस मिले । उन्होंने यह भी बताया कि धूरी पुलिस ने के.एल.एफ. के एक खतरनाक आतंकवादी योगराज सिंह उर्फ जग्गा को गिरफ्तार किया । वह रायकोट ज़िला लुधियाना का निवासी है । उसके कब्जे से 30 बोर स्प्रिंग फील्ड राइफल, 2 मैगजीन चार्जर और बहुत से कारतूस बरामद हुए । पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने 8 मार्च को धूरी में घात लगा कर सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी पर हमला किया था, जिसमें फोर्स का एक जवान मारा गया था और दो गम्भीर रूप से घायल हुए थे । उसकी गिरफ्तारी से इस गोलीकांड का सुराग मिल गया है ।

Punjab Kesari

जिला फिरोजपुर में थाना मल्लांवाला के गांव उस्मानवाला में गत रात आतंकवादियों द्वारा मारे गये (1) बलबीर सिंह चट्ठू, (2) उसका भाई सुच्चा सिंह चट्ठू, (3) तथा बेटा मेजर सिंह चट्ठू और (4) भजन सिंह । गांव बग्गेवाला में मारा गया, (5) सुरिन्दर सिंह उर्फ पहलवान और (6) रेशम सिंह उर्फ मुंशी । (छाया : कन्तोड़)

Punjabi Sanatani

व्यक्तियों को पकड़ा गया था । जिसमें से 326 अभी हिरासत में हैं तथा उन पर मुकद्दमा चल रहा है ।

दिल्ली में विस्फोट

राजधानी में पिछले पांच महीने में दो बड़े विस्फोट, एक पत्र बम तथा तीन छोटे विस्फोट हुए ।

उन्होंने बताया कि गत 20 जून को हुए बम विस्फोट के सम्बन्ध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है । इस विस्फोट से तीन व्यक्ति मरे और 46 व्यक्ति घायल हुए ।

जासूसी

श्री चिदम्बरम ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने गत वर्ष दस सितम्बर को जासूसी से सम्बन्धित एक मामला दर्ज किया था । इस मामले में तीन व्यक्तियों को पाकिस्तानी दूतावास के कर्मचारियों को गोपनीय सूचना देने के लिए गिरफ्तार किया गया था ।

करंट

विद्युत राज्यमंत्री कल्पनाथ राय ने बताया कि पिछले एक वर्ष में दिल्ली में बिजली का करंट लगने से बीस व्यक्तियों की मृत्यु हुई ।

पैंशन

गृह राज्यमंत्री संतोष मोहन देव ने बताया कि गोवा मुक्ति आंदोलन में भाग लेने वालों में 3257 व्यक्तियों ने राजनीतिक पैंशन के लिए आवेदन किया था । इनमें से अब तक 710 व्यक्तियों को पेंशन मंजूर की गई है ।

स्वतंत्रता सेनानी

श्री देव ने बताया कि सरकार ने 97 प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी ओर से पैंशन देने की घोषणा की थी । इनमें से 61 मामलों में पैंशन स्वीकृत की गई थी । 19 व्यक्तियों को पहले से ही पैंशन मिल रही थी । दस प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानियों ने पैंशन लेने से इंकार कर दिया है । तीन स्वतंत्रता सेनानियों की मृत्यु हो गई है । एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ुनाव भारतीय देखरेख में होंगे

बताया कि ये कब्रें नेथीकईकुलम के जंगलों में कल मिलीं । इन जंगलों में भारतीय सैनिक तमिल छापामारों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं । भारत ने 15 अगस्त को 'चैकमेट फेज थ्री' नाम से एक ताजा अभियान शुरू किया था ताकि लिट्टे छापामारों पर काबू पाया जा सके और श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांत में चुनाव कराए जा सकें ।

श्रीलंका की संवाद समिति लंकापुवथ ने बताया कि इस बीच सरकार विरोधी सिंहली छापामारों ने कल एक पुलिस कर्मी सहित सात व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा तीन अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

जिला फिरोजपुर में थाना मल्लांवाला के गांव उस्मानवाला में गत रात आतंकवादियों द्वारा मारे गये (1) बलबीर सिंह चट्ठू, (2) उसका भाई सुच्चा सिंह चट्ठू, (3) तथा बेटा मेजर सिंह चट्ठू और (4) भजन सिंह । गांव बग्गेवाला में मारा गया, (5) सुरिन्दर सिंह उर्फ पहलवान और (6) रेशम सिंह उर्फ मुंशी । (छाया : कन्तोड़)

अमृतसर के गांव शाहपुर में सोमवार की रात्रि को उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गये (1) बख्शीश सिंह का शव (इन्सैट मृतक का पुराना चित्र), (2) मृतक की पत्नी और अन्य सम्बन्धी-महिलाएं । (छाया : अशोक)

Punjab Sanatani



गांव उस्मानवाला में गत रात आतंकवादियों द्वारा मारे
भाई सुच्चा सिंह चट्ठू, (3) तथा बेटा मेजर सिंह
ाला में मारा गया, (5) सुरिन्दर सिंह उर्फ पहलवान
(छाया : कन्तोड़)

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 6 व्यक्तियों की हत्या, कांस्टेबल घायल

शाम चौरासी के निकट युवक की लाश बरामद, फिरोजपुर में 3 उग्रवादी बंदी

बैंक कैशियर को घायल करके 50 हजार रुपए लूटे

चंडीगढ़, 30 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, एक बैंक लूट लिया गया, जबकि एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई । एक बैंक कैशियर व एक कांस्टेबल गोलियां लगने से घायल हो गए ।

5 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): कल रात आतंकवादियों ने गांव तेरा कलां में पांच लोगों की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि तेरा कलां में मारे गए लोग चमड़े का कारोबार करने वाले तीन परिवारों से सम्बन्ध रखते थे । इनमें पिता, उसके दो पुत्र तथा दो भाई शामिल हैं । इनके नाम जगीर मसीह, उसके लड़के जार्ज मसीह व शौकत मसीह तथा उसके भाई बिट्टा मसीह व मंगल मसीह हैं । भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स ने इस हत्या कांड की जिम्मेदारी ली है तथा उक्त परिवार पर समाज विरोधी कृत्यों का आरोप लगाया है ।

पुलिस कांस्टेबल घायल

तीन आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक पुलिस कांस्टेबल पाल सिंह को उसके घर से बाहर ले जाकर घायल कर दिया । कांस्टेबल, जो कि एस.डी.एम. जीरा जिला फिरोजपुर की अदालत में नायब कोर्ट के तौर पर तैनात है, छुट्टी पर आया हुआ था ।

हॉकर घायल

गत सायं अमृतसर के शेरांवाला गेट क्षेत्र में एक हॉकर रामसिन्हा एक सुरक्षा कर्मी की अचानक चली गोली से घायल हो गया । पुलिस ने कहा कि सुरक्षा कर्मी फिरोज़पुर से आई बस से उतरा था कि उसके हथियार से अचानक गोली चल गई । हॉकर को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर है ।

किसान की हत्या

गत रात थाना ब्यास के गांव शाहपुर में आतंकवादियों ने एक किसान बख्शीश सिंह की हत्या कर दी ।

आश्रयदाता गिरफ्तार

अजनाला पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों बलजीत सिंह तथा बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

फिरोज़पुर (ह.स.): फिरोज़पुर शहर पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों बलजीत सिंह, सुखदेव लाल तथा जसबीर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो 12 बोर की बंदूकें बरामद कीं ।

लाश मिली

आज प्रातः जिला होशियारपुर के थाना हरयाना के गांव शाम चौरासी के निकट एक युवक की लाश मिली । इसकी पहचान नहीं हो सकी ।

बैंक लूट लिया

जालन्धर (ह.स.): आज बाद दोपहर जिला जालन्धर के थाना नवांशहर के गांव गरचा में तीन आतंकवादियों ने पंजाब एंड सिंध बैंक के कैशियर मनबीर सिंह को घायल करके 50,000 रुपए, बैंक के गनमैन की दुनाली बंदूक व दो कारतूस छीन लिए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने बैंक के बाहर से गोलियां चलाईं क्योंकि दरवाजे बंद थे । एक गोली कैशियर को लगी । इसके बाद आतंकवादियों ने धमकी दी कि यदि दरवाज़े न खोले गए तो वे बैंक को उड़ा देंगे । भयभीत होकर कर्मचारियों ने दरवाजा खोल दिया । तब आतंकवादी बैंक में घुसे तथा रकम लेकर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया तथा जांच शुरू कर दी ।

कैशियर मनबीर सिंह की हालत गम्भीर होने के कारण उसे सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया ।

कार न रुकने पर फ़ायरिंग

आज जालन्धर जिले के थाना गोराया के गांव रुड़का के निकट एक कार जब रुकने का संकेत मिलने पर न रुकी तो पुलिस की नाका पार्टी ने गोली चला दी, तथापि कार थोड़ी दूरी पर जाकर रुक गई । पुलिस ने तत्काल कार को घेर लिया लेकिन कार में गांव रुड़का के सरपंच श्री कुलवन्त सिंह थे । उल्लेखनीय है कि सरपंच को गनमैन दिए गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सैयद मोदी हत्या काण्ड में नया मोड़ : संजय सिंह की पत्नी से पूछताछ

लखनऊ, 30 अगस्त (वार्ता): जनमोर्चा विधायक डा. संजय सिंह से सैयद मोदी हत्याकांड के सिलसिले में आज तीसरे दिन भी पूछताछ की गई । डा. सिंह आज सुबह 11 बजे अपने वकील के साथ सी.बी.आई. के स्थानीय कार्यालय गए । सी.बी.आई. सूत्रों ने बताया कि आज डा. सिंह से लगभग चार घंटे पूछताछ की जाएगी । इससे पहले 25 अगस्त और 28 अगस्त को भी उनसे पूछताछ की गई थी । डा. सिंह को अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 160 के तहत पूछताछ के लिए नोटिस दिया गया था ।

जनमोर्चा नेता एवं भूतपूर्व रक्षा मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा है कि सैयद मोदी एक राष्ट्रीय खिलाड़ी थे और उनके असली हत्यारे का शीघ्र पता लगाया जाना चाहिए ।

उ. प्र. के भूतपूर्व मंत्री श्री संजय सिंह के इस मामले से सम्बद्ध होने के संबंध में उन्होंने कहा कि मैंने इस संबंध में पहले भी कोई टिप्पणी नहीं की है और करना भी नहीं चाहूंगा ।

न्यायिक मैजिस्ट्रेट गौर चन्द ने आज यहां सैयद मोदी हत्या कांड के सिलसिले में गिरफ्तार जनमोर्चा कार्यकर्त्ता अखिलेश सिंह और उनके ड्राइवर जितेन्द्र सिंह उर्फ टिक्कू की जमानत की अर्जी नामंजूर कर दी ।

श्री गौर चन्द ने कल जमानत की अर्जी पर बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था । फैसला सुनाते हुए न्यायिक मैजिस्टेट ने कहा कि जमानत के लिए जो तर्क पेश किए गए वे न्यायोचित नहीं प्रतीत होते, इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा करना न्याय के हित में उचित नहीं होगा । ये दोनों न्यायिक हिरासत में बंदी हैं ।

श्री गौर चन्द ने कहा कि केस डायरी से स्पष्ट है कि ये दोनों हत्या के दिन उस कार के साथ शहर में मौजूद थे जिसके बारे में बताया जाता है कि वह कार हत्या के लिए इस्तेमाल की गई । हत्या के बाद से ये दोनों फरार भी हो गए थे । ये परिस्थितियां जमानत की अर्जी को नामंजूर करने के लिए काफी हैं ।

मोदी हत्याकांड के सम्बन्ध में गिरफ्तार एक

अकालियों की अंतर्कलह को लेकर एस.जी.पी.सी. बारे केंद्र उलझन में

नई दिल्ली, 30 अगस्त (जी.एस. चावला): परन्तु केन्द्र सरकार का भिंडरांवाला के परिवार से

Punjab Sanath

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

थे क्योंकि वह आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था । 6 महीने पहले उनपर घातक हमला किया गया था, जिसमें वह और उनका एक साथी शिगारा सिंह घायल हो गए थे,जबकि उनके गनमैन की इस हमले में मृत्यु हो गई थी ।

भिड़ंत टली

'वार्ता' के अनुसार सरपंच कुलवन्त सिंह मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी का नेता है । मार्क्सवादी पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि सादा कपड़ों में पुलिस वाले कुलवन्त सिंह की कार का पीछा कर रहे थे । कार चालक ने यह संदेह होने पर कि वे पुलिस वाले नहीं,आतंकवादी हैं, कार तेज़ कर दी जबकि पुलिस का कहना है कि उन्होंने कार का पीछा इस संदेह में किया कि इसमें आतंकवादी सवार हैं । फ़ायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ । दोनों ओर से एक-एक गोली चली । उनमें टकराव उस समय टल गया,जब दोनों पक्षों ने अपना-अपना परिचय दे दिया । पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि सशस्त्र पुलिस के बिना वर्दी घूमने का कोई मतलब नहीं है ।

ट्रक लूट लिया

बाघापुराना (ज्ञान): गत रात तीन लुटेरों ने निकटवर्ती गांव गिल्लां के पुल पर घी के कनस्तरों से लदे एक ट्रक को लूट लिया । ट्रक में 600 कनस्तर लदे हुए थे । इनकी कीमत पौने दो लाख रुपए बताई जाती है । बाद में यह ट्रक मक्खू के निकट मिल गया,लेकिन घी के कनस्तर गायब थे । यह ट्रक लुधियाना से अबोहर जा रहा था । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

इंदिरा हत्याकांड : केहर सिंह द्वारा पुनर्विचार याचिका

नई दिल्ली, 30 अगस्त : इंदिरा गांधी हत्याकांड में साजिश के आरोप में मौत की सजा पाने वाले केहर सिंह ने उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की है । उच्चतम न्यायालय ने तीन अगस्त को सतवंत सिंह और केहर सिंह की मौत की सजा के फैसले को बरकरार रखते हुए बलबीर सिंह को इस हत्याकांड के आरोप से बरी कर दिया था । पुनर्विचार याचिका में कहा गया है कि मौत की सजा के फैसले को रद्द करते हुए अभियुक्तों को रिहा किया जाए अथवा इस मामले की पुनः सुनवाई के आदेश दिए जाएं । उच्चतम न्यायालय के नियमानुसार सामान्यतया पुनर्विचार याचिका पर न्यायाधीश के चैम्बर में सुनवाई होती है । संवैधानिक संदर्भों के न्यायाधीशों में इसे





तहसील अजनाला जिला अमृतसर के गांव तीरा में उग्रवादियों द्वारा मारे गए 5 लोगों के शव । (छाया : रवि भंडारी)

वेस्टलैंड हैलीकाप्टर स्कैंडल राज्यसभा में फ़िर उठा

नई दिल्ली, 30 अगस्त : वेस्टलैंड हैलीकाप्टरों का मामला आज राज्यसभा में फिर उठाया गया ।

दो होमगार्डों सहित उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 11 लोगों की हत्या

पुलिस की जीप बम-विस्फोट से उलट गई, 6 घुसपैठिये मरे

माड़ी पन्नुआं, कादियां में 5 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (वार्ता, ह.स.) : पंजाब में कल रात के बाद से होमगार्ड के 2 जवानों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 5 उग्रवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए ।

होमगार्ड के जवान पुलिस की एक जीप को बम से उड़ा दिए जाने से मर गए जबकि तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए । पहले की खबरों में कहा गया था कि यह विस्फोट बारूदी सुरंग के फटने से हुआ । थाना बंगा में एक गांव में 60 हजार रुपए मूल्य के ज़ेवर व नकदी लूट ली गई ।

6 पाकिस्तानी घुसपैठिये भी मुठभेड़ में मारे गए ।

2 होमगार्ड मरे

अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने बताया कि गत देर रात मजीठा-फतहगढ़ चूड़ियां लिंक सड़क पर स्थित गांव कालेवाला के निकट दो होमगार्ड-कर्मी हरपाल सिंह व भजन सिंह मारे गए तथा तीन पुलिस कर्मचारी घायल हो गए जबकि उनकी जीप को तीन शक्तिशाली देसी बमों के धमाके से उड़ा दिया गया । डी.आई.जी. सीमा रेंज श्री एस.के. वर्मा ने इस बात का खंडन किया कि आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग बिछाई हुई थी, जैसाकि पहले सी.आर.पी. के कंट्रोल रूम ने दावा किया था । इन शक्तिशाली बमों के पलीते में दूर से आग लगाई गई ।

धमाकों के कारण पुलिस पार्टी की जीप उलट गई, जिससे दो होमगार्ड-कर्मी मर गए तथा पुलिस पार्टी के इंचार्ज ए.एस.आई. सहित 3 कर्मचारी घायल हो गए । घायलों में ए.एस.आई. गुरबख्श सिंह, पुलिस-कर्मी ड्राइवर कुलबिंदर सिंह तथा कांस्टेबल मंगा मसीह शामिल हैं । श्री वर्मा ने कहा कि पुलिस पार्टी गांव जालेवाला जा रही थी, जहां एस.पी. को (स्पैशल पुलिस आफ़ीसर्ज़) तथा एक मकान मालिक ओम प्रकाश के मध्य झगड़े की खबर मिली थी । ओम प्रकाश के घर में एस.पी.ओ. चौकी स्थित थी । श्री वर्मा ने बताया कि ओम प्रकाश को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया ।

श्री वर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने पुलिस कर्मियों पर भी फ़ायरिंग की, लेकिन पुलिस ड्राइवर ने जवाबी फ़ायरिंग की, जिससे आतंकवादी भागने पर विवश हो गए । उन्होंने दावा किया कि एक आतंकवादी घायल हुआ है, क्योंकि वहां खून के धब्बे पाए गए हैं । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि जीप और तीन राइफलें क्षतिग्रस्त हो गईं ।

अशोक सोनी के अनुसार पुलिस अभी तक यह बताने में असमर्थ है कि क्या जीप पर आतंकवादियों द्वारा बम फैंका गया था, जिससे धमाका हुआ और जीप उलट गई या रास्ते में ही कोई विस्फोटक पदार्थ पड़ा था, जो कि ठोकर लगने से फट गया ।

'वार्ता' के अनुसार जीप को उड़ाने के लिए बारूदी सुरंग जैसी किसी चीज का प्रयोग किया गया । इस जिला में यह दूसरा मौका है, जबकि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला करने के लिए बारूदी सुरंग जैसे उपकरण का इस्तेमाल किया है ।

13 कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार

आज शाम मजीठा के पुलिस चीफ़ द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस जिला मजीठा ने 13 कट्टर आतंकवादियों को भारी परिमाण में हथियार व गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है । इन आतंकवादियों ने 10 हत्याओं, 8 हत्या के प्रयासों, 7 डकैतियों तथा एक अपहरण केस में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है । बरामद किए गए हथियारों में एक चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफल, इसकी 2 मैगज़ीन और 124 कारतूस, एक स्टेनगन, 13 कारतूस, दो राइफलें व इनके 20 कारतूस, 6 रिवाल्वर, 1 पिस्तौल व 19 कारतूस तथा एक हथगोला शामिल हैं । इन हथियारों के अलावा उनके कब्जे से एक चोरी-शुदा फ़ोर्ड ट्रैक्टर, सोने के आभूषण, टेप रिकार्डर सहित 1 लाख 40 हजार रुपए का माल भी बरामद हुआ है

इसके अलावा इनसे 'खालिस्तान फ्लैग' और खालिस्तान स्टेट की दो मोहरें तथा प्रकाशित सामग्री भी बरामद की गई । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम सुखबिंदर सिंह फिरोजपुर, सुखजिंदर सिंह, बलदेव सिंह, दर्शन सिंह, बख्शीश सिंह, बलजीत सिंह, जगतार सिंह जग्गा, कश्मीरा सिंह उर्फ जस्सा सिंह उर्फ बब्बू, अमृतपाल सिंह उर्फ नाज़ी, बलबिंदर सिंह, ज्ञान सिंह, सुक्खा सिंह तथा सुखबिंदर सिंह छिंदा हैं ।

पिता-पुत्र की हत्या

एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने कल रात भिखीविंड पुलिस थाने के तलवंडी चैनचक गांव में लक्ष्मण सिंह और उनके पुत्र भूपिंदर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादी खाकी वर्दी पहने हुए थे । आतंकवादी मृत व्यक्तियों की लाइसैंस शुदा बंदूक भी ले गए ।

किसान की हत्या

एक अन्य वारदात में कल रात आतंकवादियों ने पट्टी पुलिस थाने के तलवंडी शोभा सिंह गांव में जागीर सिंह नामक एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी ।



पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मंडियाला में आतंकवादियों के हाथों मारे गए बाली मसीह और रत्ता मसीह । (छाया : कोछड़)

दो आतंकवादी मारे गए

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव माड़ी पन्नुआं के निकट बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए व दो भागने में सफल हो गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि गत रात उक्त गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल व पुलिस ने नाका लगा रखा था । उन्होंने चार संदिग्ध लोगों को आते देख रुकने की चेतावनी दी, जिस पर उन्होंने फ़ायर कर दिए । बी.एस.एफ. व पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग में दो आतंकवादी वहीं मारे गए व उनके दो साथी अंधेरे में भाग गए । मृत आतंकवादियों के शवों के पास एक 12 बोर की दोनाली कटी बंदूक, एक पिस्तौल व कुछ चले, कुछ अनचले कारतूस मिले हैं ।

दो की हत्या

एक अन्य घटना में इसी थाना के अंतर्गत गांव मण्डियाला में गत रात चार सशस्त्र आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति बाली मसीह (40) और गांव घुमान से उसके पास आए रत्ता सिंह (35) की हत्या कर दी ।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि गत रात लगभग 1 बजे चार सशस्त्र आतंकवादियों ने इन्हें घर से जगाया और बाहर गली में लाकर हत्या कर दी । श्री शर्मा के अनुसार यह हत्याकांड खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के लोगों ने किया है । उनकी शिनाख्त कर ली गई है व उन्हें पकड़ने के लिए खोजबीन कर रहे हैं । हत्या का कारण मृतकों का बुच्चड़ होना बताया गया है ।

पति, पत्नी का अपहरण

थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव ढंड में 6 आतंकवादियों ने जसविंदर सिंह उर्फ़ काला तथा उसकी पत्नी सुखवंत कौर का उनके घर से अपहरण कर लिया जबकि जसविंदर उनकी हिरासत से बच कर निकल गया, आतंकवादी सुखवंत कौर को ले गए । सुखवंत कौर का विवाह तीन मास पहले हुआ था और वह कट्टर आतंकवादी बलकार सिंह की बहन है, जोकि इस वर्ष के शुरू में अजनाला में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । बाद में पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुखवृंत कौर भी अपने घर लौट आई है । उसने पुलिस को बताया कि उसने आतंकवादियों से अपने-आपको छुड़ा लिया था तथा खेतों में छुप गई थी ।

2 की हत्या, 3 आतंकवादी मरे

आज सायं लगभग साढ़े चार बजे कादियां में बुट्टर रोड पर दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो किरयाना बिक्रेताओं गरपाल सिंह उर्फ पप्पू तथा अशोक कुमार महाजन की हत्या कर दी । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर तुरन्त लोगों और बी.एस.एफ. ने आतंकवादियों का पीछा किया । ये उग्रवादी स्कूटर पर सवार थे, वे एक खेत के निकट स्कूटर खड़ा करके खेत में जा छिपे । उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे बी.एस.एफ. का एक जवान केहर सिंह मारा गया जबकि दूसरा ए.आर. जैन घायल हो गया । इसके बाद बी.एस.एफ. की जवाबी फायरिंग में तीन उग्रवादी मारे गए । उग्रवादियों का एक साथी अभी तक खेत में छिपा हुआ है और गांव बुट्टरकलां के निकट मुकाबला जारी है ।

पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा के अनुसार उग्रवादियों ने सायं 4.20 बजे फायरिंग की और वे फायरिंग करके स्कूटर नं. पी.ए.जी. 4459 पर भाग गए । उन्होंने एक मृतक का नाम गोपाल सिंह उर्फ पप्पू बताया है । मृतकों के निकट से 2 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 1 एच.ई. 36 हथगोला और 4 मैगजीनें पड़ी मिली ।

अबोहर (राज) : कल रात श्रीगंगानगर जिले की भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 6 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । इससे गत 72 घंटों के दौरान मारे गए घुसपैठियों की संख्या 12 हो गई है । भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ बढ़ने की खबरों तथा अवतार सिंह ब्रह्मा के मारे जाने के दृष्टिगत बी.एस.एफ., सी.आर.पी. तथा राजस्थान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गंगानगर गए हैं । उन्होंने गश्त बढ़ाने तथा हथियारों की तस्करी रोकने के पगों पर विचार किया ।

खेत मज़दूर की लाश मिली

धूरी (सिंगला) : गांव संघेडा के एक खेत मजदूर मोहन सिंह की लाश एक जमींदार के पम्पिग

(शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे ते... नेताओं पर लाठीचार्ज व आंसू गै...

(ऊपर) आंध्र प्रदेश के विधायकों पर गोलमेथी चौक दिल्ली में पुलिस द्वारा अश्रुगैस के गोले फैंके गए (नीचे) दिल्ली महिला पुलिस महिला विधायकों को पकड़ते हुए । (छाया : बनोत्रा)

नई दिल्ली, 1 सितम्बर (वार्ता): आंध्र प्रदेश के गैर कांग्रेस (इ) दलों के 10 निर्वाचित प्रतिनिधि आज यहां उस समय घायल हो गए जब पुलिस ने उन्हें प्रधानमंत्री निवास जाने से रोकने के लिए 'बल' प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े ।

आंध्र प्रदेश से निर्वाचित प्रतिनिधि, जिनमें कुछ मंत्री भी थे, बोट क्लब से प्रधान मंत्री के निवास की ओर बढ़ रहे थे । वे जब गोल मेथी चौक के निकट पहुंचे तो पुलिस ने उन्... पुलिस द्वारा खड़े किए... कोशिश की इस पर... दिया । इसी हाथापाई... समेत कई अन्य लोग... मंदिर मार्ग थाना ले ज...

आंध्र प्रदेश के... प्रतिनिधियों ने राजधा... अन्य परियोजनाओं प... मांग पर जोर देने के लि... धरना दिया था ।

ये प्रतिनिधि श्री ग... आज प्रातः प्रधानमंत्री...

एक अन्य सूचना... ऊपर प्रदर्शनकारियों... कुछ प्रदर्शनकारी सां... संसद पहुंच गए । तेल... लगाया कि पुलिस ने... पीटा और महिलाओं...

प्रत्यक्षदर्शियों के... निवास की ओर बढ़ते... विधायकों एवं प्रतिनि... गैस का इस्तेमाल किय...

कहा जाता है कि प... कंदे का भी इस्तेमाल... देशम, मार्क्सवादी क... पार्टी तथा जनता पार्टी...

तेलगू देशम पार्टी... राइफल के कंदे की मा... तथा निर्वाचित प्रति... आरोप है कि कम से क... श्री बानू गोपाल चारी...

पंजाब समस्या पर केंद्र स... वार्ता की पहल नहीं करूंग...

अमृतसर, 1 सितम्बर (ह.स.): अकाल तख्त के नये मुख्यग्रंथी प्रोफैसर दर्शन सिंह रागी ने कहा है कि पंजाब के मसले पर वे केंद्र सरकार से बातचीत की पहल नहीं करेंगे ।

प्रोफैसर रागी ने सिख समुदाय से अकाल तख्त को राजनीतिक विवाद का केंद्र न बनाने की अपील की । प्रोफैसर रागी कल अकाल तख्त के जत्थेदार नियुक्त होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ वार्ता की जाये या नहीं, इसका निर्णय सिख राजनीतिक नेताओं और युवाओं पर निर्भर करता है । "मुझे तो सिर्फ सिखों के पक्ष को पेश करना है ।"

उन्होंने कहा कि राजनीतिक निर्णय राजनीतिक नेताओं और युवाओं द्वारा संयुक्त रूप से लिये जायेंगे ।

प्रोफैसर रागी ने... मनि सुशील कुमार से... उन्होंने कहा कि वह... के बाद नहीं मिले ।... आरोप का उन्होंने... परिसर में आतंकवादि... जिम्मेदार हैं । उन्होंने... तरह की गतिविधियां... आये हैं ।

प्रोफैसर रागी ने... तख्त के मलबे में आत... की जानकारी होने से... कहा कि युवाओं के स... कर गये हैं, जो युवाओं... से विचलित कर रहे... कि सिख राजनीति अ... गली में भटक रही है...

अध्यापक-दिव... रूप में...

'जालन्धर, 1 सि... मान्यता प्राप्त स्कूल... महासचिव श्री सुदर्श... पंजाब सरकार द्वारा... मांगें लागू करने... अल्टीमेटम को नज़र... की है और संघर्ष की... पहले चरण में 5 सि... बायकाट किया जा... रूप में मनाया जा... मान्यता प्राप्त स्कू... लगाएंगे ।

भाई जसवीर सिंह रोडे भी किसी दिन आकर अकाल तख्त का चार्ज सम्भाल सकते हैं : अकाली सूत्र

अमृतसर, 1 सितम्बर (मनोहर): अकाली सूत्रों से पता चला है कि अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार भाई जसवीर सिंह रोडे भी किसी दिन आकर अकाल तख्त का चार्ज सम्भाल सकते हैं । बताया जाता है कि वैसे तो भाई रोडे के समर्थक अकाली नेता कल ही स्वर्ण मंदिर में पहुंचने वाले थे, मगर उन्होंने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया । अकाली पर्यवेक्षकों का ख्याल है कि इस महीने अकालियों के आपसी टकराव बढ़ सकते हैं ।

अकाली दल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को कल यह सूचना थी कि जसवीर सिंह रोडे और बाबा अकाली दल गुट के समर्थक प्रो. दर्शन सिंह के आगमन पर कोई गड़बड़ी कर सकते हैं । इन नेताओं ने यह भी सोच रखा था कि शायद जसवीर सिंह अपने समर्थकों सहित पहले ही अकाल तख्त पर पहुंच जाएं और अपना कब्जा जमा लें, लेकिन यह सब नहीं हुआ । कल बाबा गुट और जसवीर सिंह समर्थकों की एकदम खामोशी ने भी शिरोमणि कमेटी और एकीकृत अकाली दल को सोच में डाल दिया है। सूत्रों का कहना है कि प्रो. दर्शन सिंह ने यह दावा कर रखा है कि जब तक सरकार का स्वर्ण मंदिर में कंट्रोल रहेगा, तब तक वह भी अपने काम में पूरी तरह सरगर्म नहीं होंगे । यद्यपि उन्होंने अकाल तख्त के जत्थेदार का चार्ज सम्भाल लिया है, मगर वह अब पुनः वापस जाएंगे । उधर जसवीर सिंह रोडे ने 30 सितम्बर तक सरकार को अल्टीमेटम दे रखा है कि वह दरबार साहिब का कंट्रोल छोड़ दे अन्यथा वह गिरफ्तारियां देंगे ।

प्रमुख अकाली राजनीतिज्ञों ने विचार व्यक्त किया है कि भाई जसवीर सिंह रोडे इस महीने आकर कभी भी अकाल तख्त पर कब्जा जमाने की कोशिश करेंगे और 30 सितम्बर के बाद वह बतौर अकाल तख्त के जत्थेदार सिख संगतों को गिरफ्तारी देने की अपील करेंगे, क्योंकि सरकार भी भाई जसवीर सिंह की पीठ पर है और वह जसवीर सिंह की पीठ नहीं लगने देना चाहती ।

बड़े निकटतम अकाली सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि प्रो. दर्शन सिंह अब भी इतनी जल्दी जत्थेदार का चार्ज सम्भालने को तैयार नहीं हो रहे थे और उन्होंने कुछ अकाली नेताओं और शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों को स्पष्ट कहा था कि स्थिति इस समय विवादास्पद है लिहाज़ा वह अभी इस विवाद में फंसना नहीं चाहते, जबकि अकाली नेताओं को डर था कि अगर प्रो. दर्शन सिंह ने चार्ज न लिया तो यहां पर भी जसवीर सिंह रोडे कब्जा जमा जाएंगे ।

इधर बाबा गुट के कुछ नेताओं ने कहा है कि अकाली राजनीति अब क्या करवट बदलती है, यह इसी मास के आखिरी सप्ताह तक स्पष्ट हो सकता है । इस नेता ने तो कहा है कि भाई जसवीर सिंह रोडे को सरबत खालसा ने जत्थेदार नियुक्त किया है, और सरबत खालसा के सामने शिरोमणि कमेटी की कोई अहमियत नहीं ।

आतंकवादी गतिविधियों में... मामला अंतर्राष्ट्रीय मंच...

नई दिल्ली, 1 सितम्बर : विदेश राज्यमंत्री नटवर सिंह ने आज राज्यसभा में कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान का हाथ होने के मामले को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उठाने का सरकार का कोई इरादा नहीं है । ये मामले द्विपक्षी स्तर पर ही उठाये जाते रहे हैं ।

श्री नटवर सिंह ने मार्क्सवादी एम.ए. बेबी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी । उनसे पूछा गया था कि भारत के राजनैतिक नेताओं और प्रधानमंत्री की हत्या करने के षड्यन्त्रों के बारे में आपत्तिजनक दस्तावेजों से सम्बन्धित मामले पर भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार और अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ मिल कर क्या कदम उठाये हैं ।

विदेश राज्य... उग्रवादी गतिविधि... के बारे में सरकार... को यह सूचित कि... साथ उसके शांति... सम्बन्धों के सामान्य... सकता है ।

भारत की सी... तीन अवैध रेडिय... ब्रिटेन से कुछ उपग्र... में पूछे गये सवाल... मामला पाकिस्त... उठाया गया है ।

उन्होंने बता...

भाभी से इश्क और पत्नी को धक्के देकर घर...

अमरीकी विशेषज्ञ जिया के विम...

होमगार्डों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बोरिंग सैट की खाई में पड़ी मिली । भूतपूर्व सांसद धान सिह भौरा ने इस हत्या के अभियुक्तों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है ।

उग्रवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण) : पुलिस ने कल बस्सी पठानां के जगदीप सिंह को गिरफ्तार किया । उससे ए.के. 47 चीनी राइफल के 22 कारामद कारतूस बरामद हुए ।

40 हजार रुपए लूटे

गत रात ही जिला पटियाला में थाना सरहिन्द के अंतर्गत सिद्धवाल गांव में आतंकवादी एक व्यक्ति शाम सिंह से 40 हजार रु. लूट कर फरार हो गए ।

सरहिंद से राकेश के अनुसार शाम सिंह ने पहले नकदी देने से इन्कार कर दिया था जिस पर आतंकवादियों ने उसे कहा कि वह अपने दो लड़के उनके साथ भेज दे । इस पर शाम सिंह ने उन्हें नकदी दे दी ।

इससे पहले आतंकवादियों ने गांव बतौड़ी में एक व्यक्ति गुरदेव सिंह के घर से नकदी की मांग की । परिवार के सदस्यों द्वारा शोर मचा देने पर वे भाग गए ।

दोहरी सवारी की अनुमति

जालन्धर (वार्ता): जिला जालन्धर में 3.5 हार्स पावर से कम के दोपहिया वाहनों पर दिन-रात दोहरी सवारी की अनुमति 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है । सरकारी आदेश के अनुसार 3.5 एच.पी. के मोटर साइकलों पर दोहरी सवारी सिर्फ प्रातः 6 बजे से रात 8 बजे तक ही की जा सकेगी । इसी मध्य जिला प्रशासन ने आग्नेय, घातक हथियार लेकर चलने, 5 या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने, जलसे, जलूसों व लाऊड स्पीकरों के प्रयोग पर पाबंदी भी अक्तूबर के अन्त तक बढ़ा दी है ।

आदेश में कहा गया है कि रात 7.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक सशस्त्र प्रहरियों के बगैर बसों के चलाने पर भी 31 अक्तूबर तक पाबंदी रहेगी । रविवार और मार्केट बंद होने के दिन सार्वजनिक रूप से टैलीविज़न व वीडियो के प्रदर्शन पर भी पाबंदी जारी रहेगी । जिला में ठीकरी पहरा भी अक्तूबर के अन्त तक जारी रहेगा ।

फरीदकोट (वार्ता): जिला फरीदकोट के डिप्टी कमिश्नर श्री गुरदेव सिंह बराड़ ने घातक हथियार लेकर चलने पर तत्काल रूप से पाबंदी लगा दी है, जो कि 29 अक्तूबर तक जारी रहेगी ।

नकदी, ज़ेवर लूटे

बंगा (ह.स.): थाना बंगा के गांव दोसांझ खुर्द में कुछ अज्ञात व्यक्ति प्रीतम सिंह के घर में घुसकर 60,000 रुपए से अधिक मूल्य की नकदी, सोने के ज़ेवर आदि लूटकर फरार हो गए ।

कल स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गांव हरदासपुर में छापे मार कर 2 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है ।

हत्या

. वार्ता के अनुसार सूत्रों ने बताया कि होशियारपुर जिले के गढ़शंकर थाने के भैरोंवाल गांव में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गत रात जिला गुरदासपुर के थाना काहनुवान के अंतर्गत गांव दखारी हरयाना में दो आतंकवादी मास्टर हरपाल सिंह के डेरे में दाखिल होकर वहां से बंदूक की नोक पर 16 हजार रुपए लेकर फरार हो गए ।



अमृतसर के थाना मजीठा के गांव रोड़ी में मारे गये (1) हरपाल सिंह (2) हरभजन सिंह का शव (3) घायल गुरबख्श सिंह, (4) मंगा मसीह, (5) वीर सिंह (6) वह जीप टूटी पड़ी दिखाई दे रही है, जिस पर उग्रवादियों ने विस्फोटक पदार्थ से हमला किया । (छाया : रवि भंडारी)

ट्रक और घी की चोरी

हमारा ट्रक नं. PAH-6075, 25 अगस्त 1988 को वनस्पति घी के टीन और चिप्स से लदा खुरला-किंगरा जालंधर के लिये चला । 26 अगस्त, 1988 को तड़के 3 बजे के करीब खुरला-किंगरा जालंधर में पांच-छः अजनबी एक ट्रक पर आए और हमारे तीन आदमियों को बांध कर सुभानपुर के पास छोड़ गए और हमारा ट्रक बमय माल ले गए । ट्रक का पक्का पता देने वाले को एक हजार रुपए और माल पकड़वाने वाले को दस हजार रुपए ईनाम दिया जाएगा ।

मैनेजर
बाहरी गुड्ज़ बुकिंग एजैंसी
जी.टी. रोड, राजपुरा

सी.पी.डब्ल्यू.डी. चंडीगढ़

एग्ज़ैक्टिव इंजीनियर, चंडीगढ़ सैंट्रल डिवीजन, सी.पी.डब्ल्यू.डी., सैक्टर-7बी, चंडीगढ़ द्वारा निम्न कार्यों के लिए 24.9.88 को सायं 3 बजे तक मोहरबंद आइटम रेट निविदाएं आमंत्रित हैं (1) रामगढ़ में आई.टी.बी.पी. कैम्पस के लिए रिहायशी स्थान का निर्माण : एसएच : रामगढ़ में टाइप-II/16 अदद क्वार्टर बनाना, आकलन : 10,49,353/- रुपए; (2) रामगढ़ (हरियाणा) में आई.टी.बी.पी. कैम्पस के लिए रिहायशी स्थान का निर्माण । एसएच : 16 अदद टी-I क्वार्टर बनाना; आकलन : 9,38,946/- रुपए । ये निविदाएं सी.पी.डब्ल्यू.डी. के स्वीकृत और योग्य श्रेणी-II ठेकेदारों तथा रेलवे, एम.ई.एस., पी. एंड टी., और हरियाणा पी.डब्ल्यू.डी. में सूचीबद्ध ठेकेदारों की समुचित सूची पर ठेकेदारों से आमंत्रित हैं । निविदा पत्रक 100/- रुपए प्रत्येक (अप्रतिदेय) की दर पर 21.9.88 तक प्राप्त किए जा सकते हैं । निविदा पत्रक केवल गैर सी.पी.डब्ल्यू.डी. ठेकेदारों की समुचित श्रेणी को केवल तभी जारी किए जाएंगे, यदि वे समुचित अधिकारियों से उक्त क्रमांक 1 पर कार्यों के सम्बन्ध में कम-से-कम 5.00 लाख रुपए प्रत्येक और उक्त क्रमांक 2 पर कार्य के लिए कम-से-कम 4.00 लाख रुपए प्रत्येक के वैसे ही स्वरूप के दो कार्यों को पूरा करने सम्बन्धी ठोस प्रमाण प्रस्तुत करेंगे ।

davp/635/770/88/ADI/29.8.88

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जमीन/जायदाद/प्लाट

अम्बाला के निकट मकान सहित चालू आटा चक्की, कोहलू, जीरी वाली मशीन, रूई पिंजने की मशीन, कुकड़ी वाली मशीन । 15 हार्सपावर मोटर कनैक्शन सहित बिकाऊ है । मिलें : राज प्रापर्टी डीलर्ज़, गोबिंदनगर, अम्बाला छावनी । फोन : 21685.

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक+2 इंटर सीधे B.A. शर्तिया पास करें । नैशनल कालेज 9 वार्ड चौक सनौली रोड, पानीपत ।

UDI

फार्म भरें—मैट्रिक, इन्टर, बी.ए. लॉ प्रोफैशनल, बी.एड., बी.काम., बी.एस.सी., एम.ए., एम.काम, एम.एस.सी. डायरैक्ट फाइनल/पार्ट्स, आर.एम.पी. पास करने हेतु परामर्श करें । जनता कालेज F-19 शकरपुर कालोनी, दिल्ली-34, फोन : 7221340, ब्रांच-स्कीम नम्बर-2,, जुबली बास अलवर शहर, (राजस्थान) ।

UDI

मैट्रिक (गारंटिड) बिना पूर्व परीक्षा, +1 fail +2 Direct करवाए जाते । D.A./D.Com./D.Cu. (Direct)/LLB (3 years Professional) B.A. 40% eligible/ IBT/ OT/ B.Ed.

तीर्थ यात्रा

मणीमहेश, डलहौज़ी, चम्बा, धर्मशाला, देव्रियां आदि 13 सितम्बर, मंगत राम ज्योतिषी भिडियां वाली गली, पटियाला ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 1.9.88 58/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.80 per Dozen.

रोज़गार

सेना, नेवी, एयरफोर्स, बैंकों तथा रेलवे में नौकरी प्राप्ति के इच्छुक फार्म व प्रासपैक्ट्स के लिए 10/- रुपए । परीक्षा गाइड सहित 45/- रुपए मनीआर्डर द्वारा भेजकर मंगाएं । एम्पलायमैन्ट इन्फोर्मेशन सर्विसेज, शेखसराय बुलन्दशहर-203001.

UDI

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल चौक ...

3 उग्रवादी गिरफ्तार

भटिंडा (ह.स.): भटिंडा जिला पुलिस ने आज 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके नाम रणधीर सिंह, बूटा सिंह और करनैल सिंह हैं। अभियुक्तों के कब्ज़े से एक पिस्तौल, दो छीनी हुई बन्दूकें और एक स्कूटर बरामद किया है । अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर दो बैंकों को लूटने और कई अन्य लूट-मार की घटनाओं की स्वीकारोक्ति की है ।

बिल्लू गिरफ्तार

संगरूर से गर्ग के अनुसार पुलिस ने 'ए' श्रेणी आतंकवादी बिल्लू को गिरफ्तार किया जोकि लगभग आध दर्जन हत्याओं में वांछित हैं । उसका सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स से बताया जाता है ।

बी.एस.एफ. का इन्स्पैक्टर उग्रवाद में बंदी

जालन्धर, 1 सितम्बर (ढल्ल) : जालन्धर स्थित बी.एस.एफ. अथारिटीज ने अपने बल के ही एक इन्स्पैक्टर जतिन्दर सिंह उर्फ बिल्ला जोकि एक अच्छा खिलाड़ी है, को उग्रवादी सरगर्मियों में संलिप्त होने के कथित दोष में हिरासत में लिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जतिन्दर सिंह का सक्का सिपाही तथा उसके दाहिने हाथ मलकियत सिंह बापू के साथ न केवल निकट का सम्बन्ध रहा बल्कि वह उनका आश्रयदाता था और उन्हें तथा अन्य उग्रवादियों को हथियार सप्लाई करता तथा उन्हें स्टोर करता था । यह भी बताया गया है कि वह उक्त दोनों शीर्ष उग्रवादियों को व्हीकलों में लाने ले जाने का काम भी करता था और चैकिंग हो जाने पर अपना शिनाख्ती कार्ड दिखा कर साफ बच निकलने में सफल हो जाता था ।

यह भी बताया गया है कि जालन्धर पुलिस ने जतिन्दर सिंह से पूछताछ करने के लिए उसे उसके हवाले करने को कहा है । क्योंकि उससे पूछताछ से अनेक उग्रवादियों के आश्रय स्थानों तथा शस्त्र प्राप्त करने के स्रोतों का पता लगने की सम्भावना है ।

फिल्म निर्माता-अभिनेता की हत्या

लुधियाना, 1 सितम्बर (महिन्द्रा): आज पंजाबी फिल्मों के प्रमुख निर्माता व अभिनेता अशोक पटियालवी की शास्त्री नगर स्थित उनकी कोठी में हत्या कर दी गई। घटना की सूचना तब मिली जब उनकी पत्नी नूरपर बैट में स्कूल में पढ़ा कर दोपहर को दो बजे घर लौटी । पटियालवी एक डिस्को डांस स्कूल भी चलाता था । घटना के समय बच्चे स्कूल गए थे । घर से एक वी.सी.आर., 10 हजार रु. नक्द, कपड़े आदि भी चोरी गए हैं ।

'देस-परदेस' की प्रतियां ज़ब्त

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने पंजाबी पत्रिका 'देस-परदेस' के 27 मई के अंक की सभी प्रतियां ज़ब्त कर ली हैं । यह पत्रिका तरसेम सिंह परेवाल ब्रिटेन से प्रकाशित करते हैं ।

ड्राइवर के साहस से 4 लोगों की जान बची

अमृतसर, 1 सितम्बर (वार्ता): पुलिस के ड्राइवर कुलविन्दर सिंह द्वारा दिखाए गए अपूर्व साहस के परिणामस्वरूप 4 पुलिस कर्मियों की जान बच गई, जबकि गत रात मजीठा-फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर उनकी गश्ती जीप को एक देसी बारूदी सुरंग द्वारा उड़ा दिया गया था । घटनास्थल का दौरा करने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही जीप धमाके से उड़ गई, नज़दीकी खेत से चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 2 नकाबपोश आतंकवादी जीप के मलबे की ओर बढ़े लेकिन कुलविन्दर सिंह, जिसे मामूली घाव आए थे, ने घायल ए.एस.आई. का रिवाल्वर निकाल लिया और आगे बढ़ रहे आतंकवादियों पर फ़ायरिंग की, जिन्होंने फ़ायरिंग का जवाब दिया तथापि सुरक्षा बलों की कुमक मौका पर पहुंचने से पहले ही आतंकवादी भाग निकले । पुलिस ने घटनास्थल से 150 गज़ की दूरी पर कुछ तारें, केले और अन्य खाने की चीजें बरामद कीं ।

उग्रवाद घटा

फगवाड़ा, 1 सितम्बर (अशोक): यद्यपि पंजाब में आतंकवादियों की तरफ से हत्याओं की शृंखला निरन्तर जारी है, तथापि सुरक्षा बलों की सक्रिय कारवाई के परिणामत: अगस्त मास में जुलाई मास की अपेक्षा उग्रवाद की घटनाओं में कुछ कमी अवश्य आ पाई है। इस सम्वादाता द्वारा किए एक सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त मास में जुलाई की कुल 200 हत्याओं की तुलना में 140 कुल हत्याएं हुई—इनमें अगस्त मास में 98 जनसाधारण, 16 पुलिस कर्मचारी व 26 आतंकवादी शामिल हैं जबकि जुलाई मास में 145 जनसाधारण मारे गए, 15 पुलिस कर्मचारी व 40 उग्रवादी मारे गए थे । सर्वेक्षण अनुसार इसी अगस्त मास में सुरक्षा बलों ने 22 चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें 14 अन्य राइफलें, 5 स्टेनगन, 80 रिवाल्वर व पिस्तौल, 36 बम व 12 हथगोले बरामद किए ।

वर्षांत तक 10000 नए टैलीफोन कनैक्शन दिए जाएंगे

लुधियाना, 1 सितम्बर : टैलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य विनोद कुमार महिन्द्रा ने आज यहां बताया कि वित्तीय वर्ष के अंत तक नगर में 10 हजार नए टैलीफोन कनैक्शन लोगों में वितरित कर दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि यह कार्य 4 हिस्सों में बांटा गया है क्योंकि उस समय तक नगर में 4 टैलीफोन एक्सचेंज आरम्भ हो जाएंगे ।

शाम के भाव
(1 सितम्बर, 1988)

दिल्ली क्लाथ 39.60, हिन्द मोटर्ज़ 26.75, रिलायंस 191, चांदी (999) 6090 डिलिवरी 6019, चांदी सिक्का 6505, सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) 3040, सोना ज़ेवर (10 ग्राम) 3130, मिल डिलिवरी : वनस्पति उ.प्र. (प्रति ...

नर्स व पंचायत सदस्य समेत पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या, घायल जवान चल बसा

अमृतसर के गांव में लोगों ने आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला

कादियां में मारे गये उग्रवादियों में गुरनाम सिंह गुरनामा भी शामिल

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक आतंकवादी को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला । कल कादियां में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल होने वाले बी.एस.एफ. के एक जवान की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई । फगवाड़ा के निकट खेत में से एक अस्थिपिंजर बरामद हुआ । कादियां में मारे गए आतंकवादियों में बब्बर खालसा का दुर्दांत गुरनाम सिंह गुरनामा भी शामिल था । दो दुकानदारों की हत्या के विरोध में आज कादियां में हड़ताल रही ।

अमृतसर व जालन्धर में लूटपाट की अलग-अलग घटनाओं में सशस्त्र लोगों ने 12300 रु. की नकदी व 140 ग्राम सोना लूट लिया ।

पीट-पीट कर मार डाला

अमृतसर (ह.स.): कल रात अमृतसर जिला में थाना खालड़ा के अन्तर्गत गांव नराला में 6 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक व्यक्ति करतार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी तथापि जब आतंकवादी फरार हो रहे थे तो ग्रामीणों ने उनका पीछा किया और उनमें से एक को पकड़ लिया । पकड़े गए आतंकवादी को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला ।

बाद में क्रोधित बाप ने हमलावर आतंकवादियों में से एक को पकड़ कर तलवार से उसकी गर्दन काट ली ।

पंच की हत्या

कल रात तुरनतारन पुलिस जिला के थाना पट्टी के गांव सभरावां में कुछ आतंकवादियों ने एक पंच चनन सिंह की हत्या कर दी ।

एक और हत्या

मजीठा पुलिस जिला के थाना कत्थूनंगल के गांव लहरके में एक व्यक्ति झिरमल सिंह की कल रात गोलियां मारकर हत्या कर दी गई ।

नर्स व एक अन्य की हत्या

आज प्रातः तरनतारन थाना के झब्बाल कस्बा में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । थाना झब्बाल के गांव जोहरवाला में एक नर्स सिमरन जीत कौर की हत्या कर दी गई ।

पट्टी से पाठक के अनुसार आतंकवादी पहले नर्स सिमरनजीत कौर के घर में दीवार फांद कर दाखिल हुए और गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । इसके बाद वे चनन सिंह के घर गए और उसे घर से बाहर निकाल कर गोलियां मारीं । चनन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई । वारदात वाले स्थान से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं । सिमरनजीत कौर मालू सिंह की पत्नी थी ।

झब्बाल में सुखदेव सिंह की हत्या के बारे में पुलिस को संदेह है कि हो सकता है कि यह आपसी शत्रुता परिणाम हो ।

बस पर फायरिंग

गत सायं जिला अमृतसर में थाना हरीके के गांव ढाडल में नहर के पुल पर आतंकवादियों ने एक बस पर फायरिंग की तथापि कोई घायल नहीं हुआ ।

स्वर्णाभूषण, नगदी लूट ले गए

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव ढींडियाला तट के जागीर सिंह, लखबीर सिंह के घर से गत रात्रि 6 सशस्त्र व्यक्ति 16 तोले स्वर्णाभूषण और 3000 रुपए नगद लूट कर ले गए ।

कादियां बंद

कल सायं पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां स्थित बुटर रोड दो स्कूटर सवार आतंकवादियों की ओर से की गई अंधाधुंध फायरिंग से मृत दो दुकानदारों गोपाल सिंह पप्पू व अशोक कुमार महाजन के शवों का रात ही सिविल अस्पताल बटाला से पोस्ट मार्टम करवाकर शव उनके वारिसों को सौंप दिए गए थे । इस हत्या कांड के रोष स्वरूप आज कादियां बंद रहा । अलग-अलग राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के नेताओं ने इस हत्या कांड की कड़ी निन्दा की है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि बुटरकलां के निकट गन्ने के खेतों में मुठभेड़ स्थल से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, दो एच.ई. 36 हथगोले व चार मैगजीन व भारी संख्या में चली अनचली गोलियां मिली हैं ।

बी.एस.एफ. जवान की मृत्यु

श्री शर्मा ने कहा कि यह तीनों मृतक आतंकवादी इस मुठभेड़ से पहले कादियां स्थित बुटर रोड पर फायरिंग करके दो लोगों की हत्या करके भागे थे । श्री शर्मा ने बताया कि इस मुठभेड़ में 104 बटालियन सीमा सुरक्षा बल का एक जवान केहर सिंह भी मारा गया था जबकि लांस नायक ए. राजन गम्भीर घायल हो गया था जिसे अमृतसर अस्पताल भेजा गया था यहां रात उसकी मृत्यु हो गई । केहर सिंह एम.ए. पास था और राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव समराई का निवासी था ।

दो मृत आतंकवादियों की शिनाख्त

बी.एस.एफ. के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह और पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया व अस्पताल में बी.एस.एफ. कांस्टेबल केहर सिंह का शव देखने आए । इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से दो की शिनाख्त जिला अमृतसर में क्षेत्र खासा के गांव चन्द्र वडाला के गुरनाम सिंह गुरनामा, गुरमुख सिंह, गोखा, गांव माड़ा, काहनूवान के रूप में हुई जबकि तीसरे के मोहिन्दर सिंह काहनूवाल होने का संदेह है ।

बी एस.एफ. के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह व एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने कहा कि यह तीनों बब्बर खालसा इंटर नैशनल के सदस्य लगते हैं क्योंकि मृतक आतंकवादी गुरनाम सिंह गुरनामा हथगोला फैंकने में विशेषज्ञ था । अन्य जानकारी प्राप्त की जा रही है । श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि इस मुठभेड़ में भाग लेने वाली बी.एस.एफ. की पार्टी को उचित पुरस्कार व मैडल प्रदान किए जाएंगे क्योंकि उन्होंने सराहनीय कैर्य किया है ।

पिंजरनुमा लाश मिली

फगवाड़ा (कौड़ा): गत आधी रात को यहां से चार किलो मीटर दूर गांव कोट रानी में गन्ने के खेतों से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की गली-सड़ी पिंजरनुमा लाश बरामद की है । अभी तक मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल सका । पुलिस ने पिंजरनुमा लाश को रसायनिक परीक्षण व पोस्ट मार्टम के लिए फगवाड़ा अस्पताल में भिजवा दिया है व इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

कल होशियारपुर जिला में थाना गढ़शंकर के गांव दीनोवाल खुर्द में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

शस्त्र समेत दो गिरफ्तार

नकोदर (गगन): गत दिवस सुबह पांच बजे के करीब सी.आई.ए. स्टाफ लुधियाना की एक पुलिस पार्टी ने स्थानीय मुहल्ला कपानिया में छापा मारकर एक मकान में रहते किराएदारों से एक रिवाल्वर, 6 कारतूस, एक मोपेड, एक पोरटेबल टी.वी. और तीन सामान से भरे बरीफ केस बरामद किए जो कि चोरी के बताए जाते हैं । पुलिस ने इस छापे के दौरान किट्टू और बिल्लू नामक दो युवक गिरफ्तार किए हैं । ये भी पता लगा है कि इनका एक साथी पुलिस ने लुधियाना में पकड़ा है जिसके बताने पर ये छापा मारा गया है । पुलिस द्वारा छानबीन जारी है ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा पुलिस ने जिला में थाना रामां के अन्तर्गत गांव बाघा के निवासी तीन उग्रवादियों रणधीर सिंह उर्फ धीरा, गुरदास सिंह तथा करनैल सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे एक .12 बोर पिस्तौल तथा दो दुनाली बंदूकें बरामद की गईं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ज्ञानी पूर्ण सिंह द्वारा स्वर्ण मंदिर के मुख्यग्रन्थी पद पर कब्जा

Punjab Kesari



Punjabi Sanatani

पुलिस जिला बटाला के कस्बे कादियां में वीरवार को उग्रवादियों की फायरिंग में मारे गए दुकानदार (1) अशोक कुमार, (2) गोपाल सिंह उर्फ पप्पू के शव, (3) कादियां के निकट उग्रवादियों के साथ मुकाबले में मारे गए बी.एस.एफ. के जवान केहर सिंह का शव, (4) हत्याओं के विरोध में शुक्रवार को हुए कादियां बंद का एक दृश्य, (5-6) बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में मारे गए तीन उग्रवादियों के शव । (छाया : कोछड़)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

डकैती का विवरण

मोहाली (नर्बदा): मोहाली के फेज-4 में स्थित मकान नम्बर 379 में गत दिवस पड़ी डकैती के बारे मकान मालकिन श्रीमती जसविंदर कौशल ने बताया कि एक मजदूर इस डकैती से पूर्व उसके पति का नाम लेकर नौकरी की तलाश में घर आया था । उसका पति, जो भट्ठा मालिक है, उस समय घर नहीं था जिस कारण मजदूर काफी देर तक घर में इन्तजार करता रहा । विश्वास किया जाता है कि उसी दौरान उसने घर का जायजा लिया होगा ।

श्रीमती कौशल ने कहा कि डकैती के समय वह मजदूर भी उन चार में से दो पिस्तौलधारी युवकों में शामिल था जो दिन के लगभग दस बजे उनके घर में आया तथा पानी पीने के बहाने घर में घुस गया तथा उसे (श्रीमती कौशल) को पकड़ कर मार डालने की धमकी देते हुए रस्सी और टी.वी. की तारों से बांध कर बीस तोले सोने के जेवर व लगभग पचास हजार रुपए मूल्य का सामान लेकर फरार हो गए । पुलिस अभी तक इस केस का सुराग लगा पाने में विफल रही है ।

बैंक से 40 लाख लूटे

विजयवाड़ा, 2 सितम्बर (वार्ता): यूनियन बैंक आफ इंडिया की येनिकेपाडु स्थित शाखा से कुछ अज्ञात लुटेरों ने आज दिन-दहाड़े चालीस लाख रुपए मूल्य के स्वर्ण आभूषण और नकदी लूट ली ।

Punjabi Sanatani

अमृतसर जिला में कुख्यात उग्रवादी पिपल गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार : कैरों में 2 शव मिले

गुरदासपुर में वारदात करने आए उग्रवादी राइफल छोड़ कर भागे : संगरूर जिला में उग्रवादियों का लगभग सफाया

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा, लुधियाना में एक हत्या

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (ह.स.): पुलिस ने जिला अमृतसर में कख्यात आतंकवादी पिपल सिंह गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, इसके अलावा जिला संगरूर में 32 तथा लुधियाना में 7 उग्रवादियों को पकड़ा गया है । गत 24 घंटों के दौरान हुई आतंकवाद की घटनाओं में आतंकवादियों ने लुधियाना में एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि जिला फिरोजपर में पुलिस भिड़ंत में एक आतंकवादी मारा गया । जिला गुरदासपुर में लूटमार के उद्देश्य से आए उग्रवादी राइफल छोड़कर भाग गए । अमृतसर के गांव कैरों में दो शव बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में एक मरा

फिरोजपर (ह.स.) : फिरोजपुर जिले में जोला रोडा गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया । यहां प्राप्त अधिकृत जानकारी के अनुसार स्कूटर सवार दो व्यक्तियों को पुलिस ने एक नाके पर रुकने का संकेत किया । इसपर उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर गोली चलाना शुरू कर दिया । जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी भागने में सफल हो गया ।

पिपल गिरोह का सफाया

अमृतसर (अशोक, वार्ता): तरनतारन पुलिस ने आज नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल पिपल सिंह के गिरोह का सफाया करने का दावा किया है । इन उग्रवादियों को पुलिस ने सरहाली पुलिस थाने के अन्तर्गत तुड़गांव में सुरिन्दर सिंह उर्फ छिंदा उर्फ कंडक्टर के फार्म हाऊस पर छापा मारकर गिरफ्तार किया ।

तरनतारन पुलिस जिले के प्रमुख संजीव गुप्ता ने सम्वाददाताओं को बताया कि सूचना मिलने पर बैरोवाल के एक पुलिस दल और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 29वीं बटालियन ने आधी रात के समय फार्म हाऊस पर छापा मारा, उस समय उग्रवादी एक बड़े नरसंहार की योजना बना रहे थे ।

श्री गुप्ता ने बताया कि इस गिरोह का फरवरी 1988 में सैंहसरा गांव में नौ लोगों की हत्या सहित 21 से अधिक हत्याओं में हाथ है तथा गिरोह ने बैरोवाल, सरहाली और तरनतारन सदर थानों के क्षेत्रों में लोगों से जबरदस्ती दस लाख रुपए से अधिक की राशि वसूल की है ।

श्री गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में 7 की आयु 16 से 22 वर्ष के बीच है । इनकी शिनाख्त सतनाम सिंह उर्फ सत्ता, बख्शीश सिंह, उर्फ शीशा उर्फ बाज सिंह, कुलजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ हरिसिंह, दलजीत सिंह उर्फ जोगा सिंह, अमरजीत सिंह, मेजर सिंह, सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा (सभी तुड़ निवासी), मंजीत सिंह उर्फ जुझार सिंह गांव कालेके और बलदेव सिंह उर्फ देबा उर्फ वधावा सिंह गांव मियांविंड के रूप में की गई है ।

श्री गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के दौरान इन उग्रवादियों ने फरवरीमास में सैंहसरा में 9 लोगों की हत्या, खडूर साहब में एक दम्पति, कल्हा में दो भाइयों, कंग में एक व्यक्ति और उसके नौकर तथा हसांबाला, टांडा और भैल गांवों में जुलाई मास के दौरान एक-एक व्यक्ति की हत्या करना स्वीकार किया है । इसके अतिरिक्त डुमनी गांव के लोगों से दो लाख, खडूर साहब से डेढ़ लाख रुपए, एक पिस्तौल, एक बंदूक और एक अन्य लाइसैंसी हथियार, बाबा उत्तम सिंह का कार सेवा वाला ट्रक छीनना तथा सैंहसरा में एकपरिवारकी खड़ी फसल जलाना भी इन उग्रवादियों ने स्वीकार किया है ।

कैरों में दो लाशें मिलीं

पट्टी से 'पाठक' के अनुसार आज प्रातः पुलिस चौकी कैरों थाना पट्टी के गांव नन्दपुर में खेतों में पड़ी हुई दो लाशें मिलीं । लोगों ने बताया कि वे जब सुबह खेतों में गए तो ये लाशें पड़ी देखीं । इनमें एक लाश इसी गांव के एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह की थी जिसके बाप का नाम गजन सिंह है । दूसरी लाश की पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस को संदेह है कि उसका अपहरण करके किसी दूसरे गांव से उसे यहां लाया गया और फिर दोनों को इकट्ठे करके गोलियां मार दी गईं । जब लोगों से पूछा गया कि यह गोली किस वक्त चली थी तो किसी ने नहीं बताया । क्षेत्र में इतना आतंक है कि एक ने कुछ बोलना चाहा तो दूसरे ने उसे रोक दिया और सब मौन रहे ।

यह हत्याएं उग्रवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम प्रतीत होती हैं । शवों के पास ए.के. 47 असाल्ट राइफल के कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

मंदिर के पास बम मिला

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार स्थानीय पुलिस ने हनुमान मंदिर के पास से एक शक्तिशाली बम बरामद कर जन्माष्टमी के अवसर पर संभावित बड़ा नरसंहार टाल दिया । एस.एस.पी. पी. एम. दास ने बताया कि आज रात्रि 11 बजे हवलदार सुरेन्द्रपाल सिंह गश्ती तलाशी ले रहा था जब एक आइसक्रीम की रेहड़ी के पास एक बम पड़ा मिला । तत्काल ही वरिष्ठ अधिकारी वहां पहुंच गए । डी. एस. पी. राजेन्द्र सिंह तथा एस. एच. ओ. ने बम पर लगा टाइमर हटा दिया । यह बम वैसा ही था जैसा गत फरवरी माह में पंजाब की कचहरियों में फटे थे ।

राइफल छोड़ भाग निकले

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि थाना सदर गुरदासपुर के गांव बुकरा में एक परिवार के सदस्यों द्वारा हिम्मत दिखाने पर उग्रवादियों को अपनी राइफल छोड़कर भागना पड़ा । गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने बताया कि गत रात्रि लगभग डेढ़ बजे दो उग्रवादी जिन्होंने खाकी वर्दियां पहन रखी थीं, बुकरा निवासी मंगल दास के घर में उस समय आए, जब मंगलदास अपने पुत्र इन्द्रजीत और पुत्री इंदु के साथ छत पर सोया हुआ था । जब उग्रवादियों द्वारा मंगल दास की छत पर चढ़ने का प्रयत्न किया जा रहा था तो लड़के की आंख खुल गई । उसने अपनी बहन और पिता को जगा लिया । एक उग्रवादी छत पर पहुंचा ही था कि बाप, बेटे तथा बेटी ने उसे पकड़ लिया । इसपर नीचे खड़ा उग्रवादी तत्काल भाग निकला । छत पर पकड़ा गया उग्रवादी भी 303 बोर की राइफल और छः कारतूस छोड़कर किसी तरह भागने में सफल हो गया, इसने पीछे मुड़कर भी न देखा । श्री दास के अनुसार श्री मंगल दास के परिवार को उचित इनाम देने की सिफारिश कर दी गई है ।

'ह.स.' के अनुसार बुकरा गांव में चार आतंकवादी मंगल दास के घर में घुस गए और उसे घर से बाहर खींच लाए । मंगल दास चारों आतंवादियों का साहसपूर्वक मुकाबला करता रहा । इसी बीच एक आतंकवादी से उसने बंदूक भी छीन ली । उसका साहस देख चारों आतंकवादी भाग गए ।

7 बंदी

लुधियाना से महेंद्रा ने सूचना दी है कि लुधियाना जिला पुलिस ने सुरक्षा बलों की सहायता से 7 उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं । पुलिस अधीक्षक श्री

(शेष पृष्ठ 10 पर)

OPENING
Of
Dr. Gandotra's Consultation Chamber
Dr. Y.P. Gandotra
M.S. (P.G.I. Chandigarh)
Ex-Registrar :- P.G.I. Chandigarh
Surgical Consultant :- Dr. Saigal's Hospital, Sunder Nagar, Pathankot
At
Dalhousie Road, Near Ramnik Cinema, Pathankot.
Timing :- Clinic : 9 A.M. to 11 A.M., 5 P.M. to 8 P.M.] **Phone 24577**
Dr. Saigal's Hospital : 11 A.M. to 3 P.M. (21058)
(24 hours service for Emergency cases) 20728 P.P.

पिपल सिंह गिरोह के....

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुमेध सिंह सैनी ने आज यहां बताया कि ये गिरफ्तारियां थाना रायकोट के गांव जौड़ा के एक व्यक्ति चमकौर सिंह के डेरे से की गई हैं । प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि यह उग्रवादी आज जन्माष्टमी के उत्सवों पर हमले करने की योजना बना रहे थे । मलसियां का पैट्रोल पम्प और शराब के ठेके लूटने की भी उनकी योजना थी । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब छापा मारा गया उन्होंने खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाए । ये सब खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सदस्य हैं जिसका प्रमुख गरजंट सिंह बद्ध सिंह वाला है । पकड़े गए उग्रवादियों के नाम हैं—चमकौर सिंह उर्फ कौड़ा, निर्मल सिंह उर्फ निम्मा, वसाखा सिंह उर्फ बख्वा, चरंजीत सिंह उर्फ चरणा, गरदीप सिंह भोला उर्फ पप्पू मेजर सिंह और मनजीत सिंह । उनके कब्जे से 12 बोर के 4 देसी पिस्तौल, 8 कारतूस और ए.के. 47 चीनी राइफल के दस राऊंड बरामद किए गए हैं ।

एक की हत्या

'ह.स.' के अनुसार कुछ अज्ञात लोगों ने अशोक कमार की हत्या कर दी और सोने के जेवर व वी.सी.आर. सहित कुछ कीमती सामान लेकर फरार हो गए ।

फगवाड़ा (कौड़ा): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री डी.आर. भट्टी ने दावा किया है कि अब जनसाधारण में उग्रवाद के प्रति भारी जागृति आ रही है । गत रात्रि स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जालन्धर, कपूरथला व होशियारपुर जिलों में सुरक्षा बलों की सक्रियता, लोगों में जागृति व प्रशासन तथा पुलिस से सहयोग की भावना से उग्रवाद की घटनाओं में अप्रत्याशित कमी आई है । उन्होंने बताया कि भारत-पाक सीमा पर घुसपैठ रोकने हेतु उठाए गए पग भी काफी लाभप्रद साबित हुए हैं ।

श्री भट्टी ने बताया कि 'गांव सुरक्षा योजना' के अन्तर्गत 64 गांवों ने स्वेच्छा से कार्य प्रारम्भ कर दिया है । उन्होंने बताया कि उग्रवाद से निपटने हेतु पुलिस की कार्य प्रणाली की नित्य प्रति समीक्षा की जाती है व उसी अनुसार उसमें कुछ तबदीली की जाती है जबकि उग्रवादी अब व्यापक हिंसा की प्रणाली की बजाए लक्ष्य बनाए लोगों को शिकार बना रहे हैं । उन्होंने बताया कि पिछले मास कपूरथला व होशियारपुर जिलों में उग्रवाद की कोई बड़ी घटना नहीं हुई जबकि जालन्धर में इनकी संख्या छः रही । उन्होंने बताया कि सीमा पर की गई सख्ती से उग्रवादियों की सीमा पार से 'हथियारों के भंडार' प्राप्त करने में काफी आघात पहुंचा है । उन्होंने दावा किया कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स रेंज में अभी सक्रिय है परन्तु कुछ गिरफ्तारियों व अनेक दर्जन उग्रवादियों के पुलिस मुकाबलों में मारे जाने से इस फोर्स की कमर टूट गई है ।

उग्रवादियों का लगभग सफ़ाया

सुनाम (नागपाल): संगरूर के पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान सिंह ने आज यहां दावा किया कि गत चार माह में जब से उन्होंने चार्ज सम्भाला है, जिला में उग्रवादियों और उनको शरण देने वालों का लगभग सफ़ाया कर दिया गया है । इस अवधि के दौरान 32 उग्रवादी और उनको शरण देने वाले 29 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि 3 उग्रवादी अभी तक फ़रार हैं । उन्होंने उग्रवादियों को अपील की कि वे जितनी जल्दी हो सके, स्वयं को कानून के हवाले कर दें । उनके साथ नरम और कानून के अनुसार व्यवहार किया जाएगा ।

हथियारों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक 6 ए.के. 47 राइफलें, 11 मैगजीनें और उनके 600 कारतूस, 3 आटोमैटिक स्प्रिंग राइफलें, 3 बन्दूकें, 96 कारतूस, 3 रिवाल्वर और 252 कारतूस बरामद किए गए हैं । जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खतरनाक उग्रवादी कुलवंत

आज जालंधर, कल चंडीगढ़

Punjabi Samachar

तरनतारन जिला अमृतसर में सी.आर.पी.एफ. और पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए उग्रवादी, जिन्होंने क्षेत्र में 21 निर्दोष लोगों की हत्याएं की थीं । (छाया : पंजाब केसरी)



गत दिनों संगरूर पुलिस ने उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं से 6 ए.के. 47 असाल्ट राईफलें, 2 तीस बोर की स्प्रिंग फील्ड सैमी आटोमैटिक राइफलें, 49 पिस्तौल व रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किए । (छाया : सिटी लाईट/गोयल)

थाना झब्बाल जिला अमृतसर के गांव जोहरवाला में उग्रवादियों की फायरिंग में मारी गई तस्वीरें (1) सिमरनजीत कौर, (2) पंच चन्नन सिंह, (3) गांव चानचक के नम्बरदार लछमन सिंह, (4) भूपेंद्र सिंह, (5) गांव तलवंडी सोभा सिंह के जागीर सिंह के शवों के चित्र, (6) गांव चानचक में उग्रवादियों की गोलियों से घायल युवती प्रभजीत कौर अस्पताल में उपचाराधीन पड़ी दिखाई दे रही है । (छाया : भगवान स्टुडियो, पट्टी)

सिंह, जो कि बरी कलां लहरा खाना का रहन वाला है और जिसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का किया गया । उसने एक दर्जन कत्ल किए है [illegible] सदस्य भी शामिल हैं । जगराओं में 22 जनवरी, 1988 में हुए हत्या-कांड, जिसमें 10 लोगों की हत्या की गई थी के लिए जिम्मेदार उग्रवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुखिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । [illegible] गिरफ्तारी के लिए 20 हजार का पुरस्कार था । आतंकवादी जग्गा, जिसने [illegible] डाक्टर की 5 मई को हत्या कर दी थी और उसका साथी नच्छत्तर सिंह भी पकड़ लिया गया है । ये दोनों खालिस्तानी कमांडो फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं ।

नच्छत्तर सिंह और जगराज सिंह जग्गा ने 27 मई को धुरी में सी.आर.पी. के एक जवान की हत्या कर दी थी और दूसरे को गम्भीर घायल कर दिया था ।

श्री ज्ञान सिंह ने रहस्योद्घाटन किया कि ये उग्रवादी धुरी के एस.एच.ओ. राजेन्द्रपाल सोढा की हत्या करने आए थे मगर श्री सोढा कहीं बाहिर गए हुए थे । इसलिए जाती बार गुस्से में उन्होंने सी.आर.पी. के जवानों पर फायरिंग कर दी थी । आतंकवादी गुरमीत सिंह उर्फ मीता गांव पोबी जिला भटिंडा को भी गिरफ्तार कर लिया गया था मगर उसने पुलिस हिरासत में ही कैप्सूल खा कर आत्महत्या कर ली थी ।

एक सम्वाददाता ने पूछा कि ऐसा कोई पत्र मिला है जिसमें धुरी की अदालत में बम धमाका करने की धमकी दी गई है । पुलिस अधीक्षक ने जवाब दिया कि ऐसे कथन में कोई दम नहीं है तथापि हम पूरी तरह चौकन्ने हैं । पूछा गया कि क्या जिला संगरूर की पुलिस में कुछ ऐसे तत्व भी मौजूद हैं जिनका उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध हैं तो उन्होंने बताया कि ऐसा रिकार्ड वाला कोई व्यक्ति नहीं है तथापि हमें एक दो व्यक्तियों पर संदेह है । इस संदर्भ में एक कांस्टेबल महेंद्र सिंह को खालिस्तान समर्थक नारे लगाने पर गिरफ्तार कर लिया गया था ।

पुलिस अधीक्षक ने पेशकश की अगर कोई सम्वाददाता स्वयं को खतरा अनुभव करता हो तो उसके लिए सुरक्षा की व्यवस्था की जा सकती है । मगर प्रैस वालों ने कहा कि वह सुरक्षा नहीं लेंगे ।

163 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की घोषणा

नई दिल्ली, 3 सितम्बर (वार्ता): राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन सोमवार को एक विशेष समारोह में 163 अध्यापकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगे ।

पुरस्कार पाने वालों में हरियाणा के 6, हिमाचल के 4, पंजाब के 8, चंडीगढ़ के 2 शिक्षक भी शामिल हैं । हरियाणा के शिक्षक हैं : धर्मपाल, राम किशन, हरबंस लाल गिरधर, भीम सिंह राठी, संतोष आनन्द, आसा सिंह । हिमाचल के शिक्षक हैं : गुरदेव सिंह, करतार सिंह, श्रीमती कौशल्या आहलुवालिया तथा आर. डी. शर्मा । पंजाब के शिक्षक हैं : श्रीमती संतोष सागर, कुमारी उर्मिला कुमारी, कृष्ण कुमार बेताब, मलकीयत सिंह, कुमारी सुरजीत कौर चीमा, हरचंद सिंह गिल, हजूर सरन बेदी तथा हेमराज गुप्ता ।

चंडीगढ़ की डौली 'भारत सुन्दरी' चुनी गई

बम्बई, 3 सितम्बर (वार्ता): चंडीगढ़ की 23 वर्षीय डौली मिन्हास कल रात यहां एक भव्य समारोह में भारत सुन्दरी चुनी गई । इस समारोह का आयोजन पश्चिमोत्तर बम्बई के जुहू सैंटोर होटल में किया गया था ।

'मिस एशिया' ग्लोरिया बोंग डिमायस्यो ने उन्हें सुन्दरी का ताज पहनाया । समारोह का आयोजन प्रमुख पत्रिका 'फैमिना' की ओर से किया गया था । कुमारी मिन्हास को आयोजकों की ओर से पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया । वह इस वर्ष अमरीका में होने वाली 'मिस यूनिवर्स' प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी ।

घी के भाव बढ़े

लुधियाना, 3 सितम्बर (नेपाल): पिछले एक सप्ताह में वनस्पति घी के भावों में लगभग दस रुपए [illegible]

धान की खरीद 15 से

लुधियाना, 3 सितम्बर (नेपाल): पंजाब में धान की सरकारी खरीद सरकारी एजैंसियों द्वारा 15 [illegible]

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा 2 परिवारों के 4 सदस्यों सहित 7 की हत्या : 7 आतंकवादी गिरफ्तार, मुठभेड़ में एक मरा

3 घुसपैठिए मरे, राजपुरा में धर्म स्थल के बाहर बम विस्फोट में 9 घायल

चंडीगढ़, 4 सितम्बर (ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब के विभिन्न स्थानों में पिता-पुत्र व दो भाइयों सहित 7 लोगों की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों की गोली से 3 घुसपैठिए मारे गए,जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया । राजपुरा में एक धर्म स्थान के बाहर बम फटने से 9 लोग घायल हो गए । गुरदासपुर में भी एक धर्म स्थान के बाहर एक बम पड़ा मिला । पंजाब में कुल 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया गया । सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।

अमृतसर (ह.स., वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात जिले में दो अलग-अलग वारदातों में दो परिवारों के चार सदस्यों को गोली से उड़ा दिया गया ।

पिता-पुत्र की हत्या

पुलिस ने बताया कि वैरोवाल पुलिस थाना क्षेत्र के मानक देका गांव में दो आतंकवादियों ने खेतों में एक डेरे की चार फुट ऊंची दीवार फांद कर 65 वर्षीय एक किसान गुरबचन सिंह और उसके पुत्र राम नारायण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । शवों के पोस्टमार्टम करा कर वारिसों के हवाले कर दिए गए हैं ।

दो भाइयों की हत्या

एक अन्य घटना में कल तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली पुलिस थाना क्षेत्र के रत्तोके गांव में हुई वारदात में तीन आतंकवादियों ने लक्खा सिंह के घर में घुस कर उसके दो पुत्रों सुखचैन सिंह और बलविंदर सिंह को गोली से उड़ा दिया ।

तरनतारन से 'पन्न' के अनुसार यहां से लगभग 35 किलोमीटर दूर रत्तोके में उग्रवादियों के शिकार हुए बलविंदर सिंह की आयु 22 वर्ष और सुखचैन सिंह की आयु 18 वर्ष थी । मृतकों के चाचा गुरबचन सिंह ने बताया कि दीवार फांद कर तीन सशस्त्र उग्रवादी घर में दाखिल हुए । लक्खा सिंह ने उन्हें देख लिया तो उन्होंने उसे लेटे रहने की धमकी दी । इसके बाद छत पर चढ़ कर उन्होंने सो रहे दोनों भाइयों को गोलियों से छलनी कर दिया,परन्तु घर में मौजूद अन्य सदस्यों को कुछ नहीं कहा लगभग 14-15 फ़ायर हुए । सुखचैन को दो और बलविंदर को तीन बर्स्ट लगे । पुलिस व सी.आर.पी. को इस घटना का पता सुबह पांच बजे चला । शवों के पोस्टमार्टम करा कर वारिसों के हवाले कर दिए गए ।

दोनों घटनाओं में पुलिस को ए.के. 47 असाल्ट राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

शव बरामद

गत रात मजीठा पुलिस जिला में मैहता पुलिस स्टेशन के गांव डेरीवाल में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने आज प्रातः शव बरामद किया । मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई ।

शव बरामद

अमृतसर सदर पुलिस स्टेशन के गांव मान में कुछ उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । उसका शव भी आज प्रातः बरामद हुआ । मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई ।

तीन घुसपैठिए मरे

गत रात घरिंडा पुलिस स्टेशन की चौकी पुल कंजरी के पास सीमा सुरक्षा बल के जवानों की गोली से पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने वाले तीन घुसपैठिए मारे गए । प्राप्त समाचार के अनुसार घुसपैठियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया परन्तु उनके इंकार करने पर जवानों ने उन्हें गोली मार दी ।

घुसपैठिया गिरफ्तार

इस बीच सीमा सुरक्षा बल ने कल रात अमृतसर जिले में लोपोके थाने के अंतर्गत रानियां क्षेत्र में एक घुसपैठिए को पकड़ लिया ।

बम मिला

गुरदासपुर (विनोद): बीती रात स्थानीय हनुमान मंदिर के पास से एक शक्तिशाली बम समय रहते पुलिस ने बरामद कर शहर में आतंकवादियों की खतरनाक साज़िश को नाकाम बना दिया । उस सम्बन्ध में जिला पुलिस प्रमख श्री पी.एम. दास ने बताया कि जब एक पुलिस पार्टी गश्त कर रही थी तो शहर के प्रमुख हनुमान मंदिर के पास एक आईसक्रीम की रेहड़ी के पास गत्ते का डिब्बा पड़ा मिला जिस पर पुलिस पार्टी ने तुरंत क्षेत्र खाली करा लिया और उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया । जब पुलिस पार्टी ने डिब्बे को खोला तो उसमें एक घड़ी चलती दिखाई दी । इस पर पार्टी को समझते देर न लगी कि यह वैसा ही बम है,जैसा 29 फरवरी को जिला कचहरी में चला था । गुरदासपुर जिला कचहरी में बम रखने वाले जो लड़के पकड़े गए थे, उन्होंने बम बनाने और उसे नकारा करने का तरीका पुलिस को बताया था । इसी आधार पर पुलिस पार्टी, जोकि डी.एस.पी. श्री राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में थी, ने हालात को देखते हुए जल्दी से जल्दी घड़ी, जिसकी सहायता से बम फटना था, को उतारने का निश्चय किया और उसमें सफलता प्राप्त की ।

श्री दास ने बताया कि बम में टार्च मार्का विस्फोटक पदार्थ की छः छड़ों को एक टीन के डिब्बे में खड़ा कर उसके चारों ओर लोहे के कांबले डाल रखे थे । विस्फोटक छड़ों में एक डैटोनेटर लगा हुआ था,जिसकी तारें घड़ी में फिट थीं ।

भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय प्रधान श्री मोहन महाजन ने आज प्रातः पुलिस द्वारा किए गए प्रशंसनीय कार्य के लिए धन्यवाद किया । जिला पुलिस प्रमख श्री दास ने जनता से अपील की है कि वह कहीं भी लावारिस पड़ी चीज देखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ।

तीन गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस जिले में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । उनके पास से एक रिवाल्वर तथा एक पिस्तौल बरामद की गई । गिरफ्तार आतंकवादियों में से एक का नाम बलकार चंद बताया गया है । उसके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर, 303 बोर की एक पिस्तौल और दस जीवित कारतूस बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार बटाला पुलिस स्टेशन सदर के गांव अम्मोवाल के निकट आज रात 9 बजे सुरक्षा बलों और पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । मृत उग्रवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

बम विस्फोट से 9 घायल

राजपुरा (मासूम): गत रात पुराने राजपुरा के श्याम-श्यामा मंदिर के बाहर एक शक्तिशाली बम विस्फोट से 9 लोग घायल हो गए । बताया जाता है कि रात लगभग दस बजे जब लोग जन्माष्टमी की झांकियां देखने में व्यस्त थे, साइकिल पर रखे बम से ज़ोरदार धमाका हुआ । साइकिल मंदिर के बाहर बनी दुकानों पर खड़ा किया गया था । विस्फोट इतना ज़ोरदार था कि उसकी आवाज़ बहुत दूर-दूर तक सुनाई दी । साइकिल टुकड़े-टुकड़े हो गया और दुकानों के शटरों में भी सुराख हो गए । घायलों में दो की हालत गंभीर है और उन्हें पटियाला भेज दिया गया है । गंभीर रूप से घायलों में बिहार निवासी भरतो और तीन मास का बच्चा गुरजीत है । सात

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उग्रवादियों की फ़ायरिंग से एक होमगार्ड घायल

जालन्धर, 4 सितम्बर (बख्शिन्दर, ह.स.): आज रात्रि 8.30 बजे के लगभग नकोदर,रेलवे रोड फाटक के पास एक अखबार की गाड़ी पर उग्रवादियों द्वारा गोली चलाए जाने से एक होमगार्ड का जवान बलदेव कुमार घायल हो गया,जिसे नकोदर सिविल अस्पताल में भरती कराया गया । गाड़ी के मालिक ने बताया कि फाटक पर तीन होमगार्डों ने उन्हें हाथ देकर रोका और कहा कि उन्हें सिटी थाने तक छोड़ दें । एक होमगार्ड जवान चढ़ गया । दूसरा जब गाड़ी पर चढ़ रहा था, तभी पीछे से उग्रवादियों ने उन पर पांच गोलियां चलाईं । एक गोली गाड़ी पर चढ़ रहे होमगार्ड के जवान को लगी जबकि दो गोलियां गाड़ी में लगीं । होमगार्ड जवान गोली लगने से घायल होकर नीचे गिर गया । जब दोबारा गोली नहीं चली तो कुछ लोगों ने घायल जवान को सिविल अस्पताल ले जाकर भरती कराया ।

मकसूदां में गोली चली

आज रात्रि जालन्धर में मकसूदां के पास उग्रवादियों ने गोली मार कर एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया,जिसे अस्पताल में भरती कराया गया ।

पाक जासूस गिरोह के मुखिया जरनैल सिंह के विरुद्ध देशद्रोह का मुकद्दमा : तेजी से तलाश जारी

हनुमानगढ़, 4 सितम्बर (अमरपाल): समीपवर्ती कस्बे लालगढ़ की पुलिस ने कथित पाकिस्तानी जासूस गिरोह के सरगना जरनैल सिंह के खिलाफ़ देशद्रोह का मुकद्दमा दर्ज किया है । जासूस गिरोह से संबंधित एक दर्जन के करीब लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है तथा जरनैल सिंह की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है ।

उल्लेखनीय है कि जरनैल सिंह उस पाक जासूस गिरोह का सरगना है, जिसका पर्दाफ़ाश पुलिस ने गत अप्रैल माह में मोहम्मद अली व परवेज़ नामक दो कथित पाक जासूसों की गिरफ्तारी के बाद किया था । यह गिरोह भारतीय सेना एवं सामरिक महत्व के रहस्य पाकिस्तान की गुप्तचर एजैंसी फ़ील्ड इंटैलीजैंस को भेजता रहा था ।

पुलिस तथा गुप्तचर एजैंसियों की गहरी जांच-पड़ताल से यह रहस्योद्घाटन हुआ कि उक्त जासूस गिरोह का मुखिया लालगढ़ सैनिक छावनी के पास स्थित गांव लाधुवाली का निवासी जरनैल सिंह है, जो छावनी के पास ही के गांव बख्तांवाली में राजकीय हायर सैकेंडरी स्कूल के प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत है तथा वह गत 14 अप्रैल से अवकाश पर जाने के बाद से फरार है ।

विश्वसनीय सूत्रों से हासिल मालूमात के अनुसार गुप्तचर विभाग ने जरनैल सिंह के बेटे चरण सिंह को हिरासत में लिया है, जो जासूसी में अपने पिता का सहयोग करता था । इसी सम्बन्ध में राजस्थान परिवहन विभाग के एक परिचालक बलराज सिंह एवं इसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है । सूत्रों के अनुसार बलराज पाकिस्तान से आने वाले जासूसों को अपने गंगानगर में सुखाड़िया सर्किल के पास किराए पर लिए गए कमरे में शरण देता था बल्कि तस्करी कर भारत लाई गई वस्तुओं की खरीद-फरोख्त में भी उन्हें मदद देता था ।

इस गिरोह का सदस्य होने के आरोप में एक व्यक्ति करतार सिंह को भी बीते दिनों हिरासत में लिया गया है, जो डबलक्रास कर रहा था । कहने को तो करतार सिंह एक भारतीय एजैंसी का मुखबिर था, पर असल में वह पाकिस्तान के लिए काम कर रहा था । करतार सिंह पाकिस्तानी जासूसों को भारतीय सैनिक छावनियों और संवेदनशील इलाकों में ले जाकर उन्हें सुरक्षा सम्बन्धी गुप्त सूचनाएं एकत्रित करने में सहयोग देता था ।

इस जासूस गिरोह से सम्बन्धित गिरफ्तार लोगों ने यह भी रहस्योद्घाटन किया है कि उन्हें पाक के लिए जासूसी करने के अलावा भारत से एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों को पाकिस्तान ले जाकर वहां फ़ील्ड इंटैलीजैंस के अफसरों से सम्पर्क कराने का भी काम सौंपा गया था ।

सूत्रों ने बताया कि गिरोह के मुखिया जरनैल सिंह के पकड़े जाने के बाद और भी सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन होने की उम्मीद है ।

Punjab Sahitani

श्री भिडर ने सी.आर.पी.एफ. के उन जवानों को नकद पुरस्कार बांटे, जिन्होंने हाल में आतंकवादियों को पकड़ कर उनसे ए.के.-47 व इलैक्ट्रानिक उपकरणों सहित भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया था ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

घायलों को राजपुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इनके नाम इस प्रकार हैं– रमेश कुमार, उसकी पत्नी तृप्ता रानी और डेढ़ वर्षीया बच्ची नीतू, चंद राम भईया, सात वर्षीया रानो और उसकी मां परमिंदर कौर तथा पांच वर्षीय बच्चा जगदीश कुमार । धमाके की आवाज़ सुन कर डी.एस.पी. तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अपनी जीप पर अस्पताल पहुंचाया ।

जांच कराने की मांग

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है । जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री दीवान चंद सिगला ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और वारदात के समय बिजली बंद होने के कारणों की जांच कराए जाने की मांग की । उन्होंने कहा कि कुछ मास पहले भी टाहलीवाला चौक में हुई वारदात के समय बिजली बंद हो गई थी । गंभीर रूप से घायलों में एक श्रमिक राजा राम और एक दो मास की बच्चा है । इन्हें यहां राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

चार गिरफ्तार

भटिंडा (ह.स.): पुलिस ने बलजीत गिरोह के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से कुछ हथियार बरामद किए हैं ।

गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त गुरदास सिंह, करनैल सिंह, बलविंदर सिंह और अजैब सिंह के रूप में की गई है ।

एक की हत्या

लुधियाना (ह.स.): चार उग्रवादियों ने आज प्रातः खन्ना सदर पुलिस स्टेशन के गांव भट्टियां में कुछ हथियारों से हमला करके दो भाइयों को घायल कर दिया जिनमें एक सुखविंदर सिंह की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

40 हजार लूटे

लुधियाना से धीमान के अनुसार आज रात्रि स्थानीय मोती नगर क्षेत्र में चार उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर 40 हजार रु. की नकदी व आभूषण लूट लिए तथा 2 लाख रुपए तैयार रखने की धमकी वाला एक पत्र भी छोड़ गए ।

पंजाब में आतंकवादियों ने मां, बेटी समेत 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी

रुपए न मिलने पर युवक का अपहरण, मृत उग्रवादी की शिनाख्त

गोलीबारी की घटनाओं में होमगार्ड व एक अन्य घायल

चंडीगढ़, 5 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक मां और उसकी बेटी समेत 10 व्यक्तियों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई, जबकि कल मारे गए एक संदिग्ध आतंकवादी की शिनाख्त हो गई है । अमृतसर के एक गांव से आतंकवादियों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । गोलीबारी की घटनाओं में एक होमगार्ड सहित 2 लोग घायल हुए ।

किसान की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव चौधरीवाल में कल रात्रि तीन अज्ञात सशस्त्र युवकों ने फायरिंग करके एक किसान अमर सिंह (85) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के तीनों आतंकवादियों सुखविंद्र सिंह पप्पू और अन्य की शिनाख्त करके उन्हें पकड़ने के लिए छापे मारे जा रहे हैं । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का पत्र मिला है ।

मृत युवक की शिनाख्त

एस.एस.पी. श्री शर्मा ने आगे बताया कि गांव अम्मोनंगल के निकट सुरक्षा कर्मी की गोली से मारे गए युवक का नाम अवतार सिंह तारी है । वह हाथी गेट बटाला का रहने वाला था । वह इसलिए मारा गया कि वह एक मारुति वैन डी.डी. 6568 पर रात्रि नौ बजे मेहता चौक से बटाला की ओर जा रहा था । रास्ते में रंगड़ नंगल गांव में स्थित बी.एस.एफ. ने उसे रुकने का संकेत किया लेकिन वह वैन तेज कर भगा ले गया । बी.एस.एफ. की टुकड़ी ने अम्मोनंगल में बी.एस.एफ. को वायरलैस की, जिसने रुकने का संकेत किया लेकिन जब कार न रुकी तो उन्होंने गोली चला दी, जिससे अवतार सिंह तारी मारा गया ।

तीन की हत्या

पट्टी (पाठक): गत रात पांच-छः अज्ञात आतंकवादियों ने पट्टी शहर में अमृतसर रोड चुंगी के निकट गार्डन कालोनी में एक व्यक्ति दीदार सिंह (55), बलबीर कौर (35) व बलबीर कौर की बेटी रमणीक कौर उर्फ बेबन (15) की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार ये व्यक्ति रात 10.30 बजे के करीब बलबीर कौर के घर आए तथा काफी देर उनके साथ बातें भी करते रहे । इन्होंने उसके एक किराएदार व नौकरानी को बाद में एक कमरे में बंद कर दिया व उक्त तीनों को गोली मार दी । हत्याएं करने के बाद ये लोग मकान के बाहर खड़ी कार में भाग निकले ।

मृतक दीदार सिंह इंगलैंड से भारत आया था तथा उसने पट्टी के महिला अकाली दल की प्रधान मृतका बलबीर कौर के साथ 15 दिन पूर्व ही शादी की थी तथा दो दिन बाद वह इंगलैंड जाने वाला था। शादी के बाद बलबीर कौर कल पहली बार अपने घर आई थी । बलबीर कौर उजागर सिंह खालिस्तानी की बेटी थी । उसका एक बेटा आनंदपुर साहिब अकादमी में पढ़ता है ।

हत्यारों द्वारा कमरे में बंद की गई नौकरानी व किराएदार ने सारी रात भय के कारण शोर नहीं मचाया तथा प्रातः नौकरानी ने दरवाजे का शीशा तोड़ कर बाहर से बंद किए दरवाजे को खोला व पुलिस को सूचना दी । पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों को बताया है कि यह निजी शत्रुता का मामला लगता है । हत्याओं में ए.के. 47 असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया था ।

एक और हत्या

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर जिला के थाना मेहता के गांव शाहपर खुर्द के बाहर नहर के पुल के निकट एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई । भिडरांवाले टाइगर फोर्स के पैड पर लिखे एक पत्र में हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

रुपए न देने पर अपहरण

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमृतसर जिले के चम्बा कलां गांव से दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । इससे पहले उसके घर वालों से आतंकवादियों ने पचास हजार रुपए मांगे थे ।

2 होमगार्ड घायल

आज रात्रि अमृतसर के पट्टी रेलवे स्टेशन के पास होमगार्डों की एक चौकी पर उग्रवादियों ने ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग करके होमगार्ड के दो जवान घायल कर दिए । जिन्हें अस्पताल में भरती कराया गया ।

भट्ठा मुनीम की हत्या

मखू (चंद्रशेखर): आज निकटवर्ती गांव खड़र के भट्ठे पर दो आतंकवादियों ने भट्ठा मुनीम शांति लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । दोनों आतंकवादी पैदल आए थे और हत्या करके पैदल ही चले गए । उल्लेखनीय है कि दो माह पूर्व कुछ आतंकवादी भट्ठा मालिक इंद्रमोहन व उनके मुनीम शांति लाल को उनकी मारुति कार में अपहरण कर ले गए थे और बाद में मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ दिया था । आज आतंकवादियों ने पहले दफ्तर की तलाशी ली और वहां पड़े 5000 रुपए उठा लिए । इसके बाद उन्होंने मुनीम की हत्या कर दी ।

2 की हत्या

गत रात्रि फिरोजपुर जिले के मक्खू थाने के ग्राम फतेहगढ़ सहरा में उग्रवादियों ने महेन्द्र सिंह व पूरन सिंह की हत्या कर दी ।

होमगार्ड घायल

जालंधर (वार्ता): थाना नकोदर के गांव मेहतपुर में आतंकवादियों ने एक होमगार्ड बलदेव राज को गोली मार कर घायल कर दिया । होमगार्ड दो पुलिस कर्मियों के साथ शराब के ठेका पर तैनात था ।

दुकान में गोली मार दी

जालंधर शहर के बाहरी हिस्से में कल रात मकसूदां के पास संदिग्ध आतंकवादियों ने एक दुकान में एक व्यक्ति को गोली मारी दी जिससे वह घायल हो गया ।

आतंकवादियों ने कल रात जिला होशियारपुर के जौड़ा गांव में एक व्यक्ति किरपाल सिंह को तेजधार हथियारों से हमला करके घायल कर दिया ।

बच्चे की लाश मिली

जिला कपूरथला के गांव सूजा कालिया में एक वीरान मकान में एक बच्चे का शव मिला । इस बच्चे का कुछ दिन पहले अपहरण कर लिया गया था ।

2 तस्कर गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): एस.एस.पी श्री ज्ञान सिंह ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दिल्ली प्रशासन व पुलिस पर वधवा जांच समिति को सहयोग न देने का आरोप

नई दिल्ली, 5 सितम्बर (वा., ह.स.): राजधानी में वकीलों के आंदोलन से संबंधित घटनाओं की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच समिति ने आज टिप्पणी की कि दिल्ली प्रशासन और दिल्ली पुलिस दोनों ही जांच कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं । दूसरी ओर प्रशासन ने आरोप लगाया कि समिति के कार्य में दिल्ली पुलिस कतई सहयोग नहीं कर रही है ।

प्रशासन के वकील आर.पी. लाव ने आज समिति के समक्ष कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद दिल्ली पुलिस का कोई वकील यहां उपस्थित नहीं है । इससे स्पष्ट है कि पुलिस समिति के साथ सहयोग नहीं करना चाहती । उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रशासन जांच समिति को हर तरह सहयोग प्रदान करता रहेगा ।

न्यायमूर्ति डी.पी. वधवा ने प्रशासन के वकील से पूछा कि न्यायमूर्ति एन.एन. गोस्वामी के इस्तीफे से दो सदस्यीय समिति में रिक्त हुए स्थान को भरने के लिए क्या किया जा रहा है । न्यायमूर्ति श्री वधवा ने इस रिक्त स्थान पर किसी न्यायाधीश को नियुक्त किए जाने में प्रशासन की शिथिलता पर अप्रसन्नता व्यक्त की ।

दिल्ली प्रशासन ने 25 अगस्त को न्यायमूर्ति वधवा को आश्वासन दिया था कि करीब दस दिन के भीतर ही समिति के नए सदस्य की नियुक्ति हो जाएगी । प्रशासन इसके लिए उच्च स्तर पर विचार-विमर्श कर रहा है । इस आश्वासन पर ही न्यायमूर्ति वधवा ने समिति की सुनवाई आज के लिए मुलतवी की थी । प्रशासन के वकील ने आज फिर दस दिन का समय मांगा । न्यायमूर्ति ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि श्री लाव के रवैये से लगता है कि प्रशासन के पास पूछताछ के लिए कोई गवाह ही नही है । हालांकि श्रीमती किरण बेदी के मामले में उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि दिल्ली प्रशासन के गवाह सबसे पहले गवाही देंगे ।

न्यायमूर्ति वधवा ने आज फैसला किया कि वह न्यायमूर्ति गोस्वामी के इस्तीफे के कारण ठप्प पड़े समिति के काम को अब आगे शुरू करेंगे ।

समिति बार एसोसिएशन, प्रशासन और पुलिस के तर्कों पर नौ सितम्बर को सुनवाई करेगी । नौ सितम्बर को ही इस मुद्दे पर भी बहस होगी कि कौन-कौन से गवाह जांच आयोग अधिनियम की धारा 8 (बी) के तहत आते हैं ।

दिल्ली प्रशासन गवाहों से पूछताछ नहीं करेगा

इसी बीच दिल्ली प्रशासन ने वधवा समिति के सम्मुख आज स्पष्ट किया कि वह पुलिस और वकीलों के विवाद के संबंध में किसी गवाह से पूछताछ नहीं करेगा । उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने गत माह दिल्ली प्रशासन को निर्देश दिए थे कि वह इस मामले पर स्पष्ट रवैया अपनाए तथा अपने गवाहों से पूछताछ करे ।

लेकिन दिल्ली प्रशासन के वकील आर.पी. लाव ने समिति को बताया कि दिल्ली प्रशासन दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से पूछताछ नहीं करेगा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सतवन्त द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर

नई दिल्ली, 5 सितम्बर : इंदिरा गांधी के हत्यारे सतवन्त सिंह ने मौत की सजा के फैसले के खिलाफ आज उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की । उच्चतम न्यायालय ने 3 अगस्त को सतवन्त सिंह की अपील खारिज करते हुए उसे मौत की सजा के फैसले को बरकरार रखा था ।

91 पेज की पुनर्विचार याचिका में अनुरोध किया गया है कि सतवन्त सिंह की सजा को रद्द किया जाए तथा उसे बरी करने अथवा नए सिरे से सुनवाई का आदेश दिया जाए । सतवन्त सिंह की ओर से उनके वकील आर.एस. सोढी ने यह याचिका दायर की है ।

याचिका में तर्क दिया गया है कि पुनर्विचार के तर्कों पर खुली अदालत में सुनवाई की जाए । उच्चतम न्यायालय के नियमानुसार सामान्यतया पुनर्विचार याचिका की सुनवाई न्यायाधीशों के चैम्बर में होती है । उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति गोवर्धन लाल ओझा, न्यायमूर्ति बी.सी. राय और न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी ने तीन अगस्त को सतवन्त सिंह और केहर सिंह को फांसी की सजा के फैसले को बरकरार रखते हुए तीसरे अभियुक्त बलबीर सिंह को रिहा करने का फैसला सुनाया था ।

मानोचाहल या किसी दूसरे से कोई समझौता नहीं किया : प्रो. दर्शन सिंह

लुधियाना, 5 सितम्बर (मुसाफिर): अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह ने आज यहां एक इंटरव्यू में कहा कि उतनी देर तक पंजाब की समस्या का हल दिखाई नहीं देता, जब तक सच्चे मन से और मानवीय अधिकारों के प्रकाश में सिखों को संतुष्ट नहीं किया जाता कि यह देश उनका और देश की भूमि उनकी है तथा वे हर प्रकार से इस देश में भागीदार हैं और यह दायित्व देश चला रहे राजनीतिज्ञों का है ।

जब उनका ध्यान समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया कि मानोचाहल और उनमें कोई समझौता हो गया है तो प्रो. दर्शन सिंह ने कहा कि मैंने किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया । उन्होंने कहा कि समाचारपत्रों में यह समाचार पढ़ कर मुझे दुःख हुआ है । यह समाचार सरकारी षड्यंत्र के अंतर्गत या कुछ लोगों के परस्पर विरोध के कारण प्रकाशित करवाया गया है । ये लोग मनघडंत और आधारहीन शोशे छोड़ रहे हैं, जिनसे अकाल तख्त के सम्मान को भी ठेस पहुंचती है । उन्होंने कहा कि मैं समाचारपत्रों से भी कहना चाहता हूं कि बिना किसी प्रमाण के ऐसे समाचार प्रकाशित न करें । उन्होंने कहा कि मैंने कभी किसी से गुप्त समझौता नहीं किया है । मेरा जीवन खुली पुस्तक की भांति सिख कौम के सामने है । सिखों को ऐसे समाचारों से गुमराह नहीं होना चाहिए ।

प्रो. दर्शन सिंह ने कहा कि कौम के हित में गुरुमत सिद्धांत के अंदर बैठ कर संघर्ष (उनका संकेत उग्रवादियों की ओर था) करने वालों को बातचीत में संतुष्ट करना आवश्यक है । राजनीतिक समझौता मानवीयता और मानवीय अधिकारों के प्रकाश में होना चाहिए, अकाल तख्त का जिसको समर्थन प्राप्त हो । प्रो. दर्शन सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार पंजाब की समस्या का कोई बातचीत शुरू करके राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है ।

प्रो. दर्शन सिंह ने कहा कि सुशील मुनि साध-महात्मा हैं, सरकार ने उन्हें भी इस्तेमाल किया । मेरे साथ सुशील मुनि जी की जो बातचीत हुई, वह समझौता नहीं था, बल्कि समझौते के लिए पंजाब का वातावरण ठीक करने के लिए एक आधार था । 6, 7, 8 मई, 1987 को सुशील मुनि ने मेरे साथ बातचीत की और कहा कि सबकुछ हो गया है । मैंने उनको कहा था कि जोधपुर के सभी नजरबंदों को रिहा किया जाए, सभी मुकदमे वापस लिए जाएं, सैनिक बहाल किए जाएं, जो भूमिगत हैं, उनके विरुद्ध भी केस वापस लिए जाएं आदि । उन्होंने कहा कि सुशील मुनि सरकार की ओर से चंडीगढ़ की पेशकश (पंजाब के हवाले करने) लेकर आए थे । मैंने उन्हें कहा कि समझौता तो सिख राजनीतिज्ञ ही करेंगे, मैं तो मात्र वातावरण ठीक करने के लिए बातचीत कर रहा हूं । वातावरण ठीक होने के बाद पंथ के नेता और सिख युवक बैठकर समझौता करेंगे । लेकिन मैंने बहुत शीघ्र अनुभव किया कि सुशील मुनि जी ने दिल्ली जाकर तीन दिन के बाद ही मुझे टैलीफोन शुरू कर दिए और कहना शुरू कर दिया कि काम हो रहा है । कभी कहने लगे कि हरियाणा का चुनाव बाधा बन रहा है । वास्तव में सरकार सुशील मुनि को प्रयुक्त करना चाहती थी, फिर सरकार ने ही उन्हें अलग कर दिया । फिर सरकार ने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि मुझे अकाल तख्त छोड़ना पड़ा । सरकार मुझे भी इस्तेमाल करना चाहती थी ।

उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिज्ञ बार-बार अकाल तख्त को इस्तेमाल करते हैं कि अकाल तख्त मजबूत खड़ा हो जाए और फिर उसका विरोध करते हैं । इस प्रकार अकाल तख्त का सम्मान घटाने का भी प्रयत्न करते हैं ।

रियासी में आंदोलन जारी

जम्मू, 5 सितम्बर (सच्चर): रियासी में आज भी धारा 144 का उल्लंघन करके जुलूस निकाला गया तथा छः स्वयं सेवकों ने गिरफ्तारी दी । जुलूस का नेतृत्व वकील श्री मधु लाल नन्दा कर रहे थे तथा इन प्रदर्शनकारियों को अन्यों के अलावा श्री मदन लाल ने भी सम्बोधित किया । यह बात दोहराई गई कि जब तक रियासी को जिला का दर्जा नहीं दिया जाता आंदोलन जारी रहेगा ।

रियासी आंदोलन के संरक्षक तथा भाजपा नेता श्री ऋषि कुमार कौशल अभी भी एस.जी.एम.एस. अस्पताल के 'इनटैंसिव केयर यूनिट' में उपचाराधीन हैं । कल उनको डाक्टरों की सलाह पर पुलिस ने वहां भेजा था । उनकी दशा में सुधार हो रहा है ।

आपसी रंजिश में 2 की हत्या

मखू, 5 सितम्बर (चंद्र शेखर): निकटवर्ती गांव सभराह में एक व्यक्ति महेंद्र सिंह के घर में तीन व्यक्ति दयाल सिंह, सुक्खा सिंह व बाज सिंह जबरदस्ती घुस गए । उनके पास लाइसैंसी बंदूकें थीं । महेंद्र सिंह को कथित रूप से बंदूक की नोक पर बाहर ले गए और नदी के किनारे ले जाकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । इसके बाद वे तीनों व्यक्ति पूर्ण सिंह पुत्र जिंद सिंह के घर गए और उसे भी घर से बाहर बुला कर गोली मार कर मार डाला । यह हत्याएं किसी आपसी रंजिश के कारण की गईं । उल्लेखनीय है कि इसी रंजिश के कारण लगभग एक माह पूर्व तीन व्यक्तियों धन कौर, कीकर सिंह व बचित्तर सिंह की हत्या कर दी गई थी ।

त करेगा : उमरानंगल

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि पुलिस ने दो तस्करों राजेन्द्र सिंह बबूड़ तथा अवतार सिंह मनीमाजरा को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका तीसरा साथी पवन कुमार फरार हो गया । पुलिस ने उनसे 120 बोरी भुक्की बरामद की जिसका मूल्य 5 लाख रुपए बताया जाता है ।

35 हजार लूटे

लुधियाना (ह.स.): गत रात लुधियाना के मोती नगर क्षेत्र में राम रक्खा के घर से आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर 35,000 रुपए लूट कर ले गए ।

दो रिवाल्वर छीने गए

मालेरकोटला (आ.): आज सुबह मालेरकोटला सब-डिवीजन में दो अलग-अलग घटनाओं में दो रिवाल्वर छीन लिए गए । थाना अमरगढ़ के गांव हुसैनपुरा में दो नौजवान रूपिंदर सिंह के घर में घुस कर उसका 32 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए । बाद में यही युवक जीके पुल के निकट डाक्टर हरनेक सिंह के अस्पताल में घुस कर उनका 38 बोर का रिवाल्वर ले गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (वार्ता): प्राप्त सूचना के अनुसार होशियारपुर थाना सदर पुलिस ने लाधोवाल अड्डा के निकट नाकेबंदी के दौरान फगवाड़ा के दो युवकों अश्विनी कुमार और बलबीर सिंह को उग्रवाद उन्मूलन कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया । वे स्कूटर बजाज चेतक पी.सी.एस. 1020 पर जा रहे थे जो उन्होंने फगवाड़ा में छीना था ।

होशियारपुर पुलिस ने अश्विनी व बलबीर सिंह नामक दो स्कूटर सवार उग्रवादियों को हरदोखानपुर के पास जर्मन रिवाल्वरों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

वकीलों की जांच

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्योंकि दिल्ली पुलिस तकनीकी तौर पर तो दिल्ली प्रशासन का हिस्सा है लेकिन वस्तुतः वह स्वतंत्र संगठन है ।

वकीलों की ओर से श्री के.के. वेणुगोपाल ने दलील दी कि दिल्ली प्रशासन का रवैया उच्चतम न्यायालय के निर्देश का साफ-साफ उल्लंघन है ।

श्री वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली प्रशासन वकीलों की हड़ताल की जांच कर रही समिति को सहयोग नहीं दे रहा है ।

पत्रकार संगठनों की हड़ताल

(पृष्ठ 3 का शेष)

समाचार छिपाने का प्रयास

जालन्धर : अखिल भारतीय वकील यूनियन पंजाब शाखा के प्रधान श्री डी.एस. ढिल्लों द्वारा जारी एक प्रेस नोट में कहा गया कि मानहानि बिल सरकार द्वारा उच्च स्थानों का भ्रष्टाचार छिपाने का प्रयास है । यह बिल केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ही गला नहीं घोटता बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का भी हनन करता है । प्रेस नोट में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के वकीलों से अपील की गई कि वह तालमेल समिति द्वारा घोषित 6 सितम्बर की हड़ताल में शामिल हों ।

200 ने गिरफ्तारी दी

इंदौर (वार्ता): मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सम्भागीय इकाई के आह्वान पर आज यहां मानहानि विधेयक के विरोध में लगभग दो सौ पत्रकारों, समाचारपत्रों के कर्मचारियों तथा विपक्षी दलों के नेताओं ने गिरफ्तारी दी । पुलिस ने बाद में सभी को जेल भेज दिया । आज सुबह जलूस निकाला गया जिसमें प्रेस सरकार की गुलाम नहीं है, 'जो हिटलर की चाल चलेगा वो हिटलर की मौत मरेगा' और 'काला कानून वापस लो' आदि नारे लगाए गये ।

भाजपा 11 सितम्बर को मानहानि विधेयक वापस लो दिवस मनाएगी ।

लौंगोवाल हत्याकांड में सी.बी.आई. का वकील पेश न हो सका

संगरूर, 5 सितम्बर (गर्ग): अकाली नेता स्वर्गीय संत हरचंद सिंह लौंगोवाल हत्याकांड की सुनवाई आज यहां श्री गोयल की विशिष्ट अदालत में

उग्रवादियों द्वारा खेमकरण के पास ट्रेन में 15 यात्रियों की हत्या

दुर्दान्त उग्रवादी अमरजीत सिंह डल्ली मुठभेड़ में मारा गया : चंडीगढ़ में बम विस्फोट में एक उग्रवादी मरा, दूसरा घायल

कई जगह उग्रवादियों द्वारा फिरौती के लिए लोगों के अपहरणों की घटनाएं, कई आतंकवादी गिरफ्तार, लूटपाट की कई वारदातें

पंजाब में अन्यत्र पुलिस सब-इंस्पैक्टर व ग्रंथी सहित 12 लोगों की हत्या, 8 घुसपैठिये मुठभेड़ों में मरे

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में पहली बार आज रात्रि अमृतसर जिले में खेमकरण के पास रूड़ेअसल ग्राम के रेलवे स्टेशन पर एक पैसेंजर ट्रेन के 15 यात्रियों की हत्या कर दी व 25 अन्य को घायल कर दिया ।

इसके अलावा अमृतसर जिले में एक ग्रंथी सहित 3 लोगों की हत्या की गई जबकि 5 घुसपैठिए मारे गए । होशियारपुर जिले में एक सब इंस्पैक्टर व एक भू.पू. सरपंच सहित दो लोगों की हत्या की गई जबकि उग्रवादी अमरजीत सिंह डल्ली मुठभेड़ में मारा गया । चंडीगढ़ में बम फटने से एक उग्रवादी मारा गया जबकि एक घायल हो गया । लुधियाना में 3 व्यक्ति, पटियाला में एक व्यक्ति, जालन्धर में 3 व्यक्ति उग्रवादियों की गोलियों के शिकार हुए । उग्रवादियों ने फिरौती वसूलने के लिए कुछ लोगों का अपहरण किया । कई जगह लूटपाट की वारदातें हुई । कुछ उग्रवादी गिरफ्तार भी किए गए । एक घुसपैठिया डेरा बाबा नानक सैक्टर (गुरदासपुर) में मारा गया जबकि दो घुसपैठिए फिरोजपुर सैक्टर में मारे गए ।

ट्रेन में 15 की हत्या

अमृतसर (दीपक शर्मा, वार्ता, ह.स.): आज रात्रि 7 से 7.30 बजे के मध्य अमृतसर जिले के तरनतारन के पास, अमृतसर से 29 किलो मीटर दूर खेमकरण जा रही 6 ए.के. यात्री ट्रेन पर उग्रवादियों के एक गिरोह ने फायरिंग करके 15 यात्रियों की हत्या कर दी व 25 को घायल कर दिया । यह घटना ग्राम रूड़ेअसल रेलवे स्टेशन पर हुई । यह स्टेशन तरनतारन से खेमकरण की ओर जाने पर दूसरा स्टेशन है । यह ट्रेन भी आखिरी ट्रेन थी जिस पर दैनिक यात्री थे । इनमें से भी अधिकांश एक ही समुदाय के थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ट्रेन अमृतसर से 6.15 बजे शाम को खेमकरण के लिए रवाना हुई थी । जब ट्रेन तरनतारन और खेमकरण के बीच रूड़े असल रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी तभी रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर आगे बनी सी. आर.पी. की चौकी पर तैनात जवानों ने रेलवे स्टेशन की तरफ से फायरिंग की आवाज सुनी और तुरन्त ही वे स्टेशन की ओर भागे । वहां स्टेशन पर खड़ी ट्रेन की एक बोगी में उन्हें नौ यात्रियों के शव मिले । उग्रवादियों ने ए. के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की थी ।

25 घायलों में से 20 की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

इस ट्रेन के साथ अमृतसर से दो होम गार्ड तथा जी.आर.पी. के 5 जवान एक हैड कांस्टेबल गुरचरण सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के लिए गए थे ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बोगी में 8 शव मिले जबकि एक घायल यात्री अस्पताल ले जाए जाते समय दमतोड़ गया ।.

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 10 से 15 के बीच थी । जब ट्रेन रूड़ेअसल रेलवे स्टेशन पर रुकी, वे बोगी में चढ़ गए और यात्रियों पर फायरिंग शुरू कर दी । कई यात्रियों ने ट्रेन से कूद कर जान बचाई । अन्य बोगियों के यात्री कूद कर पास के खेतों में जा छिपे ।

अंतिम सूचनाओं तक ट्रेन रूड़ असल रेलवे स्टेशन पर ही खड़ी है ।

ग्रंथी की हत्या

अमृतसर (ह.स.): सोमवार की रात को थाना रमदास के गांव कालटा में बब्बर खालसा के उग्रवादियों ने एक ग्रंथी गुरदयाल सिंह की हत्या कर दी ।

कार पर फायरिंग, 1 मरा

कल रात कार में भिखीविंड से खालड़ा जा रहे एक व्यापारी के परिवार पर उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी । फायरिंग में श्री कुलवन्त राय की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसके भाई रामलुभाया, रामस्वरूप तथा राकेश कुमार सख्त घायल हो गए । घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

गोलियों से छलनी शव मिला

कल थाना रमदास के पंडोरी तथा कोटला गांवों के मध्य खेतों में गुरदेव सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला । घटनास्थल पर ए.के. 47 शाट गन के कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

राहगीरों पर फायरिंग

एक अन्य घटना में पट्टी में एक कार में सवार उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर मंगल सिंह तथा उसके लड़के पाल सिंह को सख्त घायल कर दिया ।

किसान घायल

गत रात बैरोवाल में आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग किए जाने से एक किसान प्रकाश सिंह घायल हो गया, जबकि उसका भाई दलीप सिंह और नौकर पप्पू बाल-बाल बच गया ।

शरणदाता

पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी सिकंदर सिंह को शरण देने के आरोप में तीन व्यक्तियों गुरनाम सिंह, त्रिलोक सिंह व गुरसाहब सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

आढ़ती का अपहरण

कल कैरों के निकट दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक आढ़ती अशोक कुमार का अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि अशोक कुमार साइकल पर पट्टी से कैरों जा रहा था कि आतंकवादियों ने उसे रास्ते में रोका और बंदूक की नोक पर उसका अपहरण कर लिया ।

तीसरा केस

25 अगस्त के बाद इस क्षेत्र में अपहरण की यह तीसरी घटना है । 25 अगस्त को बोपाराय स्टेशन पर तीन सुरक्षा कर्मियों का अपहरण कर लिया गया था जिनमें से दो बचकर आ गए थे, जबकि सिपाही विशम्भर दास की लाश मिली थी । 29 अगस्त को कैरों बस स्टैंड पर एक कैमिस्ट पुरुषोत्तम लाल का अपहरण कर लिया गया था । बाद में उसने 50 हजार रुपए देकर आतंकवादियों से छुटकारा प्राप्त किया था ।

8 घुसपैठिए मरे

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में अमृतसर में 5, गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक, फिरोजपुर सैक्टर में 2 घुसपैठिए मारे गए ।

बुधवार को चंडीगढ़ के सैक्टर 26 में विस्फोट स्थल का निरीक्षण करते हुए उच्चाधिकारी तथा विस्फोट में घायल उग्रवादी देवेन्द्र सिंह । (छाया : पुरी)

आतंकवादी मारा गया

दसूहा (शावर): कल आधी रात को डी.एस.पी. दसूहा श्री अजीत सिंह संधू को सूचना मिली कि कुछ आतंकवादी थाना मुकेरियां के क्षेत्र नौशहरा जट्टां के निकट छिपे हुए हैं । सुरक्षा बल उस स्थान की ओर रवाना हो गए । जब वे फोकल प्वाइंट नौशहरा के निकट पहुंचे तो अज्ञात आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग की । सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक कट्टर आतंकवादी मारा गया जबकि एक अन्य भाग निकला । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक एक कट्टर आतंकवादी था जिसके सिर पर पचास हजार रुपए का इनाम था । पुलिस ने मृतक के कब्जे से एक चीनी राइफल, एक बारह बोर का रिवाल्वर तथा गोली सिक्का बरामद किया । मुकेरियां पुलिस ने केस दर्ज कर लिया । जालन्धर से 'बातों' के अनुसार मारे गए आतंकवादी का नाम अमरजीत सिंह डल्ली है । वह कई हत्या कांडों में वांछित था । उसने अपनी सास, रिश्ते के एक भाई की भी हत्या की थी । वह कई डकैतियों में भी वांछित था ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार

पुलिस ने कल आधी रात गढ़दीवाला के निकट जलोवाल वाघा में नाका लगा रखा था कि उसने 7 सशस्त्र आतंकवादियों को आते देखा । रुकने के लिए कहे जाने पर उन्होंने फायरिंग कर दी । पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई । इस मुठभेड़ के बाद चार आतंकवादी किरपाल सिंह, तरसेम सिंह, हरविंदर सिंह तथा बाबा खुरबचन सिंह गिरफ्तार किए गए । पुलिस ने बताया कि यह आतंकवादी खतरनाक उग्रवादी दलबीर सिंह भिखी के गिरोह से सम्बन्धित हैं ।

सब इंस्पैक्टर की हत्या

होशियारपुर (ह.स.): सब इंस्पैक्टर अजीत सिंह की कल प्रातः यहां डी.ए.वी. कालेज के निकट दो आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । घटना के समय अजीत सिंह मुहल्ला इस्लामाबाद में अपने घर से कोतवाली जा रहा था । हत्यारे उसका सर्विस रिवाल्वर भी ले गए । आतंकवादियों ने उस पर 8 गोलियां चलाईं ।

भूतपूर्व सरपंच की हत्या

एक अन्य घटना में चार आतंकवादियों ने थाना गढ़शंकर के अजीत चक गुजरा ग्राम में एक भूतपूर्व सरपंच निरंजन सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटना के समय निरंजन सिंह अपने ट्यूबवैल के चौबारे पर सोया हुआ था । हत्या करने के पश्चात आतंकवादी निरंजन सिंह के चौबारे में पड़ा हुआ एक पोर्टेबल टी.वी. व एक हजार रुपए भी ले गए । गढ़शंकर पुलिस ने धारा 302 तथा टी.डी.ए. एक्ट के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

अन्तिम संस्कार

'फगवाड़ा से 'कौड़ा' के अनुसार कल होशियारपुर में उग्रवादियों द्वारा मारे गए सब इंस्पैक्टर अजीत सिंह का शव उनके पैतृक गांव फगवाड़ा के निकट पट्टी जागीर लाया गया । आज हजारों नागरिकों की उपस्थिति में उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया जिसमें अनेक पुलिस व सिविल अधिकारियों ने भी भाग लिया । इसी मध्य कल सायं जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने रेंज के अनेक पुलिस अधिकारियों के साथ फगवाड़ा रैस्ट हाऊस में इस हत्या के बाद लम्बी मंत्रणाएं कीं ।

गत दोपहर यहां से चार किलो मीटर दूर गांव भानोकी में तीन सशस्त्र उग्रवादी भानोकी सहकारी कृषि बैंक में जबरदस्ती दाखिल हो गए और सचिव प्रेम चन्द व सेल्ज मैन कर्मचन्द से पिस्तौल की नोक पर 16,570 रुपए लूटकर नीले रंग के स्कूटर पर फरार हो गए । सदर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । लुटेरे कर्मचन्द व प्रेम चन्द को कमरे में बंद कर गए ।

ठेके के कारिंदे की हत्या

'राकेश' के अनुसार गत दिवस फगवाड़ा से 17 कि.मी. दूर गांव माहल गैल्लां थाना बंगा का एक व्यक्ति 45 वर्षीय रमेश कुमार जब गांव नहली जहां वह शराब के ठेके पर नौकरी करता था, से गांव को जा रहा था तो रास्ते में उस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने तेज धार हथियार से हमला कर उसको मार दिया और लाश को खेत में फैंक कर उसके पास नकदी जो कि लगभग पांच-छः हजार रुपए थी, लेकर फरार हो गया । थाना बंगा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

2 की हत्या

आज रात्रि जालन्धर के थाना नवांशहर के ग्राम ओटाल में कुछ उग्रवादी पी.ए.डी. 3490 पर आए और उन्होंने शमशेर सिंह के घर में घुस कर फायरिंग करके शमशेर सिंह व उसके घर आए एक व्यक्ति परमजीत सिंह (दुर्गापुर) की हत्या कर दी । उग्रवादी जाते समय फायरिंग करके दो अन्य लोगों बहादुर सिंह व सतपाल सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर गए ।

बम विस्फोट, 1 मरा

'सभी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि यहां के सैक्टर 26 में स्थित ट्यूबवैल के निकट हुए बम विस्फोट में एक उग्रवादी मनवीर सिंह मरा गया जबकि उसका एक साथी देवेन्द्र सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार आज प्रातः लगभग सात बजे ट्यूबवैल के निकट सुनसान जगह पर सड़क के किनारे जब मनवीर सिंह उर्फ काका अपने साथ लाए बम में टाइम डिवाइस फिट करने का प्रयास कर रहा था तो अचानक बम फट गया जिससे वह मौके पर ही मर गया जबकि उसके निकट खड़ा उसका अन्य साथी घायल हो गया जिसे तुरन्त पी.जी.आई. पहुंचाया गया जहां उसकी हालत

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब प्रशासन से भ्रष्टाचार दूर करने को कई कदम

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (वार्ता): पंजाब सरकार ने सरकारी अधिकारियों व व्यापार, उद्योग व अन्य व्यवसायों के हितों के बीच बढ़ रही सांठगांठ दूर करने व प्रशासन से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिये कई नीतिगत निर्देश जारी किये हैं । राज्य के मुख्य सचिव आर.पी. ओझा ने प्रशासकीय सचिवों, विभागों के प्रमुखों, प्रखंडीय आयुक्तों व एस.डी.ओ. (सिविल) आदि के लिये जारी आधिकारिक परिपत्र में आचार-संहिता का कठोरता से पालन करने और नियमों का उल्लंघन रोकने के निर्देश दिये हैं । इन नियमों व आचार-संहिता का उल्लंघन गंभीर दुराचरण माना जाएगा । श्री ओझा ने परिपत्र में कहा है कि भ्रष्ट कर्मचारियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्रवाइयों के बावजूद भ्रष्टाचार बढ़ रहा है । अब सभी प्रशासकीय सचिव अपने सम्बद्ध विभागों के नियंत्रण व निगरानी के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार होंगे । उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को अनुदेश दिये हैं कि वे अपने विभागों का गहराई से अध्ययन करें, 2 माह के भीतर काम तथा उप सचिव सतर्कता को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया है । यह समिति प्रथम श्रेणी के अधिकारियों की 50 वर्ष तक की आयु तक के मामलों में जबरी रिटायरमैंट के मामले का निपटारा करेगी, भ्रष्ट अधिकारियों की सूची बनाएगी और विजिलैंस विभाग उनके खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाएगा । एक उप समिति व कार्यक्रमों की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक और समिति बनाई गई है ।

पंजाब सरकार ने गांवों में चल रहे कामों की विराट चैकिंग के आदेश जारी किये हैं । इन कामों में गांवों की नालियों, गलियों, प्राइमरी स्कूलों की इमारतें, इंदिरा आवास योजना के अधीन भूमि रहित श्रमिकों के मकानों के निर्माण, पंचायत की भूमि पर वृक्षारोपण एवं सड़कों एवं नहरों के किनारों का निर्माण आदि सम्मिलित हैं । इस संबंध में राज्य को 6 जोनों में विभाजित किया गया है और प्रति जोन के मुखी संबंधित जिला के एडीशनल डिप्टी कमिश्नर (विकास) होंगे । इसके अतिरिक्त चैकिंग

सतवंत और केहर सिंह की पुनर्विचार याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज

नई दिल्ली, 7 सितम्बर : उच्चतम न्यायालय ने इंदिरा गांधी हत्याकांड के मुजरिमों सतवंत सिंह और केहर सिंह की पुनर्विचार याचिकाएं आज खारिज कर दीं । अब उनके लिए फांसी के फंदे का एकमात्र रास्ता राष्ट्रपति से क्षमादान की अपील है । इन दोनों ने उच्चतम न्यायालय के तीन अगस्त के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं दायर की थीं । उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति गोवर्धन निपटान निदेशालय के भूतपूर्व सहायक ने पुनर्विचार याचिकाओं में अनुरोध किया था कि उनकी सजा और मृत्यु दंड के फैसले को रद्द किया जाए तथा उन्हें रिहा करने अथवा उनके मामले की पुनः सुनवाई का आदेश दिया जाए ।

श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद की महत्वपूर्ण घटनाओं में आज फिर बुधवार ने अहम भूमिका निभाई है । उच्चतम न्यायालय ने

मिजोरम विधानसभा भंग, राष्ट्रपति शासन



श्याम-श्यामा मंदिर, राजपुरा के बाहर हुए बम विस्फोट में घायल होने वाले (1) रमेश कुमार, (2) परमिन्दर कौर, (3) तृप्ता और उसकी बेटी नीतू तथा (4) चंदू राम । (छाया : मासूम)



(1) होशियारपुर में उग्रवादियों द्वारा मारे गए पुलिस सब-इंस्पैक्टर अजीत सिंह । इनसैट में उनका पुराना चित्र, (2) अजीत सिंह का मोटर साइकल, जिस पर सवार होकर वह जा रहे थे। (छाया : मून लाइट)

ट्रेन में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

चिंताजनक बताई जाती है । यह दोनों आतंकवादी जो कि मोहाली के फेज थर्ड के रहने वाले हैं, बब्बर खालसा से सम्बन्धित बताए जाते हैं । इनकी आयु 20 से 22 वर्ष के मध्य है । उन्होंने मोहाली में जनरल मर्चेंट की दुकान खोल रखी थी । पुलिस ने इन आतंकवादियों की शिनाख्त होते ही इनके अन्य साथियों का पता लगाने के लिए तत्काल मोहाली व चंडीगढ़ में कई जगह छापे मारे । कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया ।

पुलिस का मत है कि इन आतंकवादियों का उद्देश्य इस बम को किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान पर रखने का था । यह दोनों आतंकवादी साइकलों पर सवार थे । पुलिस ने दोनों साइकल कब्जे में ले लिए ।

एस.एस.पी. का बयान

एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह के अनुसार इस विस्फोट में घायल हुआ देवेन्द्र सिंह नामक आतंकवादी यहां के गुरु गोबिंद सिंह कालेज में 10+1 का विद्यार्थी है । उसका इरादा बम को यहां की अनाज मंडी में रखने का था, जहां सुबह से ही भीड़ लगनी आरम्भ हो जाती है । उन्होंने कहा कि पिछले माह यहां के सिनेमा घर के बाहर मिले बम तथा हरियाणा रोडवेज़ की दो बसों में बम रखने की घटनाओं में भी इसी गिरोह का हाथ होने की आशंका है ।

इसी बीच मोहाली से नर्बदा की सूचना है कि इस बम-कांड के बाद आज चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब पुलिस की मदद से मोहाली में कई जगह छापे मारे व तलाशी ली । कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया । हिरासत में लिए गए लोगों में मृतक आतंकवादी का पिता बलदेव सिंह भी शामिल है । देवेन्द्र सिंह के घर से भी एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया । मृतक आतंकवादी की मां ने बताया कि आज सुबह 5.30 बजे देवेन्द्र सिंह उनके घर आया और मनवीर को अपने साथ ले गया । उनका पिता 1984 के दंगों के बाद शिमला से पलायन करके मोहाली में आ बसा था। फेज-3 मार्केट से कुछ दुकानदारों को हिरासत में लिया गया जिनमें से अधिकांश को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया ।

स्कूटर छीना

कपूरथला (शर्मा): कपूरथला में सर्कुलर रोड पर स्थित एक स्कूल के बाहर स्कूल के एक नौकर नरेन्द्र कुमार से दो अज्ञात नवयुवक पिस्तौल की नोक पर एक बजाज चेतक स्कूटर पी.एन.डी. 6636 छीन कर स्कूटर पर फरार हो गए ।

जिला फिरोज़पुर के ममदोट सैक्टर में मस्ता गट्टी चौकी पर सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो पाकिस्तानी घुसपैठिए । (छाया : कन्तोड़)

5 आतंकवादी गिरफ्तार

जिला कपूरथला पुलिस ने पांच संदिग्ध आतंकवादियों हरजिंदर सिंह (चौहान), रंजीत सिंह राणा (नंगल लुभाना), बलविंद्र सिंह (नंगल लुभाना), अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला (बेगोवाल) तथा गुरनाम सिंह चीमा (बेगोवाल) को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक रिवाल्वर 32 बोर एक पिस्तौल देसी 12 बोर तथा गोली सिक्का बरामद किया है । पुलिस के अनुसार इन आतंकवादियों ने बताया कि मुख्य धारा में शामिल होने के पश्चात उन्होंने गांव बल्लोचक के महंत देव गिरि की हत्या की थी । पुलिस के अनुसार यह पांचों आतंकवादी केसों में जमानतों के पश्चात पंचायतों द्वारा मुख्य धारा में शामिल हुए थे । इनसे पूछताछ जारी है ।

जग्गा गिरफ्तार

संगरूर (ह.स.): संगरूर जिला में कुख्यात आतंकवादी जगीर सिंह जग्गा को गिरफ्तार करके उससे मोटर साइकल के अलावा एक चीनी राइफल, दो मैगजीन और दो सौ से ज्यादा कारतूस बरामद किए गए । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने कहा कि यह आतंकवादी 5 मई को धूरी के निकट पांच लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार है । उसकी कई अन्य मामलों में भी तलाश थी ।

थाना मुकेरियां के नौशहरा पत्तन क्षेत्र में पुलिस-मुकाबिले में मारा गया आतंकवादी अमरजीत सिंह डल्ली । (छाया : झावर)

बिंदा गिरफ्तार

पुलिस ने कल जिला संगरूर में बंगा के निकट एक उग्रवादी बिंदा को गिरफ्तार करके उससे .12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किए ।

बंदूक न देने पर हत्या

फिरोजपुर (बागी): पुलिस ने बताया कि थाना जीरा के गांव बग्गी पटनी में आतंकवादियों ने गज्जन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । उसने उन्हें अपनी बंदूक देने से इन्कार कर दिया था ।

नाभा में हत्या

पटियाला (भूषण): पटियाला जिले में नाभा में कुछ आतंकवादियों ने तेज धार हथियार से नसीब चन्द नामक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया ।

व्यापारी घायल

कल जिला भटिंडा में भिखी में अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यापारी प्रेम सागर को गोली मारकर घायल कर दिया था । उसे पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उसकी दशा गम्भीर है ।

3 की हत्या

लुधियाना (ह.स.): इस जिला में लोधीवाल में एक व्यक्ति रवीन्द्र सिंह की हत्या कर दी गई । आज सुबह गांव भंगपुरा में सरपंच जसबीर सिंह की कुछ आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । गुरु नानक इंजीनियरिंग कालेज लुधियाना की कैंटीन के मैनेजर जौड़ा सिंह की कुछ आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 का अपहरण

लुधियाना जिला में जगराओं थाने के अन्तर्गत गांव कौके कलां में कल शाम पांच आतंकवादियों ने अवतार सिंह तथा मेजर सिंह का अपहरण कर लिया ।

लुधियाना (महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश जारी किया है कि कोई टूरिस्ट एवं प्राइवेट बस लुधियाना से 7 बजे रात्रि के पश्चात् साढ़े 5 बजे प्रातः तक बाहर नहीं जाएगी । यह आदेश प्रथम नवम्बर तक लागू रहेगा ।

राजीव की पंजाब यात्रा महत्वपूर्ण

लुधियाना, 7 सितम्बर (भाम्बी): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की सितम्बर 21 की पंजाब यात्रा को बहुत महत्वपूर्ण समझा जा रहा है । खास सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री श्री गांधी इस यात्रा पर कोई राजनैतिक घोषणा नहीं करेंगे बल्कि पंजाब को कोई आर्थिक उपहार देने की योजना है । वित्त मंत्रालय तथा इंडस्ट्रीज विभाग ने पंजाब की आर्थिक योजना पर पंजाब पर एक फार्मूला प्रधानमंत्री के दफ्तर भेजा है । जिसमें इस प्रदेश को काफी बड़ी सहायता के लिए प्रस्ताव रखा है ।

पंजाब के बारे कामर्स आफ इंडस्ट्रीज तथा कई अन्य प्रमुख सन्नतकारों ने दिल्ली में सोमवार को एक खास मीटिंग रखी जिसमें उन्होंने वित्त मंत्रालय तथा इंडस्ट्रीज विभाग को एक नोट भेजा है ।

खास सूत्रों के अनुसार श्री राजीव गांधी सारे पंजाब को पिछड़ा घोषित करेंगे जिससे बड़ी इंडस्ट्रीज़ को फिर से पंजाब में बड़े कारखाने लगाने का मौका मिलेगा । कई सन्नतकारों ने अपने प्रौजैक्ट को अंतिम रूप से रोक लिया है ताकि प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद ही अगला कदम उठाएं । अगर प्रधानमंत्री यह आर्थिक सहायता की घोषणा करते हैं तो पंजाब से जो बड़े व छोटे लघु उद्योग बाहर गए हैं काफी संख्या में वापस आने की सम्भावना है । पैप्सी प्राजैक्ट को क्लीयरैंस मिलने से पंजाब में एक नई क्रांति आने की आशा है । इस प्रोजैक्ट से पंजाब सरकार को 2000 करोड़ से भी ज्यादा राशि की आमदन होगी ।

गुमशुदा की तलाश



पवनेश धींगड़ा (बंटी), आयु 19½ वर्ष, ऊंचाई 5'-8½", रंग गेहुंआं, कसरती शरीर, 19.8.88 से घर से लापता है । लाने वाले अथवा सूचना देने वाले सज्जन को आभार सहित पुरस्कृत किया जाएगा ।

पता—कृष्ण चंद्र धींगड़ा,
1336, सैक्टर 17, फरीदाबाद-121002.
फोन : 8127240, 8122559.

बंटी बेटे, तुम शीघ्र घर चले आओ, सारा परिवार दुखी है । यदि तुम अपने ढंग से जीवन जीना चाहते हो तो भी हमें विरोध नहीं, केवल पत्र लिख देना ताकि समय पर तुम्हारी सहायता कर सकें ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 6.9.88, 58/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.80 per Dozen.

सूचना

One red hand bag containing 12 'C' forms and 2 cheques of M/s. Prima Machinery Co. & M/s. Prima Industrial Corp., have been lost in deluxe train at Ludhiana, while coming to Amritsar on 3.9.1988. Anyone finding them may contact : 298, East Mohan Nagar, Amritsar.

गुमशुदा

हमारी एक बिल बुक लैदर बैग समेत भटिंडा और जालंधर के बीच 1.9.88 को गुम हो गई है । महिन्द्रा एंटरप्राइज़िज़, EJ-221, चहार बाग, जालंधर ।

सार्वजनिक सूचना

सभी को ज्ञात हो कि मैं, गोबिंद राम गुजराल, पुत्र स्वर्गीय श्री रामदास गुजराल, प्लाट नं 182/31, इण्डस्ट्रीयल एरिया, चंडीगढ़, ने 17 जुलाई 1988 को श्रीमती नीलम बतरा विधवा स्वर्गीय श्री रमाकांत वर्मा, निवासी मकान नं. 545, सैक्टर-12, पंचकूला की पुत्रियों कुमारी रिची और कुमारी कृति आयु क्रमशः लगभग 2½ वर्ष और 1 वर्ष को अपनी पुत्रियों के रूप में गोद ले लिया है ।

सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का दयानन्द, उम्र 42 वर्ष, जो शादीशुदा है, मेरे कहने से बाहर हो गया व गलत संगत में पड़ गया है । मैंने उसे सम्पत्ति से अलग कर दिया । मेरा अब उससे कोई सम्बन्ध नहीं है । भविष्य में कोई उससे लेन-देन करेगा, स्वयं जिम्मेवार होगा । दिवान सिंह पुत्र मोलूराम गांव व डा. बुडान, तहसील हांसी (हिसार) ।

फोटोस्टैट

फोटोस्टैट Minolta 310 और Generator 3 K.V. बिल्कुल अच्छी हालत में बिकाऊ हैं । मिलें : गुरु नानक फोटोस्टैट, नई कचहरी, जालंधर ।

वीडियो

Always use finest quality. Loomba Video Cassettes in your VCR/VCP buy from any nearest General Store.

नीलाम सूचना

16 सितम्बर, 1988 को सुबह 10 बजे सप्लाई डिपो, फिरोज़पुर में घी के टीन 6500 अदद, प्रवेश शुल्क 25/- सतर्कता राशि 2000/- डीमांड ड्राफ्ट द्वारा जो ओ.सी. आक्शनर्ज़, ए-455, डिफैंस कालोनी, नई दिल्ली के पक्ष में हो ।

किताबें

Just out Super latest current affairs for B.A./ B.Com./ Competitive Examinations. All current topics upto date Rs. 5.25. Super Publications, Jalandhar.

तीर्थ यात्रा

10 सितम्बर दोपहर 2 बजे सूर्यग्रहण पर कुरुक्षेत्र किराया 70/- रोटी समेत तथा 16 सितम्बर से बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, मिलें : सुमित ट्रैवल्ज़, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन : 20393.

चिकित्सा

Urticaria छपाकी (Allergy) नई, पुरानी से पुरानी बिगड़ी हुई के माहिर, कोर्स 2 हफ्ते, कीमत 140/-(डाक खर्च अलग) । दवा के लिए मनीआर्डर पहले भेजें । डा. आनंद (लाली), खलवाड़ा गेट, फगवाड़ा (पंजाब) ।

प्रतीक इंटर प्राईज़िज़ (रजि.), राजगुरु मार्केट, हिसार

दिनांक 4.9.88 को हुए छठे ड्रा का परिणाम—

प्रथम पुरस्कार :	
ब्लैक एंड व्हाईट टी.वी.	4894
द्वितीय पुरस्कार :	
पोर्टेबल टी.वी.	3669
तृतीय पुरस्कार :	
कूलर	1941
चौथा पुरस्कार :	
वाशिंग मशीन	2570
पांचवां पुरस्कार :	
स्टील अलमारी	0999

अगला ड्रा 2.10.88 प्रातः 11.00 बजे ।

Punjabi Samachar

FOR DIAMOND
&
22 CARAT GOLD
Jewellery
With Cadmium Joints
talwar diamonds
Sector 22-D, Chandigarh

CITY EDITION

THE TRIBUNE

Regd. No. PB/CH-1

108TH YEAR OF PUBLICATION
Chandigarh : Thursday, September 8, 1988

Vol. 108 No. 249

Rs 1.20



Blast in city kills one

12 rail passengers shot dead

AMRITSAR, Sept 7 (PTI) – Twelve passengers were killed and about 20 injured when terrorists opened fire in a compartment of the 8 Down Amritsar-Khem Karan passenger train during its halt at the Rureasal railway station in Amritsar district tonight.

Unofficial reports put the death toll at 15 and the injured at 25.

According to the police a gang of 10 to 15 terrorists armed with AK-47 Chinese assault rifles boarded the train when it stopped at the Rureasal station and started firing indiscriminately.

Many passengers saved their lives by jumping from the compartment. Passengers in other compartments also jumped out in panic on hearing the gunshots and hid themselves in nearby fields.

CHANDIGARH (FTTB): Two terrorists were among 11 persons killed and six injured in Punjab and Chandigarh since Monday night.

A terrorist was killed on the spot and another was seriously injured this morning when a powerful bomb, in their possession, exploded near the Katchhi Colony in Sector 26.

The deceased was identified as Manbir Singh and the injured as Devinder Singh, both residents of S.A.S. Nagar.

The body of Manbir Singh was sent to the Sector 16 General Hospital. Devinder Singh was admitted to the P.G.I. and doctors declared him out of danger.

Manbir Singh, a son of Mr Baldev Singh, Treasury Officer posted at Dharamsala, ran a cosmetics shop in Phase III at S.A.S. Nagar. Mr Baldev Singh has been informed to take the body of his son.

A son of Mr Sangal Singh, Devinder Singh is a student of the local Guru Gobind Singh College in Sector 26.

A spokesman of the local police said they were going on a bicycle towards the Grain Market and had the bomb in their possession. The spokesman hinted at the possibility of planting the bomb at the Grain Market.

The spokesman said the bomb was so powerful that it blew up the body of Manbir Singh to smithereens and injured Devinder Singh's legs and arms.

UNI adds:

Rajinder Singh was shot dead at Lodhiwal village under Sidhwan Bet police station in Ludhiana district on Monday night. Charanjit Lal was stabbed to death while returning home from Banga in Jalandhar district. Nasil Chand was killed and his friend Tarsem Lal was injured when certain persons attacked them with sharp-edged weapons at Nabha in Patiala district on Monday.

Sub-Inspector Ajit Singh was gunned down by two scooter-borne terrorists near D.A.V. College in Hoshiarpur city yesterday when he

Continued on page 16 col 4



Explosives experts take a look at the site where a bomb blew up, killing one person, in Sector 26 at Chandigarh on Wednesday. – Tribune photo by Karam Singh.

Rural area allowance for Punjab staff

From The Tribune Bureau

CHANDIGARH, Sept 7 – The Punjab Government has decided to sanction the rural area allowance to the employees posted in the rural areas in the State from September 1, 1988, in pursuance of the recommendations of the Third Punjab Pay Commission.

According to a circular issued by the State Finance Department, the rural area allowance would be paid at the following rates:

Pay range in revised scales (Rs.)	Rate of rural area allowance (Rs.)
750 to 1249	50
1250 to 1749	75
1750 to 2249	100
2250 to 2749	125
2750 to 3249	150
3250 to 3749	175
3750 to 4249	200
4250 to 4749	225
4750 to 5249	250
5250 onwards	250

The rural area allowance would be admissible only to those employees who were posted in rural areas i.e. villages but not in the cities, towns, NACs, subject further to the condition that the employee posted in the rural area must have his place of residence at the place of posting or any other place in the rural area as permitted by the controlling officer.

The existing compensatory allowance admissible in Bet area, border area, sub-montane, hill area and kandi area would stand discontinued. However, the amount of border area compensatory allowance being drawn by the employees at higher rates that those of rural area allowance specified above would be protected till their rate got adjusted in the rates of rural area allowance.

Levy cement price increased

NEW DELHI, Sept 7 (PTI) – The Union Government today increased the retention price of levy cement by Rs 47 per tonne.

The price has been increased in view of the cost escalation of various inputs, an official Press release said today.

The price increase is effective from today.

Consequent on the increase, the retail price of a bag of levy cement would go up by about Rs 2.55 to Rs 51.50, according to the Cement Manufacturers Association.

The present retention price of ordinary portland cement is Rs 399.50 per tonne and that of portland pozzolana cement Rs 384.50 per tonne. The increase in retention price of levy cement would apply to both varieties.

The freight on sale price of levy cement would also correspondingly go up by Rs 47 per tonne.

The decision followed several representations from the cement industry for enhancement of retention price of levy cement in view of mounting cost.

The uniform ex-factory retention price for levy cement was fixed on the basis of recommendations of the committee on development of cement industry when partial decontrol of cement was introduced in February 1982.

Subsequently, the industry was compensated for cost increase of various inputs, including coal, power and wages by increasing retention price and reducing the levy quota.

Review petitions of Satwant, Kehar rejected

NEW DELHI, Sept 7 (PTI) – The Supreme Court today dismissed the review petitions of Satwant Singh and Kehar Singh, sentenced to death in the Indira Gandhi assassination case.

A Division Bench comprising Mr Justice G. L. Oza, Mr Justice B. C. Ray and Mr Justice K. A. Shetty observed that it had carefully gone through the petitions.

"All relevant points raised in these petitions have received our fullest consideration in our judgements," the Judges observed while rejecting the petitions.

As per rules of the Supreme Court the petitions were heard by the Judges in chamber and decided by circulation. No counsel was allowed to address the Bench.

Shoot order in Rangoon

RANGOON, Sept 7 (Reuter) – Looting and violence spread in Rangoon today and the Government ordered soldiers to shoot people ransacking factories and warehouses, official Rangoon Radio said.

The radio announcement said: "Unscrupulous people are resorting to violence and looting factories and warehouses where public property is stored.

"Hence, to protect and safeguard public property the defence forces and the "people's police" shall open fire to impose control."

The authorities issued the order to shoot on the eve of a planned demonstration to start a nationwide general strike set to last until the fall of the ruling Burma Socialist Programme Party which has led the country through the 26 years of increasing poverty and political repression.

"This matter does not concern those people who are demonstrating peacefully," the radio announcement said just hours before an Opposition deadline for the resignation of President Maung Maung.

Last night, Ms Aung San Suu Kyi, one of the emerging leaders of the Opposition, accused military intelligence officers of paying thugs to destabilise the city. Patrols of monks and students had been trying to maintain public order in the absence of the police.

Diplomats said most of the looters were motivated by hunger and poverty.

"There are many, many very poor people in this city and it does not take much to get them to plunder," a diplomat said.

What little rice reaches the city's markets is being sold at more than twice its normal price.

The railway has been shut down by strikes. No flights are entering or leaving Rangoon. Telephone lines to the interior of the country are down.

Several of the 30 independent newspapers that have sprung up since the party's tight grip on the media was broken have carried photographs of bodies with jinglees – sharpened bycycle spokes – sticking out of them. Jinglees are fired from catapults.

Reports have spread throughout the city recounting murders and fatal battles between the patrols of monks and students and looters.

DPA adds: Eight persons were killed and several students and Buddhist monks were missing or feared dead after a 500-strong gang went on a looting rampage near Rangoon, newspapers reported yesterday.

The gang stormed a government-owned plywood and a privately-owned biscuit factory at Smuth Okkalapa, a satellite town in east Rangoon, on Sunday night.

Newsmen stage walkout

NEW DELHI, Sep 7 (PTI) – Several journalists walked out from a Press conference of the Union Minister for Parliamentary Affairs, Mr H.K.L. Bhagat, here today dissatisfied with the response of the Minister to their repeated questions whether or not the Government would withdraw the Defamation Bill.

Mr Bhagat, who is also the Information and Broadcasting Minister, had called the conference to brief the Press on the achievements of the monsoon session of Parliament, which adjourned sine die yesterday.

At the beginning of the Press conference, Mr Bhagat was asked by a correspondent: "Are you going to withdraw the Defamation Bill."

Mr Bhagat said: "I can quite understand your feelings", but the correspondent persisted that he should first talk about the controversial Bill.

The Minister agreed and explained the Government's stand on the issue.

He appealed to the Press as a whole to cooperate with the Government and said the Bill was not intended to curb the freedom of the Press.

He assured journalists saying "we are prepared to consider all aspects of the Defamation Bill". At the same time, the Government must also protect individuals against defamation, he emphasised.

Mr Bhagat urged the Press not to stand on prestige. "The issue should be considered on merit. We have not laid down any condition", he added.

Mr Bhagat said the Government would consult all organisations of journalists and every opportunity would be given to individuals to express their views.

Denying the reports that a group of persons were responsible for bringing the Bill, Mr Bhagat said the measure was discussed by the Cabinet Committee on Political Affairs and later by the Cabinet. "It is a collective responsibility of the Cabinet", he said.

To a query that the Coordination Committee of jounalists' bodies had said there would be no talks till the Bill was withdrawn, Mr Bhagat said: "We are prepared for talks".

Not satisfied with Mr Bhagat's explanation, several journalists walked out of the Press conference.

Those who stayed back told the Minister that they did not join the walkout because there was no directive from any journalist asso-

Continued on page 16 col 3

CHANDIGARH WEATHER

The maximum temperature on Wednesday was 36.4°C (97.6°F) and the minimum 25.0°C (77.1°F).

The maximum relative humidity was 82 per cent and the minimum 55 per cent.

The sun will set on Thursday at 6.38 and rise on Friday at 6.03.

OUTLOOK FOR THURSDAY: Generally cloudy sky with possibility of a thunderstorm during afternoon/evening.

Anti-terrorist offensive soon

From Shyam Khosla

AMRITSAR: A major offensive against terrorists in the disturbed areas of Batala, Amritsar, Tarn Taran and Majitha police districts is on the cards.

A senior official confides in me that 40 companies of the CRPF, which have been rushed to these areas, will participate in the offensive consisting of simultaneous raids on all known hideouts of a particular terrorist outfit. These hideouts, it is pointed out, were identified during interrogation of terrorists captured from the Golden Temple and outside. Since 60 to 80 hideouts of each group have to be raided simultaneously, it is pointed out, additional forces are badly needed. He explained that each terrorist group will be dealt with in turn as part of the offensive.

Officials contemptuously dismiss as "misleading" reports emanating from Delhi to the effect that the additional force would launch an operation akin to "Operation Woodrose" of 1984 during which villages, suspected to be hideouts of terrorists, were raided. All inhabitants, including women, were frisked and their houses searched for outlaws and weapons. Although the combing operation led to the capture of many wanted men, it had serious fallouts. Several hundred young men fled to Pakistan where they were trained as saboteurs and killers.

Border situation–I

This is the first part of a three-part series on the situation in the border districts of Punjab by Our Special Correspondent who spent four days in these areas recently.

"The thought of launching yet another operation of that type never occurred to us," says a senior officer. He points out that the administration is in the midst of a "peace offensive" to bring back the youth to the national mainstream.

ON THE RUN

While the mercenaries and extortionists among terrorists have been on the run since "Operation Black Thunder", the motivated among them, particularly the Babbars, have become more desperate. They now operate in groups of 10 to 15 and are known to have acted in unison with other outfits. The modus operandi is that two to three men go for the kill and the remaining lie in ambush on all the approaches to the scene of the crime to tackle the relief rushed by security forces.

Mr S.M. Sharma, SSP of Batala police district, recalls that on August 19 terrorists belonging to the KCF and the KLF attacked a village defence picket in his district. The police and the BSF men rushing to the spot on receipt of information on the wireless were ambushed. The terrorists killed one and injured three security personnel in these encounters. The security forces drew a blank. Similarly, they attacked the police post at Mirza Jaan under Batala Sadar police station on August 16 and a BSF picket in the last week of July.

The security forces, Mr Sharma says, have now issued instructions not to rush to the scene of occurrence without taking precautions. Security personnel assemble in strength and then move to tackle the ambush and the killers. This strategy, he holds, has paid dividends. But a lot remains to be

Continued on page 16 col 1

Other pages

★ Newspapermen hold big rally in Chandigarh ---------- page 3
★ For a free, fair election, KULDIP NAYAR writes in his weekly column BETWEEN THE LINES ---------- page 4
★ Pakistan's naval expansion a formidable threat ---------- page 5
★ Punjab's next Five Year Plan should get out of the small-scale rut, writes DR AUTAR S. DHESI in today's SPECTRUM ---------- page 6
★ Land of milk cries for milk, H.C. SHARMA writes from Chamba in DISTRICT DIARY ---------- page 7
★ Sanjay Singh gets judicial remand ---------- page 12
★ Indian hockey team leaves for Seoul ---------- page 14
★ ONGC, OIL present dividend cheques ---------- page 15

Assembly dissolved

Central rule in Mizoram

NEW DELHI, Sept 7 (UNI) – The Centre today dissolved the Mizoram Assembly and placed the State under President's rule ending the 10-day-old political crisis triggered by a revolt within the ruling Mizo National Front (MNF) headed by Mr Laldenga.

Governor Hiteswar Saikia is understood to have recommended Central rule in the State in view of the complications that had arisen following the withdrawal of support to Mr Laldenga by eight MNF legislators and the Assembly Speaker's moves to disqualify them under the anti-defection law.

In his report, the Governor is reported to have blamed the Speaker for the constitutional crisis.

The dissolution of the Assembly will mean that the State will have to go to the polls within a year.

Mr Laldenga, who became Chief Minister nearly 26 months ago after agreeing to end two decades of insurgency led by him in the sensitive north-eastern State under an accord with the Government, lost the support of eight MNF legislators on August 29 which reduced his Government into a minority.

Governor blames Speaker

The situation became complicated when the Assembly Speaker threatened to invoke the anti-defection law against the breakaway group of legislators and the dissidents joined hands with the 13-member Congress (I) group in the 40-member Assembly in an attempt to form a coalition government.

Although the United Legislature Party headed by former Chief Minister and Pradesh Congress (I) President Lalthanhawla staked its claim to form an alternative government with the support of 22 MLAs, the Governor did not respond to it pending the Speaker's verdict against the dissidents under the anti-defection law.

The one-week time given by the Speaker to the rebel MNF MLAs for replies expired yesterday and his decision was expected today.

The Presidential proclamation said: "The President is satisfied that the situation has arisen in which the governance of the State of Mizoram cannot be carried on in accordance with the provisions of the Constitution" and, therefore, in exercise of the powers conferred by Article 356 and all enabling powers, he assumed all functions of the State Government.

To preempt Central takeover only yesterday Mr Laldenga had decided to seek a vote of confidence in the Assembly on September 14 to resolve the political crisis.

Karni Singh dead

NEW DELHI, Sept 7 (UNI) – Maharaja Karni Singh of Bikaner, "former MP and an outstanding shooter who represented India in five Olympics and won a silver medal in the ninth Asian Games, died here on yesterday of brain haemorrhage. He was 64.

Born in April, 1924, Dr Karni Singh had his education at St Stephen's College, Delhi, and St. Zavier's College, Bombay. Winner of the Arjuna Award, he was the unbeaten national champion in clay pigeon trap for 17 years.

Dr Karni Singh was also the flag bearer of the Indian contingent at the opening and the closing ceremonies of the Ninth Asian Games which were held in Delhi in 1982.

He made his debut in international clay pigeon shooting in 1960 for the first time and finished eighth at the Rome Olympics.

The Union Minister of State for Sports, Mrs Margaret Alva, expressed her "immense grief" at the death of Dr Karni Singh.

Raja Bhalendra Singh, former President of the Indian Olympic Association and the International Olympic Committee member in India, expressed his deep shock and said "we were not only great personal friends but we had family ties with him".

Mr Ashwini Kumar, a former IOC Vice-President, said "India has lost a great gentleman and ever a greater sportsman".

The IOA President, Mr B. Sivanthi Adityan, recalled the outstanding services rendered to Indian sport by Dr Karni Singh.

To the IOA Secretary-General Randhir Singh, a top shooter himself, it was a "personal loss".

Despite the eleventh hour rush in connection with the departure of the Indian contingent for the Seoul Olympics, Randhir Singh rushed to Bikaner for the funeral.



फिरोजपुर के पुलिस अधीक्षक उग्रवादियों के हमले से बाल-बाल बचे : एक महिला व उसके पुत्र की हत्या : कई उग्रवादी बंदी

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वा., ह.स.) : पंजाब में आतंकवादियों ने एक महिला और उसके पुत्र की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों ने कई आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है ।

एक एजेंसी ने अमृतसर के गांव मियांविंड में मृत महिला व पुरुष को पति-पत्नी बताया है ।

उग्रवादियों ने फिरोज़पुर के पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री जी.एस. ग्रेवाल की हत्या का प्रयास किया । श्री ग्रेवाल इस हमले में बाल-बाल बच गए ।

दो अलग स्थानों में मारे गए छापों में मजीठा पुलिस ने आज 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया हैं । इनके नाम सोहन सिंह, जस्सा सिंह, तरसेम सिंह, गुरमेज सिंह, कुलवन्त सिंह तथा हरिन्दर सिंह बताए गए हैं ।

सुरक्षा बलों ने होशियारपुर जिले में गत रात्रि में 4 उग्रवादियों को एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम किरपाल सिंह, तरसेम सिंह, हरिन्दर सिंह उर्फ़ काकू तथा गुरचरण सिंह बताए गए हैं । इनके पास से पुलिस ने 303 बोर की एक राइफल तथा .32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया है ।

उग्रवादियों ने गत रात्रि में बटाला क्षेत्र के गांव चंदके में एक व्यक्ति श्री ओम प्रकाश को गोली मार कर घायल कर दिया ।

2 मरे : अमृतसर (हस): अमृतसर जिले में कल रात 4 अज्ञात आतंकवादियों ने वेरोवाल थाने के तहत मियांविंड गांव में एक महिला और उसके पुत्र की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम हैं : चरण कौर और दयाल सिंह ।

गिल द्वारा उच्चाधिकारियों से विचार-विमर्श : पंजाबपुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज अमृतसर में पुलिस तथा सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया । उन्होंने सम्बाददाताओं को बताया कि उन्होंने तरनतारन तथा अन्य स्थानों का दौरा भी किया है । वे तरनतारन क्षेत्र में स्थित उस स्टेशन पर भी गए, जहां गत रात्रि को उग्रवादियों ने रेल यात्रियों की हत्या कर दी थी ।

अपहरण में तस्कर गिरोह संलिप्त : तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री तजीब गुप्ता ने आज यहां कहा कि कुख्यात तस्कर बख्शीश सिंह उर्फ सोना का तस्कर गिरोह पट्टी व कैरों क्षेत्र में अपहरण व धन ऐंठने के मामलों में संलिप्त पाया गया है । तरनतारन में सम्बाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इसी गिरोह ने अमृतसर-खेमकरण पैसेंजर ट्रेन में से गत 25 अगस्त को 3 सुरक्षा गार्डों का अपहरण किया था । इनमें से एक पुलिस कांस्टेबल बिशम्भर दास की इस गिरोह ने हत्या कर दी थी जबकि होमगार्ड के दोनों जवानों को रिहा कर दिया । दो अन्य घटनाओं में एक कैमिस्ट परुषोत्तम लाल का कैरों बस अड्डे से 29 अगस्त को अपहरण किया गया था, एक अन्य व्यापारी अशोक कुमार का भी इसी क्षेत्र से गत मंगलवार को अपहरण कर लिया गया था ।

चौकी पर फायरिंग : रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात यहां से तीन किलो मीटर दूर लिद्दड़ में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने रात लगभग दस बजे एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले ।

हत्या की कोशिश : धुरी (सिंगला): कुछ आतंकवादियों ने कलारा पुल के निकट शिव सेना के संयुक्त सचिव प्रवीन कुमार धम्पन की हत्या करने की कोशिश की लेकिन वह बाल-बाल बच गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आत्म-समर्पण : फिरोज़पुर (बागी) : सी.आई.ए. स्टाफ फिरोज़पुर ने गत रात गुप्त सूचना मिलने पर गांव हरिहर के क्षेत्र को घेर लिया और एक मोटर व एक स्कूटर पर सवार 6 सशस्त्र आतंकवादियों को चुनौती दी और उन्हें आत्म-समर्पण करने पर विवश कर दिया । इन 6 आतंकवादियों की इस क्षेत्र में हत्याएं करने व डाके डालने की योजना थी ।

पुलिस ने कहा कि इन आतंकवादियों से एक भरी हुई स्टेनगन, दो दुनाली बंदूकें, एक सिंगल बैरल बंदूक, एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 303 बोर का फ्रिस्तौल व भारी मात्रा में गोली-सिक्का मिला । गैंग के सरगना निरवैर सिंह ने बताया कि उन्होंने यह मोटर साइकल व स्कूटर छीने थे । उन्होंने फिरोज़पुर, पट्टी और भिखीविंड क्षेत्रों में 5 हत्याएं करने, जिला फिरोज़पुर में तीन बैंक डकैतियों और सरहाली जिला अमृतसर में एक बैंक डकैती में संलिप्त होने का इकबाल किया ।

ग्रेवाल बाल-बाल बचे : मंगलवार की रात को जीरा के निकट एक सम्पर्क सड़क पर एस.पी. हैड क्वार्टर श्री जी.एस. ग्रेवाल उस समय बाल-बाल बच गये जबकि वह कार में जा रहे थे और अज्ञात आतंकवादियों ने घात लगा कर ए.के. 47 चीनी राइफलों से 40 गोलियों का बर्स्ट मारा । इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ । पुलिस ने भी जबरदस्त जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले । भागते हुए वे अपने जूते पीछे छोड़ गये । पुलिस की जीप को क्षति पहुंची ।

अपहरण :मक्खू से प्राप्त सूचना के अनुसार गत दिवस संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा एक दुग्ध विक्रेता विपन कुमार का अपहरण कर लिया गया है । समझा जाता है कि वह उसे मंड इलाके में ले गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लाल-मंत्रिमंडल के घाट पर धरना देंगे

पर बोलते हुए कहा कि विपक्ष की एकता में चौ. रणजीत सिंह की सर्वाधिक भूमिका रही है और वह अपने पिता की कार्बन कापी हैं ।

इस अवसर पर आवास मंत्री श्री सुभाष कत्याल, राजस्व मंत्री चौ. सूरजभान, स्वास्थ्य मंत्री डा. कमला वर्मा, जेल मंत्री श्री नृसिंह ढांडा, वन मंत्री श्री परमानन्द, श्रम मंत्री श्री बलबीर सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किए ।

दान दिवस आज



अम्बाला : ब्लाक युवक कांग्रेस (इ) अम्बाला द्वारा 9 सितम्बर को सायं सात बजे यहां कांग्रेस भवन नई बस्ती में स्वतन्त्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध पत्रकार अमर शहीद लाला जगत नारायण की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा ।

कुरुक्षेत्र (धमीजा) : श्री हनुमान मन्दिर सभा व अखिल भारतीय तरुण संगम कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में 9 सितम्बर को प्रातः 8 बजे अमर शहीद लाला जगत नारायण जी का बलिदान दिवस समारोह अत्यन्त श्रद्धापूर्वक श्री हनुमान मन्दिर, सब्जी मंडी, थानेसर में मनाया जाएगा जिसमें श्री ओम प्रकाश चौटाला संसद सदस्य, हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह, स्पीकर स. हरमिन्द्र सिंह चट्ठा, श्री बलबीर सिंह सैनी मंत्री, उपायुक्त श्री राजकुमार, पुलिस अधीक्षक श्री रेशम सिंह, विधायक श्री गुरदयाल सिंह सैनी, जिला लोकदल के प्रधान एवं विधायक श्री सुरेन्द्र मदान पधार रहे हैं । इस अवसर पर श्री जियां लाल शर्मा तथा श्री साधु राम की ओर से गरीब एवं विधवा महिलाओं को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कोलम्बो शहर के केंद्र में गत मंगलवार को एक श्रीलंका के पुलिस कर्मचारी । इस घटना में 5 घायल हो गए थे । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लिबरेशन फ्रंट (जे.व

भजन लाल के खिलाफ करने बारे याचिका

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (गुप्ता): पंजाब हरियाणा उच्चन्यायालय ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री भजन लाल की वह याचिका खर्च सहित स्वीकार कर ली है जिसमें श्री भजन लाल ने अपने विरुद्ध दिनांक 21 नवम्बर 1987 को हिसार के सदर पुलिस थाना में दायर एफ.आई.आर. संख्या 372 रद्द करने की मांग की थी । यह एफ.आई.आर. उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा पांच के तहत दर्ज की गई थी । उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपनी प्रत्यक्ष आय के साधनों की अपेक्षा अधिक सम्पत्ति जमा कर रखी है ।

लोकदल के श्री धर्म पाल सिंह, जिनकी शिकायत पर श्री भजन लाल के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी को निर्देश दिया गया है कि वह श्री भजन लाल को याचिका खर्चा दें । उल्लेखनीय है कि श्री धर्मपाल सिंह हरियाणा के गत विधानसभा उप-चुनावों में श्री भजन लाल की पत्नी श्रीमती जसमां देवी से चुनाव हारे थे ।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जी.सी. मित्तल तथा श्री एस.डी. बजाज ने उक्त मामले में दिए अपने फैसले में हरियाणा के राजनीतिज्ञों को सुझाव दिया है कि उनको 'प्रेम व युद्ध में सब उचित होता है' की नीति पर नहीं चलना चाहिए क्योंकि एक

Punjab Vanitani

गुरुद्वारों की प्रतिष्ठा कम की है । उन्होंने कहा कि जिस तरीके से स्वर्ण मंदिर परिसर शिरोमणि कमेटी के हवाले किया जा रहा है, वह शिरोमणि कमेटी तथा सिख पंथ की प्रतिष्ठा को धक्का लगाने के समान है ।

सराये वाला मार्ग खुला

इसी बीच स्वर्ण मंदिर में प्रवेश के लिए सराये वाला रास्ता भी आज जनता के लिए खोल दिया गया तथापि सुरक्षा बल सराये के मार्ग पर तैनात हैं जहां श्रद्धालुओं की तलाशी लेने का काम जारी है । सुरक्षा बलों ने श्रद्धालुओं के आवागमन को नियमित करने के लिए ब्रह्मबूटा क्षेत्र में नए अवरोध बनाए हैं । घंटाघर क्षेत्र तथा लाइब्रेरी की ओर से दो रास्तों से श्रद्धालु बिना रोक-टोक आ-जा सकते हैं ।

श्रद्धालु घायल

स्वर्ण मंदिर परिसर के भीतर आज तड़के सेवा दल (टास्क फोर्स) के एक स्वयंसेवक की बंदूक से गलती से गोली चल जाने से एक श्रद्धालु घायल हो गया । पुलिस के अनुसार घायल श्रद्धालु का नाम तीर्थ सिंह है । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यकर्त्ता उसे परिक्रमा से उठा कर गुरु तेगबहादुर अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बलबीर सिंह संधू ।

अखबार आगे लिखता है कि पाकिस्तान के हितों के खिलाफ गतिविधियां करने के कारण ही इन व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाया गया है । इन व्यक्तियों के प्रवेश के कारण पाकिस्तान में समस्या उत्पन्न हो सकती है । रक्षा विशेषज्ञों का विचार है कि इस समय पाकिस्तान की यह कार्रवाई काफी महत्वपूर्ण है । इन विशेषज्ञों के अनुसार पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को मिलने वाले समर्थन

एक अफगान नागरिक को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था । जुलाई 1987 में ये लोग जसूर क्षेत्र के रामगढ़ राजौरी, आर.एस. पुरा और नवशेरा पुलिस हवालातों में से भाग गए थे और अभी तक लापता हैं ।

इस वर्ष 10 और 11 जुलाई के बीच की रात में ऊधमपुर की जिला जेल से पांच कैदी सलाखें तोड़ कर भाग गए । सूत्रों के अनुसार मामले की जांच की जा रही है ।



फिरोजपुर से 8 किलोमीटर दूर हरिहर ग्राम के पास पुलिस द्वारा उग्रवादियों से पकड़े गये हथियार

फिरोजपुर के पुलिस अधीक्षक उग्रवादियों के हमले से बाल-बाल बचे : एक महिला व उसके पुत्र की हत्या : कई उग्रवादी बंदी

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वा., ह.स.) : पंजाब में आतंकवादियों ने एक महिला और उसके पुत्र की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों ने कई आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है ।

एक एजैंसी ने अमृतसर के गांव मियांविंड में मृत महिला व पुरुष को पति-पत्नी बताया है ।

उग्रवादियों ने फिरोज़पुर के पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री जी.एस. ग्रेवाल की हत्या का प्रयास किया । श्री ग्रेवाल इस हमले में बाल-बाल बच गए ।

दो अलग स्थानों में मारे गए छापों में मजीठा पुलिस ने आज 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया हैं । इनके नाम सोहन सिंह, जस्सा सिंह, तरसेम सिंह, गुरमेज सिंह, कुलवन्त सिंह तथा हरिन्दर सिंह बताए गए हैं ।

सुरक्षा बलों ने होशियारपुर जिले में गत रात्रि में 4 उग्रवादियों को एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम किरपाल सिंह, तरसेम सिंह, हरिन्दर सिंह उर्फ़ काकू तथा गुरचरण सिंह बताए गए हैं । इनके पास से पुलिस ने 303 बोर की एक राइफल तथा .32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया है ।

उग्रवादियों ने गत रात्रि में बटाला क्षेत्र के गांव चंदके में एक व्यक्ति श्री ओम प्रकाश को गोली मार कर घायल कर दिया ।

2 मरे : अमृतसर (हस): अमृतसर जिले में कल रात 4 अज्ञात आतंकवादियों ने वेरोवाल थाने के तहत मियांविंड गांव में एक महिला और उसके पुत्र की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम हैं : चरण कौर और दयाल सिंह ।

गिल द्वारा उच्चाधिकारियों से विचार-विमर्श : पंजाबपुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज अमृतसर में पुलिस तथा सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया । उन्होंने सम्वाददाताओं को बताया कि उन्होंने तरनतारन तथा अन्य स्थानों का दौरा भी किया है । वे तरनतारन क्षेत्र में स्थित उस स्टेशन पर भी गए, जहां गत रात्रि को उग्रवादियों ने रेल यात्रियों की हत्या कर दी थी ।

अपहरण में तस्कर गिरोह संलिप्त : तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने आज यहां कहा कि कुख्यात तस्कर बख्शीश सिंह उर्फ सोना का तस्कर गिरोह पट्टी व कैरों क्षेत्र में अपहरण व धन ऐंठने के मामलों में संलिप्त पाया गया है । तरनतारन में सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इसी गिरोह ने अमृतसर-खेमकरण पैसेंजर ट्रेन में से गत 25 अगस्त को 3 सुरक्षा गार्डों का अपहरण किया था । इनमें से एक पुलिस कांस्टेबल बिशम्भर दास की इस गिरोह ने हत्या कर दी थी जबकि होमगार्ड के दोनों जवानों को रिहा कर दिया । दो अन्य घटनाओं में एक कैमिस्ट पुरुषोत्तम लाल का कैरों बस अड्डे से 29 अगस्त को अपहरण किया गया था, एक अन्य व्यापारी अशोक कुमार का भी इसी क्षेत्र से गत मंगलवार को अपहरण कर लिया गया था ।

चौकी पर फायरिंग : रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात यहां से तीन किलो मीटर दूर लिद्दड़ में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने रात लगभग दस बजे एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले ।

हत्या की कोशिश : धूरी (सिंगला): कुछ आतंकवादियों ने कुलारा पुल के निकट शिव सेना के संयुक्त सचिव प्रवीन कुमार थम्पन की हत्या करने की कोशिश की लेकिन वह बाल-बाल बच गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आत्म-समर्पण : फिरोज़पुर (बागी) : सी.आई.ए. स्टाफ फिरोज़पुर ने गत रात गुप्त सूचना मिलने पर गांव हरिहर के क्षेत्र को घेर लिया और एक मोटर व एक स्कूटर पर सवार 6 सशस्त्र आतंकवादियों को चुनौती दी और उन्हें आत्म-समर्पण करने पर विवश कर दिया । इन 6 आतंकवादियों की इस क्षेत्र में हत्याएं करने व डाके डालने की योजना थी ।

पुलिस ने कहा कि इन आतंकवादियों से एक भरी हुई स्टैनगन, दो दुनाली बंदूकें, एक सिंगल बैरल बंदूक, एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 303 बोर का पिस्तौल व भारी मात्रा में गोली-सिक्का मिला । गैंग के सरगना निरवैर सिंह ने बताया कि उन्होंने यह मोटर साइकल व स्कूटर छीने थे । उन्होंने फिरोज़पुर, पट्टी और भिखीविंड क्षेत्रों में 5 हत्याएं करने, जिला फिरोज़पुर में तीन बैंक डकैतियों और सरहाली जिला अमृतसर में एक बैंक डकैती में संलिप्त होने का इकबाल किया ।

ग्रेवाल बाल-बाल बचे : मंगलवार की रात को जीरा के निकट एक सम्पर्क सड़क पर एस.पी. हैड क्वार्टर श्री जी.एस. ग्रेवाल उस समय बाल-बाल बच गये जबकि वह कार में जा रहे थे और अज्ञात आतंकवादियों ने घात लगा कर ए.के. 47 चीनी राइफलों से 40 गोलियों का बर्स्ट मारा । इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ । पुलिस ने भी जबरदस्त जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले । भागते हुए वे अपने जूते पीछे छोड़ गये । पुलिस की जीप को क्षति पहुंची ।

अपहरण : मक्खू से प्राप्त सूचना के अनुसार गत दिवस संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा एक दुग्ध विक्रेता विपन कुमार का अपहरण कर लिया गया है । समझा जाता है कि वह उसे मंड इलाके में ले गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कर दी, जबकि 3 अन्य को घायल कर दिया । यह घटना पंजाब के आतंकवादी आंदोलन में असाधारण है ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने आज प्रातः घटनास्थल पर गए पत्रकारों को बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस लगभग 15 आतंकवादियों के एक गिरोह ने ट्रेन पर उस समय हमला किया, जब यह रात 7.30 बजे तरनतारन से सिर्फ़ 5 किलो मीटर दूर छोटे से स्टेशन रूड़े आसल पर रुकी । देखते ही देखते आतंकवादियों ने आखिरी डिब्बे में से तीन यात्रियों को घसीट कर बाहर निकाला तथा उन्हें नज़दीक से गोलियां मारकर मौत की नींद सुला दिया जबकि 4 अन्य यात्रियों को आखिरी दो डिब्बों में उनकी सीटों पर गोलियां मारकर मार डाला, जबकि एक यात्री को इंजन के बाद पहले डिब्बे के बाहर गोली मार दी ।

इसी बीच फिरोज़पुर डिवीजन में कुछ ब्रांच लाइनों पर रात और शाम की गाड़ियां बंद की जा रही हैं । उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक श्री राजगोपाल आचार्य ने कहा-'हम कोई जोखिम नहीं उठाने जा रहे और संवेदनशील मार्गों पर गाड़ियां बंद कर रहे हैं ।'

पुलिस और रेलवे अधिकारियों तथा प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि आतंकवादियों ने एक घंटे से अधिक समय तक यात्रियों को विभिन्न दिशाओं में भारी गोलीबारी से घेरे रखा । जी.आर.पी. के 7 बहादुर कर्मचारियों, जिनके पास सीमित गोली-सिक्का था, की जवाबी फ़ायरिंग के कारण आतंकवादी गाड़ी के अन्य डिब्बों में सवार न हो सके तथा बड़े पैमाने पर हत्याएं न कर सके । अन्ततः रात 8.30 बजे के लगभग आतंकवादी खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाते हुए वहां से भाग निकले ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि आतंकवादियों ने 4 ग्रुपों में सारी ट्रेन को घेरा और पहले इंजन ड्राइवर पर गोली चलाई तथा उसे चेतावनी दी कि वह गाड़ी न चलाए तथापि ड्राइवर घायल नहीं हुआ । इसके बाद कुछ आतंकवादी अन्तिम दो डिब्बों में चढ़ गए जबकि अन्यों ने शेष डिब्बों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं ।

रेलवे गार्ड, जो कि ट्रेन के मध्य में थे, ने मोर्चे सम्भाल कर जवाबी फ़ायरिंग की तथा आतंकवादियों को रोके रखा । आतंकवादियों ने अन्तिम डिब्बे तथा पहले डिब्बे को छोड़ कर अन्य किसी डिब्बे में चढ़ने का साहस नहीं किया । गाड़ी में अधिकांश दैनिक यात्री थे जो कि रोज़ाना सीमांत गांवों और अमृतसर के बीच आते-जाते हैं ।

लाल-मंत्रिमंडल के घाट पर धरना देंगे

पर बोलते हुए कहा कि विपक्ष की एकता में चौ. रणजीत सिंह की सर्वाधिक भूमिका रही है और वह अपने पिता की कार्बन कापी हैं ।

इस अवसर पर आवास मंत्री श्री सुभाष कत्याल, राजस्व मंत्री चौ. सूरजभान, स्वास्थ्य मंत्री डा. कमला वर्मा, जेल मंत्री श्री नृसिंह ढांडा, वन मंत्री श्री परमानन्द, श्रम मंत्री श्री बलबीर सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किए ।

दान दिवस आज



अम्बाला : ब्लाक युवक कांग्रेस (इ) अम्बाला द्वारा 9 सितम्बर को सायं सात बजे यहां कांग्रेस भवन नई बस्ती में स्वतन्त्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध पत्रकार अमर शहीद लाला जगत नारायण की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा ।

कुरुक्षेत्र (धमीजा) : श्री हनुमान मन्दिर सभा व अखिल भारतीय तरुण संगम कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में 9 सितम्बर को प्रातः 8 बजे अमर शहीद लाला जगत नारायण जी का बलिदान दिवस समारोह अत्यन्त श्रद्धापूर्वक श्री हनुमान मन्दिर, सब्जी मंडी, थानेसर में मनाया जाएगा जिसमें श्री ओम प्रकाश चौटाला संसद सदस्य, हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह, स्पीकर स. हरमिन्द्र सिंह चट्ठा, श्री बलबीर सिंह सैनी मंत्री, उपायुक्त श्री राजकुमार, पुलिस अधीक्षक श्री रेशम सिंह, विधायक श्री गुरदयाल सिंह सैनी, जिला लोकदल के प्रधान एवं विधायक श्री सुरेन्द्र मदान पधार रहे हैं । इस अवसर पर श्री जिया लाल शर्मा तथा श्री साधु राम की ओर से गरीब एवं विधवा महिलाओं को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कोलम्बो शहर के केंद्र में गत मंगलवार को एक रैस्टोरैंट में हुए बम विस्फोट की जांच करते हुए श्रीलंका के पुलिस कर्मचारी । इस घटना में 5 व्यक्ति मारे गए थे और कम से कम 20 अन्य घायल हो गए थे । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह कार्रवाई सिंहली उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (जे.वी.पी.) ने की है ।

भजन लाल के खिलाफ एफ.आई.आर. रद्द करने बारे याचिका खर्च सहित स्वीकार

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (गुप्ता): पंजाब हरियाणा उच्चन्यायालय ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री भजन लाल की वह याचिका खर्च सहित स्वीकार कर ली है जिसमें श्री भजन लाल ने अपने विरुद्ध दिनांक 21 नवम्बर 1987 को हिसार के सदर पुलिस थाना में दायर एफ.आई.आर. संख्या 372 रद्द करने की मांग की थी । यह एफ.आई.आर. उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा पांच के तहत दर्ज की गई थी । उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपनी प्रत्यक्ष आय के साधनों की अपेक्षा अधिक सम्पत्ति जमा कर रखी है ।

लोकदल के श्री धर्म पाल सिंह, जिनकी शिकायत पर श्री भजन लाल के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी को निर्देश दिया गया है कि वह श्री भजन लाल को याचिका खर्चा दें । उल्लेखनीय है कि श्री धर्मपाल सिंह हरियाणा के गत विधानसभा उप-चनावों में श्री भजन लाल की पत्नी श्रीमती जसमां देवी से चुनाव हारे थे ।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जी.सी. मित्तल तथा श्री एस.डी. बजाज ने उक्त मामले में दिए अपने फैसले में हरियाणा के राजनीतिज्ञों को सुझाव दिया है कि उनको 'प्रेम व युद्ध में सब उचित होता है' की नीति पर नहीं चलना चाहिए क्योंकि एक कहावत यह भी है कि 'जैसा करोगे वैसा भरोगे ।''

खण्डपीठ ने साथ ही इन आरोपों को भी अस्वीकार कर दिया है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल व पुलिस महानिदेशक ने दुर्भावनावश याचिकाकर्त्ता को तंग करने के लिए केस दर्ज कराया था ।

अपनी याचिका में श्री भजन लाल ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने का उद्देश्य उनकी छवि बिगड़ना है । खण्डपीठ ने 'दुर्भावनावश' केस दर्ज किए जाने बारे यह आरोप अस्वीकार कर दिया कि श्री भजन लाल के कुछ सम्बन्धियों के खिलाफ कई अदालतों में चल रहे आपराधिक मामलों के कारण उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई है ।

खण्डपीठ ने अपने फैसले में कहा है कि श्री धर्मपाल सिंह ने जो आरोप लगाए हैं कि वे मात्र उनकी हताशा व निराश मन की उपज है क्योंकि उन्होंने सोचा कि उनकी पार्टी सत्ता में है अतः वह अपनी चुनाव प्रतिद्वंद्वी के पति (श्री भजन लाल) को पुलिस के माध्यम से तंग करा कर आदमपुर विधानसभा क्षेत्र से अपनी हार का 'बदला' ले सकते हैं ।

Punjab Sanchal

रेलवे पुलिस की जवाबी फायरिंग से यात्रियों का नर संहार टला

आतंकवादी एक घंटे तक गोलियां चलाते रहे : भागते समय खालिस्तानी नारे लगाए

ब्रांच लाइनों पर रात की गाड़ियां बंद करने का फैसला

अमृतसर, 8 सितम्बर (ह.स.): रेलवे पुलिस के प्रहरियों की तत्काल जवाबी फ़ायरिंग से कल रात वीरान रूड़े आसल रेलवे स्टेशन पर 8 डाऊन खेमकरण पैसेंजर ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों का बड़े पैमाने पर कत्लेआम टल गया । तथापि आतंकवादियों ने अपने हमले में 8 यात्रियों की हत्या कर दी, जबकि 3 अन्य को घायल कर दिया । यह घटना पंजाब के आतंकवादी आंदोलन में असाधारण है ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने आज प्रातः घटनास्थल पर गए पत्रकारों को बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस लगभग 15 आतंकवादियों के एक गिरोह ने ट्रेन पर उस समय हमला किया, जब यह रात 7.30 बजे तरनतारन से सिर्फ़ 5 किलो मीटर दूर छोटे से स्टेशन रूड़े आसल पर रुकी । देखते ही देखते आतंकवादियों ने आखिरी डिब्बे में से तीन यात्रियों को घसीट कर बाहर निकाला तथा उन्हें नज़दीक से गोलियां मारकर मौत की नींद सुला दिया जबकि 4 अन्य यात्रियों को आखिरी दो डिब्बों में उनकी सीटों पर गोलियां मारकर मार डाला, जबकि एक यात्री को इंजन के बाद पहले डिब्बे के बाहर गोली मार दी ।

इसी बीच फिरोज़पुर डिवीजन में कुछ ब्रांच लाइनों पर रात और शाम की गाड़ियां बंद की जा रही हैं । उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक श्री राजगोपाल आचार्य ने कहा-'हम कोई जोखिम नहीं उठाने जा रहे और संवेदनशील मार्गों पर गाड़ियां बंद कर रहे हैं ।'

पुलिस और रेलवे अधिकारियों तथा प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि आतंकवादियों ने एक घंटे से अधिक समय तक यात्रियों को विभिन्न दिशाओं में भारी गोलीबारी से घेरे रखा । जी.आर.पी. के 7 बहादुर कर्मचारियों, जिनके पास सीमित गोली-सिक्का था, की जवाबी फ़ायरिंग के कारण आतंकवादी गाड़ी के अन्य डिब्बों में सवार न हो सके तथा बड़े पैमाने पर हत्याएं न कर सके । अन्ततः रात 8.30 बजे के लगभग आतंकवादी खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाते हुए वहां से भाग निकले ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि आतंकवादियों ने 4 ग्रुपों में सारी ट्रेन को घेरा और पहले इंजन ड्राइवर पर गोली चलाई तथा उसे चेतावनी दी कि वह गाड़ी न चलाए तथापि ड्राइवर घायल नहीं हुआ । इसके बाद कुछ आतंकवादी अन्तिम दो डिब्बों में चढ़ गए जबकि अन्यों ने शेष डिब्बों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं ।

रेलवे गार्ड, जो कि ट्रेन के मध्य में थे, ने मोर्चे सम्भाल कर जवाबी फ़ायरिंग की तथा आतंकवादियों को रोके रखा । आतंकवादियों ने अन्तिम डिब्बे तथा पहले डिब्बे को छोड़ कर अन्य किसी डिब्बे में चढ़ने का साहस नहीं किया । गाड़ी में अधिकांश दैनिक यात्री थे जो कि रोज़ाना सीमांत गांवों और अमृतसर के बीच आते-जाते हैं ।

खेमकरण से कुछ किलो मीटर दूर स्थित रूड़े आसल रेलवे स्टेशन, जहां गत रात उग्रवादियों ने रेल यात्रियों की हत्याएं कीं ।

तीस आकपा वर्करों सरमुख सिंह, दर्शन सिंह तथा हरदेव सिंह, जो कि अमृतसर में पार्टी की रैली में भाग लेने के बाद इस गाड़ी में यात्रा कर रहे थे, ने बताया कि आतंकवादियों ने क्लीन शेवन व्यक्तियों को घसीट कर बाहर निकाला । उन्होंने दावा किया कि उन्होंने आतंकवादियों की मिन्नतें करके कम से कम 4 यात्रियों को बचाया । उन्होंने कहा कि बहुत से यात्रियों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए गाड़ी से छलांगें लगा दीं और सारी रात धान के खेतों में छिपे रहे । अन्य बहुत से यात्रियों ने निकटवर्ती गांव रूड़े आसल में शरण ली, जहां लगभग एक सौ घर हैं ।

तरनतारन के पुलिस चीफ़ श्री संजीव गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों ने इस वीरान रेलवे स्टेशन को अपनी सुनियोजित कार्रवाई के लिए चुना, जिसका प्रबन्ध एक सिविल कंट्रैक्टर चलाता है । उन्होंने कहा कि यह स्टेशन रात में वीरान तथा अंधकार में डूबा रहता है और सारे स्टेशन में रौशनी के लिए एक छोटा-सा बल्ब लगा है ।

उन्होंने कहा कि गोलियों से छलनी ट्रेन को एक बचाव गाड़ी (रैस्क्यू ट्रेन) द्वारा वापस अमृतसर लाया गया । यह गाड़ी डाक्टरों की एक टीम के साथ रूड़े आसल पहुंची थी । इसी गाड़ी में यात्रियों के शव पोस्ट मार्टम के लिए अमृतसर लाए गए ।

श्री गुप्ता ने दावा किया कि पुलिस को घटना की सूचना लगभग दो घंटे देर से उस समय मिली जबकि ट्रेन के गार्ड ने अपने अस्थायी टैलीफोन उपकरण से थाना तरनतारन में फोन किया ।

इसी बीच सी.आर.पी.एफ. ने, जो कि क्षेत्र में मौजूद थी, गोलियों की आवाज़ सुनकर स्थान का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन जब वह वहां पहुंची तो आतंकवादी फ़रार हो चुके थे । श्री गुप्ता ने कहा कि आतंकवादियों की बड़े पैमाने पर खोज की गई और कई नज़दीकी गांवों में छापे मारे गए परन्तु कोई भी पकड़ा नहीं जा सका ।

श्री गुप्ता ने कहा कि मृतक यात्री दोनों सम्प्रदायों से सम्बन्धित थे, यद्यपि उनमें सभी क्लीन शेवन थे । उन्होंने दावा किया कि कुछ सिख यात्रियों ने अपने हिन्दू भाइयों को अपनी सीटों के नीचे छिपा कर बचाया । उन्होंने कहा कि वह यकीनी तौर पर नहीं कह सकते कि क्या आतंकवादी गाड़ी में यात्रा कर रहे थे या स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे थे । तथापि मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने बताया कि आतंकवादी शाम 5 बजे से ही स्टेशन पर मौजूद थे ।

श्री गुप्ता ने बताया कि मृतकों में सुरेश कुमार, प्यारा सिंह ठेकेदार, गुरमुख सिंह, राम आसरा, सतपाल मैनी, सविंदर पाल, सुरेन्द्र पाल और एक भूतपूर्व सैनिक शामिल था। घायलों में से बल्ली सिंह, मनसा राम और सकतार सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करा दिया गया ।

अशोक सोनी के अनुसार मृतकों में से एक सुरेन्द्र पाल ओरिएंटल बैंक पतलीधर शाखा का गनमैन था जबकि घायल बल्ली सिंह व मनसा राम रेलवे वर्कशाप के कर्मचारी हैं जो छुट्टी के बाद घरों को जा रहे थे ।

इसी मध्य पुलिस ने इस हत्या कांड के बारे में केस दर्ज कर लिया है । पंजाब पुलिस, सुरक्षा बलों और रेलवे पुलिस के उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । उत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर श्री राज गोपाल आचार्य, डिवीजनल रेलवे मैनेजर श्री कृष्ण लाल और ए.डी. आर.एम.

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

पुलिस अधीक्षक बाल-बाल बचे

(पृष्ठ 3 का शेष)

हैं । बाद में भेजे गए पत्र में आतंकवादियों ने फिरौती की मांग की । अभी तक उसका कोई पता नहीं चला ।

छत गिरा दी : मोगा से आज़ाद के अनुसार गत रात निकटवर्ती गांव दोसांझ में कुछ आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके की छत गिरा दी तथा साथ लगने वाले खोखों को जला डाला । घटनास्थल पर वे एक पोस्टर छोड़ गए जिसमें दोबारा ठेका खोले जाने पर बुरे परिणामों की चेतावनी दी गई है ।

स्कूटर छीना : जिला होशियारपुर में कालेवाल फत्तु गांव के निकट टटो माजरा के टीचर देवेंद्र मोहन से उसका स्कूटर पी.बी.ओ. 73 छीन लिया गया ।

कार पर फायरिंग : नकोदर (गगन) : बीती रात नकोदर थाने के गांव भोढीपुर के नज़दीक एक टैक्सी नम्बर पी.जे. क्यू.183 पर दो अज्ञात सशस्त्र लोगों द्वारा गोली चलाए जाने की सूचना मिली है । प्राप्त जानकारी के अनुसार गोली चलते देख कर टैक्सी चालक बलबीर सिंह ने कार की रफ्तार तेज करके अपनी तथा सवारियों की जान बचाई । एक और जानकारी के अनुसार जब सवारियां गांव से शस्त्र लेकर उस स्थान पर पहुंचीं तो अभियुक्त वहां से फरार हो चुके थे ।

गांव में तलाशी : नकोदर थाने के गांव तलवंडी भरो में सुरक्षा बलों द्वारा आज प्रातः नाकाबंदी करके तलाशी लेने की सूचना मिली है ।

न्यायमंत्री के कहने पर बोफोर्स जांच ठप्प की गई

स्टाकहोम, 8 सितम्बर (ह.स.): इस वर्ष 15 जनवरी को स्वीडन के प्रधानमंत्री की सहमति से वहां के न्यायमंत्री ने सरकारी वकील लार्स रिंगबर्ग को फोन करके कहा था कि वे भारत को बोफोर्स तोप बेचे जाने के स्कैंडल में बीस जनवरी को स्वीडन के दौरे पर आ रहे भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ आने वाले लोगों से बातचीत न करें क्योंकि यह अनुचित होगा । इस पर रिंगबर्ग ने जांच का इरादा ही छोड़ दिया ।

बरनाला का प्रार्थना पत्र देख कर ही कुछ कहूंगा : प्रो. दर्शन सिंह

चंडीगढ़, 8 सितम्बर (वि.प्र.): अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री एस.एस. बरनाला की भूल सुधार व उनको पंथ में वापस लेने बारे स्पष्ट किया है कि वह श्री बरनाला का प्रार्थना पत्र देख कर ही कुछ कह सकेंगे कि इसके पीछे गुरुघर से भूल सुधारने की भावना है या कोई राजनीतिक स्वार्थ ? बख्शीश लेने की भावना वाले को गुरुघर से हमेशा बख्शीश मिलती है ।

परिसर शिरोमणि कमेटी के हवाले

(पृष्ठ 3 का शेष)

खतरे से बाहर बताई जाती है ।

गिल द्वारा पुष्टि : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी. एस. गिल ने आज शाम इस बात की पुष्टि की कि सराय क्षेत्र की चार इमारतें शिरोमणि कमेटी को सौंप दी गई हैं । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल गुरु राम दास सराय और अकाल रैस्ट हाऊस की पहली व दूसरी मंजिलों पर रहेंगे । अन्य दो भवन तेजा सिंह समुन्द्री हाल और गुरु नानक निवास, जिसमें शिरोमणि कमेटी के मुख्य कार्यालय स्थित हैं, शिरोमणि कमेटी के हवाले कर दिए गए हैं ।

बलिदान दिवस आज

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिलाई मशीनें वितरित की जाएंगी ।

सनाम (नागपाल) : लाला जगत नारायण जी का बलिदान दिवस कल यहां कई संस्थाओं द्वारा मनाया जा रहा है । कल शाम 7 बजे माता मोदी रोड पर सूरज ट्रैक्टर्स के शोरूम में एक समारोह अकाली दल (लौंगोवाल) के नेता श्री बलदेव सिंह मान की अध्यक्षता में होगा इसमें संगरूर, भवानीगढ़, लहरागागा से भी लोगों के भाग लेने की आशा है ।

अकाल तख्त के जत्थेदार हत्याओं के विरुद्ध हुकमनामा जारी करें : वीरेंद्र

जालंधर, 8 सितम्बर (डल्ल): आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री वीरेंद्र ने आज एक वक्तव्य में अकाल तख्त के जत्थेदार से अपील की है कि वह सिख गुरुओं द्वारा स्थापित धर्म निर्देशों, परंपराओं तथा शिक्षाओं के संरक्षक के नाते उग्रवादियों द्वारा की जा रही हत्याओं के विरुद्ध हुकमनामा जारी करें । श्री वीरेंद्र ने कहा कि यह ठीक है कि भाई जसबीर सिंह द्वारा अकाल तख्त की जत्थेदारी के पद से त्यागपत्र दिए बिना प्रो. दर्शन सिंह रागी द्वारा यह पद ग्रहण कर लेने से यह विवाद खड़ा हो गया है कि वास्तव में कौन जत्थेदार है, किन्तु जो भी स्वयं को अकाल तख्त का जत्थेदार समझता है, उसे चाहिए कि वह यह घोषित करे कि किसी भी द्वारा जिस भी रूप में आज पंजाब में हिंसा की जा रही है, वह सिखी असूलों के विरुद्ध है ।

श्री वीरेंद्र ने कहा कि यदि स्वयं को अकाल तख्त का जत्थेदार समझने वाला ऐसा हुकमनामा जारी करने में स्वयं को अक्षम महसूस करता है तो वह इस पद को छोड़ दे, अन्यथा पंजाब की जनता यह निष्कर्ष निकालने की हकदार होगी कि यह जत्थेदार राज्य में फैले उग्रवाद में भागीदार हैं । उस हालत में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्याओं की जिम्मेदारी से अकाल तख्त के जत्थेदार भी बच नहीं सकेंगे ।

रेलवे पुलिस की [illegible]

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री एस.के. चोपड़ा भी मौका पर पहुंचे ।

श्री आचार्य ने कहा कि वह गाड़ियों को रद्द करने की घोषणा करने से पहले पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राज्यपाल के सलाहकार श्री रिबैरो से भी बातचीत करेंगे, जो कि यहां आए हुए हैं ।

इस तरह के हमलों को रोकने के पगों पर विचार-विमर्श करने के लिए रेलवे के अनेक उच्चाधिकारी और रेलवे पुलिस के अधिकारी अमृतसर पहुंचे ।

तथापि श्री आचार्य ने 8 ए.के. डाऊन पैसेंजर ट्रेन तत्काल रूप से रद्द करने की घोषणा की । इस गाड़ी पर कल रात आतंकवादियों ने हमला किया था । यही ट्रेन, जो कि प्रातःकाल एक-ए.के. अप बन कर अमृतसर लौटती है, भी रद्द कर दी गई है ।

यह स्वीकार करते हुए कि यह घटना रेल गाड़ियों के सामान्य रूप से आवागमन के लिए भारी आघात है, श्री आचार्य ने कहा कि वह सभी रेल गाड़ियों के यात्रियों की समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों से विचार-विमर्श करेंगे । उन्होंने आशा प्रकट की कि रेलवे कर्मचारी इस हमले से हतोत्साहित नहीं होंगे, जोकि देश में अपने किस्म का पहला हमला है । जब उन्हें बताया कि इन गाड़ियों में मुख्य रूप से दूरवर्ती गांवों के दैनिक यात्री होते हैं तो उन्होंने कहा कि यह देखा जाएगा कि उन्हें कम से कम असुविधा हो !

महाप्रबन्धक ने कहा कि वह यात्रियों में विश्वास कायम करने के लिए पर्याप्त पग उठाएंगे, जो कि इस घटना से बुरी तरह हिल गया है ।

अनुग्रह अनुदान : श्री आचार्य ने मारे गए यात्रियों के परिवारों के लिए 5-5 हजार रुपए तथा घायलों को 1-1 हजार रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की । ऐसा विशेष केस के तौर पर किया जा रहा है, क्योंकि रेलवे में इस तरह के पीड़ितों को सहायता देने का कोई प्रावधान नहीं है । यह सहायता उस राशि के अलावा है, जो पंजाब सरकार द्वारा आतंकवाद पीड़ितों को दी जाती है ।

सुरक्षा कर्मियों को इनाम : श्री आचार्य ने रेलवे सुरक्षा बल के सात कर्मचारियों को भी समुचित इनाम देने की घोषणा की जिन्होंने जबाबी फायरिंग करके एक घंटे तक आतंकवादियों का मुकाबला किया तथा अनेक यात्रियों के प्राण बचाए ।

व्यापक निंदा : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने खेमकरण-अमृतसर मार्ग पर रेल गाड़ी के यात्रियों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । भाकपा के वरिष्ठ नेता कामरेड सतपाल डांग ने सरकार के इस दावे को गलत बताया कि स्थिति सुधर रही है । मृतकों के परिवारों के साथ गहरी सहानुभूति प्रकट करते हुए श्री डांग ने चेतावनी दी कि ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन का एक और दौर शुरू हो सकता है । "यदि तत्काल रूप से प्रभावी पग न उठाए गए तो कुछ ही सप्ताहों में स्थिति काबू से बाहर हो सकती है ।"

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने हिंसा में आई नई तेजी को रोकने के लिए सीमांत जिलों में सेना की तैनाती सहित 'कड़े पग' उठाने पर जोर दिया । उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार निर्दोष लोगों के जीवन के साथ 'तजुर्बे' कर रही है । सरकार की सकुचाहट का परिणाम निर्दोषों की मौत के रूप में ही निकलेगा । उन्होंने कहा कि पंजाब की स्थिति एक खुला विद्रोह है जिसे सिर्फ सेना तैनात करके ही प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है ।

फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि अमृतसर-खेमकरण सैक्शन में एक यात्री गाड़ी पर उग्रवादियों द्वारा किए आक्रमण की घटना को 'उत्तरी रेलवे' ने अति गम्भीरता से लिया है ।

सुविज्ञ रेलवे सूत्रों से विदित हुआ है कि इस घटना के दृष्टिगत एक बार पुनः पंजाब में 'ब्रांच लाइनों' पर रात्रि कालीन यात्री गाड़ियां निलम्बित करने पर उच्च स्तर पर विचार-विमर्श किया जा रहा है । पता चला है कि अभी सम्भवतः अमृतसर व गुरदासपुर जिलों की ब्रांच लाइनों पर प्रस्तावित निर्णय लागू किया जाए । सूत्रों के अनुसार उत्तरी रेलवे ने पंजाब से गुजरने वाली सभी महत्वपूर्ण मेल, एक्सप्रैस व पैसेंजर यात्री गाड़ियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण पगों की पुनः समीक्षा आरम्भ कर दी है । पता चला है कि कुछ वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने यह भी सुझाव दिया है कि ब्रांच लाइनों पर यात्री गाड़ियों के छोटे स्टेशनों पर ठहराव बंद कर दिए जाएं ।

सिद्धार्थ शंकर रे

(पृष्ठ 3 का शेष)

भोगल सेल्स कारपोरेशन लुधियाना, आत्म व्हील्ज़ (इंडिया) लुधियाना ।

जिला स्तरीय एवार्ड विजेता—कांशी राम सोहन लाल अमृतसर, बाल्वज़ इंडस्ट्रियल कारपोरेशन, होशियारपुर, यूनाइटेड ब्रदर्ज़ फगवाड़ा, कांशी राम अजीत सिंह कुराली, माधो मकैनिकल वर्क्स मोगा, कोनार्क इंडस्ट्रियल कारपोरेशन, मैसूर (टी.एम.) अगरबत्ती वर्क्स फिरोज़पुर, करतार एग्रो इंडस्ट्रीज़, भादसों ।

1987-88 में एवार्ड पाने वाले मास्टर क्राफ्टमैन—स्पैशल एवार्ड श्री भूपिंदर सिंह अमृतसर, प्रथम पुरस्कार विजेता श्री हरभजन सिंह झब्बाल अमृतसर, गुरिंदर बल, एस.ए.एस. नगर मोहाली, श्री अशोक कुमार होशियारपुर, कु. कांता जालन्धर, द्वितीय पुरस्कार—श्रीमती दर्गा रानी पटियाला, श्री जगमोहन सिंह दुआ अमृतसर, श्री मेहर सिंह एस.ए.एस. नगर मोहाली, श्रीमती अमरजीत कौर, घनौर (पटियाला), मैरिट सर्टीफ़िकेट कु. रीटा अमृतसर ।

भारी मात्रा में गोली-सिक्का दबा हुआ मिला

जम्मू, 8 सितम्बर (सच्चर): जम्मू पुलिस लाइन्ज के गुलशन ग्राऊंड में पुलिस क्वार्टरों के निर्माण के लिए खुदाई करते समय भारी मात्रा में पुराना गोली-सिक्का मिला है । इसमें दो इंच मोर्टार के तीन बक्से, .303 गोलियों के चार बक्से व अन्य गोली-सिक्का शामिल है । कहा जाता है कि 15 वर्ष पूर्व यहां पुलिस लाइन बनाए जाने से पहले इस भूमि में सेना ने गोली-सिक्का दबा दिया था ।

NATIONAL EGG COORDINATION COMMITTEE
ELECTION NOTIFICATION

रूड़े आसल ट्रेन नर संहार में संलिप्त 2 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये

बटाला के गांव में 2 लुटेरों को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला : विभिन्न स्थानों पर 2 मारुति कारें छीनी गईं

चंडीगढ़, 9 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): सुरक्षा बलों ने ज़बरदस्त सफलता प्राप्त करते हुए रूड़े आसल ट्रेन नरसंहार कांड में संलिप्त 2 आतंकवादियों को मार डाला, जबकि बटाला के निकटवर्ती गांव में लोगों ने 2 उग्रवादी लुटेरों को पीट-पीट कर मार डाला । जालंधर के निकट एक मोटरसाइकल और तरनतारन व लुधियाना में दो मारुति कारें छीनी गईं ।

हत्यारा मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के रूड़े आसल रेलवे स्टेशन पर हुए ट्रेन नरसंहार के लिए ज़िम्मेदार आतंकवादियों में से एक को गोली का निशाना बनाकर सुरक्षा बलों ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है । बुधवार की रात इन आतंकवादियों ने एक रेल गाड़ी में आठ व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । पंजाब के पुलिस प्रमुख के.पी.एस. गिल ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के गिरोह को घेर कर कल रात अमृतसर के निकट एक आतंकवादी सविन्दर सिंह को मार डाला । श्री गिल ने कहा कि यह घेरा गत रात उस समय डाला गया, जब तीन-चार आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं ।

मुठभेड़ में लगभग तीस मिनट तक गोलियां चलीं । इस गोलीबारी में एक आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हो गया । इस घायल आतंकवादी सविन्दर सिंह ने दम तोड़ने से पहले यह बताया कि उसने भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर रेल गाड़ी में हत्याएं की थीं । श्री गिल ने कहा कि सविंदर सिंह ने यह भी बताया कि रेल गाड़ी पर वह हमला सुरिन्दर सिंह खालसा की हत्या का बदला लेने के लिए किया गया था । पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मारे गए आतंकवादी की जेब से एक 'नोट' भी मिला है ।

श्री गिल ने कहा कि यह गिरोह इस पर्ची को रेल गाड़ी में ही छोड़ना चाहता था, परन्तु वह ऐसा नहीं कर सका क्योंकि उसे जल्दबाज़ी में भागना पड़ा । मुठभेड़ के स्थान से दो ए.के. 47 राइफल तथा छः मैगज़ीन और एक हथगोला तथा कुछ गोला-बारूद भी मिला बताया जाता है ।

मारा गया उग्रवादी सविन्दर सिंह गुरबचन सिंह मानोचाहल का काफी निकट साथी था ।

एक और मरा : आतंकवादी सविंदर सिंह द्वारा मरने से पूर्व दी गई जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिला के गांव डंड केसल में आतंकवादियों के एक अड्डे पर छापा मारकर एक आतंकवादी को मार डाला जबकि उसके साथी भाग निकले । मुठभेड़ जो कि बाद दोपहर 2.30 बजे के करीब शुरू हुई 3.50 तक जारी रही ।



तरनतारन के गांव रूड़े आसल रेलवे स्टेशन पर गत दिनों उग्रवादियों द्वारा गाड़ी में मारे गये (1-8) आठ व्यक्ति (9-10) दो घायल, जो गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं, (11) शोकग्रस्त संबंधी, (12) साथी यात्री वारदात का ब्यौरा बताते हुए, (13) रेलवे स्टेशन रूड़े आसल का बाह्य दृश्य, (14) गाड़ी का वह डिब्बा जिसमें हत्याएं की गईं, (15) डिब्बे के अंदर सीटों पर तथा नीचे बिखरा खून, (16) स्टेशन की दीवार पर गोली का निशान दिखाते हुए पुलिस कर्मी, (17) रेलवे लाइन, जहां कुछ यात्रियों को डिब्बे से बाहर निकाल कर मारा गया, (18) मृतकों के संबंधी उनके शव ट्रक में डाल कर ले जाते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

श्री गिल ने बताया कि ढंड केसल में मरे गए आतंकवादी का नाम परगट सिंह उर्फ पग्गा है तथा वह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित था । मुठभेड़ के स्थान पर एक चीनी राइफल, 150 कारतूस तथा एक देसी बम बरामद हुआ ।

परगट सिंह पग्गा का साथी सविन्दर सिंह गिरफ्तार कर लिया गया ।

परगट सिंह ने भी ट्रेन नरसंहार कांड में भाग लिया था । गिरोह के तीन और सदस्य फरार हैं । जिनका पुलिस पीछा कर रही है । सी.आर.पी. की 48वीं व 60वीं बटालियन के जवान इनकी तलाश कर रहे हैं ।

लुटेरे मार डाले : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव मीरपुर में डेरों पर लूटमार कर रहे दो लुटेरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पीट-पीटकर मार डाला । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने यह जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि दोनों मृतक लुटेरों की शिनाख्त मलूक सिंह बिल्ला गांव धरियेवाल थाना श्रीहरगोबिन्दपुर व मोहिन्दर सिंह गांव गरड़भाना जिला अमृतसर के रूप में की गई है और दोनों से गांव वालों ने दो नकली स्टेनगनें भी छीनी हैं ।

श्री शर्मा ने कहा कि गत रात लगभग 8 लुटेरों ने पहले गांव संगरावा के भगत सिंह के डेरा पर लूटपाट की, फिर गांव मीरपुर में दर्शन सिंह के डेरा पर लूटपाट करके उसी गांव में गुलज़ार सिंह व खेल सिंह के डेरा पर लूटपाट करने गए तो उनके शोर मचाने पर गांव के लोगों ने उनमें से दो लोगों को पकड़ लिया व पीट-पीटकर मार डाला । श्री शर्मा ने कहा कि मृतक लुटेरों के अन्य साथियों की तलाश जारी है ।

एक बंदी : श्री शर्मा ने कहा कि थाना सदर बटाला पुलिस ने गत रात संक्षिप्त मुकाबले के बाद स्थानीय गांधी कैम्प के प्रेम कुमार को पकड़ कर उससे एक 12 बोर पिस्तौल, एक चला व एक अनचला कारतूस बरामद किया है ।

पाबंदी में छूट : 'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ के जिला मैजिस्ट्रेट श्री कृष्ण मोहन ने शहर में शाम 7 बजे से लेकर प्रातः 6 बजे तक स्कूटरों व मोपेडों पर दोहरी सवारी पर लगी पाबंदी में कल से 1½ घंटे की और छूट देने का निर्णय किया है । अब यह पाबंदी 9 अक्तूबर तक रात्रि साढ़े आठ बजे से लेकर प्रातः छः बजे तक होगी, जबकि 3.5 हार्स पावर व इससे अधिक शक्ति के मोटर साइकलों पर दोहरी सवारी पर प्रतिबंध लगा रहेगा ।

कारें छीन ली : लुधियाना-आप यहां

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Sahitya

2 आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 1 का शेष)

माडल टाऊन में संदिग्ध आतंकवादी रछपाल सिंह से पिस्तौल की नोक पर दस हजार रुपए नकद और पन्द्रह हजार रुपए मूल्य के गहने ले उड़े । आतंकवादी संजीव सिंह से उसकी मारुति कार भी छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

मोटर साइकल छीना :जालन्धर-गत रात यहां संत नगर के निकट एक व्यक्ति राज कुमार से दो अज्ञात आतंकवादियों ने मोटर साइकल छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

तरनतारन पुलिस जिला के गांव एकल गड्डा में भी एक मारुति कार छीन ली गई ।

फगवाड़ा (राकेश): कल यहां से 8 कि. मी. दूर गांव वजीदोवाल के पास 2 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुरेश कुमार से उसका स्कूटर बजाज पी.ए.के. 6836 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

राजीव को विपक्ष के बजाय इंका के ही कुछ लोगों से खतरा

नई दिल्ली, 9 सितम्बर (वार्ता): शिरोमणि अकाली दल (मास्टर तारा सिंह) के अध्यक्ष जत्थेदार रछपाल सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को विपक्ष की अपेक्षा कांग्रेस (इ) में ही मौजूद कुछ लोगों से ज्यादा खतरा है । जत्थेदार रछपाल सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस (इ) में कुछ ऐसे तत्व हैं जो प्रधानमंत्री की छवि बिगाड़ने के षड्यंत्र में जुटे हुए हैं और उन्हें कमजोर करना चाहते हैं ।

पाक के इरादे ठीक नहीं हुए

पंजाब की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक की मृत्यु से लगता था कि पंजाब के हालात अब सुधरेंगे लेकिन हाल ही में हुई घटनाओं को देखकर लगता है कि पाकिस्तान के इरादे अभी ठीक नहीं हुए हैं और वह अभी भी भारत में शरारत करने के इरादे रखता है ।

उन्होंने हाल ही में रुड़े आसल रेलवे स्टेशन पर हुए हत्याकांड को प्रधानमंत्री राजीव गांधी की इस महीने पंजाब की प्रस्तावित यात्रा में बाधा डालने की साजिश बताया ।

सरकार द्वारा स्वर्ण मंदिर को गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के जिम्मे सौंपे जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा की कमेटी को अभी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वर्ण मंदिर फिर से आतंकवादियों का अड्डा न बने ।

आतंकवादियों द्वारा 8 व्यक्तियों की हत्या, बैंक से 76 हज़ार रुपए लूटे

जालन्धर जिला में 22 हत्याओं में संलिप्त गिरोह के 3 सदस्य गिरफ़्तार

पुलिस क्वार्टरों पर फ़ायरिंग, लुधियाना में ए.एस.आई. को घायल कर दिया ।

चंडीगढ़, 10 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद आतंकवादियों ने 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक खूंखार आतंकवादी सतवंत सिंह उर्फ़ राम् सहित जालंधर पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जो कि जिला में 22 व्यक्तियों की हत्या में वांछित थे । एक बैंक से 76 हजार रुपए लूटे गए । मोगा के निकट पुलिस के रिहायशी क्वार्टरों पर फ़ायरिंग की गई । जिला फिरोज़पुर में एक नाले में 2 बम मिले । लुधियाना में एक ए.एस.आई. को आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

दुर्दांत आतंकवादी पकड़े : जालन्धर (ढल्ल): जालन्धर पुलिस ने विभिन्न छापों व नाकाबंदियों के दौरान तीन दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सतवंत सिंह उर्फ़ राम् निवासी नकोदर भी शामिल है, जिसके सिर पर 30,000 रुपए का ईनाम था और जो एक दर्जन हत्याओं तथा अन्य उग्रवादी घटनाओं में वांछित था । उक्त जानकारी देते हुए एस.एस.पी. जालन्धर मोहम्मद इज़हार आलम ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि सतवंत सिंह का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के अजायब सिंह गुट से है । वह बिलगा में 8 व्यक्तियों तथा कंग साबू में 4 होम गार्ड्स की हत्या के लिए जिम्मेदार था । वह वजूहा खुर्द में एस.पी.ओज़. के साथ आपसी फ़ायरिंग की घटना में भी शामिल था । इनके गिरोह ने 22 हत्यायें की थीं ।

श्री आलम ने बताया कि जो दो अन्य उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं, उनमें होशियारपुर जिला का अवतार सिंह जो भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स से सम्बद्ध है और हरदीप सिंह निवासी महालों जो खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बद्ध है, शामिल हैं । श्री आलम ने बताया कि हरदीप सिंह नवांशहर हिन्द शिवसेना इकाई के प्रधान श्री पवन कुमार के हत्यारों में मुख्य है । वह नवांशहर में ही प्रिंसीपल दत्ता पर फ़ायरिंग की घटना में भी संलिप्त था, जिसमें यद्यपि श्री दत्ता बच गए थे, किन्तु उनका पोता मारा गया था ।

श्री आलम ने बताया कि अवतार सिंह जालन्धर के गुरु तेग बहादुर नगर में अशोक कुमार और माडल टाउन में प्रदीप कुमार की हत्या करने वालों में शामिल था । वह गांव डीलीके में एक ठेका शराब पर फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या करने तथा गांव अट्टा में एक डेरा के महंत की हत्या के लिए भी ज़िम्मेदार था । इसके अतिरिक्त जिन हत्यारों ने जगबाणी के चीफ़ सब-एडीटर श्री बंत सिंह तथा हिन्द समाचार के न्यूज़ एडीटर श्री इंद्रजीत सूद की हत्या की थी, उनमें भी अवतार सिंह शामिल था ।

श्री आलम ने बताया कि अजायब सिंह के के.सी.एफ़. गुट में कल 11 सदस्य थे, जिनमें से 9 या तो मारे जा चुके हैं या गिरफ्तार किए जा चुके हैं और केवल दो सदस्य अभी फ़रार हैं । उन्होंने कहा कि पुलिस को इन तीनों की गिरफ्तारी से तीन उग्रवादी गिरोहों के अड्डों व आश्रयदाताओं का पता चल गया है ।

बैंक लूटा : आनंदपुर साहब से देवरत्न चौधरी ने खबर दी है कि यहां से 10 किलोमीटर दूर नंगल रोड पर गांव भनोवली में आज प्रातः सशस्त्र उग्रवादी पंजाब एंड सिंध बैंक से 76 हजार रुपए लूट कर फ़रार हो गए । बताया जाता है कि प्रातः 10 बजे बैंक खुलते ही आतंकवादी जिनकी संख्या 3 थी, बैंक में घुस गए । पिस्तौल की नोक पर गनमैन की राइफल और रुपए छीन कर आनन्दपुर साहब की ओर भाग गए । जाती बार बैंक के बाहर खड़ा किसी का स्कूटर भी छीन लिया और उस पर सवार होकर भागने में सफल हो गए ।

सूचना मिलते ही पुलिस और सी.आर.पी. ने उनका पीछा किया । उग्रवादी गुरुद्वारा तख्त केसगढ़ आनन्दपुर साहब के निकट स्कूटर छोड़ कर नई आबादी में घुस गए । पुलिस और सुरक्षा बलों ने नई आबादी को घेरे में ले लिया तथा घर-घर की तलाशियां ली जा रही हैं ।

रिवाल्वर छीना : धूरी (जैन) : थाना लौंगोवाल के गांव टालेवाल में दो अज्ञात व्यक्ति गुरमेल सिंह के घर में घुस कर उसका लाइसैंसशुदा रिवाल्वर छीन कर ले गए । धूरी के निकट अमर नाथ कस्बा में कुछ लोग हरनेक सिंह से पिस्तौल छीन कर ले गए ।

रामपुराफूल से सरस्वती के अनुसार बरेटा मंडी के गांव खुदाल कलां के ईंटों के भट्ठे के मालिक श्री रमेश चंद्र को उग्रवादियों ने कल लूट लिया । उनसे 630 रुपए और स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

2 आतंकवादी गिरफ़्तार : होशियारपुर की सूचना है कि गत रात जिला होशियारपुर में हरदोखानपुर गांव के निकट पुलिस की एक नाका पार्टी ने दो आतंकवादियों बलवीर सिंह बीरा और सीता राम को गिरफ़्तार किया । उनसे एक स्कूटर, एक .32 बोर का विदेशी रिवाल्वर बरामद हुआ ।

कल जिला जालंधर में थाना नवांशहर के अंतर्गत भंगेड़ा पुल के निकट दो आतंकवादियों रेशम सिंह तथा परमिन्दर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो .315 पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये गये ।

शव मिला : गुरदासपुर—आज प्रातः इस जिले में स्वांपुर में एक नहर के पुल के निकट तेज़धार हथियारों के ज़ख्मों वाला एक शव मिला । एक व्यक्ति प्रेमपाल से .12 बोर का देसी पिस्तौल बरामद किया गया ।

हमला : मोगा (आ.): जी.टी. रोड पर स्थित मोगा सब-डिवीज़न के थाना मैहना पर गत रात्रि लगभग 11 बजे कुछ आतंकवादियों ने पुलिस के रिहायशी क्वार्टरों पर राकेटों से हमला कर दिया तथा थाने की इमारत पर चीनी राइफलों से फ़ायरिंग की । इमारत पर होमगार्ड के जवान तैनात थे । जवाबी फ़ायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले । किसी ओर कोई प्राणहानि नहीं हुई । बाद में डी.आई.जी. फिरोज़पुर रेंज श्री सर्बजीत सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया ।

बम मिले : फिरोज़पुर—इस जिला में अड्डा लाल कुर्बा के निकट एक नाले में से ड्रेनेज विभाग के स्टाफ़ ने सफ़ाई के दौरान 2 बम बरामद किये । बाद में उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया ।

ए.एस.आई. घायल : लुधियाना से धीमान ने सूचना दी है कि आज यहां दो उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई. डोगर राम को गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता कि डोगर राम सिविल लाइन्स पुलिस थाना में लगा हुआ है । आज जब वह जालंधर बाईपास पर अपने मोटर साइकिल में पैट्रोल डलवाने के लिये गये तो वहां दो आतंकवादी आ गए और उन्होंने उन्हें अपना सर्विस रिवाल्वर देने को कहा । डोगर राम के इन्कार करने पर एक ने उन पर गोली चला दी, जिससे डोगर राम घायल हो गए । गोली डोगर राम के सिर पर लगी । डोगर राम ने भी गोली चलाई, जो एक आतंकवादी को लगी और वह घायल हो गया । मगर इसके बावजूद वह साथी सहित फ़रार हो गया ।

लुधियाना (महिन्द्रा): कल यहां माडल टाऊन एक्सटैंशन में एक व्यक्ति रछपाल सिंह के घर तीन लुटेरे घुस गए । उन्होंने मकान में महिलाओं को पिस्तौल दिखाकर सभी आभूषण उतरवा लिए । उन महिलाओं में किराएदार की पत्नी भी शामिल थी । उससे दस हजार रुपए नकद भी छीन कर कब्जे में ले लिये । पुलिस के अनुसार महिलाओं से उन्होंने दस तोले सोना भी छीना है । इसके पश्चात्

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हरियाणा शिक्षा बोर्ड की मिडल परीक्षा 1989

के लिए अब

नवीन निर्देश-पत्र जारी

इन्हीं प्रश्न-पत्रों पर आधारित

एमबीडी

न्यू स्टाइल प्रश्न बैंक

(मॉडल टैस्ट पेपर्ज़ सहित)

छप कर तैयार

परीक्षा में पूर्ण सफलता के लिए अति-उपयोगी पुस्तकें

नवीनतम् निर्देश-पत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप

नवीन शैली के अनुसार पूर्णरूप से हल

अभ्यास के लिए परीक्षोपयोगी सामग्री

सभी विषयों का विस्तारपूर्वक अध्ययन

आज ही अपने स्थानीय पुस्तक-विक्रेता से खरीदें

(पृष्ठ 3 का शेष)

तीनों अभियुक्त किराएदार इन्द्रजीत सिंह की मारुति कार पी.सी.एफ. 7222 भी छीन कर ले गए और इसी कार में रफूचक्कर हो गए । पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है । इस बारे एक अन्य सूचना के अनुसार माडल टाऊन श्मशान भूमि के समीप कार पार्क की हुई पुलिस ने बरामद कर ली है । विवरण की प्रतीक्षा है ।

दो की हत्या : अमृतसर (ह.स.): कल रात से जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक युवक गुरदयाल सिंह (25) की हत्या थाना लोपोके के गांव धंडे में की गई, जबकि थाना ब्यास के गांव बंडाला में एक अन्य व्यक्ति जसवंत सिंह की हत्या कर दी गई । दोनों ही वारदातों में ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया गया ।

लाश मिली : इसी बीच आज सुबह थाना पट्टी के गांव बामनीवाला में एक कथित संदिग्ध चरित्र वाले व्यक्ति विक्रम जीत सिंह की गोलियों से छलनी लाश मिली । बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर गुरनाम सिंह ने उसकी हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

गत रात पुलिस जिला भजीठा के गांव ढंडेर में एक व्यक्ति गुरदेव सिंह की हत्या कर दी गई ।

लूट की घटना : कल अमृतसर शहर के गोबिन्द नगर क्षेत्र में तीन आतंकवादी एक व्यक्ति रेशम सिंह के घर में घुस कर 6 तोले सोने के ज़ेवर, 10 हजार रुपए नकद, एक पासपोर्ट तथा एक बी.सी.पी. लेकर चम्पत हो गए ।

औरत की हत्या : आज थाना सरहाली (अमृतसर जिला) के गांव जल्लियांवाला में एक औरत दलबीर कौर की गोली मार हत्या कर दी गई ।

सुरक्षा बलों ने थाना चौक मेहता के गांव बाहमा में विशेष जांच-पड़ताल के दौरान एक आतंकवादी हरदेव सिंह को गिरफ्तार करके एक 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस बरामद किए । अमृतसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी परिसर के पीछे पोलीथीन के लिफाफे में लपेटा हुआ एक पिस्तौल मिला ।

दुकानदार की हत्या

आज रात्रि तरनतारन के पास ठट्ठियां महतां जा रहे दो दुकानदारों तिलक राज व सुरेन्द्र कुमार पर फायरिंग करके उग्रवादियों ने तिलक राज की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी व सुरेन्द्र कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । वे दोनों दुकानें बंद करके घर लौट रहे थे ।

3 लुटेरे गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला पुलिस व बी.एस.एफ. ने आज सायं गांव भम्बोई नाला के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् तीन लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । जिला पुलिस प्रमुख एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि इनकी शिनाख्त गुरदेव सिंह पुत्र गांव घुमान कुलदीप सिंह व रधीर सिंह गांव सगरावां के रूप में करके इनसे दो पिस्तौल, कुछ चले-अनचले कारतूस, अलग-अलग गांवों से लूट मार करके लूटे 7000 रुपए के सोने के जेवर और 40000 रुपए के टी.वी., वी.सी.आर. और अन्य कीमती सामान बरामद किया गया है । इन्होंने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि यह लूट मार थाना मेहता अमृतसर व बटाला सदर के विभिन्न गांवों से की गई। श्री शर्मा ने आगे कहा कि ये तीनों लुटेरों के उस गिरोह के सदस्य हैं जिसके अन्य सदस्यों को कल गांव मीरपुर के गांव वालों ने लूट मार करते समय पकड़ कर पीट-पीट कर मार डाला था ।

हत्या : गुरदासपुर जिले में आज सायं दो उग्रवादियों ने धारीवाल के पास गुरजंट सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना : मोहाली (नर्बदा): मोहाली के औद्योगिक क्षेत्र फेस सात में आज दोपहर दो अज्ञात नवयुवक सिकन्दर सिंह नामक एक फैक्टरी के कर्मचारी से बंदूक की नोक पर बजाज स्कूटर नम्बर सी.एच. 9829 छीन कर फरार हो गए । सिकन्दर अपनी फैक्टरी के खजांची से स्कूटर मांग कर किसी काम जा रहा था ।

दो आढ़तियों का अपहरण : मखू से चंद्र शेखर के अनुसार कस्बा हरीके में दो आतंकवादियों ने दो आढ़तियों को बन्दूक की नोक पर बांध कर अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने पहले उनसे भारी रकम की मांग की थी । अपहरण किए गए आढ़तियों के नाम हैं : मदन लाल व कृष्ण लाल । आतंकवादी हिंसा की दूसरी वारदात में दो संदिग्ध आतंकवादी हरीके के एक डाक्टर प्रेम सिंह का बजाज चेतक स्कूटर बन्दूक की नोक पर छीन कर ले गए ।

राष्ट्रपति की विदेश यात्रा

नई दिल्ली, 10 सितम्बर : राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन सोमवार को 4 देशों की 12 दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे । वह इस यात्रा के दौरान नीदरलैंड, फिनलैंड, साइप्रस और चैकोस्लोवाकिया जाएंगे । श्री वेंकटरमन नीदरलैंड जाने वाले भारत के पहले राष्ट्रपति हैं ।

दूध की कीमत 6 रुपए फैट बढ़ी

लुधियाना, 10 सितम्बर (महिन्द्रा): लुधियाना डिस्ट्रिक्ट कोआप्रेटिव मिल्क प्रोडयूर्स यूनियन ने निर्णय लिया है कि 11 सितम्बर से वे दूध उत्पादकों को 60 रुपए प्रति किलो फैट की बजाए 66 रुपए प्रति किलो फैट के हिसाब से अदायगी करेगी ।

सरकार का निमंत्रण ठुकराया

(पृष्ठ 3 का शेष)

45 किलो मीटर दूर कोशीकलां में एक जनसभा में श्री वाजपेयी ने आज कहा कि विधेयक पर बिना शर्त बातचीत के लिए प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को किसी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता । श्री वाजपेयी ने कहा कि यह विधेयक वास्तव में प्रैस का गला घोंटने वाला है ।

श्री वाजपेयी ने केंद्र पर गैर-कांग्रेसी राज्य सरकारों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया । उन्होंने चुनाव कानून में संशोधन करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि चुनाव में धन का प्रभाव घटाने की जरूरत है । श्री वाजपेयी ने कहा कि विपक्षी एकता में उनका दल शामिल नहीं होगा लेकिन उनके साथ चुनावी तालमेल से उन्होंने

संशोधन

8.9.88 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 8 पर प्रकाशित मेघधन साप्ताहिक लाटरी के 268वें ड्रा के परिणाम में 7वां पुरस्कार में 245 की बजाए 249 पढ़ें ।

संशोधन

Punjabi Sahit.com

पूर्व ग्रन्थी सहित 7 व्यक्तियों की आतंकवादियों द्वारा हत्या, घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने एक पूर्व ग्रंथी सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल ने मार गिराया । पुलिस ने एक मारुति कार में से 2 चीनी राइफलें बरामद कीं । कपूरथला के गांव सैदोवाल में लुटेरे एक नम्बरदार को घायल करने के बाद अपनी राइफलें छोड़ कर भाग निकले ।

घुसपैठिया मरा : अमृतसर (ह.स.): एक अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिया कल रात भारत-पाक सीमा पर छीना विधिचन्द चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । यहां प्राप्त पुलिस रिपोर्ट के अनुसार मृतक के दो अन्य साथी भागने में सफल हो गए ।

पिता पुत्र की हत्या : तरनतारन से पन्नू के अनुसार यहां से 22 किलो मीटर दूर गांव ढटिठयां महंतां थाना सरहाली में गत रात दो आतंकवादी युवकों ने जिनकी आयु 20-25 वर्ष के मध्य थी, एक व्यक्ति जनकराज (30 वर्ष) की हत्या कर दी । इस वारदात में ए.के. 47 असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया गया । लोगों के अनुसार रात 7.30 बजे दो व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार तथा जनकराज अमृतसर से अपने गांव जा रहे थे । वे बस अड्डे पर बस से उतरे तो दो युवकों ने उन्हें अड्डे के निकट ही घेर लिया तथा गोलियां चलाईं । जनकराज की तो मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि सुरेन्द्र कुमार को एक गोली लगी और उसने भागकर जान बचाई ।

रात को ही लगभग 9.30 बजे जनकराज के पिता मनोहर लाल की भी ढट्ठियां महंतां अड्डे से दो किलो मीटर दूर जलियांवाला रोड पर हत्या कर दी गई । इस सम्बन्ध में मिले ब्यौरे के अनुसार मनोहर लाल का गत रात अपहरण कर लिया गया था और साथ ही अज्ञात व्यक्ति उसके घर से 15-20 हजार रुपए का माल ले गए थे । उन्होंने मनोहर लाल के परिवार से एक लाख रुपए की मांग की थी जो कि उन्होंने गत रात दस बजे लेना था लेकिन समयावधि पूर्ण होने से पहले ही उन्होंने मनोहर लाल की हत्या कर दी । मनोहर लाल के घर वालों के अनुसार जनकराज शहर से रुपए ही इकट्ठे करके ला रहा था कि उसकी हत्या कर दी गई । मनोहर लाल के 5 लड़के तथा एक लड़की है जबकि जनकराज की अभी कोई संतान नहीं थी ।

मनोहर लाल का अपहरण 25 अगस्त के बाद से फिरौती मांगने के लिए तरनतारन व पट्टी उपमंडलों में आतंकवादियों द्वारा किया गया चौथा केस है । पहले केस में बोपाराय स्टेशन से रेल गाड़ी में से तीन सुरक्षा कर्मियों का अपहरण किया गया था जिनमें से दो को बाद में छोड़ दिया जबकि एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या कर दी गई थी । अपहरण की दो अन्य घटनाएं कैरों बस अड्डे पर हुई थीं जहां 29 अगस्त और 6 सितम्बर को क्रमशः पुरुषोत्तम लाल व अशोक कुमार का अपहरण किया गया था । इन सभी केसों में पचास हजार रुपए से लेकर एक लाख रुपए तक की फिरौती मांगी गई थी । तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजीव गुप्ता ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा लोगों का अपहरण किए जाने के और भी मामले हो सकते हैं जो आतंकवादियों के भय से पुलिस के नोटिस में नहीं लाए जा रहे हैं ।

शस्त्र भंडार मिला : तरनतारन पुलिस जिला के गांव शेख फतेह में सुरक्षा बलों ने एक फार्म हाऊस पर छापा मारकर तीन चीनी राइफलें, 6 मैगजीन तथा एक हजार कारतूस बरामद किए । सुरक्षा बलों ने यह गुप्त सूचना मिलने पर गांव में छापा मारा था कि वहां कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं लेकिन इससे पहले कि वे फार्म हाऊस को घेर पाते, वहां छिपे तीन आतंकवादी बचकर भाग निकले । इसी मध्य पूरे तरनतारन क्षेत्र में छापे व तलाशियां जारी हैं । भागने वाले आतंकवादियों का पीछा किया जा रहा है ।

दुकानदार की हत्या : अमृतसर के खालड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पासेरके में उग्रवादियों ने एक 60 वर्षीय दुकानदार बृज लाल की ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग करके हत्या कर दी । घटनास्थल से गोलियों के 27 खोल मिले ।

गहने लूटे : रैया से 'मेहरा' के अनुसार गत रात यहां से चार किलो मीटर दूर रैया खुर्द रेल लाइन के निकट चार स्त्रियों से उनकी सोने की बालियां उतरवा ली गईं । यह स्त्रियां खेतों से लौट रही थीं कि तीन युवकों जो कि कुर्ते पाजामे पहने हुए थे, ने उन्हें रोककर हथियारों की नोक पर अपने गहने उतार देने के लिए कहा । भयभीत स्त्रियों शीलवंती, दया रानी, जमना रानी तथा मदन रानी ने अपनी बालियां उतार कर उन्हें दे दीं । लुटेरे इन स्त्रियों को कह गए कि यदि बालियां वापस लेनी हैं तो कल शाम दस हजार रुपए लेकर आ जाओ । थाना ब्यास पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

निहंग-आतंकवादी झड़प : देर से मिली सूचना के अनुसार 9 सितम्बर को थाना वैरोवाल के गांव खपा में किम्मेबाल वाली सड़क पर संदिग्ध व्यक्तियों ने झंडा सिंह बिजला सिंह डेरे पर एक निहंग अमर सिंह पर गोलियां चलाईं । अमर सिंह को तो गोली नहीं लगी लेकिन गोली लगने से एक घोड़ा घायल हो गया । निहंग अमर सिंह ने जवाबी गोली चलाई जिसपर संदिग्ध व्यक्ति भाग गए ।

घटना की सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए । घटनास्थल पर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब समस्या के समाधान का एकमात्र उपाय अकाली व पंथक एकता : तलवंडी

जालन्धर, 11 सितम्बर (वार्ता) : एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी ने कहा है कि पंजाब समस्या के समाधान का एकमात्र साधन अकाली व पंथक एकता है तथा एकता के बिना कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता । एकता प्राप्ति का साधन व उपाय बताने से इंकार करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं परन्तु उनके फलप्रद होने में अभी 'समय' लगेगा ।

जब उनसे कहा गया कि प्रोफैसर दर्शन सिंह को 31 अगस्त को अकाल तख्त का जत्थेदार प्रतिष्ठित करने के बाद से अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं दिखाई दे रहा है कि अकाली एकता के मार्ग पर अग्रसर हो रहे हैं तो श्री तलवंडी का उत्तर था कि "किसी प्रकार का परिणाम नजर आने के लिए यह अवधि बहुत कम है ।" उन्होंने कहा कि "इतने बरसों से जो नुक्सान (अकालियों, उग्रवादियों व अन्यों को) हो चुका है उसे थोड़े से दिनों में पूरा नहीं किया जा सकता ।"

श्री तलवंडी आज यहां अपने समर्थक श्री जैमल सिंह की पत्नी की शादी में आए हुए थे । उन्होंने कहा कि उन्हें अकाली व पंथक एकता होने का पूरा भरोसा है, निहित स्वार्थ बेशक इसके विपरीत कुछ भी कहें । परन्तु उन्होंने इस सम्बन्ध में किसी का नाम नहीं लिया । किसी अकाली, उग्रवादी या धार्मिक गुट का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि पंथक एकता अत्यावश्यक है और 'यदि हमें पंजाब या अपने लिए कुछ प्राप्त करना है' तो एकता होनी ही चाहिए । क्योंकि इसमें पंजाब और देश दोनों की भलाई है ।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि देर सबेर सभी सम्बद्ध पार्टियों को एकता की आवश्यकता महसूस होने लगेगी क्योंकि 'अलग-अलग रह कर हम कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते ।"

जब उनसे कहा गया कि वह इन खबरों पर अपनी टिप्पणी करें कि अपनाओं का एक वर्ग, श्री प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व वाले अकाली जनता मंत्रिमंडल के दौरान उन पर लगाए गए आरोपों को कुरेद कर उनका नाम बदनाम करने की स्कीम बना रहा है तो श्री तलवंडी ने कहा कि उन्हें इसकी न तो कोई चिन्ता है और न कभी उन्होंने इसकी परवाह की है । उन्होंने कहा कि 'लोग इतने बुद्धिमान हैं कि वह किसी भी बात के सही पहलू को समझ सकते हैं ।" उन्होंने इस समाचार पर कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया कि उनकी पार्टी में श्री बादल के समर्थक उनके अध्यक्ष चुने जाने से खुश नहीं हैं ।

उन्होंने कहा कि सरकार हमारे दल में फूट पैदा कर रही है उसके साथ बातचीत करने का क्या लाभ है ।" उन्होंने कहा कि 'एकता प्राप्त किए बिना सरकार से बातचीत करना निरर्थक होगा ।"

जब उनसे पूछा गया कि पंजाब समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय विपक्षी पार्टियों से सहयोग प्राप्त करने के लिए क्या उनका पार्टी नेतृत्व कुछ सोच रहा है तो श्री तलवंडी ने कहा, "विपक्ष ने हमारे लिए क्या किया है ।" उन्होंने कहा कि, "श्री चन्द्र शेखर व श्री राम जेठमलानी के अलावा किसी भी विपक्षी पार्टी ने पंजाब या अकालियों की परवाह नहीं की ।"

उन्होंने कहा कि, "एकता प्राप्त करने के बाद ही विपक्षी पार्टियों के साथ कोई सम्बन्ध रखने की बात पर विचार किया जा सकता है ।

सूर्यग्रहण के अवसर

कुरुक्षेत्र, 11 सितम्बर (नन्हा, वा.): कुरुक्षेत्र तथा देश के विभिन्न स्थानों पर आज सूर्यग्रहण के अवसर पर करोड़ों लोगों ने पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान किया और पूजा-अर्चना की । श्रद्धालुओं ने दान भी दिया । जगह-जगह मेले भी लगाए गए ।

कुरुक्षेत्र में सन्निहित सरोवर में स्नान करते समय डूबने से ऐलनाबाद से आए एक 12 वर्षीय लड़के की मृत्यु हो गई । सन्निहित तथा ब्रह्म सरोवरों में करीब दस लाख तीर्थयात्रियों ने स्नान किया ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसके



छोटी सी बात

रंगा

मैं विपक्षी एकता का विरोधी नहीं हूं । अगर उन लोगों को चारों ओर मेरा भूत दिखाई देता

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

चीनी असाल्ट राइफल के कारतूस मिले । निहंग चीफ बिजला सिंह ने आतंकवादियों को चुनौती दी है कि वे छिपकर वार करने की बजाए सीधा मुकाबला करके देखें ।

अपहृत युवक की हत्या : मक्खू से 'शेखर' के अनुसार 18 वर्षीय विपन कुमार जिसका तीन दिन पूर्व अपहरण करलिया गया था, की लाश आज शाम मिल गई । उसकी लाश मंड क्षेत्र के गांव चक्कियां से मिली है । निकट ही खालिस्तान कमांडो फोर्स का पत्र मिला है जिसमें हत्या की जिम्मेदारी ली गई है । पता चला है कि आतंकवादियों ने तीन लाख रुपए की मांग की थी जबकि विपन के घर वाले एक लाख रुपए देने के लिए तैयार हुए थे ।

चीनी राइफलें मिलीं : मोहाली (नर्बदा): रोपड़ जिला पुलिस ने चंडीगढ़ के निकट मोहाली में बस्सी सिनेमा के बाहर खड़ी एक मारुति कार में से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें बरामद कीं । पुलिस ने कार ज़ब्त कर ली लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

राइफलें छोड़ कर भागे : कपूरथला (शर्मा): थाना सदर कपूरथला के अन्तर्गत गांव सैदोवाल में गत रात्रि लगभग 9 बजे सशस्त्र तीन आतंकवादी बिचित्र सिंह नम्बरदार के घर लूटने के लिए आए परन्तु नम्बरदार और उसके दो लड़कों के बहादुरी व निर्भयता से मुकाबला करते हुए उनसे गुत्थमगुत्था होने और नम्बरदार की पत्नी के शोर मचाने के कारण नम्बरदार को गोली मार कर घायल करने के पश्चात अपनी दो 303 की राइफलें छोड़कर भाग गए । स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती बिचित्र सिंह, जिसके बायें कंधे में गोली लग कर निकल गई है, और उसकी हालत खतरे से बाहर है, ने बताया कि रात लगभग 8.30 बजे 3 आतंकवादी, जिनमें से दो के पास 303 राइफलें तथा एक के पास पिस्तौल था, उसके पास ट्यूबवैल पर आए और कहा कि अपने लड़के का दहेज और विदेश से आए नकद रुपए उनके हवाले कर दें । तीनों आतंकवादी उनको घर ले आए और घर के बाहर पहुंचते ही उसने शोर मचाया तो जर्मन से आए हुए उसके दोनों लड़के और पत्नी बाहर आ गए । तीनों बाप-बेटों ने दो आतंकवादियों से गुत्थमगुत्था होकर 303 की राइफलें छीन लीं । इसी मध्य बिचित्र सिंह को घायल करके तीनों आतंकवादी दो राइफलें छिनवाकर जान बचा कर भाग गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली । मुकाबला में नम्बरदार के दोनों लड़के भी मामूली घायल हुए हैं ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर से सम्वाददाता ने सूचना दी है कि थाना सदर पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 303 बोर का रिवाल्वर, 32 बोर का रिवाल्वर तथा 7 कारतूस बरामद किए हैं । इनमें एक आतंकवादी रवि प्रकाश सिंह थाना फगवाड़ा जबकि दूसरा काबल सिंह थाना नवांशहर का है

पूर्व ग्रंथी की हत्या : लुधियाना—कल रात थाना माछीवाड़ा के गांव राक में एक गुरुद्वारे के पूर्व ग्रंथी सेवा सिंह की अज्ञात आतंकवादियों ने हत्या कर दी । गांव के सरपंच श्री सुखदेव सिंह ने पुलिस को इस हत्या की सूचना दी ।

5 आतंकवादी बंदी : सुरक्षा बलों ने जिला लुधियाना में 5 आतंकवादियों तथा एक आश्रयदाता को गिरफ्तार किया । इनके नाम बाबा सिंह, भगवान सिंह, गुरबीर सिंह, विजय, केवल तथा गुरदित्ता सिंह हैं । उनसे एक .32 रिवाल्वर, एक .12 पिस्तौल व 8 कारतूस, एक मोटर साइकल, एक वी.सी.आर.व 20 हजार रुपए मूल्य के सोने के जेवर बरामद हुए । जिला पुलिस चीफ श्री समेध सिंह सैनी ने कहा कि यह लोग कई डकैतियों में वांछित थे । भगवान सिंह जिला लुधियाना में गिल रेलवे स्टेशन को जलाने में संलिप्त था ।

घर में घुस कर हत्या : लुधियाना के खमानो थाना क्षेत्र के ग्राम अमरवाला में दो उग्रवादियों ने अमरीक सिंह के घर में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मैनेजर का बयान : नंगल (जे.): कल भलपली में पंजाब एंड सिंध बैंक से 76,000 रुपए लूटे जाने की घटना के संबंध में पुलिस ने आज बैंक मैनेजर का बयान रिकार्ड किया । पुलिस ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है । लुटेरों द्वारा प्रयुक्त स्कूटर घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ा मिल गया है जो कि किसी राहगीर से छीना गया था । यह आश्चर्य की बात है कि पुलिस की चौकी होने के बावजूद किसी ने आतंकवादियों को चुनौती नहीं दी, न ही उनका पीछा किया और आतंकवादी बड़े आराम से निकल गये । कहा जाता है कि पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव हस्सनपुर खुर्द में गत रात दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक 45 वर्षीय काला सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि हत्यारों ने हत्या के लिए चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की है, उसके कुछ चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । श्री शर्मा ने कहा कि हत्या रात लगभग आठ बजे की गई और पुलिस को आज प्रातः सूचना मिली । यह हत्या रात को काला के घर में की गई । श्री शर्मा ने कहा कि यह हत्या खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल सुखविंदर सिंह पप्पू गांव हडियाला नज़ारा व उसके एक साथी ने की है । उनके विरुद्ध केस दर्ज करके उन्हें पकड़ने के लिए छापे मारे जा रहे हैं । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है । उल्लेखनीय है कि मृतक काला पर पहले भी एक-दो बार आतंकवादी हमला कर चुके थे ।

अमृतसर के कई गांवों में रात को आतंकवादियों का राज

अमृतसर, 11 सितम्बर (नारंग): भारत-पाक सीमा के निकटवर्ती गांव रूड़े आसल, जहां पर गत दिवस आतंकवादियों ने अमृतसर-खेमकरण रेल गाड़ी में नरसंहार करके 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी तथा दो को घायल कर दिया था, उस स्थान पर इस संवाददाता ने जाकर गांव-वासियों से बातचीत की । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव चावला भी साथ थे ।

जंडू की सरहाली, वलीपुर के निवासियों ने बताया कि अर्द्ध सैनिक बलों के जवान रोज़ाना गांवों में सायंकाल चक्कर लगाते हैं, परन्तु रात्रि को नहीं आते । रात्रि को वहां पर आतंकवादी सरे-आम पैदल, घोड़ियों पर ए.के.-47 असाल्ट राइफलें लिए दनदनाते हुए आते हैं । 8-8, 10-10 के ग्रुप में वे आते हैं । जिस घर में मर्ज़ी आती है, घुस आते हैं, खाना खाते हैं । पैसे ले जाते हैं । डर के मारे हम किसी को बता भी नहीं सकते । असल में यहां पर आतंकवादियों की सरकार है । उनका हुक्म चलता है । एक भी हिन्दू जडौके, कैरों, बोपाराय, वल्टोहा, रत्तोके, गोहलवर-वरपाला गांवों में नहीं रहता । सारे के सारे बहुत पहले से ही पलायन करके न जाने कहां चले गए हैं । किसी भी राजनैतिक पार्टी का नेता हमारा हाल पूछने नहीं आया ।

तरनतारन से 'रूड़े आसल' तक एक भी हिन्दू नज़र नहीं आया । सारे रास्ते में ऊबड़ खाबड़ सड़क के किनारे सिख किसान खेतों में कार्य करते नज़र आए । जीप की आवाज़ से ही वे अनजाने भय के कारण खेतों में खड़ी फसल में छुप जाते थे । जिससे भी जीप से उतर कर बात की, वह भय एवं आतंक से भरा हुआ था । जब रूड़े आसल पहुंचे तो प्रवासी मज़दूरों की एक टोली सिर पर गठरियां उठाए तथा एक स्वराज-माज़दा गाड़ी में कुछ हिन्दू बैठे हुए तेज़ी से न जाने कहां गायब हो गए । स्टेशन पर कुछ लोग, जिनमें पंचायत सदस्य श्री दर्शन सिंह, पंच श्री सरमुख सिंह, हरदेव सिंह तथा 7-8 और व्यक्ति उपस्थित थे, जो वहां पर गैंग-मैन के तौर पर कार्य करते हैं । सन्नाटे से भरे वातावरण में हमने इन लोगों से बातचीत की । गोलियां, जो स्टेशन को लगी थीं, जहां पर खून बिखरा पड़ा था, जहां पर खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स वालों की तरफ से दीवार पर अभद्र भाषा में एक समुदाय के विरूद्ध बहुत कुछ लिखा था, पढ़ा । यह सब कुछ इस गाड़ी में नरसंहार के बाद लिखा गया था । 400 परिवारों वाले इस अभागे गांव में एक भी हिन्दू नहीं रहता । पंचायतों के सदस्यों तथा गैंगमैनों ने बताया कि लगभग 15 आतंकवादी उस दिन वहीं स्टेशन पर आए । गाड़ी ठीक समय पर आई । आखिरी डिब्बे में 3 आतंकवादी चढ़े । इन्होंने निहंगों वाले 'बाने' पहने हुए थे । दो हिन्दुओं को पकड़ कर बाहर घसीटा और उन पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । फिर चारों तरफ से धांय-धांय की भयानक आवाज़ें लोगों के चिल्लाने भागने की आवाज़ें आने लगीं । उन लोगों, जो इस गाड़ी में सफ़र कर रहे थे, ने बताया कि अगर अंधेरा न होता तो लोग भाग नहीं सकते थे, जो भाग कर बच गए । नहीं तो बहुत बड़ा नरसंहार होना था । 'हम सिख थे--हमें कुछ नहीं कहा गया ।' दर्शन सिंह पंच ने साफ़ शब्दों में कहा, जो रेलवे पुलिस तथा होमगार्ड के जवान इस गाड़ी में सुरक्षा के लिए गए थे, वे आतंकवादियों द्वारा खून का खेल खेलना बंद करने, एक फ़र्लांग दूर चले जाने तक अपने डिब्बे से बाहर नहीं निकले । उसके बाद इन्होंने लगभग 200 गोलियां हवा में चलाईं, तब तक आतंकवादी खालिस्तान के नारे लगाते हुए भाग गए थे । समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला ने इस सारे कांड की न्यायिक जांच की मांग की है ।

गांवों में समानांतर सरकार

'मनोहर' के अनुसार तरनतारन उपमंडल के कई गांवों में उग्रवादियों ने समानांतर सरकार कायम कर रखी है और दरबार साहिब की भांति लोगों को हुकमनामे जारी किए जाते हैं तथा सज़ाएं सुनाई जा रही हैं तथा थाना सरहाली के गांवों संगतपुरा और मोहनपुरा, थाना तरनतारन सदर के गांवों बाठ कंग और तुड़, उधर भिखीविंड के भट्ठल भाई के, कीलोकी और कहलवां आदि को उग्रवादी अपनी रियासतें समझते हैं ।

रात्रि की सरगर्म

इन गांवों के कुछ निवासियों के अनुसार सशस्त्र उग्रवादी 15 की टोलियों में शाम होते ही दनदनाने लग जाते हैं और यह कार्य वे प्रतिदिन 6 बजे से बाद शुरू कर देते हैं, जो दिन चढ़ने तक जारी रहता है । बताया जाता है कि इन गांवों में उग्रवादियों की टोलियां आश्रय लेती हैं, यहीं से धमकी भरे पत्र लिखे जाते हैं । रात्रि होते ही ऐसे धमकी-भरे पत्र प्राप्त करने वाले विवश और भयभीत लोग पेश होते हैं, जिनके इन उग्रवादियों ने दरबार साहिब की भांति नियमित रूप से रजिस्टर बना रखे हैं ।

यातनाओं का क्रम शुरू

यह कार्य नियमित रूप से चल रहा है । उसी प्रकार अदालतें लगाई जाती हैं । लोगों को बुला कर उनसे बड़ी-बड़ी राशियां प्राप्त की जा रही हैं । इस प्रकार जो कार्य वे दरबार साहिब के कमरा नं. 45, 29 व अन्य कमरों में करते थे, अब इन गांवों में किया जा रहा है । इसी प्रकार यातनाएं दी जाती हैं और इंकार करने या विरोध करने वाले लोगों को दरस्थ स्थानों पर ले जाकर गोलियों का निशाना बना दिया जाता है । गोलियों से छलनी लाशें ऐसे लोगों की ही जगह-जगह से मिल रही हैं ।

पूरे तरनतारन उपमंडल से मिले समाचारों के अनुसार लोगों में आतंक पहले से भी अधिक पाया जाता है और लोग ब्लैक थंडर से पहले के हालात से अधिक तंग हैं । लोग इस प्रकार हर समय अपने सिर पर मृत्यु की छाया महसूस करते रहते हैं, लेकिन रातें अत्यन्त भयानक वातावरण में व्यतीत करते हैं । शर्मनाक बात यह है कि ये उग्रवादी जिन लोगों के पास आश्रय प्राप्त करते हैं, उनकी युवा लड़कियों से दुर्व्यवहार करते हैं । कई जगह तो खाना खाने, अय्याशी करने के बाद घर वालों के बहुमूल्य सामान को भी लूट कर ले जाते हैं ।

जूतेबाज़ी

थाना तरनतारन सदर के गांव तुड़ में दाखिल होकर इन उग्रवादियों की एक टोली ने सभी खेत मज़दूरों को शाम होते ही घरों से बाहर निकाल लिया । फिर उनकी पत्नियों से उन्हें जूतियां मरवाई गईं । बाद में स्त्रियों से पुरुषों को जूतियां लगवाई गईं । फिर लाऊड स्पीकर लगा कर मनमर्ज़ी की बातें कहलवाई गईं और उन सबके चेहरों पर कालिख पोती गई । रात-भर ऊधम मचता रहा ।

तरनतारन-खेमकरण के गांव रूड़े आसल रेलवे स्टेशन पर खड़ी गाड़ी पर आतंकवादियों के हमले सम्बन्धी कुछ और चित्र (1) गांव के लोग वहां गए पत्रकारों को रेलवे स्टेशन की दीवार पर लगे गोलियों के निशान दिखाते हुए । (2) सुरक्षा बल के जवान रेलवे लाइन पर गश्त करते हुए तथा पंचायत सदस्य (3-4) दर्शन सिंह और सरमुख सिंह जिन्होंने घटना के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी और (5) रेलवे स्टेशन पर खड़े कुछ पत्रकार । (छाया : रवि भंडारी)

अद्रमुक का तीसरा गुट भी बन गया, जयललिता गुट दोफाड़

मद्रास, 11 सितम्बर (वार्ता): अखिल भारतीय अन्ना द्रमुक के जयललिता गुट के औपचारिक रूप से विभाजित हो जाने के साथ ही तमिलनाडु में आज एक तीसरा गुट उभर आया ।

आरिफ़ द्वारा राजीव को संजय के मुकाबले चुनाव लड़ने की चुनौती

रायपुर, 11 सितम्बर (वार्ता): जनमोर्चा नेता आरिफ़ मोहम्मद खान ने आज प्रधानमंत्री राजीव गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें कोई नैतिकता बची हो तो वह सैयद मोदी हत्याकांड में गिरफ्तार संजय सिंह के खिलाफ़ अमेठी से चुनाव जीत कर दिखाएं ।

श्री खान ने यहां एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज़ादी के 40 वर्षों के बाद पहली बार देश को इतने गम्भीर राजनीतिक, आर्थिक एवं नैतिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है ।

इस अवसर पर जनमोर्चा की मध्य प्रदेश इकाई के संयोजक विद्याचरण शुक्ल ने कहा कि भूतपूर्व केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अशोक सेन की अध्यक्षता में गठित एक समिति मोर्चा का संविधान तैयार कर रही है; जिसे आगामी दो अक्तूबर को दिल्ली में जनमोर्चा के सम्मेलन में रखा जाएगा ।

दीपिका को स्मिता स्मृति एवार्ड

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (वार्ता): लोकप्रिय दूरदर्शन धारावाहिक 'रामायण' की सीता दीपिका चिखलिया 1988 के स्मिता पाटिल पुरस्कार के लिए चुनी गई है । यह पुरस्कार बम्बई की प्रियदर्शनी अकादमी द्वारा दिया जाता है ।

छात्रों को नंगा नचवाया गया

इलाहाबाद, 11 सितम्बर (वार्ता): उत्तर प्रदेश में नैनी क्षेत्र के इलाहाबाद एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ छात्रों द्वारा नए छात्रों की रैगिंग के दौरान कुछ छात्रों को महिला छात्रावास के सामने नंगा नचवाने की घटना से छात्राओं में भय व सनसनी फैल गई है ।

इस घटना के बाद छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया और इस मामले में दोषी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर अनशन शुरू कर दिया है ।

Punjab Sentinel

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 4 खूंखार उग्रवादी मरे, 1 को ग्रामीणों ने मार डाला

कपूरथला के मंड क्षेत्र में भीषण भिड़ंत, भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र मिले

अमृतसर में दिन-दहाड़े पैट्रोल पम्प लूटा गया

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने भारी सफलता प्राप्त करते हुए कपूरथला जिले के मंड क्षेत्र में तीन खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया तथा भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया जिसमें रॉकेट, राकेट लांचर, चीनी राइफलें, हथगोले, बुलेट प्रूफ जैकेटें भी शामिल हैं । पटियाला जिला में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने मार डाला । राज्य में विभिन्न स्थानों पर चार लोगों की हत्या की गई । अमृतसर में दिन-दहाड़े पैट्रोल पम्प लूट लिया गया ।

ज़फरवाल में हत्या : गुरदासपुर (विनोद): बीत दिवस पंथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह ज़फरवाल के गांव ज़फरवाल में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति पाल सिंह (42) की उसके फार्म हाऊस में चीनी राइफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी । अस्पताल में उसकी लाश के साथ आए रिश्तेदारों ने बताया कि पिछले दस दिन से दो उग्रवादी गांव में घूम रहे थे । चार दिन हुए वे पाल सिंह के फार्म हाऊस पर आए तथा निकटवर्ती गांव का रास्ता पूछा । दूसरे दिन वे एक ट्रैक्टर पर वहां आए तो पाल सिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया । वे उसे धमकियां देकर चले गए । बी.एस.एफ. को भी इसकी सूचना दे दी गई । कल रात लगभग आठ बजे उन्होंने आकर पाल सिंह की हत्या कर दी ।

सेवा मसीह की हत्या : कल रात बटाला पुलिस जिला में डेरा बाबा नानक थाना के गांव सरवाली में सेवा मसीह की हत्या कर दी गई ।

कांस्टेबल की हत्या : मक्खू से 'शेखर' की सूचना है कि कल रात हरीके में साधु सिंह नामक एक कांस्टेबल की हत्या कर दी गई । वह फिरोजपुर कैंट में तैनात था और छुट्टी पर हरीके आया हुआ था । कल रात वह सैर करने बाहर गया तो रास्ते में ही आतंकवादियों ने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार मंड क्षेत्र से लगने वाले मक्खू और जीरा गांवों में भारी असुरक्षा की भावना व्याप्त है जहां गत तीन दिनों में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा दो व्यापारियों का अपहरण कर लिया । पट्टी जिला अमृतसर के एक मिल्क चिल्लिंग प्लांट के मालिक के लड़के बिपन कुमार की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए दो लाख रुपए मांगे थे । उसके अभिभावकों ने एक लाख रुपए दे भी दिया था फिर भी उसकी हत्या कर दी गई । आठ सितम्बर को आतंकवादियों ने दो आढ़ती भाइयों रोशन लाल तथा मदन लाल का अपहरण कर लिया तथा उनकी रिहाई के लिए तीन लाख रुपए मांगे ।

फिरोजपुर पुलिस ने एक आतंकवादी बूटा सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक पिस्तौल मिला ।

17 आतंकवादी, शरणदाता बंदी : अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार आज जिला अमृतसर के विभिन्न भागों में 17 आतंकवादी व उनके सक्रिय शरणदाता गिरफ्तार किए गए । उनसे बरामद किए गए हथियारों में तीन चीनी ए.के. 47 राइफलें, 7 मैगजीन और 600 कारतूस, एक .455 बोर रिवाल्वर, .12 बोर की दो डबल बैरल बंदूकें, दो देसी पिस्तौलें, दो एच.ई. 36 हथगोले और कुछ गोली-सिक्का शामिल है । दो हजार रुपए मूल्य का सोना तथा एक स्कूटर भी बरामद किया गया । इन आतंकवादियों को जंडियाला, मेहता चौक, हरीके, तरनतारन सदर तथा भिखीविंड थाना क्षेत्रों में पकड़ा गया ।

मंडल के पुलिस जिला चीफ श्री जी.एस. मान ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उनके पुलिस जिला में आठ आतंकवादियों के दो गिरोहों को पकड़ा गया चौक जंडियाला व चौक मेहता क्षेत्रों में अनेक डकैतियों के लिए जिम्मेदार थे । तरनतारन पुलिस जिला के मुखिया श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि तरनतारन सदर क्षेत्र से चार आतंकवादी सुखविंदर सिंह, हरदीप सिंह, बलबीर सिंह तथा दर्शन सिंह पकड़े गए हैं । आतंकवादियों के पांच सक्रिय शरणदाता त्रिलोक सिंह, गुरनाम सिंह, गुरसाहब सिंह, त्रिलोक सिंह भिखीविंड तथा निर्मल सिंह हरीके गिरफ्तार किए गए । यह लोग खूंखार आतंकवादियों को शरण देते थे ।

पैट्रोल पम्प लूटा : पुलिस ने बताया कि आज अमृतसर के पुतलीघर क्षेत्र में एक पैट्रोल पम्प से दो आतंकवादी दिन-दहाड़े दस हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । आतंकवादी एक स्कूटर पर फरार हुए जोकि उन्होंने किसी से छीना था ।

3 आतंकवादी मरे : कपूरथला (शर्मा): सुल्तानपुर लोधी पुलिस थाने के मंड इलाके में आज तड़के सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मारे गए । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मंड इलाके में पिछले दो दिन से आतंकवादियों की धर-पकड़ का अभियान चल रहा है । पुलिस को सूचना मिली थी कि वहां आतंकवादी छिपे हुए हैं । सुरक्षा बल अभी भी आतंकवादियों की खोज कर रहे हैं ।

पूर्व सूचना थी : जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी तथा कपूरथला के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अवतार सिंह ब्रह्मा गुट के 6-7 दर्दांत आतंकवादी गांव कर्मोवाला के निकट एक नौका में ब्यास नदी पार करके कपूरथला जिले में प्रवेश कर गए हैं तथा उनका कार्यक्रम सुरक्षा बलों के वाहनों व चौकियों पर हमले करने का है । इन आतंकवादियों के पास खतरनाक हथियार होने की भी सूचना थी । तभी से सुरक्षा बल और पुलिस सतर्क होकर इनकी खोज में थी । एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने जरनैल सिंह के डेरे को घेरा तो इन आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । एक मृत आतंकवादी की जेब से अवतार सिंह ब्रह्मा का फोटो मिला है । इन आतंकवादियों का उद्देश्य अवतार सिंह ब्रह्मा की मौत का बदला लेना था । पुलिस व बी.एस.एफ. का कोई जवान घायल नहीं हुआ ।

प्रैस विज्ञप्ति : बी.एस.एफ. के सहायक निदेशक श्री बी.बी. अग्रवाल ने जालंधर में जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि जिला कपूरथला के मंड क्षेत्र में कर्मोवाला गांव के निकट विशेष सूचना मिलने पर गत चार दिनों से छानबीन कर रही बी.एस.एफ. की पार्टी पर आज प्रातः साढ़े छः बजे मंड क्षेत्र में स्थित एक छोटे द्वीप की एक 'बहक' से अंधाधुंध फायरिंग की गई । बी.एस.एफ. की पार्टी ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की जिसके दौरान भीषण गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए जबकि एक निकटवर्ती सरकंडों में छिप गया । बी.एस.एफ. ने सरकंडों को घेर कर फिर फायरिंग की तथा दोनों ओर से साढ़े चार घंटे से भी अधिक समय तक गोलियां चलीं । बाद में आतंकवादी सरकंडों में मृत पाया गया । क्षेत्र की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला जिसका ब्यौरा इस प्रकार है : ए.के. 47 चीनी राइफलें चार, .303 राइफलें दो, राकेट लांचर दो, राकेट चार, ग्रेनेड दो,

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मंड क्षेत्र की छानबीन के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा पकड़े गये हथियार

लाल डेंगा द्वारा पुनः सशस्त्र विद्रोह की तैयारी

कलकत्ता, 12 सितम्बर (स.आ.): श्री लालडेंगा ने गत सात सितम्बर को मिजोरम में राष्ट्रपति शासन लागू होने से मुख्यमंत्री पद छिन जाने के बाद अखिल असम छात्र संघ (आसू), इंडियन पीपुल्स फ्रंट (आई.पी.एफ.) तथा कुछ खालिस्तानी उग्रवादी ग्रुपों से सम्पर्क साधने के लिए पत्र लिखा है ताकि वह एक नए सशस्त्र संघर्ष के लिए तैयारी कर सकें ।

उन्होंने पत्रकार को फोन पर कहा कि 'केंद्र पर से मेरा विश्वास उठ चुका है । मैं नहीं जानता कि देश में किस तरह का लोकतंत्र है । उन्होंने मुझे बहुमत सिद्ध करने का मौका ही नहीं दिया । मैंने उनसे व राज्यपाल एच. सेकिया से अनुरोध किया था कि 14 सितम्बर को विधानसभा की बैठक बुला कर मैं अपना बहुमत सिद्ध कर दूंगा । केंद्र को तब तक इंतजार करना चाहिए था । यदि विधानसभा में साबित हो जाता कि मैं अल्पमत में हूं तो मैं अपने आप ही अपना पद त्याग देता ।"

उन्होंने कहा, 'देश में वैध ढंग नहीं अपनाए जा रहे । वे ऐसा करेंगे भी नहीं । इसलिए मुझे फिर से इश्तहारी मुजरिम बनना पड़ेगा जिसके सिर के लिए इनाम रखा जाएगा । यदि केंद्र ने तत्काल चुनाव नहीं कराए तो मुझे दोबारा शस्त्र उठाना पड़ेगा । यही कारण है कि मैंने आसू, आई.पी.एफ. और कुछ खालिस्तानी ग्रुपों को पत्र लिख कर कहा है कि जो लोग सशस्त्र संघर्ष में यकीन रखते हैं उन्हें आपस में मिलकर चलना चाहिए ।' उन्होंने कहा कि युवकों ने तो एजवाल में पोस्टर भी चिपका दिए हैं जिन पर लिखा है 'श्री राजीव गांधी कृपया हमें दोबारा जंगलों में जाने के लिए मजबूर न करें ।' श्री लालडेंगा को आतंकवादी ग्रुपों से सहायता प्राप्त होने की पूरी उम्मीद है ।

3 करोड़ की स्मैक पकड़ी गई

अमृतसर, 12 सितम्बर : सदर पुलिस ने आज तड़के तीन करोड़ रुपए की 59 किलो ब्राऊन शुगर (स्मैक) बरामद की । इस सिलसिले में तीन व्यक्तियों बलदेव सिंह, बख्शीश सिंह और पूरन सिंह को गिरफ्तार किया गया । पुलिस के मुताबिक यह खेप पाकिस्तान सीमा से यहां लाई गई थी ।

राजीव का दार्जिलिंग दौरा रद्द

कलकत्ता, 12 सितम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी का 15 सितम्बर को प्रस्तावित दार्जिलिंग दौरा रद्द कर दिया गया है ।

राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन सोमवार को 4 देशों की यात्रा पर रवाना होने से पूर्व दिल्ली के हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति श्री शंकर दयाल शर्मा तथा प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के साथ ।

Punjab Salfatah

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 4 खूंखार उग्रवादी मरे, 1 को ग्रामीणों ने मार डाला

कपूरथला के मंड क्षेत्र में भीषण भिड़ंत, भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र मिले

अमृतसर में दिन-दहाड़े पैट्रोल पम्प लूटा गया

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने भारी सफलता प्राप्त करते हुए कपूरथला जिले के मंड क्षेत्र में तीन खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया तथा भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया जिसमें रॉकेट, राकेट लांचर, चीनी राइफलें, हथगोले, बुलेट प्रूफ जैकटें भी शामिल हैं । पटियाला जिला में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने मार डाला । राज्य में विभिन्न स्थानों पर चार लोगों की हत्या की गई । अमृतसर में दिन-दहाड़े पैट्रोल पम्प लूट लिया गया ।

ज़फरवाल में हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत दिवस पंचक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह ज़फरवाल के गांव ज़फरवाल में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति पाल सिंह (42) की उसके फार्म हाऊस में चीनी राइफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी । अस्पताल में उसकी लाश के साथ आए रिश्तेदारों ने बताया कि पिछले दस दिन से दो उग्रवादी गांव में घूम रहे थे । चार दिन हुए वे पाल सिंह के फार्म हाऊस पर आए तथा निकटवर्ती गांव का रास्ता पूछा । दूसरे दिन वे एक ट्रैक्टर पर वहां आए तो पाल सिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया । वे उसे धमकियां देकर चले गए । बी.एस.एफ. को भी इसकी सूचना दे दी गई । कल रात लगभग आठ बजे उन्होंने आकर पाल सिंह की हत्या कर दी ।

सेवा मसीह की हत्या : कल रात बटाला पुलिस जिला में डेरा बाबा नानक थाना के गांव सरवाली में सेवा मसीह की हत्या कर दी गई ।

कांस्टेबल की हत्या : मक्खू से 'शेखर' की सूचना है कि कल रात हरीके में साधु सिंह नामक एक कांस्टेबल की हत्या कर दी गई । वह फिरोजपुर कैंट में तैनात था और छुट्टी पर हरीके आया हुआ था । कल रात वह सैर करने बाहर गया तो रास्ते में ही आतंकवादियों ने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार मंड क्षेत्र से लगने वाले मक्खू और जीरा गांवों में भारी असुरक्षा की भावना व्याप्त है जहां गत तीन दिनों में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा दो व्यापारियों का अपहरण कर लिया । पट्टी जिला अमृतसर के एक मिल्क चिल्लिंग प्लांट के मालिक के लड़के विपन कुमार की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए दो लाख रुपए मांगे थे । उसके अभिभावकों ने एक लाख रुपए दे भी दिया था फिर भी उसकी हत्या कर दी गई । आठ सितम्बर को आतंकवादियों ने दो आढ़ती भाइयों रोशन लाल तथा मदन लाल का अपहरण कर लिया तथा उनकी रिहाई के लिए तीन लाख रुपए मांगे ।

फिरोजपुर पुलिस ने एक आतंकवादी बूटा सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक पिस्तौल मिला ।

17 आतंकवादी, शरणदाता बंदी : अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार आज जिला अमृतसर के विभिन्न भागों में 17 आतंकवादी व उनके सक्रिय शरणदाता गिरफ्तार किए गए । उनसे बरामद किए गए हथियारों में तीन चीनी ए.के. 47 राइफलें, 7 मैगजीन और 600 कारतूस, एक .455 बोर रिवाल्वर, .12 बोर की दो डबल बैरल बंदूकें, दो देसी पिस्तौलें, दो एच.ई. 36 हथगोले और कुछ गोली-सिक्का शामिल है । दो हजार रुपए मूल्य का सोना तथा एक स्कूटर भी बरामद किया गया । इन आतंकवादियों को जंडियाला, मेहता चौक, हरीके, तरनतारन सदर तथा भिखीविंड थाना क्षेत्रों में पकड़ा गया ।

मजीठा के पुलिस जिला चीफ श्री जी.एस. मान ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उनके पुलिस जिला में आठ आतंकवादियों के दो गिरोहों को पकड़ा गया जोकि जंडियाला व चौक मेहता क्षेत्रों में अनेक डकैतियों के लिए जिम्मेदार थे । तरनतारन पुलिस जिला के मुखिया श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि तरनतारन सदर क्षेत्र से चार आतंकवादी सुखविंदर सिंह, हरदीप सिंह, बलबीर सिंह तथा दर्शन सिंह पकड़े गए हैं । आतंकवादियों के पांच सक्रिय शरणदाता त्रिलोक सिंह, गुरनाम सिंह, गुरसाहब सिंह, त्रिलोक सिंह भिखीविंड तथा निर्मल सिंह हरीके गिरफ्तार किए गए । यह लोग खूंखार आतंकवादियों को शरण देते थे ।

पैट्रोल पम्प लूटा : पुलिस ने बताया कि आज अमृतसर के पुतलीघर क्षेत्र में एक पैट्रोल पम्प से दो आतंकवादी दिन-दहाड़े दस हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । आतंकवादी एक स्कूटर पर फरार हुए जोकि उन्होंने किसी से छीना था ।

3 आतंकवादी मरे : कपूरथला (शर्मा): सुल्तानपुर लोधी पुलिस थाने के मंड इलाके में आज तड़के सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मारे गए । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मंड इलाके में पिछले दो दिन से आतंकवादियों की धर-पकड़ का अभियान चल रहा है । पुलिस को सूचना मिली थी कि वहां आतंकवादी छिपे हुए हैं । सुरक्षा बल अभी भी आतंकवादियों की खोज कर रहे हैं ।

पूर्व सूचना थी : जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी तथा कपूरथला के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अवतार सिंह ब्रह्मा गुट के 6-7 दुर्दांत आतंकवादी गांव कर्मोवाला के निकट एक नौका में ब्यास नदी पार करके कपूरथला जिले में प्रवेश कर गए हैं तथा उनका कार्यक्रम सुरक्षा बलों के वाहनों व चौकियों पर हमले करने का है । इन आतंकवादियों के पास खतरनाक हथियार होने की भी सूचना थी । तभी से सुरक्षा बल और पुलिस सतर्क होकर इनकी खोज में थी । एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने जरनैल सिंह के डेरे को घेरा तो इन आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । एक मृत आतंकवादी की जेब से अवतार सिंह ब्रह्मा का फोटो मिला है । इन आतंकवादियों का उद्देश्य अवतार सिंह ब्रह्मा की मौत का बदला लेना था । पुलिस व बी.एस.एफ. का कोई जवान घायल नहीं हुआ ।

प्रेस विज्ञप्ति : बी.एस.एफ. के सहायक निदेशक श्री बी.बी. अग्रवाल ने जालंधर में जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि जिला कपूरथला के मंड क्षेत्र में कर्मोंवाला गांव के निकट विशेष सूचना मिलने पर गत चार दिनों से छानबीन कर रही बी.एस.एफ. की पार्टी पर आज प्रातः साढ़े छः बजे मंड क्षेत्र में स्थित एक छोटे द्वीप की एक 'बहक' से अंधाधुंध फायरिंग की गई । बी.एस.एफ. की पार्टी ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की जिसके दौरान भीषण गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए जबकि एक निकटवर्ती सरकंडों में छिप गया । बी.एस.एफ. ने सरकंडों को घेर कर फिर फायरिंग की तथा दोनों ओर से साढ़े चार घंटे से भी अधिक समय तक गोलियां चलीं । बाद में आतंकवादी सरकंडों में मृत पाया गया । क्षेत्र की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला जिसका ब्यौरा इस प्रकार है : ए.के. 47 चीनी राइफलें चार, .303 राइफलें दो, राकेट लांचर दो, राकेट चार, ग्रेनेड दो,

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मंड क्षेत्र की छानबीन के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा पकड़े गये हथियार

लाल डेंगा द्वारा पुनः सशस्त्र विद्रोह की तैयारी

कलकत्ता, 12 सितम्बर (स.आ.): श्री लालडेंगा ने गत सात सितम्बर को मिजोरम में राष्ट्रपति शासन लागू होने से मुख्यमंत्री पद छिन जाने के बाद अखिल असम छात्र संघ (आसू), इंडियन पीपुल्स फ्रंट (आई.पी.एफ.) तथा कुछ खालिस्तानी उग्रवादी ग्रुपों से सम्पर्क साधने के लिए पत्र लिखा है ताकि वह एक नए सशस्त्र संघर्ष के लिए तैयारी कर सकें ।

उन्होंने पत्रकार को फोन पर कहा कि 'केंद्र पर से मेरा विश्वास उठ चुका है । मैं नहीं जानता कि देश में किस तरह का लोकतंत्र है । उन्होंने मुझे बहुमत सिद्ध करने का मौका ही नहीं दिया । मैंने उनसे व राज्यपाल एच. सौकिया से अनुरोध किया था कि 14 सितम्बर को विधानसभा की बैठक बुला कर मैं अपना बहुमत सिद्ध कर दूंगा । केंद्र को तब तक इंतजार करना चाहिए था । यदि विधानसभा में साबित हो जाता कि मैं अल्पमत में हूं तो मैं अपने आप ही अपना पद त्याग देता ।''

उन्होंने कहा, 'देश में वैध ढंग नहीं अपनाए जा रहे । वे ऐसा करेंगे भी नहीं । इसलिए मुझे फिर से इश्तहारी मुजरिम बनना पड़ेगा जिसके सिर के लिए इनाम रखा जाएगा । यदि केंद्र ने तत्काल चुनाव नहीं कराए तो मुझे दोबारा शस्त्र उठाना पड़ेगा । यही कारण है कि मैंने आसू, आई.पी.एफ. और कुछ खालिस्तानी ग्रुपों को पत्र लिख कर कहा है कि जो लोग सशस्त्र संघर्ष में यकीन रखते हैं उन्हें आपस में मिलकर चलना चाहिए ।' उन्होंने कहा कि युवकों ने तो एजवाल में पोस्टर भी चिपका दिए हैं जिन पर लिखा है "श्री राजीव गांधी कृपया हमें दोबारा जंगलों में जाने के लिए मजबूर न करें ।" श्री लालडेंगा को आतंकवादी ग्रुपों से सहायता प्राप्त होने की पूरी उम्मीद है ।

3 करोड़ की स्मैक पकड़ी गई

अमृतसर, 12 सितम्बर : सदर पुलिस ने आज यहां तीन करोड़ रुपए की 59 किलो ब्राऊन शुगर (स्मैक) बरामद की । इस सिलसिले में तीन व्यक्तियों बलदेव सिंह, बख्शीश सिंह और पूरन सिंह को गिरफ्तार किया गया । पुलिस के मुताबिक यह खेप पाकिस्तान सीमा से यहां लाई गई थी ।

राजीव का दार्जिलिंग दौरा रद्द

कलकत्ता, 12 सितम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी का 15 सितम्बर को प्रस्तावित दार्जिलिंग दौरा रद्द कर दिया गया है ।

राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन सोमवार को 4 देशों की यात्रा पर रवाना होने से पूर्व दिल्ली के हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति श्री शंकर दयाल शर्मा तथा प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के साथ ।

भारत पड़ौसी देशों से सम्बन्ध सामान्य बनाने को इच्छुक : वेंकटरमन

सरकार रोडे को अमृतसर में सरबत खालसा नहीं करने देगी

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार अकाल तख्त के 'बर्खास्त' जत्थेदार भाई जसवीर

श्री गुरु ग्रंथ साहब के प्रकाशोत्सव के अवसर पर सोमवार को अमृतसर में निकाली गई व (नीचे) शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रहे पंज प्यारे ।

शिरोमणि कमेटी की अनुमति बि[...] मंदिर में सरबत खालसा बुलाने [...]

अमृतसर, 12 सितम्बर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने लिखित अनुमति के बिना अकाल तख्त सहित स्वर्ण मंदिर परिसर में किसी तरह के 'सरबत खालसा' के आयोजन तथा सभा या बैठक करने पर रोक लगा दी है । कमेटी के सचिव मंजीत सिंह कलकत्ता ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि कमेटी द्वारा हाल में तैयार की गई आचार संहिता में ऐसी रोक लगाने का प्रावधान है । श्री मंजीत सिंह अकाल तख्त के बर्खास्त मुख्यग्रंथी भाई जसवीर सिंह रोडे द्वारा दीवाली के दिन अकाल तख्त पर 'सरबत खालसा' आयोजित करने की घोषणा पर टिप्पणी कर रहे थे ।

श्री मंजीत सिंह ने भाई जसवीर सिंह रोडे और अन्य बर्खास्त मुख्यग्रंथियों द्वारा कथित सरबत खालसा के आयोजन की घोषणा तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को 'भ्रष्ट संगठन' बताने की कड़ी निंदा की । उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को न केवल स्वर्ण मंदिर परिसर में बल्कि अन्य सिख धार्मिक स्थलों पर भी ऐसी अनाधिकृत बैठकें रोकने का नैतिक, कानूनी और संवैधानिक अधिकार प्राप्त है । उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जो भी ऐसी अनाधिकृत बैठकें आयोजित करेगा, उसे इसका परिणाम भुगतना होगा ।

भाई जसवीर सिंह द्वारा सरबत खालसा बुलाने के निर्णय के औचित्य को चुनौती देते हुए श्री कलकत्ता ने कहा कि यदि कोई [...] कोई सभा आयोजित करता है [...] का नाम नहीं दिया जा सकत[...] अकाल तख्त में जबरन सभ[...] कोशिश की तो इसे सरकार [...] करना समझा जाएगा ।

भाई जसवीर सिंह रोडे [...] मुख्यग्रंथियों के इस दावे का [...] नियुक्ति सरबत खालसा द्वा[...] शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक क[...] करने का अधिकार नहीं है । [...] किया कि अपने कार्यकाल के [...] द्वारा आयोजित सरबत खालसा [...] सहित अन्य प्रस्तावों को लागू [...] क्या किया है ।

पंजाब के उग्रवादियों द्वारा कश्मीर में वारदातें

श्रीनगर, 12 सितम्बर (अशोक): पंजाब के उग्रवादियों द्वारा श्रीनगर व कश्मीर घाटी में अन्य स्थानों पर वारदातें किए जाने की सूचना के कारण विभिन्न स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं । ये उग्रवादी सिखों की वेशभूषा में रहते हैं और लूटपाट करते हैं । इन्हीं लोगों ने रानी मंदिर भवन पर फायरिंग की थी ।

रौत्रेय इंका में [...]

भुवनेश्वर, 12 सितम्[...] मुख्यमंत्री और जनता पार्टी के [...] आज इन खबरों को निराधार [...] (इ) में शामिल हो सकते हैं [...]

नेहरू ने राजीव का त[...] षड्यंत्र रचा थ[...]

बम्बई, 12 सितम्बर [...] मुख्यमंत्री अब्दुलरहमान [...] रहस्योदघाटन किया कि पूर्व [...] राज्यमंत्री अरुण नेहरू ने प्रधा[...] 'रक्तहीन विद्रोह' द्वारा तख्ता[...] पर खुद बैठने की योजना बना[...] पुनः प्रवेश मिलने के बाद पह[...] सम्मेलन में श्री अंतुले ने कहा [...] फौरन श्री राजीव गांधी तक प[...] 'हम दोनों में' थोड़ी सी गलत[...] ने कहा कि श्री राजीव गांधी [...] 'मैं श्री नेहरू और श्री राजीव [...] प्रयास कर रहा हूं ।'

सीमांत गांवों के निवासियों को प[...] पत्र अक्तूबर के अंत तक जा[...]

अमृतसर, 12 सितम्बर (ह.स.): अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह के अनुसार सरकार अक्तूबर के अन्त तक भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ लगते सीमांत गांवों के सभी निवासियों को पहचान पत्र जारी करेगी ।

उन्होंने कहा कि पहचान पत्रों के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताएं केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्ण कर ली हैं और इस बात की सम्भावना है कि वह शीघ्र ही राज्य सरकार को पहचान पत्र जारी करने की दिशा में आगे कार्य करने के लिए कहेगा । उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते सभी 60 गांवों को इस योजना के अन्तर्गत लाया जाएगा । उन्होंने कहा कि इन 60 गांवों में रहने वाले सभी लोगों, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, को पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि अधिकारियों के दल यह कार्य लगभग 20 दिनों में पूर्ण कर लेंगे ।

श्री सर्वजीत सिंह ने कह[...] रात्रिकालीन कर्फ्यू घटाने के [...] है । यह मामला सीमा सुरक्[...] के साथ उठाया गया है ।

परिसर का नियंत्रण कमे[...] रूप से मंजूर

उन्होंने कहा कि सरकार [...] का नियंत्रण शिरोमणि गुरुद्वा[...] सौंपना सिद्धांत रूप से स्वी[...] पत्रकारों से बातचीत करते ह[...] रामदास सराय की प्रथम मंजि[...] नियंत्रण शिरोमणि कमेटी को [...] गया है तथा शेष भवनों का निय[...] की शिरोमणि कमेटी की उत्सु[...] है क्योंकि उसने अभी अपने [...] सतर्कता प्रबन्ध करने हैं ताकि [...] आश्रय स्थल पुनः न बन जाए[...]

दिल्ली में बस में बम फटा, एक मरा, 20 यात्री घायल, 5 और जगह बम मिले

पांचों घटनाओं में उग्रवादियों का हाथ, राजधानी में रैड अलर्ट, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (ह.स., वा.): पूर्वी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले शाहदरा बस टर्मिनल पर आज एक बम विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति 30 वर्षीय राजीव कुमार की मृत्यु हो गई व कम से कम बीस व्यक्ति बुरी तरह ज़ख्मी हो गए । पुलिस के अनुसार घायलों में से सात की हालत गम्भीर है । इनमें एक महिला भी है । राजधानी में इसके अलावा पांच जगह बम बरामद हुए । इनमें परिवहन निगम की एक और बस जो शाहदरा जानी थी, बम विस्फोट स्थल के पास ही एक और बम बरामद होने, धौला कुआं के पास एक भीड़-भाड़ वाले स्थान पर तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे यात्री निवास पार्क में बरामद बम शामिल है ।

इन घटनाओं को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है तथा दिल्ली पुलिस ने 'रैड अलर्ट' जारी कर दिया है ।

मृत राजीव कुमार पूर्वी दिल्ली का रहने वाला था । घायलों में मोहम्मद रज़्ज़ाक व नागेन्द्र की दशा गम्भीर है ।

पुलिस को संदेह है कि इस घटना के पीछे बब्बर खालसा गिरोह का हाथ है । पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए दो लोगों को पकड़ा है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के निकट बने रेलवे यात्री निवास के एक पार्क से सेना के दो हथगोले बरामद किए गए । पालीथिन के थैले में लपेट कर रखे गए इन हथगोलों का इस्तेमाल सेना के अभ्यास के दौरान किया जाता है ।

करोलबाग से शाहदरा जाने वाली एक खचाखच भरी बस में कल रात एक शक्तिशाली बम बरामद किया गया । यह बम परिवहन निगम की बस के निकासी द्वार के पास रखा गया था । पुलिस के अनुसार "यदि इसमें विस्फोट हो जाता तो बड़ी संख्या में निर्दोष यात्री मारे जाते ।"

इसके थोड़ी देर बाद ही पालम हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़क पर धौला कुआं के निकट भीड़भाड़ वाले एक स्थान से पुलिस ने एक अन्य शक्तिशाली बम बरामद किया ।

पुलिस के मुताबिक इन वारदातों में आतंकवादियों का हाथ है । बम मिलने की दो घटनाओं तथा शाहदरा में बम विस्फोट के बाद राजधानी में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है । पुलिस की चलती-फिरती निरीक्षण चौकियों तथा नियंत्रण कक्ष की गाड़ियों को भी सतर्क कर दिया गया है । विभिन्न स्थानों पर अवरोधक लगा कर संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने का काम भी पुलिस ने शुरू कर दिया है ।

शाहदरा बस डिपो से शाम चार बज कर 50 मिनट पर केन्द्रीय सचिवालय के लिए 320 नम्बर की बस रवाना हुई थी । इस बस में चलते ही जोर का धमाका हुआ और चारों ओर कोहराम मच गया ।

आठ घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इनमें से 60 वर्षीय आफताब अली और 17 वर्षीय आजाद वीर की हालत गम्भीर है । इस अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों के नाम हैं राजेन्द्र सिंह, प्रीतम प्रसाद, नरेश कुमार, नानक चन्द्र स्वराज निगम और प्रकाशवत कौर ।

यह बम बस चालक की सीट के पास ही फटा । बम विस्फोट के धमाके से बस की छत के परखचे उड़ गए तथा शीशे और सीटें बुरी पर क्षतिग्रस्त हो गईं । बस में धमाका होते ही यात्री बचाव के लिए इधर-उधर भागने लगे ।

बस के कंडक्टर संजय कुमार ने बताया कि बम विस्फोट में मैं बाल-बाल बच गया क्योंकि मैं पीछे की ओर था तथा धमाका होते ही बाहर कूद गया । संजय ने बताया कि बस में आगे बैठे हुए यात्री ही विस्फोट में घायल हुए और पीछे बैठे यात्री आतंकित होकर बाहर कूद गए ।

विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस शाहदरा डिपो पहुंच गई । पुलिस को घटनास्थल के पास ही एक थैले में छिपा कर रखा गया एक अन्य बम भी मिला है ।

करोल बाग से शाहदरा जाने वाली बस में कल रात एक बम मिला था । इसके बीच से ही लोगों में भय था । इस बीच शाहदरा से चली बस में आज शाम विस्फोट हो जाने के कारण लोगों में आतंक फैल गया ।

तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मैं बस में चढ़ने ही वाला था कि जोरदार धमाका हुआ । विस्फोट के कारण मेरा हाथ सूज गया और मैं बेहोश होने लगा । एक अन्य ज़ख्मी यात्री श्रीमती प्रकाश कौर ने बताया कि 'मुझे लक्ष्मी नगर में बस बदलनी थी । शाहदरा अपनी सहेली से मिलने आई थी । विस्फोट के समय कंडक्टर टिकट बांट रहा था ।' इस अस्पताल में भर्ती नरेश कुमार की दोनों आंखों की रोशनी चले जाने का अंदेशा चिकित्सकों को है । नरेश के शरीर के अधिकांश भाग में बस और बम के टुकड़े घुस गए हैं । एक अन्य स्वराज निगम ने बताया कि बस चली ही थी कि जोरदार धमाका हुआ और एक सीट मेरे ऊपर आ गिरी ।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल के आपात कालीन कक्ष में बड़ा ही करुण दृश्य था । आपात कालीन कक्ष में आफताब अली और नरेश कुमार बुरी तरह घायल हालत में लेटे थे । एक अन्य घायल के हाथों में पट्टियां बंधी थीं । दो घायलों के पैर से खून बह रहा था हालांकि चिकित्सकों ने तत्काल ही उनका प्राथमिक उपचार किया था ।

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र की सब्जी मंडी में 20 जून को इसी प्रकार का विस्फोट हुआ था । इस विस्फोट में तीन व्यक्ति मारे गए थे तथा 43 अन्य ज़ख्मी हो गए थे । इससे पूर्व दस मई को संसद मार्ग पर जीवन बीमा निगम की बहुमंजिली इमारत में स्थित सिटी बैंक में भी विस्फोट हुआ था । इस विस्फोट में एक व्यक्ति मारा गया था तथा 15 अन्य घायल हो गए थे ।

पुलिस ने बताया कि बम में जिस बम का विस्फोट हुआ, वह बम कल रात मध्य दिल्ली के पहाड़गंज में एक बस में पाए गए बम की ही तरह का था । इस टाइम बम में डैटोनेटर और बैटरी लगी हुई थी ।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त विजय करण ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंच कर स्थिति का जायज़ा लिया ।

पुलिस ने दिल्ली-वासियों को आगाह किया है कि वे बसों और व्यस्त क्षेत्रों में किसी भी तरह की संदेहास्पद वस्तु दिखने पर सतर्कता बरतें ।

घटनास्थल पर पहुंचे एक सम्वाददाता के अनुसार बस की सीटें तुड़ी-मुड़ी हुई थीं और आसपास खून से सने जूते-चप्पलें बिखरे हुए थे । बस की खिड़कियों के कांच चकनाचूर हो गए थे जबकि उसकी छत उड़ गई थी । बम के टुकड़े 20-20 गज तक उड़े, जिनसे टर्मिनल में खड़ी एक अन्य प्राइवेट बस को नुक्सान पहुंचा ।

पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त नीरज कुमार ने दुर्घटनास्थल पर सम्वाददाताओं को बताया कि यह छर्रों और विस्फोटकों से तैयार किया गया एक टाइम बम था ।

इस बीच दिल्ली परिवहन निगम ने बम विस्फोट की इस घटना को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर अपने सभी 30 डिपो में आने-जाने वाली बसों की जांच के लिए चौबीसों घंटे वरिष्ठ अधिकारी तैनात रखने का फैसला किया है ।

उधर केन्द्रीय संसदीय कार्य तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री हरकिशन लाल भगत ने इस विस्फोट में घायल हुए लोगों की हालत जानने के लिए नगर के विभिन्न अस्पतालों का दौरा किया ।

शाहदरा बस स्टैंड पर आज जिस बस में विस्फोट हुआ, वह शाहदरा व केंद्रीय सचिवालय के मध्य चलने वाली बस थी । बताया जाता है कि इस बस को जैसे ही ड्राइवर ने चलाने के लिए स्टार्ट किया कि बस में विस्फोट हो गया । इस बस में आगे की ओर यात्री कम थे इसलिए लगभग बीस लोग ही घायल हुए । विस्फोट के समय अधिकांश यात्री बस के पिछले भाग में थे, इसलिए वे घायल होने से बच गए ।

बस टर्मिनल में उस समय 11 और बसें खड़ी थीं । उन सभी बसों को बाद में वहां से हटा दिया गया । विस्फोट से क्षतिग्रस्त बस को पुलिस ने अपने घेर में ले लिया । इस विस्फोट की आवाज़ सुनते ही क्षेत्र में भगदड़ मच गई । वहां पर दुकानें बंद हो गईं । बस स्टैंड में घटना स्थल पर खून ही खून बिखरा हुआ दिखाई दे रहा था । यहां घायल हुए सभी लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल और दयानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

दिल्ली परिवहन निगम की करोल बाग से शाहदरा जाने वाली बस के निकासी द्वार पर कल रात एक यात्री ने लावारिस थैला देखा था । यात्रियों ने बस रुकवा कर पहाड़गंज थाना को इसकी सूचना दी । पुलिस ने मौके पर देखा कि उस लावारिस थैले में एक शक्तिशाली बम छिपाया गया है ।

पुलिस के अनुसार यदि इस बम में विस्फोट हो जाता तो बस में सवार अनेक यात्री हताहत हो जाते । रात में 10.10 बजे पर इस बम का पता चला था ।

पुलिस के अनुसार इससे करीब दस मिनट पहले एक स्कूटर चालक ने पालम हवाई अड्डे जाने वाली सड़क पर धौला कुआं के निकट लावारिस वस्तु पड़ी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दमदमा साहिब से अमृतसर के लिए मार्च 1 अक्तूबर को

पटियाला, 12 सितम्बर (भूषण): गुरुद्वारा केसगढ़ के मुख्यग्रंथी भाई शविंद्र सिंह ने कल गुरुद्वारा घड़ाम में अमावस के दीवान को संबोधित करते हुए कहा कि दीवाली पर सरबत खालसा बुलाया जा रहा है ताकि मुख्यग्रंथियों और अकाल तख्त के जत्थेदार के संबंध में वाद-विवाद का निर्णय हो सके । सरबत खालसा के स्थान की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी । यह दीवान अरदास दिवस के संबंध में हुआ ।

उन्होंने कहा कि तीस सितम्बर को दमदमा साहिब में अखंड पाठ का भोग पड़ेगा और एक अक्तूबर को वहां से संगतें अमृतसर के लिए मार्च करेंगी ताकि स्वर्ण मंदिर परिसर को आज़ाद करवाया जाए ।

रागी की बुलेट प्रूफ जैकेट

एकीकृत अकाली दल के नेता जत्थेदार बलदेव सिंह लंग ने प्रो. दर्शन सिंह रागी की कड़ी आलोचना की कि वे पहले कहते थे कि जब तक सरकार नियंत्रण नहीं हटाएगी, वे स्वर्ण मंदिर परिसर में दाखिल नहीं होंगे लेकिन बाद में वे नियंत्रण हटे बिना ही परिसर में दाखिल हो गए । उन्होंने प्रश्न किया कि प्रो. रागी बताएं कि उन्हें बुलेट प्रूफ जैकेट किसने दी है ?

जत्थेदार लंग ने अकाली नेताओं के असली चेहरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये लोग परिवार पोषण में ही लगे रहे । जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी स्वयं राज्य सभा के सदस्य बने तो अपने भाई राजबीर सिंह को विधायक बनवा दिया । प्रकाश सिंह बादल विधायक बने तो अपने भाई गुरदास सिंह बादल व सहयोगी गुरदेव सिंह बादल को विधायक बनवा दिया । समारोह में सोढी बुजेन्द्र सिंह एडवोकेट (कानूनी सलाहकार) ने भाई जसवीर सिंह रोडे का संदेश पढ़ कर सुनाया ।

दिल्ली में बस में बम फटा, एक मरा, 20 यात्री घायल, 5 और जगह बम मिले

पांचों घटनाओं में उग्रवादियों का हाथ, राजधानी में रैड अलर्ट, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (ह.स., वा.): पूर्वी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले शाहदरा बस टर्मिनल पर आज एक बम विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति 30 वर्षीय राजीव कुमार की मृत्यु हो गई व कम से कम बीस व्यक्ति बुरी तरह जख्मी हो गए । पुलिस के अनुसार घायलों में से सात की हालत गम्भीर है । इनमें एक महिला भी है । राजधानी में इसके अलावा पांच जगह बम बरामद हुए । इनमें परिवहन निगम की एक और बस जो शाहदरा जानी थी, बम विस्फोट स्थल के पास ही एक और बम बरामद होने, धौला कुआं के पास एक भीड़-भाड़ वाले स्थान पर तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे यात्री निवास पार्क में बरामद बम शामिल है ।

इन घटनाओं को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है तथा दिल्ली पुलिस ने 'रैड अलर्ट' जारी कर दिया है ।

मृत राजीव कुमार पूर्वी दिल्ली का रहने वाला था । घायलों में मोहम्मद रज्जाक व नागेन्द्र की दशा गम्भीर है ।

पुलिस को संदेह है कि इस घटना के पीछे बब्बर खालसा गिरोह का हाथ है । पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए दो लोगों को पकड़ा है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के निकट बने रेलवे यात्री निवास के एक पार्क से सेना के दो हथगोले बरामद किए गए । पालीथिन के थैले में लपेट कर रखे गए इन हथगोलों का इस्तेमाल सेना के अभ्यास के दौरान किया जाता है ।

करोलबाग से शाहदरा जाने वाली एक खचाखच भरी बस में कल रात एक शक्तिशाली बम बरामद किया गया । यह बम परिवहन निगम की बस के निकासी द्वार के पास रखा गया था । पुलिस के अनुसार "यदि इसमें विस्फोट हो जाता तो बड़ी संख्या में निर्दोष यात्री मारे जाते ।"

इसके थोड़ी देर बाद ही पालम हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़क पर धौला कुआं के निकट भीड़भाड़ वाले एक स्थान से पुलिस ने एक अन्य शक्तिशाली बम बरामद किया ।

पुलिस के मुताबिक इन वारदातों में आतंकवादियों का हाथ है । बम मिलने की दो घटनाओं तथा शाहदरा में बम विस्फोट के बाद राजधानी में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है । पुलिस की चलती-फिरती निरीक्षण चौकियों तथा नियंत्रण कक्ष की गाड़ियों को भी सतर्क कर दिया गया है । विभिन्न स्थानों पर अवरोधक लगा कर संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने का काम भी पुलिस ने शुरू कर दिया है ।

शाहदरा बस डिपो से शाम चार बज कर 50 मिनट पर केन्द्रीय सचिवालय के लिए 320 नम्बर की बस रवाना हुई थी । इस बस में चलते ही जोर का धमाका हुआ और चारों ओर कोहराम मच गया ।

आठ घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इनमें से 60 वर्षीय आफताब अली और 17 वर्षीय आजाद वीर की हालत गम्भीर है । इस अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों के नाम हैं राजेन्द्र सिंह, प्रीतम प्रसाद, नरेश कुमार, नानक चन्द्र स्वराज निगम और प्रकाशवत कौर ।

यह बम बस चालक की सीट के पास ही फटा । बम विस्फोट के धमाके से बस की छत के परखचे उड़ गए तथा शीशे और सीटें बुरी पर क्षतिग्रस्त हो गईं । बस में धमाका होते ही यात्री बचाव के लिए इधर-उधर भागने लगे ।

बस के कंडक्टर संजय कुमार ने बताया कि बम विस्फोट में मैं बाल-बाल बच गया क्योंकि मैं पीछे की ओर था तथा धमाका होते ही बाहर कूद गया । संजय ने बताया कि बस में आगे बैठे हुए यात्री ही विस्फोट में घायल हुए और पीछे बैठे यात्री आतंकित होकर बाहर कूद गए ।

विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस शाहदरा डिपो पहुंच गई । पुलिस को घटनास्थल के पास ही एक थैले में छिपा कर रखा गया एक अन्य बम भी मिला है ।

करोल बाग से शाहदरा जाने वाली बस में कल रात एक बम मिला था । इसके बीच से ही लोगों में भय था । इस बीच शाहदरा से चली बस में आज शाम विस्फोट हो जाने के कारण लोगों में आतंक फैल गया ।

तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मैं बस में चढ़ने ही वाला था कि जोरदार धमाका हुआ । विस्फोट के कारण मेरा हाथ सुज गया और मैं बेहोश होने लगा । एक अन्य जख्मी यात्री श्रीमती प्रकाश कौर ने बताया कि 'मुझे लक्ष्मी नगर में बस बदलनी थी । शाहदरा अपनी सहेली से मिलने आई थी । विस्फोट के समय कंडक्टर टिकट बांट रहा था ।' इस अस्पताल में भर्ती नरेश कुमार की दोनों आंखों की रोशनी चले जाने का अंदेशा चिकित्सकों को है । नरेश के शरीर के अधिकांश भाग में बस और बम के टुकड़े घुस गए हैं । एक अन्य स्वराज निगम ने बताया कि बस चली ही थी कि जोरदार धमाका हुआ और एक सीट मेरे ऊपर आ गिरी ।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल के आपात कालीन कक्ष में बड़ा ही करुण दृश्य था । आपात कालीन कक्ष में आफताब अली और नरेश कुमार बुरी तरह घायल हालत में लेटे थे । एक अन्य घायल के हाथों में पट्टियां बंधी थीं । दो घायलों के पैर से खून बह रहा था हालांकि चिकित्सकों ने तत्काल ही उनका प्राथमिक उपचार किया था ।

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र की सब्जी मंडी में 20 जून को इसी प्रकार का विस्फोट हुआ था । इस विस्फोट में तीन व्यक्ति मारे गए थे तथा 43 अन्य जख्मी हो गए थे । इससे पूर्व दस मई को संसद मार्ग पर जीवन बीमा निगम की बहुमंजिली इमारत में स्थित सिटी बैंक में भी विस्फोट हुआ था । इस विस्फोट में एक व्यक्ति मारा गया था तथा 15 अन्य घायल हो गए थे ।

पुलिस ने बताया कि बस में जिस बम का विस्फोट हुआ, वह बम कल रात मध्य दिल्ली के पहाड़गंज में एक बस में पाए गए बम की ही तरह का था । इस टाइम बम में डैटोनेटर और बैटरी लगी हुई थी ।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त विजय करण ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया ।

पुलिस ने दिल्ली-वासियों को आगाह किया है कि वे बसों और व्यस्त क्षेत्रों में किसी भी तरह की संदेहास्पद वस्तु दिखने पर सतर्कता बरतें ।

घटनास्थल पर पहुंचे एक सम्वाददाता के अनुसार बस की सीटें तुड़ी-मुड़ी हुई थीं और आसपास खून से सने जूते-चप्पलें बिखरे हुए थे । बस की खिड़कियों के कांच चकनाचूर हो गए थे जबकि उसकी छत उड़ गई थी । बम के टुकड़े 20-20 गज तक उड़े, जिनसे टर्मिनल में खड़ी एक अन्य प्राइवेट बस को नुक्सान पहुंचा ।

पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त नीरज कुमार ने दुर्घटनास्थल पर सम्वाददाताओं को बताया कि यह छरों और विस्फोटकों से तैयार किया गया एक टाइम बम था ।

इस बीच दिल्ली परिवहन निगम ने बम विस्फोट की इस घटना को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर अपने सभी 30 डिपो में आने-जाने वाली बसों की जांच के लिए चौबीसों घंटे वरिष्ठ अधिकारी तैनात रखने का फैसला किया है ।

उधर केन्द्रीय संसदीय कार्य तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री हरकिशन लाल भगत ने इस विस्फोट में घायल हुए लोगों की हालत जानने के लिए नगर के विभिन्न अस्पतालों का दौरा किया ।

शाहदरा बस स्टैंड पर आज जिस बस में विस्फोट हुआ, वह शाहदरा व केंद्रीय सचिवालय के मध्य चलने वाली बस थी । बताया जाता है कि इस बस को जैसे ही ड्राइवर ने चलाने के लिए स्टार्ट किया कि बस में विस्फोट हो गया । इस बस में आगे की ओर यात्री कम थे इसलिए लगभग बीस लोग ही घायल हुए । विस्फोट के समय अधिकांश यात्री बस के पिछले भाग में थे, इसलिए वे घायल होने से बच गए ।

बस टर्मिनल में उस समय 11 और बसें खड़ी थीं । उन सभी बसों को बाद में वहां से हटा दिया गया । विस्फोट से क्षतिग्रस्त बस को पुलिस ने अपने घेरे में ले लिया । इस विस्फोट की आवाज सुनते ही क्षेत्र में भगदड़ मच गई । वहां पर दुकानें बंद हो गईं । बस स्टैंड में घटना स्थल पर खून ही खून बिखरा हुआ दिखाई दे रहा था । यहां घायल हुए सभी लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल और दयानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

दिल्ली परिवहन निगम की करोल बाग से शाहदरा जाने वाली बस के निकासी द्वार पर कल रात एक यात्री ने लावारिस थैला देखा था । यात्रियों ने बस रुकवा कर पहाड़गंज थाना को इसकी सूचना दी । पुलिस ने मौके पर देखा कि उस लावारिस थैले में एक शक्तिशाली बम छिपाया गया है ।

पुलिस के अनुसार यदि इस बम में विस्फोट हो जाता तो बस में सवार अनेक यात्री हताहत हो जाते । रात में 10.10 बजे पर इस बम का पता चला था ।

पुलिस के अनुसार इससे करीब दस मिनट पहले एक स्कूटर चालक ने पालम हवाई अड्डे जाने वाली सड़क पर धौला कुआं के निकट लावारिस वस्तु पड़ी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दमदमा साहिब से अमृतसर के लिए मार्च 1 अक्तूबर को

पटियाला, 12 सितम्बर (भूषण): गुरुद्वारा केसगढ़ के मुख्यग्रंथी भाई शविंद्र सिंह ने कल गुरुद्वारा घड़ाम में अमावस के दीवान को संबोधित करते हुए कहा कि दीवाली पर सरबत खालसा बुलाया जा रहा है ताकि मुख्यग्रंथियों और अकाल तख्त के जत्थेदार के संबंध में वाद-विवाद का निर्णय हो सके । सरबत खालसा के स्थान की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी । यह दीवान अरदास दिवस के संबंध में हुआ ।

उन्होंने कहा कि तीस सितम्बर को दमदमा साहिब में अखंड पाठ का भोग पड़ेगा और एक अक्तूबर को वहां से संगतें अमृतसर के लिए मार्च करेंगी ताकि स्वर्ण मंदिर परिसर को आजाद करवाया जाए ।

रागी की बुलेट प्रूफ जैकेट

एकीकृत अकाली दल के नेता जत्थेदार बलदेव सिंह लंग ने प्रो. दर्शन सिंह रागी की कड़ी आलोचना की कि वे पहले कहते थे कि जब तक सरकार नियंत्रण नहीं हटाएगी, वे स्वर्ण मंदिर परिसर में दाखिल नहीं होंगे लेकिन बाद में वे नियंत्रण हटे बिना ही परिसर में दाखिल हो गए । उन्होंने प्रश्न किया कि प्रो. रागी बताएं कि उन्हें बुलेट प्रूफ जैकेट किसने दी है ?

जत्थेदार लंग ने अकाली नेताओं के असली चेहरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये लोग परिवार पोषण में ही लगे रहे । जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी स्वयं राज्य सभा के सदस्य बने तो अपने भाई राजबीर सिंह को विधायक बनवा दिया । प्रकाश सिंह बादल विधायक बने तो अपने भाई गुरदास सिंह बादल व सहयोगी गुरदेव सिंह बादल को विधायक बनवा दिया । समारोह में सोढी बुजेन्द्र सिंह एडवोकेट (कानूनी सलाहकार) ने भाई जसवीर सिंह रोडे का संदेश पढ़ कर सुनाया ।

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बुलेट प्रूफ जैकेटें तीन, मैगजीन ए.के. 47 राइफल 16, ड्रम टाईम मैगजीन एक, ए.के. 47 राइफल के कारतूस 2213, पाऊच पांच, भारतीय करंसी 10,764 ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि मृत आतंकवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हुई लेकिन यह यकीनी है कि यह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (ब्रह्मा गुट) से संबंधित हैं और उनके खुंखार आतंकवादी होने का शक है । बी.एस.एफ. द्वारा मंड क्षेत्र में किया गया यह सबसे बड़ा सफल आप्रेशन है ।

दो उग्रवादी मारे गए : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार गांव डकाला में लोगों ने एक उग्रवादी को पीट-पीट कर मार डाला जबकि एक अन्य उग्रवादी सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया ।

बताया जाता है कि दो उग्रवादी पटियाला से दस किलोमीटर दूर डकाला में रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में घूम रहे थे । ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर उनका पीछा किया तो वे एक गन्ने के खेत में जा छिपे जहां ग्रामीणों ने उनमें से एक को पीट-पीट कर जान से मार दिया जबकि दूसरा जफरपुर की ओर भाग निकला । रास्ते में उसने एक व्यक्ति भजन सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया जिसे राजेंद्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया । इसी बीच पुलिस पार्टी भी वहां पहुंच गई और मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया । पुलिस प्रमुख ने बताया कि मृत उग्रवादियों से एक डबल बैरल गन और चले व अनचले कारतूस, एक चीन निर्मित माऊज़र व पिस्तौल बरामद हुए ।

सामाना से वर्मा के अनुसार दोनों आतंकवादी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं । एक आतंकवादी की शिनाख्त गुरमुख सिंह उर्फ मुक्खा गांव कमादपुर थाना सामाना के रूप में हुई है । दूसरे की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी । गुरमुख सिंह को हरियाणा पुलिस को बहुत दिन से तलाश थी । वह वहां कई वारदातों में संलिप्त बताया जाता है । घटना का विवरण इस प्रकार बताते हैं कि दोनों आतंकवादी सुबह सवा सात बजे डकाला गांव में साइकलों पर एक गांव में चाय पीने पहुंचे थे । दुकानदार से उनका किसी बात पर झगड़ा हो गया । दुकान पर बैठे दो अन्य युवकों भजन सिंह व बलबीर सिंह ने जब दुकानदार का पक्ष लिया तो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी । एक गोली भजन सिंह के बाज़ू में लगी । इसके बाद उग्रवादी वहां से भाग निकले । घटना के दो मिनट बाद ही अचानक उधर से पुलिस की एक जीप गुजरी । घटना का पता चलते हुए पुलिस ने आतंकवादियों का पीछा किया और खेतों में छुपे आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया ।

चार उग्रवादियों ने कल रात सामाना सब-डिवीजन के राजला गांव में गुरदीप सिंह से 315 बोर की राइफल, जालोराम बाजीगर से एक 12 बोर की राइफल, आठ कारतूस, नोहरा राम से एक दुनाली बंदूक व सात कारतूस छीने और फरार हो गए ।

घायल कर दिया : गत रात जिला रोपड़ के दौन गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जितेन्द्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है ।

नवांशहर पुलिस ने एक व्यक्ति गुरमेज सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक दुनाली बंदूक बरामद की ।

शव मिला : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना थाना सदर क्षेत्र के गांव हुसैनपुरा के निकट एक युवक की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी गई । उसका शव पुलिस ने आज बरामद किया ।

लुधियाना पुलिस द्वारा हैबोवाल के निकट गिरफ्तार किए गए तीन लुटेरों से एक देसी पिस्तौल, कुछ चोरी का सामान बरामद किया गया जिसमें एक वी.सी.आर. व कुछ सोने के ज़ेवर भी हैं । इनके नाम बाला सिंह उर्फ विजय कुमार, दीवान कुमार उर्फ बंसी तथा प्रवीन कुमार उर्फ बिल्ला हैं ।

लुधियाना (आहूजा): स्थानीय बैंजमिन रोड पर स्थित एक फोटोग्राफी की दुकान 'प्लाज़ा वीडियो' के मालिक से तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने वीडियो कैमरा, फ्लैशगन व अन्य सामान पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । गत सप्ताह एक सिख युवक ने उन्हें शादी की वीडियो रील बनाने के लिए बुक किया था । वीरवार रात को वह युवक उन्हें अपने साथ धूरी लाइन के निकट ले गया, जहां पर दो अन्य युवक उनकी इंतजार कर रहे थे । एक खाली प्लाट के निकट पहुंचते ही उन युवकों ने पिस्तौल निकाल लिए तथा उनसे उनका कैमरा इत्यादि छीन लिया ।

(1) जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के गांव जफरवाल में उग्रवादियों की गोली से मारे गए पाल सिंह (42) का शव । (छाया : विनोद), (2) माछीवाड़ा-लुधियाना रोड पर गांव इराक के निकट सड़क के किनारे पर पड़ा उस व्यक्ति का शव, जिसकी उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । (छाया : मक्कड़)

सुनार बाल-बाल बचा : जालन्धर (वार्ता) आज शाम नूरमहल कस्बा में एक सुनार उस समय बाल-बाल बच गया जबकि दो उग्रवादियों द्वारा उसके सिर पर ताना हुआ पिस्तौल जाम हो गया तथा उग्रवादियों को अपराध किए बगैर वहां से भागना पड़ा । पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो उग्रवादी स्कूटर पर सायं 6 बजे के लगभग चमन लाल की दुकान पर आए तथा पिस्तौल से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पिस्तौल जाम हो गया ।

शव मिला : आज प्रातः फिरोजपुर जिले के चकीया ग्राम के पास गन्ने के खेतों से गोलियों से बिन्धा एक शव बरामद हुआ ।

फ्लाइंग का समय बदला

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (वार्ता): नई दिल्ली से गोरखपुर तथा वाराणसी के लिए एक अक्तूबर से दो नई रेल गाड़ियां चलेंगी ।

फ्लाइंग का समय बदला : एक अक्तूबर से 47-48 फ्लाइंग मेल नई दिल्ली और निज़ामुद्दीन के बीच रद्द रहेगी । 47 अप अब नई दिल्ली से दोपहर 12.30 बजे चल कर रात्रि 8.50 बजे अमृतसर पहुंचेगी । इसी प्रकार वापसी में 48 डाऊन नई दिल्ली रात्रि 8.30 बजे आएगी ।

बस में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

होने की सूचना दी थी । पुलिस का अनुमान है कि यह बम किसी चलते हुए वाहन से फैंका गया था क्योंकि बम निष्क्रिय करने वाले दस्ते के पहुंचने तक उसका पलीता निकल चुका था ।

पुलिस ने बताया कि दोनों ही बम काफी शक्तिशाली थे । दो किलोग्राम के तेल के डिब्बे में बनाए गए इन बमों में विस्फोट पलीते के साथ-साथ टाइमर भी फिट था ।

मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त श्री यू.के. कटना ने बताया कि गत रात्रि में करोल बाग से शाहदरा जाने वाली बस में यदि बम होने का समय पर पता नहीं चलता तो इससे भारी हानि होने की आशंका थी ।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के सभी मार्गों में नाकाबंदीकर दी गई है ।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कल रात जो बम बरामद हुए, वे पिछले दिनों राजधानी में मिले बमों से अधिक घातक थे ।

सूत्रों के अनुसार शाहदरा बस स्टैंड में विस्फोटग्रस्त बस के बाहर भी अधिकारियों ने एक विस्फोटक वस्तु बरामद की । यह वस्तु एक थैले में लपेट कर रखी गई थी ।

गुरदासपुर के बिजली बोर्ड कर्मियों द्वारा हड़ताल

गुरदासपुर, 12 सितम्बर (विनोद) : पंजाब बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने बोर्ड के एक ड्राईवर तीरथ राम को शराब पीकर हंगामा मचाने पर पुलिस द्वारा पीटे जाने के विरोध में अनिश्चित कालीन काम-रोको हड़ताल शुरू कर दी । कर्मचारियों का कहना है कि मैडिकल जांच में तीरथ राम के शराबी होने की पुष्टि नहीं हुई ।

वीर बहादुर राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (इन्फा): केंद्रीय मंत्री वीर बहादुर सिंह को राज्यसभा का टिकट दिए जाने की सम्भावना है । वह अभी संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं । उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की अरुण सिंह की सीट खाली है और एन.डी. तिवारी की सीट खाली होने वाली है ।

भल्ला चुनाव उप आयुक्त

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (वार्ता): डा. आर.पी. भल्ला ने चुनाव उप आयुक्त का कार्यभार सम्भाल लिया है । डा. भल्ला आयोग में सबसे वरिष्ठ सचिव थे । कुछ माह पूर्व श्री वी. रामकृष्णन को मेघालय का मुख्य सचिव नियुक्त किये जाने के बाद ये यह स्थान रिक्त था ।

लाला जी की शिक्षाओं को अमल में लाने के लिए परोपकारी संगठन गठित

बावैन, 12 सितम्बर (वर्मा): गत दिवस अमर शहीद लाला जगतनारायण जी के बलिदान दिवस पर बावैन क्षेत्र के युवकों की एक शोकसभा डा. जोगिन्द्र वर्मा के आवास पर हुई । सभा में सबसे पहले नौ बजे सुबह दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

इस मौके पर लाला जी के विचारों और शिक्षाओं को अमल में लाने के लिए एक युवा जगत परोपकारी संगठन के गठन की घोषणा की गई ।

अमृतसर (मनोहर): अमर शहीद लाला जगतनारायण जी की सातवीं बरसी पर कांग्रेस वर्कर प्रोग्रैसिव सोसायटी के प्रधान सुरजीत सिंह मक्कड़ और अमन कमेटी जिला भंगीया के उप-प्रधान फूल चंद गांधी की प्रधानगी में एक शोक सभा हुई । सभा में उपस्थित नेताओं राम नारायण कौमी, गुरबचन सिंह बेदी ने लाला जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । सभी ने इस अवसर पर लाला जी के मार्ग पर चलने के लिए शपथ ली ।

कु. कमला सैनी, जिसने 504/800 अंक प्राप्त कर एम.ए. पंजाबी की परीक्षा में जी.एन.डी.यू. में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

बलजीत कुमार, जिसने 247/400 अंक लेकर एम.ए. भाग-एक (इंगलिश) की परीक्षा में जी.एन.डी.यू. में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

जालन्धर जेसीज़ क्लब ने जेसीज सप्ताह के अंतर्गत गत दिवस कुष्ठ आश्रम जालन्धर के निवासियों को (ऊपर) खाद्य सामाग्री एवं कपड़े भेंट किए, (नीचे) क्लब की ओर से अतिरिक्त जिलाधीश श्री कंग एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन देते हुए ।

उग्रवादी संगठनों द्वारा दर्शन सिंह को मान्यता नहीं

लुधियाना, 12 सितम्बर (मुसाफिर): खालसा लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल इन चीफ गुरजंट सिंह बुध सिंहवाला, आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के दिलजीत सिंह, बब्बर खालसा इंटर नैशनल के प्रमुख सेवादार सुखदेव सिंह बब्बर और खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल इन-चीफ ने अपने हस्ताक्षरों से एक वक्तव्य जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि इन चारों संगठनों की गुप्त बैठक में वर्तमान पंथक संघर्ष को लक्ष्य की ओर आगे चलाने के लिए गुरमत और सिखी सिद्धांतों के अनुसार एकता हो गई है और इन संगठनों का सांझा नेतृत्व स्थापित करके संघर्ष का नेतृत्व करने का निर्णय किया गया है । इस सम्बन्ध में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया है । संयुक्त नेतृत्व की घोषणा शीघ्र ही कर दी जाएगी । अकाल तख्त के जत्थेदार के सम्बन्ध में चल रहे झगड़े के बारे इन चारों संगठनों ने अपना स्टैंड स्पष्ट किया है और कहा है कि अकाल तख्त के जत्थेदार नियुक्त करने और डिसमिस करने का अधिकार केवल सरबत खालसा को है, शिरोमणि कमेटी को नहीं । शिरोमणि कमेटी एग्जीक्यूटिव पर अकाल तख्त और सरबत खालसा जैसी महान संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए इन चारों संगठनों ने प्रोफैसर दर्शन सिंह को जत्थेदार के रूप में नियुक्त करने से रोक दिया तथा खालसा पंथ से अपील की कि दर्शन सिंह, मनजीत सिंह कलकत्ता और तलवंडी भारत सरकार की कठपुतलियों की तिकड़ी है, इससे सतर्क रहें ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित 'पंजाब पीड़ित सहायता समिति' की प्रेरणा से अमृतसर के विभिन्न व्यक्तियों ने आतंकवाद पीड़ित छह परिवारों के बच्चों को अपनाया । ये लोग उनकी शिक्षा, कपड़ों आदि का खर्च उठाएंगे । (छाया : ओम भंडारी)

बहुत से लोगों को टैलीफोन के कनैक्शन मिलने की सम्भावना

लुधियाना, 12 सितम्बर (महिन्द्रा): टैलीफोन विभाग के जिला प्रबन्धक श्री सी.आर. कटारिया ने आज यहां बताया कि नगर में 10 हजार लाइनों के सामर्थ्य का टैलीफोन एक्सचेंज शुरू किया जा रहा है, उसमें नान- ओ.वाई.टी. जनरल 31 मार्च 1982 तक, नानओ.वाई.टी. स्पैशल 31 दिसम्बर 1981 एवं ओ.वाई.टी. स्पैशल श्रेणी वर्तमान समय तक के क्लीयर हो जाएंगे । एक विशेष भेंट के दौरान श्री कटारिया ने आगे बताया कि जिला भर में इस समय तक 24 हजार से अधिक नए टैलीफोन कनैक्शन के लिए अर्ज़ियां पड़ी हैं और भारी संख्या में अर्ज़ियां मिल रही हैं ।

लघु उद्योगों के लिए पैकेज प्रोग्राम की घोषणा की मांग

लुधियाना, 12 सितम्बर (जोशी): फैडरेशन आफ़ पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के उपप्रधान व स्माल स्केल मैन्यूफैक्चरर्स के प्रधान श्री हरीश खन्ना ने लुधियाना की लघु औद्योगिक इकाइयों की ओर से भारत के प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भेज कर अनुरोध किया है कि जब वे निकट भविष्य में पंजाब का दौरा करें तो पंजाब के लघु उद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें एक विशेष पैकेज प्रोग्राम की घोषणा करनी चाहिए । ज्ञापन में कहा गया है कि गत सात साल से पंजाब का लघु उद्योग आतंकवाद के पसरते पांवों तले पिसता चला आ रहा है और इसकी कमर इस कदर टूट चुकी है कि इसे तत्काल भारी आर्थिक राहत की सख्त ज़रूरत है ।

सुरीला इंका से निष्कासित

गुरदासपुर, 12 सितम्बर (विनोद): कादियां में पत्रकार सुरेन्द्र बबल को पीटने के आरोप में इंका नेता मनोहर लाल सुरीला को गुरदासपुर जिला इंका के अध्यक्ष रघुनाथ सहाय पुरी ने 6 वर्ष के लिए पार्टी

Punjab Kesari

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रोज़गार

सार्वजनिक सूचना

सरहंद मेन बाजार में उग्रवादियों की फायरिंग से 17 मरे

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 उग्रवादी व 1 हवालदार मरे

चंडीगढ़, 13 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि पटियाला जिले के सरहंद में फायरिंग करके कम से कम 17 लोगों की हत्या कर दी। गत रात पंजाब में 2 आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए, एक आतंकवादी की लाश मिली जबकि एक हवालदार सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। फिल्लौर के कस्बा अपरा में एक सराफ की दुकान लूट कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया। धूरी और अमृतसर में 2 पैट्रोल पम्प लूटे गए। होमगार्ड के 4 जवान उग्रवादियों के हमले में बाल-बाल बच गए।

सरहंद में 17 की हत्या : (राकेश): आज सायं 8 बजे स्थानीय सिनेमा रोड स्थित मेन बाजार में उग्रवादियों ने कई जगह अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 17 लोगों की हत्या कर दी व 4 दर्जन को घायल कर दिया।

प्राप्त सूचना के अनुसार स्थानीय अस्पताल में 15 शव लाए गए। उग्रवादियों ने पहले मेन बाजार में गोपल सेल्स पर फायरिंग की। उसके बाद भोला नाथ स्ट्रीट में फायरिंग की और फिर फायरिंग करते हुए ही फरार हो गए।

उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक स्कूटर नम्बर सी.एच.एफ. 9828 पुलिस ने बरामद कर लिया है।

मरने वालों में राधेश्याम, राम प्रसाद (दोनों बिहारी), अमरनाथ बेरी, राजेश सेठी, डाक्टर जगदीप सूद, गुरचरण सिंह, तेजभान का श्वसुर, नरेश चोपड़ा, सेवा सिंह इंस्पैक्टर नागरिक आपूर्ति, जयराम, बिट्टू शामिल हैं। एक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। 9 घायलों की हालत गम्भीर है।

वार्ता के अनुसार 13 लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि 3 की मृत्यु अस्पताल ले जाए जाते समय हुई। उग्रवादी 5 थे और दो स्कूटरों व एक मोटर साइकिल पर सवार था।

पी.टी.आई. के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 6 थी। उन्होंने तीन-तीन के समूहों में आकर सरहंद की अनाज मंडी में अंधाधुंध फायरिंग की। पुलिस के आने के पहले ही उग्रवादी फरार हो गए। उग्रवादियों ने चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग की। कुछ घायलों को पी.जी.आई. ले जाया गया। पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में 30 घायल भरती कराए गए। बहुत से घायलों को प्राइवेट अस्पतालों में भरती कराया गया।

पी.जी.आई. में एक ने दम तोड़ा

चंडीगढ़ से संधी के अनुसार सरहंद के घायलों में से जो लोग पी.जी.आई. में भरती कराए गए थे, उनमें से एक तेजवंत राय (40), ब्रांच मैनेजर यूनाइटेड कमर्शियल बैंक बहरामपुर की आज रात्रि मृत्यु हो गई तथा एक अन्य घायल महेश शर्मा की हालत गम्भीर है।

2 उग्रवादी मारे गए : अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिला के थाना पट्टी के गांव नत्थू चक में गत रात 4 ट्रैक्टर सवार आतंकवादियों के साथ एक गश्ती पार्टी की मुठभेड़ हो गई जो करीब 2 घंटे जारी रही। इस गोली बारी में एक सुरक्षा कर्मी हीरा लाल हवालदार मारा गया जबकि दो आतंकवादी मारे गए और एक को गिरफ्तार कर लिया गया। मारे गए एक आतंकवादी की शिनाख्त गुलजार सिंह निवासी गांव वाह के रूप में हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने एक चीनी असाल्ट राइफल, इसके चार मैगजीन व 288 कारतूस, एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा 12 कारतूस बरामद किए।

आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के मध्य हुई भीषण मुठभेड़ का जो ब्यौरा मिला है उसके अनुसार 4 आतंकवादी रात 12.30 बजे ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहे थे कि इसी बीच सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी ने उन्हें ट्रैक्टर रोक देने का इशारा किया परन्तु आतंकवादियों ने इस इशारे की परवाह किए बगैर सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिसमें एक सुरक्षा कर्मी मारा गया। दो आतंकवादी मारे गए जबकि एक को सुरक्षा बलों ने काबू कर लिया। उनका चौथा साथी भाग निकलने में सफल रहा, जिसे पकड़ने के लिए सुरक्षा बल सक्रिय हैं। सुरक्षा बलों ने ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया।

थाना फिल्लौर के कस्बा अपरा में बाबू राम सराफ की दुकान, जहां से आज उग्रवादी 65 तोले सोना और 20000 रुपए नगद लूट कर ले गए। (फोटो : तरसेम)

पट्टी क्षेत्र में आतंकवादी का शव मिला, कई जगह लूटपाट

सूचना में कहा गया है कि हवलदार हीरा लाल की छाती में गोली लगी थी। गिरफ्तार किए गए आतंकवादी का नाम अमरीक सिंह बताया गया है। आतंकवादियों के इसी गिरोह ने इसके पहले कैरों पुलिस चौकी पर हमला किया था परन्तु कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

स्त्री घायल : मजीठा पुलिस जिला के क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह के घर पर हमला करके उसकी पत्नी को घायल कर दिया।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन के पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि तीन सक्रिय आतंकवादियों महेंद्र सिंह, दलबीर सिंह और सुक्खा सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध आतंकवाद उन्मूलन कानून की धारा 3 व 4 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है और उनसे पूछताछ जारी है।

तरनतारन पुलिस ने तीन अन्य आतंकवादियों हरबंस सिंह, ज्ञान सिंह व सम्पूर्ण सिंह को भी गिरफ्तार किया।

आतंकवादी की लाश मिली : पट्टी से पाठक के अनुसार आज सवेरे गांव बामनीवाला में एक आतंकवादी की लाश बरामद की गई। पुलिस के अनुसार इस आतंकवादी की मौत आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में हुई है। बताया जाता है कि वह लोगों के बच्चे उठा कर ले जाता था तथा बदले में फिरौती की रकम वसूल करता था।

गांव में हत्या : थाना लोपोके के गांव नेपाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरबंस सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल पर एक पत्र मिला है, जिस पर आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता के हस्ताक्षर हैं।

पैट्रोल पम्प लूटा : धूरी (सिंगला): थाना शेरपुर क्षेत्र में तीन अज्ञात व्यक्ति वीरेंद्र पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 3,000 रुपए छीन कर नीले रंग के बिना नम्बर प्लेट के स्कूटर पर फरार हो गए।

घायल कर दिया : आज जिला फरीदकोट के गांव मंगत के में कुछ आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरजिंदर सिंह के घर में घुस कर उसे गोलियां मार कर घायल कर दिया।

होमगार्डों पर फायरिंग : फिरोजपुर जिला में 4 होमगार्ड आतंकवादियों की गोलियों से बाल-बाल बच गए। होमगार्ड के जवान मक्खू बस स्टैंड पर बस की प्रतीक्षा कर रहे थे कि आतंकवादी वहां आ धमके और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जवानों ने तुरन्त जमीन पर लेट कर अपने आपको बचा लिया।

3 बंदी : जालन्धर : जालन्धर जिले में छापों और नाकेबंदियों के दौरान सुरक्षा बल और पुलिस ने कल रात तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार नवांशहर पुलिस थाना इलाके में नाकेबंदी के दौरान गुरमेज सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक दुनाली बंदूक बरामद की है। नकोदर पुलिस थाना इलाके में छापों के दौरान पुलिस ने सुरजीत सिंह और तरसेम लाल इसेवाल को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

बंदूक छीन ली : आज प्रातः थाना बंगा के गांव जस्सो माजरा में तीन आतंकवादी एक व्यक्ति मास्टर संतोख सिंह से .12 बोर की लाइसैंस शुदा बंदूक छीन कर ले गए।

जालन्धर के सदर थाने के पास मसानियां ग्राम से संसारपुर जा रहे जोधसिंह से उग्रवादियों ने स्कूटर, घड़ी व 30 रु. छीन लिए।

लूट लिया : न.न.ए. के अनुसार थाना बंगा के गांव लोधीपुर स्थित बख्शी राम के घर में 6 सशस्त्र उग्रवादी नकदी, गहने, घड़ियां व कपड़े लूट ले गए। चार उग्रवादी घर के अंदर दाखिल हुए जबकि दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बख्शी राम के परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देकर एक कमरे में बंद कर दिया और सामान लूट कर चम्पत हो गए।

सराफ घायल : फिल्लौर (तरसेम) : आज सुबह 8.15 बजे के करीब थाना फिल्लौर के कस्बा अपरा में तीन सशस्त्र युवक अपरा के सराफ बाबू एंड संज की दुकान पर आए। ज्यों ही वीरेंद्र कुमार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हरियाणा में पुलिस को अधिकतम सतर्कता के निर्देश

चंडीगढ़, 13 सितम्बर (ह.म.): गत तीन दिनों में हुए बम विस्फोटों के दृष्टिगत हरियाणा पुलिस को अधिक सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

एक पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सभी 12 जिलों के पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि बसों के चलने से पूर्व उनकी भली-भांति जांच की जाए तथा संवेदनशील इलाकों में 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जाए। प्रवक्ता ने कहा कि बस स्टैंडों में व उसके आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के अलावा राज्य परिवहन आयुक्त से कहा गया है कि नई दिल्ली में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनस सहित सभी बस अड्डों पर अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया जाए। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा रोडवेज की सभी रात्रिकालीन बसों व सूर्य ढलने के पश्चात हरियाणा से गुजरने वाली ट्रेनों में सुरक्षा गार्ड प्रदान किए जा रहे हैं।

संधी के अनुसार हरियाणा रोडवेज की दो बसों में गत 12 अगस्त को बम रखने की हुई घटनाओं में राज्य पुलिस मोहाली निवासी हरमिन्दर सिंह नामक आतंकवादी की तलाश कर रही है। प्राप्त समाचारों के अनुसार गत 7 सितम्बर को यहां के सैक्टर-26 में हुए बम विस्फोट में मोहाली का ही निवासी मनवीरसिंह नामक जो आतंकवादी मारा गया था, वह भी हरमिन्दर सिंह के साथ बसों में बम रखने के कांड में संलिप्त था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मनवीर सिंह और उसके साथियों को बम खरड़ के एक क्लीनशेवन सिख युवक से ही प्राप्त होते थे, जो इन आतंकवादियों में 'गुप्ता' जी व 'बस्सी' के नाम से जाना जाता था। इसी से बम लेकर हरियाणा रोडवेज की बस और सैक्टर-17 में नीलम सिनेमा के पास रखे गए थे। यह 'गुप्ता जी' नामक व्यक्ति पुलिस के लिए रहस्यमय बना हुआ है।

हरियाणा रोडवेज की एक बस में रखे गए बम के पंचकूला में फट जाने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी जबकि 30 घायल हो गए। दूसरी बस तथा चंडीगढ़ के सिनेमा हाल के पास रखे गए बम फट नहीं पाए थे।

पुलिस की जांच तब तक आगे नहीं बढ़ पाएगी जब तक कि पी.जी.आई. में घायल पड़े कथित आतंकवादी दविन्दर सिंह से पूछताछ करने की उसे अनुमति नहीं मिलती। डाक्टरों ने अभी दविन्दर सिंह से पूछताछ करने की पुलिस को अनुमति नहीं दी है। दविन्दर सिंह 7 सितम्बर को चंडीगढ़ में फटे बम से घायल हो गया था।

जांच से यह भी प्रकट है कि ये देसी बम रोपड़ में ही कहीं बनाए जा रहे हैं। ये आतंकवादी कथित रूप से बब्बर खालसा ग्रुप से सम्बन्धित बताए जाते हैं।

नूरमहल में घायल हुआ सर्राफ चमन लाल अस्पताल में चिकित्साधीन पड़ा है। (छाया : सिंह)

कांग्रेस में पनप रहा मिनी विद्रोह शांत, असंतुष्ट नेता मना लिये गए

नई दिल्ली, 13 सितम्बर (जी.एस. चावला): इंका पार्टी नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की कार्यप्रणाली का कुछ वरिष्ठ पार्टी सांसदों द्वारा विरोध किए जाने से पार्टी के अंदर जो मिनी विद्रोह पनप रहा था, वह लगभग शांत हो चुका है तथा असंतुष्ट नेताओं को ठंडा कर दिया गया है।

लगभग दो माह पूर्व दस पार्टी सांसदों ने प्रधानमंत्री को एक संयुक्त पत्र लिख कर मांग की थी कि पार्टी शासित राज्यों में नए नियुक्त किए गए मुख्यमंत्री सम्बद्ध विधायक दलों से विश्वास मत प्राप्त करें, श्री गांधी से कहा गया था कि वह अपनी कार्यप्रणाली को बदलें तथा पार्टी के अंदर लोकतंत्र स्थापित करें। पत्र लिखते समय ये दसों नेता बहुत विद्रोही मूड में थे। पत्र लिखने से पूर्व उन्होंने कई मीटिंगें की थीं तथा पार्टी के अंदर एक लम्बी लड़ाई के लिए रणनीति तय कर ली थी।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सर्वश्री नवल किशोर शर्मा, राज मंगल पांडे, अब्दुल गफूर, राव बीरेन्द्र सिंह तथा हरपाल सिंह शामिल थे। प्रधानमंत्री व उनके परामर्शदाताओं ने पार्टी के अंदर इस मिनी विद्रोह से निपटने के लिए यह रणनीति बनाई कि इन असंतुष्ट नेताओं को शांत करने के लिए व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क किया जाए और इससे पार्टी नेतृत्व को भरपूर लाभ हुआ।

प्रधानमंत्री ने कथित संयुक्त पत्र के प्राप्त होने का बिल्कुल प्रदर्शन नहीं किया परन्तु उनके सहयोगियों ने इन असंतुष्ट सांसदों के साथ बराबर सम्पर्क बनाए रखा। इनमें सर्वाधिक मुखर सांसद श्री नवल किशोर शर्मा को हाल ही में भारतीय शिष्टमंडल का सदस्य बना कर चीन भेजा गया। इससे उनका गुस्सा शांत करने में सहायता मिली है। गत सप्ताह जिन 20 इंका सांसदों ने प्रधानमंत्री द्वारा मानहानि विधेयक पर दिए गए बयान का स्वागत किया था, उनमें श्री नवल किशोर शर्मा व श्री अब्दुल गफूर भी शामिल थे। ये दोनों प्रधानमंत्री के काम करने के ढंग के तीव्र आलोचक थे।

कुछ दिन पूर्व श्री नवल किशोर शर्मा तथा कुछ

वर्षा से 43 मरे

बेंगलूर, 13 सितम्बर (वार्ता): कर्नाटक में भारी वर्षा के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ कर 43 हो गई। कल रात छः और लोगों के मरने की खबर मिली है।

कर्करा विशेष सहायता के सम्बन्ध में राज्यपाल से मिलेंगे

लुधियाना, 13 सितम्बर (नेपाल): ...

दिल्ली बम विस्फोट के बारे में 'ठोस सुराग' मिले, स्थानीय लोगों का भी हाथ होने की सम्भावना

नई दिल्ली 13 सितम्बर (वार्ता): दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पूर्वी दिल्ली में कल हुए बम विस्फोट की घटना के संबंध में कुछ ठोस सुराग पाने

बम घी के टीन में रखा गया था और क्वार्टज घड़ी से उड़ा था। स्पष्ट है कि यह टाइम बम था। पुलिस

पंजाब समस्या के हल के लिये राजनीतिक पहल का कोई औचित्य नहीं : यश

जालंधर, 13 सितम्बर (ढल्ल): पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व भूतपूर्व मंत्री श्री यश ने कहा है कि पंजाब समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक पहल करने का कोई औचित्य नहीं है और जो लोग समय-समय पर यह मांग उठाते हैं, वास्तव में वे नहीं समझते कि उनके ऐसा करने से उग्रवादियों को प्रोत्साहन या राहत मिलती है।

श्री यश, जो आज संवाददाताओं से वार्ता कर रहे थे, ने कहा कि पंजाब में कोई सर्वदलीय बैठक या गोलमेज सम्मेलन तब तक फलदायी नहीं हो सकता जब तक उसमें सभी अकाली धड़े भाग नहीं लेते किन्तु अकाली उग्रवादियों की बंदूकों से डरते हैं और सच कहने को तैयार नहीं। इस संदर्भ में यह अनिवार्य है कि पहले उग्रवादियों द्वारा संभाली बंदूकों को चुप कराया जाए ताकि अकाली बोलने का साहस कर सकें और कोई भी सर्वदलीय वार्ता उसके बाद राजनीतिक समाधान पर विचार करने में कारगर सिद्ध हो सकेगी।

श्री यश ने कहा कि वस्तुःस्थिति यह है कि उग्रवादियों को न चंडीगढ़ से मतलब है और न नदियों के पानी की समस्या आदि से। न उग्रवाद जोधपुर में ... किये वचन पर नहीं टिकते। जहां तक अन्य दलों का संबंध है जो राजनीतिक पहल करने की मांग करते रहते हैं, वे स्वयं समस्या के समाधान के लिए ठोस सुझाव नहीं देते।

श्री यश ने कहा कि केंद्र सरकार पहले भी कई बार राजनीतिक प्रयास कर चुकी है, किन्तु अकालियों के रवैये के कारण वे सिरे नहीं चढ़े जो उग्रवादियों से डरते हैं।

उन्होंने कहा कि वह न जोधपुर के नजरबंदों की रिहाई के विरुद्ध हैं न दिल्ली के दंगों के दोषियों को सजाएं देने के किन्तु यह गारंटी कौन देगा कि इससे उग्रवादी संतुष्ट हो जाएंगे।

प. बंगाल को ट्रेन सेवा रद्द

कलकत्ता, 13 सितम्बर (वार्ता): पश्चिम बंगाल में कल सवेरे छः बजे से 24 घंटे के 'बंगाल बंद' को ध्यान में रखते हुए पूरे राज्य में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं और ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। पांच सूत्री मांग के समर्थन में सत्तारूढ़ वाम मोर्चे के बंद के आह्वान को देखते हुए इंडियन एयर लाइन्स ने कलकत्ता की बोइंग सेवा की समय सारिणी में परिवर्तन किया है।

सरहन्द में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ने दुकान खोली, तीनों युवकों ने अपनी पिस्तौलें निकाल लीं और कहा कि जो कुछ है हमारे हवाले कर दो । दो युवकों ने सेफ में से 60-65 तोले सोना, 18 हजार रुपए नकद निकाल कर अपने थैले में डाल लिया । इतने में वीरेंद्र कुमार एक युवक से उलझ पड़ा तथा शोर मचा दिया । उस लुटेरे ने वीरेंद कुमार पर दो फायर किए जिनके छर्रे वीरेंद्र कुमार के सिर और पैर में लगे । इतने में और लोग भी आ गए । तो लुटेरे एक तंग गली में 6-7 फायर करते हुए पहुंच गए जहां उनका स्कूटर खड़ा था । वे तीनों उस स्कूटर पर सवार होकर भागने में सफल हो गए । वीरेंद्र कुमार को सिविल अस्पताल फिल्लौर में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत संतोषजनक है । डाक्टरों ने उसके सिर और पैर से छर्रे निकाल दिए हैं । आतंक के कारण अपरा का बाजार व दूसरे कारोबार बंद हैं ।

2 हिरासत में : फगवाड़ा (राकेश खोसला): कल रात स्थानीय पुलिस ने यहां मेहली गेट, रगंथड़ा रोड व शिवपुरी क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान में छापे मारे तथा 2 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

स्कूटर छीन लिया : लुधियाना (महिन्द्रा) : कुछ उग्रवादियों ने मौजा गहनेवाल के एक व्यक्ति बलजिन्द्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया । स्कूटर का नम्बर पी.बी.के. 2843 है । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

सुराग का दावा : आनंदपुर साहिब (गिरि): जिला रोपड़ पुलिस ने पिछले दिनों भनूपली में हुई बैंक डकैती की जांच का काम सी.आई.ए. विभाग (रोपड़) को सौंप दिया है । पुलिस ने पिछले दिनों आनंदपुर साहिब व भनूपली में छापे मार कर चार संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार डकैती सम्बन्धी सुराग मिले हैं । गिरफ्तार किए गए युवकों से पूछताछ जारी है ।

मानहानि बिल ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

लुधियाना (महिन्द्रा): आज यहां पर लोकल पत्रकारों ने केन्द्र के मानहानि बिल के विरुद्ध काले बिल्ले लगाकर अपने कार्यालयों में कार्य किया । स्थानीय पत्रकारों की एसोसिएशन के प्रवक्ताओं श्री राजिन्द्र मायर एवं श्री वी.पी. सूद के अनुसार बिल के विरुद्ध स्थानीय पत्रकार 15 सितम्बर के दिन नगर में जलूस निकालेंगे और जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़ को एक ज्ञापन पेश करेंगे ।

कल सोमवार वकीलों ने केन्द्रीय सरकार के मानहानि बिल के विरुद्ध हड़ताल की और अदालती कार्यों का बहिष्कार किया ।

तेजा सिंह समुंद्री हाल की मुरम्मत करवाने का निर्णय

अमृतसर, 13 सितम्बर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने स्वर्ण मन्दिर परिसर में तेजा सिंह समुंद्री हाल की मुरम्मत करवाने का निर्णय किया है । इस तीन मंजिला भवन में शिरोमणि कमेटी के कार्यालय के अतिरिक्त शिरोमणि कमेटी की आम सभा की बैठक होती

आतंकवादियों द्वारा बी. एस. एफ. के 2 जवानों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

नकोदर के पास एक उग्रवादी मारा गया, एक गिरफ्तार

सरहिंद में मृतकों की संख्या 16, नगर में हड़ताल रही

चंडीगढ़, 14 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. के 2 जवानों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गए । सरहिंद में कल हुए हत्या कांड में मृतकों की संख्या सरकारी तौर पर 16 बताई गई है जबकि गैर सरकारी तौर पर यह संख्या 18 है । आज सरहिंद में पूर्ण हड़ताल रही । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल आज सरहिंद गए तथा कानून व्यवस्था की हालत पर उच्च स्तरीय मंत्रणा की । आज सायं नकोदर के पास एक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया ।

सरहिंद कांड का ब्यौरा : पटियाला (भूषण): सरहिंद जहां गत रात आतंकवादियों ने 16 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, में सी.आर.पी. की तीन अतिरिक्त बटालियनें भेज दी गई हैं । सी.आर.पी. की दो बटालियनें पहले ही सरहिंद में तैनात हैं । सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री जोगेंद्र सिंह और पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक (अपराध) श्री सुबे सिंह ने आज सुबह यहां से 32 किलोमीटर दूर सरहिंद में घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

उनके अनुसार 6 आतंकवादी जिनका सम्बन्ध के.सी.एफ. के परमजीत सिंह पम्मा गिरोह से होने का संदेह है, स्कूटरों पर शाम 7.35 पर अनाज मंडी में पहुंचे । यह आतंकवादी तीन ग्रुपों में थे । उन्होंने आते ही अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं जो कि अनाज मंडी से सिनेमा रोड के एक किलोमीटर क्षेत्र में 15 से 20 मिनट तक चलती रहीं । हत्यारों ने एक स्कूटर घटनास्थल पर ही छोड़ दिया जो उन्होंने गत 10 सितम्बर को चंडीगढ़ के निकट मोहाली में छीना था ।

इस गोली कांड में 14 व्यक्ति मौके पर ही मारे गए जबकि एक की बाद में राजेंद्रा अस्पताल पटियाला और एक की पी.जी.आई. चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई । 15 घायल अब पटियाला में तथा एक चंडीगढ़ में उपचाराधीन है ।

जिलाधीश श्री बी.सी. गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि फायरिंग के दौरान आतंकवादी माई अनंती मंदिर की ओर बढ़े जहां 300 के लगभग श्रद्धालु मौजूद थे । वहां तैनात पुलिस के एक हैड कांस्टेबल और कांस्टेबल ने जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादियों को भागना पड़ा । इससे एक बड़ा नरसंहार टल गया अन्यथा मृतकों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती थी । एक अन्य सूचना के अनुसार एक व्यक्ति भाग कर अपने घर गया और अपना रिवाल्वर ले आया । उसने भागते हुए आतंकवादियों पर गोली भी चलाई ।

पूर्ण हड़ताल : सरहिंद कस्बे में आज पूर्ण हड़ताल रही । लोगों ने शिकायत की कि पुलिस घटनास्थल पर उस समय पहुंची जब सब कुछ हो चुका था और हत्यारे फरार हो चुके थे । उल्लेखनीय है कि सरहिंद थाना अनाज मंडी से ज्यादा दूर नहीं है ।

इस गोली कांड में एक खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक सेवा सिंह भी मारा गया । घटनास्थल पर मारे गए 14 व्यक्तियों में दो बिहारी श्रमिक राधे श्याम और राम प्रसाद, अमर नाथ, सरहिंद के प्रोफैसर बेरी के पुत्र श्री बेरी, जगदीश राय, नरेश चोपड़ा, जय राम, वेद प्रकाश, के. बेदी, जितेन्द्र कुमार, रमेश कुमार तथा एक अज्ञात व्यक्ति शामिल था । घायलों में श्रीमती कैलाश, ए.एन. असता, चंद्र शेखर, राजेश कुमार, हरीश कुमार, अशोक कुमार, काका, संजीव कुमार, भगवंत, नरेन्द्र, कमलजीत, लाल बहादुर, गोपाल, त्रिलोचन, रिंकू, दर्शन सिंह, चमन लाल और निक्कू ।

अभी तक हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने 5 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

मंडी गोबिन्दगढ़ से 'भल्ला' के अनुसार कल रात को सरहिन्द में हुए भीषण हत्याकांड में मंडी गोबिन्दगढ़ के 'होमियो होम' के डाक्टर जगदीप सूद भी मरने वालों में शामिल हैं । इस हत्याकांड के बाद आतंकवादियों ने 'खालिस्तान जिन्दाबाद' के नारे लगाए । जाते हुए वे क्षेत्र के लोगों को धमकी दे गए कि बाकी लोगों से फिर निपटेंगे ।

इसी दौरान जानकारी मिली है कि इस घटना के फौरन बाद पुलिस अधिकारी गुरमीत सिंह ने आतंकवादियों का अकेले दलेरी से मुकाबला किया पर आतंकवादी मौका का फायदा उठाकर भाग गए । एक व्यापारी ने गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद अनेक गम्भीर जख्मियों को अस्पताल पहुंचाने के लिए जीप में भेजा ।

पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दम तोड़ने वाले घायल का नाम तेजवंत राय शर्मा है । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा सी.आर.पी. के वरिष्ठ अधिकारी इस नरसंहार के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं । पुलिस उस स्कूटर की नम्बर प्लेट की भी जांच कर रही है जिस पर चंडीगढ़ का रजिस्ट्रेशन नम्बर है । इसे आतंकवादी रास्ते में छोड़ कर भागे थे । अभी तक इस नरसंहार के अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं मिला ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने आज पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में सरहिंद गोलीकांड के घायलों का हालचाल पूछा । राज्यपाल सरहिंद भी गए ।

सी.आर.पी. ने बचाया : पट्टी से पाठक के अनुसार कल रात गांव भगुपुर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दो सगे भाईयों धर्म सिंह और कर्म सिंह के घर में दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । गोलियों की आवाज सुनकर वहां से गुजर रही सी.आर.पी. की पार्टी मौके पर पहुंच गई जिसको देख कर अज्ञात व्यक्ति फरार हो गए ।

4 आतंकवादी काबू : मोगा (आ.) : फरीदकोट पुलिस ने गांव पक्खी के नाले के निकट तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम चतर सिंह, अच्छर सिंह और बलबीर सिंह हैं । यह तीनों गांव मिरजे के निवासी हैं । उनसे एक कटी हुई नाली वाली बंदूक, 2 पिस्तौलें, भारी मात्रा में कारतूस तथा आभूषण बरामद हुए । एक अन्य आतंकवादी भूपेंद्र सिंह को भी पकड़ा गया । उससे एक हथगोला तथा एक दुनाली बंदूक बरामद की गई । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने दी । उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने कई हिंसक वारदातों में शामिल होने की स्वीकारोक्ति की है ।

दो जवान मरे : फिरोजपुर (धीमान) : गत रात ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 8 आतंकवादियों ने जिला फिरोजपुर के मक्खू पुलिस थाने पर फायरिंग की । बी.एस.एफ. के जवानों ने पुलिस कर्मियों को बचाने के लिए जवाबी फायरिंग की । इस गोलीबारी में बी.एस.एफ.के 2 जवान मारे गए जबकि एक घायल हो गया ।

मक्खू से शेखर के अनुसार आतंकवादियों की संख्या 15 थी । उन्होंने शहर में दाखिल होकर 3-4 जगह फायरिंग की । एक ग्रुप ने थाना मक्खू पर हमला किया । सूचना मिलने पर बी.एस.एफ. की एक और पार्टी घटनास्थल को रवाना हुई । रास्ते में आतंकवादियों के एक ग्रुप ने घात लगा कर

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(ऊपर) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला द्वारा गांव मीरपुर के निकट से गिरफ्तार लुटेरों से बरामद जाली स्टेनगन व दो पिस्तौलें (नीचे) लुटेरों से बरामद लगभग एक लाख रुपये मूल्य के गहने, घड़ियां, टेप रिकार्डर, टैलीविजन आदि । यह सारा सामान थाना मेहता चौक व सदर बटाला के गांवों से लूटा गया था । (छाया : कोछड़)

जब तक उग्रवाद ख

सभी राजनीतिक दल सामने आकर जन

जगराओं, 14 सितम्बर (वि.): "समस्त राजनीतिक दलों, जो कि पंजाब में चुनी गई सरकार के इच्छुक हैं, खुल कर सामने आएं और राज्य की उन्नति को रोकने वाले एवं निहत्थे लोगों का कत्लेआम करने वाले आतंकवादियों का डट कर विरोध करें । लोगों को बताएं कि यह पंजाब के शत्रु हैं जो निर्दोष लोगों का कत्लेआम कर रहे हैं और पंजाब को आर्थिक पक्ष से कमजोर करना चाहते हैं ।" उक्त शब्द पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने लुधियाना के निकट जगराओं में 25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 15 सहकारी चीनी मिल की आधारशिला रखने के बाद एक विराट जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहे । यह मिल प्रतिदिन 2500 टन गन्ना पेरेगी और प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 20 हजार व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराएगी । ... द्वारा किए गए हत्या ... राजनीतिक दलों से ... ऐसे ही होते रहे और ... में चुनाव कैसे हो सकें ... चाहते कि राष्ट्रपति ... उन्होंने कहा कि हम ... बने परंतु चुनाव तभी ... वाले दल आतंकवादि ... दिलेरी से आगे आएं और ... आतंकवादियों का को ... कत्लेआम कर रहे हैं, ... मुसलमान ।

श्री रे ने अत्यन्त ... ऐसी कार्रवाई पंजाब के



गत मंगलवार को सरहिंद में उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरि (इन्सैट मृतकों के पुराने चित्र) (4) नरेश चोपड़ा, (5) एक अज्ञात व्यक्ति और सेवा सिंह के पुराने चित्र, (10) श्मशान घाट में मृतकों की जल अंधाधुंध फायरिंग की गई ।

बर्खास्त मुख्यग्रंथियों को सरबत खालसा बुलाने का अधिकार नहीं : तरनतारनी

अमृतसर, 14 सितम्बर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने अपने द्वारा नियुक्त सभी मुख्यग्रंथियों पर सिख संस्थाओं के अधिकारों व प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने का आरोप लगाया है ।

Punjab Digital Library

आतंकवादियों द्वारा बी. एस. एफ. के 2 जवानों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

नकोदर के पास एक उग्रवादी मारा गया, एक गिरफ्तार

सरहिंद में मृतकों की संख्या 16, नगर में हड़ताल रही

चंडीगढ़, 14 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. के 2 जवानों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गए । सरहिंद में कल हुए हत्या कांड में मृतकों की संख्या सरकारी तौर पर 16 बताई गई है जबकि गैर सरकारी तौर पर यह संख्या 18 है । आज सरहिंद में पूर्ण हड़ताल रही । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल आज सरहिंद गए तथा कानून व्यवस्था की हालत पर उच्च स्तरीय मंत्रणा की । आज शाम नकोदर के पास एक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया ।

सरहिंद कांड का ब्यौरा : पटियाला (भूषण): सरहिंद जहां गत रात आतंकवादियों ने 16 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, में सी.आर.पी. की तीन अतिरिक्त बटालियनें भेज दी गई हैं । सी.आर.पी. की दो बटालियनें पहले ही सरहिंद में तैनात हैं । सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री जोगेंद्र सिंह और पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक (अपराध) श्री सूबे सिंह ने आज सुबह यहां से 32 किलोमीटर दूर सरहिंद में घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

उनके अनुसार 6 आतंकवादी जिनका सम्बन्ध के.सी.एफ. के परमजीत सिंह पम्मा गिरोह से होने का संदेह है, स्कूटरों पर शाम 7.35 पर अनाज मंडी में पहुंचे । यह आतंकवादी तीन ग्रुपों में थे । उन्होंने आते ही अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं जो कि अनाज मंडी से सिनेमा रोड के एक किलोमीटर क्षेत्र में 15 से 20 मिनट तक चलती रहीं । हत्यारों ने एक स्कूटर घटनास्थल पर ही छोड़ दिया जो उन्होंने गत 10 सितम्बर को चंडीगढ़ के निकट मोहाली में छीना था ।

इस गोली कांड में 14 व्यक्ति मौके पर ही मारे गए जबकि एक की बाद में राजेंद्रा अस्पताल पटियाला और एक की पी.जी.आई. चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई । 15 घायल अब पटियाला में तथा एक चंडीगढ़ में उपचाराधीन है ।

जिलाधीश श्री बी.सी. गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि फायरिंग के दौरान आतंकवादी माई अनंती मंदिर की ओर बढ़े जहां 300 के लगभग श्रद्धालु मौजूद थे । वहां तैनात पुलिस के एक हैड कांस्टेबल और कांस्टेबल ने जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादियों को भागना पड़ा । इससे एक बड़ा नरसंहार टल गया अन्यथा मृतकों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती थी । एक अन्य सूचना के अनुसार एक व्यक्ति भाग कर अपने घर गया और अपना रिवाल्वर ले आया । उसने भागते हुए आतंकवादियों पर गोली भी चलाई ।

पूर्ण हड़ताल : सरहिंद कस्बे में आज पूर्ण हड़ताल रही । लोगों ने शिकायत की कि पुलिस घटनास्थल पर उस समय पहुंची जब सब कुछ हो चुका था और हत्यारे फरार हो चुके थे । उल्लेखनीय है कि सरहिंद थाना अनाज मंडी से ज्यादा दूर नहीं है ।

इस गोली कांड में एक खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक सेवा सिंह भी मारा गया । घटनास्थल पर मारे गए 14 व्यक्तियों में दो बिहारी श्रमिक राधे श्याम और राम प्रसाद, अमर नाथ, सरहिंद के प्रोफैसर बेरी के पुत्र श्री बेरी, जगदीश राय, नरेश चोपड़ा, जय राम, वेद प्रकाश, के. बेदी, जितेन्द्र कुमार, रमेश कुमार तथा एक अज्ञात व्यक्ति शामिल था । घायलों में श्रीमती कैलाश, ए.एन. असता, चंद्र शेखर, राजेश कुमार, हरीश कुमार, अशोक कुमार, काका, संजीव कुमार, भगवंत, नरेन्द्र, कमलजीत, लाल बहादुर, गोपाल, त्रिलोचन, रिंकू, दर्शन सिंह, चमन लाल और निक्कू ।

अभी तक हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने 5 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

मंडी गोबिन्दगढ़ से 'भल्ला' के अनुसार कल रात को सरहिन्द में हुए भीषण हत्याकांड में मंडी गोबिन्दगढ़ के 'होमियो होम' के डाक्टर जगदीप सूद भी मरने वालों में शामिल हैं । इस हत्याकांड के बाद आतंकवादियों ने 'खालिस्तान जिन्दाबाद' के नारे लगाए । जाते हुए वे क्षेत्र के लोगों को धमकी दे गए कि बाकी लोगों से फिर निपटेंगे ।

इसी दौरान जानकारी मिली है कि इस घटना के फौरन बाद पुलिस अधिकारी गुरमीत सिंह ने आतंकवादियों का अकेले दलेरी से मुकाबला किया पर आतंकवादी मौका का फायदा उठाकर भाग गए । एक व्यापारी ने गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद अनेक गम्भीर जख्मियों को अस्पताल पहुंचाने के लिए जीप में भेजा ।

पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दम तोड़ने वाले घायल का नाम तेजवंत राय शर्मा है । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा सी.आर.पी. के वरिष्ठ अधिकारी इस नरसंहार के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं । पुलिस उस स्कूटर की नम्बर प्लेट की भी जांच कर रही है जिस पर चंडीगढ़ का रजिस्ट्रेशन नम्बर है । इसे आतंकवादी रास्ते में छोड़ कर भागे थे । अभी तक इस नरसंहार के अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं मिला ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने आज पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में सरहिंद गोलीकांड के घायलों का हालचाल पूछा । राज्यपाल सरहिंद भी गए ।

सी.आर.पी. ने बचाया : पट्टी से पाठक के अनुसार कल रात गांव भगवपुर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दो सगे भाईयों धर्म सिंह और कर्म सिंह के घर में दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । गोलियों की आवाज सुनकर वहां से गुजर रही सी.आर.पी. की पार्टी मौके पर पहुंच गई जिसको देख कर अज्ञात व्यक्ति फरार हो गए ।

4 आतंकवादी काबू : मोगा (आ.) : फरीदकोट पुलिस ने गांव पक्खी के नाले के निकट तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम चतर सिंह, अच्छर सिंह और बलबीर सिंह हैं । यह तीनों गांव मिरजे के निवासी हैं । उनसे एक कटी हुई नाली वाली बंदूक, 2 पिस्तौलें, भारी मात्रा में कारतूस तथा आभूषण बरामद हुए । एक अन्य आतंकवादी भूपेंद्र सिंह को भी पकड़ा गया । उससे एक हथगोला तथा एक दुनाली बंदूक बरामद की गई । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री सतीश कुमार शर्मा ने दी । उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने कई हिंसक वारदातों में शामिल होने की स्वीकारोक्ति की है ।

दो जवान मरे : फिरोजपुर (धीमान) : गत रात ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 8 आतंकवादियों ने जिला फिरोजपुर के मक्खू पुलिस थाने पर फायरिंग की । बी.एस.एफ. के जवानों ने पुलिस कर्मियों को बचाने के लिए जवाबी फायरिंग की । इस गोलीबारी में बी.एस.एफ. के 2 जवान मारे गए जबकि एक घायल हो गया ।

मक्खू से शेखर के अनुसार आतंकवादियों की संख्या 15 थी । उन्होंने शहर में दाखिल होकर 3-4 जगह फायरिंग की । एक ग्रुप ने थाना मक्खू पर हमला किया । सूचना मिलने पर बी.एस.एफ. की एक और पार्टी घटनास्थल को रवाना हुई । रास्ते में आतंकवादियों के एक ग्रुप ने घात लगा कर

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(ऊपर) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला द्वारा गांव मीरपुर के निकट से गिरफ्तार लुटेरों से बरामद जाली स्टेनगन व दो पिस्तौलें (नीचे) लुटेरों से बरामद लगभग एक लाख रुपये मूल्य के गहने, घड़ियां, टेप रिकार्डर, टैलीविजन आदि । यह सारा सामान थाना मेहता चौक व सदर बटाला के गांवों से लूटा गया था । (छाया : कोछड़)

बर्खास्त मुख्यग्रंथियों को सरबत खालसा बुलाने का अधिकार नहीं : तरनतारनी

अमृतसर, 14 सितम्बर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने अपने द्वारा नियंत्रित सभी मुख्यग्रंथियों पर सिख संस्थाओं के अधिकारों व प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने का आरोप लगाया है ।

Punjab Samachar

गत मंगलबार को सरहिंद में उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में मारे गए (1) जतिंद्र कुमार, (2) नितिन बेरी, (3) राजेश कुमार, (इन्सैट मृतकों के पुराने चित्र) (4) नरेश चोपड़ा, (5) एक अज्ञात व्यक्ति, (6) गुरचरण सिंह, (7) जैराम चौधरी, (8-9) मृतक तेजवंत शर्मा और सेवा सिंह के पुराने चित्र, (10) श्मशान घाट में मृतकों की जल रही चिताएं, (11) मेन बाजार की वह दुकान, जहां उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गई ।

(छाया : राकेश, शर्मा स्टूडियो)

Punjab Sahitya

बी. एस. एफ. जवानों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बी.एस.एफ. के ट्रक पर हमला कर दिया । लगभग पौन घंटा दोनों ओर से फायरिंग हुई । मारे गए जवानों के नाम लांस नायक जगदेव सिंह (उत्तर प्रदेश) तथा कांस्टेबल राम प्रकाश (मध्य प्रदेश) हैं । ट्रक का ड्राइवर प्रसन्ना गम्भीर रूप से घायल हुआ जोकि केरल का रहने वाला है । मक्खू स्टेशन पर कारतूसों से भरी एक बोरी मिली ।

आतंकवादियों की पहचान : कपूरथला (शर्मा) : जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने प्रैस प्रतिनिधियों को बताया कि थाना सुलतानपुर लोधी के मंड क्षेत्र में 12 सितम्बर को प्रातः से दोपहर तक सुरक्षा बलों तथा पुलिस व दुर्दान्त आतंकवादियों के मध्य हुए जबरदस्त मुकाबिला में मारे गए तीन आतंकवादियों में से दो आतंकवादियों की पहचान हो गई । मरने वाले एक आतंकवादी जरनैल सिंह उर्फ बलविन्द्र सिंह उर्फ डी.सी. के सिर पर 30 हजार रुपए ईनाम था । मरने वाले दूसरे आतंकवादी की पहचान जगदेव सिंह उर्फ जोगा सरपंच गांव रत्ता गुद्दा थाना हरिके जिला अमृतसर के तौर पर हुई है । तीसरे आतंकवादी की अभी पहचान नहीं हुई है । तीनों दुर्दांत आतंकवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्ध रखते थे जिसका प्रमुख स्वयंभू लै. जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा था जोकि गत महीने राजस्थान पुलिस के साथ मुकाबिला में मारा गया था । इस खतरनाक गिरोह ने जिला अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर, कपूरथला आदि जिलों में तीन दर्जन से अधिक हत्याओं की वारदातें की थीं तथा लूटमार व हत्याएं करके क्षेत्र में बहुत अधिक आतंक फैलाया हुआ था । इस गिरोह ने पुलिस, सी.आर.पी., बी.एस.एफ. के जवानों पर एक दर्जन से अधिक हमले किए थे ।

इस गिरोह ने निम्नलिखित वारदातें की हैं : थाना हरिके के गांव राजपूतां में फायरिंग करके 18 व्यक्तियों की हत्या तथा 3 घायल कर दिए थे । सरदार अमर सिंह एस.एच.ओ. थाना बल्टोहा तथा उसके गनमैन की हत्या की थी । निहंग चीफ बाबा अजीत सिंह के डेरे पर हमला करके 30 बोर की दो राइफलें ले गए थे जो बरामद हो चुकी हैं । गांव रत्ता गुद्दा में तेजा सिंह के परिवार के चार सदस्यों की हत्याएं की थीं जिसमें तेजा सिंह, उसका लड़का, पत्नी व लड़की की हत्याएं जगदेव सिंह सरपंच के कहने पर की गई थीं । गांव चीमा बाठ के एक परिवार के 9 सदस्यों की हत्याएं भी इसी गिरोह ने की थीं । मंड में मारे गए तीनों आतंकवादियों से भारी गिनती में शस्त्र पकड़े गए थे । पुलिस, सुरक्षा बल आतंकवादियों के आश्रयस्थलों पर छापे मार रहे हैं ।

एक की हत्या : जालंधर (ह.स.) दो अज्ञात व्यक्तियों ने आज तड़के जालन्धर सदर पुलिस थाने के अंतर्गत कंगनीवाल गांव में मक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति की तेज धार वाले हथियार से हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया । घायल महिला को जालन्धर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

सरहंद में आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग से मंगलवार को घायल हुए कुछ लोग, जो पटियाला के अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : राजू)

आतंकवादियों द्वारा मंगलवार की रात को बी.एस.एफ. की बटालियन 17 के एक ट्रक पर घात लगा कर की गई फायरिंग में मारे गए (1) लांस नायक जगदेव सिंह, (2) सिपाही राम प्रकाश की लाशें तथा (3) वह ट्रक जिस पर घात लगा कर फायरिंग की गई । (छाया : शेखर)

उग्रवादी मरा, एक गिरफ्तार : जालन्धर से वार्ता के अनुसार आज सायं नकोदर के पास आलोवाल ग्राम में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि त्रिलोचन सिंह नामक उसका साथी उग्रवादी गिरफ्तार कर लिया गया । उसका तीसरा साथी फरार हो गया ।

डाक्टर का साहस : फगवाड़ा (वार्ता): एक पशु चिकित्सक ने राहगीरों की मदद से एक सशस्त्र युवक को पकड़ लिया जिसने आज बाद दोपहर फगवाड़ा के निकट डाक्टर से लिफ्ट लेने के बाद उसका स्कूटर छीनने की कोशिश की थी । युवक जिससे लोगों ने एक .32 बोर का रिवाल्वर पकड़ा, को पुलिस के हवाले कर दिया गया । बताया जाता है कि डाक्टर गांव पलाही जा रहा था कि रास्ते में युवक ने उससे लिफ्ट मांगी । नगर से कुछ दूरी पर उसने रिवाल्वर की नोक पर स्कूटर छीनने की कोशिश की । डाक्टर उसके साथ गुत्थमगुत्था हो गया तथा राहगीरों की मदद से उस पर काबू पा लिया ।

मृत उग्रवादी की शिनाख्त मीरा के रूप में हुई है, जिसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम था । पुलिस के अनुसार उस ग्राम जा रही सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी पर तीन उग्रवादियों ने जो मोटर साइकल पर सवार थे, फायरिंग की । सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो मोटर साइकल पर भाग निकले । एक रास्ते में गिर गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया । मृत उग्रवादी ने हाल ही में एक ए.एस.आई. करनैल सिंह व तीन होम गार्डों सहित कई लोगों की हत्याएं की थीं ।

30 हत्याओं में वांछित : वार्ता के अनुसार भूपेन्द्र सिंह भीरी कम से कम 30 लोगों की हत्याओं में वांछित था ।

'गगन' के अनुसार मारा गया बी श्रेणी का उग्रवादी भरपूर सिंह उर्फ भूरा मजहबी नंगल जीवन

चुटकी की चुटकियां

ज़िन्दगी की भोली-भाली मस्तियां

नये आकर्षक पैक में !

प्यार का मस्ती भरा एहसास चुटकी पान मसाला!

88/4092

केंद्रीय भेड़ प्रजनन फार्म

पोस्ट बाक्स नं. 10, हिसार (हरियाणा)

अल्प निविदा सूचना

लगभग 45 क्विंटल लूसर्न टी-9 लोकल सीड की सप्लाई के लिए मोहरबंद निविदाएं एतद द्वारा आमंत्रित हैं, जो अधोहस्ताक्षरी के पास 20.9.1988 को सायं 3 बजे तक पहुंच जानी चाहिएं ।

निविदाओं के साथ निविदा मूल्य की 2% धरोहर राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक पर केवल काल डिपाज़िट रसीद के रूप में अवश्य आनी चाहिए, जो अधोहस्ताक्षरी के नाम में हो । प्रस्तुत बीज का एक नमूना (500 ग्राम से कम नहीं) भी निविदाओं के साथ भेजा जाए । निविदाओं की स्वीकृति के मामले में धरोहर राशि, सिक्योरिटी राशि बन जाएगी । यह सिक्योरिटी राशि तब ज़ब्त कर ली जाएगी, यदि निविदक आपूर्ति-आदेश में निर्धारित अवधि के अंदर आपूर्तियां करने में असफल रहता है । निविदाएं केवल उन फर्मों से ही स्वीकार की जाएंगी, जो बीजों की आपूर्ति के लिए पंजीकृत हैं । लिखित दरें, खुलने की तिथि से 60 दिनों के लिए खुली रखी जाएंगी और एफ.ओ.आर. फार्म होनी चाहिएं ।

प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं 3.30 बजे खोली जाएंगी । निदेशक, कोई कारण बताए बिना किसी या सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं ।

सरहंद में आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग से मंगलवार को घायल हुए कुछ लोग, जो पटियाला के अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : राजू)

आतंकवादियों द्वारा मंगलवार की रात को बी.एस.एफ. की बटालियन 17 के एक ट्रक पर घात लगा कर की गई फायरिंग में मारे गए (1) लांस नायक जगदेव सिंह, (2) सिपाही राम प्रकाश की लाशें तथा (3) वह ट्रक जिस पर घात लगा कर फायरिंग की गई । (छाया : शेखर)

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्ध रखते थे जिसका प्रमुख स्वयंभू लै. जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा था जोकि गत महीने राजस्थान पुलिस के साथ मुकाबिला में मारा गया था । इस खतरनाक गिरोह ने जिला अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर, कपूरथला आदि जिलों में तीन दर्जन से अधिक हत्याओं की वारदातें की थीं तथा लूटमार व हत्याएं करके क्षेत्र में बहुत अधिक आतंक फैलाया हुआ था । इस गिरोह ने पुलिस, सी.आर.पी., बी.एस.एफ. के जवानों पर एक दर्जन से अधिक हमले किए थे ।

इस गिरोह ने निम्नलिखित वारदातें की हैं : थाना हरिके के गांव राजपूतां में फायरिंग करके 18 व्यक्तियों की हत्या तथा 3 घायल कर दिए थे । सरदार अमर सिंह एस.एच.ओ. थाना बल्टोहा तथा उसके गनमैन की हत्या की थी । निहंग चीफ बाबा अजीत सिंह के डेरे पर हमला करके 30 बोर की दो राइफलें ले गए थे जो बरामद हो चुकी हैं । गांव रत्ता गुड़ा में तेजा सिंह के परिवार के चार सदस्यों की हत्याएं की थीं जिसमें तेजा सिंह, उसका लड़का, पत्नी व लड़की की हत्याएं जगदेव सिंह सरपंच के कहने पर की गई थीं । गांव चीमा बाठ के एक परिवार के 9 सदस्यों की हत्याएं भी इसी गिरोह ने की थीं । मंड में मारे गए तीनों आतंकवादियों से भारी गिनती में शस्त्र पकड़े गए थे । पुलिस, सुरक्षा बल आतंकवादियों के आश्रयस्थलों पर छापे मार रहे हैं ।

एक की हत्या : जालंधर (ह.स.) दो अज्ञात व्यक्तियों ने आज तड़के जालन्धर सदर पुलिस थाने के अंतर्गत कंगनीवाल गांव में मक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति की तेज धार वाले हथियार से हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया । घायल महिला को जालन्धर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

उग्रवादी मरा, एक गिरफ्तार :जालन्धर से वार्ता के अनुसार आज सायं नकोदर के पास आलोवाल ग्राम में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि त्रिलोचन सिंह नामक उसका साथी उग्रवादी गिरफ्तार कर लिया गया । उसका तीसरा साथी फरार हो गया ।

डाक्टर का साहस : फगवाड़ा (वार्ता): एक पशु चिकित्सक ने राहगीरों की मदद से एक सशस्त्र युवक को पकड़ लिया जिसने आज बाद दोपहर फगवाड़ा के निकट डाक्टर से लिफ्ट लेने के बाद उसका स्कूटर छीनने की कोशिश की थी । युवक जिससे लोगों ने एक .32 बोर का रिवाल्वर पकड़ा, को पुलिस के हवाले कर दिया गया । बताया जाता है कि डाक्टर गांव पलाही जा रहा था कि रास्ते में युवक ने उससे लिफ्ट मांगी । नगर से कुछ दूरी पर उसने रिवाल्वर की नोक पर स्कूटर छीनने की कोशिश की । डाक्टर उसके साथ गुत्थमगुत्था हो गया तथा राहगीरों की मदद से उस पर काबू पा लिया ।

मृत उग्रवादी की शिनाख्त मीरा के रूप में हुई है, जिसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम था । पुलिस के अनुसार उस ग्राम जा रही सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी पर तीन उग्रवादियों ने जो मोटर साइकल पर सवार थे, फायरिंग की । सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो मोटर साइकल पर भाग निकले । एक रास्ते में गिर गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया । मृत उग्रवादी ने हाल ही में एक ए.एस.आई. करनैल सिंह व तीन होम गार्डों सहित कई लोगों की हत्याएं की थीं ।

30 हत्याओं में वांछित : वार्ता के अनुसार भूपेन्द्र सिंह भीरी कम से कम 30 लोगों की हत्याओं में वांछित था ।

'गगन' के अनुसार मारा गया बी श्रेणी का उग्रवादी भरपूर सिंह उर्फ भूरा मजहबी नंगल जीवन गांव का निवासी था । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर और कुछ चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं ।

1 मरा, 1 घायल : जिला होशियारपुर में कल रात चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुरेंद्र सिंह की हत्या कर दी जबकि मोहन लाल को घायल कर दिया । खबरों में कहा गया है कि सभी 4 हत्यारों की पहचान गुलाब सिंह, गुलजार सिंह, रणजीत सिंह, और सतनाम सिंह सत्ता के रूप में हो गई है । वे ए.के. 47 चीनी राइफलों व अन्य घातक हथियारों से लैस थे ।

2 घुसपैठिए मरे : अमृतसर (वि.प्र.) : प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कल रात अमृतसर में भारत-पाक सीमा पर खालड़ा सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारे गए । घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

सरपंच की हत्या : रामपुराफूल (बांसल): आज रात्रि यहां से 20 कि॰मी॰ दूर गांव भगता भाई के सरपंच चिरंजी लाल की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक ट्रक आप्रेटर यूनियन का प्रधान भी था ।

'बम' गिरफ्तार : बंगा (खोसला) : बंगा पुलिस ने गांव रसूलपुर के निकट नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी मनजीत सिंह उर्फ 'बम' को गिरफ्तार किया । उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले । पुलिस ने मीरपुर गांव में एक व्यक्ति ज्ञान सिंह से तीन हथगोले और ए.के. 47 चीनी राइफल के दो मैगजीन बरामद किए ।

आज पटियाला बन्द

पटियाला, 14 सितम्बर (भूषण) : उग्रवाद रोकने में सरकार की विफलता, जिसके परिणामस्वरूप निर्दोषों का संहार निरन्तर जारी है और हाल ही में सरहिंद में निर्दोषों की हत्याएं हुईं, के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कल जिला पटियाला में हड़ताल का आह्वान किया है ।

पंजाब बंद का आह्वान

अमृतसर : राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने कल पंजाब बंद का आह्वान किया है ।

हिन्दू शिव सेना ने भी कल पंजाब बंद का आह्वान किया है ।

प्रिं. छबील दास सम्मानित

जालन्धर, 14 सितम्बर (ह.स.): वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी प्रिंसीपल छबीलदास को आज यहां जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल ने सम्मानित किया और उन्हें 5000 रुपए का ड्राफ़्ट, एक स्मृति-चिन्ह और एक शाल भेंट की ।



सी.आर.पी.एफ. की 48 बटालियन ने गत 11 सितम्बर को गांव बाठ (तरनतारन) में आतंकवादियों से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए जिनमें चार ए.के. 47 राइफलें, 8 मैगज़ीन, 1000 कारतूस व एक हथगोला शामिल हैं ।

शोक समाचार

चंडीगढ़, 14 सितम्बर : हिन्द समाचार के श्री कृष्ण लाल तलवाड़ के बहनोई और प्रसिद्ध आर्य समाजी श्री अविनाशी लाल मल्होत्रा की रस्म किरया 17 सितम्बर को सायं 3 से 4 बजे कोठी नं. 3046, सैक्टर 27-डी, चंडीगढ़ में होगी ।

■ लुधियाना: श्री सत्य पाल गोसाईं की माता एवं स्वर्गीय श्री हंसराज गोसाईं की पत्नी श्रीमती [illegible] देवी का 5 सितम्बर को स्वर्गवास हो गया

तलवंडी का भतीजा

(पृष्ठ 2 का शेष)

आतंकवादियों को हाल ही में हुई क्षति के बाद की स्थिति में चन्नी जैसे लोगों का महत्व बढ़ना निश्चित है । सुक्खा सिपाही की मौत के बाद पंजाब के सबसे बड़े आतंकवादी संगठन के.सी.एफ. में उत्तराधिकार का युद्ध चल रहा है । सम्भावित उत्तराधिकारी सुखदेव सिंह झामके का चन्नी ग्रुप द्वारा विरोध किया जा रहा है । उत्तराधिकार की लड़ाई के कारणों में वर्ग, संस्कृति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि तथा रणनीति सम्बन्धी मतभेद हैं ।

सुखदेव सिंह झामके अपेक्षाकृत कम समृद्ध और अनपढ़ आतंकवादी है, जोकि अब भी माझा क्षेत्र में आतंक फैलाने और हिंदुओं को पलायन पर विवश करने की भिंडरांवाले की रणनीति में विश्वास रखता है ताकि भारत के एक अत्यन्त संवेदनशील कोने में अस्थायी खालिस्तान की स्थापना की जा सके । चन्नी, बिट्टू, गामा और बंडाला, जोकि सभी दोआबा या मालवा क्षेत्र से सम्बन्ध रखते हैं, इस विचारधारा का समर्थन नहीं करते । इसके अलावा बंडाला को छोड़ कर इनमें सभी स्नातक हैं और खुशहाल परिवारों से सम्बन्ध रखते हैं । वे सुरक्षा बलों और नई दिल्ली पर दबाव जारी रखने के समर्थक हैं ताकि वे किसी भावी समझौते में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभा सकें ।

रोचक बात यह है कि यह ग्रुप जसवीर सिंह रोडे तथा भिंडरांवाला परिवार के विरुद्ध है । यही स्थिति पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल की है, तथापि चन्नी ग्रुप के मानोचाहल से भी मतभेद हैं, जिसकी शक्ति सिर्फ़ माझा क्षेत्र में है । महत्वपूर्ण बात यह है कि मानोचाहल का प्रो. दर्शन सिंह के साथ समझौता हो गया है । सारांश में ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार का रोडे वाला परीक्षण विफल हो गया है, यद्यपि जसवीर सिंह रोडे ने दीवाली पर सरबत खालसा बुलाया है तथा वह अकाल तख्त का जत्थेदार होने का दावा कर सकते हैं, लेकिन यह बात स्पष्ट हो गई है कि सरकार ने भी एक पक्ष की ओर सारा झुकाव न रखने का फैसला किया है । एक ओर वह रोडे की पीठ ठोंक रही है (उदाहरण गुरजीत का लुधियाना से बच निकलना) तथा दूसरी ओर तलवंडी, बर्नाल सिंह व टोहरा से सौदेबाज़ी हो रही है ।

ऐसी भी अटकलें हैं कि सरकार तलवंडी के माध्यम से चन्नी से भी सम्पर्क स्थापित कर सकती है । यह कहा जा रहा है कि फ़ैडरेशन पर नियंत्रण, के.सी.एफ. के उत्तराधिकार युद्ध में बड़ी दावेदारी तथा दमदमी टकसाल पर काफ़ी प्रभाव के दृष्टिगत चन्नी को दूसरी श्रेणी के प्रमुख आतंकवादियों हैड-कांस्टेबल अजीत सिंह, दलविंदर सिंह (पंथक कमेटी का कथित सदस्य), कंवलजीत सिंह और हैड-कांस्टेबल जसपाल सिंह का भी समर्थन प्राप्त है ।

लुधियाना की मंडियां–14 सितम्बर (नेपाल)

गेहूं 225-232, मक्की 235-255, मक्का 240-250, तोरिया 500-550, सरसों 600-650, बाजरा 230-240, जौ 185-195, ग्वार 725-825, चना देसी 750-780, चना रूसी 800-850, दाल हरी 800-810, काबली चना देसी 700-725, काबली चना आयातित 770-780, मोठ 800-1250, लोबिया मर्फद 852-950, मटर देसी 520-550, मटर आयातित 700-725, मूंग पालिशी 650-750, मूंग देसी 575-625, माह साबुत 700-800, दाल मूंग धोई 790-950 दाल माश 800-925, साबुत अरहर 500-510, दाल अरहर 800-900, राजमाह चित्रा आयातित 750-900, राजमाह लाल 700-950, दाल मसूर 680-750, मसूर काला 650-740, दाल मलका मसूर 700-750, चावल बासमती 1100-1700, बासमती (444) 1600, परमल 350-475, बनस्पति 352-365, मैदा 290-320, सूजी 290-300, गेहूं आटा 245, होलमील आटा 250, चीनी (बी) 735-750 ।

अध्यापकों का धरना

होशियारपुर, 14 सितम्बर (अश्विनी): डैमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट पंजाब की तरफ से जिलाधीश के दफ्तर के सामने पे-कमीशन की रिपोर्ट पर प्रोटैस्ट करने के लिए धरना दिया गया ।

रॉयल इन्स्टेंट पाक्षिक लॉटरी

छिंदा व सरहिंद कांड का उग्रवादी गुरजंट मुठभेड़ों में मारे गये : 9 व्यक्तियों की हत्या

एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मरा, उग्रवादी की उसी के साथियों द्वारा हत्या

सरहिंद कांड में मृतकों के आश्रितों को 20-20 हज़ार रुपये

चंडीगढ़, 15 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में सुरक्षा बलों ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए 'ए' श्रेणी आतंकवादी सुरेन्द्र सिंह छिंदा सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया । एक पाक घुसपैठिया मारा गया जबकि आतंकवादियों के एक इंका नेता सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पंजाब सरकार ने सरहिंद में मारे गए लोगों के आश्रितों को 20-20 हजार रुपए तथा घायलों को 5 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की । पुलिस ने सरहिंद कांड में 'ठोस सुराग' मिलने का दावा किया है । श्री हरगोबिन्दपुर के पास उग्रवादियों ने अपने ही एक साथी की हत्या कर दी ।

छिंदा मारा गया : फ़िरोज़पुर (बागी) :'ए' श्रेणी का आतंकवादी सुरेंद्र सिंह उर्फ़ छिंदा गांव बहड़ा घर थाना बाघा पुराना, जिला फरीदकोट कल रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसके सिर पर 40,000 रुपए का ईनाम था तथा वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । यह जानकारी देते हुए डी.एस.पी. (मुख्यालय) फिरोज़पुर श्री जी.एस. ग्रेवाल ने बताया कि दुर्दांत आतंकवादी छिंदा के.सी.एफ. का फरीदकोट व फिरोज़पुर दो जिलों का इंचार्ज था तथा 7 आतंकवादियों के गिरोह का सरगना था । गत रात मुदकी नाले पर पुलिस की नाका पार्टी ने छिंदा को चुनौती दी, जोकि एक अन्य आतंकवादी के साथ स्कूटर पर जा रहा था । गोलीबारी में छिंदा वहीं ढेर हो गया, जबकि उसका साथी बच निकलने में सफल हो गया । पुलिस ने उसके कब्ज़े से चोरी-शुदा बजाज स्कूटर पी.ए.डी. 3142, एक चीनी असाल्ट राइफल, 80 राउंड तथा दो पूरे मैगज़ीन बरामद किए । श्री ग्रेवाल ने कहा कि छिंदा फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. श्री सर्बजीत सिंह पर हमले में भी शामिल था । वह 14 हत्याओं तथा 2 बैंक डकैतियों के लिए ज़िम्मेदार था ।

'सघी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा चंडीगढ़ पुलिस को भी पिछले लगभग 2 साल से वांछित था । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार गत 7 जनवरी को यहां के सैक्टर 45 में हुए मुकाबले के दौरान छिंदा अंधेरे का लाभ उठा कर भाग जाने में सफल हो गया था । इस मुकाबले में पुलिस इन्स्पैक्टर जगजीत सिंह की मृत्यु हो गई थी जबकि 3 आतंकवादी भी मारे गए थे । पुलिस को इस मुकाबले के बाद बरिन्दर सिंह नामक आतंकवादी के पास से जो डायरी मिली थी उसमें छिंदा का नाम भी दर्ज था । उसका पता लगाने के लिए चंडीगढ़ पुलिस

नकोदर के निकट गत रात्रि पुलिस मुकाबले में मारा गया खतरनाक उग्रवादी भरपूर सिंह भुरा का शव । (छाया : गगन)

खूंखार आतंकवादी सुरिन्दर सिंह छिंदा जो गत दिवस जिला फिरोज़पुर में थाना घाली बुद्दे के गांव मुदकी में एक मुकाबले के दौरान मारा गया, की लाश । सुरिन्दर सिंह छिंदा स्वयं को खालिस्तान कमांडो फोर्स का मोगा क्षेत्र का एरिया कमांडर कहलाता था ।

ने पंजाब पुलिस के साथ सम्पर्क बना रखा था । चंडीगढ़ पुलिस की एक पार्टी फिरोजपुर भेजी जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि छिंदा से जो चीनी राइफल बरामद हुई है, क्या उसी से चलाई गई गोलियां से इंस्पैक्टर जगजीत सिंह शहीद हुए ।

दो की हत्या: फरीदकोट (ह.स) : उग्रवादियों ने आज प्रातः 10.30 बजे के लगभग फरीदकोट-थाना सदर के क्षेत्र एक शराब के ठेके पर हमला करके ठेकेदार के बेटे सुरेंद्र कमार व उसके नौकर की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी गोलियां चलाते हुए ठेकेदार की जीप तथा रिवाल्वर भी ले गए ।

दो की हत्या : फरीदकोट से जिन्दल के अनुसार उग्रवादियों ने ग्राम आयांवाला के पास फायरिंग करके दो लोगों की हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए । एक मृत व्यक्ति की शिनाख्त शिन्दा के रूप में हुई है ।

स्कूटर सवार की हत्या : फरीदकोट जिले के मलोट क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक स्कूटर सवार की हत्या कर दी ।

1 मरा, 3 घायल : मक्खु (स): आज दोपहर 11 बजे यहां के करीबी मंड क्षेत्र में नदी के निकट सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के मध्य 20 मिनट तक हुई गोलीबारी में एक सब इंस्पैक्टर हरनेक सिंह, दो कांस्टेबल जंग सिंह व कुलवंत सिंह घायल हो गए जबकि गांव का एक व्यक्ति मारा गया । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है । बताया जाता है कि पुलिस को इस बात की सूचना थी कि कुछ आतंकवादी नदी पार करके जिला फिरोजपुर में दाखिल हो रहे हैं । इस पर सुरक्षा बलों ने पुलिस की मदद से क्षेत्र की नाकेबंदी कर ली थी ।

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार मुठभेड़ में 6 पुलिस वाले घायल हुए । सब इंस्पैक्टर हरनेक सिंह व कांस्टेबल जंग सिंह सख्त घायल हुए हैं ।

घुसपैठिया मरा : आज फिरोजपुर सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

जीवन अस्त-व्यस्त : सरहिंद (ह.स.): सरहिंद में 17 लोगों की हत्या किए जाने के बाद दूसरे दिन भी सरहिंद और फतेहगढ़ साहब में शोक व्याप्त रहा तथा आम जीवन अस्त-व्यस्त रहा । क्रुद्ध लोगों ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए पुलिस अफसरों तथा अस्पताल में डाक्टरों की कथित लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की । खबरों में कहा गया है कि पूछताछ के लिए एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है और अधिकारियों ने दावा किया है कि 'कुछ ठोस सुरागों' पर काम कर रहे हैं ।

एक्सग्रेशिया : इसी बीच आज पंजाब सरकार ने घोषणा की कि सरहिंद में आतंकवादियों के हाथों मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के आश्रित को 20,000 रुपए एक्सग्रेशिया सहायता के रूप में दिए जाएंगे । सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि घायलों को 5,000 रुपए तक की सहायता दी जाएगी । जिला शांति समिति ने अपनी बैठक में आतंकवादियों के हाथों निर्दोष लोगों की हत्याओं की कड़ी निन्दा की ।

उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर की थाना सदर पुलिस ने नूरपुर के ज्ञान सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार किया जोकि बब्बर खालसा से संबंधित बताया जाता है । पुलिस चीफ ने बताया कि उग्रवादी ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसे 3 हथगोले और चीनी असाल्ट राइफल के 2 मैगजीन उग्रवादी मक्खन सिंह ने दिए थे जोकि गत मास गिरफ्तार किया गया था ।

फगवाड़ा (राकेश): कल स्थानीय पुलिस ने गांव जगतपुर जट्टां में तीन व्यक्तियों के कतल के संबंध में पुलिस ने गांव रुड़की थाना गोराया के जिन 2 व्यक्तियों गुरदियाल सिंह व जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया था को अदालत ने आगे की पूछताछ के लिए एक दिन का शरीरक रिमांड दे दिया है ।

गुरजंट मारा गया : लुधियाना (ह.स.): आज जिला लुधियाना में पुलिस और सुरक्षा बलों के मध्य मुठभेड़ में एक आतंकवादी गुरजंट सिंह मारा गया । एस.एस.पी. श्री एस.एस. सैनी ने बताया कि मृतक गांव पम्बरी जिला पटियाला का निवासी था । आज सुबह पौने ग्यारह बजे वेद प्रकाश सरपंच का बेटा सोहन लाल कैशियर सहकारी बैंक समराला को जा रहा था । जब वह यहां से 44 किलो मीटर दूर गांव उरना के पुल के करीब पहुंचा तो 2 आतंकवादियों ने उसका स्कूटर रोक लिया । वह उनमें से एक के साथ गुत्थमगुत्था हो गया और अपना लाइसैंसी रिवाल्वर भी निकाल लिया । इसके बाद एक आतंकवादी भाग गया । इसी मध्य सी.आर.पी. की एक टुकड़ी वहां आ गई । डी.एस.पी. इंद्र सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी भी

(शेष पृष्ठ 10 पर)



छिंदा व सरहिंद कांड का उग्रवादी गुरजंट मुठभेड़ों में मारे गये : 9 व्यक्तियों की हत्या

एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मरा, उग्रवादी की उसी के साथियों द्वारा हत्या

सरहिंद कांड में मृतकों के आश्रितों को 20-20 हज़ार रुपये

चंडीगढ़, 15 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में सुरक्षा बलों ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए 'ए' श्रेणी आतंकवादी सुरेन्द्र सिंह छिंदा सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया । एक पाक घुसपैठिया मारा गया जबकि आतंकवादियों ने एक इंका नेता सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पंजाब सरकार ने सरहिंद में मारे गए लोगों के आश्रितों को 20-20 हजार रुपए तथा घायलों को 5 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की । पुलिस ने सरहिंद कांड में 'ठोस सुराग' मिलने का दावा किया है । श्री हरगोबिन्दपुर के पास उग्रवादियों ने अपने ही एक साथी की हत्या कर दी ।

छिंदा मारा गया : फ़िरोज़पुर (बागी) : 'ए' श्रेणी का आतंकवादी सुरेंद्र सिंह उर्फ़ छिंदा गांव बड्डा घर थाना बाघा पुराना, जिला फरीदकोट कल रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसके सिर पर 40,000 रुपए का ईनाम था तथा वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । यह जानकारी देते हुए डी.एस.पी. (मुख्यालय) फिरोज़पुर श्री जी.एस. ग्रेवाल ने बताया कि दुर्दांत आतंकवादी छिंदा के.सी.एफ. का फरीदकोट व फिरोज़पुर दो जिलों का इंचार्ज था तथा 7 आतंकवादियों के गिरोह का सरगना था । गत रात रुदकी नाले पर पुलिस की नाका पार्टी ने छिंदा को चुनौती दी, जोकि एक अन्य आतंकवादी के साथ स्कूटर पर जा रहा था । गोलीबारी में छिंदा वहीं ढेर हो गया, जबकि उसका साथी बच निकलने में सफल हो गया । पुलिस ने उसके कब्ज़े से चोरी-शुदा बजाज स्कूटर पी.ए.डी. 3142, एक चीनी असाल्ट राइफल, 80 राऊंड तथा दो परे मैगज़ीन बरामद किए । श्री ग्रेवाल ने कहा कि छिंदा फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. श्री सर्बजीत सिंह पर हमले में भी शामिल था । वह 14 हत्याओं तथा 2 बैंक डकैतियों के लिए ज़िम्मेदार था ।

'संघी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि सुरेन्द्र सिंह उर्फ़ छिंदा चंडीगढ़ पुलिस को भी पिछले लगभग 2 मास से वांछित था । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार गत 7 जुलाई को यहां के सैक्टर 45 में हुए मुकाबले के दौरान छिंदा अंधेरे का लाभ उठा कर भाग जाने में सफल हो गया था । इस मुकाबले में पुलिस इन्स्पैक्टर जगजीत सिंह की मृत्यु हो गई थी जबकि 3 आतंकवादी भी मारे गए थे । पुलिस को इस मुकाबले के बाद वरिन्दर सिंह नामक आतंकवादी के घर से जो डायरी मिली थी उसमें छिंदा का नाम भी दर्ज था । उसका पता लगाने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ सम्पर्क बना रखा था । चंडीगढ़ पुलिस की एक पार्टी फिरोज़पुर भेजी जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि छिंदा से जो चीनी राइफल बरामद हुई है, क्या उसी से चलाई गई गोलियों से इंस्पैक्टर जगजीत सिंह शहीद हुए ।

नकोदर के निकट गत रात्रि पुलिस मुकाबले में मारा गया खतरनाक उग्रवादी भरपूर सिंह भूरा का शव । (छाया : गगन)

खूंखार आतंकवादी सुरिन्दर सिंह छिंदा जो गत दिवस जिला फिरोज़पुर में थाना घाली खुर्द के गांव मुदकी में एक मुकाबले के दौरान मारा गया, की लाश । सुरिन्दर सिंह छिंदा स्वयं को खालिस्तान कमांडो फोर्स का मोगा क्षेत्र का एरिया कमांडर कहलाता था ।

दो की हत्या: फरीदकोट (ह.स) : उग्रवादियों ने आज प्रातः 10.30 बजे के लगभग फरीदकोट थाना सदर के क्षेत्र एक शराब के ठेके पर हमला करके ठेकेदार के बेटे सुरेंद्र कुमार व उसके नौकर की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी गोलियां चलाते हुए ठेकेदार की जीप तथा रिवाल्वर भी ले गए ।

दो की हत्या : फरीदकोट से जिन्दल के अनुसार उग्रवादियों ने ग्राम आर्यावाला के पास फायरिंग करके दो लोगों की हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए । एक मृत व्यक्ति की शिनाख्त शिन्दा के रूप में हुई है ।

स्कूटर सवार की हत्या : फरीदकोट जिले के मलोट क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक स्कूटर सवार की हत्या कर दी ।

1 मरा, 3 घायल : मक्खू (स): आज दोपहर 11 बजे यहां के करीबी मंड क्षेत्र में नदी के निकट सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के मध्य 20 मिनट तक हुई गोलीबारी में एक सब इंस्पैक्टर हरनेक सिंह, दो कांस्टेबल जंग सिंह व कुलवंत सिंह घायल हो गए जबकि गांव का एक व्यक्ति मारा गया । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है । बताया जाता है कि पुलिस को इस बात की सूचना थी कि कुछ आतंकवादी नदी पार करके जिला फिरोजपुर में दाखिल हो रहे हैं । इस पर सुरक्षा बलों ने पुलिस की मदद से क्षेत्र की नाकेबंदी कर ली थी ।

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार मुठभेड़ में 6 पुलिस वाले घायल हुए । सब इंस्पैक्टर हरनेक सिंह व कांस्टेबल जंग सिंह सख्त घायल हुए हैं ।

घुसपैठिया मरा : आज फिरोजपुर सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

जीवन अस्त-व्यस्त : सरहिंद (ह.स.): सरहिंद में 17 लोगों की हत्या किए जाने के बाद दूसरे दिन भी सरहिंद और फतेहगढ़ साहब में शोक व्याप्त रहा तथा आम जीवन अस्त-व्यस्त रहा । क्रुद्ध लोगों ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए पुलिस अफसरों तथा अस्पताल में डाक्टरों की कथित लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की । खबरों में कहा गया है कि पूछताछ के लिए एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है और अधिकारियों ने दावा किया है कि 'कुछ ठोस सुरागों' पर काम कर रहे हैं ।

एक्सग्रेशिया : इसी बीच आज पंजाब सरकार ने घोषणा की कि सरहिंद में आतंकवादियों के हाथों मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के आश्रित को 20,000 रुपए एक्सग्रेशिया सहायता के रूप में दिए जाएंगे । सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि घायलों को 5,000 रुपए तक की सहायता दी जाएगी । जिला शांति समिति ने अपनी बैठक में आतंकवादियों के हाथों निर्दोष लोगों की हत्याओं की कड़ी निन्दा की ।

उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर की थाना सदर पुलिस ने नूरपुर के ज्ञान सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार किया जोकि बब्बर खालसा से संबंधित बताया जाता है । पुलिस चीफ ने बताया कि उग्रवादी ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसे 3 हथगोले और चीनी असाल्ट राइफल के 2 मैगजीन उग्रवादी मक्खन सिंह ने दिए थे जोकि गत मास गिरफ्तार किया गया था ।

फगवाड़ा (राकेश): कल स्थानीय पुलिस ने गांव जगतपुर जट्टां में तीन व्यक्तियों के कतल के संबंध में पुलिस ने गांव रुड़की थाना गोराया के जिन 2 व्यक्तियों गुरदियाल सिंह व जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया था को अदालत ने आगे की पूछताछ के लिए एक दिन का शरीरक रिमांड दे दिया है ।

गुरजंट मारा गया : लुधियाना (ह.स.): आज जिला लुधियाना में पुलिस और सुरक्षा बलों के मध्य मुठभेड़ में एक आतंकवादी गुरजंट सिंह मारा गया । एस.एस.पी. श्री एस.एस. सैनी ने बताया कि मृतक गांव पम्बरी जिला पटियाला का निवासी था । आज सुबह पौने ग्यारह बजे वेद प्रकाश सरपंच का बेटा सोहन लाल कैशियर सहकारी बैंक समराला को जा रहा था । जब वह यहां से 44 किलो मीटर दूर गांव उरना के पुल के करीब पहुंचा तो 2 आतंकवादियों ने उसका स्कूटर रोक लिया । वह उनमें से एक के साथ गुत्थमगुत्था हो गया और अपना लाइसैंसी रिवाल्वर भी निकाल लिया । इसके बाद एक आतंकवादी भाग गया । इसी मध्य सी.आर.पी. की एक टुकड़ी वहां आ गई । डी.एस.पी. इंद्र सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी भी

(शेष पृष्ठ 10 पर)



Punjabi Sahitya

छिंदा, गुरजंट मारे गये

(पृष्ठ 3 का शेष)

वहां पहुंच गई । इसके बाद दूसरा आतंकवादी भी उनको देख कर खेतों की ओर भाग खड़ा हुआ । पुलिस और सुरक्षा बलों ने उसका पीछा किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । 10 मिनट तक हुए मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । उसकी शिनाख्त गुरजंट सिंह के रूप में हुई । उसके कब्जे से 12 बोर की दुनाली बंदूक, 400 रुपए नकद और तथाकथित दष्ट सोध फोर्स का एक लैटर पैड बरामद हुआ । इस गिरोह का सरगना भूपिन्दर सिंह लेखी जिला रोपड़ का निवासी है । इनका एक साथी प्रेम सिंह उर्फ मुक्खा जिला होशियारपुर का है । यह गिरोह लुधियाना, रोपड़ व होशियारपुर जिलों में वारदातें करता रहा है । उन्होंने 7 जुलाई को एक सरपंच की हत्या कर दी थी । जुलाई मास में जिला रोपड़ में उजागर सिंह की हत्या भी उन्होंने की थी ।

सरहिंद कांड में वांछित था: 'ह.स.' के अनुसार गुरजंट सिंह ने ही मंगलवार की रात्रि को सरहिंद में 16 लोगों की हत्याएं की थीं ।

'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी गुरजंट सिंह ने खेत में घिर जाने के बाद अपने आपको गोली मार ली ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना के एक अन्य समाचार में कहा गया है कि पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उनसे तीन रिवाल्वर व बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए । यह सातों आतंकवादी हत्याओं सहित अनेक अपराधों में वांछित थे । उनके नाम अमरीक सिंह, सुखजिन्दर सिंह उर्फ छिंदा, बलबीर सिंह उर्फ बीरा, जगतार सिंह, सुभाष, बलविन्दर सिंह उर्फ इंजीनियर तथा चमकौर सिंह हैं ।

मुच्छल में हत्या अमृतसर (ह.स.) : पुलिस ने बताया कि गत रात थाना जंडियाला के गांव मुच्छल में आतंकवादियों ने एक युवक अमरीक सिंह की हत्या कर दी । बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने उसकी हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह लूटमार और छीना झपटी किया करता था । अमरीक सिंह आतंकवादी गुटों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

मक्खू में मारे गए बी.एस.एफ. के दो जवानों का सरकारी सम्मान के साथ जीरा में अंतिम संस्कार किया गया । (ऊपर) बी.एस.एफ. फिरोजपुर के डी.आई.जी. श्री ए.के. सबाधिकारी और (नीचे) एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक शवों पर पुष्प-मालाएं भेंट करते हुए ।

आश्रयदाता गिरफ्तार एस.एस.पी. पुलिस जिला मजीठा ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि गांव हरसा छीना में छापा मार कर पुलिस ने खजान सिंह, उसकी पत्नी सुखबीर कौर और उसके दो लड़कों सतनाम सिंह व दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया । उनके बारे में सूचना थी कि वे खतरनाक आतंकवादियों को पनाह देते हैं ।

पुलिस इंस्पैक्टर घायल : अमृतसर (ह.स.): तस्करी निरोधक स्टाफ के पुलिस इंस्पैक्टर श्री सीता राम आज अपने ही शस्त्र से घायल हो गए । पुलिस ने कहा है कि इंस्पैक्टर अपना सर्विस रिवाल्वर लेकर प्रातः की सैर कर रहा था कि उसका पालतू कुत्ता उस पर कूद पड़ा जिसके परिणामस्वरूप उसका शस्त्र चल गया और गोली उसके पांव में लगी । श्री सीता राम को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

अमृतसर जिला में घरेंडा पुलिस ने अटारी के बख्शीश सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक 32 बोर का माऊजर तथा 12 कारतूस बरामद हुए ।

भगता में हत्या भटिंडा (ग्रोवर) : कल रात इस जिला में गांव भाई भगता के अंतर्गत दयालपुरा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति चिरंजी लाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

रामपुराफूल से शर्मा के अनुसार चिरंजी लाल गांव में किसी झगड़े का फैसला कराकर आया था । वह कांग्रेस (इ) का नेता था । वारदात के बाद आतंकवादी एक व्यक्ति का मोटर साइकिल छीन कर फरार हो गए ।

लाश बरामद बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने गत दिवस एक खेत में से एक युवक का शव बरामद किया है । शव पर गोलियों के निशान पाए गए हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की शिनाख्त थाना मेहता के गांव खजाला के निवासी हरी सिंह हरिया के रूप में की गई है । पुलिस के अनुसार इस हत्या की जिम्मेबारी एक पत्र द्वारा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान ने ली है और आरोप लगाया है कि वह लूटमार करने की वारदातें करता था ।

एक सूचना के अनुसार हरिया आतंकवादी गुटों की आपसी गुटबंदी का शिकार हुआ है ।

बचाव पक्ष को सबूत पेश करने के निर्देश

अजमेर, 15 सितम्बर : विमान अपहरण मुकदमे की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश ने बचाव पक्ष की गवाही समाप्त कर 12 और 13 अक्तूबर को बचाव पक्ष से सबूत पेश करने की तिथि तय कर दी है । कल जारी आदेश में कहा गया है कि उन्हें सम्मन नहीं जारी किया जाएगा । न्यायाधीश

'शाने-पंजाब' में चोरियों की अनेक घटनाएं

अमृतसर, 15 सितम्बर (दीपक): पिछले एक सप्ताह में अमृतसर रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट शाने-पंजाब गाड़ी के पहुंचने के बाद और जालन्धर तक चोरों का गिरोह इतना सक्रिय है कि रोजाना लोगों का लाखों रुपयों का सामान कुर्सीयान से गायब हो जाता है । यह क्रम 9 सितम्बर से लगातार जारी है । इसी दिन पहली चोरी अमृतसर स्थित एक अंग्रेज़ी अखबार के संवाददाता के 70 हजार रुपए के ज़ेवरात और नकदी राशि की हुई । आश्चर्य की बात तो यह है कि यह चोर जिसके हाथ में लोगों के आरक्षण की सूची भी थी और यात्रियों को अमृतसर रेलवे स्टेशन पर सीटें प्रदान कर रहा था । एक ब्रीफ़ केस में रखे सामान को उठाने के बाद वह बातानकूलित पेशावर में छिप गया और गृहने नकदी लेकर जालन्धर रेलवे स्टेशन से फ़रार हो गया । जब यात्रियों ने सुरक्षा बलों को अपील की कि चोर जा रहा है, पकड़ो तो उन्होंने यह कह कर बात टाल दी कि वह तो शराबी है । चोरियों का दौर अभी बंद नहीं हुआ । दस सितम्बर को एक नवदम्पति का सूटकेस अमृतसर रेलवे स्टेशन से गायब हो गया । बारह सितम्बर को अमरीका से एक परिवार जब इसी गाड़ी के द्वारा अमृतसर पहुंचा तो गाड़ी से उतरते ही उनके तीन सूटकेस गायब हो गए । इन सूटकेसों में विदेशी डालर, ज़ेवरात, कपड़े और नकदी, सामान था ।

आश्चर्य की बात तो यह है कि कुर्सीयान में केवल वही चोर चढ़ता है, जिसकी वेशभूषा अच्छी हो, चोरी करने से पहले यह चोर यात्रियों को उनके सीट नंबर भी प्रदान करता है । इसी बात में उसे यह पहचान हो जाती है कि किस यात्री के पास कैसा कीमती सामान है । जिस सामान को यात्री अधिक ध्यान से रखे, नकली रेल अधिकारी चोर उसे लेकर चम्पत हो जाता है । यह चोर अमृतसर-जालन्धर के बीच चलती गाड़ी से नहीं उतरता । जब रेल गाड़ी जालन्धर रुकती है और रुकने के बाद जब चलती है तो प्लेटफार्म से गाड़ी निकल जाने पर यह चोर उतर कर भाग जाता है ।

बम कांड में इंदर कौर गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस ने आज दावा किया कि पिछले सोमवार को शाहदरा बस डिपो में दिल्ली परिवहन निगम की बस में हुए बम विस्फोट के सिलसिले में 'पक्का सुराग' मिल गए हैं । इस विस्फोट में एक व्यक्ति मारा गया था तथा अन्य ज़ख्मी हुए थे ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब गई हुई पुलिस की टुकड़ियों से महत्वपूर्ण सूचनाएं मिली हैं ।' इस अधिकारी ने बताया कि हालांकि इस सिलसिले में अभी औपचारिक रूप से किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, परन्तु 50 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है ।

इस बीच राजधानी तथा पड़ौसी राज्यों में अनेक स्थानों का छापे मारने का सिलसिला अभी भी जारी है ताकि राजधानी में विभिन्न स्थानों पर बम रखने तथा शाहदरा बस डिपो से चलने वाली बस में हुए विस्फोट के लिए दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा सके ।

पत्रकारों ने काले बिल्ले लगाए और जलूस निकाला

लुधियाना, 15 सितम्बर (महिन्द्रा): आज यहां पंजाब पत्रकार एवं समाचारपत्र सम्पादक एसोसिएशन के तत्वावधान में लुधियाना के सम्पादकों ने मानहानि बिल के विरुद्ध रोषस्वरूप काले बिल्ले लगाए । वे डिवीजन नम्बर तीन से जलूस निकाल कर घास मंडी, चौड़ा बाजार, रेलवे रोड, जगराओं पुल आदि से होते हुए लघु सचिवालय गए, जहां एसो. के प्रधान श्री टी.आर. महिन्द्रा ने जिलाधीश को एक ज्ञापन पेश किया । उसमें केंद्रीय सरकार से कहा गया है कि वह फौरन व बिना शर्त यह बिल वापस ले । इसमें अ.भा. समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन के प्रधान श्री विश्व बंधु गुप्त (सांसद) के स्टैंड का समर्थन किया गया कि सम्पादकों के इस मामले को प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाना चाहिए तथा मंत्रिमंडलीय समिति के साथ बातचीत करके सरकार को बिल वापस लेने पर बाध्य करना चाहिए ।

पंजाब युवा कांग्रेस (इ) को

गुमशुदा की तलाश

मुकेश वर्मा, आयु 17 वर्ष, ऊंचाई 5'-6½", रंग गन्दमी, 7.8.88 की रात्रि से हिमालय पब्लिक स्कूल, करनाल के होस्टल से लापता है । मुकेश यदि खुद पढ़ो तो फौरन घर चले आओ, तुम्हारी माता जी की स्थिति बड़ी नाजुक है । अन्य किसी द्वारा पता बताने या लाने वाले को उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

पता : नारायण दास वर्मा,
गोल मार्कीट, नीलोखेड़ी–132117 (हरि.)
दूरभाष : 206, 316, 317

क्लासीफाइड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना, तुतलाना, बेहतरीन इलाज कराएं, तजुर्बा 24 साल, लिखें : पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

चिकित्सा

आयुर्वैदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर, बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमबाला, लुधियाना-141008.

गुमशुदा कुत्ता

एक कुत्ता (Cocker Spanial) रंग सुनहरी, कान लम्बे, कानों पर लम्बे बाल, पुछल कटी हुई, 7.9.88 से गुम है । पता देने वाले को 500 रु. दिया जाएगा । नरेश जैन, 120, ऊधम सिंह नगर, जालंधर । फोन : 76603, 72220.

शिक्षा

फार्म भरें : मैट्रिक, इंटर, बी.ए., लॉ प्रोफैशनल बी.एड., बी.कॉम, बी.एस.सी. सी.एम.ए., एम. कॉम., एम.एस.सी., डायरैक्ट फाइनल/पार्ट्स, आर.एम.पी. पास करने हेतु परामर्श करें : जनता कालेज, F-19, शकूरपुर कालोनी, दिल्ली-34, फोन : 7221340, ब्रांच : स्कीम नम्बर-2, जुबली बास अलवर शहर (राजस्थान) ।

मैट्रिक, +2, B.A., M.A., 2 वर्षीय आयुर्वैदिक कोर्स करके डाक्टर बनें । राजा डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

पत्राचार द्वारा बिना आठवीं मैट्रिक, इंटर, बी.ए., बी.काम., एम.ए., बी.एड., ड्राईंग डिप्लोमा, दो वर्षीय, आयुर्वैदिक कोर्स करके डाक्टर बनें । शांति निकेतन महाविद्यालय, छत्ता जम्बूदास, सहारनपुर ।

RMP रजिस्ट्रेशन/ मैट्रिक/ इंटर/ बी.ए./ वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न गारंटिड करें–गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर, हरियाणा ।

सातवीं, आठवीं, नौवीं फेल शर्तिया मैट्रिक पास करें । Join 10+1, 10+2, B.A. पास करवाने की लिखित गारंटी । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar.

अंग्रेजी, जर्मन, फ्रैंच, स्पेनिश, इटालियन आदि सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 15.9.88 58/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.80 per Dozen.

बिकाऊ

ईंटों का चाल भट्ठा करनाल से 14 कि.मी. दूर हसनपुर रोड, घरौंडा के पास दिल्ली जी.टी. रोड पर बिकाऊ है । मिलें–रजिन्द्रा आपटी डीलर, नाबन्टी रोड, करनाल ।

टी.वी.

For V.C.R. Repair with latest Instruments Contact: Pathak Electronics, Chowk Shastri Market, Amritsar.

स्टैम्पिंग

Electrical stampings for Motors, Washing Machines, all sizes. Cheapest rates Gulati Enterprises, 3-Partap Bagh Road, Jalandhar. Phone-73570.

किराए पर

दुकानें, रोड कनैक्शन सहित किराए पर उपलब्ध । परफैक्ट इंजीनियरिंग वर्क्स, 149, माई खाई, अमन नगर, दोआबा चौक, जालंधर ।

एक रोड 18'x50', ढपई रोड, समेत 10 H.P. कनैक्शन, मिलें–मेहन्द्र सिंह, 10 डैमगंज, अमृतसर, फोन : 34111, 31133.

तीर्थ यात्रा

सोमावती अमावस्या, श्राद्धों पर 27 सितम्बर नेपाल (काठमांडू), अयोध्याजी, बनारस, इलाहाबाद, गयाजी, वृंदावन, हरिद्वार, किराया 700/- मिलें–सुमित ट्रैवल्ज़, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन-20393.

रोज़गार

भारतीय वायुसेना में पुलिस, मोटर ड्राईवर, टैलीफोन आप्रेटर, क्लर्क आदि के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता-मैट्रिक । आयु सीमा 16 से 19 वर्ष । वेतनमान 930-1150 तथा अन्य सुविधाएं । अंतिम तिथि 26.9.1988 । आवेदन-पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें । National School of Competitions, Ambala City-134 003.

आवश्यकता

Wanted Civil Engineer Diploma Holder 5 years experience with knowledge

Punjab Kesari

पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या : दो दुर्दांत आतंकवादी भिड़ंत में मारे गये

पट्टी और तरनतारन उपमंडलों में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक खोजबीन

एक आश्रयदाता द्वारा आत्महत्या, सी.आर.पी. का जवान घायल

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (वार्ता, हस): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने अलग-अलग स्थानों पर 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक दुर्दांत आतंकवादी दर्शन सिंह व एक अन्य उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । सुरक्षा बलों ने रुपये ऐंठने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के अपहरण तथा लोगों को जबरदस्त आतंकवादी संगठनों में भर्ती करने की सूचनाओं के दृष्टिगत पट्टी व तरनतारन उपमंडलों में व्यापक खोजबीन अभियान शुरू किया है । आतंकवादियों के एक कथित शरणदाता ने आत्महत्या कर ली । तरनतारन पुलिस ने अवैध हथियारों की एक फैक्टरी पकड़ने का दावा किया ।

वांछित उग्रवादी मारे गये : अमृतसर (ह.स.): गत रात थाना पट्टी क्षेत्र के गांव रामसिंहवाला में सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद हुई भीषण भिड़ंत में एक वांछित उग्रवादी दर्शन सिंह तथा एक नागरिक मारा गया । दर्शन सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित था । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः गांव में तलाशी अभियान के दौरान मिली । इस भिड़ंत में सी.आर.पी. का एक जवान छतर सिंह गम्भीर रूप से घायल हुआ। सी.आर.पी. कांस्टेबल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

गांव तत के निकट हुई मुठभेड़ में एक अन्य दुर्दान्त आतंकवादी दारा सिंह मारा गया । उक्त दोनों आतंकवादियों ने इससे पहले मेजर सिंह की हत्या कर दी थी, जिसने सुरक्षा बलों को उनके ठिकाने बताए थे ।

सी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष के अनुसार पंजाब पुलिस और सी.आर.पी. की 19वीं बटालियन को यह गुप्त सूचना मिली कि तथाकथित खालिस्तान कमांडो दस्ते के कुछ आतंकवादी जबरदस्ती गांव के युवकों को अपनी टोली में शामिल करने और एक पूजा स्थल में पैसा जमा करने की कोशिश में हैं । यह सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षा बलों के संयुक्त दल ने उस पूजास्थल पर धावा बोल दिया । पूजास्थल में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी ।

दोनों तरफ से हुई हल्की फायरिंग के बाद आतंकवादी घोड़े पर सवार होकर भाग गए । लौटते हुए सुरक्षा टुकड़ी की धान के खेत में छिपे आतंकवादियों से पुनः मुठभेड़ हो गई । उसमें गश्ती दल की गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और एक आतंकवादी घायल हो गया । अपने घायल साथी को साथ लिए आतंकवादी दोबारा घोड़े पर सवार हो गए । घटनास्थल पर आतंकवादियों द्वारा छोड़ी गई एक 303 राइफल पड़ी मिली ।

व्यापक खोजबीन : पैसों के लिए बड़ी संख्या में किए जा रहे अपहरण तथा आतंकवादियों द्वारा अपने गिरोह में की जा रही जबरन भर्ती की खबरों के दृष्टिगत सुरक्षा बलों ने तरनतारन तथा पट्टी उपमंडल में बड़े पैमाने पर नाकेबंदी अभियान शुरू कर दिया है । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उच्च स्तरीय सूत्रों के अनुसार तरनतारन के शहर तथा ग्रामीण इलाकों एवं पट्टी तथा खेमकरण क्षेत्रों के क्षेत्रीय कमांडरों को इस अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है । अभियान की संयुक्त रणनीति के अन्तर्गत क्षेत्रीय कमांडर के निर्देशन में बलों की कम्पनियां तथा पंजाब पुलिस इन क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहेगी । इन क्षेत्रों में से प्राप्त ताजा सूचना के मुताबिक आतंकवादियों के कई गिरोह बंदूक की नोक पर किसानों तथा दुकानदारों का अपहरण करके बड़े पैमाने पर धन ऐंठ रहे हैं । प्रधानमंत्री की इस महीने की 21 सितम्बर को पंजाब यात्रा के दृष्टिगत इस अभियान का महत्व बढ़ गया है। सुरक्षा कर्मी सुदूरवर्ती इलाकों में आतंकवादियों के ठिकाने पर धावे बोल रहे हैं । आतंकवादियों ने आम तौर से फार्म हाउसों को अपना शरणस्थल बना रखा है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : जिला अमृतसर के खालड़ा क्षेत्र में गत रात पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । इनके नाम बिरसा सिंह, मंगल सिंह, करनैल सिंह, हरचरण सिंह उर्फ शिंदा तथा बलकार सिंह उर्फ बघियाड़ हैं । इनसे एक चीनी राइफल, चीनी राइफल का एक भरा हुआ मैगजीन व 15 कारतूस, दो पाकिस्तान निर्मित माऊजर, एक देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

हथियार फैक्टरी पकड़ी गई : थाना खालड़ा के अन्तर्गत बान गांव में बिरसा सिंह के घर पर छापा मारकर तरनतारन पुलिस ने अवैध हथियारों की एक फैक्टरी पकड़ी । पुलिस ने भिन्न-भिन्न बोर की दो पाइपें और हथियार बनाने की अन्य सामग्री वहां से बरामद की ।

आश्रयदाता द्वारा आत्म हत्या : होशियारपुर (वार्ता): आतंकवादियों के एक कथित शरणदाता ने कल जिला होशियारपुर में अपने 'गातरे' के साथ आत्म हत्या कर ली । बलदेव सिंह नामक यह आश्रयदाता घायल हो गया था । जब उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में वह दम तोड़ गया ।

तीन की हत्या : महिला घायल : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव बैरोनंगल में गत रात लगभग 8 बजे दो सशस्त्र युवकों ने फायरिंग करके तीन युवकों की हत्या कर दी व एक महिला को गम्भीर घायल कर दिया ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि मृतकों के नाम हरजिन्दर सिंह भोला (22), सुरजीत सिंह उर्फ सेठ (35) व अजायब सिंह (32) हैं । मृतक हरजिन्दर सिंह की माता श्रीमती सविन्दर कौर गोलियां लगने से गम्भीर रूप से घायल हुई है । उसे अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । हत्यारों ने इस हत्या कांड में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की है । आतंकवादी गांव के सरपंच सतवंत सिंह की हत्या करने के उद्देश्य से आए थे लेकिन वह घर पर नहीं था जिसपर उन्होंने उसके बेटे की हत्या कर दी और अन्य दो उसे बचाते हुए मारे गए । पोस्ट मार्टम के बाद शव वारिसों को संस्कार के लिए दे दिए गए हैं ।

श्री शर्मा ने कहा कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल सुखविंद्र सिंह पप्पू गांव टडियाला नजारा व उसके सहयोगी तरसेम सिंह गांव सिधवां डोना को इस हत्या कांड में संलिप्त पाया गया है और उन्हें पकड़ने के लिए सुरक्षा बल व पुलिस उनके छिपने के स्थानों पर छापे मार रही है । कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

जिम्मेदारी ली : पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड मिला है जिस पर इसके लै. जनरल सुखविंद्र सिंह पप्पू गांव टडियाला नजारा व तरसेम सिंह गांव सिधवां डोना के हस्ताक्षर हैं । इस पर लिखा है कि इसी गांव में गत 21 अगस्त को सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में भगत सिंह व सविंदर सिंह की मौत

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अमरीकी खिलाड़ी नंग-धड़ंग धूम रहे हैं

सियोल, 16 सितम्बर : एक कोरियाई दैनिक ने अमरीकी खिलाड़ियों पर आरोप लगाया है कि वे ओलिम्पिक खेल गांव में चड्ढी और अधखुले शर्ट पहन कर कोरियाई महिला वालंटियरों के सामने अपने नंगे बदन का सरेआम प्रदर्शन कर रहे हैं ।

'हानक्योरेह शिनकन' नामक इस दैनिक के अनुसार इन अमरीकी एथलीटों के अंग-प्रदर्शन से कोरियाई महिलाओं को परेशानी हो रही है ।

शुक्रवार की रात्रि को एक ट्रक चहेड़ू के पुल से नीचे गिर कर ट्रेन की पटरियों पर जा गिरा और चकनाचूर हो गया । इसके फलस्वरूप ट्रेनों का आवागमन ठप्प हो गया । (छाया : प्यारे)

Punjab Kesari

पीएक्यू 657 का अपहरण कर ले गए । घटना के समय गुरदयाल की पत्नी कार में बैठी थी जब उग्रवादियों ने जबरदस्ती कार में घुस कर कार स्टार्ट की तो पत्नी ने कार से बाहर छलांग लगा दी । ड्राइवर जगदेव सिंह कार का हैंडल पकड़ कर थोड़ी दूर भागा पर गिर कर घायल हो गया ।

अपहरण का प्रयास था : ह.स. के अनुसार उग्रवादियों ने महिला का अपहरण करने का प्रयास किया था, जो ड्राइवर जगदेव सिंह ने विफल कर दिया । जगदेव सिंह, गुरदयाल सिंह की पत्नी को लेकर एक अस्पताल जा रहा था, जहां गुरदयाल सिंह का भाई गुरदीप सिंह भरती था । रास्ते में के.पी. बेकरी से सामान खरीदने के लिए ड्राइवर कार रोक कर अन्दर गया तो उग्रवादियों ने कार लेकर फरार होने की कोशिश की । ड्राइवर ने कार के साथ भागने की कोशिश भी की जबकि महिला कार से कूद गई ।

बाद में कार नकोदर रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उग्रवादी कार छोड़ कर भाग गए ।

निषेधाज्ञा : लुधियाना (महिन्द्रा) : जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश द्वारा पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होने, जलूस निकालने, रैलियां करने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश जिला भर में 9 नवम्बर 1988 तक लागू रहेगा ।

जिला मैजिस्ट्रेट बराड़ ने एक अन्य आदेश में जनता को अपने मोटर साईकलों पर पीला रंग करने पर भी पाबंदी लगा दी है जोकि 12 नवम्बर 1988 तक जारी रहेगी ।

फगवाड़ा (राकेश) : स्थानीय पुलिस ने गांव जगतपुर जट्टां के तीन व्यक्तियों के कत्ल के सम्बन्ध में गांव रुड़की के दो व्यक्तियों गुरदयाल सिंह व जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया, जो अदालत ने पुलिस रिमांड समाप्त होने पर अदालती रिमांड देकर जेल भेज दिया है ।

OF MANAGEMENT &
AL STUDIES,
R AHMEDPUR, SONEPAT-131001.
ON OPENS
HY (ENGLISH)
EN & WOMEN
USTRIAL TRAINING &
TION, HARYANA GOVT.)
CATION FOR ADMISSION
MATRICULATION FROM
UCATION, HARYANA, OR
NT RECOGNISED BOARD
ING ADMISSION FORM
BE OBTAINED ON ANY
EN 9.00 AM & 5.00 PM
OF THE INSTITUTE ON
THE LAST DATE FOR THE
N FORM DULY FILLED IN
INDIAN POSTAL ORDER
N IN FAVOUR OF THE
TUTE IS 20TH SEPT., 88.
SION SHALL BE HELD ON
N 8.00 A.M. & 4.00 P.M.
(KATYAL M.G.)
PRINCIPAL

इड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम महाशू राम से बदल कर वरिन्द्र ठाकुर रख लिया है, सभी नोट करें । वरिन्द्र ठाकुर सुपुत्र मोहनू उर्फ मोहन सिंह, गांव जंडवाल, तहसील पठानकोट ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 16.9.88 58/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.80 per Dozen.

कार बाज़ार

नई/पुरानी कारें और मारुति अलाटमैंट लैटर कमीशन पर खरीदने/बेचने वास्ते मिलें : न्यू बांसल कार बाज़ार, भारत नगर चौक, लुधियाना, फोन : 33080.

तीर्थ यात्रा

सोमावती अमावस्या, श्राद्धों पर 27 सितम्बर नेपाल (काठमांडू), अयोध्याजी, बनारस, इलाहाबाद, गयाजी, वृंदावन, हरिद्वार, किराया 700/- मिलें—सुमित ट्रैवल्ज, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन-20393.

गुमशुदा

एक कुत्ता (Cocker Spanial) रंग सुनहरी, कान लम्बे, कानों पर लम्बे बाल, पूछल कटी हुई



थाना सदर बटाला के गांव वैरोनंगल में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गये (1) हरजिन्दर सिंह भोला, (2) अजायब सिंह और (3) सुरजीत सिंह के शव (छाया : कोछड़)

मोदी हत्या केस

(पृष्ठ 1 का शेष)

जुलाई की रात को ही फोन पर सैयद मोदी की हत्या की सूचना संजय सिंह को दिल्ली के कर्नाटक भवन में दे दी थी ।

सी.बी.आई. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने कोहली हत्या केस को फिर से खोल लिया है । मोदी हत्या केस की तरह ही कोहली हत्या केस में भी चार अभियुक्त इस वर्ष मार्च में एक मारुति कार में राजेन्द्र कोहली के घर गए और उन पर पास से गोली चलाई । कोहली की सुन्दर बेटी अंजना को भी गोलियां लगीं और अगले दिन वह दम तोड़ गई । कोहली का बेटा दीपक भी घायल हुआ । दोनों हत्या केसों में जो सांझी चीज है वह है बैडमिंटन । सैयद मोदी की तरह दीपक भी बैडमिंटन का खिलाड़ी है और वह भी सैयद मोदी की तरह के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में प्रैक्टिस करने आया करता था । इस केस की जांच अचानक ही रोक दी गई थी और हैरानी यह है कि इसके लिए कोई कारण नहीं दिया गया था । एक और केस भी जांचकर्ताओं का ध्यान खींचने लगा है । दो वर्ष पूर्व हरियाणा की एक महिला हाकी खिलाड़ी, जो अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट में भाग लेने के.डी. बाबू स्टेडियम में आई थी, रहस्यपूर्ण ढंग से लापता हो गई थी ।

सैयद मोदी हत्याकांड के सिलसिले में गिरफ्तार जनमोर्चा नेता संजय सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई बीस सितम्बर को होगी । श्री सिंह के वकीलों के दिल्ली से यहां समय पर न पहुंचने के कारण ही सुनवाई की तिथि बढ़ाने की अनुमति मांगी थी । सुनवाई आज होना तय हुआ था । कार्यकारी सत्र-न्यायाधीश श्री आर.एन. तिवारी ने यह आदेश दिया । अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट गौर चन्द्र द्वारा जमानत याचिका नामंजूर किए जाने के बाद ही श्री संजय सिंह ने सत्र न्यायालय में याचिका दी थी ।

मैजिस्ट्रेट ने हालांकि बचाव पक्ष का यह अनुरोध नहीं माना कि जमानत याचिका पर सुनवाई की तिथि तीन सप्ताह बाद निर्धारित की जाए । इसी बीच सी.बी.आई. ने आज अदालत में अन्य अभियुक्तों अमर बहादुर सिंह, भगवती सिंह, अखिलेश सिंह तथा जितेंद्र सिंह की उंगलियों के निशान लिए । अभियोजन पक्ष की ओर से आज उच्च न्यायालय में अखिलेश सिंह द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के जवाब में प्रति शपथ-पत्र दाखिल किया गया ।

सी.बी.आई. की ओर से तर्क दिया गया कि अखिलेश सिंह को 16 अगस्त को गिरफ्तार करके 24 घंटे के अन्दर ही अदालत में पेश कर दिया गया था, इसलिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की कोई जरूरत ही नहीं है । उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति श्री सगीर अहमद तथा न्यायमूर्ति श्री वीरेन्द्र कुमार ने आवेदक को 27 सितम्बर को जवाबदावा दाखिल करने का निर्देश दिया है ।

अखिलेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमर बहादुर सिंह, भगवती सिंह की उंगलियों के निशान भी आज अदालत में लिए गए ।

रियासी व किश्तवाड़ को जिलों का दर्जा देना विचाराधीन

जम्मू, 16 सितम्बर (सच्चर): रियासी को जिला का दर्जा देने तथा वजीर आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग को लेकर किया जा रहा आंदोलन व्यापक रूप अपना रहा है । लगभग सभी विपक्षी दलों एवं सामाजिक संगठनों ने इस मांग को समर्थन देने की घोषणा की है ।

रियासी समस्या के हल के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है । इनमें एक प्रस्ताव यह भी है कि रामबन की तरह रियासी व किश्तवाड़ को भी तब तक के लिए अतिरिक्त जिला का दर्जा प्रदान कर दिया जाए जब तक मंत्रिमंडलीय उपसमिति सम्बद्ध क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श करके अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दे देती ।

अपराधों में वृद्धि

(पृष्ठ 1 का शेष)

हत्याएं कीं । जुलाई में 4 हत्याएं हुईं, उनमें से उग्रवादियों ने केवल दो ही हत्याएं कीं । अगस्त में वहां जो 4 हत्याएं हुई थीं, उनमें से उग्रवादियों ने एक भी नहीं की थी ।

वैसे यह आश्चर्य की बात है कि पंजाब पुलिस ने अभी तक इस दृष्टि से इन आंकड़ों पर विचार नहीं किया है । वस्तुतः पंजाब पुलिस का चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय उग्रवाद से सम्बन्धित अपराधों के उन्मूलन को ही इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता देता है । ऐसा लगता है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सामान्य अपराधों के आंकड़ों की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

ऐसा लगता है कि इस वर्ष के शुरू में सभी थानाध्यक्षों को इस बात के निर्देश दिए गए थे कि सामान्य अपराधों के आंकड़ों को बढ़ा कर न दिखाएं जिससे कि सामान्य अपराधों तथा उग्रवादी अपराधों को अलग-अलग रखा जा सके । पिछले कुछ वर्षों में थानों में यह प्रवृत्ति थी कि सामान्य अपराधों को भी उग्रवादी अपराधों के खाते में डाल दिया जाए जिससे कि वे इन मामलों की जांच-पड़ताल को टाल सकें या उनकी जांच-पड़ताल से बच सकें । इस प्रकार पुलिस मुख्यालय को उग्रवादी अपराधों तथा सामान्य अपराधों के आंकड़ों को अलग करने में काफी समय लग जाता था ।

मई में हुए ब्लैक थंडर आप्रेशन के बाद पंजाब में उग्रवादी अपराधों की प्रवृत्ति में आए परिवर्तन तथा सामान्य अपराधों में वृद्धि का कारण क्या है । इस बारे में कई अटकलें लगाई जा रही हैं । उग्रवादी अपराधों की प्रवृत्ति में परिवर्तन का कारण उग्रवादियों के पास हथियारों व गोला-बारूद की कमी हो जाना बताया जाता है । कुछ सूत्रों के अनुसार उग्रवादी हिंसा की कुछ बड़ी घटनाओं के बावजूद अब यह अनुभव किया जाने लगा है कि उग्रवादियों की प्रहार शक्ति में कुछ कमी आई है ।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के अनुसार पिछले सप्ताहों में उग्रवादियों से जो भी हथियार पकड़े गए हैं, वे सभी उग्रवादियों ने काफी समय पहले प्राप्त किए थे । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों को सीमा पार से मिलने वाले हथियारों में भारी कमी आई है ।

आप्रेशन ब्लैक थंडर के उपरांत पंजाब में स्थिति में जहां कुछ सुधार दिखाई दे रहा है, वहीं इस राज्य के दो सीमावर्ती पुलिस जिलों तरनतारन तथा मजीठा में स्थिति अभी भी अत्यंत गम्भीर है । सारे पटियाला रेंज (जिसमें 4 जिले आते हैं) में इस वर्ष के शुरू से लेकर हत्याओं का मासिक औसत 20 रहा है । यहां मई में आप्रेशन ब्लैक थंडर के प्रतिशोध स्वरूप उग्रवादियों ने अवश्य अधिक हत्याएं कीं । माझा क्षेत्र जिसमें अमृतसर और गुरदासपुर जिले आते हैं, में हत्याओं का औसत 114 रहा है ।

तरनतारन तथा मजीठा पुलिस जिलों में उग्रवादियों की गतिविधियों के काफी सीमा तक केंद्रित हो जाने से अधिकारियों ने उग्रवादियों के सफाए के लिए एक नई योजना बनाई थी लेकिन बाद में अंतिम क्षणों में इस योजना को छोड़ दिया गया क्योंकि अधिकारी यह अनुभव करते थे कि आप्रेशन ब्लू स्टार के उपरान्त किए गए आप्रेशन 'वुडरोज' की भांति ही अगर कोई और आप्रेशन किया गया तो उससे जनता का वह वर्ग अलग-थलग सा पड़ जाएगा जोकि अब पहले की भांति उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति नहीं रखता है ।

अमृतसर व गुरदासपुर जिलों में सीमावर्ती गांवों में पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बलों की 600 चौकियां बनाई गई हैं । इसके अलावा पुलिस ने 125 ग्रामीण सुरक्षा दस्तों को अब तक हथियार उपलब्ध करवाए हैं । पहले की भांति अब अलग-अलग लोगों को बंदूकों के लाइसैंस नहीं दिए जा रहे हैं बल्कि अब ग्रामीण, सुरक्षा दस्तों को सामूहिक रूप से हथियारों के लाइसैंस दिए जा रहे हैं । इससे कई गांवों के निवासियों का मनोबल बढ़ा है और उन्होंने पिछले कुछ सप्ताहों में सुरक्षा बलों को उग्रवाद से निपटने में सहयोग दिया है ।

इस बीच सीमावर्ती गांवों में उग्रवादियों की व्यापक रूप से धरपकड़ करने के लिए अभियान जारी है । पुलिस महानिदेशक श्री गिल का कहना है कि इस प्रकार के छापे केवल उग्रवादियों के छिपने के अड्डों के बारे में निश्चित सूचना मिलने पर ही मारे जाते हैं ।

इसके अलावा गिरफ्तार किए जाने वाले उग्रवादियों से भी उनके साथियों व उनके अड्डों के बारे में सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं । पहले उग्रवादियों से इस प्रकार की सूचनाएं मिल पाना काफी कठिन-सा होता था । पर वे अब पकड़े जाने पर यह सूचनाएं देने में ज्यादा आना-कानी नहीं करते । उदाहरण के लिए खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर अमर जीत सिंह जिसे सुरक्षा बलों ने गत माह दसूहा के निकट गिरफ्तार किया था, ने अपने साथियों के बारे में जानकारी दी । इसके परिणामस्वरूप अनेक प्रमुख उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया ।

अधिकारियों के अनुसार उग्रवादी गुटों में भी अब विभाजन होता जा रहा है । खालिस्तान कमांडो फोर्स भी अब कई गुटों में बंट गया है । अब इन उग्रवादी गुटों में आप्रेशन ब्लैक थंडर से पूर्व वाला तालमेल नहीं रह गया है ।

स्थिति अभी भी निराशाजनक

इस सब के बावजूद पंजाब में स्थिति अभी आशाजनक नहीं दिखाई देती है । अकाली शासन के 19 महीनों में जहां 73 पुलिस कर्मियों सहित 816 लोगों की हत्याएं हुई थीं, वहीं राष्ट्रपति शासन के 15 माह के दौरान उग्रवादियों ने 1995 व्यक्तियों की हत्याएं कीं । बरनाला सरकार के दौर में 130 उग्रवादी मारे गए थे । 19 मई 1987 से इस वर्ष 31 अगस्त तक राष्ट्रपति शासन के दौरान 501 उग्रवादी मारे गए । राष्ट्रपति शासन के दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों की गश्त में वृद्धि हुई और 636 मुठभेड़ें हुईं जबकि अकाली शासन के समय केवल 193 मुठभेड़ें ही हुई थीं ।

कारण व स्वरूप बदले

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस बात को स्वीकार करते हैं कि पिछले कुछ माह से उग्रवाद की प्रवृत्ति या स्वरूप में कुछ परिवर्तन हुआ है । पुलिस महानिदेशक श्री गिल का कहना है कि पंजाब में आज जो अपराध हो रहे हैं, उन्हें 'गिरोहों की गुंडागर्दी में वृद्धि' कहा जा सकता है । उनका यह भी कहना था कि अब अपराधों के लिए कारण भी बदल गए हैं । पहले जो प्रतिबद्धता या साम्प्रदायिक कट्टरता इसका कारण हुआ करती थी, वह अब काफी समाप्त हो चुकी है ।

अन्य अधिकारियों का कहना है कि उग्रवादी गिरोहों में नए रंगरूटों की भर्ती अब काफी घट गई है । उनके अनुसार आज जो अधिकांश उग्रवादी हैं, वह अब इसलिए अपराधी जीवन बिताने को मजबूर हैं क्योंकि वे विगत में अनेक जघन्य अपराध कर चुके हैं । उन्हें इस बात की आशंका है कि अगर वह आत्म-समर्पण कर देंगे या पकड़े गए तो शायद उन्हें सामान्य जीवन बिताने का अवसर न मिल सके । कुछ अन्य तस्करों से मिले हुए हैं ।

अपहरण

अब इधर उग्रवादियों द्वारा अपहरण किए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं । यह उग्रवादी अपराधों के स्वरूप में परिवर्तन का एक स्पष्ट संकेत है । लोगों को धमकी भरे पत्र भेजने व रुपए वसूलने के लिए अब उग्रवादियों को स्वर्ण मंदिर परिसर में शरण लेने की सुविधा प्राप्त नहीं है । अतः उन्होंने अब रुपए ऐंठने के लिए अपहरण का तरीका अपनाया है ।

अधिकारियों का कहना है कि अगले कुछ माह काफी नाजुक व निर्णायक होंगे । उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष में अंततः सुरक्षा बलों व जनता की ही जीत होगी ।

लाल पगड़ीधारी वर्कर...

(पृष्ठ 1 का शेष)

पंजाब यूथ इंका के अध्यक्ष श्री मनिन्दर जीत सिंह बिट्टा अमृतसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए । (छाया : ओम भंडारी)

उन्होंने बताया कि पंजाब में इस समय युवा इंका कार्यकर्त्ताओं की संख्या अढ़ाई लाख के करीब है । मैंने अमृतसर में तात्कालिक रूप से 4500 नौजवान तैयार कर लिए हैं । मैं सात-सात दिन का कैम्प लगा कर सारे पंजाब में युवा आंदोलन चलाऊंगा । श्री बिट्टा ने कहा कि 21 सितम्बर को प्रधानमंत्री सब से पहले 9 बजे गोइंदवाल साहब आएंगे । दोपहर एक बजे जालन्धर में इंका रैली को सम्बोधित करेंगे और उसके बाद जैतो जाएंगे । उनके स्वागत के लिए हजारों नहीं लाखों युवक इन स्थानों पर पहुंचेंगे ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में भ्रष्टाचार के खिलाफ भी धरनों और प्रदर्शनों के द्वारा संघर्ष किया जाएगा । श्री बिट्टा ने आई.जी. पुलिस सीमा रेंज श्री चमन लाल की प्रशंसा की कि वह गांव-गांव जाकर आतंकवाद के खिलाफ प्रचार करके लोगों को जागृत कर रहे हैं तथा आतंकवाद से पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति प्रदर्शित कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि अन्य पुलिस अधिकारियों को भी उनके चरण चिन्हों पर चलना चाहिए ।

एक ही मंच से रोडे, तल... नेताओं के परस्प...

लुधियाना, 16 सितम्बर (धीमान) : यहां से 50 किलो मीटर दूर मौज़ा जटपुरा में सन्त अजायब सिंह बोपाराय की भोग की रस्म पर अकाली दल के प्रधान ज. जगदेव सिंह तलवंडी, एकीकृत अकाली दल के नेता बाबा जोगिन्दर सिंह और इस दल के अकाल तख्त के जत्थेदार भाई जसबीर सिंह तथा कई अन्य नेताओं ने एक ही मंच से भाषण दिए । यह उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर इनके सैंकड़ों हामी संगीनों से लैस वहां मौजूद थे । इस समारोह में जो भाषण हुए, उनमें एक महत्वपूर्ण सवाल यह पैदा हो गया कि सरबत खालसा या शिरोमणि कमेटी, दोनों में से कौन सुप्रीम है ? इस समारोह में सन्त अजायब सिंह के श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया । श्री तलवंडी ने अपने भाषण में ज़ोर दिया कि सिखों में शिरोमणि कमेटी सुप्रीम है, परन्तु भाई जसबीर सिंह रोडे ने ज़ोर दिया कि सरबत खालसा सुप्रीम है और इसके फैसले अटल हैं । उन्होंने दोहराया कि दीवाली के अवसर पर अकाल तख्त पर सरबत खालसा होगा ।

अकाली दल के भू.पू. महासचिव श्री जगदेव सिंह जस्सोवाल ने इस बात पर गहरा दुख प्रकट किया कि गुरु ग्रंथ साहब की मौजूदगी में सैंकड़ों नंगी तलवारों वाले अपने-अपने नेताओं की रक्षा के लिए खड़े हैं । यह गुरु ग्रंथ साहब का अपमान है, क्योंकि ग्रंथ साहब की गोद में नंगी संगीनों की मौजूदगी ठीक

डाक्टर कुंती चड्ढा ने पद सम्भाला

जालंधर, 16 सितम्बर : स्थानीय त्यागमूर्ति गोस्वामी गणेश दत्त मिशनरी अस्पताल में अवकाश प्राप्त सी.ई.ओ. कुमारी कुन्ती चड्ढा को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है। आप ने 15 सितम्बर से अपना दायित्व सम्भाल लिया है । कुमारी चड्ढा शुरू से ही अस्पताल की सहायता करती आ रही है ।

चुनाव सूचना

'नेपाल' के अनुसार मोचपुरा बाजार शाल एसोसिएशन लुधियाना के लिए प्रधान श्री ओम चन्द गर्ग, उप-प्रधान श्री पृथीपाल गोयल, जनरल सैक्रेटरी श्री अविनाश चन्द्र, सैक्रेटरी श्री रत्न लाल गर्ग, ज्वाइंट सैक्रेटरी श्री करोड़ी राम गोयल, कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार, सहायक कोषाध्यक्ष श्री मोती लाल, प्रचार सचिव श्री अमरनाथ तथा सैक्रेटरी श्री जगमोहन सिंह चुने गए ।

शाम के भाव

Punjabi Sanatani

उग्रवादी व घुसपैठिया मुठभेड़ों में मारे गये, पंजाब में 2 हत्याएं

अपहृत मिनी बस बरामद, एक बंदी : एस.पी.ओ. फरार

चंडीगढ़, 17 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद उग्रवादियों ने पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक दर्जन के लगभग आतंकवादी और आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । एक एस.पी.ओ. हथियारों सहित फरार हो गया जबकि उग्रवादियों ने एक मिनी बस का अपहरण कर लिया जिसे बाद में बरामद कर लिया गया और इस मामले में एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया । अमृतसर जिले में एक उग्रवादी तथा फिरोजपुर जिले में एक घुसपैठिया मुठभेड़ों में मारे गए ।

ठट्ठियां में हत्या : अमृतसर (ह.स.): गत रात मजीठा पुलिस जिला के थाना लोपोके के अंतर्गत गांव ठट्ठियां में आतंकवादियों ने एक व्यापारी मनोहर लाल (40) की हत्या कर दी ।

मिनी बस का अपहरण : चार आतंकवादियों ने कल रात थाना जंडियाला के निकट खलचियां में एक मिनी बस का अपहरण कर लिया । पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर को जबरदस्ती उतार दिया तथा बस को ले उड़े । बस में कोई यात्री नहीं था ।

बस बरामद : बाद में यह बस वहां से 6 किलोमीटर दूर लोहगढ़ के पास के एक छप्पड़ से बरामद हुई । इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने दावा किया कि बटारी बस स्टैंड पर बस रुकने पर उग्रवादियों ने हथियारों की नोक पर बस से यात्री, चालक, कंडक्टर नीचे उतरवाए थे और फिर बस ले गए थे । पहले की सूचनाओं में कहा गया था कि उग्रवादी खाली बस का अपहरण कर ले गए थे ।

उग्रवादी मरा : आज रात्रि अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी दारा सिंह मारा गया ।

एस.पी.ओ. भगौड़ा हो गया : थाना लोपोके के गांव बोपाराय बाज में तैनात एक स्पैशल पुलिस अफ़सर (एस.पी.ओ.) गत रात्रि भगौड़ा हो गया । वह दो सर्विस राइफ़लें, 150 कारतूस और एक अन्य साथी के 600 रुपए ले गया । उसका नाम लखबीर सिंह बताया गया है ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा (अशोक, राकेश): गत रात्रि यहां से पांच किलोमीटर दूर गांव मेहटा के निकट एक स्कूल की इमारत के पिछवाड़े हिंसक घटनाओं की साज़िश बनाने में संलिप्त 6 उग्रवादियों को फगवाड़ा पुलिस ने दबोच लिया व उनके कब्ज़े से चार पिस्तौलें व 15 कारतूस बरामद कर लिए । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में हरजिन्दर सिंह वासी गांव नंगल फतेहखान जिला जालन्धर, जसविन्दर सिंह वासी गांव नंगल फतेहखान जिला जालन्धर, परमजीत सिंह उर्फ़ पप्पू वासी गांव संघोवाल पुलिस स्टेशन नूरमहल, गुरचरण सिंह वासी गांव सरीह पुलिस स्टेशन नकोदर, पलविंदर और दलबीर सिंह शामिल हैं । पुलिस के अनुसार इन उग्रवादियों से कड़ी पूछताछ जारी है व अनेक सनसनीखेज़ रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है । इस छापे के दौरान गांव ढक पंडोरी के तीन आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर फ़रार हो गए । पुलिस सूत्रों ने कहा कि इन आतंकवादियों के पकड़े जाने से क्षेत्र में आतंकवादी वारदातों में कमी आएगी ।

हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के ग्राम संगरावां में आज रात्रि 8 बजे 2 उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग करके जसवंत सिंह नामक एक युवक की हत्या कर दी जो कादियां से यहां अपनी ननिहाल आया हुआ था ।

के.सी.एफ़. की चेतावनी : पटियाला (भूषण): आज यहां जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति में खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल हरी सिंह बावा ने उन तत्वों को चेतावनी दी, जो के.सी.एफ़. के नाम पर धमकी-भरे पत्र लिख कर लोगों से रुपए ऐंठ रहे हैं । उन्होंने कहा कि के.सी.एफ़. का ऐसे तत्वों से कोई सम्बन्ध नहीं है और वह इन तत्वों को सज़ा देगी ।

2 गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): स्थानीय पुलिस ने दो आतंकवादियों मनविंदर सिंह उर्फ़ डिम्पल तथा इंद्र मोहन उर्फ़ शिन्नू को आतंकवादियों को आश्रय देने तथा निर्दोषों की हत्या की योजना बनाने पर गिरफ्तार किया ।

घायल कर दिया : धूरी—गत रात दो आतंकवादी यहां से तीन किलोमीटर दूर गांव जहांगीर में एक व्यक्ति करतार सिंह के घर में घुस गए और उसे व उसकी बहू अमरजीत कौर को तेज धार हथियारों से घायल करके सोने की बालियां छीन कर ले गए । घायलों को सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

स्कूटर व नकदी छीनी : तपा मंडी से 'म' के अनुसार कल शाम 6.50 बजे गांव ढिलवां के निकट उग्रवादियों ने एक डाक्टर अमरनाथ मेहता से उसका स्कूटर पी.एच.डी. 8224 तथा 900 रुपए नकद छीन लिए । डाक्टर उस समय दुकान बंद करके घर जा रहा था । पुलिस जांच कर रही है ।

पटियाला के रौसना ग्राम में पुलिस ने कालू नामक एक व्यक्ति को .303 बोर के रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

अमृतसर के सरहाली थाना के ग्राम मोहनपुर में पुलिस ने इन्द्रजीत सिंह नामक एक व्यक्ति को एक दोनाली बन्दूक के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिले की पाकिस्तान से लगने वाली सीमा पर एक पाक घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । उसके पास से .32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद हुआ ।

उग्रवादी बंदी : फिरोजपुर पुलिस ने मुदकी ग्राम के उदय सिंह के फार्म हाऊस से 3 उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

सियाचिन ग्लेशियर पर पुनः पाकिस्तानी हमले की आशंका

श्रीनगर, 17 सितम्बर (अशोक): पता चला है कि कश्मीर में स्थिति लगातार अशांत रखने के लिए पाकिस्तान इस वर्ष जाड़ा शुरू होने से पहले सियाचिन ग्लेशियर पर एक और ज़बरदस्त हमला करने जा रहा है । लेह के एक शीर्षस्थ सूत्र ने इस पत्रकार को बताया कि रणनीति से महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर पर से भारतीय सैनिकों का कब्ज़ा छीनने के लिए पाकिस्तान 'बेला फोंडला दर्रे' की ओर से हमला करेगा ।

सूत्र ने बताया कि ऊंचे पर्वतों पर युद्ध करने में निपुण पाकिस्तान की कमांडो डिवीज़न को इन दिनों सियाचिन ग्लेशियर के दूसरी ओर बहुत कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इस डिवीज़न में अधिकांश सैनिकों की भर्ती चितराल, गिलगिट, अस्तोर और पनैल क्षेत्रों से की गई है । सूत्रों ने बताया कि सियाचिन के मुद्दे पर 22 सितम्बर को दिल्ली में होने वाली भारत-पाक वार्ता को पाकिस्तान जान-बूझकर कड़ा रुख अपना कर इसे कठिन बना सकता है ।

कश्मीर में आतंकवाद की बढ़ रही समस्या की चर्चा करते हुए सूत्र ने चेतावनी दी कि आगामी महीनों में कश्मीर घाटी में और भी अधिक कष्ट अनुभव होंगे, क्योंकि आतंकवादी अपनी गतिविधियों से राज्य में अराजकता व अशांति पैदा करना चाहते हैं । सूत्र ने बताया कि पड़ोसी राज्य पंजाब की भांति कश्मीर में भी अशांति फैलाने की अपनी वृहद् योजना के अन्तर्गत ही पाकिस्तान ने कश्मीर के दो भारतीय मुसलमानों को अत्याधुनिक रूसी कलानिश्कोव राइफलों, चीनी ए.के. 47 राइफलों, विस्फोटकों तथा तोड़-फोड़ का प्रशिक्षण देकर कश्मीर में भेजा था ।

कश्मीरी युवकों को 5 व 6 के ग्रुपों में आंखों पर पट्टी बांध कर शिविरों में ले जाया गया, जहां उन्हें पाकिस्तानी सैनिक विशेषज्ञों ने आवश्यक प्रशिक्षण दिया । सूत्रों के अनुसार 18 से 30 वर्ष की आयु के लगभग 50 कश्मीरी युवक अब तक सीमा पार कर पाकिस्तान में तोड़-फोड़ का प्रशिक्षण लेने जा चुके हैं । कहा जाता है कि कश्मीर मुक्ति मोर्चा पार्टी के भूतपूर्व अध्यक्ष अमानुल्ला खां के सहयोग से यह प्रशिक्षण शिविर पाकिस्तान सैनिक अधिकारियों के प्रत्यक्ष नियंत्रण में चलाए जा रहे हैं । अमानुल्ला खां को कुछ देर पहले इंगलैंड से निकाल दिया गया था । एक दिलचस्प बात और पता चली है कि इन शिविरों में सोवियत उज़बेकिस्तान के भगौड़े सैनिकों द्वारा अफगान मुजाहिदीनों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

प्रशिक्षण के बाद इन युवकों को भारत में वापस भेजने से पहले मुफ्त हथियार दिए जाते हैं । इन हथियारों की पेशावर में भरमार है । इन हथियारों में पिस्तौलें, हथगोले, प्लास्टिक विस्फोटक पदार्थ, डैटोनेटर आदि शामिल हैं । इनके अतिरिक्त बहुत-सा भारत विरोधी साहित्य भी दिया जाता है, जिनमें इश्तहार भी हैं जिन पर इस प्रकार के नारे लिखे हैं "कश्मीर को भारत से स्वतंत्र कराने का हमारा सशस्त्र संघर्ष शुरू हो चुका है" कश्मीर के मुसलमानों एक हो जाओ और भारतीयों को कश्मीर में भगा दो ।"

छोटी सी बात

रंगा

मैं अपना मुंह अनावश्यक रूप से नहीं खोलता

—एच.एन. बहुगुणा

हां भाई साहब, वह कभी कभी ही मुंह खोलते हैं जब उन्हें अपने मतलब की बात कहनी होती है या कुछ 'निगलना' होता है ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या : एस. पी. ओज. ने 'गलती' से युवक को गोली मार दी

नवांशहर के निकट बैंक लूटने का प्रयास : स्ट्रांग रूम न खुल सका

2 पाक घुसपैठिये मारे गऐ, 9 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 18 सितम्बर (वार्ता, हस): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि विशेष पुलिस अधिकारियों ने आतंकवादी समझ कर एक व्यक्ति को गोली मार दी । होशियारपुर पुलिस ने एक 'बी' श्रेणी आतंकवादी को गिरफ्तार किया, जबकि रोपड़ पुलिस ने दो इश्तहारी अभियुक्तों समेत 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके हथियार, गोली-सिक्का तथा तीन स्कूटर बरामद किये । एक बैंक लूटने की कोशिश की गई ।

एस.पी. ओज़ ने मार डाला : नवांशहर से प्राप्त के अनुसार गांव बखलोर का हरिजन तरसेम लाल पुत्र लाहौरी राम कल आधी रात के समय गांव के सुरक्षा दस्ते (एस.पी. ओज़) की गोलियों से मारा गया । सुरक्षा दस्ते वालों का कहना है कि उन्होंने तरसेम लाल को आधी रात के समय गली में देख कर ललकार दी । उसने आवाज़ सुन कर भागने की कोशिश की, जिस पर उसे गोली मार दी गई । तरसेम लाल के घर वालों का कहना है कि राजपूतों और हरिजनों में शत्रुता के कारण तरसेम लाल की हत्या की गई है । पुलिस ने सुरक्षा दस्ते के 3 सदस्यों परमिन्दर सिंह, जसविंदर सिंह तथा सुखदेव सिंह को हिरासत में ले लिया है ।

मोटर साइकल छीना : एक अन्य सूचना के अनुसार आज प्रातः नवांशहर से दो किलोमीटर दूर गांव महालों के निकट मोटर साइकल सवार बलबीर सिंह को तीन आतंकवादियों ने घेर लिया । वह मोटर साइकल छोड़ कर कमाद के खेतों की ओर भाग गया । आतंकवादियों ने गोली मार कर उसे घायल कर दिया तथा उसका मोटर साइकल पी.ए.सी. 4085 लेकर भाग गये । बलबीर सिंह को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

फगवाड़ा से राकेश के अनुसार गत दिवस पकड़े गये 6 आतंकवादियों का अदालत ने 19 सितम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया ।

डकैती का प्रयास : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना शाहकोट के गांव उदोवाल स्थित यूको बैंक की शाखा में आध दर्जन आतंकवादियों ने चौकीदार को बांध कर डाका डालने की असफल कोशिश की और बाद में फ़रार हो गये । प्राप्त जानकारी के अनुसार आतंकवादी बैंक के पीछे की दीवार तोड़ कर इसमें दाखिल हो गये और उन्होंने पहले बैंक के चौकीदार को रस्सी से बांध दिया फिर बैंक की तलाशी ली, परन्तु वे बैंक के स्ट्रांग रूम को नहीं खोल सके और फ़रार हो गये । इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

निहंग की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव कलेरकलां में 4 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी और उसके भाई को ज़ख्मी कर दिया । जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि रात लगभग 8.30 बजे कलेरकलां निवासी गुरदीप सिंह निहंग तथा उसके परिवार के लोग अपने घर में शराब पी रहे थे कि चार आतंकवादी जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, उसके घर आए और फ़ायरिंग कर गुरदीप सिंह निहंग (35) की हत्या कर दी और उसके भाई सरबजीत सिंह को ज़ख्मी कर दिया । अन्य लोगों ने भाग कर जान बचाई । श्री दास ने बताया कि जांच करने पर पता चला है कि मृतक गुरदीप सिंह निहंग एय्याश किस्म का आदमी था । उसने अपनी पत्नी को छोड़ रखा है और एक विधवा औरत को अपने पास रखा हुआ है । उसके कई औरतों के साथ संबंध भी थे और मृतक के ज़मीन-जायदाद संबंधी कई झगड़े भी चल रहे हैं । इस बात की आशंका है कि किसी व्यक्ति द्वारा निजी दुश्मनी निकालने के लिये आतंकवादियों को किराए पर लाया गया । पुलिस इस संबंध में भी जांच कर रही है ।

इसी बीच कलानौर पुलिस ने तीन व्यक्तियों सुखदेव सिंह, नरेंद्र सिंह और सच्चा सिंह को आतंकवाद विरोधी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया है ।

गोपालपुर में हत्या : गत रात जिला पटियाला के राजपुरा सदर थाने के गांव गोपालपुर में एक व्यक्ति गुरबख्श सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : रोपड़ से दर्दी और जैन के अनुसार पुलिस ने दो घोषित अपराधियों सहित 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार व गोली-सिक्का आदि बरामद किया । सरकारी तौर पर बताया गया कि वे पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के गांव रंगीलपुर स्थित दफ्तर में डाका डालने की योजना बना रहे थे । उनके नाम रणजीत सिंह, कुलबीर सिंह, बलजिंदर सिंह, रविन्द्र और सुखदेव सिंह बताए गये हैं । उनसे विभिन्न बोर के 6 रिवाल्वर, कई कारतूस और एक अत्यन्त विस्फोटक ट्यूब बरामद की गई । पुलिस ने बताया कि कुलबीर सिंह और बलजिंदर सिंह इश्तहारी मुजरिम हैं और कई आतंकवादी अपराधों में वांछित थे ।

इनमें से रणजीत सिंह से स्कूटर नम्बर पी.बी.यू. 5028, कुलबीर सिंह से सी.एच.पी. 3168 तथा सुखदेव सिंह से स्कूटर नम्बर सी.एच.एन. 66 बरामद किया गया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर से वार्ता के अनुसार एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि पुलिस ने सज्जन सिंह नामक बी श्रेणी आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे एक पाकिस्तान निर्मित .303 बोर की राइफल व 60 कारतूस बरामद किये । उन्होंने कहा कि सज्जन सिंह ने जून-86 में सिहपुर गांव में 4 निहंगों की हत्या की थी । वह नवांशहर के पास एक ग्रंथी जोगिन्दर सिंह की हत्या में भी पुलिस को वांछित था ।

निषेधाज्ञा : फरीदकोट के डिप्टी कमिश्नर श्री गुरदेव सिंह ने धारा 144 के अंतर्गत जिला भर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दुल्हन वही जो 'पापा' मन भाये

बम्बई, 18 सितम्बर (स्टार एंड स्टाइल): [illegible] अनूप जलोटा ने इस बार अपने पापा श्री पुरुषोत्तम दास जलोटा की पसन्द की लड़की से शादी करने का फैसला कर लिया है । उनकी मंगेतर वीना [illegible] पापा जलोटा की शिष्या है । दोनों की मंगनी 25 अगस्त को एक 'सादे' समारोह में हुई, जिसमें सिर्फ 500 मेहमान उपस्थित थे । इस समारोह में सुनील गावस्कर बी.आई.पी. अतिथि [illegible] कहा जाता है कि इस समारोह में भगवान राम [illegible] गोविल भी आमंत्रित थे, परन्तु किसी [illegible] वह नहीं पहुंच सके । विवाह समारोह में [illegible] का मनोरंजन पाकिस्तान के मशहूर गज़ल [illegible] गुलाम अली करेंगे ।

अनूप जलोटा के अनुसार उनकी मंगेतर वीना, वीना की मां और दादी तीनों ही उनके पापा की शिष्याएं हैं । जब पापा ने अनूप को विवाह के लिए वीना का नाम सुझाया तो वह तुरन्त मान गए । संगीत का शौक रखने वाले लगभग सभी जानते हैं कि अनूप जलोटा ने अपने पिता की मर्जी के बिना कई साल पहले सोनाली से विवाह किया था, जिसका अन्त बम्बई की एक अदालत में तलाक के रूप में हुआ था ।

अनूप को पहली शादी असफल होने का शायद उतना खेद नहीं है, क्योंकि आजकल वह काफी प्रसन्नचित्त नज़र आते हैं । उन्होंने मज़ाक में कहा कि वीना की चौथी पीढ़ी (यानी कि उनकी अपनी पुत्री) भी उनके पापा श्री पुरुषोत्तम दास जलोटा से ही संगीत की शिक्षा लेगी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

में 5 या इससे ज्यादा लोगों को इकट्ठा होने, जलूस निकालने तथा जनसभाओं के आयोजन पर 11 नवम्बर तक प्रतिबंध लगा दिया है ।

घुसपैठिया मरा : अमृतसर (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल ने आज प्रातः अमृतसर जिला में घरेंडा थाना की सीमा चौकी रोड़ावाली के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया । बल के सूत्रों के अनुसार दो घुसपैठियों ने चुनौती दिये जाने पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से एक मारा गया तथा दूसरा वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया ।

हथियार बरामद : अमृतसर पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में मंजीत सिंह नामक एक उग्रवादी को एक ए.के. 47 राइफल, 300 गोलियों व 8 मैगज़ीनों के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

खालड़ा क्षेत्र में उग्रवादियों के एक गढ़ पर छापा मार कर आज रात्रि सुरक्षा बलों ने एक ए.के. 47 चीनी राइफल, 4 मैगज़ीन, 200 गोलियां, एक रिवाल्वर बरामद किया ।

एक और घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिला में गत रात एक सीमांत गांव में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक और पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । जवानों ने उसके कब्जे से एक हथियार बरामद किया ।

लूट लिया : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार पुरानी कचहरी के सामने वाली सड़क पर कल 3 संदिग्ध व्यक्ति आये और एक व्यापारी को पिस्तौल दिखा कर एक बी.सी.आर., एक स्टीरियो तथा स्कूटर ले गये बाद में स्कूटर बरामद हो गया ।

Punjabi Samachar

भाजपा प्रधान बाबू हिताभिलाषी, उनके ड्राइवर की हत्या : 20 को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ बंद : हत्या की सर्वत्र निंदा

पट्टी में तीन की हत्या : सब-इंस्पैक्टर ने एक उग्रवादी मार गिराया : पाक तस्कर मारा गया : 53 किलो हैरोइन बरामद : लुधियाना में डेढ़ लाख रु., रिवाल्वर, कार छीनी गई

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (वार्ता, हस.): उग्रवादियों ने आज पंजाब भाजपा अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि अन्य घटनाओं में एक उग्रवादी और एक तस्कर मारा गया । 12 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनमें भिंडरांवाले का भूतपूर्व अंगरक्षक भी शामिल है । भाजपा नेता की हत्या के विरोध में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने कल पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ बंद का आह्वान दिया है ।

हरियाणा में सतर्कता पग के तौर पर 'रैड अलर्ट' जारी कर दिया गया है तथा पुलिस को चौकस रहने का निर्देश दिया गया है ।

हिताभिलाषी की हत्या : चंडीगढ़ में आतंकवादियों ने आज एक बड़ी कार्रवाई करके भाजपा की पंजाब शाखा के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी तथा उनके ड्राइवर रणजीत सिंह की सैक्टर 11 में भाजपा कार्यालय के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि चार आतंकवादी एक कार में प्रतीक्षा कर रहे थे । जैसे ही श्री हिताभिलाषी कार्यालय से बाहर निकले और अपनी मारुति कार में बैठने ही वाले थे कि इन आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । उनका अंगरक्षक पंजाब सिंह व एक अन्य व्यक्ति गोली बारी में घायल हो गया । हमलावर अपनी कार में फरार हो गए ।

श्री हिताभिलाषी की हत्या की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पार्टी के दफ्तर के पास इकट्ठे हो गए और कुछ समय के लिए श्री हिताभिलाषी की लाश पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल ले जाने से मना कर दिया । नारेबाजी के कारण जब तनाव बढ़ गया तो सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टकड़ी मंगवाई गई, जिसके बाद ही श्री हिताभिलाषी का शव अस्पताल ले जाया जा सका। श्री हिताभिलाषी पिछले महीने ही डा. बलदेव प्रकाश के स्थान पर सर्वसम्मति से पार्टी की पंजाब शाखा के अध्यक्ष चुने गए थे । इससे पहले वे पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष थे । श्री हिताभिलाषी का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में पहले से ही था । उन्होंने अपने पहले सम्वाददाता सम्मेलन में यह आशंका प्रकट की थी कि वे ज्यादा दिन तक जीवित नहीं रह सकेंगे ।

'वार्ता' के अनुसार श्री हिताभिलाषी की हत्या सैक्टर 11 में रेहड़ी मार्केट के पास उनकी कार की रफ्तार धीमी होने पर की गई ।

गोलियों की आवाज सुनकर दुकानदार तथा रेहड़ी वाले इधर-उधर भागे । बाद में आतंक के कारण अपनी दुकानें बंद करके चले गए । इसके पश्चात् शहर में अधिकांश मार्केटें इस हत्याकांड के विरुद्ध रोष स्वरूप बंद हो गईं ।

श्री के.एल. मनचंदा के बाद श्री हिताभिलाषी चंडीगढ़ में आतंकवादियों की गोलियों का शिकार होने वाले भाजपा के दूसरे प्रमुख नेता हैं । पंजाब में भाजपा के उपाध्यक्ष श्री खुशी राम शर्मा और हरबंस लाल खन्ना भी आतंकवादियों की गोली का शिकार हो चुके हैं । श्री हिताभिलाषी 1977 में पंजाब में अकाली-जनता सरकार में मंत्री रह चुके हैं ।

वैन बरामद : चंडीगढ़ पुलिस ने बाद में दावा किया कि उसने आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त वैन सैक्टर 23 में बरामद कर ली है । वैन पर गोली का एक निशान है तथा इसकी खिड़की का एक शीशा टूटा हुआ है ।

पुलिस द्वारा बरामद की गई वैन का नम्बर पी.ए.पी. 2967 है । वैन में से चली हुई गोलियों के कुछ खोल भी मिले हैं । पुलिस हत्यारों का पता लगाने के लिए कुत्ता स्क्वैड का इस्तेमाल कर रही है ।

वि.प्र. के अनुसार चंडीगढ़ की सभी राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने एक लिखित बयान में इस बात पर गहरा दुःख व्यक्त किया कि चंडीगढ़ पुलिस विशेष रूप से आई.जी. पुलिस और पुलिस स्टेशन सैक्टर 11 के एस.एच.ओ. ने श्री हिताभिलाषी को सुरक्षा प्रदान करने में लापरवाही दिखाई । इन नेताओं का कहना है कि बाबू हिताभिलाषी ने स्वयं आई.जी. पुलिस श्री बी.एन. सिंह से भेंट करके उन्हें कहा था कि वे सैक्टर 11 में स्थित भाजपा कार्यालय पर सुरक्षा की व्यवस्था करें, लेकिन खेद की बात है कि पुलिस ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप श्री हिताभिलाषी की हत्या कर दी गई । भाजपा पंजाब के कार्यालय मंत्री राज भाटिया का कहना है कि हमने आई.जी. पुलिस चंडीगढ़ को लिख कर भी दिया था कि वह हमारी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सशस्त्र गार्ड तैनात करे परन्तु इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई । श्री भाटिया के अनुसार लगभग एक महीना पहले बाबू हिताभिलाषी के पंजाब भाजपा का प्रधान चुने जाने के एक दिन बाद कुछ शरारती लोग हमारे दफ्तर के आसपास देखे गए थे और हमने इस बारे में चंडीगढ़ पुलिस को विधिवत सूचना दी थी ।

पुलिस विरोधी नारे : इसी मध्य आज यहां जब बाबू हिताभिलाषी का शव पार्टी कार्यालय से उनके निवास स्थान सैक्टर 21 ले जाया जा रहा था तो कुछ नौजवानों ने गुस्से में आकर पुलिस के विरुद्ध नारे लगाए । नौजवानों ने कुछ दुकानों के शीशे भी तोड़ डाले ।

अंतिम संस्कार : बाबू हिताभिलाषी का अंतिम संस्कार कल 20 सितम्बर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा । उनकी अर्थी का जलूस सैक्टर 21, चंडीगढ़ से चलेगा । श्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित भाजपा के अनेक प्रमुख नेता चंडीगढ़ पहुंच गए हैं ।

बाबू हिताभिलाषी अपने पीछे पत्नी और 5 लड़के छोड़ गए हैं । वह भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे। 1977 के विधान सभा चुनाव में वह भटिंडा निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे ।



बम की अफवाह : आज बाद दोपहर चंडीगढ़ के सैक्टर 23 के पुलिस थाने में किसी ने टैलीफोन पर कहा कि अमुक स्थान पर ब्रीफ केस पड़ा है तथा उसमें बम है । स्पैशल स्क्वैड ने मौके पर पहुंचकर ब्रीफ केस बरामद कर लिया जो कि बिल्कुल खाली निकला ।

कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने आज कहा कि गत रात खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक कट्टर आतंकवादी महेंद्र सिंह मेहता को गिरफ्तार करके उसके बताने पर चौक मैहता क्षेत्र के एक गांव में से बड़ी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का पकड़ा गया । सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष के अनुसार महेंद्र सिंह किसी समय जरनैल सिंह भिंडरांवाले का अंगरक्षक रहा है । उसके बताने पर बरामद हुए हथियारों में चार ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 10 भरे हुए मैगज़ीन तथा लगभग 600 कारतूस शामिल हैं ।

सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष के अनुसार इस आतंकवादी को अमृतसर-मैहता चौक रोड पर गांव चब्बा के निकट पकड़ा गया । वह एक ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहा था । जब सी.आर.पी. की नाका पार्टी ने उसे रुकने के लिए कहा तो वह ट्रैक्टर से छलांग लगाकर भाग निकला । सुरक्षा बलों ने उसका पीछा करके उसे काबू कर लिया ।

उग्रवादी मारा गया : गत रात्रि 4 उग्रवादी एक सब इंस्पैक्टर पुलिस दीदार सिंह के घर में घुस गए । सब इंस्पैक्टर ने उन पर गोली चला दी जिससे एक उग्रवादी मारा गया तथा तीन अन्य फरार होने में सफल हो गए ।

3 की हत्या : अमृतसर (ह.स.): आज रात्रि यहां से 55 किलोमीटर दूर पट्टी में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से कम से कम 3 लोग मारे गए व एक घायल हो गया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ए.के.-47 राइफलों से चार उग्रवादियों ने घाटी बाजार में मंदिर के पास अंधाधुंध फायरिंग की । घटना के समय दुकानें बंद हो रही थीं । सतनाम सिंह व बलदेव सिंह नामक दो व्यक्ति मौके पर ही दम तोड़ गए जबकि तीसरे की मृत्यु अस्पताल में हुई ।

एक घायल का नाम विजय कुमार बताया गया है ।

डेढ़ लाख रुपए लूटे : लुधियाना में आज दिन-दिहाड़े अर्बन एस्टेट जमालपुर में चार सशस्त्र आतंकवादियों ने शराब के एक ठेकेदार गुरमिंदर सिंह उर्फ भोला के घर में डाका डाला तथा 1½ लाख रुपया व रिवाल्वर ले गए । आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखा कर घर के सभी लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया । उन्होंने नकदी व रिवाल्वर अलमारी से निकाल लिए और जाती बार उनकी की फ़ैक्टरी पकड़ी थी । यह व्यक्ति रासुका के अंतर्गत भी नज़रबंद रहा है । जब श्री दरबारा सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने स्वयं छापा मार कर उसकी नकली सीमैंट तैयार करने की भी एक फैक्टरी पकड़ी थी ।

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार आज पुलिस ने लुधियाना शहर से दो आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ़ रौंकी तथा मनिंदर सिंह उर्फ़ लाडी और जिला के गांव लसराड़ी से 5 आतंकवादी महिंद्र सिंह उर्फ़ कक्की, मेवा सिंह, तरसेम सिंह, रेशम सिंह और सुखदेव सिंह गिरफ्तार किए हैं । एस.एस.पी. श्री समेध सिंह सैनी ने बताया कि यह आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित हैं तथा क्षेत्र में लूटमार की योजना बना रहे थे । उनके कब्ज़े से यह हथियार बरामद हुए : 2 दोनाली बंदूकें, एक पिस्तौल. 12 बोर, एक पिस्तौल 38 बोर, एक रिवाल्वर .32 बोर । इसके अतिरिक्त एक मोपेड पी.सी.एफ. 1060, एक स्कूटर नम्बर सी.सी.एन. 153 बरामद हुआ । स्कूटर दो-तीन मास हुए लुधियाना थाना सदर के क्षेत्र में छीना गया था । इस गिरोह ने लुधियाना शहर में, थाना सदर क्षेत्र में एक और साहनेवाल में 8 डाके मारे । लुधियाना की आबादी सुन्दर नगर में 14.7.88 को राजीव कुमार की हत्या की थी । 5 मास पहले माडल टाऊन क्षेत्र से एक मारुति कार छीनी थी । अप्रैल-1988 में नगर निगम का 3 लाख रुपया छीना था व दो कांस्टेबलों की हत्या की थी । उन्होंने लुधियाना, बम्बई और अहमदाबाद में लूटमार की 10 वारदातें की थीं ।

4 गिरफ्तार : फिरोज़पुर (बागी) : फिरोज़पुर पुलिस ने के.सी.एफ. के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इस गिरोह का सरगना सुरेन्द्र सिंह छिंदा था, जो कि गत सप्ताह मठभेड़ में मारा गया था । एस.पी. मुख्यालय श्री जी.एस. ग्रेवाल ने बताया कि नाकेबंदी के दौरान शनिवार को पकड़े गए चार आतंकवादियों में उदय सिंह गांव मदकी, दर्शन सिंह, संतोख सिंह तथा गुरदीप सिंह (सभी लोहम निवासी) शामिल हैं । उनसे एक 12 बोर की बंदूक, दो पिस्तौल, गोली-सिक्का व एक चोरी शुदा मोटर साइकल बरामद हुआ । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे घाल खुर्द क्षेत्र में डकैती की योजना बना रहे थे ।

सरहिंद में पुनः फायरिंग : सरहिंद से राकेश के अनुसार आज जब सरहिंद गोलीकांड के बाद बंद रहने के उपरांत बाजार दूसरे दिन खुले, तभी दोपहर 12.10 बजे कुछ उग्रवादी अनाज मंडी क्षेत्र में फायरिंग करके भाग गए । फायरिंग की आवाज सुन कर पुलिस, सी.आर.पी. व होमगार्डों ने तत्काल ही जवाबी हवाई फायरिंग की तथा घटनास्थल की ओर गए तब तक उग्रवादी फरार हो चुके थे । 12.10 से 1.25 बजे दोपहर तक

चंडीगढ़ के शिक्षण संस्थान आज बंद रहेंगे

चंडीगढ़, 19 सितम्बर : चंडीगढ़ प्रशासन ने अपने क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान, स्कूल, कालेज, तकनीकी शिक्षा संस्थान आदि कल बुधवार को बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं ।

Punjab Sahitya

...संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्त्ता पार्टी के ...र के पास इकट्ठे हो गए और कुछ समय के लिए ...श्री हिताभिलाषी की लाश पोस्ट मार्टम के लिए ...अस्पताल ले जाने से मना कर दिया । नारेबाजी के ...कारण जब तनाव बढ़ गया तो सुरक्षा बलों की ...अतिरिक्त टकड़ी मंगवाई गई, जिसके बाद ही श्री ...हिताभिलाषी का शव अस्पताल ले जाया जा सका । ...श्री हिताभिलाषी पिछले महीने ही डा. बलदेव प्रकाश ...के स्थान पर सर्वसम्मति से पार्टी की पंजाब शाखा के ...अध्यक्ष चुने गए थे । इससे पहले वे पंजाब भाजपा ...के उपाध्यक्ष थे । श्री हिताभिलाषी का नाम ...आतंकवादियों की हिट लिस्ट में पहले से ही था । ...उन्होंने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में यह ...आशंका प्रकट की थी कि वे ज्यादा दिन तक जीवित

चंडीगढ़ के शिक्षण संस्थान आज बंद रहेंगे

चंडीगढ़, 19 सितम्बर : चंडीगढ़ प्रशासन ने अपने क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान, स्कूल, कालेज, तकनीकी शिक्षा संस्थान आदि कल मंगलवार को बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं ।

वाक-आऊट

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (वार्ता): मानहानि विधेयक वापस लेने का आश्वासन नहीं देने पर पत्रकारों ने आज यहां केंद्रीय मंत्री जगदीश टाइटलर के संवाददाता सम्मेलन से वाक-आऊट किया ।

सोमवार को उग्रवादियों ने पंजाब भाजपा के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी की चंडीगढ़ में हत्या कर दी । (1) मारुति वैन में श्री हिताभिलाषी व ड्राइवर के शव, (2) श्री हिताभिलाषी का पार्थिव शरीर (इन्सैट में) पुराना चित्र, (3) मारुति वैन की गोलियों से छलनी विंड स्क्रीन । (छाया : पुरी)

एक सब इंस्पैक्टर पुलिस दीदार सिंह के घर में घुस गए । सब इंस्पैक्टर ने उन पर गोली चला दी जिससे एक उग्रवादी मारा गया तथा तीन अन्य फरार होने में सफल हो गए ।

3 की हत्या : अमृतसर (ह.स.): आज रात्रि यहां से 55 किलोमीटर दूर पट्टी में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से कम से कम 3 लोग मारे गए व एक घायल हो गया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ए.के.-47 राइफलों से चार उग्रवादियों ने घाटी बाजार में मंदिर के पास अंधाधुंध फायरिंग की । घटना के समय दुकानें बंद हो रही थीं । सतनाम सिंह व बलदेव सिंह नामक दो व्यक्ति मौके पर ही दम तोड़ गए जबकि तीसरे की मृत्यु अस्पताल में हुई ।

एक घायल का नाम विजय कुमार बताया गया है ।

डेढ़ लाख रुपए लूटे : लुधियाना में आज दिन-दिहाड़े अर्बन एस्टेट जमालपुर में चार सशस्त्र आतंकवादियों ने शराब के एक ठेकेदार गुरमिंदर सिंह उर्फ भोला के घर में डाका डाला तथा 1½ लाख रुपया व रिवाल्वर ले गए । आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखा कर घर के सभी लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया । उन्होंने नकदी व रिवाल्वर अलमारी से निकाल लिए और जाती बार उनकी मारुति कार भी ले गए, लेकिन कार थोड़ी दूर खड़ी मिल गई । बताया जाता है कि कार को कोई दुर्घटना पेश आई थी अतः लुटेरे उसे छोड़ कर फ़रार हो गए ।

उल्लेखनीय है कि गत 21 जुलाई को पुलिस ने छापा मार कर भोला की नकली शराब तैयार करने

...की हत्या की थी । ... अहमदाबाद में लूटमार की 10 वारदातें की थीं ।

4 गिरफ्तार : फिरोज़पुर (बागी) : फिरोज़पुर पुलिस ने के.सी.एफ. के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इस गिरोह का सरगना सुरेन्द्र सिंह छिंदा था, जो कि गत सप्ताह मुठभेड़ में मारा गया था । एस.पी. मुख्यालय श्री जी.एस. ग्रेवाल ने बताया कि नाकेबंदी के दौरान शनिवार को पकड़े गए चार आतंकवादियों में उदय सिंह गांव मुदकी, दर्शन सिंह, संतोख सिंह तथा गुरदीप सिंह (सभी लोहम निवासी) शामिल हैं । उनसे एक 12 बोर की बंदूक, दो पिस्तौल, गोली-सिक्का व एक चोरी शुदा मोटर साइकल बरामद हुआ । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे घाल खुर्द क्षेत्र में डकैती की योजना बना रहे थे ।

सरहिंद में पुनः फायरिंग : सरहिंद से राकेश के अनुसार आज जब सरहिंद गोलीकांड के बाद बंद रहने के उपरांत बाजार दूसरे दिन खुले, तभी दोपहर 12.10 बजे कुछ उग्रवादी अनाज मंडी क्षेत्र में फायरिंग करके भाग गए । फायरिंग की आवाज सुन कर पुलिस, सी.आर.पी. व होमगार्डों ने तत्काल ही जवाबी हवाई फायरिंग की तथा घटनास्थल की ओर गए तब तक उग्रवादी फरार हो चुके थे । 12.10 से 1.25 बजे दोपहर तक गोलियां चलती रहीं । डी.एस.पी. राजपाल सिंह ने बताया कि एक होमगार्ड से अचानक गोली चल गई थी । वीर देवेन्द्र सिंह अपने गनमैन के साथ भी घटनास्थल पर पहुंचे ।

एक घायल चल बसा : सरहिंद गोलीकांड का एक और घायल रूप लाल आज राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला में दम तोड़ गया ।

हैरोइन बरामद, 1 मारा गया : जालन्धर से वार्ता के अनुसार गत रात जिला अमृतसर में थाना घरेंडा की सीमा चौकी रत्तन खुर्द के क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल ने एक तस्कर को मार गिराया तथा 53 किलोग्राम हैरोइन बरामद की जिसका अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य 53 करोड़ रुपए बनता है । सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने मृत तस्कर की शिनाख्त सुबेग सिंह के रूप में की । उन्होंने कहा कि जब सीमा सुरक्षा बल ने चार तस्करों को चुनौती दी तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग से उनमें एक मारा गया जबकि तीन अन्य हैरोइन के पैकेट छोड़ कर पाकिस्तान क्षेत्र में भाग गए ।

हत्या की कड़ी निन्दा : चंडीगढ़ (वि.प्र, ह.स., वार्ता): आल इंडिया भाजपा के उपाध्यक्ष श्री बलदेव प्रकाश, पंजाब मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी सचिव का. गुरचरण सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के कार्यकारी सचिव का. जोगेंद्र भसीन, अकाली दल (ल) के महामंत्री मनजीत सिंह खैरा, पंजाब जनता पार्टी के उपाध्यक्ष श्री मुबारिक सिंह ने एक संयुक्त वक्तव्य में श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा की है । उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना सरकार के दावों को प्रकट करती है और राज्य में स्थिति की नाजुकता को

(शेष पृष्ठ 6 पर)

...उसके ऊपर गिर पड़ा और सुरेश गोली लग... गया । बाबू हिताभिलाषी वैन की अगली... बैठे थे जबकि गनमैन पंजाब सिंह व सुरे... पिछली सीट पर बैठे थे । वैन को रंजीत... रहा था । सुरेश कुमार को सिर्फ छर्रे लगे...

राजीव द्वारा हिताभि... की हत्या की कड़ी नि...

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (ह.स.): प्र... श्री राजीव गांधी ने भाजपा पंजाब ... श्री हिताभिलाषी की नृशंस हत्या पर ग... व्यक्त किया है । उन्होंने एक शोक संदेश ... कि मैं इस घटना की कड़ी निन्दा करता हूं ... शोक संतप्त परिवार के साथ गहरी सम्वेद... करता हूं । श्री गांधी ने कहा है कि स... हिताभिलाषी को सबसे अच्छी श्रद्धांजलि ... कि साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखा जाए ... की उग्रवाद के विरुद्ध लड़ने की इच्छा को ... जाए ।

जनता पार्टी के भूतपूर्व अध्यक्ष चंद्र शे... हिताभिलाषी की कायरतापूर्ण हत्या की क... निन्दा की है । उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हि... देश के एक समर्पित सामाजिक तथा राजनै... थे । वह मेरे व्यक्तिगत मित्र थे । मुझे य... गहरा सदमा पहुंचा है कि उनके जैस... व्यक्तित्व पंजाब में फैले पागलपन ... हुआ । उन्होंने दिवंगत नेता के परिवार ... के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की है ...

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ... साहनी ने हिताभिलाषी की हत्या पर ... व्यक्त करते हुए कहा कि इससे राज्यपाल ... का खोखलापन सिद्ध हो गया है कि पंजाब ... ठीक हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब प्रशास... से विफल हो रहा है और इससे लोगों में ... भावना बढ़ रही है ।

भाजपा के प्रधान श्री लाल कृष्ण ... भूतपूर्व अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपे... हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा ... स्थिति नियंत्रण में होने के सरकार के... खोखला बताया है ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि इस घटना ... हो गया है कि आतंकवादी किसी भी जगह ... समय, जिसको चाहे अपना निशाना बना ... उन्होंने कहा कि हिताभिलाषी एक... कार्यकर्त्ता थे और उनकी मृत्यु से पार्टी ... क्षति पहुंची है लेकिन इसके बावजूद आत... अलगाववाद के विरुद्ध संघर्ष के पार्टी ... कमी नहीं आएगी ।

मेरे भाई को अपनी पत्नी की तरफ से हत्या की आशंका थी : रेखा

लुधियाना, 19 सितम्बर (महिन्द्रा): जालन्धर दूरदर्शन की भू.पू. एनाऊंसर कर्मजीत कौर के विरुद्ध अपने पति की हत्या करने के आरोप में एक और मुकद्दमे की सुनवाई हो रही है । ज्ञात हुआ है कि यह मुकद्दमा उसकी ननद श्रीमती रेखा पंडित ने अपने वकील श्री सर्वजीत सिंह के मार्फ़त दायर कर रखा है । यह मुकद्दमा भी जुडीशियल मैजिस्ट्रेट ... श्री जे.पी. मैहमी की अदालत में है और इस ... तक श्रीमती रेखा पंडित, जो दूरदर्शन की भू.पू. एनाउंसर कर्मजीत कौर के पति ललित कुमार की बहन है और एक कालेज लैक्चरार है, का बयान अदालत ने कलमबद्ध किया है और उसके अतिरिक्त ... व कुछ अन्य गवाहों की शहादतें रिकार्ड की जा चुकी हैं ।

श्रीमती रेखा पंडित ने अपने मुकद्दमे में बयान दिया है कि मेरे भाई का प्रेम-विवाह अभियुक्ता कर्मजीत कौर से हुआ था, जिसे 24 मई, 1986 के ... कत्ल कर दिया गया । इस विषय में प्राथमिक रिपोर्ट केवल घरेलू नौकर सोहन लाल के विरुद्ध ही दर्ज कराई गई । दोनों पति-पत्नी के सम्बन्ध जल्द ही खराब हो गए थे । मेरा भाई उसे दूरदर्शन की नौकरी छोड़ने पर विवश करता था ताकि कर्मजीत ... उसकी 'निगरानी' में रहे । हत्या से एक वर्ष ... मेरे भाई ने जीवन के बारे में सावधानी प्रयोग करनी आरम्भ कर दी थी । वह अन्दर से दरवाजा बंद करके एक कमरा में अकेले सोता था । उसने दो ... भी पाल रखे थे । एक चौकीदार भी घर के ... के रूप में नौकरी करता था । सारी रात कोठी के बाहर तेज़ लाइटें भी चलती रहती थीं । इसलिए किसी को बाहर से कोठी के अन्दर प्रवेश करना सम्भव नहीं था । इसलिए घर में केवल कर्मजीत कौर, उसकी चार वर्षीया बच्ची और घरेलू नौकर सोहन लाल ही रहते थे । मुकद्दमे में यह भी दर्ज किया गया है कि पुलिस ने घरेलू नौकर सोहन लाल को गिरफ्तार कर लिया, परन्तु दूरदर्शन की भू.पू. एनाऊंसर कर्मजीत कौर अपने बयान से मुकर गई । आखिर घरेलू नौकर को सत्र न्यायाधीश की अदालत से उम्रकैद की सज़ा हो गई, परन्तु वह हाईकोर्ट से बरी हो गया ।

मुकद्दमे में आरोप लगाया गया है कि कर्मजीत कौर इस हत्या में शामिल थी, इसलिए उसके विरुद्ध एक्शन लिया जाए ।

इस मुकद्दमे के अतिरिक्त पुलिस ने भी कर्मजीत कौर को अपने पति ललित कुमार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर रखा है और वह ज़मानत पर रिहा है । अब उसका मुकद्दमा 28 सितम्बर के लिए स्थगित किया गया है, क्योंकि अदालत ने सैशन जज की अदालत से यह फ़ाईल तलब की है । दूसरे मुकद्दमे की सुनवाई 22 अक्तूबर पर स्थगित है जिस दिन गवाहों की शहादतें लिखी जाएंगी ।

उमरानंगल के शांति मार्च का कार्यक्रम

पूरक परीक्षाओं के लिए रोल नम्बर भेज दिए गए

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (वि.प्र.): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक, सीनियर सैकेण्डरी सर्टीफिकेट भाग-I तथा भाग-II की आगामी 17 अक्तूबर से शुरू हो रही पूरक परीक्षाओं के संदर्भ में बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा है कि इन परीक्षाओं के सभी उम्मीदवारों को रोल नम्बर भेज दिए गए हैं तथा जिन को रोल नम्बर न मिले हों, वे इस बारे 23 व 26 सितम्बर को बोर्ड के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं ।

प्रवक्ता के अनुसार बोर्ड ने 100 परीक्षा केंद्र बनाए हैं तथा सभी केंद्र स्कूलों में बनाए गए हैं क्योंकि विश्वविद्यालयों की पूरक परीक्षाएं भी होने वाली हैं । मैट्रिक तथा +1 की परीक्षाएं प्रातः के सत्र में तथा +2 की परीक्षा सायं कालीन सभा में होंगी ।

रामाराव के दामाद की पुनर्नियुक्त निलंबित

हैदराबाद, 19 सितम्बर (वार्ता): आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने प्रदेश के मुख्य मंत्री एन.टी. रामाराव के दामाद एन. चन्द्र बाबू नायडू को आंध्रप्रदेश कृषक परिषद् का अध्यक्ष दोबारा नियुक्त करने सम्बन्धी राज्य सरकार के आदेश को निलम्बित कर दिया है । न्यायमूर्ति उपेन्द्र लाल ने यह आदेश भारतीय कृषक समाज के सदस्य श्री पेड्डी रेड्डी चेंगल रेड्डी द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई के बाद जारी किया । याचिका में श्री नायडू की नियुक्ति की वैधता को चुनौती दी गई

मैं उद्घाटन के मूड में आया था अब दुःखी हृदय से लौट रहा हूं : रे

अमृतसर, 19 सितम्बर : राज्यपाल पंजाब ने आज आतंकवादियों की गतिविधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का सरकार का संकल्प दोहराया क्योंकि इसके बिना पंजाब का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता । श्री एस.एस. रे, राज्यपाल पंजाब ने आज अमृतसर में पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा स्थापित बनावटी अंग बनाने के एक केंद्र का उद्घाटन किया । यह केंद्र उन कृषि श्रमिकों और किसानों को बनावटी अंग प्रदान करेगा जो कृषि मशीनरी पर काम करते हुए अंगहीन हो गए थे ।

अपने सम्बोधन के मध्य श्री रे को श्री हिताभिलाषी (पंजाब के भूतपूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की राज्य यूनिट के अध्यक्ष) की मृत्यु का समाचार सुन कर अत्यधिक दुःख हुआ । श्री रे ने कहा कि मैं केंद्र का उद्घाटन करने के मूड में अमृतसर आया था परन्तु अब दुःखी हृदय से वापिस जा रहा हूं । उन्होंने कहा कि श्री हिताभिलाषी बहुत अच्छे व्यक्ति एवं समाज सेवक थे, जिन्होंने सदा ही निर्धनों के लिए काम किया । उन्होंने प्रश्न किया कि आतंकवादी क्यों भोले-भाले लोगों और सामाजिक नेताओं का कत्ल कर रहे हैं ? विश्व-भर में सिख समुदाय को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है परन्तु आतंकवादी उनका और पंजाब राज्य दोनों की छवि को गंदा कर रहे हैं ।

इससे पूर्व राज्यपाल महोदय ने उन 34 किसानों और कृषि श्रमिकों को 2.25 लाख रुपए के चैक भेंट किए जो कृषि मशीनरी पर काम करते हुए अंगहीन हो गए थे । श्री एम.एस. गिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव पंजाब ने इस अवसर पर कहा कि अंगहीन होने वाले सभी किसानों एवं श्रमिकों को बनावटी अंग प्रदान करने के सभी प्रबन्ध किए गए हैं । ऐसे ही दो और केंद्र पटियाला और भटिंडा में लगाए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों की आय 1200 रुपए मासिक तक है, को मुफ्त नकली अंग लगाए जाएंगे और जिनकी आय 1200 से 2500 रुपए मासिक है, को 50% व्यय लेकर

दुर्घटनाओं में अंगहीन होने वालों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए सोमवार को अमृतसर में राज्य स्तरीय शिविर शुरू हुआ, इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे अंगहीनों को कृत्रिम अंग प्रदान करते हुए ।

राज्यपाल की सभा में पत्रकारों द्वारा प्रोटैस्ट

पंजाब सरकार द्वारा बिदर में हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त

चंडीगढ़, 19 सितम्बर : पंजाब सरकार ने बिदर (कर्नाटक) के गुरु नानक इंजीनियरिंग कालेज में हुई कुछ दुखद घटनाओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है । सरकार ने अपनी इस चिन्ता से बंगलौर में ...

जनता पार्टी का ... टलने के आसा...

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (वि.स.): ... के संकट के फिलहाल टल जाने की सम... जानकार सूत्रों के अनुसार चंद्रशेखर ग... 23 को दिल्ली में बुलाई जा रही संसदी... राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठकें रद्द की ... इसी तरह से हेगड़े गुट द्वारा बंगलूर में ... सितम्बर को होने वाला विशेष ...



अटारी सैक्टर में बी.एस.एफ. जवानों द्वारा तस्करों से पकड़ी गई 53 किलो हैरोइन का निरीक्षण करते हुए बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री राजगोपालन । इस हैरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 53 करोड़ रुपए कीमत आंकी जाती है । (छाया : ओम भंडारी)

हिताभिलाषी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताती है । प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के अवसर पर यह एक बहुत बड़ी उत्तेजनात्मक कार्रवाई हैं । श्री हिताभिलाषी पृथकतावाद और उग्रवाद के कट्टर विरोधी थे ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल, उपमुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष मूल चंद जैन और मुख्य संसदीय सचिव श्री धीरपाल ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए इस बात पर दुःख व्यक्त किया है कि केंद्रीय सरकार अब तक कोई ठोस पग नहीं उठा सकी, जिसके परिणाम स्वरूप असंख्य निर्दोषों की जानें जा चुकी हैं । हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री डा. कमला वर्मा और राज्यमंत्री सीता राम सिंगला को जब श्री हिताभिलाषी की हत्या का पता चला तो वे तत्काल पी.जी.आई. चले गए ।

सिटीजन्स कौंसिल चंडीगढ़ के प्रधान श्री सत पाल गुप्ता ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

जनमोर्चा चंडीगढ़ के नेता श्री आफताब राय मैनी, जनता पार्टी पंजाब के प्रधान कृपाल सिंह, उपप्रधान शिव कंवर सिंह संधू और महामंत्री ज्ञान चंद ने अलग-अलग वक्तव्यों में बाबू हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए उनके परिवार से हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की है तथा कहा है कि सरकार लोगों की जान-माल की रक्षा में पूर्णतया असफल रही है । उन्होंने राज्यपाल श्री रे और उनके सलाहकार श्री रिबैरो से त्यागपत्र देने की मांग की ।

पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष श्री सरजीत सिंह मिन्हास ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है और कहा है कि उनका पंजाब के राजनीतिक जीवन में योगदान सदैव याद रखा जाएगा ।

श्री बलवंत सिंह (अकाली दल), श्री जगन्नाथ कौशल और श्रीमती गुरबिन्द्र कौर बराड़, पं. मोहन लाल (इंका), बलराम जी दास टंडन (भाजपा) ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा की है तथा कहा है कि प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के दृष्टिगत बाबू हिताभिलाषी की हत्या होना यह प्रकट करता है कि कुछ शक्तियां इस दौरे को तारपीडो करना चाहती हैं । यूथ फैडरेशन पंजाब के महामंत्री श्री तारा सिंह संधू ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है । हिन्दू शिव सेना चंडीगढ़ ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

हरियाणा कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बलबीर पाल शाह और अकाली दल (फेरूमान धड़े) के महंत सेवादास ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है । महंत सेवादास ने फरीदकोट से फोन पर 'वार्ता' से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे पंजाब में गड़बड़ पूर्ण स्थिति का सामना करने के लिए पंजाब में सेना तैनात करें । उन्होंने उग्रवादियों के साथ कड़ाई से निपटने की मांग की ।

अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलदेव प्रकाश ने हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि उनकी मृत्यु से राज्य ने शांति और सद्भाव का मुख्य स्तम्भ खो दिया है । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बलदेव चावला ने भी इस हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

होशियारपुर (अश्विनी) : होशियारपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री भाग्य चंद्र शर्मा, भाजपा नेताओं श्री रमेश जालम, श्री धर्म पाल सम्बवाल, श्री हरीश चन्द्र धवन, श्री खरैती लाल, इंका सांसद श्री कमल चौधरी, जिला लोकदल (ब) अध्यक्ष श्री इन्द्रजीत सैनी, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेताओं तथा अन्य ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलियां भेंट की हैं ।

फगवाड़ा (कौड़ा) : जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राम स्वरूप अरोड़ा की अध्यक्षता में आज जिला भारतीय जनता पार्टी की एक आपातकालीन शोक सभा हुई, जिसमें ब्लाक के अध्यक्ष श्री जगदीश वीर, महासचिव बलभद्र, सचिव तिलक राज कलूचा, उपाध्यक्ष बख्शीश सिंह, ख्याल चन्द, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रजिन्दर चड्ढा ने श्री हिताभिलाषी की हत्या पर गहरा शोक प्रकट करते हुए पंजाब को तुरंत सेना के सुपुर्द करने की मांग की है । जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री राम स्वरूप आरोड़ा ने केंद्र सरकार से पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे, रिबैरो व श्री के.पी.एस. गिल को तत्काल पंजाब से वापस बुलाने व पंजाब का नियंत्रण तत्काल सेना को देने की मांग की ।

पता नहीं कहां किसकी मौत हो जाए : लुधियाना (धीमान) : 'हम एक लाइन में लगे हुए हैं । पता नहीं किस घड़ी, कहां, किसकी मौत आ जाए ।' यह शब्द भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रधान श्री हिताभिलाषी के हैं, जो उन्होंने अपने जीवन के आखिरी भाषण में कहे थे । यद्यपि आज उग्रवादियों की गोलियों ने उनकी हत्या कर दी है, मगर इस भाषण में कहे उनके ये शब्द 'हम उग्रवाद एवं पृथकतावाद के विरुद्ध अपनी लड़ाई रक्त की अंतिम बूंद तक जारी रखेंगे' हमेशा ही पंजाब के युवकों के कानों में गूंजते रहेंगे और साथ ही उनके अधूरे छोड़े काम को पूर्ण करने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे ।

स्वर्गीय श्री हिताभिलाषी भाजपा के स्थानीय नेता श्री सतपाल गोसाईं की माता श्रीमती करतार देवी की मौत पर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करने गत बीरवार को यहां आए थे । अपने भाषण में उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिंदगी की कोई परवाह नहीं लेकिन देश की एकता और अखंडता के लिए लड़ाई हमें हर कीमत पर जारी रखनी है । इसके लिए हम सबको मिल कर कोशिश करनी होगी । देश के टुकड़े करने वाले पृथकतावादी रुझान को ही खत्म करना होगा । आज यहां श्री हिताभिलाषी की हत्या की खबर सुनकर शहर में भाजपा की तीन शोक सभाएं हुईं जिनमें पार्टी के प्रदेश प्रधान की हत्या की कड़ी निंदा की गई ।

एक बैठक में भाजपा जिला शहरी के प्रधान चौधरी सत प्रकाश, दूसरी देहाती जिला श्री बलबीर सिंह कपिला और तीसरी जनता युवा मोर्चा की श्री सुनील मेहरा की अध्यक्षता में हुई । इन बैठकों में मांग की गई कि पंजाब को तुरंत सेना के हवाले किया जाए । एक प्रस्ताव द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कहा है कि पंजाब की तमाम फोर्सिस इस वक्त प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पंजाब में आमद पर स्वागत की तैयारी कर रही है । इसलिए उग्रवादियों को मनमानी करने की खुली छूट दे दी गई है ।

अमृतसर (नारंग) : राष्ट्रीय सुरक्षा समिति श्री दर्यांना तीर्थ के अनेक धार्मिक, सामाजिक-राष्ट्रवादी संस्थाओं की आज यहां एक आपात् बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला ने की । बैठक में पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से पंजाब प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की आलोचना की गई व इस हत्या को केंद्र सरकार के माथे पर कलंक का टीका बताया गया । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा द्वारा कल बीस सितम्बर को पंजाब बंद का जो आह्वान किया गया है, उसे पूर्ण समर्थन दिया जाएगा ।

अमृतसर (वि.प्र.): श्री हिताभिलाषी की हत्या के संबंध में आज यहां बाद दोपहर राजनीतिक दलों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें भाजपा के हीरानंद स्वामी, हरीश तनेजा, इंका के श्री पृथी पाल सिंह (भूतपूर्व विधायक), कम्युनिस्ट पार्टी के का. प्रद्युम्न सिंह, मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी के श्री विजय मिश्रा, जनता पार्टी के बलदेव सिंह चौहान आदि शामिल हुए । बैठक में श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की गई । बैठक में बंद का समर्थन किया गया ।

शांति समिति किला भंगियां अमृतसर के उपप्रधान श्री फूलचंद गांधी ने भी एक वक्तव्य में श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा करते हुए अभियुक्तों को तुरन्त पकड़ने की मांग की है ।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस यूथ (इ) के प्रधान श्री मनिन्द्रजीत सिंह बिट्टा ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

जालन्धर (ह.स.): भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सचिव वैद्य ओम प्रकाश दत्त, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ठाकर गणपत राय, जगदीश नारायण एवं भाजपा नेता डा. राजेन्द्र सेन छाबड़ा, जगन्नाथ गोयल, मदन मोहन अग्रवाल, केवल कृष्ण, कृष्ण

एच.एम.वी.
पेश करते हैं

अटारी सैक्टर में बी.एस.एफ. जवानों द्वारा तस्करों से पकड़ी गई 53 किलो हैरोइन का निरीक्षण करते हुए बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री राजगोपालन । इस हैरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 53 करोड़ रुपए कीमत आंकी जाती है । (छाया : ओम भंडारी)

हिताभिलाषी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताती है । प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के अवसर पर यह एक बहुत बड़ी उत्तेजनात्मक कार्रवाई हैं । श्री हिताभिलाषी पृथकतावाद और उग्रवाद के कट्टर विरोधी थे ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल, उपमुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष मूल चंद जैन और मुख्य संसदीय सचिव श्री धीरपाल ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए इस बात पर दुःख व्यक्त किया है कि केंद्रीय सरकार अब तक कोई ठोस पग नहीं उठा सकी, जिसके परिणाम स्वरूप असंख्य निर्दोषों की जानें जा चुकी हैं । हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री डा. कमला वर्मा और राज्यमंत्री सीता राम सिंगला को जब श्री हिताभिलाषी की हत्या का पता चला तो वे तत्काल पी.जी.आई. चले गए ।

सिटीजन्स कौंसिल चंडीगढ़ के प्रधान श्री सत पाल गुप्ता ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

जनमोर्चा चंडीगढ़ के नेता श्री आफताब राय मैनी, जनता पार्टी पंजाब के प्रधान कृपाल सिंह, उपप्रधान शिव कंवर सिंह संधू और महामंत्री ज्ञान चंद ने अलग-अलग वक्तव्यों में बाबू हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए उनके परिवार से हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की है तथा कहा है कि सरकार लोगों की जान-माल की रक्षा में पूर्णतया असफल रही है । उन्होंने राज्यपाल श्री रे और उनके सलाहकार श्री रिबैरो से त्यागपत्र देने की मांग की ।

पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह मिन्हास ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है और कहा है कि उनका पंजाब के राजनीतिक जीवन में योगदान सदैव याद रखा जाएगा ।

श्री बलवंत सिंह (अकाली दल), श्री जगन्नाथ कौशल और श्रीमती गुरबिन्द्र कौर बराड़, पं. मोहन लाल (इंका), बलराम जी दास टंडन (भाजपा) ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा की है तथा कहा है कि प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के दृष्टिगत बाबू हिताभिलाषी की हत्या होना यह प्रकट करता है कि कुछ शक्तियां इस दौरे को तारपीडो करना चाहती हैं । यूथ फैडरेशन पंजाब के महामंत्री श्री तारा सिंह संधू ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है । हिन्दू शिव सेना चंडीगढ़ ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

हरियाणा कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बलबीर पाल शाह और अकाली दल (फेरूमान धड़े) के महंत सेवादास ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है । महंत सेवादास ने फरीदकोट से फोन पर 'वार्ता' से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे पंजाब में गड़बड़ पूर्ण स्थिति का सामना करने के लिए पंजाब में सेना तैनात करें । उन्होंने उग्रवादियों के साथ कड़ाई से निपटने की मांग की ।

अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलदेव प्रकाश ने हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि उनकी मृत्यु से राज्य ने शांति और सद्भाव का मुख्य स्तम्भ खो दिया है । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बलदेव चावला ने भी इस हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

होशियारपुर (अश्विनी) : होशियारपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री भाग्य चंद्र शर्मा, भाजपा नेताओं श्री रमेश जालम, श्री धर्म पाल सभ्रवाल, श्री हरीश चन्द्र धवन, श्री खरैती लाल, इंका सांसद श्री कमल चौधरी, जिला लोकदल (ब) अध्यक्ष श्री इन्द्रजीत सैनी, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेताओं तथा अन्य ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलियां भेंट की हैं ।

फगवाड़ा (कौड़ा) : जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राम स्वरूप अरोड़ा की अध्यक्षता में आज जिला भारतीय जनता पार्टी की एक आपातकालीन शोक सभा हुई, जिसमें ब्लाक के अध्यक्ष श्री जगदीश वीर, महासचिव बलभद्र, सचिव तिलक राज कलूचा, उपाध्यक्ष बख्शीश सिंह, ख्याल चन्द, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रजिन्दर चड्ढा ने श्री हिताभिलाषी की हत्या पर गहरा शोक प्रकट करते हुए पंजाब को तुरंत सेना के सुपुर्द करने की मांग की है । जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री राम स्वरूप आरोड़ा ने केंद्र सरकार से पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे, रिबैरो व श्री के.पी.एस. गिल को तत्काल पंजाब से वापस बुलाने व पंजाब का नियंत्रण तत्काल सेना को देने की मांग की ।

पता नहीं कहां किसकी मौत हो जाए : लुधियाना (धीमान) : 'हम एक लाइन में लगे हुए हैं । पता नहीं किस घड़ी, कहां, किसकी मौत आ जाए ।' यह शब्द भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रधान श्री हिताभिलाषी के हैं, जो उन्होंने अपने जीवन के आखिरी भाषण में कहे थे । यद्यपि आज उग्रवादियों की गोलियों ने उनकी हत्या कर दी है, मगर इस भाषण में कहे उनके ये शब्द 'हम उग्रवाद एवं पृथकतावाद के विरुद्ध अपनी लड़ाई रक्त की अंतिम बूंद तक जारी रखेंगे' हमेशा ही पंजाब के युवकों के कानों में गूंजते रहेंगे और साथ ही उनके अधूरे छोड़े काम को पूर्ण करने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे ।

स्वर्गीय श्री हिताभिलाषी भाजपा के स्थानीय नेता श्री सतपाल गोसाईं की माता श्रीमती करतार देवी की मौत पर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करने गत वीरवार को यहां आए थे । अपने भाषण में उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिंदगी की कोई परवाह नहीं लेकिन देश की एकता और अखंडता के लिए लड़ाई हमें हर कीमत पर जारी रखनी है । इसके लिए हम सबको मिल कर कोशिश करनी होगी । देश के टुकड़े करने वाले पृथकतावादी रुझान को ही खत्म करना होगा । आज यहां श्री हिताभिलाषी की हत्या की खबर सुनकर शहर में भाजपा की तीन शोक सभाएं हुईं जिनमें पार्टी के प्रदेश प्रधान की हत्या की कड़ी निंदा की गई ।

एक बैठक में भाजपा जिला शहरी के प्रधान चौधरी सत प्रकाश, दूसरी देहाती जिला श्री बलबीर सिंह कपिला और तीसरी जनता युवा मोर्चा की श्री सुनील मेहरा की अध्यक्षता में हुई । इन बैठकों में मांग की गई कि पंजाब को तुरंत सेना के हवाले किया जाए । एक प्रस्ताव द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कहा है कि पंजाब की तमाम फोर्सिस इस वक्त प्रधान मंत्री राजीव गांधी की पंजाब में आमद पर स्वागत की तैयारी कर रही है । इसलिए उग्रवादियों को मनमानी करने की खुली छूट दे दी गई है ।

अमृतसर (नारंग) : राष्ट्रीय सुरक्षा समिति श्री दुर्गयाना तीर्थ व अनेक धार्मिक, सामाजिक राष्ट्रवादी संस्थाओं की आज यहां एक आपात् बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला ने की । बैठक में पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से पंजाब प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की आलोचना की गई व इस हत्या को केंद्र सरकार के माथे पर कलंक का टीका बताया गया । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा द्वारा कल बीस सितम्बर को पंजाब बंद का जो आह्वान किया गया है, उसे पूर्ण समर्थन दिया जाएगा ।

अमृतसर (वि.प्र.): श्री हिताभिलाषी की हत्या के संबंध में आज यहां बाद दोपहर राजनीतिक दलों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें भाजपा के हीरानंद स्वामी, हरीश तनेजा, इंका के श्री पृथी पाल सिंह (भूतपूर्व विधायक), कम्युनिस्ट पार्टी के का. प्रद्युम्न सिंह, मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी के श्री विजय मिश्रा, जनता पार्टी के बलदेव सिंह चौहान आदि शामिल हुए । बैठक में श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की गई । बैठक में बंद का समर्थन किया गया ।

शांति समिति किला भंगियां अमृतसर के उपप्रधान श्री फूलचंद गांधी ने भी एक वक्तव्य में श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा करते हुए अभियुक्तों को तुरन्त पकड़ने की मांग की है ।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस यूथ (इ) के प्रधान श्री मनिन्द्रजीत सिंह बिट्टा ने भी श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

जालन्धर (ह.स.): भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सचिव वैद्य ओम प्रकाश दत्त, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ठाकर गणपत राय, जगदीश नारायण एवं भाजपा नेता डा. राजेन्द्र सेन छाबड़ा, जगन्नाथ गोयल, मदन मोहन अग्रवाल, केवल कृष्ण, कृष्ण लाल ढल्ल, सुरेन्द्रनाथ मुरगई, शिव शर्मा शुक्ला, सरदूल सिंह, हरीश सैनी, नरेश गुलाटी, मनोरंजन कालिया, विनोद शर्मा, बृजेश चोपड़ा और देवेन्द्र मोदगिल ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है । भाजपा वर्करों की ठाकर गणपत राय की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में श्री हिताभिलाषी को भावभीनी श्रद्धांजलियां भेंट की गईं । कल काले बिल्ले लगाने का भी निर्णय किया गया ।

करतारपुर (साहनी): पंजाब भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य श्री जुगल महाजन ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

बंद का आह्वान :भारतीय जनता पार्टी पंजाब के अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी की हत्या के विरोध में विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों ने कल पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा बंद का आह्वान किया है । बंद का आह्वान करने वाले संगठनों में दुकानदारों से अपील की कि वे कल शांतिपूर्ण रहते हुए बंद में शामिल हों । श्री गुप्ता ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा करते हुए रहस्योद्घाटन किया है कि चंडीगढ़ प्रशासन ने राजधानी के कई नेताओं को दिए गए गनमैन वापस ले लिए हैं । इन नेताओं को उग्रवादियों की ओर से धमकियां मिलती रहती हैं ।

बार एसोसिएशन की हड़ताल : पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय की बार एसोसिएशन ने श्री हिताभिलाषी की हत्या की निन्दा करते हुए कल हड़ताल करने का निर्णय किया है ।

हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री मंगल सेन और महामंत्री श्री अमरनाथ शास्त्री ने श्री हिताभिलाषी की हत्या के विरोध में बीस सितम्बर को हरियाणा बंद का आह्वान किया है ।

दि. श. के अनुसार श्री हिताभिलाषी की हत्या के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए दिल्ली भाजपा ने 21 सितम्बर को राष्ट्रपति भवन तक शोक मौन जलूस निकालने की घोषणा की है । श्री वाजपेयी और श्री साहनी आज चंडीगढ़ रवाना हो गए ।

श्री हिताभिलाषी की हत्या पर राजधानी में गहरा क्षोभ व्यक्त किया जा रहा है ।

दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री मदन लाल खुराना की अध्यक्षता में हुई प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में श्री हिताभिलाषी की हत्या के लिए केंद्र व पंजाब प्रशासन को दोषी ठहराया गया ।

लिंक मार्गों की मुरम्मत मार्केटिंग बोर्ड करेगा : गिल

गुरदासपुर, 19 सितम्बर (विनोद): पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मनोहर सिंह गिल ने गत दिवस यहां बताया कि प्रदेश में इस समय जो 28000 किलोमीटर लम्बे सम्पर्क मार्ग हैं, उनकी मुरम्मत का काम 1990 के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा । वे यहां विकास भवन का शिलान्यास करने के उपरान्त जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि दस हजार किलोमीटर सड़कों की मुरम्मत का काम अगले वर्ष जून तक कर दिया जाएगा । इस कार्य के लिए इस वर्ष 45 करोड़ रुपए रखे गए हैं, जबकि अगले वर्ष 55 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि यह सारी राशि पंजाब मार्केटिंग बोर्ड द्वारा खर्च की जाएगी । उन्होंने कहा कि बजट में इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है । उन्होंने कहा कि इन सभी सड़कों की मुरम्मत यूरोपीय पद्धति से की जाएगी । उन्होंने कहा कि इससे लगभग तीस प्रतिशत की बचत होगी ।

श्री गिल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से कहा गया है कि वह शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में राजमार्गों व अन्य सड़कों की मुरम्मत का काम रात्रि में करें जिस समय कि उन सड़कों पर यातायात कम होता है ।

श्री गिल ने भूमि विकास बैंक के ऋणों के वितरण में होने वाली अनियमितताओं का उल्लेख किया तथा कहा कि इन अनियमितताओं को दूर किया जाएगा । उन्होंने कहा कि ऋणों के वितरण में किसी भी प्रकार के दलालों या बैंक के कर्मचारियों द्वारा कमीशन लेने की बात को सहन नहीं किया जाएगा ।

उत्पादन का पूरा मूल्य मिले तो हर उपज में पंजाब प्रथम होगा

बटाला, 19 सितम्बर (चौधरी): यदि केंद्र सरकार पंजाब के किसान को उसके उत्पादन की पूरी कीमत दे और इस बात की गारंटी दे कि उसकी पूरी फसल को खरीद लिया जाएगा तो पंजाब गेहूं व चावल की भांति उपज के हर क्षेत्र में देश का प्रथम राज्य बन जाएगा । यह बात कल बटाला से 15 किलो मीटर दूर गांव घनियां के बांगड़ में स्थित पशु खुराक कारखाने के दूसरे यूनिट का उद्घाटन करते हुए पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एम.एस. गिल ने कही ।

राजीव का पंजाब दौरा कागजी ही सिद्ध होगा : भंडारी

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (दि.श.): भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सुन्दर सिंह भण्डारी ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पंजाब की प्रस्तावित यात्रा को कागजी अभियान की संज्ञा देते हुए आज यहां कहा कि विपक्षी दलों तथा पंजाब के नेताओं को विश्वास में लिए बिना प्रधानमंत्री अपना पिटारा खोल कर जो भी घोषणाएं करेंगे, वे सिर्फ 'लौली पौप' ही साबित होंगी ।

श्री भण्डारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मिजोरम में जो फैसला किया था, उसकी विफलता किसी से छिपी नहीं है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने सलाहकारों के माध्यम से कुछ लोगों से गुपचुप बात की है जिससे बात सिरे चढ़ना कठिन है । पहले भी तो लौंगोवाल समझौता हुआ था, जोकि पूरी तरह विफल रहा था ।

श्री भण्डारी ने कहा कि उग्रवाद को दबाने के लिए यदि अभी सेना का प्रयोग नहीं किया गया तो कब होगा ? उन्होंने कहा कि उग्रवाद को पूरी तरह दबाए बगैर यदि पंजाब में विधानसभा के चुनाव कराए गए तो यह परीक्षण भी विफल होगा ।

यदि राजीव गांधी पंजाब समस्या हल करना चाहते हैं तो सही मन से करें ।

2 पुलिस कर्मियों सहित 4 की हत्या : 14 उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 20 सितम्बर (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला रोपड़ में एक पुलिस पार्टी पर हमला करके दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या कर दी, जबकि दो अन्य को घायल कर दिया । जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । तरनतारन में उग्रवादियों के हाथों घायल एक व्यक्ति की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस व सुरक्षा बलों ने पंजाब के विभिन्न स्थानों से 14 उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया ।

जिला जालंधर में उग्रवादियों ने गोलियां मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया ।

रोपड़(बस): माछीवाड़ा से नाकाबंदी के बाद लौट रही पुलिस पार्टी पर बेला गांव के निकट हमला करके उग्रवादियों ने दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या कर दी जबकि दो अन्य को घायल कर दिया । एस.एस.पी. श्री चन्द्रशेखर के अनुसार उग्रवादी छोटे पुल के नीचे घात लगाए बैठे थे । रात लगभग साढ़े नौ बजे जब पांच पुलिस कर्मचारियों में से दो मोटरसाइकिल पर और होमगार्ड के दो जवानों सहित तीन अन्य पैदल पुल के पास पहुंचे तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी ।

श्री शेखर ने बताया कि हैडकांस्टेबल रामजी दास और कांस्टेबल राम सिंह इस फायरिंग में मारे गए, जबकि होमगार्ड का जवान गुरबख्श सिंह और पुलिस कांस्टेबल पवित्र सिंह घायल हो गए । गुरबख्श सिंह को पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है । श्री शेखर ने बताया कि उग्रवादी साइकिलों पर आए थे और फायरिंग के बाद पैदल चले गए । घटनास्थल से तीन साइकिल बरामद हुए हैं ।

श्री शेखर ने बताया कि दो पुलिस कांस्टेबलों ने जवाबी फायरिंग की । वारदात के लगभग दस मिनट में दूसरी पुलिस पार्टी ने उग्रवादियों का पीछा किया परन्तु वे अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए । मृत पुलिस कर्मचारियों के शव पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिए गए हैं । उनका अंतिम संस्कार उनके गांवों में पुलिस सम्मान के साथ किया जाएगा ।

उग्रवादी हैडकांस्टेबल की स्टेनगन और कांस्टेबल की 303 बोर की राइफल भी ले गए । श्री शेखर ने बताया कि चमकौर साहब के निकटवर्ती गांवों में पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया है । उन्होंने इस क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियां बढ़ने पर चिन्ता व्यक्त की । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब उग्रवादी घुस आए हैं और इसके दृष्टिगत सुरक्षा के प्रबन्ध कड़े किए गए हैं ।

छः गिरफ्तार : इसी बीच रोपड़ पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान तीन उग्रवादियों और तीन शरणदाताओं को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार उग्रवादी मेजर सिंह (रतनगढ़), भूपेन्द्र सिंह उर्फ बिंदी उर्फ गोखा (चमकौर साहब) और जसवंत सिंह (बहरामपुर जिला होशियारपुर) हैं, जबकि शरणदाताओं में गुरप्रीत सिंह उर्फ नंका (धन्नौरी), देवेन्द्र सिंह बब्बर (खुडी मलकपुर) और तेजपाल सिंह (बाबू माजरा) को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

रोपड़ पुलिस ने रंजीत सिंह, कलबीर सिंह, बलजिन्दर सिंह, रविन्दर सिंह, सुखदेव सिंह नामक पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी संख्या में हथियार बरामद किए गए । दो अन्य रविन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह पंजाब बिजली बोर्ड का कार्यालय लूटने की तैयारी कर रहे थे ।

संदिग्ध महिला हिरासत में : मोहाली (नवांशहर): निकटवर्ती गांव बलोंगी तथा उनगढ़ में पंजाब पुलिस की एक पार्टी ने छापा मार कर एक संदिग्ध महिला तथा एक युवक को हिरासत में ले लिया । इस महिला ने कुछ ही दिन पहले बलोंगी में मकान किराया पर लिया था । पता चला है कि आतंकवादियों से सम्बन्ध होने की सूचना पर इस महिला को हिरासत में लिया गया । उसे पूछताछ के लिए पटियाला ले जाया गया है ।

गनमैन खतरे से बाहर : चंडीगढ़ से 'संपी' के अनुसार स्वर्गीय नेता हिताभिलाषी का गनमैन पंजाब दास, जो गत दिवस उग्रवादियों की गोली से गंभीर रूप से घायल हो गया था, की हालत अब खतरे से बाहर है । चंडीगढ़ पुलिस इस वारदात में संलिप्त उग्रवादियों का पता लगाने में अभी तक सफल नहीं हो सकी । जिन लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए गत दिवस हिरासत में लिया गया था, में से भी अधिकांश को आज छोड़ दिया गया ।

इसी बीच यह भी पता चला है कि उग्रवादियों ने इस वारदात के बाद जो सफेद रंग की मारुति वैन यहां के 23 सैक्टर में लावारिस पड़ी कब्जे में ली थी, पर लगा नम्बर पी.सी.पी. 2367 किसी स्कूटर का है । कार के मालिक का पता लगाने के लिए एक पुलिस पार्टी अम्बाला भेजी गई है ।

घायल चल बसा : अमृतसर (ह.स.): पुलिस जिला तरनतारन के पट्टी में गत सायं उग्रवादियों की गोली से घायल विजय कुमार की गत रात यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

एक की हत्या : बाबा बकाला सब-डिविजन के सठियाला गांव में उग्रवादियों ने मोहिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एस.पी.ओ. बंदी : अमृतसर के मजीठा क्षेत्र की पुलिस ने एक एस.पी.ओ. अजीत सिंह को पद छोड़ कर भाग जाने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है । वह 4 दिन पूर्व बोपाराय में अपनी चौकी छोड़ कर 2 सरकारी राइफलों व 150 गोलियों के साथ भाग गया था ।

'रैयों में जसवाल' के अनुसार यह वारदात रात लगभग 11 बजे हुई । महेन्द्र सिंह उस समय अपने ट्यूबवैल पर जा रहा था कि सड़क किनारे धान के खेत में बैठे उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग कर दी । महेन्द्र सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । गुनक पुलगार गनगन सबरग भी था । गांवों के अनुसार हत्या का कारण आपसी पार्टीबाजी भी हो सकता है ।

एक गिरफ्तार : खालड़ा पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है ।

बसों पर प्रतिबंध : आज सायं जारी एक आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने अमृतसर जिला में बसें चलाए जाने संबंधी लगाई अपनी पाबंदी के आदेश में संशोधन करते हुए सभी रूटों पर सायं छः से प्रातः छः बजे तक बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । पहले सायं सात बजे के बाद और प्रातः साढ़े पांच बजे से पूर्व बसें चलाने पर पाबंदी थी । यह आदेश तुरंत लागू हो गया है ।

दो गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके .38 बोर के दो रिवाल्वर और एक फियेट कार बरामद की है । इन उग्रवादियों की शिनाख्त हरप्रीत सिंह उर्फ रोकी और मोहिंदर सिंह उर्फ लाडी के रूप में की गई है ।

कांस्टेबल मरा : कपूरथला (ह.स.): यहां पुलिस स्टेशन में अचानक बंदक चल जाने से कांस्टेबल सुखबीर सिंह की मृत्यु हो गई, जबकि उसके पास बैठा एक अन्य कांस्टेबल हरबंस सिंह घायल हो गया ।

पुलिस पर आक्रमण : बटाला (कोछड़): खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से इसके लैफ्टिनैंट जनरल सुखविंदर सिंह पप्पू का हस्ताक्षरयुक्त एक प्रैस नोट पत्रकारों को भेजा गया है, जिसमें लिखा है कि गत दिवस खालिस्तान कमांडो फोर्स की इसके प्रमुख भाई सुखदेव सिंह झामके के नेतृत्व में एक बैठक करके सुरक्षा बलों व पुलिस की कार्यप्रणाली को विफल बनाने की योजना बनाई गई । अब इन पर हमले किए जाएंगे । मुखबिरों व भ्रष्ट पुलिस कर्मचारियों की नई हिटलिस्ट भी तैयार की गई है । बैठक में लैफ्टिनैंट जनरल भाई गुरजंट सिंह राजस्थानी, तरसेम सिंह कपूरथला, सुखविन्दर सिंह पप्पू व लखविंदर सिंह लक्खा और अन्य ने भाग लिया ।

जीप पर फायरिंग, एक मरा : जालंधर (ह.स.): थाना नकोदर जिला जालंधर के गांव बल के निकट आज रात्रि उग्रवादियों के एक गिरोह द्वारा एक जीप पर की गई फायरिंग से एक व्यक्ति मारा गया और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई ।

मृत व्यक्ति का नाम अजीत सिंह बताया गया है । घायलों में गुरदेव सिंह सिद्धू, तीर्थ सिंह, मतनाम सिंह, रेशम सिंह, जसविंदर सिंह शामिल हैं ।

इंका की प्रचार जीप थी : बताया जाता है कि यह इंका की प्रचार जीप थी जिससे कल की प्रधानमंत्री राजीव गांधी की यात्रा के सम्बन्ध में प्रसारण किया जा रहा था । घायलों में से एक गुरदेव सिंह लैंड मार्गेज बैंक के भू.पू. चेयरमैन हैं और जालंधर इंका देहाती के महासचिव हैं ।

एक गिरफ्तार : पटियाला (ह.स.): पुलिस ने एक उग्रवादी मेहर सिंह को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया है ।

चार गिरफ्तार : बाघापुराना (मिनस्र): यहां के निकटवर्ती गांव पक्षी के निकट पुलिस ने छापा मार कर तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनकी शिनाख्त चरन सिंह, अच्छर सिंह और बलबीर सिंह के रूप में की गई है । ये तीनों गांव भिंडा के निवासी हैं । उनके कब्जे से एक एकनाली की बंदूक, दो पिस्तौल, दो हजार रुपए नकद और छः हजार रुपए मूल्य का सामान बरामद हुआ । यह सामान उन्होंने गांव महलवाला के सुरेन्द्र कुमार से छीना था ।

पुलिस ने एक अन्य उग्रवादी भूपेन्द्र सिंह (तूत) को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक दोनाली बंदूक और एक हथगोला बरामद हुआ है । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसने उग्रवाद की कई वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया है ।

इंका के दो गुटों में झगड़ा, 5 घायल

श्रीनगर, 20 सितम्बर (वार्ता): आज इंका के दो प्रेक्षकों, बिहार के भू.पू. मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र तथा गुजरात इंका के अध्यक्ष अहमद पटेल की उपस्थिति में इंका के दो गुटों में खासा झगड़ा हो गया जिसमें पांच लोग घायल हो गए ।

छोटी सी बात

रंगा

भाई साहब काश वह एक 'विनम्र राजनीतिज्ञ' नहीं होते । शायद तब उनकी अपनी पार्टी की एकता व अन्य समस्यायें अपने आप हल हो जातीं ।

Punjab Samachar

2 पुलिस कर्मियों सहित 4 की हत्या : 14 उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 20 सितम्बर (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला रोपड़ में एक पुलिस पार्टी पर हमला करके दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या कर दी, जबकि दो अन्य को घायल कर दिया । जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । तरनतारन में उग्रवादियों के हाथों घायल एक व्यक्ति की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस व सुरक्षा बलों ने पंजाब के विभिन्न स्थानों से 14 उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार कर लिया ।

जिला जालंधर में उग्रवादियों ने गोलियां मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया ।

रोपड़ (ह.स.): माछीवाड़ा से नाकाबंदी के बाद लौट रही पुलिस पार्टी पर बेला गांव के निकट हमला करके उग्रवादियों ने दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या कर दी जबकि दो अन्य को घायल कर दिया । एस.एस.पी. श्री इन्द्रशेखर के अनुसार उग्रवादी छोटे पुल के नीचे घात लगाए बैठे थे । रात लगभग साढ़े आठ बजे जब पांच पुलिस कर्मचारियों में से दो मोटरसाइकिल पर और होमगार्ड के दो जवानों सहित तीन अन्य पैदल पुल के पास पहुंचे तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी ।

श्री शेखर ने बताया कि हैडकांस्टेबल रामजी दास और कांस्टेबल राम सिंह इस फायरिंग में मारे गए, जबकि होमगार्ड का जवान गुरबख्श सिंह और पुलिस कांस्टेबल पवित्र सिंह घायल हो गए । गुरबख्श सिंह को पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है । श्री शेखर ने बताया कि उग्रवादी साइकिलों पर आए थे और फायरिंग के बाद पैदल चले गए । घटनास्थल से तीन साइकिल बरामद हुए हैं ।

श्री शेखर ने बताया कि दो पुलिस कांस्टेबलों ने जवाबी फायरिंग की । वारदात के लगभग दस मिनट में दूसरी पुलिस पार्टी ने उग्रवादियों का पीछा किया परन्तु वे अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए । मृत पुलिस कर्मचारियों के शव पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिए गए हैं । उनका अंतिम संस्कार उनके गांवों में पुलिस सम्मान के साथ किया जाएगा ।

उग्रवादी हैडकांस्टेबल की स्टेनगन और कांस्टेबल की 303 बोर की राइफल भी ले गए । श्री शेखर ने बताया कि चमकौर साहब के निकटवर्ती गांवों में पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया है । उन्होंने इस क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियां बढ़ने पर चिन्ता व्यक्त की । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब उग्रवादी घुस आए हैं और इसके दृष्टिगत सुरक्षा के प्रबन्ध कड़े किए गए हैं ।

छः गिरफ्तार : इसी बीच रोपड़ पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान तीन उग्रवादियों और तीन शरणदाताओं को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार उग्रवादी मेजर सिंह (रतनगढ़), भूपेन्द्र सिंह उर्फ भिंदी उर्फ घोखा (चमकौर साहब) और जसवंत सिंह (बहरामपुर जिमींदारा) हैं, जबकि हरनेक सिंह उर्फ नेका (धन्नौरी), देवेन्द्र सिंह बब्बर (खेड़ी सलवातपुर) और तेजपाल सिंह (भाकू माजरा) को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

रोपड़ पुलिस ने रंजीत सिंह, कलबीर सिंह, बलजिन्दर सिंह, रविन्दर सिंह, सुखदेव सिंह नामक पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी संख्या में हथियार बरामद किए गए । दो अन्य रविन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह पंजाब बिजली बोर्ड का कार्यालय लूटने की तैयारी कर रहे थे ।

संदिग्ध महिला हिरासत में : मोहाली (नबंदा): निकटवर्ती गांव बलोंगी तथा उनगढ़ में पंजाब पुलिस की एक पार्टी ने छापा मार कर एक संदिग्ध महिला तथा एक युवक को हिरासत में ले लिया । इस महिला ने कुछ ही दिन पहले बलोंगी में मकान किराया पर लिया था । पता चला है कि आतंकवादियों से सम्बन्ध होने की सूचना पर इस महिला को हिरासत में लिया गया । उसे पूछताछ के लिए पटियाला ले जाया गया है ।

गनमैन खतरे से बाहर : चंडीगढ़ से 'संधी' के अनुसार स्वर्गीय नेता हितभिलाषी का गनमैन पंजाब दास, जो गत दिवस उग्रवादियों की गोली से गंभीर रूप से घायल हो गया था, की हालत अब खतरे से बाहर है । चंडीगढ़ पुलिस इस वारदात में संलिप्त उग्रवादियों का पता लगाने में अभी तक सफल नहीं हो सकी । जिन लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए गत दिवस हिरासत में लिया गया था, में से भी अधिकांश को आज छोड़ दिया गया ।

इसी बीच यह भी पता चला है कि उग्रवादियों ने इस वारदात के बाद जो सफेद रंग की मारुति वैन यहां के 23 सैक्टर में लावारिस पड़ी कब्जे में ली थी, पर लगा नम्बर पी.सी.पी. 2367 किसी स्कूटर का है । कार के मालिक का पता लगाने के लिए एक पुलिस पार्टी अम्बाला भेजी गई है ।

घायल चल बसा : अमृतसर (ह.स.): पुलिस जिला तरनतारन के पट्टी में गत सायं उग्रवादियों की गोली से घायल विजय कुमार की गत रात यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

एक की हत्या : बाबा बकाला सब-डिविजन के मठियाला गांव में उग्रवादियों ने मोहिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एस.पी.ओ. बंदी : अमृतसर के मजीठा क्षेत्र की पुलिस ने एक एस.पी.ओ. लखजीत सिंह को पद छोड़ कर भाग जाने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है । वह 4 दिन पूर्व बोपाराय में अपनी चौकी छोड़ कर 2 सरकारी राइफलों व 150 गोलियों के साथ भाग गया था ।

'रैथा से जसपाल' के अनुसार यह वारदात रात लगभग 11 बजे हुई । महेन्द्र सिंह उस समय अपने ट्यूबवैल पर जा रहा था कि सड़क किनारे धान के खेत में बैठे उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग कर दी । महेंद्र सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मृतक भूतपूर्व पंचायत सदस्य भी था । पुलिस के अनुसार हत्या का कारण आपसी पार्टीबाज़ी भी हो सकता है ।

एक गिरफ्तार : खालड़ा पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है ।

बसों पर प्रतिबंध : आज सायं जारी एक आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने अमृतसर जिला में बसें चलाए जाने संबंधी लगाई अपनी पाबंदी के आदेश में संशोधन करते हुए सभी रूटों पर सायं छः से प्रातः छः बजे तक बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । पहले सायं सात बजे के बाद और प्रातः साढ़े पांच बजे से पूर्व बसें चलाने पर पाबंदी थी । यह आदेश तुरंत लागू हो गया है ।

दो गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके .38 बोर के दो रिवाल्वर और एक फियेट कार बरामद की है । इन उग्रवादियों की शिनाख्त हरप्रीत सिंह उर्फ रोकी और मोहिंदर सिंह उर्फ लाडी के रूप में की गई है ।

कांस्टेबल मरा : कपूरथला (ह.स.): यहां पुलिस स्टेशन में अचानक बंदूक चल जाने से कांस्टेबल सुखबीर सिंह की मृत्यु हो गई, जबकि उसके पास बैठा एक अन्य कांस्टेबल हरबंस सिंह घायल हो गया ।

पुलिस पर आक्रमण : बटाला (कोछड़): खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से इसके लैफ्टिनैंट जनरल सुखविंदर सिंह पप्पू का हस्ताक्षरयुक्त एक प्रैस नोट पत्रकारों को भेजा गया है, जिसमें लिखा है कि गत दिवस खालिस्तान कमांडो फोर्स की इसके प्रमुख भाई सुखदेव सिंह झामके के नेतृत्व में एक बैठक करके सुरक्षा बलों व पुलिस की कार्यप्रणाली को विफल बनाने की योजना बनाई गई । अब इन पर हमले किए जाएंगे । मुखबिरों व भ्रष्ट पुलिस कर्मचारियों की नई हिटलिस्ट भी तैयार की गई है । बैठक में लैफ्टिनैंट जनरल भाई गुरजंट सिंह राजस्थानी, तरसेम सिंह कपूरथला, सुखविन्दर सिंह पप्पू व लखविंदर सिंह लक्खा और अन्य ने भाग लिया ।

जीप पर फ़ायरिंग, एक मरा : जालंधर (ह.स.): थाना नकोदर जिला जालंधर के गांव बल के निकट आज रात्रि उग्रवादियों के एक गिरोह द्वारा एक जीप पर की गई फ़ायरिंग से एक व्यक्ति मारा गया और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई ।

मृत व्यक्ति का नाम अजीत सिंह बताया गया है । घायलों में गुरदेव सिंह सिद्धू, तीर्थ सिंह, सतनाम सिंह, रेशम सिंह, जसविंदर सिंह शामिल हैं ।

इंका की प्रचार जीप थी : बताया जाता है कि यह इंका की प्रचार जीप थी जिससे कल की प्रधानमंत्री राजीव गांधी की यात्रा के सम्बन्ध में प्रसारण किया जा रहा था । घायलों में से एक गुरदेव सिंह लैंड मार्गेज बैंक के भू.पू. चेयरमैन हैं और जालंधर इंका देहाती के महासचिव हैं ।

एक गिरफ्तार : पटियाला (ह.स.): पुलिस ने एक उग्रवादी मेहर सिंह को गिरफ्तार करके उससे .12 बोर का पिस्तौल बरामद किया है ।

चार गिरफ्तार : बाघापुराना (मित्तल): यहां के निकटवर्ती गांव पखी के निकट पुलिस ने छापा मार कर तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनकी शिनाख्त चढ़त सिंह, अच्छर सिंह और बलबीर सिंह के रूप में की गई है । ये तीनों गांव मिर्ज़ा के निवासी हैं । उनके कब्ज़े से एक एकनाली की बंदूक, दो पिस्तौल, दो हजार रुपए नकद और छः हजार रुपए मूल्य का सामान बरामद हुआ । यह सामान उन्होंने गांव महलवाला के सुरेन्द्र कुमार से छीना था ।

पुलिस ने एक अन्य उग्रवादी भूपेन्द्र सिंह (तूत) को गिरफ्तार किया है । उसके कब्ज़े से एक दोनाली बंदूक और एक हथगोला बरामद हुआ है । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसने उग्रवाद की कई वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया है ।

इंका के दो गुटों में झगड़ा, 5 घायल

श्रीनगर, 20 सितम्बर (वार्ता): आज इंका के दो प्रेक्षकों, बिहार के भू.पू. मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र तथा गुजरात इंका के अध्यक्ष अहमद पटेल की उपस्थिति में इंका के दो गुटों में खासा झगड़ा हो गया जिसमें पांच लोग घायल हो गए ।

छोटी सी बात

रंगा

भाई साहब शायद वह एक 'विनम्र राजनीतिज्ञ' नहीं होते । शायद तब उनकी अपनी पार्टी की एकता व अन्य समस्यायें अपने आप हल हो जातीं ।

Punjab Sampadi

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा : 2 दर्जन से अधिक गिरफ्तार : संगरूर में एक की हत्या : अमृतसर क्षेत्र में शव मिला

[illegible]गढ़, 21 सितम्बर (हस): जिला गुरदासपुर [illegible] पुलिस आफिसर्ज़ से हुई मुठभेड़ में एक [illegible] मारा गया । जिला अमृतसर में एक व्यक्ति [illegible]यों से छलनी शव खेतों में पड़ा मिला । [illegible] में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या [illegible] । सुरक्षा बलों व पुलिस ने दो दर्जन से [illegible] उग्रवादियों को हिरासत में लिया । [illegible] क्षेत्र में एक घुसपैठिया मारा गया ।

[illegible]वादी मरा:गुरदासपुर (हस): बटाला सब-[illegible] के काहनुवान पुलिस स्टेशन के गांव [illegible] हरचंद सिंह के निकट स्पैशल पुलिस [illegible] से हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया।

[illegible] मिला : अमृतसर (हस): ब्यास पुलिस [illegible] के गांव साथियां के निवासी अर्जुन सिंह का [illegible] छलनी क्षत-विक्षत शव आज एक धान के [illegible] पाया गया ।

[illegible]ने जायज़ा लिया : पट्टी से प्राप्त [illegible] के अनुसार, कल शाम के सात बजे [illegible] के बाहर स्थित हरिहर मंदिर रोही में [illegible]दियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके तीन [illegible] की हत्या कर दी और दो को ज़ख्मी कर [illegible]

[illegible]श्यदर्शियों का कहना है कि सात बजने से [illegible] लड़का रोही के दूसरी तरफ से रोही पार [illegible] व उसने वहां पर बैठे लड़कों से रास्ता [illegible] मंदिर में जाकर अच्छी तरह से वहां के [illegible] का जायज़ा लिया तथा बाद में रोही पार करके [illegible] । बाद में वह जब आया तो उसके साथ [illegible] आदमी थे,जो हथियारों से लैस थे ।

[illegible]कवादी पहले आरती करने वाले कमरे में [illegible] वहां पर उन्होंने विजय कुमार उर्फ़ तत्तू को [illegible] कमरे में बिजली ठीक कर रहा था) गोली मार [illegible] बाद में सरकारी अस्पताल में मृत्यु हो [illegible] सतनाम सिंह, जो उस समय भाग कर [illegible] वाले कमरे में छिप गया था, उसको [illegible] के पास ही गोलियां मार कर छलनी कर [illegible] बलदेव सिंह को उन्होंने मंदिर के अहाते में [illegible] ।

[illegible] रमेश कुमार के सिर पर गोली लगी, [illegible] जोहन को आतंकवादियों ने कमीज से [illegible] था । लेकिन कमीज खुल गई तथा वह [illegible] उग्रवादी के हाथ में छोड़ कर भाग गया । [illegible] मंगलदास पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं, [illegible] टांग पर लगीं । रमेश कुमार और [illegible] को पट्टी अस्पताल में दाखिल कराया गया, [illegible] खतरे से बाहर है ।

[illegible]दिर के पुजारियों और लोगों ने मंदिर के पास [illegible] छिप कर जान बचाई । सोमवार होने के [illegible] मंदिर में बहुत भीड़ थी । यहां पर हरिद्वार से [illegible] साधु आए हुए थे,जो एक दिन पहले ही यहां [illegible]

[illegible]र मंदिर रोही की प्रबंधक कमेटी का कहना है कि हमने मंदिर की सुरक्षा के लिए उच्चाधिकारियों को लिखित अनुरोध किया था । उन्होंने होमगार्ड के जवानों को नियुक्त किया था ।

होमगार्ड के जवानों का रवैया : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय होमगार्ड के जो जवान ड्यूटी पर थे, उन्होंने अपनी जान बचाने के सिवा कुछ नहीं किया । जब भाग कर लोगों ने उन्हें घटना के बारे में बताया तो उन्होंने मंदिर की ओर जाने से इन्कार कर दिया तथा कहा कि हमारी वहां पर ड्यूटी नहीं है । जब लोगों ने उन्हें कहा कि हमें हथियार दे दो, हम उनका सामना कर लेते हैं तो उन्होंने लोगों को बट मारे तथा खुद भाग कर छिप गए । एक होमगार्ड के जवान की भागते समय गोलियां गिर गई थीं । अक्सर देखने में आया है कि जब भी पट्टी में कोई वारदात होती है, उस समय स्ट्रीट लाईट बंद हो जाती है । इस वारदात के समय भी स्ट्रीट लाईट बंद पाई गई ।

इस वारदात के बारे में सी.आर.पी. की गश्ती टोली को जब सूचित किया तो सी.आर.पी. व पंजाब पुलिस मौके पर पहुंच गई । उन्होंने उग्रवादियों की बहुत तलाश की,लेकिन उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए । वारदात वाले स्थान से ए.के. असाल्ट 47 राइफल के 150 के करीब चले हुए कारतूस मिले हैं। इस हत्याकांड के विरोध में कल पट्टी पूर्ण हड़ताल रही ।

पट्टी में आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) सतनाम सिंह, (2) बलदेव सिंह और (3) विजय कुमार उफ तत्तू । घायल (4) सतीश कुमार और (5) मंगलदास दास, (6) शिवलिंग जिसके पास सतनाम सिंह मारा गया ।

इंका कार्यकर्त्ता मरा : जालंधर (वार्ता): पंजाब में कल रात एक आतंकवादी हमले में एक कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता मारा गया और तीन अन्य घायल हो गये ।

पुलिस के अनुसार प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पंजाब यात्रा के प्रचार के सिलसिले में ये कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता जब एक जीप में जालंधर जिले के बालकोना गांव के पास से गुज़र रहे थे तो आतंकवादियों ने घात लगा कर जीप पर हमला किया ।

हमले में एक कार्यकर्त्ता अजीत सिंह मारा गया और ग्रामीण जिला कांग्रेस (इ) समिति के महासचिव गुरुदेव सिंह सिद्धू, तीर्थ सिंह और सतनाम सिंह घायल हुए ।

घायलों को नकोदर अस्पताल में भर्ती किया गया है । जीप लैंड मारगेज बैंक के भूतपूर्व चेयरमैन श्री बलदेव सिंह चला रहे थे ।

एक की हत्या : संगरूर (हस): धूरी पुलिस स्टेशन के क्षेत्र भल्लेरहेरी में उग्रवादियों ने तेज़धार हथियारों से एक व्यक्ति हरदेव सिंह की हत्या कर दी ।

3 गिरफ्तार : 'गोयल' की सूचना है कि जिला पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री एम.एम. कपूर ने बताया कि चमकौर सिंह साकन मैनी महाराज, जगर सिंह उर्फ़ जग्गा साकन कट्टू और जगराज सिंह साकन वधाणे को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से दो हीरो होंडा मोटर साइकिल और एक स्कूटर बरामद किये हैं, जो उन्होंने विभिन्न स्थानों से छीने थे ।

20 हिरासत में : (नर्वदा): मोहाली पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर लगभग 20 युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जिनमें अधिकांश युवक मोहाली तथा आसपास के गांवों के रहने वाले हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला में उग्रवादी गतिविधियां बढ़ने के कारण यह अभियान शुरू किया गया है । पुलिस को भाजपा नेता बाबू हिताभिलाषी के हत्यारों के मोहाली में छिपे होने की आशंका है । इसके दृष्टिगत उन लोगों को विशेष रूप से हिरासत में लिया गया,जो गत कुछ समय से उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त रहे या जेल काट कर आए हैं या ज़मानत पर आए हैं । इन लोगों में जसबीर सिंह पिक्का, जसबीर सिंह उर्फ़ लवला, सुरेंद्र छिंदा, देवेंद्र सिंह उर्फ़ टमाटर आदि शामिल हैं । कुछ युवक, जो पुलिस को वांछित हैं, वे लापता बताए जाते हैं । पुलिस ने लापता युवकों के अभिभावकों को उन्हें पेश करने के लिये कहा है ।

रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर के अनुसार जिला में कुछ दुर्दांत उग्रवादियों के प्रवेश की सूचना मिली है । इस सूचना के दृष्टिगत पुलिस को सतर्क

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मोदी हत्या केस : संजय सिंह की जमानत

लखनऊ, 21 सितम्बर : सुप्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी सैयद मोदी हत्याकांड के अभियुक्त डा. संजय सिंह को आज जिला और सत्र न्यायाधीश अचल बिहारी श्रीवास्तव ने जमानत पर रिहा कर दिया । जमानत याचिका को मंज़ूरी देते हुए अदालत ने डा. सिंह को दस-दस हजार रुपए की दो जमानतें और इतनी ही राशि के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया । अदालत ने जमानत याचिका पर अपना निर्णय कल सुरक्षित रखा था ।

सैयद मोदी हत्याकांड की जांच कर रहे सी.बी.आई. अधिकारियों ने कई दिनों की पूछताछ के बाद तीन सितम्बर को डा. संजय सिंह को गिरफ्तार किया था । गिरफ्तारी के बाद श्री सिंह को पुलिस रिमांड पर भेजा गया था । बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था । इससे पहले अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट ने उनकी जमानत की अर्जी नामंजूर कर दी थी ।

श्री सिंह के वकील राम जेठमलानी ने तर्क दिया कि अभियुक्त के भागने, उसके द्वारा साक्ष्य नष्ट किए जाने की कोई आशंका नहीं है इसलिए जमानत मंजूर की जानी चाहिए ।

न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि मामले की जांच के दौरान डा. सिंह, उनके नौकर अथवा अन्य कोई इस हत्या कांड के गवाहों से न तो सम्पर्क स्थापित करेंगे और न ही किसी प्रकार का प्रलोभन देंगे । डा. सिंह इस मामले में पूछताछ के लिए जांच एजैंसी के समुचित नोटिस पर खुद को उपलब्ध करेंगे और सम्बन्धित मैजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जाएंगे ।

सी.बी.आई. ने इस हत्याकांड के सिलसिले में अब तक डा. संजय सिंह व स्वर्गीय मोदी की विधवा अमिता मोदी सहित 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । श्रीमती अमिता मोदी की जमानत पहले ही हो चुकी है । इस हत्याकांड में पांच अन्य अभियुक्त

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जनमोर्चा नेता संजय सिंह उनकी जमानत की अर्जी की सुनवाई के लिए लखनऊ के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट गौर चंद्र की अदालत को ले जाए जाते हुए ।

[illegible]टी सी बात — रंगा

[illegible] लड़ाई सत्ता या पद [illegible]नये नहीं है ।

—एच.एन.बहुगुणा

Punjabi Jagran Tapi

उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 2 का शेष)

कर दिया गया है तथा उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है । गुप्तचर सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों द्वारा तैयार की गई नई योजना का पता चला है, जिसके अंतर्गत सुरक्षाबलों पर घात लगा कर हमला किया जाना शामिल है ।

हरियाणा में निर्देश : चंडीगढ़ से प्राप्त समाचार के अनुसार पड़ोसी राज्य हरियाणा में अधिकारियों ने रेल पटरियों व सम्पत्ति तथा सरकारी संस्थानों को उग्रवादियों से बचाने के दृष्टिगत सभी सक्षम पुरुषों को ठीकरी पहरा देने के निर्देश दिए हैं ।

सुराग नहीं मिला : 'संघी' के अनुसार गत 19 सितम्बर को भाजपा नेता श्री हिताभिलाषी की हत्या में संलिप्त उग्रवादियों का पता लगाने में चंडीगढ़ पुलिस को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली लेकिन इस दौरान पुलिस उस मारुति वैन के असली नम्बर और उसके मालिक का पता लगाने में सफल हो गई है । प्राप्त समाचारों के अनुसार यह मारुति वैन जिसका असली नम्बर सी.एच.के. 2797 है, को गत 30 अगस्त को गोबिन्दगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति से दो युवकों ने पिस्तौल की नोक पर खरड़ के निकट छीना था । इस वैन पर बाद में जिला पटियाला में रजिस्टर्ड एक स्कूटर का नम्बर पी.सी.पी. 2367 लगा दिया गया था । उग्रवादी वारदात के बाद इस वैन को यहां के सैक्टर 23 में लावारिस छोड़ गए थे ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर (ह.स.) : फिरोजपुर क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास करते हुए एक घुसपैठिया मारा गया ।

कारतूस बिक्री पर पाबंदी : भटिंडा (हस): जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके हथियार व गोली-सिक्का विक्रेताओं पर प्रत्येक लाईसैंसधारक को 10 से अधिक कारतूस बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है । विक्रेताओं को अपने स्टाक और गोली-सिक्का बिक्री का दैनिक रिकार्ड रखना होगा । यह आदेश 17 नवम्बर तक जारी रहेगा ।

जिला मैजिस्ट्रेट ने एक अन्य आदेश द्वारा घातक हथियार लेकर चलने, सार्वजनिक स्थानों पर पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, जनसभा और जलूस निकालने पर 14 नवम्बर तक प्रतिबंध लगा दिया है ।

बमकांड में 3 गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): गत 3 सितम्बर को पुराने राजपुरा में हुए बम कांड के संबंध में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त अश्विनी कमार, शाम नगर कालोनी निवासी गुरमीत सिंह और शहीद भगत सिंह कालोनी निवासी शरणजीत सिंह के रूप में की गई है ।

हथियार छीनने की घटनाएं : पिछले कुछ दिनों से इस जिला में कई देहात में छीना-झपटी की घटनाएं हुई हैं । इनमें उग्रवादी लाइसैंसधारकों से हथियार छीन कर ले गये और पुलिस ने यथापर्व मुकदमे दर्ज कर लिये । कोई उग्रवादी पकड़ा नहीं गया, न ही छीने हुए हथियार बरामद हुए । थाना नाभा सदर के अलीपुर गांव से उग्रवादी एक लाइसैंसधारक मेहर सिंह से उसका 12 बोर का पिस्तौल छीन कर ले गये । इससे पूर्व थाना जुलकां में कई वारदातें हुई । चोहट गांव में उग्रवादी सर्कल अकाली जत्था (लौगोवाल) के प्रधान जत्थेदार करम सिंह से उसकी राइफल छीन कर ले गए । कछवा गांव में सरपंच सुरजीत सिंह से उसका रिवाल्वर छीन कर ले गए । उग्रवादी मलिकपुर गांव से एक 12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।



जगराओं से राजीव गांधी की जनसभा में भाग लेने जा रहे कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं की एक ट्रैक्टर ट्राली उलट जाने से 3 व्यक्तियों की मौत हो गई और अनेक अन्य घायल हो गए । (1) अस्पताल में पड़ा घायल, (2) एक अन्य घायल का इलाज करते हुए एक महिला चिकित्सक, (3) गम्भीर घायलों को सी.एम.सी. भेजते हुए कर्मचारी, (4) जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़ सिविल अस्पताल लुधियाना में घायलों को देखते हुए । (छाया : राजेश भाम्बी)

मंगल ग्रह पृथ्वी के निकट आएगा

लास एंजल्स, 21 सितम्बर (ए.पी.): मंगल ग्रह 17 वर्षों के बाद भारतीय समय के अनुसार गुरुवार को प्रातः 8.48 बजे पृथ्वी के सबसे निकट आएगा । यहां स्थित ग्रिफिथ वेधशाला के निदेशक ने यह जानकारी दी ।

इस ग्रह के निकट से अध्ययन के लिए दूरबीनें ग्रह के गिर्द सफेद घने बादलों और ऊंचे ज्वालामुखियों की ओर सीधी हुई हैं । अब पृथ्वी के निकट आने पर, 1875 के बाद पहली बार इसके कुछ बहुत स्पष्ट दृश्य दिखाई दिए हैं ।

पासाडेना स्थित "प्लैनेटरी सोसाइटी" के एक प्रवक्ता सूसान के अनुसार 'लोगों के लिए यह उस संसार को देखने का दुर्लभ अवसर है, जहां भविष्य में एक दिन मनुष्य के कदम पड़ सकते हैं ।

पृथ्वी के सूर्य से निकट आने पर दोनों ग्रहों के बीच 5.88 करोड़ किलो मीटर की दूरी रहेगी ।

जगा वर्कर हिरासत में

जालन्धर, 21 सितम्बर (ह.स.): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के आज यहां के दौरे के दौरान काले झंडों से प्रदर्शन करने के आह्वान के दृष्टिगत गत रात पुलिस ने शहर के विभिन्न भागों से जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री हरभजन सिंह सहित लगभग एक दर्जन वर्करों को हिरासत में ले लिया । इनमें पार्टी की प्रदेश शाखा के महासचिव श्री ज्ञान चन्द, उपाध्यक्ष शिव कंवर सिंह संधु और पंजाब युवा जनता मोर्चा के प्रधान जे.एस. बाजवा प्रमुख हैं । पुलिस के अनुसार इन्हें शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया ।

मुख्यमंत्री बोले, मुझे नहीं इस मोटे विधायक को सिक्कों से तोलो !

नूरपुर, 21 सितम्बर (भारती): हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र ने अपनी विनोद-प्रियता से गत दिन लब (ज्वाली) में इकट्ठे जनसमूह को काफी हंसाया । हुआ इस प्रकार कि तहसील भवन के शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री को सिक्कों से तोला जाने लगा तो मुख्यमंत्री माईक पर बोले कि क्या ही अच्छा होता कि आप इस समारोह में आए श्री मिलखी राम गोमा (विधायक) को तोलते ताकि डेढ गणा रकम तो इकट्ठी होती ।

तुरंत फैसला लेने के लिए अधिकृत लिट्टे नेताओं से ही वार्ता

कोलोम्बो, 21 सितम्बर : भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह लिबरेशन टाइगर्स आफ़ तमिल ईलम के उन्हीं नेताओं से बातचीत करेगी, 'जो तत्काल कोई फैसला करने के लिए अधिकृत होंगे । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 'लिट्टे' ने अपने कुछ सूत्रों के ज़रिये भारत सरकार से यह आग्रह किया है कि वह "लिट्टे" के क्षेत्रीय कमांडर सदविशवम कृष्ण कुमार उर्फ़ किट्टू को रिहा करके उससे बातचीत शुरू करे ।

श्रीनगर-लेह सड़क अगले माह बंद कर दी जाएगी

श्रीनगर, 21 सितम्बर : सरहदी क्षेत्र लद्दाख को कश्मीर से जोड़ने वाली 434 किलो मीटर लम्बी श्रीनगर लेह सड़क अगले माह के मध्य से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी जाएगी । वैसे यह सड़क नवम्बर में बंद की जाती है । सरकारी सूत्रों ने बताया कि सड़क को जल्द बंद करने का फैसला दुर्घटना की किसी भी सम्भावना को टालने के लिए किया गया है । नवम्बर 1987 में भारी हिमपात के कारण इस मार्ग पर एक दुर्घटना में 100 लोग मारे गए थे और करीब 60 वाहन नष्ट हुए थे । यह सरहदी सड़क जोजीला दर्रे से गुज़रती है जहां ठंड के दौरान सब से भारी हिमपात होता है । इसके कारण यह सड़क साल में छः से सात माह वाहनों के आवागमन के लायक नहीं रहती है ।

पैप्सीकोला प्रोजैक्ट होशियारपुर में लगाएं

होशियारपुर, 21 सितम्बर (अश्विनी): सत्यं शिव सेवा आश्रम होशियारपुर के संस्थापक स्वामी भगवती स्वरूप ने प्रधामंत्री श्री राजीव गांधी से मांग की है कि वह पंजाब के राज्यपाल को निर्देश दें कि पैप्सीकोला का प्लांट होशियारपुर में लगाया जाए । उन्होंने कहा कि होशियारपुर पिछड़ा हुआ क्षेत्र है । इस परियोजना से जहां यहां के युवकों को रोज़गार मिलेगा, वहां फल उत्पादन में भी वृद्धि होगी ।

रस्म चौथ

कबीरा जब तुम आए जगत में, जग हंसे तुम रोए !
ऐसी करनी कर चलो, तुम हंसो जग रोए !!

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय श्री तिलक राज मेहरा अपनी सांसारिक यात्रा अचानक पूरी करते हुए तिथि 19.9.88 दिन सोमवार को स्वर्ग सिधार गए हैं । रस्म चौथा व उठाला तिथि 22.9.88 दिन वीरवार को खुराना जंजघर, शक्ति नगर, अमृतसर में शाम 4 से 5 बजे तक होगी ।

-: शोकग्रस्त :-
चिन्ता प्रकाश मेहरा (भाई)
तृप्ता मेहरा (पत्नी)
राकेश मेहरा (बेटा)
दीपक मेहरा (बेटा)

कार्ड अलग

In Everlasti
of our mo

नकोदर क्षेत्र में गत रात्रि आतंकवादियों द्वारा एक जीप पर घात लगा कर किए गए हमले में (1) मृत जीत सिंह का शव तथा घायल (2) जसविंदर सिंह, (3) सतनाम सिंह और (4) गुरदेव सिंह । (छाया : गगन)

जे.बी.टी. परीक्षा परिणाम घोषित

Punjab Archive

वल्टोहा के निकट ज़बरदस्त मुठभेड़ में 2 उग्रवादी, 2 सी.आर.पी. जवान मरे

रैय्या क्षेत्र में एक हत्या : कपूरथला में नाकाबंदी के दौरान एक दुर्दांत आतंकवादी बंदी

चंडीगढ़, 22 सितम्बर (ह.स., वार्ता, स.): आज जिला अमृतसर में सी.आर.पी.एफ. और उग्रवादियों के मध्य हुई एक भिड़ंत में 2 उग्रवादी और 2 सी.आर.पी.एफ. के जवान मारे गए । उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के ही एक गांव में एक अमृतधारी पाठी की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि जिला कपूरथला में एक उग्रवादी पुलिस के साथ मुकाबले के बाद पकड़ा गया । इस उग्रवादी के सिर पर 25000 रुपए का इनाम था ।

मुकाबले के बाद उग्रवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि 21-22 सितम्बर को तड़के थाना सदर कपूरथला के गांव सुन्डा के निकट नाका लगाए बैठी पुलिस पार्टी तथा स्कूटर सवार तीन संदिग्ध आतंकवादियों में भिड़ंत व फायरिंग जवाबी फायरिंग के पश्चात् पुलिस ने एक दुर्दांत आतंकवादी अमरजीत सिंह वासी मंगूपुर थाना सुलतानपुर लोधी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक रिवाल्वर 38 बोर,10 गोलियां बरामद की हैं । पुलिस ने एक छीना हुआ बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.ए.डब्ल्यू. 8616 तथा 12 बोर की 5 व ए.के.-47 राइफल की 7 चली हुई गोलियों के खाली खोल अपने कब्जे में लिए हैं । उसके दो साथी अंधकार का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए ।

प्राथमिक पूछताछ में इस आतंकवादी ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च 88 को उसने अपने साथियों के साथ गांव ठट्ठा में तीन व्यक्तियों की हत्याएं कीं व तीन को घायल किया था । अपने साथियों के साथ उसने 22 मार्च को गांव टिब्बा के को-आप्रेटिव बैंक के सुरक्षा कर्मचारियों से 2 राइफलें छीनी थीं । 16 अप्रैल को सुलतानपुर लोधी पुलिस ने उसको दूसरे साथियों के साथ गिरफ्तार किया था जबकि वह किसी बड़ी खतरनाक वारदात करने की योजना बना रहे थे । जमानत के पश्चात् वह फिर भाग कर आतंकवादियों में शामिल हो गया । भागे हुए आतंकवादियों को पुलिस ढूंढ रही है । उग्रवादी से पूछताछ जारी है । आतंकवादी अमरजीत सिंह के सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ है ।

पाठी की हत्या : रैय्या (जसपाल): गत रात्रि यहां से 5 किलो मीटर दूर थाना ब्यास के गांव जलूपुर खेड़ा में 5 सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे 5 उग्रवादी बलदेव सिंह (30) पुत्र लछमन सिंह निहंग के घर में दाखिल हुए । इनमें से 3 घर के बाहर खड़े रहे जबकि 2 घर के अंदर चले गए और बरामदे में सोए पड़े बलदेव सिंह को उठा कर अपने साथ ले गए और गांव से बाहर ले जाकर उसको गोलियां मारीं । गोलियां उसके सिर और बांहों में लगीं और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । मृतक ने अमृत छका हुआ था और 'पाठी' का कार्य करता था । ब्यास पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

2 उग्रवादी, 2 जवान मारे गए : अमृतसर (ह.स.): थाना वल्टोहा जिला अमृतसर के गांव पनियां में आज दोपहर पुलिस और उग्रवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी और 2 सी.आर.पी. के जवान मारे गए । उग्रवादियों के साथ हुए मुकाबले में मारे गए सी.आर.पी. के जवानों की जगदीश सिंह और नाम सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । सी.आर.पी. के जवान माधो सिंह, पी.के. साहू और त्रिलोक घायल हो गए । मारे गए उग्रवादियों के कब्जे से एक ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल, एक पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

बताया जाता है कि उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था, लेकिन भारी कुमक तत्काल घटनास्थल पर पहुंच जाने के कारण उग्रवादियों का सी.आर.पी.. के साथ कड़ा मुकाबला हो गया । मारे गए उग्रवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

थाना ब्यास के गांव जलूपुर खेड़ा में आतंकवादियों द्वारा बुधवार को मारे गए बलदेव सिंह का शव । (छाया : जसपाल रैय्या)

6 गिरफ्तार—धूरी : (सिंगला): सगरूर के एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने आज यहां बताया कि पुलिस ने कई स्थानों पर छापे मार कर गांव अर्कवास के बुग्गड़ सिंह से एक पिस्तौल और 2 कारतूस बरामद किए । पुलिस ने गांव चेनी फत्ता के राम

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब समस्या के समाधान बारे केन्द्र की नीति स्पष्ट नहीं : अडवानी

चंडीगढ़, 22 सितम्बर (संघी): भाजपा प्रधान श्री लाल कृष्ण अडवानी ने मानहानि विधेयक वापस लिए जाने का स्वागत किया है ।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान श्री अडवानी ने कहा कि पंजाब समस्या के हल बारे केन्द्र की कोई स्पष्ट नीति नहीं है । इस प्रकार की अस्पष्ट नीति से पंजाब समस्या हल नहीं हो सकती है ।

श्री अडवानी यहां श्री हिताभिलाषी के परिवार से संवेदना व्यक्त करने आए थे ।

श्री अडवानी ने श्री हिताभिलाषी की हत्या के लिए चंडीगढ़ पुलिस को दोषी ठहराया । उन्होंने कहा कि यह हत्या पुलिस की लापरवाही का परिणाम है । पार्टी कार्यालय में कुछ संदिग्ध लोगों के आने की सूचना के बावजूद भी पुलिस ने श्री हिताभिलाषी की सुरक्षा का विशेष प्रबन्ध नहीं किया था ।

श्री अडवानी ने कहा कि किसी को यह पता नहीं है कि पंजाब समस्या के हल हेतु केन्द्र सरकार क्या करने जा रही है ? प्रधानमंत्री की कल की पंजाब यात्रा बारे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि राज्य में पंचायत चुनाव कराना इतना आवश्यक नहीं जितना लोगों की सुरक्षा करना व उन्हें न्याय दिलाना है । उन्होंने कहा कि 'चलो, तीन साल बाद प्रधानमंत्री को पंजाब आने का समय तो मिला । पर कितना ही अच्छा होता यदि वह आतंकवाद पीड़ित परिवारों से भी भेंट करते ।'

रूस भारत को दो परमाणु रिएक्टर देगा

मास्को, 22 सितम्बर (वार्ता): सोवियत संघ एक-एक हजार मैगावाट क्षमता वाले दो परमाणु रिएक्टर भारत को देगा । सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव की आगामी भारत यात्रा के दौरान श्री

बीदर कांड में मृत छात्रों के अभिभावकों

बाबू हिताभिलाषी प्रशासन की ला

अमृतसर, 22 सितम्बर : इससे पहले कि

Punjab Sahitya

उग्रवादी व सी.आर.पी. जवान मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी के 10 टेप रिकार्डर बरामद किए । सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव भानी मेहरा के चमकौर सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी का हीरो होंडा बरामद किया है । पुलिस ने तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है, जिन से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया है ।

आज रात्रि पटियाला के अनारदाना चौक पर स्थित दो दुकानों से उग्रवादियों ने 4250 रुपए व स्वर्णाभूषण लूट लिए ।

चमकौर साहब (रोपड़) पुलिस ने भूपेन्द्र सिंह व जसवंत सिंह नामक दो उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

स्कूटर छीन लिया : जालन्धर (ह.स.): 2 उग्रवादियों ने आज थाना नवांशहर के गांव बर्कियां कलां में एक व्यक्ति जतिन्द्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर (पी.बी.क्यू. 5324) छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

फगवाड़ा (राकेश): आज सुबह फगवाड़ा-नकोदर सड़क पर 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक कार छीन ली है । बताया जाता है कि आज सुबह 10 बजे के करीब 2 क्लीन शेव युवकों ने यहां से जंडियाला के लिए एक टैक्सी नं. पी.एन.जैड 159 किराए पर ली जब कार गांव दरवेश पिंड पास पहुंची तो युवकों ने पिस्तौल दिखा कर ड्राइवर को जबरदस्ती नीचे उतार दिया व कार लेकर फरार हो गए । इसकी थाना पुलिस को सूचना दी गई । पता चला है छीनी गई कार बाद में फगवाड़ा-हदियाबाद सड़क पर लावारिस खड़ी पाई गई ।

कल रात व आज सुबह स्थानीय पुलिस ने कई होटलों व ढाबों पर छापे मार कर छः-सात व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

अशोक के अनुसार गत दिवस निकटवर्ती गांव चहेड़ू में लगभग एक दर्जन संदिग्ध नौजवानों ने जो कथित तौर पर पुलिस की खाकी वर्दियां पहने हुए थे, ने मक्खन सिंह नामी व्यक्ति के घर में जबरी घुस कर घर का काफी बहुमूल्य सामान, दस हजार रुपए की नकदी व लगभग दस तोले सोने के जेवर लूट कर एक टैम्पो में सवार होकर फरार हो गए ।

Punjabi Sahatali

उग्रवादियों द्वारा दम्पति व पटवारी सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (ह.स.): जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने एक किसान, जिला फिरोजपुर में एक दम्पति व एक पटवारी और जिला गुरदासपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । जिला पटियाला में उग्रवादियों ने पुलिस की एक टुकड़ी पर फायरिंग की और दो व्यापारियों को लूट लिया । जिला गुरदासपुर में पुलिस ने दो पाकिस्तानी नागरिकों और 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

किसान की हत्या : अमृतसर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जंडियाला पुलिस थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव में संतोख सिंह नामक एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी वारदात के बाद भागने में सफल हो गए ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव कहाली में गत रात कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति चनन मसीह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हत्या रात को हुई लेकिन इसकी सूचना पुलिस को प्रातः मिली ।

पुलिस जिला बटाला के एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने इस सम्बन्ध में बताया कि घटनास्थल से 12 बोर का खाली कारतूस मिला है और अभी तक की जांच से यह घटना आतंकवाद से सम्बन्धित नहीं लगती । पुलिस सक्रियता से जांच कर रही है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : 'विनोद' के अनुसार जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि काहनूवान पुलिस ने एक आतंकवादी दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक दस्ती बम बरामद किया है । उन्होंने बताया कि दिलबाग सिंह स्वयं भी एक खतरनाक आतंकवादी और वह खुंखार आतंकवादियों को शरण दिया करता था । उसके पास पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल, सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा आदि दर्दांत आतंकवादी शरण लेने आते थे ।

श्री दास ने बताया कि एक अन्य आतंकवादी तरसेम सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है और उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं ।

एक गिरफ्तार :श्री दास ने बताया कि धारीवाल पुलिस ने एक उग्रवादी जसबीर सिंह को उसके गांव पीर दा साईं से गिरफ्तार किया है ।

दो पाक नागरिक गिरफ्तार : दीनानगर पुलिस ने गत रात सीमावर्ती गांव शाहपुर अगवां से

(शेष पृष्ठ 12 पर)

उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

दो पाकिस्तानी नागरिकों बशीर साही और अकबर हयात को गिरफ्तार किया है । बशीर साही उस पाकिस्तानी नागरिक का बड़ा भाई है जिसके जून मास में गिरफ्तार जासूस बलविंदर सिंह से सम्बन्ध थे ।

पुलिस पार्टी पर फायरिंग : पटियाला (भूषण): गत सायं यहां से लगभग 15 किलो मीटर दूर बलबेरा मंडी में तैनात पुलिस पार्टी पर कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग की जिसमें वहां खड़ा सरकारी स्कूल का एक चपरासी घायल हो गया । फायरिंग के बाद उग्रवादी फरार हो गए ।

व्यापारी लूटे : गत सायं अनारदाना चौक क्षेत्र में दो कपड़ा व्यापारियों को लूटने के सम्बन्ध में पुलिस ने केस दर्ज किया है । प्रथम वारदात में उग्रवादियों ने अनिल कुमार से 1200 रुपए और डेढ़ तोला सोने की जंजीर छीन ली । दूसरी वारदात में उग्रवादियों ने नरेश कुमार से 3200 रुपए छीन लिए । उल्लेखनीय है कि अनारदाना चौक क्षेत्र बहुत भीड़-भाड़ वाला क्षेत्र है । व्यापारी इन वारदातों का कारण पुलिस की लापरवाही बता रहे हैं ।

दम्पति की हत्या :फिरोजपुर (ह.स.): गत रात फिरोजपुर जिला के गांव बुट्टर के बस स्टैंड के निकट उग्रवादियों ने पंचायत सदस्य राजमोहिंदर सिंह और उसकी पत्नी बलजीत कौर की हत्या कर दी । मृतक दम्पति फिरोजपुर से ममदोट पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत अपने पैतृक गांव बुट्टर जा रहा था ।

शव मिला : पुलिस ने बुट्टर गांव के पटवारी केवल कृष्ण का गोलियों से छलनी शव खेतों से बरामद किया है ।

वी.सी.आर. व नकदी छीनी : लुधियाना (धीमान): यहां माडल टाऊन एक्सटेंशन में गुलजार सिंह नामक व्यक्ति के घर से उग्रवादी दो वी.सी.आर. नकदी व जेवर लेकर फरार हो गए । उग्रवादी बिस्कुटी रंग की मारुति कार में आए थे जो उन्होंने मिलर गंज क्षेत्र से छीनी थी ।

प्रभात नगर में निर्मल सिंह के घर से दो उग्रवादी सोने की जंजीर और बालियां लेकर फरार हो गए ।

कई स्थानों पर छापे : फगवाड़ा (अशोक): फगवाड़ा पुलिस ने गत रात्रि व आज तड़के सी.आर.पी. के सहयोग से फगवाड़ा व निकटवर्ती क्षेत्रों में पुनः कई स्थानों पर छापे मारे । पता चला है कि कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है ।

मेनका गांधी की रहस्यपूर्ण बंगलौर यात्रा

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (इं.पो.): जबकि रामकृष्ण हेगड़े और चंद्रशेखर के धड़े दिल्ली में समाजवादी जनता दल के गठन के सवाल पर लड़ रहे थे, जनता पार्टी की महासचिव श्रीमती मेनका गांधी पिछले सप्ताह बंगलौर में कर्नाटक सरकार के एक अतिथि गृह में विश्राम कर रही थीं । अतिथि गृह के स्टाफ ने बताया कि श्रीमती मेनका गांधी तीन दिन वहां ठहरने के दौरान बिल्कुल एकांत में रहीं और उन्हें कोई मिलने वाला नहीं आया तथापि वह बीच-बीच में थोड़ी देर के लिए अज्ञात स्थानों पर जाती रहीं ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 23.9.88 68/- without trays. NECC Suggested Retail Price 9/- per Dozen.

Punjabi Sanatani

2 बस यात्रियों सहित 5 की हत्या : 1 उग्रवादी मरा, एक शव मिला

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि सुरक्षा बलों ने दो राकेट लांचर बरामद किए । बटाला में एक गन हाऊस को लूट लिया गया जबकि जिला पटियाला में 4 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए, जोकि बम कांडों में वांछित थे ।

फिरोजपुर में एक उग्रवादी का गोलियों से बिंधा हुआ शव बरामद हुआ है, जबकि तरनतारन में एक शव मिला है ।

राकेट लांचर बरामद : अमृतसर (हस): सुरक्षा बलों ने आज प्रातः जिला अमृतसर के थाना पट्टी के गांव धारीवाल में एक व्यक्ति मिलखा सिंह के घर पर छापा मार कर दो राकेट लांचर तथा एक आम काम में आने वाली मशीनगन बरामद की । पुलिस सूत्रों ने कहा कि एक गुप्त सूचना मिलने पर सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क और कमांडेंट आर.पी. सेठी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने मकान पर छापा मारा । मिलखा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और कुछ अन्य अपराधों में उसकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए उससे सघन पूछताछ की जा रही है ।

बस का अपहरण, हत्या : आज शाम जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव छिछरेवाल में पंजाब रोडवेज की एक बस का अपहरण कर लिया तथा कम से कम एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

ह.स. के अनुसार आतंकवादियों ने 2 बस यात्रियों की हत्या कर दी जबकि तीसरे का अपहरण कर लिया । सी.आर.पी. कंट्रोल रूम के अनुसार अमृतसर जा रही पंजाब रोडवेज की बस को उसी बस में सफर कर रहे आतंकवादियों ने बंदक की नोक पर रोका । आतंकवादियों ने तीन यात्रियों को घसीट कर बाहर निकाला । उनमें से दो को उन्होंने गोली मार कर घटनास्थल पर ही मार डाला ।

सारे यात्रियों की शिनाख्त नहीं हो सकी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए तथा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खोजबीन शुरू कर दी गई है ।

वार्ता के अनुसार एक मृतक बी.एस.एफ. का कांस्टेबल महेंद्र पाल था, जो कि छुट्टी पर था ।

लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिला में गांव ढिल्लों सिधवां में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई ।

लक्खोवाल में हत्या : एक अन्य वारदात में कल रात पुलिस जिला मजीठा में लक्खोवाल गांव में एक व्यक्ति मुख्तार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला गुरदासपुर के बाटा गांव में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

गन हाऊस लूटा : (कोछड़): गत रात स्थानीय सिनेमा रोड पर स्थित लाहौर गन हाऊस को लूटने का समाचार मिला है । दुकान-मालिक के अनुसार लुटेरे रात को दुकान का शटर आदि तोड़ कर 315 बोर की एक राइफल, 32 बोर के 3 रिवाल्वर ले गए हैं । पूर्ण विवरण अभी प्राप्त नहीं हुए । पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है । आज प्रातः एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा तथा डी.एस.पी. श्री तेजेंद्र कुमार ने गन हाऊस के निरीक्षण के बाद बताया कि कुछ विशेषज्ञ बुलाए गए हैं जो जांच के बाद बताएंगे कि वास्तव में कितने हथियार लूटे गए हैं ।

चोरी की घटना : सिनेमा-रोड स्थित कालोनी में डा. भारत भूषण मरवाहा के घर से चोर गोदरेज की अलमारी तोड़ कर 6000 रुपये ले गये । डाक्टर और उनकी पत्नी किसी के घर गए हुए थे कि पीछे से चोरी हो गई ।

उग्रवादी का शव बरामद : फिरोजपुर से प्राप्त एक सूचना में कहा गया है कि एक संदिग्ध उग्रवादी का गोलियों से बिंधा हुआ शव आज नगर के बाहर खेतों में से बरामद किया गया । प्राप्त सूचना में कहा गया है कि हत्या का कारण दो गुटों में प्रतिद्वंद्विता बताया गया है ।

बी.सी.आर. छीना : फाजिल्का (लीला) :

(शेष पृष्ठ 12 पर)

प्रधानमंत्री हर महीने पंजाब का दौरा करने का कार्यक्रम बना रहे हैं

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (एन.एस. परवाना): इंका सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी अगले कुछ महीनों के दौरान हर माह पंजाब का दौरा करने का कार्यक्रम बना रहे हैं । वह चाहते हैं कि वह इस राज्य का दौरा सड़क मार्ग से करें ताकि जनता से अधिक सम्पर्क स्थापित हो सके ।

इन इंका सूत्रों ने बताया है कि प्रधानमंत्री 21 सितम्बर की अपनी पंजाब यात्रा से काफी खुश हैं तथा सम्भवतः वह अपनी अगली यात्रा के दौरान नंगल, रोपड़ तथा चंडीगढ़ में जनसभाओं को सम्बोधित करें । क्षेत्रीय इंका कमेटी के प्रधान श्री दौलत राम शर्मा की दावत पर वह यहां राजधानी में इंका भवन का शिलान्यास करना पहले ही स्वीकार कर चुके हैं । इन इंका सूत्रों ने विचार व्यक्त किया है कि श्री गांधी की गत यात्रा के परिणाम निकट भविष्य में सामने आएंगे । अकाली दलों के सभी गुटों ने प्रधानमंत्री की गत यात्रा पर मायूसी व्यक्त की है—मार्क्सी तथा जपा ने भी इस यात्रा को राजनीतिक 'स्टंट' बताया है तथा विचार व्यक्त किया है कि प्रधानमंत्री जनता की आशाओं के अनुरूप नहीं उतरे हैं और इंका की गंदी राजनीति को जारी रख रहे हैं ।

भाजपा ने प्रधानमंत्री की यात्रा बारे व्यावहारिक रूप से चुप्पी धारण कर रखी है यद्यपि वह काफी समय से मांग करती चली आ रही थी कि प्रधानमंत्री को पंजाब का दौरा करना चाहिए । ज्ञात है कि कल लुधियाना में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री की यात्रा पर चर्चा की जाए ।

प्रधानमंत्री की यात्रा का एक परिणाम यह अवश्य निकला है कि प्रदेश इंका प्रधान श्री बेअंत सिंह पर जो खतरे की तलवार लटकी थी वह हट गई है तथा उनके विरोधी इंका जन फिलहाल खामोश ही बैठे हैं । अब सम्भवतः श्री बेअंत सिंह कुछ जिला इंका कमेटियों में फेर बदल करें जिस बारे कि कुछ दिन पूर्व अखिल भारतीय इंका महासचिव श्री के.एन. सिंह ने संकेत दिया था । श्री सिंह, जो पंजाब इंका के मामलों के प्रभारी हैं, कल 25 सितम्बर को फिर चंडीगढ़ आ रहे हैं ।

इस दौरान कुछ इंका सूत्रों ने इस बात का उल्लेख किया है कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ऐतिहासिक गुरुद्वारों में क्यों नहीं गए । इंका नेताओं का कहना है कि यदि प्रधानमंत्री के दरबार साहिब जाने पर कोई सिख उनका स्वागत न करता या शिरोमणि कमेटी ही उनके बायकाट का आह्वान कर देती तो मामला तनावपूर्ण हो सकता था । प्रधानमंत्री शिरोमणि कमेटी के साथ तालमेल होने के बाद ही दरबार साहिब जा सकते थे, जिसके लिए कम से कम इस पड़ाव पर शिरोमणि कमेटी तैयार नहीं थी । कमेटी को इस बात का गुस्सा है कि सरकार ने दरबार साहिब परिसर का पूरा नियंत्रण कमेटी को नहीं सौंपा है ।

Punjabi Sanjhani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो मोटर साइकल सवार अबोहर-फाज़िल्का रोड पर एक व्यक्ति वीरेंद्र कुमार, जो कि अपनी मोपेड पर जा रहा था, की आंखों में मिर्चों का पाऊडर डाल कर उससे वी.सी.आर. छीन कर ले गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : कपूरथला (शर्मा): कल रात जिला कपूरथला के सिटी के अंतर्गत गांव अकबी में एक व्यक्ति अनोख सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

अंधाधुंध फ़ायरिंग : तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने जिला गुरदासपुर में थाना श्री-हरगोबिंदपुर के गांव बोलेवाल में एक व्यक्ति मंगल सिंह के मकान पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की । इस फ़ायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण) : पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जो कि 26 अगस्त को टाहली वाला चौक राजपुरा में बम रखने तथा बाद में 3 सितम्बर को जन्माष्टमी समारोह पर मंदिर के बाहर बम रखने के मामले में वांछित थे । इन आतंकवादियों को कल रात थाना राजपुरा के गांव सरौला में नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों में अश्विनी कुमार और जंग बहादुर (दोनों राजपुरा), देविन्दर सिंह उर्फ़ लाडी गांव पहाड़ कलां और सोहब सिंह गांव शम्भू शामिल हैं । उनके कब्जे से 5 डैटोनेटर, दो टाईमर, खालिस्तानी पोस्टर व लैटर पैड आदि बरामद हुए ।

दो संदिग्ध गिरफ्तार : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम सुरजीत सिंह भदौर निवासी और निर्मल सिंह बताए जाते हैं । उनसे पूछताछ जारी है ।

राकेश शर्मा विमान दुर्घटना में बाल-बाल बचे

नासिक, 24 सितम्बर : भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा आज उस समय बाल-बाल बचे जब एक मिग 27 विमान, जिसे वह उड़ा रहे थे, नासिक से 27 किलोमीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । वह पैराशूट की मदद से विमान से कूद गए । उनकी टांग की हड्डी टूट गई उन्हें अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

आपसी रंजिश से उग्रवादियों द्वारा साथी की मां की हत्या : एक शव भी मिला

चंडीगढ़, 25 सितम्बर (वार्ता, हस., स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि बटाला के गांव में एक महिला की हत्या कर दी, जबकि तरनतारन के क्षेत्र से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । उग्रवादियों ने जिला संगरूर के गांव जंगियाना में से एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया जबकि उसके पिता को घायल कर दिया । पुलिस ने राजपुरा बम कांड के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से विस्फोटक सामग्री और खालिस्तान कमांडो फोर्स का साहित्य आदि बरामद किए हैं । राजपुरा बम कांड में घायल हुए 3 मास के बच्चे की मृत्यु होने की सूचना मिली है ।

महिला की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव नत्थू खैरा में गत रात्रि कुछ उग्रवादियों ने एक महिला स्वर्ण कौर की हत्या कर दी । बताया जाता है कि स्वर्ण कौर एक गिरफ्तार उग्रवादी की मां थी और उसे उग्रवादियों की परस्पर रंजिश का शिकार होना पड़ा ।

घर को लूट लिया : 3 सशस्त्र युवकों ने गत रात्रि थाना सदर बटाला के क्षेत्र अजीत नगर में स्थित कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से लगभग 18000 रुपए मूल्य का सोना और नगदी लूट ली ।

गनहाऊस की लूट का विवरण : पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि कल रात्रि उग्रवादी स्थानीय सिनेमा रोड स्थित लाहौर गन हाऊस के एक 315 बोर की राईफल, तीन 32 बोर के रिवाल्वर, 2 बारह बोर की दुनाली बंदूकें एक बारह बोर की एक नाली बंदूक, 242 गोलियां व कारतूस लूट कर ले गए ।

जिला फिरोज़पुर के थाना ममदोट के गांव बुट्टर में गत दिवस आतंकवादियों द्वारा मारे गए पटवारी केवल कृष्ण खुल्लर का शव । (छाया : कन्तोड़)

शव बरामद :अमृतसर (वार्ता) आज प्रातः पुलिस जिला तरनतारन (अमृतसर) के गांव घराड़ में गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : संगरूर (ह.स) उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला संगरूर के गांव जंगियाना में एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । अपहृत व्यक्ति की सतनाम सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है जबकि घायल व्यक्ति का नाम जहांगीर सिंह बताया गया है । एक अन्य सूचना के अनुसार सतनाम सिंह का जंगियाना बस स्टैंड से अपहरण किया गया और उसके पिता मुख्तियार सिंह को फायरिंग से घायल किया गया ।

बम कांड में संलिप्त 4 उग्रवादी गिरफ्तार : राजपुरा (ह.स.) राजपुरा जिला पटियाला की पुलिस ने गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान नगर में बम विस्फोट कांड में संलिप्त चार उग्रवादियों को खड़ौला गांव से गिरफ्तार किया है । उनकी अश्विनी कुमार, जंग बहादुर, देवेंद्र सिंह और साहिब सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । नाका पार्टी ने पांच डैटोनेटर 15 छड़ें, दो टाइमर और खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुछ पैड और पोस्टर बरामद किए हैं ।

बम कांड में घायल बच्चे की मृत्यु : 'मासूम' के अनुसार पुराने राजपुरा नगर में महावीर दल के मंदिर के निकट जन्माष्टमी की रात्रि को फटे बम कांड में घायल तीन मास के लड़के गुरमीत सिंह की गत दिवस राजेंद्रा अस्पताल पटियाला में मृत्यु हो गई । बम कांड में घायल होने वाले 9 व्यक्तियों में इस लड़के की मां भी शामिल थी ।

लड़के का अपहरण :जैतो (पराशर) एक जीप में सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल यहां एक कपड़ा व्यापारी के लड़के का अपहरण कर लिया और उसको कोटकपूरा में ले गए । अपहृत लड़के के अनुसार जब वे कोटकपूरा में चाय पी रहे थे तो जीप के ड्राइवर ने लड़के को भगा दिया । लड़का जैतो में अपने मां-बाप के पास पहुंच गया है । जैतो पुलिस ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahit

उग्रवादियों द्वारा अपने साथी की मां की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया और जांच शु कर दी । पुलिस ने लोगों को अपने बच्चों को ब कर रखने की अपील की है ।

उग्रवादी अंडरवियर, टुथपेस्ट भी लू कर ले गए : तरनतारन पुलिस स्वतंत्रता सेनानी ज्ञानी करतार सिंह के घर से आज दोपहर 4 उग्रवादी घर का सामान, टी.वी., कूलर, पंखे, गहने, कपड़े और 7400 रुपए नगद लूट ले गए । बताया गया है कि उग्रवादी अंडरवीयर और टुथपेस्ट तक भी उठा कर ले गए । आल इंडिया फ्रीडम फाइटर एसोसिएशन ने धमकी दी है कि यदि 2 अक्तूबर तक अभियुक्तों को गिरफ्तार न किया गया तो 2 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे कचहरी में धरना दिया जाएगा और पुलिस अधिकारियों का घेराव किया जाएगा ।



दंडी स्वामी धर्म संघ संस्कृत महाविद्यालय हैबोवाल कलां लुधियाना के छात्र (बाएं) सोम नारायण पांडेय (दाएं) राम चंद्र पांडेय, जिन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय की प्राज्ञ परीक्षा में द्वितीय (दोनों ने) स्थान प्राप्त किया ।

उग्रवादियों द्वारा 2 बहिनों सहित 4 की हत्या, 1 घायल : हथियार व मिनी बस बरामद : कई बंदी

चंडीगढ़, 27 सितम्बर (वा.हस): पंजाब में गत ...मे उग्रवादियों ने 2 बहिनों सहित 4 ...यों की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों ने 7 ...दियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे ...थियार व एक मिनी बस पकड़ी है ।

इस बीच अमृतसर जिले में सी.आर.पी. द्वारा ...दियों से हथियारों व गोली-सिक्के का एक बड़ा ...पकड़े जाने का समाचार मिला है ।

5 उग्रवादी बंदी : अमृतसर से 'अशोक' के ...सार एस.एस.पी. मजीठा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति ...नुसार पुलिस जिला मजीठा के अन्तर्गत थाना ...के और ब्यास में दो स्थानों पर पांच उग्रवादियों ...कड़ा गया है । इनके कब्जे से एक 12 बोर का ...ल, दो कारतूस तथा एक मिनी बस बरामद की । इन पकड़े गए आतंकवादियों के नाम रवेल (गांव भिडी औलख), गुरचरन सिंह (गांव ...के), रणवीर सिंह (गांव कक्कड़), बलविंदर (गांव भरोपाल) तथा किरपाला सिंह (गांव ...) हैं ।

दो महिलाओं की हत्या : तरनतारन से ...के अनुसार यहां से 25 कि॰ मी॰ दूर थाना ...ल के गांव भच्चर कलां में गत रात ...वादियों ने दो महिलाओं की हत्या कर दी । ...प्राप्त जानकारी के अनुसार रात नौ बजे के ...व असाल्ट राइफलों से लैस 4-5 आतंकवादी ...त कौर (50) के घर आए । उनके घर पर कोई ...जा नहीं था । इन व्यक्तियों ने अजीत कौर उर्फ़ ...ी के पति से उसकी पत्नी के बारे में पूछा । ...के यह कहने पर कि वह अन्दर है, ये व्यक्ति भीतर गए और उन्होंने अजीत कौर की गोलियां मारकर हत्या कर दी । अजीत कौर को चार गोलियां लगीं । पुलिस को घटनास्थल से गोलियों के सात खोल मिले हैं । अजीत कौर के तीन लड़के हैं, जो घटना के समय घर पर नहीं थे । अजीत कौर का पति अपाहिज है ।

बताया जाता है कि अजीत कौर शराब बनाने का धंधा करती थी तथा आतंकवादी उसे कई बार चेतावनी भी दे चुके थे ।

इस घर से आधा किलो मीटर दूर स्थित एक घर में ये आतंकवादी कुलबीर कौर उर्फ़ बीरो (30) पत्नी ज़ैल सिंह के घर में दरवाजा तोड़ कर घुस गए । बीरो के बारे में पूछताछ करने के बाद इन लोगों ने एक तख्त के पीछे छिपी हुई बीरो को निकाल कर तीन गोलियां मारीं । उसकी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । बीरो के तीन बेटे व एक बेटी है । उसका एक बेटा हत्या के मामले में फंसा हुआ है ।

घटनास्थल पर आज प्रातः पुलिस तथा सी.आर.पी. पहुंची । पोस्ट-मार्टम के बाद दोनों शव वारिसों के हवाले कर दिए गए हैं ।

एक एजैंसी के अनुसार भच्चरकलां गांव में उग्रवादियों ने जिन 2 महिलाओं की हत्या की, वे दोनों बहनें थीं ।

किसान की हत्या : अमृतसर जिले में उग्रवादियों ने कलसियां गांव में आज एक किसान चंचल सिंह की हत्या कर दी ।

अमृतसर पुलिस ने भी दो उग्रवादियों भूपिन्दर सिंह व निर्भय सिंह को गिरफ्तार किया है ।

कंडक्टर की हत्या: फिरोज़पुर से प्राप्त समाचारों के अनुसार तीन उग्रवादियों ने गत रात्रि में फिरोज़पुर ज़िले में खड़र के निकट एक ट्रक को रोक कर उसके कंडक्टर की हत्या कर दी । मृतक का नाम काला बताया गया है ।

एक व्यक्ति घायल : फिरोजपुर में बहारवाली में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सुरजन सिंह को गोली चला कर घायल कर दिया ।

कार सवार बंदी : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार कल थाना बनूड़ के क्षेत्र में गश्त कर रहे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अब भगवान का आप्रेशन मंड

अमृतसर, 27 सितम्बर (सोनी): पंजाब, हरियाणा व हिमाचल में गत पांच दिनों से हो रही वर्षा की वजह से पंजाब की तीनों मुख्य नदियों रावी, ब्यास और सतलुज में भयंकर बाढ़ आई हुई है । ब्यास व सतलुज में आई इस भयंकर बाढ़ से पूरा मंड का इलाका जलमग्न होकर रह गया है । जिसे भगवान का आप्रेशन मंड यदि कह दिया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने, बेशक मज़ाक में ही सही, माना है कि पुलिस (सरकार) का आप्रेशन मंड कभी भी इतना सफल न हुआ होगा, जितना भगवान का आप्रेशन मंड नज़र आ रहा है । इसी अधिकारी के अनुसार अगर मंड में कहीं आतंकवादी छुपे हुए होंगे या तो वे भाग निकले होंगे या फिर पानी में ही बह गए होंगे और जहां कहीं उन्होंने अपने हथियार छुपा रखे होंगे वे भी भगवान के आप्रेशन मंड में गायब हो गए होंगे ।

punjabi santan

उग्रवादियों द्वारा 2 बहिनों सहित 4 की हत्या, 1 घायल : हथियार व मिनी बस बरामद : कई बंदी

ाडीगढ़, 27 सितम्बर (वा.हस): पंजाब में गत से उग्रवादियों ने 2 बहिनों सहित 4 यों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों ने 7 ादियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे थियार व एक मिनी बस पकड़ी है ।

स बीच अमृतसर जिले में सी.आर.पी. द्वारा ादियों से हथियारों व गोलीसिक्के का एक बड़ा पकड़े जाने का समाचार मिला है ।

5 उग्रवादी बंदी : अमृतसर से 'अशोक' के ार एस.एस.पी. मजीठा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति नुसार पुलिस जिला मजीठा के अन्तर्गत थाना के और ब्यास में दो स्थानों पर पांच उग्रवादियों कड़ा गया है । इनके कब्जे से एक 12 बोर का ल, दो कारतूस तथा एक मिनी बस बरामद की । इन पकड़े गए आतंकवादियों के नाम रवेल (गांव भिडी औलख), गुरचरन सिंह (गांव के), रणवीर सिंह (गांव कक्कड़), बलविंदर (गांव भरोपाल) तथा किरपाला सिंह (गांव ी) हैं ।

दो महिलाओं की हत्या : तरनतारन से के अनुसार यहां से 25 कि. मी. दूर थाना ाल के गांव भच्चर कलां में गत रात कवादियों ने दो महिलाओं की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार रात नौ बजे के ब असाल्ट राइफलों से लैस 4-5 आतंकवादी त कौर (50) के घर आए । उनके घर पर कोई जा नहीं था । इन व्यक्तियों ने अजीत कौर उर्फ ी के पति से उसकी पत्नी के बारे में पूछा । के यह कहने पर कि वह अन्दर है, ये व्यक्ति भीतर गए और उन्होंने अजीत कौर की गोलियां मारकर हत्या कर दी । अजीत कौर को चार गोलियां लगीं । पुलिस को घटनास्थल से गोलियों के सात खोल मिले हैं । अजीत कौर के तीन लड़के हैं, जो घटना के समय घर पर नहीं थे । अजीत कौर का पति अपाहिज है ।

बताया जाता है कि अजीत कौर शराब बनाने का धंधा करती थी तथा आतंकवादी उसे कई बार चेतावनी भी दे चुके थे ।

इस घर से आधा किलो मीटर दूर स्थित एक घर में ये आतंकवादी कुलबीर कौर उर्फ बीरो (30) पत्नी जैल सिंह के घर में दरवाजा तोड़ कर घुस गए । बीरो के बारे में पूछताछ करने के बाद इन लोगों ने एक तख्त के पीछे छिपी हुई बीरो को निकाल कर तीन गोलियां मारीं । उसकी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । बीरो के तीन बेटे व एक बेटी है । उसका एक बेटा हत्या के मामले में फंसा हुआ है ।

घटनास्थल पर आज प्रातः पुलिस तथा सी.आर.पी. पहुंची । पोस्ट-मार्टम के बाद दोनों शव वारिसों के हवाले कर दिए गए हैं ।

एक एजैंसी के अनुसार भच्चरकलां गांव में उग्रवादियों ने जिन 2 महिलाओं की हत्या की, वे दोनों बहनें थीं ।

किसान की हत्या : अमृतसर जिले में उग्रवादियों ने कलसियां गांव में आज एक किसान चंचल सिंह की हत्या कर दी ।

अमृतसर पुलिस ने भी दो उग्रवादियों भूपिन्दर सिंह व निर्भय सिंह को गिरफ्तार किया है ।

कंडक्टर की हत्या: फिरोजपुर से प्राप्त समाचारों के अनुसार तीन उग्रवादियों ने गत रात्रि में फिरोजपुर जिले में खडूर के निकट एक ट्रक को रोक कर उसके कंडक्टर की हत्या कर दी । मृतक का नाम काला बताया गया है ।

एक व्यक्ति घायल : फिरोजपुर में बहारवाली में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सुरजन सिंह को गोली चला कर घायल कर दिया ।

कार सवार बंदी : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार कल थाना बनूड़ के क्षेत्र में गश्त कर रहे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अब भगवान का आप्रेशन मंड

अमृतसर, 27 सितम्बर (सोनी): पंजाब, हरियाणा व हिमाचल में गत पांच दिनों से हो रही वर्षा की वजह से पंजाब की तीनों मुख्य नदियों रावी, ब्यास और सतलुज में भयंकर बाढ़ आई हुई है । ब्यास व सतलुज में आई इस भयंकर बाढ़ से पूरा मंड का इलाका जलमग्न होकर रह गया है । जिसे भगवान का आप्रेशन मंड यदि कह दिया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने, बेशक मजाक में ही सही, माना है कि पुलिस (सरकार) का आप्रेशन मंड कभी भी इतना सफल न हुआ होगा, जितना भगवान का आप्रेशन मंड नजर आ रहा है । इसी अधिकारी के अनुसार अगर मंड में कहीं आतंकवादी छुपे हुए होंगे या तो वे भाग निकले होंगे या फिर पानी में ही बह गए होंगे और जहां कहीं उन्होंने अपने हथियार छुपा रखे होंगे वे भी भगवान के आप्रेशन मंड में गायब हो गए होंगे ।

Punjab Digital

अंक अर्जित कर 17 वें स्थान पर रहा । इस प्रदर्शन के बाद कुल मिलाकर लिम्बा राम को 32वां स्थान मिला ।

संजीव सिंह 72 निशाने के बाद कुल 575 अंक अर्जित कर 41वें स्थान पर रहा । उसने 90 मीटर के चक्र में 285 अंक अर्जित किये और 29वें स्थान पर रहा लेकिन 70 मीटर के चक्र में मात्र 290 अंक अर्जित करने के कारण अन्ततः 41वें स्थान पर पिछड़ गया । तीसरा भारतीय तीरंदाज श्याम लाल 90 मीटर के चक्र में 293 अंक और 70 मीटर के चक्र में 275 अंक अर्जित कर 73वें स्थान पर रहा ।

कुल 84 तीरंदाजों के बीच दक्षिण कोरिया का तुंग सु पार्क कुल 630 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा जबकि अमरीका का जे. बार्स (623 अंक) और सोवियत तीरंदाज व्लादिमिर इशीव (619 अंक) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बलों ने फतेहगढ़ साहब सब-डिवीजन के गांव संगत सोढियां से दो व्यक्तियों रमेश कुमार तथा राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस के अनुसार ये अभियुक्त एक कार में जा रहे थे । राकेश कुमार से एक 12 बोर का भरा हुआ पिस्तौल तथा रमेश कुमार से 3 कारतूस बरामद किए हैं । उनकी कार को दर्शन सिंह नामक व्यक्ति चला रहा था ।

50 हजार की चोरी : पटियाला में यादवेन्द्र कालोनी में रहने वाले श्री धीरज के यहां से 50 हजार रुपए मूल्य के सामान की चोरी हो गई । इनमें स्वर्ण आभूषण आदि शामिल हैं । घटना के दिन श्री धीरज का परिवार गंगानगर गया हुआ था ।

ए.एस.आई. घायल : लुधियाना में उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई. बलविंदर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया व उसका रिवाल्वर लूट ले गए ।

Punjabi Sanatani

अपील की है ।

उग्रवादियों द्वारा कांस्टेबल सहित 5 की हत्या, मां-बेटा घायल : बटाला में अन्तर्राज्यीय गिरोह बंदी

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (वा., ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक पुलिस कांस्टेबल सहित पांच लोगों की हत्या कर दी व एक महिला सहित दो लोगों को घायल कर दिया । सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में कुछ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । बटाला पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गिरोह के छः सदस्यों को पकड़ा है तथा उनसे हथियारों की दुकान से लूटे गए हथियार बरामद किए हैं । गिरोह के बंदी सदस्यों में बम्बई की एक युवती भी शामिल है ।

3 ट्रांस्पोर्टरों की हत्या : गुरदासपुर जिले में उग्रवादियों ने धारीवाल पुलिस थाने के अन्तर्गत ज़फ़रवाल में कल रात एक गुड्स ट्रांस्पोर्ट कम्पनी के तीन पार्टनरों की हत्या कर दी । तीनों मृतकों के नाम भगत राम, बाबू राम तथा महंगा सिंह बताए गए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार आधा दर्जन उग्रवादियों ने, जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, अंधाधुंध फ़ायरिंग करके इन तीन व्यक्तियों की हत्या की । इस हत्याकांड की सूचना प्राप्त होते ही अधिकारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए । अभियुक्तों की तलाश के लिए क्षेत्र की नाकेबंदी कर ली गई है ।

युवक का शव मिला : एक अज्ञात युवक का गोलियों से छलनी शव पुलिस ने आज प्रातः सरहाली पुलिस थाने के थाँदियां महंता गांव से बरामद किया । पुलिस के अनुसार शव के पास ए.के. 47 असाल्ट राइफल के कुछ खाली कारतूस पड़े मिले ।

इसी बीच अमृतसर के लोपोके क्षेत्र में पुलिस ने उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में एक व्यक्ति गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस सिपाही की हत्या : अमृतसर ज़िले के लोपोके थाने के अन्तर्गत गांव मानांवाला में कल रात उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक कांस्टेबल बशीर मसीह जालन्धर ज़िले के करतारपुर थाने में तैनात था तथा छुट्टियों में अपने गांव आया हुआ था । उग्रवादी उसकी हत्या करने के उपरान्त पैदल ही वहां से फरार हो गए ।

'अशोक' के अनुसार बशीर अहमद और उसका पुत्र रात्रि 8 बजे के करीब गांव की ओर से आ रहे थे कि 4 उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । बशीर अहमद की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई, जबकि उसका पुत्र भागने में सफल हो गया ।

सहायक इंस्पैक्टर घायल : लुधियाना से प्राप्त समाचारों के अनुसार आतंकवादियों ने कल पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक बलविन्दर सिंह को लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय के पास गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी उसकी सर्विस रिवाल्वर भी छीन ले गये । उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

उग्रवादियों द्वारा कांस्टेबल सहित 5 की हत्या, मां-बेटा घायल : बटाला में अन्तर्राज्यीय गिरोह बंदी

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (वा., ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक पुलिस कांस्टेबल सहित पांच लोगों की हत्या कर दी व एक महिला सहित दो लोगों को घायल कर दिया । सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में कुछ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । बटाला पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गिरोह के छः सदस्यों को पकड़ा है तथा उनसे हथियारों की दुकान से लूटे गए हथियार बरामद किए हैं । गिरोह के बंदी सदस्यों में बम्बई की एक युवती भी शामिल है ।

3 ट्रांसपोर्टरों की हत्या : गुरदासपुर जिले में उग्रवादियों ने धारीवाल पुलिस थाने के अन्तर्गत ज़फ़रवाल में कल रात एक गुड्स ट्रांसपोर्ट कम्पनी के तीन पार्टनरों की हत्या कर दी । तीनों मृतकों के नाम भगत राम, बाबू राम तथा महंगा सिंह बताए गए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार आधा दर्जन उग्रवादियों ने, जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, अंधाधुंध फ़ायरिंग करके इन तीन व्यक्तियों की हत्या की । इस हत्याकांड की सूचना प्राप्त होते ही अधिकारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए । अभियुक्तों की तलाश के लिए क्षेत्र की नाकेबंदी कर ली गई है ।

युवक का शव मिला : एक अज्ञात युवक का गोलियों से छलनी शव पुलिस ने आज प्रातः सरहाली पुलिस थाने के शातियां महंता गांव से बरामद किया । पुलिस के अनुसार शव के पास ए.के. 47 असाल्ट राइफल के कुछ खाली कारतूस पड़े मिले ।

इसी बीच अमृतसर के लोपोके क्षेत्र में पुलिस ने उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में एक व्यक्ति गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस सिपाही की हत्या : अमृतसर ज़िले के लोपोके थाने के अन्तर्गत गांव मानांवाला में कल रात उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक कांस्टेबल बशीर मसीह जालन्धर ज़िले के करतारपुर थाने में तैनात था तथा छुट्टियों में अपने गांव आया हुआ था । उग्रवादी उसकी हत्या करने के उपरान्त पैदल ही वहां से फरार हो गए ।

'अशोक' के अनुसार बशीर अहमद और उसका पुत्र रात्रि 8 बजे के करीब गांव की ओर से आ रहे थे कि 4 उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । बशीर अहमद की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई, जबकि उसका पुत्र भागने में सफल हो गया ।

सहायक इंस्पैक्टर घायल : लुधियाना से प्राप्त समाचारों के अनुसार आतंकवादियों ने कल पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक बलविन्दर सिंह को लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय के पास गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी उसकी सर्विस रिवाल्वर भी छीन ले गये । उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sanad.com

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मां-बेटा गम्भीर घायल : नवांशहर से शर्मा ने सूचना दी है कि यहां से 2 किलो मीटर दूर गांव भंगल खुर्द में कल लगभग डेढ़ बजे रात 3 उग्रवादियों ने राकेश चंद्र सुपुत्र पंडित सोहन लाल और उसकी मां पप्पा को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और जाती बार राकेश चंद्र के चाचा कमलेश को 2 दिन के अन्दर-अन्दर खत्म करने की धमकियां दे गए । घायल मां-बेटे को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घर वालों ने एक हमलावर को पहचान लिया था, उनके अनुसार वह उसी गांव का परमजीत सिंह उर्फ पम्मा है । वह फरार हो गया है ।

फौजी की स्टेनगन ले गए : नवांशहर के बाढ़ग्रस्त बेट क्षेत्र में तैनात एक सैनिक जवान की स्टेनगन उड़ा लिए जाने की सूचना मिली है । वह गांव मुजफ्फरपुर में तैनात था । पुलिस ने 4 व्यक्तियों गुरमीत सिंह, जोगासिंह, बलदेव और नरेन्द्र सिंह को इस मामले में हिरासत में ले लिया है ।

घर की मालकिन को लूट लिया : नवांशहर से गौतम के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग अढ़ाई बजे तीन युवक, जिनकी आय 22-24 वर्ष के आसपास थी, यहां महल्ला पिडौरा में शराब के ठेकेदार निरंजन सिंह की कोठी के बाहर आए । उनके आवाज देने पर घर की मालकिन बाहर आई तो उन्होंने बताया कि वे बिजली कर्मचारी हैं और अंदर जाकर देखना चाहते हैं । मालकिन घर के अंदर रसोई में चली गई, उसके पीछे ही वे युवक भी चले आए और उसे पिस्तौल दिखा कर उसका सोने का कड़ा, हार और 'कंटि' उतरवा लिए । ये लगभग 7 तोले के थे और इनका मूल्य लगभग 20,000 रुपए था । हमलावरों ने उस स्त्री को पीट कर कमरे में बंद कर दिया और फरार हो गए । बाद में उस स्त्री का पति आया तो घटना का पता चला ।

लुटेरों का गिरोह बंदी : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस ने चोरों और लुटेरों के एक अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ा है । पुलिस ने बम्बई की एक युवती सहित इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । उनसे 2 लाख रुपए मूल्य की लूटी हुई व चुराई गई वस्तुएं भी बरामद की गई हैं । इस गिरोह ने गत 23-24 सितम्बर की रात्रि में बटाला नगर के लाहौर गन हाऊस से जो हथियार चुराए थे, वह सभी के सभी बरामद कर लिए गए हैं ।

बार्डर रेंज के डी.आई.जी. श्री एस.के. वर्मा ने यहां सम्वाददाताओं को बताया कि पुलिस इस गिरोह के सरगना व 3 अन्य सदस्यों को भी पकड़ने के प्रयास में लगी है ।

श्री वर्मा ने बताया कि गिरोह के गिरफ्तार किए गए सदस्यों के नाम आनंद किशोर (दादर-बम्बई), उसकी बहन अनिता पाटिल, शाम लाल, चिमन लाल, सुरजीत सिंह साहबी तथा कमलजीत सिंह हैं । अंतिम 4 बटाला शहर के ही रहने वाले हैं ।

डी.आई.जी. ने बताया कि इस गिरोह से .315 बोर की एक राइफल, .12 बोर की 3 बंदूकें, .32 बोर के दो रिवाल्वर बरामद किए गए हैं । उन्होंने कहा कि इस गिरोह से एक रिवाल्वर तथा 242 कारतूस भी बरामद किए जाने हैं ।

श्री वर्मा ने बताया कि इस गिरोह के जो सदस्य फरार हैं, उनमें गिरोह का सरगना मन्ना, जो शाम लाल का बड़ा भाई है, बाबू (अमृतसर), कुलदीप सिंह (बटाला) तथा सोढी (टांडा-होशियारपुर) शामिल हैं ।

श्री वर्मा ने कहा कि इस गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी उस समय हुई जब इस गिरोह का एक सदस्य गत 25-26 सितम्बर की रात्रि में रेलवे गोदाम के निकट एक महिला को गोली मार कर घायल करके भाग रहा था और पकड़ा गया । उक्त महिला सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है तथा उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है । श्री वर्मा ने बताया कि उक्त महिला को अभियुक्त ने नगर की दुकान से चुराए हुए हथियार से गोली चलाकर घायल किया था ।

इस गिरोह ने स्थानीय सिनेमा रोड से एक व्यक्ति जसवंत सिंह के मकान से 18 हजार रुपए के स्वर्ण आभूषण भी लूटने में अपना हाथ होना स्वीकार किया है । उसी रात उन्होंने बटाला शहर में हथियारों की दुकान से हथियार लूटे थे । इस गिरोह ने पठानकोट नगर में भी अनेक चोरियां करने की बात स्वीकार की है । इस गिरोह से जो सामान बरामद किया गया है, उसमें दो स्टीरियो डैक, कैमरे, हाथ घड़ियां, दीवार घड़ियां, टाइम पीस, 5 साइकिल, ग्रामोफोन रिकार्ड, साड़ियां तथा अन्य बहुमूल्य कपड़े शामिल हैं ।

डी.आई.जी. ने बताया कि बम्बई के भाई-बहन इस गिरोह में एक माह पूर्व उस समय शामिल हुए थे, जबकि उनकी मुलाकात श्रीनगर में बटाला के इस गिरोह के साथ हुई थी ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने गत रात्रि में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके नाम बाला सिंह, दर्शन सिंह, बलविंदर सिंह तथा गुरनाम सिंह बताए हैं । उनके पास से दो पिस्तौलें बरामद की गई हैं ।

बैंक कर्मचारी बुधवार को नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के सामने प्रदर्शन करते हुए ।

बैंक कर्मियों की हड़ताल

नई दिल्ली, 28 सितम्बर : बेहतर वेतन की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों की आज एक दिन की हड़ताल के कारण देश के अधिकांश भागों में बैंकों में कामकाज लगभग ठप्प हो गया । एक दिन की हड़ताल का आह्वान अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ द्वारा दिया गया था । बैंक कर्मचारियों की मांगों को लेकर यह संगठन वित्त मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहा है ।

बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन आफ इंडिया की राज्य इकाई, यूनाइटेड कौंसिल आफ बैंक एम्प्लाइज ने एक बयान में कहा कि अन्य मुख्य यूनियनों से मतभेद के बावजूद वे इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं ।

अधिकांश राष्ट्रीयकृत बैंकों में ग्राहकों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा क्योंकि हड़ताली कर्मचारी काम ही नहीं कर रहे थे । बैंकों में अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित रहे परन्तु सिर्फ अधिकारी ही कामकाज निबटाने का प्रयास कर रहे थे ।

जालन्धर, (ढल्ल) : पंजाब और चंडीगढ़ के हजारों बैंक कर्मचारियों ने आज नैशनल कन्फैडेरेशन आफ बैंक एम्पलाज़ तथा आल इंडिया बैंक एम्पलाइज़ एसोसिएशन की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर उजरतों में वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल की जिससे बैंकों में प्रायः काम ठप्प रहा ।

उक्त दावा करते हुए कन्फैडेरेशन (पंजाब व चंडीगढ़ यूनिट) के प्रैस सचिव श्री यशपाल शर्मा ने बताया कि उनकी उजरतों का पूर्व द्विपक्षीय समझौता 30.6.87 को समाप्त हो गया मगर अभी तक इंडियन बैंकर्ज़ एसोसिएशन वार्ता द्वारा नया

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 28.9.88 72/- without trays. NECC Suggested Retail Price 9.50 per Dozen.

शिक्षा

मैट्रिक, +2, प्रैप/इंटर पास B.A. फाइनल, B.A. II (Old Syllabus) B.A III, RMP कोर्स-उनका

उग्रवादियों द्वारा ग्रन्थी, दो भाइयों सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात उग्रवादियों ने एक ग्रंथी और दो भाइयों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि पटियाला में एक शराब की दुकान के सेल्ज़मैन को घायल कर दिया ।

तरनतारन पुलिस जिला के गांव पूनियां में हुए गोलीकांड के एक घायल की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

सुरक्षा बलों ने कल रात से राज्य में 15 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें 9 जिला संगरूर में पकड़े गए । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से काफी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का मिला ।

दो भाइयों की हत्या : अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के लोपोके थाने के भगवां गांव में कल देर रात दो भाइयों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मारे गए दोनों भाइयों के नाम चमन लाल और राजपाल हैं । पुलिस ने बताया कि छः आतंकवादियों ने जो अपना मुंह ढंके हुए थे, दुकानदार सोहन लाल के घर में घुस कर उसके दो छोटे लड़कों को घर से बाहर खींच कर गोली मार दी । हमलावर पैदल भाग गए ।

हत्या : धुरी (सिंगला): थाना शेरपुर के गांव पंजगराई में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । मृतक का नाम अमरीक सिंह बताया गया है तथा वह गांव मुंशीवाला का निवासी था ।

पुलिस रिमांड : जुडीशियल मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धुरी ने नौ आतंकवादियों का प्रथम अक्तूबर तक पुलिस रिमांड दे दिया ।

बटाला (कोछड़): आतंकवादियों ने कल रात श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र के बोलेवाल गांव में एक ग्रंथी की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी चीनी ए.के. राइफलों से लैस थे । चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर इस बारे में पूछताछ की जा रही है ।

सेल्ज़मैन घायल : पटियाला (भूषण): गत सायं यहां दो अज्ञात व्यक्तियों ने साई मार्केट में एक शराब की दुकान के सेल्ज़मैन भगवान दास को गोली मार कर घायल कर दिया । अभियुक्तों ने उससे शराब की आधी बोतल मांगी और उसे बीस रुपए दिए । भगवान दास ने उन्हें छः रुपए और देने को कहा, जिस पर उन्होंने गोली चला दी । सेल्ज़मैन को राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

सामाना में हत्या : गत रात्रि जिला पटियाला के कस्बा सामाना में एक व्यक्ति गुलज़ार सिंह की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

मारुति कार छीनी : लुधियाना में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गत रात जिला के गांव माजरी के निकट पिस्तौल की नोक पर एक मारुति कार छीन ली गई ।

ा बल पूरी तरह हटे

श्री मनजीत सिंह ने कहा कि शिरोमणि कमेटी ने पहले ही सरायों के कमरों की सफाई और मुरम्मत आदि शुरू कर दी है तथा वह शीघ्र ही अपने पहले वाले कार्यालय में चली जाएगी ।

पिछले चार महीनों से शिरोमणि कमेटी सर्कुलर रोड पर गुरु राम दास अस्पताल से काम चला रही है । कमेटी का कुछ फर्नीचर और रिकार्ड आज तेजा सिंह समुन्दरी हाल में पहुंचा दिया गया । सुरक्षा बलों के हटते ही खाली किए गए कमरों में शिरोमणि कमेटी के कर्मचारियों की गतिविधियां बढ़ गईं । बाबा अटल की ओर से भी दरबार साहब में श्रद्धालुओं को जाने की छूट दे दी गई है ।

शिरोमणि कमेटी की तरफ से अपने सेवा दल के स्वयं सेवक एक या दो दिन में परिसर में तैनात किए जाने की सम्भावना है । उसने पहले ही सरकार से उसके जब्त किए गए हथियार लौटाने तथा लगभग 100 स्वयं सेवकों के लिए हथियारों के नए लाइसैंस जारी करने का अनुरोध कर रखा है ।

तथापि सुरक्षा बल दरबार साहब को जाने वाले प्रवेश द्वारों पर तैनात रहेंगे । बारह महत्वपूर्ण नाकों पर भी आर पी की चार कम्पनियां तथा और

Punjab Sahitya

उग्रवादियों द्वारा 3 परिवारों के 7 सदस्यों सहित 11 की हत्या

मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा दो दर्जन गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (ह.स.) : उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में तीन परिवारों के 7 सदस्यों की हत्या कर दी जबकि पांच अन्य को घायल कर दिया । उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर गोलियां बरसाईं । जबावी फ़ायरिंग में एक उग्रवादी घायल हो गया । जिला पटियाला में एक टैक्सी ड्राईवर व उसके साथी की और जिला संगरूर में एक व्यक्ति की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । सामाना में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में गत दिनों हुए बम विस्फोट के 4 दोषियों को, होशियारपुर में एक और जिला अमृतसर में 17 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

7 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): जिला अमृतसर के थाना हरिके के गांव करमूवाल में गत रात लगभग आधा दर्जन उग्रवादियों ने तीन परिवारों के सात सदस्यों की हत्या कर दी, जबकि पांच अन्य को घायल कर दिया । मृतकों में दो महिलाएं और घायलों में एक महिला के अतिरिक्त एक 9 मास का बच्चा भी शामिल है । इस घटना के सम्बन्ध में पुलिस से प्राप्त विवरण के अनुसार ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस उग्रवादी सबसे पहले अनोख सिंह के घर में घुसे और वहां फायरिंग शुरू कर दी । उस समय यह परिवार सोने की तैयारी कर रहा था । इस फायरिंग में 3 लोग मारे गए जबकि 2 अन्य घायल हो गए । इसके बाद उग्रवादी पड़ोस के दो घरों में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए ।

प्राप्त विवरणानुसार मृतकों की शिनाख्त भोमा सिंह (30) निवासी सभराओं, किरपाल सिंह निवासी बेरी शाहरावाली, शेर सिंह (16) पुत्र महल सिंह निवासी अलीपुर, दूला सिंह (55) पुत्र हजारा सिंह निवासी करमूवाल, गुरमीत सिंह (50) पुत्र साधु सिंह निवासी करमूवाल, कर्मजीत कौर (24) पत्नी शिगारा सिंह, मंजीत कौर (22) पत्नी बलकार सिंह निवासी करमूवाल के रूप में की गई है ।

इस वारदात में घायल हुए लोगों के नाम इस प्रकार हैं :–

जोगिंदर कौर (40) पत्नी अनोख सिंह, परगट सिंह (15) पुत्र अजीत सिंह निवासी पंडोरी, निर्मल सिंह पुत्र सुलखन सिंह निवासी करमूवाल, सोनू (9 मास) पुत्र शिगारा सिंह निवासी करमूवाल और गिलो (25) पुत्री अनूप सिंह ।

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस और सी.आर.पी. के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

एक अन्य समाचार के अनुसार 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के स्वयं भू एरिया कमांडर बूटा सिंह के नेतृत्व में चार उग्रवादी दूला सिंह के घर में घुसे और उसे अनोख सिंह के घर ले गए जहां पहले उन्होंने दूला सिंह तथा बाद में अनोख सिंह के परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी । इसके बाद उग्रवादी गुरमेज सिंह के फार्म हाऊस पर गए और वहां उसकी हत्या कर दी ।

जिम्मेदारी : घटनास्थल से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसके अनुसार इन हत्याओं की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है ।

17 गिरफ्तार : मजीठा के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस ने ऐसे दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जो अजनाला थाना के जस्तरवाल गांव में आठ लोगों की हत्याओं सहित 18 हत्याओं में संलिप्त हैं । इन उग्रवादियों से 3.65 लाख रुपए का सामान, एक मिनी बस, एक मारुति कार और एक स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम इस प्रकार हैं :–1. कुलवंत सिंह भोला पुत्र बलदेव सिंह निवासी घसीटपुर । 'बी' श्रेणी के इस उग्रवादी पर 25 हजार रुपए का ईनाम है । 2. सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र विरसा सिंह निवासी नेपाल थाना लोपोके । 3. बलजीत सिंह पुत्र अजमेर सिंह निवासी लश्करी नंगल थाना मजीठा । 4. चरणजीत सिंह पुत्र सुल्तान सिंह निवासी बेरियांवाला थाना फतेहगढ़ चूड़ियां । 5. कुलदीप सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी पुरियां थाना सदर बटाला । 6. गुरमेज सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी बेरियांवाला । 7. वीरेंद्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी पुरियां । 8. पूर्ण सिंह पुत्र मस्सा सिंह निवासी रानियां । 9. रसाल सिंह उर्फ लाली शिनागर सिंह निवासी रानियां । 10. दर्शन सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी घोगा थाना लोपोके । 11. गुरनाम सिंह पुत्र अजैब सिंह निवासी कोटला सुल्तान सिंह । 12. बलजीत सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी अटारी । 13. रूढ़ सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी कोटला सुल्तान सिंह । 14. हरदियाल सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी तलवंडी भिंडर । 15. हरदेव सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी भोमा थाना श्रीहरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर । 16. मलूक सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी बद्दोवाल । 17. बलकार सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी कैरोंनंगल ।

प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन उग्रवादियों को 30 सितम्बर और एक अक्तूबर की मध्य रात्रि को गिरफ्तार किया गया । इन्होंने प्राथमिक पूछताछ के दौरान मजीठा, बटाला और तरनतारन के इलाकों में 18 व्यक्तियों की हत्या करने की स्वीकारोक्ति की । ये 17 उग्रवादी पांच अलग-अलग गिरोहों से सम्बन्धित हैं । जिन लोगों की हत्याएं व अन्य वारदातें इन उग्रवादियों ने कीं, उनका विवरण इस प्रकार है :–1. तरनतारन मार्कीट कमेटी के चेयरमैन मुख्तियार सिंह की हत्या । 2. थाना वैरोवाल के गांव घसीटपुर में इंका प्रधान बचन सिंह की हत्या । 3. थाना अजनाला के गांव जस्तरवाल में एक समुदाय के आठ लोगों की हत्या । 4. अजनाला कस्बा में अंधाधुंध फायरिंग में तीन व्यक्तियों की हत्या और तीन अन्य को घायल करना । 5. गांव भोमा में अंधाधुंध फायरिंग से दो व्यक्तियों की हत्या और पांच अन्य को घायल करना । 6. चौधरीवाल गांव में अमर सिंह की हत्या । 7. नेपाल और ढडियाल गांवों में दो व्यक्तियों की हत्या ।

प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पूछताछ के दौरान इन उग्रवादियों ने 21 डकैतियों की भी स्वीकारोक्ति की है । इन उग्रवादियों से पकड़े गए हथियारों का विवरण इस प्रकार है :–3 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, इन राइफलों के 4 मैगज़ीन व 300 कारतूस, 3 राइफलें .303 बोर की व 151 कारतूस, 4 रिवाल्वर .32 बोर के और 42 कारतूस, 2 पिस्तौल .12 बोर की 4 बंदूकें व 20 कारतूस तथा एच.ई. 36 के 3 हैंड ग्रेनेड ।

एक अन्य समाचार के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों में से दो को रैय्या के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया । ये कार द्वारा कहीं जा रहे थे । इनके कब्जे से दो ए.के. 47 राइफलें, तीन मैगजीन और 300 कारतूस बरामद हुए । कार को जब्त कर लिया गया है । कार पर जाली नम्बर लगे थे । इनकी शिनाख्त सतनाम सिंह और कुलवंत सिंह के रूप में की गई है । पांच उग्रवादी गुरमीत सिंह, वीरेन्द्र बलजीत सिंह, चरणजीत सिंह और कुलवंत सिंह को बाबा बकाला सब डिवीजन में मारे गए छापों के दौरान गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से दो दोनाली बन्दूकें, एक 32 बोर का रिवाल्वर, दो हैंडग्रनेड और कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

श्री चमन लाल, बार्डर रेंज पुलिस इंस्पैक्टर जनरल, ने बताया कि मजीठा पुलिस द्वारा गिरफ्तार 17 उग्रवादियों में से दो कुलवंत सिंह भोला और दर्शन सिंह पर 25-25 हजार का इनाम है तथा यह दोनों + बी श्रेणी के उग्रवादी हैं । खालिस्तान

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Digital Library

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिबरेशन फोर्स के सरगना जोगराज सिंह गिरोह के गिरफ्तार चार उग्रवादी हरदियाल सिंह, हरदेव सिंह, मलूक सिंह और बलकार सिंह हैं ।

श्री चमन लाल ने बताया कि दो उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता और कुलवंत सिंह बब्बर खालसा से संबंधित हैं ।

उग्रवादी घायल : 'ह.स.' के अनुसार हरिके पुलिस स्टेशन के ही गांव जैतोवाल में दरबारा सिंह के परिवार ने जवाबी गोलियां चलाईं जिससे एक उग्रवादी घायल हो गया । उग्रवादी अपने घायल साथी को साथ लेकर भाग गए ।

सी.आर.पी. पर हमला : थाना वल्टोहा के कोटली गांव के निकट एक नाके पर तैनात सी.आर.पी. की एक टुकड़ी उस वक्त बाल-बाल बच गई जब घोड़े पर सवार दो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । इसके जवाब में सुरक्षा बल ने गोलियां चलाईं जिससे एक घोड़ा मारा गया । दोनों आतंकवादी एक घोड़े पर सवार होकर भाग गए ।

लोगों ने एक दबोचा : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र कोट खालसा के निकट आज प्रातः लोगों ने दो उग्रवादियों द्वारा एक कार छीनने का प्रयास विफल कर दिया । एक उग्रवादी को लोगों ने दबोच लिया जबकि दूसरा फरार होने में सफल हो गया ।

शरणदाता गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में वल्टोहा पुलिस स्टेशन के गांव महमूदपुर से मलागर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा : सामाना (वर्मा): जिला फरीदकोट का खूंखार आतंकवादी सुरिन्दर सिंह छिन्दा आज यहां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया । उसके सिर पर 50 हजार का इनाम था और वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर था । उसके कब्जे से 455 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले हैं ।

एस.एस.पी. श्री बिरदी ने बताया कि आज दोपहर 12 बजे छिन्दा सामाना के घाघा-रोड पर रिक्शा में बैठा जा रहा था । पीछे से फरीदकोट पुलिस के एस.पी. श्री देसराज तथा डी.एस.पी. के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी ने उसे ललकारा, जिसपर उसने गोली चलानी आरम्भ कर दी । जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की जिससे वह घटनास्थल पर ही मारा गया । छिन्दा सरहिन्द के नरसंहार तथा चंडीगढ़ में पुलिस इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की हत्या में वांछित था ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार गुरदासपुर जिले के एक उग्रवादी छिंदा से आज दोपहर साढ़े बारह बजे सामाना सब-डिवीजन में घाघा रोड पर मुठभेड़ हुई । पुलिस को सूचना मिली थी कि छिंदा सामाना क्षेत्र में विशेष 'मिशन' पर आया हुआ है । इस पर जिला फरीदकोट पुलिस ने एस.पी. आप्रेशन के नेतृत्व में उसकी तलाश शुरू की । घाघा रोड पर टैलीफोन एक्सचेंज के निकट उसे चुनौती दी गई तो उसने गोली चला दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में छिंदा मारा गया । मुठभेड़ के दौरान वहां से गुजर रहे दो व्यक्ति अवतार सिंह और गुलजार सिंह घायल हो गए । उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

टैक्सी ड्राइवर की हत्या : पटियाला (ह.स.): तीन उग्रवादियों ने पटियाला से खनौरी गांव जाने के लिए एक टैक्सी किराए पर ली । टैक्सी जैसे ही चीपकी गांव के निकट पहुंची उग्रवादियों ने टैक्सी ड्राइवर और उसके साथी की हत्या कर दी । इसके बाद उग्रवादी टैक्सी (मारुति वैन) में ही फरार हो गए ।

बम कांड के दोषी गिरफ्तार : राजपुरा (मासूम): राजपुरा पुलिस ने टाऊनशिप में तथा जन्माष्टमी की रात पुराना शहर में मन्दिर के पास रखे बम कांडों के चारों दोषी अश्विनी कुमार पुत्र बनारसी दास, जंग बहादुर, देवेन्द्र सिंह उर्फ लाडी गांव पैहरकला और साहिब सिंह गांव शामदह को गिरफ्तार कर लिया है । इनके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ जिनमें 16 बारूदी छड़ियां । 60 डैटोनेटर, दो बमों में फिट होने वाली घड़ियों के अतिरिक्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड और कुछ आपत्तिजनक इश्तिहार बरामद किए हैं ।

एक की हत्या : संगरूर (ह.स.): जिला संगरूर के छंगल गांव में कुछ उग्रवादियों ने प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (नि.स.): जिला पुलिस ने पांछटा ग्राम के एक आतंकवादी हरविंद्र सिंह उर्फ पिंदी को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि उक्त आतंकवादी हत्या तथा लूटमार की बहुत सी घटनाओं में पुलिस को वांछित था ।

साइकल सवार की हत्या : मानसा (ह.स.) आज सायं यहां शहर के बाहर दो उग्रवादियों ने एक साइकल सवार अवतार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का कमल कुमार, आयु 14 वर्ष, रंग दरमियाना, चैकदार कमीज, गूढ़े सलेटी रंग की पैंट (मिक्सचर), 13.9.88 से नारायणगढ़ से बिना बताए कहीं चला गया । यदि वह स्वयं पढ़े या किसी को मिले तो निम्न पते पर पता दें या पहुंचा दें । खर्च के अतिरिक्त शुक्राना दिया जाएगा ।

शंकर जनरल स्टोर, नारायणगढ़ (अम्बाला), हरियाणा

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का दीपक कुमार, उम्र 30 साल, कद 5'-7½", रंग साफ, 13.6.88 से जालंधर कैंट से लापता है । पहुंचाने वाले को 500 रुपए बतौर शुक्राना दिया जाएगा ।

सतपाल,
मकान नं. 84, मुहल्ला नं. 23, जालंधर कैंट, फोन : 4366.

हाईकोर्ट आफ जम्मू एंड कश्मीर, जम्मू

दीवानी मूल मुकद्दमा नं. 140/1981
अमरजीत सिंह और अन्य बनाम मै. विशन लाल कुठालिया एंड सन्स तथा अन्य

पालिका सीमाओं के अंदर, नवाबाद जम्मू में स्थित भूमि परिमाप 3 कनाल 2 मरला की 1.86 लाख रुपए की लागत से भूमि की खरीद पूर्व अधिकार की डिग्री देने और डिक्लारेशन के लिए मुकद्दमा, जिसके विवरण निम्न प्रकार हैं :

(क) भूमि परिमाप 15 मरले—खेवत नं. 20, खाता 71 मिन/48 मिन सर्वे नं. 347 मिन बंजर कदीम, नवाबाद जम्मू में, पालिका सीमाओं के अंदर स्थित, प्रतिवादी नं. 2 और 3 द्वारा प्रतिवादी नं. 1 के पक्ष में मेल डीड

लुधियाना वासी ★
केवल 365
रू० टेकर 36 सः मीः
CORE MODEL
PULSER TV
MAKES THE DIFFERENCE
आज ही अपने घर लें जाएं, बकाया बहुत ही आसान किश्तों में दे।
AJAY MUSICAL LINKERS
8 S.C.F. UDHAM SINGH NAGAR MARKET, LUDHIANA-141001

अफीम, सेहत, बवासीर, चमड़ी का पक्का इलाज

शनिवार, रविवार व बुधवार को छोड़ कर बाकी दिन
हैड आफिस :
डा. बलविन्दर सिंह वालिया
सामने बस स्टैंड, लुधियाना

टूर : जहां डा. वालिया जी खुद मिलते हैं :—
अमृतसर : हर बुधवार, सामने बस स्टैंड, नज़दीक संगम सिनेमा ।
अबोहर : हर शनिवार, नज़दीक बस स्टैंड ।
फिरोज़पुर : हर रविवार दिल्ली गेट के अंदर ।
यहां सिर्फ दवाई मिलती है ।
श्रीगंगानगर : हर शुक्रवार, मून लाइट होटल, रेलवे स्टेशन ।

Punjab Kesari

उग्रवादियों द्वारा 7 व्यक्तियों की हत्या, हैडकांस्टेबल सख्त घायल

चंडीगढ़, 2 अक्तूबर (वार्ता, हस): गत रात के बाद पंजाब में उग्रवादियों ने एक स्त्री सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक हैडकांस्टेबल को घायल कर दिया । एक फरार उग्रवादी के घर से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये, जिनमें 9 राकेट व 2 चीनी असाल्ट राइफलें भी शामिल हैं । होमगार्ड के एक जवान तथा एक दुकानदार का अपहरण कर लिया गया ।

2 की हत्या : सुनाम (नागपाल): कल रात यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर कस्बा खनौड़ी के निकट उग्रवादियों द्वारा एक मारुति वैन ड्राइवर जिया लाल अग्रवाल और उसके साथी हरपाल सिंह की हत्या करके मारुति वैन उड़ा लिये जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि लगभग 7 बजे शाम तीन व्यक्ति जिया लाल के पास गये और उसे पटियाला चलने के लिए कहा । किराया तय कर लिया गया, परन्तु चूंकि शाम का समय था, उसने हरपाल सिंह को भी साथ बिठा लिया और तीनों सवारियों को लेकर पटियाला को चल पड़ा । रास्ते में इन उग्रवादियों ने जिया लाल व उसके साथी हरपाल सिंह की हत्या कर दी और थाना सामाना की सीमा में लाशें फैंक कर मारुति वैन लेकर फरार हो गये जबकि जिया लाल के सिर में गोली लगी थी, हरपाल सिंह का शरीर छुरों और चाकुओं के वारों से छलनी हो गया था । उसके शरीर पर लगभग 50 घाव थे ।

होमगार्ड के जवान तथा एक दुकानदार का अपहरण : ज़मीन में दबाया गया शस्त्रास्त्र भंडार बरामद

थाना सामाना की पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्तों की खोज आरम्भ कर दी है, परन्तु अभी तक अभियुक्तों का पता नहीं चल सका । लाशें पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को दे दी गईं ।

मरा नहीं : मुक्तसर (दर्दी) : सरहिंद हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त सुरेंद्र सिंह छिंदा ने गत दिवस सामाना में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल होने के बाद जेब से ज़हर निकाल कर खाने की कोशिश की जिसे पुलिस ने नाकाम बना दिया । यह सूचना आज यहां फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा ने देते हुए बताया कि सरहिंद हत्याकांड में छिंदा के साथ जो अन्य तीन उग्रवादी थे, उन्हें नामज़द कर लिया गया है । छिंदा के साथ जो उग्रवादी थे, उनमें थाना नकोदर के बीर गांव का परमजीत सिंह पम्मा, जिला जालंधर का सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता और तीसरा मनजिंदर पाल था । मनजिंदर पाल ने अपने 6 अन्य नाम राहुल जैन और बिट्टू आदि रखे हुए हैं । श्री शर्मा ने बताया कि मुक्तसर हत्या कांड में वांछित जो खतरनाक उग्रवादी बराम सिंह मारा गया था, छिंदा उसका साथी था । पंचकूला में भी बस में उन्होंने बम रखा था ।

17 अफ़ीमची मरे : एस.एस.पी. ने बताया कि गत मास जिला फरीदकोट के विभिन्न गांवों में जिन 17 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी, वह सबके सब अफ़ीम खाने वाले तथा अन्य नशीली चीज़ें इस्तेमाल करने वाले थे । अधिकांश मौतें मोगा सबडिवीज़न में हुई हैं । उन्होंने बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त जिला कमेटी से अफ़ीमचियों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला था, जिसने अफ़ीम के परमिट दिलवाने के लिए कहा था । प्रतिनिधिमंडल को बताया गया था कि उनका केस सरकार को सौंप दिया गया है । उन्होंने कहा कि लोगों को नशे की लानत से छुटकारा दिलाने के लिए मोगा में एक कैम्प लगाने का प्रस्ताव है । उन्होंने कहा कि फरीदकोट पुलिस ने 357 टन आटा, 48 बोरी दालें और 14 टन पका हुआ खाना लोगों से इकट्ठा करके बाढ़ पीड़ितों को उपलब्ध कराया है ।

एक की हत्या, एक घायल : बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव कोटली ढल्ला में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति मुख्तार मसीह की हत्या कर दी जबकि एक अन्य व्यक्ति वीर मसीह को घायल कर दिया ।

एक और हत्या : गत रात बटाला पुलिस जिला के थाना डेरा बाबा नानक क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति काला मसीह की हत्या कर दी ।

लाश मिली : अमृतसर जिले के तरनतारन शहर में एक व्यक्ति मेवा सिंह की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः बरामद हुई ।

शस्त्रास्त्र बरामद : केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फोर्स (सी.आर.पी.) ने थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंह में एक फरार उग्रवादी के फ़ार्म हाऊस पर छापा मार कर 9 रूसनिर्मित आर.पी.जी.-7 राकेट बरामद किए । सी.आर.पी. के सूत्रों के अनुसार बरामद हुए अन्य हथियारों व गोली-सिक्के में दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, इनके 13 मैगज़ीन 10 ए.के. 47 [illegible] राकेट



अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र में एक फार्म हाऊस पर छापा मार कर सी.आर.पी. ने राकेट तथा अन्य हथियार बरामद किए । चित्र में सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क पकड़ी गई सामग्री का निरीक्षण कर रहे हैं । (छाया : ओम भंडारी)

उग्रवाद के विरुद्ध नई रणनीति में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल संयुक्त कार्रवाई करेंगे

Punjabi Sahara

जिला के थाना डेरा बाबा नानक क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति काला मसीह की हत्या कर दी ।

लाश मिली : अमृतसर जिले के तरनतारन शहर में एक व्यक्ति मेवा सिंह की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः बरामद हुई ।

शस्त्रास्त्र बरामद : केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सी.आर.पी.) ने थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंह में एक फरार उग्रवादी के फ़ार्म हाऊस पर छापा मार कर 9 रूस निर्मित आर.पी.जी.-7 राकेट बरामद किए । सी.आर.पी. के सूत्रों के अनुसार बरामद हुए अन्य हथियारों व गोली-सिक्के में दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, इनके 13 मैगज़ीन 10 ए.के. 47 क्लीनिट किटें, 12 राकेट चार्जर तथा एक ड्राई बैटरी शामिल है । सूत्रों ने बताया कि उक्त उग्रवादी की पत्नी व बच्चों से पूछताछ करके रसोई घर के फ़र्श में दबाया हुआ लकड़ी का बक्सा निकाला जिसमें यह शस्त्रास्त्र रखे हुए थे । यह शस्त्रास्त्र 'खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स' को दिये जाने थे ।

सी.आर.पी. की विशेष छापामार पार्टी का नेतृत्व डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क कर रहे थे ।

होमगार्ड अपहृत : आज प्रातः जिला अमृतसर में संदिग्ध उग्रवादियों ने अलग-अलग घटनाओं में होमगार्ड के चार जवानों तथा एक दुकानदार का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने थाना हरीके के गांव कोट बुड्ढा के निकट एक नौका में जा रहे होमगार्ड के 4 जवानों का अपहरण कर लिया और उन्हें गांव मानावाला की तरफ ले गये । यह जवान निकटवर्ती बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव कार्य के लिए गए थे । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि बाद में उग्रवादियों ने इनमें से तीन बलवंत सिंह, मुख्तार सिंह और हजारी लाल को छोड़ दिया जबकि चौथे जवान को साथ ले गए ।

दूसरी घटना में दो रिवाल्वरधारी युवकों ने झब्बाल की ओर जा रहे एक दुकानदार मदन लाल और उसके लड़के रमन कुमार को गड्डीविंड के निकट रोका । उन्होंने उनका स्कूटर छीन लिया तथा मदन लाल का अपहरण कर लिया । उसका अभी तक कुछ पता नहीं चला ।

स्त्री की हत्या : प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात जिला लुधियाना के माडल ग्राम में एक स्त्री प्रकाश और की हत्या कर दी गई ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रकाश कौर की हत्या का कारण निजी शत्रुता है और मृतका के पति सुरजीत सिंह और उसके भाई दलजीत सिंह पर हत्या का आरोप लगाया गया है । तथापि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

हैंड कांस्टेबल घायल : पटियाला (भूषण): गत रात फिजीकल एजुकेशन कालेज के गर्ल्ज होस्टल के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने पुलिस के हैड कांस्टेबल सेवा सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । वह सिटी कोतवाली के रिकार्ड रूम में तैनात है और ड्यूटी के बाद साइकल पर अपने घर जा रहा था । पीली पगड़ी पहने हुए युवकों ने पीछे से उस पर गोलियां चलाईं । उसे राजेन्द्रा अस्पताल ले

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाया गया जहां उसकी दशा में सुधार हो रहा है । अभियुक्तों ने .39 को रिवाल्वर इस्तेमाल किए तथा वारदात के बाद सेवा सिंह का साइकल लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

नडाला में हत्या : : जिला कपूरथला के गांव नडाला में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । उसकी शिनाख्त लिटामिन के रूप में हुई है ।

एक घायल : लुधियाना के 'धीमान' के अनुसार स्थानीय मोती नगर में आज रात दो उग्रवादियों ने राम रक्खा के घर घुस कर उसे गोली मार कर घायल कर दिया और फरार हो गए । राम रक्खा को सी.एम.सी. अस्पताल दाखिल कराया गया है ।

हत्या : कल बटाला पुलिस थाना क्षेत्र कलानौर थाना क्षेत्र के ग्राम मैनकोट में गुरबचन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

मजीठा पुलिस थाना क्षेत्र में पुलिस ने कुलवन्त सिंह उर्फ भोला नामक एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक 303 राइफल व सैंकड़ों गोलियां बरामद कीं ।

होशियारपुर पुलिस ने हरविंदर सिंह व बल्टोहा पुलिस ने एम. सिंह नामक एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया ।

Punjabi Sanatan

पिता-पुत्र सहित उग्रवादियों द्वारा 7 व्यक्तियों की हत्या : 2 घायल

वाहन व जेवर छीनने की वारदातें, आध दर्जन गिरफ्तारियां

मानसा में बैंक मैनेजर से 1.15 लाख रुपए लूटे

चंडीगढ़, 3 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में उग्रवादियों ने एक परिवार के दो सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि दो व्यक्तियों को घायल कर दिया । एक सहकारी बैंक के मैनेजर से 1.15 लाख रुपए लूट लिए गए । कुछ वाहन व जेवरात छीनने की वारदातों की भी सूचना है । सुरक्षा बलों ने आध दर्जन के लगभग उग्रवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया ।

गैस आप्रेटर की हत्या : लुधियाना (जोशी, ह.स.): अज्ञात प्रात: लगभग 9 बजे उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हरबंस सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसका मोटर साइकल छीन कर भाग गये । जिस समय उसे गोली मारी गई, वह पक्खोवाल रोड से कृषि विश्वविद्यालय की ओर जा रहा था । एक सूचना के अनुसार हरबंस सिंह विश्वविद्यालय में गैस आप्रेटर था उसके पास लाइसैंसी रिवाल्वर भी था लेकिन उग्रवादी वह छोड़ गये ।

मोती नगर में हत्या : कल रात लुधियाना की आबादी मोती नगर में उग्रवादियों ने एक व्यापारी राम रक्खा के घर में घुस कर उसे व उसके लड़के रामस्वरूप को सख्त घायल कर दिया । बाद में राम रक्खा सी.एम.सी. में दम तोड़ गया । उग्रवादी जाते समय जेवरात आदि छीन कर ले गये । चार-पांच सप्ताह पहले भी उग्रवादी इसी घर से लगभग 20 हजार रुपये लूट कर ले गये थे ।

गोलियों से घायल : खन्ना से सहगल की सूचना है व्यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव तरमदी थाना पायल क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने दलजीत नामक व्यक्ति को गोलियां मार कर घायल कर दिया जोकि अपने ट्यूबवैल पर बैठा था । दलजीत सिंह को नाजुक हालत में लुधियाना के अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

चेनी उतार ली : खन्ना के निकटवर्ती गांव राहों में आज प्रात: पैदल जा रहे एक पति-पत्नी को पिस्तौल की नोक पर रोक कर महिला से पर्स छीन कर दो स्कूटर सवार फरार हो गये । पर्स में पांच सौ रुपये थे । स्कूटर सवार महिला की गले की चेनी भी छीन कर ले गये ।

1.15 लाख रुपये लूटे : मानसा (छोटे) आज सुबह निरंकारी भवन लिंक रोड पर नई सब्जी मंडी के निकट तीन अज्ञात व्यक्ति सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक के मैनेजर श्री शमिंदर सिंह से 1 लाख 15 हजार रुपये छीन कर फरार हो गये । बैंक मैनेजर उस समय मानसा से सहकारी कताई मिल की ओर जा रहा था । लूटेरे मैनेजर का स्कूटर डी.पी.एम. 1542 भी ले गये । पुलिस जांच कर रही है ।

पिता, पुत्र की हत्या : अमृतसर (वार्ता): गत रात जिला अमृतसर की पट्टी सब डिवीजन में थाना कैरों के गांव कोहारका में ए.के.-47 चीनी राइफलों से लैस 4 उग्रवादियों ने पूर्ण सिंह और उसके लड़के प्रद्युम्न सिंह की हत्या कर दी । फरार होने से पहले उन्होंने इसी गांव के सुखदेव सिंह की भी हत्या कर दी । हत्यारों की व्यापक स्तर पर खोज की जा रही है ।

कोट करोड़ में हत्या : गत रात्रि जिला फिरोजपुर में थाना घाल खुर्द के गांव कोट करोड़ में गुरदेव सिंह नामक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

एक और हत्या : संगरूर (वार्ता): यहां पहुंची सूचनाओं में कहा गया है कि कल रात जिला संगरूर के गांव भदौड़ में एक व्यक्ति राम गोपाल की तेजधार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी गई ।

लूटने का प्रयास : कपूरथला (शर्मा): यहां सुलतानपुर लोधी सड़क पर त्रिलोकी नाथ कालोनी में चार उग्रवादियों ने चाकू की नोक पर एक दुकानदार को लूटने का प्रयास किया । प्राप्त विवरणानुसार रात साढ़े 8 बजे उग्रवादी दुकान के अंदर घुसे और एक ने एक रुपए की मिर्च मांगी । जैसे ही दुकानदार घूमा तो उसने उसे चाकू मारने का प्रयास किया । इतने में दुकानदार ने तराजू उस पर फैंक शोर मचा दिया । इस पर उग्रवादी भाग खड़े हुए । (शेष पृष्ठ 6 पर)

लेट-लतीफी ने मारा !

न्यूटन (अमरीका), 3 अक्तूबर (ए.पी.): अपनी लेट-लतीफी की वजह से हर्बर्ट कोनोली गवर्नर परिषद का सदस्य बनते-बनते रह गए । श्री कोनोली मैसाचुसेट्स गवर्नर परिषद के लिए हुए चुनावों में देरी से पहुंचे तथा अपना ही एक मत न मिल पाने की वजह से तथा चुनाव हार गए ।

मतगणना के अनुसार श्री कोनोली को 14,715 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 14,716 मत मिले ।

श्री कोनोली 1969 से इस परिषद के सदस्य हैं । अब उनका कहना है कि चुनावों में धांधली हुई तथा अनके मतपेटियां गायब हैं तथा अनेक मतपत्र अवैध करार कर दिए गए ।

Punjab Gazette

पिता-पुत्र सहित उग्रवादियों द्वारा 7 व्यक्तियों की हत्या : 2 घायल

वाहन व जेवर छीनने की वारदातें, आध दर्जन गिरफ्तारियां

मानसा में बैंक मैनेजर से 1.15 लाख रुपए लूटे

चंडीगढ़, 3 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में उग्रवादियों ने एक परिवार के दो सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि दो व्यक्तियों को घायल कर दिया । एक सहकारी बैंक के मैनेजर से 1.15 लाख रुपए लूट लिए गए । कुछ वाहन व जेवरात छीनने की वारदातों की भी सूचना है । सुरक्षा बलों ने आध दर्जन के लगभग उग्रवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया ।

गैस आप्रेटर की हत्या : लुधियाना (जोशी, ह.स.): आज प्रातः लगभग 9 बजे उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हरबंस सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसका मोटर साइकल छीन कर भाग गये । जिस समय उसे गोली मारी गई, वह पक्खोवाल रोड़ से कृषि विश्वविद्यालय की ओर जा रहा था । एक सूचना के अनुसार हरबंस सिंह विश्वविद्यालय में गैस आप्रेटर था । उसके पास लाइसैंसी रिवाल्वर भी था लेकिन उग्रवादी वह छोड़ गये ।

मोती नगर में हत्या : कल रात लुधियाना की आबादी मोती नगर में उग्रवादियों ने एक व्यापारी राम रक्खा के घर में घुस कर उसे व उसके लड़के रामस्वरूप को सख्त घायल कर दिया । बाद में राम रक्खा सी.एम.सी. में दम तोड़ गया । उग्रवादी जाते समय जेवरात आदि छीन कर ले गये । चार-पांच सप्ताह पहले भी उग्रवादी इसी घर से लगभग 20 हजार रुपये लूट कर ले गये थे ।

गोलियों से घायल : खन्ना से सहगल की सूचना है कि यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव तरमदी थाना पायल क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने दलजीत नामक व्यक्ति को गोलियां मार कर घायल कर दिया जोकि अपने ट्यूबवैल पर बैठा था । दलजीत सिंह को नाजुक हालत में लुधियाना के अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

चेनी उतार ली : खन्ना के निकटवर्ती गांव राहों में आज प्रातः पैदल जा रहे एक पति-पत्नी को पिस्तौल की नोक पर रोक कर महिला से पर्स छीन कर दो स्कूटर सवार फरार हो गये । पर्स में पांच सौ रुपये थे । स्कूटर सवार महिला की गले की चेनी भी छीन कर ले गये ।

1.15 लाख रुपये लूटे : मानसा (छोटू) आज सुबह निरंकारी भवन लिंक रोड पर नई सब्जी मंडी के निकट तीन अज्ञात व्यक्ति सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक के मैनेजर श्री शर्मिंदर सिंह से 1 लाख 15 हजार रुपये छीन कर फरार हो गये । बैंक मैनेजर उस समय मानसा से सहकारी कताई मिल की ओर जा रहा था । लुटेरे मैनेजर का स्कूटर डी.पी.एम. 1542 भी ले गये । पुलिस जांच कर रही है ।

पिता, पुत्र की हत्या : अमृतसर (वार्ता): गत रात जिला अमृतसर की पट्टी सब डिवीजन में थाना कैरों के गांव कोहारका में ए.के.-47 चीनी राइफलों से लैस 4 उग्रवादियों ने पूर्ण सिंह और उसके लड़के प्रद्युम्न सिंह की हत्या कर दी । फरार होने से पहले उन्होंने इसी गांव के सुखदेव सिंह की भी हत्या कर दी । हत्यारों की व्यापक स्तर पर खोज की जा रही है ।

कोट करोड़ में हत्या : गत रात्रि जिला फिरोजपुर में थाना घाल खुर्द के गांव कोट करोड़ में गुरदेव सिंह नामक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

एक और हत्या : संगरूर (वार्ता): यहां पहुंची सूचनाओं में कहा गया है कि कल रात जिला संगरूर के गांव भदौड़ में एक व्यक्ति राम गोपाल की तेजधार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी गई ।

लूटने का प्रयास : कपूरथला (शर्मा): यहां सुलतानपुर लोधी सड़क पर त्रिलोकी नाथ कालोनी में चार उग्रवादियों ने चाकू की नोक पर एक दुकानदार को लूटने का प्रयास किया । प्राप्त विवरणानुसार रात साढ़े 8 बजे उग्रवादी दुकान के अंदर घुसे और एक ने एक रुपए की मिर्च मांगी । जैसे ही दुकानदार घूमा तो उसने उसे चाकू मारने का प्रयास किया । इतने में दुकानदार ने तराजू उस पर फैंक शोर मचा दिया । इस पर उग्रवादी भाग खड़े हुए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

लेट-लतीफी ने मारा !

न्यूटन (अमरीका), 3 अक्तूबर (ए.पी.): अपनी लेट-लतीफी की वजह से हर्बर्ट कोनोली गवर्नर परिषद का सदस्य बनते-बनते रह गए । श्री कोनोली मैसाचुसेट्स गवर्नर परिषद के लिए हुए चुनावों में देरी से पहुंचे तथा अपना ही एक मत न मिल पाने की वजह से तथा चुनाव हार गए ।

मतगणना के अनुसार श्री कोनोली को 14,715 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 14,716 मत मिले ।

श्री कोनोली 1969 से इस परिषद के सदस्य हैं । अब उनका कहना है कि चुनावों में धांधली हुई तथा अनके मतपेटियां गायब हैं तथा अनेक मतपत्र अवैध करार कर दिए गए ।

Punjab Saralaji

बाढ़ का पानी : रे
(पृष्ठ 3 का शेष)

कस्बा सुल्तानपुर लोधी अभी भी जिला मुख्यालय से कटा हुआ है । इस दौरान इनका आपस में सड़क सम्पर्क जोड़ने के लिए अस्थाई पुल बनाया जा रहा है । जालन्धर जिले में बाढ़ के पानी से नौ और शव मिलने के कारण इस जिले में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 63 हो गई है । जिला होशियारपुर में मृतकों की संख्या बढ़कर 88 हो गई है । अभी तक इस जिले के 80 लोग लापता हैं ।

लुधियाना-फिरोजपुर सैक्शन पर रेल यातायात कल चार दिनों के व्यवधान के बाद खोल दिया गया ।

पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा है कि राज्य में 9243 गांव बाढ़ की लपेट में आए हैं जबकि 2330 गांव अभी भी पानी में घिरे हुए हैं । 1.9 लाख व्यक्ति सरकार की ओर से लगाए गए 278 सहायता कैम्पों में अभी भी शरण लिए हुए हैं । प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 37.7 लाख हो गई है जबकि 2.38 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है । इन लोगों के बचाव एवं उन्हें आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाने के लिए सेना की 100 मोटर किश्तियां एवं हैलीकाप्टर कार्यरत हैं । राज्य सरकार ने कुल 2.95 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी है ।

प्रवक्ता ने कहा कि बड़े दरियाओं में पानी का स्तर कम हो रहा है और आज प्रातः माधोपुर हैडवर्क्स में दरिया रावी का जल स्तर काफी नीचे उतर गया है और खतरे के निशान से नीचे चला गया है ।

फिरोजपुर रेलवे डिवीजन के अतिरिक्त डिवीजनल मैनेजर श्री एस.के. चोपड़ा और सीनियर डिवीजनल मैनेजर श्री आर.के. टंडन ने बताया कि फिरोजपुर-भटिंडा रेल लाईन पर एक-दो दिन में यातायात बहाल होने की सम्भावना है । उन्होंने बताया कि रेल पटरी पर पड़ी दरारें भरने का कार्य तेजी से चल रहा है । उन्होंने कहा कि फिरोजपुर-जालन्धर रेल मार्ग पर लगभग एक दर्जन स्थानों पर दरारें आई हैं इसलिए इस मार्ग पर यातायात बहाल होने में एक सप्ताह लग सकता है ।

पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि बाढ़ से 9243 गांव प्रभावित हुए हैं । इनमें से 2330 अभी तक बाढ़ में घिरे हुए हैं जबकि 2.38 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया । सेना की लगभग 100 मोटरबोटें और एयरफोर्स के 13 हैलीकाप्टर अभी राहत कार्यों में लगे हैं और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जीवनोपयोगी वस्तुएं लोगों तक पहुंचा रहे हैं । राज्य सरकार द्वारा लगाए गए 278 राहत शिविरों में लगभग 1.9 लाख लोग शरण लिए हुए हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने अब तक पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को 2.95 करोड़ रुपए राहत के रूप में वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए हैं । पंजाब की सभी नदियों में अब पानी खतरे के निशान से नीचे बह रहा है । प्रवक्ता ने कहा कि माधोपुर हैडवर्क्स से रावी में छोड़ा जा रहा पानी खतरे के निशान के एक लाख क्यूसिक के मुकाबले आज प्रातः 11800 क्यूसिक था । इसी रोपड़ हैडवर्क्स से 1.5 लाख क्यूसिक के मुकाबले 13824 क्यूसिक पानी सतलुज में बह रहा है ।

प्रवक्ता के अनुसार जिला अमृतसर के हरिके में पानी का स्तर तेजी से सामान्य हो रहा है । वहां खतरे के निशान के 3 लाख क्यूसिक के मुकाबले 1.04 लाख क्यूसिक पानी का बहाव है । पौंग डैम में भी स्थिति सुधरी है जबकि भाखड़ा जलाशय में स्थिति सामान्य है ।

जालन्धर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सेना के इंजीनियरों ने जालन्धर-अमृतसर मार्ग पर ढिलवां का फ्लाई ओवर पुल आज उड़ा दिया ताकि रेलवे अधिकारी आसानी से यह मार्ग ठीक कर सकें । यह पुल 24-25 सितम्बर की रात को गिर गया था । दूसरी ओर ब्यास नदी में बाढ़ के कारण दोनों शहरों में रेल और सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए थे ।

जालन्धर-लुधियाना : इसी बीच जालन्धर-लुधियाना के मध्य सड़क यातायात आज बहाल कर दिया गया । जालन्धर से 42 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाडोवाल के निकट 56 इंजीनियरिंग रैजीमेंट के इंजीनियरों ने 12 घंटे के रिकार्ड समय में 170 फुट लम्बा बैली पुल बना दिया । इस मार्ग पर भी 25 सितम्बर को यातायात अवरुद्ध हो गया था ।

350 मरे : गुरदासपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 350 तक पहुंच गई है ।

शिक्षा संस्थान 8 तक बंद : जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कल्हा ने जिला भर में सभी स्कूल और कालेज 8 अक्तूबर तक बंद रखने के आदेश दिए हैं ।

होशियारपुर (अश्विनी) : होशियारपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की मदद के लिए 4 से 15 अक्तूबर तक अपनी मंडी लगेगी । माडल टाऊन व कृष्णा नगर में प्रातः 6.30 से 10 बजे तक ये मंडियां लगेंगी जहां किसान अपना सामान सीधे ला कर बेचेंगे ।

सड़कों की हालत खराब : जालंधर शहर में आजकल सड़कों का बहुत बुरा हाल है । सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं, जहां रात के समय अक्सर वाहनों को दुर्घटनाएं पेश आती हैं । नई रेलवे रोड पर कई महीनों के बाद करीब 15 दिन पहले पत्थर आदि डाल कर मिट्टी डाली गई थी जोकि भारी वर्षा से बह गई है और नुकीले पत्थर वाहनों के टायरों को फाड़ रहे हैं । लाल बाजार, पीर बोदला बाजार, भैरों बाजार आदि की सड़कों की हालत तो बहुत ज्यादा खराब है जिनकी तरफ तुरंत ध्यान देने की जरूरत है ।

लुधियाना जेल से राहत राशि : लुधियाना से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार जिला जेल सुपरिंटैंडेंट श्री जी.एस. बल ने बताया कि कैदियों ने एक दिन का लगभग 3200 रुपए का राशन बाढ़ राहत के लिए दिया है ।

नया माधोपुरी लुधियाना के बाढ़ पीड़ितों के लिए यूथ कांग्रेस के महासचिव श्री राधेश्याम आहूजा की देखरेख में लगाए गए बाढ़ राहत कैम्प में सिविल अस्पताल के डाक्टर बाढ़ पीड़ितों की चिकित्सा करते हुए । (छाया : राज्यपाल)

गुरुद्वारा रकाबगंज के बाहर बम की अफवाह

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर (वार्ता): ऐतिहासिक रकाबगंज गुरुद्वारे के बाहर आज यहां एक बम रखे

चूचना

: प्रभावित उद्योग संघ

कार्म्स, राईस-शैलर तथा कोल्ड स्टोरेज आदि को भयंकर बाढ़ के कारण उद्योगों में हुए विनाश का सएशन बना दी गई है । सभी पीड़ित उद्योग शीघ्र

Digital Punjabi

संगरूर के निकट पंजोड़ी ग्राम में भट्टों के भट्ठे से आतंकवादियों से गत दिवस पकड़े गये हथियार । (फोटो सिटी लाइट)

उग्रवादी मार गिराया

(पृष्ठ 3 का शेष)

परमजीत सिंह उर्फ पम्पा निकला । उसका बाप महेंद्र सिंह फगवाड़ा शूगर मिल में काम करता है ।

गनमैन की हत्या : पटियाला (भाषण) : आज यहां से 8 किलोमीटर बहादुरगढ़ में स्टेट बैंक आफ पटियाला ब्रांच के गनमैन राम सिंह की 4 अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । वह बैंक कार्यालय के मुख्य द्वार पर ड्यूटी पर तैनात था । कहा जाता है कि अज्ञात उग्रवादियों ने आते ही गोलियां चलानी शुरू कर दीं तथा गनमैन की हत्या करने के बाद फरार हो गये । पटियाला थाना सदर में केस दर्ज किया गया है ।

पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि दो युवक बैंक लूटने के इरादे से आए थे । वे अपने मिशन में सफल नहीं हो सके क्योंकि हैड कैशियर मौजूद नहीं था । इसी दौरान उन्होंने गनमैन को देखा तो उस पर गोली चला दी जिससे वह दम तोड़ गया ।

दो की हत्या : बटाला (कोछड़) : सदर थाना क्षेत्र के हरदो झंडे ग्राम में कल रात कुछ आतंकवादियों ने एक व्यापारी राज कुमार और उसके रिश्ते के एक भाई की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी व्यापारी की दुकान में आए और अंधाधुंध गोली चला कर भाग गए । दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने पूछताछ के लिए 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

दूसरे मृतक का नाम इन्द्र जीत (29) बताया गया है । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज कुमार उग्रवादियों की हिट लिस्ट में था । कुछ अर्सा पहले वह गांव से पलायन करके पठानकोट चला गया था और कल ही वहां से लौटा था । वह इन्द्र जीत की दुकान पर बैठा था । सूत्रों ने बताया कि हत्यारों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से 8 खोल मिले हैं । यह हत्याएं रात 8 बजे की गई जबकि पुलिस को सूचना आज प्रातः दी गई । बी.एस.एफ. तथा पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

बी.एस.एफ. पर फायरिंग : बिलम्ब से मिली सूचना के अनुसार शनिवार की रात्रि को फिरोजपुर जिले में जीरा-मक्खू रोड पर भट्टा पंडूर के पास 17वीं बटालियन के असिस्टैंट कमांडैंट की जीप पर व बी.एस.एफ. की एक अन्य जीप पर उग्रवादियों ने फायरिंग की जिसपर बी.एस.एफ. के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । कोई हताहत नहीं हुआ । उग्रवादी फरार हो गए ।

कार छिनी : फगवाड़ा (कोड़ा): आज रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे हरगोबिन्दनगर में परिहार अस्पताल के बाहर तीन उग्रवादियों ने डा.एस. महेन्द्रा से उनकी मारुति कार नं.पी.ए. के. 7535 पिस्तौल की नोक पर छीन ली और फरार हो गए । डा. महेन्द्रा ने डा. परिहार से मिलकर बाहर आकर कार स्टार्ट ही की थी, कार छीन ली गई । अभियुक्त स्कूटर पर आए थे और कार छीन कर बंगा रोड की ओर भाग गए ।

माडल टाउन लुधियाना में मंगलवार को पुलिस फायरिंग में मारे गए उग्रवादी का शव । (छाया : पंजाब केसरी)

राहत घोषणाएं केवल कागजी

गुरदासपुर, 4 अक्तूबर (विनोद): पंजाब प्रदेश कांग्रेस के भूतपूर्व प्रधान श्री संतोख सिंह रंधावा, जिला प्रधान श्री रघुनाथ सहाय पुरी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद पत्रकारों से कहा कि सरकार तथा प्रशासन द्वारा राहत सम्बन्धी की जा रही घोषणाएं केवल कागजों में ही हैं जबकि सच्चाई यह है कि जो लोग बाढ़ से बच गए हैं, वह प्रभावित लोगों की हर सम्भव सहायता कर रहे हैं । जिला गुरदासपुर में रावी और ब्यास दरिया के किनारों पर विनाश देखने पर लगता है कि यह जिला बाढ़ से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा और लगभग 80 करोड़ का नुक्सान हुआ है ।

पंजाब समस्या के समाधान के लिए केवल राष्ट्रवादी संस्थाओं से बात की जाए : चावला

अमृतसर, 4 अक्तूबर (नारंग): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव राज चावला ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को तार भेज कर मांग की है कि पंजाब समस्या के समाधान के लिए सिर्फ राष्ट्रवादी संस्थाओं से ही बातचीत की जाए न कि अलगाववादी शक्तियों के साथ । चंडीगढ़ से लौट कर यहां आने पर डा. चावला ने अपने एक प्रैस बयान में कहा कि प्रो. दर्शन सिंह रागी की यह मांग ठीक नहीं है जिसमें उन्होंने 'लड़कों' यानि आतंकवादियों से बातचीत करने के लिए केंद्र से मांग की है ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का सुभाष चन्द्र, उम्र 26 साल, रंग दरमियाना, कद 5'-7¼", 14.9.88 से चंडीगढ़ से बिना बताए चला गया है । पहुंचाने वाले को

Punjabi Sahitani

हैड कांस्टेबल ने घायल होने के बावजूद उग्रवादी को मार गिराया : पम्मा ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली : बैंक गार्ड सहित 5 की हत्या, 6 बंदी

चंडीगढ़, 4 अक्तूबर (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात से उग्रवादियों ने एक बैंक गार्ड सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक हैडकांस्टेबल ने घायल होने के बावजूद एक उग्रवादी का पीछा करके उसे मार डाला । कट्टर उग्रवादी पम्मा ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । होशियारपुर पुलिस ने 6 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी परिमाण में हथियार व गोली सिक्का बरामद किया ।

टांगरा में हत्या : : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला में थाना जंडियाला के अंतर्गत टांगरा रेलवे क्रासिंग के निकट एक व्यक्ति सुरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । घटनास्थल पर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का एक लैटरपैड मिला है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजीत सिंह ट्रैक्टर पर जा रहा था कि मार्ग में उसको तीन युवक मिले, जिन्होंने उसे कहा कि हमें भी ट्रैक्टर पर बिठा कर गांव ले चलो । सुरजीत सिंह ने उनको ट्रैक्टर पर बिठा लिया लेकिन तीनों उग्रवादियों ने मार्ग में गोली मार कर सुरजीत सिंह की हत्या कर दी ।

6 कट्टर उग्रवादी पकड़े गए : होशियारपुर से 'वार्ता' की सूचना है कि पुलिस ने कल रात हदोवाल में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 6 कट्टर उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम जसवंत सिंह, लखविंदर सिंह, किरपाल सिंह उर्फ बिल्ला, राम पाल उर्फ याला, अमरपाल तथा जनकराज उर्फ घंडी बताए गए हैं । उनसे एक चीनी असाल्ट राइफल, दो .12 बोर की दोनाली बंदूकें, एक देसी पिस्तौल, दो विदेशी सब मशीनगनें, एक कार्बाइन व बड़ी मात्रा में गोली सिक्का मिला । एस.एस.पी. ने बताया कि यह गिरोह जालन्धर, कपूरथला व होशियारपुर जिलों में अन्य अपराधों के अलावा दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार है ।

उग्रवादी गिरफ्तार : जिला कपूरथला पुलिस ने एक उग्रवादी दलजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे 32 बोर की एक रिवाल्वर बरामद किया ।

तस्कर गिरफ्तार : धूरी .(सिंगला) : लहरागागा पुलिस ने राजस्थान के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 2 पिस्तौल तथा एक किलोग्राम अफीम बरामद की गई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार थाना दड़बा के गांव कांगवाला में शाम सिंह का ट्रैक्टर पी.सी.पी. 4736 चुरा लिया गया ।

उग्रवादी मारा गया : लुधियाना (धीमान): आज यहां एस.एस.पी. श्री सुमेध सैनी ने बताया कि प्रातः लगभग सवा 10 बजे पंजाब एंड सिंध बैंक माडल टाऊन के सामने एक उग्रवादी संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा था कि एक हैड कांस्टेबल हरबंस सिंह ने एक होमगार्ड के जवान के साथ उसे ललकारा । जब वे उसकी तलाशी लेने लगे तो उसने अपना पिस्तौल निकाल कर जल्दी-जल्दी दो फायर कर दिए । यह दोनों गोलियां हरबंस सिंह की टांग में लगीं । इतने में उग्रवादी भाग खड़ा हुआ । घायलावस्था में हैड कांस्टेबल ने दूसरी ओर से आ रहे एक व्यक्ति का स्कूटर लेकर होमगार्ड को साथ लेकर उसका पीछा किया तथा आध किलोमीटर की दूरी पर उसे घेर कर अपनी कार्बाइन से उस पर गोलियां चलाईं जिससे वह वहीं दम तोड़ गया । उससे एक 9 एम.एम. का चीनी पिस्तौल, 2 मैगजीन, 8 खाली कारतूस व 5 कारामद कारतूस मिले । श्री सैनी के अनुसार बाद की जांच से पता चला कि मृत उग्रवादी ने जहां फायरिंग की थी, वहां करीब ही एक चाय की दुकान पर 2 घंटे तक बैठा प्रतीक्षा कर रहा था । उसने वहां एक कप चाय भी पी थी ।

'भाम्बी' के अनुसार मृत आतंकवादी की कमीज लुधियाना की कुम्हार मंडी के दर्जी की सिली हुई है । पुलिस जांच कर रही है । हैडकांस्टेबल हरबंस सिंह को सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने प्रातः की घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि लगभग 11 बजे माडल टाऊन लुधियाना में हैड कांस्टेबल हरबंस सिंह तथा उनकी पार्टी ड्यूटी पर थी । पुलिस पार्टी ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा । जब उसकी तलाशी ली जा रही थी तो उसने रिवाल्वर निकाल कर हरबंस सिंह पर गोली चलाई । हरबंस सिंह ने तुरंत कार्रवाई करके अपनी स्टेनगत से फायरिंग करके उसे वहीं मार डाला ।

प्रतिबंध : लुधियाना (महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने नगर के रैस्टोरैंट और ढाबे रात्रि के दस बजे तक खुले रखने का आदेश जारी किया है । इसी तरह शराब के ठेके नगर में दस बजे तक और ग्रामों में रात्रि के नौ बजे तक खुले रहेंगे । यह आदेश 5 दिसम्बर तक जारी रहेगा ।

घायल : कल शाम जिला लुधियाना के थाना पायल क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति दलजीत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने जिला लुधियाना के गांव झबंडी में एक व्यक्ति भगवान दास की हत्या कर दी ।

उग्रवादी ने आत्महत्या की : नवांशहर से 'शर्मा' के अनुसार पुलिस ने एक पक्की सूचना मिलने पर तड़के 3 बजे थाना गढ़शंकर के गांव चोहड़ा में एक मकान की नाकाबंदी की । मकान के अंदर तीन उग्रवादी थे । उन्होंने छापा मार पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । इस पर तीनों उग्रवादी गांव की तंग गलियों में से भाग खड़े हुए । पुलिस ने उनका पीछा किया तो एक उग्रवादी घेरे में आ गया । उसने ज़हर खा लिया । उसे सिविल अस्पताल नवांशहर में लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया । शिनाख्त करने पर वह फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव खुर्रमपुर का खतरनाक उग्रवादी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात

रंगा

समाजवाद एक ऐसे रूमाल की तरह है जोकि 'राजनीतिक जुकाम' से पीड़ित नाक को पोंछने के काम आता है : वी.पी. सिंह

भाई साहब, आखिर उन्होंने यह अपने अनुभव की बात कही है ।

Punjab Sentinel

हैड कांस्टेबल ने घायल होने के बावजूद उग्रवादी को मार गिराया : पम्मा ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली : बैंक गार्ड सहित 5 की हत्या, 6 बंदी

चंडीगढ़, 4 अक्तूबर (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात से उग्रवादियों ने एक बैंक गार्ड सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक हैडकांस्टेबल ने घायल होने के बावजूद एक उग्रवादी का पीछा करके उसे मार डाला । कट्टर उग्रवादी पम्मा ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । होशियारपुर पुलिस ने 6 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी परिमाण में हथियार व गोली सिक्का बरामद किया ।

टांगरा में हत्या : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला में थाना जंडियाला के अंतर्गत टांगरा रेलवे क्रासिंग के निकट एक व्यक्ति सुरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । घटनास्थल पर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का एक मैटरपैड मिला है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजीत सिंह ट्रैक्टर पर जा रहा था कि मार्ग में उसको तीन युवक मिले, जिन्होंने उसे कहा कि हमें भी ट्रैक्टर पर बिठा कर गांव ले चलो । सुरजीत सिंह ने उनको ट्रैक्टर पर बिठा लिया लेकिन तीनों उग्रवादियों ने मार्ग में गोली मार कर सुरजीत सिंह की हत्या कर दी ।

6 कट्टर उग्रवादी पकड़े गए : होशियारपुर से 'वार्ता' की सूचना है कि पुलिस ने कल रात हदोवाल में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 6 कट्टर उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम जसवंत सिंह, लखविंदर सिंह, किरपाल सिंह उर्फ बिल्ला, राम पाल उर्फ याला, अमरपाल तथा जनकराज उर्फ घंडी बताए गए हैं । उनसे एक चीनी असाल्ट राइफल, दो .12 बोर की दोनाली बंदूकें, एक देसी पिस्तौल, दो विदेशी सब मशीनगनें, एक कार्बाइन व बड़ी मात्रा में गोली सिक्का मिला । एस.एस.पी. ने बताया कि यह गिरोह जालन्धर, कपूरथला व होशियारपुर जिलों में अन्य अपराधों के अलावा दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार है ।

उग्रवादी गिरफ्तार : जिला कपूरथला पुलिस ने एक उग्रवादी दलजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे 32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया ।

तस्कर गिरफ्तार : धूरी (सिंगला) : लहरागागा पुलिस ने राजस्थान के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 2 पिस्तौल तथा एक किलोग्राम अफीम बरामद की गई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार थाना दड़बा के गांव कागवाला में शाम सिंह का ट्रैक्टर पी.सी.पी. 4736 चुरा लिया गया ।

उग्रवादी मारा गया : लुधियाना (धीमान): आज यहां एस.एस.पी. श्री समेध सैनी ने बताया कि प्रातः लगभग सवा 10 बजे पंजाब एंड सिंध बैंक माडल टाऊन के सामने एक उग्रवादी संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा था कि एक हैड कांस्टेबल हरबंस सिंह ने एक होमगार्ड के जवान के साथ उसे ललकारा । जब वे उसकी तलाशी लेने लगे तो उसने अपना पिस्तौल निकाल कर जल्दी-जल्दी दो फायर कर दिए । यह दोनों गोलियां हरबंस सिंह की टांग में लगीं । इतने में उग्रवादी भाग खड़ा हुआ । घायलावस्था में हैड कांस्टेबल ने दूसरी ओर से आ रहे एक व्यक्ति का स्कूटर लेकर होमगार्ड को साथ लेकर उसका पीछा किया तथा आधा किलोमीटर की दूरी पर उसे घेर कर अपनी कार्बाइन से उस पर गोलियां चलाईं जिससे वह वहीं दम तोड़ गया । उससे एक 9 एम.एम. का चीनी पिस्तौल, 2 मैगजीन, 8 खाली कारतूस व 5 कारामद कारतूस मिले । श्री सैनी के अनुसार चाप की जांच से पता चला कि मृत उग्रवादी ने जहां फायरिंग की थी, वहां करीब ही एक चाय की दुकान पर 2 घंटे तक बैठा प्रतीक्षा कर रहा था । उसने वहां एक कप चाय भी पी थी ।

'भास्वी' के अनुसार मृत आतंकवादी की कमीज लुधियाना की कुम्हार मंडी के दर्जी की सिली हुई है । पुलिस जांच कर रही है । हैडकांस्टेबल हरबंस सिंह को सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने प्रातः की घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि लगभग 11 बजे माडल टाऊन लुधियाना में हैड कांस्टेबल हरबंस सिंह तथा उनकी पार्टी ड्यूटी पर थी । पुलिस पार्टी ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा । जब उसकी तलाशी ली जा रही थी तो उसने रिवाल्वर निकाल कर हरबंस सिंह पर गोली चलाई । हरबंस सिंह ने तुरंत कार्रवाई करके अपनी स्टेनगन से फायरिंग करके उसे वहीं मार डाला ।

प्रतिबंध : लुधियाना (गल्लिन्त्र): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने नगर के रैस्टोरैंट और ढाबे रात्रि के दस बजे तक खुले रखने का आदेश जारी किया है । इसी तरह शराब के ठेके नगर में दस बजे तक और ग्रामों में रात्रि के नौ बजे तक खुले रहेंगे । यह आदेश 5 नवम्बर तक जारी रहेगा ।

घायल : कल शाम जिला लुधियाना के थाना पायल क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति दलजीत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने जिला लुधियाना के गांव शंकरी में एक व्यक्ति भगवान दास की हत्या कर दी ।

उग्रवादी ने आत्महत्या की :-नवांशहर से 'शर्मा' के अनुसार पुलिस ने एक पक्की सूचना मिलने पर तड़के 3 बजे थाना गढ़शंकर के गांव चाहड़ा में एक मकान की नाकाबंदी की । मकान के अंदर तीन उग्रवादी थे । उन्होंने छापा मार पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । इस पर तीनों उग्रवादी गांव की तंग गलियों में से भाग खड़े हुए । पुलिस ने उनका पीछा किया तो एक उग्रवादी घेरे में आ गया । उसने ज़हर खा लिया । उसे सिविल अस्पताल नवांशहर में लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया । शिनाख्त करने पर वह फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव खुर्रमपुर का खतरनाक उग्रवादी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात

रंगा

समाजवाद एक ऐसे रूमाल की तरह है जाकि 'राजनीतिक जुकाम' से पीड़ित नाक को पोंछने के काम आता है : वी.पी. सिंह

भाई साहब, आखिर उन्होंने यह अपने अनुभव की बात कही है ।

Punjab Sandesh

गया । नलकूप खराब हो गए हैं । उन्होंने बताया कि जिला में 728 देहात के साढ़े पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं । 35000 मकान या गिर गए हैं या उन्हें क्षति पहुंची है । (शेष पृष्ठ 12 पर)

जालंधर जिले में 4 की हत्या

जालंधर, 7 अक्तूबर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने जालंधर जिले में आज रात्रि एक डाक्टर सहित चार लोगों की हत्या कर दी । उग्रवादियों के एक गिरोह ने पहले बाढ़ग्रस्त नकोदर क्षेत्र के ग्राम बड़ा सलाल में स्वचालित शस्त्रों से तीन लोगों की हत्या कर दी । उग्रवादियों के एक अन्य गिरोह ने जंडियाला थाना क्षेत्र के ग्राम घेरी मंडी में एक डाक्टर मोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बड़ा सलाम ग्राम की वारदात में एक ग्रामीण लापता भी बताया जाता है । संदेह है कि उसकी भी उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने शुक्रवार को जिला अमृतसर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया । (ऊपर) श्री बूटा सिंह प्रभावित फसलों का निरीक्षण करते हुए (मध्य) स्थिति पर विचार-विमर्श करने में लगे हुए श्री बूटा सिंह, केंद्रीय खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री श्री सुख राम तथा राज्य के मुख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा । (नीचे) एक बैठक को सम्बोधित कर रहे श्री बूटा सिंह । साथ में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री शाम लाल यादव भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : ओम भंडारी)

कुख्यात तस्करों से सम्बन्ध थे । बाद में वह चंडीगढ़ आ गई । जम्मू केस में जब दलबीर सिंह ने तस्करों से सात लाख रुपए रिश्वत के रूप में लिए तो समय उषा ने चंडीगढ़ में एक मकान खरीदने के लिए उससे चार लाख रुपए मांगे परन्तु दलबीर सिंह ने उसे केवल एक लाख रुपए दिए । इससे उषा नाराज हो गई । वह दलबीर के एक नर्स कुलदीप कौर से सम्बन्ध के कारण भी नाराज थी ।

इस सब के बावजूद पुलिस दलबीर के बारे अधिक जानकारी पाने के उद्देश्य से उषा से पूछताछ करना चाहती थी परन्तु वह पुलिस को चकमा देकर दिल्ली चली गई । पुलिस उसकी तलाश में दिल्ली गई जहां से पता चला कि वह किसी अज्ञात स्थान की ओर चली गई है । उषा के इस पग ने पुलिस के इस केस में अधिक पूछताछ करने के प्रयास को विफल कर दिया है ।

बरनाला को अकाल तख्त पर पेश होना होगा

अमृतसर, 7 अक्तूबर (ह.स.): अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह ने आज कहा है कि अकाली दल (ल) के प्रधान व पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला को अकाल तख्त के सामने पेश हुए बिना पंथ में वापस लेने का प्रश्न ही नहीं उठता । पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने इस मामले पर अधिक बात करने से इन्कार कर दिया ।

जत्थेदार जसवीर सिंह द्वारा प्रैस में दिए बयान पर भी उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कहा एक भी शब्द जत्थेदार जसवीर सिंह पर व्यक्तिगत 'हमले' के रूप में लिया जाएगा क्योंकि हम दोनों में कुछ वैचारिक मतभेद हैं ।

Punjab Sahatan

अहमदाबाद, 8 अक्तूबर (वार्ता): भाजपा ने देश में पैप्सी कोला के प्रवेश तथा फ़िज़ी और बंगला देश आदि देशों में 'धर्मतंत्री' शासन की स्थापना के बाद वहां हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर ढाए जा रहे ज़ुल्मोंसितम पर विरोध व्यक्त किया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन आज यहां एक लंबा चौड़ा प्रस्ताव स्वीकृत किया गया, जिसमें पैप्सी कोला का पंजाब में संयंत्र लगाने की अनुमति देने के लिए सरकार की निंदा की गई।

कार्यकारिणी ने संयुक्त प्रस्ताव भी पारित किया, जिसमें फ़िज़ी और बंगला देश में हिंदुओं तथा

अमृतसर के निकटवर्ती गांव बड़ा सलेम में उग्रवादियों द्वारा मारे गये (1) तरसेम लाल (इन्सैट में उसका पुराना चित्र), (2) अमृतलाल, (3) महेंद्र पाल और (4) राजीव शर्मा के शव (इन्सैट में राजीव का पुराना चित्र), (5) मृतक तरसेम लाल के परिवार की बिलखती महिलाएं, (6) अमृत लाल की युवा विधवा तथा अन्य परिजन रोते हुए। (छाया : शिव जैमिनी)

भाजपा नेता सहित 3

उग्रवादी मरा, चुंगी व

Punjabi Sanatani

भाजपा नेता सहित 3 की हत्या, मुठभेड़ में उग्रवादी मरा, चुंगी व ग्रामीण बैंक लूटे गए

चंडीगढ़, 8 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कवादियों ने भारतीय जनता पार्टी के एक नेता की हत्या कर दी, जबकि एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । एक चुंगी से 41,000 रुपए लूटे गए जबकि एक ग्रामीण बैंक से 20,000 रुपए लूटे गए । सीमावर्ती राज्यों में गड़बड़ फैलाने के इरादे से 100 प्रशिक्षित घुसपैठियों के भारत में घुसने के समाचारों के बाद भारत-पाक सीमा पर गश्त तेज कर दी गई । कपूरथला में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल व भूतपूर्व विधायक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है । अमृतसर जिले में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति व उसकी मां की हत्या कर दी ।

कल रविवार को चंडीगढ़ में टी.वी. सीरियल महाभारत के प्रदर्शन के वक्त कत्लेआम की साजिश से चंडीगढ़ आ रहे चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया ।

नंगल से जैतक के अनुसार पंजाब पुलिस नंगल से तीन लड़कों को विभिन्न उग्रवादी कांडों में पकड़ कर ले गई ।

41 हजार रुपए लूटे : लुधियाना (ह.स.): आतंकवादियों ने आज लुधियाना नगर निगम की एक चुंगी चौकी से 41,000 रुपए लूट लिए । खबरों में कहा गया है कि तीन आतंकवादी जी.टी. रोड पर गांव जुगियाना के निकट चुंगी पर आए तथा पिस्तौल की नोक पर नकदी लूट ली । आतंकवादियों ने गत दो वर्षों के दौरान इस चुंगी को चौथी या पांचवीं बार लूटा है ।

उग्रवादी मारा गया : आज प्रातः जिला लुधियाना में थाना समराला के गांव दिवाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसका साथी फरार होने में सफल हो गया । बताया जाता है कि एक पुलिस पार्टी, जो सामान्य गश्त कर रही थी, पर गांव दिवाला के निकट घात लगाकर हमला किया गया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । मरने वाले उग्रवादी से एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन तथा कारतूस बरामद हुए ।

बालियां छीनीं : महेंद्रा के अनुसार आज बाद दोपहर लुधियाना के शास्त्री नगर में एक उग्रवादी ने पिस्तौल की नोक पर एक स्त्री की बालियां छीन ली तथा फ़रार हो गया ।

100 घुसपैठिये भारत में दाखिल : बटाला (ह.स.) : इन खबरों के बाद कि सीमा पार से 100 प्रशिक्षित सशस्त्र घुसपैठिये हाल ही में भारतीय क्षेत्र में दाखिल हो गए हैं ताकि सीमांत राज्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ पैदा की जा सके, अधिकारियों ने व्यापक सुरक्षा पग उठाए हैं । बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर गश्त बढ़ा दी गई है तथा पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की रोकथाम के लिए कड़ी चौकसी रखी जा रही है ।

20 हज़ार लूटे : धूरी से सतपाल सिंगला ने खबर दी है कि यहां के मालवा ग्रामीण बैंक से, जो कि स्टेट बैंक आफ़ पटियाला की शाखा है, 4 सशस्त्र उग्रवादी 20 हजार रुपए लूट कर ले गए और बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर गए । बताया गया है कि प्रातः बैंक खुलते ही 4 स्कूटर सवार आए और बैंक के अंदर घुस गए । पिस्तौल दिखा कर सभी को कमरे में बंद कर दिया और कैश लूट पर ले गए । बताया गया है कि सरकारी गार्ड जिसकी यहां ड्यूटी लगाई गई है, वह आज वहां नहीं था ।

धनौरी गांव में एक व्यक्ति रमेश कुमार से स्कूटर छीन लिया गया ।

लूटने का प्रयास : खरड़ (शशि) : गत दिवस कुराली के निकट गांव कांसला में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकानदार के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर लूटने का प्रयास किया । प्राप्त सूचना के अनुसार दो व्यक्तियों ने सुबह महेंद्र दास दुकानदार का दरबाजा खटखटाया कि उन्हें कुछ सामान चाहिए । दरवाजा खुलने पर एक व्यक्ति अंदर दाखिल हो गया तथा दुकानदार के लड़के को पिस्तौल दिखा कर हाथ खड़े करने को कहा, जबकि दूसरे ने दुकानदार को पकड़ना चाहा । इतने में महेंद्र दास ने झपट कर उसे पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया । शोर होने पर दोनों संदिग्ध व्यक्ति वहां से भागने में सफल हो गए । भागते हुए उन्होंने एक फ़ायर भी किया । जाते समय वे दो साइकल, एक पिस्तौल तथा 2 कारतूस वहां छोड़ गए । कुराली पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

कारिंदा घायल : नकोदर (गगन) : आज सुबह थाना नूरमहल के गांव बडाला में देसी शराब के ठेके के एक कारिंदे स्वर्ण सिंह पुत्र पूर्ण सिंह को दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली मारकर सख्त ज़ख्मी कर दिया ।

गोली कांड का ब्यौरा : कल शाम 6 बजे नकोदर से लगभग 4 किलोमीटर दूर गांव बाड़ा

(शेष पृष्ठ 12 पर)

छोटी सी बात — रंगा

नहीं जानती कि नैशनल
ट अपनी स्थापना के बाद से
या कर रहा है और दूसरे अन्य
रा भी क्या कर रहे हैं ?
—श्रीमती मेनका गांधी

ई साहब मेनका इस समय दुविधा में । वह राजनीति के घने जंगल में अकेली-सी पड़ गई हैं ।

Punjabi Samachar

भाजपा नेता सहित 3 की हत्या, मुठभेड़ में उग्रवादी मरा, चुंगी व ग्रामीण बैंक लूटे गए

चंडीगढ़, 8 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने भारतीय जनता पार्टी के एक नेता की हत्या कर दी, जबकि एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । एक चुंगी से 41,000 रुपए लूटे गए जबकि एक ग्रामीण बैंक से 20,000 रुपए लूटे गए । सीमावर्ती राज्यों में गड़बड़ फैलाने के इरादे से 100 प्रशिक्षित घुसपैठियों के भारत में घुसने के समाचारों के बाद भारत-पाक सीमा पर गश्त तेज कर दी गई । कपूरथला में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल व भूतपूर्व विधायक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है । अमृतसर जिले में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति व उसकी मां की हत्या कर दी ।

कल रविवार को चंडीगढ़ में टी.वी. सीरियल महाभारत के प्रदर्शन के वक्त कत्लेआम की साजिश से चंडीगढ़ आ रहे चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया ।

नंगल से जैतक के अनुसार पंजाब पुलिस नंगल से तीन लड़कों को विभिन्न उग्रवादी कांडों में पकड़ कर ले गई ।

41 हजार रुपए लूटे : लुधियाना (ह.स.): आतंकवादियों ने आज लुधियाना नगर निगम की एक चुंगी चौकी से 41,000 रुपए लूट लिए । खबरों में कहा गया है कि तीन आतंकवादी जी.टी. रोड पर गांव जुगियाना के निकट चुंगी पर आए तथा पिस्तौल की नोक पर नकदी लूट ली । आतंकवादियों ने गत दो वर्षों के दौरान इस चुंगी को चौथी या पांचवीं बार लूटा है ।

उग्रवादी मारा गया : आज प्रातः जिला लुधियाना में थाना समराला के गांव दिवाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसका साथी फरार होने में सफल हो गया । बताया जाता है कि एक पुलिस पार्टी, जो सामान्य गश्त कर रही थी, पर गांव दिवाला के निकट घात लगाकर हमला किया गया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । मरने वाले उग्रवादी से एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन तथा कारतूस बरामद हुए ।

बालियां छीनीं : 'महेंद्रा' के अनुसार आज बाद दोपहर लुधियाना के शास्त्री नगर में एक उग्रवादी ने पिस्तौल की नोक पर एक स्त्री की बालियां छीन लीं तथा फ़रार हो गया ।

100 घुसपैठिये भारत में दाखिल : बटाला (ह.स.) : इन खबरों के बाद कि सीमा पार से 100 प्रशिक्षित सशस्त्र घुसपैठिये हाल ही में भारतीय क्षेत्र में दाखिल हो गए हैं ताकि सीमांत राज्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ पैदा की जा सके, अधिकारियों ने व्यापक सुरक्षा पग उठाए हैं । बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर गश्त बढ़ा दी गई है तथा पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की रोकथाम के लिए कड़ी चौकसी रखी जा रही है ।

20 हज़ार लूटे : धूरी से सतपाल सिंगला ने खबर दी है कि यहां के मालवा ग्रामीण बैंक से, जो कि स्टेट बैंक आफ़ पटियाला की शाखा है, 4 सशस्त्र उग्रवादी 20 हजार रुपए लूट कर ले गए और बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर गए । बताया गया है कि प्रातः बैंक खुलते ही 4 स्कूटर सवार आए और बैंक के अंदर घुस गए । पिस्तौल दिखा कर सभी को कमरे में बंद कर दिया और कैश लूट पर ले गए । बताया गया है कि सरकारी गार्ड जिसकी यहां ड्यूटी लगाई गई है, वह आज वहां नहीं था ।

घनौरी गांव में एक व्यक्ति रमेश कुमार से स्कूटर छीन लिया गया ।

लूटने का प्रयास : खरड़ (शशि) : गत दिवस कराली के निकट गांव कांसला में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकानदार के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर लूटने का प्रयास किया । प्राप्त सूचना के अनुसार दो व्यक्तियों ने सुबह महेंद्र दास दुकानदार का दरबाजा खटखटाया कि उन्हें कुछ सामान चाहिए । दरवाजा खुलने पर एक व्यक्ति अंदर दाखिल हो गया तथा दुकानदार के लड़के को पिस्तौल दिखा कर हाथ खड़े करने को कहा, जबकि दूसरे ने दुकानदार को पकड़ना चाहा । इतने में महेंद्र दास ने झपट कर उसे पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया । शोर होने पर दोनों संदिग्ध व्यक्ति वहां से भागने में सफल हो गए । भागते हुए उन्होंने एक फ़ायर भी किया । जाते समय वे दो साइकल, एक पिस्तौल तथा 2 कारतूस वहां छोड़ गए । कराली पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

कारिंदा घायल : नकोदर (गगन) : आज सुबह थाना नूरमहल के गांव बडाला में देसी शराब के ठेके के एक कारिंदे स्वर्ण सिंह पुत्र पूर्ण सिंह को दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली मारकर सख्त ज़ख्मी कर दिया ।

गोली कांड का ब्यौरा : कल शाम 6 बजे नकोदर से लगभग 4 किलोमीटर दूर गांव बाड़ा

(शेष पृष्ठ 12 पर)

छोटी सी बात

रंगा

"मैं नहीं जानती कि नैशनल कांग्रेस अपनी स्थापना के बाद से क्या कर रहा है और दूसरे अन्य लोग भी क्या कर रहे हैं ?"
—श्रीमती मेनका गांधी

मेनका साहब मेनका इस समय दुविधा में हैं । वह राजनीति के घने जंगल में अकेली-सी पड़ गई हैं ।

Punjabi Samachar

(ऊपर) अमृतसर में आतंकवादियों के हाथों मारा गया आढ़ती सतपाल (नीचे) विलाप करते हुए उसके आत्मीयजन । — (छाया : रवि भंडारी)

भाजपा नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

सलाम के पास आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों को गोलियों से मार दिया था । इस घटना के विवरण के अनुसार नकोदर का संजीव कुमार उर्फ़ कक्की मालिक नकोदर गिफ़्ट सैंटर अड्डा मेहतपुर अपने साथी तरसेम लाल भगत मुहल्ला गौंस नकोदर के साथ स्कूटर पर गांव गगरवाल को वी.सी.आर. लगाने गया । उनके पास वी.सी.आर. के अलावा रंगीन टी.वी. भी था । जब वे नकोदर-मेहतपुर सड़क पर गगरवाल को जाने वाली सड़क के पास पहुंचे तो तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने उन्हें वहां रोक लिया । ठीक उसी समय दो और व्यक्ति जिनमें एक मोपेड पर तथा दूसरा साइकल पर था, वहां पहुंचे । सशस्त्र व्यक्तियों ने उनको भी वहां पर रोक लिया और पूर्व की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर धीरे-धीरे जाने के लिए कहा । आतंकवादी जो पैदल ही थे, हथियार ताने हुए उनके साथ-साथ चलने लगे । क़रीब आधा किलोमीटर दूर जाकर खेतों में आतंकवादियों ने इन चारों को ए.के. 47 राइफलों की गोलियों से मार डाला । बाद में मोपेड सवार अमृत लाल पुत्र अमर नाथ मुहल्ला गुरुनानकपुरा नकोदर तथा साईकल सवार की महिन्द्र पाल गांव शाहपुर नज़दीक मेहतपुर के तौर पर पहचान की गई है । कहा जाता है कि हत्यारे वारदात करने के बाद पैदल ही फरार हो गए ।

वारदात के बाद पुलिस अधिकारी भारी फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुंचे । अब पोस्ट मार्टम के बाद लाशें वारिसों के हवाले कर दी गई । इस वारदात के कारण आज नकोदर शहर में हड़ताल रही । क्षेत्र में भारी आतंक व्याप्त है । हत्यारे मृतकों का कोई सामान नहीं ले गए ।

कांस्टेबल, एक अन्य बंदी : जालन्धर पुलिस ने कल रात कपूरथला में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल तथा कपूरथला के एक भूतपूर्व विधायक की कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया । एक ट्रैक्टर वर्कशाप में काम करने वाले एक कर्मचारी की इस शिकायत के आधार पर ये गिरफ्तारियां हुईं कि इन लोगों ने बंदूक का भय दिखा कर उससे उसके मालिक का अता-पता पूछा था । पुलिस ने कार ज़ब्त कर ली है तथा कांस्टेबल तरलोक सिंह और सतबिंदर सिंह उर्फ़ बिल्ला के खिलाफ़ मामला दर्ज कर लिया है । पुलिस ने कांस्टेबल का गोलियों से भरा हुआ रिवाल्वर तथा 25 गोलियां भी बरामद कर ली हैं ।

भाजपा नेता की हत्या : अमृतसर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के एक स्थानीय नेता श्री सतपाल महाजन की आज सुबह घायलावस्था में गुरु तेगबहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई । कल रात पुराने शहर में फतेह सिंह मंडी में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर चाकू से हमला करके उन्हें सख्त घायल कर दिया था । एस.पी. सिटी बलदेव सिंह ने बताया कि आतंकवादी उनकी दुकान पर लूटने के इरादे से गए थे ।

मां बेटे की हत्या : आज सायं अमृतसर के वेरका थाना क्षेत्र के ग्राम भठाल में उग्रवादियों ने सुरजीत सिंह व उसकी मां शांति देवी की गोलियां मार कर हत्या कर दी व एक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

पुलिस के अनुसार 4 उग्रवादियों ने मलकीयत सिंह के घर में घुस कर ए.के.-47 राइफलों से फ़ायरिंग की । घायलों में मलकीयत सिंह शामिल है । शांति देवी उसकी मां थी व सुरजीत सिंह उसका भाई था ।

पुलिस को घटनास्थल पर खालिस्तान आर्म्ड फ़ोर्स का एक पर्चा मिला । इस फ़ोर्स की स्थापना स्वयंभू 'जनरल' अतिन्दरपाल सिंह ने की थी । अतिन्दरपाल पिछले हफ्ते पटियाला जिले में गिरफ्तार हुआ था ।

पर्चे पर किसी कन्दा हवलदार के दस्तखत हैं । पर्चे में कहा गया है कि मलकीयत सिंह का परिवार अवैध शराब बेचता था । पर्चे में यह मांग की गई कि गांव में तैनात पुलिस चौकी हटाई जाए ।

वारदात के बाद सुरक्षा बल ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है ।

लूट की वारदात : फगवाड़ा (कोड़ा): आज तड़के यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव हिनू में लगभग आधी दर्जन हथियार बंद उग्रवादी एक घर में जबरी दाखिल होकर एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का सामान ट्रकों में लाद कर फरार हो गए । बंगा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

पिस्तौल बरामद : थाना बंगा के गांव गोखला में पुलिस ने एक व्यक्ति कश्मीरा राम के घर पर छापा मार कर एक,12 बोर का पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए । कश्मीरा राम को गिरफ्तार करके उससे पूछताछ की जा रही है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : होशियारपुर पुलिस ने 2 कट्टर उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जिनके नाम मनजीत सिंह तथा भगवान सिंह बताए जाते हैं । यह दोनों उग्रवादी मुकेरियां गोली कांड में संलिप्त हैं जिसमें तीन व्यक्ति मारे गए थे तथा भूतपूर्व वित्तमंत्री डाक्टर केवल कृष्ण घायल हो गए थे ।

36 हथियार बरामद : इसी मध्य फरीदकोट पुलिस ने गत मास विशेष अभियान के दौरान 36 हथियार बरामद किए जिनमें 5 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक स्टेनगन, दो हथगोले, तीन राइफलें, 9 दुनाली बंदूकें तथा 2 रिवाल्वर शामिल हैं ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार, शस्त्र मिले चंडीगढ़ (संघी) स्थानीय पुलिस ने आज सायं 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से शस्त्र व टाईम बम बरामद करने में सफलता प्राप्त की । चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह के अनुसार गिरफ्तार किये उग्रवादियों में हरिंद्र सिंह गिल, केवल धालीवाल, बिंदल सिंह व सर्वजीत सिंह शामिल हैं । ये सभी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित बताए जाते हैं । इन चारों को सायं लगभग 6.30 बजे सैक्टर 45 व 46 के निकट नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे 2 स्कूटरों पर सवार होकर मोहाली से चंडीगढ़ में कोई वारदात करने के उद्देश्य से दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे । इनका एक साथी जिसका नाम मनजिंद्र पाल सिंह उर्फ गुप्ता उर्फ राहुल जैन बताया जाता है, पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गया । श्री सिंह ने बताया कि इनके कब्जे से बरामद किये गये शस्त्रों में एक .355 बोर की रिवाल्वर, एक 303 बोर की राइफल व एक 12 बोर की दोनाली बंदूक भी शामिल है । इनके कब्जे से 4 टाईम बम सहित 54 कारतूस भी बरामद किये गये हैं, जिनमें 25 कारतूस ए.के. 47 राईफल के हैं । इससे पुलिस को आशंका है कि फरार उग्रवादी मनजिंद्र पाल सिंह ए.के. 47 चीनी राईफल लिए हुए था ।

श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि पुलिस के एक मसबिर ने इन उग्रवादियों के शहर में प्रविष्ट होने की सूचना दी थी, जिस पर पुलिस के स्पैशल स्टाफ व सी.आर.पी. व सी.आई. स्टाफ ने सैक्टर 45 तथा 46 में सुबह से ही नाकेबंदी कर रखी थी । पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अधिक कोशिश नहीं करनी पड़ी । जैसे ही पुलिस ने आगे आ रहे स्कूटर को रोका तो उस पर सवार दोनों उग्रवादी घबरा गए और उन्होंने अपने हाथ ऊपर उठा दिए । उन्हें देख कर पीछे आ रहे स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों में से एक मनजिन्दर पाल सिंह, जो सबसे पीछे बैठा था, भाग निकला । हरेन्द्र सिंह गिल मोहाली के फेस 3 का रहने वाला है । पुलिस को कई बम कांडों में वह वांछित था । उसकी गिरफ्तारी से गत 12 अगस्त को हरियाणा रोडवेज की एक बस में पंचकूला के निकट फटे बम व उसी दिन चंडीगढ़ के सैक्टर 17 के एक सिनेमा घर के पास रखे गए बम के केस हल हो गए हैं । अब तक की छीनबीन से पता चला है कि खरड़ के निकट स्थित ग्राम खनौरा का रहने वाला कंवल धालीवाल बम बनाता था । एक अन्य गिरफ्तार उग्रवादी बिन्दर सिंह खरड़ का तथा दूसरा सर्वजीत सिंह अमृतसर का रहने वाला है । फिलहाल इन दोनों के किसी केस में शामिल होने के बारे में पता नहीं चल सका । इसी बीच यह भी पता चला है कि फरार हुआ उग्रवादी नंगल का रहने वाला है और तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर बना हुआ है । ये सभी इस क्षेत्र के कथित कमांडैंट जनरल गुरजंट सिंह के इशारे पर वारदातें करते रहे हैं । गुरजंट सिंह की गिरफ्तारी पर पंजाब पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है । इन उग्रवादियों से 2 स्कूटर सी.एच.सी. 5270, पी.यू.आर. 9327 बरामद हुए हैं । इन उग्रवादियों की गिरफ्तारी से पुलिस को पंजाब भाजपा के अध्यक्ष हिताभिलाषी की गत 19 सितम्बर को हुई हत्या तथा सैक्टर 45 में 17 जुलाई को हुई मुठभेड़ में इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की हत्या के मामले हल हो जाने की आशा है । गिरफ्तार उग्रवादियों का लक्ष्य आज रात्रि शहर में शरण लेकर कल रविवार को 'महाभारत' दिखाए जाते समय सामूहिक नरसंहार करना था ।

सामूहिक बलात्कार केस में बयान रिकार्ड

जम्मू, 8 अक्तूबर (सच्चर): जम्मू के अतिरिक्त सैशन जज श्री एस.के. गुप्ता की अदालत में श्रीमती शामो देवी जिससे जम्मू-कश्मीर के एक मंत्री सहित 11 अन्य द्वारा बलात्कार करने का आरोप है, के बयान रिकार्ड किए गए । अभियोजन पक्ष द्वारा दी गई अर्जी के दृष्टिगत श्रीमती शामो देवी के बयान बंद कमरे में रिकार्ड किए गए । अर्जी में कहा गया कि वह सार्वजनिक रूप से, विशेषकर जब उसका पति अदालत में बैठा हो, बयान देने में परेशानी महसूस करेगी । जज ने अर्जी स्वीकार कर ली । उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने इस केस में ऊर्जा मंत्री श्री मूले राम और दो अन्य के विरुद्ध कार्रवाई करने पर रोक लगा रखी है क्योंकि उन पर 'प्रथम दृष्टि' से कोई केस नहीं बनता । आज जब शामो देवी कार में बयान रिकार्ड कराने आई तो अदालत खचाखच भरी हुई थी ।

Punjab Sahitya

दो सरपंचों सहित पंजाब में 9 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 10 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद उग्रवादियों ने दो सरपंचों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक व्यक्ति को घायल कर दिया। खालिस्तान लिबरेशन आर्मीनाइजेशन के मुखिया अतिन्दरपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद अनेक रहस्य खुल रहे हैं तथा उनके अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की जांच की जा रही है।

बाप-बेटे की हत्या : अमृतसर (वार्ता, ह.स.): कल रात देर गए थाना लोपोके के गांव बुड्डल में 5 आतंकवादियों ने सरपंच माहल सिंह तथा उसके लड़के रूपन सिंह की हत्या कर दी।

सरपंच की हत्या : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने अमृतसर जिला के गांव सखीरा के सरपंच की हत्या कर दी।

एक और हत्या : एक अन्य वारदात में गांव लंकयांवाली के अर्जुन सिंह उर्फ़ सेठ की तीन आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। आतंकवादी चीनी राइफलों से लैस थे तथा दीवार फांद कर घर में घुसे थे।

बाप की हत्या, बेटा घायल : फिरोज़पुर (वार्ता): आज सुबह थाना धर्मकोट के अन्तर्गत गांव कलालगढ़ में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जगारा सिंह की हत्या कर दी तथा उसके लड़के बूटा सिंह को घायल कर दिया।

थाना जीरा के गांव संतूवाला में चार आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात गुरचरण सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

मज़हबी की हत्या : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव धीर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक मज़हबी रवेल सिंह की हत्या कर दी। उसकी लाश एक फाऊंडरी के निकट पाई गई।

उग्रवादी गिरफ्तार : कैथल (ठकराल): गत दिवस सदर पुलिस ने संगतपुरा बैरियर पर ज्ञान सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्ज़े से एक स्कूटर तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का मिला है। वह पंजाब में की गई अनेक वारदातों में शामिल था। यह सूचना पुलिस अधीक्षक श्री रेशम सिंह ने यहां दी।

नाम बदलकर शादी कराई : पटियाला (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन आर्मीनाइजेशन के मुखिया अतिंदरपाल सिंह ने गिरफ्तारी के लगभग छः माह पहले नाम बदलकर शादी कराई थी। यह शादी एक अकाली नेता के माध्यम से हुई। अतिंदरपाल सिंह ने अपने को अमरजीत सिंह ज़ाहिर किया तथा जंडूसंघा गांव थाना आदमपुर की एक सुशिक्षित लड़की से शादी की, जिसकी मां एक अध्यापिका है।

अतिंदर पाल सिंह ने एक पुलिस मुकाबिला में मारे गए आतंकवादी के परिवार के लिए मोहाली के निकट बलोंगी गांव में एक फ़ार्म हाऊस किराया पर लेने का प्रबन्ध किया। यह फ़ार्म हाऊस एक एस.डी.ओ. का है, जो आज कल जालन्धर में नियुक्त है। यह मकान अतिंदर पाल सिंह और उसके साथियों के लिए अड्डे का काम देता रहा है। पुलिस ने बनूड़ के करीब अतिंदर पाल सिंह की गिरफ्तारी से पहले इसी मकान पर छापा मारा था।

अतिंदर पाल सिंह की गिरफ्तारी से बहुत से भेद खुल रहे हैं। इस बात की जांच जारी है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके सम्बन्ध किन-किन के साथ थे और वे क्या भूमिका निभाते रहे। मिसाल के तौर पर अमरीका से खालिस्तान समर्थक तत्व पाकिस्तान के रास्ते आतंकवादियों को धन भेजते रहे। अतिंदर पाल सिंह का साथी परमजीत सिंह उर्फ़ शमशेर सिंह भी मोहाली में रहता था। उसके तीन बच्चों में एक दो मास की बच्ची भी शामिल है। अतिंदर पाल सिंह की दो बहनें हैं। एक दिल्ली में नौकरी करती है और दूसरी नाभा में अपनी मां के पास रहती है।

संदिग्ध व्यक्ति पकड़े गये : बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार थाना ब्यास की पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति सुखचैन सिंह सठियाला निवासी को गिरफ्तार किया है। उससे एक 12 बोर का पिस्तौल, एक बंदूक तथा 8 कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस के अनुसार सुखचैन सिंह गत दिनों सठियाला में एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की हत्या में संलिप्त था। प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

पुलिस ने एक अन्य सूचना मिलने पर एक धर्म स्थान के निकट सुखदेव सिंह उर्फ जसवीर सिंह नरूड़ (फगवाड़ा) निवासी को गिरफ्तार कर लिया। वह वहां कुछ लोगों के सामने खालिस्तान के पक्ष में तथा एक विशेष समुदाय के विरुद्ध प्रचार कर रहा था। उसके दूसरे साथी फरार हो गये। पुलिस ने उसके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया।

घायल कर दिया : खन्ना (पूर्ण): गत रात 9½ बजे के लगभग हरनेक सिंह नामक 28 वर्षीय व्यक्ति साइकल पर अपने गांव मूनपुर जा रहा था कि अमलोह रोड पर एक स्कूटर सवार ने उस पर गोली चला दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में लाया गया। उसके दायें बाजू व छाती में गोलियां लगी हैं। चिकित्सा सहायता देने के बाद उसे लुधियाना भेज दिया गया।

दो बहनों की हत्या : भटिंडा (वार्ता): कल रात जिला भटिंडा के गांव लैहरा सोंध में दो बहनों की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई। उनके नाम गुरमेल कौर तथा नसीब कौर बताए जाते हैं।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sahitya

दो सरपंचों सहित पंजाब में 9 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 10 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में [illegible] रात के बाद उग्रवादियों ने दो सरपंचों सहित 9 [illegible]यों की हत्या कर दी, जबकि एक व्यक्ति को [illegible] कर दिया । खालिस्तान लिबरेशन [illegible]नाइजेशन के मुखिया अतिन्दरपाल सिंह की [illegible]तारी के बाद अनेक रहस्य खुल रहे हैं तथा [illegible] अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की जांच की जा रही [illegible] ।

बाप-बेटे की हत्या : अमृतसर (वार्ता, [illegible]): कल रात देर गए थाना लोपोके के गांव [illegible] में 5 आतंकवादियों ने सरपंच माहल सिंह [illegible] उसके लड़के रूपन सिंह की हत्या कर दी ।

सरपंच की हत्या : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने अमृतसर जिला के गांव सखीरा के सरपंच की हत्या कर दी ।

एक और हत्या : एक अन्य वारदात में गांव [illegible]यांवाली के अर्जुन सिंह उर्फ़ सेठ की तीन आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी चीनी राइफलों से लैस थे तथा दीवार [illegible] कर घर में घुसे थे ।

बाप की हत्या, बेटा घायल : फिरोज़पुर (वार्ता): आज सुबह थाना धर्मकोट के अन्तर्गत गांव [illegible]नगढ़ में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति [illegible]गार सिंह की हत्या कर दी तथा उसके लड़के [illegible] सिंह को घायल कर दिया ।

थाना जीरा के गांव संतूवाला में चार आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात गुरचरण सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मज़हबी की हत्या : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव धीर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक मज़हबी रवेल सिंह की हत्या कर दी । उसकी लाश एक फाऊंडरी के निकट पाई गई ।

उग्रवादी गिरफ्तार : कैथल (ठकराल): गत दिवस सदर पुलिस ने संगतपुरा बैरियर पर जान सिंह नामक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है । उसके कब्ज़े से एक स्कूटर तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का मिला है । वह पंजाब में की गई अनेक वारदातों में शामिल था । यह सूचना पुलिस अधीक्षक श्री रेशम सिंह ने यहां दी ।

नाम बदलकर शादी कराई : पटियाला (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के मुखिया अतिंदरपाल सिंह ने गिरफ्तारी के लगभग छः माह पहले नाम बदलकर शादी कराई थी । यह शादी एक अकाली नेता के माध्यम से हुई । अतिंदरपाल सिंह ने अपने को अमरजीत सिंह ज़ाहिर किया तथा जंडसंघा गांव थाना आदमपुर की एक सुशिक्षित लड़की से शादी की, जिसकी मां एक अध्यापिका है ।

अतिंदर पाल सिंह ने एक पुलिस मुकाबिला में मारे गए आतंकवादी के परिवार के लिए मोहाली के निकट बलोंगी गांव में एक फ़ार्म हाऊस किराया पर लेने का प्रबन्ध किया । यह फ़ार्म हाऊस एक एस.डी.ओ. का है, जो आज कल जालन्धर में नियुक्त है । यह मकान अतिंदर पाल सिंह और उसके साथियों के लिए शरणगाह का काम देता रहा है । पुलिस ने बनूड़ के करीब अतिंदर पाल सिंह की गिरफ्तारी से पहले इसी मकान पर छापा मारा था ।

अतिंदर पाल सिंह की गिरफ्तारी से बहुत से भेद खुल रहे हैं । इस बात की जांच जारी है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके सम्बन्ध किन-किन के साथ थे और वे क्या भूमिका निभाते रहे । मिसाल के तौर पर अमरीका से खालिस्तान समर्थक तत्व पाकिस्तान के रास्ते आतंकवादियों को धन भेजते रहे । अतिंदर पाल सिंह का साथी परमजीत सिंह उर्फ़ शमशेर सिंह भी मोहाली में रहता था । उसके तीन बच्चों में एक दो मास की बच्ची भी शामिल है । अतिंदर पाल सिंह की दो बहनें हैं । एक दिल्ली में नौकरी करती है और दूसरी नाभा में अपनी मां के पास रहती है ।

संदिग्ध व्यक्ति पकड़े गये : बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार थाना ब्यास की पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति सुखचैन सिंह सठियाला निवासी को गिरफ्तार किया है । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल, एक बंदूक तथा 8 कारतूस बरामद किये गये हैं । पुलिस के अनुसार सुखचैन सिंह गत दिनों सठियाला में एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की हत्या में संलिप्त था । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है ।

पुलिस ने एक अन्य सूचना मिलने पर एक धर्म स्थान के निकट सुखदेव सिंह उर्फ़ जसवीर सिंह नरूड़ (फगवाड़ा) निवासी को गिरफ्तार कर लिया । वह वहां कुछ लोगों के सामने खालिस्तान के पक्ष में तथा एक विशेष समुदाय के विरुद्ध प्रचार कर रहा था । उसके दूसरे साथी फरार हो गये । पुलिस ने उसके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया ।

घायल कर दिया : खन्ना (पूर्ण): गत रात 9½ बजे के लगभग हरनेक सिंह नामक 28 वर्षीय व्यक्ति साइकल पर अपने गांव मूनपुर जा रहा था कि अमलोह रोड पर एक स्कूटर सवार ने उस पर गोली चला दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे सरकारी अस्पताल में लाया गया । उसके दायें बाजू व छाती में गोलियां लगी हैं । चिकित्सा सहायता देने के बाद उसे लुधियाना भेज दिया गया ।

दो बहनों की हत्या : भटिंडा (वार्ता): कल रात जिला भटिंडा के गांव लैहरा सोंध में दो बहनों की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी गई । उनके नाम गुरमेल कौर तथा नसीब कौर बताए जाते हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sahan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

कस्तूरी लाल घायल : आज शाम भटिंडा जिले में ही रामामंडी में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कस्तूरी लाल को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी उसका स्कूटर ले गये ।

शनिवार को संगरूर के ग्राम घुल्लर हेड़ी में एक ग्रामीण बैंक से उग्रवादियों ने 19853 रुपए लूट लिए ।

चंडीगढ़ : 'संधी' : स्थानीय पुलिस ने सैक्टर 26 में गत 7 सितम्बर को हुए बम विस्फोट में, जिसमें एक उग्रवादी मनबीर सिंह मारा गया था; लिप्त एक उग्रवादी टोनी को गिरफ्तार कर लिया जो राजपुरा का रहने वाला है । वह 8 अक्तूबर को गिरफ्तार उग्रवादियों को अपने घर में पनाह देता था ।

विस्फोट : लुधियाना (धीमान): कल रात माडल टाऊन में उस समय सनसनी फैल गई जब शराब के ठेके के सामने जोरदार विस्फोट हुआ । एक नागरिक ने पुलिस को सूचित किया कि तीन आतंकवादी एक सफेद मारुति कार में आए और फायरिंग करके चले गए । उससे कोई घायल नहीं हुआ । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ वहां पहुंच गए । क्षेत्र में बड़ी घबराहट पैदा हो गई । जांच करने पर पता चला कि कोई पटाखे का विस्फोट था । पुलिस वापस आ गई ।

Punjabi Sanatani

पूर्व मंत्री भगवान दास सहित पंजाब में 15 व्यक्तियों की हत्या

जैतो मंडी में मारुति कार सवार उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फ़ायरिंग, इंका नेता की हत्या की विभिन्न दलों द्वारा निंदा

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने कल रात से पंजाब में अचानक अपनी गतिविधियों को तेज़ करते हुए भूतपूर्व मंत्री लाला भगवान दास और तीन पुलिस कांस्टेबलों सहित 15 व्यक्तियों की हत्या कर दी । प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की प्रस्तावित यात्रा के दिन ही उग्रवादियों ने यह हिंसक वारदातें कई जिलों में फैलकर कीं । विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने लाला भगवान दास की हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की ।

उग्रवादियों ने 6 हत्याएं अमृतसर जिला में, 4 फरीदकोट जिला में, 2 जिला जालन्धर तथा 2 जिला मोगा में कीं

भगवान दास सहित 4 की हत्या : फरीदकोट जिला और जैतो से जिला व पराशर के अनुसार प्रातः लगभग 11 बजे जैतो मंडी में उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसा कर पंजाब कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष व भूतपूर्व मंत्री लाला भगवान दास के गनमैन व दो अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी । बताया जाता है कि उग्रवादी सफेद मारुति कार में सवार होकर लाला भगवान दास की दुकान पर आए । सबसे पहले उन्होंने लाला भगवान दास के गनमैन की हत्या की । गोली की आवाज सुन कर जब लाला भगवान दास दुकान के अंदर कमरे में दौड़े तो उग्रवादियों ने उनका पीछा किया और उन्हें घेर कर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई । उग्रवादियों ने दुकान के मुनीम गोपाल दास को भी गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इसके बाद वे साथ लगती दुकानों पर गए तथा वहां बैठे दुकान के मालिक राम कुमार (35) तथा एक किसान तारा सिंह की हत्या कर दी । उनके पास बैठा एक जमींदार बलदेव सिंह गोलियां लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया । दोनों घायलों को फरीदकोट अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

फरीदकोट जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जैतो मंडी के लिए रवाना हो चुके हैं तथा हत्यारों को पकड़ने के लिए कस्बे की सीमाएं सील कर दी गई हैं । फेरूमान अकाली दल के अध्यक्ष महंत सेवा दास सिंह ने श्री भगवान दास तथा 3 अन्य की हत्याओं की निन्दा की है । उन्होंने कहा कि श्री दास एक ईमानदार व्यक्ति थे जिनका सभी सम्मान करते थे ।

64 वर्षीय श्री भगवान दास स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से थे । उन्होंने देसी रियासतों के खिलाफ छेड़े गए आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था । प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने जैतो मंडी में ही 21 सितम्बर को स्वतंत्रता सेनानियों को एक समारोह में सम्मानित किया था । श्री दास को भी प्रधानमंत्री ने एक शाल भेंट की थी । श्री भगवान दास कोटकपूरा क्षेत्र से विधानसभा के सदस्य रहे ।

सूचना मिलते ही जिला के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए । समझा जाता हैकि उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की । लाला भगवान दास श्री दरबारा सिंह के नेतृत्व वाली इंका सरकार के मंत्री थे ।

हड़ताल : लाला भगवान दास की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप जैतो में आज और कल दो दिन की हड़ताल का आह्वान विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने किया है । हत्या की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है ।

कड़ी निन्दा : 'संघी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत



लाला भगवान दास

सिंह तथा महासचिव सेवा राम अरोड़ा ने श्री भगवान दास की हत्या की कड़ी निन्दा की है तथा प्रशासन से मांग की कि वह अभियुक्तों को पकड़ने के लिए कोई कसर बाकी न रखे । श्री भगवान दास की मृत्यु का समाचार सुनते ही पंजाब कांग्रेस भवन पर पार्टी का ध्वज आधा झुका दिया गया तथा एक शोकसभा की गई । श्री बेअंत सिंह ने पार्टी के कार्यकर्त्ताओं से उग्रवादियों की इस उत्तेजना के समक्ष शांत रहने की अपील की और कहा कि उग्रवादी देश की एकता व अखंडता को नष्ट करने पर उतारू हैं ।

श्री बेअंत सिंह ने जैतो के लिए प्रस्थान से पूर्व राज्य सरकार से मांग की कि वह आतंकवादियों से सख्ती से निपटने के लिए प्रशासन को मजबूत बनाए जिन्होंने पिछले कुछ अर्से में अनेक राजनीतिक दलों के नेताओं की हत्या की है । उन्होंने कहा कि भाजपा और कम्यूनिस्ट नेताओं के अलावा कांग्रेस (इ) के अनेक नेता भी आतंकवादियों के हाथों मारे गए हैं जिनमें भूतपूर्व मंत्री श्री जोगेन्द्र पांडे, श्री जगत राम, मनजीत सिंह बेरका, संत सिंह, सतनाम सिंह बाजवा, सेवा सिंह, पिस्तौल सिंह, राधेश्याम मल्होत्रा, सुदेश शर्मा, सोहन लाल शर्मा और आत्मा राम भी उल्लेखनीय हैं ।

पंजाब कांग्रेस (इ) विधायक दल की भूतपूर्व नेता श्रीमती गुरबिन्दर कौर बराड़, उप नेता पंडित मोहन लाल तथा महासचिव कृपाल सिंह ढिल्लों ने भी भूतपूर्व मंत्री और प्रदेश इंका के उपाध्यक्ष लाला भगवान दास की हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने लाला भगवान दास की हत्या करके पंजाब को भारी नुक्सान पहुंचाया है । पंजाब यूथ कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री मनिन्दर जीत सिंह बिट्टा ने भी इस हत्या की निन्दा की ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी व गृहमंत्री बूटा सिंह ने लाला भगवान दास की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया है ।

2 पुलिस कर्मियों की हत्या : खरड़ (शशि): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात कुराली थाने में तैनात हैड कांस्टेबल परमजीत सिंह तथा कांस्टेबल राम लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इन दोनों ने कल दिन में बैंक ड्यूटी दी थी तथा रात को गश्त पर थे । आज प्रातः दोनों की लाशें कुराली के निकट गोसलां तथा सिंहपुरा लिंक सड़क पर पाई गईं । उनकी लाशों के बारे में सूचना सिंहपुरा के एक व्यक्ति ने कुराली पुलिस को प्रातः 9 बजे दी तथा बताया कि उसे स्कूली बच्चों ने इन लाशों के बारे में बताया था ।

प्राप्त सूचना के अनुसार घटनास्थल पर परमजीत सिंह का स्कूटर खड़ा था । ऐसा लगता है कि उसकी आतंकवादियों से हाथापाई भी हुई । आतंकवादी इन दोनों की राइफलें भी गए परन्तु कारतूसों की बैलट नहीं ले जा पाए । दोनों के सिर में गोलियां मारी गईं । पुलिस ने सूचना मिलते ही सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली और जांच शुरू कर दी । परमजीत सिंह खरड़ में भी तैनात रह चुका है । वह अपने पीछे दो लड़के एक लड़की छोड़ गया है । रोपड़ के एस.पी. व अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया ।

चौकीदार की हत्या : जालंधर (न.न.अ., हस): आतंकवादियों ने यहां के समीप मकसूदां में एक चौकीदार की हत्या कर दी । चौकीदार बलदेव प्रसाद भारतीय इस्पात प्राधिकरण कार्यालय में कार्यरत था । प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात लगभग 10 बजे बलदेव प्रसाद अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद घर को चला था कि बाहर खड़े तीन आतंकवादियों ने जो कम्बल ओढ़े हुए थे, उस पर गोलियां बरसा दीं । पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा जांच शुरू कर दी ।

एक क्लर्क भी मरा : उग्रवादी वहां से भागते समय वहां के क्लर्क की भी हत्या कर गए । उसका शव भी पुलिस को छानबीन के दौरान कार्यालय के अहाते में पड़ा मिला ।

क्लर्क की हत्या : सूरानुसी गांव में आतंकवादियों ने ट्रक यूनियन के एक क्लर्क करनैल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

विशेष पुलिस अधिकारी घायल : नूरमहल पुलिस थाने के समराय गांव के पास कल रात पुलिस गश्ती दल पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिसमें विशेष पुलिस अधिकारी ज्ञान सिंह घायल हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गश्त लगा कर लौट रही जीप पर आतंकवादियों ने गोली चलाई जिसके जवाब में पुलिस ने भी फ़ायर किया । आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले । श्री ज्ञान सिंह को जालंधर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गम्भीर बताई गई है ।

आतंकवादी काबू : जालंधर में पुलिस और आदर्श नगर के निवासियों ने एक मकान में छुपे हुए दो आतंकवादियों को घेर कर दबोच लिया । दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर धर्मपाल के घर में घुस कर नकदी और ज़ेवरात मांग रहे थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार धर्मपाल अपना मकान बेचना चाहता था । दो व्यक्ति मकान को खरीदने के लिये बातचीत करने आये, जिन्हें धर्मपाल ने घर को अंदर से देखने के लिये बुला लिया । घर के अंदर आते ही एक आतंकवादी ने पिस्तौल निकाल कर धर्मपाल को धमकाना शुरू कर दिया । घर वालों ने आतंकवादियों से हाथापाई शुरू कर दी तथा पिस्तौल को पकड़ लिया । कुछ लोगों के शोर मचाने पर पुलिस तथा इलाके के लोगों ने घर को घेर लिया और एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गये आतंकवादी का नाम रजनीश कुमार उर्फ़ जग्गी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sarkari

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

है,जो विश्वास नगर दिल्ली का निवासी है । उसके दूसरे साथी का नाम सुधीर कुमार है ।

उग्रवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा (कौड़ा): फगवाड़ा पुलिस ने गत रात हरिन्द्र सिंह नामक एक नौजवान को गिरफ्तार कर लिया व उसके कब्ज़े से 303 बोर की पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया है । पुलिस पकड़े गये नौजवान से पूछताछ कर रही है । इसी मध्य फगवाड़ा शहर व निकटवर्ती क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर उग्रवादियों की तलाश में छापे मारे ।

दो की हत्या : तरनतारन से पन्नू के अनुसार गत रात यहां से 23 किलोमीटर दूर थाना वैरोवाल के गांव धूंदे में तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने तरसेम सिंह तथा सुबेग सिंह नामक दो व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उनकी लाशें दरिया में बहा दीं । प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दोनों व्यक्ति अपने दो साथियों के साथ काम से लौट रहे थे कि रास्ते में उन्हें तीन सशस्त्र व्यक्ति मिले,जिन्होंने तरसेम सिंह और सुबेग सिंह की हत्या कर दी तथा उनके साथियों को इस संबंध में किसी को कुछ न बताने की धमकी देकर छोड़ दिया । पुलिस इस संबंध में पूछताछ कर रही है ।

दुकानदार, किसान की हत्या : अमृतसर जिले में आतंकवादियों ने कल रात से दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । घरेंडा पुलिस थाने के भडियाल गांव में कुछ आतंकवादी दुकानदार नरेंद्र कुमार के घर में जबरदस्ती घुस गए तथा उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । एक दूसरी घटना में कल रात शहर के बाहरी हिस्से में स्थित वल्ला गांव के किसान मिलखा सिंह की कुछ आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल के खाली कारतूस मिले हैं ।

कल रात्रि अमृतसर के चोहला साहब के पास ग्राम गंडीविंड में उग्रवादियों व सी.आर.पी. में मुठभेड़ हुई । उग्रवादियों का एक घोड़ा मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक .315 बोर का रिवाल्वर आदि बरामद हुआ । तरनतारन के रागेयांका ग्राम में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति पर गोली चलाई, पर वह बच गया ।

गत रात पुलिस जिला तरनतारन में एक व्यक्ति राजेन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

कल रात ही पुलिस जिला मजीठा के गांव भूरी गिल में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

आज शाम जिला अमृतसर में हरीके पुलिस थाना के गांव गंडी विंड में एक व्यक्ति पूर्ण सिंह की हत्या कर दी गई ।

दो घायल : आज जिला संगरूर में थाना लौंगोवाल के गांव शेरों में आतंकवादियों ने महेन्द्र कौर और उसके लड़के अजीत सिंह को गोलियां मारकर घायल कर दिया ।

रविवार को फिरोजपुर के जीरा थाने पर उग्रवादियों के हमले से घायल गुरचरण सिंह की कल फरीदकोट अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

फगवाड़ा (राकेश): कल शाम यहां से 10 कि.मी. दूर गांव सरहाली थाना नूरमहिल के पास दो स्कूटर सवार आंतकवादियों ने गांव धनी पिंड के एक व्यक्ति बाल किशन सपुत्र विजय कुमार से 550/- छीन लिए ।

आतंकवादी गिरफ्तार : मोहाली (नर्बदा): पंजाब पुलिस की एक पार्टी ने यहां के फेस 6 में छापा मार कर जितेन्द्र पाल सिंह नामक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया । यह युवक बैंक कर्मचारी है तथा भोपाल का रहने वाला है । कुछ ही समय पूर्व यह मोहाली में स्थानांतरित होकर आया था । सूत्रों के अनुसार यह कुख्यात आतंकवादी अतिन्द्र पाल सिंह का मित्र है । गिरफ्तार युवक की सूचना पर पुलिस ने एक सूटकेस बरामद किया जिसमें आपत्तिजनक सामग्री होने की सूचना है ।



लाला भगवान दास का शव (ऊपर) तथा उनकी अंत्येष्टि के अवसर पर उपस्थित बेअंत सिंह, दरबारा सिंह सहित कई इंका नेता । (छाया : जिंदल)

Punjab Sanadani

पंजाब में 4 की हत्या : भगवान दास की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि : जैतो में हड़ताल रही

सरपंच के 2 लड़कों का अपहरण : 13 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने कल रात के बाद 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 3 को घायल कर दिया । भूतपूर्व मंत्री लाला भगवान दास की राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि कर दी गई । उनकी हत्या के विरोध में जैतो में आज दूसरे दिन भी हड़ताल रही । राज्य में दो व्यक्तियों का अपहरण किए जाने की सूचना मिली है ।

सुदावाली में हत्या : बटाला (ह.स.): गत रात थाना डेरा बाबा नानक के अंतर्गत सुदावाली में कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक का नाम दिलबाग सिंह उर्फ़ सोहन सिंह बताया है । केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है ।

कार सवार की हत्या : अमृतसर (वार्ता): 4 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने एक स्कूटर पर सवार होकर एक मारुति कार का पीछा किया और कार में सवार एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा तीन अन्य को घायल कर दिया । कार खालड़ा गांव से भिखीविंड जा रही थी । स्कूटर सवार आतंकवादी वारदात करने के बाद फ़रार हो गए ।

मरने वाले कार सवार का नाम रघुनाथ बताया जाता है, जबकि घायलों के नाम गुरचरण सिंह, अशोक कुमार और मनीष कुमार हैं । घायलों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । एक अन्य सूचना के अनुसार कार पर हमला सड़क के दोनों ओर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने किया तथा ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया ।

गत रात ही जिला अमृतसर में आतंकवादियों के एक ग्रुप ने, जो कि एक मुठभेड़ में अपना एक घोड़ा मर जाने के बाद भाग रहा था, गांव गंडीविंड के निकट एक व्यक्ति पूर्ण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गंडी विंड में मुठभेड़ के स्थान के निकट एक चीनी असाल्ट राइफल, एक .315 बोर राइफल और 114 कारतूस मिले ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने 4 आतंकवादियों को सखीरा गांव से गिरफ्तार करके उनसे दो देसी पिस्तौल तथा कुछ गोली - सिक्का बरामद किया । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम मोहिंदर सिंह, बलदेव सिंह, मेजर सिंह व दलबीर सिंह बताए गए हैं । यह आतंकवादी तरनतारन उपमंडल में एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बना रहे थे ।

आज सुबह पंडोरी गोलां के निकट दो उग्रवादियों अनोख सिंह तथा कुलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक .12 बोर की बंदूक, एक देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

दयाला की हत्या : भटिंडा : कल रात जिला भटिंडा के गांव धन सिंह खन्ना में एक डेरे में एक व्यक्ति नाज़र सिंह उर्फ़ दयाला की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (सूद): कल रात थाना टांडा के गांव अम्बाला जट्टां के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस 7 उग्रवादियों को पकड़ने में सफल हो गई, जबकि 2 अन्य भाग निकले । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों के नाम हैं—अजीत सिंह, नरिंदर सिंह उर्फ़ बिट्टू, जसविंदर सिंह उर्फ़ भट्टो, तीर्थ सिंह, सूबा सिंह, शिव सिंह तथा रेशम सिंह ।

भागने वालों में केवल सिंह उर्फ़ काबुल सिंह उर्फ़ सुलतान सिंह निवासी तलवंडी सोभा सिंह और निरवैर सिंह निवासी कर्मवाल शामिल हैं । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से 38 बोर का एक रिवाल्वर, 4 कारतूस, 12 बोर की दो बंदूकें, तीन 12 बारे के पिस्तौल तथा 65 कारतूस बरामद हुए । प्रारम्भिक पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे हत्या, आगज़नी और लूटमार की कई घटनाओं में शामिल थे । उन्होंने गत जून में कोटला थाना टांडा में सतपाल की हत्या की थी । यह उग्रवादी पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आने वालों को हथियार सप्लाई करते थे ।

अंतिम संस्कार : फरीदकोट से जिंदल, गुप्ता के अनुसार पंजाब के भूतपूर्व मंत्री और पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष लाला भगवान दास, जिनकी कल उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ जैतो में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर अलग-अलग पार्टियों व सामाजिक संगठनों के नेताओं के अलावा 10 हजार से अधिक व्यक्ति मौजूद थे ।

लाला भगवान दास का मृत शरीर राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा हुआ था तथा उनके निवास स्थान से शवयात्रा शुरू हुई । शव को फूलों के हारों से लदे एक ट्रक पर रखा गया था । शवयात्रा गलियों, बाजारों में से होती हुई कोटकपूरा-जैतो सड़क पर स्थित श्मशान घाट पर पहुंची, जहां उनकी पार्थिव देह को अग्निभेंट किया गया ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री संतोष मोहन देव, पंजाब सरकार की ओर से जिलाधीश श्री विजय केन, जिला इंका की ओर से श्री अवतार सिंह बराड़, पंजाब इंका के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह, महासचिव श्री हरचरण सिंह हीरो, भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह ने श्री भगवान दास के शव पर फूलमालाएं चढ़ाई ।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बेअंत सिंह ने कहा कि आतंकवाद के वर्तमान दौर में इंका के 300 नेता तथा 9 वर्कर मारे जा चुके हैं, जिनमें चौधरी जगत राम, श्री जोगेंद्र पाल पांडे, त्रिलोचन सिंह रियासती आदि नेता भी शामिल हैं । लाला भगवान दास के बारे में उन्होंने कहा कि वह साहसी नेता तथा देश-भक्त थे । उनके देहांत से रिक्त हुए स्थान की पूर्ति सम्भव नहीं ।

कल की घटना में घायल होने वाले बलदेव सिंह कोटली अबल (20) को गुरु गोबिन्द सिंह मैडीकल कालेज फरीदकोट से बदल कर सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है । कल मारे गए दुकानदार राम लाल की अंत्येष्टि कल ही कर दी गई थी ।

पुलिस पर फायरिंग : शाहकोट (चोपड़ा): गांव अक्करपुरा के निकट गत दिवस एक गश्ती पुलिस दल पर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर उग्रवादी भाग

(शेष पृष्ठ 8 पर)

धारा 144 के उल्लंघन पर युवा अकाली दल के 70 वर्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (संधी) : युवा अकाली दल (दमछेड़ी) के लगभग 70 वर्करों को आज स्थानीय पुलिस ने यहां सैक्टर 5 में स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय के बाहर उस समय धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया जब वे एक जुलूस की शक्ल में पंजाब राज भवन जाकर राज्यपाल श्री एस.एस. रे को राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों को पर्याप्त राहत उपलब्ध कराने की मांग के समर्थन में ज्ञापन देने का प्रयास कर रहे थे । गिरफ्तारी देने वालों में दल के कार्यवाहक प्रधान अमरीक सिंह अलीवाल व जनरल सैक्रेटरी करनैल सिंह पंजौली भी शामिल हैं । गिरफ्तारी देने से पूर्व पार्टी वर्करों ने 'राजीव दौरे बंद करो, बाढ़-राहत का प्रबंध करो' इत्यादि नारे लगाए ।

वर्करों ने एस.जी.पी.सी. कार्यालय में रैली की और पुलिस पर पंजाब में ही वर्करों के कई ट्रकों को रोकने का आरोप लगाया । श्री अलीवाल ने लोगों की समस्याओं व मांगों के बारे राज्यपाल को ज्ञापन देने की अनुमति न देने पर चंडीगढ़ पुलिस की आलोचना की ।

श्री अलीवाल ने अफसोस व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री को बातचीत करने के लिए राज्य कोई योग्य नेता नजर नहीं आ रहा । उन्होंने मांग की कि बाढ़ के कारण राज्य में जिन लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, उनके परिवारों को कम से कम 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाए, अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध किए जाने की भी मांग की ।

श्री पंजौली ने पार्टी वर्करों से बाढ़ पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराने के काम में जुट जाने की अपील की ।

रैली को अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह जो अचानक शिरोमणि कमेटी के कार्यालय में पहुंचे, ने भी सम्बोधित किया । उन्होंने युवा अकाली वर्करों की ओर से बाढ़-पीड़ितों को पर्याप्त राहत दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक धार्मिक काम है जिसे शांतिपूर्ण व नियमबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए ।

जेल में हनीमून

लारेन (अमरीका), 12 अक्तूबर (ए.पी.) : एक नवविवाहित युगल ने जेल में हनीमून मनाया । राजर 28 और तामरा 19 का गत शनिवार दोपहर में विवाह हुआ । विवाह हुए अभी दस घंटे भी नहीं बीते थे कि दोनों में झगड़ा हो गया । लारेन पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि 19 वर्षीय तामरा के साथ दुर्व्यवहार किया गया । सूचना मिलने पर जब पुलिस पहुंची तो वहां बात कुछ और ही थी । पति-पत्नी दोनों बुरी तरह झगड़ रहे थे और एक युवक बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहा था । जब पुलिस ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो वे दोनों पुलिस से भी लड़ने-झगड़ने लगे । दोनों को

Punjab Sahafat

अकाल तख्त के भू.पू. जत्थेदार भाई जसवीर सिंह रोडे दरबार साहब में गत दिवस कीर्तन श्रवण करके और मत्था टेक कर आते हुए (नीचे) जत्थे के सदस्य परिक्रमा करते हुए । ये अभी दरबार साहब में ही ठहरे हुए हैं । (छाया : भंडारी)

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

निकले । इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ ।

पाबंदी बढ़ी : 'संधी' के अनुसार चंडीगढ़ के जिला मैजिस्ट्रेट श्री कृष्ण मोहन ने शहर में किसी भी तरह का जलूस निकालने, भाषण देने, नारे लगाने या सार्वजनिक स्थान पर 5 से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर लगी पाबंदी की अवधि 12 दिसम्बर तक बढ़ा दी है ।

दो का अपहरण : फतेहगढ़ पंचतूर गांव के सरपंच श्री गिरधारी लाल के दो पुत्रों का कुछ आतंकवादियों ने उस समय अपहरण कर लिया जब वे अपने स्कूटर से घर लौट रहे थे । बाद में यह स्कूटर जीरा कोट ईसा खां रोड पर पड़ा पाया गया । फिरोजपुर से प्राप्त खबर के अनुसार आज शाम तक दोनों लड़कों में से किसी का पता नहीं चल सका । उनके नाम गोविन्द राम और लक्ष्मी नारायण हैं ।

न्यायिक रिमांड : फगवाड़ा (खोसला): स्थानीय पुलिस ने गत दिवस एक आतंकवादी हरिन्द्र सिंह को एक रिवाल्वर व कारतूस सहित गिरफ्तार किया था, उसे अदालत ने 24 अक्तूबर तक न्यायिक रिमांड देकर जेल भेज दिया है ।

अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का विरोध

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (वार्ता): उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के आज समाप्त हुए सम्मेलन ने देश में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के सृजन का विरोध किया । विधि आयोग ने अपनी 116वीं रिपोर्ट में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा सृजित करने की सिफारिश की थी ।

सतवंत

(पृष्ठ 3 का शेष)

सतवंत सिंह के वकील आर.एस. सोढी ने कहा है कि सतवंत सिंह द्वारा आई.टी.बी.पी. के खिलाफ दायर मुकद्दमे की सुनवाई विचाराधीन होने के दौरान ही उसके ब्लैक वारंट पर हस्ताक्षर किया जाना आश्चर्यजनक है ।

कानूनी सहायता एवं सलाह बोर्ड दिल्ली ने सतवंत सिंह की उस शिकायत की पैरवी के लिए श्री आर.एस. सोढी को वकील नियुक्त किया है, जिसमें उसने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के दो सुरक्षा कर्मियों पर 31 अक्तूबर 84 को उसकी हत्या के प्रयास के लिए मुकद्दमा चलाने की अपील की है ।

पंजाब में 4 की हत्या : भगवान दास की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि : जैतो में हड़ताल रही

सरपंच के 2 लड़कों का अपहरण : 13 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने कल रात के बाद 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 3 को घायल कर दिया । भूतपूर्व मंत्री लाला भगवान दास की राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि कर दी गई । उनकी हत्या के विरोध में जैतो में आज दूसरे दिन भी हड़ताल रही । राज्य में दो व्यक्तियों का अपहरण किए जाने की सूचना मिली है ।

सुदावाली में हत्या : बटाला (ह.स.): गत रात थाना डेरा बाबा नानक के अंतर्गत सुदावाली में कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक का नाम दिलबाग सिंह उर्फ़ सोहन सिंह बताया है । केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है ।

कार सवार की हत्या : अमृतसर (वार्ता): 4 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने एक स्कूटर पर सवार होकर एक मारुति कार का पीछा किया और कार में सवार एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा तीन अन्य को घायल कर दिया । कार खालड़ा गांव से भिखीविंड जा रही थी । स्कूटर सवार आतंकवादी वारदात करने के बाद फ़रार हो गए ।

मरने वाले कार सवार का नाम रघुनाथ बताया जाता है, जबकि घायलों के नाम गुरचरण सिंह, अशोक कुमार और मनीष कुमार हैं । घायलों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । एक अन्य सूचना के अनुसार कार पर हमला सड़क के दोनों ओर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने किया तथा ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया ।

गत रात ही जिला अमृतसर में आतंकवादियों के एक ग्रुप ने, जो कि एक मुठभेड़ में अपना एक घोड़ा मर जाने के बाद भाग रहा था, गांव गंडीविंड के निकट एक व्यक्ति पूर्ण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गंडी विंड में मुठभेड़ के स्थान के निकट एक चीनी असाल्ट राइफल, एक .315 बोर राइफल और 114 कारतूस मिले ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने 4 आतंकवादियों को सखीरा गांव से गिरफ्तार करके उनसे दो देसी पिस्तौल तथा कुछ गोली - सिक्का बरामद किया । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम मोहिंदर सिंह, बलदेव सिंह, मेजर सिंह व दलबीर सिंह बताए गए हैं । यह आतंकवादी तरनतारन उपमंडल में एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बना रहे थे ।

आज सुबह पंडोरी गोलां के निकट दो उग्रवादियों अनोख सिंह तथा कुलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक .12 बोर की बंदूक, एक देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

दयाला की हत्या : भटिंडा : कल रात जिला भटिंडा के गांव धन सिंह खन्ना में एक डेरे में एक व्यक्ति नाज़र सिंह उर्फ़ दयाला की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (सूद): कल रात थाना टाडा के गांव अम्बाला जट्टां के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस 7 उग्रवादियों को पकड़ने में सफल हो गई, जबकि 2 अन्य भाग निकले । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों के नाम हैं—अजीत सिंह, नरिंदर सिंह उर्फ़ बिट्टू, जसविंदर सिंह उर्फ़ भट्टो, तीर्थ सिंह, सूबा सिंह, शिव सिंह तथा रेशम सिंह ।

भागने वालों में केवल सिंह उर्फ़ काबुल सिंह उर्फ़ सुलतान सिंह निवासी तलवंडी सोभा सिंह और निरवैर सिंह निवासी कर्मवाल शामिल हैं । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से 38 बोर का एक रिवाल्वर, 4 कारतूस, 12 बोर की दो बंदूकें, तीन 12 बारे के पिस्तौल तथा 65 कारतूस बरामद हुए । प्रारम्भिक पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे हत्या, आगज़नी और लूटमार की कई घटनाओं में शामिल थे । उन्होंने गत जून में कोटला थाना टांडा में सतपाल की हत्या की थी । यह उग्रवादी पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आने वालों को हथियार सप्लाई करते थे ।

अंतिम संस्कार : फरीदकोट से जिंदल, गुप्ता के अनुसार पंजाब के भूतपूर्व मंत्री और पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष लाला भगवान दास, जिनकी कल उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ जैतो में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर अलग-अलग पार्टियों व सामाजिक संगठनों के नेताओं के अलावा 10 हजार से अधिक व्यक्ति मौजूद थे ।

लाला भगवान दास का मृत शरीर राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा हुआ था तथा उनके निवास स्थान से शवयात्रा शुरू हुई । शव को फूलों के हारों से लदे एक ट्रक पर रखा गया था । शवयात्रा गलियों, बाजारों में से होती हुई कोटकपूरा-जैतो सड़क पर स्थित श्मशान घाट पर पहुंची, जहां उनकी पार्थिव देह को अग्नि भेंट किया गया ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री संतोष मोहन देव, पंजाब सरकार की ओर से जिलाधीश श्री विजय केन, जिला इंका की ओर से श्री अवतार सिंह बराड़, पंजाब इंका के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह, महासचिव श्री हरचरण सिंह हीरो, भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह ने श्री भगवान दास के शव पर फूलमालाएं चढ़ाई ।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बेअंत सिंह ने कहा कि आतंकवाद के वर्तमान दौर में इंका के 300 नेता तथा 9 वर्कर मारे जा चुके हैं, जिनमें चौधरी जगत राम, श्री जोगेंद्र पाल पांडे, त्रिलोचन सिंह रियासती आदि नेता भी शामिल हैं । लाला भगवान दास के बारे में उन्होंने कहा कि वह साहसी नेता तथा देश-भक्त थे । उनके देहांत से रिक्त हुए स्थान की पूर्ति सम्भव नहीं ।

कल की घटना में घायल होने वाले बलदेव सिंह कोटली अबूल (20) को गुरु गोबिन्द सिंह मैडीकल कालेज फरीदकोट से बदल कर सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है । कल मारे गए दुकानदार राम लाल की अंत्येष्टि कल ही कर दी गई थी ।

पुलिस पर फायरिंग : शाहकोट (चोपड़ा): गांव अक्करपुरा के निकट गत दिवस एक गश्ती पुलिस दल पर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर उग्रवादी भाग

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राजीव कल हिमाचल को केंद्रीय सहायता बारे घोषणा करेंगे

शिमला, 12 अक्तूबर (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा करेंगे । बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित ऊना ज़िले का दौरा करने के बाद श्री गांधी शिमला में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

धारा 144 के उल्लंघन पर युवा अकाली दल के 70 वर्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (संघी) : युवा अकाली दल (दमछड़ी) के लगभग 70 वर्करों को आज स्थानीय पुलिस ने यहां सैक्टर 5 में स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय के बाहर उस समय धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया जब वे एक जलूस की शक्ल में पंजाब राज भवन जाकर राज्यपाल श्री एस.एस. रे को राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों को पर्याप्त राहत उपलब्ध कराने की मांग के समर्थन में ज्ञापन देने का प्रयास कर रहे थे । गिरफ्तारी देने वालों में दल के कार्यवाहक प्रधान अमरीक सिंह अलीवाल व जनरल सैक्रेटरी करनैल सिंह पंजौली भी शामिल हैं । गिरफ्तारी देने से पूर्व पार्टी वर्करों ने 'राजीव दौरे बंद करो, बाढ़-राहत का प्रबंध करो' इत्यादि नारे लगाए ।

वर्करों ने एस.जी.पी.सी. कार्यालय में रैली की और पुलिस पर पंजाब में ही वर्करों के कई ट्रकों को रोकने का आरोप लगाया । श्री अलीवाल ने लोगों की समस्याओं व मांगों के बारे राज्यपाल को ज्ञापन देने की अनुमति न देने पर चंडीगढ़ पुलिस की आलोचना की ।

श्री अलीवाल ने अफसोस व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री को बातचीत करने के लिए राज्य कोई योग्य नेता नजर नहीं आ रहा । उन्होंने मांग की कि बाढ़ के कारण राज्य में जिन लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, उनके परिवारों को कम से कम 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाए, क्षतिग्रस्त फसलों के बदले किसानों को तीन हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाए । पक्के मकान की मुरम्मत के लिए 50 हजार व कच्चे मकान के लिए 20 हजार और झोंपड़ी के लिए 10 हजार रुपए की राहत राशि दी जाए ।

श्री अलीवाल ने इसके अतिरिक्त पांच सदस्यीय बाढ़ प्रभावित परिवार को 8 बोरी गेहूं, आगामी फसल तक बिजली के बिल माफ, दो वर्ष के लिए रोजगार उपलब्ध किए जाने की भी मांग की ।

श्री पंजौली ने पार्टी वर्करों से बाढ़ पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराने के काम में जुट जाने की अपील की ।

रैली को अकाल तख्त के जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह जो अचानक शिरोमणि कमेटी के कार्यालय में पहुंचे, ने भी सम्बोधित किया । उन्होंने युवा अकाली वर्करों की ओर से बाढ़-पीड़ितों को पर्याप्त राहत दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक धार्मिक काम है जिसे शांतिपूर्ण व नियमबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए ।

जेल में हनीमून

लारेन (अमरीका), 12 अक्तूबर (ए.पी.) : एक नवविवाहित युगल ने जेल में हनीमून मनाया । राजर 28 और तामरा 19 का गत शनिवार दोपहर में विवाह हुआ । विवाह हुए अभी दस घंटे भी नहीं बीते थे कि दोनों में झगड़ा हो गया । लारेन पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि 19 वर्षीय तामरा के साथ दुर्व्यवहार किया गया । सूचना मिलने पर जब पुलिस पहुंची तो वहां बात कुछ और ही थी । पति-पत्नी दोनों बुरी तरह झगड़ रहे थे और एक युवक बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहा था । जब पुलिस ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो वे दोनों पुलिस से भी लड़ने-झगड़ने लगे । दोनों को जेल भेज दिया गया । उन्होंने जेल में ही हनीमून मनाया ।

पाठकों तथा एजैंटों से

पंजाब केसरी का आज का अंक 'खेल खिलाड़ी संस्करण' के स्थान पर 'व्यंग्य विनोद संस्करण' के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है । 'खेल खिलाड़ी संस्करण' शुक्रवार को प्रकाशित

Punjabi Sonaru

2 सिपाहियों, 2 होमगार्डों सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में 2 सिपाहियों व 2 होम गार्ड सहित 5 लोगों की हत्या कर दी ।

5 की हत्या : लुधियाना से धीमान, महिन्द्रा के अनुसार आज रात्रि चौक गयासपुरा में उग्रवादियों ने 5 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें सिपाही त्रिलोक सिंह, सिपाही राम मित्तर, होमगार्ड का सिपाही बलविंदर सिंह, एक अन्य होम गार्ड का सिपाही तथा एक शहरी शामिल हैं । कहा जाता है कि पुलिस वहां नाकाबंदी किए हुए थी कि उग्रवादियों ने एक मारुति कार में आकर अंधाधुंध फायरिंग की । सिपाही त्रिलोक सिंह तथा होमगार्ड के जवान और एक शहरी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि सिपाही बलविंदर सिंह व राम मित्तर ने अस्पताल में दम तोड़ा ।

मुसाफिर के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 12 थी और दो मोटर साइकिल पर सवार थे । होमगार्ड का जो दूसरा सिपाही मारा गया, उसका नाम राय सिंह है । पांचवें मृतक की शिनाख्त नहीं हुई और समझा जाता है कि वह उग्रवादियों का ही साथी था ।

एक लड़की सहित चार घायल : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव सल्लो में गत रात 5 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने एक डेरों में फ़ायरिंग करके चार व्यक्तियों कश्मीर सिंह, बुआ सिंह, हरबंस सिंह व इसकी लड़की सुखविन्द्र कौर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इनमें से बुआ सिंह व हरबंस सिंह को अमृतसर अस्पताल भेजा गया है जबकि कश्मीर सिंह व सुखविन्द्र कौर बटाला अस्पताल में उपचाराधीन हैं । सूत्रों के अनुसार फ़ायरिंग चीनी असाल्ट राइफल ए.के.-47 से की गई है व इसके कुछ चले कारतूस घटना स्थल से मिले हैं । ह.स. के अनुसार हरबंस सिंह की हत्या की गई है ।

एक गिरफ्तार : थाना सदर पुलिस ने गांव चाचोवाली के एक संदिग्ध युवक सुखदेव सिंह को गिरफ्तार करने का दावा किया है । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार यह गत 4 अक्तूबर को गांव हरदोझंडे में हुई फ़ायरिंग, जिसमें दो लोग राजकुमार व इंद्रजीत मारे गये थे, में वांछित था, पूछताछ जारी है ।

स्कूटर, नकदी छीनी : लुधियाना (वार्ता): कल जिला लुधियाना में थाना साहनेवाल के गांव धरौस में नहर के पुल के करीब सुनील कुमार नामक व्यक्ति से दो अज्ञात सशस्त्र युवकों ने स्कूटर व 15401 रुपए छीन लिये ।

उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वार्ता): अमृतसर जिला पुलिस ने गत रात एक उग्रवादी भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक बंदूक बरामद की गई ।

फगवाड़ा (राकेश) : गत दिवस यहां से 10 कि.मी. दूर गांव रानीपुर में उग्रवादियों ने पिस्तौलों की नोक पर एक व्यक्ति से 50-60 हजार रु. का सामान लूट लिया है । गांव रानीपुर के एक व्यक्ति भजन सिंह पुत्र हरी सिंह के घर में घुस कर उससे 7 तोले सोने के जेवर, 8000 रुपए नकद, एक वी.सी.आर. व 45 सूट कपड़ा लूट कर फरार हो गए । भजन सिंह कुछ दिन पहले ही अपनी बहन की शादी के लिए विदेश से आया था ।

मां-बेटा घायल : जिला संगरूर में थाना लौंगोवाल के गांव शेरों में उग्रवादियों ने महेंद्र कौर व उसके लड़के अजीत सिंह को गोलियां मार कर सख्त घायल कर दिया ।

राम जन्म भूमि स्थायी रूप से हिन्दुओं को दी जाए : सिंगला

फैजाबाद, 13 अक्तूबर (ह.स.): विश्व हिन्दू परिषद के महासचिव श्री अशोक सिंघल ने कहा है कि राम जन्म भूमि से करोड़ों हिन्दुओं की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं इसे ले सिंघल व भावनाएं

Punjabi Sanjam

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा पत्रकार और किसान की हत्या

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक पत्रकार और एक किसान की हत्या कर दी । पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।

अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस थाने के बाबा बकाला कस्बा में पत्रकार श्री प्रेम मेहरा की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने सुबह श्री मेहरा के घर का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खोलने पर उन्होंने ए.के.-47 राइफल से अंधाधुंध गोलियां चलाईं और भाग गए । श्री मेहरा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । वर्ष 1981 से अब तक उग्रवादी लगभग एक दर्जन पत्रकारों की हत्या कर चुके हैं ।

रैप्पा से 'जसपाल' के अनुसार श्री मेहरा प्रतिदिन की तरह प्रातः 6 बजे शौच इत्यादि के लिए नंगल जाने वाली सड़क पर स्थित नहर की पटड़ी पर पहुंचे ही थे कि वहां पहले से ही मौजूद उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं जो उनके सिर और छाती में लगीं । श्री मेहरा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घटनास्थल से तीन चले हुए कारतूस और एक 'मिस' हुआ कारतूस मिला है । पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है ।

श्री मेहरा की हत्या की खबर फैलते ही लोगों में रोष फैल गया और सारा बाजार बंद हो गया । वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की और मृतक के परिवार से सहानुभूति व्यक्त की है । श्री मेहरा अपने पीछे पत्नी और पांच छोटे बच्चे छोड़ गए ।

बाबा बकाला में पत्रकारों की हुई शोकसभा में मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि भेंट की गई । एक प्रस्ताव पारित करके श्री मेहरा के परिवार की वित्तीय सहायता किए जाने और पत्रकारों की सुरक्षा के प्रबन्ध करने की मांग की गई ।

हत्या की निन्दा : 'वि.प्र.' के अनुसार अमृतसर वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रधान श्री आर.के. शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान श्री गुरदीप सिंह और जनरल सेक्रेटरी श्री शम्मी सरीन ने श्री मेहरा की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है । उन्होंने

(शेष पृष्ठ 12 पर)

वीरवार की रात को लुधियाना में उग्रवादियों द्वारा मारे गये (1) राज सिंह होमगार्ड, (2) त्रिलोक सिंह पुलिस कांस्टेबल, (3) बलविंदर सिंह होमगार्ड, (4) राम सिंह पुलिस कांस्टेबल के शव ।

(छाया : कम्बोज)

Punjabi Sandani

उग्रवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

कहा कि सरकार पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही है । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों के हाथों मारे गए पत्रकारों के परिवारों को सरकार खुल कर वित्तीय सहायता देने में भी विफल रही है ।

किसान की हत्या : एक अन्य वारदात में चार आतंकवादियों ने आज तड़के सरहाली पुलिस थाने के शकरी गांव में एक किसान झीरमल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार किसान अपने ट्रैक्टर पर बैठ कर खेत की जुताई कर रहा था तभी आतंकवादियों ने उस पर गोली चलाई ।

आतंकवादी किसान का ट्रैक्टर लेकर भाग गए । पुलिस आतंकवादियों की तलाश कर रही है ।

3 शरणदाता गिरफ्तार : तरनतारन जिला पुलिस चीफ द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार उग्रवादियों को शरण देने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने को आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम बचन सिंह (मानोचाहल), सुखदेव सिंह (पंजबड़) और अमर सिंह गग्गो बुआ हैं ।

लुधियाना (ह.स.): यहां जी.टी. रोड पर ग्यासपुर चौक के समीप स्कूटर सवार आतंकवादियों ने चार सुरक्षा कर्मियों की कल रात निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी । मृतकों में से दो सिपाही तथा दो होमगार्डस के जवान थे ।

मृतकों के नाम सिपाही बिलोक सिंह और सिपाही राम मित्तल तथा होमगार्डस राम सिंह और बलविन्दर सिंह बताए गए हैं ।

बीकिंग दुकड़ी और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी में एक अज्ञात हमलावर भी मारा गया । उसकी जेब से 455 बोर के छः कारतूस मिले हैं । गोलीबारी में तरसेम लाल और भगत राम नामक दो नागरिक भी घायल हुए ।

पुछताछ के बाद : राजपुरा (मासूम): कथित उग्रवादी अतिन्दरपाल सिंह जिसकी गिरफ्तारी राजपुरा में 'एरिया कमांडर' अश्विनी कमार और उसके तीन साथियों से पूछताछ के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर की गई थी, ने बहुत से रहस्योद्घाटन किए हैं । अश्विनी कमार के गुट ने भी बहुत-सी वारदातें की और पाकिस्तान भी हो आया था । अश्विनी व उसके साथियों ने जन्माष्टमी को पुराना राजपुरा में बम रखना स्वीकार किया है । उसने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण वह बम फट नहीं सका । उल्लेखनीय है कि एक अन्य बम फटने से एक बच्चा मारा गया था, जबकि 8 अन्य घायल हुए थे । अतिन्दरपाल सिंह से पूछताछ के लिए इन दिनों अन्य राज्यों की सी.बी.आई. के अधिकारी भी आ रहे हैं ।

दो गिरफ्तार : चंडीगढ़ (संवी): स्थानीय पुलिस ने आज विनोद कुमार व विजय कमार नामक दो भाइयों को शहर में आतंकवादियों से सम्पर्क रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार ये दोनों भाई, जो कि स्थानीय 35 सैक्टर में प्रिंटिंग प्रैस चलाते हैं, के पास से ही आतंकवादियों का नया गुट 'खालिस्तानी गरिल्ला आफ खालिस्तान' अपने पर्चे आदि छपवाता था । इन की गिरफ्तारी के साथ ही चंडीगढ़ पुलिस ने गत 8 अक्तूबर को पकड़े चार आतंकवादियों सहित कुल सात व्यक्तियों को अब तक दबोचा है ।

उक्त दोनों भाइयों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून व शस्त्र कानून के अलावा धारा 302, 307 के तहत केस दर्ज किया गया है । पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन दोनों का जसबीर सिंह उर्फ पिंका नामक व्यक्ति से भी सम्पर्क था, जो कि पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री हितोभिलाषी की हत्या के मामले में वांछित है ।

शव बरामद : रोपड़ (ह.स.): चमकौर साहब पुलिस ने गांव पहलीयां के गुरमीत सिंह की लड़की गुरबीर कौर का शव बरामद किया है ।

मलसियां (जालन्धर) : पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के वैटर्नरी विभाग के अन्तिम वर्ष के छात्र श्री राजीव जोशी सुपुत्र श्री लाल चन्द का बिजली का करंट लगने से 5 अक्तूबर को देहांत हो गया, रस्म पगड़ी 16 अक्तूबर को दोपहर बाद दो बजे उनके पैतृक गांव मलसियां में होगी ।

फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय पत्रकारों ने उग्रवादियों की तरफ से एक पत्रकार प्रेम मेहरा की हत्या की कड़ी निंदा की है ।

भाजपा पंजाब के महासचिव चौधरी स्वर्णा राम, कांग्रेस सेवा दल जिला कपूरथला के प्रधान डा. जीत सिंह व भारती जनता युवा मोर्चा कपूरथला जिला के उपाध्यक्ष श्री सुरिन्द्र चोपड़ा ने भी हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

तीन गिरफ्तार : गुरदासपुर (ह.स.): बटाला सदर पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में बलदेव सिंह, गुरदेव सिंह और उसके भाई राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है ।

सैनिक गतिविधियां तेज

(पृष्ठ 1 का शेष)

सेना सऊदी अरब में शाह की सुरक्षा के लिए गई थी, जिसे अमरीका ने अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया । इस सेना को रेगिस्तान में लड़ने का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है ।

तीन डिवीजन सेना खाड़ियां, सादिक बाग और मुल्तान से सिंध के विभिन्न नगरों में भेजी गई हैं । सिंध के साथ दस किलो मीटर के सीमावर्ती क्षेत्र से सिविल जनसंख्या हटा ली गई है और क्षेत्र का नियंत्रण सेना ने सम्भाल लिया है ।

आज नई दिल्ली में सेना के उच्चाधिकारियों ने सीमाओं पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियां बढ़ने से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की । एक प्रवक्ता ने बताया कि भारत सरकार पाकिस्तानी सेना की हलचल पर पूरी नजर रखे हुए है । प्रवक्ता ने इससे अधिक कुछ जानकारी देने व अन्य कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया ।

'लांग मार्च' आं
होने से अयोध्या

अयोध्या (उत्तर प्रदेश), 14 अक्तूबर : बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति द्वारा आज के लिये प्रस्तावित 'लांग मार्च' के स्थगित कर दिये जाने से इस धार्मिक नगरी के लोगों ने राहत की सांस ली है । उल्लेखनीय है कि रामजन्म भूमि बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर हुए अर्से से मंदिरों से घरे इस नगर एवं आसपास के इलाकों में तनाव व्याप्त रहा है और बाबरी संघर्ष समिति द्वारा इस मार्च की घोषणा के बाद से जैसे इस शहर दिन करीब आ रहा था तनाव निरन्तर बढ़ रहा था ।

बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति ने घोषणा की थी कि विवादास्पद धर्मस्थल पर अपना दावा पुष्ट करने के लिये वे 14 अक्तूबर यानी आज दो हजार मुसलमान फैजाबाद से अयोध्या तक 10 किलोमीटर की पद यात्रा कर वहां नमाज अदा करेंगे । हिन्दू जिस स्थान को रामजन्म भूमि मानते हैं, मुसलमानों का दावा है कि वह बाबरी मस्जिद है, जिसे मुगल शासक बाबर ने सोलहवीं शताब्दी में बनवाया था ।

बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति के लांग मार्च का विरोध करने के लिए देश के तमाम भागों से हिन्दू धर्मावलम्बी, पुजारी और साधु अयोध्या में आ जुटे थे और उन्होंने रामजन्म भूमि से दो किलोमीटर दूर सरयू के तट पर 11 अक्तूबर को ही महायज्ञ शुरू कर दिया । उस यज्ञ का हिन्दू धर्मावलम्बियों के इस इरादे का एलान माना जा रहा था कि यदि रामजन्म भूमि को मस्जिद में बदलने का कोई भी प्रयास हुआ तो उसके परिणाम 'विनाशकारी' होंगे ।

हिन्दू धर्मावलम्बियों एवं आचार्यों का कहना है कि विवादास्पद स्थल राम-जन्म भूमि ही है और इस पर मुसलमानों को कोई अधिकार नहीं है । वे कहते हैं कि मुगल शासक बाबर ने 16वीं सदी में जो कुछ भी किया था नितांत अनुचित था । प्रचलित कथा के अनुसार हिन्दू सम्राट विक्रमादित्य ने भगवान राम के जन्म स्मारक के रूप में उक्त मन्दिर का निर्माण कराया था, जिसे बाबरी सेना ने तोड़ कर एक मस्जिद का निर्माण कर दिया ।

सरयू तट पर कल समाप्त हो रहे पांच दिवसीय महायज्ञ स्थल पर एक और नगर बसा हुआ है । एक महापंडाल ताना गया था जिसमें एक साथ 20 हजार लोग बैठकर हिन्दू धर्माचार्यों के कथा प्रवचन सुन सकते हैं ।

इस मुख्य पंडाल के चारों तरफ दर्जनों तम्बू-कनात तने हुए हैं जिसमें दूर-दराज से आए हिन्दू धर्माचार्यों एवं पुजारियों के ठहरने की व्यवस्था है । अब तक इस महायज्ञ में एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु हिन्दू पुजारी एवं हजारों साधु संत भाग ले चुके हैं और अभी भी उनका आना जारी है ।

सम्बाददाता ने मौके पर देखा कि विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तमाम स्वयंसेवी आने जाने वालों की सुविधा की व्यवस्था में लगे हैं और यज्ञ स्थल के चारों तरफ मुख्य स्थानों पर कुछ लोग पारम्परिक वेशभूषा में धनुष बाण लिए तैनात हैं ।

बाबरी संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित मार्च के स्थगन के बाद इस शहर एवं आसपास के इलाके में तनाव का माहौल ढीला पड़ा है । हालांकि यहां

शोक समाचार

होशियारपुर, 14 अक्तूबर : पत्रकार श्री अविनाश सूद के बड़े भाई श्री रघुवीर चंद सूद गत दिनों कुल्लू में स्वर्गवास हो गए, रस्म किरया 18 अक्तूबर को दोपहर बाद 3 बजे उनके निवास रामशिला, अखाड़ा बाजार, कुल्लू में होगी ।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 8 लोगों की हत्या

'बी' श्रेणी के 8 आतंकवादियों सहित 13 गिरफ्तार, शस्त्रास्त्र बरामद

पाक घुसपैठिया मारा गया, 50 हज़ार रुपए लूटे

चंडीगढ़, 15 अक्तूबर (वार्ता,ह.स.): कल रात पंजाब में उग्रवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्योंसहित आठ व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा लगभग पचास हजार रुपये लूट लिये । 13 उग्रवादी गिरफ्तार किये गये जिनमें 8 'बी' श्रेणी के हैं । एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मुठभेड में मारा गया ।

2 युवकों की हत्या,2 घायल : बटाला (गुरदासपुर): जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव कोट अफगानां में गत रात 5 अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति तिलकराज के घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग करके दो युवकों शम्मी कुमार वनील कुमार की हत्या कर दी व एक विधवा श्रीमती राजरानी व कस्तूरी लाल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उन्हें गुरदासपुर अस्पताल भेजा गया है । मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम भी गुरदासपुर अस्पताल में कराया गया है ।

मृतकों में शम्मी कुमार अमृतसर से यहां अपने रिश्तेदार से मिलने आया था । यह हत्याकांड रात्रि में लगभग दो बजे हुआ, पर पुलिस मुख्यालय को इसकी सूचना प्रातः मिली । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार हत्यारों में से एक की पहचान कर ली गई है और घटनास्थल से 315 बोर राइफल के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

दो किसानों की हत्या : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने बताया कि कल रात जिला अमृतसर में अलग-अलग वारदातों में दो किसानों की हत्या कर दी गई । जेठा सिंह नामक किसान की थाना वेरोवाल के गांव रामपुर में हत्या कर दी गई जबकि कश्मीरा सिंह उर्फ बिल्ला की थाना मजीठा के गांव जमालपुर में हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने जेठा सिंह को उस समय गोलियां मारीं जब उसने अपना लाइसेंसशुदा रिवाल्वर तथा ट्रैक्टर उनके हवाले करने से इन्कार कर दिया ।

11 उग्रवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने उग्रवादियों के तीन गिरोहों का सफाया करने का दावा किया है । पुलिस ने इन गिरोहों के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कत्थूनगल और लोपोके क्षेत्रों के 8 'बी' श्रेणी उग्रवादी शामिल हैं । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री जी.एस. मान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम सुखजीत सिंह, केवल सिंह, सुखदेव सिंह, शमशेर सिंह, सुच्चा सिंह, नरेन्द्र सिंह, बलदेव सिंह, कुलबीर सिंह, सूबा सिंह, भीरा सिंह तथा गुरमुख सिंह हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने गांव कच्चा-पक्का के सरपंच की हत्या की थी, हथियार छीनने की 7 वारदातें, दो बैंक डकैतियां कीं तथा दो स्थानों पर धमकी देकर धन ऐंठा । उनसे पांच .12 बोर की बंदूकें, एक .303 की राइफल तथा चार .12 बोर के पिस्तौल व 44 कारतूस बरामद हुए ।

घुसपैठिया मारा गया : सीमा सुरक्षा बल ने आज प्रातः अमृतसर जिले में घरेड़ा थाने के अंतर्गत मोहावा सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मुठभेड में मार डाला । चौकी पर तैनात जवानों ने पाकिस्तान की ओर से दो व्यक्तियों को आते देखा । उनको रुकने के लिए संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से एक मारा गया, जबकि दूसरा पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया ।

तीन की हत्या : जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना नूरमहल के गांव कोट बाद खां में कुछ उग्रवादियों ने सुरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर सुरेन्द्र सिंह, उसके लड़के बाबा सिंह तथा उनके एक रिश्तेदार अजायब सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि उग्रवादी रात लगभग 9 बजे सुरेन्द्र सिंह के घर आए और दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खुलते ही उग्रवादियों ने सुरेन्द्र सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी । गोलियों की आवाज़ सुन कर बाबा सिंह और अजायब सिंह बाहर आए तो उन पर भी गोलियां बरसाई गईं जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने तीनों व्यक्तियों को घर से बुला कर थोड़ी दूर ले जाकर उनको गोलियां मारीं । सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी । थाना नूरमहल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । अभी तक हत्यारों का कुछ पता नहीं चल सका ।

बताया जाता है कि हत्यारों ने ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से ए.के.

...दिवस बाबा बकाला जिला अमृतसर में पत्रकार प्रेम मेहरा की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (इनसैट) ...मेहरा का शव । चित्र में उनके परिवार की महिलाएं विलाप करती हुई । (छाया : जसपाल)

punjabilibrary

वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी । थाना नूरमहल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । अभी तक हत्यारों का कुछ पता नहीं चल सका ।

बताया जाता है कि हत्यारों ने ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफलों के आध दर्जन खाली कारतूस बरामद हुए । तथापि पुलिस के एक प्रवक्ता ने उक्त वारदात को निजी शत्रुता का परिणाम बताया । उसने कहा कि तीनों उक्त व्यक्ति ज़मीन के एक केस में सतनाम सिंह और उसके पिता के विरुद्ध अदालत में गवाह के तौर पर पेश हुए थे तथा ऐसा प्रतीत होता है कि सतनाम सिंह व उसके साथियों ने उसी का बदला लेने के लिए यह हत्याएं कीं । पुलिस ने सतनाम सिंह व उसके अन्य साथियों को पकड़ने के लिए ज़बरदस्त भाग-दौड़ शुरू कर दी है ।

स्कूटर, नकदी छीनी : गत रात जिला जालन्धर के थाना नकोदर क्षेत्र में एक लिंक सड़क पर तीन व्यक्तियों ने एक व्यक्ति विनोद कुमार से स्कूटर और 49500 रुपए छीन लिए । विनोद कुमार अपने ईंटों के भट्ठे से लौट रहा था । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

दो गिरफ्तार : लुधियाना:सुरक्षा बलों ने कल रात बनौर गांव के निकट एक मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार आतंकवादियों से दो देसी पिस्तौल, कुछ कारतूस और एक स्कूटर बरामद किया गया ।

यहां प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने स्कूटर पर जा रहे दो व्यक्तियों को रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने गोली चलाई । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोली चलाई । दोनों आतंकवादियों ने बाद में आत्मसमर्पण कर दिया । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम जगतार सिंह और किरपाल सिंह हैं ।

'महिंद्रा' के अनुसार एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पूछताछ के दौरान जगतार सिंह ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वह पीपुल्स मुक्ति फोर्स का सदस्य है और उसके गिरोह ने पट्टी उपमंडल तथा भिखीविंड क्षेत्र में हत्या, हथियार छीनने व लूट की वारदातें की हैं ।

हत्या : गत दिवस जिला लुधियाना के थाना खन्ना के गांव खोरी में एक व्यक्ति अजीत सिंह की हत्या कर दी गई । उसका शव गत रात बरामद हुआ ।

घायल आतंकवादी मरा : बटाला (ह.स.): गत 7 अक्तूबर को थाना श्रीहरगोबिंदपुर के अन्तर्गत बोलेवाल गांव में इन्द्रजीत नामक आतंकवादी जो मुठभेड़ में घायल हो गया था, की आज श्री गुरु तेग बहादुर हस्पताल, अमृतसर में मृत्यु हो गई । सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे जबकि दो अन्य घायल हो गए थे । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक .32 बोर की पिस्तौल बरामद की थी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार, 16 अक्तूबर, 1988 तदनुसार, 1 कार्तिक, 2045

Golden Delivery Office)
AMRITSAR.
Phones : 44332, 20051.

माना जाना चाहिए । आयोग का कहना है कि चुनाव सुधार की बाढ़ एक धोखा है जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग की ओर से जनता का ध्यान हटाना है । यह बात नहीं है

नहीं है ।

आयोग के अन
कह सकता है कि
खर्च किया है । अ

एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 8 लोगों की हत्या

'बी' श्रेणी के 8 आतंकवादियों सहित 13 गिरफ्तार, शस्त्रास्त्र बरामद

पाक घुसपैठिया मारा गया, 50 हज़ार रुपए लूटे

चंडीगढ़, 15 अक्तूबर (वार्ता,ह.स.): कल रात से पंजाब में उग्रवादियों ने एक परिवार के तीन सदस्यों सहित आठ व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा लगभग पचास हजार रुपये लूट लिये । 13 उग्रवादी गिरफ्तार किये गये जिनमें 8 'बी' श्रेणी के हैं । एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मुठभेड़ में मारा गया ।

2 युवकों की हत्या,2 घायल : बटाला (कोछड़): जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव कीड़ी अफगानां में गत रात 5 अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति तिलकराज के घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग करके दो युवकों शम्मी कुमार व नील कुमार की हत्या कर दी व एक विधवा श्रीमती राजरानी व कस्तूरी लाल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उन्हें गुरदासपुर अस्पताल भेजा गया है । मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम भी गुरदासपुर अस्पताल से कराया गया है ।

मृतकों में शम्मी कुमार अमृतसर से यहां अपने रिश्तेदार से मिलने आया था । यह हत्याकांड रात्रि में लगभग दो बजे हुआ, पर पुलिस मुख्यालय को इसकी सूचना प्रातः मिली । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार हत्यारों में से एक की पहचान कर ली गई है और घटनास्थल से 315 बोर राइफल के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

दो किसानों की हत्या : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने बताया कि कल रात जिला अमृतसर में अलग-अलग वारदातों में दो किसानों की हत्या कर दी गई । जेठा सिंह नामक किसान की थाना वैरोवाल के गांव रामपुर में हत्या कर दी गई जबकि कश्मीरा सिंह उर्फ बिल्ला की थाना मजीठा के गांव जमालपुर में हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने जेठा सिंह को उस समय गोलियां मारीं जब उसने अपना लाइसैंसशुदा रिवाल्वर तथा ट्रैक्टर उनके हवाले करने से इन्कार कर दिया ।

11 उग्रवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने उग्रवादियों के तीन गिरोहों का सफाया करने का दावा किया है । पुलिस ने इन गिरोहों के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कलकत्तगढ़ और लोपोके क्षेत्रों के 8 'बी' श्रेणी उग्रवादी शामिल हैं । मजीठा पुलिस जिला के चीफ़ श्री जी.एस. मान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम सरबजीत सिंह, केवल सिंह, सुखदेव सिंह, शमशेर सिंह, सूबा सिंह, नरेन्द्र सिंह, बलदेव सिंह, कलबीर सिंह, सूबा सिंह, भीरा सिंह तथा गुरमुख सिंह हैं । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने गांव कच्चा-पक्का के सरपंच की हत्या की थी, हथियार छीनने की 7 वारदातें, दो बैंक डकैतियां की तथा दो स्थानों पर धमाके देकर भय पैदा ।

उनसे पांच .12 बोर की बंदूकें, एक .303 की राइफल तथा चार .12 बोर के पिस्तौल व 44 कारतूस बरामद हुए ।

घुसपैठिया मारा गया : सीमा सुरक्षा बल ने आज प्रातः अमृतसर जिले में घरेड़ा थाने के अंतर्गत मोहावा सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मुठभेड़ में मार डाला । चौकी पर तैनात जवानों ने पाकिस्तान की ओर से दो व्यक्तियों को आते देखा । उनको रुकने के लिए संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से एक मारा गया, जबकि दूसरा पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया ।

तीन की हत्या : जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना नूरमहल के गांव कोट बाद खां में कुछ उग्रवादियों ने सुरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर सुरेन्द्र सिंह, उसके लड़के बाबा सिंह तथा उनके एक रिश्तेदार अजायब सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि उग्रवादी रात लगभग 9 बजे सुरेन्द्र सिंह के घर आए और दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खुलते ही उग्रवादियों ने सुरेन्द्र सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी । गोलियों की आवाज़ सुन कर बाबा सिंह और अजायब सिंह बाहर आए तो उन पर भी गोलियां बरसाई गईं जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने तीनों व्यक्तियों को घर से बुला कर थोड़ी दूर ले जाकर उनको गोलियां मारीं । सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी । थाना नूरमहल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । अभी तक हत्यारों का कुछ पता नहीं चल सका ।

बताया जाता है कि हत्यारों ने ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफलों के आध दर्जन खाली कारतूस बरामद हुए । तथापि पुलिस के एक प्रवक्ता ने उक्त वारदात को निजी शत्रुता का परिणाम बताया । उसने कहा कि तीनों उक्त व्यक्ति ज़मीन के एक केस में सतनाम सिंह और उसके पिता के विरुद्ध अदालत में गवाह के तौर पर पेश हुए थे तथा ऐसा प्रतीत होता

...दिवस बाबा बकाला जिला अमृतसर में पत्रकार प्रेम मेहरा की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (इनसैट) ...प्रेम मेहरा का शव । चित्र में उनके परिवार की महिलाएं विलाप करती हुई । (छाया : जसपाल)

भारत-पाक सीमा पर लगी तार बाड़ भयंकर बाढ़ से नष्ट

अमृतसर, 15 अक्तूबर : पंजाब में भारत-पाक ...पर कुछ महीने पहले लगाई गई तारों की बाड़ ...

लगेगा । भारी वर्षा शुरू होने तक फिरोजपुर और

नया बाज़ार शापकीपर्ज़ एसोसिएशन, पक्का बाग, जालंधर की ओ... 5100 रुपए का ड्राफ्ट 'मुख्यमंत्री रिलीफ फंड' के लिए हिन्द सम... सम्पादक श्री विजय चोपड़ा को भेंट किया गया, जो पंजाब के राज्यपा... चित्र में श्री पिशोरी लाल चड्ढा श्री विजय कुमार को ड्राफ्ट भेंट कर... सर्वश्री मदन लाल कपूर, कमल नयन सेठी, अमृत लाल, रमेश पुरी, भू... मनमोहन गुप्ता खड़े हैं ।

समाज कल्याण विभाग पंजाब की सचिवा सुश्री रवनीत कौर तथा ... सलाहकार बोर्ड की 'चेयर पर्सन' श्रीमती रजिन्दर कौर भट्ठल शनि... चंडीगढ़ में राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती माया रे को, बाढ़ पीड़ितों ... रुपये का चैक, 10 किलो आटे वाले 100 बैग तथा कपड़े ...

अंतरिम राहत देने के मामले में ने भेदभावपूर्ण रवैया नहीं रखा

चंडीगढ़, 15 अक्तूबर (वि.प्र.): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने आज यहां प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा घोषित अंतरिम बाढ़ राहत की रकम पर पूरा संतोष प्रकट किया है ।

सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए आज यहां श्री देवी लाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों के लिए अंतरिम राहत की घोषणा करने में प्रधानमंत्री ने कोई भेदभाव नहीं बरता है । उन्होंने कहा कि यह सराहनीय बात है कि श्री गांधी ने हरियाणा को हुए नुक्सान को महसूस किया है । राज्य सरकार केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट दे चुकी है और केंद्रीय अध्ययन दल भी राज्य का दौरा कर चुका है । केंद्र से अंतिम तौर पर मिलने वाली सहायता की राशि का

'गलत' व्यक्ति न घुस... उन्नीकृष्णन को शीघ्र ही... पता चल जाएगा ।

श्री देवी लाल ने कह... को पूरा होने में एक साल... जबकि वास्तविक महाब... गया था ।

बेरोजगारी भत्ता ... देवी लाल ने बताया है उ... प्रति माह बेरोजगारी भत्ता... तथा यह भत्ता उन शि... जाएगा जो कम से कम मै...

नाम रोजगार कार्यालय ...

3 सीमांत ज़िलों में उग्रवादियों के विरुद्ध नया हमला सम्भावित : गिल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय मंत्रणा

जालन्धर में मारुति कार सवारी से 14.95 लाख रुपये, घरेंडा में उग्रवादी से 39 हज़ार डालर मिले

पंजाब में 4 की हत्या, करनाल में विस्फोट से 1 दर्जन बाराती घायल

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत एक सप्ताह के दौरान सी.आर.पी.एफ. ने अमृतसर व गुरदासपुर जिलों में भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का पकड़ा । जालन्धर में कार में सवार दो तस्करों से 14.95 लाख रुपए की नकदी तथा अमृतसर के सीमांत क्षेत्र में 39,000 डालर बरामद किए गए । तीन सीमांत जिलों में आतंकवादियों के विरुद्ध नया हमला शुरू किए जाने की सम्भावना है, जबकि कल रात से पंजाब में उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । करनाल में एक बारात पर देसी बम फैंके जाने से एक दर्जन लोग घायल हो गए । मक्खू क्षेत्र में एक युवक का शव मिला ।

सी.आर.पी. की सफलताएं : अमृतसर (अशोक): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल ने आज यहां बताया कि अमृतसर और गुरदासपुर ज़िलों में सी.आर.पी.एफ. ने तीन विभिन्न छापों के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोली-सिक्का व राकेट आदि बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि जालंधर में सी.आर.पी.एफ. ने एक नाके के दौरान एक संदिग्ध मारुति कार को काबू किया है, जिसमें सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 14.95 लाख रुपए बरामद किए गए ।

आज दोपहर स्थानीय कैनाल रैस्ट हाऊस में बुलाए गए एक संवाददाता सम्मेलन में श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि सी.आर.पी. ने गत 10 दिनों में भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का आतंकवादियों से बरामद करने में सफलता प्राप्त की है । विवरण देते हुए श्री गिल ने बताया कि धारीवाल के क्षेत्र में सी.आर.पी. ने मिलखा सिंह नामक एक व्यक्ति के फ़ार्म हाऊस पर छापा मार कर वहां से दो राकेट लांचरों के अलावा एक मशीनगन भी बरामद की है । श्री गिल ने बताया कि मिलखा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

श्री गिल ने बताया कि अमृतसर ज़िला में सी.आर.पी. के जवानों ने एक सूचना के आधार पर सुर सिंह गांव से कुंदन सिंह नामक व्यक्ति के फ़ार्म हाऊस पर छापा मारा तथा वहां से भारी मात्रा में हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया । बरामद किए गए हथियारों में दो चीनी ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, इनके 9 मैगज़ीन, 9 आर.पी.जी.-7 राकेट, इन्हीं राकेटों के 7 चार्जर भी शामिल हैं । इसके अलावा ए.के. 47 चीनी राइफल के 1057 कारतूस, ए.के. 47 राइफलों की सफ़ाई की 5 किटें भी बरामद की गईं । फार्म हाऊस का मालिक कुंदन सिंह भाग निकला ।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि सी.आर.पी. को तीसरी महत्वपूर्ण सफलता आज तड़के गांव अक्करपुरा में मिली । अक्करपुरा ज़िला अमृतसर का गांव है और थाना भिखीविंड में स्थित है । यहां सी.आर.पी. ने एक व्यक्ति के घर छापा मार कर वहां से 5 ए.के. 47 चीनी राइफलें, इन राइफलों के 14 मैगज़ीन, .32 बोर के चीन में बने 7 पिस्तौल व उनके 16 मैगज़ीन, ए.के. 47 राइफल के 5600 कारतूस बरामद किए । यहां से एक व्यक्ति को काबू किया गया है, लेकिन उन्होंने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम नहीं बताया ।

श्री गिल ने बताया कि सी.आर.पी. ने आज जालंधर के करीब लगाए गए एक नाके के दौरान एक संदिग्ध मारुति कार को काबू किया । इसमें सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्ज़े से 14.95 लाख रुपए भी बरामद किए गए । श्री गिल ने कार में से पकड़े गए व्यक्तियों के नाम तथा पकड़ी गई कार के बारे में कुछ भी और बताने से इंकार कर दिया । उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में जांच जारी है और कार सवारों से पूछताछ के आधार पर महत्वपूर्ण कार्रवाइयां किए जाने की सम्भावना है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार जालन्धर में एक मारुति कार में से गिरफ्तार किए गए व्यक्ति तस्कर हैं । उन्होंने नकदी कार के अगले दरवाजों में लगे रैक्सिन में सावधानीपूर्वक छुपा कर रखी हुई थी ।

श्री गिल ने बताया कि अवतार सिंह ब्रह्मा के मारे जाने के बाद उसका गैंग अभी भी कार्रवाइयां करने में लगा हुआ है । उन्होंने बताया कि ब्रह्मा गिरोह के दो सदस्य गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला तथा पिपल सिंह सक्रिय हैं, परन्तु गुरजंट का गिरोह ज्यादा सरगर्म है । सी.आर.पी. द्वारा पकड़े गए हथियार व गोली-सिक्का किसी एक गिरोह का नहीं अपितु विभिन्न गिरोहों से सम्बन्धित है । पुलिस और सुरक्षा बल काफी सतर्क हैं तथा यही कारण है कि उन्हें लगातार सफलताएं मिल रही हैं ।

श्री गिल ने बताया कि भारत-पाक सीमा के घरेंडा क्षेत्र में 39,000 अमरीकी डालर भी बरामद किए गए । यह डालर आज प्रातः एक उग्रवादी द्वारा पाकिस्तान ले जाये जाने थे और इनका उपयोग हथियार खरीदे जाने के लिए किया जाना था । उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया ।

नया हमला : इसी बीच अधिकृत रूप से ज्ञात हुआ है कि निकट भविष्य में अमृतसर, गुरदासपुर व फिरोज़पुर के तीनों सीमांत जिलों में आतंकवादियों पर नया हमला किए जाने की सम्भावना है । पुलिस व सुरक्षा बलों के अधिकारियों, जिनमें इंस्पैक्टर जनरल, डिप्टी इंस्पैक्टर जनरल तथा इन जिलों के एस.एस.पी. शामिल हैं, ने आज सुबह यहां पंजाब पुलिस के डायरैक्टर जनरल श्री के.पी.एस. गिल की अध्यक्षता में बंद कमरे में लम्बी मंत्रणा की । पुलिस सूत्रों ने कहा कि आतंकवाद की स्थिति के अलावा अधिकारियों ने नए हमले में की जाने वाली कार्रवाइयों पर भी विचार-विमर्श किया ।

श्री गिल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में आधारित माझा क्षेत्र अभी भी 'समस्या क्षेत्र' बना हुआ है । सुरक्षा बल एक नई रणनीति बनाने की कोशिश कर रहे हैं तथा कार्रवाई जारी है । देखें अगले कुछ महीनों में यह क्या रूप धारण करती है ।

श्री गिल ने दावा किया कि सुरक्षा सिपाही के मारे जाने के बाद से उग्रवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स में मतभेद पाए जाते हैं, जबकि एक सरगना चरणजीत सिंह चन्नी पंजाब के बड़े क्षेत्रों में सक्रिय है, दूसरे धड़े का चीफ़ सुखदेव सिंह झामके गुरदासपुर जिला के कुछ क्षेत्रों में ही सक्रिय है ।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सुरक्षा बल कई कट्टर उग्रवादियों को पकड़ने के करीब पहुंच गए हैं तथा उनका पीछा जारी रखा जा रहा है । उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के पंजाब के कुछ क्षेत्रों के दौरे विशेषकर 21 सितम्बर को गोइंदवाल क्षेत्र के दौरे के दौरान पंजाब पुलिस के कर्मचारियों को ड्यूटियों से हटा लिया गया था । उन्होंने इस बात का भी खंडन किया कि उनके हथियार वापस ले लिए गए थे ।

श्री गिल ने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा पकड़े गए हथियार व गोली-सिक्का उस खेप का हिस्सा हैं, जो तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू चीफ़ अवतार सिंह ब्रह्मा जुलाई में राजस्थान पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने से पूर्व पाकिस्तान से चोरी-छुपे भारत में लाया था ।

ग्रंथी की हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस ज़िला के गांव छोटा काज़ीकोट में तेजधार हथियार से एक ग्रंथी जगतार सिंह उर्फ़ जग्गा की हत्या कर दी गई ।

दो और मारे गए : कल रात ही थाना पट्टी के गांव कल्ला में बाज़ सिंह नामक व्यक्ति की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । एक अन्य वारदात में मजीठा पुलिस ज़िला के थाना ब्यास के गांव सठियाला में दलजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

बारात पर बम फैंका : करनाल से गांधी ने खबर दी है कि कल रात वहां उग्रवादियों ने एक बारात पर देसी बम फैंका, जिससे एक दर्जन लोग घायल हो गए । प्रारम्भिक खबरों के अनुसार बारात दुल्हन के घर की ओर जा रही थी, जब उग्रवादियों ने बम जैसी कोई चीज़ फैंकी । घायलों में तीन बच्चों, 5 स्त्रियां व दुल्हा भी शामिल है । बारात पंजाब के पटियाला नगर से आई थी । बम शक्तिशाली न होने के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई । बम पान-मसाले की डिब्बी में बंद था । कुछ लोगों ने बम फैंकने वाले का पीछा करना चाहा मगर उसने रिवाल्वर दिखा कर अपनी ओर बढ़ने वालों को रोका । घायलों को अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



पाकिस्तान से आतंकवाद का प्रशिक्षण लेकर कश्मीर घाटी में ... गोली-सिक्का ।

राजीव का बवंडर की त... आना वोट बटोरने के लिए

जालन्धर, 16 अक्तूबर : वरिष्ठ अकाली नेता श्री आत्मा सिंह ने आज यहां कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली से बवंडर की तरह पंजाब आए और बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एक सौ करोड़ रुपए की राशि की घोषणा करके बाढ़ में डूबे लोगों के अश्रु पोंछ कर चले गए । इसे चुनाव में इंका के लिए वोट बटोरने का दौरा कहा जा सकता है । यदि पंजाब के पीड़ितों को पुनः पैरों पर खड़ा करना है तो उनकी सहायता के लिए कम से कम 25 सौ करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता अवश्य दी जानी चाहिए ।

श्री आत्मा सिंह ने कहा कि अभी प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में ही थे कि वहां बैठे उच्चाधिकारियों ने घोषणा कर दी कि राहत उसी परिवार को मिलेगी जो चूल्हा टैक्स देता है । इस घोषणा से बाढ़ पीड़ितों की आशाओं पर पानी फिर गया । चाहे किसी परिवार के 10 या 15 सदस्य हों उनमें से भी केवल पांच सदस्यों को ही राहत मिलनी है । चाहे किसी के पास 20 पशु हों उसे भी 8 पशुओं का चारा मिलना है । यह कैसा न्याय और खुल-दिली है । सरकार को चूल्हा टैक्स वाली शर्तें समाप्त करके गांवों में सरकार द्वारा बनाई गई राहत समितियों की सिफारिश पर ही राहत वितरण का तुरन्त आदेश देकर पीड़ितों में बढ़ ...

प्रधानमंत्री ने ... क्षतिग्रस्त सारा धान ... परन्तु अभी तक को ... दाखिल नहीं हुई औ ... शैलर मालिक 50 से ... धान खरीद कर किस ...

श्री आत्मा सिंह ... और गांवों के दुकानदा ... कीमत दो गुना कर ... जमाखोर और लूट-ख ... कार्रवाई नहीं की गई ...

अकाली नेता ने ... जमाखोरों, कारखानेद ... नहीं आई, वहां बाढ़ टै ... क्षतिपूर्ति की जानी च ... मालवा, दोआबा और ... धन्यवाद किया जिन्हों ... मरने से बचाया । उन ... ओर से अभी सहायता ... इससे शिक्षा ग्रहण क...

टिकट न मिलने से पाकिस्तान पीपल्ज़...

इस्लामाबाद, 16 अक्तूबर (वार्ता): बेगम नुसरत भुट्टो, उनकी पुत्री बेनज़ीर भुट्टो, भूतपूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद खान जुनेजो तथा विपक्षी नेता खान अब्दुल वली खान उन 1881 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की राष्ट्रीय असैम्बली के 16 नवम्बर को होने वाले चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं ।

इसी बीच पता चला है कि बहुत से पुराने वर्करों को पार्टी का टिकट न मिलने से पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी में दरार पड़ गई है । हाल ही में पार्टी के वायस चेयरमैन शेख रशीद के लाहौर स्थित निवास पर असंतुष्ट लोगों ने धावा बोल कर वहां तोड़-फोड़ की ।

गैर मुस्लिमों के लिए सुरक्षित दस सीटों के लिए 78 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं । इनमें ईसाइयों, हिन्दुओं के लिए सुरक्षित चार सीटों के लिए कुल 46 उम्मीदवारों ने तथा अनुसूचित जाति की चार सीटों के लिए शेष उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं । कादियान लोगों के लिए सुरक्षित दो सीटों के लिए एक भी नामांकन पत्र नहीं भरा गया ।

नामांकन पत्र दाखिल करने की कल अंतिम तारीख थी । नामांकन दाखिल करने वालों में बेनज़ीर की बहन सनम ...

बेगम नुसरत ल... बेनज़ीर अपने पिता के ... की बहन सनम कराची ... रही हैं । बेनज़ीर अ... मुकाबले एक भूतपूर्व म... लड़ रहे हैं । श्री वल... चरसादा से खड़े हैं । ... लीग के प्रत्याशी भूतपू... और अन्य हैं । नामांक... काम आज और कल ह... सीटों में से 20 सीटें मि... जिनका मनोनयन 217...

किराएदार ... में दज...

बटाला, 16 अक्तू... बटाला के पुलिस प्रम... एस.डी.एम. कुलवंत सिं... पुलिस जिला बटाला में ... सूचित किया है कि वे नि... दर्ज कराएं, उल्लंघन ... किराएदार के विरुद्ध स...

पाकिस्तान में विपक्ष की नेता श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो आगामी 16 नव... चुनावों के लिए राष्ट्रीय असैम्बली के उम्मीदवार के रूप में नामांकन प... अपने गृह नगर लरकाना में जिला सत्र न्यायाधीश के समक्ष...

केहर की दया-याचिका राजनीतिक मामलों की समिति को भेजी जाएगी ?

नई दिल्ली, 16 अक्तूबर (वार्ता): इंदिरा गांधी हत्या कांड के सह-अभियुक्त केहर सिंह की दया याचिका को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति के पास विचारार्थ भेजे जाने की सम्भावना है । याचिका इस समय राष्ट्रपति के विचाराधीन है ।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि याचिका राजनीतिक कारणों से अत्यन्त विशेष याचिका है, इसलिए इस सम्बन्ध में राजनीतिक निर्णय लेना पड़ सकता है । हो सकता है कि राजनीतिक मामलों की समिति की पूर्ण बैठक में इस पर विचार न हो, लेकिन कुछ वरिष्ठ मंत्रियों का दल इस याचिका पर अनौपचारिक चर्चा कर सकता है ।

अगर इस याचिका पर राजनीतिक निर्णय लेना है तो उसे एक प्रक्रिया से गुजरना होगा । यह प्रक्रिया एक सप्ताह से कम समय में भी पूरी हो सकती है । प्रक्रिया के तहत राष्ट्रपति भवन को यह याचिका पहले केन्द्रीय गृह मंत्रालय के पास भेजनी होगी । तब इस याचिका पर विधि विभाग एवं न्याय विभाग संयुक्त रूप से विचार करेगा ।, इसके बाद याचिका को राष्ट्रपति के पास भेजे जाने के पूर्व गृह मंत्रालय इसे राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति के पास भेज सकता है ।

संविधान के अनुच्छेद 72 के अनुसार राष्ट्रपति कुछ मामलों में किसी अपराध के लिए दोषी पाए गए व्यक्ति की सज़ा कम कर सकते हैं, स्थगित कर सकते हैं और क्षमादान कर सकते हैं । ये मामले इस प्रकार हैं :

(क) उन सभी मामलों में जहां सज़ा कोई मार्शल द्वारा सुनाई गई हो ।

(ख) उन सभी स्थितियों में जहां सज़ा ऐसे मामले से सम्बन्धित कानून के उल्लंघन के अपराध के लिए सुनाई गई हो, जो केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता हो ।

(ग) वे सभी मामले जिनमें मृत्यु दंड दिया गया हो ।

इंदिरा गांधी हत्या कांड के मुख्य अभियुक्त सतवंत सिंह के वकील आर.एस. सोढी का कहना है कि सतवंत सिंह और केहर सिंह को नवम्बर मास से पहले फांसी नहीं दी जा सकती क्योंकि अभी तक किसी भी राष्ट्रपति ने किसी दया याचिका पर एक माह के भीतर फैसला नहीं लिया है ।

श्री सोढी का कहना है कि चूंकि केहर सिंह ने दया याचिका पेश की है, इसलिए सतवन्त सिंह को अकेले फांसी नहीं दी जा सकती, चाहे वह अपनी दया याचिका पेश करे या न करे क्योंकि दोनों इंदिरा गांधी हत्या कांड के सह-अभियुक्त हैं ।

श्री सोढी का कहना है कि विधि निर्माताओं ने दया याचिकाओं पर भली-भांति विचार के लिए राष्ट्रपति को तीन महीने का समय दिया है । वैसे यह अन्तिम समय सीमा नहीं हो सकती है । अगर राष्ट्रपति तीन महीने के भीतर इस याचिका पर कोई निर्णय नहीं लेते तो यह रद्द नहीं हो जाती बल्कि विचाराधीन पड़ी रहती है । ऐसे भी उदाहरण हैं जब इस तरह की याचिकाएं एक साल या उससे भी अधिक समय तक विचाराधीन रहीं । उन्होंने बताया कि आठवें दशक में हत्या के मामले में दोषी पाई गई एक मुस्लिम महिला ने क्षमा दान के लिए दया याचिका पेश की जो करीब एक वर्ष राष्ट्रपति के पास पड़ी रही और अन्ततः राष्ट्रपति ने उसकी सज़ा माफ कर दी । उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के सामने हर समय देश भर की दस या बीस ऐसी याचिकाएं विचारार्थ पड़ी रहती हैं ।"

चुनाव-सुधार बिल बारे सरकार विपक्ष को विश्वास में ले : शर्मा

लुधियाना, 16 अक्तूबर (महिन्द्रा) : भाजपा के महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा ने आज यहां एक पत्रकार-सम्मेलन में कहा कि चुनाव-सुधार सम्बन्धी बिल संसद के आगामी अधिवेशन में पेश

छोटी सी बात

रंगा

मैं वही करूंगा जो मुझे पार्टी करने को कहेगी

—प्रणव मुखर्जी

चीन का रवैया बदल रहा है, वह भारत सहित पड़ोसि...

श्रीनगर, 16 अक्तूबर (अशोक, वार्ता, हस) : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने कहा है कि भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने कहा कि "इसी प्रक्रिया में हमने विभिन्न ... उठाएंगे जैसा कि जम्म... इच्छा व्यक्त की है ।

Punjabi Sonia

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : 2 दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए

सूद, बंत सिंह की हत्या के लिए ज़िम्मेदार गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

लुधियाना में ट्रक के क्लीनर का अपहरण : तरनतारन में शव मिला

चंडीगढ़, 17 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए । जालन्धर पुलिस ने दो पत्रकारों इन्द्रजीत सूद और बंत सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार गिरोह के दो कुख्यात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक ट्रक के क्लीनर का अपहरण कर लिया गया ।

बटाला पुलिस ने 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जिनकी सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस की चौकियों को उड़ाने और बड़ी संख्या में हत्याएं करने की योजना थी ।

2 उग्रवादी मरे : लुधियाना (ह.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित दो दुर्दांत उग्रवादी आज सुबह यहां से 35 किलो मीटर दूर गिद्दड़पिंडी के बाहर सिधवां नहर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि दो अन्य बचकर भाग निकले । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल तथा एक चोरीशुदा बंदूक मिली । मरने वाले उग्रवादियों की पहचान करनैल सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा स्वर्ण सिंह उर्फ़ सरमा के रूप में की गई है । यह दोनों जिला फिरोज़पुर के रहने वाले थे और के.सी.एफ. के फिरोज़पुर के स्वयंभू कमांडर बजन सिंह सुरसिंहवाला के गिरोह के सदस्य थे ।

बताया जाता है कि चार उग्रवादियों को देखे जाने पर 'नाका' पार्टी ने उन्हें चुनौती दी, जिस पर उन्होंने गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग से उनमें से दो मौके पर ही मारे गए । वे कई हत्याओं तथा फिरोज़पुर के डी.एस.पी. (हेड क्वार्टर) श्री ए.एस. ग्रेवाल की हत्या के प्रयास में वांछित थे ।

एक अन्य वारदात में जिला लुधियाना के सुसराल गांव में एक व्यक्ति प्यारा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

अपहरण : तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने कल रात लुधियाना शहर में जनता नगर से एक ट्रक के क्लीनर का अपहरण कर लिया ।

दुर्दांत उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ढल्ल , ह.स.): जिला पुलिस ने हत्या और छीना झपटी की अनेक वारदातों में संलिप्त दो दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के प्रवक्ता ने गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम गुरदेव सिंह उर्फ़ काला तथा सुखजिंदर सिंह उर्फ़ मल्ली बताए हैं । गिरोह के दो सदस्यों हरजिंदर सिंह बल तथा परदेसी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है । गिरोह का सरगना जसपाल सिंह उर्फ़ बिट्टू अभी तक पकड़ा नहीं जा सका । प्रवक्ता ने बताया कि उसको भी पकड़ने के प्रयास जारी हैं । यह गिरोह हिंद समाचार के समाचार सम्पादक श्री इन्द्रजीत सूद और जगबाणी के उपमुख्य सम्पादक श्री बंत सिंह की हत्या के लिए भी ज़िम्मेदार हैं । इसी गिरोह ने पुलिस डिवीजन नम्बर 6 में एक व्यक्ति गुरदीप सिंह की तथा गांव फोलड़ीवाल में स्वर्ण सिंह व पवन कुमार की हत्या की थी । गुरदेव सिंह एक स्थानीय अस्पताल में काम करता है तथा वह उग्रवादियों को शरण देने के अलावा उनकी कार्रवाइयों में भी हिस्सा लेता था ।

राजपुरा गांव में हत्या : फिरोज़पुर से 'वार्ता' के अनुसार कल रात थाना अबोहर के अन्तर्गत गांव राजपुरा में एक व्यक्ति गुरमीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

ग्रामीण मारा गया : फरीदकोट (जिला): कल रात जिला फरीदकोट में थाना मोगा के गांव कोरेवाल में सी.आर.पी. की एक चौकी पर दो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की । ड्यूटी पर पर तैनात जवानों ने भी जवाबी गोलीबारी की । क्रास फ़ायरिंग में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई जबकि आतंकवादी भाग निकले ।

मोगा से आज़ाद के अनुसार कोरेवाल गांव में एक व्यक्ति की हत्या उग्रवादियों ने की । बताया जाता है कि सच्चा सिंह अपनी टैक्सी पी.बी.सी. 8207 द्वारा जिसमें सुखदेव सिंह ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति जगदीश सिंह जलालाबाद निवासी भी सवार थे, अपने गांव कोरेवाल जा रहा था । जब उनकी टैक्सी गांव की पत्ती के निकट पहुंची तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों के साथ उसपर अंधाधुंध फ़ायरिंग कर दी । इससे सच्चा सिंह और ड्राइवर मक्खन सिंह घायल हो गए जबकि जगदीश सिंह बाल-बाल बच गया । सच्चा सिंह की बाद में अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही मृत्यु हो गई । मक्खन सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । गोलियां चलने की आवाज़ सुनकर गांव कोरेवाल में तैनात सी.आर.पी. के जवान मौके पर पहुंच गए, लेकिन उस समय तक उग्रवादी फरार हो चुके थे । सुच्चा सिंह मोगा में ही स्टील की अलमारियां बनाने का काम करता था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । मामले की जांच की जा रही है ।

'वार्ता' के अनुसार गांव कोरेवाल और कोरेवाल कलां में दो वारदातों में दो व्यक्ति मारे गये । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने सुच्चा सिंह की हत्या की ज़िम्मेदारी ली है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वार्ता): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत थाना भिखीविंड के गांव माड़ी मेघा में एक उग्रवादी बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक .12 बोर की बंदूक व कुछ गोली-सिक्का बरामद किया गया । एक अन्य उग्रवादी जंगीर सिंह को कल शाम थाना अजनाला के गांव छीना में गिरफ्तार किया गया । उससे एक .303 का पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

जिला अमृतसर में एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों चरण सिंह तथा उत्तम सिंह को थाना वैरोवाल के निकट खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए पकड़ा गया ।

दूले नंगल में हत्या : आज तडके अमृतसर जिला के गांव दूले नंगल में दो आतंकवादियों ने जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी जोगिन्दर सिंह के घर में घुसे तथा उसे उसके घर से बाहर खींच लाए जहां उसपर गोलियां बरसाई । जोगिन्दर सिंह ने घटनास्थल पर ही दमतोड़ दिया ।

लाश मिली : तरनतारन थाना सदर क्षेत्र में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

दो उग्रवादी बंदी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सी.आई.ए. स्टाफ़ ने एक सूचना के आधार पर थाना डेरा बाबा नानक के गांव फ़ज़लाबाद में एक महिला मनजीत कौर के डेरे पर छापा मार कर दो संदिग्ध युवकों संतोख सिंह (गांव दानेवाली) व सुखजीत सिंह सुखा (गांव सतपोहा) को गिरफ्तार करके उनसे छीने हुए दो स्कूटर, एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गांव तारागढ़ में सविन्द्र मसीह, गांव कलेरकलां में निहंग गुरदीप सिंह, गांव ज़फ़रवाल में तीन ट्रांसपोर्टर भागीदारों की हत्या में यह संलिप्त थे । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन्होंने स्वीकार किया है कि वे खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सदस्य हैं और निकट भविष्य में इनकी सीमा सुरक्षा बल व पुलिस चौकियों, उनकी गाड़ियों को उड़ाने के साथ-साथ बड़ी संख्या में हत्याएं करने की योजना थी ।

युवक को बचाया : पुलिस ने इन उग्रवादियों से गांव ऊधनबाल से दो दिन पूर्व अपहृत एक युवक को भी बचाया । युवक का नाम प्रदीप सिंह बताया गया है ।

स्कूटर, नकदी छीनी : गुरदासपुर (विनोद): आज प्रातः तीन अज्ञात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति विजय कुमार से उसका बिना नम्बर का नया स्कूटर तथा 28115 रुपए लूट लिए । विजय कुमार उग्राही करके लौट रहा था ।

लूट की वारदात : दसूहा से 'झावर' के अनुसार गत रात मुकेरियां के निकट जी.टी. रोड पर चार अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक ट्रक मालिक शाम लाल मित्तल, ड्राइवर व क्लीनर से 525 रुपए की नकदी तथा दो घड़ियां छीन लीं । बाद में लुटेरे इन तीनों को टैलीफोन के खम्बे के साथ जंजीरों से बांधकर ट्रक में पड़ी आलू की बोरियां व अन्य सामान एक दूसरे ट्रक में लादकर फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

तीन पकड़े : फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय पुलिस ने सतपाल उर्फ श्री तिलक राज व बलविन्दर सिंह को धारा 309/402/25/54/54 व उग्रवाद निरोधक एक्ट की धारा 5 के अधीन गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 303 बोर का रिवालवर, 3 कारतूस व किरपाणें बरामद की हैं । वे एक स्थान पर बैठ कर किसी जगह डकैती डालने की योजना बना रहे थे । उनका एक साथी सुरिन्द्रपाल उर्फ बिल्ला फरार होने में कामयाब हो गया ।



(1) गत सप्ताह अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में आ... अधिकारी, (2) पकड़ी गई ए.के. 47 असाल्ट राइ... गोली-सिक्का ।

दूल्हे सहित दस बाराती डूब गए

धर्मशाला, 17 अक्तूबर (बेद): विलम्ब से यहां पहुंची खबर के अनुसार जिला होशियारपुर के गांव बरोटी से आई एक बारात के 10 सदस्य देहरा उपमंडल के डाडा सीबा क्षेत्र में 15 अक्तूबर को झील में नौका डूब जाने से मर गए । यह बारात डाडा सीबा क्षेत्र के गांव चतवाल जा रही थी जहां प्रताप नामक व्यक्ति की लड़की की शादी थी । मरने वालों में दूल्हा सतनाम भी शामिल है । अभी एक सतनाम की लाश सहित 8 लाशें निकाली जा चुकी हैं । शेष दो लाशों की खोज जारी है । नौका का चालक तथा विवाह पार्टी के 3 सदस्य तैर कर किनारे पहुंचने में सफल हो गए । जिलाधीश श्री डोगरा ने मृतकों के आश्रितों को 1-1 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता दी है ।

8 नई ट्रेनें चलेंगी

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (वार्ता): रेल राज्यमंत्री माधवराव सिंधिया ने आज यहां 8 नई रेल गाड़ियां चलाने, 7 गाड़ियों का सफर लम्बा करने और 6 रेलगाड़ियों को सप्ताह में अधिक बार चलाये जाने की घोषणा की । यह आदेश एक नवम्बर से प्रभावी होगा ।

रेल मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय सलाहकार समिति की आज यहां हुई बैठक में घोषित नई रेलगाड़ियां हावड़ा-भुवनेश्वर, तिरुपति-हावड़ा, गुंटाकल-बीजापुर, काकीनाडा-विशाखापतनम, सिकंदराबाद-मिरियाल गुड़डा, नांदेड़-मनमाड, नई दिल्ली-पलवल तथा इंदौर-कोचीन के बीच चलेंगी ।

श्री सिंधिया ने बताया कि पिछली मई में रेलवे की नई समय सारिणी आने के बाद से पांच नई रेलगाड़ियां पहले ही चलाई जा चुकी हैं ।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल 1985 से मार्च 1988 तक रेलवे द्वारा 137 नई रेल गाड़ियां चलाई जा चुकी हैं ।

इंदिरा गांधी हत्या कांड में सतवंत व केहर को फांसी दिया जाना स्थगित

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (वार्ता): दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के अपराध में मृत्यु दंड प्राप्त सतवन्त सिंह और केहर सिंह को फांसी पर चढ़ाया जाना आज स्थगित कर दिया गया ।

दिल्ली प्रशासन के एक प्रवक्ता ने आज देर रात बताया है कि दोनों को फांसी पर चढ़ाने की नई तिथि बाद में तय की जाएगी ।

प्रवक्ता ने कहा है कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.सी. जैन ने गत 12 अक्तूबर को सतवन्त सिंह और केहर सिंह के खिलाफ मौत का फरमान (ब्लैक वारंट) जारी किया था । फरमान जारी होने के एक सप्ताह के भीतर दोनों को फांसी पर चढ़ा दिया जाना था । प्रवक्ता ने बताया कि केहर सिंह के पुत्र राजिन्दर सिंह द्वारा राष्ट्रपति से की गई दया याचना को ध्यान में रख कर श्रीमती गांधी के इन दोनों हत्यारों को फांसी पर चढ़ाया जाना स्थगित कर दिया गया है । प्रवक्ता के अनुसार जब तक राष्ट्रपति इस दया याचना के सम्बन्ध में कोई फैसला नहीं ले लेते, दोनों हत्यारों को फांसी देने की नई तारीख घोषित नहीं की जाएगी ।

इसी बीच उच्च पदस्थ न्यायिक सूत्रों ने अपना नाम ज़ाहिर न होने देने की शर्त पर बताया कि सतवंत सिंह व केहर सिंह को फांसी पर चढ़ाने की नई तिथि के बारे में फैसला किसी न्यायाधीश की बजाय दिल्ली के उपराज्यपाल करेंगे ।

समझा जाता है कि जब फांसी पर रोक, राष्ट्रपति से की गई दया याचना की बजाय किसी अन्य कारण से लगाई जाती है तो 'मौत का फरमान' उस फरमान पर दस्तखत करने वाले न्यायाधीश के पास ही वापस भेजा जाता है । लेकिन जब फांसी पर रोक राष्ट्रपति को सौंपी गई दया याचना के कारण लगाई गई हो तो 'ब्लैक वारंट' प्रशासक के पास भेज दिया जाता है । चूंकि सतवंत सिंह और केहर सिंह की फांसी इसी कारण से स्थगित की गई, इसलिए उनके खिलाफ जारी 'ब्लैक वारंट' दिल्ली के उपराज्यपाल को भेजा जाएगा और वही फांसी की नई तारीख निश्चित करेंगे ।

छोटी सी बात

रंगा

मैं श्री गांधी पर उनकी पार्टी के लोगों की अपेक्षा कहीं अधिक विश्वास करता हूं : लाल डेंगा

अमिता कल पेश होगी

लखनऊ, 17 अक्तूबर (वार्ता): सैयद मोदी हत्याकांड मामले की एक अभियुक्त श्रीमती अमिता

विमान दुर्घटना में 40 मरे

रोम, 17 अक्तूबर (डी.पी.ए.) : युगांडा एयर लाइन्स का एक बोइंग 707 विमान आज सवेरे यहां लियोनार्दो दा विन्ची अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होगया । इस दुर्घटना में कम से कम

जर्जर अर्थव्यवस्था को स... सरकार के लिए मुख्य...

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (वार्ता): ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की नई सरकार के सामने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली करने से भी ज्यादा कठिन काम होगा वर्षों के सैनिक शासन के दौरान जर्जर हो चुकी अर्थ-व्यवस्था में सुधार करना । पाकिस्तान के अनेक अखबारों में छपी खबरों के अनुसार देश को मुद्रा स्फीति का गम्भीर सामना करना पड़ रहा है । पिछले दस वर्ष से भी अधिक समय में देश में न तो पर्याप्त बचत ही हो पाई और न ही सही ढंग से पूंजी निवेश किया गया । इन्हीं खामियों के कारण आज पाकिस्तान को गम्भीर मुद्रा स्फीति का सामना करना पड़ रहा है । उत्पादन में लगातार गिरावट, पिछले तीन वर्ष के दौरान घाटे के बजट और विदेशी ऋणों पर निर्भरता बढ़ने से मुद्रा स्फीति की समस्या ने नये आयाम लिए हैं ।

पाकिस्तानी अर्थ-व्यवस्था की स्थिति और आगामी नवम्बर में होने वाले चुनावों के बाद नई सरकार के लिए पैदा होने वाली चुनौतियों पर टिप्पणी करते हुए हाल ही में एक विशेषज्ञ ने कहा था कि पाकिस्तान ऋण अदायगी संबंधी दायित्वों को पूरा नहीं कर पाएगा और सत्ता की लड़ाई लड़ रहे लोगों को इसका ज्ञान नहीं है ।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 80 करोड़ डालर का ऋण लेने के पाकिस्तान के फैसले का उल्लेख करते हुए अखबारों ने अनुमान लगाया है कि अगले वित्त वर्ष से देश को विदेशी सहायता की प्राप्त राशि से अधिक कर्ज भुगतान के रूप में देनी पड़ सकती है । यही नहीं, 1997 आते-आते देश पर 11 अरब डालर से अधिक राशि का कर्ज हो जाएगा । इसके अलावा यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान के पास आज न तो विदेशी मुद्रा भंडार है और न ही वह

मुद्रा से ... सम्भव हो ... से आने ... जबकि प... वाली वि... को दर ... रिपोर्टों में ... राजनीति... धक्का ल... रिपो... अर्थ-व्यव... है । वि... आज देश ... आश्रित रा... उदार बन... मुद्रा कोष ... रिपोर्टों में ... करते हुए ... प्रभाव वि... अलावा ... असम्भव ... भंडार यदि ... कीमत चुक... भुगतान क... प्रक्रिया को ... पूर्ति में लग... होगा ।

रिपोर्टों ... करना भी स... बनाने के ... अलावा को...

Punjab Samachar

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : 2 दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए

सूद, बंत सिंह की हत्या के लिए ज़िम्मेदार गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

लुधियाना में ट्रक के क्लीनर का अपहरण : तरनतारन में शव मिला

चंडीगढ़, 17 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए । जालन्धर पुलिस ने दो पत्रकारों इन्द्रजीत सूद और बंत सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार गिरोह के दो कुख्यात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक ट्रक के क्लीनर का अपहरण कर लिया गया ।

बटाला पुलिस ने 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जिनकी सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस की चौकियों को उड़ाने और बड़ी संख्या में हत्याएं करने की योजना थी ।

2 उग्रवादी मरे : लुधियाना (ह.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित दो दुर्दांत उग्रवादी आज सुबह यहां से 35 किलो मीटर दूर गिद्दड़पिंडी के बाहर सिधवां नहर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि दो अन्य बचकर भाग निकले । घटनास्थल पर एक स्टेनी असाल्ट राइफल तथा एक चोरीशुदा बंदूक मिली । मरने वाले उग्रवादियों की पहचान करनैल सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा स्वर्ण सिंह उर्फ़ सरमा के रूप में की गई है । यह दोनों जिला फिरोज़पुर के रहने वाले थे और के.सी.एफ. के फिरोज़पुर के स्वयंभू कमांडर भजन सिंह सुरसिंहवाला के गिरोह के सदस्य थे ।

बताया जाता है कि चार उग्रवादियों को देखे जाने पर 'नाका' पार्टी ने उन्हें चुनौती दी, जिस पर उन्होंने गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग से उनमें से दो मौके पर ही मारे गए । वे कई हत्याओं तथा फिरोज़पुर के डी.एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री ए.एस. ग्रेवाल की हत्या के प्रयास में वांछित थे ।

एक अन्य वारदात में जिला लुधियाना के सुसराल गांव में एक व्यक्ति प्यारा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

अपहरण : तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने कल रात लुधियाना शहर में जनता नगर से एक ट्रक के क्लीनर का अपहरण कर लिया ।

दुर्दांत उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ढल्ल, ह.स.): जिला पुलिस ने हत्या और छीना झपटी की अनेक वारदातों में संलिप्त दो दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के प्रवक्ता ने गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम गुरदेव सिंह उर्फ़ काला तथा सुखजिंदर सिंह उर्फ़ मल्ली बताए हैं । गिरोह के दो सदस्यों हरजिंदर सिंह बल तथा परदेसी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है । गिरोह का सरगना जसपाल सिंह उर्फ़ विट्टू अभी तक पकड़ा नहीं जा सका । प्रवक्ता ने बताया कि उसको भी पकड़ने के प्रयास जारी हैं । यह गिरोह हिंद समाचार के समाचार सम्पादक श्री इन्द्रजीत सूद और जगबाणी के उपमुख्य सम्पादक श्री बंत सिंह की हत्या के लिए भी ज़िम्मेदार हैं । इसी गिरोह ने पुलिस डिवीजन नम्बर 6 में एक व्यक्ति गुरदीप सिंह की तथा गांव फोलड़ीवाल में स्वर्ण सिंह व पवन कुमार की हत्या की थी । गुरदेव सिंह एक स्थानीय अस्पताल में काम करता है तथा वह उग्रवादियों को शरण देने के अलावा उनकी कार्रवाइयों में भी हिस्सा लेता था ।

राजपुरा गांव में हत्या : फिरोज़पुर से 'वार्ता' के अनुसार कल रात थाना अबोहर के अन्तर्गत गांव राजपुरा में एक व्यक्ति गुरमीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

ग्रामीण मारा गया : फरीदकोट (जिंदल): कल रात जिला फरीदकोट में थाना मोगा के गांव कोरेवाल में सी.आर.पी. की एक चौकी पर दो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की । ड्यूटी पर पर तैनात जवानों ने भी जवाबी गोलीबारी की । क्रास फ़ायरिंग में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई जबकि आतंकवादी भाग निकले ।

मोगा से आज़ाद के अनुसार कोरेवाल गांव में एक व्यक्ति की हत्या उग्रवादियों ने की । बताया मृत्यु हो गई । मक्खन सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । गोलियां चलने की आवाज़ सुनकर गांव कोरेवाल में तैनात सी.आर.पी. के जवान मौके पर पहुंच गए, लेकिन उस समय तक उग्रवादी फरार हो चुके थे । सुच्चा सिंह मोगा में ही स्टील की अलमारियां बनाने का काम करता था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । मामले की जांच की जा रही है ।

'वार्ता' के अनुसार गांव कोरेवाल और कोरेवाल कलां में दो वारदातों में दो व्यक्ति मारे गये । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने सुच्चा सिंह की हत्या की ज़िम्मेदारी ली है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वार्ता): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत थाना भिखीविंड के गांव माड़ी मेघा में एक उग्रवादी बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक .12 बोर की बंदूक व कुछ गोली-सिक्का बरामद किया गया । एक अन्य उग्रवादी जंगीर सिंह को कल शाम थाना अजनाला के गांव छीना में गिरफ्तार किया गया । उससे एक .303 का पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

जिला अमृतसर में एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों चरण सिंह तथा उत्तम सिंह को थाना वैरोवाल के निकट खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए पकड़ा गया ।

दूले नंगल में हत्या : आज तड़के अमृतसर जिला के गांव दूले नंगल में दो आतंकवादियों ने जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी जोगिन्दर सिंह के घर में घुसे तथा उसे उसके घर से बाहर खींच लाए जहां उसपर गोलियां बरसाईं । जोगिन्दर सिंह ने घटनास्थल पर ही दमतोड़ दिया ।

लाश मिली : तरनतारन थाना सदर क्षेत्र में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

दो उग्रवादी बंदी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सी.आई.ए. स्टाफ़ ने एक सूचना के आधार पर थाना डेरा बाबा नानक के गांव फ़ज़लाबाद में एक महिला मनजीत कौर के डेरे पर

दूल्हे सहित दस बाराती डूब गए

धर्मशाला, 17 अक्तूबर (वेद): विलम्ब से यहां पहुंची खबर के अनुसार जिला होशियारपुर के गांव धरोटी से आई एक बारात के 10 सदस्य देहरा उपमंडल के डाडा सीबा क्षेत्र में 15 अक्तूबर को

Himachal Samachar

कार्रवाइयों में भी हिस्सा लेता था ।

राजपुरा गांव में हत्या : फिरोज़पुर से 'वार्ता' के अनुसार कल रात थाना अबोहर के अन्तर्गत गांव राजपुरा में एक व्यक्ति गुरमीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

ग्रामीण मारा गया : फरीदकोट (जिंदल): कल रात जिला फरीदकोट में थाना मोगा के गांव कोरेवाल में सी.आर.पी. की एक चौकी पर दो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की । ड्यूटी पर पर तैनात जवानों ने भी जवाबी गोलीबारी की । क्रास फ़ायरिंग में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई जबकि आतंकवादी भाग निकले ।

मोगा से आज़ाद के अनुसार कोरेवाल गांव में एक व्यक्ति की हत्या उग्रवादियों ने की । बताया जाता है कि सच्चा सिंह अपनी टैक्सी पी.बी.सी. 8207 द्वारा जिसमें मक्खन सिंह ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति जगदीश सिंह जलालाबाद निवासी भी सवार थे, अपने गांव कोरेवाल जा रहा था । जब उनकी टैक्सी गांव की पुली के निकट पहुंची तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों के साथ उसपर अंधाधुंध फ़ायरिंग कर दी । इससे सच्चा सिंह और ड्राइवर मक्खन सिंह घायल हो गए जबकि जगदीश सिंह बाल-बाल बच गया । सच्चा सिंह की बाद में अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही

ा कांड में सतवंत व
दया जाना स्थगित

और केहर सिंह के खिलाफ मौत का फरमान (ब्लैक वारंट) जारी किया था । फरमान जारी होने के एक सप्ताह के भीतर दोनों को फांसी पर चढ़ा दिया जाना था । प्रवक्ता ने बताया कि केहर सिंह के पुत्र राजिन्दर सिंह द्वारा राष्ट्रपति से की गई दया याचना को ध्यान में रख कर श्रीमती गांधी के इन दोनों हत्यारों को फांसी पर चढ़ाया जाना स्थगित कर दिया गया है । प्रवक्ता के अनुसार जब तक राष्ट्रपति इस दया याचना के सम्बन्ध में कोई फैसला नहीं ले लेते, दोनों हत्यारों को फांसी देने की नई तारीख घोषित नहीं की जाएगी ।

इसी बीच उच्च पदस्थ न्यायिक सूत्रों ने अपना नाम ज़ाहिर न होने देने की शर्त पर बताया कि सतवंत सिंह व केहर सिंह को फांसी पर चढ़ाने की नई तिथि के बारे में फैसला किसी न्यायाधीश की बजाय दिल्ली के उपराज्यपाल करेंगे ।

समझा जाता है कि जब फांसी पर रोक, राष्ट्रपति से की गई दया याचना की बजाय किसी अन्य कारण से लगाई जाती है तो 'मौत का फरमान' उस फरमान पर दस्तखत करने वाले न्यायाधीश के पास ही वापस भेजा जाता है । लेकिन जब फांसी पर रोक राष्ट्रपति को सौंपी गई दया याचना के कारण लगाई गई हो तो 'ब्लैक वारंट' प्रशासक के पास भेज दिया जाता है । चूंकि सतवंत सिंह और केहर सिंह की फांसी इसी कारण से स्थगित की गई, इसलिए उनके खिलाफ जारी 'ब्लैक वारंट' दिल्ली के उपराज्यपाल को भेजा जाएगा और वही फांसी की नई तारीख निश्चित करेंगे ।

दूले नंगल में हत्या : आज तड़के अमृतसर जिला के गांव दूले नंगल में दो आतंकवादियों ने जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी जोगिन्दर सिंह के घर में घुसे तथा उसे उसके घर से बाहर खींच लाए जहां उसपर गोलियां बरसाईं । जोगिन्दर सिंह ने घटनास्थल पर ही दमतोड़ दिया ।

लाश मिली : तरनतारन थाना सदर क्षेत्र में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

दो उग्रवादी बंदी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सी.आई.ए. स्टाफ़ ने एक सूचना के आधार पर थाना डेरा बाबा नानक के गांव फ़ज़लाबाद में एक महिला मनजीत कौर के डेरे पर छापा मार कर दो संदिग्ध युवकों संतोख सिंह (गांव दानेवाली) व सुखजीत सिंह सुखा (गांव सतपोहा) को गिरफ्तार करके उनसे छीने हुए दो स्कूटर, एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गांव तारागढ़ में सविन्द्र मसीह, गांव कलेरकलां में निहंग गुरदीप सिंह, गांव ज़फ़रवाल में तीन ट्रांसपोर्टर भागीदारों की हत्या में यह संलिप्त थे । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन्होंने स्वीकार किया है कि वे खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सदस्य हैं और निकट भविष्य में इनकी सीमा सुरक्षा बल व पुलिस चौकियों, उनकी गाड़ियों को उड़ाने के साथ-साथ बड़ी संख्या में हत्याएं करने की योजना थी ।

युवक को बचाया : पुलिस ने इन उग्रवादियों से गांव ऊधनवाल से दो दिन पूर्व अपहृत एक युवक को भी बचाया । युवक का नाम प्रदीप सिंह बताया गया है ।

स्कूटर, नकदी छीनी : गुरदासपुर (विनोद): आज प्रातः तीन अज्ञात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति विजय कुमार से उसका बिना नम्बर का नया स्कूटर तथा 28115 रुपए लूट लिए । विजय कुमार उग्राही करके लौट रहा था ।

लूट की वारदात : दसूहा से 'झावर' के अनुसार गत रात मुकेरियां के निकट जी.टी. रोड पर चार अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक ट्रक मालिक शाम लाल मित्तल, ड्राइवर व क्लीनर से 525 रुपए की नकदी तथा दो घड़ियां छीन लीं । बाद में लुटेरे इन तीनों को टैलीफोन के खम्बे के साथ जंजीरों से बांधकर ट्रक में पड़ी आलू की बोरियां व अन्य सामान एक दूसरे ट्रक में लादकर फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

तीन पकड़े : फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय पुलिस ने सतपाल उर्फ श्री तिलक राज व बलविन्दर सिंह को धारा 309/402/25/54/54 व उग्रवाद निरोधक एक्ट की धारा 5 के अधीन गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 303 बोर का रिवालवर, 3 कारतूस व किरपाणें बरामद की हैं । वे एक स्थान पर बैठ कर किसी जगह डकैती डालने की योजना बना रहे थे । उनका एक साथी सुरिन्द्रपाल उर्फ बिल्ला फरार होने में कामयाब हो गया ।

विमान दुर्घटना में 40 मरे

Punjab Digital Library

2 उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गये : ठेके के 2 कर्मियों समेत 3 की हत्या

फिरोजपुर के जीरा क्षेत्र में एक उग्रवादी का शव मिला

जगराओं में बिजली बोर्ड कार्यालय से 1.97 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात 2 उग्रवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गये जबकि 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों ने भिखीविंड के गांव में भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया ।

जगराओं में बिजली बोर्ड कार्यालय से 1.97 लाख रुपए लूट लिए गए ।

अमृतसर के एक दर्दांत उग्रवादी निर्मल सिंह उर्फ निम्मा का गोलियों से छलनी शव आज जिला फिरोजपुर के थाना ज़ीरा के क्षेत्र में एक खेत के पास मिला । ख्याल है कि उग्रवादी ग्रुपों की आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण उसकी हत्या हुई ।

लूट की घटना : बंगा (खोसला): गत रात जिला जालंधर के थाना बंगा के गांव पीसला में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति अजीत सिंह के घर से 50,000 रुपये मूल्य की नकदी, सोने के जेवर तथा कपड़े आदि लूट लिये । उग्रवादियों की संख्या तीन थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है ।

2 उग्रवादी मारे गये : लुधियाना (हस): कल आधी रात के लगभग लुधियाना के बाहरी क्षेत्र में 2 उग्रवादी एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में मारे गये । इससे पूर्व कल सुबह लुधियाना से 45 किलोमीटर दूर गांव गिद्दड़पिंडी में भी 2 उग्रवादी एक मुठभेड़ में मारे गये थे । मारे गये उग्रवादियों के शवों के निकट एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक .38 बोर रिवाल्वर, दो मैगज़ीन तथा 27 राऊंड बरामद किए गये ।

स्कूटर सवारों को लूट लिया : सोनीपत (ह.स.) : यहां विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार शनिवार की रात को पाई माइनर के निकट खारखौदा-औचंदी रोड पर चार व्यक्तियों ने एक स्कूटर सवार से 7200 रुपए लूट लिए । स्कूटर सवार दिल्ली से लौट रहा था । एक अन्य समाचार के अनुसार लुटेरों ने एक अन्य स्कूटर सवार से 600 रुपए छीन लिए ।

ठेके के 2 कर्मियों की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव पंजगराइयां स्थित देसी शराब के ठेका पर गत सायं 4 अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फायरिंग करके ठेका के एक कर्मचारी अवतार सिंह मूला (25) की हत्या कर दी और दूसरे कर्मचारी गुलज़ार सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतक मूला थाना मेहता के गांव चुंग का निवासी था ।

बटाला सिविल अस्पताल में चिकित्साधीन घायल गुलज़ार सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने आकर कहा कि पहले भी हमने ठेका के मालिक जसपाल सिंह बिल्ला की हत्या कर दी थी फिर भी तुम लोग यहां ठेका चला रहे हो । इतना कह कर उन्होंने फायरिंग कर दी । पुलिस मुख्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार इस ठेका के मालिक भूतपूर्व सरपंच अजीत सिंह जो कि निहंग चीफ अजीत सिंह मूला के निकटवर्ती हैं, के बेटे जसपाल सिंह बिल्ला की 16 जून 88 को हत्या कर दी गई और मृतक अवतार सिंह मूला भी उनका भतीजा है । पुलिस सूत्रों ने कहा कि घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल की चली 8 गोलियां मिली हैं व हत्याकांड खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से किया गया ।

बाद का समाचार है कि गुलज़ार सिंह की भी अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

1.97 लाख रुपए लूटे : जगराओं (विजोग) : आज प्रातः जगराओं-मोगा रोड पर स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दफ्तर में से लगभग 25-25 वर्ष आयु के दो लुटेरों ने हैड कैशियर से 1.97 लाख रुपए लूट लिए । हैड कैशियर उस समय यह नकदी जमा कराने के लिए ले जाने की तैयारी कर रहा था । लुटेरे वहां से एक स्कूटर उठा कर फरार हो गए, जो कि बाद में एक सड़क पर पड़ा मिला ।

हथियार मिले : अमृतसर (हस): डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस.विर्क के नेतृत्व में जालंधर से पुलिस की एक पार्टी ने अमृतसर जिला के थाना भिखीविंड के गांव अक्करपुरा में तारा सिंह के घर पर छापा मार कर हथियारों का एक बड़ा भंडार पकड़ा । इनमें 5 ए.के 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 4600 कारतूस, 7 माऊज़र पिस्तौल, 40 मैगज़ीन, 5 ए.के.-47 क्लीनिंग किटें, चार हैमर सैट चीनी राइफलें, 40 मैगज़ीन आदि शामिल हैं ।

कल थाना तरनतारन के गांव में जो लाश मिली थी, उसके बारे में पुलिस का दावा है कि यह उग्रवाद की घटना नहीं है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : वि.प्र. के अनुसार थाना वल्टोहा के गांव पुनियां के इलाके में एक विशेष नाका के दौरान 2 उग्रवादियों सुखेग सिंह व जगीरा को गिरफ्तार किया गया । तरनतारन पुलिस जिला के मुखिया श्री संजीव गुप्ता ने कहा कि यह उग्रवादी क्षेत्र में कोई अपराध करने जा रहे थे ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

स्टील अथारिटी के प्रबंधक की मनमानी से छोटे उद्योगपतियों के समक्ष संकट

जालन्धर, 18 अक्तूबर (ढल्ल) : यद्यपि स्टील अथारिटी आफ इंडिया (सेल) की स्थापना का मुख्य उद्देश्य लोहा व स्टील के खपतकार उद्योगों को यह वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में तथा उचित दामों पर उपलब्ध कराना है फिर भी सेल की कुछ ब्रांचों के प्रबंधक स्टील वितरण की मनमानी प्रणाली अपना कर खपतकारों को परेशान करते हैं ।

ऐसी ही शिकायत सेल की जालन्धर ब्रांच से सम्बद्ध खपतकारों को ब्रांच मैनेजर श्री वी.के. मेहता के बारे में है कि वह खपतकारों को उनकी जरूरत की स्टील आइटमें न देकर ऐसी आइटमें मढ़ देते हैं जिनका वह अपने उद्योग में इस्तेमाल ही नहीं करते । इसके अलावा वह आइटमें मार्कीट में घाटे वाली होती हैं जिससे ऐसे उद्योगों को घाटे का बोझ भी उठाना पड़ता है ।

एक सर्वेक्षण के दौरान खपतकारों ने बताया कि सेल द्वारा तैयार माल दो प्रकार का होता है । एक फास्टमूविंग कहलाता है जिसे आम बाजार में बेचने पर अच्छा मुनाफा मिल सकता है और दूसरा स्लोमूविंग कहलाता है जिसकी बाजार में कम कीमत मिलती है । कई उद्योग ऐसे हैं जिन में दोनों प्रकार का माल इस्तेमाल होता है और कुछ ऐसे हैं जिनमें कोई एक प्रकार का ही माल लगता है ।

सेल ने उद्योगपतियों को जरूरत का कच्चा माल उपलब्ध कराने की दो व्यवस्थाएं कर रखीं हैं—एक डिमांड रजिस्ट्रेशन स्कीम है और दूसरी अवधिबद्ध स्कीम । उद्योगपति इन दोनों के अधीन अपनी जरूरत का माल बुक करवा सकते हैं । अब तक यह बुकिंग तीन मास के लिए होती थी, अब यह अगली स्कीम जनवरी से 6 मास की कर दी बताई गई है ।

खपतकारों ने बताया कि सेल की जालन्धर ब्रांच के मैनेजर डिमांड रजिस्ट्रेशन योजना के अधीन माल की बुकिंग से ही इन्कार कर देते हैं । इनका यह भी कहना है कि उक्त योजना के अधीन लुधियाना व चंडीगढ़ में सेल अधिकारी फास्टमूविंग हों या स्लोमूविंग, जरूरत के अनुसार आइटमों की बुकिंग कर रहे हैं और माल सप्लाई भी कर देते हैं । किन्तु जालन्धर में सेल अधिकारी यदि किसी माल की बुकिंग भी कर लेते हैं तो उसकी सप्लाई नहीं करते ।

खपतकारों के अनुसार ब्रांच मैनेजर अपने कुछ व्यक्तियों को 'फास्टमूविंग' अर्थात् मुनाफे वाले माल देने में अधिक दिलचस्पी रखते हैं चाहे उन्होंने वह माल बुक कराया हो या न कराया हो और चाहे वह अपने उद्योग में वह माल इस्तेमाल करते हैं या नहीं । परिणामतः व्यापारियों के पास अधिक कीमत पर माल बेच कर यह इने-गिने उद्योगपति खूब कमाई कर लेते हैं और लोहा व्यापारी भी कमा लेते हैं किन्तु छोटे उद्योगों को अपनी जरूरत का माल व्यापारियों से भारी कीमत पर खरीदना पड़ता है ।

यह भी आरोप लगाया गया है कि कई बार ब्रांच मैनेजर इन छोटे उद्योगों को फास्टमूविंग माल के साथ स्लोमूविंग अर्थात् घाटे वाला माल उठाने पर बाध्य करते हैं और न उठाने पर फास्टमूविंग माल भी नहीं देते ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

रिज को धंसने से बचाने की योजना

शिमला, 18 अक्तूबर (ह.स.): शिमला के गौरव तथा ब्रिटिशकालीन भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी रिज के धंस रहे हिस्से को मज़बूत बनाने के व्यापक कार्यक्रम से रिज को नया जीवन मिलेगा । रिज को मज़बूत बनाने के लिए 2.06 करोड़ रुपए की लागत से एक महत्वाकांक्षापूर्ण योजना बनाई गई है । रिज के नीचे 100 वर्ष पुराना जलागार है । रिज को मज़बूत बनाने की योजना के अंतर्गत घाटी की ओर 300 मीटर तथा पहाड़ी की ओर 250 मीटर लम्बी आर.सी.सी. दीवार बनाने की योजना है जो कि जाखू रोड के साथ-साथ बनेगी ।

पाक में विस्फोट में 7 मरे

पेशावर, 18 अक्तूबर (डी.पी.ए.): चारसद्दा कस्बे के एक रेस्तरां में आज एक बम फटने से 7 व्यक्ति मरे और 12 ज़ख्मी हुए । चारसद्दा कस्बा यहां पेशावर से 25 कि. मी. उत्तर-पूर्व में है । दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं ।

Punjab Sanjam

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : 2 दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए

सूद, बंत सिंह की हत्या के लिए ज़िम्मेदार गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

लुधियाना में ट्रक के क्लीनर का अपहरण : तरनतारन में शव मिला

चंडीगढ़, 17 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए । जालन्धर पुलिस ने दो पत्रकारों इन्द्रजीत सूद और बंत सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार गिरोह के दो कुख्यात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक ट्रक के क्लीनर का अपहरण कर लिया गया ।

बटाला पुलिस ने 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जिनकी सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस की चौकियों को उड़ाने और बड़ी संख्या में हत्याएं करने की योजना थी ।

2 उग्रवादी मरे : लुधियाना (ह.स.): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित दो दुर्दांत उग्रवादी आज सुबह यहां से 35 किलो मीटर दूर गिद्दड़पिंडी के बाहर सिधवां नहर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि दो अन्य बचकर भाग निकले । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल तथा एक चोरीशुदा बंदूक मिली । मरने वाले उग्रवादियों की पहचान करनैल सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा स्वर्ण सिंह उर्फ़ सरमा के रूप में की गई है । यह दोनों जिला फिरोज़पुर के रहने वाले थे और के.सी.एफ. के फिरोज़पुर के स्वयंभू कमांडर भजन सिंह सुरसिंहवाला के गिरोह के सदस्य थे ।

बताया जाता है कि चार उग्रवादियों को देखे जाने पर 'नाका' पार्टी ने उन्हें चुनौती दी, जिस पर उन्होंने गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग से उनमें से दो मौके पर ही मारे गए । वे कई हत्याओं तथा फिरोज़पुर के डी.एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री ए.एस. ग्रेवाल की हत्या के प्रयास में वांछित थे ।

एक अन्य वारदात में जिला लुधियाना के ससराल गांव में एक व्यक्ति प्यारा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

अपहरण : तीन संदिग्ध उग्रवादियों ने कल रात लुधियाना शहर में जनता नगर से एक ट्रक के क्लीनर का अपहरण कर लिया ।

दुर्दांत उग्रवादी गिरफ्तार : जालन्धर (ढल्ल, ह.स.): जिला पुलिस ने हत्या और छीना झपटी की अनेक वारदातों में संलिप्त दो दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के प्रवक्ता ने गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम गुरदेव सिंह उर्फ़ काला तथा सुखजिंदर सिंह उर्फ़ मल्ली बताए हैं । गिरोह के दो सदस्यों हरजिंदर सिंह बल्ल तथा परदेसी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है । गिरोह का सरगना जसपाल सिंह उर्फ़ बिट्टू अभी तक पकड़ा नहीं जा सका । प्रवक्ता ने बताया कि उसको भी पकड़ने के प्रयास जारी हैं । यह गिरोह हिंद समाचार के समाचार सम्पादक श्री इन्द्रजीत सूद और जगबाणी के उपमुख्य सम्पादक श्री बंत सिंह की हत्या के लिए भी ज़िम्मेदार हैं । इसी गिरोह ने पुलिस डिवीजन नम्बर 6 में एक व्यक्ति गुरदीप सिंह की तथा गांव फोलड़ीवाल में स्वर्ण सिंह व पवन कुमार की हत्या की थी । गुरदेव सिंह एक स्थानीय अस्पताल में काम करता है तथा वह उग्रवादियों को शरण देने के अलावा उनकी कार्रवाइयों में भी हिस्सा लेता था ।

राजपुरा गांव में हत्या : फिरोज़पुर से 'वार्ता' के अनुसार कल रात थाना अबोहर के अन्तर्गत गांव राजपुरा में एक व्यक्ति गुरमीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

ग्रामीण मारा गया : फरीदकोट (जिंदल): कल रात जिला फरीदकोट में थाना मोगा के गांव कोरेवाल में सी.आर.पी. की एक चौकी पर दो आतंकवादियों ने फ़ायरिंग की । ड्यूटी पर पर तैनात जवानों ने भी जवाबी गोलीबारी की । क्रास फ़ायरिंग में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई जबकि आतंकवादी भाग निकले ।

मोगा से आज़ाद के अनुसार कोरेवाल गांव में एक व्यक्ति की हत्या उग्रवादियों ने की । बताया जाता है कि सुच्चा सिंह अपनी टैक्सी पी.बी.सी. 8207 द्वारा जिसमें मक्खन सिंह ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति जगदीश सिंह जलालाबाद निवासी भी सवार थे, अपने गांव कोरेवाल जा रहा था । जब उनकी टैक्सी गांव की पुली के निकट पहुंची तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों के साथ उसपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । इससे सुच्चा सिंह और ड्राइवर मक्खन सिंह घायल हो गए जबकि जगदीश सिंह बाल-बाल बच गया । सुच्चा सिंह की बाद में अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही मृत्यु हो गई । मक्खन सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । गोलियां चलने की आवाज़ सुनकर गांव कोरेवाल में तैनात सी.आर.पी. के जवान मौके पर पहुंच गए, लेकिन उस समय तक उग्रवादी फरार हो चुके थे । सुच्चा सिंह मोगा में ही स्टील की अल्मारियां बनाने का काम करता था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । मामले की जांच की जा रही है ।

'वार्ता' के अनुसार गांव कोरेवाल और कोरेवाल कलां में दो वारदातों में दो व्यक्ति मारे गये । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने सुच्चा सिंह की हत्या की ज़िम्मेदारी ली है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वार्ता): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत थाना भिखीविंड के गांव माड़ी मेघा में एक उग्रवादी बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक .12 बोर की बंदूक व कुछ गोली-सिक्का बरामद किया गया । एक अन्य उग्रवादी जगीर सिंह को कल शाम थाना अजनाला के गांव छीना में गिरफ्तार किया गया । उससे एक .303 का पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

जिला अमृतसर में एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों चरण सिंह तथा उत्तम सिंह को थाना वैरोवाल के निकट खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए पकड़ा गया ।

दूले नंगल में हत्या : आज तड़के अमृतसर जिला के गांव दूले नंगल में दो आतंकवादियों ने जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी जोगिन्दर सिंह के घर में घुसे तथा उसे उसके घर से बाहर खींच लाए जहां उसपर गोलियां बरसाई । जोगिन्दर सिंह ने घटनास्थल पर ही दमतोड़ दिया ।

लाश मिली : तरनतारन थाना सदर क्षेत्र में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

दो उग्रवादी बंदी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सी.आई.ए. स्टाफ़ ने एक सूचना के आधार पर थाना डेरा बाबा नानक के गांव फ़ज़लाबाद में एक महिला मनजीत कौर के डेरे पर छापा मार कर दो संदिग्ध युवकों संतोख सिंह (गांव दानेवाली) व सुखजीत सिंह सुखा (गांव सतपोहा) को गिरफ्तार करके उनसे छीने हुए दो स्कूटर, एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गांव तारागढ़ में सविन्द्र मसीह, गांव कलेरकलां में निहंग गुरदीप सिंह, गांव ज़फ़रवाल में तीन ट्रांस्पोर्टर भागीदारों की हत्या में यह संलिप्त थे । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन्होंने स्वीकार किया है कि वे खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के सदस्य हैं और निकट भविष्य में इनकी सीमा सुरक्षा बल व पुलिस चौकियों, उनकी गाड़ियों को उड़ाने के साथ-साथ बड़ी संख्या में हत्याएं करने की योजना थी ।

युवक को बचाया : पुलिस ने इन उग्रवादियों से गांव ऊधनवाल से दो दिन पूर्व अपहृत एक युवक को भी बचाया । युवक का नाम प्रदीप सिंह बताया गया है ।

स्कूटर, नकदी छीनी : गुरदासपुर (विनोद): आज प्रातः तीन अज्ञात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति विजय कुमार से उसका बिना नम्बर का नया स्कूटर तथा 28115 रुपए लूट लिए । विजय कुमार उगाही करके लौट रहा था ।

लूट की वारदात : दसूहा से 'झावर' के अनुसार गत रात मुकेरियां के निकट जी.टी. रोड पर चार अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक ट्रक मालिक शाम लाल मित्तल, ड्राइवर व क्लीनर से 525 रुपए की नकदी तथा दो घड़ियां छीन लीं । बाद में लुटेरे इन तीनों को टैलीफोन के खम्बे के साथ जंजीरों से बांधकर ट्रक में पड़ी आलू की बोरियां व अन्य सामान एक दूसरे ट्रक में लादकर फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

तीन पकड़े : फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय पुलिस ने सतपाल उर्फ़ श्री तिलक राज व बलविन्दर सिंह को धारा 309/402/25/54/54 व उग्रवाद निरोधक एक्ट की धारा 5 के अधीन गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 303 बोर का रिवालवर, 3 कारतूस व किरपाणें बरामद की हैं । वे एक स्थान पर बैठ कर किसी जगह डकैती डालने की योजना बना रहे थे । उनका एक साथी सुरिन्द्रपाल उर्फ़ बिल्ला फरार होने में कामयाब हो गया ।

दूल्हे सहित दस बाराती डूब गए

धर्मशाला, 17 अक्तूबर (वेद): विलम्ब से यहां पहुंची खबर के अनुसार जिला होशियारपुर के गांव बरोटी से आई एक बारात के 10 सदस्य देहरा उपमंडल के डाडा सीबा क्षेत्र में 15 अक्तूबर को पोंग झील में नौका डूब जाने से मर गए । यह बारात डाडा सीबा क्षेत्र के गांव चतवाल जा रही थी जहां प्रताप नामक व्यक्ति की लड़की की शादी थी । मरने वालों में दूल्हा सतनाम भी शामिल है । अभी तक सतनाम की लाश सहित 8 लाशें निकाली जा चुकी हैं । शेष दो लाशों की खोज जारी है । नौका का चालक तथा विवाह पार्टी के 3 सदस्य तैर कर किनारे पहुंचने में सफल हो गए । जिलाधीश श्री डोगरा ने मृतकों के आश्रितों को 1-1 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता दी है ।

इंदिरा गांधी हत्या कांड में सतवंत व केहर को फांसी दिया जाना स्थगित

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (वार्ता): दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के अपराध में मृत्यु दंड प्राप्त सतवन्त सिंह और केहर सिंह को फांसी पर चढ़ाया जाना आज स्थगित कर दिया गया ।

दिल्ली प्रशासन के एक प्रवक्ता ने आज देर रात बताया है कि दोनों को फांसी पर चढ़ाने की नई तिथि बाद में तय की जाएगी ।

प्रवक्ता ने कहा है कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.सी. जैन ने गत 12 अक्तूबर को सतवन्त सिंह और केहर सिंह के खिलाफ मौत का फरमान (ब्लैक वारंट) जारी किया था । फरमान जारी होने के एक सप्ताह के भीतर दोनों को फांसी पर चढ़ा दिया जाना था । प्रवक्ता ने बताया कि केहर सिंह के पुत्र राजिन्दर सिंह द्वारा राष्ट्रपति से की गई दया याचना को ध्यान में रख कर श्रीमती गांधी के इन दोनों हत्यारों को फांसी पर चढ़ाया जाना स्थगित कर दिया गया है । प्रवक्ता के अनुसार जब तक राष्ट्रपति इस दया याचना के सम्बन्ध में कोई फैसला नहीं ले लेते, दोनों हत्यारों को फांसी देने की नई तारीख घोषित नहीं की जाएगी ।

इसी बीच उच्च पदस्थ न्यायिक सूत्रों ने अपना नाम ज़ाहिर न होने देने की शर्त पर बताया कि सतवंत सिंह व केहर सिंह को फांसी पर चढ़ाने की नई तिथि के बारे में फैसला किसी न्यायाधीश की बजाय दिल्ली के उपराज्यपाल करेंगे ।

समझा जाता है कि जब फांसी पर रोक, राष्ट्रपति से की गई दया याचना की बजाय किसी अन्य कारण से लगाई जाती है तो 'मौत का फरमान' उस फरमान पर दस्तखत करने वाले न्यायाधीश के पास ही वापस भेजा जाता है । लेकिन जब फांसी पर रोक राष्ट्रपति को सौंपी गई दया याचना के कारण लगाई गई हो तो 'ब्लैक वारंट' प्रशासक के पास भेज दिया जाता है । चूंकि सतवंत सिंह और केहर सिंह की फांसी इसी कारण से स्थगित की गई, इसलिए उनके खिलाफ जारी 'ब्लैक वारंट' दिल्ली के उपराज्यपाल को भेजा जाएगा और वही फांसी की नई तारीख निश्चित करेंगे ।

छोटी सी बात

रंगा

मैं श्री गांधी पर उनकी पार्टी के लोगों की अपेक्षा कहीं अधिक विश्वास करता हूं : लाल डेंगा

अमिता कल पेश होगी

लखनऊ, 17 अक्तूबर (वार्ता): सैयद मोदी हत्याकांड मामले की एक अभियुक्त श्रीमती अमिता

विमान दुर्घटना में 40 मरे

रोम, 17 अक्तूबर (डी.पी.ए.) : युगांडा एयर लाइन्स का एक बोइंग 707 विमान आज सवेरे यहां लियोनार्दो दा विन्ची अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होगया । इस दुर्घटना में कम से कम



(1) गत सप्ताह अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में आतंकवादियों से सी... अधिकारी, (2) पकड़ी गई ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, (3) राके... गोली-सिक्का ।

8 नई ट्रेनें चलेंगी

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (वार्ता): रेल राज्यमंत्री माधवराव सिंधिया ने आज यहां 8 नई रेल गाड़ियां चलाने, 7 गाड़ियों का सफर लम्बा करने और 6 रेलगाड़ियों को सप्ताह में अधिकबार चलाये जाने की घोषणा की । यह आदेश एक नवम्बर से प्रभावी होगा ।

रेल मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय सलाहकार समिति की आज यहां हुई बैठक में घोषित नई रेलगाड़ियां हावड़ा-भुवनेश्वर, तिरुपति-हावड़ा, गुंटाकल-बीजापुर, काकीनाडा-विशाखापतनम, सिकंदराबाद-मिरियाल गुड़ा, नांदेड़-मनमाड, नई दिल्ली-पलवल तथा इंदौर-कोचीन के बीच चलेंगी ।

श्री सिंधिया ने बताया कि पिछली मई में रेलवे की नई समय सारिणी आने के बाद से पांच नई रेलगाड़ियां पहले ही चलाई जा चुकी हैं ।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल 1985 से मार्च 1988 तक रेलवे द्वारा 137 नई रेल गाड़ियां चलाई जा चुकी हैं ।

संसदीय ... एक ...

नई दिल्ली, 17 अ...
प्रस्तावित सात संसदीय ...
उपचुनाव अब दिसम्बर ...
आयोग के सूत्रों ने आज ...
ने सम्बद्ध राज्यों तथा केन्...
अधिकारियों से नवम्बर ...
कराने के कार्यक्रम भेजने ...
अधिकतर राज्यों ने ...
पर असहमति व्यक्त की ...
समय बुआई का मौसम ...
कराए जाने चाहिएं । दि...
उसके कर्मचारी बाढ़ राह...
आयोग के सूत्रों ने कहा कि...
के अन्तिम सप्ताह या ज...
का निश्चय किया गया है ...
यह पूछे जाने पर ...

जर्जर अर्थव्यवस्था को सुधारन... सरकार के लिए मुख्य चुनौत...

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (वार्ता): ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की नई सरकार के सामने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली करने से भी ज्यादा कठिन काम होगा वर्षों के सैनिक शासन के दौरान जर्जर हो चुकी अर्थ-व्यवस्था में सुधार करना । पाकिस्तान के अनेक अखबारों में छपी खबरों के अनुसार देश को मुद्रा स्फीति का गम्भीर सामना करना पड़ रहा है । पिछले दस वर्ष से भी अधिक समय में देश में न तो पर्याप्त बचत ही हो पाई और न ही सही ढंग से पूंजी निवेश किया गया । इन्हीं खामियों के कारण आज पाकिस्तान को गम्भीर मुद्रा स्फीति का सामना करना पड़ रहा है । उत्पादन में लगातार गिरावट, पिछले तीन वर्ष के दौरान घाटे के बजट और विदेशी ऋणों पर निर्भरता बढ़ने से मुद्रा स्फीति की समस्या ने नये आयाम लिए हैं ।

पाकिस्तानी अर्थ-व्यवस्था की स्थिति और आगामी नवम्बर में होने वाले चुनावों के बाद नई सरकार के लिए पैदा होने वाली चुनौतियों पर टिप्पणी करते हुए हाल ही में एक विशेषज्ञ ने कहा था कि पाकिस्तान ऋण अदायगी संबंधी दायित्वों को पूरा नहीं कर पाएगा और सत्ता की लड़ाई लड़ रहे लोगों को इसका ज्ञान नहीं है ।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 80 करोड़ डालर का ऋण लेने के पाकिस्तान के फैसले का उल्लेख करते हुए अखबारों ने अनुमान लगाया है कि अगले वित्त वर्ष से देश को विदेशी सहायता की प्राप्त राशि से अधिक कर्ज भुगतान के रूप में देनी पड़ सकती है । यही नहीं, 1997 आते-आते देश पर 11 अरब डालर से अधिक राशि का कर्ज हो जाएगा । इसके अलावा यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान के पास आज न तो विदेशी मुद्रा भंडार है और न ही वह

मुद्रा से आयात का पचा...
सम्भव हो पा रहा है । विदे...
से आने वाली विदेशी मुद्र...
जबकि पहले विदेशों में ...
वाली विदेशी मुद्रा आयात-...
को दूर करने में काफी सह...
रिपोर्टों में कहा गया है कि...
राजनीतिक उथल-पुथल से...
धक्का लगा है ।
रिपोर्टों के अनुसार ...
अर्थ-व्यवस्था की स्थिति ल...
है । विदेशी संस्थाओं के ...
आज देश को कीमत चुकान...
आश्रित रहने की मजबूरी के...
उदार बनानी पड़ी । विश्...
मुद्रा कोष लम्बे समय से ...
रिपोर्टों में सरकार के इन क...
करते हुए कहा गया है कि ...
प्रभाव विदेशी मुद्रा भंडार ...
अलावा भुगतान संतुलन ...
असम्भव प्रतीत हो रहा है...
भंडार यदि आयात की जाने ...
कीमत चुकाने में भी समर्थ न...
भुगतान की बात दिवास्व...
प्रक्रिया को रोक कर उस ...
पूर्ति में लगाए बिना ऋणों ...
होगा ।
रिपोर्टों में कहा गया है ...
करना भी सम्भव नहीं है । ...
बनाने के लिए कर्जों पर ...
अलावा कोई चारा नहीं है...

Punjabi Sanatani

बटाला क्षेत्र के थाना कादियां के गांव पंजगराइयां में गत दिवस उग्रवादियों द्वारा मारे गये अवतार सिंह मूला और गुलज़ार सिंह। (फोटो : कोछड़)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उनसे एक भरी हुई 12 बोर की एक नाली बंदूक तथा एक देसी पिस्तौल बरामद हुई।

घर में लूटपाट : रैय्या से जसपाल के अनुसार गत सायं 7.30 बजे यहां से 3 किलो मीटर दूर थाना ब्यास के गांव फेरूमान में तीन लुटेरों ने चरणजीत सिंह नामक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर उसका मोटर साइकल हीरो होंडा, एक वी.सी.आर., एक टेप रिकार्डर तथा 1300 रुपए नकद लूट लिए । घर में घुसते ही उन्होंने फर्श पर गोलियां मार कर घर के लोगों को भयभीत कर दिया तथा जाते हुए घर के लोगों को एक कमरे में बंद कर गए । उन्होंने लिद्दड़ां के निकट बहादुरपुर के हरभजन सिंह से भी उसका स्कूटर छीना ।

मुरादपुर में हत्या : होशियारपुर (अश्विनी): हरयाना थाना के अंतर्गत ग्राम मुरादपुर नरयाल में गत सायं एक व्यक्ति श्री गुरबख्श की दो नवयुवकों ने गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक तथा उसकी पत्नी श्रीमती कंवलजीत कौर, जिनका कोई बच्चा नहीं था, अकेले ही ग्राम में रहते थे । श्रीमती कंवलजीत कौर ने पुलिस को बताया कि गत सायं लगभग साढ़े सात बजे दो नवयुवकों ने उनकी रसोई का दरवाजा खटखटाया व जब उसके पति श्री गुरबख्श सिंह दरवाजा खोलने के लिए बाहर गए तो उन्हें गोली मार दी गई । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

होशियारपुर के जिला पुलिस चीफ श्री परमजीत सिंह संधु ने आज यहां बताया कि इस घटना का आतंकवाद से कोई सम्बन्ध नहीं । पुलिस ने धारा 302/34 तथा शस्त्र एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

कांस्टेबल सहित 4 की हत्या : उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में 2 पुलिस कर्मी बर्खास्त

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाबमें उग्रवादियों ने कल रात के बाद से एक कांस्टेबल सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । जालंधर पुलिस के दो कर्मचारियों को उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया । बटाला क्षेत्र में तीन मजदूरों पर उग्रवादियों ने फायरिंग की लेकिन कोई क्षति नहीं हुई ।

सरपंच की हत्या : फगवाड़ा (अशोक): आज रात लगभग 8.30 बजे यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव पलीझिक्की में उग्रवादियों ने सरपंच बलवंत सिंह की गोलियों से हत्या कर दी तथा उसके घर को आग लगा दी । आग बुझाने को फगवाड़ा से फायर ब्रिगेड भेजा गया । बंगा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

महिला का शव मिला : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने झब्बाल पुलिस थाने के अंतर्गत पाधरी गांव के समीप आज सुबह एक महिला का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । इस महिला का नाम हरभजन कौर बताया गया है । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से .303 बोर राइफल के तीन खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

कांस्टेबल मरा : अशोक सोनी ने खबर दी है कि अमृतसर जिले के गांव तुड़ थाना वैरोवाल में आज दोपहर उग्रवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर घात लगा कर किए गए हमले में एक कांस्टेबल बख्श देव मारा गया जबकि एक हवालदार बख्शीश सिंह जख्मी हो गया । सूचनाओं के अनुसार 5 पुलिस कर्मी मोटर साइकलों पर गांव में से गुजर रहे थे कि अचानक एक फार्म हाऊस से इन मोटर साइकल सवार पुलिस कर्मियों पर फायरिंग की गई । घायल हवालदार को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

दो पुलिस कर्मी डिसमिस : जालन्धर (ढल्ल): जालन्धर पुलिस के एक हैडकांस्टेबल परमजीत सिंह तथा एक कांस्टेबल मोता सिंह को संविधान की धारा 311 के अधीन नौकरी से डिसमिस कर दिए जाने का समाचार मिला है । विश्वस्त पुलिस सूत्रों के अनुसार परमजीत सिंह जोकि नकोदर में तैनात था और मोता सिंह जो बंगा एरिया में तैनात था, के विरुद्ध दुर्दांत उग्रवादियों को पनाह आदि देने का शक था जो एक ,एस.पी. द्वारा की गई जांच के दौरान सही सिद्ध हुआ । इन सूत्रों के अनुसार दो महिला कांस्टेबलों के विरुद्ध भी इस बात की जांच की जा रही है कि वह उग्रवादियों से सम्बद्ध हैं । इनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की सम्भावना है ।

इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि तलवन सब स्टेशन पर तैनात एक बिजली कर्मचारी कुलविन्दर सिंह को उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है । नकोदर के अलोवाल आदि तीन-चार गांवों में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर की तलाशी लिए जाने तथा डेढ़ दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने का समाचार मिला है जिनसे पूछताछ की जा रही है ।

रिक्शा चालक की हत्या : मोगा से 'आजाद' के अनुसार गत रात लगभग 10 बजे एक रिक्शा चालक कुन्दन लाल की एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि कुंदन लाल जोकि गढ़वाली है, रिक्शा पर आटा लेकर घर जा रहा था । रास्ते में फाटक पर एक व्यक्ति ने उसे रोका तथा मोड़ तक चलने के लिए कहा । कुंदन लाल के इंकार करने पर अज्ञात व्यक्ति ने उस पर रिवाल्वर से फायरिंग कर दी जिससे उसकी वहीं मौत हो गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फ़ायरिंग : बटाला(कोछड़): जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात कुछ अज्ञात सशस्त्र लोगों ने घर लौट रहे तीन लोगों हरजिन्दर सिंह उधनवाल, परमजीत सिंह व परमजीत सिंह कंडीला पर फ़ायरिंग कर दी । यह लोग अपने घरों को लौट रहे थे । फ़ायरिंग गांव मदरा व काजनीपुर के निकट की गई। किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं। थाना श्री हरगोबिन्दपुर ने केस दर्ज कर लिया ।

घायल ठीक ठाक है : आज पुलिस मुख्यालय व सिविल अस्पताल बटाला से प्राप्त विवरण के अनुसार गांव पंजगराईयां में आतंकवादियों की फ़ायरिंग से गम्भीर रूप से घायल गुलज़ार सिंह उपचाराधीन है, उसकी मृत्यु नहीं हुई । अखबारों में प्रकाशित खबर को बेबुनियाद बताया गया है ।

जिला होशियारपुर के गांव मुरादपुर नरियाल निवासी गुरबख्श सिंह का शव, जिनकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : मून लाइट स्टूडियो)

आतंकवादी गिरफ्तार: फगवाड़ा (राकेश): आज तड़के स्थानीय थाना सदर पुलिस व एस.आर.पी.एफ.की तरफ से संयुक्त नाकाबंदी के दौरान निकटवर्ती गांव कोट रानी के पास एक फ़िएट कार नं. पी.एन.ज़ैड. 159 में सवार 2 आतंकवादियों राजेन्द्र सिंह व गुरदेव सिंह निवासी गांव सलीमपुर थाना सदर जालन्धर को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से .32 बोर का विदेशी रिवाल्वर व 6 कारतूस तथा गुरदेव सिंह के कब्ज़े से .12 बोर का देसी रिवाल्वर व 3 कारतूस बरामद किए हैं । उल्लेखनीय है कि उनके पास से बरामद कार पी.एन.ज़ैड 159 पिछले महीने 22 सितम्बर को गांव मानांवाली में मोहिन्द्रपाल सिंह से छीनी गई थी ।

ट्रक बरामद : संगरूर (गोयल): थाना मृतक की पुलिस ने गांव नीलोवाल के नछत्तर सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से .12 बोर की एक

(शेष पृष्ठ 14 पर)

कुल्लू का नि

कुल्लू (हि.प्र.), 19 अक्तूबर (वार्ता): देवताओं की धरती कुल्लू में लंकापति रावण का पुतला नहीं जलाया जाता है । अनैतिकता और अत्याचार के प्रतीक रावण पर रघुकुल तिलक श्री राम चंद्र की विजय की स्मृति में श्री राम की लीला तथा अनोखे ढंग से अभिनीत किए जाने के कारण ही कुल्लू के दशहरा ने देश भर में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है । रावण आदि के पुतलों को नहीं जलाया जाना ही कुल्लू दशहरा की एकमात्र विशेषता नहीं है । कुल्लू में श्री राम की विजय यात्रा अन्यत्र स्थानों के विपरीत विजय दशमी से आरम्भ होती है । छः दिन तक प्रातः पूजा-अर्चना और सायंकाल आरती होती है । ढालपुर के मैदान में लगे शिविरों में पूजा और आरती के समय शंख और ढोल-नगाड़े बजते हैं ।

सातवें दिन लंका दहन होता है जिसे दशाने के लिए ब्यास नदी के किनारे की घास को आग लगाई जाती है । भैंसे आदि की बलि देकर रावण परिवार का वध दर्शाया जाता है और फिर सीता को साथ लेकर श्री राम तथा अन्य देवताओं के रथ लौट पड़ते हैं । कुल्लू दशहरे को मैसूर दशहरे के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त है ।

बाल्मीकि रामायण के अनुसार विशाल रथ पर

Punjab Donated

कांस्टेबल सहित 4 की हत्या : उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में 2 पुलिस कर्मी बर्खास्त

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने कल रात के बाद से एक कांस्टेबल सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । जालंधर पुलिस के दो कर्मचारियों को उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया । बटाला क्षेत्र में तीन मजदूरों पर उग्रवादियों ने फायरिंग की लेकिन कोई क्षति नहीं हुई ।

सरपंच की हत्या : फगवाड़ा (अशोक): आज रात लगभग 8.30 बजे यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव पलीझिक्की में उग्रवादियों ने सरपंच बलवंत सिंह की गोलियां से हत्या कर दी तथा उसके घर को आग लगा दी । आग बुझाने को फगवाड़ा से फायर ब्रिगेड भेजा गया । बंगा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

महिला का शव मिला : अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने झब्बाल पुलिस थाने के अंतर्गत पाधरी गांव के समीप आज सुबह एक महिला का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । इस महिला का नाम हरभजन कौर बताया गया है । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से .303 बोर राइफल के तीन खाली कारतूस बरामद किए गए हैं ।

कांस्टेबल मरा : अशोक सोनी ने खबर दी है कि अमृतसर जिले के गांव तुड़ थाना वैरोवाल में आज दोपहर उग्रवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर घात लगा कर किए गए हमले में एक कांस्टेबल बख्श देव मारा गया जबकि एक हवालदार बख्शीश सिंह जख्मी हो गया । सूचनाओं के अनुसार 5 पुलिस कर्मी मोटर साइकलों पर गांव में से गुजर रहे थे कि अचानक एक फार्म हाऊस से इन मोटर साइकल सवार पुलिस कर्मियों पर फायरिंग की गई । घायल हवालदार को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

दो पुलिस कर्मी डिसमिस : जालन्धर (ढल्ल): जालन्धर पुलिस के एक हैडकांस्टेबल परमजीत सिंह तथा एक कांस्टेबल मोता सिंह को संविधान की धारा 311 के अधीन नौकरी से डिसमिस कर दिए जाने का समाचार मिला है । विश्वस्त पुलिस सूत्रों के अनुसार परमजीत सिंह जोकि नकोदर में तैनात था और मोता सिंह जो बंगा एरिया में तैनात था, के विरुद्ध दुर्दांत उग्रवादियों को पनाह आदि देने का शक था जो एक .एस.पी. द्वारा की गई जांच के दौरान सही सिद्ध हुआ । इन सूत्रों के अनुसार दो महिला कांस्टेबलों के विरुद्ध भी इस बात की जांच की जा रही है कि वह उग्रवादियों से सम्बद्ध हैं । इनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की सम्भावना है ।

इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि तलवन सब स्टेशन पर तैनात एक बिजली कर्मचारी कुलविन्दर सिंह को उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है । नकोदर के अलोवाल आदि तीन-चार गांवों में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर की तलाशी लिए जाने तथा डेढ़ दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने का समाचार मिला है जिनसे पूछताछ की जा रही है ।

रिक्शा चालक की हत्या : मोगा से 'आजाद' के अनुसार गत रात लगभग 10 बजे एक रिक्शा चालक कुन्दन लाल की एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि कुंदन लाल जोकि गढ़वाली है, रिक्शा पर आटा लेकर घर जा रहा था । रास्ते में फाटक पर एक व्यक्ति ने उसे रोका तथा मोड़ तक चलने के लिए कहा । कुंदन लाल के इंकार करने पर अज्ञात व्यक्ति ने उस पर रिवाल्वर से फायरिंग कर दी जिससे उसकी वहीं मौत हो गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फ़ायरिंग : बटाला (कोछड़): जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात कुछ अज्ञात सशस्त्र लोगों ने घर लौट रहे तीन लोगों हरजिन्दर सिंह उधनवाल, परमजीत सिंह व परमजीत सिंह कंडीला पर फ़ायरिंग कर दी । यह लोग अपने घरों को लौट रहे थे । फ़ायरिंग गांव मदरा व काज़ीपुर के निकट की गई। किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं। थाना श्री हरगोबिन्दपुर ने केस दर्ज कर लिया ।

घायल ठीक ठाक है : आज पुलिस मुख्यालय व सिविल अस्पताल बटाला से प्राप्त विवरण के अनुसार गांव पंजगराईयां में आतंकवादियों की फ़ायरिंग से गम्भीर रूप से घायल गुलज़ार सिंह उपचाराधीन है, उसकी मृत्यु नहीं हुई । अखबारों में प्रकाशित खबर को बेबुनियाद बताया गया है ।

जिला होशियारपुर के गांव मुरादपुर नरियाल निवासी गुरबख्श सिंह का शव, जिनकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : मून लाइट स्टुडियो)

आतंकवादी गिरफ्तार: फगवाड़ा (राकेश): आज तड़के स्थानीय थाना सदर पुलिस व एस.आर.पी.एफ.की तरफ से संयुक्त नाकाबंदी के दौरान निकटवर्ती गांव कोट रानी के पास एक फ़िएट कार नं. पी.एन.ज़ैड. 159 में सवार 2 आतंकवादियों राजेन्द्र सिंह व गुरदेव सिंह निवासी गांव सलीमपुर थाना सदर जालन्धर को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से .32 बोर का विदेशी रिवाल्वर व 6 कारतूस तथा गुरदेव सिंह के कब्ज़े से .12 बोर का देसी रिवाल्वर व 3 कारतूस बरामद किए हैं । उल्लेखनीय है कि उनके पास से बरामद कार पी.एन.ज़ैड 159 पिछले महीने 22 सितम्बर को गांव मानांवाली में मोहिन्द्रपाल सिंह से छीनी गई थी।

ट्रक बरामद : संगरूर (गोयल): थाना मृतक की पुलिस ने गांव नीलोवाल के नछत्तर सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से .12 बोर की एक

(शेष पृष्ठ 14 पर)

कुल्लू का निर

कुल्लू (हि.प्र.), 19 अक्तूबर (वार्ता): देवताओं की धरती कुल्लू में लंकापति रावण का पुतला नहीं जलाया जाता है । अनैतिकता और अत्याचार के प्रतीक रावण पर रघुकुल तिलक श्री राम चंद्र की विजय की स्मृति में श्री राम की लीला तथा अनोखे ढंग से अभिनीत किए जाने के कारण ही कुल्लू के दशहरा ने देश भर में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है । रावण आदि के पुतलों को नहीं जलाया जाना ही कुल्लू दशहरा की एकमात्र विशेषता नहीं है । कुल्लू में श्री राम की विजय यात्रा अन्यत्र स्थानों के विपरीत विजय दशमी से आरम्भ होती है । छः दिन तक प्रातः पूजा-अर्चना और सायंकाल आरती होती है । ढालपुर के मैदान में लगे शिविरों में पूजा और आरती के समय शंख और ढोल-नगाड़े बजते हैं ।

सातवें दिन लंका दहन होता है जिसे दशहरे के लिए ब्यास नदी के किनारे की घास को आग लगाई जाती है । भैंसे आदि की बलि देकर रावण परिवार का वध दर्शाया जाता है और फिर सीता को साथ लेकर श्री राम तथा अन्य देवताओं के रथ लौट पड़ते हैं । कुल्लू दशहरे को मैसूर दशहरे के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त है ।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार विशाल रथ पर

Punjab Sanatan

के केंद्रीय कृषि वित्त निगम रत हटाने में सम्पूर्ण सहयोग और सहायता देगा। जिलाधीश ने बताया कि अब तक साढ़े 4 करोड़ रुपए सहायता के मिले हैं जिनमें एक करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं । उन्होंने बताया कि जिला में 70 लोग मरे हैं ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बन्दूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । थाना मालेरकोटला पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जिला गोंडा के अब्दल गौस को गिरफ्तार करके उससे एक ट्रक नम्बर डी.आई.सी. 3229 बरामद किया ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो ने इन दुर्घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की । महाराष्ट्र के राज्यपाल के. ब्रह्मानन्द रेड्डी और मुख्यमंत्री शरद पवार ने इन दुर्घटनाओं को बहुत दुखद बताया । श्री शरद पवार ने इस दुर्घटना की खबर एक राज्यस्तरीय बैठक में दी । बैठक में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया । जनमोर्चे के संयोजक रामधन ने इन दुर्घटनाओं की न्यायिक जांच कराने और प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस्तीफे की मांग की ।

इन्फ़ोर्समैंट डायरैक्टोरेट का सहायक निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर (टा.आ.इ.) : सी बी आई ने रात रात इन्फ़ोर्समैंट डायरैक्टोरेट

रुपया देने के बदले में उसका केस खत्म किया जा सकता है । सहायक निदेशक ने चरणबद्ध रूप से

अमृतसर में रामनवमी के अवसर पर राम, लक्ष्मण, सीता आदि की झांकियां निकाली गईं । इसी अवसर के दो दृश्य । (छाया : रवि भंडारी)

होशियारपुर के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी सुरेंद्रपाल का शव जिसकी विषाक्त शराब पीने से मृत्यु हो गई । (छाया : मून लाइट स्टुडियो)

Punjab Digital Library

सी.आर.पी. के वरिष्ठ अधिकारी उग्रवादियों के हमले से बाल-बाल बचे : लांस नायक घायल

अमृतसर के गांव कोट धर्म चंद में एक घंटा तक भिड़न्त, हमलावरों पर हथगोले फैंके गये

सरपंच सहित पंजाब में 5 लोगों की हत्या, स्वयंभू एरिया कमांडर काबू

चंडीगढ़, 20 अक्तूबर (वार्ता., हस.) : कल देर रात अमृतसर जिले के कोट धर्मचन्द गांव में उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की तीन जीपों पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें सी.आर.पी. के अतिरिक्त उप-महानिरीक्षक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी बाल-बाल बच गए । एक घंटे तक हुई भिड़ंत में एक लांस नायक घायल हो गया तथा कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए । पंजाब में अन्यत्र उग्रवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है ।

मेनन बाल-बाल बचे : अमृतसर (अशोक, ह.स.): अमृतसर जिले के तरनतारन उप-मंडल के कोट धर्म चंद गांव के पास कल रात आतंकवादियों ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ़.) के अतिरिक्त उप-महानिरीक्षक पी.के. मेनन और 48वीं बटालियन के कमांडैंट पर घात लगा कर हमला किया, परन्तु वे बाल-बाल बच गए । लेकिन भारी गोलीबारी में इस बल का एक लांसनायक घायल हो गया ।

अमृतसर से केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के नियंत्रण कक्ष के हवाले से मिली खबर के अनुसार आतंकवादियों की भारी गोलीबारी से उप-महानिरीक्षक श्री मेनन की कार सहित अनेक गाड़ियों को भारी नुक्सान पहुंचा । झब्बाल इलाके में कसेल स्थित एक चौकी के निरीक्षण से लौट रहे उपमहानिरीक्षक के दल पर आतंकवादियों ने झाड़ियों के पीछे से घात लगा कर हमला किया ।

इससे पहले तरनतारन इलाके के सरहाली थाने के तुड़ गांव में भी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक दल पर इसी तरह घात लगाकर हमला किया गया था जिसमें केंद्रीय रिज़र्व पुलिस का अधिकारी बक्शदेव सिंह घटनास्थल पर मारा गया और हवलदार रघुवीर सिंह सख्त घायल हो गया था ।

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के नियंत्रण कक्ष ने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक जीप पर लगी मशीनगन से तुरंत जवाबी गोली चलाई । करीब एक घंटे तक दोनों ओर से गोलीबारी के दौरान आतंकवादी उस समय भाग खड़े हुए, जब केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के जवानों ने पोज़ीशन लेकर आतंकवादियों पर हथगोले फैंके । आतंकवादी ए.के. 47 राइफल की गोलियों से भरी एक मैगज़ीन भी छोड़ कर भाग गए । श्री मेनन ने भागे हुए आतंकवादियों का पीछा किया और आज सवेरे तक पास के इलाकों में खोजबीन जारी रखी, परन्तु कुछ पता नहीं चला ।

इन आतंकवादियों की खोज के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने फिर से अभियान छेड़ दिया है । पुलिस अधिकारियों का ख्याल है कि घात लगाकर हमला करने की कार्रवाई बब्बर खालसा के आतंकवादियों ने की होगी। उनका यह भी ख्याल है कि हमला करने वाले दल में आठ से दस तक आतंकवादी होंगे । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल की जो भरी हुई मैगज़ीन मिली है, उस पर 'हरप्रीत बब्बर' लिखा है ।

किसान की हत्या : उग्रवादियों ने गत रात थाना झब्बाल के ही गांव ढोलां के एक किसान शिंगारा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया तथा अपराध करने के बाद पैदल ही फ़रार हो गए ।

4 उग्रवादी पकड़े गए : फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि फगवाड़ा पुलिस ने स्थानीय खलवाड़ा गेट में नाकाबंदी के दौरान चार उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से गहरे ब्राऊन रंग की मारुति कार नम्बर पी.के. के. 7535, एक 455 बोर का रिवाल्वर, एक डबल बैरल गन, एक 38 बोर का पिस्तौल व 21 कारतूस बरामद किए । उग्रवादियों ने यह कार कुछ दिन पहले छीनी थी । पुलिस के अनुसार चारों उग्रवादियों की शिनाख्त इस प्रकार की गई है: रूपिंदर सिंह उर्फ़ रूपीवासी, खलवाड़ा गेट फगवाड़ा, बलविन्द्र सिंह उर्फ़ बिन्दर वासी खलवाड़ा गेट फगवाड़ा, नरिन्दर सिंह वासी गांव खोतड़ा सोखा वासी गांव नौली । चारों उग्रवादियों को आज पुलिस ने स्थानीय न्यायिक अधिकारी के समक्ष पेश करके चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया है । 'वार्ता' ने खबर दी है कि 6 उग्रवादी पकड़े गए ।

एरिया कमांडर गिरफ्तार : कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार पुलिस ने 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' के एक उग्रवादी कमलजीत सिंह को गिरफ्तार किया तथा उससे एक हथगोला, एक .303 बोर की राइफल व 5 कारतूस बरामद किए । वह जिला में कई हत्याओं तथा डकैतियों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था ।

लुधियाना में एक आतंकवादी हरपाल सिंह तथा संगरूर में नछत्तर सिंह को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक पिस्तौल व एक बंदूक मिली ।

सरपंच की हत्या : खन्ना (पूर्ण) : गत रात यहां से 12 किलोमीटर दूर गांव अलूना मयाना के कांग्रेसी सरपंच की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । मृतक ज़ोहरा सिंह लुधियाना मिल्क प्लांट का डायरैक्टर भी था और उसकी आयु 42-43 वर्ष के करीब थी । वारदात के समय ज़ोहरा सिंह अपने ट्यूबवैल पर बैठा था । उग्रवादियों ने उस पर गोलियां चलाने के अलावा तेज़ धार हथियार से भी वार किए । उसे सी.एम.सी. अस्पताल ले जाया गया, जहां थोड़ी देर बाद उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने जांच आरम्भ कर दी है ।

शरीनवाला में हत्या : गत रात जिला फिरोज़पुर में गांव शरीनवाला में सरपंच जसवंत सिंह के परिवार के एक सदस्य केवल कृष्ण की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

बाप बेटे की हत्या : मुक्तसर से 'पाल' के अनुसार गत सायं यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव खामकोट में कुछ अज्ञात व्यक्ति महंगा सिंह व उसके लड़के कुलवंत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि दोनों बाप बेटा ट्रैक्टर पर सवार होकर मुक्तसर से गांव आ रहे थे । जब वे गांव के निकट पहुंचे तो कुछ लोगों ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे उनकी वहीं मृत्यु हो गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । यही भी पता चला है कि मृतकों के वारिसों ने गांव के ही दर्शन सिंह व गुरसेवक सिंह तथा उनके साथियों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है, जिसमें संदेह प्रकट किया गया है कि उक्त गोली कांड में इन व्यक्तियों का हाथ है । ज्ञात रहे कि 4 मास पहले गांव में दर्शन सिंह की पत्नी जसबीर कौर और बाप हरचंद सिंह की हत्या कर दी गई थी । उस समय महंगा सिंह तथा कुलवंत सिंह पर उनकी हत्या का संदेह प्रकट किया गया था परन्तु पुलिस की जांच के बाद यह आतंकवादी घटना साबित हुई थी । इस बार भी पुलिस को संदेह है कि यह वारदात आतंकवादी हिंसा की भी हो सकती है । अभियुक्तों की तलाश जारी है ।

उपकार क्लब आदर्श नगर जालन्धर की तरफ से विजयदशमी त्यौहार हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर मुख्यातिथि डी.आई.जी. (सी.आर.पी.) श्री एस.एस.विर्क, पी.ए.पी. के डी. आई.जी. श्री जी.आई.एस. भुल्लर तथा जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम ने 'रिमोट कंट्रोल' द्वारा रावण, मेघनाद तथा कुम्भकर्ण के पुतले जलाए । इसी अवसर पर (ऊपर) जलता हुआ एक पतला तथा (नीचे-दाएं से) श्री आलम, श्री भल्लर व श्री विर्क खड़े दिखाई दे रहे हैं ।

बम विस्फोट

जालन्धर, 20 अक्तूबर : बर्ल्टन पार्क में उस समय दशहरा देखने आए लोगों में आतंक पैदा हो गया जब पार्क की पिछली ओर गुलाब देवी अस्पताल वाली साइड में एक बम विस्फोट हुआ । सौभाग्य से कोई भी जख्मी नहीं हुआ ।

अमृतसर के देहात की जा रही हैं

अमृतसर, 20 अक्तूबर (नारंग): अमृतसर जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों में से आतंकवादियों द्वारा, दिन-दिहाड़े, अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बैठे, कार द्वारा सफर करते कई व्यापारियों के अपहरण के समाचारों की जानकारी मिली है, और यह जानकारी भाजपा के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने एक विशेष भेंट वार्ता में इस सम्वाददाता को दी । पिछले कई दिनों से डा. बलदेव प्रकाश के पास विभिन्न कस्बों से प्रतिष्ठित व्यापारी अपनी दुःख भरी रोंगटे खड़े कर देनी वाली

दशहरा हर्षोल्लास

चंडीगढ़, 20 अक्तूबर (वार्ता): पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ में आज विजयादशमी पर्व के अवसर पर लाखों लोगों ने दैत्यराज रावण, कुम्भ कर्ण और मेघनाद के पुतलों को बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक स्वरूप जलते देखा । पुतलों के जलने के बाद आकर्षक आतिशबाजी भी देखने को मिली । इसके साथ ही इलाके में चल रही राम लीलाओं का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हो गया ।

चंडीगढ़ में आकर्षण का मुख्य केंद्र सैक्टर 17 का परेड ग्राऊंड रहा, जहां हजारों लोगों ने पटाखों से भरे पुतले जोर के विस्फोट के साथ जलते देखे । इस अवसर पर की गई रंग बिरंगी आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया ।

सूर्यास्त के साथ ही राक्षसों के पुतलों में आग लगाई गई । भगवान राम के हाथों राक्षसों के मारे जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लाखों लोगों ने तालियां बजाईं ।

पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर इसी तरह विजयादशमी उल्लास पूर्वक मनाए जाने की सूचनाएं हैं । हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण पंजाब के कुछ हिस्सों में यह पर्व पहले जैसे उत्साह से नहीं मनाया जा सका । हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक सप्ताह का निराला दशहरा आज से शुरू हुआ । जहां भगवान रघुनाथ राम के रथ को खींच कर ढालपुर मैदान में लाया गया ।

जालन्धर, (दल्ल): विजय दशमी का पवित्र त्यौहार आज नगर में विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया । बर्ल्टन पार्क, देवी तालाब, प्रताप बाग व माडल टाऊन के मैदानों में मनाए गए दशहरा उत्सव में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया ।

जालंधर में आकर्षण का मुख्य केंद्र आदर्श नगर का दशहरा रहा, जहां रावण, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतलों को अग्नि रिमोट कंट्रोल से दी गई । उल्लेखनीय है कि भारतवर्ष में पुतलों को आग देने के लिए पहली बार रिमोट कंट्रोल का प्रयोग किया

Punjabi Sanath

दुर्दांत उग्रवादी 'मेला', 'जस्सा', मल्कीयत मुठभेड़ में मारे गए : सी. आर. पी. ने 2 अपहृत छुड़ाए

जालन्धर पुलिस ने उग्रवादियों, लुटेरों के दो गिरोहों का सफाया किया

पंजाब में 6 हत्याएं : सीमा पर मुठभेड़ में 5 मरे

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का दुर्दांत उग्रवादी हरमेल सिंह उर्फ मेला उर्फ रिबैरो,जसपाल सिंह जस्सा और मल्कीयत सिंह मारे गए जबकि उग्रवादियों ने 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किए गए । फिरोजपुर के गांव सैदांवाला में एक डाक्टर के लड़के का अपहरण कर लिया गया जबकि सी.आर.पी. ने अमृतसर में दो व्यक्तियों के अपहरण का उग्रवादियों का प्रयास विफल बना दिया । 5 पाक घुसपैठिये बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारे गए । जालंधर पुलिस ने उग्रवादियों तथा लुटेरों के दो गिरोहों का सफाया करने का दावा किया ।

'मेला' मारा गया : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर जिले में नकोदर पुलिस थाने के अन्तर्गत मुध गांव के निकट सुरक्षा सैनिकों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का कख्यात आतंकवादी हरमेल सिंह उर्फ़ मेला उर्फ़ रिबैरो मारा गया । इसके अलावा आतंकवादियों और लुटेरों के दो गुटों के आठ सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया । हरमेल सिंह उर्फ़ मेला उर्फ़ रिबैरो पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी. एस. गिल ने बताया कि 'मेला' पर लगभग दस हत्याएं करने का आरोप है । इनमें तीन होम गार्ड, मुध के सरपंच और नम्बरदार की हत्या भी शामिल है । उन्होंने बताया कि मेला भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के 11 सदस्यीय गिरोह का नेता था । मेला सहित इस गिरोह के दो सदस्य मारे जा चुके हैं और तीन सदस्य गिरफ्तार किए गए ।

श्री गिल ने बताया कि इस गिरोह का दूसरा सदस्य खीरांवाली गांव का निवासी भूरा एक मुठभेड़ में मारा गया था । उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पंजाब यात्रा की घोषणा कर रहे कार्यकर्त्ताओं की जीप पर भी हमला किया था । हमले में जीप में बैठा एक व्यक्ति मारा गया था, जबकि कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता गरदेव सिंह बच गए ।

गिरोह के तीन गिरफ्तार सदस्यों के नाम हैं:सत्तो उर्फ़ रत्तो, सुरजीत सिंह उर्फ़ सीता और बब्बी । इनमें से सीता को आलोवाल के सरपंच के घर से गिरफ्तार किया गया था, जबकि बब्बी को सेहम गांव के सरपंच तारा सिंह के घर से पकड़ा गया । दोनों सरपंचों को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने हरमेल सिंह के पास से .32 बोर का एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

पकड़े गए आतंकवादी गिरोह के सदस्यों में जालन्धर जिले में बंगा इलाके के कश्मीरा सिंह और डोगर सिंह तथा फगवाड़ा सदर पुलिस थाना इलाके के करम सिंह और गेहल सिंह शामिल हैं । इस गिरोह पर लगभग 13 आतंकवादी वारदातें करने का आरोप है । श्री गिल ने बताया कि इनमें से गेहल सिंह जे.सी.टी. मिल फगवाड़ा का कर्मचारी है । पुलिस ने इस गिरोह के कब्जे से पांच आग्नेयास्त्र और कुछ विस्फोटक बरामद किए हैं । खालिस्तान कमांडो फोर्स के इस गिरोह ने सरहाली काज़ियां गांव में एक बैंक के मैनेजर और खज़ांची की हत्या कर दी थी । इस गिरोह ने दरवेश गांव में मक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या की थी । इसके अलावा गिरोह ने जिले में कई डकैतियां भी डाली थीं ।

श्री गिल ने बताया कि एक अन्य गिरोह के पकड़े गए सदस्यों में जालन्धर-जिले में बंगा इलाके का रविन्दर सिंह तथा होशियारपुर जिले का बलविन्दर सिंह, परगन सिंह और बलबीर सिंह शामिल हैं । इस गिरोह पर जालन्धर जिले में चार डाके डालने का आरोप है । डकैती की एक घटना में इस गिरोह ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी ।

श्री गिल ने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के स्वयंभू नेता अतिन्दर पाल सिंह से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आतंकवादियों से हमदर्दी रखने वाले कई व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से चार व्यक्ति बम्बई में पकड़े गए । अतिन्दर पाल की सूचना के आधार पर पुलिस ने अमृतसर और मजीठा इलाके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री तथा हथियार बरामद किए हैं । अतिन्दर पाल को कुछ समय पहले पटियाला जिले में गिरफ्तार किया गया था ।

विस्फोट नहीं : जालन्धर के पुलिस प्रमुख महम्मद इज़हार आलम ने इस खबर का खंडन किया कि कल बल्टन पार्क में दशहरा उत्सव के दौरान कोई बम विस्फोट हुआ ।

कमांडैंट का लड़का घायल : कल रात जालन्धर के रेलवे क्वार्टरों में पांच व्यक्तियों द्वारा

जिला जालंधर थाना नकोदर के गांव मुधा में पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया आतंकवादी हरमेल सिंह उर्फ मेला का शव । (छाया : दीप)

गोली चलाए जाने से फिरोजपुर में तैनात आर.पी.एफ. के एक सहायक कमांडैंट निरंजन सिंह का लड़का जसपाल सिंह घायल हो गया । उसकी जांघ में गोली लगी । पुलिस ने बताया कि हमलावर शाम 7.30 बजे के लगभग कमांडैंट के घर पर आए जबकि जसपाल सिंह टैलीविज़न देख रहा था । जसपाल सिंह की हालत खतरे से बाहर बताई गई है । पुलिस ने बताया कि गोलियों की आवाज़ सुन कर आर.पी.एफ. के जवान तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे तथा 5 में से 4 हमलावरों को काबू कर लिया । उनके नाम परमजीत सिंह और परविंदर सिंह (अकाली दल (ल) के सलाहकार कुलदीप सिंह भाटिया के लड़के) तथा उनके सम्बन्धी सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया व अरविंदर सिंह हैं ।

फगवाड़ा (राकेश) : स्थानीय सदर पुलिस ने हदियाबाद के एक उग्रवादी सतिन्द्र सिंह उर्फ़ बिल्ला की गिरफ्तार किया है,जबकि उसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

'मिशन' पर जाते हुए गिरफ्तार : नवांशहर से 'शर्मा' के अनुसार पुलिस के साथ भिड़त के बाद ख्याला गांव के अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । वे एक स्कूटर पर किसी 'मिशन' पर जा रहे थे । उनसे एक पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद किए गए । एक अन्य मुठभेड़ में गांव हेबोवाल के निकट तीन स्कूटर सवार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । उनसे एक पिस्तौल, एक बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

लड़के का अपहरण : फिरोज़पुर (धीमान): फिरोज़पुर सदर थाने के सैदांवाला गांव के डा. रामप्रकाश के पुत्र लवदीप का बुधवार को तीन आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि अपहरण बाजिदपुर गांव के पास से किया गया जबकि लड़का स्कूटर पर अपनी बहन के साथ जा रहा था ।

पाबंदियां : संगरूर (गोयल): जिलाधीश संगरूर श्री गुरदेव सिंह बराड़ ने सायं सात बजे से प्रातः 5.30 बजे के बीच बसें चलाने, सिनेमा के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

बैंगल, पुजारी, मुंशी, पटेल के प्रदेश इंका अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े मंज़ूर

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने पार्टी संगठन में व्यापक फेरबदल के पहले कदम के रूप में आज पार्टी की चार प्रदेश इकाइयों के अध्यक्षों के त्यागपत्र स्वीकार कर लिए । इनमें से तीन प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य थे । जिन राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के इस्तीफ़े मंज़ूर किए गए हैं,उनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल शामिल हैं ।

पार्टी महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने आज यहां एक प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि गुजरात के अध्यक्ष अहमद पटेल का इस्तीफ़ा स्वीकार करते हुए श्री गांधी ने राज्य के भूतपूर्व गृहमंत्री प्रबोध रावल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है ।

उन्होंने बताया कि अन्य तीन राज्यों में भी नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति 'एक-दो दिन में' कर दी जाएगी । प्रैस कांफ्रैंस में दो अन्य महासचिव आस्कर फर्नांडीज़ और जगन्नाथ पहाड़िया भी उपस्थित थे ।

आज जिन मंत्रियों के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े स्वीकार किए गए,उनके नाम हैं- सर्वश्री बेंगल राव (आंध्र), प्रियरंजन दास मुंशी (पश्चिम बंगाल) और जनार्दन पुजारी (कर्नाटक) । श्री आजाद ने बताया कि यह कदम इस वर्ष के प्रारंभ में कांग्रेस (इ) कार्यसमिति की बैठक में लिए गए 'एक व्यक्ति एक पद' के निर्णय के अनुरूप उठाया गया है । उन्होंने बताया कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष को पूर्णकालिक पद बनाने का फैसला इसलिए किया गया था कि वे पूरा ध्यान संगठन पर दे सकें ।

प्रधानमंत्री की चीन यात्रा पांच दिवसीय होगी

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (इम्फा): आधिकारिक सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आगामी दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की प्रस्तावित चीन यात्रा सम्भवतः पांच दिन की होगी । विदेश सचिव श्री के.पी.एस. मैनन के नेतृत्व वाले एक उच्चस्तरीय दल ने बीजिंग में प्रधानमंत्री की चीन यात्रा के अस्थाई कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया । कूटनयिक माध्यमों से इसे अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया जा सका है ।

अमिता मोदी की पुनर्विचार याचिका खारिज

लखनऊ, 21 अक्तूबर (वार्ता): अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री आर एन. तिवारी ने आज यहां बैडमिंटन चैम्पियन सैयद मोदी की विधवा अमिता मोदी की पुनर्विचार याचिका नामंजूर कर दी जिसमें श्रीमती मोदी ने अदालत द्वारा उनके विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी ।

श्री तिवारी ने इस पुनर्विचार याचिका पर गत मंगलवार को हुई बहस के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रखा था । इससे पहले भी श्रीमती मोदी की एक अन्य पुनर्विचार याचिका नामंजूर की जा चुकी है ।

उत्तर रेलवे की कई ट्रेनें मध्य तूफ़ान एक्सप्रैस

अमृतसर, 21 अक्तूबर (अशोक): उत्तर रेलवे द्वारा बाढ़ से क्षतिग्रस्त रेल लाइनों की मुरम्मत का कार्य तीव्र गति से जारी है । इस बीच आज यहां रेल अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर से चलने वाली हावड़ा मेल संशोधित समय के अनुसार सायं 5.30 बजे यहां से चला करेगी ।

Punjabi Sahatab

दुर्दांत उग्रवादी 'मेला', 'जस्सा', मल्कीयत मुठभेड़ में मारे गए : सी. आर. पी. ने 2 अपहृत छुड़ाए

जालन्धर पुलिस ने उग्रवादियों, लुटेरों के दो गिरोहों का सफाया किया

पंजाब में 6 हत्याएं : सीमा पर मुठभेड़ में 5 मरे

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का दुर्दांत उग्रवादी हरमेल सिंह उर्फ मेला उर्फ रिबैरो,जसपाल सिंह जस्सा और मल्कीयत सिंह मारे गए जबकि उग्रवादियों ने 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किए गए । फिरोजपुर के गांव सैदांवाला में एक डाक्टर के लड़के का अपहरण कर लिया गया जबकि सी.आर.पी. ने अमृतसर में दो व्यक्तियों के अपहरण का उग्रवादियों का प्रयास विफल बना दिया । 5 पाक घुसपैठिये बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारे गए । जालंधर पुलिस ने उग्रवादियों तथा लुटेरों के दो गिरोहों का सफाया करने का दावा किया ।

'मेला' मारा गया : जालन्धर (ह.स.): जालन्धर जिले में नकोदर पुलिस थाने के अन्तर्गत मधु गांव के निकट सुरक्षा सैनिकों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स का कुख्यात आतंकवादी हरमेल सिंह उर्फ़ मेला उर्फ़ रिबैरो मारा गया । इसके अलावा आतंकवादियों और लुटेरों के दो गुटों के आठ सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया । हरमेल सिंह उर्फ़ मेला उर्फ़ रिबैरो पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी. एस. गिल ने बताया कि 'मेला' पर लगभग दस हत्याएं करने का आरोप है । इनमें तीन होम गार्ड, मधु के सरपंच और नम्बरदार की हत्या भी शामिल है । उन्होंने बताया कि मेला भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के 11 सदस्यीय गिरोह का नेता था । मेला सहित इस गिरोह के दो सदस्य मारे जा चुके हैं और तीन सदस्य गिरफ्तार किए गए ।

श्री गिल ने बताया कि इस गिरोह का दूसरा सदस्य खीरांवाली गांव का निवासी भूरा एक मुठभेड़ में मारा गया था । उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पंजाब यात्रा की घोषणा कर रहे कार्यकर्त्ताओं की जीप पर भी हमला किया था । हमले में जीप में बैठा एक व्यक्ति मारा गया था, जबकि कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता गुरदेव सिंह बच गए ।

गिरोह के तीन गिरफ्तार सदस्यों के नाम हैं:सत्तो उर्फ़ रत्तो, सुरजीत सिंह उर्फ़ सीता और बब्बी । इनमें से सीता को आलोवाल के सरपंच के घर से गिरफ्तार किया गया था, जबकि बब्बी को सेहम गांव के सरपंच तारा सिंह के घर से पकड़ा गया । दोनों सरपंचों को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने हरमेल सिंह के पास से .32 बोर का एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

पकड़े गए आतंकवादी गिरोह के सदस्यों में जालन्धर जिले में बंगा इलाके के कश्मीरा सिंह और डोगर सिंह तथा फगवाड़ा सदर पुलिस थाना इलाके के करम सिंह और गेहल सिंह शामिल हैं । इस गिरोह पर लगभग 13 आतंकवादी वारदातें करने का आरोप है । श्री गिल ने बताया कि इनमें से गेहल सिंह जे.सी.टी. मिल फगवाड़ा का कर्मचारी है । पुलिस ने इस गिरोह के कब्जे से पांच आग्नेयास्त्र और कुछ विस्फोटक बरामद किए हैं । खालिस्तान कमांडो फोर्स के इस गिरोह ने सरहाली काज़ियां गांव में एक बैंक के मैनेजर और खज़ांची की हत्या कर दी थी । इस गिरोह ने दरवेश गांव में मक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या की थी । इसके अलावा गिरोह ने जिले में कई डकैतियां भी डाली थीं ।

श्री गिल ने बताया कि एक अन्य गिरोह के पकड़े गए सदस्यों में जालन्धर-जिले में बंगा इलाके का रविन्दर सिंह तथा होशियारपुर जिले का बलविन्दर सिंह, परगन सिंह और बलबीर सिंह शामिल हैं । इस गिरोह पर जालन्धर जिले में चार डाके डालने का आरोप है । डकैती की एक घटना में इस गिरोह ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी ।

श्री गिल ने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के स्वयंभू नेता अतिन्दर पाल सिंह से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आतंकवादियों से हमदर्दी रखने वाले कई व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से चार व्यक्ति बम्बई में पकड़े गए । अतिन्दर पाल की सूचना के आधार पर पुलिस ने अमृतसर और मजीठा इलाके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री तथा हथियार बरामद किए हैं । अतिन्दर पाल को कुछ समय पहले पटियाला जिले में गिरफ्तार किया गया था ।

विस्फोट नहीं : जालन्धर के पुलिस प्रमुख मुहम्मद इज़हार आलम ने इस खबर का खंडन किया कि कल बल्टन पार्क में दशहरा उत्सव के दौरान कोई बम विस्फोट हुआ ।

कमांडेंट का लड़का घायल : कल रात जालन्धर के रेलवे क्वार्टरों में पांच व्यक्तियों द्वारा

जिला जालंधर थाना नकोदर के गांव मधु में पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया आतंकवादी हरमेल सिंह उर्फ मेला का शव (छाया : दीप)

गोली चलाए जाने से फिरोज़पुर में तैनात आर.पी.एफ. के एक सहायक कमांडेंट निरंजन सिंह का लड़का जसपाल सिंह घायल हो गया । उसकी जांघ में गोली लगी । पुलिस ने बताया कि हमलावर शाम 7.30 बजे के लगभग कमांडेंट के घर पर आए जबकि जसपाल सिंह टैलीविज़न देख रहा था । जसपाल सिंह की हालत खतरे से बाहर बताई गई है । पुलिस ने बताया कि गोलियों की आवाज़ सुन कर आर.पी.एफ. के जवान तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे तथा 5 में से 4 हमलावरों को काबू कर लिया । उनके नाम परमजीत सिंह और परविंदर सिंह (अकाली दल (ल) के सलाहकार कुलदीप सिंह भाटिया के लड़के) तथा उनके सम्बन्धी सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया व अरविंदर सिंह हैं ।

फगवाड़ा (राकेश) : स्थानीय सदर पुलिस ने हदियाबाद के एक उग्रवादी सतिन्द्र सिंह उर्फ़ बिल्ला की गिरफ्तार किया है,जबकि उसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

'मिशन' पर जाते हुए गिरफ्तार : नवांशहर से 'शर्मा' के अनुसार पुलिस के साथ भिड़ंत के बाद ख्याला गांव के अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । वे एक स्कूटर पर किसी 'मिशन' पर जा रहे थे । उनसे एक पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद किए गए । एक अन्य मुठभेड़ में गांव हैबोवाल के निकट तीन स्कूटर सवार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । उनसे एक पिस्तौल, एक बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

लड़के का अपहरण : फिरोज़पुर (धीमान): फिरोज़पुर सदर थाने के सैदांवाला गांव के डा. रामप्रकाश के पुत्र लवदीप का बुधवार को तीन आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि अपहरण बाजिदपुर गांव के पास से किया गया जबकि लड़का स्कूटर पर अपनी बहन के साथ जा रहा था ।

पाबंदियां : संगरूर (गोयल): जिलाधीश संगरूर श्री गुरदेव सिंह बराड़ ने सायं सात बजे से प्रातः 5.30 बजे के बीच बसें चलाने, सिनेमा के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

बैंगल, पुजारी, मुंशी, पटेल के प्रदेश इंका अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े मंज़ूर

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने पार्टी संगठन में व्यापक फेरबदल के पहले कदम के रूप में आज पार्टी की चार प्रदेश इकाइयों के अध्यक्षों के त्यागपत्र स्वीकार कर लिए । इनमें से तीन प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य थे । जिन राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के इस्तीफ़े मंज़ूर किए गए हैं,उनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल शामिल हैं ।

पार्टी महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने आज यहां एक प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि गुजरात के अध्यक्ष अहमद पटेल का इस्तीफ़ा स्वीकार करते हुए श्री गांधी ने राज्य के भूतपूर्व गृहमंत्री प्रबोध रावल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है ।

उन्होंने बताया कि अन्य तीन राज्यों में भी नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति 'एक-दो दिन में' कर दी जाएगी । प्रैस कांफ्रैंस में दो अन्य महासचिव आस्कर फर्नांडीज़ और जगन्नाथ पहाड़िया भी उपस्थित थे ।

आज जिन मंत्रियों के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े स्वीकार किए गए,उनके नाम हैं- सर्वश्री बंगल राव (आंध्र), प्रियरंजन दास मुंशी (पश्चिम बंगाल) और जनार्दन पुजारी (कर्नाटक) । श्री आज़ाद ने बताया कि यह कदम इस वर्ष के प्रारंभ में कांग्रेस (इ) कार्यसमिति की बैठक में लिए गए 'एक व्यक्ति एक पद' के निर्णय के अनुरूप उठाया गया है । उन्होंने बताया कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष को पूर्णकालिक पद बनाने का फैसला इसलिए किया गया था कि वे पूरा ध्यान संगठन पर दे सकें ।

अमिता मोदी की पुनर्विचार याचिका खारिज

लखनऊ, 21 अक्तूबर (वार्ता): अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री आर एन. तिवारी ने आज यहां बैडमिंटन चैम्पियन सैयद मोदी की विधवा अमिता मोदी की पुनर्विचार याचिका नामंजूर कर दी जिसमें श्रीमती मोदी ने अदालत द्वारा उनके विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी ।

श्री तिवारी ने इस पुनर्विचार याचिका पर गत मंगलवार को हुई बहस के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रखा था । इससे पहले भी श्रीमती मोदी की एक अन्य पुनर्विचार याचिका नामंजूर की जा चुकी है ।

प्रधानमंत्री की चीन यात्रा पांच दिवसीय होगी

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (इम्फा): आधिकारिक सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आगामी दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की प्रस्तावित चीन यात्रा सम्भवतः पांच दिन की होगी । विदेश सचिव श्री के.पी.एस. मैनन के नेतृत्व वाले एक उच्चस्तरीय दल ने बीजिंग में प्रधानमंत्री की चीन यात्रा के अस्थाई कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया । कूटनयिक माध्यमों से इसे अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया जा सका है ।

उत्तर रेलवे की कई ट्रेनें मध्य तूफ़ान एक्सप्रैस

अमृतसर, 21 अक्तूबर (अशोक): उत्तर रेलवे द्वारा बाढ़ से क्षतिग्रस्त रेल लाइनों की मुरम्मत का कार्य तीव्र गति से जारी है । इस बीच आज यहां रेल अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर से चलने वाली हावड़ा मेल संशोधित समय के अनुसार सायं 5.30 बजे यहां से चला करेगी ।

Punjab Sanatan

मेला मारा गया

(पृष्ठ 1 का शेष)

रात्रि शो दिखाने, सार्वजनिक स्थानों पर घातक हथियार लेकर चलने, सायं 7.30 बजे के बाद दुकानें खोलने तथा 5 या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर 15 दिसम्बर तक पाबंदी लगा दी है ।

स्वर्ण सिंह गिरफ्तार : भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा पुलिस ने एक उग्रवादी स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कि मारे जा चुके उग्रवादी बलजीत सिंह बाघा के गिरोह का सदस्य है । उससे एक चीनी असाल्ट राइफल, एक 12 बोर की बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार : फिरोज़पुर (कन्तोड़): जिला पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से सम्बन्धित हैं और एक मुठभेड़ में मारे जा चुके कट्टर उग्रवादी सुरेन्द्र सिंह छिंदा के निकट साथी रहे हैं । अन्य तीन व्यक्तियों को उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । ब्यौरा देते हुए एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान बलविंदर सिंह पुत्र मेजर सिंह गांव दारापुर जिला फरीदकोट, गुरदेव सिंह उर्फ़ देबा गांव तलवंडी भाई तथा गुरबख्श सिंह को पकड़ा । उनसे कुछ हथियार व गोली-सिक्का पकड़ा गया, जिसमें एक विदेशी पिस्तौल भी शामिल है । पुलिस चीफ ने बताया कि यह उग्रवादी बैंक डकैती की योजना बना रहे थे । उनसे एक फ़िएट कार पी.यू.एच. 5313 भी बरामद हुई । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बलविंदर सिंह ने स्वीकार किया कि उसने छिंदा के साथ मिलकर पांच हत्याओं में हिस्सा लिया । इनमें ए.एस.आई. गुरचरण सिंह की हत्या भी शामिल है । तीन अन्य लोग जो पकड़े गए हैं, उनके नाम गुरदीप सिंह, तीर्थ सिंह तथा रणजीत सिंह उर्फ़ तोती शामिल हैं ।

घुसपैठिया मरा : फाज़िल्का (नागपाल): गत रात यहां से लगभग 8 किलो मीटर दूर गांव खानपुर चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया, जबकि दूसरा वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग जाने में सफल हो गया ।

अमृतसर जिला में हत्याएं : अमृतसर (ह.स.): गत रात उग्रवादियों ने थाना मेहता के तरसिक्का गांव में बाड़ा सिंह के घर पर धावा बोला और उसके लड़के जोगेन्द्र सिंह को घसीट कर बाहर ले जाकर निकट से गोली मार दी । वह वहीं दम तोड़ गया । बोलेवाल गांव के उत्तम सिंह की भी हत्या कर दी गई, जो कि जोगेन्द्र सिंह से मिलने आया हुआ था । वारदात के स्थान पर चीनी असाल्ट राइफल के एक दर्जन चले हुए कारतूस बरामद हुए । चीनी असाल्ट राइफलों से लैस आध दर्जन उग्रवादियों ने थाना लोपोके (अमृतसर) के गांव चविंडा कलां में जसवन्त राय की हत्या कर दी ।

लोहगढ़ गांव में उग्रवादियों ने बलदेव सिंह के घर पर धावा बोल कर उसकी हत्या कर दी । भिंडरांवाला टाइगर फोर्स ने इसकी जिम्मेदारी ली है ।

ट्रक ड्राइवर घायल : एक अन्य वारदात में थाना जंडियाला के अन्तर्गत ठट्ठी खेड़ा गांव में उग्रवादियों ने एक ट्रक ड्राइवर को गोली मारकर घायल कर दिया, जब उसने उसका ट्रक छीनने की कोशिश का प्रतिरोध किया । उसे गम्भीर रूप से घायल हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

लूट लिया : उग्रवादियों ने कल रात अमृतसर सदर थाने के अन्तर्गत गांव गुमटला के पी.एस. राणा के घर से 500 रुपए नकद और 10 हजार रुपए मूल्य के सोने के ज़ेवरात लूट लिए । उग्रवादी राणा की राइफल भी ले गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : गत रात अमृतसर शहर में रणजीत एवेन्यू के निकट सी.आर.पी. ने दो अज्ञात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पहले इन उग्रवादियों ने रणजीत एवेन्यू के दो निवासियों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया । घटना की प्रत्यक्षदर्शी एक स्त्री ने तुरन्त सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी को सूचित किया । सी.आर.पी. ने उनका पीछा करके थोड़ी दूर पर ही उनको जा दबोचा । उनसे दो पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले ।

सीमा सुरक्षा बल द्वारा कल रात भारत-पाक सीमा पर लोपोके थाना क्षेत्र में रामकोट पुलिस चौकी के पास चार घुसपैठिये मार गिराए गए । पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल के जवानों ने इन घुसपैठियों को उस समय मार गिराया, जब वे भारत की सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे थे । पुलिस के अनुसार चेतावनी दिए जाने के बावजूद इन घुसपैठियों ने आत्म समर्पण नहीं किया, इस पर सुरक्षा बल के जवानों ने गोलियां चलाईं जिससे वे घटनास्थल पर ही मारे गए ।

'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने बताया कि छः व्यक्तियों ने पिल्लर नम्बर 9528 के निकट सीमा पार करके पाकिस्तान में घुसने की कोशिश की । सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा चुनौती दिए जाने पर उन्होंने फायरिंग की । सुरक्षा बल की 74वीं बटालियन के जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर उनमें से चार मारे गए जबकि दो पाकिस्तानी क्षेत्र में घुस जाने में सफल हो गए । मारे गए चार व्यक्तियों की पहचान नहीं हो सकी ।

लाश मिली : रैय्या से जसपाल के अनुसार नहर के पास वृक्षों के झुंड में से एक व्यक्ति की लाश मिली है । उसकी पहचान करतार सिंह के रूप में हुई है । वह गांवों में फेरी लगाकर कपड़ा बेचा करता था । उसकी मृत्यु गला घोंटने से हुई लगती है ।

मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए : जिला अमृतसर के मजीठा क्षेत्र में आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में 'बी' श्रेणी का उग्रवादी जसपाल सिंह जस्सा और उसका साथी मल्कीयत सिंह मारे गए । बताया गया है कि जस्सा पंजाब पुलिस का एक मुअत्तिल कांस्टेबल है और उसके सिर पर तीस हजार रुपए का ईनाम था । मुठभेड़ कोटला सुल्तान सिंह-जालापुर गांव के पुल पर हुई । इन अभियुक्तों का तीसरा साथी भाग निकलने में सफल रहा । गत रात्रि उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला किया था, उसके दृष्टिगत आज रात्रि यह मुकाबला हुआ ।

दुकानदार की हत्या : एक अन्य घटना में उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के थाना झब्बाल के गांव गग्गू बुआ में एक दुकानदार सुरेंद्र कुमार की हत्या कर दी ।

सुरेन्द्र कुमार की तीन उग्रवादियों ने उस समय हत्या की, जब वह गांव के बस स्टैंड पर स्थित अपनी मनिआरी की दुकान बंद कर रहा था । उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । उग्रवादी वारदात के बाद वहां छिप गए और उन्होंने पुलिस की प्रतीक्षा की । जब पुलिस पार्टी वहां मामले की जांच करने के लिए पहुंची तो उग्रवादियों ने गोलियों की भारी बौछाड़ शुरू कर दी, लेकिन उग्रवादी सुरेन्द्र कुमार का शव छोड़ कर संक्षिप्त मुकाबले के बाद पैदल ही भाग निकले ।

बताया गया है कि इन अभियुक्तों का मुकाबला एस.एच.ओ. मजीठा के नेतृत्व में गश्त कर रही पुलिस पार्टी के साथ हुआ । मारे गए उग्रवादियों के भाग निकले तीसरे साथी का पीछा किया जा रहा है । मृत उग्रवादियों के कब्ज़े से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो हथगोले और एक स्कूटर बरामद किया गया है । मलकीयत सिंह ने हथगोले पकड़े हुए थे । वह मुकाबले में गम्भीर रूप से घायल हुआ था, लेकिन अस्पताल ले जाए जाने से पूर्व ही उसकी मृत्यु हो गई । जस्सा हाल ही में मजीठा के निकट दो होमगार्ड कर्मियों की हत्या करने सहित कई अन्य हत्याओं और डकैती की घटनाओं में संलिप्त था ।

14 उग्रवादी गिरफ्तार : हैबोवाल पुलिस ने मुकाबले के बाद 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्ज़े से एक पिस्तौल, एक बन्दूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

दो शरणदाता गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां पुलिस ने गांव टपई के दो संदिग्ध लोगों बच्चन सिंह व काबुल सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । यह जानकारी पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों द्वारा आज पत्रकारों को दी गई ।

केहर को क्षमादान न दिया जाए

(पृष्ठ 1 का शेष)

सिंह ने राष्ट्रपति के यहां 14 अक्तूबर को क्षमादान याचिका दायर की है । उन्होंने याचिका में कहा है कि उनके पिता को फांसी पर लटकाने से किसी प्रकार का जनहित नहीं होगा । उन्होंने तर्क दिया है कि उनके पिता के मामले में न्यायिक गलतियां हुई हैं । केहर सिंह को श्रीमती गांधी की हत्या की साजिश के जुर्म में मौत की सजा सुनाई गई है ।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.सी. जैन ने केहर और सतवंत सिंह को फांसी देने के लिए 12 अक्तूबर को आवश्यक वारंट मिले थे । इसके दो दिन बाद ही राजिन्दर सिंह ने क्षमादान याचिका दायर की ।

उच्चतम न्यायालय में 11 अक्तूबर को केहर सिंह की रिट याचिका दायर होने के बाद तिहाड़ जेल के अधीक्षक ने सतवंत सिंह और केहर सिंह को फांसी देने के लिए आवश्यक वारंट जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था ।

श्री जैन ने दोनों मुजरिमों के लिए अलग-अलग वारंट जारी किए हैं । उन्होंने स्वयं दोनों वारंटों पर एक ही समय और तारीख लिखी है, परन्तु फांसी देने के समय और तारीख को सुरक्षा कारणों से गोपनीय रखा गया । तिहाड़ जेल में एक साथ तीन मुजरिमों को फांसी पर लटकाने की व्यवस्था है । इसीलिए सतवंत और केहर सिंह को फांसी देने के लिए जारी किए गए वारंट पर एक ही तारीख और समय अंकित है ।

पंजाब जेल नियमावली के मुताबिक राष्ट्रपति के यहां क्षमादान याचिका दायर होते ही फांसी के आदेश पर रोक लग जाती है । यदि इसके अलावा किन्हीं अन्य कारणों से मुजरिम को निर्धारित दिन और समय पर फांसी न दी जा सके तो जेल अधीक्षक को वारंट की मूल प्रति सत्र अदालत को वापस करके नया वारंट प्राप्त करना होता है ।

इंका नेता श्री बलवंत सिंह जिनकी गत दिवस उग्रवादियों ने बंगा के निकट हत्या कर दी थी ।

फाजिल्का सैक्टर में गत दिवस सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गए घुसपैठिए का शव । (छाया : शर्मा)

उग्रवादी हिंसा से राजनैतिक लाभ उठाने वाले दलों के कारण ही शांति नहीं हो रही : उमरानंगल

अमृतसर, 21 अक्तूबर (वा.): वयोवृद्ध अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने उन 'कतिपय' राजनीतिक दलों की कटु आलोचना की है जो कि उग्रवादियों द्वारा किए गए रक्तपात का अपने 'राजनीतिक लाभ' के लिए फायदा उठाना चाहते हैं ।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि जिसकी वजह से इस आतंक पीड़ित राज्य पंजाब तथा देश के अन्य कुछ भागों में स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है ।'

आज यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि पंजाब के बाहर निर्दोष सिखों की हत्याएं उग्रवादियों द्वारा धर्म के नाम पर की जा रही लोगों की जघन्य हत्याओं का उत्तर कदापि नहीं हो सकता है । उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से उन राष्ट्र विरोधी तत्वों को ही सहायता मिलेगी जो कि देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं ।

श्री उमरानंगल ने कहा कि जो लोग पंजाब को उग्रवादी हिंसा से मुक्त करवाना चाहते हैं वे इन हत्यारों जिन्होंने कि बंदूक की नोंक पर सारे प्रदेश में आतंक फैला रखा है, का सामना करने के लिए साहस पूर्वक सामने आएं ।

पुष्पक विमान में खराबी

बैंगलूर, 21 अक्तूबर : मैसूर हवाई अड्डे पर एक पुष्पक विमान को उसके पहिए में खराबी आ जाने के कारण बुधवार को मजबूरन उतरना पड़ा ।

कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक ए. जिनामुद्दीन ने बताया कि दो सीटों वाला यह विमान मैसूर उड्डयन क्लब का है । यह अपनी नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था । पायलट ने सावधानी से विमान को हवाई अड्डे पर उतार लिया और बाद में उसकी मुरम्मत की गई ।

यौन तुष्टि न होने पर दूसरी शादी की अनुमति

धर्मशाला, 21 अक्तूबर (अशोक): जिला कांगड़ा के जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री मनोज कुमार बांसल ने एक महत्वपूर्ण मुकद्दमे में गांव नियांगल (नूरपुर) के एक व्यक्ति सुरजीत सिंह को अपनी कमजोर व बीमार पत्नी से यौन तुष्टि न होने पर दूसरी शादी की अनुमति दी है । योग्य न्यायाधीश ने अपने फैसले में लिखा है कि सुरजीत सिंह की यह पत्नी श्रीमती संतोष कुमारी उर्फ अनिता उसकी कानूनी पत्नी रहेंगी और वह उसे व उसकी एक लड़की को आजीवन कपड़े, खाने-पीने व रहने व जीवन की अन्य सुविधाएं देगा और लड़की की शादी के लिए उत्तरदायी होगा । इन दोनों का विवाह 14.4.86 को हुआ था और 9.2.87 को इनके यहां एक बड़े आप्रेशन द्वारा लड़की ने जन्म लिया था । तभी से उसकी पत्नी बीमार रहने लगी ।

जयपुरी
BED COVERS & C
स्थान : सग
घुमार मंडी रोड, नियर फ
Sunday

उग्रवादियों द्वारा 12 हरिजनों, थानेदार, रोडवेज कर्मी नेता, अध्यापक की हत्या

दो दर्जन से अधिक आतंकवादी गिरफ्तार, भारी परिमाण में हथियार, गोली सिक्का मिला

स्वयंभू एरिया कमांडर व 2 अन्य मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वार्ता, हस.) : उग्रवादियों ने पंजाब में पुनः अपनी गतिविधियां तेज करते हुए 12 हरिजनों सहित 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 3 कट्टर उग्रवादी मुठभेड़ों में मारे गए । दो दर्जन से अधिक उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार किए गए तथा भारी परिमाण में हथियार व विस्फोटक सामग्री पकड़ी गई । थाना मेहता क्षेत्र में लोगों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला । उग्रवादियों द्वारा मारे गए निर्दोषों में एक रोडवेज कर्मी नेता, एक अध्यापक तथा एक थानेदार भी शामिल है ।

उग्रवादी मारे गए : अमृतसर (वि.प्र.): नवनियुक्त आई.जी. बार्डर श्री सी. पाल सिंह ने आज प्रातः पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत रात पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र में दो स्थानों पर पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ों में चार खतरनाक उग्रवादी मारे गए हैं तथा 15 उग्रवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए हैं । इनसे भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का मिला । मारे गए उग्रवादियों में खतरनाक उग्रवादी जसपाल सिंह उर्फ़ जस्सा उर्फ़ रिबैरो,भूतपूर्व कांस्टेबल भी शामिल है ।

इस पत्रकार सम्मेलन में अमृतसर के एस.एस.पी श्री सुरेश अरोड़ा, पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता और पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री मान भी मौजूद थे । इन मुठभेड़ों का विवरण देते हुए श्री पाल ने बताया कि कल मजीठा के क्षेत्र में गांव नागकलां से दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति नानक सिंह से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया तथा फ़रार हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र में सभी थानों और निकटवर्ती पुलिस जिलों बटाला, तरनतारन व अमृतसर के क्षेत्रों में रैड अलर्ट की घोषणा करते हुए नाकाबंदियां की गईं अतः गत रात नौ बजे के लगभग पुलिस पार्टी ने जबकि वह गांव जलालपुरा के निकट गश्त पर थी, तीन उग्रवादियों को एक स्कूटर पर जाते देखा । उनको रुकने के लिए कहा गया तो उग्रवादियों ने पुलिस की ओर फ़ायर किए । पुलिस ने भी जवाब में फ़ायरिंग की और दोनों ओर से आध घंटे तक गोलियां चलती रहीं, जिसके परिणामस्वरूप एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसका एक साथी सख्त ज़ख्मी हो गया, जो कि बाद में दम तोड़ गया । उनका तीसरा साथी अंधेरे में फ़रार हो गया । मौके पर एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो हथगोले, ए.के. 47 के दो मैगज़ीन, 59 चले हुए कारतूस, 30 अनचले कारतूस तथा छीना हुआ स्कूटर मिला है । इन दोनों उग्रवादियों के सिर पर 30-30 हजार रुपए का इनाम रखा गया था ।

आई.जी. ने बताया कि दो उग्रवादी मजीठा के क्षेत्र में गांव मज्जूपुरा ड्रेन के पुल के निकट रात के समय मारे गए जहां मजीठा पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी । दोनों स्कूटर सवार उग्रवादी जब उधर से गुज़रे तो पुलिस ने उन्हें रुकने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने रुकने की बजाये गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग से दोनों उग्रवादी मारे गए । बाद में इनकी शिनाख्त परमजीत सिंह उर्फ़ सौढ़ी गांव लौंगो माहल, जो खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन (के.एल.ओ.) का एरिया कमांडर था और बलबीर सिंह उर्फ़ भीरा उर्फ़ कुंडा हवालदार जिला पटियाला के तौर पर हुई है । मौका पर से चोरी किए हुए स्कूटर के अलावा .32 बोर का रिवाल्वर, 6 चले हुए तथा 6 अनचले कारतूस, एक .12 बोर बंदूक तथा 12 कारतूस मिले । स्कूटर की तलाशी लेने पर उसमें से एक देसी बम भी बरामद किया गया, जिससे ज़ाहिर है कि यह दोनों किसी खतरनाक वारदात के लिए जा रहे थे । यह दोनों भी 'बी' श्रेणी के उग्रवादी थे तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए 20-20 हजार रुपए का इनाम घोषित था ।

मारे गए इन उग्रवादियों ने हत्या व लूटपाट की जो वारदातें की हैं, वह इस प्रकार हैं :

31 अगस्त, 1988 को मजीठा के करीब पुलिस की एक जीप को धमाके के साथ उड़ाया गया, जिसमें होमगार्ड के दो जवान मारे गए थे और एक ए.एस.आई. व दो होमगार्ड घायल हुए थे । अगस्त मास में ही अजनाला में बम धमाका में दो व्यक्ति मारे गए थे और 26 ज़ख्मी हुए थे । अमृतसर जिला के गांव जसतरवाल में बाहर से पलायन करके आए आठ मज़दूरों की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी । भकना बस कांड में तीन व्यक्तियों को गोली का निशाना बनाया गया था । गांव मुधल में दो व्यक्तियों की हत्या व एक को घायल किया गया । थाना डेरा बाबा नानक के क्षेत्र में गांव तलवंडी के निकट बी.एस.एफ. के चार जवानों की हत्या की गई थी । इन वारदातों के अलावा इन उग्रवादियों ने बहुत सी लूटपाट की घटनाएं भी की थीं ।

श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि पुलिस जिला मजीठा के विभिन्न थानों की पुलिस ने आठ उग्रवादी तथा उनके सात शरणदाता पकड़े गए । उग्रवादियों के नाम इस प्रकार हैं : बलकार सिंह तेड़ा खुर्द, सुच्चा सिंह, देवेन्द्र सिंह, चमेल सिंह, बलदेव सिंह, जमाल सिंह । इन लोगों से बम धमाके करने वाले 65 डैटोनेटर, 10 जिलेटिन की छड़ें, एक .303 राइफल, एक .12 बंदूक, दो .303 पिस्तौल, पांच हथगोले तथा 21 विभिन्न बोरों के कारतूस कब्ज़े में लिए गए । उग्रवादियों का यह गिरोह एक ट्रक में सुरक्षा बलों पर किसी जगह एक बड़ा हमला करने के लिए जा रहा था । उग्रवादियों के जो शरणदाता पकड़े गए, उनके नाम इस प्रकार हैं : बाज सिंह, साहब सिंह, लखविंदर कौर पत्नी मुख्तार सिंह, अवतार सिंह, गुरमेल सिंह, रछपाल सिंह । उनसे एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन ए.के. 47, .303 की एक राइफल, दो पिस्तौलें, दो बंदूकें, 9 हथगोले तथा विभिन्न बोरों के 67 कारतूस मिले । पुलिस ने उग्रवादियों का ट्रक भी कब्ज़े में ले लिया ।

कल रात एक अन्य मुठभेड़ में झब्बाल थाने के पंजवड़ गांव में कुछ आतंकवादियों ने एक स्कूटर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

4 लाख का सोना बरामद

पटियाला, 22 अक्तूबर (भूषण): डी.एस.पी. सिटी पुलिस के अनुसार यहां अदालत बाजार की कैलाश मार्कीट में सौंदर्य प्रसाधन की दुकान पर छापा मार कर उसके मालिक सुभाष वर्मा को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । उसके कब्जे से चार लाख रुपए मूल्य के सोने के 11 बिस्कुट बरामद हुए ।

आतंकवादियों की तलाश में छापे

फगवाड़ा, 22 अक्तूबर (राकेश): आज सुबह स्थानीय पुलिस, सुरक्षा बलों ने एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह के नेतृत्व में आतंकवादियों की तलाश में पांछटा व भाइयां पट्टी गांवों में छापे मार कर घर-घर की तलाशी ली परन्तु किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया जा सका ।

बहुगुणा को पदच्युत करने के प्रयास

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (वार्ता): श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा को लोकदल अध्यक्ष पद से हटाने और पार्टी को जनता दल में शामिल होने के निर्णय के अनुमोदन के लिए पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की आयाचित बैठक इसी माह दिल्ली में बुलाने के साथ-साथ महा अधिवेशन भी बुलाया जा रहा है । श्री बहुगुणा द्वारा हाल ही में महासचिव पद से हटाए गए श्री शरद यादव और कानूनी सलाहकार पद से हटाए श्री जे.पी. गोयल ने आज यहां एक संयुक्त प्रैस कांफ्रेंस में कहा कि यदि राष्ट्रीय परिषद के 20 प्रतिशत सदस्य बैठक की मांग करें तो कानूनी रूप से श्री बहुगुणा को आयाचित बैठक बुलानी पड़ेगी ।

श्री यादव और श्री गोयल ने कहा कि श्री बहुगुणा विपक्षी एकता के सरासर खिलाफ हैं और इसके बारे में वस्तुतः कांग्रेस (इ) की भूमिका निभा रहे हैं । श्री गोयल ने बताया कि श्री बहुगुणा ने उन्हें साफ कहा था कि "मैं श्री वी.पी. सिंह और श्री देवी लाल के हाथ से बंटे टिकट पर हर्गिज चुनाव नहीं लड़ूंगा ।"

श्री गोयल ने बताया कि बेंगलूर सम्मेलन के बाद 13 और 17 अक्तूबर को उन्होंने श्री बहुगुणा से भेंट की और बेंगलूर के निर्णयों को लागू करने के लिए लोकदल की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का अनुरोध किया लेकिन श्री बहुगुणा इसके लिए तैयार नहीं हुए ।

श्री गोयल ने कहा कि बेंगलूर सम्मेलन में लोकदल की तरफ से वचन दिया गया था कि एक माह के भीतर विलय की सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया जाएगा । श्री बहुगुणा इसी को रोकना चाहते हैं ।

सबसे कम फीस

पठानकोट में

सही, सुरक्षित और विश्वसनीय रिपोर्ट

अल्ट्रासाऊंड स्कैनिंग

द्वारा 6 फोटो के साथ

उसी समय दी जाती है

मिश्रा नर्सिंग होम,

ढांगू रोड, स्टेट बैंक के पास, पठानकोट

12 हरिजनों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

सवार की गोली मारकर हत्या कर दी और दो पुलिस दलों पर घात लगाकर हमला किया । पुलिस दल इन आतंकवादियों की खोज के लिए वहां गए थे । श्री सिंह ने बताया कि सुरक्षा बल के तीन दल इस इलाके में आतंकवादियों का पीछा करने के लिए पहुंचे । जब आतंकवादियों ने एक सुनसान जगह में ईंट के भट्ठे के पास अपने को घिरा हुआ पाया तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने 7.6 एम.एम. मोर्टारों और बमों का उपयोग किया । मुठभेड़ करीब आधा घंटे तक जारी रही । मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि अन्य भाग निकले ।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि मृत आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो सकी है, परन्तु पुलिस को शक है कि वह खूंखार आतंकवादी था । घटनास्थल से एक.38 बोर का रिवाल्वर, ए.के. 47 राइफल की मैगज़ीन और कम से कम पांच अनचले कारतूस बरामद हुए ।

6 लुटेरे गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह के छः सदस्यों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे भैनी गिल्लां गांव के तीन व्यक्तियों की हत्या तथा कम से कम छः लूट की घटनाओं में शामिल थे । इनमें से आधी लूट की वारदातें पिछले महीने के दौरान स्थानीय कारखानों में हुई थीं । श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तारों के नाम साधा सिंह, जागीर सिंह, बच्चन सिंह, बलविंदर सिंह, बलकार चन्द और मुख्तियार सिंह हैं । इनके पास से तीन दुनाली बंदूकें और लूट का करीब साठ हजार रुपए मूल्य का सामान बरामद हुआ है ।

आज सुबह खेमकरण क्षेत्र में भी संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पांच उग्रवादी पकड़े गए । यह गिरोह पट्टी उपमंडल में ज़बरदस्ती धन ऐंठने और डकैती की वारदातों में संलिप्त था । उनसे 3 रिवाल्वर व अन्य हथियार बरामद हुए ।

पीट-पीटकर मार डाला : रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात थाना मेहता के गांव रसूलपुर खुर्द में गांव वालों ने पीट-पीटकर एक संदिग्ध व्यक्ति को मार डाला, जबकि उसका दूसरा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया । बताया जाता है कि दो व्यक्ति दर्शन सिंह तथा दलबीर सिंह लूटमार करने के लिए रसूलपुर खुर्द आए । उन्होंने कई घरों में लूटमार की । इसी दौरान लोग इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने दोनों को घेर कर उन पर तेज़धार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे दर्शन सिंह की वहीं मौत हो गई । दलबीर सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । इस घटना की सूचना आज प्रातः सी.आर.पी. को मिली ।

12 हरिजनों की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): उग्रवादियों ने कल शाम थाना फिरोज़पुर सदर के गांव बस्ती अज़ीज़वाली में फिरोज़पुर फ़ीडर नहर के निकट 12 हरिजनों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी । बस्ती अज़ीज़ वाली अवैध शराब निकालने के लिए मशहूर है, जहां बेरोज़गार हरिजनों ने अवैध शराब निकालने को अपने जीवन यापन का साधन बना लिया है । उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । हरिजनों की लाशें 12 घंटे तक खून में लथपथ पड़ी रहीं । होम गार्ड का एक जवान जब उधर से गुज़रा तो उसने सी.आर.पी. को सूचना दी, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया ।

मृतकों की संख्या 10 ? एक अन्य सूचना में कहा गया है कि उग्रवादियों के हाथों मारे गए हरिजनों की संख्या दस है । इस सूचना के अनुसार उग्रवादियों का गिरोह तीन व्यक्तियों को बंदूक की नोक पर अवैध शराब निकालने के स्थान पर लाया । वहां उन्होंने इन तीन व्यक्तियों तथा 7 अन्य को गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया । पुलिस का कहना है कि उक्त तीन व्यक्तियों को सम्भवत: अवैध शराब निकालने के स्थान की पहचान कराने के लिए लाया गया था ।

निकटवर्ती मकानों के लोगों ने दरवाजे बंद कर लिए : कलीक के अनुसार इंस्पेक्टर स. दया सिंह ने बताया कि 10 हरिजनों की हत्या की गई । यह सूचना काकूवाला के भूतपूर्व सरपंचों मग्घर सिंह और दर्शन सिंह ने दी । जब ये हत्याएं की गईं तो निकटवर्ती 3-4 मकानों के लोगों ने अन्दर से दरवाजे बंद कर लिए । उन्होंने बताया कि ये लोग मछली पकड़ने का कार्य करते थे और अक्सर शराब भी निकालते थे । मृतकों के नाम इस प्रकार बताए गए हैं : गुरदीप सिंह पुत्र किशन सिंह बस्ती बूटेवाली, बलबीर सिंह पुत्र फौजा सिंह आफ कर्मा, सुरजीत सिंह पुत्र बहाल सिंह बस्ती अजीजवाली, अंग्रेज सिंह पुत्र आत्मा सिंह और कर्म सिंह पुत्र मंशा सिंह गांव कमागर, कश्मीरा सिंह पुत्र बहादुर सिंह, बंता सिंह पुत्र बहादुर सिंह गांव ढेल, तोता सिंह पुत्र खुशिया, मुख्तार सिंह पुत्र खुशिया और जग्गा पुत्र चिराग निवासी सोधी नगर ।

कर्मचारी नेता की हत्या : फरीदकोट (जिंदल): गत रात मोगा के निकट गांव बधनी कलां में उग्रवादियों ने पंजाब नैशनल मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रधान तथा पंजाब एटक के उपाध्यक्ष श्री नछत्तर सिंह धालीवाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एटक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का ट्रेड यूनियन विंग है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्री नछत्तर सिंह 'रोडवेज़ मुलाज़िम एकता', जो कि यूनियन की पत्रिका है, के सम्पादक भी थे । वह पंजाब रोडवेज़ मोगा में तैनात थे । सायं आठ बजे के लगभग जब वह घर जा रहे थे तो उग्रवादियों ने उन्हें उनके गांव के निकट घेर लिया तथा उनके मुंह पर गोलियां चलाईं । उन्हें सरकारी डिस्पैंसरी बधनी कलां ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।

पंजाब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यवाहक सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा, सीटू के राज्य महासचिव श्री मंगत राम पासला तथा रोडवेज़ यूनियन नेता अमर सिंह ने श्री नछत्तर सिंह की हत्या की निंदा की ।

बाघा पुराना से मित्तल के अनुसार उग्रवादियों के हाथों मारे गए कर्मचारी नेता कामरेड नछत्तर सिंह का आज बाद दोपहर उनके पैतृक गांव बधनी कलां में अंतिम संस्कार कर दिया गया । चिता को आग उनके बड़े लड़के प्रदीप ने दिखाई । इस मौके पर पंजाब कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव प्यारा सिंह देओसी, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कामरेड सतपाल डांग, श्री भूपेंद्र साम्बर, नवां ज़माना के सम्पादक कामरेड जगजीत सिंह आनन्द, किसानसभा के सचिव डाक्टर जोगेंद्र दयाल, रोडवेज़ कर्मचारी नेता कामरेड जसवंत सिंह समरा, कामरेड मदन लाल दीदी, कामरेड ल्लदू खां सहित 5 हजार से अधिक रोडवेज़ कर्मी व अन्य संस्थाओं के कर्मचारी, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे । श्रद्धांजलि समारोह उनके गांव में 30 अक्तूबर को होगा ।

लुधियाना में हत्या : लुधियाना (ह.स.): नगर की पुलिस डिवीज़न नम्बर चार के क्षेत्र में एक व्यक्ति सतीश कुमार की हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): कपूरथला पुलिस ने छः उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक एच.ई. 36 हथगोला, दो रिवाल्वर, तीन पिस्तौल, एक बंदूक व 35 कारतूस बरामद किए । उनके नाम गुरदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, बलविंदर सिंह, रपिंदर सिंह, नरिंदर सिंह व कमलजीत सिंह उर्फ़ बीरू हैं ।

अध्यापक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव कीड़ी अफगानां में तीन उग्रवादियों ने आज सायं 6 बजे फायरिंग करके एक अध्यापक तिलक राज की हत्या कर दी । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार मृतक डी.ए.वी. स्कूल कादियां में अध्यापक था । फायरिंग ए.के. 47 राइफल से की गई है । घटना की सूचना मिलते ही जब पुलिस जिला बटाला के एस.पी. आप्रेशन स. हरभजन सिंह घटनास्थल की ओर जा रहे थे तो घटनास्थल से लगभग एक किलो मीटर पीछे आतंकवादियों ने घात लगाकर उनकी गाड़ियों पर फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप उनकी एस्कोर्ट का पुलिस हवलदार दलबीर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले बटाला और फिर अमृतसर के अस्पताल में भेज दिया गया । पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारी घटनास्थल पर चले गए हैं और सारा क्षेत्र सील करके उग्रवादियों की खोज की जा रही है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : गत रात्रि थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव सखोवाल में एस.पी.ओ. चौकी पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । पुलिस अधिकारियों के अनुसार चौकी पर तैनात एस.पी.ओ. ने भी फायरिंग की । जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग गए । किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई ।

थानेदार की हत्या : जालन्धर (ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला होशियारपुर के थाना टांडा के गांव अड्डा सराय के निकट फायरिंग करके एक ए.एस.आई. कुलबीर सिंह की हत्या कर दी और 3 अन्य को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि ए.एस.आई., जो थाना हरयाना में तैनात था, अपने मोटर साइकल की मुरम्मत करवा रहा था, जब उग्रवादियों ने उस पर छिप कर स्कूटर मुरम्मत करने की दुकान से पीछे से हमला कर दिया । उग्रवादियों ने हत्या में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया । घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

उग्रवादियों द्वारा भागते समय की गई अंधाधुंध फायरिंग से वहां तीन अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए ।

खेत में सोए व्यक्ति की हत्या : थाना मुकेरियां के क्षेत्र में स्थित गांव टकड़ी राजपूतां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति बनारसी दास की हत्या कर दी । मृतक बनारसी दास रात्रि को खेतों में सोया पड़ा था ।

बाढ़ में बहे व्यक्ति का शव बरामद

फगवाड़ा, 22 अक्तूबर (ह.स.): यहां के निकटवर्ती गांव खजूरला के पास एक बहुत ही गला-सड़ा शव बरामद हुआ है । मृतक सम्भवत: बाढ़ में बह गया । शव वृक्ष की टहनियों में फंसा पाया गया । पुलिस ने शव को रासायनिक विश्लेषण के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है ।

पाक में राजनीतिक गठजोड़ टूटने लगे

इस्लामाबाद, 22 अक्तूबर : पाकिस्तान में 16 नवम्बर के आम चुनावों के पहले ही राजनीतिक दलों के दो गठजोड़ों का विघटन मुल्क की सियासी फिजा को एक नया रंग दे सकता है । पाकिस्तान के 41 सालों के इतिहास में पांचवीं बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं ।

मरहूम राष्ट्रपति जिया की फौजी हुकूमत से लोहा लेने के लिए आठ साल पहले अस्तित्व में आया लोकतंत्र बहाली आन्दोलन (एम.आर.डी.) इसमें शामिल नौ पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर इस कद्र टूट चुका है कि इसका फिर एक होना भी मुमकिन नहीं लगता ।

आन्दोलन के वरिष्ठ नेताओं ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी पर अपना एकाधिकार जताने का आरोप लगाया है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी 207 मुस्लिम सीटों में से आन्दोलन में शामिल अन्य आठ दलों को सिर्फ आठ ही सीटें देना चाहती है ।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सह-अध्यक्ष बेगम बेनजीर भुट्टो का ख्याल है कि आन्दोलन में अन्य घटक दल राजनीतिक दृष्टि से कमजोर हैं और वे उनकी सामूहिक तौर पर तीस से चालीस प्रतिशत सीटें उन्हें देने की मांग को कतई मानने के हक में नहीं हैं ।

तीन बदमाश जिंदा जला दिए

बम्बई, 22 अक्तूबर : ठाणे जिले के कल्याण नगर में कल दो असामाजिक गुटों की आपसी प्रतिद्वंद्विता में पांच व्यक्तियों को जिंदा आग लगा दी गई जिससे तीन की मृत्यु हो गई तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने इस सिलसिले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

ठाणे पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार कल्याण के पावधुनी रेलवे क्वार्टर में एक असामाजिक गुट के पांच सदस्य सो रहे थे कि दूसरे गुट ने कमरे में पैट्रोल छिड़का और आग लगा दी । आग में संजय, हर्षद, रोमियो जिंदा जल गए जबकि राजेश और मनोहर गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को बम्बई के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

सी.आर.पी. के वेतन पुलिस सेवाओं के बराबर करना विचाराधीन

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (संघी): सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री पी.जी. हालरंकर ने कहा है कि केंद्र सी.आर.पी. कर्मियों का वेतनमान पुलिस सेवाओं के बराबर लाने के मामले पर विचार कर रहा है । उन्होंने बताया कि सी.आर.पी. को सशक्त बनाने के लिए इसकी दस और बटालियनें बनाई जा रही हैं । वह आज पिंजौर में सी.आर.पी. के आवासीय परिसर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे । उन्होंने बताया कि 35 करोड़ की लागत वाला यह परिसर 142 एकड़ क्षेत्र पर फैला होगा तथा यह पांच वर्ष में पूरा हो जाएगा ।

बाद में उन्होंने सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक भी की ।

लोग इंका से तंग आ चुके हैं : देवी

कुल्लू, 22 अक्तूबर (ह.स.): नवगठित जनता दल का प्रयास है कि आगामी लोकसभा चुनावों में विपक्षी वोट बंटने न पाएं । गत सायं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इसके लिए जनता दल एक ओर कम्युनिस्टों से और दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव-संधि करेगा । उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ इंका का विकल्प बनाने के लिए पूरे विपक्ष को संयुक्त रूप से प्रयास करने चाहिएं ।

श्री देवी लाल ने कहा कि लोग इंका के गलत कार्यों से तंग आ चुके हैं और अब विपक्ष पर इसका विकल्प बनाए जाने की आशा लगाए हुए हैं ।

इंका का सार्थक पग : मतदान का अधिकार 18 वर्ष की आयु से देने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए श्री देवी लाल ने कहा कि इंका ने पहली बार सार्थक पग उठाने बारे सोचा है । उन्होंने बताया कि जनता दल की आगामी मास दिल्ली में बैठक होगी ।

निर्मल सिंह द्वारा त्यागपत्र

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वि.प्र.): हरियाणा युवा इंका के प्रधान श्री निर्मल सिंह ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है । उनका त्यागपत्र अभी स्वीकार नहीं हुआ है । आज यहां श्री सिंह ने बताया कि युवा इंका हाईकमान को उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के लिए आठ नामों की सूची भेज दी है । इनमें रघुबीर सिंह, विजय कौशिक, छत्तरपाल, विजय मान, अश्विनी चोपड़ा, आजाद सिंह और कर्म सिंह दलाल शामिल हैं ।



आर्य माडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फगवाड़ा के छात्र विवेक कोहली व लोकेश नारंग ने प्रताप धर्म प्रचारिणी सभा कपूरथला द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके बलविजयोपहार व 300 रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया । चित्र में विजेता टीम अपने प्रिंसीपल डा. एम.आर. भाटिया व अन्य अधिकारियों के साथ ।

लंगर स्थगित

जालन्धर, 22 अक्तूबर : राम लीला कमेटी, प्रताप बाग, जालन्धर की ओर से 23 अक्तूबर को होने वाला लंगर किसी कारणवश स्थगित कर दिया गया है ।

12 हरिजनों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

सवार की गोली मारकर हत्या कर दी और दो पुलिस दलों पर घात लगाकर हमला किया । पुलिस दल इन आतंकवादियों की खोज के लिए वहां गए थे । श्री सिंह ने बताया कि सुरक्षा बल के तीन दल इस इलाके में आतंकवादियों का पीछा करने के लिए पहुंचे । जब आतंकवादियों ने एक सुनसान जगह में ईंट के भट्ठे के पास अपने को घिरा हुआ पाया तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने 7.6 एम.एम. मोर्टरों और बमों का उपयोग किया । मुठभेड़ करीब आधा घंटे तक जारी रही । मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि अन्य भाग निकले ।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि मृत आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो सकी है,परन्तु पुलिस को शक है कि वह खूंखार आतंकवादी था । घटनास्थल से एक 38 बोर का रिवाल्वर, ए.के. 47 राइफल की मैगज़ीन और कम से कम पांच अनचले कारतूस बरामद हुए ।

6 लुटेरे गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह के छः सदस्यों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे भैनी गिल्लां गांव के तीन व्यक्तियों की हत्या तथा कम से कम छः लूट की घटनाओं में शामिल थे । इनमें से आधी लूट की वारदातें पिछले महीने के दौरान स्थानीय कारखानों में हुई थीं । श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तारों के नाम साधा सिंह, जागीर सिंह, बच्चन सिंह, बलविंदर सिंह, बलकार चन्द और मुख्तियार सिंह हैं । इनके पास से तीन दुनाली बंदूकें और लूट का करीब साठ हजार रुपए मूल्य का सामान बरामद हुआ है ।

आज सुबह खेमकरण क्षेत्र में भी संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पांच उग्रवादी पकड़े गए । यह गिरोह पट्टी उपमंडल में ज़बरदस्ती धन ऐंठने और डकैती की वारदातों में संलिप्त था । उनसे 3 रिवाल्वर व अन्य हथियार बरामद हुए ।

पीट-पीटकर मार डाला : रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात थाना मेहता के गांव रसूलपुर खुर्द में गांव वालों ने पीट-पीटकर एक संदिग्ध व्यक्ति को मार डाला,जबकि उसका दूसरा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया । बताया जाता है कि दो व्यक्ति दर्शन सिंह तथा दलबीर सिंह लूटमार करने के लिए रसूलपुर खुर्द आए । उन्होंने कई घरों में लूटमार की । इसी दौरान लोग इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने दोनों को घेर कर उन पर तेज़धार हथियारों से हमला कर दिया,जिससे दर्शन सिंह की वहीं मौत हो गई । दलबीर सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । इस घटना की सूचना आज प्रातः सी.आर.पी. को मिली ।

12 हरिजनों की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): उग्रवादियों ने कल शाम थाना फिरोज़पुर सदर के गांव बस्ती अज़ीज़वाली में फिरोज़पुर फ़ीडर नहर के निकट 12 हरिजनों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी । बस्ती अज़ीज़ वाली अवैध शराब निकालने के लिए मशहूर है,जहां बेरोज़गार हरिजनों की खोज की जा रही है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : गत रात्रि थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव सखोवाल में एस.पी.ओ. चौकी पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । पुलिस अधिकारियों के अनुसार चौकी पर तैनात एस.पी.ओ. ने भी फायरिंग की । जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग गए । किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई ।

थानेदार की हत्या : जालन्धर (ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला होशियारपुर के थाना टांडा के गांव अड्डा सराय के निकट फायरिंग करके एक ए.एस.आई. कुलबीर सिंह की हत्या कर दी और 3 अन्य को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि ए.एस.आई., जो थाना हरयाना में तैनात था, अपने मोटर साइकल की मरम्मत करवा रहा था, जब उग्रवादियों ने उस पर छिप कर स्कूटर मरम्मत करने की दुकान से पीछे से हमला कर दिया । उग्रवादियों ने हत्या में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया । घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

उग्रवादियों द्वारा भागते समय की गई अंधाधुंध फायरिंग से वहां तीन अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए ।

खेत में सोए व्यक्ति की हत्या : थाना मुकेरियां के क्षेत्र में स्थित गांव टुकड़ी राजपूतां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति बनारसी दास की हत्या कर दी । मृतक बनारसी दास रात्रि को खेतों में सोया पड़ा था ।

बाढ़ में बहे व्यक्ति का शव बरामद

फगवाड़ा, 22 अक्तूबर (ह.स.): यहां के निकटवर्ती गांव खजूरला के पास एक बहुत ही गला-सड़ा शव बरामद हुआ है । मृतक सम्भवतः बाढ़ में बह गया । शव वृक्ष की टहनियों में फंसा पाया गया । पुलिस ने शव को रासायनिक विश्लेषण के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है ।

पाक में राजनीतिक गठजोड़ टूटने लगे

इस्लामाबाद, 22 अक्तूबर : पाकिस्तान में 16 नवम्बर के आम चुनावों के पहले ही राजनीतिक दलों के दो गठजोड़ों का विघटन मुल्क की सियासी फिजा को एक नया रंग दे सकता है । पाकिस्तान के 41 सालों के इतिहास में पांचवीं बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं ।

मरहूम राष्ट्रपति जिया की फौजी हुकूमत से लोहा लेने के लिए आठ साल पहले अस्तित्व में आया लोकतंत्र बहाली आन्दोलन (एम.आर.डी.) इसमें शामिल नौ पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर इस कद्र टूट चुका है कि इसका फिर एक होना भी मुमकिन नहीं लगता ।

आन्दोलन के वरिष्ठ नेताओं ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी पर अपना एकाधिकार जताने का

तेज़धार हथियारों से हमला कर दिया,जिससे दर्शन सिंह की वहीं मौत हो गई । दलबीर सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । इस घटना की सूचना आज प्रातः सी.आर.पी. को मिली ।

12 हरिजनों की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): उग्रवादियों ने कल शाम थाना फिरोज़पुर सदर के गांव बस्ती अज़ीज़वाली में फिरोज़पुर फ़ीडर नहर के निकट 12 हरिजनों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी । बस्ती अज़ीज़ वाली अवैध शराब निकालने के लिए मशहूर है,जहां बेरोज़गार हरिजनों ने अवैध शराब निकालने को अपने जीवन यापन का साधन बना लिया है । उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । हरिजनों की लाशें 12 घंटे तक खून में लथपथ पड़ी रहीं । होम गार्ड का एक जवान जब उधर से गुज़रा तो उसने सी.आर.पी. को सूचना दी,जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया ।

मृतकों की संख्या 10 ? एक अन्य सूचना में कहा गया है कि उग्रवादियों के हाथों मारे गए हरिजनों की संख्या दस है । इस सूचना के अनुसार उग्रवादियों का गिरोह तीन व्यक्तियों को बंदूक की नोक पर अवैध शराब निकालने के स्थान पर लाया । वहां उन्होंने इन तीन व्यक्तियों तथा 7 अन्य को गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया । पुलिस का कहना है कि उक्त तीन व्यक्तियों को सम्भवतः अवैध शराब निकालने के स्थान की पहचान कराने के लिए लाया गया था ।

निकटवर्ती मकानों के लोगों ने दरवाजे बंद कर लिए :कन्तोड़ के अनुसार इंस्पैक्टर स. दया सिंह ने बताया कि 10 हरिजनों की हत्या की गई । यह सूचना काकूवाला के भूतपूर्व सरपंचों मग्घर सिंह और दर्शन सिंह ने दी । जब ये हत्याएं की गईं तो निकटवर्ती 3-4 मकानों के लोगों ने अन्दर से दरवाजे बंद कर लिए । उन्होंने बताया कि ये लोग मछली पकड़ने का कार्य करते थे और अक्सर शराब भी निकालते थे । मृतकों के नाम इस प्रकार बताए गए हैं : गुरदीप सिंह पुत्र किशन सिंह बस्ती बूटेवाली, बलबीर सिंह पुत्र फौजा सिंह आफ कर्मा, सुरजीत सिंह पुत्र बहाल सिंह बस्ती अजीजवाली, अंग्रेज सिंह पुत्र आत्मासिंह और कर्मसिंह पुत्र मंशा सिंह गांव कमागर, कश्मीरा सिंह पुत्र बहादुर सिंह, बंता सिंह पुत्र बहादुर सिंह गांव ढेख, तोता सिंह पुत्र खुशिया, मुख्तार सिंह पुत्र खुशिया और जग्गा पुत्र चिराग निवासी सोधी नगर ।

कर्मचारी नेता की हत्या : फरीदकोट (जिंदल): गत रात मोगा के निकट गांव बधनी कलां में उग्रवादियों ने पंजाब नैशनल मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रधान तथा पंजाब एटक के उपाध्यक्ष श्री नछत्तर सिंह धालीवाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एटक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का ट्रेड यूनियन विंग है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्री नछत्तर सिंह 'रोडवेज़ मुलाज़िम एकता', जो कि यूनियन की पत्रिका है, के सम्पादक भी थे । वह पंजाब रोडवेज़ मोगा में तैनात थे । सायं आठ बजे के लगभग जब वह घर जा रहे थे तो उग्रवादियों ने उन्हें उनके गांव के निकट घेर लिया तथा उनके मुंह पर गोलियां चलाईं । उन्हें सरकारी डिसपैंसरी बधनी कलां ले जाया गया,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।

पंजाब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यवाहक सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा, सीटू के राज्य महासचिव श्री मंगत राम पासला तथा रोडवेज़ यूनियन नेता अमर सिंह ने श्री नछत्तर सिंह की हत्या की निंदा की ।

मरहूम राष्ट्रपति जिया की फौजी हुकूमत से लोहा लेने के लिए आठ साल पहले अस्तित्व में आया लोकतंत्र बहाली आन्दोलन (एम.आर.डी.) इसमें शामिल नौ पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर इस कद्र टूट चुका है कि इसका फिर एक होना भी मुमकिन नहीं लगता ।

आन्दोलन के वरिष्ठ नेताओं ने पाकिस्तान पीपल्स पार्टी पर अपना एकाधिकार जताने का आरोप लगाया है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपल्स पार्टी 207 मुस्लिम सीटों में से आन्दोलन में शामिल अन्य आठ दलों को सिर्फ आठ ही सीटें देना चाहती है ।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सह-अध्यक्ष बेगम बेनजीर भुट्टो का ख्याल है कि आन्दोलन में अन्य घटक दल राजनीतिक दृष्टि से कमजोर हैं और वे उनकी सामूहिक तौर पर तीस से चालीस प्रतिशत सीटें उन्हें देने की मांग को कतई मानने के हक में नहीं हैं ।

तीन बदमाश जिंदा जला दिए

बम्बई, 22 अक्तूबर : ठाणे जिले के कल्याण नगर में कल दो असामाजिक गुटों की आपसी प्रतिद्वंद्विता में पांच व्यक्तियों को जिंदा आग लगा दी गई जिससे तीन की मृत्यु हो गई तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने इस सिलसिले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

ठाणे पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार कल्याण के पावधुरी रेलवे क्वार्टर में एक असामाजिक गुट के पांच सदस्य सो रहे थे कि दूसरे गुट ने कमरे में पैट्रोल छिड़का और आग लगा दी । आग में संजय, हर्षद, रोमियो जिंदा जल गए जबकि राजेश और मनोहर गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को बम्बई के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

सी.आर.पी. के वेतन पुलिस सेवाओं के बराबर करना विचाराधीन

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (संवी): सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री पी.जी. हालरंकर ने कहा है कि केंद्र सी.आर.पी. कर्मियों का वेतनमान पुलिस सेवाओं के बराबर लाने के मामले पर विचार कर रहा है । उन्होंने बताया कि सी.आर.पी. को सशक्त बनाने के लिए इसकी दस और बटालियनें बनाई जा रही हैं । वह आज पिंजौर में सी.आर.पी. के आवासीय परिसर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे । उन्होंने बताया कि 35 करोड़ की लागत वाला यह परिसर 142 एकड़ क्षेत्र पर फैला होगा तथा यह पांच वर्ष में पूरा हो जाएगा ।

बाद में उन्होंने सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक भी की ।

लोग इंका से तंग आ चुके हैं : देवी

कुल्लू, 22 अक्तूबर (ह.स.): नवगठित जनता दल का प्रयास है कि आगामी लोकसभा चुनावों में विपक्षी वोट बंटने न पाएं । गत सायं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इसके लिए जनता दल एक ओर कम्युनिस्टों से और दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव-संधि करेगा । उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ इंका का विकल्प बनाने के लिए पूरे विपक्ष को संसुक्त रूप से प्रयास करने चाहिएं ।

कामरेड नेता की हत्या : रोडेवाल (बिदल): गत रात मोगा के निकट गांव बानी कलां में उग्रवादियों ने पंजाब नैशनल मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रधान तथा पंजाब एटक के उपाध्यक्ष श्री नछत्तर सिंह धालीवाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एटक भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का ट्रेड यूनियन विंग है । भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्री नछत्तर सिंह 'रोडवेज़ मुलाज़िम एकता', जो कि यूनियन की पत्रिका है, के सम्पादक भी थे । वह पंजाब रोडवेज़ मोगा में तैनात थे । सायं आठ बजे के लगभग जब वह घरा रहे थे तो उग्रवादियों ने उन्हें उनके गांव के निकट घेर लिया तथा उनके मुंह पर गोलियां चलाईं । उन्हें सरकारी डिसपैंसरी बधनी कलां ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।

पंजाब मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यवाहक सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा, सीटू के राज्य महासचिव श्री मंगत राम पासला तथा रोडवेज़ यूनियन नेता अमर सिंह ने श्री नछत्तर सिंह की हत्या की निंदा की ।

बाघा पुराना से मित्तल के अनुसार उग्रवादियों के हाथों मारे गए कर्मचारी नेता कामरेड नछत्तर सिंह का आज बाद दोपहर उनके पैतृक गांव बधनी कलां में अंतिम संस्कार कर दिया गया । पिता को आग उनके बड़े लड़के प्रदीप ने दिखाई । इस मौके पर पंजाब कम्यूनिस्ट पार्टी के सचिव प्यारा सिंह देओसी, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कामरेड सतपाल डांग, श्री भूपेंद्र साम्बर, नवां ज़माना के सम्पादक कामरेड जगजीत सिंह आनन्द, किसानसभा के सचिव डाक्टर जोगेंद्र दयाल रोडवेज़ कर्मचारी नेता कामरेड जसवंत सिंह समरा कामरेड मदन लाल दीदी, कामरेड फ़ज़ल खां सहित 5 हज़ार से अधिक रोडवेज़ कर्मी व अन्य संस्थाओं के कर्मचारी, राजनीतिक व सामाजिक संठनों के प्रतिनिधि शामिल थे । श्रद्धांजलि समारोह उनके गांव में 30 अक्तूबर को होगा ।

लुधियाना में हत्या : लुधियाना (ह.स.): नगर की पुलिस डिवीज़न नम्बर चार के क्षेत्र में एक व्यक्ति सतीश कुमार की हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार: कपूरथला (शर्मा): कपूरथला पुलिस ने छः उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक एच.ई. 36 हथगोला, दो रिवाल्वर, तीन पिस्तौल, एक बंदूक व 35 कारतूस बरामद किए । उनके नाम गुरदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, बलविंदर सिंह, रविंदर सिंह, नरिंदर सिंह व कमलजीत सिंह उर्फ बीरू हैं ।

अध्यापक की हत्या : बटाला (बेछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव कीड़ी अफगाना में तीन उग्रवादियों ने आज सायं 6 बजे फायरिंग करके एक अध्यापक तिलकराज की हत्या कर दी । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार मृतक डी.ए.वी. स्कूल कादियां में अध्यापक था । फायरिंग ए.के. 47 राइफल से की गई है । घटना की सूचना मिलते ही जब पुलिस जिला बटाला के एस.पी. आप्रेशन स. हरभजन सिंह घटनास्थल की ओर जा रहे थे तो घटनास्थल से लगभग एक किलो मीटर पीछे आतंकवादियों ने घात लगाकर उनकी गाड़ियों पर फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप उनकी एस्कोर्ट का पुलिस हवलदार दलबीर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले बटाला और फिर अमृतसर के अस्पताल में भेज दिया गया है । पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारी घटनास्थल पर चले गए हैं और सारा क्षेत्र सील करके उग्रवादियों

इंका व भा.क.पा. वर्करों सहित 11 लोगों की हत्या : 70 सीमांत ग्रामों में रात्रि कर्फ्यू बढ़ा

फिरोजपुर में शव मिला : बटाला के एस.पी. (आप्रे.) बाल-बाल बचे

कपूरथला रेल कोच फैक्टरी में विस्फोट का सुराग मिला

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में एक भा.क.पा. व एक इंका वर्कर सहित 11 व्यक्तियों की हत्या की गई । फिरोजपुर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला । जिला गुरदासपुर के 70 सीमांत गांवों में रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ा दी गई । बटाला के एस.पी. (आप्रेशन) उग्रवादियों के हमले में बाल-बाल बच गए । एक दर्जन के लगभग उग्रवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए । फरीदकोट पुलिस ने दो उग्रवादी पकड़े परन्तु उग्रवादी गुरजंट सिंह राजस्थानी उसके हाथ न आया । कपूरथला रेल कोच फैक्टरी में बम विस्फोट का सुराग मिलने का पुलिस ने दावा किया है ।

लोपोके क्षेत्र में हत्या : अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने कल देर रात मजीठा पुलिस जिले के लोपोके थाने के नेपाल गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम मक्खन सिंह बताया गया है ।

दम तोड़ गया : इस बीच गत बीस अक्तूबर की रात सरहाली थाने के धोतियां गांव में गोली लगने से घायल हुए सुक्खा सिंह ने आज सुबह यहां गुरु तेगबहादुर अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

धूलका में 2 की हत्या: अमृतसर जिला में एक अन्य वारदात में गांव धूलका में एक उग्रवादी गिरोह ने चरणजीत सिंह तथा दलबीर सिंह की हत्या कर दी । गिरोह ने गांव में एक मकान में घुस कर 1,000 रुपए लूट लिए । लोपोके के निकट एक अन्य व्यक्ति की भी हत्या कर दी गई ।

भाकपा नेता की हत्या : गत रात जिला अमृतसर के थाना सरहाली के गांव धोतियां में उग्रवादियों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्त्ता स्वर्ण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी भागते समय उसकी राइफल भी ले गए ।

गोलीकांड का विवरण : होशियारपुर (अश्विनी): गत सायं होशियारपुर-टांडा रोड पर सराए ग्राम पर उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में थाना हरयाना में तैनात एक सहायक सब-इंस्पैक्टर के अलावा कंधाला शेखां ग्राम का एक नवयुवक गुरबचन सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह भी मारा गया था । गत रात्रि अंधेरे में उसका शव पुलिस को दिखाई नहीं दिया था । उसके शरीर पर गोलियों के काफी निशान थे ।

होशियारपुर के एस.पी. मुख्यालय श्री हरभजन सिंह बाजवा ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि ए.एस.आई. कुलबीर सिंह एक वारंट की तामील करवाने ग्राम कमालपुर जा रहा था तो उसका मोटर साइकल सराए के पास खराब हो गया । जब ए.एस.आई. अड्डा पर स्थित सतीश कुमार की दुकान पर मोटर साइकल ठीक करवा रहा था तो दो उग्रवादी खेतों की तरफ से पैदल ही आए व सोहन टायरों वाले की दुकान के पास पहुंच कर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग आरम्भ कर दी । ए.एस.आई. कुलबीर सिंह को 16 गोलियां लगीं व उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । सतीश की दुकान पर खड़े एक प्राइवेट मैडिकल प्रैक्टीशनर डा. मंजीत कुमार ग्राम जौहला, सतीश कुमार की दुकान पर काम सीखने वाले एक नवयुवक जागीर सिंह तथा एक अन्य नवयुवक सरबजीत को भी गोलियां लगीं । इन तीनों को इलाज के लिए होशियारपुर सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । फायरिंग करने के बाद दोनों उग्रवादी पैदल ही खेतों की तरफ फरार हो गए ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू के साथ आज प्रातः घटनास्थल का निरीक्षण किया व हत्यारे उग्रवादियों की तरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए । कुलबीर सिंह का अंतिम संस्कार कल प्रातः सरकारी सम्मान सहित अमृतसर में किया जाएगा ।

इंका नेता की हत्या : सरहिंद (राकेश): दो उग्रवादियों ने आज सायं सरहिंद से लगभग 15 किलो मीटर दूर गांव धुंदा के निकट सरहिंद ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान बाबू विद्या सागर की गोलियां मारकर हत्या कर दी । उग्रवादी श्री विद्या सागर की टी.वी.एस. लेकर फरार हो गए । श्री विद्या सागर ब्लाक के एक कांग्रेसी वर्कर प्रेम दास की रस्म किरया में भाग लेने के बाद अपने गांव मुस्तफाबाद जा रहे थे । उल्लेखनीय है कि श्री विद्या सागर को पहले भी कई बार धमकी भरे पत्र मिलते रहे हैं । कुछ दिन पूर्व वे पंजाब छोड़कर दिल्ली चले गए थे, लेकिन गांव के लोग इन्हें मनाकर दिल्ली से वापस ले आए थे ।

कुख्यात उग्रवादी पकड़े गए : जैतो (पराशर): पिछले 24 घंटों में फरीदकोट पुलिस ने थाना सदर फरीदकोट क्षेत्र में तीन कुख्यात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनसे दो 12 बोर के पिस्तौल, 8 कारामद कारतूस, एक हथगोला बरामद किया । पुलिस ने क्षेत्र में उग्रवादियों के चार शरणदाताओं को भी गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि इनकी शिनाख्त प्रदीप सिंह शर्मा, सुरेंद्र सिंह (दोनों चंडीगढ़ निवासी) तथा भूपिंदर सिंह हैप्पी (नंगल) के रूप में हुई है । पुलिस चीफ ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान प्रदीप सिंह शर्मा जोकि चंडीगढ़ में सूचीबद्ध अपराधी है, ने जिला संगरूर और जालंधर तथा मध्य प्रदेश में चार हत्याकांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । इसके अलावा उसने चंडीगढ़ में एक पैट्रोल पम्प डकैती, सैक्टर 20 के मंदिर में बम फैंकने तथा मोहाली क्षेत्र में एक स्कूटर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

होशियारपुर-टांडा रोड पर स्थित गांवों में उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में घायल हुए तीन व्यक्ति (बाएं से) जौहला ग्राम के डा. मनजीत कुमार, नंगल जमाल का सरबजीत सिंह और जमालपुर का जागीर सिंह । (छाया : मूनलाइट)

पंजाब में शांति व कानून नाम की कोई चीज नहीं, हालात सुधरने का दावा गलत : बरनाला

लुधियाना, 23 अक्तूबर (मुसाफिर): भूतपूर्व मुख्यमंत्री और अकाली दल (ल) के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा है कि पंजाब के सभी राजनीतिक दलों और लोगों की राय है कि पंजाब में शांति व कानून नाम की कोई चीज नहीं है, अतः पंजाब के राज्यपाल का यह वक्तव्य बिल्कुल भ्रांतिपूर्ण है कि हालात सुधर रहे हैं । अक्तूबर में समाचार पत्रों के समाचारों के अनुसार कल तक 110 व्यक्ति मारे जा चुके थे । हमारी सरकार के समय एक मास में भी इतनी हत्याएं नहीं हुई थीं । हमारी सरकार के 19 मास में लगभग 700 हत्याएं हुई थीं । अतः यह दावा गलत है कि हमारी सरकार को कानून व्यवस्था की खराब अवस्था के कारण तोड़ा गया । इसे तोड़ने में केवल राजनीतिक उद्देश्य निहित थे । श्री बरनाला गांव ताजपुर में भूतपूर्व मंत्री श्री जगदेव सिंह की लड़की के विवाह समारोह में भाग लेने आए थे ।

श्री बरनाला ने आरोप लगाया कि पंजाब के सीमांत जिलों में पुलिस के हौसलेपस्त हैं और वहां उग्रवादियों की समानांतर सरकार चल रही है । उन्होंने कहा कि पंजाब की समस्या हल करने के लिए कोई बड़ा पग उठाना पड़ेगा लेकिन केन्द्रीय सरकार अपनी पार्टी के हितों के दृष्टिगत इस समस्या को खड़ा रखना चाहती है । वह कभी भाई जसवीर सिंह रोडे को छोड़ देती है और कभी गिरफ्तार कर लेती है । प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के पंजाब के दौरे पर आने से एक दिन पूर्व जोधपुर से 138 कैदी छोड़ दिए जाते हैं । यह सब पार्टी के हितों को ध्यान में रखकर किया जाता है । उन्होंने कहा कि जोधपुर में कैद सभी व्यक्तियों को रिहाकर दिया जाना चाहिए । वे निर्दोष व्यक्ति चार वर्ष से वहां व्यर्थ में ही कैद रखे हुए हैं । केन्द्रीय सरकार ने विपक्षी दलों के साथ बातचीत करने के लिए जो मंत्रिमंडलीय समिति बनाई गई है, उसके सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि पता नहीं, इसका उद्देश्य क्या है । क्या यह कमेटी पंजाब समझौते से कुछ अधिक देगी ?

पंजाब में आई बाढ़ का उल्लेख करते हुए श्री बरनाला ने कहा कि लोगों की अपनी संस्थाओं, संत-महात्माओं, डेरों, गुरुद्वारों और मन्दिरों ने भारी मदद की लेकिन सरकार ने वह कुछ नहीं किया, जो उसे करना चाहिए था । ऊपर से सर्दी आ रही है, लोगों के आवास का प्रबन्ध होना चाहिए, तिरपालों से काम नहीं चलेगा । लोग सर्दी से मर जाएंगे । रबी की फसल के लिए सरकार को युद्ध स्तर पर मदद करनी चाहिए । सरकारी एजैंसियां अभी तक बदरंग धान नहीं खरीद रहीं । उन्हें यह धान खरीदने का निर्देश दिया जाए । जो हजारों ट्यूबवैल खराब हो चुके हैं, उन्हें भी ठीक किया जाना चाहिए ।

श्री बरनाला ने कहा कि शिरोमणि कमेटी या इसके पदाधिकारियों के चुनाव के सम्बन्ध में हमारी पार्टी ने अभी कोई निर्णय नहीं किया । अकाली दलों में एकता के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि बात चलती रहती है लेकिन बात अभी आगे नहीं बढ़ी । उन्होंने दावा किया कि शिरोमणि कमेटी में उनके सदस्य और भूतपूर्व विधायक उनसे नहीं टूटे । अकाल तख्त ने जो उन्हें पंथ से निकालने का आदेश जारी किया हुआ है, उसके सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि मैंने अकाल तख्त पर पेश होकर अपनी ड्यूटी पूरी कर दी है ।

इस अवसर पर भूतपूर्व वित्त मंत्री श्री बलवन्त सिंह ने कहा कि राजीव-लौंगोवाल समझौता मरा नहीं है, यह जीवित है । लोकसभा इसकी मंजूरी तालियों के मध्य दे चुकी है तथा स्वयं प्रधानमंत्री का कहना है कि इससे बेहतर समझौता नहीं हो सकता था । हम इस समझौते पर कायम हैं, सरकार को इससे भागने नहीं देंगे । उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस समझौते पर अमल नहीं किया । न चंडीगढ़ दिया और न समझौते के अनुसार पंजाब को पानी दिया । उन्होंने बताया कि अकाली सरकार ने 1984 के दंगा पीड़ितों पर 58 करोड़ रुपए व्यय किए थे ।

परमाणु आपात स्थिति बचाव कार्य का अभ्यास

बम्बई, 23 अक्तूबर : इस वर्ष देश के कुछ परमाणु विद्युतघरों ने निकटवर्ती क्षेत्रों में परमाणु आपात स्थिति बचाव कार्य के अभ्यास के सराहनीय परिणाम प्रकाश में आए हैं । परमाणु ऊर्जा विभाग के अध्यक्ष डाक्टर एम.आर. श्रीनिवासन ने बताया कि राज्य सरकारों से कहा गया है कि परमाणु विद्युत घरों के इर्द-गिर्द 16 किलोमीटर लम्बी सड़कें ठीक की जाएं, आठ किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को 36 घंटे के अन्दर हटाने की व्यवस्था की जाए ।

Punjabi Samachar

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

छीनने की वारदातें भी कीं । यह स्कूटर बाद में सरहिंद गोलीकांड में उग्रवादियों ने इस्तेमाल किया था । उसके दो अन्य साथी भी हत्या व स्कूटर छीनने की वारदातों में संलिप्त थे । इनका सम्बन्ध गुरजंट सिंह राजस्थानी के गिरोह के साथ है तथा वे अपने सरगना के साथ जिला में कोई अपराध करने जा रहे थे ।

पुलिस चीफ ने बताया कि गुरजंट सिंह राजस्थानी और उसका दूसरा साथी मनजिंदर सिंह अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग जाने में सफल हो गए । उक्त उग्रवादियों से की गई प्रारम्भिक पूछताछ के आधार पर पुलिस ने छापे मार कर चार शरणदाताओं जसवंत सिंह जस्सा, सरवन सिंह बिल्ला, लखबीर सिंह लक्खा तथा जसविंदर सिंह जस्सा को गिरफ्तार किया जोकि सभी कटोरीवाला के रहने वाले हैं ।

लुटेरा गिरफ्तार : बाघापुराना से मित्तल के अनुसार गत रात गांव चौधरीवाला में एक लुटेरे को उस समय काबू किया गया जबकि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ एक किसान के घर लूटपाट करने के उद्देश्य से घुसा था । आहट सुन कर घर के लोग उठ गए । इसी दौरान उनमें से एक ने नकली पिस्तौल दिखा कर उन्हें गहने तथा नकदी हवाले करने के लिए कहा । घर के लोगों ने उनका प्रतिरोध किया तथा हाथापाई के दौरान एक लुटेरे को पकड़ लिया जबकि उसके दो अन्य साथी ट्रैक्टर पर सवार होकर फरार हो गए । पकड़े गए लुटेरे का नाम कुलदीप सिंह है ।

दो आश्रयदाता बंदी : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि थाना सदर कपूरथला पुलिस ने दर्दांत आतंकवादियों को शरण देने तथा उनका साथ देने के आरोप में दो व्यक्तियों सुखचैन सिंह वासी ओजला, परमजीत सिंह वासी भानो लंगा को गिरफ्तार करके एक 12 बोर का पिस्तौल तथा चार कारतूस बरामद किए हैं । प्राथमिक पूछताछ में सुखचैन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने दो दर्दांत आतंकवादियों तरसेम सिंह तथा मक्खन सिंह को शरण दी थी ।

परमजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने दो दर्दांत आतंकवादियों बगीचा सिंह वासी खुखरैन तथा मंक्खन सिंह वासी संधू चट्ठा के साथ गत 31 मार्च को कपूरथला रेलवे कोच फैक्टरी में संच के निकट बम रखा था जहां पंजाब के राज्यपाल फैक्टरी में बने पहले कोच का उद्घाटन करने आए थे । बम समारोह से काफी पहले फूट जाने के कारण किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई थी । इन दोनों से पूछताछ जारी है ।

रिवाल्वर बरामद : करतारपुर (देव): गत दिनों पुलिस ने गांव गढ़ाम के एक उग्रवादी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 12 बोर का रिवाल्वर और चोरी का स्कूटर बरामद किया ।

शव मिला : फिरोजपुर (कुलीड़): कल थाना फिरोजपुर सिटी के अंतर्गत ट्रेडभगवान सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मैदान में 25-30 वर्ष की आयु के एक व्यक्ति का शव मिला । इसकी पहचान नहीं हो सकी । शव पर किसी बाहरी चोट का कोई निशान नहीं है तथापि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शरणदाता पकड़े : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एस. दास ने बताया है कि धारीवाल पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने और लूट मार करने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम कश्मीर सिंह, अवतार सिंह निवासी फरुवाला और अजायब सिंह निवासी तलवंडी बिर्क हैं । प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने धारीवाल थाने के गांव सीरडी सैन में डाका डाला था और सितम्बर माह में जफरवाल गांव में तीन ट्रांसपोर्टरों की हत्या तथा इसी गांव में एक ईसाई तथा कलेरकलां निवासी गुरदीप सिंह निहंग की हत्या करने वाले आतंकवादी रणजोध सिंह उर्फ राणा निवासी दियालगढ़, कश्मीर सिंह तथा लखविंदर सिंह निवासी उज्जेवाली और संतोख सिंह हत्याएं करने से पहले तथा हत्याएं करने के बाद उनके पास पनाह लेते थे । गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ जारी है ।

रात्रि कर्फ्यू बढ़ा : गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने बटाला, गुरदासपुर और पठानकोट सब-डिविजन के 70 सीमांत गांवों में सूर्यास्त से सूर्योदय तक का कर्फ्यू अगले आदेशों तक बढ़ा दिया है । आज एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है । इसके अलावा जिलो गुरदासपुर में 300 मीटर की सीमा पट्टी में शाम सात बजे से प्रातः पांच बजे तक किसी भी तरह की गतिविधियों पर भी पाबंदी बढ़ा दी गई है । एक अन्य आदेश द्वारा जिला में सैनिक रंग के वाहन तथा पीले रंग के मोटर साइकल चलाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है ।

एस.पी. आप्रेशन बाल-बाल बचे : गत रात कीड़ी अफगाना में तिलक राज नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी । घटनास्थल से थोड़ी दूर एक पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया गया जिसमें एक हैड कांस्टेबल दलबीर सिंह घायल हो गया लेकिन एस.पी. (आप्रेशन) श्री हरभजन सिंह बाल-बाल बच गए ।

किसान की हत्या : जिला गुरदासपुर के गांव सिकरियां में कल रात एक किसान सरदूल सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर के सीमा क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र में प्रविष्ट हो रहा एक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया ।

पिता-पुत्र की हत्या : भटिंडा जिला में रायपुर गांव के निकट एक पिता-पुत्र की गोली मार कर हत्या कर दी गई जबकि वे फेरूवाला से लौट रहे थे । पुत्र की शिनाख्त गुरदीप सिंह के रूप में हुई है जबकि पिता की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

ठेका कर्मचारी की हत्या : जिला संगरूर के गांव भट्टल में अज्ञात व्यक्तियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी ओम प्रकाश की गोली मार कर हत्या कर दी ।

(पृष्ठ 3 का शेष)

छीनने की वारदातें भी कीं । यह स्कूटर बाद में सरहिंद गोलीकांड में उग्रवादियों ने इस्तेमाल किया था । उसके दो अन्य साथी भी हत्या व स्कूटर छीनने की वारदातों में संलिप्त थे । इनका सम्बन्ध गुरजंट सिंह राजस्थानी के गिरोह के साथ है तथा वे अपने सरगना के साथ जिला में कोई अपराध करने जा रहे थे ।

पुलिस चीफ ने बताया कि गुरजंट सिंह राजस्थानी और उसका दूसरा साथी मनजिंदर सिंह अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग जाने में सफल हो गए । उक्त उग्रवादियों से की गई प्रारम्भिक पूछताछ के आधार पर पुलिस ने छापे मार कर चार शरणदाताओं जसवंत सिंह जस्सा, सरवन सिंह बिल्ला, लखबीर सिंह लक्खा तथा जसविंदर सिंह जस्सा को गिरफ्तार किया जोकि सभी कटोरीवाला के रहने वाले हैं ।

लुटेरा गिरफ्तार : बाघापुराना से मित्तल के अनुसार गत रात गांव चौधरीवाला में एक लुटेरे को उस समय काबू किया गया जबकि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ एक किसान के घर लूटपाट करने के उद्देश्य से घुसा था । आहट सुन कर घर के लोग उठ गए । इसी दौरान उनमें से एक ने नकली पिस्तौल दिखा कर उन्हें गहने तथा नकदी हवाले करने के लिए कहा । घर के लोगों ने उनका प्रतिरोध किया तथा हाथापाई के दौरान एक लुटेरे को पकड़ लिया जबकि उसके दो अन्य साथी ट्रैक्टर पर सवार होकर फरार हो गए । पकड़े गए लुटेरे का नाम कुलदीप सिंह है ।

दो आश्रयदाता बंदी : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि थाना सदर कपूरथला पुलिस ने दर्दांत आतंकवादियों को शरण देने तथा उनका साथ देने के आरोप में दो व्यक्तियों सुखचैन सिंह वासी ओजला, परमजीत सिंह वासी भानो लंगा को गिरफ्तार करके एक 12 बोर का पिस्तौल तथा चार कारतूस बरामद किए हैं । प्राथमिक पूछताछ में सुखचैन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने दो दर्दांत आतंकवादियों तरसेम सिंह तथा मक्खन सिंह को शरण दी थी ।

परमजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने दो दुर्दांत आतंकवादियों बगीचा सिंह वासी खुखरैन तथा मक्खन सिंह वासी संधू चट्ठा के साथ गत 31 मार्च को कपूरथला रेलवे कोच फैक्टरी में बंच के निकट बम रखा था जहां पंजाब के राज्यपाल फैक्टरी में बने पहले कोच का उद्घाटन करने आए थे । बम समारोह से काफी पहले फट जाने के कारण किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई थी । इन दोनों से पूछताछ जारी है ।

रिवाल्वर बरामद : करतारपुर (देव): गत दिनों पुलिस ने गांव गड़ाम के एक उग्रवादी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 12 बोर का रिवाल्वर और चोरी का स्कूटर बरामद किया ।

शव मिला : फिरोजपुर (कन्तोड़): कल थाना फिरोजपुर सिटी के अंतर्गत हरभगवान सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मैदान में 25-30 वर्ष की आयु के एक व्यक्ति का शव मिला । इसकी पहचान नहीं हो सकी । शव पर किसी बाहरी चोट का कोई निशान नहीं है तथापि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शरणदाता पकड़े : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि धारीवाल पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने और लूट मार करने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार

दिनों पुलिस ने गांव गड़ाम के एक उग्रवादी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 12 बोर का रिवाल्वर और चोरी का स्कूटर बरामद किया ।

शव मिला : फिरोजपुर (कन्तोड़): कल थाना फिरोजपुर सिटी के अंतर्गत हरभगवान सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मैदान में 25-30 वर्ष की आयु के एक व्यक्ति का शव मिला । इसकी पहचान नहीं हो सकी । शव पर किसी बाहरी चोट का कोई निशान नहीं है तथापि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शरणदाता पकड़े : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि धारीवाल पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने और लूट मार करने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम कश्मीर सिंह, अवतार सिंह निवासी जफरवाल और अजायब सिंह निवासी तलवंडी विर्क हैं । प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने धारीवाल थाने के गांव सीरडी सैन में डाका डाला था और सितम्बर माह में जफरवाल गांव में तीन ट्रांस्पोर्टरों की हत्या तथा इसी गांव में एक ईसाई तथा कलेरकलां निवासी गुरदीप सिंह निहंग की हत्या करने वाले आतंकवादी रणजोध सिंह उर्फ राणा निवासी दियालगढ़, कश्मीर सिंह तथा लखविंदर सिंह निवासी उज्जेवाली और संतोख सिंह हत्याएं करने से पहले तथा हत्याएं करने के बाद उनके पास पनाह लेते थे । गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ जारी है ।

रात्रि कर्फ्यू बढ़ा : गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने बटाला, गुरदासपुर और पठानकोट सब-डिविजन के 70 सीमांत गांवों में सूर्यास्त से सूर्योदय तक का कर्फ्यू अगले आदेशों तक बढ़ा दिया है । आज एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है । इसके अलावा जिला गुरदासपुर में 300 मीटर की सीमा पट्टी में शाम सात बजे से प्रातः पांच बजे तक किसी भी तरह की गतिविधियों पर भी पाबंदी बढ़ा दी गई है । एक अन्य आदेश द्वारा जिला में सैनिक रंग के वाहन तथा पीले रंग के मोटर साइकल चलाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है ।

एस.पी. आप्रेशन बाल-बाल बचे : गत रात कीड़ी अफगानां में तिलक राज नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी । घटनास्थल से थोड़ी दूर एक पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया गया जिसमें एक हैड कांस्टेबल दलबीर सिंह घायल हो गया लेकिन एस.पी. (आप्रेशन) श्री हरभजन सिंह बाल-बाल बच गए ।

किसान की हत्या : जिला गुरदासपुर के गांव सिकरियां में कल रात एक किसान सरदूल सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर के सीमा क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र में प्रविष्ट हो रहा एक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया ।

पिता-पुत्र की हत्या : भटिंडा जिला में रायपुर गांव के निकट एक पिता-पुत्र की गोली मार कर हत्या कर दी गई जबकि वे फेरूवाला से लौट रहे थे । पुत्र की शिनाख्त गुरदीप सिंह के रूप में हुई है जबकि पिता की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

ठेका कर्मचारी की हत्या : जिला संगरूर के गांव भट्टल में अज्ञात व्यक्तियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी ओम प्रकाश की गोली मार कर हत्या कर दी ।

टांडा के पास 13 दुकानदारों की हत्या : उग्रवादी टोनी मारा गया

बी.एस.एफ. ने लोपोके क्षेत्र में 43 लाख की विदेशी मुद्रा पकड़ी

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): होशियारपुर जिले के टांडा क्षेत्र में उग्रवादियों ने 13 दुकानदारों की हत्या कर दी । जिला कपूरथला पुलिस ने एक मुठभेड़ में दर्दांत उग्रवादी अमरजीत सिंह उर्फ टोनी को मार गिराया । वह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । लगभग एक दर्जन उग्रवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए। बी.एस.एफ ने लोपोके क्षेत्र में 43 लाख रुपए की विदेशी मुद्रा बरामद की ।

13 की हत्या : टांडा (गुप्ता): आज सायं लगभग पौने 6 बजे निकटवर्ती ग्राम अहियापुर (थाना टांडा) के बाजार में उग्रवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 11 दुकानदारों की हत्या कर दी व कई को घायल कर दिया ।

मृतकों में हसना (अखबार वाला), चमन लाल शर्मा, धर्मपाल शर्मा, विनोद मरवाहा, केवल मरवाहा, सुभाष महेंद्रू (क्लर्क म्युनिसिपल कमेटी, टांडा), जोगेंद्र सिंह, राम सिंह सैनी, नत्था टेलर मास्टर, मंजूर अली तथा बिट्टू शामिल हैं।

6 घायल जालन्धर सिविल अस्पताल, 5 टांडा सिविल अस्पताल, शेष घायलों को होशियारपुर सिविल अस्पताल में भरती कराया गया ।

फायरिंग की यह घटना भू.पू. विधायक सुरजीत कौर के घर के सामने हुई ।

बाद की सूचना है कि जालंधर सिविल अस्पताल में कुल छः घायल लाए गए जिनमें से चार की हालत गंभीर है । इनमें दर्शन लाल (45), राम लाल (25), बिशन लाल (36), सुभाष (48), विजय कुमार, ओम प्रकाश शामिल हैं । विजय व ओम प्रकाश की हालत खतरे से बाहर है । सुभाष जनता पार्टी टांडा का भू.पू. अध्यक्ष है । ओम प्रकाश की बाएं बाजू में गोली लगी है । उसने बताया कि उग्रवादियों ने जिस समय बाजार में फायरिंग की उस समय वहां काफी भीड़ थी । एक दर्जन से अधिक लोग घटनास्थल पर ही मारे गए । बाजार में भगदड़ मच गई । क्षेत्र में काफी तनाव व्याप्त है ।

टांडा अस्पताल में सुविधाओं के अभाव के विरोध में वहां नागरिकों ने प्रदर्शन किया और घायलों को प्राइवेट वाहन में जालन्धर सिविल अस्पताल ले गए ।

भागते समय 2 की हत्या : एक सूचना के अनुसार अहियापुर में 11 लोगों की हत्या की गई जबकि भाग रहे उग्रवादियों ने वहां से डेढ़ किलो मीटर दूर कोटली ग्राम के पास शीच जा रहे दो लोगों की हत्या कर दी ।

7 गिरफ्तार : होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एस. संधू ने बताया कि अहियापुर में 10 लोग मारे गए । पुलिस ने वहां फायरिंग करने वाले 3 उग्रवादियों के गिरोह की शिनाख्त कर ली है । इस मामले में 7 लोग गिरफ्तार किए गए हैं । उपायुक्त ने बताया कि शवों के पोस्ट मार्टम आज रात्रि ही टांडा अस्पताल में होंगे । डाक्टरों की टीम होशियारपुर से भेज दी गई है । शव कल मृतकों के परिजनों को दे दिए जाएंगे ।

शव मिला : होशियारपुर जिले के ही डुगरी राजपुरां में बनारसी दास नामक व्यक्ति का शव मिला है ।

तीन घायल : पटियाला के माजारमाना सिंहवाला ग्राम में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से सर्वजीत सिंह, रंजीत सिंह, करनैल सिंह घायल हो गए ।

एक गिरफ्तार : रोपड़ पुलिस ने गुरनाम सिंह नामक उग्रवादी को दो कारतूसों व 303 बोर की पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

टोनी मारा गया : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने आज यहां प्रैस प्रतिनिधियों को बताया कि आज प्रातः चार बजे गांव सुनड़ा के निकट पुल पर नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ भिड़ंत में खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू ले. जनरल अमरजीत सिंह उर्फ टोनी उर्फ काला वासी थंदा चपड़ा जिला होशियारपुर मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक 38 बोर का माऊजर (पिस्तौल), तीन जिन्दा तथा तीन चली हुई गोलियां व एक बिना नम्बर के बजाज चेतक स्कूटर अपने कब्जा में लिया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार गांव सुनड़ा के निकट पुल पर नाका लगाए पुलिस पार्टी ने तड़के चार बजे एक व्यक्ति को स्कूटर पर आते देख कर रुकने के लिए बैटरी जला कर संकेत किया तो स्कूटर सवार ने रुकने के बजाए पुलिस पार्टी पर फायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की तो स्कूटर सवार गिर गया और दम तोड़ गया । उसकी जेब से मिली एक चिट से पता चला है कि मृतक दुर्दांत आतंकवादी अमरजीत सिंह उर्फ टोनी उर्फ काला था ।

इस दुर्दांत आतंकवादी ने अपने गिरोह के साथ गांव लडा शेखां थाना टांडा में पंजाब के स्वास्थ्य सचिव श्री दर्शन लाल के भाई श्री प्रकाश राम की हत्या की थी । जिला होशियारपुर के गांव मोहा में धर्मशाला के महन्त की हत्या की थी । जिला होशियारपुर के गांव भैरोपुर में अवतार सिंह व उसकी बहन की हत्याएं की थीं । गढ़दीवाला के निकट पुलिस पार्टी पर हमला किया था । इस दर्दांत आतंकवादी ने अपने गिरोह के साथ आधी दर्जन से अधिक हत्याओं, डाकों तथा स्कूटर छीनने की वारदातें की थीं ।

कुख्यात उग्रवादी पकड़े गए : पटियाला (भूषण): दो कुख्यात उग्रवादी अजीत सिंह निवासी रामनगर पतारिया (बिहार) तथा हरजिन्दर सिंह धनेटा थाना सामाना जिला पटियाला को कल पुलिस ने घग्गा क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान काबू किया । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने दी । इससे पहले अभियुक्तों ने जिला संगरूर में थाना दड़बा के गांव दातलां में एक व्यक्ति से स्कूटर छीना था तथा फिर पटियाला जिले के क्षेत्र में दाखिल हो गए, जहां पुलिस ने उन्हें चुनौती दी तथा संक्षिप्त मुडभेड़ के बाद दोनों काबू कर लिए गए । उनके कब्जे से एक 303 का रिवाल्वर तथा स्कूटर बरामद हुआ । अजीत सिंह ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वह गुरुद्वारा दुख निवारण पटियाला में ठहरा हुआ था तथा उसकी गुरबख्श कालोनी में शराब का ठेका लूटने की योजना थी । पटियाला पुलिस ने एक अफीम तस्कर रणजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है ।

लुधियाना जिले में कल रात एक आतंकवादी दलीप कुमार उर्फ पप्पू को गिरफ्तार करके उसके पास से एक दुनाली बंदूक बरामद की गई ।

भटिंडा पुलिस ने कल रात तीन आतंकवादियों और आतंकवादियों के चार आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया ।

विदेशी करंसी बरामद : अमृतसर (वार्ता): आज सुबह थाना लोपोके के अंतर्गत गांव कक्कर के निकट बी.एस.एफ. ने तीन युवकों को काबू करके उनसे 43 लाख रुपए मूल्य की विदेशी करंसी बरामद की । बी.एस.एफ. के कमांडेंट श्री बी.पी. नवानी ने कहा कि कुछ दिन पहले एक बंगला देशी को सीमा पार करने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था । उससे पूछताछ के बाद तीन व्यक्तियों भूपेन्द्र सिंह, मेजर सिंह व अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया गया । प्रारंभिक पूछताछ के बाद मेजर सिंह जोकि कुख्यात तस्कर है, बी.एस.एफ. को एक खेत में ले गया जहां एक स्थान पर खुदाई करके प्लास्टिक का थैला निकाला गया, जिसमें विदेश करंसी रखी हुई थी । मामले की जांच जारी है । बी.एस.एफ. ने इसी सैक्टर में 100 किलोग्राम हैरोइन भी बरामद की ।

बालियां छीन लीं : सुनाम (नागपाल): थाना दड़बा के क्षेत्र में एक स्कूटर पर सवार दो लुटेरों द्वारा राह चलती दो स्त्रियों व एक व्यक्ति की सोने की बालियां उतारने की सूचना मिली है । लुटेरों ने गुजरां-बघेलपुर रोड पर एक महिला निर्मला की बालियां उतारीं तथा भाग गए । दूसरी वारदात उन्होंने गुजरां खनालकलां लिंक रोड पर की तथा एक व्यक्ति संतू राजपूत की छोटी बालियां उतार लीं । इसके बाद उन्होंने एक स्त्री गुरचरण कौर की बालियां छीनीं । पुलिस को सूचना दी गई तो उसने लुटेरों का पीछा करना शुरू कर दिया ।

दो उग्रवादी पकड़े : दड़बा से 'गुप्ता' की सूचना के अनुसार एक प्राइवेट बस के ड्राइवर की वीरता से दो उग्रवादी पकड़े गए । यह उग्रवादी यहां से छः किलोमीटर दूर [illegible] स्कूटर छीन कर फरार हो रहे थे कि स्कूटर मालिक ने बस को रोक कर ड्राइवर को सारी बात बताई । ड्राइवर ने उग्रवादियों के पीछे बस लगा दी तथा बस [illegible]



टांडा के पास अहियापुर में हुई फायरिंग में घायल (1) बिशन दास, (2) ओ[illegible] जालंधर सिविल अस्पताल में दाखिल कराये गये ।

ज़िया का दत्तक पुत्र मादक वस्तु[illegible]

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर (टा.ई.): दिसम्बर, 1983 में ओसलो हवाई अड्डे पर जब रजा कुरैशी नामक एक पाकिस्तानी युवक 3.5 किलो हैरोइन के साथ पकड़ा गया था, नार्वे के अधिकारियों को उस समय यह पता न था कि उन्होंने किस पर अपना हाथ डाल लिया है । उसकी गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ से चौंका देने वाले तथ्य सामने आए । यह कितनी विडम्बना है कि एक तरफ जब अमरीकी सरकार जनरल जिया उल हक को मादक वस्तुओं के अवैध व्यापार पर नियंत्रण रखने में सहायता देने के लिए बधाइयां दे रही थी, पाकिस्तान में पुलिस ने नार्वे के दबाव के अन्तर्गत हमीद हसनैन, जो जनरल जिया का दत्तक पुत्र है, को गिरफ्तार किया, जो नशीली वस्तुएं बेचने वाले गिरोह का मुखिया बना हुआ था । हसनैन के कब्जे से राष्ट्रपति जिया और उनके परिवार की चैक बुकें और बैंक स्टेटमैंट बरामद हुई । यहां उससे की गई पूछताछ से निम्नलिखितानुसार सनसनी[illegible] ज्ञान हुआ ।

अमरीका के उपराष्ट्रप[illegible] समय राष्ट्रपति पद के [illegible] उम्मीदवार हैं, ने मई 1[illegible] तात्कालीन राष्ट्रपति जन[illegible] भरपूर श्लाघा की । इस [illegible] में आयोजित एक भोज में [illegible] द्रव्यों के व्यापार का नियंत्र[illegible] है । इस अवसर पर उन[illegible] पाकिस्तान जिस प्रकार मा[illegible] नियंत्रण में सहायता दे र[illegible] संतुष्ट हैं । दूसरे अवसरों [illegible] सरकार द्वारा इस दिशा में [illegible] सराहना की थी । यह बा[illegible] कि जिस भोज में श्री बुश [illegible] टिप्पणी की थी, उसमें अ[illegible]

सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं [illegible] पीड़ितों के लिए दान देने की [illegible]

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (वि.प्र.): बाढ़ राहत सोसायटी की संगठन सचिव श्रीमती [illegible] गिल ने देश भर के सामाजिक, चैरीटेबल और धार्मिक संस्थाओं जैसे मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरजाघरों के प्रबन्धकों से अपील की है कि वे [illegible]

सोसायटी ने फैसला कि[illegible] सोसायटी सीधे बाढ़ से प्रभा[illegible] राहत वितरित कर रही है [illegible] बैंस इस सोसायटी के चेयरप[illegible]

Punjab Varta Bani

टांडा के पास 13 दुकानदारों की हत्या : उग्रवादी टोनी मारा गया

बी.एस.एफ. ने लोपोके क्षेत्र में 43 लाख की विदेशी मुद्रा पकड़ी

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): होशियारपुर जिले के टांडा क्षेत्र में उग्रवादियों ने 13 दुकानदारों की हत्या कर दी । जिला कपूरथला पुलिस ने एक मुठभेड़ में दर्दांत उग्रवादी अमरजीत सिंह उर्फ टोनी को मार गिराया । वह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । लगभग एक दर्जन उग्रवादी व उनके मददगार गिरफ्तार किए गए। बी.एस.एफ ने लोपोके क्षेत्र में 43 लाख रुपए की विदेशी मुद्रा बरामद की ।

13 की हत्या : टांडा (गुप्ता): आज सायं लगभग पौने 6 बजे निकटवर्ती ग्राम अहियापुर (थाना टांडा) के बाजार में उग्रवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 13 दुकानदारों की हत्या कर दी व कई को घायल कर दिया ।

मृतकों में हसना (अखबार वाला), चमन लाल शर्मा, धर्मपाल शर्मा, विनोद मरवाहा, केवल मरवाहा, सुभाष महेंद्रू (क्लर्क म्यूनिसिपल कमेटी, टांडा), जोगेंद्र सिंह, राम सिंह सैनी, नत्था टेलर मास्टर, मंजूर अली तथा बिट्टू शामिल हैं ।

6 घायल जालन्धर सिविल अस्पताल, 5 टांडा सिविल अस्पताल, शेष घायलों को होशियारपुर सिविल अस्पताल में भरती कराया गया ।

फायरिंग की यह घटना भू.पू. विधायक सुरजीत सेठी के घर के सामने हुई ।

बाद की सूचना है कि जालंधर सिविल अस्पताल में कम छः घायल लाए गए जिनमें से चार की हालत गंभीर है । इनमें दर्शन लाल (45), राम लाल (25), बिशन लाल (36), सुभाष (48), विजय कुमार, ओम प्रकाश शामिल हैं । विजय व ओम प्रकाश की हालत खतरे से बाहर है । सुभाष जनता पार्टी टांडा का भू.पू. अध्यक्ष है । ओम प्रकाश की बाएं बाजू में गोली लगी है । उसने बताया कि उग्रवादियों ने जिस समय बाजार में फायरिंग की उस समय वहां काफी भीड़ थी । एक दर्जन से अधिक लोग घटनास्थल पर ही मारे गए । बाजार में भगदड़ मच गई । क्षेत्र में काफी तनाव व्याप्त है ।

टांडा अस्पताल में सुविधाओं के अभाव के विरोध में वहां नागरिकों ने प्रदर्शन किया और घायलों को प्राइवेट वाहन में जालन्धर सिविल अस्पताल ले गए ।

भागते समय 2 की हत्या : एक सूचना के अनुसार अहियापुर में 11 लोगों की हत्या की गई जबकि भाग रहे उग्रवादियों ने वहां से डेढ़ किलो मीटर दूर कोटली ग्राम के पास शौच जा रहे दो लोगों की हत्या कर दी ।

7 गिरफ्तार : होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री जी.एस. संधू ने बताया कि अहियापुर में 10 लोग मारे गए । पुलिस ने वहां फायरिंग करने वाले 3 उग्रवादियों के गिरोह की शिनाख्त कर ली है । इस मामले में 7 लोग गिरफ्तार किए गए हैं । उपायुक्त ने बताया कि शवों के पोस्ट मार्टम आज रात्रि ही टांडा अस्पताल में होंगे । डाक्टरों की टीम होशियारपुर से भेज दी गई है । शव कल मृतकों के परिजनों को दे दिए जाएंगे ।

शव मिला : होशियारपुर जिले के ही डुगरी राजपुरां में बनारसी दास नामक व्यक्ति का शव मिला है ।

तीन घायल : पटियाला के माजारमाना सिंहवाला ग्राम में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से सर्वजीत सिंह, रंजीत सिंह, करनैल सिंह घायल हो गए ।

एक गिरफ्तार : रोपड़ पुलिस ने गुरनाम सिंह नामक उग्रवादी को दो कारतूसों व 303 बोर की पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

टोनी मारा गया : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने आज यहां प्रैस प्रतिनिधियों को बताया कि आज प्रातः चार बजे गांव सुनड़ा के निकट पुल पर नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ भिड़ंत में खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल अमरजीत सिंह उर्फ टोनी उर्फ काला वासी थंदा चपढ़ा जिला होशियारपुर मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक 38 बोर का माऊजर (पिस्तौल), तीन जिन्दा तथा तीन चली हुई गोलियां व एक बिना नम्बर के बजाज चेतक स्कूटर अपने कब्जा में लिया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार गांव सुनड़ा के निकट पुल पर नाका लगाए पुलिस पार्टी ने तड़के चार बजे एक व्यक्ति को स्कूटर पर आते देख कर रुकने के लिए बैटरी जला कर संकेत किया तो स्कूटर सवार ने रुकने के बजाए पुलिस पार्टी पर फायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की तो स्कूटर सवार गिर गया और दम तोड़ गया । उसकी जैब से मिली एक चिट से पता चला है कि मृतक दुर्दांत आतंकवादी अमरजीत सिंह उर्फ टोनी उर्फ काला था ।

इस दुर्दांत आतंकवादी ने अपने गिरोह के साथ गांव लंडा शेखां थाना टांडा में पंजाब के स्वास्थ्य सचिव श्री दर्शन लाल के भाई श्री प्रकाश राम की हत्या की थी । जिला होशियारपुर के गांव मोहा में धर्मशाला के महन्त की हत्या की थी । जिला होशियारपुर के गांव भैरोपुर में अवतार सिंह व उसकी बहन की हत्याएं की थीं । गढ़दीवाला के निकट पुलिस पार्टी पर हमला किया था । इस दुर्दांत आतंकवादी ने अपने गिरोह के साथ आधी दर्जन से अधिक हत्याओं, डाकों तथा स्कूटर छीनने की वारदातें की थीं ।

कुख्यात उग्रवादी पकड़े गए : पटियाला (भूषण): दो कुख्यात उग्रवादी अजीत सिंह निवासी रामनगर पतारिया (बिहार) तथा हरजिन्दर सिंह धनेटा थाना सामाना जिला पटियाला को कल पुलिस ने घग्गा क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान काबू किया । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने दी । इससे पहले अभियुक्तों ने जिला संगरूर में थाना दड़बा के गांव दातलां में एक व्यक्ति से स्कूटर छीना था तथा फिर पटियाला जिले के क्षेत्र में दाखिल हो गए, जहां पुलिस ने उन्हें चुनौती दी तथा संक्षिप्त मुडभेड़ के बाद दोनों काबू कर लिए गए । उनके कब्जे से एक 303 का रिवाल्वर तथा स्कूटर बरामद हुआ । अजीत सिंह ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वह गुरुद्वारा दुख निवारण पटियाला में ठहरा हुआ था तथा उसकी गुरबख्श कालोनी में शराब का ठेका लूटने की योजना थी । पटियाला पुलिस ने एक अफीम तस्कर रणजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है ।

लुधियाना जिले में कल रात एक आतंकवादी दलीप कुमार उर्फ पप्पू को गिरफ्तार करके उसके पास से एक दुनाली बंदूक बरामद की गई ।

भटिंडा पुलिस ने कल रात तीन आतंकवादियों और आतंकवादियों के चार आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया ।

विदेशी करंसी बरामद : अमृतसर (वार्ता): आज सुबह थाना लोपोके के अंतर्गत गांव कक्कर के निकट बी.एस.एफ. ने तीन युवकों को काबू करके उनसे 43 लाख रुपए मूल्य की विदेशी करंसी बरामद की । बी.एस.एफ. के कमांडैंट श्री बी.पी. नवानी ने कहा कि कुछ दिन पहले एक बंगला देशी को सीमा पार करने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था । उससे पूछताछ के बाद तीन व्यक्तियों भूपेन्द्र सिंह, मेजर सिंह व अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया गया । प्रारंभिक पूछताछ के बाद मेजर सिंह जोकि कुख्यात तस्कर है, बी.एस.एफ. को एक खेत में ले गया जहां एक स्थान पर खुदाई करके प्लास्टिक का थैला निकाला गया, जिसमें विदेश करंसी रखी हुई थी । मामले की जांच जारी है । बी.एस.एफ. ने इसी सैक्टर में 100 किलोग्राम हैरोइन भी बरामद की ।

बालियां छीन लीं : सुनाम (नागपाल): थाना दड़बा के क्षेत्र में एक स्कूटर पर सवार दो लुटेरों द्वारा राह चलती दो स्त्रियों व एक व्यक्ति की सोने की बालियां उतारने की सूचना मिली है । लुटेरों ने गुजरां-बघेलपुर रोड पर एक महिला निर्मला की बालियां उतारीं तथा भाग गए । दूसरी वारदात उन्होंने गुजरां खनालकलां लिंक रोड पर की तथा एक व्यक्ति संतू राजपूत की छोटी बालियां उतार लीं । इसके बाद उन्होंने एक स्त्री गुरचरण कौर की बालियां छीनीं । पुलिस को सूचना दी गई तो उसने लुटेरों का पीछा करना शुरू कर दिया ।

दो उग्रवादी पकड़े : दड़बा से 'गुप्ता' की सूचना के अनुसार एक प्राइवेट बस के ड्राइवर की वीरता से दो उग्रवादी पकड़े गए । यह उग्रवादी यहां से छः किलोमीटर दूर काकूवाला के निकट किसी का स्कूटर छीन कर फरार हो रहे थे कि स्कूटर मालिक ने बस को रोक कर ड्राइवर को सारी बात बताई । ड्राइवर ने उग्रवादियों के पीछे बस लगा दी तथा बस की 'साइड' मार कर उन्हें गिरा दिया । दोनों उग्रवादियों अजीत सिंह और हरविंदर सिंह ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें काबू कर लिया गया । उनसे 303 का एक रिवाल्वर तथा चार कारतूस बरामद हुए ।

शाहकोट से 'चोपड़ा' के अनुसार पुलिस ने यहां के एक डाक्टर रणजीत सिंह को उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

ट्रक छीन लिया : बाघापुराना से मित्तल के अनुसार आज तड़के तीन बजे लगभग चार उग्रवादियों ने 140 बोरियों से लदा एक ट्रक पी.यू.यू. 1477 छीन लिया । यह ट्रक लुधियाना जा रहा था । लुटेरे ड्राइवर तथा क्लीनर को मारपीट करने के बाद वृक्ष से बांध गए ।

जनता दल की नीतियों पर कड़ी नज़र रखें : देवरस

नागपुर, 24 अक्तूबर : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक बाला साहब देवरस ने लोगों से

Punjab Saal Pal



टांडा के पास अहियापुर में हुई फायरिंग में घायल (1) बिशन दास, (2) ओमप्रकाश (3) राम लाल (4) विजय कुमार (5) सुभाष (6) दर्शन लाल जो जालंधर सिविल अस्पताल में दाखिल कराये गये। (छाया : वी.पी. कपूर)

Punjabi Sanatani

टांडा थानांतर्गत गांव अहियापुर में सोमवार रात को आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1) नत्थू राम (2) चमन लाल हलवाई (3) हसन लाल (4) धर्मपाल (5) राम सिंह (6) दिलीप कुमार (इन्सैट पुराना चित्र) के शव । (7) मृतक सुभाष चंद्र (इन्सैट शव) का पुराना चित्र जिसमें वह अपने बेटे को खेला रहा है । (8) मृतक मनोरंजन मरवाहा (इन्सैट पुराना चित्र), (9) मंजूर अली (इन्सैट पुराना चित्र) तथा (10) जोगेंद्र सिंह के शव, (11) इस हत्याकांड के विरुद्ध टांडा-उड़मुड़ में हड़ताल रही । (छाया : शिव जैमिनी)

Punjab Sanatani

निरंकारी, निहंग सहित 4 की हत्या

सी.आर.पी. से मुठभेड़ में उग्रवादी घायल

नरसंहार के विरुद्ध रोष स्वरूप टांडा उड़मुड़, अहियापुर में दूसरे दिन भी हड़ताल, वकील काम पर न आये

खरड़ के निकट मज़दूरों की झुग्गियां जला दी गईं, मजात कांड दोहराने की कोशिश विफल

गुज्जरवाल में बैंक से 44,544 रुपये लूटे गये

चंडीगढ़, 26 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): एक [illegible] व एक निरंकारी सहित 4 व्यक्तियों की हत्या [illegible] गई । सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में एक [illegible] घायल हो गया । मजीठा पुलिस ने छः [illegible] पकड़े, जिनमें 'बी' श्रेणी का गुरमेज सिंह भी [illegible] है । टांडा उड़मुड़ तथा अहियापुर में आज [illegible] दिन भी नरसंहार के विरुद्ध हड़ताल रही । [illegible] के निकट मजदूरों की बीस झुग्गियां जला दी [illegible] लुधियाना के एक गांव में एक बैंक से [illegible] 544 रुपए की राशि लूटी गई ।

निरंकारी की हत्या : तीन उग्रवादियों ने [illegible] फरीदकोट में एक निरंकारी नेता घनश्याम [illegible] उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब [illegible] दुकान पर बैठे हुए थे ।

[illegible] घटना सायं 6 बजे हुई । घनश्याम दास [illegible] पंजाब फेयरप्राइज़ शाप्स एसोसिएशन के [illegible] भी थे । उनके दो गोलियां लगीं । उग्रवादी [illegible] पिस्तौल व स्कूटर भी छीन ले गए ।

उग्रवादी घायल : अमृतसर (अशोक): [illegible] पी.एफ. कंट्रोल से मिली सूचनाओं के [illegible] गत रात अमृतसर जिले के गांव कीड़ियां [illegible] करीबे में सी.आर.पी. की नाकापार्टी और [illegible] दियों के मध्य हुए मुकाबले में एक उग्रवादी को [illegible] स्था में काबू किया गया, दो अन्य को पीछा [illegible] पकड़ा गया जबकि उनका एक साथी भाग [illegible] में सफल रहा । कुल चार उग्रवादियों के [illegible] मुकाबिला हुआ । यह घटना रात लगभग 10.30 बजे हुई । सूचनाओं के अनुसार सी.आर.पी. ने हरीके-कैरों सड़क पर गांव कीड़ियां के करीब नाका लगाया हुआ था कि चार उग्रवादियों को स्कूटरों पर जाते हुए देखा गया । जब नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने नाका पार्टी पर फायरिंग की । उत्तर में नाका पार्टी ने भी फायरिंग की । [illegible] की जवाबी फायरिंग से घायल उग्रवादी का नाम बलबीर सिंह गांव बांका थाना भिखीविंड बताया गया है ।

पुलिस अधिकारी के घर पर फायरिंग : प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात कुछ उग्रवादियों ने डी.एस.पी. पट्टी के निवास पर फायरिंग की तथा प्रत्युत्तर में डी.एस.पी. के सुरक्षा प्रहरियों ने भी फायरिंग की लेकिन दोनों ओर किसी प्रकार की हानि नहीं हुई । जवाबी फायरिंग पर उग्रवादी भाग खड़े हुए ।

छः उग्रवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने कल रात एक 'बी' श्रेणी उग्रवादी गुरमेज सिंह सहित छः उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री मान ने बताया कि गुरमेज सिंह दयाल भड़ंग गांव का निवासी है और खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्ध रखता है । उस पर कई हत्याकांडों में शामिल होने तथा सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने का आरोप है । गुरमेज सिंह के अलावा पकड़े गए उग्रवादियों के नाम सतनाम सिंह, जस्सा सिंह, बलदेव सिंह, जरनैल सिंह व सुखदेव सिंह हैं । यह सभी के.सी.एफ. के सदस्य हैं । उनसे हथियार व गोली-सिक्का भी मिला । तरनतारन पुलिस ने दो उग्रवादियों गुरमेज सिंह तथा सतनाम सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

निहंग की हत्या : रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार गत रात यहां से दस किलोमीटर दूर थाना ब्यास के गांव बुताला के 55 वर्षीय गुरमुख सिंह निहंग की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी को आज सुबह लाश सड़क के किनारे पड़ी मिली । घटनास्थल पर .38 बोर की पिस्तौल के दो चले हुए कारतूस मिले । उल्लेखनीय है कि कुछ अर्सा पहले कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी पत्नी तथा भाई की हत्या कर दी थी । भिडरांवाला टाइगर फोर्स के भूपेन्द्र सिंह ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

उग्रवादी से पूछताछ : मानसा (छोट): भटिंडा जिले के उग्रवादी स्वर्ण सिंह उर्फ मंदी से पूछताछ पर मालूम हुआ है कि वह अनेक उग्रवादी-अपराधों में वांछित था । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने कल बताया कि यह उग्रवादी रामां कस्बा में ट्रक यूनियन के प्रधान महाशय बलदेव कृष्ण की हत्या, मलकाना गांव के सहकारी बैंक की डकैती, ए.एस.आई. दीप चंद का सर्विस रिवाल्वर छीनने, हरिदर सिंह से जीप और गोली-सिक्का छीनने आदि की वारदातों में शामिल था ।

स्कूटर छीना : सुनाम से 'नागपाल' के अनुसार दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति जीवन लाल से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

गला घोंट कर हत्या : फिरोजपुर (ह.स.): फिरोजपुर शहर में एच.एम. हाई स्कूल के निकट एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी गई । उसकी लाश पुलिस ने आज बरामद की ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : गत रात जिला गुरदासपुर में गांव खानपुर से एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

दुखांत टला : रोपड़ (वार्ता): गत रात जिला रोपड़ के थाना खरड़ के अंतर्गत गांव सोठल में एक बड़ा दुखांत टल गया जबकि पांच उग्रवादियों ने मजदूरों की झोंपड़ियों को आग लगा दी लेकिन मजदूर इन झोंपड़ियों में नहीं थे । इन झोंपड़ियों में

शिरोमणि कमेटी और स्वर्ण मंदिर के कार्यालय पुराने भवनों में खुले

अमृतसर, 26 अक्तूबर (ह.स.) : शिरोमणि [illegible] प्रबंधक कमेटी और स्वर्ण मंदिर के [illegible] आज अपने वास्तविक भवनों में चले [illegible] । शिरोमणि कमेटी के अनुसार वहां से सुरक्षा [illegible] के हटने से यह सम्भव हुआ । सचिव श्री [illegible] सिंह कलकत्ता और अतिरिक्त सचिव श्री [illegible] सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि शहर के [illegible] गुरु राम-दास की जन्म शताब्दी पर होने [illegible] मारीह के दृष्टिगत सुरक्षा बलों ने परिसर

इस बीच आज यहां भाई गुरदास हाल में भारी गतिविधियां जारी रहीं जहां कि अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शनसिंह रागी ने संयुक्त अकाली दल के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव श्री मनजीत सिंह कलकत्ता तथा कमेटी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से बंद कमरे में बातचीत की ।

वाक आऊट : यह बैठक स्वर्ण मंदिर की 'मर्यादा' बनाए रखने के मामले पर विचार-विमर्श

Punjab Sentinel

फिरोजपुर शहर में एच.एम. हाई स्कूल के निकट एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी गई । उसकी लाश पुलिस ने आज बरामद की ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : गत रात जिला गुरदासपुर में गांव खानपुर से एक गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

दुर्घटना टला : रोपड़ (वार्ता): गत रात जिला रोपड़ के थाना खरड़ के अंतर्गत गांव सोठल में एक बड़ा दुर्घटना टल गया जबकि पांच उग्रवादियों ने मजदूरों की झोंपड़ियों को आग लगा दी लेकिन मजदूर इन झोपड़ियों में नहीं थे । इन झोंपड़ियों में रहने वाले लगभग पचास मजदूर रात को सोने के लिए एक पुलिस चौकी में चले गए थे तथापि उग्रवादियों ने सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के एक ठेकेदार के स्टोर, उसके ट्रक तथा मजदूरों की बीस झुग्गियों को आग लगा दी । आग बुझाने के लिए खरड़ से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया ।

'शशि' के अनुसार इस घटना के बारे में नरसी लाल नामक एक सरकारी कर्मचारी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है । रिपोर्ट में कहा गया है कि उग्रवादियों ने फायर भी किए । एस.वाई.एल. नहर पर पिछले दिनों हुई वर्षा के कारण अधिकतर स्थानों पर काम बंद पड़ा है । याद रहे कि इसी स्थान पर इस वर्ष 17 मई को सोठल गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर मजात गांव में उग्रवादियों ने तीस मजदूरों की हत्या कर दी थी जिसके परिणामस्वरूप भारी संख्या में प्रवासी मजदूर अपने राज्यों को लौट गए थे । इस घटना के स्थान से कुछ ही दूरी पर एक पुलिस चौकी बनाई गई है और मजदूरों ने भाग कर वहां सूचना दी जिसने रात को ही खरड़ पुलिस को सूचना भेजी । आज सुबह रोपड़ के एस.एस.पी. श्री एम.एम. कपूर तथा एस.पी. (आप्रेशन) श्री आर.एस. टिवाना ने मौका देखा तथा खरड़ पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

बैंक डकैती : लुधियाना (अश्विनी, जोशी): आज यहां से कुछ दूर स्थित गांव गुज्जरवाल में कुछ उग्रवादियों ने इंडियन ओवरसीज़ बैंक की शाखा से 44,544 रुपए लूट लिए । उग्रवादियों ने जोकि पैदल आए थे, स्टाफ के सभी लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया तथा एक कर्मचारी के स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए । लुटेरे क्लीन शेवन बताए जाते हैं ।

एक सूचना में कहा गया है कि लुटेरों ने स्टाफ तथा लोगों को डराने के लिए हवा में गोली भी चलाई । इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

लुधियाना से आहूजा के अनुसार आज रात्रि 8.45 बजे स्थानीय सेंट मेरी स्कूल के पास दो उग्रवादियों ने पवन कुमार नामक युवक को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल करके उसका स्कूटर पी.सी.वी. 789 छीन लिया ।

हथियार लेकर चलने पर रोक : (मुसाफिर) : डिप्टी कमिश्नर ने जिला लुधियाना में धारा 144 के तहत 2 मास के लिए हथियार लेकर चलने पर रोक लगा दी है ।

हड़ताल : सोमवार की शाम को अहियापुर में हुए नरसंहार के विरोध में आज दूसरे दिन भी टांडा उड़मुड़ और अहियापुर कस्बों में पूर्ण हड़ताल रही । होशियारपुर, दसूहा और गढ़शंकर में वकीलों ने भी रोष स्वरूप हड़ताल की ।

धरना : दसूहा से झावर की सूचना है कि लोगों ने एस.एम.ओ. के निलम्बन की मांग के समर्थन में सिविल अस्पताल टांडा के समक्ष धरना दिया ।

पंजाब में 11 की हत्या : एक उग्रवादी मुठभेड़ में मरा, एक ने ज़हर खा लिया

घात लगाकर किये गये हमले में सी.आर.पी. का लांस नायक घायल : बुटरां में बैंक से 38 हज़ार रुपये लूट लिये गये

बाबा बकाला में मारा गया शेरा उग्रवादी था जो आपसी गुटबंदी का शिकार हुआ, हत्याकांड में ज़मानत पर रिहा था

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों की गतिविधियों में तेज़ी आई और 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक कट्टर उग्रवादी ने पकड़े जाने के भय से ज़हर खा लिया । रणबीरसिंह पुरा सीमा पर एक व्यक्ति को गोली मारा गया । उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में सी.आर.पी. का एक लांस नायक घायल हो गया । बुटरांगांव में एक बैंक से 38,000 रुपए लूट लिए गए । पुलिस के अनुसार कल बाबा बकाला में मारा गया शमशेर सिंह उर्फ 'शेरा' उग्रवादी था ।

जिला अमृतसर में हत्याएं : अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात से 6 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक नायक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले के आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में आज चौथे दिन भी सर्च अभियान जारी रखा ।

पुलिस के अनुसार घरैंडा पुलिस थाने के अन्तर्गत डड गांव में आतंकवादियों ने राम लाल नामक दुकानदार और उसके पुत्र दर्शन लाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार पांच आतंकवादियों के एक दल ने पंगोता गांव में घुसकर एक कार चुरा ली । मेजर सिंह और उसके दो पुत्रों अवतार सिंह और सुखिंदर को ज़बरदस्ती पास के मैदान में ले गए जहां उन्होंने मेजर सिंह और अवतार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी लेकिन सुखिंदर सिंह को छोड़ दिया । सिरोह ने इससे पूर्व मरहाणी थाने के अन्तर्गत गर्ज नाथूके गांव में बेअन्त सिंह के घर से राइफल लूट ली थी । उनके पास चार ए.के. 47 चीन निर्मित राइफलें और एक स्टेनगन थी ।

एक अन्य वारदात में खहरा साहब में कल रात सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । यह व्यक्ति झाड़-फूंक द्वारा इलाज करता था । घटनास्थल से 9 एम.एम. राइफल के खाली कारतूस बरामद हुए हैं । कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात चुमलेवाल से एक ट्रक का अपहरण करके उसके ड्राइवर हरनेक सिंह की छुरा घोंप कर हत्या कर दी । अभी तक ट्रक बरामद नहीं हुआ है । हत्यारों की तलाश जारी है ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार अमृतसर कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर और [illegible] बख्शीश सिंह उर्फ सोना के नेतृत्व में सात आतंकवादियों ने आज सुबह [illegible] गांव के बाहर केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के [illegible] दल पर घात लगा कर हमला किया ।

आतंकवादियों ने चीन निर्मित ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाकर नायक हरिहर यादव को गम्भीर रूप से घायल कर दिया और भाग गए । घायल को स्थानीय गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

जिले के आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा पिछले चार दिनों से आतंकवादियों की तलाश में तलाश जारी है । आतंकवादी बख्शीश उर्फ सोना इसी क्षेत्र से कल सुरक्षा बलों के घेरे से निकल कर भाग गया था । सुरक्षा बलों ने हरिके के अन्तर्गत सभरावां गांव से एक संदिग्ध आतंकवादी आत्मा सिंह को एक हल्की मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया, जबकि उसका साथी जोगा सिंह भाग गया ।

जोगा सिंह, जो विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, अपनी सर्विस राइफल के साथ फरार है ।





श्रीनगर में बुधवार को मग्बरमल बाग के पास एक बम फटने से क्षतिग्रस्त पर्यटन बस (ऊपर) तथा मंगलवार को सिविल लाइन्स क्षेत्र में हुए बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त शाह पुल (नीचे) । (छाया : प्रै.ट्र.)

रेडियो कश्मीर भवन को उड़ाने का प्रयास

श्रीनगर, 28 अक्तूबर (वार्ता): श्रीनगर में रेडियो कश्मीर की बिल्डिंग में संतरी कक्ष में छिपाये गये एक शक्तिशाली बम का आज समय पर पता लगने से अनेक लोग बच गये । एक किलोग्राम के इस बम को बाद में सेना के विशेषज्ञों ने निष्क्रिय कर दिया । बम आज प्रातः 11 बजे मिला । बम यदि फट जाता तो 60 मीटर के दायरे में तबाही मचा सकता था । सरकारी सूत्रों के अनुसार इस बम के फटने से रेडियो कश्मीर तथा दूरदर्शन केन्द्र को काफी नुकसान हो सकता था । क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने बम का पता लगते ही पुलिस तथा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जिसके बाद इसे निष्क्रिय कर दिया गया ।

दुकान को क्षति : इस बीच कल रात न्यू फतेह कदल इलाके में हुए एक बम विस्फोट में एक दुकान को नुकसान पहुंचा । घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है । सुरक्षा बलों को शहर तथा अन्य क्षेत्रों में प्रमुख संस्थानों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है ।

कमांडो भेजे जाएंगे : 'अशोक' के अनुसार कश्मीर में सरकार विरोधी हिंसा व पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित कश्मीरी गुरिल्लों से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन की सहायता के दृष्टिगत विशेष रूप से प्रशिक्षित कमांडो की दो बटालियनें श्रीनगर, बारामूला, सोपोर और अनन्तनाग में भेजी जा रही हैं । सरकारी सूत्रों के अनुसार लगभग 500 ऐसे गुरिल्ले उक्त क्षेत्रों में कार्यरत हैं ।

चेतावनी इसी बीच प्रशासन ने श्रीनगर और अन्य कस्बों के लोगों को चेतावनी दी है कि किसी भी लावारिस पड़ी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं और उसकी सूचना तुरन्त निकटवर्ती पुलिस स्टेशन को दें ।

कोयला व्यापारी की निर्मम हत्या : बटाला (कोछड़): औद्योगिक शहर बटाला के प्रमुख महल्ला बेड़ियां में गत रात प्रसिद्ध कोयला व्यापारी श्री जगदीश राज सानन (70) की किसी ने तेज़धार हथियार से हत्या कर दी । घटनास्थल से ज्ञात हुआ है कि मृतक घर में अकेला ही था । उनका बेटा परिवार सहित कहीं बाहर गया हुआ है ।

पुलिस जिला बटाला के चीफ़ श्री एस.एम. शर्मा, एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा, एस.पी. आप्रेशन श्री हरभजन सिंह, बी.एस.एफ़. कमांडेंट श्री ए.एस. शाहिद ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात् सम्बन्धित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए ।

बी.एस.एफ़. की ओर से तुरन्त खोजी कुत्ता लाकर घटनास्थल पर खोजबीन की गई, फ़िंगर प्रिंट्स विशेषज्ञ आदि भी बुलाए गए हैं ।

एस.एस.पी. श्री शर्मा ने घटनास्थल के निरीक्षण के पश्चात् बताया कि अभी तक की जांच से लग रहा है कि हत्या पैसे के लालच में चोरी आदि की नीयत से की गई है क्योंकि मृतक जगदीश राज घर में अकेला था । जांच से पता चला है कि हत्यारे ने मृतक के कमरे की अलमारी, सूटकेस आदि तोड़ कर कुछ सामान निकाला है, और भी सामान उल्टा-पुल्टा किया हुआ है । मृतक ने उससे बचाव के लिए संघर्ष भी किया लगता है । यह भी हो सकता है कि हत्यारा कोई वह व्यक्ति हो, जो मृतक का काफ़ी विश्वासपात्र हो । चोर कितने पैसे व अन्य सामान ले गया है, यह भी अभी ज्ञात नहीं । फिर भी सिटी पुलिस बटाला ने धारा 460, 302 के तहत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । शव पोस्टमार्टम के बाद मृतक के सम्बन्धियों को सौंप दिया गया ।

पाबंदी : भटिंडा (ग्रोवर): जिला मैजिस्ट्रेट श्री दरबारा सिंह गुरु ने आज एक आदेश जारी करके जिला भर में लोगों पर पटाखे, राकेट तथा मिज़ाइल आदि के भंडारण, निर्माण और बिक्री पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 7 नवम्बर से 11 नवम्बर तक लागू रहेगा ।

उग्रवादी मारा गया : होशियारपुर (सूद, अश्विनी): थाना माहिलपुर के गांव नसरा में हुए एक पुलिस मुकाबिला में एक उग्रवादी बचित्तर सिंह उर्फ़ भूपेन्द्र सिंह उर्फ़ भिंदा मारा गया । वह गोंदपुर का रहने वाला था । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सूत्रों से खबर मिली थी कि किसी मकान में उग्रवादी शरण लिए हुए हैं । पुलिस ने सुरक्षा बलों को साथ लिया, गांव नसरा में छापा मारा और उग्रवादियों को आत्म समर्पण करने के लिए कहा । इस पर उग्रवादियों ने पुलिस व सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि

(शेष पृष्ठ 12 पर)

बटाला के कोयला व्यापारी जगदीश राज सानन का शव जिनकी अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़धार हथियार से हत्या कर दी । (छाया : कोछड़)

Punjabi Sahitani

पंजाब में हत्यायें
(पृष्ठ 1 का शेष)

उसका दूसरा साथी घनी और ऊंची फसल की आड़ लेकर भागने में सफल हो गया । मृत उग्रवादी के पास एक देसी पिस्तौल, 5 कारामद कारतूस, दो खाली कारतूस तथा ए.के. 47 राइफल की एक मैगजीन पड़ी मिली । पुलिस उसके साथी की खोज में सरगर्म है ।

जमींदार की हत्या : राजपुरा (स.): यहां से 12 किलोमीटर दर गांव फैज़गढ़ में शमशेर सिंह नामक जमींदार की रात के समय हत्या कर दी गई जबकि वह अपने खेत में सो रहा था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

के.सी.एफ़. का दावा : फिरोज़पुर (बागी): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने पंजाब सरकार के इस दावे का खंडन किया है कि 24 अक्तूबर की रात को बस्ती अज़ीज़ वाली में दस व्यक्तियों की हत्या का उग्रवादी हिंसा से कोई सम्बन्ध नहीं है और यह एक स्थानीय झगड़ा था । एक हस्ताक्षरित बयान में के.सी.एफ़.के कुलवन्त सिंह, गुरजंट सिंह तथा दर्शन सिंह ने इस हत्या कांड की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यद्यपि उन व्यक्तियों को पहले भी अवैध शराब निकालने के विरुद्ध चेतावनी दी गई थी,लेकिन उन्होंने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया, इसी के कारण उनकी हत्या की गई । उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध शराब निकालने वालों को ज़िंदा जला दिया जाएगा ।

जिला फिरोजपुर पुलिस ने एक उग्रवादी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक दुनाली बंदूक बरामद की ।

बैंक लूट लिया : जालन्धर (न.न.ए.): आज सुबह लगभग 12 बजे थाना भोगपुर के गांव बूटरां में स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा से तीन सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा 38 हजार रुपए लेकर फरार हो जाने की सूचना मिली है । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उग्रवादियों ने बैंक में घुस कर कर्मचारियों को गोली मारने की धमकी देकर उनके हाथ खड़े करवा दिए तथा खज़ांची से रकम लेकर फ़रार हो गए । भोगपुर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

उग्रवादी ने ज़हर खाया : गत रात थाना सदर के गांव कोटली थान सिंह में एक पुलिस पार्टी ने एक व्यक्ति के घर छापा मारा । इस घर में एक उग्रवादी ठहरा हुआ था । उसने पुलिस के शिकंजे में आने से पहले ही सायनाइड का कैप्सूल निगल कर आत्म हत्या कर ली । इस घर का मालिक भी फ़रार बताया जाता है ।

आत्म हत्या करने वाले उग्रवादी का नाम बचित्तर सिंह बताया गया है ।

कोटलीथानसिंह में जहर खाकर मरने वाले उग्रवादी के दूसरे साथी का नाम भगवान सिंह मालूम हुआ है ।

जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया फरार हुआ एक उग्रवादी तरनतारन के भिक्खीविंड थाना क्षेत्र के ग्राम फूला का रहने वाला था ।

टांडा कांड में वांछित : श्री आलम ने कहा कि विष खाकर मरने वाला उग्रवादी भी अमृतसर क्षेत्र का ही था । वह सम्भवतः 24 अक्तूबर की रात्रि को टांडा में हुए नरसंहार में वांछित था । तीन उग्रवादियों ने टांडा कांड की अगली सुबह अजायब सिंह के उस फार्म हाऊस पर शरण ली थी ।

फायरिंग : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना नकोदर के गांव आदरामान के निकट आज प्रातः साढ़े नौ बजे आध दर्जन से अधिक उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर चैन सिंह निहंग की मैटाडोर पर फ़ायरिंग किए जाने की सूचना मिली है । जवाबी गोली-बारी पर उग्रवादी फ़रार हो गए । इस हमले में कोई जन-हानि नहीं हुई । पुलिस के अनुसार निहंग चैन सिंह अपने गांव आदरामान से मैटाडोर में अपने दो बेटों व कुछ एस.पी.ओ. के साथ मेहतपुर जा रहा था ।

इन्हीं उग्रवादियों में से दो ने बाद में मेहतपुर के निकट रविन्द्र सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया तथा फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

उल्लेखनीय है कि बाबा चैन सिंह को अभी दो सप्ताह पहले ही तरना दल के अध्यक्ष बाबा अजीत सिंह ने गुरुद्वारा मालड़ी का जत्थेदार नियुक्त किया था ।

चार बंदी : उग्रवादियों से सांठगांठ करने के आरोप में चार लोगों अमरीक सिंह, दलजीत सिंह, बलकार सिंह, दान सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

वह उग्रवादी था : कल बाबा बकाला में जो शमशेर सिंह उर्फ शेरा मारा गया था, उसके बारे में पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह उग्रवादी था और उसकी मौत उग्रवादियों की धड़ेबंदी का परिणाम है । वह एक हत्या कांड के सिलसिले में जमानत पर रिहा था और उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त था ।

लुधियाना (धीमान): गत रात माडल टाऊन में दो आतंकवादी तरसेम लाल से उसका स्कूटर छीन कर ले गए जबकि ताजपुर रोड पर दो आतंकवादी एक दुकान के कर्मचारी राकेश कुमार से स्कूटर, टी.वी. तथा वी.सी.आर. छीन कर भाग गए ।

घुसपैठिया मरा : जम्मू (सच्चर): कल रात रणबीरसिंह पुरा सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

अबोहर (सदोष) : जिला गंगानगर में सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई दो मुठभेड़ों में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । पहली मुठभेड़ शेख सरपाल निगरान चौकी और दूसरी मटीली-राठान के निकट हुई । सीमा सुरक्षा बल की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों जगह पाकिस्तानी घुसपैठियों ने भारतीय सीमा में दाखिल होकर गश्ती दलों पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में दोनों जगह एक-एक घुसपैठिया मारा गया ।

शव मिला : आज अपरान्ह अमृतसर जिले के ब्यास थाना क्षेत्र में ब्यास-फत्तूवाल लिंक रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है । मृतक के हाथ-पैर बंधे हुए थे और शव पर टार्चर के निशान थे । शव के साथ भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स की एक चिट्ठी मिली, जिसमें मृतक को पुलिस मुखबिर बताया गया है ।

इस मृतक का नाम एक सूचना में मंगल सिंह बताया गया है ।

हत्या : पटियाला जिले के ग्राम कल्लर भैणी के पास एक रिकशा चालक स्वामी नाथ की हत्या कर दी गई ।

एक मरा, दो घायल : फिरोजपुर जिले के कुपवाड़ा ग्राम में उग्रवादियों ने फायरिंग करके बूटा सिंह की हत्या कर दी तथा शाहिद व हुकमा को घायल कर दिया ।

गनमैन निलम्बित : फरीदकोट (गुप्ता): विगत दिवस उग्रवादियों द्वारा मारे गए निरंकारी नेता घनश्याम दास के गनमैन को कर्त्तव्यहीनता के आरोप में निलम्बित कर दिया गया है । घटना के समय वह घनश्याम दास के पास उपस्थित नहीं था ।

किसानों का धरना
(पृष्ठ 1 का शेष)

नहीं करने वाली । कहां कर सकती है, इस पर वे किसी प्रकार की अटकलबाजी करने को तैयार नहीं हैं । श्री टिकैत इस बात से प्रसन्न हैं कि किसान अपने हक के लिए 25 अक्तूबर से बोट क्लब पर डटे हुए हैं ।

भारतीय जनता पार्टी, जनता पार्टी तथा आल इंडिया सिख कांफ्रेंस ने बोट क्लब पर धरना देने वाले किसानों का समर्थन किया है और इस संबंध में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कल के तमिलनाडु के वक्तव्य की निंदा की है । भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना बिल्कुल गलत है कि वह किसानों के दबाव के आगे नहीं झुकेंगे ।

पुलिस हिरासत से भाग कर अभियुक्त सतलुज नदी में कूदा

शिमला, 28 अक्तूबर (वा., स.): एक अभियुक्त ने रामपुर में पुलिस हिरासत से फरार होकर सतलुज नदी में कूद कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली । एक सरकारी प्रवक्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शिमला जिले के किन्नू गांव के निवासी अभियुक्त केवल राम को सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट द्वारा 6 दिन का पुलिस रिमांड प्रदान करने के उपरांत पुलिस अपने साथ ले जा रही थी ।

ELECTROLYSIS & ACUPUNCTURE CLINIC
Ladies Facial Hair Permanently removed with Electrolysis & for Chronic Diseases Acupuncture Treatment.
Mrs. N. Dosanjh
Dosanjh Hospital,
Link Road, Model Town,
JALANDHAR.

ज्योतिष विशेषज्ञ
हस्तरेखा, मस्तक रेखा दिखा कर अपने जीवन के भूत, भविष्य व वर्तमान जानने व जीवन बाधाओं से छुटकारा पाने हेतु मिलें :
पं. सोमनाथ साधक,
जालंधर होटल, रूम नं. 905,
नज़दीक बस स्टैंड, चंडीगढ़ ।

प्लाट चाहिए
फगवाड़ा में 1 से 1½ कनाल प्लाट बेचने या किराये पर देने के लिए, जो कि जालंधर की ओर जी.टी. रोड पर हो; कृपा मिलें :-
M/s. S. K. Auto Agencies,
Chowk Sugar Mill,

Punjab Sahitar

दो हत्याएं, पट्टी के पास 3 बसें रोक कर 3 यात्रियों का अपहरण

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पुलिस की पकड़ से बचने के लिए दो उग्रवादियों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली जबकि एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया । उग्रवादियों ने 2 लोगों की हत्या कर दी । एक व्यक्ति का शव खेतों से बरामद हुआ । उग्रवादियों ने पट्टी से दिल्ली, पट्टी से चंडीगढ़ और पट्टी से बरास्ता तरनतारन अमृतसर जा रही तीन बसों को आज पिस्तौल की नोक पर रोका और उनके तीन यात्रियों का अपहरण कर लिया ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : जालंधर (ह.स.): भोगपुर क्षेत्र के एक घर में दुर्दांत उग्रवादी अजैब सिंह के छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा । इस दौरान अजैब सिंह तो बच निकलने में सफल हो गया जबकि वहां से एक ड्राईवर और एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया । उग्रवादी ने गिरफ्तारी के तुरन्त बाद जहर खाकर आत्म हत्या कर ली ।

सायनाइड खा लिया : होशियारपुर (अश्विनी): गत रात्रि थाना माहिलपुर के गांव मजारा डोंगरियां में एक उग्रवादी ने सुरक्षा बलों की गिरफ्त से बचने के लिए सयनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । बताया जाता है कि गांव के बाहर 6 विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) तथा होमगार्ड जवान नाके पर तैनात थे । उन्होंने ढाडा गांव की ओर से साइकिल पर आते हुए व्यक्ति देखे । उन्हें रुकने का संकेत करके जब एक एस.पी.ओ. ने उस पर टार्च की रोशनी फैंकी तो एक साइकिल सवार भर गया । उसने दूसरे से कहा कि वह भी साइकिल छोड़ कर भाग जाए, लेकिन वह काबू आ गया जिस पर उसने जेब से पोटाशियम सायनाइड का कैप्सूल निकाल कर निगल लिया । उसकी तुरन्त मृत्यु हो गई । उसके साइकिल के कैरियर पर ताली नहीं थी । उसे खोलने पर उसमें छिपाई गई ए.के 47 राइफलें और भरी हुई 6 मैगजीनें मिलीं । मैगजीनों में 168 गोलियां थीं । मृत उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी । डी.आई.जी. पुलिस तथा एस.एस.पी. सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे । एस.एस.पी. ने बताया कि इन सुरक्षा कर्मियों को ईनाम दिया जाएगा ।

मुठभेड़ में एक मरा : लुधियाना (ह.स.): रायकोट पुलिस स्टेशन के गांव झमरा के निकट स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की । पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दो अन्य फरार हो गए । मृत उग्रवादी की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई ।

दो घायल : दोनों ओर से चली गोली में दो नागरिक बचन सिंह और हरि सिंह घायल हो गए । मृत उग्रवादी के कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

एक की हत्या : अमृतसर (ह.स., अशोक): उग्रवादियों ने पुलिस जिला मजीठा के गांव जलालुस्मां में भूपेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक घायल : थाना सदर, अमृतसर के गांव बल सिकन्दर में गत रात पांच उग्रवादियों ने जोगिन्दर सिंह को घर से बाहर खींच कर गोली चलाई परन्तु उसकी लड़की शब्बो ने उसे वापस घर के अंदर धकेल दिया । गोली लगने से शब्बो घायल हो गई । उसे यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

त्रासदी टली : आज प्रातः पांच सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा पट्टी से दिल्ली जा रही बस जंडोके सरहाली के निकट रोक लिये जाने के बाद पट्टी सब डिवीजन में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है ।

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि उग्रवादियों ने बस रोक कर तलाशी ली और बाद में बस को जाने दिया । संभवतः उग्रवादी किसी 'लक्ष्य विशेष' की प्रतीक्षा में थे । उन्होंने किसी भी यात्री को कुछ नहीं कहा ।

अपहरण : इस घटना से पूरे क्षेत्र में आतंक छा गया । उल्लेखनीय है कि गत 15 दिन में इस तरह की यह दूसरी घटना है । इससे पूर्व इस क्षेत्र में बस स्टैंडों से उग्रवादी दुकानदारों और व्यापारियों का अपहरण करके फिरौती वसूल करते रहे हैं । अपहरण की घटनाएं इस क्षेत्र में अभी जारी हैं । गत दिवस फतेहगढ़ क्षेत्र से एक व्यापारी प्रदीप कुमार का अपहरण कर लिया गया । उग्रवादियों ने उसके परिवार से दो लाख रुपए फिरौती मांगी है ।

तीन बसें रोकीं : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार यहां से 3 किलोमीटर दूर जंडोके सरहाली बस अड्डे पर 4-5 उग्रवादी, जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, ने पट्टी से तरनतारन के रास्ते दिल्ली, अमृतसर और चंडीगढ़ जाने वाली तीन बसों को आज प्रातः लगभग साढ़े 10 बजे रोक लिया । उन्होंने यात्रियों की तलाशी ली और हथियारों की नोक पर उन्हें बसों से उतार लिया ।

बसों से नीचे उतार कर उग्रवादियों ने दोनों समुदाय के लोगों को अलग-अलग लाइनों में खड़े होने के लिए कहा । बाद में निकट की एक हवेली का द्वार खुलवा कर एक समुदाय के लोगों को उसके अंदर भेज दिया और यह कहते हुए चले गए कि उनके जाने के आधा घंटा बाद बसें चलाई जाएं ।

तीन का अपहरण : बाद में पता चला कि दिल्ली जाने वाली बस के तीन यात्री लापता हैं । उनके नाम सुरेंद्र कुमार, जगदीश कुमार और संत राम बताए जाते हैं । सुरेंद्र कुमार जालन्धर जा रहा था जबकि जगदीश कुमार और संत राम, जो चाचा-भतीजा हैं, डेरा ब्यास जा रहे थे । जगदीश कुमार के साथ एक अन्य लड़का था, जो ब्यास डेरे पहुंच गया । उसे बाद में पट्टी भेज दिया गया ।

यह भी पता चला है कि उग्रवादी एक एम्बैसेडर कार द्वारा फरार हुए । यात्रियों के अनुसार उग्रवादियों को किसी विशेष व्यक्ति की तलाश थी ।

राइफल मिली : गलियारा योजना के अंतर्गत दरबार साहब क्षेत्र में गिराए जा रहे एक मकान से आज एक सैल्फ लोडिंग राइफल (एस.एल.आर.) बरामद हुई । यह पुलिस के हवाले कर दी गई ।

महिला का शव मिला : 'ह.स.' के अनुसार आज प्रातः गौसपुर गांव के निकट एक अज्ञात महिला का शव मिला ।

हवाई फायरिंग : गत सायं झब्बाल में दीदार सिंह के घर से ट्रैक्टर ले जाने में विफल रहने पर तीन उग्रवादियों ने हवाई फायरिंग की ।

थैला छीना : धूरी (संगरूर): दो उग्रवादियों ने गत रात लगभग साढ़े 7 बजे कपड़ा व्यापारी राकेश कुमार से पिस्तौल की नोक पर पैसों का थैला छीन लिया । उस समय राकेश तहसील मुहल्ला स्थित अपने घर में प्रवेश कर रहा था । थैले में 21 हजार रुपये थे । लोगों ने उग्रवादियों का पीछा किया परन्तु उग्रवादी गोलियां चलाते हुए फरार हो गए ।

शैलर मालिक के लड़के का अपहरण : दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात नकोदर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित एक शैलर से सुरेन्द्र पाल सिंह का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार दो

लोकम्भ के अध्यक्ष डा. बलराम जाखड़ भारत-पाकिस्तान सीमा पर ममदोट सैक्टर में कांटेदार तार का निरीक्षण करते हुए । बी.एस.एफ. के कमांडेंट श्री एस.पी. विज उनको विवरण बताते हुए ।

उद्योगपतियों द्वारा टाटा कम्पनी के जालंधर कार्यालय के सामने धरना देने की धमकी

Punjabi Samachar

...डोगरियां में एक उग्रवादी ने सुरक्षा बलों की गिरफ्त से बचने के लिए सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । बताया जाता है कि गांव के बाहर 6 विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) तथा होमगार्ड जवान नाके पर तैनात थे । उन्होंने ढाडा गांव की ओर से साइकिल पर आते दो व्यक्ति देखे । उन्हें रुकने का संकेत करके जब एक एस.पी.ओ. ने उन पर टार्च की रोशनी फैंकी तो एक साइकिल सवार भाग गया । उसने दूसरे से कहा कि वह भी साइकिल छोड़ कर भाग जाए, लेकिन वह काबू आ गया जिस पर उसने जेब से पोटाशियम सायनाइड का कैप्सूल निकाल कर निगल लिया । उसकी तुरन्त मृत्यु हो गई । उसके साइकिल के कैरियर पर बंदूक बंधी थी । उसे खोलने पर उसमें छिपाई गई एके. 47 राइफलें और भरी हुई 6 मैगजीनें

एक घायल : थाना सदर, अमृतसर के गांव बल सिकन्दर में गत रात पांच उग्रवादियों ने जोगिन्दर सिंह को घर से बाहर खींच कर गोली चलाई परन्तु उसकी लड़की शब्बो ने उसे वापस घर के अंदर धकेल दिया । गोली लगने से शब्बो घायल हो गई । उसे यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

त्रासदी टली : आज प्रातः पांच सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा पट्टी से दिल्ली जा रही बस जंडोके सरहाली के निकट रोक लिये जाने के बाद पट्टी सब डिवीज़न में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है ।

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि उग्रवादियों ने बस रोक कर तलाशी ली और बाद में बस को जाने दिया ।

लोकसभा के अध्यक्ष डा. बलराम जाखड़ भारत-पाकिस्तान सीमा पर ममदोट सैक्टर में कांटेदार तार का निरीक्षण करते हुए । बी.एस.एफ. के कमांडेंट श्री एस.पी. बिज उनको विवरण बताते हुए ।

उद्योगपतियों द्वारा टाटा कम्पनी के जालंधर कार्यालय के सामने धरना देने की धमकी

लुधियाना, 29 अक्तूबर (नेपाल) : टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी की ओर से पंजाब में तार बनाने के लिए केवल तीन यूनिटों को ही तार के रॉड सप्लाई करने और इन यूनिटों का एकाधिकार किए जाने के विरुद्ध प्रोटेस्ट करने के लिए कल एक कार्यकारिमंडल ने तार के रॉड्स की सिंचाई करने वाली फैडरेशन के प्रधान श्री एस.के. ढंडा और फैडरेशन आफ़ पंजाब स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान श्री वेद प्रकाश चोपड़ा के नेतृत्व में जालंधर में टाटा कम्पनी के मैनेजर से भेंट की और चेतावनी दी कि यदि कम्पनी ने इस नई नीति में परिवर्तन करके पुरानी नीति बहाल न की तो पंजाब के इस नीति से प्रभावित होने वाले उद्योगपति जालंधर के कार्यालय के सामने सामूहिक धरना देने के विवश हो जाएंगे और घेराव भी करेंगे । कार्यकारिमंडल के अनुसार टाटा कम्पनी की नई नीति से पंजाब के बहुत से छोटे यूनिट, जो पंजाब में पहले ही गड़बड़पूर्ण हालात और बाढ़ के कारण संकट में रहे हैं, बंद हो जाने पर विवश हो जाएंगे ।

श्री चोपड़ा और श्री ढंडा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पहले पंजाब के छोटे उद्योगपतियों को तार के रॉड्ज की सीधी सप्लाई दी जाती थी, लेकिन अब कम्पनी ने यह सप्लाई केवल तीन संगठनों को देकर और उनको तार बना कर मनमर्जी की दरों पर बेचने के अधिकार देकर छोटे उद्योगकारों को इन तीनों संगठनों की दया पर छोड़ दिया है, जिससे मार्किट में तार के मूल्यों में और वृद्धि होने की संभावना है, जबकि इस समय ही तार के दर 6500 रुपए टन से लेकर 8200 रुपए टन हो गए हैं ।

केन्द्रीय दल द्वारा पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा पूर्ण

लुधियाना, 29 अक्तूबर (ह.स.): कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव एस. पार्थसारथी के नेतृत्व में आए एक केन्द्रीय दल ने आज पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाकों का चार दिवसीय दौरा पूरा कर लिया । दल के सदस्यों ने अमृतसर, गुरदासपुर, कपूरथला, जालन्धर और होशियारपुर जिलों का दौरा कर वहां अधिकारियों और आम नागरिकों से भेंट की । श्री पार्थसारथी ने यहां सम्वाददाताओं को बताया कि दल के सदस्य जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को देने का प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि दल के सदस्यों ने देखा कि मकानों, फसलों और अन्य वस्तुओं का भारी नुक्सान हुआ है ।

समुदाय के लोगों को अलग-अलग लाइनों में खड़े होने के लिए कहा । बाद में निकट की एक हवेली का द्वार खुलवा कर एक समुदाय के लोगों को उसके अंदर भेज दिया और यह कहते हुए चले गए कि उनके जाने के आधा घंटा बाद बसें चलाई जाएं ।

तीन का अपहरण : बाद में पता चला कि दिल्ली जाने वाली बस के तीन यात्री लापता हैं । उनके नाम सुरेंद्र कुमार, जगदीश कुमार और संत राम बताए जाते हैं । सुरेंद्र कुमार जालन्धर जा रहा था जबकि जगदीश कुमार और संत राम, जो चाचा-भतीजा हैं, डेरा ब्यास जा रहे थे । जगदीश कुमार के साथ एक अन्य लड़का था, जो ब्यास डेरे पहुंच गया । उसे बाद में पट्टी भेज दिया गया ।

यह भी पता चला है कि उग्रवादी एक एम्बैसेडर कार द्वारा फरार हुए । यात्रियों के अनुसार उग्रवादियों को किसी विशेष व्यक्ति की तलाश थी ।

राइफल मिली : गलियारा योजना के अंतर्गत दरबार साहब क्षेत्र में गिराए जा रहे एक मकान से आज एक सैल्फ लोडिंग राइफल (एस.एल.आर.) बरामद हुई । यह पुलिस के हवाले कर दी गई ।

महिला का शव मिला : 'ह.स.' के अनुसार आज प्रातः गौसपुर गांव के निकट एक अज्ञात महिला का शव मिला ।

हवाई फायरिंग : गत सायं झब्बाल में दीदार सिंह के घर से ट्रैक्टर ले जाने में विफल रहने पर तीन उग्रवादियों ने हवाई फायरिंग की ।

थैला छीना : धूरी (सिंगला): दो उग्रवादियों ने गत रात लगभग साढ़े 7 बजे कपड़ा व्यापारी राकेश कुमार से पिस्तौल की नोक पर पैसों का थैला छीन लिया । उस समय राकेश तहसील मुहल्ला स्थित अपने घर में प्रवेश कर रहा था । थैले में 21 हजार रुपये थे । लोगों ने उग्रवादियों का पीछा किया परन्तु उग्रवादी गोलियां चलाते हुए फरार हो गए ।

शैलर मालिक के लड़के का अपहरण : दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज रात नकोदर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित एक शैलर से सुरेन्द्र पाल सिंह का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार दो सशस्त्र उग्रवादी मेहतपुर में शारदा राईस शैलर पर गए और शैलर मालिक रघुबीर सिंह के लड़के सुरेन्द्र पाल को बलात् अपने साथ ले गए ।

मोटर साइकिल छीना : संगरूर से गोयल के अनुसार एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया है कि जिला के गांव असपालकलां में दो सशस्त्र युवक ईंटों के भट्ठे पर गए और वहां भट्ठे के मालिक प्रिंसपाल वल्द शाम लाल (धनौला) से पिस्तौल की नोक पर उसका बुलेट मोटर साइकिल (पी.जे.एस. 1825), सोने की अंगूठी तथा 400 रुपया नकद छीन ले गए । इन्हीं लुटेरों ने मौजा कोटदुना में पैट्रोल पम्प के कैश बाक्स से 400 रुपया लूट लिया । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

तेजधार हथियारों से हत्या : फरीदकोट (ह.स.): गांव नंडे में जरनैल सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

शव बरामद : पटियाला (ह.स.): जिला पटियाला के ककरक गांव के निकट खेतों से आज प्रातः एक शव बरामद हुआ ।

पाबंदी बढ़ी : कपूरथला (शर्मा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री ए.आर. तलवाड़ ने एक आदेश द्वारा जिला कपूरथला में लगी सभी पाबंदियों की अवधि 30 नवम्बर तक बढ़ा दी है ।

Punjabi Sa...com

ग्रंथी सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : आपसी लड़ाई में उग्रवादी मारा गया

एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बनाते 7 उग्रवादी गिरफ्तार

दो अपहृत बस यात्री लौटे : सीमा पर 2 पाक घुसपैठिये मरे

फिरोजपुर, 30 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.) : कल रात से गत्रास में सक्रिय उग्रवादियों ने एक ग्रंथी सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक उग्रवादी को उसी के रिवाल्वर से मार डाला जबकि दो पाकिस्तानी घुसपैठिये सीमा पर मुठभेड़ में मारे गये । फिरोजपुर पुलिस ने 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जोकि एक समुदाय के लोगों की हत्या करने की योजना बना रहे थे । पूछताछ में उग्रवादियों द्वारा अपहृत दो व्यक्ति आज वापस आ गए ।

हत्या की योजना : फिरोजपुर (ह.स.): मुकदी के उदय सिंह, मनोहर सिंह, गुरदीप सिंह तथा हरनेक सिंह गांव नोहाम, बलविंदर सिंह गांव डालाएर, जसवन्त सिंह गांव मेखोपुरा तथा गुरदेव सिंह तलवंडी भाई, जो कि एक समुदाय के लोगों की हत्या तथा बिना फिरोजपुर के क्षेत्रों तलवंडी भाई व पास खुर्द में डकैतियां डालने की योजना बना रहे थे, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । यह जानकारी देते हुए फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री अनिल शोकीन ने बताया कि एक फीयट कार नम्बर पी.बी.यू. 5413 जो कि ए.एस.आई. गुरचरण सिंह की हत्या में प्रयुक्त की गई थी, सात पिस्तौलें, एक रिवाल्वर व कुछ गोली सिक्का उनसे बरामद किया गया । उन्होंने बताया कि गांव मुहम्मद के तीर्थ सिंह तथा मुदकी के रणजीत सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । उन्होंने बताया कि शेरसिंह तथा मुसदेव सिंह जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है, भटिंडा और मन्सा में दो सिक्खों की हत्या व कई डकैतियों में वांछित थे । उनसे दो पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले ।

दौना मिला : बुरी (ह.): 28 अक्तूबर की रात को एक स्थानीय कपड़ा विक्रेता राकेश कुमार से जो 21 हजार रुपए वाला दौना छीना गया था, वह शहर से बाहर झाड़ियों में पड़ा मिल गया है । बताया जाता है कि एक बुढ़ी स्त्री ने यह दौना पुलिस को दिया जो कि उसे गांव से बाहर पड़ा मिला था । इसमें दस हजार रुपए भी पाए गए हैं ।

बाघापुराना क्षेत्र में हत्या : फरीदकोट जिले में बाघापुराना थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति मल सिंह की हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार हत्यारे मुसविंदर सिंह तथा मुसविंदर सिंह हैं तथा उसी गांव के निवासी हैं । वे दोनों फरार बताए जाते हैं ।

ग्रंथी की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव नन्नलोहटा में गत रात दो सशस्त्र अज्ञात लोगों ने फायरिंग करके 25 वर्षीय ग्रंथी रणधीर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस मुख्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार मृतक गांव में एक व्यक्ति देसा सिंह के घर में अखंड पाठ करके सो रहा था कि आतंकवादियों ने वहां आकर उसकी हत्या कर दी । हत्या में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 प्रयुक्त की गई है । पुलिस ने इस सम्बन्ध में छः लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार हमलावरों ने ग्रंथी को अपने साथ चलने पर विवश किया और थोड़ी दूरी पर ले जाकर उसे गोली मार दी । फरार होने से पूर्व उन्होंने खालिस्तान के हक में नारे लगाए ।

स्कूटर ले गए : स्थानीय सिनेमा रोड पर खड़ा डाक्टर परमिंदर सिंह का स्कूटर पी.बी.एन. 5484 अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

जिम्मेदारी ली : खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड पर भाई जागीर सिंह गुरदासपुरी के हस्ताक्षर युक्त, एक प्रैस विज्ञप्ति में इसके चीफ जनरल भाई गुरजंट सिंह राजस्थानी व बब्बर खालसा प्रमुख भाई तेजिन्दर सिंह कैनेडा के नेतृत्व में कमांडो फोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल भाई जागीर सिंह गुरदासपुरी ने अहिवापुर थाना टांडा हत्या कांड की जिम्मेदारी ली है और लिखा है कि जब तक सतवन्त सिंह व केहर सिंह की फांसी की सजा रद्द नहीं की जाती तब तक एक समुदाय के लोगों से कोई दोस्ती नहीं । बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने भी इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

एक की हत्या : आज रात बटाला के बाहरी क्षेत्र में कुछ उग्रवादियों ने सोहन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

लूटने की कोशिश : फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां पर दो उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति को पिस्तौल की नोक पर लूटने की असफल कोशिश की गई । बताया जाता है कि रात नौ बजे के करीब एक फल विक्रेता प्रकाश चन्द अपने भाई के साथ दुकान बंद करके घर जा रहा था तो रास्ते में साइकल सवार दो उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखाकर नकदी हवाले करने को कहा, जब दुकानदार नकदी निकाल रहा था तो मौका पाकर उसने पिस्तौल वाले उग्रवादी के हाथ पर हाथ मारकर पिस्तौल गिरा दिया । इतने में दोनों उग्रवादी पिस्तौल उठाकर फरार हो गए व अपना साइकल वहीं छोड़ गए । थाना सिटी पुलिस को सूचित कर दिया गया है ।

बंगा (खोसला): पता चला है कि थाना माहलपुर के मजारा डीगरी के निकट गत दिवस एक आतंकवादी जो सायनाइड खाकर मर गया था की शिनाख्त नहीं हो सकी । उसके कब्जा से 2 ए.के. 47 राइफलें, छः मैगजीनें, 168 गोलियां बरामद हुई थीं । इस उग्रवादी को पुलिस, सी.आर.पी.एफ. और होमगार्ड के जवानों ने घेरा डाल कर पकड़ा था । कमीज की चिट को दर्जी ने पहचान लिया परन्तु उग्रवादी पहचाना नहीं जा सका ।

उग्रवादी मारा गया : अमृतसर (ह.स.): एक संदिग्ध व्यक्ति सुबेग सिंह की कल रात थाना अजनाला के गांव भोलियां में उसके अपने ग्रुप द्वारा ही गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । मजीठा पुलिस जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हत्या खालिस्तान कमांडो फोर्स के तथाकथित सतनाम सिंह सत्ता गिरोह में आपसी गुटबाजी का परिणाम है । सुबेग सिंह को किसी आतंकवादी अपराध में कैद की सजा हुई थी और वह हाल ही में रिहा हुआ था । ग्रुप द्वारा मौके पर छोड़े गए एक पत्र में सुबेग सिंह पर आरोप लगाया गया है कि वह सत्ता गिरोह के नाम पर चोरियां, डकैतियां आदि करता था । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार 6 सदस्यीय ग्रुप ने सुबेग सिंह को घसीट कर घर से बाहर निकाला और उसपर गोलियों की बरसात कर दी ।

हत्या : दो उग्रवादियों ने आज सायं तरनतारन थाना क्षेत्र के ग्राम दुबुर्जी में चानन सिंह के घर में घुस कर चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके चानन सिंह के पुत्र हरजिंदर सिंह की हत्या कर दी । उसकी पत्नी प्यार और दो पुत्र

देवी लाल की हर बात टिप्पणी के काबिल नहीं : बहुगुणा

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर (वार्ता): लोकदल के अध्यक्ष हेमवती नंदन बहुगुणा ने कहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल बहुत कुछ कहते रहते हैं । "मैं उनकी हर बात को टिप्पणी के काबिल नहीं समझता ।" श्री देवी लाल के हाल के बयानों के बारे में पूछे जाने पर श्री बहुगुणा ने आज यहां कहा कि किसी आदमी की 'राजनीतिक संस्कृति' नहीं बदलती । उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय परिषद तथा महाधिवेशन बुलाने संबंधी श्री शरद यादव का नोटिस उन्हें मिल गया है । इस पर अपने मित्रों के साथ विचार-विमर्श के बाद कल फैसला होगा । श्री बहुगुणा ने विपक्ष की एकता में अपनी भूमिका के बारे में जवाबी सवाल में कहा कि "मैं अगर विपक्ष की एकता और मजबूती न चाहता तो उसमें बेइज्जती क्यों सहता ।"

Punjabi Sanatani

अजनाला के गांव भोलियां में उसके अपने ग्रुप द्वारा ही गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । मजीठा पुलिस जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हत्या खालिस्तान कमांडो फोर्स के तथाकथित सतनाम सिंह सत्ता गिरोह में आपसी गुटबाजी का परिणाम है । सुबेग सिंह को किसी आतंकवादी अपराध में कैद की सजा हुई थी और वह हाल ही में रिहा हुआ था । ग्रुप द्वारा मौके पर छोड़े गए एक पत्र में सुबेग सिंह पर आरोप लगाया गया है कि वह सत्ता गिरोह के नाम पर चोरियां, डकैतियां आदि करता था । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार 6 सदस्यीय ग्रुप ने सुबेग सिंह को घसीट कर घर से बाहर निकाला और उसपर गोलियों की बरसात कर दी ।

हत्या : दो उग्रवादियों ने आज सायं तरनतारन थाना क्षेत्र के ग्राम दबुर्जी में चानन सिंह के घर में घुस कर चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके चानन सिंह के पुत्र हरजिंदर सिंह की हत्या कर दी । उसकी पत्नी अमर कौर, दो पुत्र वधुओं प्रीतम कौर (पत्नी हरजिंदर सिंह) तथा बेअन्त कौर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

2 घुसपैठिए मरे : ह.स. के अनुसार गत रात भारत-पाक सीमा के अबरी क्षेत्र में 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल से अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए। यह मुठभेड़ें रौडेवाला और महावा चौकियों के निकट हुई । 5-6 घुसपैठिए वापस भाग जाने में सफल हो गए ।

8 बंगला देशी पकड़े : इसी सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल ने 8 बंगला देशियों को एकेड़ा जो कि अवैध रूप से पाकिस्तानी क्षेत्रों में घुसने की कोशिश कर रहे थे । उन्हें पूछताछ के लिए घरेंडा पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

2 अपहृत लौटे : पट्टी से पाठक के अनुसार कल नजदीकी गांव जंडे के सरहाली में उग्रवादियों द्वारा अपहृत 8 बस यात्रियों में से 2 हंस राज तथा संत राम आरे प्रातः पट्टी वापस लौट आए । उन्होंने बताया कि उग्रवादी उन्हें दो-दो के ग्रुप में आंखों पर पट्टियां बांध कर पैदल ही इधर-उधर घुमाते रहे । इन दोनों को कैरों फाटक के निकट छोड़ा गया । लोगों में इस घटना के खिलाफ काफी रोष व्याप्त है । आज सुबह जब लोग थाना तरनतारन गए तो पुलिस ने कहा कि उग्रवादियों ने तो केवल बसों की तलाशी ली थी । किसी को अपने साथ लेकर नहीं गए । जिस कार में उग्रवादी बस यात्रियों को बिठा कर ले गए थे, वह मिल गई है । पट्टी के सुरेंद्र बैन उर्फ बिट्टू, गोल्डी तथा जगदीश राज अभी भी लापता हैं ।

स्टीफन की तलाश : पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज चंडीगढ़ में बताया कि कल पट्टी में दिल्ली जा रही पंजाब रोडवेज की बस को उग्रवादियों ने रोका था । घटना का जो ब्यौरा मिला है, उसके अनुसार उग्रवादियों ने जंडे के सरहाली के निकट एक और बस को रोका था और वे 'स्टीफन' नामक किसी व्यक्ति को तलाश कर रहे थे । उसके न मिलने पर उन्होंने बसों को जाने दिया तथा किसी यात्री को कोई हानि नहीं पहुंचाई । अभी यह पता नहीं चल सका कि यह स्टीफन कौन है ।

बच निकले : प्रवक्ता ने बताया कि कल रात बटाला पुलिस जिला में धर्मकोट और ख्याला के मध्य बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादी जतिन्दर सिंह उर्फ पपली तथा जसवंत सिंह उर्फ जस्सा बच निकलने में सफल हो गए ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसी बीच जालन्धर में गत रात मेहतपुर क्षेत्र में एक राईस शैल्लर मालिक के पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह को दो व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया जिसे बाद में मुक्त कर दिया गया ।

फिरौती : सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उग्रवादियों ने उसे कल रात्रि एक घंटा अपने पास बंधक रखा, पर बाद में उसे बिना कोई नुकसान पहुंचाए छोड़ दिया । समझा जाता है कि उसका अपहरण फिरौती के लिए किया गया था और धन वसूल हो जाने पर उसे छोड़ दिया गया ।

टी.वी., जेवर छीने : लुधियाना में जे.एस. नगर के एक व्यक्ति सुभाष चंद ने पुलिस में रपट लिखाई है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति पिस्तौल की नोक पर उसका रंगीन टी.वी. सैट, एक वी.सी.आर. तथा 7 तोले सोने के जेवर छीन कर ले गए ।

जिला संगरूर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति अविनाश कुमार से मोटर साइकिल और दस हजार रुपए छीन लिए ।

इंडियन टैलीफोन इंडस्ट्रीज़ परिसर को उड़ा देने की कोशिश

श्रीनगर, 30 अक्तूबर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल देर रात बड़गाम जिले के हैदरपुरा स्थित इंडियन टैलीफोन इंडस्ट्रीज़ के परिसर में घुसपैठ कर कारखाने को उड़ाने की असफल कोशिश की । इस बीच पूरी कश्मीर घाटी में पाकिस्तान प्रशिक्षित उग्रवादियों की तलाश तेज कर दी गई है । कारखाने पर तैनात सुरक्षा कर्मचारियों ने एक संदिग्ध आतंकवादी को पकड़ लिया लेकिन उसके तीन साथी अंधेरे में भाग निकले । गिरफ्तार आतंकवादी से पूछताछ जारी है । राज्य में एक विशेष पुलिस दल गठित किया गया है, जो आतंकवादी गिरोहों और उनके गुप्त अड्डों का सफाया करने की ओर ध्यान देगा । पिछले 27 अक्तूबर को श्रीनगर में कई बम विस्फोटों के बाद यह दल गठित किया गया है । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कल कश्मीर घाटी में कई छापों के दौरान कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

Punjab Sadan

सोहन सिंह व भान सिंह के हत्यारे सहित 5 उग्रवादी मारे गए, एक पुलिस हिरासत से फरार : 8 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 31 अक्तूबर (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में 8 लोगों की हत्या कर दी जबकि खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 5 उग्रवादी तीन मुठभेड़ों में मारे गए । मारे गए उग्रवादियों में से दो 'ए' श्रेणी के तथा दो 'बी' श्रेणी के थे । इनमें से एक उग्रवादी अमरसिंह मान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सचिव भान सिंह व जत्थेदार सोहन सिंह की हत्या में वांछित था ।

2 और हत्याएं : उग्रवादियों ने फरीदकोट तथा भटिंडा में भी एक-एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

3 उग्रवादी मरे : अमृतसर (अशोक): अमृतसर जिला के थाना सरहाली क्षेत्र में आज बाद दोपहर सी.आर.पी.एफ. की दो विभिन्न गांवों में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई तथा इसके परिणामस्वरूप 3 उग्रवादी मारे गए । सी.आर.पी. ने भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किये । यह भिड़ंतें गांव ठट्टियां महंतां और दुर्गापुर में हुई बताई गई हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार एक भिड़ंत आज दोपहर 12.30 बजे गांव ठट्टियां महंतां के बाहर हुई । दोनों ओर से गोलियां चलीं । सुरक्षा बलों की गोली से दो उग्रवादी मारे गये । मृत उग्रवादियों के कब्जे से सी.आर.पी. को एक चीनी असाल्ट राइफल, एक .315 बोर की राइफल और एक .12 बोर की कटी हुई नाली वाली बंदूक बरामद हुई है ।

सुरक्षा बलों के साथ गांव दुर्गापुर में हुई दूसरी भिड़ंत में सी.आर.पी. ने एक फ़ार्म हाऊस को घेरे में ले लिया, जिस पर फ़ार्म हाऊस के अंदर छुपे उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया ।

सी.आर.पी.एफ. के नियंत्रण कक्ष ने बताया कि वस्तुतः उग्रवादियों के साथ एक ही भिड़ंत हुई जिसमें तीन उग्रवादी मारे गये ।

सी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष की सूचना के अनुसार आज मारे गए तीन आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है । ये हैं—सतनाम सिंह सत्ता, अवतार सिंह टैरी तथा सुक्खा । सतनाम सिंह सत्ता 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था, जिसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम घोषित था । अवतार सिंह टैरी भी 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था । नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह भिड़ंत दोपहर 12.30 बजे आरम्भ हुई और करीब एक घंटा जारी रही । भिड़ंत की सूचना पाकर सी.आर.पी. के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल को रवाना हो गए ।

अमृतसर की एक सूचना में तरनतारन पुलिस जिला के चीफ संजीव गुप्ता के हवाले से कहा गया है कि ठट्टियां महंता में मारे गए तीनों उग्रवादी बख्शीश सिंह सोना के गिरोह के सदस्य थे जो पिछले दिनों पुलिस के चंगुल से निकल भागा था । सतनाम सिंह ने पट्टी, तरनतारन क्षेत्रों में कई लोगों की हत्याएं की थीं और सुरक्षा बलों की गश्ती टुकड़ियों पर हमले किए थे । इन तीनों उग्रवादियों ने कई बैंक भी लूटे थे और लोगों से फिरौतियां भी वसूली थीं ।

सुरक्षा बल ने इस इलाके में छः दिन पहले आतंकवादियों के खिलाफ इस खबर के बाद कार्रवाई शुरू की थी कि वहां धमकी भरी चिट्ठियां लिखकर अपहरण एवं लाखों रुपयों की फिरौती में ऐंठने की वारदातें जारी हैं ।

अमृतसर के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष के अनुसार मुठभेड़ तब शुरू हुई जब 48वीं बटालियन के जवानों ने ठट्टियां महंता गांव में एक फार्म हाऊस पर छापा मारा । वहां छिपे आतंकवादी भाग निकले, लेकिन कुछ दूर दुर्गापुर गांव में घेर लिए गए और मुठभेड़ में मारे गए ।

गटर में राइफल मिली : सुरक्षा बलों ने आज बाद दोपहर अमृतसर में दरबार साहब परिसर में एक गटर में से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल बरामद की ।

अधजला शव मिला : गत रात जिला होशियारपुर के थाना टांडा के गांव झावा के एक निवासी निर्मल सिंह का अधजला शव संसारपुर गांव के निकट पड़ा मिला । उसका स्कूटर पास ही पड़ा था ।

दुर्दांत आतंकवादी भाग निकला : कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ पुलिस के साथ गांव नडाली के निकट गत रात्रि आतंकवादियों की हुई भिड़ंत के मध्य पुलिस हिरासत से एक दुर्दांत आतंकवादी जसवंत सिंह भूतपूर्व पुलिस हैड-कांस्टेबल हथकड़ी सहित भाग गया है । इस आतंकवादी तथा पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिए सरदार संतोख सिंह एस.पी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में क्षेत्र को घेर कर तलाशी ली जा रही है ।

जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि जिला होशियारपुर में 6-7 हत्याओं तथा जिला कपूरथला के थाना भुलत्थ क्षेत्र में कई डाकों के दोषी जसवंत सिंह दुर्दांत आतंकवादी को गत रात्रि थाना भुलत्थ पुलिस शस्त्र बरामद करने के लिए जीप में ले जा रही थी कि गांव नडाली के निकट अंधकार में आतंकवादियों ने हमला कर दिया तथा आत्म रक्षा में पुलिस पार्टी ने भी जवाबी फ़ायरिंग की तथा इस भिड़ंत के मध्य दुर्दांत आतंकवादी जसवंत सिंह हथकड़ी समेत भाग गया ।

जालन्धर से प्राप्त सूचना के अनुसार आज शाम गांव चब्बेवाल के निकट कुछ अज्ञात व्यक्ति रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के एक कर्मचारी बलदेव सिंह का स्कूटर पी.जे. एक्स 7299 भगाकर ले गए । उक्त व्यक्ति पेशाब करने के लिए गया था तथा स्कूटर सड़क के किनारे खड़ा किया हुआ था ।

एरिया कमांडर मारा गया : लुधियाना (वार्ता) : आज बाद दोपहर यहां तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक स्वयंभू एरिया कमांडर अमर सिंह मान उर्फ़ मान सिंह मान मारा गया । चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि विश्वास किया जाता है कि यह उग्रवादी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सचिव श्री भान सिंह का हत्यारा था । उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस और सी.आर.पी. की एक संयुक्त गश्ती पार्टी ने लुधियाना शहर में एक उग्रवादी को देखा और उसका पीछा किया । घिर जाने पर उसने अपने माऊज़र पिस्तौल से फ़ायरिंग की । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग से वह वहीं ढेर हो गया ।

'मुसाफिर' के अनुसार लुधियाना के एस.एस.पी. श्री समेध सिंह सैनी ने बताया कि अमर सिंह सुरक्षा बलों को देख कर भाग निकला । उसका एक किलो मीटर तक पीछा किया गया । वह एक मकान की दीवार फांदने लगा तो सी.आर.पी. ने गोली चला दी और वह वहीं धराशायी हो गया । उसके कब्ज़े से चीन का बना माऊज़र पिस्तौल मिला । यह उग्रवादी दरबार साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी सोहन सिंह तथा शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री भान सिंह की हत्या में वांछित था । जिलाधीश ने सी.आर.पी. की इस पार्टी को 10 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है ।

यह नकद ईनाम सी.आर.पी. के अतिरिक्त महानिदेशक श्री पी.एस. भिंडर ने इंस्पैक्टर चंचल सिंह को पेश किया जो कि दुर्दांत उग्रवादी का मुकाबला करने वाली सी.आर.पी. की 82वीं बटालियन की टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे ।

3 की हत्या : लुधियाना से आहूजा के अनुसार आज शाम लगभग 7.30 बजे दो संदिग्ध आतंकवादियों ने ताजपुर रोड पर अंधाधुंध फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा लगभग आधी दर्जन व्यक्तियों को घायल कर दिया ।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने देसी शराब के ठेके पर फायरिंग करके एक की हत्या कर दी तथा एक व्यक्ति को घायल कर दिया । घायल सुरेन्द्र कुमार ठेके का कारिंदा था । बाद में इन उग्रवादियों ने मोहल्ला जगदीशपुरा में गोलियां चला कर दो लोगों की हत्या कर दी । दोनों मृतक गुजरात के रहने वाले थे तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

चीनी उद्योग में एक और मील पत्थर

डा. रघुवीर सिंह,
सहकारिता मंत्री,
हरियाणा

भारत के मानचित्र पर उदय होने के समय हरियाणा प्रदेश प्रगति की दौड़ में सभी राज्यों से पीछे था लेकिन कृषि विशेषज्ञों के निरंतर प्रयासों तथा हरियाणा के लोगों की मेहनत से यह कमी वाला

देश में सर्वाधिक कीमत (32 रु. प्रति क्विंटल) दिलवाने के बावजूद भी राज्य की सहकारी चीनी मिलों ने 353.62 लाख रु. का रिकार्ड तोड़ लाभ कमाया । राज्य की सहकारी चीनी मिलों ने वर्ष 1987-88 के दौरान 1.51 करोड़ क्विंटल से अधिक गन्ने की पिराई की जबकि राज्य में अभूतपूर्व सूखे की स्थिति थी । इन मिलों ने इस अवधि के दौरान 101.73% क्षमता का प्रयोग किया जबकि इससे पूर्व के वर्ष में केवल 97.01% क्षमता का है

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आज ही भैंसें खरीदने यहां आए थे । कुछ लोगों ने गोलियों की आवाज सुनते ही सड़क पर लेट कर अपनी जान बचाई ।

आतंकवादी जालन्धर की ओर से आए थे और नई जेल की तरफ भाग गए । घायलों में प्रेमी (8 वर्ष), दर्शन सिंह (18), चरण दास (54), चन्ना राम (60) को हस्पताल में भर्ती कराया गया है । लोगों ने बताया कि घटना के समय स्ट्रीट लाइट अचानक बंद हो गई और अंधेरा छा गया था । आतंकवादी भागते समय "खालिस्तान ज़िंदाबाद" के नारे लगा रहे थे ।

लुधियाना में एक उग्रवादी मारा गया : लुधियाना से धीमान के अनुसार आज रात्रि ताजपुर रोड पर शराब का ठेका लूटने आए दो उग्रवादियों का पुलिस के साथ मुकाबला हो गया, जिससे एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरे उग्रवादी का पुलिस पीछा कर रही है ।

पुलिस ने बताया कि ज़िला संगरूर के गांव मूलोवाल में रणजीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

पटियाला ज़िले के घमोरी गांव में एक व्यक्ति प्यारा सिंह की हत्या कर दिये जाने का समाचार मिला है ।

स्कूटर छीना : खरड़ (शशि): दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल खरड़-कराली सड़क पर गांव लखनौर के निकट पिस्तौल दिखाकर गुलशन कुमार नामक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर सी.एच.जे. 2120 छीन लिया व कुराली की ओर फरार हो गए ।

फरीदकोट पुलिस ने मुक्तसर थाना क्षेत्र के ग्राम चक पाम निवासी उग्रवादी गुरसेवक सिंह को 12 बोर की बंदूक व 6 गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

Punjabi Sahitani

पठानकोट और मकरकोट में बम विस्फोटों से 29 मरे : 67 घायल

फिरोज़पुर में एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 6 की हत्या : होशियारपुर व बटाला क्षेत्र में 2 ट्रैक्टर छीने : अमृतसर में 'ए' श्रेणी उग्रवादी सहित 11 गिरफ्तार : गुरदासपुर में 3 राइफलें और कारतूस छीन कर ले गए : 2 घुसपैठिए मरे : 1 शव मिना

2 बम नगर में फटे : एक बम जम्मू-पठानकोट मार्ग पर मकरकोट में बस में फटा : जलती बस एक किलोमीटर चलती रही

चंडीगढ़, 1 नवम्बर : पठानकोट शहर में हुए दो बम विस्फोटों में 10 तथा पठानकोट से रवाना हुई बस में मकरकोट के पास हुए एक अन्य विस्फोट में 19 व्यक्ति मारे गए तथा 67 घायल हो गए ।

उग्रवादियों ने गत रात्रि फिरोज़पुर में एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने जिला गुरदासपुर में 3 राइफलें और बटाला एवं होशियारपुर में एक-एक ट्रैक्टर छीन लिया । जिला अमृतसर में 'ए' श्रेणी के एक उग्रवादी सहित 9 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में दो पाक घुसपैठिए मारे गए । पुलिस को गोलियों से छलनी एक शव भी मिला है । लुधियाना में गत रात्रि मारे गये 4 व्यक्तियों में 2 गुजरात के व्यापारी थे, जो गुजरात से पंजाब में व्यापार के संबंध में आए थे ।

मकरकोट व पठानकोट के विस्फोटों में मरने वालों की संख्या के बारे में सही जानकारी नहीं मिली है । प्रै.ट्र. के अनुसार मकरकोट में 13 तथा पठानकोट में 10 लोग मारे गए । यू.न्यू. के अनुसार मकरकोट में 14 तथा पठानकोट में 6 लोग मारे गए । पठानकोट से महेन्द्रपाल के अनुसार वहां 8 लोग जबकि विनोद गुप्ता के अनुसार वहां 7 लोग मारे गए हैं ।

दो बम फटने से 8 मरे : पठानकोट (गुप्ता) : आज दोपहर बाद यहां के मेन बाज़ार में दोपहर के लगभग 1.45 बजे डा. भागवत सिंह सेठी की दुकान पर दो बम फट जाने से 7 व्यक्ति (दो महिलाएं व 2 बच्चे) घटना स्थल पर ही मारे गये तथा 25 अन्य बुरी तरह घायल हो गये । इनमें से 10 की हालत नाज़ुक है । दस घायलों को मिलिट्री अस्पताल में भेजा गया है । दूसरा बम विस्फोट पठानकोट में सैली रोड पर एक मारुति वैन के पास हुआ जिसमें 2 बच्चे मारे गये तथा शिव सेना के प्रचारक जगमोहन शर्मा घायल हो गये । कल भाजपा के आह्वान पर पठानकोट बंद रहेगा । बंद के आह्वान को शिव सेना, हिन्दू सुरक्षा समिति आदि संगठनों ने समर्थन दिया है । 'हस' के अनुसार 2 विस्फोटों में कम से कम 8 लोग मारे गए ।

मृतकों के आश्रितों को 20-20 हज़ार : पठानकोट से एस.डी.एम. ने आज बम विस्फोटों में मरने वालों के परिवारों को 20-20 हज़ार रुपए देने की घोषणा की है जबकि घायल व्यक्तियों को 2-2 हजार रुपये के चैक दिए । 6 मृतकों में से 2 की शिनाख्त हो गई है, मृतकों में 35 वर्षीय बचनी देवी, उसका 7 वर्षीय लड़का विजय कुमार शामिल हैं ।

पठानकोट में कर्फ्यू नहीं : पहले प्राप्त समाचारों में कहा गया था कि पठानकोट में कर्फ्यू लगा दिया गया है लेकिन अधिकारियों ने कर्फ्यू के समाचारों का खंडन किया है । नगर में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई गई है । भारी संख्या में पुलिस नगर में गश्त कर रही है और लोगों को घरों में ही रहने और किसी संदिग्ध वस्तु को न छूने के लिए कह रही है । वारदात की सूचना पाकर गुरदासपुर के जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा और पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास भारी पुलिस फोर्स के साथ पठानकोट पहुंच गए हैं । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री वी.एस. सरोही भी पठानकोट में हैं और वह राहत कार्यों तथा अभियुक्तों की खोज का कार्य देख रहे हैं ।

पठानकोट से प्राप्त एक रिपोर्ट में अधिकारियों को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि नगर में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट से एक डाक्टर का क्लिनिक, एक जूतों और एक हैंडलूम का शो रूम, एक टैम्पो और एक स्कूटर भी नष्ट हो गए । दो और मृतकों की शिनाख्त संतोष कुमार और नवदीप के रूप में की गई है । जहां बम फटा, वहां सेना और पुलिस के जवान तत्काल भेजे गए हैं, जो सहायता कार्य करेंगे । घायलों की दशा गंभीर बताई जा रही है । कुछ घायलों को अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भी दाखिल करवाया गया है । कुछ घायल सैनिक अस्पताल पठानकोट में भी दाखिल करवाए गए हैं ।

बस में विस्फोट से 13 मरे : जम्मू (हस) : आज दोपहर यहां से लगभग 80 किलोमीटर दूर मकरकोट में जम्मू-कश्मीर राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में 13 व्यक्ति मारे गये और 42 घायल हो गये । घायलों में से 6 को पठानकोट के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । बस पठानकोट से जम्मू आ रही थी । अन्य सभी घायलों को कठुआ के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जिनमें से कईयों की हालत गम्भीर बताई गई है ।

बस को आग लग गई थी : जम्मू से सच्चर के अनुसार जम्मू-कश्मीर की बस नं. 378 जे.के.जैड जब कठुआ क्षेत्र में मगर खड्ड के निकट पहुंची तो विस्फोट के बाद बस को आग लग गई । बस में से 4 शव बरामद किये गये हैं, जबकि एक अन्य व्यक्ति की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । छः घायलों की अस्पताल ले जाते हुए मृत्यु हो गई । घायल 26 पुरुष और 8 महिलाएं कठुआ के अस्पताल में दाखिल करवाए गये हैं । 7 बच्चा सहित 8 व्यक्तियों को गम्भीरावस्था में जम्मू के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । यह घटना दोपहर 1.20 बजे हुई । बस का ड्राइवर बच गया, जबकि कंडक्टर गम्भीर रूप से घायल हुआ है ।

विस्फोट बस के पिछले भाग में हुआ : पुलिस के अनुसार विस्फोट बस के पिछले भाग में हुआ । जम्मू के मंडलीय आयुक्त एन.आर. गुप्ता और जम्मू क्षेत्र के डी.आई.जी. एस.एस. अली मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला के निर्देश पर घटना स्थल पर रवाना हो गए । मुख्यमंत्री ने इस दुखांत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों से सहानुभूति प्रकट की है ।

शव बुरी तरह जले : बस के मृत यात्रियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी क्योंकि वे बुरी तरह जल गए हैं । घायलों में रमेश कैन, हरि कृष्ण, विशाल कुमार, जोगेंद्र सिंह और कंचन हिमाचल प्रदेश के हैं जबकि ममता, अनिल, सागर, राहुल, प्रदीप कुमार, सुरजीत कुमार और कौशल्या पंजाब के हैं । एक घायल महेश दिल्ली का है, जबकि अन्य घायल जम्मू, कठुआ और डोडा जिलों के हैं । राज्य सरकार ने मृतकों के संबंधियों को पांच-पांच हजार रुपए और घायलों को एक-एक हजार रुपए देने की घोषणा की है ।

आग लगी बस एक किलो मीटर चलती रही : कठुआ (महाजन) : पठानकोट से जम्मू जा रही बस में लखनपुर से कठुआ मोड़ के मध्य विस्फोट हुआ और बस में आग लग गई । ड्राइवर ने बस को ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन ब्रेकें फेल हो गईं और बस लगभग एक किलो मीटर जलती हुई ही चलती रही । बस में 60-65 यात्री थे, जिनमें से कइयों ने चलती बस से छलांगें लगा दीं । जिला यातायात विभाग के निकट ही कार्यरत अधिकारियों और लखनपुर पुलिस ने तुरन्त मौके पर पहुंच कर यातायात निलम्बित कर दिया । बस के ड्राइवर का नाम जगन्नाथ है जबकि बस के ड्राइवर जगदीश सिंह चिब का अता-पता नहीं मिल रहा । बस को लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाई । पुलिस ने जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी कर दी है । जम्मू-कश्मीर में चलती बस में यह प्रथम विस्फोट है ।

प्रारम्भिक जांच से पता चला है कि बस में टाइम बम से विस्फोट हुआ, जिसके विस्फोट का समय सम्भवतया लखनपुर का था, लेकिन यह लखनपुर से एक किलो मीटर पूर्व ही फट गया । बस में विस्फोट होने से घायल एक और व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना मिली है ।

पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार मकरकोट में हुए बम विस्फोट में 11 लोग मारे गए जिनमें से 7 के शव कठुआ में हैं, 4 के शव बस में ही हैं । कुल 42 घायल हुए जिनमें 6 सैनिक अस्पताल पठानकोट, 1 साम्बा, 14 जम्मू तथा 21 कठुआ के अस्पतालों में हैं ।

लखनपुर और जम्मू के अस्पतालों में बाद में एक-एक घायल की मृत्यु हो गई ।

3 राईफलें छीन लीं : गुरदासपुर (विनोद) : गत रात काहनूवान थाना के अंतर्गत गांव वड़ैच में चार सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा तीन राइफलें व 49 कारतूस छीन लिये गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात के लगभग 10 बजे चार आतंकवादी वड़ैच गांव के सरपंच कश्मीर सिंह के घर आये तथा एक दुनाली बंदूक व 25 कारतूस तथा एक वी.डी.ए. राइफल व 9 कारतूस छीन कर ले गए । बाद में आतंकवादी इसी गांव के संतोख सिंह के घर गये तथा उसकी एक दुनाली बंदूक व 15 कारतूस छीन कर ले गए । काहनूवान पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ट्रैक्टर व अन्य सामान ले गए : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस तथा बटाला में थाना सदर बटाला के गांव मूला सनैया से लगभग 10 सशस्त्र अज्ञात लोग जगतार सिंह के घर से रंगदार टी.वी., वी.सी.आर., टेपरिकार्डर व 5 तोले सोने के गहने लूट कर हवा में फायरिंग करते हुए फरार हो गए । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार घटना स्थल से काफी चले हुए कारतूस मिले हैं । एक अन्य घटना में गत रात कुछ अज्ञात सशस्त्र युवक गांव भागोवाल के रजिन्द्र सिंह के घर के बाहिर से ट्रैक्टर पी.यू.जी. 3790 ले गए । थाना सदर बटाला ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 6 की हत्या : फिरोज़पुर (धीमान, कनतोड़, बागी) : दो अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना ममदोट के क्षेत्र में स्थित गांव कड़ियांकलां में 6 व्यक्तियों, जिनमें 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं, की फायरिंग करके हत्या कर दी । ये सभी मजहबी सिख थे । मृतकों के नाम इस प्रकार बताए गये हैं :—कुलवंत सिंह पुत्र शिंगारा सिंह सरपंच, गुरदीप कौर पत्नी शिंगारा सिंह (दोनों मां-बेटा), चरणो पत्नी जसवंत सिंह, जोगा सिंह पुत्र तेजा सिंह, रमेश पुत्र बग्गा और सादिक पुत्र सिराज । सरपंच शिंगारा सिंह बुरी तरह घायल हुआ है । शिंगारा सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अभियुक्तों के पास स्टेनगन थी और उन्होंने उस समय आकर उसकी लाइसैंसी बंदूक मांगी, जब वह खाना खा रहा था और दो ग्रामीण उसके निकट कमरे में बैठे थे । उसने एक अभियुक्त के साथ अपने पुत्र को बंदूक लाने के लिये भेजा जबकि शिंगारा सिंह भाग निकला । इस पर अन्य अभियुक्तों ने फायरिंग शुरू कर दी । उसको कम से कम 20 गोलियां लगीं और अभियुक्त उसकी लाइसैंसी बंदूक छीन कर भाग गये । घटना के संबंध में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

उग्रवादी 3 थे : 'धीमान' के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 3 थी और उनके पास ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफलें थीं । यह गांव फिरोज़पुर-गुरहरसहाय रोड पर स्थित है । उग्रवादियों का आरोप था कि शिंगारा सिंह पुलिस का मुखबिर है । अभियुक्त अपने पीछे खालिस्तान कमांडो फोर्स का पत्र छोड़ गए हैं । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं ।

पेटी से निकाल कर राइफल ले गए : जलालाबाद से राकेश मलिक के अनुसार यह वारदात गांव कड़ियां में हुई । सरपंच शिंगारा सिंह के घर में घुसे तीनों उग्रवादियों ने जाते ही सरपंच को अपनी 12 बोर की बंदूक उनके हवाले करने के लिये कहा । सरपंच की पत्नी ने कहा कि बंदूक कमरे के अंदर पड़ी है । इस पर उग्रवादियों ने कहा कि कोई व्यक्ति अपने स्थान से न हिले । इसके साथ ही एक उग्रवादी कमरे के अंदर गया और पेटी खोल कर बंदूक ले आया । इतने में उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी ।

ग्रामीणों ने दरवाजे बंद कर लिए थे : इस संवाददाता ने गांव में जा कर देखा कि वहां हाहाकार मची हुई थी । लोगों ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनते ही उन्होंने दरवाजे बंद कर लिए । वारदात के दो घंटे पश्चात् किसी ने चुपचाप जाकर थाना ममदोट की पुलिस को सूचना दी । पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई तथा सारे क्षेत्र को सील करके उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी लेकिन किसी किस्म का कोई सुराग नहीं मिला ।

पंजाब में माल खरीदने आए गुजरात के दो व्यापारी मारे गए : लुधियाना : कल रात गुजरात के दो व्यापारी भी मारे गए । एक व्यापारी की पहचान कर ली गई है, उसका नाम प्रकाश बताया गया है । दूसरे व्यापारी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है । ये लोग फिल्लौर के व्यापारी से कुछ खरीद-फरोख्त के सिलसिले में आए हुए थे । लुधियाना पुलिस फिल्लौर के इस व्यापारी से दोनों गुजराती व्यापारियों के बारे में पूछताछ करके पता लगाने की कोशिश कर रही है ।

दो अन्य मृतक बाहर से आए श्रमिक राम बहादुर और मदन लाल थे । घायल छः व्यक्तियों को लुधियाना में इलाज के लिए भर्ती कर दिया गया है ।

लुधियाना में घटनास्थल पर मिले पर्चे में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने इस घटना की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । पर्चे पर गुरबचन सिंह मनोचाहल, लै. जनरल परमजीत सिंह तथा दो अन्य स्वयंभू एरिया कमांडरों के नाम दर्ज हैं । पुलिस ने लुधियाना के मुदियान ग्राम की नाकेबंदी कर दी है, जहां हमलावरों के छिपने का संदेह है । पुलिस ने बताया कि इस गांव में घर-घर की तलाशी ली जा रही है ।

'ए' श्रेणी का उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वि.प्र.) : अमृतसर में पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि पुलिस ने 'ए' श्रेणी के दुर्दांत उग्रवादी अमरीक सिंह उर्फ मीका, जो नंगल पन्नवाला का रहने वाला है और 11 हत्याओं और बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर हमला करने के केस में वांछित था, को गिरफ्तार किया है । बी.एस.एफ. का एक अधिकारी उस हमले में घायल हो गया था । पुलिस ने उग्रवादी मीका से एक .12 बोर की बंदूक और छः कारतूस, .32 बोर का एक रिवाल्वर और 11 गोलियां बरामद की हैं ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार : विज्ञप्ति में आगे

(शेष पृष्ठ 8 पर)









पठानकोट में मंगलवार को हुए बम विस्फोटों में मारे गये (1) बचनी देवी, (2) उसका बेटा विजय कुमार, (3) श्रीमती संतोष, (4) अज्ञात महिला, (5) नवदीप, (6) अज्ञात लड़के के शव, (7 से 11) तक विस्फोट में घायल हुए लोग अस्पताल में उपचाराधीन, (12) वह बस जिसमें विस्फोट हुआ, (13) डाक्टर बी. सेठी का क्लीनिक जहां बम फटा, (14) क्लीनिक के अंदर बम फटने से हुई क्षति का दृश्य, (15) पुलिस अधिकारी क्लीनिक में छानबीन करते हुए । (छाया : महेन्द्र पाल गुप्ता)

मंगलवार को मकरकोट के पास बस में हुए बम विस्फोट में (1) मृत एक व्यक्ति का शव बस में फंसा हुआ, (2) एक अन्य मृतक, (3) बस में फंसे कुछ शव तथा 4 से 10 तक विस्फोट में घायलों के कुछ चित्र । (छाया : महेन्द्र पाल गुप्ता)

हरियाणा में गन्ने का मूल्य 35 रुपए क्विंटल घोषित

कैथल, 1 नवम्बर (ठकराल): हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल ने अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं । इस अवसर पर उन्होंने गन्ने का मूल्य 32 रुपए से बढ़ा कर 35 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने की घोषणा की । बिजली-दरों में जो वृद्धि की गई थी, वह आधी कर देने की घोषणा की तथा एक अन्य घोषणा में बताया कि खानाबदोश बच्चों को एक रुपया प्रति बच्चा प्रतिदिन स्कूल आने पर मिला करेगा । इसके अतिरिक्त उन्होंने एक हजार दो सौ बेरोज़गारों को सौ रुपया प्रति बेरोज़गार के हिसाब से बेरोज़गारी भत्ता भी वितरित किया ।

इससे पूर्व उन्होंने कैथल चीनी मिल का शिलान्यास करते हुए घोषणा की कि जिन 40 परिवारों की भूमि मिल के लिये अधिग्रहण की गई है, उन परिवारों के एक-एक सदस्य को चीनी मिल में नौकरी दी जाएगी ।

इस समारोह में मंत्रियों सर्वश्री रघबीर कादियान, सम्पत सिंह, नरसिंह ढांडा, बलबीर सैनी, कृपा राम पुनिया, परमानंद के अलावा अनेक विधायक भी उपस्थित थे ।

आज हरियाणा दिवस के अवसर पर हिसार जेल से 15, रोहतक जेल से 12, करनाल तथा सिरसा जेल से 9-9 तथा जींद से 7 व गुड़गांव, महेन्द्रगढ़ तथा भिवानी की जेलों से 6 कैदी छोड़े गए ।

हरियाणा लोकदल के उपाध्यक्ष तथा जेल सुधार समिति के सदस्य श्री उदय सिंह दलाल ने कहा कि अब आगे से जेल विभाग के कर्मचारियों को भी प्रदेश पुलिस के कर्मचारियों के समान पदोन्नति दी जाएगी ।

मुख्य मंत्री ने इस अवसर पर शिक्षित बेरोज़गारों के दिए जाने वाले बेरोज़गारी भत्ते के अंतर्गत प्रत्येक जिले के लिए 10 हजार रुपए प्रदान किए ।

किसानों की सरकार हो : 'सतीजा' के

सतवंत और केहर को फांसी पर रोक की अवधि सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ाई

नई दिल्ली, 1 नवम्बर (वार्ता): उच्चतम न्यायालय ने श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के लिये याचिका को मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रघुनन्दन स्वरूप पाठक के विचारार्थ आज पेश करा

पठानकोट, मकरकोट में विस्फोट

(पृष्ठ 1 का शेष)

कहा गया है कि जिला मजीठा के तीन थानों रमदास, लोपोके और मजीठा के क्षेत्रों में छापे मार कर खालिस्तान लिब्रेशन आर्गेनाइजेशन और भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम अजायब सिंह व सुच्चा सिंह आफ काहनूवाल, हरदेव सिंह आफ पिंडोरी घोला, माहल सिंह आफ धारीवाल, हरभजन सिंह आफ बच्चीविंड, रणबीर सिंह आफ कक्कड़ और निर्मल सिंह आफ रानियां है । उनके कब्जे से एक 303 बोर की राइफल, 12 बोर की दो बंदूकें, छः पिस्तौलें और रिवाल्वर तथा विभिन्न बोरों के 53 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

उग्रवादियों को आश्रय देने वाले गिरफ्तार : खतरनाक उग्रवादियों को आश्रय देने वाले पाला सिंह आफ पिंडोरी बड़ैच तथा रामामंडी जालंधर के जगदीश सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है ।

कई प्रतिबंधों के आदेश जारी : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सरबजीत सिंह ने धारा 144 के अंतर्गत जिला अमृतसर में विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधों के सात आदेश जारी किए हैं, जो 3 दिसम्बर, 1988 तक लागू रहेंगे । एक आदेश के अंतर्गत जिला भर में जलसों, जलूसों, प्रदर्शनों और एक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है । दूसरे आदेश द्वारा जिले में घातक शस्त्र, टकवे, गंडासे, तलवारें, त्रिशूल, किरपाणें, बर्छे आदि लेकर चलने भी पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन म्यान में बंद तलवार को छूट दे दी गई है क्योंकि लाईसैंस वाले शस्त्र ले जाने की आज्ञा देनी होगी । लाऊड स्पीकरों पर आपत्तिजनक कैसेटें बजाने और नारे लगाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है । भारत-पाक सीमा के साथ पांच सौ मीटर की पट्टी में शाम छः बजे से प्रातः छः बजे तक हर प्रकार के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है । नगरपालिका के क्षेत्र में सम्पत्तियां किराए पर देने या बेचने वालों को अपने निकटवर्ती थाने में किराएदार या खरीदार के बारे में सूचना देनी होगी । स्कटरों, मोटर साइकिलों और गोपेडों पर दोहरी सवारी पर सायं साढ़े सात बजे से प्रातः साढ़े सात बजे तक प्रतिबंध होगा और जिला अमृतसर में सभी रूटों पर सवारियों को लेकर चलने वाली बसें सायं छः बजे से प्रातः छः बजे तक बंद रखी जाएंगी ।

दो और उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने दो उग्रवादियों सरदूल सिंह उर्फ शूल और अमरीक सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो राइफलें बरामद की हैं ।

दो घुसपैठिए मारे गए : गत रात्रि भारत-पाक सीमा पर जिला अमृतसर के लोपोके क्षेत्र में मालूवाल चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुए मुकाबले में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । उनके दो साथी पाकिस्तान भाग गए ।

गोलियों से छलनी शव मिला : आज दोपहर बाद थाना भिखीविंड क्षेत्र में स्थित गांव बांका के निकट से गोलियों से छलनी एक युवक का शव बरामद हुआ है ।

युवक का अपहरण : बाघापुराना (मित्तल): गत रात्रि गांव कोटला राय में चार उग्रवादियों ने एक युवक रूप सिंह का पिस्तौल की नोक पर अपहरण कर लिया लेकिन कुछ समय के पश्चात् उसको छोड़ दिया । उग्रवादियों ने गांव में कुछ हवाई फायरिंग भी की । बताया जाता है कि जब वह अपने घर में सो रहा था तो उग्रवादियों ने उसके घर में घुस कर उसे साथ चलने के लिए कहा । जब वह साथ चल पड़ा तो गांव से कुछ दूर जा कर उसे छोड़ दिया और कहा कि घर में प्रातः जाना । यह घटना रात्रि दो बजे हुई । युवक प्रातः सुरक्षित घर लौट आया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

ट्रैक्टर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): गत सायं होशियारपुर-जलंधर रोड पर नसराला चो के निकट तीन उग्रवादियों ने दादपुर गरोया गांव के दिनेश कुमार से उसका इंटरनैशनल ट्रैक्टर ट्राली सहित छीन लिया और अजराम गांव की ओर फरार हो गए । दिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह घटना के समय डीजल खरीदने होशियारपुर जा रहा था ।

लौढ़ूवाल गोलीकांड में मृतकों की संख्या 19, हत्यारे पैदल आए

चंडीगढ़, 5 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): सुरक्षा बलों ने कल रात पांच उग्रवादियों को मुठभेड़ों के दौरान मार गिराया जबकि 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । लौढ़ूवाल गोलीकांड में मृतकों की संख्या 19 तक पहुंच गई है । आज दिन-दहाड़े अमृतसर में बिजली बोर्ड के दो अधिकारियों से उग्रवादी अढ़ाई लाख रुपए छीन कर ले गए । पट्टी क्षेत्र का एक अपहृत दुकानदार कल अपने घर लौट आया । कल रात भिखीविंड में डी.एस.पी. काहलों के निवास स्थान पर उग्रवादियों ने फायरिंग की ।

सीड फार्म कांड का ब्यौरा : लुधियाना (नेपाल): कल रात यहां से लगभग 20 किलोमीटर तथा लौढ़ूवाल से 7 किलोमीटर दूर केंद्रीय सरकारी बीज फार्म में आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके कल 19 कर्मचारियों की हत्या कर दी जिनमें फार्म सुप्रिटैंडैंट का बेटा अजीतपाल सिंह भी शामिल है जबकि तीन लोग सख्त जख्मी हो गए, जिनमें फार्म सुप्रिटैंडैंट की पत्नी श्रीमती ए.एन. संधु और उनका दूसरा बेटा सुदर्शन व एक अन्य कर्मचारी राम प्रताप शामिल है । फार्म में मौजूद लोगों ने बताया कि उग्रवादियों की संख्या 6-7 थी, जिन्होंने 15 फार्म कर्मचारियों को एक ही जगह मार डाला । इनमें से 7 को कमरे के बाहर गुसलखाने में इकट्ठा करके मारा गया । बाद में आतंकवादी फार्म के सुप्रिटैंडैंट श्री संधु की कोठी पर गए, जहां उन्होंने फायरिंग की । बाद में आतंकवादी जाते हुए एक अन्य स्थान पर तीन फार्म कर्मचारियों की हत्या कर गए ।

फार्म कर्मचारियों का कहना है कि फार्म में अन्य स्थानों पर तलाश की जा रही है ताकि कोई और लाश आदि न हो । मरने वाले फार्म कर्मचारी पंजाब, असम तथा उत्तर प्रदेश के थे । कई फार्म कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई । यह फार्म सुनसान जगह पर 2746 एकड़ भूमि में है । यह घटना लगभग 8 बज कर 40 मिनट पर हुई बताई जाती है जबकि टी.वी. पर समाचार आ रहे थे ।

फार्म के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री बाला सुन्दरम ने बताया कि गेट पर मौजूद चौकीदार ने ट्रक को इसलिए आने दिया था क्योंकि वे बाढ़ पीड़ितों के लिए कपड़े वितरित करने के लिए निकटवर्ती गांव में जा रहे थे ।

जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़ के निर्देश पर डाक्टर अजीत सिंह दुआ पोस्टमार्टम के लिए 8 टीमें लेकर फार्म में प्रातः 8 बजे पहुंच गए थे और फार्म में ही लाशों का पोस्टमार्टम किया गया । फार्म के लोगों का ख्याल है कि आतंकवादी उस ट्रक में आ गए होंगे जिसमें बाढ़ पीड़ितों के लिए सामान लादा हुआ था । यह लोग वारदात के बाद सतलुज नदी की ओर चले गए । पुलिस ने संदेह के आधार पर बहुत से लोगों को हिरासत में ले लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है । पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी करके अपराधियों की तलाश शुरू कर रखी है । जिला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी, जिलाधीश श्री बराड़ के अलावा अन्य उच्च पुलिस अधिकारियों ने भी मौका पर आकर हालात का जायजा लिया । बीज फार्म के अंदर फार्म कर्मचारियों में भारी आतंक था क्योंकि वहां उनकी सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं है ।

19 मृतकों की सूची इस प्रकार है : अंग्रेज सिंह, जय प्रकाश, जगदीश प्रसाद, कैलाश सिंह, लाल पहाड़ी, जोगेंद्र, दिनेश (सभी उत्तर प्रदेश), तेलू राम, हरबंस सिंह, जोगिन्द्र सिंह, मैनुअल मसीह, अजीत पाल सिंह (सभी पंजाब), अनवर उल हुसैन, आजम मियां (दोनों असम), ज्ञान चन्द (पंजाब), राम कुमार, राम दीन, वीरेंद्र तथा डल्लन । लौढ़ूवाल हत्या कांड की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स के झामके ग्रुप ने ली है ।

महिंद्रा ने खबर दी है कि कल तक झिलमिल-झिलमिल करती हुई सीड फार्म कालोनी अब मृतकों के संबंधियों की हाहाकार का केंद्र बन गई है । वहां लोगों का क्रंदन देखा नहीं जाता था । पुलिस ने आज सुबह बताया कि चार आतंकवादी गत रात्रि 8.40 बजे सीड फार्म पर पहुंचे । वे पैदल आए थे । ट्रक पर उनके आने की सूचना जांच के बाद गलत साबित हुई है । असल में यह ट्रक बाढ़-रिलीफ वालों का था जो फायरिंग की आवाज सुन कर भाग निकले थे । पुलिस का कहना है कि आतंकवादी पैदल आए थे और फायरिंग करने के बाद पैदल ही फरार हो गए । घायलों को फिल्लौर के अस्पताल में दाखिल किया गया है । सी.एम.सी. अस्पताल में कोई घायल भर्ती नहीं है ।

कर्मचारियों की मिलीभगत : वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जिनमें आई.जी. पुलिस श्री सूबे सिंह तथा डी.आई.जी. पटियाला रेंज श्री एम.एस. भुल्लर शामिल हैं, ने पत्रकारों को बताया कि इस गोलीकांड में सीड फार्म के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्रवादियों ने कुछ कर्मचारियों के हाथ उनकी पीठ पर बांध दिए तथा उन्हें नजदीक से गोलियां मारीं । उन्होंने बताया कि कुछ कर्मचारी उस समय टैलीविजन कार्यक्रम देख रहे थे ।

आतंकवादी मरे : अमृतसर (अशोक, वार्ता) : सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ग्रुप, जिसने कल रात अमृतसर जिला में हरिके के एस.एच.ओ. के निवास स्थान पर हमला किया था, का पीछा करके उनमें से 2 को मंड क्षेत्र में मरड़ के निकट मठभेड़ में मार डाला । एस.एच.ओ. के घर पर हमले में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति को मार डाला था तथा एक अन्य को घायल कर दिया था ।

अमृतसर में बिजली बोर्ड का अढ़ाई लाख रुपया लूटा

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि कल रात तरनतारन पुलिस जिला में दो विभिन्न मुठभेड़ों में 3 आतंकवादी मारे गए । श्री गिल ने कहा कि एक आतंकवादी दो बुर्जी के निकट उस समय मारा गया जबकि सुरक्षा बलों की एक पार्टी पर आतंकवादियों के एक गिरोह ने घात लगाकर हमला किया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । एक अन्य मुठभेड़ में जोकि आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किए जाने के बाद हुई, पक्खो के गांव में 2 आतंकवादी मारे गए । उनके शवों के निकट 2 ए.के. 47 चीनी राइफलें तथा कुछ कारतूस मिले ।

तरनतारन पुलिस जिला में मारे गए 5 आतंकवादियों में से 2 की पहचान हो गई है । पुलिस चीफ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि दो बुर्जी के निकट मारा गया आतंकवादी परगट सिंह बीला गांव का वासी था । वह कट्टर आतंकवादी था जिसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था । दूसरा आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ बीरा कंग गांव का था जोकि पक्खोके गांव में मारा गया । वह भी कट्टर आतंकवादी था ।

तरनतारन पुलिस जिला प्रमुख ने बताया कि बलबीर सिंह के सिर पर भी तीस हजार रुपए का ईनाम था । वह लगभग बीस हत्याओं तथा लोगों से आठ लाख रुपए ऐंठने के मामलों में वांछित था ।

डी.एस.पी. के निवास स्थान पर हमला : अमृतसर की एक सूचना में कहा गया है कि कल रात भिखीविंड में आतंकवादियों ने डी.एस.पी. श्री निर्मल सिंह काहलों के निवास स्थान पर ए.के. 47 राईफलों से हमला किया । वहां तैनात गार्डों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले । किसी ओर से कोई हताहत नहीं हुआ ।

अढ़ाई लाख रुपए लूटे : अमृतसर में आज दिन दहाड़े पड़ी एक सनसनी खेज डकैती में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले हाल बाजार में पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के दो अधिकारियों को गोली मार कर घायल कर दिया और उनसे अढ़ाई लाख रुपए छीन कर चम्पत हो गए । अमृतसर जिला पुलिस प्रमुख सुरेश अरोड़ा ने संवाददाताओं को बताया कि उप मंडलीय अधिकारी गुरमुख सिंह और जूनियर इंजीनियर अजीत सिंह शहर कोतवाली स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा से कर्मचारियों का वेतन लेकर जीप से आ रहे थे । रास्ते में चार्टर्ड बैंक के पास स्कूटर सवार आतंकवादियों ने उनकी जीप रोक कर बन्दूक की नोक पर श्री अजीत सिंह से रुपयों का थैला देने को कहा ।

श्री अजीत सिंह के प्रतिरोध करने पर आतंकवादियों ने उनके गले और टांगों पर गोलियां दाग कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया । श्री गुरमुख सिंह को भी मामूली चोट आई । पुलिस ने बताया कि एकदम इन्हीं हालात में श्री गुरमुख सिंह से दो लाख 17 हजार रुपए छह महीने पहले भी छीने जा चुके हैं । पुलिस पूरे शहर में सतर्कता बरत रही है । सभी गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है ।

अपहृत दुकानदार लौटा : इसी मध्य एक दुकानदार प्रदीप कुमार जिसका 1 नवम्बर को पट्टी क्षेत्र से दो लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण कर लिया गया था, कल घर लौट आया । पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ।

हत्या कर दी : फिरोजपुर (बागी) : गत रात 6 आतंकवादी फिरोजपुर जिला के गांव चक महाराजा में गुरमेज सिंह के मकान में जबरदस्ती घुस गये तथा उस पर गोलियों की बौछार कर दी । गुरमेज सिंह की वहीं पर मौत हो गई ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

मालदीव पर हमला करने वाले भाड़े के सैनिकों का जहाज पकड़ा गया, सभी बंधक मुक्त

कोलम्बो, 5 नवम्बर : मालदीव की राजधानी माले में सूत्रों ने कहा है कि भारतीय नौसेना ने मालदीव से भाग रहे भाड़े के सैनिकों से भरे जहाज को पकड़ लिया है और उसमें बंधक बनाए गए सरकारी अधिकारियों को मुक्त करा लिया है । बंधकों में मालदीव के परिवहन मंत्री अहमद मुस्तफा भी हैं ।

भारतीय नौसेना ने जहाज का काफी दूर तक पीछा करने के बाद उसे पकड़ा । मशीनगन की गोलियां लगने से यह जहाज काफी क्षतिग्रस्त हो गया है । जहाज को माले लाया जा रहा है । बताया गया है कि भाड़े के सैनिकों ने जिन्होंने मालदीव सरकार को उलटने का असफल प्रयास किया था, कुछ विरोध किया लेकिन बाद में आत्मसमर्पण कर दिया ।

कुवैती सम्वाद समिति कुना ने राष्ट्रपति गयूम के सलाहकार शेख मोहम्मद रशीद के हवाले से कहा है कि संचार मंत्री मुजतबी हुसैन को भी बंधक बनाया गया था ।

कोलम्बो में मालदीव के उच्चायुक्त अहमद अब्दुल्ला ने बताया कि भाड़े के सैनिकों के हमले के दौरान 12 व्यक्ति मारे गए लेकिन फोटोग्राफर बलदेव कपूर ने मालदीव के विदेश मंत्री जमील के हवाले से बताया कि मरने वालों की संख्या 30 है । मृतकों में सात सुरक्षा कर्मी हैं । तीन भाड़े के सैनिकों के शव भी मिले हैं । श्री कपूर उन भारतीय पत्रकारों में से एक हैं जिन्हें भारतीय सेना के साथ माले ले जाया गया है । उन्होंने श्री जमील के हवाले से कहा कि मृतकों में आम नागरिक भी शामिल हैं ।

विदेश मंत्री श्री जमील ने कहा कि भारत तथा मालदीव के सैनिकों ने घरों की तलाशी ली तथा देश के कई टापुओं में खोजबीन कर रहे हैं । रेडियो माले ने बताया कि दस भाड़े के सैनिकों को पकड़ लिया गया है । श्रीलंका में कई विदेशी राजनयिकों ने बताया कि हमला करने वाले भाड़े के सैनिकों की संख्या 150 से अधिक नहीं थी । भारतीय वायु सेना द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी भाड़े के सैनिक पूछताछ के दौरान तमिल भाषा बोल रहे थे ।

मालदीव में आज स्थिति शांतिपूर्ण है । लोग भारतीय सेना की कार्रवाई से प्रभावित हुए बिना अपने सामान्य कामकाज में लगे हैं । स्थानीय निवासियों के अनुसार गुरुवार को दो व्यापारियों को भाड़े के सैनिकों को निर्देश देते हुए देखा गया । अभी उनका पता नहीं लग पाया है ।

2 बंधकों की हत्या : : बी.बी.सी. के अनुसार भाग रहे जहाज पर सवार विद्रोहियों ने 25 में से 2 बंधकों की गोली मार कर हत्या कर दी और धमकी दी है कि यदि भारतीय जहाजों से फायरिंग की गई तो वे अपना जहाज विस्फोट करके उड़ा देंगे ।

मान द्वारा प्रिजीडियम के पांच नए सदस्य नियुक्त

चंडीगढ़, 5 नवम्बर (वि.प्र.): भागलपुर जेल में नज़रबंद एकीकृत अकाली दल के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान ने अपनी पार्टी की प्रिजीडियम के लिए पांच अन्य सदस्यों की नियुक्ति की है जिनके नाम हैं : संत अजीत सिंह, आत्मा सिंह, गुरतेज सिंह, जगदेव सिंह खुड्डिया और मंजीत सिंह । यह जानकारी आज यहां मान गुट के जनरल सैक्रेटरी श्री चरणजीत सिंह वालिया ने एक लिखित बयान में दी । उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में प्रिजीडियम के कुछ अन्य सदस्य बनाए जाएंगे और वर्किंग कमेटी भी बना दी जाएगी । अब बढ़ाई गई प्रिजीडियम की बैठक 11 नवम्बर को जालंधर में बुलाई गई है ।

दिल्ली में जाने-माने सबसे पुराने न्यू भंडारी अस्पताल
चौक मोनी, अमृतसर का नया सैंटर कामयाबी के साथ चल रहा है ।
पता : J-153, राजौरी गार्डन, पीछे मेन पोस्ट एंड टैलीग्राफ आफिस
नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110027, फोन-5454100

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की
सारे उत्तरी भारत में सबसे पहले टैस्ट शुरू करने वाले

- 9 साल के अधिक समय से सारे उत्तरी भारत में सबसे पहले क्रोमोसोमल स्टडी वाला टैस्ट न्यू भंडारी अस्पताल, चौक मोनी, अमृतसर ने ही पूरी कामयाबी के साथ शुरू किया था जो कि अब भी सफलता से संचालित है । यह सैंटर सबसे पुराना, सस्ता, तजुर्बेकार व सबसे सही नतीजे देने वाला (Pioneer) सर्वोत्तम सैंटर है । कुछ लोग कहते हैं कि अमृतसर में यह टैस्ट उन्होंने शुरू किया था, लोगों को धोखा देकर गुमराह कर रहे हैं ।
- यह टैस्ट गर्भ के 4 महीने पूरे होने अथवा अधिक होने पर होता है और रिपोर्ट उसी दिन लिखित में दी

Punjab Sentinel

लुधियाना के निकट लौंड्वाल स्थित सरकारी बीज फार्म में फार्म के कर्मचारियों की उग्रवादियों ने गत दिवस हत्या कर दी । मरने वाले हैं (1) वीरेन्द्र सिंह, (2) धनेश, (3) अंग्रेज सिंह, (4) प्रकाश, (5) आज़म मियां, (6) अनवर अली, (7) रमण कुमार, (8) दल्लन, (9) रामदीन, (10) फार्म सुपिंटेंडेंट का बेटा अजीतपाल सिंह, (11) कैलाश सिंह, (12) हरबंस सिंह, (13) जगदी प्रसाद, (14) जोगेन्द्र सिंह, (15) ज्ञान चन्द, (16) लाल पहाड़ी, (17) मैनुअल मसीह, (18) जोगेन्द्र प्रसाद, (19) तेलू राम व (20) वह कमरा जिसमें 7 कर्मचारियों को बांध कर मारा गया, (2 घटनास्थल पर लोगों की भीड़ । (छाया : नेपा

Punjab Vartani



लुधियाना के निकट लौढ़ेवाल स्थित सरकारी बीज फार्म में फार्म के कर्मचारियों की उग्रवादियों ने गत दिवस हत्या कर दी । मरने वाले हैं (1) वीरेन्द्र सिंह, (2) धनेश, (3) अंग्रेज सिंह, (4) ज
प्रकाश, (5) आज़म मियां, (6) अनवर अली, (7) रमण कुमार, (8) दल्लन,(9) रामदीन, (10) फार्म सुप्रिंटेंडैंट का बेटा अजीतपाल सिंह, (11) कैलाश सिंह, (12) हरबंस सिंह, (13) जगदीश
प्रसाद, (14) जोगेन्द्र सिंह, (15) ज्ञान चन्द, (16) लाल पहाड़ी, (17) मैनुअल मसीह, (18) जोगेन्द्र प्रसाद, (19) तेलू राम व (20) वह कमरा जिसमें 7 कर्मचारियों को बांध कर मारा गया, (21
घटनास्थल पर लोगों की भीड़ । (छाया : नेपाल

बटाला में स्थिति तनावपूर्ण परन्तु नियंत्रण में:बम विस्फोटों

मृतकों की संख्या 27 हो गई

बटाला, 5 नवम्बर (वार्ता): औद्योगिक नगर बटाला में किसी प्रकार का साम्प्रदायिक तनाव नहीं है । यहां कल दो स्थानों पर बम विस्फोट होने के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था । कर्फ्यू बगैर किसी अप्रिय घटना के आज भी जारी रहा ।

कुछ संवाद समितियों के अनुसार बम विस्फोटों में मरने वालों की संख्या 27 हो गई है तथा घायलों की संख्या 50 के करीब है । नगर में किसी भी अप्रिय स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए भारी सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है । जिलाधीश डी.एस. कल्हा ने कहा है कि स्थिति तनावपूर्ण है परन्तु नियंत्रण में है । उन्होंने कहा कि जब तक स्थिति पूर्ण रूप से शांत नहीं हो जाती, कर्फ्यू जारी रहेगा ।

बहरहाल बटाला निवासी पुलिस व प्रशासन से इस बात से बहुत नाराज़ हैं कि गत एक नवम्बर को पठानकोट में हुए दो बम विस्फोटों के बाद इस नगर में सुरक्षा के समुचित उपाय नहीं किए गए । लोग राजकीय सिविल अस्पताल की कार्य प्रणाली से भी बहुत नाराज हैं । जिला मैजिस्ट्रेट डी.एस. कल्हा ने इस मामले की मैजिस्टीरियल जांच कराने के आदेश दे दिए हैं । कल बम विस्फोट में मरने वालों के शव तथा घायलों को अस्पताल लाने वाले लोगों ने क्रोध में सीनियर मैडिकल अधिकारी के कार्यालय में फर्नीचर, टैलीफोन इत्यादि तोड़ डाले थे तथा सैनिटरी फिटिंग्स को भी तहस-नहस कर डाला था । कहा जाता है कि कल एस.एम.ओ. अवकाश पर गया हुआ था तथा अस्पताल में उपस्थित एकमात्र डाक्टर बम विस्फोटों के शिकार हुए लोगों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण आपात् स्थिति को सम्भालने के लिए काफी नहीं था ।

आज प्रातः सिटी पुलिस स्टेशन पर प्रमुख नागरिकों की एक मीटिंग में सम्बोधित करते हुए श्री कल्हा तथा एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने कहा कि बम विस्फोटों में मरने वालों की संख्या बीस हो गई है । गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में तीन और घायलों की मृत्यु हो गई है । कल वहां 13 घायलों को दाखिल कराया गया था । उन्होंने बताया कि किशोर महाजन व श्रीमती शीतल कौर की कल रात में ही मृत्यु हो गई थी जबकि एक अन्य घायल पूरण सिंह की मृत्यु आज सुबह हो गई ।

जिलाधीश श्री कल्हा ने बटाला के अस्पताल में दाखिल छः घायलों में से प्रत्येक को तीन हजार रुपए तथा अमृतसर के अस्पताल में दाखिल दस घायलों में से प्रत्येक घायल को पांच हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि जो लोग थोड़ा-बहुत घायल हुए हैं, उन्हें भी एक-एक हजार रुपए की सहायता दी जाएगी । इन घायलों ने प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज कराया था । अभी प्रशासन इनकी वास्तविक संख्या ज्ञात नहीं कर सका है । अमृतसर के अस्पताल में मरने वाले घायलों के शवों को यहां लाकर उनका पोस्टमार्टम किया गया ।

'कोछड़' के अनुसार आज बाद दोपहर पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार जे.एफ. रिबैरो, मुख्य सचिव आर.पी. ओझा, पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, आई.जी. सीमा रेंज सी. पाल सिंह तथा डी.आई.जी. सीमा रेंज सर्वजीत सिंह बटाला के अस्पताल में घायलों को देखने आए । उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि घायलों की दशा में सुधार हो रहा है । उन्होंने बताया कि सिलाई मशीनों के खोल में विस्फोटक सामग्री भर कर उन्हें दो साइकिलों पर दो विभिन्न स्थानों पर रखा गया था । विस्फोट के बाद मशीनों के टुकड़े उड़ कर लगने से अधिकांश लोग घायल हुए थे । विस्फोट के लिए किस टाईप के बम का इस्तेमाल किया था, इसकी शिनाख्त करने के लिए विस्फोटक विशेषज्ञों को बुलाया गया है ।

उन्होंने कहा कि पुलिस बम विस्फोटों के सम्बन्ध में सक्रियता से खोजबीन कर रही है तथा कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है । अब तक के अनुमान के अनुसार यह कार्रवाई बब्बर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjabi Jagatabi

पांच आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

2 घुसपैठिए मारे गए : सीमा सुरक्षा बल ने कल रात फाजिल्का सैक्टर में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे दो घुसपैठियों को मार डाला ।

शरणदाता गिरफ्तार : जालन्धर (वार्ता): जालन्धर पुलिस ने गत रात उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में सुरजीत सिंह और महेन्द्र कौर को गिरफ्तार कर लिया ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : करनाल-हरियाणा पुलिस ने दो उग्रवादियों भजनबीर सिंह तथा सुरेन्द्र चड्ढा को गिरफ्तार कर लिया जो कि 1985 में राज्य में हुए ट्रांजिस्टर बम धमाकों में वांछित थे ।

2 की हत्या : बटाला से गुलाटी के अनुसार आज अपरान्ह श्रीहरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानाश में उग्रवादियों ने सुखदेव सिंह तथा हरदेव सिंह को ए. के. 47 चीनी राइफलों से गोलियां मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी पैदल आए थे और पैदल ही फरार हो गए ।

5 की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): आज सायं 8 बजे काहनूवान थाना क्षेत्र के ग्राम दारापुर में खाकी वर्दीधारी 25 उग्रवादियों ने स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग करके कम से कम 5 लोगों की हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंच गए हैं ।

गुरदासपुर के एस.एस.पी. पी.एम. दास ने बताया कि मृतकों में श्याम लाल (21), धर्मपाल (47), तिलक राज (40), प्रेम चन्द (18), गिरधारी लाल (60) शामिल हैं । उग्रवादियों ने गांव की बिजली सप्लाई काट दी थी । अंधेरे में एक महिला पावन रेखा ने अपने लाइसैंसी रिवाल्वर से गोलियां चलाईं तो उग्रवादी वहां से भागे । उग्रवादियों का यह गिरोह तूफान सिंह का था ।

फायरिंग करने वाली महिला मृत धर्मपाल के भाई दर्शन लाल की पत्नी थी । गिरोह का नेतृत्व खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का जुगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान स्वयं कर रहा था ।

अमृतसर से दीपक के अनुसार उच्च पदस्थ पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो जीपों में 20 से 25 उग्रवादी, जो बी.एस.एफ. की वर्दी में थे, सायं 7.40 बजे दारापुर ग्राम पहुंचे और लोगों से कहा कि जिन्हें सुरक्षा चाहिए वे गांव के चौक में इकट्ठा हो जाएं । जब सारे ग्रामीण चौक में इकट्ठा हुए तो उन्होंने उनमें से एक ही समुदाय के 5 लोगों को एक तरफ खड़ा करके अन्य ग्रामीणों के सामने ही गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । इस ग्राम में इस समुदाय के सिर्फ यही 5 लोग रह गए थे, शेष सभी पलायन कर चुके थे ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार : होशियारपुर से वार्ता के अनुसार पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे गोली सिक्का बरामद किया । उनके नाम बलवंत सिंह, दिलबाग सिंह, सुखदेव सिंह, कुलदीप सिंह, सतविंदर सिंह तथा परमजीत सिंह बताये गये हैं । उनसे पकड़े गये हथियारों में एक 9 एम.एम. पिस्तौल, एक .32 बोर रिवाल्वर, दो देसी पिस्तौल, दो कटी हुई नाली वाली सिंगल बैरल, .12 बोर की बंदूकें भी शामिल हैं । यह लोग दसूहा में कोई बड़ा कांड करने जा रहे थे कि रास्ते में ही दबोच लिए गए ।

सैंट्रल स्टेट फार्म गांव लौढ़वाल जिला लुधियाना में उग्रवादियों की फायरिंग से घायल (ऊपर) सुदर्शन सरूप (नीचे) राणा प्रताप, जो सिविल अस्पताल फिल्लौर में उपचाराधीन हैं । (छाया : तरसेम)



अमृतसर में कटड़ा जैमल सिंह व चौक बिजली हाल बाजार के बीच उग्रवादी शनिवार को गुरमुख सिंह (बाएं) तथा अजीत सिंह (दाएं) को गोली मार कर घायल करके जीप (नीचे) में रखा 2.50 लाख रु. लेकर फ़रार हो गए (छाया : रवि भंडारी)

आन्दोलन की धमकी

कुरुक्षेत्र, 5 नवम्बर (धमीजा): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सैंकड़ों छात्राओं ने रोष स्वरूप आज यहां विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया और गुण्डागर्दी की समाप्त करने व उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गुण्डा-तत्वों के खिलाफ शीघ्र ही कोई कार्रवाई न की गई तो वह गम्भीर आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होंगे । उल्लेखनीय है कि विगत 31 अक्तूबर की रात्रि को हरियाणा दिवस समारोह के बाद कुछ गुण्डा-तत्वों ने छात्राओं से अभद्र व्यवहार एवं अश्लील हरकतें की थीं । रोष स्वरूप छात्राओं ने आज अपनी कक्षाओं का बहिष्कार भी किया । छात्राओं ने कुलपति से इस घटना की तुरन्त कार्रवाई की मांग की है । इस बीच विश्वविद्यालय की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कुलपति प्रो. शिवराज कुमार चोपड़ा ने पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व न्यायाधीश को इस घटना की छानबीन का अनुरोध किया है ।

विराट वेदांत सम्मेलन

जालन्धर, 5 नवम्बर : महामंडलेश्वर स्वामी निरंजनानन्द गिरि की देखरेख में 11 से 19 नवम्बर तक तालाब बाहरियां जालन्धर में विराट वेदांत सम्मेलन हो रहा है । राम चरित्र मानस का पाठ 3 नवम्बर से शुरू है और 11 नवम्बर को सायं भोग पड़ेगा ।

क्या दावत थी

नई दिल्ली, 5 नवम्बर : अरुण नेहरू की बेटी राधिका से अपने बेटे विक्रम के विवाह के बाद अरबपति रवि टिक्कू ने अशोका होटल में जो पार्टी दी, उसका मीनू कार्ड भी सिल्क से कढ़ा हुआ था और भोजन में चटनी, सलाद आदि भी शामिल करें तो 100 चीजें परोसी गईं । भारतीय, कश्मीरी कांटिनैंटल, जापानी, चीनी भोजन थे । इसके अतिरिक्त सी फूड, मुर्गा तथा मछलियों की विभिन्न तरह से पकाई विभिन्न किस्में रायल सैल्यूट जैसी बेहतरीन शराब पेश की गई ।

84 के दंगों के दो अभियुक्तों को सज़ा

नई दिल्ली, 5 नवम्बर (वार्ता): अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.एन. कपूर ने दिल्ली में 1984 में हुए दंगों के सिलसिले में एक युवक अशोक कुमार तथा उसके पिता बद्री नारायण को दो साल कैद की सज़ा सुनाई है ।

काम-चलाऊ सरकार में विपक्ष को शामिल करने की पेशकश

कोलम्बो, 5 नवम्बर : श्रीलंका के राष्ट्रपति जूनियस जयवर्धने ने काम-चलाऊ सरकार में विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल करने की पेशकश की है । यह काम-चलाऊ सरकार चुनाव की देखरेख करेगी तथा देश की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी ।

रस्म किरया

दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पुत्रवधू **किरण बाला** पत्नी प्रदीप कुमार (सेमा) का निधन 28.10.1988 को हो गया था, जिसकी रस्म किरया 7.11.1988 दोपहर 2 से 3 बजे तक हमारे निवास स्थान N.C. 264 कोट किशन चंद, जालंधर में होगी ।

शोकाकुल :

फकीर चंद (ससुर) **तीर्थ राम (पिता)**
कृष्णा देवी (सास) **जनक रानी (माता)**

Punjab Sahitani

बिजली बोर्ड के लाईन सुपिंटेंडेंट व एक स्त्री समेत 5 व्यक्तियों की हत्या

सी.आर.पी. व बी.एस.एफ़. के मध्य गलतफ़हमी में गोली चली

अहियापुर हत्याकांड की जांच में बड़ी सफलता का दावा

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात से पंजाब में उग्रवादियों ने एक स्त्री, पंजाब बिजली बोर्ड के एक लाइन सुप्रिंटेंडेंट समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि अलग-अलग वारदातों में 6 व्यक्तियों को घायल कर दिया । गत रात एक गलत फहमी के कारण सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. की टुकड़ियों के मध्य गोली चल जाने से सी.आर.पी. का एक सब इंस्पेक्टर तथा बी.एस.एफ. का एक हैडकांस्टेबल घायल हो गए । नवांशहर क्षेत्र में एक ग्रामीण पर बस स्टैंड पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं । मजीठा क्षेत्र में सी.आर.पी. के एक जवान को गोली मार कर घायल कर दिया गया । पुलिस ने अहियापुर हत्याकांड की जांच में बड़ी सफलता का दावा किया है ।

लाईन सुप्रिंटेंडेंट की हत्या : अमृतसर (अशोक, वार्ता): गत रात थाना लोपोके के अंतर्गत गांव छिद्दा में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक लाईन सुप्रिंटेंडेंट श्री गुरबख्श सिंह की दो आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । श्री गुरबख्श सिंह को पिछले कुछ अर्से से आतंकवादियों की ओर से धमकियां मिल रही थीं ।

कांस्टेबल घायल : मजीठा क्षेत्र में गांव जगदेव कलां में एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली चला कर सी.आर.पी. के एक कांस्टेबल को घायल कर दिया । घायल जवान को गुरु तेगबहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करा दिया गया । थाना रमदास के अंतर्गत मुदरा गांव में आतंकवादियों की बड़ी कार्रवाई करने की कोशिश विफल बना दी गई । कुछ आतंकवादियों ने गांव में फायरिंग की तो पुलिस की एक पार्टी ने उन्हें ललकारा जिस पर आतंकवादी भाग निकले । वे एक .9 एम.एम. का रिवाल्वर, 6 बारूद तथा 70 खाली कारतूस छोड़ गए ।

उग्रवादी के फार्म पर फायरिंग : कल रात तरनतारन क्षेत्र में गांव खडूर साहब में कुछ उग्रवादियों ने एक फरार उग्रवादी के फार्म हाऊस पर फायरिंग की तथापि कोई घायल नहीं हुआ । तरनतारन पुलिस जिला के चीफ संजीव गुप्ता ने कहा कि यह फायरिंग दो उग्रवादी गुटों की पुरानी शत्रुता का परिणाम हो सकता है ।

घायल : गत रात अमृतसर जिला में बेरका कस्बे में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति क्रांति कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

आज सुबह मजीठा पुलिस जिला में थाना अजनाला के गांव जगदेव कलां में उग्रवादियों ने गोली चला कर एक व्यक्ति भगवान दास को घायल कर दिया ।

2 ट्रकों का अपहरण : मजीठा पुलिस थाना में ब्यास के निकट उग्रवादियों ने धान की भूसी से लदे दो ट्रकों का अपहरण कर लिया । बाद में बी.एस.एफ. के स्वयंभू चीफ सुखदेव सिंह झामके ने ट्रांसपोर्टर के मालिक को पत्र भेज कर 5 लाख रुपए की मांग की ।

दारापुर गांव का ब्यौरा : गुरदासपुर (हमदर्द): कल रात दारापुर गांव में लगभग 20 आतंकवादियों ने जो चार-पांच ग्रुपों में बंटे हुए थे, सिख परिवारों के मकानों पर हमला कर दिया और 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । फायरिंग में पांच व्यक्ति घटनास्थल पर मारे गये और छठे व्यक्ति हरबंस लाल की लाश आज प्रातः मिली ।

पुलिस-क्षेत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने पहले गांव की बिजली काट दी और फिर हरिजन-परिवारों के मकानों पर हमला कर दिया । एक करियाना दुकानदार शामलाल की दुकान पर आतंकवादी जब आए तब शामलाल ने भागने की कोशिश की, परन्तु आतंकवादियों ने उस पर गोली चला कर उसकी हत्या कर दी । दुकान पर एक और व्यक्ति हरबंस लाल भी बैठा हुआ था, उसे भी गोली मार दी गई । वह दुकान पर रखी बोरियों के पीछे छुप गया जहां से उसकी लाश आज बरामद हुई । इसके बाद आतंकवादियों ने धर्मपाल, तिलकराज और गिरधारी लाल के घरों पर हमले किये । धर्मपाल और तिलकराज ने आतंकवादियों के कहने पर दरवाज़ा खोलने से इन्कार किया तो आतंकवादियों ने दरवाज़ों को तोड़ दिया और उनकी हत्या कर दी ।

एक औरत रेखा, पत्नी, दर्शन लाल ने अंधेरे में लाइसैंसी पिस्तौल में गोलियां भर कर चलानी शुरू कर दीं जिससे आतंकवादी भाग गए ।

दारापुर गांव में 200 घरों में से 10 परिवार ब्राह्मण हैं । एक मृतक शाम लाल के हाथ पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैटर फार्म पर तूफान सिंह की तरफ से लिखा पत्र मिला जो आतंकवादी छोड़ गए थे, उसमें लिखा था कि ये हत्याएं श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या करने वालों को फांसी का दंड देने के विरुद्ध रोष स्वरूप की गई हैं । यह तो एक नमूना है, अभी बड़े पैमाने पर हत्याएं की जाएंगी ।

इस बीच बी.एस.एफ. और सी.आर.पी.एफ. के जवानों में गलत फहमी के आधार पर बड़ी भिड़ंत हो गई । दारापुर में फायरिंग की सूचना मिलते ही सी.आर.पी.एफ. के जवान घटना स्थल की ओर रवाना हो गए । बी.एस.एफ. के जवानों ने एक स्थान पर आतंकवादियों को पकड़ने के लिये घात लगा रखी थी । बी.एस.एफ. के दस्ते ने सी.आर.पी.एफ. की गाड़ी को रुकने का इशारा किया इस पर दूसरी ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई जिससे बी.एस.एफ. का हैडकांस्टेबल दया सिंह घायल हो गया । बी.एस.एफ. की ओर से फायरिंग करने पर सी.आर.पी.एफ. का एक सब इंस्पैक्टर घायल हो गया । अभी गोली चल ही रही थी कि गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री दास वहां पहुंचे और उन्होंने फायरिंग बंद करवाई ।

पम्मा गिरफ्तार : गुरदासपुर पुलिस ने एक उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा को गिरफ्तार करके उससे एक .12 बोर का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किए ।

सूबे सिंह का दावा : लुधियाना से ह.स. की सूचना है कि आई.जी. पुलिस श्री सूबे सिंह ने दावा किया कि पुलिस ने टांडा के निकट हुए अहियापुर हत्याकांड की जांच में बड़ी सफलता हासिल की है । उन्होंने आशा प्रकट की कि अपराधी शीघ्र पकड़ लिए जाएंगे ।

धीमान के अनुसार श्री सूबे सिंह ने कहा कि कंधारा जट्टां ग्राम में एक ए.एस.आई. कुलदीप सिंह की हत्या करने वाला उग्रवादी अमरजीत सिंह भी गत दिनों जालन्धर के पास पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया ।

2 की हत्या : फरीदकोट (ह.स.): आज तड़के लगभग 3.30 बजे फरीदकोट की बलबीर बस्ती में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति रोशन लाल के घर का दरवाज़ा खटखटाया और गोलियां चला कर रोशन लाल की पत्नी शकुंतला की हत्या कर दी । फायरिंग में रोशन लाल और उसकी दो लड़कियां सरोज व प्रवीन घायल हो गईं । हमलावरों ने भागते समय होमगार्ड के एक जवान की भी गोली मार कर हत्या कर दी । मृत जवान का नाम हरबंस सिंह बताया गया है ।

अपहरण के मामले : फिरोज़पुर (कन्तोड): यहां का एक 17 वर्षीय विजय कुमार गत 12 दिनों से रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में लापता है । इससे पूर्व तीन अलग-अलग केसों में एक आढ़ती तथा दो व्यापारियों का फिरौती के लिए अपहरण किया जा चुका है । एक नौजवान लड़की का भी अपहरण किया गया था जो कि बाद में भटिंडा से बरामद हो गई । ऐसा लगता है कि एक गिरोह सक्रिय है जो फिरौती के लिए समृद्ध लोगों का अपहरण करता है तथा मांग पूरी होने पर उन्हें रिहा कर देता है । पुलिस में केस दर्ज कराए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । लोगों में इस बात को लेकर भारी रोष व्याप्त है ।

तेजधार हथियारों से हत्या : फिरोज़पुर जिला में फाज़िल्का थाना सदर के गांव लाढ़ुका में कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति कश्मीर सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी ।

बस स्टाप पर फायरिंग : जालंधर (हस): गत रात थाना नवांशहर क्षेत्र में एक ग्रामीण बस स्टैंड पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां चलाईं । पुलिस के अनुसार हमलावरों ने जाडला बस स्टाप पर लगभग एक दर्जन गोलियां चलाईं तथापि फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ ।

हत्याओं की कड़ी निंदा : जालंधर (ढल्ल): पंजाब भाजपा के प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल ने उग्रवादियों द्वारा बम धमाकों तथा अंधाधुंध फ़ायरिंग की घटनाओं में मासूम लोगों की निर्मम हत्याओं की कड़ी निंदा की और साथ ही उग्रवादियों को खदेड़ने में सरकार की असफलता को आपराधिक करार दिया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ज़िला गुरदासपुर में काहनूवान थाने के अंतर्गत गां (1) गिरधारी लाल, (2) शाम लाल, (3) धर्मप हत्या कांड के बाद क्षेत्र की छानबीन कर रहे सुर फ़ायरिंग में घायल (6) सी.आर.पी.एफ. का सब- का हैड कांस्टेबल दया सिंह ।

बटाला बम-कांडों के संबंध

12 व्यक्ति हिरासत में

बटाला, 6 नवम्बर (कोछड़): प्रशासन की ओर से आज प्रातः आठ बजे से सायं पांच बजे तक कर्फ़्यू में ढील दी गई है । जनजीवन सामान्य होता जा रहा है । जिलाधीश गुरदासपुर श्री दिलशेर सिंह कल्हा व पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने आज प्रातः पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चकरी बाज़ार में हुए दो बम विस्फोटों में 20 लोगों की मृत्यु हुई है । उनके आश्रितों को दो-तीन दिन में ही 20-20 हजार रुपया दे दिया जाएगा । कुल 35 लोग घायल हुए, जिनमें दस अमृतसर अस्पताल में तथा 14 बटाला अस्पताल में उपचाराधीन हैं । 11 लोग प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात् घरों को चले गए हैं । बटाला अस्पताल में दाखिल घायलों को 28 हजार रुपया के चैक दे दिए गए हैं व अमृतसर अस्पताल में घायलों को भी सहायता प्रदान कर दी जाएगी ।

इस अवसर पर एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि विस्फोट के सम्बन्ध में दोषियों की खोजबीन जारी है, लेकिन अभी कोई ठोस बात नहीं कही जा सकती.

जीतने पर बेनज़ीर प्रधानमंत्री बनाई जाएंगी : नुसरत

बहरीन, 6 नवम्बर : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सह अध्यक्ष नुसरत भुट्टो ने कहा है कि 16 नवम्बर के चुनाव में उनकी पार्टी के जीतने पर बेनजीर भुट्टो प्रधानमंत्री बनाई जाएंगी ।

दुबई के अंग्रेजी दैनिक "खलीज" टाइम्स को दी एक भेंट वार्ता में भूतपूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की विधवा श्रीमती नुसरत ने इन समाचारों का खंडन किया कि उनकी पार्टी ने पहले से एक "छाया

उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल गलत है बेनजीर को ही प्रधानमंत्री बनाया जाएगा । मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं मगर देश का शासन चलाने के लिए जिस तरह रात दिन लगना होता है वह मेरे बस का कहां है । बेनजीर ही प्रधान मंत्री होंगी और वही देश का शासन चलाएंगी ।

चुनाव में धोखाधड़ी की आशंका व्यक्त करते हुए श्री श्रीमती नुसरत भुट्टो ने कहा कि उनकी पार्टी

Punjab Gazette

बिजली बोर्ड के लाईन सुप्रिंटैंडैंट व एक स्त्री समेत 5 व्यक्तियों की हत्या

सी.आर.पी. व बी.एस.एफ़. के मध्य गलतफ़हमी में गोली चली

अहियापुर हत्याकांड की जांच में बड़ी सफलता का दावा

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात से पंजाब में उग्रवादियों ने एक स्त्री, पंजाब बिजली बोर्ड के एक लाइन सुप्रिंटैंडैंट समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि अलग-अलग वारदातों में 6 व्यक्तियों को घायल कर दिया । गत रात एक गलत फहमी के कारण सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. की टुकड़ियों के मध्य गोली चल जाने से सी.आर.पी. का एक सब इंस्पेक्टर तथा बी.एस.एफ. का एक हैडकांस्टेबल घायल हो गए । नवांशहर क्षेत्र में एक ग्रामीण पर बस स्टैंड पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं । मजीठा क्षेत्र में सी.आर.पी. के एक जवान को गोली मार कर घायल कर दिया गया । पुलिस ने अहियापुर हत्याकांड की जांच में बड़ी सफलता का दावा किया है ।

लाईन सुप्रिंटैंडैंट की हत्या : अमृतसर (कमलोक, वार्ता): गत रात थाना लोपोके के अंतर्गत गांव छिद्दा में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक लाईन सुप्रिंटैंडैंट श्री गुरबख्श सिंह की दो आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । श्री गुरबख्श सिंह को पिछले कुछ अर्से से आतंकवादियों की ओर से धमकियां मिल रही थीं ।

कांस्टेबल घायल : मजीठा क्षेत्र में गांव जगदेव कलां में एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली चला कर सी.आर.पी. के एक कांस्टेबल को घायल कर दिया । घायल जवान को गुरु तेगबहादुर अस्पताल अमृतसर में दाखिल करा दिया गया । थाना रमदास के अंतर्गत मुदरा गांव में आतंकवादियों की बड़ी कार्रवाई करने की कोशिश विफल बना दी गई । कुछ आतंकवादियों ने गांव में फायरिंग की तो पुलिस की एक पार्टी ने उन्हें ललकारा जिस पर आतंकवादी भाग निकले । वे एक 9 एम.एम. का रिवाल्वर, 6 कारतूस तथा 70 खाली कारतूस छोड़ गए ।

उग्रवादी के फार्म पर फायरिंग : कल तरनतारन क्षेत्र में गांव खड़र साहब में कुछ उग्रवादियों ने एक फरार उग्रवादी के फार्म हाऊस पर फायरिंग की तथापि कोई घायल नहीं हुआ । तरनतारन पुलिस जिला के चीफ संजीव गुप्ता ने कहा कि यह फायरिंग दो उग्रवादी गुटों की पुरानी शत्रुता का परिणाम हो सकता है ।

घायल : गत रात अमृतसर जिला में बेरका क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति क्रांति कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

आज सुबह मजीठा पुलिस जिला में थाना मजीठा के गांव जगदेव कलां में उग्रवादियों ने गोली चला कर एक व्यक्ति भगवान दास को घायल कर दिया ।

2 ट्रकों का अपहरण : मजीठा पुलिस जिला में ब्यास के निकट उग्रवादियों ने धान की फसल से लदे दो ट्रकों का अपहरण कर लिया । बाद में बी.एफ. के स्वयंभू चीफ सुखदेव सिंह झामके ने ट्रक शैलर के मालिक को पत्र भेज कर 5 लाख रुपए की मांग की ।

दारापुर गांव का घेरा : गुरदासपुर (वार्ता): कल रात दारापुर गांव में लगभग 20 आतंकवादियों ने जो चार-पांच ग्रुपों में बंटे हुए थे, कुछ परिवारों के मकानों पर हमला कर दिया और 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । फायरिंग में पांच व्यक्ति घटनास्थल पर मारे गये और छठे व्यक्ति हरबंस लाल की लाश आज प्रातः मिली ।

पुलिस-क्षेत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने पहले गांव की बिजली काट दी और फिर हरिजन-परिवारों के मकानों पर हमला कर दिया । एक करियाना दुकानदार शामलाल की दुकान पर आतंकवादी जब आए तब शामलाल ने भागने की कोशिश की, परन्तु आतंकवादियों ने उस पर गोली चला कर उसकी हत्या कर दी । दुकान पर एक और व्यक्ति हरबंस लाल भी बैठा हुआ था, उसे भी गोली मार दी गई । वह दुकान पर रखी बोरियों के पीछे छुप गया जहां से उसकी लाश आज बरामद हुई । इसके बाद आतंकवादियों ने धर्मपाल, तिलकराज और गिरधारी लाल के घरों पर हमले किये । धर्मपाल और तिलकराज ने आतंकवादियों के कहने पर दरवाज़ा खोलने से इन्कार किया तो आतंकवादियों ने दरवाज़ों को तोड़ दिया और उनकी हत्या कर दी ।

एक औरत रेखा, पत्नी, दर्शन लाल ने अंधेरे में लाइसैंसी पिस्तौल में गोलियां भर कर चलानी शुरू कर दीं जिससे आतंकवादी भाग गए ।

दारापुर गांव में 200 घरों में से 10 परिवार ब्राह्मण हैं । एक मृतक शाम लाल के हाथ पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैटर फार्म पर तूफान सिंह की तरफ से लिखा पत्र मिला जो आतंकवादी छोड़ गए थे, उसमें लिखा था कि ये हत्याएं श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या करने वालों को फांसी का दंड देने के विरुद्ध रोष स्वरूप की गई हैं । यह तो एक नमूना है, अभी बड़े पैमाने पर हत्याएं की जाएंगी ।

इस बीच बी.एस.एफ. और सी.आर.पी.एफ. के जवानों में गलत फहमी के आधार पर बड़ी भिड़ंत टल गई । दारापुर में फायरिंग की सूचना मिलते ही सी.आर.पी.एफ. के जवान घटना स्थल की ओर रवाना हो गए । बी.एस.एफ. के जवानों ने एक स्थान पर आतंकवादियों को पकड़ने के लिये घात लगा रखी थी । बी.एस.एफ. के दस्ते ने सी.आर.पी.एफ. की गाड़ी को रुकने का इशारा किया इस पर दूसरी ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई जिससे बी.एस.एफ. का हैडकांस्टेबल दया सिंह घायल हो गया । बी.एस.एफ. की ओर से फायरिंग करने पर सी.आर.पी.एफ. का एक सब इंस्पैक्टर घायल हो गया । अभी गोली चल ही रही थी कि गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री दास वहां पहुंचे और उन्होंने फायरिंग बंद करवाई ।

पम्मा गिरफ्तार : गुरदासपुर पुलिस ने एक उग्रवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा को गिरफ्तार करके उससे एक .12 बोर का पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किए ।

सुबे सिंह का दावा : लुधियाना से ह.स. की सूचना है कि आई.जी. पुलिस श्री सुबे सिंह ने दावा किया कि पुलिस ने टांडा के निकट हुए अहियापुर हत्याकांड की जांच में बड़ी सफलता हासिल की है । उन्होंने आशा प्रकट की कि अपराधी शीघ्र पकड़ लिए जाएंगे ।

धीमान के अनुसार श्री सुबे सिंह ने कहा कि कंधारा जट्टां ग्राम में एक ए.एस.आई. कलदीप सिंह की हत्या करने वाला उग्रवादी अमरजीत सिंह भी गत दिनों जालन्धर के पास पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया ।

2 की हत्या : फरीदकोट (ह.स.): आज तड़के लगभग 3.30 बजे फरीदकोट की बल्लबीर बस्ती में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति रोशन लाल के घर का दरवाज़ा खटखटाया और गोलियां चला कर रोशन लाल की पत्नी शकुंतला की हत्या कर दी । फायरिंग में रोशन लाल और उसकी दो लड़कियां सरोज व प्रवीन घायल हो गईं । हमलावरों ने भागते समय होमगार्ड के एक जवान की भी गोली मार कर हत्या कर दी । मृत जवान का नाम हरबंस सिंह बताया गया है ।

अपहरण के मामले : फिरोज़पुर (कन्तोड): यहां का एक 17 वर्षीय विनय कुमार गत 12 दिनों से रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में लापता है । इससे पूर्व तीन अलग-अलग केसों में एक आढ़ती तथा दो व्यापारियों का फिरौती के लिए अपहरण किया जा चुका है । एक नौजवान लड़की का भी अपहरण किया गया था जो कि बाद में भटिंडा से बरामद हो गई । ऐसा लगता है कि एक गिरोह सक्रिय है जो फिरौती के लिए समृद्ध लोगों का अपहरण करता है तथा मांग पूरी होने पर उन्हें रिहा कर देता है । पुलिस में केस दर्ज कराए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । लोगों में इस बात को लेकर भारी रोष व्याप्त है ।

तेजधार हथियारों से हत्या : फिरोज़पुर जिला में फाज़िल्का थाना सदर के गांव लाढ़ूका में कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति कश्मीर सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी ।

बस स्टाप पर फायरिंग : जालंधर (हस): गत रात थाना नवांशहर क्षेत्र में एक ग्रामीण बस स्टैंड पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां चलाईं । पुलिस के अनुसार हमलावरों ने जाडला बस स्टाप पर लगभग एक दर्जन गोलियां चलाईं तथापि फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ ।

हत्याओं की कड़ी निंदा : जालंधर (हल): पंजाब भाजपा के प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल ने उग्रवादियों द्वारा बम धमाकों तथा अंधाधुंध फ़ायरिंग की घटनाओं में मासूम लोगों की निर्मम हत्याओं की कड़ी निंदा की और साथ ही उग्रवादियों को खदेड़ने में सरकार की असफलता को आपराधिक करार दिया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ज़िला गुरदासपुर में काहनूवान थाने के अंतर्ग (1) गिरधारी लाल, (2) शाम लाल, (3) हत्या कांड के बाद क्षेत्र की छानबीन कर रहे फ़ायरिंग में घायल (6) सी.आर.पी.एफ. का का हैड कांस्टेबल दया सिंह ।

बटाला बम-कांडों के सं

12 व्यक्ति हिरासत में

बटाला, 6 नवम्बर (कोछड़): प्रशासन की ओर से आज प्रातः आठ बजे से सायं पांच बजे तक कर्फ़्यू में ढील दी गई है । जनजीवन सामान्य होता जा रहा है । जिलाधीश गुरदासपुर श्री दिलशेर सिंह कल्हा व पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने आज प्रातः पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चकरी बाज़ार में हुए दो बम विस्फोटों में 20 लोगों की मृत्यु हुई है । उनके आश्रितों को दो-तीन दिन में ही 20-20 हजार रुपया दे दिया जाएगा । कुल 35 लोग घायल हुए, जिनमें दस अमृतसर अस्पताल में तथा 14 बटाला अस्पताल में उपचाराधीन हैं । 11 लोग प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात् घरों को चले गए हैं । बटाला अस्पताल में दाखिल घायलों को 28 हजार रुपया के चैक दे दिए गए हैं व अमृतसर अस्पताल में घायलों को भी सहायता प्रदान कर दी जाएगी ।

इस अवसर पर एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि विस्फोट के सम्बन्ध में दोषियों की खोजबीन जारी है, लेकिन अभी कोई ठोस बात नहीं कही जा सकती,

जीतने पर बेनज़ीर प्रधानमंत्री बनाई जाएंगी : नुसरत

बहरीन, 6 नवम्बर : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सह अध्यक्ष नुसरत भुट्टो ने कहा है कि 16 नवम्बर के चुनाव में उनकी पार्टी के जीतने पर बेनजीर भुट्टो प्रधानमंत्री बनाई जाएंगी ।

दुबई के अंग्रेजी दैनिक "खलीज" टाइम्स को दी एक भेंट वार्ता में भूतपूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की विधवा श्रीमती नुसरत ने इन समाचारों का खंडन किया कि उनकी पार्टी ने पहले से एक "छाया मंत्रिमंडल" बना रखा है और चुनाव में बहुमत मिलने पर स्वयं उन्हें प्रधानमंत्री बनाया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल गलत है बेनजीर को ही प्रधानमंत्री बनाया जाएगा । मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं मगर देश का शासन चलाने के लिए जिस तरह रात दिन लगना होता है वह मेरे बस का कहां है । बेनजीर ही प्रधान मंत्री होंगी और वही देश का शासन चलाएंगी ।

चुनाव में धोखाधड़ी की आशंका व्यक्त करते हुए श्रीमती नुसरत भुट्टो ने कहा कि उनकी पार्टी के चुनाव जीतने की बहुत प्रबल सम्भावना है । उन्होंने आरोप लगाया कि जिन क्षेत्रों में उनकी पार्टी

आतंकवादी भी सशस्त्र विद्रोही हैं, उनके

Punjab Sampadak







ज़िला गुरदासपुर में काहनूवान थाने के अंतर्गत गांव दारापुर में आतंकवादियों के हाथों मारे गये (1) गिरधारी लाल, (2) शाम लाल, (3) धर्मपाल, (4) प्रेम चंद और (5) तिलक राज । हत्या कांड के बाद क्षेत्र की छानबीन कर रहे सुरक्षाबलों में गलतफ़हमी के कारण हुई आपसी फ़ायरिंग में घायल (6) सी.आर.पी.एफ. का सब-इंस्पैक्टर उदय सिंह और (7) बी.एस.एफ. का हैड कांस्टेबल दया सिंह । *(छाया : विनोद)*

Punjab Sanarahi

बटाला बम-कांडों के संबंध में 4 महिलाओं सहित 12 व्यक्ति हिरासत में : घायलों को मुआविज़ा

बटाला, 6 नवम्बर (कोछड़): प्रशासन की ओर से आज प्रातः आठ बजे से सायं पांच बजे तक कर्फ़्यू में ढील दी गई है । जनजीवन सामान्य होता जा रहा है । जिलाधीश गुरदासपुर श्री दिलशेर सिंह कल्हा व पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने आज प्रातः पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चकरी बाज़ार में हुए दो बम विस्फोटों में 20 लोगों की मृत्यु हुई है । उनके आश्रितों को दो-तीन दिन में ही 20-20 हजार रुपया दे दिया जाएगा । कुल 35 लोग घायल हुए, जिनमें दस अमृतसर अस्पताल में तथा 14 बटाला अस्पताल में उपचाराधीन हैं । 11 लोग प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात् घरों को चले गए हैं । बटाला अस्पताल में दाखिल घायलों को 28 हजार रुपया के चैक दे दिए गए हैं व अमृतसर अस्पताल में घायलों को भी सहायता प्रदान कर दी जाएगी ।

इस अवसर पर एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि विस्फोट के सम्बन्ध में दोषियों की खोजबीन जारी है, लेकिन अभी कोई ठोस बात नहीं कही जा सकती, फिर भी चार महिलाओं सहित 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

"लेकिन आज तीसरे दिन भी विस्फोट करने वालों के सम्बन्ध में कोई प्रगति नहीं हो सकी और स्थिति वहीं की वहीं है, और लगता है कि पुलिस अधिकारी केवल अंधेरे में ही घोड़े दौड़ा रहे हैं ।"

कर्फ़्यू में ढील के दौरान जनजीवन सामान्यता की ओर बढ़ रहा है । लोगों में कोई साम्प्रदायिक तनाव नहीं बल्कि प्रशासन व सिविल अस्पताल के विरुद्ध आक्रोश बना हुआ है । पुलिस व सुरक्षा बल भारी संख्या में शहर में गश्त कर रहे हैं ।

नाजायज़ शराब कांड में सभी अभियुक्त रिहा

लुधियाना, 6 नवम्बर (महिन्द्रा): यहां के एडीशनल जिला एवं न्यायाधीश श्री एस.एस. सोहल की अदालत में शराब के ठेकेदार भाग सिंह तथा उसके पांच साथियों के विरुद्ध विरोधी पार्टी पर

पुलिस थानों, राज्य के महत्वपूर्ण स्थानों और पंजाब सशस्त्र पुलिस की सभी बटालियनों की पलटनों तक बढ़ाए जाने चाहिएं । अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोज़पुर के संवेदनशील जिलों में सभी पुलिस थानों और चौकियों पर अलार्म प्रणाली के प्रसारण का उपकरण लगाने की भी योजना है । ग्राम्य क्षेत्रों और उक्त तीन जिलों में निकटतम थानों में वायरलैस सम्पर्क स्थापित करने की योजना भी है । ऐसा ही सम्पर्क ट्रेन एस्कॉर्ट गार्डों और कसौली एवं नयनादेवी के निकटतम बहुत उच्च क्षमता के आवृत्ति स्टेशनों का कंट्रोल रिपीटरों के साथ करने का भी प्रस्ताव है । हाल ही में 13 विशेष बहुत उच्च क्षमता के आवृत्ति आटोमैटिक रिपीटर स्टेशन विभिन्न जिलों में स्थापित किए गए हैं, जिससे वायरलैस लगे वाहन

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्थिति सुधरी है ? श्री मित्तल कल सायं स्थानीय फ़ैक्टरी ओनर्ज़ एसोसिएशन के हाल में पार्टी के कार्यकर्त्ताओं को संबोधित कर रहे थे । श्री मित्तल ने राज्य सरकार तथा प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के इस दावे को हास्यास्पद एवं खेदपूर्ण बताया कि स्थिति में अब कुछ सुधार हुआ है । उन्होंने कांग्रेस (इ) के इस दावे को भी क्रूर मज़ाक बताया कि प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के बाद लोगों के मनोबल ऊंचे हुए हैं । उन्होंने कहा कि वस्तुस्थिति यह दिखाई देती है कि प्रधानमंत्री के दौरे के बाद उग्रवादी अधिक ज़ोरशोर से और निर्भय होकर हत्याओं की घटनाएं करने लगे हैं ।

सीमा-जिले सेना के हवाले किए जाएं : श्री मित्तल ने पार्टी की इस मांग को दोहराया कि सीमा पट्टी कायम की जाए तथा कम से कम सीमा जिलों को सेना के हवाले किया जाए । श्री मित्तल ने कार्यकर्त्ताओं को आह्वान किया कि वे इन कठिन परिस्थितियों में, जहां वे लोगों में आपसी भाईचारा बनाये रखने के लिए सजग होकर काम करें, वे सरकार पर दबाव डालने के लिए लोगों को जगाएं ताकि वे भी कोई प्रभावी पग उठाएं ।

हैदराबाद, 6 नवम्बर : धूम्रपान करने वालों की पत्नियों को गर्भपात होने का खतरा अधिक होता है । धूम्रपान न करने वालों की पत्नियों में गर्भपात का औसत 11 प्रतिशत है जबकि धूम्रपान करने वालों की पत्नियों में गर्भपात का औसत अट्ठारह प्रतिशत है ।

पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो रविवार को अश्विनी स्टेडियम जालन्धर छावनी में बी.एस.एफ. के 'दीवाली मेले' का उद्घाटन करते हुए । उनके साथ पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल और बी.एस.एफ. पंजाब के महानिरीक्षक श्री प्रकाश सिंह भी खड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : कपूर)

यात्री बस के पास बम विस्फोट से 2 मरे, 10 घायल

जयपुर, 6 नवम्बर (वार्ता): अजमेर जिले के केकड़ी कस्बे में आज एक यात्री बस के पास हुए विस्फोट से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा दस व्यक्ति घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार राजस्थान रोडवेज की यह बस केकड़ी गई थी । बस स्टैंड पर खड़ी होने के बाद जैसे ही यात्री बस से नीचे उतरे एक विस्फोट हुआ जिससे दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा दस व्यक्ति घायल हो गए । पुलिस के अनुसार यह विस्फोट बस के पास खड़े एक व्यक्ति के थैले में हुआ । घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

Punjabi Sanjhi

भाखड़ा-ब्यास प्रबन्धक बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल कुमार की उग्रवादियों द्वारा हत्या

अमृतसर जिला में 2 बैंकों से 1.74 लाख रुपए लूटे गये

पंजाब में अन्यत्र 6 की हत्या, उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 7 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): आज दिन-दहाड़े उग्रवादियों ने चंडीगढ़ में भाखड़ा-ब्यास प्रबन्धक बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरल बी.एन. कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उनके दो साथियों को घायल कर दिया । पंजाब में अन्यत्र एक उग्रवादी मुठभेड़ों में मारा गया जबकि 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । अमृतसर जिला में दो बैंकों से 1.74 लाख रुपए लूटे गए । पंजाब व हरियाणा सरकारों तथा चंडीगढ़ प्रशासन ने अधिकतम चौकसी का आदेश दिया है तथा नीले रंग की मारुति कारों व वैनों की पूरी छानबीन के लिए कहा है ।

इसी बीच चंडीगढ़ पुलिस ने जनरल कुमार की हत्या के स्थान से कुछ सुराग एकत्रित किए हैं तथा हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां पड़ोसी राज्यों को भेजी गई हैं ।

जनरल कुमार की हत्या : संभी, वार्ता के अनुसार आज सुबह चंडीगढ़ के सैक्टर 35 में उग्रवादियों ने भाखड़ा ब्यास प्रबन्धक बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरल बी.एन. कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी जबकि बोर्ड के दो अन्य अधिकारियों को सख्त घायल कर दिया । वह अगले वर्ष फरवरी तक भाखड़ा ब्यास प्रबन्धक बोर्ड में डैपुटेशन पर थे तथा अगले वर्ष जून में रिटायर होने वाले थे ।

ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस उग्रवादी जनरल कुमार की उनके सरकारी आवास 'भाखड़ा भवन' के बाहर हत्या करके एक नीले रंग की मारुति कार में सवार होकर फरार हो गए । जबकि जनरल कुमार की सरकारी कार का ड्राइवर बाल-बाल बच गया, उनके निजी सचिव श्री के.एस. गुलेरिया तथा स्पैशल असिस्टैंट टैक्नीकल श्री ए.सी. शर्मा सख्त जख्मी हो गए । उग्रवादियों ने लगभग 8.55 पर उस समय हमला किया जब जनरल कुमार सैक्टर 19 में स्थित अपने कार्यालय में जाने के लिए कार में सवार हुए ही थे । उग्रवादियों ने सड़क पर बाधा खड़ी कर दी तथा उनमें से एक ने नीले रंग की मारुति कार में से बाहर आते हुए जनरल कुमार पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे उनका सिर पूरी तरह छलनी हो गया । पुलिस ने बाद में घटनास्थल से 39 खाली कारतूस बरामद किए । वहां खून का तालाब बना हुआ था और जनरल कुमार की कार की खिड़कियों के शीशों के टुकड़े बिखरे पड़े थे । जनरल कुमार के निवास स्थान के निकट पुलिस की कोई चौकी नहीं थी और न ही उन्हें कोई धमकियां आदि ही मिली थीं तथापि कुछ अकाली नेताओं ने यह विवाद खड़ा कर दिया था कि सितम्बर के महीने में आई भारी बाढ़ का कारण भाखड़ा बांध परियोजना से बहुत ज्यादा पानी छोड़ा जाना था तथा इसके लिए भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड जिम्मेदार है । जनरल कुमार ने तथ्यों तथा आंकड़ों के आधार पर इन आरोपों का बलपूर्वक प्रतिवाद किया था ।

अपने पति की हत्या का समाचार सुनकर श्रीमती कुमार अपने आपको सम्भाल न सकीं तथा चीत्कार कर उठीं । उनके दोनों बच्चे बाहर गए हुए हैं । जनरल कुमार का शव पोस्ट मार्टम के लिए पी.जी.आई. ले जाया गया है जबकि दो घायलों का वहीं इलाज चल रहा है । श्री शर्मा की हालत खतरे से बाहर बताई गई है और श्री गुलेरिया की दशा गम्भीर बताई जाती है ।

चंडीगढ़ पुलिस के आई.जी. श्री बी.एन. सिंह ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्र में सभी आने-जाने के रास्ते सील कर दिए गए हैं तथा हत्यारों की खोज के लिए जबरदस्त प्रयत्न जारी हैं । चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार श्री अशोक प्रधान, जिलाधीश श्री कृष्ण मोहन तथा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

जनरल कुमार के बाद में अपने निवास स्थान के निकट ही रैस्ट हाऊस में उत्तर भारत के भाखड़ा ब्यास प्रबन्धक बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के एक सैमीनार को सम्बोधित करना था । जैसे ही जनरल कुमार की हत्या की सूचना मिली, बी.बी. एम.बी. कालोनी से सैंकड़ों स्टाफ मैम्बरों और उनके परिवारों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया । रे विरोधी, चंडीगढ़ प्रशासन विरोधी तथा केन्द्र विरोधी नारे लगाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस आध घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची ।

आतंकवादियों ने संवेदनशील क्षेत्र चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा अध्यक्ष श्री हिताभिलाषी की हत्या के 49 दिन बाद हमला किया है, हालांकि क्षेत्र में पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की भारी संख्या मौजूद है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल जोकि अमृतसर जाने वाले थे, जनरल कुमार की हत्या की खबर सुनते ही घटनास्थल पर पहुंचे ।

जनरल कुमार का जन्म 13 जुलाई 1933 को हुआ था तथा वह 28 फरवरी 1986 को भाखड़ा ब्यास प्रबन्धक बोर्ड में डैपुटेशन पर आए थे । उनसे पहले मेजर जनरल एल.के. मूर्ति इस पद पर थे । बी.बी.एम.बी. में आने से पहले जनरल कुमार ने कई क्षेत्रों में कार्य किया तथा कालेज आफ मिलिटरी इंजीनियर्ज में लैक्चरार भी रहे । 1965-66 के दौरान भारत और पाकिस्तान के युद्ध के समय वह हाजीपीर में थे । बाद में वह दो वर्ष तक सैनिक मुख्यालय में प्रशासनिक तथा कार्मिक मामलों के प्रभारी रहे ।

1968 में वह अमरीका में भारतीय दूतावास में सहायक सैनिक अटैची के रूप में तैनात किए गए । जनवरी 72 में उन्हें पदोन्नति देकर लैफ्टीनैंट कर्नल बना दिया गया । जनरल कुमार को अकैडमिक पत्रकारिता में गहरी रुचि थी और वह सैनिक इंजीनियरों की संस्था द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'सैपर' की सम्पादकीय समिति के अध्यक्ष थे । पाल नौकायन तथा चप्पू नौकायन उनके बहुत प्रिय थे । इन मुकाबलों में जनरल कुमार ने कार्ल्स आफ इंजीनियर्ज का प्रतिनिधित्व किया और उनकी कप्तानी में बम्बई इंजीनियर ग्रुप ने 1968 में चप्पू नौका में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती थी ।

वि.प्र. के अनुसार जनरल कुमार की अन्त्येष्टि कल अपरान्ह 3 बजे पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ की जाएगी । उनके माता-पिता व अन्य रिश्तेदार चंडीगढ़ पहुंच गए हैं । उनके बेटे-बेटी कल आएंगे ।

राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे चंडीगढ़ में मेजर जनरल कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ।

रे, देवी लाल द्वारा निन्दा : पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जनरल कुमार की हत्या की कड़ी निन्दा की है । श्री रे जनरल कुमार की धर्मपत्नी के पास स्वयं संवेदना प्रकट करने गए ।

श्री रे ने कहा कि राष्ट्र विरोधी आतंकवादियों ने पंजाब के एक महान सपूत की हत्या कर दी है जिसने काफी समय तक पंजाब की निष्ठा और समर्पण भाव से सेवा की । वास्तव में तथ्यों और आंकड़ों से यह बात निःसंदेह साबित हो जाती है कि जनरल कुमार के कारण ही भाखड़ा को शताब्दी की असाधारण बाढ़ से बचाया जा सका । उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि कुछ राजनीतिक नेता इस बात को महसूस करेंगे कि लोगों को गुमराह करने तथा अविश्वास का वातावरण पैदा करने के लिए झूठे आरोप लगाने से कुछ भी हासिल नहीं होगा । जनरल कुमार ने अपनी योग्यता व क्षमता से कई बार वास्तविक स्थिति को स्पष्ट किया था । उन्होंने सभी सम्बन्धित लोगों को खुला निमंत्रण दिया था कि वे भाखड़ा बांध पर आ जाएं और उनके कार्यालय में आकर स्वयं देखें कि स्थिति क्या थी ? इस निमंत्रण को स्वीकार करने की बजाए कुछ लोगों ने सोचा कि यदि वे तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करें और गलत तस्वीर प्रस्तुत करें तो राजनीतिक रूप से वे फायदे में रहेंगे । मुझे उम्मीद है कि इन लोगों ने सबक सीख लिया होगा तथा भविष्य में वे इस प्रकार के निराधार और शरारतपूर्ण आरोप लगाने से बाज रहेंगे ।

श्री देवी लाल ने कहा कि देश ने एक योग्य सैनिक अधिकारी खो दिया है जिसने बड़ी निष्ठा से देश की सेवा की । अपने शोक संदेश में श्री देवी लाल ने कहा कि शांति प्रिय लोगों को जनरल कुमार की बर्बर हत्या की निन्दा करनी चाहिए । लोगों को ऐसे तत्वों से सतर्क रहना चाहिए जो आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे हैं । उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की ।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री तथा भाजपा की वरिष्ठ नेता डा. कमला वर्मा ने जनरल कुमार की हत्या की निन्दा करते हुए कहा कि वह एक योग्य प्रशासक और सैनिक अधिकारी थे । पंजाब प्रदेश इकाई अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह, इंका महाभंगी सेवा राम अरोड़ा तथा डाक्टर केवल कृष्ण ने इस जघन्य हत्या कांड की भर्त्सना की ।

पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष श्री

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अमृतसर या दरबार साहिब के इर्द-गिर्द कर्फ्यू लगाया जाएगा ?

अमृतसर, 7 नवम्बर (अशोक): दीवानी पर दरबार साहिब में भाई जसवीर सिंह रोडे और पंथक कमेटी द्वारा सख्त खालसा बुलाए जाने की पोषणाओं के दृष्टिगत क्या अमृतसर का जिला प्रशासन अमृतसर नगर या दरबार साहिब के इर्द-गिर्द के क्षेत्र में मंगलवार को कर्फ्यू लगाएगा या नहीं ? इस प्रश्न का उत्तर इस समय तक तो किसी के पास नहीं है । शनिवार को जब यह प्रश्न संवाददाताओं ने पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल को संवाददाता सम्मेलन में किया था तो उन्होंने केवल इतना ही कहा था कि यह हालात पर निर्भर करेगा कि हालात को नियंत्रित करने के लिए क्या करना है ।

बटाला में एक और ज़बरदस्त बम विस्फोट होने से आतंक, कर्फ़्यू पुनः लागू

बटाला, 7 नवम्बर (कोछड़): आज सायं लगभग 4.45 बजे सिविल अस्पताल बटाला में स्थित एस.एम.ओ. निवास के बाहर मैदान में खड़े एक ट्रैक्टर से जोरदार विस्फोट होने के कारण शहर में आतंक छा गया और सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं । घटनास्थल से ज्ञात हुआ है कि वहां खड़े बिना नम्बर के ट्रैक्टर में रखे किसी विस्फोटक पदार्थ से भयानक विस्फोट होने के कारण ट्रैक्टर के परखचे उड़ गए और यह धमाका सारे शहर में सुना गया । धमाके के कारण चारों ओर धुआं ही धुआं फैल गया ।

किसी प्रकार की कोई अन्य क्षति होने की सूचना नहीं है । प्रशासन द्वारा सतर्कतावश अगले आदेशों तक कर्फ्यू लगा दिया गया है । उल्लेखनीय है कि स्थानीय चकरी बाजार में चार नवम्बर को हुए विस्फोट के बाद लगाया गया कर्फ्यू आज प्रातः ही उठाया गया था । अस्पताल के डाक्टरों व कर्मचारियों के अनुसार बिना नम्बर वाला यह ट्रैक्टर गत चार दिनों से यहां लावारिस खड़ा था और इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की ।

स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा ने आरोप लगाया है कि चार दिन के अन्दर हुआ दूसरा विस्फोट जिला पुलिस व सरक्षा बलों की अक्षमता का परिणाम है । घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख एस.एम. शर्मा, एस.पी. (ऑपरेशन) हरभजन सिंह तथा बी.एस.एफ. के कमांडेंट ए.एस. शाहिद सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए ।

इसी बीच गत चार नवम्बर को चकरी बाजार में हुए बम विस्फोटों की जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनैशनल के प्रमुख सुखदेव सिंह बब्बर, माझे के एरिया कमांडर गुरनाम सिंह बब्बर तथा पुलिस जिला बटाला के एरिया कमांडर धर्म सिंह बब्बर ने अपने ऊपर ली है और चेतावनी दी है कि ऐसे विस्फोट लगातार होते रहेंगे ।

पुलिस व बी.एस.एफ. के उच्चाधिकारियों ने घटना-स्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को बताया कि उक्त ट्रैक्टर गत 1 नवम्बर को थाना सदर बटाला के गांव भागोवाल से चुराया गया था । उन्होंने कहा कि सम्भवतः ट्रैक्टर 4 नवम्बर को ही अस्पताल में विस्फोटक उपकरण फिट करके खड़ा कर दिया गया था और इसके विस्फोट का समय चकरी बाजार में विस्फोट के समय से एक घंटा बाद रखा गया था ताकि लोगों की भीड़ जब घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे और वहां सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद हों तो उसके विस्फोट से सैंकड़ों लोगों को मौत के घाट उतारा जा सके । इस उद्देश्य के लिए आतंकवादियों ने ट्रैक्टर के पीछे 220 लीटर का एक डीजल का ड्रम भी बांध रखा था । सौभाग्य से उस दिन विस्फोट नहीं हुआ ।

अस्पताल के डाक्टरों की शिकायत पर आज बाद दोपहर पुलिस ने इस ट्रैक्टर को जहां वह पहले खड़ा था, वहां से धकेल कर आगे मैदान में खड़ा कर दिया और इसके हिलने के कारण विस्फोटक उपकरण चार्ज हो जाने से नियत समय पर विस्फोट हो गया । विस्फोट इतना जबरदस्त था कि सारे अस्पताल की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई, दीवारों में दरारें पड़ गई और शीशे टूट गए । ट्रैक्टर के अवशेष 50-50 फुट दूर जाकर गिरे । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री बी.एस. सिरोही ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

इस बीच चकरी बाजार में हुए विस्फोटों के कारण बाजार के 9 दुकानदारों प्रिंस एंड कम्पनी, विशाल क्लाथ हाऊस, जनता कटपीस हाऊस, विश्वा मनियारी विक्रेता, बिनोद क्लाथ हाऊस, सतीश मनियारी विक्रेता, सुरिन्द्र मनियारी विक्रेता, बन्सा सूट हाऊस, प्रिंस टेलर आदि ने कम से कम दो लाख रुपए की क्षति की शिकायतें स्थानीय प्रशासन को की हैं । इसके साथ-साथ दो मकानों को भी भारी क्षति पहुंची है । एस.डी.एम. श्री कुलवंत सिंह ने इन्हें शीघ्र मुआविजा देने का आश्वासन देते हुए कहा कि यह राहत केवल उन दुकानदारों को मिलेगी जिनकी इंशोरैंस नहीं है ।

तेरे बिना भी क्या जीना !

मुजफ्फरनगर, 7 नवम्बर (वार्ता): थाना नई मंडी के अंतर्गत मोहल्ला पटेल नगर में कल एक 19 वर्षीय युवक कमल ने अपनी प्रेमिका पुनम की मृत्यु की खबर सुनने के बाद कोई विषैला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली ।

पुलिस ने बताया कि उक्त युवक कमल ने विषैली गोलियां खा लीं । पुलिस को सूचना मिलते ही युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन दो घंटे बाद ही उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार कमल और पुनम ने साथ-साथ जीने और साथ मरने की कसम खाई थी ।



चंडीगढ़ में सोमवार को आतंकवादियों द्वारा मारे गए भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल कुमार का शव । उनका सिर गोलियों से छलनी कर दिया गया ।

उनकी कार जिसमें बैठे श्री कुमार को गोलियां मारी गई । (इनसैट में) श्री कुमार का पुराना चित्र । (छाया : पुरी)

Punjab Sanatani

देश की संस्कृति और व्यवस्था को मज़बूत बनाने का 'अपनी गहरी जिम्मेदारी' निभानी चाहिए । श्री गांधी ने आज यहां कुतुब मीनार से तीन गुणा ऊंचे पीतमपुरा दूरदर्शन ट्रांसमीटर टावर का उद्घाटन करते हुए कहा, "अखबारों का व्यक्तित्व अलग है और आपका अलग । दोनों की भूमिका भी अलग-अलग है । अखबार जो कुछ कहें, उन्हें कहने दीजिए । आप अपनी भूमिका और प्रतिबद्धता जानकार उसे पूरा करने का प्रयास करिए ।"

श्री गांधी ने कहा कि आप (दूरदर्शन) सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन जब तक आप में आत्मविश्वास नहीं होगा, आप अपनी भूमिका पूरी तरह नहीं निभा पाएंगे ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दूरदर्शन को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे देश की संस्कृति कमज़ोर हो या उसका कोई गलत प्रभाव हमारी जड़ों पर पड़े । यह तभी हो सकता है, जब आप हौसले से आगे बढ़ें । हम आपको पूरा समर्थन और सहारा देंगे । 235 मीटर ऊंचे इस टावर से दिल्ली केंद्र के प्रसारण का क्षेत्र बढ़ कर लगभग दो-गुणा हो जाएगा । श्री गांधी ने कहा कि दूरदर्शन की पहुंच का क्षेत्र अखबारों से कहीं ज्यादा व्यापक है, इसलिए उसे महान नेताओं—महात्मा गांधी, पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी के विचार देहात तक पहुंचाना है । ऐसा करके आप देश को ताकत पहुंचाएंगे, लेकिन अगर आप खाली आधी नंगी औरतों को साबुन के इश्तहार के ज़रिये पहुंचा रहे हैं तो आप देहात का नुक्सान करेंगे ।

दूरदर्शन पर भूत का साया: "दूरदर्शन पर कभी-कभी भूत का हाथ आता है, जिससे हमें मुक्ति पानी है ।" यह टिप्पणी प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने भाषण में की । दूरदर्शन की तकनीकी दूरदर्शन इस ओर ध्यान देगा और इसे ठीक कर देगा ।

मेजर जनरल कुमार की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

एन.एस. वसन्त ने जनरल कुमार की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया । श्री वसन्त श्री कुमार के निवास-स्थान पर शोक व्यक्त करने गए । हरियाणा बिजली बोर्ड के अध्यक्ष श्री आर.एस. वर्मा ने भी जनरल कुमार की मौत पर गहरा दुःख प्रकट किया ।

दो हत्याएं :संगरूर (ह.स.): इस जिला में दो हत्याओं का समाचार मिला है । एक व्यक्ति कपूर सिंह की लाश एक कुएं में से बरामद हुई जबकि महमूदपुर में एक व्यक्ति रामसिंह की अज्ञात व्यक्तियों ने जहर देकर हत्या कर दी ।

उग्रवादी मारा गया : फरीदकोट (वार्ता): फरीदकोट जिले में पंजगराई के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी भाग निकले । घटनास्थल से एक चीनी राइफल, दो मैगजीनें व भारी मात्रा में कारतूस मिले ।

दो बैंक लूटे : अमृतसर (अशोक, वार्ता): पुलिस ने आज बताया कि उग्रवादियों ने जिला में दो बैंकों से 1.74 लाख रुपए लूट लिए । तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने दोपहर के समय थाना कत्थूनंगल के गांव बग्गा में केन्द्रीय सहकारी बैंक ब्रांच से 1.20 लाख रुपए लूट लिए । वे भागते हुए एक ग्राहक का स्कूटर भी ले गए । एक अन्य वारदात में उग्रवादी थाना बैरोवाल के अन्तर्गत चकआरे खान में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 54,000 रुपए लूटकर ले गए । यहां से भी उग्रवादी एक ग्राहक का स्कूटर ले गए । पुलिस ने दोनों स्थानों पर अपराधियों की खोज शुरू कर दी है ।

वार्ता के अनुसार यह हमला खासा डिस्टिलरी के पास पुलिस की जीप पर हुआ । फ़ायरिंग के बाद जीप वहां खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गई । घटनास्थल पर खून गिरा देखा गया, जिससे लगता है कि कोई उग्रवादी भी घायल हुआ है ।

सिपाही घायल : अमृतसर के बाहुय क्षेत्र के ग्राम चक मोहम्मद में आज रात्रि उग्रवादियों ने रेलवे क्रासिंग के पास पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर हमला करके एक सिपाही अजीत सिंह को घायल कर दिया और फरार हो गए ।

करंट लगाकर मार डाला : रैय्या से जसपाल के अनुसार थाना ब्यास के गांव लत्थूवाल में संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति हरभजन सिंह की बिजली का करंट लगाकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात लगभग 8.30 बजे चार संदिग्ध व्यक्ति हरभजन सिंह के घर आए । उस समय वह बाहर ही खड़ा था । वे उसे पकड़ कर अन्दर ले गए तथा रस्सियों से बांध कर पास पड़े हीटर की तारें उसकी टांग के साथ लगा दीं जिससे वह तड़प-तड़प कर दमतोड़ गया । इससे पूर्व उन्होंने उसके लड़के परमजीत सिंह तथा लड़की को दूसरे कमरे में बंद कर दिया ।

शव मिला : रोपड़ जिले में खरड़ कस्बे के समीप आज एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया । इस व्यक्ति का नाम प्रेम सिंह बताया जाता है ।

'शशि' के अनुसार मृतक रिक्शा चालक था और यहां पर उसकी शादी हुई थी । पुलिस के अनुसार उसकी लाश उसके घर के निकट ही मिली तथा उस पर मारपीट के काफी निशान हैं । लाश खून से लथपथ थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पुलिस के अनुसार यह उग्रवादी केस नहीं लगता । कई व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

जीरा में बाप-बेटे की हत्या : फिरोजपुर (कन्तोड़): आज सायं सात बजे जिला फिरोजपुर के जिला उपमंडल के गांव मलसियां में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से गोलियां चला कर भाग सिंह, उसके लड़के मुख्तियार सिंह (हैडकांस्टेबल) की हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति सुखविंद्र सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए ।

14 हजार रुपए लूटे : जगराओं से विजोग के अनुसार आज यहां दोपहर लगभग एक बजे सरकारी साइंस कालेज के क्लर्क से दो लुटेरों ने 14 हजार रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए । उस समय क्लर्क फीसों से इकट्ठी हुई रकम गिन रहा था । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

घायल मरा : पठानकोट (महेंद्र गुप्ता): विगत दिनों पठानकोट के पटेल नगर क्षेत्र में हुए बम विस्फोट में घायल शिव सेना के प्रचारक जगमोहन शर्मा का आज चंडीगढ़ अस्पताल में देहांत हो गया । उनकी अन्त्येष्टि कल पठानकोट में की जाएगी । इस कांड में मरने वालों की संख्या सात हो गई है ।

आतंक : पठानकोट में आज सायं 6.30 बजे दस मिनट तक विस्फोटों की आवाजें आने से आतंक छा गया और लोगों ने दुकानें बंद कर दीं । पता चला कि आर्मी क्लब में दीवाली के अवसर पर पटाखे चलाए गए थे ।

145 अफगान विद्रोही मरे

मास्को, 7 नवम्बर : अफगानिस्तान में सेना से हुई मुठभेड़ों में 145 अफगान विद्रोही मारे गए ।

30 मरे : कंधार के पास अफगान छापामारों ने मिज़ाइल से एक बस नष्ट कर दी, जिससे 30 लोग मारे गए ।

शाम के भाव

(7 नवम्बर, एन.एन.एस.)

हिन्द मोटर्स 32.50, चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6192, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6767, सोना बिट्ठूर (प्रति 10 ग्राम)3030, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3190, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 343-345, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 344-345, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 170, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो)185, तेल चावल खाद्य (10 किलो)180, तेल चावल असाद्य (10 किलो)105, फैटटी एसिड आयल (क्विटल) 1690, गुड़ बायदा (40 किलो) दिसम्बर 119.80, तेल बिनौला (10 किलो) 188, गणेश जीरा (क्विटल) 3400-3450, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) 480, पीपरमैंट बोल्ड (प्रति किलो) 525 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाज़िर 6178, चांदी गद्दी 6100, कच्ची चांदी 6185, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6753, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्ठूर 3030-3040, सोना स्टैंडर्ड 3200, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3090, गिन्नी (प्रत्येक)2600-2625 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.): रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 255, निक्कल प्लेट 344-385, जिंक 46.35, गन मैटल फूट 53.50 ताम्बा सिल्ली 89, ताम्बा रॉड 92, ताम्बा तार फूट 75, चद्दरी पीतल 47, पीतल चादर कतरन 53, पीतल भरत फूट 45, पीतल पुर्ज़ा फूट 45, सीसा की सिल्ली देसी मलायम 23, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 24.50, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 49.50, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 62, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 58-60, अल्यूमीनियम सिल्ली 40.75, अल्यूमीनियम रॉड 41.50, अल्यूमीनियम चद्दर की कतरनें 35, अल्यूमीनियम तार फूट 38 रुपए ।

लुधियाना स्टाक मार्कीट (नेपाल): लिस्टिड : हीरो होंडा 29.50, जे.सी.टी. इलै. 23.25, जे.सी.टी. 79.50, मालवा काटन 73.75, नाहर स्पिनिंग 107.50, पंजाब मोहता पालीटैक्स 12, पंजाब वूल कम्बर 80, रिको आटो 18.75 वर्धमान स्पिनिंग 72.25 रुपए ।

परमिटेड : भारत सीट 19.50, ई. आई. होटल 5, एस्कार्ट 63.50, इंडिया ग्लाइकोल 50.25, इस्पात प्रोफाइल 23.50, इन्वेल ट्रांसमीशन 28, मोदी सीमैंट 9.50, ओसवाल लीज़िंग 24.50, रियालन्स 169, स्पिक 55.50, श्रीयान्स स्टील 9, सनफ्लैग स्टील 18, तमिलनाडू पैट्रो 18.50, ग्वालियर रिट्रेस 8.50 रुपए ।

दिल्ली गुड़ वायदा : (एन.एन.एस.): गुड़ दिसम्बर वायदा खुला 118.85, बंद 118.80, ऊंचा 119.00, नीचा 118.85, रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सोनी): सोना स्टैंडर्ड 3150, सोना बिट्ठूर 3020, स्वर्ण आभूषण 2800, स्वर्ण गिन्नी 2750, चांदी तेजाबी 6350, चांदी थोबी 6250, सिक्का 6850 रुपए ।

से मूल्य बढ़ा दिये गए
क अक्तूबर-मूल्य पर खरीदें
नेटर
जस्टर
ब्रदर्ज़
पुर । फोन : 3112.

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : जनता नेता गोलियों से घायल

बटाला में कर्फ्यू में 7 घंटे की ढील : राजपुरा में 5 लाख रुपए लूटे

जनरल कुमार की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 8 नवम्बर (वार्ता, हस.) : भाखड़ा-ब्यास प्रबंधक बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरल बी.एन. कुमार, जिनकी कल उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, की आज पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई । पंजाब में उग्रवादियों ने गत रात के बाद 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर के एक जनता पार्टी नेता को गोलियां मार कर घायल कर दिया गया । बटाला पुलिस ने बम कांड के अपराधियों की शिनाख्त कर लेने के दावा किया है । राजपुरा में धागा फैक्टरी के कैशियर से पांच लाख रुपए लूट लिए गए । अभियुक्तों की खोजबीन शुरू कर दी है ।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार डेरा बाबा नानक पुलिस ने गांव सारचूर के संदिग्ध युवक प्रभजोत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चीनी राइफल ए.के. 47 तथा 38 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं । थाना हरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव कोहली के सतनाम सिंह व गुरनाम सिंह को गिरफ्तार किया है ।

2 की हत्या : कल रात थाना कादियां के गांव टपई में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पता चला है कि 2 उग्रवादी रात 12 बजे के

(1) बटाला के सिविल अस्पताल परिसर में सोमवार को वहां खड़े लावारिस ट्रैक्टर में बम विस्फोट से ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, (2) विस्फोट से क्षतिग्रस्त अस्पताल का आप्रेशन थियेटर, (3) थाना कादियां के गांव टपई में आतंवादियों द्वारा मारे गए सुखवंत सिंह ज्ञानी तथा रघुबीर सिंह के शव । (छाया : कोछड़)

सरपंच की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना सदर के गांव चीमा खुड्डी में आज दोपहर के लगभग 2.30 बजे दो अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फायरिंग कर गांव के सरपंच अजीत सिंह उर्फ निहंग (52) की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक अपने डेरे के निकट खेतों में काम कर रहा था कि दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने, जो पैदल ही आए थे, उसकी हत्या कर दी तथा फरार हो गए । पुलिस ने क्षेत्र को सील करके लगभग टपई में सुखवंत सिंह उर्फ ज्ञानी के घर आए तथा उसे उठा कर घर से बाहर ले गए । इसके बाद उन्होंने रघुबीर सिंह वल्द तारा सिंह को बुलाया और दोनों को खेतों में ले जाकर गोलियां चला कर मार डाला । वारदात के समय काफी संख्या में लोग वहां जमा हो गए । पुलिस भी जल्दी ही मौका पर पहुंच गई लेकिन उग्रवादी पैदल ही वहां से भागने में सफल हो गए । मरने वाले दोनों ही मामा और बुआ के बेटे रिश्ते में भाई थे ।

कर्फ्यू में ढील : जिलाधिकारियों ने कल सिविल अस्पताल में बम धमाके के बाद जो कर्फ्यू लगाया था, उसमें आज प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक ढील की घोषणा की गई । आज यहां अस्पताल के डाक्टरों ने अस्पताल में भी कड़े सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की तथा इस सम्बन्ध में प्रोटैस्ट हड़ताल की गई थी । बाद में एस.डी.एम. ने वहां बी.एस.एफ. की एक चौकी कायम करके डाक्टरों की हड़ताल खत्म कराई ।

इसी बीच पुलिस ने पुराने बस अड्डे पर एक स्कूटर नम्बर डी.एल.क्यू. 2511 बरामद किया, जो कल से वहां लावारिस पड़ा था ।

चेतावनी : अधिकारियों ने लोगों को पैन, पर्स, टिफिन बाक्स, बैग आदि जैसी लावारिस चीजों को हाथ न लगाने की चेतावनी दी है । एस.डी.एम. श्री कलवंत सिंह ने लोगों से अपील की कि इस तरह की कोई लावारिस वस्तु मिलने पर वे निकटस्थ पुलिस थाने में सूचना दें । श्री सिंह ने लोगों से कहा कि वे शहर में किसी आतंकवादी अपराध के बारे में किसी भी अफवाह के विषय में टैलीफोन नम्बर 100, 40, 25, 36, 160 और 460 पर पूछताछ करें ।

नगर में सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है और सभी संवेदनशील व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फोर्स तैनात कर दी गई है ।

स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा व सचिव श्री देव राज चाचोवालिया ने मांग की है कि शहर के अलग-अलग संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात किए जाएं । उन्होंने आरोप लगाया है कि शहर में 4 नवम्बर व 7 नवम्बर को दो बार विस्फोट हुए लेकिन जिला गुरदासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एक बार भी बटाला नहीं आए, इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन बम कांडों के संबंध में ठोस सूत्र मिलने से आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके छुपने के स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

एक गिरफ्तार : जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीहरगोबिन्द पुलिस ने गत रात संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् एक संदिग्ध युवक सतनाम सिंह को गिरफ्तार करके उससे गोली-सिक्का बरामद किया है ।

दो सिपाही निलम्बित : बटाला के सिविल अस्पताल में विस्फोट के संबंध में दो सिपाहियों व सिटी पुलिस थाने के एक ड्राइवर को निलम्बित कर दिया गया तथा इंस्पैक्टर नरेन्द्र लाल को लाइन हाज़िर कर दिया गया ।

स्कूटर, नकदी छीनी : धूरी (सिंगला) : दो अज्ञात युवकों ने धूरी के विनोद कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका प्रिया स्कूटर नम्बर पी.जे.एस. 1439, घड़ी और तीन हजार रुपए छीन लिए । यह वारदात धूरी-शेरपुर रोड पर यहां से 9 किलोमीटर दूर गांव चांगली में हुई । थाना शेरपुर में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

फिरोजपुर जिला में मलसियां गांव में कल रात पुलिस के एक हैड कांस्टेबल मुख्तार सिंह तथा उसके पिता भाग सिंह की हत्या कर दी गई थी । हैड कांस्टेबल, जोकि तलवंडी भाइयां में तैनात था, वह उस पुलिस पार्टी में शामिल था जिसने एक महीने पूर्व एक मुठभेड़ में खतरनाक उग्रवादी सुरेंद्र सिंह उर्फ छिंदा को मार डाला था । मुख्तार सिंह कल रात ही दीवाली मनाने के लिए अपने गांव गया था ।

ट्रक ड्राईवर की हत्या : फरीदकोट जिला में एक ट्रक ड्राईवर बेअंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

जनता नेता की हत्या का प्रयास : अमृतसर (हस.) आज सुबह उग्रवादियों ने अमृतसर जिला जनता पार्टी (ग्रामीण) के अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह की हत्या का प्रयास किया । उग्रवादियों ने श्री

(शेष पृष्ठ 16 पर)

राजीव द्वारा 'चार लो

बम्बई, 8 नवम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस आरोप का खंडन किया है कि वह तथाकथित 'चार लोगों के गुट' के कहने पर ही चलते हैं । श्री गांधी ने 'ब्लिट्ज़' साप्ताहिक को दी गई भेंटवार्ता में कहा है कि इस प्रकार के गुटों का

Punjabi Sahitya

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : जनता नेता गोलियों से घायल

बटाला में कर्फ्यू में 7 घंटे की ढील : राजपुरा में 5 लाख रुपए लूटे

जनरल कुमार की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 8 नवम्बर (वार्ता, हस.) : भाखड़ा-ब्यास प्रबंधक बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरल बी.एन. कुमार, जिनकी कल उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, की आज पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई । पंजाब में उग्रवादियों ने गत रात के बाद 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर के एक जनता पार्टी नेता को गोलियां मार कर घायल कर दिया गया । बटाला पुलिस ने बम कांड के अपराधियों की शिनाख्त कर लेने के दावा किया है । राजपुरा में धागा फैक्टरी के कैशियर से पांच लाख रुपए लूट लिए गए ।

अभियुक्तों की खोजबीन शुरू कर दी है ।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार डेरा बाबा नानक पुलिस ने गांव सारचूर के संदिग्ध युवक प्रभजोत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चीनी राइफल ए.के. 47 तथा 38 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं । थाना हरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव कोहली के सतनाम सिंह व गुरनाम सिंह को गिरफ्तार किया है ।

2 की हत्या : कल रात थाना कादियां के गांव टपई में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पता चला है कि 2 उग्रवादी रात 12 बजे के

(1) बटाला के सिविल अस्पताल परिसर में सोमवार को वहां खड़े लावारिस ट्रैक्टर में बम विस्फोट से ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, (2) विस्फोट से क्षतिग्रस्त अस्पताल का आप्रेशन थियेटर, (3) थाना कादियां के गांव टपई में आतंवादियों द्वारा मारे गए सुखवंत सिंह ज्ञानी तथा रघुबीर सिंह के शव । (छाया : कोछड़)

सरपंच की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना सदर के गांव चीमा खुड्डी में आज दोपहर के लगभग 2.30 बजे दो अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फायरिंग कर गांव के सरपंच अजीत सिंह उर्फ निहंग (52) की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक अपने डेरे के निकट खेतों में काम कर रहा था कि दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने, जो पैदल ही आए थे, उसकी हत्या कर दी तथा फरार हो गए । पुलिस ने क्षेत्र को सील करके लगभग टपई में सुखवंत सिंह उर्फ ज्ञानी के घर आए तथा उसे उठा कर घर से बाहर ले गए । इसके बाद उन्होंने रघबीर सिंह वल्द तारा सिंह को बुलाया और दोनों को खेतों में ले जाकर गोलियां चला कर मार डाला । वारदात के समय काफी संख्या में लोग वहा जमा हो गए । पुलिस भी जल्दी ही मौका पर पहुंच गई लेकिन उग्रवादी पैदल ही वहां से भागने में सफल हो गए । मरने वाले दोनों ही मामा और बुआ के बेटे रिश्ते में भाई थे ।

कर्फ्यू में ढील : जिलाधिकारियों ने कल सिविल अस्पताल में बम धमाके के बाद जो कर्फ्यू लगाया था, उसमें आज प्रात: 11 बजे से सायं 6 बजे तक ढील की घोषणा की गई । आज यहां अस्पताल के डाक्टरों ने अस्पताल में भी कड़े सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की तथा इस सम्बन्ध में प्रोटैस्ट हड़ताल की गई थी । बाद में एस.डी.एम. ने वहां बी.एस.एफ. की एक चौकी कायम करके डाक्टरों की हड़ताल खत्म कराई ।

इसी बीच पुलिस ने पुराने बस अड्डे पर एक स्कूटर नम्बर डी.एल.क्यू. 2511 बरामद किया, जो कल से वहां लावारिस पड़ा था ।

चेतावनी : अधिकारियों ने लोगों को पैन, पर्स, टिफिन बाक्स, बैग आदि जैसी लावारिस चीजों को हाथ न लगाने की चेतावनी दी है । एस.डी.एम. श्री कलवंत सिंह ने लोगों से अपील की कि इस तरह की कोई लावारिस वस्तु मिलने पर वे निकटस्थ पुलिस थाने में सूचना दें । श्री सिंह ने लोगों से कहा कि वे शहर में किसी आतंकवादी अपराध के बारे में किसी भी अफवाह के विषय में टैलीफोन नम्बर 100, 40, 25, 36, 160 और 460 पर पूछताछ करें ।

शहर में सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है और सभी संवेदनशील व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फोर्स तैनात कर दी गई है ।

स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा व सचिव श्री देव राज चाचोवालिया ने मांग की है कि शहर के अलग-अलग संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात किए जाएं । उन्होंने आरोप लगाया है कि शहर में 4 नवम्बर व 7 नवम्बर को दो बार विस्फोट हुए लेकिन जिला गुरदासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एक बार भी बटाला नहीं आए, इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ।

जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन बम कांडों के संबंध में ठोस सूत्र मिलने से आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके छुपने के स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

एक गिरफ्तार : जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीहरगोबिन्द पुलिस ने गत रात संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् एक संदिग्ध युवक सतनाम सिंह को गिरफ्तार करके उससे गोली-सिक्का बरामद किया है ।

दो सिपाही निलम्बित : बटाला के सिविल अस्पताल में विस्फोट के संबंध में दो सिपाहियों व सिटी पुलिस थाने के एक ड्राइवर को निलम्बित कर दिया गया तथा इंस्पैक्टर नरेन्द्र लाल को लाइन हाज़िर कर दिया गया ।

स्कूटर, नकदी छीनी : धूरी (सिंगला) : दो अज्ञात युवकों ने धूरी के विनोद कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका प्रिया स्कूटर नम्बर पी.जे.एस. 1439, घड़ी और तीन हजार रुपए छीन लिए । यह वारदात धूरी-शेरपुर रोड पर यहां से 9 किलोमीटर दूर गांव चांगली में हुई । थाना शेरपुर में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

फिरोजपुर जिला में मलसियां गांव में कल रात पुलिस के एक हैड कांस्टेबल मुख्तार सिंह तथा उसके पिता भाग सिंह की हत्या कर दी गई थी । हैड कांस्टेबल, जोकि तलवंडी भाइयां में तैनात था, वह उस पुलिस पार्टी में शामिल था जिसने एक महीने पूर्व एक मुठभेड़ में खतरनाक उग्रवादी सुरेंद्र सिंह उर्फ छिंदा को मार डाला था । मुख्तार सिंह कल रात ही दीवाली मनाने के लिए अपने गांव गया था ।

ट्रक ड्राईवर की हत्या : फरीदकोट जिला में एक ट्रक ड्राईवर बेअंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

जनता नेता की हत्या का प्रयास : अमृतसर (हस.) आज सुबह उग्रवादियों ने अमृतसर जिला जनता पार्टी (ग्रामीण) के अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह की हत्या का प्रयास किया । उग्रवादियों ने श्री

(शेष पृष्ठ 16 पर)

राजीव द्वारा 'चार ल

बम्बई, 8 नवम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस आरोप का खंडन किया है कि वह तथाकथित 'चार लोगों के गुट' के कहने पर ही चलते हैं । श्री गांधी ने 'ब्लिट्ज़' साप्ताहिक को दी गई भेंटवार्ता में कहा है कि इस प्रकार के गुटों का

Punjabi Sahitya

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 9 का शेष)

प्रीतम सिंह पर उनके घर में गोलियां चलाकर उन्हें सख्त जख्मी कर दिया और फरार हो गए । उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उनकी हालत में सुधार हो रहा है ।

अमृतसर जिला में ही कल रात एक सिपाही को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था जोकि गश्त पर था ।

जनरल कुमार की अंत्येष्टि : चंडीगढ़ से वि.प्र. ने खबर दी है कि भाखड़ा-ब्यास प्रबंधक बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरल भूपेंद्र नाथ कुमार का आज यहां बाद दोपहर पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । जनरल कुमार की कल यहां उग्रवादियों ने उनके घर के सामने ही गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

अंतिम संस्कार के समय पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे, पंजाब के मुख्यसचिव श्री आर.पी. ओझा, पंजाब बिजली बोर्ड के अध्यक्ष श्री एन.एस. बसंत सहित कई उच्च सिविल, फौजी तथा पुलिस अधिकारी मौजूद थे । इन सभी लोगों ने श्री कुमार के शव पर फूल मालाएं अर्पित कीं । चिता को अग्नि जनरल कुमार के लड़के ने दिखाई,जोकि आज प्रातः ही चंडीगढ़ पहुंचा था । श्मशान भूमि में बड़ी संख्या में लोग और जनरल कुमार के मित्र, प्रशंसक व सम्बन्धी मौजूद थे । कई बार जनरल कुमार अमर रहें के नारे भी लगाए गए । इस समय वहां पुलिस का व्यापक प्रबंध था ।

इससे पूर्व जनरल कुमार की शव यात्रा उनके मकान सैक्टर 35 से आरम्भ हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । इसी मध्य श्री एन.एस. बसंत ने जनरल कुमार के घर जाकर उनके परिवार से हार्दिक संवेदना प्रकट की और जनरल कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री बसंत ने जनरल कुमार को एक निष्ठावान इंजीनियर, योग्य प्रशासक व महान देश भक्त बताया ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे भाखड़ा-ब्यास प्रबंध बोर्ड के अध्यक्ष जनरल कुमार के पार्थिव शरीर पर फूल-मालाएं चढ़ाते हुए

शव यात्रा के साथ बड़ी संख्या में चल रहे भाखड़ा-ब्यास प्रबन्धक बोर्ड के कर्मचारियों ने पंजाब सरकार तथा पुलिस के विरुद्ध नारे लगाए । इनमें से अनेक लोगों की आंखें अश्रुपूरित थीं ।

जब जनरल कुमार के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था तो सड़क के दोनों ओर खड़े सेना के जवानों ने हथियार उलटे करके उन्हें श्रद्धांजलि दी । जनरल कुमार का शव तिरंगे में लपेटा हुआ था जिसे फूलों से सजाई गई एक गाड़ी पर रखा हुआ था । जनरल की वर्दी और टोपी ऊपर रखी हुई थी ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल स्वयं जनरल कुमार के निवास स्थान पर गए और शोक संतप्त परिवार के साथ गहरी सहानुभूति प्रकट की । उन्होंने जनरल कुमार के शव पर फूलमाला भी चढ़ाई ।

इसी मध्य भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रधान श्री प्रेम सागर जैन ने श्री कुमार की हत्या की जोरदार निंदा करते हुए चंडीगढ़ पुलिस की कड़ी आलोचना की । आज यहां एक लिखित बयान में उन्होंने मांग की कि उग्रवादियों को कुचलने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं ।

उच्च स्तरीय बैठक : उधर आज यहां पंजाब के वित्तायुक्त श्री एस.एल. कपूर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए । पंजाब सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन कानून और व्यवस्था के मामले पर आपस में पूरी तरह तालमेल बनाए हुए हैं और एक प्रकार से तालमेल का यह काम श्री कपूर को सौंप दिया गया है ।

कोई सुराग नहीं : अभी तक जनरल कुमार के हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला है । हत्यारों द्वारा प्रयुक्त नीले रंग की मारुति कार का भी कोई पता नहीं चल सका ।

जनरल कुमार के पी.ए. श्री के.एस. गुलेरिया तथा तकनीकी सलाहकार श्री ए.सी. शर्मा जोकि कल की वारदात में सख्त जख्मी हुए थे, की हालत पी.जी.आई. में आपरेशन के बाद सुधर रही बताई गई है ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार :लुधियाना जिले में एक ईंटों के भट्ठे पर छापे के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के 5 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । उनके नाम सरबजीत सिंह उर्फ धन्ना, महंगा सिंह, बल्ल सिंह, देवेन्द्र सिंह तथा जसपाल सिंह हैं । उनसे दो पिस्तौल व कारतूस बरामद किए गए । किला रायपुर के दलजीत सिंह से 20,000 रुपए छीन लिए गए ।

समराला पुलिस ने एक व्यक्ति गुरमुख सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

5 लाख रुपए लूटे : पटियाला से 'भूषण' और राजपुरा से 'मासूम' के अनुसार राजपुरा में भारत कामर्स इंडस्ट्रीज (धागा फैक्टरी) के कैशियर हरि किशन से तीन अज्ञात उग्रवादी पांच लाख रुपए लूट कर फरार हो गए । कैशियर राजपुरा में बैंकों की दो ब्रांचों से 5 लाख रुपया निकलवा कर लाया था । इसमें से 1.20 लाख रुपए पंजाब नैशनल बैंक से तथा 3.8 लाख रुपए सैंट्रल बैंक आफ इंडिया से निकलवाए गए थे । जब वह फैक्टरी के मुख्यद्वार पर पहुंचा तो अभियुक्तों ने जोकि स्कूटर नम्बर सी.एच.टी. 310 पर सवार थे, उसकी कार को रोका तथा नकदी छीन कर फरार हो गए ।

पटियाला पुलिस ने आज तीन उग्रवादियों सुरजीत सिंह (पुलिस कांस्टेबल), रवीन्द्र सिंह तथा महेंद्र सिंह को एक दुकानदार के अपहरण का प्रयास करने पर गिरफ्तार कर लिया ।

उग्रवादी परमजीत सिंह गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद) : गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि काहनूवान पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ प्रम्मा निवासी तुगलवाल को गिरफ्तार किया है । वह पुलिस को कई हत्याओं व डकैती के मामले में वांछित था तथा आजकल जमानत पर रिहा हुआ था । इसने जुलाई, 1987 में गांव तुगलवाल में ही दो व्यक्तियों की हत्या की थी ।

सी. आर. पी. पर हमला : आज रात्रि तरनतारन के हरीके के पास सी. आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से सी. आर. पी. के 4 जवान घायल हो गए ।

घायलों में एम. वी. यादव, जेम्स, गुलाम मोहम्मद, सुमेर सिंह शामिल हैं ।

पाकिस्तान के लोग
(पृष्ठ 9 का शेष)

उन्होंने यह भी कहा कि परमाणु प्रौद्योगिकी का अधिग्रहण और विकास तथा उसमें कोई हस्तक्षेप नहीं होना देना भी उनकी पार्टी का प्रमुख उद्देश्य है । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारा यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण होगा ।

बेनजीर भुट्टो ने जो अब अपने पिता द्वारा गठित की गई पार्टी की नेता है कहा है कि अब उसकी पार्टी और अधिक राष्ट्रीयकरण की नीति को नहीं अपनाएगी और अर्थव्यवस्था पर राज्य के नियंत्रण को भी ढीला किया जाएगा और उदार नीतियां अपना कर निजी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा । लगता है कि उन्होंने यह घोषणा व्यापारी वर्ग के वोट बटोरने के लिए की है ।

दक्षिण सिंध में अपने चुनाव अभियान के दौरान बेनजीर भुट्टो ने यह भी कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी एक ऐसी लोकतांत्रिक सरकार का गठन करेगी जो पहले हुए सभी अन्यायों को खत्म कर देगी और जनता के सभी वर्गों के साथ भद्रतापूर्ण व्यवहार किया जाएगा ।

राजीव द्वारा खंडन
(पृष्ठ 9 का शेष)

में नेहरू जी हमारे लिए आज भी जीवित हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तथा गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के अन्य सदस्य देश अंतर्राष्ट्रीय मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं और वे चाहते हैं कि महात्मा गांधी तथा पंडित नेहरू की कल्पना के अनुरूप जो परिवर्तन हो रहे हैं, वे जारी रहें ।

बाढ़ के कारण परीक्षा न दे सकने वाले छात्रों के लिए पूरक परीक्षा

चंडीगढ़, 8 नवम्बर (वि.प्र.): बाढ़ के कारण प्रैप, बी.ए., बी.एस.सी., बी-काम, एम.ए. और ओ.टी., एम.एल. की पूरक परीक्षाएं जो छात्र सितम्बर व अक्तूबर में नहीं दे सके, पंजाब विश्वविद्यालय ने 25 नवम्बर से उनके लिए अतिरिक्त पूरक परीक्षा का आयोजन किया है । यह परीक्षा फिरोज़पुर, मोगा और दसूहा के केंद्रों के उम्मीदवारों के लिए भी होगी, जिन्हें पुनः परीक्षा के लिए कहा गया था या फ़ेल हो गए थे या उनकी कम्पार्टमैंट आई थी । परीक्षा केवल चंडीगढ़, होशियारपुर और लुधियाना में होगी । डेटशीट और परीक्षा केंद्र की सूचना उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से दे दी जाएगी ।

बाबा और रोडे को दीवाली के फौरन बाद आजाद कर दिया जाएगा : रिबैरो

चंडीगढ़, 8 नवम्बर (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो ने कहा है कि एकीकृत अकाली दल के बुजुर्ग नेता बाबा जोगिन्दर सिंह और उनके पौत्र भाई जसवीर सिंह रोडे को दीवाली के फौरन बाद आजाद कर दिया जाएगा । इन दोनों को दीवाली के अवसर पर कल नौ नवम्बर को सरबत खालसा बुलाने के कारण गत दिवस गांव रोडे और दमदमा साहब में अपने-अपने घरों में नज़रबंद कर दिया गया था ।

वी.पी. द्वारा बोफोर्स 3 दस्तावेजों की

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स तोप सौदे में कथित 'दलाली' के अपने दावे के समर्थन में आज यहां तीन दस्तावेजों की फोटो प्रतियां जारी कीं । श्री सिंह ने अपना यह आरोप दोहराया कि बोफोर्स सौदे में "दलाली का पेमैंट हुआ है और सौदा तय होने के बाद भी पेमैंट होता रहा है ।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस मामले में देश को धोखे में रखा है । श्री सिंह ने पिछले सप्ताह पटना और लखनऊ में दिये बयानों के संदर्भ में फिर कहा कि यदि "दलाली के पेमैंट असत्य निकले तो मैं जनजीवन परित्याग कर दूंगा ।"

ज्ञातव्य है कि कांग्रेस (इ) महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने कल कहा था कि यदि श्री सिंह में साहस है तो वह अपने आरोपों की पुष्टि करें और सभी संबंधित दस्तावेज संसद में पेश करें । श्री सिंह ने कहा कि दस्तावेजों से यह स्पष्ट है कि कथित 'दलाली' का भुगतान गत वर्ष मार्च तक होता रहा था जबकि श्री सिंह ने पूरे देश को आश्वस्त किया था कि तोप सौदे से पहले सभी बिचौलियों को 'वाईंडिंग अप चार्ज' देकर हटा दिया गया था । श्री सिंह ने कहा कि 'लोटस' कम्पनी के खाते में 19 दिसम्बर 1986 को भेजी गई धन राशि के दस्तावेज में यह हिदायत लिखी है कि यदि संभव हो तो भेजने वाले का नाम न लिखा जाए । जनता दल के अध्यक्ष ने पूछा कि इस भुगतान में आखिर "ऐसी गोपनीयता क्यों" बरती गई ।

श्री सिंह ने दोहराया कि 'स्वेनस्का' कम्पनी द्वारा दलाली ली गई है । उसका स्विस बैंक खाता नम्बर 99921 टी.यू. है । आज जारी दस्तावेजों के अनुसार उपर्युक्त खाते में आठ दिसम्बर 1986 के 47.29 लाख स्वीडिश क्रोनर के भुगतान के

Punjab Sanjam

पंजाब, हरियाणा में 10 व्यक्तियों की हत्या : 2 दुर्दांत उग्रवादी मारे गये

घात लगा कर किये गये हमले में 4 सी.आर.पी. जवान घायल

रैय्या के राईस शैलर में विस्फोट, छत उड़ गई

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब और हरियाणा में 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि दो दर्दांत उग्रवादी भी मारे गए । घात लगाकर किए गए हमले में सी.आर.पी. के चार जवान घायल हो गए जबकि एक राईस शैलर में बम विस्फोट हुआ । पांच कट्टर उग्रवादियों सहित 24 उग्रवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । गुरदासपुर जिले के धारीवाल गांव में बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर फ़ायरिंग की गई ।

दो की हत्या : पटियाला (भूषण): आज प्रातः यहां रजवाहा रोड पर गुरुद्वारा दुख निवारण साहब के सामने दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों द्वारा गोली चला देने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि एक स्त्री घायल हो गई । घायल स्त्री को राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए । उनकी खोज की जा रही है ।

जिला पुलिस चीफ़ श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि एक मृतक की पहचान तरनजीतसिंह उर्फ़ हैप्पी के रूप में हुई है । घटना के समय दोनों साइकल पर जा रहे थे । घायल स्त्री की पहचान कर्मजीत कौर के रूप में हुई है । उसकी टांगों में गोलियां लगी हैं । श्री बिरदी ने कहा कि घायल स्त्री ने एक पुलिस कांस्टेबल को सूचित किया । इस पर तत्काल पुलिस फ़ोर्स वहां पहुंच गई ।

उग्रवादी मारा गया : लुधियाना (ह.स.): गत रात सैंट्रल सीड फ़ार्म के निकट हुई एक मुठभेड़ में एक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया । याद रहे कि इसी स्थान पर गत सप्ताह 19 मजदूरों की हत्या कर दी गई थी । पुलिस और सी.आर.पी. की एक संयक्त पार्टी ने फ़ार्म के निकट दो युवकों को चुनौती दी तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया गया, जिससे उनमें से एक वहीं पर मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फ़रार हो गया । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, 2 मैगज़ीन, 18 कारामद और 17 खाली कारतूस मिले । जिला पुलिस चीफ़ श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि मारा गया उग्रवादी तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला तथा अजमेर सिंह गिरोह से सम्बन्ध रखता था । यह गिरोह कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार है, जिनमें जगराओं में एक होटल के बाहर इंका नेता सोहन लाल व तीन अन्य लोग, चार पुलिस कांस्टेबल व दो होमगार्ड की हत्या में शामिल है ।

दो भाइयों की हत्या : खन्ना (पूर्ण): यहां से 12 किलो मीटर दूर रोहल खुर्द में दो सगे भाइयों जगत सिंह उर्फ़ जगता (30) तथा भगत सिंह उर्फ़ भगता (25) की प्रातः सात बजे उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । चार स्कूटर सवार उग्रवादी गांव में आए और उनका घर पूछा । वहां जाकर उन्होंने उनके हाथ खड़े करवाकर उन्हें गोलियां मार दीं । वे मौके पर ही मर गए । उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी राइफलें इस्तेमाल कीं ।

सरपंच की हत्या : मोहाली (नवंदा): निकटवर्ती गांव मग्गर के सरपंच 40 वर्षीय सम्पूर्ण सिंह की गत रात दो व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सरपंच अपने घर से बाहर जैसे ही अपनी जीप में बैठा, दो पटकाधारी व्यक्तियों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कांड का उग्रवादी गतिविधियों से कोई सम्बन्ध होने की कोई सम्भावना नहीं है । सरपंच बनने के विवाद को लेकर उस पर हमला किया गया । खरड़ पुलिस ने केस दर्ज करके इसी गांव के केहर सिंह व उसके अन्य साथी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

मृतक को तीन गोलियां मुंह पर तथा चार पीठ पर लगीं । रोपड़ के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद आज शव वारिसों को सौंप दिया गया । गांव वालों ने बताया कि हमलावर आतंकवाद का लाभ उठाने की साजिश के अन्तर्गत हत्या करने आए जिन्हें लोगों ने भागते हुए पहचान लिया और पुलिस को सूचित किया ।

एस.पी.ओ. की हत्या : अमृतसर (अशोक, वार्ता): गत रात उग्रवादियों ने थाना कत्थूनंगल के गांव फैरोवाल में एक स्पैशल पुलिस अफसर (एस.पी.ओ.) की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा कि कश्मीरा सिंह एक अन्य एस.पी.ओ. के साथ गश्त पर था कि उग्रवादियों ने उन्हें पकड़ लिया । उन्होंने कश्मीरा सिंह की हत्या कर दी, जबकि दूसरा एस.पी.ओ. उनके कब्ज़े से फरार होने में सफल रहा । तीन हत्यारों में से दो की शिनाख्त परगट सिंह बिल्लोवाल तथा सतनाम सिंह सत्ता फत्तू बिल्ला के रूप में हुई है ।

एक अन्य वारदात में एक दुकानदार कर्मचन्द उग्रवादियों की गोलीबारी से बाल-बाल बच गया । घटनास्थल से चीनी असाल्ट राइफल के दो खाली कारतूस मिले ।

हत्या करा दी : तरनतारन पुलिस जिला में थाना वैरोवाल के अन्तर्गत गांव बहल में एक व्यक्ति कंदन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई । पुलिस का कहना है कि यह हत्या मृतक के एक निकट सम्बन्धी के कहने पर की गई, जिसका कुन्दन सिंह के परिवार के साथ भूमि का झगड़ा था ।

बम विस्फोट : आज प्रातः अमृतसर से 35 किलो मीटर दूर रैया में एक राईस शैलर में बम विस्फोट हुआ, जिससे शैलर की छत उड़ गई तथा दीवारें गिर गईं । पुलिस ने बताया कि यह बम उग्रवादियों ने फैंका था । मामले की जांच की जा रही है ।

चार जवान घायल : पुलिस इंस्पैक्टर एम.पी. यादव, चालक गुलाम मुहम्मद तथा दो अन्य सिपाही शमीर सिंह और जे. एम. साके कल रात तरनतारन पुलिस जिले में सरहाली के पास आतंकवादियों के घात लगाकर हमला करने से सख्त घायल हो गए । ये सभी जवान केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस की 41वीं बटालियन के सदस्य हैं । आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले । आतंकवादियों की फ़ायरिंग से गश्ती दल की जीप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने यहां बताया कि पट्टी अस्पताल में भर्ती शमीर सिंह और गुलाम मुहम्मद की हालत अभी भी नाज़ुक है । (शेष पृष्ठ 10 पर)

बटाला में रात का कर्फ्यू जारी : कड़े सुरक्षा प्रबंध, दीवाली फीकी रही

बटाला, 10 नवम्बर (कोछड़): गत दिवस स्थानीय सिविल अस्पताल स्थित एस.एम.ओ. निवास के बाहर मैदान में खड़े ट्रैक्टर में ज़ोरदार विस्फोट के दृष्टिगत सतर्कतावश लगाए गए कर्फ़्यू में 9 नवम्बर दीवाली के दिन प्रातः 7 से सायं 7 तक 12 घंटे की ढील दी गई । दीवाली का त्यौहार अत्यन्त फीका रहा, क्योंकि प्रत्येक नागरिक का दिल 4 नवम्बर को चकरी बाजर के बम विस्फोटों में 20 निर्दोषों की मौत से दुखी था । स्थानीय आर्य समाज ने दीवाली न मनाने का निर्णय कर रखा था ।

आज 10 नवम्बर को भी प्रशासन की ओर से प्रातः 6 से सायं 6 बजे तक 12 घंटे की कर्फ़्यू में ढील दी गई है । औद्योगिक शहर बटाला में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिये भारी संख्या में पुलिस व सुरक्षा बल तैनात हैं और गश्त कर रहे हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा, एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा व बी.एस.एफ. कमांडैंट श्री ए.एस. शाहिद समय-समयपर शहर में चक्कर लगा कर स्थिति का जायज़ा ले रहे हैं ।

नागरिकों की ज़ोरदार मांग के कारण पुलिस थाना सिटी बटाला में पुलिस इंस्पैक्टर श्री दर्शन कुमार शर्मा को पुनः तैनात कर दिया गया है । शहर के लगभग सभी मुख्य मार्गों पर सुरक्षा बल तैनात करने के साथ-साथ सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं, किसी भी वाहन के इन मुख्य मार्गों से शहर के भीतरी भाग में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि 24 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर बम धमाकों के संबंध में पूछताछ जारी है और जिला भर में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए खोजबीन की जा रही है व छापे मारे जा रहे हैं ।

बटाला में कर्फ्यू समाप्त करने का फैसला

बटाला, 10 नवम्बर (ह.स.): स्थिति में सुधार के दृष्टिगत प्रशासन ने कल प्रातः से बटाला में कर्फ्यू पूरी तरह से हटा लेने का फैसला किया है । गत चार नवम्बर को चकरी बाजार में हुए बम धमाकों के कारण पहली बार कर्फ्यू लगाया गया था ।

श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के तीन प्रत्याशी

कोलम्बो, 10 नवम्बर (ए.पी.): श्रीलंका के राष्ट्रपति पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अपने नामांकन-पत्र दाखिल किए । ये हैं – वर्तमान प्रधानमंत्री आर. प्रेमदासा, श्रीलंका फ्रीडम पार्टी की अध्यक्ष श्रीमती सिरीमावो भंडारनायके तथा त्रिदलीय मोर्चे के श्री ओ. अभयगुणशेखर ।



पटियाला में वीरवार को आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग से मारे गये (1) त
और (2) एक अज्ञात राहगुज़र के शव, (3) वह स्थान, जहां गोली चला
घायल कर्मजीत कौर, जो अस्पताल में उपचाराधीन है ।

दिल्ली में एक महत्वपूर्ण राज्यमंत्री 25 लाख की चोरी : पुलिस दु

नई दिल्ली, 10 नवम्बर (जी.एस. चावला): राजधानी में गत सप्ताह एक मह
के घर में हुई चोरी की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस असमंजस में है । एक अनुमा
25 लाख रुपये मूल्य का सामान चुरा कर ले गये, जिसमें भारी मात्रा में नकद
आभूषण इत्यादि शामिल हैं ।

मंत्री के बंगले पर चोरी गत 4 नवम्बर को हुई थी । इस बंगले पर दिल्ली
राष्ट्रीय सुरक्षा गार्डों के ब्लैक कैट कमांडो का भारी पहरा रहता है । मंत्री महोदय
हैं और उनके इस चोरी में संलिप्त होने का संदेह है । करंसी नोटों के रूप में नकद
कम 15 लाख की बताई जाती है ।

पुलिस ने इस सम्बन्ध में कोई औपचारिक प्राथमिक सूचना दर्ज नहीं की है ।
ही जांच की जा रही है । इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि
एफ.आई.आर. दर्ज करा दी गई तो मंत्री महोदय को इतनी भारी रकम अपने
स्पष्टीकरण देना कठिन हो जाएगा तथा विपक्षी पार्टियां, विशेष रूप से भाजपा,
राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर सकती हैं ।

कहा जाता है कि दिल्ली पुलिस ने नेपाली कर्मचारियों का पीछा करने के लिए
नेपाल भेजा है । यह पुलिस कर्मी गैर सरकारी रूप से जांच करेंगे । पुलिस अधि
नेपाल सरकार को इस मामले का पता चल गया तो दोनों भारतीय पुलिस कर्मी सं
नेपाल सरकार उन्हें गिरफ्तार भी कर सकती है । इसका एक कारण यह भी है
सरकार की पूर्वानुमति के बिना नेपाल में किसी केस की जांच नहीं कर सकती । अ
भारतीय पुलिस को विदेश मंत्रालय के ज़रिये नेपाल सरकार के साथ औपचारिक
है और यह तभी सम्भव है, जब पुलिस के पास औपचारिक रूप से एफ.आई.आ

सूत्रों के अनुसार उक्त दोनों नेपाली नौकर मंत्री महोदय के विश्वासपात्र आदमी
शापिंग करने या किसी अन्य उद्देश्य से बंगले से बाहर जाया करते थे तो मंत्री के
कर्मचारी उनका और उनके सामान का भली-भांति निरीक्षण किया करते थे
महोदय से शिकायत की थी और मंत्री महोदय ने सुरक्षा स्टाफ़ से कह दिया था कि
क्योंकि दोनों विश्वासपात्र आदमी हैं ।

बरनाला के बारे में ग्रंथियों द्वारा फैसला

अमृतसर, 10 नवम्बर (ह.स.): अकाली दल (ल) के अध्यक्ष तथा भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला के पंथ से निष्कासित को समाप्त करने के बारे में पांच मुख्य ग्रंथियों द्वारा कल यहां अपनी बैठक में निर्णय लिए जाने की सम्भावना है ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सूत्रों ने आज यहां उक्त जानकारी दी ।

उल्लेखनीय है कि श्री बरनाला ने अकाल तख्त से आग्रह किया था कि सिख पंथ से उनके निष्कासन को समाप्त कर दिया जाए । उनके द्वारा क्षमा प्रदान करने के लिए की गई लिखित याचना गत अगस्त में अकाल तख्त के जत्थेदार के समक्ष प्रस्तुत की गई थी । यह मामला अभी अकाल तख्त के जत्थेदार के पास विचाराधीन है । श्री बरनाला को गत वर्ष फरवरी में अकाल तख्त के निर्देश का पालन न करने पर पंथ से निष्कासित कर दिया गया था ।

बताया जाता है कि ग
ग्रंथियों ने श्री बरनाला से प
था । यह भी ज्ञात हुआ है
विशेष दूत के हाथों भेज

समझा जाता है कि
पर श्री बरनाला द्वारा दि
आधार पर विचार करेंगे
की भी सम्भावना है कि
दंड' प्राप्त करने के लि
उपस्थित होने के लिए
अपने 'अपराधों' के लि
भुगताने के लिए अपनी स

सूत्रों ने बताया कि
होना है इस बात का फैस
जाएगा ।

Punjabi Samachar

पंजाब, हरियाणा में 10 व्यक्तियों की हत्या : 2 दुर्दांत उग्रवादी मारे गये

घात लगा कर किये गये हमले में 4 सी.आर.पी. जवान घायल

रैय्या के राईस शैलर में विस्फोट, छत उड़ गई

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब और हरियाणा में 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि दो दुर्दांत उग्रवादी भी मारे गए । घात लगाकर किए गए हमले में सी.आर.पी. के चार जवान घायल हो गए जबकि एक राईस शैलर में बम विस्फोट हुआ । पांच कट्टर उग्रवादियों सहित 24 उग्रवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । गुरदासपुर जिले के धारीवाल गांव में बी.एस.एफ. की गश्ती पार्टी पर फ़ायरिंग की गई ।

दो की हत्या : पटियाला (भूषण): आज प्रातः यहां रजवाहा रोड पर गुरुद्वारा दुख निवारण साहब के सामने दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों द्वारा गोली चला देने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि एक स्त्री घायल हो गई । घायल स्त्री को राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उग्रवादी फ़रार होने में सफल हो गए । उनकी खोज की जा रही है ।

जिला पुलिस चीफ़ श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि एक मृतक की पहचान तरनजीतसिंह उर्फ़ हैप्पी के रूप में हुई है । घटना के समय दोनों साइकल पर जा रहे थे । घायल स्त्री की पहचान कर्मजीत कौर के रूप में हुई है । उसकी टांगों में गोलियां लगी हैं । श्री बिरदी ने कहा कि घायल स्त्री ने एक पुलिस कांस्टेबल को सूचित किया । इस पर तत्काल पुलिस फ़ोर्स वहां पहुंच गई ।

उग्रवादी मारा गया : लुधियाना (ह.स.): गत रात सैंट्रल सीड फ़ार्म के निकट हुई एक मुठभेड़ में एक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया । याद रहे कि इसी स्थान पर गत सप्ताह 19 मजदूरों की हत्या कर दी गई थी । पुलिस और सी.आर.पी. की एक संयुक्त पार्टी ने फ़ार्म के निकट दो युवकों को चुनौती दी तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया गया, जिससे उनमें से एक वहीं पर मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फ़रार हो गया । घटनास्थल पर एक चीनी असाल्ट राइफल, 2 मैगज़ीन, 18 कारामद और 17 खाली कारतूस मिले । जिला पुलिस चीफ़ श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि मारा गया उग्रवादी तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला तथा अजमेर सिंह गिरोह से सम्बन्ध रखता था । यह गिरोह कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार है, जिनमें जगराओं में एक होटल के बाहर इंका नेता सोहन लाल व तीन अन्य लोग, चार पुलिस कांस्टेबल व दो होमगार्ड की हत्या में शामिल है ।

दो भाइयों की हत्या : खन्ना (पूर्ण): यहां से 12 किलो मीटर दूर रोहल खुर्द में दो सगे भाइयों जगत सिंह उर्फ़ जगता (30) तथा भगत सिंह उर्फ़ भगता (25) की प्रातः सात बजे उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । चार स्कूटर सवार उग्रवादी गांव में आए और उनका घर पूछा । वहां जाकर उन्होंने उनके हाथ खड़े करवाकर उन्हें गोलियां मार दीं । वे मौके पर ही मर गए । उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी राइफलें इस्तेमाल कीं ।

सरपंच की हत्या : मोहाली (नबंदा): निकटवर्ती गांव मग्गर के सरपंच 40 वर्षीय सम्पूर्ण सिंह की गत रात दो व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सरपंच अपने घर से बाहर जैसे ही अपनी जीप में बैठा, दो पटकाधारी व्यक्तियों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कांड का उग्रवादी गतिविधियों से कोई सम्बन्ध होने की कोई सम्भावना नहीं है । सरपंच बनने के विवाद को लेकर उस पर हमला किया गया । खरड़ पुलिस ने केस दर्ज करके इसी गांव के केहर सिंह व उसके अन्य साथी का पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

मृतक को तीन गोलियां मुंह पर तथा चार पीठ पर लगीं । रोपड़ के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद आज शव वारिसों को सौंप दिया गया । गांव वालों ने बताया कि हमलावर आतंकवाद का लाभ उठाने की साजिश के अन्तर्गत हत्या करने आए, जिन्हें लोगों ने भागते हुए पहचान लिया और पुलिस को सूचित किया ।

एस.पी.ओ. की हत्या : अमृतसर (अशोक, वार्ता): गत रात उग्रवादियों ने थाना कत्थूनंगल के गांव फैरोवाल में एक स्पैशल पुलिस अफ़सर (एस.पी.ओ.) की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा कि कश्मीरा सिंह एक अन्य एस.पी.ओ. के साथ गश्त पर था कि उग्रवादियों ने उन्हें पकड़ लिया । उन्होंने कश्मीरा सिंह की हत्या कर दी, जबकि दूसरा एस.पी.ओ. उनके कब्ज़े से फ़रार होने में सफल रहा । तीन हत्यारों में से दो की शिनाख्त परगट सिंह बिल्लोवाल तथा सतनाम सिंह सत्ता फत्तू बिल्ला के रूप में हुई है ।

एक अन्य वारदात में एक दुकानदार कर्मचन्द उग्रवादियों की गोलीबारी से बाल-बाल बच गया । घटनास्थल से चीनी असाल्ट राइफल के दो खाली कारतूस मिले ।

हत्या करा दी : तरनतारन पुलिस जिला में थाना वैरोवाल के अन्तर्गत गांव बहल में एक व्यक्ति कुंदन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई । पुलिस का कहना है कि यह हत्या मृतक के एक निकट सम्बन्धी के कहने पर की गई, जिसका कुन्दन सिंह के परिवार के साथ भूमि का झगड़ा था ।

बम विस्फोट : आज प्रातः अमृतसर से 35 किलो मीटर दूर रैया में एक राईस शैलर में बम विस्फोट हुआ, जिससे शैलर की छत उड़ गई तथा दीवारें गिर गईं । पुलिस ने बताया कि यह बम उग्रवादियों ने फैंका था । मामले की जांच की जा रही है ।

चार जवान घायल : पुलिस इंस्पैक्टर एम.पी. यादव, चालक गुलाम मुहम्मद तथा दो अन्य सिपाही शमीर सिंह और जे. एम. साके कल रात तरनतारन पुलिस जिले में सरहाली के पास आतंकवादियों के घात लगाकर हमला करने से सख्त घायल हो गए । ये सभी जवान केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस की 41वीं बटालियन के सदस्य हैं । आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले । आतंकवादियों की फ़ायरिंग से गश्ती दल की जीप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने यहां बताया कि पट्टी अस्पताल में भर्ती शमीर सिंह और गुलाम मुहम्मद की हालत अभी भी नाज़ुक है ।(शेष पृष्ठ 10 पर)



पटियाला में वीरवार को आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग से मारे गये (1) त
और (2) एक अज्ञात राहगुज़र के शव, (3) वह स्थान, जहां गोली चला
घायल कर्मजीत कौर, जो अस्पताल में उपचाराधीन है ।

बटाला में रात का कर्फ़्यू जारी : कड़े सुरक्षा प्रबंध, दीवाली फीकी रही

बटाला, 10 नवम्बर (कोछड़): गत दिवस स्थानीय सिविल अस्पताल स्थित एस.एम.ओ. निवास के बाहर मैदान में खड़े ट्रैक्टर में ज़ोरदार विस्फोट के दृष्टिगत सतर्कतावश लगाए गए कर्फ़्यू में 9 नवम्बर दीवाली के दिन प्रातः 7 से सायं 7 तक 12 घंटे की ढील दी गई । दीवाली का त्यौहार अत्यन्त फीका रहा, क्योंकि प्रत्येक नागरिक का दिल 4 नवम्बर को चकरी बाजर के बम विस्फोटों में 20 निर्दोषों की मौत से दुखी था । स्थानीय आर्य समाज ने दीवाली न मनाने का निर्णय कर रखा था ।

आज 10 नवम्बर को भी प्रशासन की ओर से प्रातः 6 से सायं 6 बजे तक 12 घंटे की कर्फ़्यू में ढील दी गई है । औद्योगिक शहर बटाला में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिये भारी संख्या में पुलिस व सुरक्षा बल तैनात हैं और गश्त कर रहे हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा, एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा व बी.एस.एफ. कमांडेंट श्री ए.एस. शाहिद समय-समयपर शहर में चक्कर लगा कर स्थिति का जायज़ा ले रहे हैं ।

नागरिकों की ज़ोरदार मांग के कारण पुलिस थाना सिटी बटाला में पुलिस इंस्पैक्टर श्री दर्शन कुमार शर्मा को पुनः तैनात कर दिया गया है । शहर के लगभग सभी मुख्य मार्गों पर सुरक्षा बल तैनात करने के साथ-साथ सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं, किसी भी वाहन के इन मुख्य मार्गों से शहर के भीतरी भाग में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि 24 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर बम धमाकों के संबंध में पूछताछ जारी है और जिला भर में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए खोजबीन की जा रही है व छापे मारे जा रहे हैं ।

बटाला में कर्फ़्यू समाप्त करने का फैसला

बटाला, 10 नवम्बर (ह.स.): स्थिति में सुधार के दृष्टिगत प्रशासन ने कल प्रातः से बटाला में कर्फ़्यू पूरी तरह से हटा लेने का फैसला किया है । गत चार नवम्बर को चकरी बाजार में हुए बम धमाकों के कारण पहली बार कर्फ़्यू लगाया गया था ।

श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के तीन प्रत्याशी

कोलम्बो, 10 नवम्बर (ए.पी.): श्रीलंका के राष्ट्रपति पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अपने नामांकन-पत्र दाखिल किए । ये हैं – वर्तमान प्रधानमंत्री आर. प्रेमदासा, श्रीलंका फ्रीडम पार्टी की अध्यक्ष श्रीमती सिरीमावो भंडारनायके तथा त्रिदलीय मोर्चे के श्री ओ. अभयगुणशेखर ।

दिल्ली में एक महत्वपूर्ण राज्यमंत्री 25 लाख की चोरी : पुलिस दु

नई दिल्ली, 10 नवम्बर (जी.एस. चावला): राजधानी में गत सप्ताह एक मह
के घर में हुई चोरी की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस असमंजस में है । एक अनुमान
25 लाख रुपये मूल्य का सामान चुरा कर ले गये, जिसमें भारी मात्रा में नकद र
आभूषण इत्यादि शामिल हैं ।

मंत्री के बंगले पर चोरी गत 4 नवम्बर को हुई थी । इस बंगले पर दिल्ली
राष्ट्रीय सुरक्षा गार्डों के ब्लैक कैट कमांडो का भारी पहरा रहता है । मंत्री महोदय के
हैं और उनके इस चोरी में संलिप्त होने का संदेह है । करंसी नोटों के रूप में नकद
कम 15 लाख की बताई जाती है ।

पुलिस ने इस सम्बन्ध में कोई औपचारिक प्राथमिक सूचना दर्ज नहीं की है ।
ही जांच की जा रही है । इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि
एफ़.आई.आर. दर्ज करा दी गई तो मंत्री महोदय को इतनी भारी रकम अपने
स्पष्टीकरण देना कठिन हो जाएगा तथा विपक्षी पार्टियां, विशेष रूप से भाजपा,
राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर सकती हैं ।

कहा जाता है कि दिल्ली पुलिस ने नेपाली कर्मचारियों का पीछा करने के लिए
नेपाल भेजा है । यह पुलिस कर्मी गैर सरकारी रूप से जांच करेंगे । पुलिस अधि
नेपाल सरकार को इस मामले का पता चल गया तो दोनों भारतीय पुलिस कर्मी संक
नेपाल सरकार उन्हें गिरफ्तार भी कर सकती है । इसका एक कारण यह भी है
सरकार की पूर्वानुमति के बिना नेपाल में किसी केस की जांच नहीं कर सकती । अ
भारतीय पुलिस को विदेश मंत्रालय के ज़रिये नेपाल सरकार के साथ औपचारिक रू
है और यह तभी सम्भव है, जब पुलिस के पास औपचारिक रूप से एफ़.आई.आ

सूत्रों के अनुसार उक्त दोनों नेपाली नौकर मंत्री महोदय के विश्वासपात्र आदमी
शापिंग करने या किसी अन्य उद्देश्य से बंगले से बाहर जाया करते थे तो मंत्री के
कर्मचारी उनका और उनके सामान का भली-भांति निरीक्षण किया करते थे
महोदय से शिकायत की थी और मंत्री महोदय ने सुरक्षा स्टाफ़ से कह दिया था कि
क्योंकि दोनों विश्वासपात्र आदमी हैं ।

बरनाला के बारे में ग्रंथियों द्वारा फैसला

अमृतसर, 10 नवम्बर (ह.स.): अकाली दल (ल) के अध्यक्ष तथा भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला के पंथ से निष्कासित को समाप्त करने के बारे में पांच मुख्य ग्रंथियों द्वारा कल यहां अपनी बैठक में निर्णय लिए जाने की सम्भावना है ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सूत्रों ने आज यहां उक्त जानकारी दी ।

उल्लेखनीय है कि श्री बरनाला ने अकाल तख्त से आग्रह किया था कि सिख पंथ से उनके निष्कासन को समाप्त कर दिया जाए । उनके द्वारा क्षमा प्रदान करने के लिए की गई लिखित याचना गत अगस्त में अकाल तख्त के जत्थेदार के समक्ष प्रस्तुत की गई थी । यह मामला अभी अकाल तख्त के जत्थेदार के पास विचाराधीन है । श्री बरनाला को गत वर्ष फरवरी में अकाल तख्त के निर्देश का पालन न करने पर पंथ से निष्कासित कर दिया गया था ।

बताया जाता है कि ग
ग्रंथियों ने श्री बरनाला से प
था । यह भी ज्ञात हुआ है
विशेष दूत के हाथों भेज दि

समझा जाता है कि म
पर श्री बरनाला द्वारा दि
आधार पर विचार करेंगे
की भी सम्भावना है कि
दंड' प्राप्त करने के लि
उपस्थित होने के लिए
अपने 'अपराधों' के लिए
भुगताने के लिए अपनी स

सूत्रों ने बताया कि
होना है इस बात का फैस
जाएगा ।

Punjabi Samachar

पटियाला में वीरवार को आतंकवादियों द्वारा फ़ायरिंग से मारे गये (1) तरनजीत सिंह उर्फ हैप्पी और (2) एक अज्ञात राहगुजर के शव, (3) वह स्थान, जहां गोली चलाई गई (4) गोलियों से घायल कर्मजीत कौर, जो अस्पताल में उपचाराधीन है । (छाया : राजू)

Punjabi Sanatani

थाना रमदास के गांव हरार खुर्द से नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस की सूचना के अनुसार यह लोग 'ए' श्रेणी के एक खतरनाक उग्रवादी को पनाह देते रहे हैं । इनके नाम इस प्रकार हैं - बेअन्त सिंह, सुखदेव सिंह, अनूप सिंह, बख्शीश सिंह, देवेन्द्र सिंह, ज्योति स्वरूप सिंह, अजायब सिंह उसके लड़के टेक सिंह व बलदेव सिंह ।

नंगल खुंगा में हत्या : होशियारपुर (ह.स.): गत रात्रि जिला होशियारपुर के गांव नंगल खुंगा में [illegible] हरभजन सिंह की हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि उसके चार हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है ।

आतंकवादी मरा : फरीदकोट जिले के कोटकपूरा क्षेत्र में कल पुलिस ने एक नहर में से एक आतंकवादी की लाश बरामद की । लाश के पास एक चीनी राइफल, दो मैगज़ीन व 13 कारतूस पाए गए ।

बिहारी श्रमिक की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में सदर थाना बटाला के अन्तर्गत गांव कालेनंगल रेलवे क्रासिंग के निकट गत 7 नवम्बर की सायं कुछ अज्ञात लोगों ने 18 वर्षीय बिहारी श्रमिक रामदेव की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक उक्त गांव के एक मुर्गीसाना में कर्मचारी था और उस दिन सायं शहर से गांव लौट रहा था कि अज्ञात लोगों ने उसका गला घोंट कर व तेज़ धार हथियार से उसकी हत्या कर दी । मृतक बिहार के जिला पश्चिमी चम्पारन बेतीया के गांव फतेहपुर का रहने वाला था ।

शरणदाता गिरफ्तार : थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव हरपुरा के अजीत सिंह व संक्षिप्त मठभेड़ के पश्चात् गांव चीमाखुड्डी के सुखविंद्र सिंह को गिरफ्तार करके उसमें एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

गत 48 घंटों के दौरान गिरफ्तार किए गए 18 आतंकवादियों और उनके आश्रयदाताओं में पांच कट्टर आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मी, सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता, सरपंच गुरनाम सिंह तथा उसका भाई किरपाल सिंह शामिल हैं । पकड़े गए उग्रवादियों से दो चीनी असाल्ट राइफलें, 12 बोर की दुनाली बंदूक व भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

बी.एस.एफ. पर हमला : गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि लगभग 11 बजे धारीवाल थाने के अन्तर्गत ज़फ़रवाल गांव में कुछ अज्ञात आतंकवादियों द्वारा सुलखनसिंह के घर से सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल पर घात लगाकर फ़ायरिंग की गई । सीमा-सुरक्षा बल की जवाबी फ़ायरिंग तथा घेराबंदी के बाद वे भाग निकले । घर की तलाशी लेने पर एक ए.के. 47 राइफल की मैगज़ीन, 28 कारतूस तथा एक चप्पल बरामद हुई, जो आतंकवादी छोड़ कर भाग गए थे । सुलखन सिंह को भागते हुए चोट लग गई । उसे पकड़कर गुरदासपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया । उल्लेखनीय है कि यह गांव कुख्यात उग्रवादी बख्शन सिंह ज़फ़रवाल का गांव है ।

डाक्टर की हत्या : अम्बाला (हीरानन्द): कल यहां दीवाली के दिन स्थानीय लायलपुर बस्ती में प्रातः साढ़े 6 बजे डा. आर.एस. आहूजा की हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि प्रातः साढ़े छः बजे एक दस वर्ष का लड़का उनके निवास स्थान स्थित उनके क्लीनिक पर दवाई लेने आया । डाक्टर आहूजा अभी उसे देख ही रहा था कि क्लीन शेव्ड दो युवक वहां आए और पिस्तौल तान कर कहा कि जो कुछ उसके पास है, उनके हवाले कर दे । इतने में डाक्टर की पत्नी वहां आ गई जिसके आभूषण उन्होंने उतार लिए और फायरिंग करते हुए चले गए । फायरिंग से डाक्टर वहीं दमतोड़ गया और उसकी पत्नी जिसे गोली का छर्रा लगा था, घायल हो गई । दस वर्ष का लड़का भी इस बीच कहीं गायब हो गया ।

घटना की सूचना पाकर पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । खोजी कुत्ते भी मंगवाए गए और सारे क्षेत्र को घेर लिया गया, परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । डाक्टर की पत्नी कृषि विभाग में नौकरी करती है ।

भाजपा विधायक मा. शिव प्रसाद तथा राजस्व मंत्री चौ. सूरजभान भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिवारजनों से अफसोस जाहिर किया । स्थानीय इंका नेताओं ने भी मृतक के प्रति शोक व्यक्त किया और हत्या की निंदा करते हुए हत्यारों को शीघ्र पकड़ने तथा लोगों की सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की । पुलिस धारा 460, 34, 302 के अन्तर्गत केस दर्ज करके हत्यारों की खोज में सरगर्म है ।

लूट : फगवाड़ा (राकेश): गत रात यहां के निकट चार आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर लगभग 19 हजार रुपया पिस्तौल की नोक पर लूट लिया । बताया जाता है कि परसों रात यहां सतनामपुरा क्षेत्र में अकाल स्टेडियम के पास स्थानीय शूगर मिल के भूतपूर्व फैक्टरी मैनेजर श्री सुरेश भगत के मकान में चार सशस्त्र आतंकवादी उनके घर में दाखिल होकर उनसे पिस्तौल की नोक पर 18000 रुपये नकद तथा 3000 रुपए के इंदिरा विकास पत्र लेकर फरार हो गए ।

बुधवार को अम्बाला शहर की लायलपुर बस्ती में 2 अज्ञात लोगों ने डाक्टर आर.एस. आहूजा की हत्या कर दी । चित्र में डाक्टर आहूजा का शव, उनका एक पुराना चित्र

(छाया : कुन्दन, विवरण : हीरानंद शर्मा)

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर—सीमा सुरक्षा बल ने गत रात फिरोजपुर सैक्टर में एक पाक घुसपैठिये को मार डाला । उसका साथी बचकर भाग निकलने में सफल हो गया ।

संगरूर पुलिस ने एक व्यक्ति बलदेव सिंह उर्फ बाबू को गिरफ्तार किया और उससे एक दुनाली बंदूक व कुछ कारतूस बरामद किए ।

भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी

अमृतसर, 10 नवम्बर (डोगरा) : पुलिस को गत रात भड़की हुई भीड़ पर काबू पाने के लिए खूह बम्बेवाला में गोली चलानी पड़ी । एक अनुमान के अनुसार पुलिस ने 25 गोलियां चलाईं । लेकिन गोली लगने से कोई घायल नहीं हुआ ।

घटना इस प्रकार बताई जाती है कि एक दीवार के मामले को लेकर दो पार्टियों में झगड़ा चल रहा था । एक पार्टी एस.पी. विर्दी के पास शिष्टमंडल लेकर गई, जिसका नेतृत्व भाजपा उपप्रधान श्री रामपाल खन्ना कर रहे थे । पुलिस से मांग की गई थी कि जिस पार्टी ने अवैध तौर पर दूसरी पार्टी की जमीन पर पिल्लर खड़े करने का प्रयास किया है, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए । परन्तु चौकी इंचार्ज इस बात पर नाराज़ हो गए कि उनकी शिकायत एस.पी. साहिब को क्यों की गई ?

श्री खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि उपरोक्त थानेदार ही एक गरीब आदमी के पटाखे भी ले गया था । जब लोगों ने उसका घेराव किया तो उसने गोली चला दी । साथ में पुलिस फोर्स ने भी हवाई फायर किए जिससे इलाके में भगदड़ मच गई । बाजार बन्द हो गए । बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ने एस.पी. श्री चौधरी से मिल कर खूह बम्बे वाला से पुलिस चौकी हटाने की मांग की है । श्री खन्ना ने आरोप लगाया है कि जिस समय थानेदार ने फायरिंग की, वह सफेद कपड़ों में था ।

हवलदार से गोली चलने से रिक्शा चालक की मृत्यु

फगवाड़ा, 10 नवम्बर (अशोक) : गत रात्रि स्थानीय बस स्टैंड के निकट माल गोदाम की सड़क पर गुजरात पुलिस के एक हवलदार मांगी राम से उसकी सर्विस कार्बाइन द्वारा अचानक फायर हो जाने से एक रिक्शा चालक सुरिन्दर कुमार उर्फ छिंदा की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य समाचार पत्र एजैंट अशोक कुमार उर्फ बिल्ला सुपुत्र सतपाल चौधरी गम्भीर घायल हो गया ।

दीवाली के अवसर पर दरबार साहिब अमृतसर में दीपमाला की गई । (छाया : रवि भंडारी)

राजीव गांधी
(पृष्ठ 3 का शेष)

(बाता): विद्युत राज्यमंत्री कल्पनाथ राय ने जनता दल के नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विरुद्ध लगाए आरोपों को साबित करने की चुनौती दी है । श्री राय ने इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य में कहा कि श्री सिंह ने बोफोर्स तोपों के सौदे में दलाली की रकम के बारे में जो दस्तावेज जारी किए हैं, वे मद्रास के अंग्रेजी दैनिक 'हिन्दू' में गत जून में पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं ।

उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने पहले पटना में लोटस कम्पनी का नाम लिया, फिर लखनऊ पहुंच कर उन्होंने स्वेनस्का का नाम लिया । लेकिन स्वेनस्का से बोफोर्स का समझौता तो 1978 में जनता शासन के दौरान हुआ था फिर उससे श्री राजीव गांधी को कैसे संबद्ध किया जा सकता है ।

श्री राय ने कहा कि श्री सिंह ने निराधार आरोप लगाकर प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा को गिराने की कोशिश की है और उनका यह प्रयास लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने और स्वयं सत्ता हथियाने के उनके पूर्व प्रयास का ही अंग है । उन्होंने कहा कि श्री सिंह के पास यदि कोई भी प्रमाण हो तो उन्हें अपने आरोप को सिद्ध करने के लिए उसे लेकर सामने आना चाहिए । उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च नेता के विरुद्ध इस प्रकार का गम्भीर आरोप लगा कर वह बच कर निकल नहीं सकते ।

श्री राय ने विपक्ष के नेताओं को भी, जिनमें से

पाक की रक्षा जरूरतें
(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रपति जनरल जिया के ग्यारह वर्ष के सैनिक शासन के दौरान पाकिस्तान में सैन्य उपकरणों का आधुनिकीकरण बहुत तेज़ी से हुआ, लेकिन घरेलू उद्योग और खास कर निजी क्षेत्र में इस उपयोग का विकास करने की कोई कोशिश नहीं की गई । उनका कहना है कि जनरल जिया के शासनकाल के दौरान पाकिस्तान ने अमरीका से रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए दो समझौते किए, जिनके तहत पाकिस्तान को अमरीका से भारी सैन्य सहायता मिलने लगी । इसका असर यह हुआ कि पाकिस्तान का घरेलू रक्षा उद्योग पनप नहीं पाया ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का **विनय कुमार**, उम्र लगभग 17 वर्ष, कद 5 फुट 6 इंच, रंग गेहुंआं, जिसने बिस्कुटी शर्ट (सैल्फ़ चैक), फौजी रंग की पैंट व काले बूट पहन रखे हैं, दिनांक 26 अक्तूबर को सुबह दुकान से बस अड्डा तक गया, अभी तक वापस नहीं लौटा; घर वाले बहुत परेशान हैं, अगर विनय खुद कहीं पढ़े तो वापस आ जाए, ढूंढने/पता देने वाले को सफर खर्च के अतिरिक्त 500/- रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

पता : हेमराज गुप्ता (लाटरी वाला),
Old Post Office Street,
हीरा मंडी रोड, फिरोज़पुर शहर-152002.

J.R. Kantore

शांति, सहनशीलता
और
मानवता की एकता को
बढ़ावा देने के लिए
समस्त-जन

हिमाचल प्रदेश पर्यटन

Punjabi Jagran

दो व्यक्तियों की हत्या : 2 उग्रवादी मारे गए : बटाला में कर्फ्यू समाप्त

मक्खू में बाप-बेटे का अपहरण कर लिया गया

एक पाक घुसपैठिया मारा गया, एक अन्य घायल

चंडीगढ़, 11 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि दो उग्रवादी मारे गए । बटाला में एक सप्ताह से लगा कर्फ्यू आज सुबह समाप्त कर दिया गया । पुलिस अभी तक 4 नवम्बर को हुए बम विस्फोटों का कोई सुराग नहीं लगा सकी । मक्खू में बाप-बेटे का अपहरण कर लिया गया ।

उग्रवादी का शव मिला : अमृतसर (ह.स.): आज प्रातः थाना तरनतारन के अन्तर्गत गांव गोहलवड़ में एक अज्ञात युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली । पुलिस को संदेह है कि मृतक उग्रवादी था और वह गिरोहों की आपसी शत्रुता का शिकार हुआ । घटनास्थल पर एक ए.के. 47 राइफल की मैगजीन तथा कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

बम धमाका नहीं : 'अशोक' के अनुसार एस.एस.पी. मजीठा श्री जी.एस. मान ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नवम्बर के महीने में उग्रवादियों ने मजीठा पुलिस जिले में 15 हत्याएं कीं । इनमें अजनाला के निकट 11 बस यात्रियों की हत्या भी शामिल है । श्री मान ने बताया कि रैय्या में कोई बम कांड नहीं हुआ है अतः इस सम्बन्ध में प्रकाशित समाचार तथ्यों पर आधारित नहीं है ।

एस.पी. मुख्यालय श्री एस. के. गोयल ने कहा कि जांच से पता चला है कि शैलर का एक हिस्सा दीवार गिरने से दह गया न कि बम विस्फोट से ।

संदिग्ध व्यक्ति मारा गया : गत रात जिला अमृतसर के अजनाला क्षेत्र में भारत-पाक सीमा पर फतेहपुर के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध व्यक्ति मारा गया । वह अवैध रूप से पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने की कोशिश में था । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

घुसपैठिया घायल : आज सुबह लोपोके थाना के अन्तर्गत एक सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बी.एस.एफ. की गोली से जख्मी हो गया जबकि उसके दो साथी वापस पाकिस्तान भाग गए । घायल घुसपैठिया बंगला देश का नागरिक बताया जाता है । उसे गम्भीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

जवाहर वाला में हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): गत रात जिला फिरोजपुर के जवाहर वाला गांव में एक व्यक्ति परमजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

बाप-बेटे का अपहरण : कल जिला फिरोजपुर में मक्खू में एक व्यक्ति राम सरन तथा उसके पुत्र रूप कुमार उर्फ पप्पू का अपहरण कर लिया गया जबकि वह एक मिल्क बूथ पर बैठे थे ।



खन्ना के पास गांव रोहनो खुर्द में उग्रवादियों की गोलियों से मरे दो भाइयों (1) जगवंत सिंह और (2) भगत सिंह के शव । (छाया : शर्मा स्टुडियो)

घुसपैठिया मरा : ह.स. के अनुसार फिरोजपुर के सीमा क्षेत्र में एक पाक घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : जलालाबाद (मलिक): यहां से सात किलो मीटर दूर लाखोकी गांव में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति गुरदीप सिंह की किसी तेजधार हथियार से हत्या कर दी । बताया गया है कि रात के समय तीन युवक गुरदीप सिंह के घर आए और दरवाजा खटखटाया । श्री गुरदीप सिंह ने दरवाजा खोला तो तीन युवक सामने खड़े थे । वह कहने लगे हमें भूख लगी है, हम खाना खाएंगे । इस पर गुरदीप सिंह ने अपनी पत्नी को खाना बनाने के लिए कहा । जब तीनों युवकों ने खाना खा लिया तो उठकर चल पड़े । गुरदीप सिंह को कहा कि वह हमें शहर का रास्ता दिखा दे । गुरदीप घर का दरवाजा बंद करके उन्हें शहर का रास्ता बताने चला गया । मगर प्रतीक्षा करने के बाद भी नहीं लौटा । प्रातः एक किसान ने शोर मचा दिया कि एक लाश उसके खेत में पड़ी है । जब लोग देखने गए तो लाश को पहचान लिया । वह लाश गुरदीप सिंह की थी ।

बताया गया है कि गुरदीप सिंह की हत्या किसी तेजधार वाले हथियार से की गई थी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । पुलिस का कहना है कि यह उग्रवाद का केस नहीं है अपितु व्यक्तिगत शत्रुता का मामला लगता है ।

3 उग्रवादी बंदी : सुनाम (नागपाल): एस.एस.पी. संगरूर श्री ज्ञान सिंह ने बताया जिला पुलिस ने दो विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी करके तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । थाना सुनाम के इंचार्ज इंस्पैक्टर दुर्गा दास ने नाकेबंदी के दौरान उग्रवादी दर्शन सिंह को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक 12 बोर की बंदूक व पांच कारतूस बरामद हुए । थाना दिड़बा की पुलिस ने अजीत सिंह और हरविंदर सिंह को गिरफ्तार करके अजीत सिंह से 12 बोर की एक पिस्तौल व दो कारतूस व हरविंदर सिंह से पांच कारतूस बरामद किए । पूछताछ जारी है । अजीत सिंह गुरुद्वारा दुख निवारण पटियाला में रहता था ।

कोई सुराग नहीं : बटाला (ह.स.): पुलिस यहां हुए बम विस्फोटों का सुराग पाने में अभी तक सफल नहीं हो सकी है । भीड़ भरे चकरी बाजार में चार नवम्बर को हुए विस्फोटों में 20 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा 40 अन्य घायल हो गए थे । इस बीच बटाला के सब-डिवीजनल मैजिस्ट्रेट कुलवन्त सिंह ने कहा कि स्थिति में सुधार होने के कारण प्रशासन ने एक सप्ताह से लगे कर्फ्यू को आज हटाने का निर्णय किया है । सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस और गुजरात पुलिस की दस कम्पनियां शहर में तैनात हैं ।

ज्ञात रहे कि आतंकवादी बटाला के दुकानदारों को लगातार धमकी भरे पत्र भेज रहे थे कि उनकी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

वैद्य के हत्यारों की भारत वापसी के केस की दोबारा सुनवाई नहीं

नेवार्क (अमरीका), 11 नवम्बर : अमरीका के संघीय मैजिस्ट्रेट ने 2 अभियुक्त आतंकवादियों सुखमिंदर सिंह और रंजीत सिंह गिल के प्रत्यर्पण के मामले में पुनर्विचार से इन्कार कर दिया है ।

अमरीकी मैजिस्ट्रेट रोनाल्ड हैजिस ने दिनांक सात नवम्बर के अपने अभिमत में यह बात कही जो कल जारी किया गया । उन्होंने कहा कि इस मामले में जुबानी जिरह निरर्थक होगी अतः उसे रद्द किया जाता है । यह जिरह अगले सप्ताह होनी थी ।

हैजिस ने लिखा कि बचाव पक्ष को सुनवाई का पूरी मौका दिया जा चुका है । एक और सुनवाई

राजीव के परामर्शदाताओं द्वारा लोकसभा भंग कर मध्यावधि चुनाव कराने की सलाह : वी.पी.

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा कि बोफोर्स कांड से प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उबारने के लिए अब उनके सलाहकार संसद भंग कर तुरंत आम चुनाव कराने का परामर्श दे रहे हैं । उन्होंने कहा कि यह स्थिति वैसी है जैसे कि इमारत में आग लगने के बाद समुद्र में छलांग लगाने की तैयारी हो ।

श्री सिंह ने आज यहां एक वक्तव्य में इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि राजीव सरकार ने आखिरकार स्वीकार कर ही लिया कि बोफोर्स तोप सौदे में दलाली ली गई है । उन्होंने पूछा कि यदि यह सरकार दलाल नहीं रखती और दलाली नहीं देने की घोषित नीति के अनुरूप बोफोर्स कम्पनी को 'ब्लैक लिस्ट' क्यों नहीं कर रही है । उन्होंने कहा कि राष्ट्र, संसद और सेना कमांडरों सभी को प्रधानमंत्री से यह पूछने का अधिकार है ।'

श्री सिंह ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष के प्रयास श्री राजीव गांधी से जो नहीं करा पाए वह मात्र एक सप्ताह में हो गया । उन्होंने आरोप लगाया कि का सुझाव दिया है । श्री हरिकेश बहादुर ने आज यहां सम्वाददाताओं से कहा कि विपक्ष की समिति मंत्रियों तथा सत्ता पक्ष के नेताओं के खातों की सच्चाई का पता करे तथा सत्तारूढ़ पक्ष की समिति यहीं काम विपक्षी नेताओं के बारे में करे । उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि इन दोनों समितियों को हर सम्भव सहायता दी जाएगी ।

भुवनेश्वर (वा.) : जनता दल के नेता बीजू पटनायक ने आज बोफोर्स तोप सौदे की जांच के लिए नई संसदीय समिति गठित करने की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जापान के प्रधानमंत्री तनाका की तरह इस्तीफा दे देना चाहिए । जो लोकहीड कांड में फंसे हुए थे ।

इंका सांसदों का प्रत्यारोप : दूसरी ओर कांग्रेस (इ) के सांसद गुरुदास कामत ने आरोप लगाया है कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह निराधार आरोप लगा कर, प्रधानमंत्री राजीव गांधी की छवि धूमिल कर रहे हैं । श्री कामत ने आज दिल्ली में एक वक्तव्य में कहा कि जब पहले

बाबरपुर बम कांड में गिरफ्तार उग्रवादी (1) हरकमलप्रीत सिंह, (2) के ट्रांजिस्टर बम कांड में गिरफ्तार जितेंद्र सिंह (पटियाला) ।

पंचकूला में फटे व बाबरपुर में बस में मिले बम ख फोर्स, बब्बर खालसा, खालिस्तान लिबरेशन आर्गे

नीलोखेड़ी, 11 नवम्बर (शर्मा): 12 अगस्त 88 को पंचकूला में फटे टाइम बम तथा शेरशाह सूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिला करनाल के गांव बाबरपुर में हरियाणा राज्य परिवहन की बस में मिले बम खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान का परिणाम थे, इस कांड में संलिप्त आतंकवादी हरिन्दर सिंह एवं हरकंवल प्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद मामला प्रकाश में आया है ।

करनाल पुलिस ने 13 अगस्त को बाबरपुर के पास हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ डिपो की बस से एक टाइम बम बरामद किया था । टाइम बम में लगी घड़ी की सुई बम में लगी तार से अड़ जाने के कारण यह बम नहीं फटा था लेकिन 12 अगस्त को हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ डिपो की बस में इसी ग्रुप द्वारा रखा गया बम पंचकूला में फट गया था जिससे चार यात्रियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा 12 यात्री घायल हुए थे ।

करनाल पुलिस ने उपरोक्त कांड के दोनों मुख्य अभियुक्तों हरिन्दर सिंह तथा हरकंवल प्रीत सिंह को गिरफ्तार करके इस तरह के जानलेवा विस्फोटक बनाने का बहुत बड़ा गिरोह ढूंढ निकालने में सफलता प्राप्त की है ।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बब्बर खालसा कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनिंदर पाल सिंह उर्फ गुप्ता उर्फ युद्धवीर सिंह उर्फ राहुल जैन उर्फ काला तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के स्वयंभू अध्यक्ष अतिन्दर पाल सिंह द्वारा मोहाली (पंजाब) में संचालित एक केन्द्र में इन टाइम बमों का निर्माण किया गया ।

अतिन्दर पाल सिंह जो भोपाल का निवासी बताया जाता है, भारत-विभाजन के बाद हरियाणा में जिला कुरुक्षेत्र, शाहाबाद रहा । इसके बाद भोपाल चला गया । बताया जाता है कि कनाडा तथा पाकिस्तान सहित अवैध रूप से अनेक देशों की यात्रा किए अतिन्दर पाल ने इन बमों में उपयोग के लिए बम्बई से विस्फोटक खरीदे तथा मोहाली (पंजाब) में बम बनाए ।

बताया जाता है कि अतिन्दरपाल सिंह तथा मनिंदर पाल सिंह ने 12 अगस्त को दो टाइम बम हरिन्दर सिंह हरकंवल प्रीत सिंह, मनवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह को दिए । मनवीर सिंह तथा देवेन्द्र सिंह ने हरियाणा राज्य परिवहन चंडीगढ़ डिपो की पंचकूला जा रही बस में टाइम बम रखा जिसके फटने से चार लोगों ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया तथा 12 लोग घायल हो गए । उपरोक्त दोनों आतंकवादियों ने पुनः दो टाइम बम मोहाली से चंडीगढ़ स्थित नीलम सिनेमा को उड़ाने के लिए लिए । जब ये दोनों आतंकवादी बम ले कर सिनेमा की ओर जा रहे थे तो यह बम 26 सैक्टर में उन्हीं के पास फट गए जिससे मनवीर की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई ।

हरिन्द्र सिंह तथा ह राज्य परिवहन की चंडी 1245 में टाइम बम र को पानीपत में खराब हो पहुंच सकी । 13 अग पानीपत के कुछ ही कि जिसे बाद में पुलिस ने नि में पकड़े गए आतंकवादी प्रीत सिंह करनाल में 19 पर हैं ।

बताया जाता है महत्वपूर्ण सुराग मिले करनाल पुलिस का अग उर्फ गुप्ता, उर्फ युद्धवी उर्फ काला तथा कुख्यात सिंह है ।

ऐसी सूचना है कि कमजोर नजर के कारण क्लीन शेव है तथा आ उतारे है, देखना है कि इन दो सरगनों को कब

इसी बीच ज्ञात हु उत्तर प्रदेश तथा पंजाब बम कांडों में संलिप्त गि जितेन्द्र सिंह भी करनाल मार कर गिरफ्तार किय 5 अभियुक्त पहले ही थी । इस गिरोह के गुर तथा नरेन्द्र सिंह को कर को पटियाला से गिरफ बीरसिंह लाली तथा नवम्बर को पटियाला से

एक प्रतिशत व साथ नहीं

नई दिल्ली, 11 न विलय की पुष्टि के लिए द्वारा बुलाए गए पूर्ण अ की बैठक के लिए तैया हैं । लोकदल सांसद श कि पार्टी की 95% प्र इस बैठक में भाग लेने कहना था कि पार्टी का भी पार्टी अध्यक्ष हेमवती है ।

उन्होंने कहा कि त बंगाल तथा महाराष्ट्र क इसलिए उनके आने या पड़ता । इन राज्यों की बहुगुणा ने किया था ।

Punjab Archive

दो व्यक्तियों की हत्या : 2 उग्रवादी मारे गए : बटाला में कर्फ्यू समाप्त

मक्खू में बाप-बेटे का अपहरण कर लिया गया

एक पाक घुसपैठिया मारा गया, एक अन्य घायल

चंडीगढ़, 11 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि दो उग्रवादी मारे गए । बटाला में एक सप्ताह से लगा कर्फ्यू आज सुबह समाप्त कर दिया गया । पुलिस अभी तक 4 नवम्बर को हुए बम विस्फोटों का कोई सुराग नहीं लगा सकी । मक्खू में बाप-बेटे का अपहरण कर लिया गया ।

उग्रवादी का शव मिला : अमृतसर (ह.स.): आज प्रातः थाना तरनतारन के अन्तर्गत गांव गोहलपड़ में एक अज्ञात युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली । पुलिस को संदेह है कि मृतक उग्रवादी था और वह गिरोहों की आपसी शत्रुता का शिकार हुआ । घटनास्थल पर एक ए.के. 47 राइफल की मैगजीन तथा कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

बम धमाका नहीं : 'अशोक' के अनुसार एस.एस.पी. मजीठा श्री जी.एस. मान ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नवम्बर के महीने में उग्रवादियों ने मजीठा पुलिस जिले में 15 हत्याएं कीं । इनमें अजनाला के निकट 11 बस यात्रियों की हत्या भी शामिल है । श्री मान ने बताया कि रैय्या में कोई बम कांड नहीं हुआ है अतः इस सम्बन्ध में प्रकाशित समाचार तथ्यों पर आधारित नहीं है ।

एस.पी. मुख्यालय श्री एस. के. गोयल ने कहा कि जांच से पता चला है कि शैलर का एक हिस्सा दीवार गिरने से छत गया न कि बम विस्फोट से ।

संदिग्ध व्यक्ति मारा गया : गत रात जिला अमृतसर के अजनाला क्षेत्र में भारत-पाक सीमा पर फतेहपुर के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध व्यक्ति मारा गया । वह अवैध रूप से पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने की कोशिश में था । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

घुसपैठिया घायल : आज सुबह लोपोके थाना के अन्तर्गत एक सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बी.एस.एफ. की गोली से जख्मी हो गया जबकि उसके दो साथी वापस पाकिस्तान भाग गए । घायल घुसपैठिया बंगला देश का नागरिक बताया जाता है । उसे गम्भीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

जवाहर वाला में हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): गत रात जिला फिरोजपुर के जवाहर वाला गांव में एक व्यक्ति परमजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

बाप-बेटे का अपहरण : कल जिला फिरोजपुर में मक्खू में एक व्यक्ति राम सरन तथा उसके पुत्र रूप कुमार उर्फ पप्पू का अपहरण कर लिया गया जबकि वह एक मिल्क बूथ पर बैठे थे ।

खन्ना के पास गांव रोहनो खुर्द में उग्रवादियों की गोलियों से मरे दो भाइयों (1) जगवंत सिंह और (2) भगत सिंह के शव । (छाया : शर्मा स्टुडियो)

घुसपैठिया मरा : ह.स. के अनुसार फिरोजपुर के सीमा क्षेत्र में एक पाक घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : जलालाबाद (मलिक): यहां से सात किलो मीटर दूर लाखोकी गांव में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति गुरदीप सिंह की किसी तेज धार हथियार से हत्या कर दी । बताया गया है कि रात के समय तीन युवक गुरदीप सिंह के घर आए और दरवाजा खटखटाया । श्री गुरदीप सिंह ने दरवाजा खोला तो तीन युवक सामने खड़े थे । वह कहने लगे हमें भूख लगी है, हम खाना खाएंगे । इस पर गुरदीप सिंह ने अपनी पत्नी को खाना बनाने के लिए कहा । जब तीनों युवकों ने खाना खा लिया तो उठकर चल पड़े । गुरदीप सिंह को कहा कि वह हमें शहर का रास्ता दिखा दे । गुरदीप घर का दरवाजा बंद करके उन्हें शहर का रास्ता बताने चला गया । मगर प्रतीक्षा करने के बाद भी नहीं लौटा । प्रातः एक किसान ने शोर मचा दिया कि एक लाश उसके खेत में पड़ी है । जब लोग देखने गए तो लाश को पहचान लिया । वह लाश गुरदीप सिंह की थी ।

बताया गया है कि गुरदीप सिंह की हत्या किसी तेजधार वाले हथियार से की गई थी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । पुलिस का कहना है कि यह उग्रवाद का केस नहीं है अपितु व्यक्तिगत शत्रुता का मामला लगता है ।

3 उग्रवादी बंदी : सुनाम (नागपाल): एस.एस.पी. संगरूर श्री ज्ञान सिंह ने बताया जिला पुलिस ने दो विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी करके तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । थाना सुनाम के इंचार्ज इंस्पैक्टर दर्शा दास ने नाकेबंदी के दौरान उग्रवादी दर्शन सिंह को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक 12 बोर की बंदूक व पांच कारतूस बरामद हुए । थाना दिड़बा की पुलिस ने अजीत सिंह और हरविंदर सिंह को गिरफ्तार करके अजीत सिंह से 12 बोर की एक पिस्तौल व दो कारतूस व हरविंदर सिंह से पांच कारतूस बरामद किए । पूछताछ जारी है । अजीत सिंह गुरुद्वारा दुख निवारण पटियाला में रहता था ।

कोई सुराग नहीं : बटाला (ह.स.): पुलिस यहां हुए बम विस्फोटों का सुराग पाने में अभी तक सफल नहीं हो सकी है । भीड़ भरे चकरी बाजार में चार नवम्बर को हुए विस्फोटों में 20 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा 40 अन्य घायल हो गए थे । इस बीच बटाला के सब-डिवीजनल मैजिस्ट्रेट कुलवन्त सिंह ने कहा कि स्थिति में सुधार होने के कारण प्रशासन ने एक सप्ताह से लगे कर्फ्यू को आज हटाने का निर्णय किया है । सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस और गुजरात पुलिस की दस कम्पनियां शहर में तैनात हैं ।

ज्ञात रहे कि आतंकवादी बटाला के दुकानदारों को लगातार धमकी भरे पत्र भेज रहे थे कि उनकी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राजीव के परामर्शदाताओं द्वारा लोकसभा भंग कर मध्यावधि चुनाव कराने की सलाह : वी.पी.

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा कि बोफोर्स कांड से प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उबारने के लिए अब उनके सलाहकार संसद भंग कर तुरंत आम चुनाव कराने का परामर्श दे रहे हैं । उन्होंने का सुझाव दिया है । श्री हरिकेश बहादर ने आज यहां सम्वाददाताओं से कहा कि विपक्ष की समिति मंत्रियों तथा सत्ता पक्ष के नेताओं के खातों की सच्चाई का पता करे तथा सत्तारूढ़ पक्ष की समिति यहीं काम विपक्षी नेताओं के बारे में करे । उन्होंने कहा कि

बाबरपुर बम कांड में गिरफ्तार उग्रवादी (1) हरकमलप्रीत सिंह, (2) के ट्रांजिस्टर बम कांड में गिरफ्तार जितेंद्र सिंह (पटियाला) ।

पंचकूला में फटे व बाबरपुर में बस में मिले बम खा फोर्स, बब्बर खालसा, खालिस्तान लिबरेशन आर्गे

नीलोखेड़ी, 11 नवम्बर (शर्मा): 12 अगस्त 88 को पंचकूला में फटे टाइम बम तथा शेरशाह सूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिला करनाल के गांव बाबरपुर में हरियाणा राज्य परिवहन की बस में मिले बम खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान का परिणाम थे, इस कांड में संलिप्त आतंकवादी हरिन्दर सिंह एवं हरकंवल प्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद मामला प्रकाश में आया है ।

करनाल पुलिस ने 13 अगस्त को बाबरपुर के पास हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ डिपो की बस से एक टाइम बम बरामद किया था । टाइम बम में लगी घड़ी की सुई बम में लगी तार से अड़ जाने के कारण यह बम नहीं फटा था लेकिन 12 अगस्त को हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ डिपो की बस में इसी ग्रुप द्वारा रखा गया बम पंचकूला में फट गया था जिसमें चार यात्रियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा 12 यात्री घायल हुए थे ।

करनाल पुलिस ने उपरोक्त कांड के दोनों मुख्य अभियुक्तों हरिन्दर सिंह तथा हरकंवल प्रीत सिंह को गिरफ्तार करके इस तरह के जानलेवा विस्फोटक बनाने का बहुत बड़ा गिरोह ढूंढ निकालने में सफलता प्राप्त की है ।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बब्बर खालसा कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनिंदर पाल सिंह उर्फ गुप्ता उर्फ युद्धवीर सिंह उर्फ राहुल जैन उर्फ काला तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के स्वयंभू अध्यक्ष अतिन्दर पाल सिंह द्वारा मोहाली (पंजाब) में संचालित एक केन्द्र में इन टाइम बमों का निर्माण किया गया ।

अतिन्दर पाल सिंह जो भोपाल का निवासी बताया जाता है, भारत-विभाजन के बाद हरियाणा में जिला कुरुक्षेत्र, शाहाबाद रहा । इसके बाद भोपाल चला गया । बताया जाता है कि कनाडा तथा पाकिस्तान सहित अवैध रूप से अनेक देशों की यात्रा किए अतिन्दर पाल ने इन बमों में उपयोग के लिए बम्बई से विस्फोटक खरीदे तथा मोहाली (पंजाब) में बम बनाए ।

हो गई ।

हरिन्द्र सिंह तथा हर
राज्य परिवहन की चंडीग
1245 में टाइम बम र
को पानीपत में खराब हो
पहुंच सकी । 13 अग
पानीपत के कुछ ही किल
जिसे बाद में पुलिस ने नि
में पकड़े गए आतंकवादी
प्रीत सिंह करनाल में 19
पर हैं ।

बताया जाता है
महत्वपूर्ण सुराग मिले
करनाल पुलिस का अग
उर्फ गुप्ता, उर्फ युद्धवी
उर्फ काला तथा कुख्या
सिंह है ।

ऐसी सूचना है
कमजोर नजर के कारण
क्लीन शेव है तथा आ
उतारे है, देखना है कि
इन दो सरगनों को कब

इसी बीच ज्ञात हु
उत्तर प्रदेश तथा पंजाब
बम कांडों में संलिप्त
जितेन्द्र सिंह भी करना
मार कर गिरफ्तार कि
5 अभियुक्त पहले ही
थी । इस गिरोह के गुर
तथा नरेन्द्र सिंह को कर
को पटियाला से गिरफ
बीरसिंह लाली तथा
नवम्बर को पटियाला से

एक प्रतिशत व साथ नहीं

नई दिल्ली, 11 न
विलय की पुष्टि के लि
द्वारा बुलाए गए पूर्ण अ

Punjab Archive India

बाबरपुर बम कांड में गिरफ्तार उग्रवादी (1) हरकमलप्रीत सिंह, (2) हरिन्दर सिंह तथा 85 के ट्रांजिस्टर बम कांड में गिरफ्तार जितेंद्र सिंह (पटियाला) । (छाया : नवीन)

पंचकूला में फटे व बाबरपुर में बस में मिले बम खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा, खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन ने रखे

नीलोखेड़ी, 11 नवम्बर (शर्मा): 12 अगस्त 88 को पंचकूला में फटे टाइम बम तथा शेरशाह सूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिला करनाल के गांव बाबरपुर में हरियाणा राज्य परिवहन की बस में मिले बम खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान का परिणाम थे, इस कांड में संलिप्त आतंकवादी हरिन्दर सिंह एवं हरकंवल प्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद मामला प्रकाश में आया है ।

करनाल पुलिस ने 13 अगस्त को बाबरपुर के पास हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ डिपो की बस से एक टाइम बम बरामद किया था । टाइम बम में लगी घड़ी की सुई बम में लगी तार से अड़ जाने के कारण यह बम नहीं फटा था लेकिन 12 अगस्त को हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ डिपो की बस में इसी ग्रुप द्वारा रखा गया बम पंचकूला में फट गया था जिससे चार यात्रियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा 12 यात्री घायल हुए थे ।

करनाल पुलिस ने उपरोक्त कांड के दोनों मुख्य अभियुक्तों हरिन्दर सिंह तथा हरकंवल प्रीत सिंह को गिरफ्तार करके इस तरह के जानलेवा विस्फोटक बनाने का बहुत बड़ा गिरोह ढूंढ निकालने में सफलता प्राप्त की है ।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बब्बर खालसा कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनिंदर पाल सिंह उर्फ गुप्ता उर्फ युद्धवीर सिंह उर्फ राहुल जैन उर्फ काला तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के स्वयंभू अध्यक्ष अतिन्दर पाल सिंह द्वारा मोहाली (पंजाब) में संचालित एक केन्द्र में इन टाइम बमों का निर्माण किया गया ।

अतिन्दर पाल सिंह जो भोपाल का निवासी बताया जाता है, भारत-विभाजन के बाद हरियाणा में जिला कुरुक्षेत्र, शाहाबाद रहा । इसके बाद भोपाल चला गया । बताया जाता है कि कनाडा तथा पाकिस्तान सहित अवैध रूप से अनेक देशों की यात्रा किए अतिन्दर पाल ने इन बसों में उपयोग के लिए बम्बई से विस्फोटक खरीदे तथा मोहाली (पंजाब) में बम बनाए ।

बताया जाता है कि अतिन्दरपाल सिंह तथा मनिंदर पाल सिंह ने 12 अगस्त को दो टाइम बम हरिन्दर सिंह हरकंवल प्रीत सिंह, मनवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह को दिए । मनवीर सिंह तथा देवेन्द्र सिंह ने हरियाणा राज्य परिवहन चंडीगढ़ डिपो की पंचकूला जा रही बस में टाइम बम रखा जिसके फटने से चार लोगों ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया तथा 12 लोग घायल हो गए । उपरोक्त दोनों आतंकवादियों ने पुनः दो टाइम बम मोहाली से चंडीगढ़ स्थित नीलम सिनेमा को उड़ाने के लिए लिए । जब ये दोनों आतंकवादी बम ले कर सिनेमा की ओर जा रहे थे तो यह बम 26 सैक्टर में उन्हीं के पास फट गए जिससे मनवीर की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई ।

हरिन्द्र सिंह तथा हरकंवल प्रीत सिंह ने हरियाणा राज्य परिवहन की चंडीगढ़ जा रही बस एच.वाई.ई. 1245 में टाइम बम रखा । बस 12 अगस्त रात को पानीपत में खराब हो जाने के कारण दिल्ली नहीं पहुंच सकी । 13 अगस्त को चंडीगढ़ जाते हुए पानीपत के कुछ ही किलो मीटर दर बम देखा गया जिसे बाद में पुलिस ने निष्क्रिय कर दिया । इस कांड में पकड़े गए आतंकवादी हरिन्द्र सिंह तथा हरकंवल प्रीत सिंह करनाल में 19 नवम्बर तक पुलिस रिमांड पर हैं ।

बताया जाता है कि पुलिस को इनसे कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं । ऐसी सम्भावना है कि करनाल पुलिस का अगला लक्ष्य मनिंदर पाल सिंह उर्फ गुप्ता, उर्फ युद्धवीर सिंह उर्फ राहुल उर्फ जैन उर्फ काला तथा कुख्यात आतंकवादी अतिन्दर पाल सिंह है ।

ऐसी सूचना है कि अतिन्दर पाल सिंह जो कमजोर नजर के कारण ऐनक लगाता था, आजकल क्लीन शेव है तथा आंखों में लैंस लगवाकर ऐनक उतारे है, देखना है कि करनाल पुलिस इस गिरोह के इन दो सरगनों को कब और कैसे पकड़ती है ।

इसी बीच ज्ञात हुआ है कि हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब में मई 1985 में ट्रांजिस्टर बम कांडों में संलिप्त गिरोह का अन्तिम आतंकवादी जितेन्द्र सिंह भी करनाल पुलिस द्वारा पटियाला छापा मार कर गिरफ्तार किया जा चुका है । इस कांड में 5 अभियुक्त पहले ही करनाल पुलिस पकड़ चुकी थी । इस गिरोह के गुरशरण सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह तथा नरेन्द्र सिंह को करनाल पुलिस ने 15 सितम्बर को पटियाला से गिरफ्तार किया था, तथा भजन बीरसिंह लाली तथा सुरेन्द्र सिंह चड्ढा को 4 नवम्बर को पटियाला से ही गिरफ्तार किया था ।

एक प्रतिशत वर्कर भी बहुगुणा के साथ नहीं : शरद यादव

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (वार्ता): जनता दल में विलय की पुष्टि के लिए लोकदल के देवी लाल गुट द्वारा बुलाए गए पूर्ण अधिवेशन तथा राष्ट्रीय परिषद की बैठक के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं । लोकदल सांसद शरद यादव ने आज यहां बताया कि पार्टी की 95% प्रदेश तथा जिलाधिकारियों ने इस बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है । उनका कहना था कि पार्टी कार्यकर्त्ताओं में तो एक प्रतिशत भी पार्टी अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगुणा के साथ नहीं है ।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल तथा महाराष्ट्र को पार्टी का कोई प्रभाव नहीं है इसलिए उनके आने या नहीं आने से कोई फर्क नहीं पड़ता । इन राज्यों की कमेटियों का गठन स्वयं श्री बहुगुणा ने किया था ।

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

दुकानों को बमों से उड़ा दिया जाएगा । ये पत्र पुलिस को समय से दिए जाने पर भी पुलिस दुकानदारों को सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही । इससे पूर्व इसी बाजार में 29 अप्रैल को हुए बम धमाकों में 8 लोग मर गए थे तथा 50 अन्य घायल हो गए थे । अधिकारियों ने इस सिलसिले में एक महिला समेत 12 लोगों को हिरासत में लिया है । श्री कुलवन्त सिंह ने कहा कि चार नवम्बर के बम धमाकों में 25 दुकानों को हानि पहुंची है और हानि का अनुमान लगाने के लिए दो टीमें नियुक्त की गई हैं । इसी बीच मृतकों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए के बीस चैक दिए गए हैं, जबकि प्रत्येक घायल को 5,000 रुपए का चैक दिया गया है ।

इसी बीच श्री हरगोबिंदपुर पुलिस ने एक उग्रवादी हरभजन सिंह गांव कंडियाला को गिरफ्तार किया है । उससे एक पिस्तौल बरामद हुआ ।

'चौधरी' के अनुसार गत सोमवार को बटाला सिविल अस्पताल में हुए बम कांड के जो विवरण मिले हैं उनसे पता चला है कि इस घटना में पुलिस का कोई दोष नहीं बल्कि इसमें लापरवाही सिविल अस्पताल के स्टाफ की है जिन्होंने इस लावारिस ट्रैक्टर की सूचना पुलिस को चार दिन बाद दी । पता चला है कि यह लावारिस ट्रैक्टर शुक्रवार चार नवम्बर को ही डाक्टर कुलबन्त कुमार सिंह के कमरे के पीछे खड़ा था । उग्रवादियों की योजना अनुसार इस ट्रैक्टर में से बम शाम साढ़े चार बजे ही फटना था । उग्रवादियों ने ट्रैक्टर के पीछे एक ड्रम भी बांध रखा था जिसमें लगभग दो सौ लिटर डीजल तेल था ताकि बम विस्फोट के बाद इसे भी आग लगे और लोग झुलस जाएं । किसी तकनीकी खराबी के कारण बम उसी दिन न फट सका । अस्पताल के कर्मचारियों से यह भी पता चला है कि उन्होंने समझा कि कोई देहाती डर के मारे इसे छोड़ कर भाग गया है कि कहीं बम कांड के बाद लोग भड़क न उठें और उसे मार न दें, उसी दिन कर्फ्यू लगने के कारण रविवार 6 नवम्बर तक वे इसी सोच में रहे और उन्होंने इस ट्रैक्टर को धकेल कर एस.एम.ओ. की कोठी के आगे खुले मैदान में खड़ा कर दिया । यह भी पता चला है कि कुछ कर्मचारियों ने ड्रम में पड़ा डीजल तेल भी निकाल लिया था । रविवार को कर्फ्यू में ढील मिलने के दौरान और सोमवार को दोपहर बाद दो बजे तक इसका कोई वारिस न आया तो इस लावारिस ट्रैक्टर की सूचना सिटी पुलिस को दी गई । पुलिस के अनुसार उन्हें तीन बजे सूचना मिली और एक थानेदार कुछ सिपाहियों व एक ड्राइवर को लेकर अस्पताल आया और उसे स्टार्ट करने की कोशिश की ताकि उसे थाने ले जाया जा सके मगर वे ट्रैक्टर को स्टार्ट करने में असफल रहे । तब पुलिस कर्मचारी किसी मैकेनिक को बुलाने चले गए । इसी मध्य लगभग साढ़े चार बजे ट्रैक्टर में जबरदस्त विस्फोट हुआ और अस्पताल की बिल्डिंग को काफी नुक्सान पहुंचा मगर किसी व्यक्ति के आसपास न होने के कारण कोई प्राण हानि न हुई । यहां यह बात भी उल्लेखनीय है कि अगर ट्रैक्टर से बंधे ड्रम में तेल होता तो आसपास भयंकर आग लगनी थी । भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा ने पंजाब के राज्यपाल से मांग की है कि इस सारे कांड की खुली जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके, उन्होंने कहा कि यह भी पता लगाया जाए कि ड्रम में पड़ा डीजल कहां गया ।

पिस्तौल छीनी : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस थाना सदर बटाला के क्षेत्र शुकरपुरा से गत रात दो अज्ञात लोग दर्शन सिंह के घर से उसका लाइसैंसी .32 बोर का पिस्तौल व 16 गोलियां लूट कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

गुरदासपुर पुलिस ने दो उग्रवादियों गुरदयाल सिंह उर्फ डाला तथा जसविंदर सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार करके उनसे जिलेटिन की छड़ें और एक डैटोनेटर बरामद किया ।

उग्रवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा (राकेश): गत दिवस थाना गोराया पुलिस ने एक उग्रवादी कर्मजीत सिंह निवासी गांव नंगल खेड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .38 बोर का रिवाल्वर तथा 16 कारतूस बरामद किए । उसके दो साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं तथा दो अन्य फरार हैं । उनके विरुद्ध कई कत्ल, राहजनी व लूट की वारदातें करने का आरोप है ।

दो गिरफ्तार : मोहाली (न): सी.आर.पी. व पुलिस ने मोहाली-खरड़ रोड पर एक होटल पर छापा मार कर दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।

चीन की नौसैनिक गतिविधियों से भारत को खतरा

नई दिल्ली, 11 नवम्बर : चीन द्वारा हिन्द महासागर में नौसैनिक गतिविधियां बढ़ाने और पाकिस्तान तथा बंगलादेश को अपनी ओर खींचने की उसकी कोशिश से भारत के लिए सीधा खतरा पैदा हो सकता है । भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विश्लेषण संस्थान के चिंतामणि महापात्र ने संस्थान की पत्रिका के ताजा अंक में अपने लेख में यह संदेह व्यक्त किया ।

श्री महापात्र का कहना है कि अगर पाकिस्तान और बंगला देश चीन को बंदरगाह की सुविधा देने पर राजी हो गए तो हिंद महासागर में चीनी नौसेना की मौजूदगी भारत के लिए एक राजनीतिक और सैनिक खतरा बन सकती है ।

इसी स्थिति में चीन की सैन्य क्षमता की बढ़ौत्तरी के साथ भारत के कुछ पड़ोसी देशों का चीन की ओर राजनीतिक झुकाव और बढ़ सकता है ।

श्री महापात्र ने 'चीनी नौसेना का विकास और कूटनीति' शीर्षक के अपने लेख में कहा है कि चीन इस दशक के शुरू से ही अपनी नौसैनिक गतिविधियां बढ़ाने लगा था । उन्होंने कहा कि एक ओर जहां चीन कुछ पड़ोसी देशों के साथ भारत के मतभेदों का पूरा फायदा उठा कर इन देशों को अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में अपने पक्ष में करने की कोशिश करेगा वहीं ये देश यदाकदा अपने पक्ष में चीन का इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या : 2 घायल : अपहृत बाप-बेटा घर लौटे

चंडीगढ़, 12 नवम्बर (वार्ता, हस): पुलिस ने आज बताया कि कल रात के बाद से पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 2 व्यक्ति घायल हो गये । कल मक्खू से अपहृत बाप-बेटा आज सुरक्षित अपने घर लौट आए ।

किसान की हत्या : अमृतसर (अशोक): पुलिस ने बताया कि गत रात्रि आतंकवादियों ने थाना अजनाला के गांव तोला नंगल में एक किसान स्वर्ण सिंह (60) की हत्या कर दी । घटनास्थल पर चीनी असाल्ट राइफल के तीन चले हुए कारतूस मिले ।

खेत में हत्या : थाना तरनतारन के गांव गोहलवड़ के निकट एक अज्ञात व्यक्ति की चीनी राइफल ए.के. 47 से गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि वह अपने खेत में काम कर रहा था । घटनास्थल से 26 कारतूसों की एक मैगजीन तथा 13 खाली कारतूस बरामद किए गए ।

हमला : अमृतसर जिले के घरिंडा थाना क्षेत्र के ग्राम होशियार नगर में आज रात्रि उग्रवादियों ने घात लगाकर पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला किया और दस मिनट तक दोनों तरफ से गोलियां चलीं ।

2 हत्याएं : बटाला (कोछड़): आज सायं बटाला पुलिस जिला क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक भू.पू. सिपाही व एक कम्युनिस्ट नेता की हत्या कर दी । पहली घटना श्रीहरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पड्डे में हुई जहां सायं 6.30 बजे तीन उग्रवादियों ने भू.पू. सिपाही कुन्दन लाल (70) की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी जब वह अपने घर में खाना खा रहा था । दूसरी घटना डेरा बाबा नानक थाना क्षेत्र में ग्राम फजलाबाद में सायं 7.15 बजे हुई, जब कुछ उग्रवादियों ने एक कम्युनिस्ट नेता कामरेड बलजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

धारीवाल के निकट हत्या : पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जिला गुरदासपुर में धारीवाल के निकट एक व्यक्ति प्रेमसिंह की दो आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी ।

आतंकवादी काबू : डेरा बाबा नानक (चोपड़ा): गत रात डेरा बाबा नानक पुलिस ने एक आतंकवादी प्रभजोत सिंह वल्द सविन्द्र सिंह वासी सारचूर थाना फतेहगढ़ चूड़ियां को एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद काबू कर लिया । उससे एक ए.के. 47 चीनी राइफल और 38 कारतूस बरामद हुए ।

दो व्यक्ति घायल : जिला लुधियाना के थाना सराभा नगर के गांव सुनेत में दो व्यक्तियों पलविंदर कुमार तथा कुलवन्त उर्फ गोगी को गोलियां मारकर घायल कर दिया गया । गांव सैलो कलां के निकट दो संदिग्ध आतंकवादियों ने सुखदेव सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

खन्ना (पूर्ण): खन्ना से दस किलो मीटर दूर गांव रोहन खुर्द में दस नवम्बर को जो दो सगे भाइयों जगतार सिंह व भगत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, उससे चारों ओर यह पता चला है कि प्रातः साढ़े सात बजे के करीब चार आतंकवादी दो स्कूटरों पर उनके घर आए तथा पूछा कि जगतार सिंह और भगत सिंह मकान में ही हैं । हम पुलिस कर्मचारी हैं तथा उनसे पूछताछ करनी है । उनकी मां बाहर निकल कर गांव के सरपंच को बुलाने के लिए चली गई । बैठक में जगतारसिंह व भगत सिंह के पास एक और व्यक्ति बैठा था, उसे भी बाहर निकाल दिया गया । इसके बाद उन्होंने गोली चलाई । इसपर उनकी बहन ने आतंकवादियों से कहा कि उनको क्यों मारते हो तो उन्होंने कहा कि यदि तू अपनी जान बचाना चाहती है तो बाहर निकल जाओ । बहन जो कि अविवाहित थी, बाहर निकल गई । उसके जाने के बाद उन्होंने दोनों भाइयों की हत्या कर दी । दो आतंकवादी बाहर खड़े रहे । वारदात के बाद चारों आतंकवादी स्कूटरों पर बैठकर चले गए परन्तु वे अपना गोली सिक्के वाला थैला वहीं भूल गए जिस पर वे दोबारा थैला लेने आए तो देखा कि जगतार सिंह अभी जीवित है । उन्होंने उसे फिर गोलियां मारीं तथा थैला लेकर चले गए ।

बैठक की दीवारों पर गोलियों के कई निशान हैं । पिछले वर्ष इन दोनों भाइयों का बाप रामसिंह भी गोलियां लगने से मर गया था । अब घर में उनकी अविवाहित बहन तथा विधवा मां बची है । कहा जाता है कि सप्ताह पूर्व जगतार सिंह को थाना सदर पुलिस में बुलाया गया था तथा फिर छोड़ दिया गया था । इसीलिए घर वालों ने समझा कि शायद पुलिस वाले दोबारा आए हैं । इस हत्या कांड के सम्बन्ध में पुलिस ने कुछ व्यक्तियों को हिरासतमें लिया है । दोनों भाई अविवाहित थे ।

जालन्धर (वार्ता): शाहकोट पुलिस ने गांव मलसियां के प्यारा सिंह को गिरफ्तार किया है । उससे एक 12 बोर की बंदूक तथा तीन कारतूस बरामद हुए ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय सिटी पुलिस ने गश्त के दौरान एक आतंकवादी अश्विनी कुमार को गिरफ्तार करके पूछताछ शुरू कर दी है । थाना गोराया पुलिस ने एक उग्रवादी कर्मजीत सिंह को एक रिवाल्वर तथा 16 कारतूस सहित गिरफ्तार किया था । उसका अदालत ने 14 नवम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

बाप बेटा लौटे : कल फिरोजपुर के मक्खू कस्बे से जिस बाप-बेटे का अपहरण किया गया था, वे आज सुरक्षित अपने घर लौट आए ।

तेज धार हथियारों से हत्या : कल रात ही जिला फिरोजपुर के थाना जलालाबाद के गांव तोकफा में एक व्यक्ति गुरजंट सिंह की कुछ लोगों ने तेजधार हथियारों से हत्या कर दी ।

राजीव द्वारा वी.पी. सिंह के आरोपों का

दुर्दांत आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया : पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या

दो सैनिक भगौड़ों समेत 20 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

बटाला बम कांडों में महत्वपूर्ण सुराग मिलने का दावा

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने कल रात के बाद दो व्यक्तियों की हत्या कर दी,जबकि एक दुर्दांत आतंकवादी कर्म सिंह उर्फ़ भाऊ उर्फ़ मोर सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया । दो सैनिक भगौड़ों समेत 20 के लगभग उग्रवादी व आश्रयदाता पकड़े गए । पुलिस ने बटाला बम कांडों में महत्वपूर्ण सुराग मिलने का दावा किया ।

हत्याओं का विवरण : बटाला (कोछड़): गत 24 घंटों में आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए शनिवार की शाम को दो लोगों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव पड्डा में सिपाही कुंदन लाल (70) की हत्या के स्थान से 18 ए.के. 47 के चले कारतूस व खालिस्तान कमांडो फोर्स की चिट्ठी मिली है । पुलिस ने इस संबंध में 8 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

थाना डेरा बाबा नानक के गांव फजलाबाद में कामरेड बलजीत सिंह (55) की हत्या के स्थान से भी 14 ए.के. 47 के चले कारतूस मिले हैं व 11 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । मृतक सी.पी.आई.एम. से संबंधित था । दोनों शव पोस्टमार्टम के पश्चात वारिसों को दे दिए गये हैं ।

सुराग मिले : पुलिस जिला बटाला के चीफ श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि औद्योगिक शहर बटाला के चक्करी बाजार व अस्पताल में हुए 4 व 7 नवम्बर को बम धमाकों के संबंध में पुलिस व सुरक्षा बलों को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और अब तक 36 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है । अब तक मिले सुरागों के आधार पर बम विस्फोटों के दोषियों को काबू करने के लिए पुलिस व सुरक्षा बल अलग-अलग क्षेत्रों में खोजबीन का काम कर रहे हैं व आतंकवादियों के छुपने के स्थानों पर छापे मार रहे हैं जिसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है । श्री शर्मा ने कहा कि जिला भर में पुलिस व सुरक्षा बल शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृत संकल्प है ।

ह.स. के अनुसार अधिकारियों ने बटाला में लोगों को आतंकवाद से निपटने के लिए हथियार चलाने का प्रशिक्षण और हथियार देने का फैसला किया है । प्रभावित इलाकों से अतिक्रमण हटाया जाएगा । अधिकारियों ने नागरिकों को परिचय देने और महल्ला समिति गठित करने का भी फैसला किया है ।

भाऊ मारा गया : फिरोज़पुर (वार्ता): फिरोज़पुर पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी कर्म सिंह उर्फ भाऊ उर्फ मोर को एक मुकाबिले में मार कर अबोहर शहर में मासूम लोगों की हत्या करने की आतंकवादियों की साजिश नाकाम कर दी । दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । यह मुकाबिला डिफैंस डाडा चौक के करीब हुआ । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम बलवंत सिंह और गुरमीत सिंह हैं । इनके कब्जे से .315 बोर की एक बंदूक और .12 बोर के दो हथियार व गोली सिक्का बरामद किया गया ।

गत रात फिरोज़पुर जिला में थाना मक्खू के अंतर्गत गांव सूदां में एक व्यक्ति मोहन सिंह की गोली मार कर हत्या करदी गई।मक्खू से शेखर के अनुसार मृतक का नाम बूटा था । पुलिस को मौके पर ए.के. 47 के 2 चले हुए कारतूस मिले । लोगों के अनुसार मृतक एक संत था तथा लोगों को दवा दारू दिया करता था । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

सैनिक भगौड़ा गिरफ्तार : सेना के एक भगौड़े जगजीत सिंह उर्फ फौजी, जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स में शामिल हो गया था और कम से कम 10 हत्याओं के लिए ज़िम्मेदार था, को आज फिरोजपुर जिले में असंल गांव के निकट एक नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया । उससे एक चीनी ए.के. 47 राईफल तथा 110 कारतूस बरामद हुए । उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए । उनके नाम डाक्टर जोगेंद्र सिंह उर्फ मिनी बाबा तथा जसवंत सिंह चंगियाली बताए गए हैं । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरोह भगताला में शराब की दकान पर दो व्यक्तियों की हत्या करने, डाकघर लूटने और फिरोजपुर व फरीदकोट जिलों में लूटपाट करने के लिए जिम्मेदार था । उनसे .455 बोर का रिवाल्वर तथा तीन दुनाली बंदूकें बरामद की गई ।

फिरोजपुर जिले में ही एक अन्य मुठभेड़ में एक नाका पार्टी ने एक आतंकवादी सुखदेव सिंह को मेहर सिंह वाला गांव के निकट गिरफ्तार किया । सुखदेव सिंह के दो साथी फरार हो गए । गिरफ्तार किए गए आतंकवादी से एक चीनी राइफल, 4 मैगज़ीन तथा 40 कारतूस बरामद किए गए । फिरोजपुर पुलिस ने आतंकवादियों को आश्रय देने वाले 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । यह लोग खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरनाम सिंह बंडाला गिरोह से सम्बद्ध हैं ।

वडाला जौहर में हत्या : अमृतसर (वा.): आज जिला अमृतसर के गांव वडाला जौहर में एक व्यक्ति जोगेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

सैनिक जवान गिरफ्तार : एक नाका पार्टी ने सुखदेव सिंह नामक सेना के एक जवान को अमृतसर जिले में हरिके कस्बे में गिरफ्तार किया ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राजीव विश्व के सर्वाधिक झूठे प्रधानमंत्री : हेगड़े

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (वा.) : कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री राम कृष्ण हेगड़े ने कहा है कि श्री राजीव गांधी विश्व के सर्वाधिक झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री हैं । श्री हेगड़े की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि कांग्रेस का 1984 का चुनाव अभियान झूठ के बल पर चलाया गया था । आगामी चुनावों में भी यही इतिहास दोहराया जाएगा ।

श्री हेगड़े ने कहा है कि श्री गांधी ने हाल ही में यह झूठ फिर दोहराया है कि न्यायालय ने उनके (श्री हेगड़े) के खिलाफ़ भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए थे । श्री हेगड़े ने चुनौती दी कि श्री गांधी न्यायालय के निर्णय में एक भी आरोप साबित हुआ ढूंढ कर दिखाएं अथवा सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगें ।

श्री हेगड़े ने कहा कि अरक कांड पर न्यायालय के निर्णय के तीन दिन के बाद नौ अप्रैल, 1986 को श्री गांधी ने पहली बार यह झूठा आरोप लगाया था कि न्यायालय ने उन्हें (श्री हेगड़े को) दोषी पाया है ।

यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि श्री हेगड़े ने 12 अप्रैल को प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में लिखा था कि श्री गांधी के कथन में कोई सत्यता नहीं थी । श्री गांधी ने जवाब दिया कि न्यायालय के साफ़ फैसले पर कर्नाटक की जनता ही फैसला कहा कि अब एक बार फिर बोफ़ोर्स की चर्चा गर्म होने से श्री गांधी बौखला कर फिर से झूठ बोलने पर आमादा हो गए हैं ।

वी.पी. सिंह का आरोप : श्री विश्व नाथ प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा बोफोर्स सौदे में जायज कमीशन को उचित ठहराने से साफ हो गया है कि वह भारत के कानून की बजाय बोफोर्स के पक्षधर हैं । आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में श्री सिंह ने कहा कि हजारों बार यह कहने के बाद कि बोफोर्स सौदे में कोई बिचौलिया नहीं था, श्री गांधी ने अंततः यह मान ही लिया कि सौदे में कमीशन दिया गया था । अब वह देश के कानूनों का उल्लंघन करते हुए दिए गए कमीशन को उचित ठहराने का काम भी स्वयं कर रहे हैं । उनके इस काम ने साफ कर दिया है कि वे किसके इशारे पर चल रहे हैं । श्री सिंह ने कहा कि बोफोर्स कम्पनी निश्चय ही श्री गांधी द्वारा दी गई इस सेवा को ध्यान में रखेगी ।

श्री सिंह ने दोहराया कि उनके वित्त मंत्री रहते सर्वश्री ज्योति बसु, हेमवती नंदन बहुगुणा, राम कृष्ण हेगड़े, बीजू पटनायक, अरुण सिंह अथवा जार्ज फर्नांडीज में से किसी के भी विदेशी खातों से संबंधी फाइल उनके सामने पेश नहीं की गई और न ही उनको इस बारे में किसी जांच की जानकारी है ।

punjabi Sarai

(10) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 14.11.1988

दुर्दांत आतंकवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसके पास से चुराई गई एक कारबाईन और बड़ी संख्या में गोलियां बरामद की गई । यह जवान 59 इंजीनियर्स रैजीमैंट (भटिंडा) की 66वीं बटालियन से सम्बद्ध है ।

अमृतसर पुलिस ने जसवंत सिंह और लक्खा सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल व एक दुनाली बंदूक बरामद कर ली । तरनतारन पुलिस ने ड्राइवर दयाल सिंह तथा जोगेंद्र सिंह को गिरफ्तार करके उनसे 12 बोर की दुनाली बंदूक तथा एक ट्रक कब्ज में लिया । यह ट्रक खडूर साहब में बाबा उत्तम सिंह के डेरे से अपहृत किया गया था ।

जेवर, कपड़े लूटे : जालन्धर (ह.स.): गत रात थाना शाहकोट के गांव चेचक में आतंकवादी एक व्यक्ति तेजा सिंह के घर से 35,000 रुपए मूल्य के सोने के जेवर और विदेशी कपड़ा लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आदमपुर पुलिस ने जालन्धर के बलवत नगर में एक उग्रवादी प्रदीप सिंह को गिरफ्तार करके उससे ए.के. 47 राईफल के कारतूस बरामद किए ।

इसी मध्य कल होशियारपुर जिले में टांडा पुलिस ने आतंकवादियों के 4 आश्रयदाता गिरफ्तार किए जिनके नाम हरपिन्दर सिंह, मक्खैल सिंह, दलजीत सिंह तथा दर्शन सिंह बताए गए हैं ।

फिरोजपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए आतंकवादियों के आश्रय दाताओं के नाम जगतार सिंह जग्गा, महाबीर सिंह, अमरीक सिंह, गुरदेव सिंह, जरनैल सिंह, गुरदीप सिंह, सरदूल सिंह, डोगर सिंह, अनूप सिंह, नरदेर सिंह, जगतार सिंह, बख्शीश सिंह, अजीत सिंह, नरदेर सिंह वल्द केहर सिंह, जगजीत सिंह व सुखदेव सिंह बताए जाते हैं ।

पिस्तौल छीना : थाना हरयाना के गांव सरहाला मंडियां में 4 उग्रवादियों ने एक रिटायर्ड सूबेदार माधो सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका पिस्तौल छीन लिया ।

APPOINTMENTS

Punjab Samachar

2 दुर्दांत आतंकवादी मरे : पंजाब में इंका नेता सहित 3 की हत्या

बटाला बम कांडों की योजना सी.आर.पी. के रिटायर्ड हवलदार के घर पर बनी

सतनाम सिंह सत्ता व 3 साथी मुठभेड़ के बाद फ़रार

चंडीगढ़, 14 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से एक इंका नेता सहित 3 व्यक्तियों की, उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गई जबकि एक दुर्दांत उग्रवादी मारा गया । एक उग्रवादी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । अजनाला बस यात्री हत्या कांड का प्रणेता भिडरांवाला टाइगर फोर्स का उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद बचकर निकल भागने में सफल हो गया । अनेक उग्रवादियों और उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार कर लिया गया । लुधियाना में लम्बी मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों ने आत्म समर्पण कर दिया । बटाला के बम कांडों की योजना सी.आर.पी. के एक रिटायर्ड हवलदार के घर पर बनी थी ।

2 आतंकवादी गिरफ़्तार : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने गत रात गांव दाबांवाली के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को पकड़ने तथा उनके कब्ज़े से गोली-सिक्का बरामद करने का दावा किया है । पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा तथा एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने पत्रकारों को बताया है कि पकड़े गए आतंकवादियों की शिनाख्त बाबा सिंह–भागोवाल तथा गुरवेल सिंह–रियाली खुर्द के रूप में हुई है । इनके कब्ज़े से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक 38 बोर का रिवाल्वर तथा 3 जीवित व 18 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

इन दोनों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि बटाला में गत 4 व 7 नवम्बर को हुए बम धमाकों के पीछे इनका भी हाथ था । इन्होंने अपना सम्बन्ध बब्बर खालसा से बताया है । इन्होंने बताया है कि बम धमाकों की योजना गांव रियाली कलां में सी.आर.पी. के एक अवकाश प्राप्त हवलदार कुलवन्त सिंह के डेरे पर तैयार की गई थी । इस योजना के पीछे बब्बर खालसा के गुरिंदर सिंह गिदा तथा धर्म सिंह धर्मा का हाथ था । कुलवन्त सिंह 1984 के दंगों के बाद बिहार से यहां आकर रह रहा है ।

इन्होंने यह भी बताया है कि उक्त बम धमाकों के सारे मामले में सुखदेव सिंह चब्बा-अमृतसर, पूर्ण सिंह-चाचोवाली, सर्बजीत सिंह-लालेनंगल, बलजीत सिंह उर्फ़ परमजीत सिंह उर्फ़ बब्ब-पटियाला, देवेन्द्र सिंह-हलवाड़ा, तरसेम सिंह सेमा-रियाली खुर्द भी मुख्य रूप से संलिप्त हैं । बमों की जानकारी देते हुए इन्होंने बताया है कि दो सिलाई मशीनों में टाइम बमों सहित प्लास्टिक बम रखे गए थे तथा इन का समय 3.30 बजे का था, जो समय पर फट गए । अस्पताल में ट्रैक्टर के पीछे रखे बम का समय एक घंटा देरी से तय किया गया था ताकि पहले धमाके के कारण जब अस्पताल में लोग इकट्ठे हों तो यह बम फटे । ट्रैक्टर पर रखा गया यह बम एक ड्रम के नीचे रखा गया था, जिसमें साबुन, पैट्रोल व चीनी का तरल विस्फोटक भरा गया था । परन्तु यह बम समय पर नहीं फटा और उस दिन की बजाय यह 7 नवम्बर को फट गया । इन्होंने बताया कि टाइम बम इनको पाकिस्तान से मिले थे ।

पुलिस ने इनकी निशानदेही पर छापे मारकर 20-20 लिटर के तीन 'केन' पकड़े हैं, जिनमें विस्फोटक तरल पदार्थ भरा हुआ है ।

ह.स. के अनुसार अमृतसर में पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने बताया कि पुलिस ने बटाला बम कांड करने वाले बब्बर खालसा गिरोह के नेता कुलवन्त सिंह फौजी, उसके साथियों बाबा सिंह व प्रभजोत सिंह को गिरफ्तार किया है । कुलवन्त सिंह बटाला सदर थाना के राली खुर्द ग्राम का रहने वाला है ।

आई.जी. बार्डर रेंज सी. पाल सिंह ने बताया कि चकरी बाजार बटाला व सिविल अस्पताल बम कांडों के लिए अलग-अलग गिरोह जिम्मेदार थे ।

छः गिरफ्तार : एस.एस.पी. श्री शर्मा ने बताया है कि बटाला की थाना सदर पुलिस ने एक महिला सहित छः व्यक्तियों को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया है । इनमें प्रीतम सिंह-भागोवाल, प्यारा सिंह व उसकी पत्नी सुरजीत कौर-कास्तीवाल, शृंगारा सिंह-दाबांवाली, मोहिन्दर सिंह-घसीटपुर तथा रक्खा सिंह-कोटला शरफ शामिल हैं ।

पूर्व सैनिक की हत्या : बटाला के थाना श्री-हरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी पन्नूआं में गत रात तीन आतंकवादियों ने स्वतंत्रता सेनानी व अवकाश प्राप्त सैनिक करनैल सिंह पन्नू की हत्या कर दी । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के तीन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

ह.स. के अनुसार इंका नेता करनैल सिंह की हत्या के सम्बन्ध में चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया है कि जो धेवाल बस्ती में कैलाश नगर आबादी में आज प्रातः पुलिस और सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ के बाद दो उग्रवादियों ने हथियार डाल दिए । यह उग्रवादी के.सी.एफ. के बलदेव सिंह गिरोह के धर्म सिंह तथा उसका भाई सोहन सिंह हैं । वह जिला जालन्धर में गांव धाम माजरा के रहने वाले हैं । श्री सैनी ने बताया कि जालन्धर से एक पुलिस पार्टी सुरजीत सिंह डी.एस.पी. (डिटैक्टिव) के नेतृत्व में एक सूचना मिलने पर यहां आई तथा उसने इस मकान को घेरा डाल लिया, जहां उग्रवादी ठहरे हुए थे । लुधियाना पुलिस और सी.आर.पी. का दस्ता भी उसकी मदद पर आ गए । तीन घंटे के मुकाबले के बाद उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया ।

बताया जाता है कि 4-5 वर्ष पहले उन्होंने अमृत छका था । वे अपने चाचा के मकान में रह रहे थे, जो कि इंगलैंड गया हुआ है । उनके कब्ज़े से दो ए.के. 47 चीनी राइफलें, 154 खाली और कारामद कारतूस व दो मैगज़ीन बरामद हुए । क्षेत्रवासियों ने बताया कि उग्रवादी 5-6 मास से यहां रह रहे थे । वह पंजाब बिजली बोर्ड के एक कर्मचारी के घर भी पनाह लेते थे । लोगों ने बताया कि उग्रवादियों ने मकान की छत के ऊपर जाकर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

नज़रबंदों पर मुकद्दमा चलाया जाए या उन्हें रिहा किया जाए : अकाली दल (ब) की मांग

लुधियाना, 14 नवम्बर (गुरमिंदर): अकाली दल (तलवंडी) की एक बैठक गुरुद्वारा आलमगीर में हुई, जिसमें एक प्रस्ताव के माध्यम से सिख जगत और सभी अकाली धड़ों से इकट्ठे होने की अपील की गई । प्रस्ताव में कहा गया कि सिख कौम पर संकट आया हुआ है और समय की पुकार है कि सभी अपनी-अपनी ढपली इकट्ठे हो जाएं ।

एक प्रस्ताव में मांग की गई है कि जो सिख युवक और अकाली नेता नज़रबंद हैं, उन पर या मुकद्दमा चलाया जाए या उन्हें रिहा किया जाए । इनमें सिमरनजीत सिंह मान, प्रकाश सिंह बादल, गुरचरण सिंह टोहरा, सुरजन सिंह ठेकेदार शामिल हैं । एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया कि सरकार ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए कुछ नहीं किया ।

एक और प्रस्ताव में मांग की गई है कि पीबर के छात्रों को पंजाब के इंजीनियरिंग कालेजों में दाखिला दिया जाए । संसद सदस्य श्री सेवा सिंह गिल ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय अनुमति दे तो पीबर के छात्रों को गुरु नानक इंजीनियरिंग कालेज लुधियाना में दाखिल किया जा सकता है ।

बैठक के बाद जगदेव सिंह तलवंडी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए अकाल तख्त के जत्थेदार दर्शन सिंह रागी की ओर से श्री बरनाला को अकाल तख्त पर बुलाने के बारे में प्रश्न का उत्तर देने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह बरनाला और अकाल तख्त के जत्थेदार का मामला है । उन्होंने कहा कि अकाल तख्त सर्वोच्च अथारिटी है । अकाल तख्त के जत्थेदार ने सिख युवकों और अकाली नेताओं को अमृत 'छकने' के लिए कहा है, इसके बारे में तलवंडी ने कहा कि यह एक आम अपील थी, जहां तक अकाली दल का सम्बन्ध है, यह एक राजनीतिक पार्टी है, उसका इससे कोई सम्बन्ध नहीं ।

इसी मध्य अमृतसर में तलवंडी के कार्यालय सचिव मनजीत सिंह तरनतारनी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में तलवंडी ने आरोप लगाया है कि सरकार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तीस नवम्बर को हो रहे अध्यक्षीय चुनाव में हस्तक्षेप कर रही है । उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में होंगे और साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इसमें हस्तक्षेप की कोशिश की तो इसके खतरनाक परिणाम निकलेंगे ।

3 विपक्षी मुख्यमंत्रियों की बैठक 17 को

हैदराबाद, 14 नवम्बर : राष्ट्रीय मोर्चा और तेलगू देशम पार्टी के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव ने नई दिल्ली में 17 नवम्बर को असम, कर्नाटक और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है जिसमें इन राज्यों में चल रहे विकास कार्यक्रमों पर विचार किया जाएगा । ये मुख्यमंत्री राष्ट्रीय मोर्चा के सदस्य हैं ।

श्री रामाराव ने एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि मोर्चा 16 नवम्बर को आगरा में एक रैली

Punjab Spectator

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस और सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । अधिकारियों ने मुठभेड़ के दौरान क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया हुआ था ताकि उग्रवादी भाग न जाएं ।

उग्रवादी मारा गया : अमृतसर (अशोक): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मजीठा द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार गत रात 9.30 बजे के लगभग तीन लुटेरे उग्रवादी जंडियाला कस्बे में कैनाल रैस्ट हाऊस के समीप स्थित अमृत राईस शैलर में घुसे तथा शैलर के मालिक देवेन्द्र जीत सिंह से 50 हजार रुपए मांगे । देवेन्द्र जीत के इन्कार करने पर लुटेरे उग्रवादियों ने उस पर गोली चलाई,जिसके उत्तर में देवेन्द्र जीत ने भी अपनी .12 बोर की बंदूक से गोली चलाई । परिणामस्वरूप एक लुटेरा उग्रवादी मारा गया । मृत उग्रवादी की शिनाख्त झरमल सिंह वल्द प्यारा सिंह निवासी गहरी मंडी के रूप में हुई है । उसके कब्ज़े से एक चीनी राइफल, दो मैगज़ीन, 268 कारतूस, 11 कारतूस 9 एम.एम., 6 खाली कारतूस ए.के. 47 राइफल के और 7079 रुपए नकद बरामद हुए । इस सम्बन्ध में थाना जंडियाला में केस दर्ज कर लिया गया है तथा भगौड़े उग्रवादियों को पकड़ने के लिए पुलिस सरगर्म है । एक अन्य सूचना के अनुसार झरमल सिंह खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से सम्बन्ध रखता था ।

ह.स. के अनुसार झरमल सिंह को ग्रामीणों ने गोलियां मार कर खत्म किया । उसने राईस शैलर मालिक से एक लाख रुपए की फिरौती मांगी थी । शैलर मालिक को उग्रवादियों की ओर से धमकी भरे पत्र मिल रहे थे ।

जहर खा लिया : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज शाम अमृतसर में बताया कि लुधियाना में सुरक्षा बलों द्वारा लगाए गए एक नाके में एक ट्रक को रोका गया तो उसमें सवार एक उग्रवादी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। श्री गिल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त इंद्रजीत सिंह निवासी गुरदासपुर के रूप में की गई है । श्री गिल ने कहा कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है । उसमें से दो चीनी ए.के. 47 राईफलें तथा कारतूस मिले हैं । श्री गिल के अनुसार यह नाका लुधियाना-लोढ़वाल सड़क पर लगा हुआ था । उन्होंने कहा कि मृत आतंकवादी बब्बर खालसा से संबंधित था ।

श्री गिल ने कहा कि पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या इन्द्रजीत सिंह 5 नवम्बर को लौढ़वाल में 19 बिहारी श्रमिकों की हत्या में भी वांछित था ? वह भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का कथित एरिया कमांडर था ।

जंडियाला के राइस शैलर की घटना के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक ने बताया कि मारा गया उग्रवादी झरमल सिंह उर्फ बघेल सिंह के.एल.एफ. का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल था । उसके बाकी दोनों साथी गोलियां लगने से घायल हो गए लेकिन घायल होने के बावजूद दोनों भाग निकलने में सफल रहे । फरार होने वाले उग्रवादियों की शिनाख्त बूटा सिंह और दर्शन सिंह के रूप में हुई है । यह तीनों ही निकटवर्ती गांवों के रहने वाले हैं । श्री गिल ने बताया कि अमृतसर जिला में किसी नागरिक द्वारा वीरतापूर्वक मुकाबला करके उग्रवादी को मारने व अन्य को घायल करने की घटना बड़ी देर बाद हुई है । यह पूछे जाने पर कि राइस शैलर मालिक के लिए इस घटना से खतरा क्या बढ़ नहीं गया है, श्री गिल ने कहा कि ऐसा देखने में आया है कि जहां कहीं भी आतंकवादियों की मुकाबिले में प्राण हानि हुई है अथवा उन्हें भागना पड़ा है वहां वे जल्दी दोबारा हमला करने का दुस्साहस नहीं करते ।

लुधियाना से धीमान की सूचना है कि इंद्रजीत सिंह एक खतरनाक उग्रवादी था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित था । पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रजीत सिंह चौक मेहता से आ रहा है अतः उसने नाकाबंदी कर रखी थी । जिस ट्रक में वह आ रहा था, उसका नम्बर पी.जे.एल. 2145 था और इसे वह खुद चला रहा था । इन्द्रजीत सिंह जालन्धर के एक गांव का रहने वाला था ।

किसान घायल : एक अन्य वारदात में आज सुबह थाना जंडियाला के गांव दोबर्जी में उग्रवादियों ने एक किसान बिक्रम सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । किसान को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

ट्रक ले गए : कल आधी रात के समय थाना छहर्टा के गांव धानपुर में एक ट्रक का अपहरण कर लिया गया । उग्रवादियों ने ट्रक के ड्राइवर मंगल सिंह को हाथ-पांव बांध कर खेतों में फैंक दिया । उग्रवादियों ने उसे कहा कि उसका ट्रक कल ब्यास या जंडियाला क्षेत्र में मिल जाएगा । पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है ।

सत्ता बच निकला : भिडरांवाले टाइगर फोर्स (बी.टी.एफ.) का दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता जिसने हाल ही में अजनाला के निकट 11 बस यात्रियों की हत्या की योजना बनाई थी, आज सुबह अमृतसर जिले में सुरक्षा बलों के पंजे से बच निकला । सतनाम सिंह सत्ता की घरेंडा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हुई थी । उसके तीन साथी भी उसके साथ बच निकलने में सफल हो गए ।

रोपड़ पुलिस ने एक आतंकवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक 12 बोर की दनाली बंदूक बरामद हुई । एक व्यक्ति बहादुर सिंह को गिरफ्तार करके उससे 11 कारतूस बरामद किए गए ।

फिरोज़पुर शहर में एक व्यक्ति कमलजीत उर्फ बिट्टू की हत्या कर दी गई । पुलिस का कहना है कि हत्यारों की पहचान कर ली गई है तथा उनकी खोज की जा रही है ।

फिरोजपुर से कन्तोड़ के अनुसार पुलिस ने कमलजीत सिंह उर्फ बिट्टू की हत्या के सम्बन्ध में विजय कुमार उर्फ कपिल, राजकुमार राजू, चमन लाल, हुकम चन्द आदि के विरुद्ध केस दर्ज किया है । कमलजीत सिंह की उस समय हत्या कर दी गई थी जबकि वह मल्लां वाला रोड पर आर.एस.डी. कालेज के निकट मोटर साइकल पर दूध लेकर जा रहा था । यह बात पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताई है ।

अपहरण : फिरोजपुर (कन्तोड़): मानवाला के राइस शैलर के मालिक केवल कृष्ण व उनके मामा के लड़के का कुछ उग्रवादी उन्हीं के ट्रक में बिठा कर अपहरण कर ले गए ।

छः गिरफ्तार : मोगा से बांसल के अनुसार फरीदकोट पुलिस चीफ़ ने बताया कि एक नाका पार्टी ने छः खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार करके एक चीनी राइफल, 4 मैगज़ीन, 110 कारतूस, एक विदेशी 455 बोर रिवाल्वर आदि बरामद किए । इन उग्रवादियों के नाम हैं : गुरमीत सिंह, महेन्द्र सिंह, जसबीर सिंह, नत्थू राम, अमरेन्द्र सिंह गिल, परमजीत सिंह तथा शेर सिंह उर्फ़ शेरा । उन्होंने बताया कि इन उग्रवादियों ने कई हत्याओं की स्वीकारोक्ति की है ।

जिला संगरूर में दीवान सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

3 उग्रवादी बच निकले : आज जालन्धर के नकोदर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड्ढ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद 3 खतरनाक उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए ।

होशियारपर से 'अश्विनी' के अनुसार जिला के ईंट भट्ठा मालिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एस.एस.पी. से भेंट की । बैठक में फैसला किया गया कि भट्ठा मजदूरों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक भट्ठे पर चार स्पैशल पुलिस अफ़सर तैनात किए जाएंगे । जिला होशियारपुर में 106 भट्ठे हैं ।

अवधि बढ़ी

फगवाड़ा, 14 नवम्बर (अशोक): दूरदर्शन जालन्धर ने आज से सायं 7.30 बजे के समाचार बुलेटिन की अवधि 10 मिनट की बजाए 15 मिनट कर दी है ।

नक्सली भाजपा से सहयोग करेंगे

जयपुर, 14 नवम्बर (वार्ता): प्रमुख नक्सलवादी नेता एवं भारत का कम्युनिस्ट संगठन 'मार्क्सवादी लेनिनवादी' के महासचिव कानू सान्याल ने कहा है कि उनकी पार्टी राजीव गांधी सरकार को उखाड़ फैंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी सहित तमाम विपक्षी राजनैतिक दलों का सहयोग करेगी । श्री सान्याल ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि हम इस मामले में अपनी नीतियों से समझौता नहीं कर रहे हैं और न ही सशस्त्र संघर्ष के अपने नारे को छोड़ रहे हैं । अपितु इसे वक्त की जरूरत मान कर राजीव सरकार के खिलाफ एक लोकप्रिय जनान्दोलन छेड़ने में अपना हाथ बंटा रहे हैं ।

बाल दिवस पर बच्चों द्वारा शांति मार्च

जालन्धर, 14 नवम्बर : पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आज यहां सेंट सोल्जर सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों द्वारा शांति मार्च किया गया जिसका उद्घाटन पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री बेअंत सिंह ने किया । इस अवसर पर हुए एक समारोह में रोटरी क्लब के सदस्य डा. पवन गुप्ता शामिल हुए । इस अवसर पर अन्य के अतिरिक्त चौधरी जगजीत सिंह भूतपूर्व विधायक, श्री जय कृष्ण सैनी, श्री डी.एल. भनोट आदि उपस्थित थे । स्कूल के मैनेजर श्री अनिल चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया ।

बेअंत सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाल मेला : मिलाप बाल संघ की ओर से आज यहां सात दिवसीय बाल मेला शुरू हो गया जिसके उद्घाटन समारोह में सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया । समारोह का उद्घाटन जालन्धर मंडल के आयुक्त श्री के.एस. जंजुआ ने किया । इस समारोह का उद्घाटन श्री जे.एफ. रिबैरो ने करना था पर वे नहीं आ पाए । इस अवसर पर लोकनृत्य तथा फैंसी ड्रैस के मुकाबले हुए, जिसमें दो दर्जन स्कूलों की टीमों ने भाग लिया । समूहगान, संगीत तथा मौका पर पेंटिंग व कविता पाठ के मुकाबले बाकी दिनों में होंगे । समापन समारोह श्रीमती इंदिरा गांधी के जन्म दिन 19 नवम्बर को होगा जिसमें मुख्य अतिथि गृह सचिव श्री एस.एल. कपूर होंगे । मेला श्री यश की संरक्षता में हो रहा है जो मिलाप के

जालंधर में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर लगे बाल मेले में जालंधर डिवीजन के आयुक्त के.एस. जंजुआ, भू.पू. मंत्री श्री यश, इंका के महासचिव वीरेन्द्र शर्मा ।

सम्पादक हैं । इसी सिलसिले में कुछ स्कूलों के बच्चों द्वारा तीन स्थानों किशनपुरा, मिलाप चौक तथा ऊधम सिंह नगर से शांति मार्च निकाले गए जिन्हें क्रमशः श्री वीरेन्द्र शर्मा, श्री आज्ञा पाल चड्ढा व श्री यश ने झंडी दिखाई ।

कौमी एकता कमेटी की ओर से स्थानीय माडल टाऊन स्थित शहीद रविन्दर खुल्लर मैमोरियल स्कूल में पं. नेहरू का जन्म दिवस समारोह मनाया गया जिसकी अध्यक्षता श्री बी.के. खुल्लर ने की । इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने कौमी एकता सम्बन्धी गीत तथा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । उद्घाटन के अवसर पर बच्चों ने 101 गब्बारे छोड़े । समारोह में उपस्थित लोगों में सर्वश्री विजय खुल्लर, अरुण वालिया, विश्वनाथ, कुलदीप मेहता, सुभाष शर्मा, हेमंत सैनी, गुरचेतन सिंह, बशीर मसीह, राम लाल सहगल व मनसा राम चोपड़ा उल्लेखनीय हैं ।

स्टेट बैंक आफ़ पटियाला की पटेल चौक जालंधर की शाखा ने गूंगे व बहरे बच्चों के स्कूल में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया । इसमें ऑन दि स्पाट पेंटिंग मुकाबले करवाए गए । समारोह की अध्यक्षता बैंक के ज़ोनल मैनेजर श्री वी.के. श्रीवास्तव ने की तथा विजेताओं को इनाम बांटे । इसी अवसर पर बैंक की जी.टी., बी.एन. जालंधर शाखा ने राष्ट्रीय अंध विद्यालय बसंत विहार में स्कूल के सभी नेत्रहीनों को कम्बल व मिठाइयां बांटी । स्वामी संत दास पब्लिक स्कूल जे.पी. नगर जालंधर में बाल दिवस समारोह मनाया गया । समारोह की अध्यक्षता स्वामी संत दास जी ने की ।

रक्तदान : लुधियाना में पंजाब युवा एकता समिति द्वारा खूनदान कैम्प का आयोजन किया गया । इस कैम्प की अध्यक्षता श्री संजय मेहता ने की । इस मौका पर 31 नौजवानों ने खूनदान किया । श्री संजय मेहता ने कहा कि यह जो खून इकट्ठा किया गया है,ये उग्रवाद से पीड़ित लोगों को दिया जाएगा । यह भी फैसला किया गया कि यह समिति हर तीन महीने बाद एक खूनदान कैम्प तथा हर दो महीने बाद एक नेत्र दान कैम्प लगाएगी ।

अमृतसर में सभी स्कूलों में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन से सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे छात्र-छात्राएं नेहरू जी के जीवन से प्रेरणा लें । यहां नेहरू जन्म शती समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने उक्त घोषणा की । यह समारोह प्रेम आश्रम हाई स्कूल में आयोजित किया गया था ।

अनाथों के लिए गृह : गुरदासपुर में जिला बाल कल्याण परिषद ने बाढ़ तथा उग्रवादी हिंसा से अनाथ व गृहहीन हुए बच्चों के लिए आगामी एक जनवरी से एक गृह की स्थापना करने का निर्णय किया है । गुरदासपुर के जिलाधीश श्री डी.एस. काल्हा ने यहां एक समारोह में कहा कि यह गृह नेहरू जन्म शती समारोह के अंतर्गत स्थापित किया जाएगा । शुरू में इस गृह में 15 बच्चों को रखा जाएगा तथा विभिन्न परिवारों को इस बात के लिए प्रेरणा जाएगा कि वे इन बच्चों को अपनाएं ।

तीस नंबरका
एक कश
खिंचिये और
तबीयत खुश
ताझगी पाईए

नंबर तीस
छाप बीड़ी

30
REGD.

ऊंची किंमती महंगी

FARMLAND

DEALERS WANTED

A Rapidly exponding food processing Company with a range of quality JAMS, Tamato, Ketchup & Squashes etc. Whishes to appoint areawise Dealers in Punjab & Chandigarh.

Punjabi Samachar

युवती सहित पंजाब में 7 लोगों की हत्या : 3 उग्रवादी मारे गए

लुधियाना की गुड़ मंडी में बम बरामद, बड़ा नरसंहार टला

डकैतों लुटेरों के तीन गिरोहों का पूर्णतः सफाया करने का दावा

चंडीगढ़, 15 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से उग्रवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 3 उग्रवादी मारे गए जिनमें दो भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स से सम्बन्धित थे। लुधियाना की गुड़ मंडी में बम पड़ा मिला लेकिन समय रहते इसका पता चल जाने के कारण कोई प्राण हानि नहीं हुई। अमृतसर पुलिस ने डकैती व लूटपाट की वारदातें करने वाले तीन गिरोहों का सफाया करने का दावा किया।

दो उग्रवादी मरे : लुधियाना (ह.स.): यहां सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए। लुधियाना के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने कहा कि मारे गए उग्रवादियों की पहचान बलवंत सिंह उर्फ बंता तथा सरबजीत सिंह उर्फ साबा के रूप में की गई है। घटनास्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल और एक 315 बोर की राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए। श्री सैनी ने बताया कि मारे गए उग्रवादी राज्य में कई अपराधों में शामिल थे। कल एक अन्य दुर्दांत उग्रवादी इंद्रजीत सिंह ने पुलिस के काबू में आ जाने के बाद जहर खा लिया था। इन्द्रजीत सिंह अनेक पुलिस कर्मचारियों तथा होमगार्डों की हत्या में वांछित था।

बम मिला : 'मुसाफिर' के अनुसार आज लुधियाना की गुड़मंडी (साबुन बाजार) में एक बम पड़ा मिला जो कि किसी कारण फट न सका अन्यथा भारी प्राण हानि हो सकती थी। पुलिस ने बम को कब्जे में लेकर उसे नाकारा बना दिया। पता चला है कि यह बम दिन के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने रखा तथा फिर वहां से खिसक गया। उल्लेखनीय है कि इस बाजार में हर समय भारी भीड़ रहती है। 'धीमान' के अनुसार एक व्यक्ति जिसने अपना नाम गुरचरण सिंह बुधसिंहवाला खालिस्तान लिबरेशन फोर्स बताया, ने सिटी कोतवाली को फोन पर सूचना दी कि उन्होंने गुड़ मंडी में एक स्कूटर में बम रखा है जो आज फट जाएगा। उसने यह भी कहा कि हमने गाड़ियों में विभिन्न जगह बम रखकर लोगों को उड़ाने का कार्यक्रम बनाया है। टैलीफोन मिलते ही इंस्पैक्टर दर्शन सिंह भारी फोर्स लेकर गुड़ मंडी गए और चैकिंग आरम्भ कर दी, दकानें बंद करा दी गई और लोगों को वहां से निकल जाने का आदेश दिया गया। इस दौरान एक लावारिस स्कूटर की डिग्गी में एक बम मिला। इस स्कूटर पर हाथ से नम्बर लिखा हुआ था। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाया। बम पर पानी और रेत डाल दी गई। फिर पुलिस अधिकारी ने एक बड़ी बाल्टी में पानी डालकर बम उसके अन्दर रख लिया व कोतवाली ले गए। सारी मंडी में दो घंटे तक कर्फ्यू की हालत रही।

भुलत्थ क्षेत्र में हत्या : कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के अंतर्गत गांव लम्मे में गत रात्रि लगभग दस बजे चार-पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर के आंगन में प्रवेश करके अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति प्रीतम सिंह आयु 35-36 वर्ष की निर्मम हत्या कर दी, जबकि उसका भाई बख्शीश सिंह दाएं बाज़ू तथा हाथ में गोलियां लगने से घायल हुआ है व स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल है।

बताया जाता है कि लम्मे गांव जिला होशियारपुर तथा जिला जालंधर की सीमा पर स्थित है। घायल हुए बख्शीश सिंह ने बताया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसके आंगन में प्रवेश करके कमरे का दरवाजा खटखटाया और गांव बस्सी का मार्ग पूछते हुए दरवाजा खोलने के लिए कहा। बख्शीश सिंह ने दरवाजा खोलने से इन्कार कर दिया तो उन व्यक्तियों ने गोली चलाई। गोली की आवाज़ सुन कर प्रीतम सिंह ललकारते हुए बिजली जला कर बाहर निकला तो उसकी चीनी राइफल से फ़ायरिंग करके हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्र को घेर कर खोज आरम्भ कर दी है। एक सूचना अनुसार पुलिस ने ए.के. 47 राइफल की गोलियों के खोल अपने कब्ज़े में लिए हैं।

ट्रैक्टर छीना : जालंधर (ह.स.): नकोदर थानांतर्गत मुध गांव के निकट पिछली रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शामिल तीन उग्रवादियों ने अवान चुहारनी गांव निवासी सुखदेव सिंह का ट्रैक्टर छीन लिया और उस पर बैठ कर भाग निकले। एक पुलिस प्रवक्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस कर्मी वहां पहुंच गए। ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों व सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई और आतंकवादी गन्ने के खेत में छिपते-छिपाते भाग गए। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आतंकवादियों की बड़ी सरगर्मी से तलाश की जा रही है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

जालन्धर की एक अन्य सूचना के अनुसार थाना नूरमहल क्षेत्र में पांच व्यक्तियों को आतंकवादियों को आश्रय देने पर गिरफ्तार किया गया। उनके नाम इस प्रकार हैं : बलजीत सिंह शेरपुर, सच्चा सिंह कान्हा ढेसियां, सुखविंदर सिंह उमरपुरा, हरमिंदर सिंह उप्पल भूपा तथा उमरपुर का रानी। छापों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुछ लैटर पैड तथा एक ट्रक बरामद किया गया। एक व्यक्ति कुलवन्त सिंह उर्फ कंता जिसने आतंकवादियों से ट्रक खरीदा था, फरार है।

दो लाशें मिलीं : आज सुबह जिला होशियारपुर में थाना माहिलपुर के गांव हेरा में खेतों में से दो लाशें बरामद हुई। इनकी पहचान साधु सिंह तथा देव के रूप में हुई है।

होशियारपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दर्शन सिंह, सुखदेव सिंह तथा साहब सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

अपने साथी की हत्या : वि.प्र. के अनुसार अमृतसर जिला के गांव कौलोवाल से बाहर नाले के निकट तीन आतंकवादियों ने गत रात दस बजे के बाद दो व्यक्तियों की हत्या की जिनमें एक नौजवान लड़की नरेन्द्र कौर थी। दूसरा व्यक्ति एक निहंग बताया जाता है। इस सम्बन्ध में मिले ब्यौरे के अनुसार गत रात दस बजे के लगभग तीन आतंकवादी जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थीं, गांव कौलोवाल में एक व्यक्ति सुरजीत सिंह के घर गए तथा उसकी नौजवान लड़की नरेन्द्र कौर को जबरदस्ती साथ लेकर गांव से बाहर नाले पर चले गए जहां एक नौजवान लड़के की, जो कि आतंकवादियों का साथी था, लाश पड़ी थी। आतंकवादियों ने वहां नरेन्द्र कौर की भी हत्या कर दी। मौका पर से पंजाबी में लिखा एक पत्र जिसपर सतनाम सिंह छीना के हस्ताक्षर हैं, मिला जिसमें दर्ज है कि यह लड़की बदचलन था तथा स्त्रियों की इज्जत लूटता था। घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल की दो मैगजीनों के अलावा 21 कारामद और 30 चली हुई गोलियां मिली हैं।

रामूवाल में हत्या : गत रात थाना लोपोके के गांव रामूवाल में एक व्यक्ति मिलखा सिंह की अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी।

तीन आश्रयदाता गिरफ्तार : थाना रमदास पुलिस ने आज एक 'ए' श्रेणी कट्टर आतंकवादी को आश्रय देने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री जी.एस. मान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम ठाकर सिंह, उसका पुत्र कुलवन्त सिंह और महेन्द्र सिंह हैं।

तीन गिरोहों का सफाया : इसी दौरान पुलिस ने डकैती और लूटपाट की घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार तीन गिरोहों का सफाया करने का दावा किया है। इनमें अमृतसर में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दो अधिकारियों से 2.50 लाख रुपए लूटने की वारदात भी शामिल है। यह जानकारी देते हुए आई.जी. (बार्डर) श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि इस सम्बन्ध में कुछ गिरफ्तारियां करने के अलावा बड़ी मात्रा में लूटी हुई नकदी, कीमती सामान तथा कुछ

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अकाली धड़ों में एकता प्रयास विफल रहा तो एस.जी.पी.सी. का चुनाव लड़ेंगे : बरनाला

रोपड़, 15 नवम्बर (बैंस) : पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री व अकाली दल (ल) के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला को 30 नवम्बर, एस.जी.पी.सी. के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि, से पूर्व अकाली दल के विभिन्न धड़ों में एकता हो जाने की आशा है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि यदि चुनाव से पहले एकता प्रयास सफल नहीं हुए तो उनकी पार्टी चुनाव लड़ने के लिए दृढ़ संकल्प है।

श्री बरनाला ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि उन्होंने शिरोमणि कमेटी के चुनाव के लिए अपना अभियान पहले से ही शुरू कर रखा है और वे इस संबंध में अपने लगभग प्रत्येक 'निष्ठावान' सदस्य से सम्पर्क कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि इस वर्ष एस.जी.पी.सी. के चुनाव सर्वसम्मति से हों। उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि हाल ही में उन्होंने श्री जगदेव सिंह तलवंडी से भेंट कर उनके साथ एकता बारे बातचीत की थी। श्री बरनाला ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार का नाम बताने से इंकार कर दिया। परन्तु इतना अवश्य स्वीकार किया है कि वह इस संबंध में श्री आत्मा सिंह से मिले थे।

श्री बरनाला ने आगे कहा कि उन्हें अकाल तख्त पर उपस्थित होने के लिए अभी कोई सम्मन प्राप्त नहीं हुए। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह, जैसा कि अखबारों में छपा है, 5 दिसम्बर को अकाल तख्त पर पेश होंगे, श्री बरनाला ने कहा कि वह अपना विचार मुख्यग्रंथियों द्वारा 'भेजे गए पत्र' का विवरण जानने के बाद ही स्पष्ट करेंगे।

भूतपूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में लोकतांत्रिक सरकार स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन अपने अभीष्ट में सफल नहीं रहा है तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर ही हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री व राज्यपाल द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों को समुचित राहत नहीं दे सकी है। श्री बरनाला तीन पूर्व अकाली मंत्रियों कैप्टन कंवलजीत सिंह, श्री प्रेम गुप्ता व श्रीमती सतवंत कौर संधू के साथ रोपड़ व आनंदपुर साहब उपमंडलों के बाढ़ पीड़ितों में कपड़े व खाने के बंडल वितरित करने आए थे। वे अपने साथ राहत सामग्री से लदे पांच ट्रक लाए थे। जिला अकाली दल के प्रधान उजागर सिंह बदली तथा अखिल भारतीय युथ अकाली दल (ल) के महासचिव अमरजीत सिंह वालिया भी श्री बरनाला के साथ

punjabi tribune

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

हथियार बरामद किए गए हैं । श्री सिंह ने कहा कि पांच नवम्बर को अमृतसर के व्यस्त हाल बाजार में बिजली बोर्ड के एक एस.डी.ओ. तथा लाइन सुप्रिंटेंडेंट को घायल करके उनसे कर्मचारियों के वेतन का 2.50 लाख रुपया छीनने की वारदात के अभियुक्तों का सुराग लगा लिया गया है तथा इनमें से एक सरूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । उसकी गिरफ्तारी से लूटी गई रकम में से 1.50 लाख रुपए एक स्कूटर, एक दनाली बंदूक तथा 6 कारतूस बरामद हुए हैं । इसी गिरोह ने इस वर्ष फरवरी में भी इन्हीं अधिकारियों से 2.17 लाख रुपए छीने थे ।

11 और 12 नवम्बर की मध्य रात्रि को सामान्य चैकिंग के दौरान अमृतसर पुलिस ने एक ट्रक में सवार लुटेरों के गिरोह को गिरफ्तार किया तथा उनसे पूछताछ पर चार लाख रुपए मूल्य का चोरी का सामान बरामद हुआ । उनसे पूछताछ करने पर शहर के बाहरी क्षेत्रों में हुई चोरियों तथा डकैतियों के 25 केस हल हो गए हैं । उसी रात को पुलिस ने तार चोरों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया जिन्होंने तार चोरी के कम से कम दस केसों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की । कुछ चोरी शुदा तार भी उनसे बरामद की गई ।

दो व्यक्तियों लखविंदर सिंह तथा जगवन्त सिंह को छहर्टा पुलिस ने धमकी भरे पत्र लिखकर लोगों से रकम ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया है । उनसे एक .12 बोर का पिस्तौल और एक .32 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ ।

बाप-बेटे की हत्या : बटाला (कोछड़): गत रात बटाला पुलिस जिला में थाना कादियां के गांव मल्लियां खर्द में आतंकवादियों ने एक बाप-बेटे की हत्या कर दी । बाप का नाम त्रिलोक नाथ और बेटे का राजीव कुमार उर्फ काला बताया गया है ।

इसी बीच बटाला पुलिस ने एक व्यक्ति कुलवन्त सिंह को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक चीनी असाल्ट राइफल तथा 30 कारतूस बरामद किए गए ।

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार पुलिस ने जैतो के निकट एक व्यक्ति पुरुषोत्तम से स्कूटर छीनने का प्रयत्न करने वाले एक उग्रवादी हरमेल सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उसका एक साथी अजायब सिंह लुधियाना निवासी फरार होने में सफल हो गया । हरमेल सिंह करनाल जिले का निवासी है । पुलिस के अनुसार यह उग्रवादी कई वारदातों में वांछित था ।

2 लोगों का अपहरण : फिरोज़पुर : कल रात उग्रवादियों ने जिला फिरोज़पुर में कल्लांवाला में एक चावल मिल से दो व्यक्तियों केवल कृष्ण तथा राज कुमार का अपहरण कर लिया । यह उग्रवादी ट्रक पर सवार थे ।

तीन घुसपैठिए मरे : फाज़िल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में तीन घुसपैठिए मारे गए ।

एक घुसपैठिया मरा : जम्मू : (वार्ता): कल रात्रि रणबीरसिंहपुरा सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया ।

नरसंहार टला : जालन्धर (वार्ता): आज सायं जालन्धर के भोगपुर थाना क्षेत्र के ढल्ला-ढल्ली ग्राम के पास सुरक्षा बलों के आ जाने से वहां एकत्र उग्रवादी बिना नरसंहार किए भागने पर विवश हो गए ।

मुठभेड़ों में बाज सिंह सहित 5 उग्रवादी व 2 सुरक्षा कर्मी मरे, एक व्यक्ति की हत्या

शाहकोट क्षेत्र में 65000 का सोना, नकदी लूटे; स्कूटर छीने गए

सिपाही समेत 12 उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 17 नवम्बर (ह.स., वार्ता): अमृतसर जिले में आज हुई दो मुठभेड़ों में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल बाज सिंह सहित 5 उग्रवादी मारे गए । एक मुठभेड़ में 2 सुरक्षा कर्मी भी मारे गए । अन्य एक व्यक्ति की हत्या की गई ।

चार उग्रवादी, दो पुलिस कर्मी मारे गए : अमृतसर (ह.स.): सुरक्षा बलों के साथ आज जिला अमृतसर में हुई भिड़ंत में भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल बाज सिंह उर्फ बाजा और उसके तीन साथी मारे गए । इससे पूर्व इन चारों उग्रवादियों के गिरोह ने आज सायं थाना घरिंडा जिला अमृतसर के गांव कोनके, जो भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट स्थित है, के निकट एक मोटर साइकिल सवार गश्ती पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था तथा हैडकांस्टेबल अजीत सिंह और कांस्टेबल हरदीप सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया था । बाद में इन दोनों पुलिस कर्मियों की घटनास्थल पर ही घावों की ताव न सहते हुए मृत्यु हो गई । सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में मुठभेड़ एक घंटा तक जारी रही ।

शस्त्र बरामद : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज चंडीगढ़ में बताया कि सुरक्षा बल बाज सिंह, जो कुछ समय पूर्व दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता का निकट साथी रहा है, का पीछा कर रहे थे । अन्य मारे गए उग्रवादियों में से दो की शिनाख्त साहिब सिंह और पुजारी के रूप में की गई है । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, एक राइफल, एक रिवाल्वर और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

पुलिस कर्मियों की वीरता : श्री गिल ने बताया कि उग्रवादियों द्वारा गश्ती दल के दो सदस्यों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद उग्रवादियों के साथ गांव के बाहर भिड़ंत हुई । उग्रवादियों के हमले से घायल हुए हैडकांस्टेबल अजीत सिंह और कांस्टेबल हरदीप सिंह ने पोजीशन सम्भाले रखी और भारी फायरिंग करके उग्रवादियों को उलझाए रखा तथा साथ ही वायरलैस पर सहायता मांगी । पुलिस और सी.आर.पी.एफ. सूचना पाकर समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और तब वहां भीषण मुकाबला हुआ । इसके तत्काल बाद उग्रवादियों ने भागने की कोशिश की लेकिन सुरक्षा बलों ने एक फार्म हाउस तक उनका पीछा किया, जहां दोनों तरफ से भारी फायरिंग की गई और कहा जाता है कि सुरक्षा बलों ने कार्रवाई के दौरान हथगोले फैंके । चारों उग्रवादी मौके पर ही मारे गए ।

श्री गिल ने बताया कि बाज सिंह और साहिब सिंह दोनों के सिर पर 30-30 हजार रुपए का पुरस्कार था ।

एक और उग्रवादी मरा : अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरसिंहवाला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में आज रात्रि एक और उग्रवादी मारा गया । तरनतारन पुलिस जिले के चीफ संजीव गुप्ता ने बताया कि उसके कुछ साथी फरार हो गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 चीनी राइफल बरामद हुई है ।

हीरो होंडा भी छीना, लूट भी लिया : मानसा (मेहता): दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति दुर्गा दत्त से एक हीरो होंडा मोटर साइकल, 4 हजार के करंसी नोट, 15000 रुपए मूल्य का एक कड़ा और सोने की एक जंजीर छीन ली । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक हरचरण सिंह भिंडर घटनास्थल पर पुलिस पार्टी के साथ गए और रास्ते में पड़ा हीरो होंडा बरामद कर लिया ।

10 उग्रवादी, सिपाही व शरणदाता गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): शाहकोट जिला जालन्धर की पुलिस ने 10 उग्रवादियों और उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया है । इनमें से पांच की शिनाख्त हरबंस सिंह उर्फ बाबा, तरसेम सिंह, जोगा सिंह, अजायब सिंह और सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्जे से 12 बोर के 2 पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । जालन्धर पुलिस ने गत रात्रि कांस्टेबल सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही, जो इस समय जिला भटिंडा में तैनात है, को दुर्दांत उग्रवादी मलकीयत सिंह उर्फ बाबा के साथ कथित रूप से घनिष्ट संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । सुखदेव सिंह थाना मेहता जिला अमृतसर के गांव चनाके का रहने वाला है ।

स्कूटर छीन लिया : जिला जालन्धर के थाना आदमपुर के गांव दयालपुर के निकट से दो अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति संतोख सिंह का स्कूटर छीन लिया ।

अपनी ही राइफल से घायल : भोगपुर जिला जालन्धर में तैनात होम गार्ड जवान कुलविन्दर सिंह अपनी राइफल साफ करते समय अचानक राइफल के चल जाने से घायल हो गया ।

65000 रुपए की नगदी, सोना लूट लिया : जालन्धर जिले में शाहकोट थाने के ऊधोवाल गांव में हुई दो भिन्न घटनाओं में आतंकवादियों ने 65000 रुपए मूल्य का सोना और नगदी लूट लिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पांच आतंकवादी पहले कुलदीप सिंह के मकान में घुसे और 20000 की नकदी और 24,000 मूल्य के जेवरात लूट लिए । इसके बाद आतंकवादियों ने कुलदीप सिंह के पिता साधु सिंह को अपने साथ इसी गांव के कश्मीरा सिंह के यहां चलने को मजबूर किया । वहां उन्होंने 1000 रुपए और 24000 रुपए मूल्य के जेवरात लूट लिए । आतंकवादी लूट का माल लेकर भाग निकले ।

एक की हत्या : उग्रवादियों ने आज सायं जिला फिरोजपुर में तगेरभान गांव के निकट एक व्यक्ति जगजीत सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी ।

'वांछित युवकों' से आत्मसमर्पण की अपील : मोगा (ह.स.): पुलिस द्वारा वांछित सभी युवकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के जरिए आत्मसमर्पण कर दें । फरीदकोट के पुलिस प्रमुख सतीश कुमार शर्मा ने कल जंड साहब स्थित ग्राम पंचायतों की एक बैठक में युवकों को आश्वासन दिया कि उन्हें किसी भी तरह परेशान नहीं किया जाएगा बल्कि उनसे कानून के अनुसार पेश आया जाएगा । बैठक का आयोजन जिला शिकायत समिति ने किया ।

आतंकवादियों को शरण देने वाले, बारूद सप्लाई करने वाले पकड़े गए : राजपुरा (मासूम): ज्ञात हुआ है कि राजपुरा पुलिस खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के स्वयंभू कमांडर अतिन्दर पाल सिंह तथा उसके सैक्रेटरी परमजीत सिंह के बताने पर गत दिवस तीन शरणदाता व बारूद सप्लाई करने वाले दलीप सिंह, जगमोहन सिंह व परमजीत सिंह को बम्बई से गिरफ्तार कर लाई है । पता चला है कि पकड़ा जाने वाला परमजीत सिंह अतिन्दर पाल सिंह के सैक्रेटरी परमजीत सिंह का रिश्ते में साला लगता है व उसकी बम्बई फैक्टरी से पैकिंग होकर बारूद पंजाब आता था तथा यह बारूद बमों में प्रयोग किया जाता था । जांच जारी है । कई रहस्यों के खुलने की आशा है ।

उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना पुलिस ने गत रात्रि स्थानीय गुरु नानक इंजीनियरिंग कालेज के होस्टल से एक युवक जतिन्द्र सिंह बराड़ को कुछ उग्रवादियों को कथित रूप से आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक 12 बोर की डबल बैरल बन्दूक और 14 कारतूस बरामद किए हैं ।

कोई दावेदार न आया : प्रवक्ता ने बताया कि लुधियाना की गुड़ मंडी में लावारिस पड़े स्कूटर का दावा अभी तक किसी ने नहीं किया है । मंगलवार को इसमें कोई बम रख कर यहां छोड़ गया था । बम फटने के पहले ही इसका पता चल जाने से दुर्घटना होने से बच गई ।

स्कूटर छीन लिया : बटाला (कोछड़): दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गत सायं थाना श्री हरगोबिन्दपुर के क्षेत्र में स्थित गांव मन्नतपुर के निकट एक व्यक्ति जसवंत सिंह से हल्के हरे रंग का बजाज स्कूटर नं. पी.सी.एम. 8933 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कई शस्त्र बरामद : कपूरथला (शर्मा): जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि अक्तूबर मास में जिला पुलिस ने अवैध शस्त्रों के 16 केसों में 9 पिस्तौल, 3 रिवालवर, एक बन्दूक, एक माऊजर, एक हाथ गोला, 56 कारतूस पकड़े हैं । चोरी के 3 केसों का 255000 रुपए मूल्य का सामान, छीनने के 2 केसों का 35130 रुपए मूल्य का सामान, चोरी का सामान खरीदने के केस का 140000 रुपए का सामान, बरामद किया है । आबकारी की धारा के अधीन 41 केस पकड़ कर भारी मात्रा में अवैध शराब, पोस्त, लाहन बरामद किया है ।

3000 रुपए छीन लिए : फगवाड़ा (राकेश): कल कपूरथला का एक व्यापारी जगदीश लाल दुकान का सामान खरीदने लुधियाना गया तो रिक्शा पर जाते समय चांद सिनेमा के पास 2 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उससे 3000 रुपए छीन लिए व फरार हो गए ।

4-5 व्यक्ति हिरासत में : कल रात फगवाड़ा सिटी पुलिस ने अवतार नगर व बाबा मढियां आदि क्षेत्रों में छापे मार कर 4-5 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

एक और स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): कल सायं थाना सदर के गांव राजोवाल के एक व्यक्ति संतोख सिंह से 2 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.बी.एच. 3640 छीन लिया और फरार हो गए । वह कठार से राजोवाल जा रहा था कि रास्ते में घेर लिया गया ।

रिवाल्वर, कारतूस छीन कर ले गए : खन्ना (सहगल): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव माजरी थाना पायल में प्रातः 3 साइकल सवार उग्रवादी, जो पिस्तौलों से लैस थे, गांव के रिटायर्ड तहसीलदार गुरदेव सिंह के घर में घुस गए । उनकी आयु लगभग 25-26 वर्ष थी और उन्होंने अपने मुंह ढांप रखे थे । घर में दाखिल होते ही उन्होंने गुरदेव सिंह से उसका लाइसैंसी रिवाल्वर उनके हवाले करने को कहा और फिर रिवाल्वर व 17 कारतूस छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

तिहरे हत्याकांड में उम्रकैद

बलाचौर, 17 नवम्बर (सुभाष): 22 मई को हुए एक तिहरे हत्याकांड में अदालत ने तीन लोगों को उम्रकैद की सजा दी है ।

राष्ट्रीय मोर्चे के झंडे तले एकत्र विपक्षी नेता वीरवार को आगरा के रामलीला मैदान में आयोजित एक विशाल रैली में हाथ उठा कर जनता के अभिनंदन को स्वीकार करते हुए । चित्र में (बाएं से) सर्वश्री एच.एन. बहुगुणा, वी.पी. सिंह, एन.टी. रामाराव, एस.आर. बोमई, देवी लाल, अजीत सिंह आदि खड़े दिखाई दे रहे हैं । (फोटो : पैट्र.)

इंका द्वारा घोषित कार्यक्रम विपक्षी सरकार पहले ही लागू कर चुकी

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (ह.स., वार्ता): विपक्षी राष्ट्रीय मोर्चा की चार गैर-कांग्रेस (इ) राज्य सरकारों ने आज यहां कांग्रेस (इ) पर 'जनता को धोखा' देने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि कांग्रेस (इ) महासमिति द्वारा हाल में घोषित अधिकांश कार्यक्रमों को वे पहले ही अपने-अपने राज्यों में लागू कर चुकी हैं । यह विचार चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की यहां हुई बैठक में व्यक्त किया गया । ये चार गैर कांग्रेस (इ) राज्य सरकारें हैं—आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा और असम । इन चार प्रदेशों में क्रमशः तेलुगु देशम, जनता पार्टी, लोकदल (देवी लाल) और असमगण परिषद का शासन है । ये चारों पार्टियां सात दलीय विपक्षी राष्ट्रीय मोर्चा में शामिल हैं ।

आंध्र के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव, कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस.आर. बोमई और हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने बैठक में भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता श्री रामाराव ने की । असम के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत अपरिहार्य कारणों से आज की बैठक में शामिल नहीं हो सके । उनका प्रतिनिधित्व असमगण परिषद संसदीय पार्टी के नेता श्री दिनेश गोस्वामी ने किया । मोर्चा के संयोजक एवं जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी बैठक में भाग लिया ।

71 सूत्री कार्यक्रम : नैशनल फ्रंट के घटक दलों द्वारा शासित राज्य सरकारों ने फ्रंट के 71 सूत्री कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने का फैसला किया है । फ्रंट के मुख्यमंत्रियों की आज यहां हुई बैठक में तय किया गया कि इन राज्यों के उच्चाधिकारियों की शीघ्र ही बैठक होगी, जिसमें इस संबंध में विचार किया जाएगा जिसको अंतिम रूप देने के लिए मुख्यमंत्रियों की बैठक शीघ्र ही होगी ।

श्री रामाराव ने कहा कि इस 71 सूत्री कार्यक्रम में से 21 सूत्र केवल केंद्र ही लागू कर सकता है । बाकी पचास सूत्रों पर राज्य सरकारें पूरी या आंशिक रूप से कार्रवाई कर सकती हैं ।

श्री रामाराव ने बताया कि आज की बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि चारों राज्य सरकारें इन पचास सूत्रों में से अधिकतम के अंतर्गत कार्यक्रम शुरू किए जा चुके हैं ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि जहां तक मतदान की आयु 21 से 18 वर्ष करने का सवाल है, आंध्र तथा कर्नाटक में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में इन्हें पहले ही मतदान करने का अधिकार

श्री सिंह का कहना था कि गैर-कांग्रेस (इ) शासित राज्यों में कांग्रेस (इ) शासित राज्यों से अधिक स्थिरता है, इसलिए वहां जन-कल्याणकारी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू हो रहे हैं ।

फ्रंट के संयोजक श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि 12 विभिन्न मुद्दों पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए अलग-अलग कार्य दल गठित किए गए हैं । ये कार्य दल अपनी रिपोर्ट फ्रंट के संसदीय दल की बैठक में पेश करेंगे । कार्य दलों का गठन तीन नवम्बर को हुई फ्रंट की बैठक के लिए गए निर्णय के तहत किया गया । पंजाब कार्य दल का संयोजक श्रीराम मूर्ति को बनाया गया है ।

हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी ।

जयाप्रदा पर 107.40 लाख रुपए का आयकर बाकी

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (वार्ता): 30 जून तक 61 प्रमुख फिल्मी हस्तियों पर 8 करोड़ रुपए का आयकर बाकी था । अभिनेत्री जयाप्रदा पर 107.40 लाख रुपए, अमजद खान पर 77.09 लाख रुपए, रेखा पर 71.71 लाख रुपए, रजनी कांत पर 52.43 लाख रुपए, एन.टी. रामाराव पर 1.15 लाख रुपए का आयकर बकाया था ।

बहुगुणा ने जनता दल में शामिल होने का मार्ग खुला रखा

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (वार्ता): लोकदल अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगुणा ने आज कहा कि उनकी पार्टी की जनता दल में शामिल होने की बात अभी समाप्त नहीं हुई है । श्री बहुगुणा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आज अपराह्न शुरू हुई बैठक में इस प्रश्न पर विचार किया गया । बैठक कल भी जारी रहेगी । उन्होंने कहा कि उनके सामने तीन विकल्प हैं । जनता दल में शामिल होना, राष्ट्रीय मोर्चा का घटक बन कर रहना या फिर सीटों का तालमेल करना ।

दूरदर्शन से 'रामायण' का प्रसारण बीस से नहीं

चित्रकूट (म.प्र.), 17 नवम्बर (वार्ता):

मुठभेड़ों में बाज सिंह सहित 5 उग्रवादी व 2 सुरक्षा कर्मी मरे, एक व्यक्ति की हत्या

शाहकोट क्षेत्र में 65000 का सोना, नकदी लूटे; स्कूटर छीने गए

सिपाही समेत 12 उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 17 नवम्बर (ह.स., वार्ता): अमृतसर जिले में आज हुई दो मुठभेड़ों में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल बाज सिंह सहित 5 उग्रवादी मारे गए । एक मुठभेड़ में 2 सुरक्षा कर्मी भी मारे गए । अन्य एक व्यक्ति की हत्या की गई ।

चार उग्रवादी, दो पुलिस कर्मी मारे गए : अमृतसर (ह.स.): सुरक्षा बलों के साथ आज जिला अमृतसर में हुई भिड़ंत में भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल बाज सिंह उर्फ बाजा और उसके तीन साथी मारे गए । इससे पूर्व इन चारों उग्रवादियों के गिरोह ने आज सायं थाना घरिंडा जिला अमृतसर के गांव कोनके, जो भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट स्थित है, के निकट एक मोटर साइकिल सवार गश्ती पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था तथा हैडकांस्टेबल अजीत सिंह और कांस्टेबल हरदीप सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया था । बाद में इन दोनों पुलिस कर्मियों की घटनास्थल पर ही घावों की ताब न सहते हुए मृत्यु हो गई । सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में मुठभेड़ एक घंटा तक जारी रही ।

शस्त्र बरामद : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज चंडीगढ़ में बताया कि सुरक्षा बल बाज सिंह, जो कुछ समय पूर्व दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता का निकट साथी रहा है, का पीछा कर रहे थे । अन्य मारे गए उग्रवादियों में से दो की शिनाख्त साहिब सिंह और पुजारी के रूप में की गई है । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, एक राइफल, एक रिवाल्वर और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

पुलिस कर्मियों की वीरता : श्री गिल ने बताया कि उग्रवादियों द्वारा गश्ती दल के दो सदस्यों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद उग्रवादियों के साथ गांव के बाहर भिड़ंत हुई । उग्रवादियों के हमले से घायल हुए हैडकांस्टेबल अजीत सिंह और कांस्टेबल हरदीप सिंह ने पोजीशन सम्भाले रखी और भारी फायरिंग करके उग्रवादियों को उलझाए रखा तथा साथ ही वायरलैस पर सहायता मांगी । पुलिस और सी.आर.पी.एफ. सूचना पाकर समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और तब वहां भीषण मुकाबला हुआ । इसके तत्काल बाद उग्रवादियों ने भागने की कोशिश की लेकिन सुरक्षा बलों ने एक फार्म हाऊस तक उनका पीछा किया, जहां दोनों तरफ से भारी फायरिंग की गई और कहा जाता है कि सुरक्षा बलों ने कार्रवाई के दौरान हथगोले फैंके । चारों उग्रवादी मौके पर ही मारे गए ।

श्री गिल ने बताया कि बाज सिंह और साहिब सिंह दोनों के सिर पर 30-30 हजार रुपए का पुरस्कार था ।

एक और उग्रवादी मरा : अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरसिंहवाला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में आज रात्रि एक और उग्रवादी मारा गया । तरनतारन पुलिस जिले के चीफ संजीव गुप्ता ने बताया कि उसके कुछ साथी फरार हो गए । घटनास्थल से एक ए.के.-47 चीनी राइफल बरामद हुई है ।

हीरो होंडा भी छीना, लूट भी लिया : मानसा (मेहता): दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति दुर्गा दत्त से एक हीरो होंडा मोटर साइकल, 4 हजार के करंसी नोट, 15000 रुपए मूल्य का एक कड़ा और सोने की एक जंजीर छीन ली । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक हरचरण सिंह सिद्धू घटनास्थल पर पुलिस पार्टी के साथ गए और रास्ते में पड़ा हीरो होंडा बरामद कर लिया ।

10 उग्रवादी, सिपाही व शरणदाता गिरफ्तार : जालन्धर (ह.स.): शाहकोट जिला जालन्धर की पुलिस ने 10 उग्रवादियों और उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया है । इनमें से पांच की शिनाख्त हरबंस सिंह उर्फ बाबा, तरसेम सिंह, जोगा सिंह, अजायब सिंह और सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्जे से 12 बोर के 2 पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । जालन्धर पुलिस ने गत रात्रि कांस्टेबल सुखदेव सिंह उर्फ सुखा सिपाही, जो इस समय जिला भटिंडा में तैनात है, को दुर्दांत उग्रवादी मलकीयत सिंह उर्फ बाबा के साथ कथित रूप से घनिष्ट संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । सुखदेव सिंह थाना मेहता जिला अमृतसर के गांव चनांके का रहने वाला है ।

स्कूटर छीन लिया : जिला जालन्धर के थाना आदमपुर के गांव दयानतपुर के निकट से दो अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति संतोख सिंह का स्कूटर छीन लिया ।

अपनी ही राइफल से घायल : भोगपुर जिला जालन्धर में तैनात होम गार्ड जवान कुलविन्द्र सिंह अपनी राइफल साफ करते समय अचानक राइफल के चल जाने से घायल हो गया ।

65000 रुपए की नगदी, सोना लूट लिया : जालन्धर जिले में शाहकोट थाने के ऊधोवाल गांव में हुई दो भिन्न घटनाओं में आतंकवादियों ने 65000 रुपए मूल्य का सोना और नगदी लूट लिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पांच आतंकवादी पहले कुलदीप सिंह के मकान में घुसे और 20000 की नकदी और 24,000 मूल्य के जेवरात लूट लिए । इसके बाद आतंकवादियों ने कुलदीप सिंह के पिता साधु सिंह को अपने साथ इसी गांव के कश्मीरा सिंह के यहां चलने को मजबूर किया । वहां उन्होंने 1000 रुपए और 24000 रुपए मूल्य के जेवरात लूट लिए । आतंकवादी लूट का माल लेकर भाग निकले ।

एक की हत्या : उग्रवादियों ने आज सायं जिला फिरोजपुर में तंगेरभान गांव के निकट एक व्यक्ति जगजीत सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी ।

'वांछित युवकों' से आत्मसमर्पण की अपील : मोगा (ह.स.): पुलिस द्वारा वांछित सभी युवकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के जरिए आत्मसमर्पण कर दें । फरीदकोट के पुलिस प्रमुख सतीश कुमार शर्मा ने कल जंड साहब स्थित ग्राम पंचायतों की एक बैठक में युवकों को आश्वासन दिया कि उन्हें किसी भी तरह परेशान नहीं किया जाएगा बल्कि उनसे कानून के अनुसार पेश आया जाएगा । बैठक का आयोजन जिला शिकायत समिति ने किया ।

आतंकवादियों को शरण देने वाले, बारूद सप्लाई करने वाले पकड़े गए : राजपुरा (मासूम): ज्ञात हुआ है कि राजपुरा पुलिस खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के स्वयंभू कमांडर अतिन्दर पाल सिंह तथा उसके सैक्रेटरी परमजीत सिंह के बताने पर गत दिवस तीन शरणदाता व बारूद सप्लाई करने वाले दलीप सिंह, जगमोहन सिंह व परमजीत सिंह को बम्बई से गिरफ्तार कर लाई है । पता चला है कि पकड़ा जाने वाला परमजीत सिंह अतिन्दर पाल सिंह के सैक्रेटरी परमजीत सिंह का रिश्ते में साला लगता है व उसकी बम्बई फैक्टरी से पैकिंग होकर बारूद पंजाब आता था तथा यह बारूद बमों में प्रयोग किया जाता था । जांच जारी है । कई रहस्यों के खुलने की आशा है ।

उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार : लुधियाना (ह.स.): लुधियाना पुलिस ने गत रात्रि स्थानीय गुरु नानक इंजीनियरिंग कालेज के होस्टल से एक युवक जतिन्द्र सिंह बराड़ को कुछ उग्रवादियों को कथित रूप से आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक 12 बोर की डबल बैरल बन्दूक और 14 कारतूस बरामद किए हैं ।

कोई दावेदार न आया : प्रवक्ता ने बताया कि लुधियाना की गुड़ मंडी में लावारिस पड़े स्कूटर का दावा अभी तक किसी ने नहीं किया है । मंगलवार को इसमें कोई बम रख कर यहां छोड़ गया था । बम फटने के पहले ही इसका पता चल जाने से दुर्घटना होने से बच गई ।

स्कूटर छीन लिया : बटाला (कोछड़): दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गत सायं थाना श्री हरगोबिन्दपुर के क्षेत्र में स्थित गांव मन्नतपुर के निकट एक व्यक्ति जसवंत सिंह से हल्के हरे रंग का बजाज स्कूटर नं. पी.सी.एम. 8933 छीन लिया ।

पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कई शस्त्र बरामद : कपूरथला (शर्मा): जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि अक्तूबर मास में जिला पुलिस ने अवैध शस्त्रों के 16 केसों में 9 पिस्तौल, 3 रिवालवर, एक बन्दूक, एक माऊजर, एक हाथ गोला, 56 कारतूस पकड़े हैं । चोरी के 3 केसों का 255000 रुपए मूल्य का सामान, छीनने के 2 केसों का 35130 रुपए मूल्य का सामान, चोरी का सामान खरीदने के केस का 140000 रुपए का सामान, बरामद किया है । आबकारी की धारा के अधीन 41 केस पकड़ कर भारी मात्रा में अवैध शराब, पोस्त, लाहन बरामद किया है ।

3000 रुपए छीन लिए : फगवाड़ा (राकेश): कल कपूरथला का एक व्यापारी जगदीश लाल दुकान का सामान खरीदने लुधियाना गया तो रिक्शा पर जाते समय चांद सिनेमा के पास 2 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उससे 3000 रुपए छीन लिए व फरार हो गए ।

4-5 व्यक्ति हिरासत में : कल रात फगवाड़ा सिटी पुलिस ने अवतार नगर व बाबा मदियां आदि क्षेत्रों में छापे मार कर 4-5 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

एक और स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): कल सायं थाना सदर के गांव राजोवाल के एक व्यक्ति संतोख सिंह से 2 उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.बी.एच. 3640 छीन लिया और फरार हो गए । वह कठार से राजोवाल जा रहा था कि रास्ते में घेर लिया गया ।

रिवाल्वर, कारतूस छीन कर ले गए : खन्ना (सहगल): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव माजरी थाना पायल में प्रातः 3 साइकल सवार उग्रवादी, जो पिस्तौलों से लैस थे, गांव के रिटायर्ड तहसीलदार गुरदेव सिंह के घर में घुस गए । उनकी आयु लगभग 25-26 वर्ष थी और उन्होंने अपने मुंह ढांप रखे थे । घर में दाखिल होते ही उन्होंने गुरदेव सिंह से उसका लाइसैंसी रिवाल्वर उनके हवाले करने को कहा और फिर रिवाल्वर व 17 कारतूस छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

राष्ट्रीय मोर्चे के झंडे तले एकत्र विपक्षी नेता वीरवार को आगरा के रामलीला मैदान में आयोजित एक विशाल रैली में हाथ उठा कर जनता के अभिनंदन को स्वीकार करते हुए । चित्र में (बाएं से) सर्वश्री एच.एन. बहुगुणा, वी.पी. सिंह, एन.टी. रामाराव, एस.आर. बोमई, देवी लाल, अजीत सिंह आदि खड़े दिखाई दे रहे हैं । (फोटो : प्रैट्र.)

इंका द्वारा घोषित कार्यक्रम विपक्षी सरकार पहले ही लागू कर चुकी

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (ह.स., वार्ता): विपक्षी राष्ट्रीय मोर्चा की चार गैर-कांग्रेस (इ) राज्य सरकारों ने आज यहां कांग्रेस (इ) पर 'जनता को धोखा' देने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि कांग्रेस (इ) महासमिति द्वारा हाल में घोषित अधिकांश कार्यक्रमों को वे पहले ही अपने-अपने राज्यों में लागू कर चुकी हैं । यह विचार चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की यहां हुई बैठक में व्यक्त किया गया । ये चार गैर कांग्रेस (इ) राज्य सरकारें हैं—आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा और असम । इन चार प्रदेशों में क्रमशः तेलुगू देशम, जनता पार्टी, लोकदल (देवी लाल) और असमगण परिषद का शासन है । ये चारों पार्टियां सात दलीय विपक्षी राष्ट्रीय मोर्चा में शामिल हैं ।

आंध्र के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव, कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस.आर. बोमई और हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने बैठक में भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता श्री रामाराव ने की । असम के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत अपरिहार्य कारणों से आज की बैठक में शामिल नहीं हो सके । उनका प्रतिनिधित्व असमगण परिषद संसदीय पार्टी के नेता श्री दिनेश गोस्वामी ने किया । मोर्चा के संयोजक एवं जनता दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी बैठक में भाग लिया ।

71 सूत्री कार्यक्रम : नैशनल फ्रंट के घटक दलों द्वारा शासित राज्य सरकारों ने फ्रंट के 71 सूत्री कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने का फैसला किया है । फ्रंट के मुख्यमंत्रियों की आज यहां हुई बैठक में तय किया गया कि इन राज्यों के उच्चाधिकारियों की शीघ्र ही बैठक होगी, जिसमें इस संबंध में विचार किया जाएगा जिसको अंतिम रूप देने के लिए मुख्यमंत्रियों की बैठक शीघ्र ही होगी ।

श्री रामाराव ने कहा कि इस 71 सूत्री कार्यक्रम में से 21 सूत्र केवल केंद्र ही लागू कर सकता है । बाकी पचास सूत्रों पर राज्य सरकारें पूरी या आंशिक रूप से कार्रवाई कर सकती हैं ।

श्री रामाराव ने बताया कि आज की बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि चारों

श्री सिंह का कहना था कि गैर-कांग्रेस (इ) शासित राज्यों में कांग्रेस (इ) शासित राज्यों से अधिक स्थिरता है, इसलिए वहां जन-कल्याणकारी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू हो रहे हैं ।

फ्रंट के संयोजक श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि 12 विभिन्न मुद्दों पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए अलग-अलग कार्य दल गठित किए गए हैं । ये कार्य दल अपनी रिपोर्ट फ्रंट के संसदीय दल की बैठक में पेश करेंगे । कार्य दलों का गठन तीन नवम्बर को हुई फ्रंट की बैठक के लिए गए निर्णय के तहत किया गया । पंजाब कार्य दल का संयोजक श्रीराम मूर्ति को बनाया गया है ।

हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी ।

जयाप्रदा पर 107.40 लाख रुपए का आयकर बाकी

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (वार्ता): 30 जून तक 61 प्रमुख फिल्मी हस्तियों पर 8 करोड़ रुपए का आयकर बाकी था । अभिनेत्री जयाप्रदा पर 107.40 लाख रुपए, अमजद खान पर 77.09 लाख रुपए, रेखा पर 71.71 लाख रुपए, रजनी कांत पर 52.43 लाख रुपए, एन.टी. रामाराव पर 1.15 लाख रुपए का आयकर बकाया था ।

बहुगुणा ने जनता दल में शामिल होने का मार्ग खुला रखा

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (वार्ता): लोकदल अध्यक्ष हेमवती नन्दन बहुगुणा ने आज कहा कि उनकी पार्टी की जनता दल में शामिल होने की बात अभी समाप्त नहीं हुई है । श्री बहुगुणा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आज अपरान्ह शुरू हुई बैठक में इस प्रश्न पर विचार किया गया । बैठक कल भी जारी रहेगी । उन्होंने कहा कि उनके सामने तीन विकल्प हैं । जनता दल में शामिल होना, राष्ट्रीय मोर्चा का

उग्रवादियों द्वारा जिला अमृतसर में पहली बार राइफल राकेटों से हमला : अन्यत्र एक महिला सहित 2 हत्याएं

अमृतसर क्षेत्र में मृत उग्रवादी के.सी.एफ. का लै. जनरल प्रगट सिंह : 13 उग्रवादी व शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 18 नवम्बर (वि.प्र., वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के एक गांव में एक किसान तथा फिरोजपुर नगर में एक स्त्री की हत्या कर दी और अमृतसर में एक इंका नेता के घर पर 'राइफल राकेटों' से हमला किया । कल रात्रि अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत के दौरान मारे गए एक उग्रवादी की शिनाख्त प्रगट सिंह के रूप में की गई है, जो तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल था । सुरक्षा बलों ने राज्य में विभिन्न स्थानों से 13 उग्रवादियों और उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया है, अमृतसर में मुठभेड़ में घायल एक उग्रवादी भी गिरफ्तार किया गया है । करतारपुर के निकट सरकारी गोदाम से 200 बोरी गेहूं लूट ली गई ।

मारा गया उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल था : अमृतसर (हस): गत रात्रि जिला अमृतसर में गांव जोहड़ सिंह वाला के निकट जांच-कार्रवाई के दौरान सी.आर.पी.एफ. के साथ मुकाबले में मारे गये उग्रवादी की शिनाख्त तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल प्रगट सिंह के रूप में हुई है । 'बी' श्रेणी का यह दुर्दांत उग्रवादी उग्रवाद की कई वारदातों में पुलिस को वांछित था । सी.आर.पी.एफ. की 41वीं बटालियन की एक पार्टी द्वारा चुनौती दिए जाने पर इसके तीन अन्य साथी भाग निकले थे । उसके सिर पर 30000 रुपए का पुरस्कार था । उसके निकट से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल और 3 मैगजीन बरामद हुए थे ।

सुरक्षा बलों की बहुत बड़ी सफलता : सुरक्षा बलों की यह बहुत बड़ी सफलता समझी जा रही है, क्योंकि गत सायं ही सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बाज सिंह, साहिब सिंह आदि 4 दुर्दांत उग्रवादी मारे गए थे ।

बाज सिंह गिरोह ने 47 व्यक्ति मारे थे : श्री गिल ने पत्रकारों को बताया कि कल जिला अमृतसर में जवानों ने बाज सिंह उर्फ बाजा गिरोह को समाप्त करने में अनुकरणीय वीरता प्रदर्शित की है । अजनाला उपमंडल के लोगों ने इन उग्रवादियों की समाप्ति पर सुख का सांस लिया है । श्री गिल ने कहा कि इस गिरोह ने 47 लोगों की हत्या की थी और इनके विरुद्ध 19 केस दर्ज थे । इस गिरोह ने मजीठा पुलिस जिले में 31 लोगों की, जिला अमृतसर के रणगढ़ में 6 लोगों की, मानावाला और बानिके गांव में 5-5 लोगों की हत्याएं की थीं । श्री गिल ने कहा कि प्रगट सिंह को उग्रवाद में दुर्दांत उग्रवादी अवतार सिंह ब्रह्मा लाया था लेकिन बाद में उसने अपनी वफादारी बदल ली और खालिस्तान कमांडो फोर्स में शामिल हो गया ।

एक साथी घायल : आई.जी. पुलिस (सीमा क्षेत्र) श्री सी. पाल सिंह ने कहा है कि कल अमृतसर में मारे गए पांच उग्रवादियों में से तीन 'बी' श्रेणी के थे । दुर्दांत उग्रवादी प्रगट सिंह का एक साथी भी भिड़ंत में घायल हो गया है, सुरक्षा बल उसे जीवित या मृत पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं ।

सुरक्षा कर्मियों की पदोन्नति : इसी मध्य पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, जो घटनास्थल पर गए ने सभी पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों, जिन्होंने उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई में भाग लिया, को वर्तमान से अगले रैंक में पदोन्नत कर दिया है और वीरता एवार्डों एवं नगद लाभों की सिफारिश की है । कल उग्रवादियों से हुई भिड़ंत में मारे गए हैड कांस्टेबल हरजीत सिंह की अंत्येष्टि के अवसर पर श्री गिल, श्री पाल और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । कांस्टेबल अजीत सिंह की अंत्येष्टि उसके गांव सैदोके में पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ कर दी गई ।

इंका समर्थक के घर पर राइफल-राकेटों से हमला : आतंकवादियों ने कल रात पहली बार 'राइफल-राकेटों' का उपयोग करते हुए अमृतसर जिले में कांग्रेस (इ) के एक समर्थक के घर पर हमला किया । आतंकवादियों ने जिला अमृतसर के हरिके थाना क्षेत्र के गांव किरतोवाल में कल रात कांग्रेस (इ) के एक समर्थक के कच्चे मकान पर तीन राइफल-राकेट दागे लेकिन लक्ष्य चूक जाने के कारण कोई विशेष क्षति नहीं हुई । कुछ कच्चे मकानों को क्षति पहुंची है । राकेट केंद्रीय रिजर्व पुलिस की एक चौकी से कुछ दूरी पर फटे ।

छर्रे जांच के लिए भेजे गए : ये राकेट, जो दीवार भेदने की क्षमता रखते हैं, गांव के बाहर 200 से 300 मीटर के अंतर से फैंके गए । जहां राकेट फटे, वहां गहरे गढ़े पड़ गए । यह समाचार देते हुए सी.आर.पी.एफ. के नियंत्रण कक्ष ने बताया कि सी.आर.पी.एफ. की चौकी वहां से 400 मीटर के अंतर पर थी । धमाका सुनने के बाद जवान देखने आए कि क्या हुआ है लेकिन उन्हें कुछ पता न चला । उन्होंने आज प्रातः ये गढ़े देखे । राइफल-राकेटों के छर्रे एकत्रित करके जांच के लिए विशेषज्ञों को भेज दिए गए हैं ।

'मार्का' पता नहीं चल सका : फरवरी मास से लेकर अब तक उग्रवादी गिरोहों द्वारा राकेटों से किये हमलों में यह पांचवां हमला है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ये राकेट रूस के बने आर.पी.जी. 7-ए या भारत के बने सी.वाई. एन 9-ए जैसे लगते हैं लेकिन ये पहले समयों में चलाए गए राकेटों से कुछ छोटे हैं । विशेषज्ञों का विचार है कि ये राकेट लांचरों से नहीं बल्कि राइफलों से छोड़े जाते हैं यद्यपि ये क्षति दूसरे लांचरों जितनी ही करते हैं । उनका मार्का पता नहीं चल सका । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने नए शस्त्र प्राप्त किए हैं ।

आई.जी. (सीमा क्षेत्र) श्री पाल ने सम्पर्क करने पर शंका व्यक्त की कि उग्रवादियों का गांव में राइफल-राकेट फैंकने का उद्देश्य कोई और था । ये भारी धमाके वाले बड़े पटाखों की भांति थे । उन्होंने कहा कि घटनास्थल से जांच पड़ताल के लिए कुछ अल्मीनियम धातु जैसी धातु के टुकड़े उठाए हैं और इनकी विस्फोटक विशेषज्ञ द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है ।

किसान की हत्या : 'वि.प्र.' के अनुसार उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला अमृतसर के राना सदर तरनतारन के गांव पखोके में एक किसान नाभ सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । बताया गया है कि उग्रवादी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस थे, वे सीधे ही लाभ सिंह के घर में घुस गए और उसकी .12 बोर की बंदूक मांगी । उसके यह कहने पर कि उसकी बंदूक थाने में जमा है, इस पर उग्रवादियों ने गोलियों की बौछार कर दी, जिससे लाभ सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

उग्रवादी घायल, पकड़ा गया : पुलिस जिला मजीठा (अमृतसर) के गांव धर्मकोट के निकट सुरक्षा बलों से गत रात्रि हुए मुकाबले में एक उग्रवादी अमरीक सिंह घायल हो गया । सुरक्षाबलों ने उसे गिरफ्तार कर लिया । उसके ए.के. 47 राइफलों से लैस साथी भाग गए । अमरीक सिंह के साथ उसका ट्रैक्टर भी कब्जे में ले लिया गया है । अमरीक सिंह से कड़ी पूछताछ की जा रही है । घटना स्थल से चीनी असाल्ट राइफल के 11 गोली खोल भी बरामद हुए हैं ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : तरनतारन के पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार कल सायं पुलिस ने एक प्राइमरी स्कूल में छापा मार कर दो उग्रवादियों धर्म सिंह (बोल्ला) और सुरेंद्र सिंह (घाड़का) को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि वे किसी वारदात की तैयारी कर रहे थे ।

उग्रवादियों को शरण देने वाले चार गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिला से उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार तथा अन्य की शिनाख्त लखबीर सिंह, बलविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह उर्फ राजू और स्वर्ण सिंह के रूप में की गई है । उनके कब्जे से एक .303 की देसी पिस्तौल और 2 कारतूस बरामद हुए हैं ।

बंदूक छीनी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव शाहपुर गोराया स्थित खेड़ा सिंह के घर से दो सशस्त्र भ्रांत युवक उनकी लाइसैंसी एक नाली, 12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस लूट कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

4 शरणदाता गिरफ्तार : थाना श्री

(शेष पृष्ठ 10 पर)

आतंकवादियों द्वारा हथियारों के स्थानांतरण में महिलाओं का प्रयोग

अमृतसर, 18 नवम्बर (अशोक): पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध छेड़ी गई मुहिम के दृष्टिगत इन दिनों प्रमुख आतंकवादी गुट अपनी रणनीति में परिवर्तन लाने के लिए गुप्त सभाएं कर रहे हैं तथा अब शस्त्रास्त्रों को एक से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए महिलाओं का प्रयोग कर रहे हैं । ऐसी सूचनाएं गुप्तचर सूत्रों ने सरकार को पहुंचाई हैं । सरकार को भेजी गई सूचनाओं में कहा गया है कि प्रशासन की सतर्कता और पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध छेड़ी गई मुहिम निःसंदेह काफी अच्छे परिणाम ला रही है, अतः प्रमुख आतंकवादी गुट इस समय प्रशासन का ध्यान बंटाने के लिए वारदातें करने की अपेक्षा अपनी गुप्त बैठकें करने में व्यस्त हैं ताकि अपनी रणनीति में परिवर्तन लाकर पंजाब के वातावरण में एक-बार फिर आतंक पैदा किया जा सके ।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिस की ज्यादा सतर्कता सीमांत जिलों में होने के कारण आतंकवादी गुट अपनी गुप्त सभाओं का आयोजन पंजाब के भीतरी जिलों में कर रहे हैं । रिपोर्ट में कहा गया है कि इन दिनों पुलिस के हाथों आतंकवादियों के शस्त्रास्त्र भंडार न पड़ने का कारण आतंकवादियों द्वारा अपने हथियारों का स्थानांतरण है और इस कार्रवाई के लिए वे महिलाओं की मदद ले रहे हैं, क्योंकि महिलाओं की तलाशी का कोई विशेष प्रबन्ध नहीं है । आतंकवादी अपने इस कार्य में ग्रामीण महिलाओं के अलावा शहरी अपटूडेट महिलाओं का भी प्रयोग कर रहे हैं । सम्भ्रांत दिखने वाली महिला के किसी वाहन में बैठे होने पर सुरक्षा बल अथवा पुलिस वाले भी उस पर शक नहीं करते और न ही ऐसे वाहनों को रोका जाता है ।

Punjab Sanjeevani

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

हरगोबिन्दपुर पुलिस ने चार संदिग्ध लोगों नाजर सिंह, गुरमुख सिंह गांव तलवंडी भिण्डर व गुरमेज सिंह गेजा, लक्खा सिंह बोलेवाल को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

स्पष्टीकरण : जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने इन समाचारों का खंडन किया है कि कादियां क्षेत्र में कोई उड़ती रहस्यमयी वस्तु देखी गई है । सूत्रों ने स्पष्ट किया कि कादियां व श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्र के साथ-साथ मंड क्षेत्र में आतंकवादियों की खोजबीन के लिए पुलिस व सुरक्षा बलों ने 'आप्रेशन सत्ता' शुरू किया हुआ है, जिसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है ।

200 बोरी गेहूं लूट ली : जालंधर (हस): यहां से कुछ किलोमीटर दूर करतारपुर के पास कल रात ट्रक लेकर आये आठ व्यक्ति पंजाब राज्य खाद्यान्न भंडार के ताले तोड़ कर 40 हजार रुपए से अधिक लागत का 200 बोरी गेहूं लूट कर भाग गए ।

पुलिस के अनुसार लुटेरों ने चौकीदार को एक कमरे में बंद कर दिया और फिर गेहूं ट्रक में लाद कर ले गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । छानबीन चल रही है ।

फिरोज़पुर में उग्रवादियों ने कल रात्रि जिला फिरोज़पुर के गांव चूंबर भान में जगजीत सिंह उर्फ बाबा बूटा की हत्या कर दी थी ।

स्त्री की हत्या : फिरोज़पुर नगर में गत रात्रि कुछ उग्रवादियों ने एक व्यक्ति मेहर चंद के घर में घुस कर उसकी पत्नी ओम प्यारी की हत्या कर दी ।

3आश्रयदाता गिरफ्तार : होशियारपुर (अश्विनी): माहिलपुर पुलिस ने तीन व्यक्तियों मनजीत सिंह, दलजीत सिंह और सुखबिंद्र को उग्रवाद निरोधक कानून के अंतर्गत उग्रवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना सदर कपूरथला के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान जिला पुलिस ने दो उग्रवादियों चरण सिंह निवासी कालासंघिया तथा बढ़ा सिंह वासी मुकेरियां जिला होशियारपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक रिवाल्वर 38 बोर, एक पिस्तौल 303 तथा काफी संख्या में गोली-सिक्का बरामद किया है । स. स्वर्ण सिंह के अनुसार चरण सिंह पहले आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के कारण गिरफ्तार किया गया था । अब जमानत पर रिहा होकर आने के पश्चात अपने साथियों के साथ शस्त्र प्राप्त करके जिले में कोई बड़ी वारदात करने की योजना बना रहा था ।

उन्होंने आगे बताया कि इनकी गिरफ्तारी के पश्चात पुलिस अब आतंकवादी केसों में जमानतों पर आये तमाम कथित आतंकवादियों के संबंध में स्क्रीनिंग कर रही है ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार : धूरी (स): लहरागागा पुलिस ने एक व्यक्ति बसंत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर की पिस्तौल बरामद की है ।

2 अभियुक्त इश्तिहारी मुजरिम घोषित : पटियाला (भूषण): आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के दो वर्करों बिक्रम जीत सिंह बिट्टू और डाक्टर गुरमेल सिंह को नाभा की अदालत से इश्तिहारी मुजरिम घोषित कर दिया गया है । ये दोनों अभियुक्त धारा 392 के अंतर्गत एक केस में अदालत में पेशी पर न आए थे ।

स्कूटर छीन लिया : लुधियाना (आहजा): गत रात्रि माडल टाऊन क्षेत्र में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक बजाज चेतक स्कूटर पी.ए.एन. 1100 छीन लिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटर सवार ट्यूशन पढ़ कर लौट रहा था कि गुरुद्वारा सिंह सभा के निकट दो युवकों ने उसे रोका तथा पिस्तौल दिखा कर स्कूटर छीन लिया । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

ट्रक से पिस्तौल, कारतूस बरामद : बंगा (खोसला): आज तड़के लगभग अढ़ाई बजे बहराम के निकट अतिरिक्त एस.पी. श्री जागीर सिंह के नेतृत्व में की गई नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक की तलाशी ली गई और 315 बोर का एक पिस्तौल और 5 कारतूस बरामद किए गए । इस ट्रक नं. पी.जे.क्यू. 7195 के ड्राइवर तारा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

संघ के 500 कार्यकर्त्ताओं द्वारा जनजागरण का संकल्प

मोगा, 18 नवम्बर : डा. हेडगेवार जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा आयोजित संकल्प समारोह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नए व पुराने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लगभग 500 कार्यकर्त्ताओं ने डा. हेडगेवार की जन्म शताब्दी पर देश की एकता और अखंडता के लिए जनजागरण हेतु दृढ़ संकल्प लिया । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक श्री विश्वनाथ ने कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डा. साहिब की जन्म शताब्दी पर केवल उनके नाम की चर्चा करना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी राष्ट्रीय विचारधारा को जनमानस तक पहुंचाना है । उन्होंने कार्यकर्त्ताओं को एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया ।

गुमशुदा की तलाश



हमारे पूज्य पिता **श्री साधू राम जिंदल**, जिनकी आयु 75 वर्ष है, सफेद कमीज व सफेद धोती पहने हैं, दिनांक 30 अक्तूबर 1988 से लापता हैं । पता देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा । सूचित करें :

रंगी राम जिंदल
करियाना मर्चेंट
नज़दीक देवी मंदिर, इंद्री (करनाल)

क्लासीफाइड विज्ञापन

Punjab Samachar

'शराब ठेके पर फायरिंग से 10 मरे, अन्यत्र 3 हत्याएं, कुख्यात मेजर सिंह उग्रवादी गिरोहों की लड़ाई में कत्ल

चंडीगढ़, 19 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): आज सायं पठानकोट के पास उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी । पंजाब में अन्यत्र तीन लोगों की उग्रवादियों ने हत्या की । दुर्दांत उग्रवादी मेजर सिंह आज आतंकवादियों के गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

10 की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): आज सायं गुरदासपुर जिले के पठानकोट के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुन्दर चक में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी व 10 को घायल कर दिया । कई घायलों की हालत गंभीर है । बार्डर रेंज के आई.जी. सी. पाल सिंह ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके के बाहर एकत्र भीड़ पर फायरिंग की । घायलों को सिविल अस्पताल पठानकोट ले जाया गया । पड़ोसी जिलों में रैड अलर्ट जारी कर दी गई है । एक सूचना के अनुसार तीन मोटर साइकिलों व स्कूटरों पर सवार उग्रवादियों ने बस अड्डे पर फायरिंग की थी । पांच घायल पठानकोट सिविल अस्पताल में तथा पांच घायल सैनिक अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं ।

पठानकोट से महेंद्रपाल के अनुसार उग्रवादी हीरो होंडा मोटर साइकिल पर थे और एक धर्म स्थान की ओर फरार हुए । उन्होंने बस अड्डे पर ठेके के बाहर 8 व बाद में जनकराज रेहड़ी वाले की हत्या की । घायलों की संख्या 7 है ।

मृतकों में पठानकोट की आर्मिस सोसाइटी के इंस्पैक्टर परवेश कुमार, जनकराज, बाबू राम, शेर सिंह, जनकराज (दूसरा) आदि शामिल हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़) : कल रात थाना कादियां के गांव मनोहरपुर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात 9 बजे 2 स्कूटर सवार उग्रवादी रिटायर्ड फौजी कर्मचारी चरण सिंह के घर आए तथा ए.के. 47 राईफल से गोलियां चला कर उसे मार डाला । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

बटाला पुलिस ने एक आतंकवादी भजन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल बरामद की ।

दो सशस्त्र उग्रवादियों ने थाना कादियां के निकट गांव धारीवाल में एक व्यक्ति निर्मल सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो जवान घायल : आज बाद दोपहर गुरदासपुर जिला में सेखवां गांव में आतंकवादियों के एक गुट के साथ मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए । इनके नाम कांस्टेबल दलाल चंद तथा कांस्टेबल माधो खान बताए जाते हैं । उन्हें क्रमशः अमृतसर तथा बटाला के अस्पतालों में दाखिल कराया गया है ।

जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार कल आतंकवादियों ने गांव धारीवाल के निकट एक स्कूटर पी.ए.ओ. 4430 छीना था । सुरक्षा बलों की एक पार्टी ने आज दोपहर वह स्कूटर देखा, जिस पर 2 उग्रवादी सवार थे । उनका पीछा किए जाने पर स्कूटर सवार एक युवक ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके दो जवानों को घायल कर दिया तथा स्कूटर फैंक कर गन्ने के खेत में लुप्त हो गए । पुलिस व बी.एस.एफ. ने सारा क्षेत्र घेर लिया तथा आतंकवादियों की खोज जारी है ।

मेजर सिंह मारा गया : अमृतसर (वार्ता): एक दुर्दांत उग्रवादी मेजर सिंह जिसके सिर पर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ताह समारोह
3

VISHVAS EDUCATIO

Wanted a highly qualif
English Medium and Co-ed
Secondar School, Hissar.
with CBSE Rules and Reg
administrative experience
preferably.

Also wanted teachers (P
school subjects including M
Craft for **Vishvas Scho**
Markanda, Panchkula, Si
(Hissar), Fatehabad, Ran
Kurukshetra and Jind.

Applications on plain
degrees, certificates and
their applications be sen
Secretary (Academics) cu

Punjabi Samachar

शराब ठेके पर फायरिंग से 10 मरे, अन्यत्र 3 हत्याएं, कुख्यात मेजर सिंह उग्रवादी गिरोहों की लड़ाई में कत्ल

चंडीगढ़, 19 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): आज सायं पठानकोट के पास उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम10 लोगों की हत्या कर दी । पंजाब में अन्यत्र तीन लोगों की उग्रवादियों ने हत्या की । दुर्दांत उग्रवादी मेजर सिंह आज आतंकवादियों के गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

10 की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): आज सायं गुरदासपुर जिले के पठानकोट के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुन्दर चक में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम10 लोगों की हत्या कर दी व 10 को घायल कर दिया । कई घायलों की हालत गंभीर है । बार्डर रेंज के आई.जी. सी. पाल सिंह ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके के बाहर एकत्र भीड़ पर फायरिंग की । घायलों को सिविल अस्पताल पठानकोट ले जाया गया । पड़ोसी जिलों में रैड अलर्ट जारी कर दी गई है । एक सूचना के अनुसार तीन मोटर साइकिलों व स्कूटरों पर सवार उग्रवादियों ने बस अड्डे पर फायरिंग की थी । पांच घायल पठानकोट सिविल अस्पताल में तथा पांच घायल सैनिक अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं ।

पठानकोट से महेंद्रपाल के अनुसार उग्रवादी हीरो होंडा मोटर साइकिल पर थे और एक धर्म स्थान की ओर फरार हुए । उन्होंने बस अड्डे पर ठेके के बाहर 8 व बाद में जनकराज रेहड़ी वाले की हत्या की । घायलों की संख्या 7 है ।

मृतकों में पठानकोट को-आप्रेटिव सोसाइटी के इंस्पैक्टर परवेश कुमार, जनकराज, बारू राम, शेर सिंह, जनकराज (दूसरा) आदि शामिल हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कांछड़) : कल रात थाना कादियां के गांव मनोहरपुर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात 9 बजे 2 स्कूटर सवार उग्रवादी रिटायर्ड कस्टम कर्मचारी चरण सिंह के घर आए तथा ए.के. 47 राईफल से गोलियां चला कर उसे मार डाला । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

बटाला पुलिस ने एक आतंकवादी भजन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल बरामद की ।

दो सशस्त्र उग्रवादियों ने थाना कादियां के निकट गांव धारीवाल में एक व्यक्ति निर्मल सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो जवान घायल : आज बाद दोपहर गुरदासपुर जिला में सेखवां गांव में आतंकवादियों के एक गुट के साथ मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए । इनके नाम कांस्टेबल दलाल चंद तथा कांस्टेबल माधो खान बताए जाते हैं । उन्हें क्रमशः अमृतसर तथा बटाला के अस्पतालों में दाखिल कराया गया है ।

जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार कल आतंकवादियों ने गांव धारीवाल के निकट एक स्कूटर पी.ए.ओ. 4430 छीना था । सुरक्षा बलों की एक पार्टी ने आज दोपहर वह स्कूटर देखा, जिस पर 2 उग्रवादी सवार थे । उनका पीछा किए जाने पर स्कूटर सवार एक युवक ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके दो जवानों को घायल कर दिया तथा स्कूटर फेंक कर गन्ने के खेत में लुप्त हो गए । पुलिस व बी.एस.एफ. ने सारा क्षेत्र घेर लिया तथा आतंकवादियों की खोज जारी है ।

मेजर सिंह मारा गया : अमृतसर (वार्ता): एक दुर्दांत उग्रवादी मेजर सिंह जिसके सिर पर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सिनेमा हाल में बम विस्फोट

श्रीनगर, 19 नवम्बर (ह.स.): कल देर रात यहां शेरवानी रोड स्थित एक सिनेमा हाल को बम से उड़ाने की नाकाम कोशिश की गई । पुलिस के मुताबिक सिनेमा हाल के अंदर रखा गया टाईम बम अंतिम शो खत्म होने के बाद करीब ग्यारह बजे फटा, जिससे कुछ सीलिंग पंखे और सीटों की कतारें क्षतिग्रस्त हो गईं । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

ताह समारोह
3

सहकारिता मंत्री

VISHVAS EDUCATIO

Wanted a highly qualifi
English Medium and Co-ed
Secondar School, Hissar. H
with CBSE Rules and Regu
administrative experience i
preferably.

Also wanted teachers (P.
school subjects including Mu
Craft for **Vishvas Schoo**
Markanda, Panchkula, Siw
(Hissar), Fatehabad, Ram
Kurukshetra and Jind.

Applications on plain p
degrees, certificates and te
their applications be sent
Secretary (Academics)-cum
Secondary School, Urban Est
Dec., 1988.

Handsome salary depend
experience.

दिल्ली में जाने-माने सबसे पु
चौक मोनी, अमृतसर का नया सैंटर
एवं : J-153 राजौरी गार्डन

मेजर सिंह मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

25,000 रुपए का ईनाम था, आज जिला अमृतसर में उग्रवादियों की आपसी लड़ाई में मारा गया । 'प्लस बी' श्रेणी उग्रवादी मेजर सिंह का गोलियों से छलनी शव आज तरनतारन पुलिस जिला में गांव गोहलवड़ के निकट खेतों में मिला । तरनतारन पुलिस जिला चीफ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि मेजर सिंह भिडरांवाला टाईगर फोर्स के चीफ तथा पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल का निकट साथी था तथा जिला में अनेक हत्याओं में वांछित था । वह बरपाल गांव का निवासी था ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने बीरवार की रात्रि को अमृतसर जिले के किरतोवाल ग्राम में सी.आर.पी. की चौकी पर तीन राइफल राकेट चलाए जाने की जिम्मेदारी ली है । संदेह है कि के.सी.एफ. के बख्शीश सिंह गुट ने यह कार्रवाई की ।

महिला की हत्या : अमृतसर जिले के कत्थूनंगल थाना क्षेत्र के ग्राम मान में चार उग्रवादियों ने एक ग्रंथी सुखदेव सिंह की पत्नी श्रीमती चंचल कौर की किरपानों से हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने घर में घुस कर सुखदेव सिंह व बच्चों को पहले कमरे में बंद कर दिया और फिर चंचल कौर की हत्या कर दी ।

ठेका जला दिया : गुरुहरसहाय (कमल): पिंडी ग्राम में उग्रवादियो ने गत रात्रि शराब का एक ठेका जला दिया और शराब की बोतलें लूट लीं ।

घुसपैठिया मरा : ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया व उसके साथी फरार हो गए ।

पैट्रोल पम्प लूटा : जालंधर के भोगपुर में दो उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प लूट लिया व स्कूटर छीन कर उस पर फरार हो गए ।

एक सूचना के अनुसार उग्रवादी पचास हजार रु. लूट कर ले गए ।

तेजधार हथियारों से हत्या : मोगा से आजाद के अनुसार गत रात चड़िक रोड पर स्थित बस्ती मोहन सिंह में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति सेवक सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी जबकि उसके पिता, मां तथा चाचा के लड़के को घायल कर दिया । घायलों को स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा उसने इसे पुरानी दुश्मनी का मामला बताया है ।

औरत का साहस : फिरोजपुर (बागी) : थाना मल्लांवाला के गांव बाघेवाला में एक किसान मक्खन सिंह से उसकी 12 बोर की बंदूक छीनने की कोशिश किसान की साहसी पत्नी मुख्तार कौर ने नाकाम बना दी । मक्खन सिंह ने पुलिस में दी गई रिपोर्ट में कहा है कि गांव का भूतपूर्व सरपंच जीत सिंह अपने लड़के बिट्टू तथा एक नौकर के साथ उसके घर में घुसे तथा मुख्तार कौर को धमकी देकर कहा कि वह अपने पति की बंदूक व गहने आदि उनके हवाले कर दे । उसके इन्कार करने पर उन्होंने गोली चलाई तथा उसे घायल कर दिया लेकिन मुख्तार कौर ने साहसपूर्वक उनका मुकाबला किया और शोर मचा दिया । शोर सुनकर साथ के कमरे में सोया मक्खन सिंह जाग उठा तथा उसने अपनी बंदूक से फायर किए जिस पर लुटेरे भाग खड़े हुए । पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है परन्तु जीत सिंह अभी तक फरार है । मक्खन सिंह ने कहा कि उसके परिवार का जीवन खतरे में है अतः पुलिस को फरार अभियुक्त को पकड़ कर उसके विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए ।

फरीदकोट पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनके नाम बलविंदर सिंह, अजमेर सिंह तथा हरचंद हैं । इन आतंकवादियों से तीन पिस्तौल व 11 कारतूस बरामद हुए ।

सम्पादक गिरफ्तार : पटियाला (भूषण) : स्थानीय पुलिस ने पंजाबी साप्ताहिक 'खिदमत' के सम्पादक सरदूल सिंह के विरुद्ध आपत्तिजनक गतिविधियों के आरोप में भारतीय दंड विधान की धारा 384/306 तथा आतंकवाद उन्मूलन कानून की धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज किया है । इसके साथ ही उसके विरुद्ध फौजदारी कानून के अन्तर्गत भी कार्रवाई आरम्भ की गई है । सरदूल सिंह को कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था तथा उसका 25 नवम्बर तक न्यायिक रिमांड लिया गया है । उसके विरुद्ध आरोप है कि उसने एक होटल मालिक से धन ऐंठने के लिए धमकीपूर्ण पत्र लिखा था ।

अफवाह : खन्ना (पूर्ण) : आज प्रातः साढ़े सात बजे खन्ना नगर पालिका बस स्टैंड में बम की अफवाह ने सनसनी फैला दी । बस स्टैंड में लगे लकड़ी के खोखे के नीचे प्लास्टिक का एक बंद लिफाफा पड़ा था जिसमें से तारें बाहर निकली हुई थीं । सवारियों ने उसे बम समझा । पुलिस को सूचित किया गया जिसने वहां पहुंच कर बस स्टैंड को घेर लिया तथा कोई बस अड्डे में दाखिल न होने दी । एस.एच.ओ. श्री अमर सिंह ने लिफाफे को उठा कर अपनी जीप में रख लिया । जब पुलिस स्टेशन ले जाकर उसे खोला गया तो उसमें से बिजली की नली सूर्ख तारें निकलीं । किसी शरारती ने लिफाफे को खोखे के नीचे रख दिया था । आध घंटा बाद ट्रैफिक चालू हो सका ।

रिवाल्वर ले गए : यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव माजरी से तीन आतंकवादी गुरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका 455 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए । आतंकवादी प्रातः 7 बजे उसके मकान में दाखिल हुए और पिस्तौल दिखा कर उसका लाइसैंसी रिवाल्वर मांगा, जोकि गुरदेव सिंह ने उन्हें दे दिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

रुपए लूटे : आज शाम जिला लुधियाना के खन्ना सदर थाना के अंतर्गत समराला में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोपाला ट्रेडिंग कम्पनी समराला से दस हजार रुपए लूट लिए ।

5 शरणबाता गिरफ्तार : होशियारपुर जिला में मोहिलपुर थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर पुलिस ने 5 व्यक्तियों को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया । इनके नाम कर्मजीत सिंह, दलजीत सिंह, सुखविन्दर सिंह, जगपाल सिंह उर्फ अवतार सिंह तथा अमरजीत सिंह उर्फ अम्बा बताए जाते हैं । वे खतरनाक उग्रवादियों रणजीत सिंह उर्फ राणा तथा बचन सिंह को शरण देते थे ।

भटिंडा पुलिस ने मंडीकलां में एक व्यक्ति उजागर सिंह उर्फ उक्कड़ को गिरफ्तार किया तथा उससे 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस बरामद किए ।

मतदान आयु

(पृष्ठ 3 का शेष)

पीछे सबसे बड़ा कारण ग्रह है कि इस समस्या के बारे में प्रधानमंत्री ने किसी एक व्यक्ति विशेष को जिम्मेदारी नहीं सौंपी है तथा जो भी इस समस्या के बारे में कार्यरत हैं वे अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग अलाप रहे हैं ।

उन्होंने केन्द्र सरकार की इस बात के लिए आलोचना की कि एक तरफ तो वे धर्म को राजनीति से न जोड़े जाने के पक्षधर हैं दूसरी ओर अकालियों के राजनीतिक नेताओं की अपेक्षा वे उनके धार्मिक नेताओं से अन्दरखाने गठजोड़ कर रहे हैं जोकि अत्यन्त दुखदायी बात है ।

भाजपा नेता ने कहा कि किसी भी सूरत में केन्द्र को किसी भी उग्रवादी संगठन से पंजाब समस्या के बारे में विचार नहीं करना चाहिए । उनका कहना था कि पंजाब समस्या राजनीतिक है तथा इसके लिए प्रधानमंत्री को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर इस समस्या का व्यापक समाधान खोजना चाहिए ।

उन्होंने अकाली नेताओं से अनुरोध किया कि वे पंजाब समस्या के बारे में अपनी नीति स्पष्ट करें ।

Punjab Kesari



...यों द्वारा शनिवार रात को 10 लोगों की ...क राज निवासी माझी महता, (2) प्रदीप ... बारू राम, (6) जनक राज निवासी (छाया : विनोद)

कट्टर आतंकवादी बख्शीश सिंह 'शीशा' व गिरोह के 4 सदस्य मुठभेड़ में मारे गए

हैड कांस्टेबल सहित 4 की हत्याएं, जांच को जा रहे डी.एस.पी., सिपाही की जीप उलटने से मृत्यु

लखबीर सिंह लक्खा पुलिस को चकमा देकर फरार

चंडीगढ़, 20 नवम्बर (वार्ता, हस): सुरक्षा बलों ने आज एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए कट्टर आतंकवादी बख्शीश सिंह शीशा तथा उसके 4 साथियों को एक मुठभेड़ में मार डाला । कल बटाला पुलिस जिले में सेखवां गांव के पास 7 घंटे तक हुई मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लक्खा बच निकलने में सफल हो गया । अन्यत्र एक हैडकांस्टेबल सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई । एक काण्ड की जांच करने जा रहे डी.एस.पी. व एक सिपाही की मृत्यु तब हो गई जब पुलिस की जीप उलट गई ।

5 आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (सोनी, वार्ता): सुरक्षा बलों ने आज एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए खालिस्तान कमांडो फोर्स के कट्टर आतंकवादी बख्शीश सिंह शीशा तथा उसके चार साथियों को मुठभेड़ में मार डाला । बख्शीश सिंह के सिर पर 30,000 रुपए का इनाम घोषित था । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि बख्शीश सिंह व चार अन्य आतंकवादी थाना भिखीविंड क्षेत्र में हलगांव में मारे गए । श्री गिल ने बताया कि सुरक्षा बल फरार हुए पांच आतंकवादियों का पीछा कर रहे हैं । यह आतंकवादी एक फार्म हाऊस में छिपे हुए थे । फार्म हाऊस में 5 ए.के. 47 राइफलें, 8 राकेट लांचर, दो रिवाल्वर, दो .38 रिवाल्वर, मैगजीन, बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का तथा नकदी मिली ।

तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने कहा कि पक्की सूचना मिलने पर पुलिस और सी.आर.पी. की संयुक्त पार्टी ने गांव के बाहर स्थित फार्म हाऊस पर छापा मारा । जैसे ही पुलिस पार्टी फार्म हाऊस के निकट पहुंची, अंदर से भारी फायरिंग हुई । सुरक्षा बलों ने भी अवाबी फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप 5 आतंकवादी मारे गए जबकि 5 अन्य वहां से फरार हो गए ।

बख्शीश सिंह के अलावा एक अन्य मृत आतंकवादी की पहचान गुरदेव सिंह निवासी नवांपिंड थाना बल्टोहा के रूप में हुई है । विवरण के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी तरनतारन सब-डिवीजन में लूटमार, हत्या की वारदातों में सरगर्म हैं तथा यह गांव झग्गियां और भाई लड्डू के बीच घूम रहे हैं । इस पर तरनतारन के एस.एस.पी. ने मुख्यालय से फोर्स मंगवाई जिसने पूरे क्षेत्र को घेर लिया । आतंकवादियों ने अपने आपको घिरे हुए देख कर प्रातः 8.30 बजे फायरिंग शुरू की तथा 11 बजे तक मुकाबिला होता रहा । सूचना मिलने पर आई.जी. (बार्डर) श्री सी. पाल सिंह, डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क घटनास्थल पर पहुंच गए ।

पुलिस और सुरक्षा बलों ने इस गिरोह के बारे में एक महीने से बड़े पैमाने पर व्यापारियों के अपहरण तथा जबरी पैसे की वसूली के मामले आने के बाद पिछले सप्ताह काफी कड़ा रुख अपनाया । तरनतारन पुलिस जिला के चीफ ने बताया कि बख्शीश सिंह इस क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों में सबसे अधिक दुर्दांत था ।

मुठभेड़ का ब्यौरा : आई.जी. (बार्डर) श्री सी. पाल सिंह ने पत्रकारों को घटनास्थल पर बताया कि 'शीशा' के सी.एफ. के प्रमुख आतंकवादियों में से एक था । एक अन्य मृत आतंकवादी सुखराज सिंह उर्फ राणा था । मारे गए आतंकवादियों की आयु 15 से 20 वर्ष के बीच थी । श्री सिंह ने बताया कि बरामद हुए हथियारों में एक छोटे राकेट छोड़ने वाली एक मिनी राइफल भी शामिल है । देश में पहले इस तरह की राइफल नहीं देखी गई । आई.जी. ने बताया कि बख्शीश सिंह गिरोह के विरुद्ध 7 घंटे की कार्रवाई में गोलीबारी 3 घंटे तक हुई । आतंकवादियों ने मिनी लांचर के साथ 8-10 राकेट दागे । इसके अलावा हथगोले भी फैंके और ए.के. 47 राइफलों से भारी गोलीबारी की । सुरक्षा बलों ने भी छोटे मोर्टार, हथगोलों का प्रयोग किया तथा एल.एम.जी., सैल्फ लोडिंग व 303 राइफलों से फायरिंग की । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने गिरोह के अलगों कोठी गांव में घूमते होने की सूचना मिलने के बाद प्रातः 4 बजे क्षेत्र को घेर लिया । भारी धुंध के कारण उन्हें आतंकवादियों का पता लगाने में कठिनाई हुई लेकिन आतंकवादियों का पीछा जारी रखा तथा उन्हें अलगों कोठी गांव से 6 मील दूर चानियां झग्गियां गांव में देखा गया । आतंकवादी वहां से दो किलो मीटर दूर गांव भाई लड्डू की ओर चले गए जहां वास्तविक कार्रवाई आरम्भ हुई । आतंकवादियों ने गेहूं के एक खुले खेत में ईंटों के बने एक ढांचे के पीछे छुप कर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । प्रातः 11 बजे तक उन पांचों को घेर लिया गया । आई.जी. ने कहा कि इस कार्रवाई में, जो पिछले काफी अर्से में आतंकवादियों के विरुद्ध सबसे बड़ी कार्रवाई है, सी.आर.पी. की 48वीं, 38वीं, 78वीं तथा 83वीं बटालियन के 6 सौ जवानों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारियों ने भी भाग लिया ।

पोर्टेबल राकेट लांचर : वहां से मिनी पोर्टेबल राकेट लांचर मिला है । यह एक दुर्लभ हथियार है । उग्रवादियों ने इसी से आज 10 राकेट चलाए थे । इसी से बुधवार को एक इंका नेता के घर पर राकेट चलाए गए थे । यह राकेट लांचर रूसी आर.पी.जी.-74, भारतीय सी.वाई.एल.-9 ए से छोटा है ।

40 हत्याएं कीं : बीसियों आतंकवादी वारदातों के अलावा यह गिरोह तरनतारन सब डिवीजन में विभिन्न स्थानों पर कम से कम 40 व्यक्तियों की हत्या में शामिल था जिसमें खेमकरण के निकट 5 बस यात्रियों की हत्या, डी.एस.पी. पट्टी पर हमला, सी.आर.पी. की पार्टियों पर घात लगा कर हमले तथा लाखों रुपए ऐंठना भी शामिल है । आतंकवादियों के पास विशेष किस्म का गोली-सिक्का था । जिस क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई वह बड़ा पिछड़ा क्षेत्र है और वहां कोई पक्की सड़क भी नहीं है । पूरा क्षेत्र एक पुलिस शिविर दिखाई दे रहा था । पांचों आतंकवादियों की लाशें विभिन्न स्थानों पर पड़ी थीं । गिरोह के सरगना शीशा को सबसे अधिक गोलियां लगीं । उसके चेहरे का दायां हिस्सा तथा दायां हाथ उड़ गया ।

ग्रंथी घायल : आज सायं अमृतसर के सदर थाना के ग्राम थांडे के गुरुद्वारे के ग्रंथी को छुरा मार कर घायल करने वाले 3 उग्रवादी निहंगों को पकड़ कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया ।

घुसपैठिया मारा गया : जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

2 स्कूटर छीने : बटाला से प्राप्त सूचना के अनुसार कल शाम थाना कादियां के गांव मनोहरपुर में दो सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति जगीर सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । एक अन्य वारदात में आज जैतो सरजा गांव में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति जोगा सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

दुर्दांत उग्रवादी बच निकला : कल रात सेखवां गांव के निकट 7 घंटे तक हुए मुकाबिले के बाद प्लस बी श्रेणी का आतंकवादी और तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर लखबीर सिंह उर्फ लक्खा अपने एक साथी समेत सुरक्षा बलों को चकमा देकर फरार हो गया । लखबीर सिंह उर्फ लक्खा के सिर पर 30,000 रुपए का इनाम है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह पक्की सूचना मिलने पर कि कुछ आतंकवादी गांव सेखवां के बाहर एक फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं, सुरक्षा बलों ने वहां छापा मारा । पुलिस को देख कर आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अमृतसर के ग्राम भाई लड्डू के पास रविवार को प्रातः हुई मुठभेड़ में मारे गये उग्रवादी (1) बख्शीश सिंह शीशा तथा (2 से 5) उसके साथियों के शव, (6) घटनास्थल पर पड़े उग्रवादियों के शव, (7) उग्रवादियों से मिला पोर्टेबल राकेट लांचर, (8) घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आई.जी. बार्डर रेंज सी. पाल सिंह, डी.आई.जी.सी.आर.पी. एस.एस. विर्क, एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा आदि, (9-12) उग्रवादियों से बरामद अन्य हथियार, ए.के.-47 राइफलें, रिवाल्वरें, पिस्तौलें, राकेट लांचर, राकेट, गोली सिक्का । (छाया : रवि भंडारी)

सैम्बली के अनेक
ा का आश्वासन

...रें बनने की संभावना पैदा हो गई है ।
...ांतीय असैम्बलियों के चुनावों के कुछ दिलचस्प ...ा सामने आये हैं । दो काम चलाऊ ...मंत्री उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत के अवकाश ...ते लै. जनरल फजले हक तथा सिंध के अख्तर ... धराशायी हुए । यह हश्र अवामी नैशनल ...के प्रमुख वली खां का अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र ...ह्दा में हुआ।
...पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने सिंध में 100 में से ... सीटों पर जीत हासिल की । लगभग ...तिहाई सीटों पर मुहाजिर कौमी मुहिम ने कब्जा ...या ।
...महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत में सरकार समर्थित ...मी जम्हूरी इत्तेहाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी से ...के मुकाबले 108 सीटों से आगे है ।
...उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत तथा बलूचिस्तान की ...त ज्यादा अस्थिर है । यहां वोटों का बंटवारा ...ावृत अधिक हुआ है ।
...पूं तो उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत के काम ...ऊ मुख्यमंत्री अवकाश प्राप्त लै. जनरल फजले ...वार प्रांतीय सीटों पर खड़े होने के बावजूद कहीं ... जीत का मुंह नहीं देख सके, फिर भी सत्तारूढ़ ...मी जम्हूरी इत्तेहाद अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टियों से ...ी सीटों से आगे है । पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ... है ।
...अब तक घोषित परिणामों में वली खान की ...मी नैशनल पार्टी 15 प्रतिशत स्थान प्राप्त ...के तीसरे स्थान पर है ।
...अवकाश प्राप्त लै. जनरल फजले हक तथा ... खां उत्तर पश्चिमी सीमांत प्रांत की असैम्बली ...जीत हासिल करनेमेंवफल रहे हैंलेकिन अपनी ...ीय असैम्बली की सीटें जीत चुके हैं ।

Punjab Sanadi

थाना सदर पठानकोट के गांव सुंदरचक में आतंकवादियों द्वारा शनिवार रात को 10 लोगों की हत्या कर दी गई । मृतकों में से 8 के शव : (1) जनक राज निवासी माड़ी महंतां, (2) प्रदीप कुमार, (3) किशन चंद, (4) रणजीत सिंह, (5) बारू राम, (6) जनक राज निवासी सुंदरचक, (7) बलबीर चंद, (8) सुरेंद्र कुमार । (छाया : विनोद)

Punjab Sahaj

बख्शीश सिंह मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

शुरू कर दी जिससे बी.एस.एफ. के कांस्टेबल लाल चंद तथा एक हैड कांस्टेबल घायल हो गए ।

इसी बीच पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, एस.एस.पी. बटाला श्री शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ मठभेड़ वाले स्थान पर पहुंचे लेकिन भारी गोलीबारी के बावजूद लक्खा और उसका साथी एक स्कूटर पर फरार होने में सफल हो गए जोकि उन्होंने जगीर सिंह नामक व्यक्ति से छीना था । लक्खा इससे पहले भी दो बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो चुका है ।

हत्या : लक्खा के गिरोह के आतंकवादियों ने इसके पहले कादियां थाने के तहत मनोहरपुर गांव में गुरचरन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

लक्खा इसके पहले भी एक बार पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो गया था ।

2 की हत्या : फरीदकोट जिले के डोड ग्राम में शराब के ठेके पर उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से बलदेव सिंह व तोता सिंह नामक दो लोग मारे गए ।

डी. एस. पी. तथा सिपाही मरा : इस घटना की जांच के लिए जा रही पुलिस पार्टी की जीप उलट गई, जिससे डी.एस.पी. हरिन्दर सिंह, सिपाही ड्राइवर जसबीर सिंह की मृत्यु हो गई व दो सिपाही घायल हो गए ।

स्कूटर छीना : धुरी (सिंगला): दो अज्ञात व्यक्ति बरनाला के सुनील दत्त से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नम्बर 2243 छीन कर ले गए । इसी बीच एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि थाना मूनक के एस.एच.ओ. महेंद्र सिंह को गांव जलूर के जगतार सिंह से दो हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

शव मिला : लुधियाना जिला के गांव साहनेवाल कलां में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया । शव पर तेज धार हथियारों के निशान हैं ।

हैड कांस्टेबल की हत्या : लुधियाना (ह.स.): आज रात्रि लुधियाना जिले के कोला ढाक ग्राम में उग्रवादियों ने स्वर्ण सिंह नामक हैड कांस्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह समराला में सी.आई.ए. में तैनात था । घटना के समय वह एक केस की जांच करने उक्त ग्राम जा रहा था । उग्रवादी उसका रिवाल्वर छीन ले गए ।

मुसाफिर के अनुसार वह मोटर साइकल पर जा रहा था ।

उग्रवादियों द्वारा पंजाब में एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

दुर्दांत आतंकवादी 'मिनी बाबा' गिरफ्तार, 10 हत्याओं में वांछित था

3 लाख की फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण

चंडीगढ़, 21 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में उग्रवादियों ने एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक दर्दांत उग्रवादी जोगेंद्र सिंह उर्फ मिनी बाबा को गिरफ्तार किया गया जो कि जिला फिरोजपुर में 10 व्यक्तियों की हत्या में वांछित था । नकोदर क्षेत्र में तीन लाख रुपए की फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण कर लिया गया ।

4 व्यक्तियों की हत्या : फिरोजपुर (बागी, कन्तोड़): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के पांच आतंकवादियों ने गत रात आठ बजे मंड क्षेत्र में दो किलो मीटर दूर गांव ढानी गुरमुख सिंह में एक परिवार के चार सदस्यों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । विवरण देते हुए डी.एस.पी. श्री कुलतार सिंह ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादियों ने किरपाल सिंह (70) तथा उसके तीन लड़कों गुरमुख सिंह (45), सुखचैन सिंह (30) तथा शाहबेग सिंह (35) की हत्या कर दी जबकि सुखबीर कौर नामक स्त्री को घायल कर दिया ।

डी.एस.पी. ने बताया कि घटनास्थल पुलिस थाना मल्लांवाला से तीन किलो मीटर दूर स्थित है जहां हत्यारे एक पत्र छोड़ गए जिस पर निशान सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली गई है । पुलिस ने 32 चले हुए कारतूस बरामद किए ।

डी.एस.पी. ने दावा किया कि पुलिस ने मक्खू क्षेत्र में सामूहिक हत्याएं करने वाले तथा धन ऐंठने वाले के.सी.एफ. के गिरोह का खात्मा कर दिया है और इस गिरोह के सरगना डाक्टर जोगेन्द्र सिंह उर्फ मिनी बाबा को गिरफ्तार कर लिया । 25 वर्षीय जोगेन्द्र सिंह का विवाह 6 मास पहले हुआ था । उन्होंने कहा कि गत रात गांव आसल में नाकेबंदी के दौरान तीन व्यक्तियों को पुलिस ने चुनौती दी जिसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई । मुठभेड़ के बाद जोगेन्द्र सिंह मिनी बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उससे एक चीनी राइफल मिली जिस पर 'मिनी बाबा' खुदा हुआ था । उसके दो साथी जसवन्त सिंह चांगली तथा शमशेर सिंह सिद्धू शाहबाला फरार हो गए ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान जोगेन्द्र सिंह ने गत मास बस्ती अजीज़ वाली में दस हरिजनों की हत्या में शामिल होने की स्वीकारोक्ति की । डी.एस.पी. ने कहा कि जोगेन्द्र सिंह गांव कुलगढ़ी में डाक्टरी की दुकान करता था और के.सी.एफ. के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल गुरजंट सिंह राजस्थानी तथा गुरनाम सिंह बंडाला के कहने पर काम कर रहा था । उसने मक्खू क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा लोगों का अपहरण किया तथा उनसे तीस लाख रुपए बटोरे जो के.सी.एफ. के लिए हथियार खरीदने के लिए थे । पुलिस ने आतंकवादियों के चार शरणदाताओं को भी गिरफ्तार किया ।

सरपंच के घर पर फायरिंग : मक्खू (शेखर): गांव कामलवाला में उग्रवादियों ने कल रात सरपंच गुरदीप सिंह के घर पर उस समय फायरिंग की, जब घर वालों ने दरवाजा खोलने से इन्कार कर दिया । उग्रवादी फायरिंग करने के बाद मंड क्षेत्र की ओर फरार हो गए ।

चार गिरफ्तार : पुलिस ने मक्खू के मंसूर देवा गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके नाम रणजीत सिंह, जज सिंह, गुरदेव सिंह तथा हरदीप सिंह बताए गए हैं ।

फिरौती के लिए अपहरण : नकोदर (गगन): नकोदर से आठ किलो मीटर दूर गांव नवांपिंड में रह रहे एक आढ़ती श्री बुद्ध प्रकाश के आठ वर्षीय बच्चे का उस समय पांच हथियारबंद व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया जब आढ़ती का सारा परिवार रात को घर में हाजिर था । फिरौती मांगने वालों ने घर वालों को धमकी दी है कि वे कल को बताए स्थान पर तीन लाख रुपए लेकर पहुंच जाएं, नहीं तो बच्चे को जान से मार दिया जाएगा । फिरौती मांगने वालों ने उन्हें यह भी धमकी दी कि वे देश से बाहर गए लोगों की जमीनें जोतनी छोड़ दें, नहीं तो उन्हें इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे । घर वाले बच्चा लेने के लिए काफी दौड़-धूप कर रहे हैं ।

बोरी में बंद युवक का शव बरामद : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने कल रविवार अलीवाल नहर के निकट से गोलियों से छलनी बोरी में पड़ा एक शव बरामद किया है, इसकी शिनाख्त गांव गुजरपुरा निवासी 21 वर्षीय राजेन्द्र कुमार बिट्टू के रूप में हुई है, मृतक अलीवाल में मनियारी की दुकान करता था । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार 14-15 नवम्बर की रात को गांव गुजरपुरा स्थित इसके घर से 8-10 पुलिस वर्दीधारी हथियार बंद अज्ञात लोग इसके हाथ बांध कर यह कह कर ले गए थे कि इसे थाना मजीठा ले जा रहे हैं । ज्ञात हुआ है कि मृतक के अभिभावक थाना मजीठा में गए थे लेकिन थाने वालों ने ऐसे किसी युवक को थाने में लाने से इन्कार किया था और यह तब से लापता था ।

खिलाड़ी की हत्या : समराला (भारद्वाज): यहां से निकटवर्ती खमानों के समीप आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निर्मल सिंह उर्फ निम्मा की लाश बरामद हुई है, जो कि बाद में पोस्टमार्टम के लिए समराला के सिविल अस्पताल लाई गई । शव के साथ आए निर्मल सिंह के सम्बन्धियों ने बताया कि वह घर से (गांव बरवाली खुर्द) लगभग 12 बजे मानपुर में हो रहे टूर्नामैंट के लिए अपने मोटर साइकल पर सवार होकर चला था, परन्तु कुछ ही देर बाद लगभग साढ़े बारह बजे उनको पता लगा कि निम्मा की लाश खमानों के समीप पड़ी है, जिसके पास मोटर साइकल भी खड़ा है । मृतक के सिर में गोली का निशान बताया जाता है । मोटर साइकल पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । मृतक मंडीकरण बोर्ड का कर्मचारी बताया जाता है जिसने कुछ समय पहले पुलिस विभाग से इस्तीफा दे दिया था ।

भटिंडा जिला के गांव रंगपाल में जंग सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

घायल कर दिया : अमृतसर (ह.स.): आज प्रातः थाना अजनाला के एक गांव में अज्ञात व्यक्तियों ने प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया । उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

इसी बीच भाई लड्डू गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ से मारे गए एक और उग्रवादी की पहचान परमजीत सिंह उर्फ पम्मा के रूप में हुई है । इस मुठभेड़ में दर्दांत उग्रवादी बख्शीश सिंह उर्फ 'शीशा' सहित 5 उग्रवादी मारे गए थे । अभी एक उग्रवादी की शिनाख्त होनी बाकी है ।

47,000 के आभूषण चोरी : खन्ना से सहगल की सूचना के अनुसार दोपहर एक बजे के लगभग लम्बी कालोनी में प्रो. बी.के. चम की कोठी से कुछ संदिग्ध व्यक्ति 47,000 रुपए मूल्य के आभूषण लूट कर ले गए । उस वक्त प्रो. चम कालेज गए हुए थे और उनकी धर्मपत्नी दवाई लेने गई हुई थी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

गत सायं जिला फरीदकोट में गांव डोड में एक शराब के ठेके पर फायरिंग करके आतंकवादियों ने गुरदेव सिंह और तोता सिंह की हत्या कर दी थी ।

डी.एस.पी. श्री एच.एस. गिल के नेतृत्व में जो पुलिस पार्टी भागते हुए आतंकवादियों का पीछा कर रही थी उस पर घात लगाकर हमला किया गया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में जीप चालक जसबीर सिंह मारा गया । तत्पश्चात बेकाबू हुई जीप एक पेड़ से टकरा गई और आगे की सीट पर बैठे श्री गिल ने वहीं दम तोड़ दिया ।

फगवाड़ा (खोसला): आज स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गांव डढ़े के एक व्यक्ति जसविन्दर सिंह को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

वाहनों के लिए 3 माह में एक बार में टैक्स प्रणाली

नई दिल्ली, 21 नवम्बर (वार्ता): ट्रांसपोर्ट डिवैलपमैंट कौंसिल ने 3 माह में देश भर में सभी निजी वाहनों के लिए 'एक बार टैक्स प्रणाली' लागू करने की सिफारिश की है ।

भोपाल गैस कांड से प्रभावित एक व्यक्ति रोज़ मरता है

भोपाल, 21 नवम्बर : 1984 के भोपाल गैस कांड से प्रभावित लोगों में से एक व्यक्ति प्रतिदिन की दर से दम तोड़ रहे हैं । इस वर्ष अक्तूबर तक 3289 लोगों की मृत्यु हो चुकी है ।

उग्रवादियों के 28 ग्रुप सरगर्म

लुधियाना, 21 नवम्बर (मुसाफिर): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि इस समय पंजाब में उग्रवादियों के 28 ग्रुप सरगर्म हैं । खालिस्तान कमांडो फोर्स में आपसी ग्रुपबाजी चल रही है । इसका झामके ग्रुप ज्यादा सरगर्म है । गत दिनों लौढ़वाल के निकट सरकारी फार्म पर 19 व्यक्तियों की हत्या में इसी ग्रुप का हाथ था । उन्होंने कहा कि गत दिवस उग्रवादियों ने डी.एस.पी. श्री एच.एस. गिल की घात लगाकर हत्या की है । घटनास्थल से एक पत्र मिला है जिसके नीचे गुरजंट सिंह बधसिंहवाला लिखा हुआ है । उन्होंने कहा कि बटाला के क्षेत्र में उग्रवादी ज्यादा सरगर्म हैं, फिर भी पुलिस का दबाव जारी है । लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर जबरन रुपए वसूल करने की घटनाएं पट्टी व तरनतारन क्षेत्र में कम हो गई हैं और अब जिला फिरोजपुर में होने लगी हैं ।

पंजाबियों की "पुकार" न जाने प्रधानमंत्री को सुनाई क्यों नहीं देती : बलदेव प्रकाश

अमृतसर, 21 नवम्बर (नारंग): कल सायं भारतीय जनता पार्टी अमृतसर के कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया । इसमें प्रदेश एवं

डा. प्रकाश ने कहा कि पंजाब समस्या राजनैतिक समस्या नहीं रही, काफी देर पहले यह जरूर कुछ राजनैतिक थी, यह उस समय की बात है, जब श्री लौंगोवाल जीवित थे और तब अकाली दल ने

पंजाब में हिन्दी बोलने वाले सिखों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं : आहलुवालिया

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (वा.) : राज्यसभा ने आज मत व्यक्त किया है कि देश में सभी को अपनी मनचाही भाषा बोलने का अधिकार है । एस.एस. आहलूवालिया ने आज राज्यसभा में बताया कि पंजाब में हिन्दी बोलने वाले सिखों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं । उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार से आए स्वर्ण सिंह बग्गा को लुधियाना के एक न्यायालय में हिन्दी बोलने से रोका गया ।

उनका कहना था कि न्यायालय में हिन्दी बोलने की वजह से उन्हें न सिर्फ हत्या की धमकियां दी गई बल्कि उन्हें मारा-पीटा गया तथा उनकी बहन का अपहरण कर लिया गया । इसके बावजूद श्री बग्गा ने कहा कि वह न्यायालय में सिर्फ हिन्दी में बोलेंगे क्योंकि अपनी भाषा में बोलना उनका अधिकार है ।

श्री आहलूवालिया के इस प्रस्ताव में अधिकतर सदस्य सहमत थे कि प्रत्येक भारतीय को अपनी मनपसंद भारतीय भाषा में बोलने का अधिकार होना चाहिए । पीठासीन उपाध्यक्ष नजमा हेपतुल्ला ने कहा कि पूरा सदन श्री आहलूवालिया के विचारों से सहमत है ।

पटना : पंजाब और बिहार सरकारों के प्रयत्नों से श्री स्वर्ण सिंह बग्गा के जीवन में कोई खुशी नहीं लौटी, जिनकी बीमार बहन का पंजाब में शरारती तत्वों ने अपहरण कर लिया था । अभागी श्रीमती स्वर्णा कुमारी 1984 में श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों के दृष्टिगत पंजाब चली गई थी । श्रीमती स्वर्णा कुमारी कपूरथला में बस गई थीं । वह समस्तीपुर में अपना साइकल स्टोर कौडियों के भाव बेच आई थीं ताकि अपना शेष जीवन कपूरथला में शांति से बसर कर सकें परन्तु उन्हें क्या पता था कि उनके साथ क्या बीतने वाला है । इस समय शरारती लोगों ने उसे बिना किसी कसूर के बंधक बनाया हुआ है ।

उनकी मुसीबतें तब शुरू हुई, जब उनके भाई स्वर्ण बग्गा का लुधियाना में एक मुकद्दमे में हिंदी में गवाही देने के सवाल पर कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ । धमकियों के बावजूद श्री बग्गा ने घोषणा की कि वह भविष्य में भी हिंदी में बोलना जारी रखेंगे । इससे वे लोग उत्तेजित हो गए तथा उन्होंने न सिर्फ उन्हें मारपीट की बल्कि धमकियां भी दीं । उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि वे हिंदी के प्रति अपना प्रेम

Punjabi Sarathi

जीप सवार उग्रवादियों द्वारा कैथल में फायरिंग : 17 लोगों की हत्या, 36 घायल : कमांडो पहुंचे

पंजाब में 2 की हत्या, बिजली बोर्ड कर्मचारियों से 77,800 रु. लूटे

चंडीगढ़, 22 नवम्बर (एन.एस. परवाना, वार्ता. ह.स.): आज रात्रि उग्रवादियों ने पंजाब के पड़ौसी राज्य हरियाणा के कैथल शहर में अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी व 36 लोगों को घायल कर दिया । पंजाब में विभिन्न स्थानों पर एक होमगार्ड सहित 2 लोगों की हत्या की गई व रैय्या में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों से 77800 रु. लूट लिए गए । विभिन्न जगहों पर कई उग्रवादी व उनके शरणदाता भी गिरफ्तार किए गए ।

कैथल में फायरिंग : एन.एस. परवाना. वार्ता. ह.स.): आज रात्रि हरियाणा के कैथल नगर में उग्रवादियों द्वारा एक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में की गई अंधाधुंध फायरिंग से कम से कम 17 व्यक्ति मारे गए व लगभग 36 लोग घायल हो गए । घायलों को पड़ौसी जिलों के अस्पतालों में भरती कराया गया । ए.के.-47 चीनी राइफलों व अन्य स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग करने के बाद उग्रवादी घटनास्थल से फरार हो गए । घटना की सूचना मिलते ही हरियाणा के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह व पुलिस महानिदेशक श्री एस.एस. बराड़ घटनास्थल को रवाना हो गए । कैथल को आने जाने वाले रास्ते सील कर दिए गए हैं और उग्रवादियों की खोज की जा रही है ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार लगभग आधा दर्जन उग्रवादियों ने रेलवे गेट, नंदाना गेट व प्रताप गेट पर अंधाधुंध फायरिंग की । इससे 5 व्यक्ति मौके पर ही मारे गए व 12 घायलों की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई । अन्य घायलों की हालत गम्भीर है ।

उग्रवादियों ने सबसे पहले प्रताप गेट पर फायरिंग की और फिर वहां से सर्कुलर संगतपुरा रोड की ओर फायरिंग करते हुए चले गए । यह नरसंहार आधा घंटा तक चलता रहा ।

उग्रवादी जीप पर थे : कुरुक्षेत्र से प्रमोशा के अनुसार यह वारदात सायं 7.30 बजे हुई । घायलों की संख्या 60-70 है । गम्भीर घायलों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ भेजा गया है । उग्रवादियों ने कम से कम 3 जगह फायरिंग की । उग्रवादी जीप पर सवार थे ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार 12 गम्भीर घायलों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया है । डी.आई.जी. (सी.आई.डी.) एम.एस. मलिक, डी.आई.जी. रेलवे व आपरेशन श्री एस. पेठी, सम्पूर्ण कमांडो फोर्स, राज्य मुख्यालय व कुरुक्षेत्र जिला मुख्यालय से वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी कैथल पहुंच गए हैं ।

मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका : सूचनाओं के अनुसार कई घायलों की हालत अत्यन्त चिन्ताजनक होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है । कैथल पंजाब सीमा के पास ही है ।

खन्ना के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया हवालदार पुलिस स्वर्ण सिंह (छाया शर्मा स्टूडियो)

पांच माह से भी कम समय में यह चौथी बार हरियाणा में उग्रवादियों ने वारदात की है । पहले कुरुक्षेत्र के एक बाजार में 'रामायण' देख रहे लोगों पर बम फैंक कर 16 लोगों की हत्या की गई थी, फिर पिहोवा में एक सिनेमा हाल के बाहर 6 लोगों की गोली मार कर हत्या की गई थी । पानीपत में सड़क के किनारे एक डेरे में हो रहे विवाह समारोह पर भी फायरिंग करके महिलाओं, बच्चों सहित 16 लोगों की हत्या की गई थी ।

77,800 रुपए छीने : अमृतसर (ह.स.): आज बाद दोपहर यहां से 35 किलो मीटर दूर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड रैय्या के उप-कार्यालय से आतंकवादियों ने 77,800 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार दो-तीन आतंकवादियों ने कैशियर व दो अन्य कर्मचारियों से बंदूक की नोक पर उस समय रकम छीनी जब वे कार्यालय से बाहर आ रहे थे । वे धन को बैंक में जमा कराने जा रहे थे । पुलिस जांच कर रही है ।

'जसपाल' के अनुसार तीन आतंकवादियों ने 70,666 रुपए लूटे । बताया जाता है कि कैशियर चरण सिंह बोर्ड के तीन अन्य कर्मचारियों के साथ एक मैटाडोर में सवार होकर बुटारी बिजली घर से पंजाब एंड सिंध बैंक में रुपए जमा कराने जा रहा था । आतंकवादियों ने पहले टायरों में गोलियां मारकर मैटाडोर को रोका तथा बाद में कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर नकदी छीनी व दो आतंकवादी स्कूटर पर फरार हो गए जबकि तीसरा एक ट्रैक्टर पर सवार होकर फरार हुआ ।

आज शाम अमृतसर जिला के गांव ख्याला कलां में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जयकरन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

6 शरणदाता बंदी : (भूषण): पटियाला जिला में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के 6 शरणदाताओं को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने दी । गिरफ्तार किए गए लोगों में बलदेव सिंह, धनवन्त

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में गिरफ्तार आतंकवादियों की संख्या

यूरोप में मारुति कारों के निर्यात की संभावना

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (ह.स.): उद्योग मंत्री जे. वेंगलराव ने आज लोकसभा में बताया कि पूर्वी यूरोपीय देशों में मारुति कारों के निर्यात की अच्छी सम्भावना है । उन्होंने बताया कि 1989 के दौरान पूर्वी यूरोपीय देशों को तीन हजार से पांच हजार तक वाहनों का निर्यात होने की सम्भावना है ।

पैट्रोल : पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री श्री ब्रह्म दत्त ने आज लोकसभा में बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो की वर्तमान विशिष्टियों के अनुसार भारत में पैट्रोल में 0.56 ग्राम प्रति लीटर (अधिकतम) तक लेड होता है । इस समय देश की रिफाइनरियों में उत्पादन किए जा रहे 27 आक्टेन पैट्रोल में 0.10 से 0.45 ग्राम प्रतिलिटर लेड की मात्रा होती है ।

श्री ब्रह्म दत्त ने पी.आर. कुमार मंगलम के सवाल के जवाब में कहा कि कुछ विकसित देशों में गैसोलीन (पैट्रोल) में लेड की अधिकतम मात्रा 0.15 ग्राम प्रति लीटर तक होती है । सरकार ने रिफाइनरियों में यथावश्यक अतिरिक्त सुविधाएं स्थापित करके भारत में पैट्रोल में लेड की मात्रा को कम करके 0.15 ग्राम प्रति लीटर करने की कार्रवाई आरम्भ कर दी है ।

अवमानना अधिनियम : विधि और न्याय राज्यमंत्री हंसराज भारद्वाज ने आज राज्यसभा में बताया कि न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971 में कोई संशोधन करने का प्रस्ताव नहीं है ।

उन्होंने श्री अजित जोशी के प्रश्न के उत्तर में बताया कि न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 14, 14 (2) और धारा 19 में

पंजाब में हिन्दी बोलने वाले सिखों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं : आहलुवालिया

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (वा.) : राज्यसभा ने आज मत व्यक्त किया है कि देश में सभी को अपनी मनचाही भाषा बोलने का अधिकार है । एस.एस. अहलूवालिया ने आज राज्यसभा में बताया कि पंजाब में हिन्दी बोलने वाले सिखों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं । उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार से आए स्वर्ण सिंह बग्गा को लुधियाना के एक न्यायालय में हिन्दी बोलने से रोका गया ।

उनका कहना था कि न्यायालय में हिन्दी बोलने की वजह से उन्हें न सिर्फ हत्या की धमकियां दी गईं बल्कि उन्हें मारा-पीटा गया तथा उनकी बहन का अपहरण कर लिया गया । इसके बावजूद श्री बग्गा ने कहा कि वह न्यायालय में सिर्फ हिन्दी में बोलेंगे क्योंकि अपनी भाषा में बोलना उनका अधिकार है ।

श्री आहलूवालिया के इस प्रस्ताव में अधिकतर सदस्य सहमत थे कि प्रत्येक भारतीय को अपनी मनपसंद भारतीय भाषा में बोलने का अधिकार होना चाहिए । पीठासीन उपाध्यक्ष नजमा हेपतुल्ला ने कहा कि पूरा सदन श्री आहलूवालिया के विचारों से सहमत है ।

एक अन्य विशेष उल्लेख के माध्यम से भारतीय

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के रहते आतंकवादी अपने कुत्सित इरादों में सफल नहीं हो सकेंगे । ये लोग चाहते हैं कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को खराब किया जाए । उन्होंने कहा कि प्रदेश की आम सिख जनता प्रदेश में भ्रातृभाव रखने व साम्प्रदायिकता की स्थिति न पैदा होने देने के मामले में उनके साथ है ।

उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि इंका के कुछ मात खाए नेता कैथल की दर्दनाक घटना से राजनीतिक लाभ लेने के चक्कर में हैं तथा आज पिहोवा में शरारत के उद्देश्य से जुलूस निकालने का

स्वस्तिक विहार
(एक पिकाडली उद्यम)
सामने सैक्टर 7, पंचकूला में
बिक्री के लिए
निर्मित शाप-कम-आफिस/फ्लैट्स
(मनीमाजरा के साथ, शिमला-कालका रोड को जोड़ने वाली 240' चौड़ी सड़क के दोनों तरफ)

शाप-कम-आफिस/फ्लैट्स
साइज़ 60'x17'-3"

Punjabi Samachar

इस गोलीकांड के विरोध में जिला कुरुक्षेत्र में काफी तनावपूर्ण स्थिति है । जिला अधिकारियों ने तनाव की स्थिति को सामने रखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना शुरू कर दिया है तथा उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त पग उठाए जा रहे हैं ।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि चाहे कैथल में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है लेकिन यह नियंत्रण में है । कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है और स्थानीय नेताओं से सम्पर्क करके उनसे यह अनुरोध किया गया है कि वे शांति व्यवस्था नियंत्रण में रखने के लिए जिला प्रशासन की सहायता करें ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने इस घटना में मारे गए व्यक्तियों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए की एक्सग्रेशिया ग्रांट और घायलों को 10-10 हजार रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार शाम के लगभग 7 बजे 5 आतंकवादी हरे रंग की जीप में सवार होकर आए और चांदना गेट, रेलवे गेट तथा प्रताप गेट पर ए.के. 47 चीनी राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । चलती जीप से फायरिंग करने से 5 व्यक्ति मौके पर ही मारे गए जबकि 14 व्यक्तियों की कैथल के सिविल अस्पताल में मृत्यु हुई । इस घटना में घायल हुए 40 व्यक्तियों में से 19 व्यक्तियों की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भेजा गया लेकिन उनमें से तीन व्यक्ति जिनके नाम ओम प्रकाश, प्रीतम कलड़ा तथा संजय बताए जाते हैं, रास्ते में ही दम तोड़ गए । इस समय इस घटना के 21 घायल कैथल अस्पताल में तथा 16 पी.जी.आई. में उपचाराधीन हैं । पी.जी.आई. के डाक्टरों के अनुसार यहां लाए गए घायलों में से हवा सिंह, पाला राम तथा इन्द्र भवन नामक तीन व्यक्तियों की दशा नाजुक बनी हुई है । खबरों के अनुसार यह आतंकवादी जो कि पंजाब के क्षेत्र से आए थे, घटना के बाद बाबा लदाना रोड की ओर से वापस पंजाब के क्षेत्र में चले गए । हरियाणा पुलिस ने इन आतंकवादियों का पता लगाने के लिए उनका पंजाब के क्षेत्र में काफी दूर तक पीछा किया परन्तु आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए कच्चे रास्ते से फरार होने में सफल रहे ।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि आतंकवादियों ने यह कांड बड़े सुनियोजित ढंग से किया । अब तक की जानकारी के अनुसार आतंकवादियों का एक साथी कैथल के स्थानीय गुरुद्वारा के पास खड़ा था जिसे आतंकवादी यह वारदात करने के लिए अपने साथ जीप में ले गए । जिस समय आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, उस समय कैथल में बिजली सप्लाई गुल थी । इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि बिजली सप्लाई गुल करने में कहीं आतंकवादियों का तो हाथ नहीं था । इस सिलसिले में कैथल के पावर सब स्टेशन के कर्मचारियों से जांच-पड़ताल की जा रही है ।

घायलों के साथ यहां आए लोगों में से गणेश नामक व्यक्ति ने बताया कि वह अपने भाई के साथ पायी । जिसे आतंकवादियों ने अपनी ओर देखता पाया उसे ही वे गोलियों का निशाना बनाते चले गए ।

घायलों में शामिल एक 5 वर्षीय बच्ची स्मिता के सम्बन्धियों ने बताया कि वह अपने पिता बंत लाल, चाचा रोशन लाल तथा अपने दो भाई-बहनों के साथ बाजार से सामान खरीदने के बाद घर वापस आ रही थी । उसके पिता व चाचा की गोलियां लगने से मौत हो गई जबकि तीनों भाई-बहन घायल हो गए ।

आज सुबह राज्यपाल श्री एच.ए. बरारी तथा मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने अलग-अलग तौर पर पी.आई.जी. जाकर घायलों का हाल-चाल पूछा । श्री देवी लाल ने सभी घायलों को मुफ्त चिकित्सा सहायता देने की घोषणा की । श्री बरारी ने घायल व्यक्तियों के इलाज पर संतोष प्रकट किया तथा कहा कि बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि इस तरह की घटनाएं हरियाणा में भी शुरू हो गई हैं । श्री देवी लाल व श्री बरारी ने इस घटना की निंदा करते हुए मृतकों के परिवारों से हार्दिक सहानुभूति प्रकट की और लोगों से शांति व साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की । राज्य के आवास मंत्री श्री सुभाष कत्याल पी.जी.आई. में घायल व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं । उन्होंने कहा कि यदि किसी घायल के लिए उसके सम्बन्धी ने बाजार से कोई दवाई खरीदी भी है तो उसकी राज्य सरकार की ओर से अदायगी की जाएगी ।

कैथल से सुरेन्द्र के अनुसार मृतकों के नाम इस प्रकार है : कृष्ण लाल, सतीश कलड़ा, पंकज तनेजा, रोशन लाल, दीप चन्द, लच्छू राम, रोशन लाल, जीवन दास, हवा सिंह, सोहन लाल, हरिराम, बंत राम, दीपक कुमार, अमर, महावीर, पृथ्वी सिंह, रमेश चन्द्र, प्रीतम कलड़ा, संजय, ओम प्रकाश मिगलानी । घायलों में रामफल, बंसा राम, विपन, रमेश, अमित, वकील अहमद, शाम लाल, विनोद, अशोक, ईश्वर, बाबू राम, तरसेम, राजेश, रामदत्त, सुरेन्द्र, संजय तथा ममता भी शामिल हैं ।

ह.स. के अनुसार मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने घोषणा की कि वारदात में शामिल आतंकवादियों का सुराग देने वाले को उपयुक्त पुरस्कार दिया जाएगा ।

राज्य के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह, पुलिस महानिदेशक एस.एस. बराड़, पुलिस उप महानिरीक्षक एम.एस. मलिक तथा उप महानिरीक्षक (रेलवे) हाल में गठित कमांडो फोर्स के साथ शहर में राहत कार्यों को देख रहे हैं । आतंकवादियों की तलाश का व्यापक अभियान जारी है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में पुलिस को पूरी तरह से सतर्क कर दिया गया है तथा आतंकवादियों की खोज जोरों से जारी है । प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के साथ लगने वाले और बाहर जाने वाले सभी वाहनों की पूरी तरह से जांच की जा रही है ।

कैथल नरसंहार से राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करने वालों को देवी लाल द्वारा चेतावनी

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (वि.प्र.): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने कैथल नरसंहार की अफसोसनाक घटना से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करने वाले तत्वों को चेतावनी दी है कि वह इस हरकत से बाज आएं अन्यथा उनको सख्ती से कुचल दिया जाएगा ।

कैथल रवाना होने से पूर्व बाद दोपहर यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति के जानमाल की रक्षा को वचनबद्ध है । उन्होंने इस बात की आलोचना की कि आतंकवाद से निपटने बारे केंद्रीय गृह मंत्रालय न तो हमें कोई जानकारी देता है और न ही कोई अधिक मदद ही उसने दी है । उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को मानव रक्त से अपने स्वार्थ नहीं सिद्ध करने चाहिए । ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

श्री देवी लाल ने विचार व्यक्त किया कि आतंकवादियों का एक मात्र लक्ष्य नजर आता है कि पलायन का क्रम शुरू कराया जाए । उन्होंने संकेत दिया कि आवश्यकता पड़ी तो गुरुद्वारों व मंदिरों पर छापे भी मारे जाएंगे ताकि यदि किसी गलत तत्व ने वहां शरण ले रखी हो तो उसे पकड़ा जा सके । उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि वह आतंकवादियों व गलत तत्वों को धर्म स्थलों में शरण न लेने दें ।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के रहते आतंकवादी अपने कुत्सित इरादों में सफल नहीं हो सकेंगे । ये लोग चाहते हैं कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को खराब किया जाए । उन्होंने कहा कि प्रदेश की आम सिख जनता प्रदेश में भ्रातृभाव रखने व साम्प्रदायिकता की स्थिति न पैदा होने देने के मामले में उनके साथ है ।

उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि इंका के कुछ मात खाए नेता कैथल की दर्दनाक घटना से राजनीतिक लाभ लेने के चक्कर में हैं तथा आज पिहोवा में शरारत के उद्देश्य से जलूस निकालने का भी प्रयास किया गया था पर जनता ने इंकाइयों का साथ नहीं दिया ।

हुसैनीवाला हैड वर्क्स के बाएं बांध का निर्माण जोरों पर

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (वि.प्र.): फिरोजपुर (हुसैनीवाला) हैड वर्क्स के बाएं बांध के निर्माण का काम युद्ध स्तर पर जारी है । यह बांध पंजाब में गत सितम्बर में आई बाढ़ के कारण बह गया था । यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया है कि बांध के निर्माण में इस बात के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं कि इसे आगामी सर्दियों की वर्षा से पहले पूरा कर लिया जाए ।

बताया कि पूरे राज्य में रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है । ह.स. के अनुसार कैथल सिविल अस्पताल में दाखिल 21 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई

आतंकवाद से पीड़ित परिवारों के लिए पंजाब स्त्री सभा का नया कार्यक्रम

अमृतसर, 23 नवम्बर (ह.स.): अखिल भारतीय महिला परिषद से सम्बद्ध पंजाब स्त्री सभा की राज्य परिषद ने पंजाब में आतंकवाद से पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए कुछ नए कार्यक्रम शुरू करने का फैसला किया है । परिषद की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आतंकवादियों द्वारा मारे गए व्यक्तियों के पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति देने के अतिरिक्त उन पढ़ने वाले बच्चों को, जिनके परिवार में रोजी-रोटी कमाने वाला आतंकवादियों द्वारा शरीरिक रूप से अयोग्य कर दिया गया है या अभी स्कूल न जाने वाले उन निर्धन परिवारों के बच्चों को भी छात्रवृत्ति देने का फैसला किया गया है जिनके परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है ।

परिषद ने आतंकवादियों का मुकाबला करने में उल्लेखनीय साहस का प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित करने का फैसला किया है । परिषद ने पंजाब स्त्री सभा के विभिन्न राहत कार्यक्रमों के संचालन के सम्बन्ध में एक ट्रस्ट गठित करने का भी फैसला किया है । परिषद ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि पंजाब समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय सहमति प्राप्त कराने की खातिर अविलम्ब सर्वदलीय मीटिंग बुलाई जाए ।

कर दी थी तथा 35 अन्य को घायल कर दिया था ।

घटनास्थल का निरीक्षण करने के अलावा श्री बरारी कैथल के सिविल अस्पताल में भी जाएंगे जहां आतंकवादियों की गोलियों से घायल 21 व्यक्ति उपचाराधीन हैं ।

संगरूर में सतर्क : सुनाम (नागपाल): गत सायं हरियाणा के कस्बा कैथल में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करके नरसंहार करने की घटना के दृष्टिगत जिला संगरूर की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है । जिला संगरूर की सीमा कैथल से लगती है । जिला संगरूर के पुलिस अधीक्षक अन्य अधिकारियों के साथ सीमांत गांव घनौरी पहुंच गए हैं और अभियुक्तों को पकड़ने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है तथा हरियाणा के पुलिस अधिकारियों के साथ सम्पर्क स्थापित कर लिया गया है ।

जालन्धर (ढल्ल): हिन्दू शिव सेना पंजाब की यहां हुई एक आपात् बैठक में कैथल के नरसंहार तथा पंजाब में उग्रवादियों द्वारा हत्याओं की घटनाओं में तेजी पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित सरकारों से आग्रह किया गया कि वे लोगों की जान व माल की सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध करें । बैठक की अध्यक्षता श्री सुरेन्द्र डोगरा ने की ।

सोवियत परमाणु परीक्षण

मास्को, 23 नवम्बर (ए.पी.) : सोवियत संघ ने पिछले दो सप्ताह से भी कम समय में आज भूमिगत परमाणु विस्फोट का अपना दूसरा परीक्षण किया ।

स्वस्तिक विहार
(एक पिकाडली उद्यम)
सामने सैक्टर 7, पंचकूला में
बिक्री के लिए
निर्मित शाप-कम-आफिस/फ्लैट्स
(मनीमाजरा के साथ, शिमला-कालका रोड को जोड़ने वाली 240' चौड़ी सड़क के दोनों तरफ)

शाप-कम-आफिस/फ्लैट्स
साइज़ 60'x17'-3"
3-मंज़िला निर्मित
कवर्ड एरिया 3000 वर्ग फुट
मुख्य आकर्षण :
52' चौड़ी पार्किंग
ए-क्लास निर्माण
4 लेन सड़क



अकाली दल (ल) के नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : 3 आतंकवादी मरे

5 व्यक्तियों की हत्या के विरोध में भोगपुर में हड़ताल रही

फगवाड़ा में उग्रवादी सुरक्षा बलों के घेरे से फ़रार

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गए जबकि अकाली दल (ल) के एक नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 5 व्यक्तियों की हत्या के विरोध में आज जालन्धर के कस्बा भोगपुर में हड़ताल रही । फगवाड़ा में एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के घेरे में से बच निकलने में सफल हो गया ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : बटाला (कोछड़): स्थानीय चक्करी बाजार में गत चार नवम्बर को हुए शक्तिशाली बम धमाकों, जिनमें 20 लोग मरे थे तथा 35 अन्य घायल हुए थे, के मुख्य अभियुक्त बलजीत सिंह उर्फ़ परमजीत सिंह उर्फ़ बब्ब-सरहिंद (पटियाला) ने आज यहां बटाला सदर थाना के गांव दाबांवाली में पुलिस के कब्ज़े में आने से पूर्व 'सायनाइड' खाकर आत्महत्या कर ली जबकि उसका साथी सुखदेव सिंह चब्बा गोलियां चलाता हुआ भाग निकला । ये दोनों आतंकवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध हैं ।

उक्त जानकारी देते हुए पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि थाना सदर पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने एक सूचना के आधार पर आज प्रातः गांव दाबांवाली में छापा मारा था, पर पुलिस की गिरफ़्त में आने से पूर्व ही बब्ब ने आत्महत्या कर ली व उसका साथी चब्बा भाग निकला । उन्होंने बताया कि इन दोनों आतंकवादियों ने इस गांव के एक व्यक्ति अनूप सिंह के घर में शरण ले रखी थी । पुलिस ने अनूप सिंह तथा गांव के 100 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

श्री शर्मा ने बताया कि अब तक उक्त बम धमाकों के सम्बन्ध में तीन उग्रवादी बावा सिंह, गुरबेल सिंह तथा कुलवन्त सिंह पकड़े जा चुके हैं, जबकि चौथा आज मर गया है । शेष सात, धर्म सिंह काश्तीवाल, गुरेन्द्र सिंह गिन्दा, सुखदेव सिंह चब्बा, पूर्ण सिंह, सर्बजीत सिंह, देवेन्द्र सिंह तथा तरसेम सिंह सेमा की तलाश की जा रही है ।

25 शरणदाता हिरासत में : श्री शर्मा ने बताया जिला पुलिस ने गांव रियाली खुर्द, चाचोवाली, चीमा खुड्डी, रामपुर तलवाड़ा में छापे मार कर आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो महिलाओं सहित 25 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

दो आतंकवादी मरे : पटियाला (भूषण): गत रात इस जिला में सामाना से 60 किलो मीटर दूर नवां गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने दी । आतंकवादी, जो कि सुजुकी मोटर साइकल पर थे, को नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने चुनौती दी । इस पर उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया । जवाबी फ़ायरिंग में दो आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल पर एक चीनी राइफल, एक एकनाली बंदूक, एक सौ कारतूस व मोटर साइकल बरामद हुआ ।

शरणदाताओं का रिमांड : मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट श्री भटारा ने आतंकवादियों के तीन शरणदाताओं बलदेव सिंह, गुरदयाल सिंह तथा धनवन्त सिंह का 9 दिसम्बर तक न्यायिक रिमांड दे दिया है । उनके विरुद्ध खतरनाक आतंकवादियों गुरजंट सिंह और पिपल सिंह को शरण देने का आरोप है । 'बी' श्रेणी आतंकवादी निर्मल सिंह को शरण देने के आरोप में गांव बट्टी के संतोख सिंह का 6 दिसम्बर तक न्यायिक रिमांड दिया गया है ।

आत्म-समर्पण : राजपुरा (मासूम): गत रात चंडीगढ़ रोड पर गांव जनसुई के पुल पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध उग्रवादी को गंदे नाले के पास साइकल पर आते देख कर उसे रुकने के लिए कहा । इस पर उसने साइकल फैंक कर पुलिस पर फ़ायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस ने भी मोर्चा लेकर जवाबी फ़ायरिंग की । कुछ देर मुठभेड़ के बाद उग्रवादी ने आत्म-समर्पण कर दिया । इसकी पहचान जोगेन्द्र सिंह वल्द करतार सिंह के रूप में हुई है । वह सैफ़रन टाइगर आफ़ खालिस्तान जम्मू का स्वयंभू एरिया कमांडर है । उसके कब्ज़े से 12 बोर की बंदूक, 8 कारतूस व खालिस्तानी दस्तावेज़ बरामद हुए ।

गहल गांव में हत्या : गत रात जिला पटियाला में थाना बस्सी पठानां के गांव गहल में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक का नाम करतारा बताया गया है ।

लाश मिली : गत रात जिला भटिंडा के थाना मानसा के एक गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति की लाश बरामद की । उसकी शिनाख़्त नहीं हो सकी ।

तीन गिरफ्तार : फगवाड़ा (खोसला) आज यहां फगवाड़ा हदियाबाद सड़क पर रामगढ़िया पालीटैक्नीक के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए जबकि दो भागने में सफल हो गए । बताया जाता है पुलिस को सूचना मिली थी कि पालीटैक्नीक के इर्द-गिर्द आतंकवादी छुपे हुए हैं । इसपर पुलिस और सी.आर.पी. ने उसे घेरे में ले लिया जिसपर आतंकवादियों ने अढ़ाई बजे बाद दोपहर फायरिंग शुरू कर दी जो कि 20 मिनट तक जारी रही । इस फायरिंग में कोई भी घायल नहीं हुआ ।

आतंकवादी फरार : 'वार्ता' के अनुसार आज फगवाड़ा में सतनामपुरा क्षेत्र में रामगढ़िया होस्टल से एक संदिग्ध सशस्त्र आतंकवादी सुरक्षा बलों के घेरे से बच निकला । सुरक्षा बलों ने 12 युवकों को हिरासत में लिया है जिनमें फरार हुए आतंकवादी के तीन साथी भी शामिल हैं । इनसे पूछताछ की जा रही है और फरार हुए आतंकवादी को पकड़ने के लिए घर-घर की तलाशी ली जा रही है । तलाशियों के दृष्टिगत तनाव को देखते हुए क्षेत्र में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं । यह सारा ड्रामा तब शुरू हुआ जब उक्त आतंकवादी ने पिस्तौल की नोक पर रामगढ़िया पालीटैक्नीक के सामने दो व्यक्तियों को धमकी दी । उक्त दोनों व्यक्ति वहां से भाग निकले जिनका पिस्तौल लहराते हुए आतंकवादी ने पीछा किया । उनको देखकर सी.आर.पी. की एक टुकड़ी ने आतंकवादी का पीछा किया जो कि होस्टल के प्रांगण में घुस गया । इसी बीच एक सिपाही जिसने आतंकवादी को देख लिया था, होस्टल में जा घुसा और उसने आतंकवादी को काबू कर लिया । उधर एक और पुलिस पार्टी वहां पहुंच गई तथा उसने हवा में 5 फायर किए । एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि इसके बाद पैदा हुई अफरातफरी में आतंकवादी उस सिपाही की पकड़ में से निकल गया । आतंकवादी होस्टल के एक कमरे में दाखिल हो गया तथा उसने पुलिस पर तीन गोलियां चलाईं तथापि कोई घायल नहीं हुआ ।

एक का अपहरण : फिरोजपुर से कंतोड़ की सूचना है कि तीन संदिग्ध आतंकवादी गुरु रामदास नगरी के एक व्यक्ति ज्ञान सिंह का अपहरण करके ले गए । इनके नाम दर्शन सिंह, मस्सा सिंह व जगीर सिंह बताए गए हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । पुलिस सूत्रों का कहना है कि ज्ञान सिंह का जिला अमृतसर में किसी व्यक्ति के साथ जमीन का झगड़ा चल रहा है और केस अदालत में है । संदेह है कि विरोधी पक्ष ने उग्रवादियों से मिलकर ज्ञान सिंह का अपहरण कराया है ।

भूतपूर्व चेयरमैन की हत्या : रोपड़ (वार्ता) : आज सुबह जिला रोपड़ में सिलविदा माजरी के निकट दो आतंकवादियों ने मोरिंडा शूगर मिल के भूतपूर्व चेयरमैन श्री जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी । वह अकाली दल (ल) के नेता थे । बताया जाता है कि श्री जोगेन्द्र सिंह एक ट्रक में गुरुद्वारा से लौट रहे थे कि एक स्कूटर पर सवार आतंकवादी ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । दो अन्य आतंकवादियों ने जो कि उसी ट्रक में सवार थे, श्री जोगेन्द्र सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे श्री जोगिन्द्र सिंह वहीं दम तोड़ गए ।

खरड़ से 'शशि' के अनुसार आतंकवादियों ने श्री जोगेन्द्र सिंह के लड़के राजेंद्र सिंह को घायल कर दिया । आतंकवादियों ने ट्रक के चालक को डरा-धमका कर वहां से भगा दिया । कुछ माह पहले भी आतंकवादियों ने श्री जोगेंद्र सिंह के मोरिंडा में स्थित राइस शैलर में जाकर उनकी हत्या का प्रयास किया था, लेकिन श्री जोगेंद्र सिंह उस समय वहां नहीं मिले थे जिस पर वे राईस शैलर के मुंशी की हत्या करके भाग गए थे । (शेष पृष्ठ 8 पर)

3 पुलिस अधिकारी तबदील

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (संधी): हरियाणा सरकार ने आज तीन और आई.पी.एस. अधिकारियों को तबदील कर दिया है । इस बारे जारी आदेशों के अनुसार ट्रेनिंग कालेज मधुबन के निदेशक श्री ए.एस. भटोटिया को श्री वाई.एस. नकई के स्थान पर गुड़गांव रेंज का डी.आई.जी. नियुक्त किया गया है । श्री नकई को श्री राज कुमार के स्थान पर हरियाणा बिजली बोर्ड में सतर्कता व सुरक्षा प्रकोष्ठ का निदेशक बना दिया गया है । श्री राज कुमार को श्री भटोटिया की जगह ट्रेनिंग कालेज मधुबन का निदेशक बना दिया गया है ।

इसके अलावा अन्य आई.पी.एस. अधिकारी श्री आर. एस. कलसों, जिनकी गत दिनों हरियाणा सशस्त्र पुलिस मधुबन की चौथी बटालियन से होम गार्ड्स व सिविल डिफैंस ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट पंचकूला में तबदीली की गई थी, के तबादला आदेश रद्द कर दिए गए हैं ।

सरकार राम जन्म-भूमि विवाद पर अंतिम निर्णय से पूर्व विपक्ष से परामर्श करेगी

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (जी.एस. चावला): सरकार बाबरी मस्जिद राम जन्म भूमि विवाद को हल करने के लिए अगली कार्रवाई के संबंध में कोई अंतिम निर्णय लेने से पूर्व इस विषय पर विपक्षी दलों से विचार-विमर्श करेगी ।

गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सरकार की योजना विश्व हिन्दू परिषद के नेताओं को 3-4 दिन में आमंत्रित करने की है, जो राम जन्म भूमि के मामले को उठाए हुए हैं । सरकार आगामी सप्ताह किसी समय इस विषय पर संसद में विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाएगी और सरकार द्वारा इस समस्या को हल करने के लिए किए गए प्रयासों से अवगत करवाएगी ।

इस बात की सम्भावना है कि सरकार सारी प्रक्रिया को दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लेगी और सारे मामले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सौंपने के लिए तैयार हो जाएगी । सरकार को यह अनुभूति है कि यह बड़ा संवेदनशील मामला है और इस मामले को बड़ी सतर्कता से हल किया जाना होगा क्योंकि एक की भावनाएं दोनों पक्षों से सम्बद्ध हैं तथा इस मामले में कोई भी भ्रांति गम्भीर समस्या उत्पन्न कर सकती है । इसके साथ ही सरकार इस मामले को अनावश्यक रूप से खींचना भी नहीं चाहती । उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में हाल ही की गड़बड़ कहा जाता है कि इस मामले पर पैदा हुए तनाव के कारण ही हुई ।

सतवंत, केहर की फांसी पर रोक लगाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, 24 नवम्बर : उच्चतम न्यायालय ने इंदिरा गांधी हत्याकांड के मुजरिम सतवंत सिंह और केहर सिंह की फांसी पर रोक लगाने के लिए दायर रिट याचिका आज खारिज कर दी । न्यायमूर्ति गोवर्धन लाल ओझा और न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के ही वकील श्री अल्तमश रेन से जानना चाहा कि उन्होंने किस हैसियत से यह याचिका दायर की है ? क्या इस हत्याकांड से प्रभावित व्यक्तियों से उन्हें याचिका दायर करने के लिए कोई निर्देश मिला है अथवा उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया है ?

न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी ने श्री रेन द्वारा दायर रिट पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, "आपकी एक याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है । आपने फिर एक और याचिका दायर कर दी ।" श्री रेन ने इस पर कहा, "यह अलग तरह की याचिका है । मैंने पहली बार संविधान के अनुच्छेद 21 से सम्बन्धित सवाल इसमें उठाया है । इस अनुच्छेद के प्रावधानों के अनुसार कानून द्वारा प्रतिपादित प्रक्रिया का पालन करना ज़रूरी है ।"

न्यायमूर्ति ओझा ने इस पर तत्काल कहा, "प्रतिपादित कानूनी प्रक्रिया का पालन करना तो निचली अदालत का काम है । यह तो उच्चतम न्यायालय है ।" न्यायमूर्ति शेट्टी ने श्री रेन को आड़े हाथ लेते हुए कहा, "प्रभावित व्यक्तियों से याचिका दायर करने के निर्देश प्राप्त होने अथवा इसका अधिकार हासिल किए बिना क्या इस प्रकार की याचिका दायर की जा सकती है ? यदि एक वकील को किसी मुकद्दमे में लिया भी नहीं गया हो और वकील मुकद्दमा लड़े तो ऐसी स्थिति में गंभीर सवाल उठते हैं ।"

न्यायमूर्ति ओझा ने श्री रेन से कहा, "यदि एक वकील विशेष को किसी मुकद्दमे में नहीं रखा गया तो क्या सभी वकील एक के बाद एक याचिका दायर करेंगे ? उन्होंने इस याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि दस वकील अलग-अलग दस याचिकाएं दायर कर दें तो इस न्यायिक संस्थान का क्या होगा । न्यायमूर्ति ओझा ने श्री रेन द्वारा बार-बार याचिका दायर किए जाने पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए कहा, "यह सिर्फ इसीलिए किया जा रहा है कि वादी (श्री रेन) इस मुकद्दमे में शामिल होना चाहते थे ।"

श्री रेन ने इससे पूर्व उच्चतम न्यायालय में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ़ अपील दायर की थी । इस अपील पर न्यायमूर्ति ई.एस. वेंकटरमैया और न्यायमूर्ति एम.एम. दत्त ने सुनवाई करके सतवंत और केहर सिंह को फांसी देने के आदेश पर 18 अक्तूबर को रोक लगा दी । न्यायमूर्ति वेंकटरमैया और न्यायमूर्ति दत्त ने निर्देश दिया था कि याचिका एक नवम्बर को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश की जाए । इस अपील पर बाद में न्यायमूर्ति के.एन. सिंह और न्यायमूर्ति एल.एम. शर्मा ने सुनवाई की और 16 नवम्बर को याचिका खारिज कर दी थी । इससे पूर्व दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 अक्तूबर को श्री रेन की रिट याचिका खारिज की थी ।

इस समय अब केहर सिंह की क्षमादान याचिका के अलावा किसी भी अदालत में इस हत्याकांड से सम्बन्धित कोई भी मामला विचाराधीन नहीं है । केहर सिंह के पुत्र राजिन्दर सिंह ने अपने पिता के लिए क्षमादान प्राप्त करने की उम्मीद के साथ राष्ट्रपति के यहां याचिका दायर कर रखी है । 14 अक्तूबर को दायर की गई इस याचिका पर अभी राष्ट्रपति ने कोई निर्णय नहीं किया है ।

आतंकवादियों को एक अन्य देश से भी हथियार

अमृतसर, 24 नवम्बर (नारंग): जानकार सूत्रों का कहना है कि पंजाब के आतंकवादियों को हथियारों की एक नई खेप गोरखपुर, बहराइच, गोंडा, विराटनगर के कुछ ट्रांस्पोर्टरों द्वारा सप्लाई की गई है । हथियार एक 'शत्रु' देश के स्रोत से भारत में स्मगल किये गये बताए जाते हैं ।

पता चला है कि हथियार 'गोरखा नैशनल फ्रंट' वालों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले हथियारों की तरह हैं । वास्तव में यह हथियार उन्हीं लोगों की अमानत थे, परन्तु उनके द्वारा बंगाल की वामपंथी सरकार से समझौता होने के बाद यह हथियार पंजाब के

अकाली दल (ल) के नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : 3 आतंकवादी मरे

5 व्यक्तियों की हत्या के विरोध में भोगपुर में हड़ताल रही

फगवाड़ा में उग्रवादी सुरक्षा बलों के घेरे से फ़रार

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में 3 आतंकवादी मारे गए जबकि अकाली दल (ल) के एक नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 5 व्यक्तियों की हत्या के विरोध में आज जालन्धर के कस्बा भोगपुर में हड़ताल रही । फगवाड़ा में एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के घेरे में से बच निकलने में सफल हो गया ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : बटाला (कोछड़): स्थानीय चक्करी बाजार में गत चार नवम्बर को हुए शक्तिशाली बम धमाकों, जिनमें 20 लोग मरे थे तथा 35 अन्य घायल हुए थे, के मुख्य अभियुक्त बलजीत सिह उर्फ़ परमजीत सिह उर्फ़ बब्ब-सरहिंद (पटियाला) ने आज यहां बटाला सदर थाना के गांव दाबांवाली में पुलिस के कब्ज़े में आने से पूर्व 'सायनाइड' खाकर आत्महत्या कर ली जबकि उसका साथी सुखदेव सिह चब्बा गोलियां चलाता हुआ भाग निकला । ये दोनों आतंकवादी बब्बर खालसा से सम्बद्ध हैं ।

उक्त जानकारी देते हुए पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि थाना सदर पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने एक सूचना के आधार पर आज प्रातः गांव दाबांवाली में छापा मारा था,पर पुलिस की गिरफ्त में आने से पूर्व ही बब्ब ने आत्महत्या कर ली व उसका साथी चब्बा भाग निकला । उन्होंने बताया कि इन दोनों आतंकवादियों ने इस गांव के एक व्यक्ति अनूप सिह के घर में शरण ले रखी थी । पुलिस ने अनूप सिह तथा गांव के 100 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

श्री शर्मा ने बताया कि अब तक उक्त बम धमाकों के सम्बन्ध में तीन उग्रवादी बाबा सिह, गुरबेल सिह तथा बलवन्त सिह पकड़े जा चुके हैं, जबकि चौथा आज मर गया है । शेष सात, धर्म सिह काश्तीवाल, गुरेन्द्र सिह गिन्दा, सुखदेव सिह चब्बा, पर्ण सिह, सर्बजीत सिह, देवेन्द्र सिह तथा तरसेम सिह सेमा की तलाश की जा रही है ।

25 शरणदाता हिरासत में : श्री शर्मा ने बताया जिला पुलिस ने गांव रियाली खुर्द, चाचोवाली, चीमा खुडडी, रामपुर तलवाड़ा में छापे मार कर आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो महिलाओं सहित 25 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

दो आतंकवादी मरे : पटियाला (भूषण): गत रात इस जिला में नामाना से 60 किलो मीटर दूर नवां गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने दी । आतंकवादी जो कि सुज़की मोटर साइकल पर थे, को नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने चुनौती दी । इस पर उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी,जिसका सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया । जवाबी फ़ायरिंग में दो आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल पर एक बीनी राइफल, एक एके-नाली बंदूक, एक सौ कारतूस व मोटर साइकल बरामद हुआ ।

शरणदाताओं का रिमांड : मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट श्री भटारा ने आतंकवादियों के तीन शरणदाताओं बलदेव सिह, गुरदयाल सिह तथा धनवन्त सिह का 9 दिसम्बर तक न्यायिक रिमांड दे दिया है । उनके विरुद्ध खतरनाक आतंकवादियों गुरजंट सिह और पिपल सिह को शरण देने का आरोप है । 'बी' श्रेणी आतंकवादी निर्मल सिह को शरण देने के आरोप में गांव बट्टी के संतोख सिह का 6 दिसम्बर तक न्यायिक रिमांड दिया गया है ।

आत्म-समर्पण : राजपुरा (मासूम): गत रात चंडीगढ़ रोड पर गांव जनसुई के पुल पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध उग्रवादी को गंदे नाले के पास साइकल पर आते देख कर उसे रुकने के लिए कहा । इस पर उसने साइकल फैंक कर पुलिस पर फ़ायरिंग आरम्भ कर दी । पुलिस ने भी मोर्चा लेकर जवाबी फ़ायरिंग की । कुछ देर मुठभेड़ के बाद उग्रवादी ने आत्म-समर्पण कर दिया । इसकी पहचान जोगेन्द्र सिह वल्द करतार सिह के रूप में हुई है । वह सैफ़रन टाइगर आफ़ खालिस्तान जम्मू का स्वयंभू एरिया कमांडर है । उसके कब्ज़े से 12 बोर की बंदूक, 8 कारतूस व खालिस्तानी दस्तावेज़ बरामद हुए ।

गहल गांव में हत्या : गत रात जिला पटियाला में थाना बस्सी पठाना के गांव गहल में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक का नाम करतारा बताया गया है ।

लाश मिली : गत रात जिला भटिंडा के थाना मानसा के एक गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति की लाश बरामद की । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

तीन गिरफ्तार : फगवाड़ा (खोसला) आज यहां फगवाड़ा हदियाबाद सड़क पर रामगढ़िया पालीटैक्नीक के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए जबकि दो भागने में सफल हो गए । बताया जाता है पुलिस को सूचना मिली थी कि पालीटैक्नीक के इर्द-गिर्द आतंकवादी छुपे हुए हैं । इसपर पुलिस और सी.आर.पी. ने उसे घेरे में ले लिया जिसपर आतंकवादियों ने अढ़ाई बजे बाद दोपहर फायरिंग शुरू कर दी जो कि 20 मिनट तक जारी रही । इस फायरिंग में कोई भी घायल नहीं हुआ ।

आतंकवादी फरार : 'वार्ता' के अनुसार आज फगवाड़ा में सतनामपुरा क्षेत्र में रामगढ़िया होस्टल से एक संदिग्ध सशस्त्र आतंकवादी सुरक्षा बलों के घेरे से बच निकला । सुरक्षा बलों ने 12 युवकों को हिरासत में लिया है जिनमें फरार हुए आतंकवादी के तीन साथी भी शामिल हैं । इनसे पूछताछ की जा रही है और फरार हुए आतंकवादी को पकड़ने के लिए घर-घर की तलाशी ली जा रही है । तलाशियों के दृष्टिगत तनाव को देखते हुए क्षेत्र में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं । यह सारा ड्रामा तब शुरू हुआ जब उक्त आतंकवादी ने पिस्तौल की नोक पर रामगढ़िया पालीटैक्नीक के सामने दो व्यक्तियों को धमकी दी । उक्त दोनों व्यक्ति वहां से भाग निकले जिनका पिस्तौल लहराते हुए आतंकवादी ने पीछा किया । उनको देखकर सी.आर.पी. की एक टुकड़ी ने आतंकवादी का पीछा किया जो कि होस्टल के प्रांगण में घस गया । इसी बीच एक सिपाही जिसने आतंकवादी को देख लिया था, होस्टल में जा घुसा और उसने आतंकवादी को काबू कर लिया । उधर एक और पुलिस पार्टी वहां पहुंच गई तथा उसने हवा में 5 फायर किए । एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि इसके बाद पैदा हुई अफरातफरी में आतंकवादी उस सिपाही की पकड़ में से निकल गया । आतंकवादी होस्टल के एक कमरे में दाखिल हो गया तथा उसने पुलिस पर तीन गोलियां चलाईं तथापि कोई घायल नहीं हुआ ।

एक का अपहरण : फिरोजपुर से कंतोड़ की सूचना है कि तीन संदिग्ध आतंकवादी गुरु रामदास नगरी के एक व्यक्ति ज्ञान सिह का अपहरण करके ले गए । इनके नाम दर्शन सिह, मस्सा सिह व जगीर सिह बताए गए हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । पुलिस सूत्रों का कहना है कि ज्ञान सिह का जिला अमृतसर में किसी व्यक्ति के साथ जमीन का झगड़ा चल रहा है और केस अदालत में है । संदेह है कि विरोधी पक्ष ने उग्रवादियों से मिलकर ज्ञान सिह का अपहरण कराया है ।

भूतपूर्व चेयरमैन की हत्या : रोपड़ (वार्ता) : आज सुबह जिला रोपड़ में सिलविदा माजरी के निकट दो आतंकवादियों ने मोरिंडा शूगर मिल के भूतपूर्व चेयरमैन श्री जोगेन्द्र सिह की हत्या कर दी । वह अकाली दल (ल) के नेता थे । बताया जाता है कि श्री जोगेन्द्र सिह एक ट्रक में गुरुद्वारा से लौट रहे थे कि एक स्कूटर पर सवार आतंकवादी ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । दो अन्य आतंकवादियों ने जो कि उसी ट्रक में सवार थे, श्री जोगेन्द्र सिह पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे श्री जोगिन्द्र सिह वहीं दम तोड़ गए ।

खरड़ से 'शशि' के अनुसार आतंकवादियों ने श्री जोगेन्द्र सिह के लड़के राजेंद्र सिह को घायल कर दिया । आतंकवादियों ने ट्रक के चालक को डरा-धमका कर वहां से भगा दिया । कुछ माह पहले भी आतंकवादियों ने श्री जोगेंद्र सिह के मोरिंडा में स्थित राइस शैलर में जाकर उनकी हत्या का प्रयास किया था, लेकिन श्री जोगेंद्र सिह उस समय वहां नहीं मिले थे जिस पर वे राईस शैलर के मुंशी की हत्या करके भाग गए थे । (शेष पृष्ठ 8 पर)

3 पुलिस अधिकारी तबदील

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (संघी): हरियाणा सरकार ने आज तीन और आई.पी.एस. अधिकारियों को तबदील कर दिया है । इस बारे जारी आदेशों के अनुसार ट्रेनिंग कालेज मधुबन के निदेशक श्री ए.एस. भटोटिया को श्री वाई.एस. नकई के स्थान पर गुड़गांव रेंज की डी.आई.जी. नियुक्त किया गया है । श्री नकई को श्री राज कुमार के स्थान पर हरियाणा बिजली बोर्ड में सतर्कता व सुरक्षा प्रकोष्ठ का निदेशक बना दिया गया है । श्री राज कुमार को श्री भटोटिया की जगह ट्रेनिंग कालेज मधुबन का निदेशक बना दिया गया है ।

इसके अलावा अन्य आई.पी.एस. अधिकारी श्री आर. एस. कलसों, जिनकी गत दिनों हरियाणा सशस्त्र पुलिस मधुबन की चौथी बटालियन से होम गार्ड्स व सिविल डिफैंस ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट पंचकूला में तबदीली की गई थी, के तबादला आदेश रद्द कर दिए गए हैं ।

सरकार राम जन्म-भूमि विवाद पर अंतिम निर्णय से पूर्व विपक्ष से परामर्श करेगी

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (जी.एस. चावला): सरकार बाबरी मस्जिद राम जन्म भूमि विवाद को हल करने के लिए अगली कार्रवाई के संबंध में कोई अंतिम निर्णय लेने से पूर्व इस विषय पर विपक्षी दलों से विचार-विमर्श करेगी ।

गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सरकार की योजना विश्व हिन्दू परिषद के नेताओं को 3-4 दिन में आमंत्रित करने की है, जो राम जन्म भूमि के मामले को उठाए हुए हैं । सरकार आगामी सप्ताह किसी समय इस विषय पर संसद में विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाएगी और सरकार द्वारा इस समस्या को हल करने के लिए किए गए प्रयासों से अवगत करवाएगी ।

इस बात की सम्भावना है कि सरकार सारी प्रक्रिया को दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लेगी और सारे मामले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सौंपने के लिए तैयार हो जाएगी । सरकार को यह अनुभूति है कि यह बड़ा संवेदनशील मामला है और इस मामले को बड़ी सतर्कता से हल किया जाना होगा क्योंकि एक की भावनाएं दोनों पक्षों से सम्बद्ध हैं तथा इस मामले में कोई भी भ्रांति गम्भीर समस्या उत्पन्न कर सकती है । इसके साथ ही सरकार इस मामले को अनावश्यक रूप से खींचना भी नहीं चाहती । उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में हाल ही की गड़बड़ कहा जाता है कि इस मामले पर पैदा हुए तनाव के कारण ही हुई ।

सतवंत, केहर की फांसी पर रोक लगाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, 24 नवम्बर : उच्चतम न्यायालय ने इंदिरा गांधी हत्याकांड के मुजरिम सतवंत सिह और केहर सिह की फांसी पर रोक लगाने के लिए दायर रिट याचिका आज खारिज कर दी । न्यायमूर्ति गोवर्धन लाल ओझा और न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के ही वकील श्री अल्तमश रेन से जानना चाहा कि उन्होंने किस हैसियत से यह याचिका दायर की है ? क्या इस हत्याकांड से प्रभावित व्यक्तियों से उन्हें याचिका दायर करने के लिए कोई निर्देश मिला है अथवा उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया है ?

न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी ने श्री रेन द्वारा दायर रिट पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, "आपकी एक याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है । आपने फिर एक और याचिका दायर कर दी ।" श्री रेन ने इस पर कहा, "यह अलग तरह की याचिका है । मैंने पहली बार संविधान के अनुच्छेद 21 से सम्बन्धित सवाल इसमें उठाया है । इस अनुच्छेद के प्रावधानों के अनुसार कानून द्वारा प्रतिपादित प्रक्रिया का पालन करना ज़रूरी है ।"

न्यायमूर्ति ओझा ने इस पर तत्काल कहा, "प्रतिपादित कानूनी प्रक्रिया का पालन करना तो निचली अदालत का काम है । यह तो उच्चतम न्यायालय है ।" न्यायमूर्ति शेट्टी ने श्री रेन को आड़े हाथ लेते हुए कहा, "प्रभावित व्यक्तियों से याचिका दायर करने के निर्देश प्राप्त होने अथवा इसका अधिकार हासिल किए बिना क्या इस प्रकार की याचिका दायर की जा सकती है ? यदि एक वकील को किसी मुकद्दमे में लिया भी नहीं गया हो और वकील मुकद्दमा लड़े तो ऐसी स्थिति में गंभीर सवाल उठते हैं ।"

न्यायमूर्ति ओझा ने श्री रेन से कहा, "यदि एक वकील विशेष को किसी मुकद्दमे में नहीं रखा गया तो क्या सभी वकील एक के बाद एक याचिका दायर करेंगे ? उन्होंने इस याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि दस वकील अलग-अलग दस याचिकाएं दायर कर दें तो इस न्यायिक संस्थान का क्या होगा । न्यायमूर्ति ओझा ने श्री रेन द्वारा बार-बार याचिका दायर किए जाने पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए कहा, "यह सिर्फ इसीलिए किया जा रहा है कि वादी (श्री रेन) इस मुकद्दमे में शामिल होना चाहते थे ।"

श्री रेन ने इससे पूर्व उच्चतम न्यायालय में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ़ अपील दायर की थी । इस अपील पर न्यायमूर्ति ई.एस. वेंकटरमैया और न्यायमूर्ति एम.एम. दत्त ने सुनवाई करके सतवंत और केहर सिह को फांसी देने के आदेश पर 18 अक्तूबर को रोक लगा दी । न्यायमूर्ति वेंकटरमैया और न्यायमूर्ति दत्त ने निर्देश दिया था कि याचिका एक नवम्बर को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश की जाए । इस अपील पर बाद में न्यायमूर्ति के.एन. सिह और न्यायमूर्ति एल.एम. शर्मा ने सुनवाई की और 16 नवम्बर को याचिका खारिज कर दी थी । इससे पूर्व दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 अक्तूबर को श्री रेन की रिट याचिका खारिज की थी ।

इस समय अब केहर सिह की क्षमादान याचिका के अलावा किसी भी अदालत में इस हत्याकांड से सम्बन्धित कोई भी मामला विचाराधीन नहीं है । केहर सिह के पुत्र राजिन्दर सिह ने अपने पिता के लिए क्षमादान प्राप्त करने की उम्मीद के साथ राष्ट्रपति के यहां याचिका दायर कर रखी है । 14 अक्तूबर को दायर की गई इस याचिका पर अभी राष्ट्रपति ने कोई निर्णय नहीं किया है ।

आतंकवादियों को एक अन्य देश से भी हथियार

अमृतसर, 24 नवम्बर (नारंग): जानकार सूत्रों का कहना है कि पंजाब के आतंकवादियों को हथियारों की एक नई खेप गोरखपुर, बहराइच, गोंडा, बिराटनगर के कुछ ट्रांस्पोर्टरों द्वारा सप्लाई की गई है । हथियार एक 'शत्रु' देश के स्रोत से भारत में स्मगल किये गये बताए जाते हैं ।

पता चला है कि हथियार 'गोरखा नैशनल फ्रंट' वालों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले हथियारों की तरह हैं । वास्तव में यह हथियार उन्हीं लोगों की अमानत

Punjab Sahata

अकाली दल (ल) नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

हथियार बरामद : पुलिस ने कल नवांशहर के गांव मौरा में उग्रवादी इन्द्रजीत सिंह के घर की तलाशी लेकर वहां से एक 9 एम.एम. की स्टेनगन, 2 मैगजीन, 16 कारतूस तथा एक 12 बोर की छोटी बैरल वाली बंदूक बरामद की । इस उग्रवादी ने 14 नवम्बर को सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

संगरूर में हत्या : संगरूर (वार्ता): जिला संगरूर में एक व्यक्ति राम गोपाल की हत्या कर दी गई । संगरूर पुलिस ने एक व्यक्ति देवी राम से एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

भोगपुर में हड़ताल : जालन्धर (वार्ता): इस जिला के कस्बा भोगपुर में कल रात भोगपुर-भुलत्थ रोड पर पांच व्यक्तियों की हत्या के विरोधस्वरूप आज हड़ताल रही । कस्बे से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला ।

Punjabi Sahaabna

सी.पी.आई. नेता सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : डेढ़ लाख रुपये लूटे गये

पाक प्रशिक्षित उग्रवादी गिरफ्तार, 20 हजार रुपए का ईनाम था

बटाला में खाद विक्रेता को लूटा, बंगा के निकट किसान घायल

चंडीगढ़, 25 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने सी.पी.आई. के एक नेता, एक बैंक के गनमैन सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक बैंक के दो कर्मचारियों से 1½ लाख रुपए छीन लिए गए । गुरदासपुर पुलिस ने एक पाकप्रशिक्षित उग्रवादी को गिरफ्तार किया, जिसके सिर पर 20,000 रुपए का ईनाम था । बंगा के निकट एक किसान को घायल कर दिया गया जबकि बटाला में एक खाद विक्रेता को लूट लिया गया ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि किसी सूचना के आधार पर धारीवाल पुलिस ने क्षेत्र के एक समुदाय के लोगों की हत्या कर आतंक फैलाने की योजना बनाने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनकी पहचान हीरा सिंह, रणजीत सिंह और जीवन सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्ज़े से 2 पिस्तौल व 11 कारतूस बरामद किए गए । एक अन्य उग्रवादी स्वर्ण सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है, जो खालिस्तान आदि का प्रचार किया करता था । उसके कब्ज़े से खालिस्तानी साहित्य बरामद किया गया ।

जस्सा गिरफ्तार : श्री दास ने बताया कि बटाला सदर पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक खतरनाक आतंकवादी जसवंत सिंह उर्फ़ जसविंदर सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार किया है, जिसने अनेक हत्याएं करना स्वीकार किया है । वह पाकिस्तान से हथियार लाकर भी यहां आतंकवादियों को सप्लाई किया करता था । इन सबसे पूछताछ अभी जारी है ।

जसवंत सिंह 1984 में मार्केट कमेटी के चेयरमैन तथा गांव के सरपंच श्री ओम प्रकाश पर असफल कातिलाना हमला करने के बाद सीमा पार करके पाकिस्तान भाग गया था । वह 1986 तक पाकिस्तान में रहा तथा 1986 में वापस भारत आकर लखीमपुर (उ.प्र.) चला गया जहां उसने तस्करी के हथियार कुछ ट्रांसपोर्टरों को बेचे । उसे कल रात उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह पुनः पाकिस्तान जाने की कोशिश में था । उस पर 20,000 रुपए का ईनाम था ।

अकाली नेता गिरफ्तार : एकीकृत अकाली दल जिला गुरदासपुर के उपाध्यक्ष तथा ज़फ्फरवाल गांव के सरपंच श्री स्वर्ण सिंह को कल रात पठानकोट में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि वह पहले भी इसी तरह के आरोपों में कई बार जमानत पर रिहा हो चुके हैं ।

4 शरणदाता गिरफ्तार : बटाला से कोछड़ के अनुसार थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव भगतपुरा के तारा सिंह, उसकी पत्नी जोगिन्द्र कौर, पुत्र जगजीत सिंह व एक अन्य महिला रूड़ो को गिरफ्तार किया है ।

15,000 रुपए लूटे : आज प्रातः 11 बजे के लगभग एक सशस्त्र युवक ने बटाला में शकूरपुरा में एक खाद के व्यापारी विजय कुमार से 15,000 रुपए छीन लिये तथा एक राहगीर का स्कूटर छीन कर उस पर फरार हो गया ।

3 गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक): आज जिला अमृतसर में तरनतारन सबडिवीज़न में एक आतंकवादी तथा दो शरणदाताओं को गिरफ्तार किया गया । आतंकवादी अमरीक सिंह जो कि गांव कैरों का निवासी है, भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के जौड़ गिरोह से संबंध रखता है । उससे 12 बोर का देसी पिस्तौल तथा एक पिस्तौल मिला है । दो शरणदाताओं मेजर सिंह तथा कुलदीप सिंह को एक



कामरेड अजीत सिंह गदरा जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

बब्बर खालसा का आतंकवादी बलजीत सिंह उर्फ़ परमजीत सिंह उर्फ़ बब्बू जिसने सायनाइड खाकर उस समय आत्म-हत्या कर ली जब थाना सदर बटाला के गांव दाबांवाली में पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल ने छापा मारा । (छाया : कोछड़)

फार्म हाऊस पर छापा मार कर गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के दौरान अमरीक सिंह ने बताया कि वह अपने एक अन्य साथी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा के साथ पट्टी के पुरषोत्तम लाल जैन के अपहरण में संलिप्त रहा है ।

युवक की हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस जिला में गांव जागल में आतंकवादियों ने एक अज्ञात युवक की हत्या कर दी । एक सरकारी प्रवक्ता ने दावा किया कि युवक की हत्या उग्रवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

अमृतसर जिला के करतार नगर में आज सायं उग्रवादियों ने मनोज कुमार नामक युवक को गोली मार कर घायल कर दिया ।

प्रोफेसर घायल : ह.स. की सूचना है कि आज शाम छहर्टा क्षेत्र में उग्रवादियों ने अमृतसर पालीटैक्नीक कालेज के प्रोफैसर विनोद कुमार को गोली मार कर सख्त ज़ख्मी कर दिया ।

गनमैन की हत्या : सुनाम (नागपाल): आज यहां से 20 किलोमीटर दूर घराचों में तीन उग्रवादियों ने पंजाब एंड सिंध बैंक के गनमैन सुखदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । उन्होंने बैंक के खजांची भरपूर सिंह को भी घायल कर दिया और बैंक से 1½ लाख रुपया लूट कर ले गये । सूचनाओं में कहा गया है कि गनमैन व खजांची घराचों ब्रांच से 1½ लाख रुपया लेकर भवानीगढ़ ब्रांच में जमा कराने जा रहे थे कि रास्ते में उग्रवादियों ने उन पर हमला कर दिया । घायल खजांची को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की नाकाबंदी करके उग्रवादियों की तलाश आरम्भ कर दी है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अकाली दल में एकता न हुई तो केंद्र हमारी इसी तरह पिटाई करता रहेगा : तलवंडी

मालेरकोटला, 25 नवम्बर (आजिज़): अकाली दल के प्रधान जगदेव सिंह तलवंडी ने कहा है कि अकाली दल में एकता अति आवश्यक है । अगर एकता न हुई तो केंद्र हमारी इसी तरह पिटाई करता रहेगा । वह गत दिवस संगरूर के नानकपुर गुरुद्वारा में जिला जत्थेदारों और अकाली वर्करों की एक मीटिंग को सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि दल का कई ग्रुपों में बंट जाना हमारी बदकिस्मती है । यह ग्रुप बंदी किसी एक का कसूर नहीं बल्कि हम सब गलतियों के पुतले बने हैं और अपने-अपने स्थान पर सभी बराबर कसूरवार हैं, पर समय की मांग है कि एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने की बजाए सभी लीडर एक मंच पर एकत्रित हों और ग्रुप बंदी का खात्मा कर फिर से एक अकाली दल बने और एक लीडर की लीडरशिप में सभी कार्यक्रम हों ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी के आगामी चुनावों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपनी टीम सहित जिला संगरूर, गुरदासपुर, अमृतसर और फिरोज़पुर का दौरा कर चुका हूं । मैं जहां भी गया, मुझे हर स्थान पर जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा को बिना मुकाबला प्रधान बनाए जाने का भरोसा दिलाया गया है । उन्होंने कहा कि टोहरा को सर्वसम्मति से प्रधान बनाने में पूरी सफलता उसी स्थिति में होगी, जब हम अकाली दल में एकता कायम करने में सफल हो जाएंगे ।

मीटिंग आरम्भ होने से पहले तलवंडी ने सभी लीडरों को यह बात कही कि कोई किसी पर कीचड़ नहीं उछालेगा, क्योंकि आज की यह मीटिंग एकता के विषय पर रखी गई है । परन्तु फिर भी धनौला से आए एक यूथ अकाली विंग के लीडर ने श्री बरनाला पर ज़बरदस्त आक्रमण करते हुए कहा कि बरनाला की राजनैतिक स्थिति पूर्ण रूप में समाप्त हो चुकी है । श्री बरनाला अगर शहर बरनाला से म्यूनिसीपल कमिश्नर का चुनाव भी लड़ें तो भी उनको सफलता नहीं मिलेगी । इस एकता मीटिंग में श्री मनजीत सिंह कलकत्ता, बलविन्द्र सिंह भुंदड़ और प्रकाश सिंह मजीठा आदि ने अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया ।

सुल्तानपुर जिले के जगदीशपुर शहर में गैस सप्लाई पाईप लाइन का श्रीमती सोनिया गांधी दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन करते हुए ।

Punjabi Sanath

सी.पी.आई. नेता सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : डेढ़ लाख रुपये लूटे गये

पाक प्रशिक्षित उग्रवादी गिरफ्तार, 20 हजार रुपए का ईनाम था

बटाला में खाद विक्रेता को लूटा, बंगा के निकट किसान घायल

चंडीगढ़, 25 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने सी.पी.आई. के एक नेता, एक बैंक के गनमैन सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक बैंक के दो कर्मचारियों से 1½ लाख रुपए छीन लिए गए । गुरदासपुर पुलिस ने एक पाकप्रशिक्षित उग्रवादी को गिरफ्तार किया, जिसके सिर पर 20,000 रुपए का ईनाम था । बंगा के निकट एक किसान को घायल कर दिया गया जबकि बटाला में एक खाद विक्रेता को लूट लिया गया ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि किसी सूचना के आधार पर धारीवाल पुलिस ने क्षेत्र के एक समुदाय के लोगों की हत्या कर आतंक फैलाने की योजना बनाने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनकी पहचान हीरा सिंह, रणजीत सिंह और जीवन सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्ज़े से 2 पिस्तौल व 11 कारतूस बरामद किए गए । एक अन्य उग्रवादी स्वर्ण सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है, जो खालिस्तान आदि का प्रचार किया करता था । उसके कब्ज़े से खालिस्तानी साहित्य बरामद किया गया ।

जस्सा गिरफ्तार : श्री दास ने बताया कि बटाला सदर पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक खतरनाक आतंकवादी जसवंत सिंह उर्फ़ जसविंदर सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार किया है, जिसने अनेक हत्याएं करना स्वीकार किया है । वह पाकिस्तान से हथियार लाकर भी यहां आतंकवादियों को सप्लाई किया करता था । इन सबसे पूछताछ अभी जारी है ।

जसवंत सिंह 1984 में मार्केट कमेटी के चेयरमैन तथा गांव के सरपंच श्री ओम प्रकाश पर असफल कातिलाना हमला करने के बाद सीमा पार करके पाकिस्तान भाग गया था । वह 1986 तक पाकिस्तान में रहा तथा 1986 में वापस भारत आकर लखीमपुर (उ.प्र.) चला गया जहां उसने तस्करी के हथियार कुछ ट्रांसपोर्टरों को बेचे । उसे कल रात उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह पुनः पाकिस्तान जाने की कोशिश में था । उस पर 20,000 रुपए का ईनाम था ।

अकाली नेता गिरफ्तार : एकीकृत अकाली दल जिला गुरदासपुर के उपाध्यक्ष तथा ज़फ़रवाल गांव के सरपंच श्री स्वर्ण सिंह को कल रात पठानकोट में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि वह पहले भी इसी तरह के आरोपों में कई बार जमानत पर रिहा हो चुके हैं ।

4 शरणदाता गिरफ्तार : बटाला से कोछड़ के अनुसार थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव भगतपुरा के तारा सिंह, उसकी पत्नी जोगिन्द्र कौर, पुत्र जगजीत सिंह व एक अन्य महिला रूड़ो को गिरफ्तार किया है ।

15,000 रुपए लूटे : आज प्रातः 11 बजे के लगभग एक सशस्त्र युवक ने बटाला में शकूरपुरा में एक खाद के व्यापारी विजय कुमार से 15,000 रुपए छीन लिये तथा एक राहगीर का स्कूटर छीन कर उस पर फरार हो गया ।

3 गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक): आज जिला अमृतसर में तरनतारन सबडिवीज़न में एक आतंकवादी तथा दो शरणदाताओं को गिरफ्तार किया गया । आतंकवादी अमरीक सिंह जो कि गांव कैरों का निवासी है, भिडरांवाला टाइगर फोर्स के जौड़ा गिरोह से संबंध रखता है । उससे 12 बोर का देसी पिस्तौल तथा एक पिस्तौल मिला है । दो शरणदाताओं मेजर सिंह तथा कुलदीप सिंह को एक फार्म हाऊस पर छापा मार कर गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के दौरान अमरीक सिंह ने बताया कि वह अपने एक अन्य साथी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा के साथ पट्टी के पुरषोत्तम लाल जैन के अपहरण में संलिप्त रहा है ।



कामरेड अजीत सिंह गदरा जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

बब्बर खालसा का आतंकवादी बलजीत सिंह उर्फ़ परमजीत सिंह उर्फ़ बब्बू जिसने सायनाइड खाकर उस समय आत्म-हत्या कर ली जब थाना सदर बटाला के गांव दाबांवाली में पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल ने छापा मारा । (छाया : कोछड़)

युवक की हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस जिला में गांव जागल में आतंकवादियों ने एक अज्ञात युवक की हत्या कर दी । एक सरकारी प्रवक्ता ने दावा किया कि युवक की हत्या उग्रवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

अमृतसर जिला के करतार नगर में आज सायं उग्रवादियों ने मनोज कुमार नामक युवक को गोली मार कर घायल कर दिया ।

प्रोफेसर घायल : ह.स. की सूचना है कि आज शाम छहर्टा क्षेत्र में उग्रवादियों ने अमृतसर पालीटैक्नीक कालेज के प्रोफैसर विनोद कुमार को गोली मार कर सख्त ज़ख्मी कर दिया ।

गनमैन की हत्या : सुनाम (नागपाल): आज यहां से 20 किलोमीटर दूर घराचों में तीन उग्रवादियों ने पंजाब एंड सिंध बैंक के गनमैन सुखदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । उन्होंने बैंक के खजांची भरपूर सिंह को भी घायल कर दिया और बैंक से 1½ लाख रुपया लूट कर ले गये । सूचनाओं में कहा गया है कि गनमैन व खजांची घराचों ब्रांच से 1½ लाख रुपया लेकर भवानीगढ़ ब्रांच में जमा कराने जा रहे थे कि रास्ते में उग्रवादियों ने उन पर हमला कर दिया । घायल खजांची को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की नाकाबंदी करके उग्रवादियों की तलाश आरम्भ कर दी है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अकाली दल में एकता न हुई तो केंद्र हमारी इसी तरह पिटाई करता रहेगा : तलवंडी

मालेरकोटला, 25 नवम्बर (आजिज़): अकाली दल के प्रधान जगदेव सिंह तलवंडी ने कहा है कि अकाली दल में एकता अति आवश्यक है । अगर एकता न हुई तो केंद्र हमारी इसी तरह पिटाई करता रहेगा । वह गत दिवस संगरूर के नानकपुर गुरुद्वारा में जिला जत्थेदारों और अकाली वर्करों की एक मीटिंग को सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि दल का कई ग्रुपों में बंट जाना हमारी बदकिस्मती है । यह ग्रुप बंदी किसी एक का कसूर नहीं बल्कि हम सब गलतियों के पुतले बने हैं और अपने-अपने स्थान पर सभी बराबर कसूरवार हैं, पर समय की मांग है कि एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने की बजाए सभी लीडर एक मंच पर एकत्रित हों और ग्रुप बंदी का खात्मा कर फिर से एक अकाली दल बने और एक लीडर की लीडरशिप में सभी कार्यक्रम हों ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी के आगामी चुनावों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपनी टीम सहित जिला संगरूर, गुरदासपुर, अमृतसर और फिरोज़पुर का दौरा कर चुका हूं । मैं जहां भी गया, मुझे हर स्थान पर जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा को बिना मुकाबला प्रधान बनाए जाने का भरोसा दिलाया गया है । उन्होंने कहा कि टोहरा को सर्व-सम्मति से प्रधान बनाने में पूरी सफलता उसी स्थिति में होगी, जब हम अकाली दल में एकता कायम करने में सफल हो जाएंगे ।

मीटिंग आरम्भ होने से पहले तलवंडी ने सभी लीडरों को यह बात कही कि कोई किसी पर कीचड़ नहीं उछालेगा, क्योंकि आज की यह मीटिंग एकता के विषय पर रखी गई है । परन्तु फिर भी धनौला से आए एक यूथ अकाली विंग के लीडर ने श्री बरनाला पर ज़बरदस्त आक्रमण करते हुए कहा कि बरनाला की राजनैतिक स्थिति पूर्ण रूप में समाप्त हो चुकी है । श्री बरनाला अगर शहर बरनाला से म्यूनिसीपल कमिश्नर का चुनाव भी लड़े तो भी उनको सफलता नहीं मिलेगी । इस एकता मीटिंग में श्री मनजीत सिंह कलकत्ता, बलविन्द्र सिंह भुंदड़ और प्रकाश सिंह मजीठा आदि ने अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया ।

सुल्तानपुर जिले के जगदीशपुर शहर में गैस सप्लाई पाईप लाइन का श्रीमती सोनिया गांधी दीप प्रज्ज्वलित करके उद्घाटन करते हुए ।

Sunhi Sanatan

सी. पी. आई. नेता की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): कल फगवाड़ा में रामगढ़िया होस्टल में सुरक्षा बलों व उग्रवादियों के मध्य एक घंटा नाटकीय घटनाचक्र में एक उग्रवादी के भाग निकलने व तीन अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर लेने संबंधी स्थानीय पुलिस ने विधिवत केस दर्ज कर लिया है । तीनों आतंकवादी नवांशहर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव साहलों के निवासी बताए जाते हैं । आज पुलिस ने इन तीनों उग्रवादियों को स्थानीय न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश करके उनका चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया । इसी मध्य सुरक्षा बलों ने गत रात्रि व आज प्रातः फरार उग्रवादी की तलाश में अनेक स्थानों पर छापे मारे व घर-घर की तलाशी ली परन्तु अभी तक उसका पता नहीं चल सका ।

आज फगवाड़ा के मुख्य बाजार बांसांवाला में एक सफेद संदिग्ध मारुति वैन काफी समय घूमती रही । पता चला है कि उसमें सवार कुछ हथियारबंद नौजवानों ने एक रैडीमेड विक्रेता सहित कुछ दुकानदारों को धमकियां भी दीं ।

फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने जिन 3 आतंकवादियों राज कमल सिंह, स्वर्णजीत सिंह तथा लखविन्दर सिंह को गिरफ्तार किया था, का अदालत ने 27 नवम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

किसान को घायल कर दिया : जालंधर (वार्ता): गत रात उग्रवादियों ने जिला जालंधर के थाना बंगा के गांव खानखाना में एक किसान अवतार सिंह को उसके घर में गोली मार कर घायल कर दिया । उसे तीन गोलियां लगीं । अवतार सिंह को बंगा के सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । कहा जाता है कि उसने एक उग्रवादी की पहचान उसी गांव के कुलजीत सिंह के रूप में की है ।

सी.पी.आई. नेता की हत्या : जालंधर जिले में तलवन के निकट गांव गदरा में 4-5 आतंकवादियों ने जो साइकलों पर सवार होकर आये थे, गोलियां मार कर सी.पी.आई. के नेता कामरेड अजीत सिंह गदरा की हत्या कर दी । बाद में वे फरार हो गए । पंजाब सी.पी.आई. के वरिष्ठ नेता कामरेड जगजीत सिंह आनंद भूतपूर्व सांसद ने कामरेड अजीत सिंह की हत्या की जोरदार निंदा की व उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की ।

कामरेड गदरा कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख नेता तथा किसान सभा के जिला यूनिट के अध्यक्ष थे । उन्हें आज शाम 6 बजे उस समय गोलियां मारी गईं जब वह तलवन से अपने गांव गदरा जा रहे थे ।

Punjabi Sanjadi

ग्रन्थी सहित पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 26 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद पंजाब में एक ग्रंथी सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान से आए तीन घुसपैठियों को पकड़ा तथा 6 शरणदाता गिरफ्तार किए गए । सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी घायल हो गया जबकि उसका साथी भाग निकला । एक पैट्रोल पम्प भी लूटा गया ।

जमींदार की हत्या : फिल्लौर (भाखड़ी): गत रात यहां निकटवर्ती गांव बघापुर के एक जमींदार की हत्या करके लुटेरे उसका इंटरनैशनल ट्रैक्टर छीन कर फ़रार हो गए । बताया जाता है कि रात 11-12 बजे के मध्य कुछ लुटेरे एक जमींदार के घर में घुस गए व उसका ट्रैक्टर छीनने का प्रयत्न किया । जब उसने शोर मचाया तो उसका गला घोंट कर हत्या कर दी । मृतक का नाम करनैल सिंह है व उसकी आयु 60 वर्ष के करीब बताई जाती है । छीने गए ट्रैक्टर का नम्बर पी.ए.जे. 9570 था । करनैल सिंह की लाश पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दी गई ।

पैट्रोल पम्प लूटा : कपूरथला (शर्मा): सलतानपुर लोधी के निकट गत सायं एक स्कूटर छीन कर पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प से 12000 रुपए छीन कर ले जाने वाले तीन संदिग्ध आतंकवादियों का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी है । बताया जाता है कि गत सायं लगभग 6.30 बजे 20-22 वर्षीय तीन सशस्त्र नवयुवकों ने गांव सैयदपुर के एक व्यक्ति श्री अवतार सिंह से सुलतानपुर के निकट उसका स्कूटर नं. पी.बी.टी. 928, पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । फिर सुलतानपुर लोधी-लोहियां सड़क पर स्थित सिंह फ़िलिंग स्टेशन पैट्रोल पम्प से पिस्तौल की नोक पर 12000 रुपए छीन कर स्कूटर पर भाग गए । पुलिस ने अभियुक्तों की खोज आरम्भ कर दी है ।

ग्रंथी की हत्या : होशियारपुर : गत रात्रि थाना टांडा के अन्तर्गत गांव आलमपुर में पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने गांव के गुरुद्वारे के ग्रंथी संत अजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी और श्रद्धालु बलदेव सिंह खालसा को सख्त घायल कर दिया । वारदात के बाद अभियुक्त भागने में सफल हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : संगरूर से गोयल के अनुसार जिला पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. के अनुसार उनके नाम अजायब सिंह और परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा हैं, जो दौलतपुर थाना डेहलों लुधियाना के रहने वाले हैं । उन्हें भवानीगढ़ के निकट गांव माझा में गश्ती पुलिस पार्टी ने गिरफ्तार किया । उनके कब्ज़े से 32 बोर का रिवाल्वर, 12 बोर का पिस्तौल व 8 कारतूस मिले ।

तीन घुसपैठिये पकड़े : अमृतसर (ह.स.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कल बल्टोहा थाने के अन्तर्गत कोटली बसाखा सिंह गांव के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो पाकिस्तानी और एक भारतीय घुसपैठिये को धर दबोचा । पुलिस सूत्रों के अनुसार ये तीनों पाकिस्तान से सीमा पार करके भारत में घुस रहे थे । उमेदीन और अब्दुल रेहसीम नामक दो पाक घुसपैठियों के कब्ज़े से एक चीन निर्मित राइफल दो मैगज़ीनों और 13 कारतूस सहित, एक .12 बोर की पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए । भारतीय घुसपैठिये शिगारा सिंह के कब्ज़े से एक .12 बोर की बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए । भारतीय घुसपैठिया कोटली बसाखा सिंह का रहने वाला है ।

3 घुसपैठिये, 6 शरणदाता गिरफ्तार किये गये : सी.आर.पी. से मुठभेड़ में एक उग्रवादी घायल, पैट्रोल पम्प लूटा गया

इस बीच पुलिस ने कल देर रात अजनाला थाने के अन्तर्गत बलरामवाला गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक संदिग्ध आतंकवादी तरसेम सिंह को गिरफ्तार कर लिया । आतंकवादियों ने बलरामवाला गांव में विशेष अधिकारी की चौकी पर हमला बोला, जिसके फलस्वरूप हुई मुठभेड़ में उक्त आतंकवादी गिरफ्तार कर लिया गया ।

6 शरणदाता गिरफ्तार : 'अशोक' के अनुसार मजीठा पुलिस ज़िला के एस.एस.पी. द्वारा दायर एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार थाना मजीठा और लोपोके ने 6 व्यक्तियों को, जो दर्दांत आतंकवादियों को शरण देते थे, गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम सतनाम सिंह वल्द साहब सिंह, गुरनाम सिंह वल्द सुरजन सिंह, कुलदीप सिंह वल्द हरनाम सिंह, अपार सिंह वल्द हरनाम सिंह तथा दर्शन सिंह वल्द इन्द्र सिंह तथा बलबीर सिंह वल्द पाल सिंह हैं ।

किसान घायल : गत रात जिला अमृतसर में थाना बल्टोहा के अन्तर्गत गांव ढोलां में एक किसान सर्बजीत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । हमलावर किसान से 7,000 रुपए नकद छीन कर ले गए । घटनास्थल से ए.के.-47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sahitya Sansthan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक घायल : गत रात ही थाना बल्टोहा के गांव जोधसिंहवाला के निकट एक उग्रवादी को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया । खबरों में कहा गया है कि गांव के निकट दो उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की एक पार्टी पर घात लगा कर हमला किया । सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी घायल हो गया जबकि दूसरा भाग निकला ।

बाबा बकाला के निकट हत्या : बटाला (कोछड): आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सदिग्ध आतंकवादियों ने बाबा बकाला के निकट एक व्यक्ति राजबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो लोग घायल : आज सायं बटाला के हंसली पुल क्षेत्र के स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा पर तैनात इंडो-तिब्बतन बार्डर पुलिस के जवान सत्यवीर सिंह की राइफल से अचानक गोली चल जाने से पूरन सिंह तथा महेन्द्र मसीह घायल हो गए ।

रिमांड : पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार पठानकोट बम-कांड में पकड़े गए उग्रवादियों का अदालत ने छः दिसम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया है । उग्रवादियों को श्री आर.एल. मेहता एस.डी.एम. पठानकोट की अदालत में पेश किया गया था ।

स्कूटर सवार घायल : आज बाद दोपहर जालंधर जिले में दो आतंकवादियों ने गांव साबोवाल कारे में एक व्यक्ति कुलवंत सिंह से स्कूटर छीनने की असफल कोशिश में उसे गोली मार कर घायल कर दिया । कुलवंत सिंह अपनी पत्नी के साथ अपने गांव को जा रहा था ।

पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने दम्पति को पिस्तौल की नोक पर रोका । जब उन्होंने स्कूटर मांगा तो कुलवंत सिंह की पत्नी एक आतंकवादी से गुत्थम-गुत्था हो गई । इस पर एक आतंकवादी ने .12 बोर की पिस्तौल से गोली चलाई, जो कि कुलवंत सिंह को लगी । कुलवंत सिंह की पत्नी के कड़े प्रतिरोध को देखते हुए आतंकवादी स्कूटर छीने बगैर ही भाग गए । कुलवंत सिंह को निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

अजीत सिंह का अंतिम संस्कार : सी.पी.आई. नेता अजीत सिंह गदरा, जिनकी कल उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, को आज उनके गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

फिल्लौर के निकटवर्ती गांव पक्कापुर में शुक्रवार की रात को कुछ व्यक्तियों ने एक जमींदार करनैल सिंह की गला घोंट कर हत्या कर दी । (छाया : तरसेम)

बड़ी संख्या में किसान इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने यह प्रण किया कि वे उस कार्य को आगे बढ़ाएंगे,जिसके लिए किसान नेता ने 'शहीदी' प्राप्त की है । यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव चंद फतेहपुरी ने दी । सी.पी.आई. और सी.पी.एम. के कई नेताओं ने, जिनमें प्यारा सिंह दोसी, जगजीत सिंह आनंद, मदन लाल दीदी, सरवन सिंह चीमा, डा. जोगेंद्र दयाल और भगत राम शामिल हैं, ने कामरेड अजीत सिंह को श्रद्धांजलियां भेंट कीं ।

रूसी-फ्रांसीसी अंतरिक्ष अभियान

मास्को, 26 नवम्बर (ए.पी.): सोवियत संघ और फ्रांस के अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल को आज एक राकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया । उनके राकेट ने बेकोनूर अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी । यह राकेट सोवियत संघ के अंतरिक्ष में मौजूद अंतरिक्ष केंद्र 'मीर' से जुड़ेगा ।



कामरेड अजीत सिंह गदरा, जिनकी गत दिवस आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज उनके गांव गदरा में अंतिम संस्कार कर दिया गया । चित्र में– उनके शव के पास शोक में डूबे कम्युनिस्ट नेता कामरेड प्यारा सिंह दिसोली, जगजीत सिंह आनन्द व अन्य सगे-संबंधी तथा (नीचे) अंतिम संस्कार का दृश्य । (इन्सैट) कामरेड अजीत सिंह गदरा का पार्थिव शरीर । (छाया : प्यारे)

बूटा सिंह को कई ज्ञापन

चंडीगढ़, 26 नवम्बर (वि.प्र.): आज यहां केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह को चंडीगढ़ के कई संगठनों की ओर से एक दर्जन ज्ञापन भेंट किये गये जिनमें लोगों, कर्मचारियों, निर्धन वर्ग और सफाई मजदूरों की समस्याओं का उल्लेख किया गया है । चंडीगढ़ क्षेत्रीय कांग्रेस (इ) के प्रधान दौलत राम शर्मा की ओर से दिये गये ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्य आयुक्त का पद बहाल किया जाए । चंडीगढ़ यूथ कांग्रेस (इ) के प्रधान सुरजीत चौधरी ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे को तत्काल चंडीगढ़ के प्रशासक की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए । महर्षि वाल्मीकि भवन कमेटी चंडीगढ़ के प्रधान कर्म सिंह राजू ने ज्ञापन में मांग की कि वाल्मीकि मंदिर निर्माण के लिए कमेटी को वित्तीय सहायता दी जाए । संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से दिये गये ज्ञापन में मांग की गई है कि 13-टाईप मकान 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत बेघर लोगों को अलाट कर दिये जाएं ।

पागलों द्वारा संतान पैदा करने पर रोक

बीजिंग, 26 नवम्बर (ए.पी.): पश्चिमोत्तर चीन के गांसु प्रांत में मानसिक तौर पर अस्वस्थ सभी लोगों द्वारा संतानोत्पत्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और जनस्वास्थ्य मंत्रालय ने कल बताया कि इस प्रतिबंध को राष्ट्र व्यापी विस्तार देने के लिए एक कानून का मसविदा तैयार किया जा रहा है ।

नरसिम्हा कमेटी

(पृष्ठ 3 का शेष)

बेअंत सिंह, चंडीगढ़ से लोकसभा सदस्य श्री जगन्नाथ कौशल, अन्य नेताओं अमरनाथ सरहदी, राजा सिंह, श्रीमती करतारी देवी, चंडीगढ़ इंका प्रधान दौलत राम शर्मा, कर्मचन्द परदेसी आदि ने भी सम्बोधित किया । श्री सरहदी तथा श्री शर्मा ने

सरकार आम जनता के जानमाल की रक्षा में विफल : दयोसी

जालंधर, 26 नवम्बर (ह.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब शाखा के सचिव श्री प्यारा सिंह दयोसी ने कल उग्रवादियों द्वारा एक प्रमुख किसान कम्युनिस्ट नेता श्री अजीत सिंह की हत्या किए जाने की कटु निंदा की है ।

उन्होंने सभी लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष शक्तियों से आग्रह किया है कि वे हमारे देश के विरुद्ध साम्राज्यवादी शक्तियों द्वारा किए जा रहे षड्यंत्रों तथा अस्थिरता पैदा करने के प्रयासों को विफल बनाने के लिए एकजुट हों ।

आज यहां एक बयान में श्री दयोसी ने कहा कि सरकार अपने भारी-भरकम दावों के बावजूद आम नागरिकों के जानमाल की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है ।

श्री दयोसी ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे हमेशा सतर्क रहें तथा वामपंथी शक्तियों की एकता को मजबूत बनाएं । उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह पंजाब समस्या के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है तथा इस समस्या को लटकाती चली आ रही है । उन्होंने कहा कि अपनी बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बावजूद प्रधानमंत्री अभी तक पंजाब समस्या के सम्बन्ध में एक समान रणनीति बनाने के बारे में सर्वदलीय बैठक बुलाने में विफल रहे हैं ।

उन्होंने इस बात पर भी चिंता प्रकट की कि सरकार ग्रामीण स्तर पर सुरक्षा दस्ते गठित करने तथा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने के सम्बन्ध में की गई मांग की उपेक्षा कर रही है ।

दो सोवियत गणराज्यों में तनाव का माहौल

मास्को, 26 नवम्बर (ए.पी.): सोवियत संघ के आर्मेनिया तथा आजरबाइजान गणराज्यों के प्रमुख शहरों में आज तनाव का माहौल बना रहा । सैनिकों ने जातीय तनाव खत्म करने के लिए टैंकों तथा हैलीकाप्टरों की मदद से इलाके में गश्त की । जातीय तनाव के कारण इन गणराज्यों में हिंसा तथा दहशत का माहौल बन गया है ।

आजरबाइजान में बाकू शहर के मध्यवर्ती चौक में कल एकत्रित हजारों लोगों को लाल सेना के टैंकों का सामना करना पड़ा ।

राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव ने कहा कि देश के नेता दोनों गणराज्यों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ शीघ्र बातचीत करके समस्या का समाधान ढूंढेंगे ।

अजरबेजान के किरोवाबाद में कर्फ्यू का उल्लंघन कर रहे तीन युवक सेना की फायरिंग में मारे गए ।

सेना को हमेशा तैयार रहना चाहिए : पंत

बेंगलूर, 26 नवम्बर : रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत ने आज यहां कहा कि रक्षा सेनाओं को हमेशा सतर्क और तैयार रहना चाहिए ताकि वे देश द्वारा सौंपी गई कोई भी जिम्मेवारी उठा सकें । श्री पंत वायु सेना के अधिकारियों तथा जवानों को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि मालदीव की घटना से यह शिक्षा मिलती है कि सेनाओं को हर समय पूरे साजो-सामान के साथ तैयार रहना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका और मालदीव में भारतीय सुरक्षा सेनाओं की भूमिका से सेनाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है तथा अंतर्राष्ट्रीय जगत में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है । उन्होंने इसके लिए सेना के तीनों अंगों को बधाई दी ।

श्री पंत ने कहा कि शांति सेना की देखरेख में श्रीलंका में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगए हैं । इससे स्पष्ट हो गया है कि वहां के लोग शांति चाहते हैं । इससे वहां की समस्या के राजनीतिक समाधान का रास्ता भी खुल गया है ।

श्री पंत ने बताया कि मालदीव के राष्ट्रपति अब्दुल गयूम ने आग्रह किया है कि कुछ भारतीय सेना अभी कुछ दिन और वहां रहे । 250 भारतीय सैनिक फिलहाल मालदीव में रहेंगे ।

Punjabi Jagran

दुकानदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 27 नवम्बर (वार्ता. ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने एक दुकानदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक घुसपैठिया मारा गया । गुरदासपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए उग्रवादी जस्सा ने बड़ी मात्रा में पाकिस्तान से हथियार लाकर उग्रवादियों को देने की स्वीकारोक्ति की है । पुलिस ने तीन आतंकवादी तथा कुछ शरणदाता गिरफ्तार किए हैं ।

मामा-भानजा की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव गण्डे के चोने में गत रात कम से कम पांच सशस्त्र अज्ञात आतंकवादियों ने एक घर से हथियारों के बल पर कुलदीप सिंह व उसके भानजे इकबाल सिंह को खेतों में ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मौका से 315 बोर राइफल के 6 चले कारतूस व खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स की एक चिट्ठी, जिस पर इसके लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह खालसा के हस्ताक्षर हैं, मिली है जिसमें लिखा है कि इन्होंने कुछ समय पहले बाबा नाम देव मंदिर से गाय की मूर्ति से सोना चोरी किया था इसलिये इनकी हत्या की गई है ।

श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह, नरिन्द्र सिंह, मंगल सिंह व नगरूप सिंह के खिलाफ केस दर्ज करके 8 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । पुलिस व बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन कर रही है ।

3 शरणदाता गिरफ्तार : पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कादियां पुलिस ने दलीप सिंह, करतार सिंह व रतनाम सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

5 ए.के-47 व 10 स्टेनगनें लाया था : पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा व एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि थाना सिटी पुलिस बटाला व बी.एस.एफ. 84 बटालियन ने गत दिवस कलानौर के जिस आतंकवादी जसवंत सिंह गामा उर्फ़ जस्सा को गिरफ्तार किया था, उसने आरम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वह 5 बार पाकिस्तान गया तथा वहां से ट्रेनिंग ले कर अपने साथ 5 ए.के-47 राइफलें, 10 फ़ोल्डिंग स्टेनगनें, 9 रिवाल्वर व 10 हथगोले लाया था, जो उसने यहां आकर खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के आतंकवादियों को दे दिए थे । इसने कुछ हत्याओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । इस पर 30 हजार का ईनाम था । उससे पूछताछ जारी है ।

आत्म-समर्पण : लुधियाना (ह.स.): आज प्रातः वहां पुलिस के साथ ताजपुर रोड के निकट एक सशस्त्र मुठभेड़ में बाद तीन आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । उनसे एक स्कूटर, एक वैबलेस्काट आयातित रिवाल्वर, एक 12 बोर पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गये । उनके नाम बख्शीश सिंह, देवेंद्र सिंह उर्फ़ लम्बर तथा परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मी बताए जाते हैं । पुलिस ने आतंकवादियों के 2 शरणदाताओं को भी पकड़ा है ।

भुच्चो मंडी से 'नागपाल' के अनुसार कल भुच्चो मंडी से 4 किलोमीटर दूर गांव चक फतेह सिंह वाला में एक व्यक्ति से बंदूक छीन ली गई । पुलिस जांच कर रही है ।

दुकानदार की हत्या : रोपड़ (वा.) कल रात जिला रोपड़ में थाना मोरिंडा के अंतर्गत गांव सिद्धपुर कलां में आतंकवादियों ने एक दुकानदार किशोरी लाल की उसकी दुकान में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : भारत-पाक सीमा के फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश करने वाले तीन पाकिस्तानियों में से एक सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । दो अन्य वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गये ।

जालंधर (न.न.ए.): जालंधर पुलिस ने दो व्यक्तियों अवतार सिंह उर्फ़ तारा निवासी गांव तलवन और मक्खन सिंह निवासी काहनाढेसियां को खतरनाक आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त गिरफ्तार किये गये मक्खन सिंह और अवतार के पास खतरनाक आतंकवादी, जिनमें गुरदीप सिंह उर्फ़ दीपा, सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता व हरनेक सिंह उर्फ़ नेका शामिल हैं, आकर ठहरते थे ।

दम्पति घायल : आज रात्रि जालन्धर जिले के लोहियां ग्राम के पास उग्रवादियों ने स्कूटर पर जा रहे कुलवंत सिंह व उनकी पत्नी को गोली मार कर घायल कर दिया व उनका स्कूटर लेकर फरार हो गए । उन्हें जालन्धर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

कल रात्रि भी लोहियां के पास ही महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था । उसे भी सिविल अस्पताल जालन्धर में भर्ती कराया गया है । वह भी पत्नी के साथ स्कूटर पर जा रहा था ।

उग्रवादी फरार : पटियाला (भूषण): एक कट्टर उग्रवादी अजीत सिंह गत शाम शाही समाधां के निकट पुलिस की हिरासत से फरार हो गया । वह एक पुलिस हैडकांस्टेबल पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार था । सी.आई.ए. स्टाफ उसे अस्पताल ले जा रहा था कि वह उसको ले जा रहे पुलिस कांस्टेबल पर हमला करके हथकड़ी समेत फरार हो गया । कहा जाता है कि अभियुक्त का एक साथी पहले ही मोटर साइकल लेकर वहां मौजूद था और अभियुक्त उसके मोटर साइकल पर बैठ कर फरार हुआ । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

अमरीकी दम्पति की गौरव गाथा

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (वार्ता): बहुत कम लोग उस अमरीकी मिशनरी दम्पति की गौरव गाथा को जानते हैं जो युवावस्था में ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ा था और जिसे महात्मा गांधी के प्रति अविचल समर्थन के कारण ब्रिटिश सरकार ने 1932 में भारत से निर्वासित कर दिया था । पहली बार भारत आने के ठीक 60 वर्ष बाद आज यह दम्पति अपने दो उद्देश्यों को लेकर एक अभियान के तहत भारत लौटा है । उनका पहला उद्देश्य है अपने विवाह की 60वीं वर्ष गांठ मनाना और दूसरा उद्देश्य है भारतीय युवकों को "भारत के अतीत के गौरव" की याद दिलाना । जीवन के 80 वर्ष पार कर चुके गोर्डन और हेलेन हाल्सटीड भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के विशेष अतिथि के रूप में 'भारत को पुनः खोजने' के अपने अभियान पर भारत आए हैं ।

हाल्सटीड दम्पति ने एक विशेष भेंट में भारत के अच्छे और बुरे दिनों की याद करते हुए कहा, 'जब हम अपने विवाह के तुरन्त बाद यहां आए तो भारत में जबरदस्त उत्तेजना थी । ऐसे वक्त जबकि अधिकतर यूरोपीय और अमरीकी देशों की विदेश नीति में हिंसा पर जोर दिया जा रहा था, महात्मा गांधी अहिंसा का संदेश दे रहे थे ।' दम्पति ने बताया कि उन्होंने इस संत के बारे में सिर्फ सुना और पढ़ा था । लेकिन जब उन्होंने भारत के लाखों लोगों पर महात्मा गांधी का जादुई असर देखा तो चकित रह गए । श्रीमती हेलेन ने कहा कि अपने एक चाचा की मदद से नौकरी पाकर लखनऊ में बसे । यह बीस के दशक के उत्तरार्द्ध और तीस के दशक के पूर्वार्द्ध का ऐसा समय था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने शिखर पर था । साइमन कमीशन बम्बई पहुंच चुका था और सभी राजनीतिक दलों ने उसका बहिष्कार कर दिया था । सविनय अवज्ञा आंदोलन तेज कर दिया गया था । महात्मा गांधी ने नमक बनाने के लिए ऐतिहासिक डांडी मार्च किया था । यह समय था जब पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 'स्वाधीनता' की घोषणा की थी ।

सिराकूज विश्वविद्यालय से स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के तुरन्त बाद भारत पहुंचे इस

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बेनजीर की प्रधानमंत्री प

दुकानदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 27 नवम्बर (वार्ता. ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने एक दुकानदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक घुसपैठिया मारा गया । गुरदासपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए उग्रवादी जस्सा ने बड़ी मात्रा में पाकिस्तान से हथियार लाकर उग्रवादियों को देने की स्वीकारोक्ति की है । पुलिस ने तीन आतंकवादी तथा कुछ शरणदाता गिरफ्तार किए हैं ।

मामा-भानजा की हत्या : बटाला से 'क्रोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव गण्डे के चोने में गत रात कम से कम पांच सशस्त्र अज्ञात आतंकवादियों ने एक घर से हथियारों के बल पर कुलदीप सिंह व उसके भानज इकबाल सिंह को खेतों में ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मौका से 315 बोर राइफल के 6 चले कारतूस व खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स की एक चिट्ठी, जिस पर इसके ले. जनरल जगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह खालसा के हस्ताक्षर हैं, मिली है जिसमें लिखा है कि इन्होंने कुछ समय पहले बाबा नाम देव मंदिर से गाय की मूर्ति से सोना चोरी किया था इसलिये इनकी हत्या की गई है ।

श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के ले. जनरल जगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह, नरिन्द्र सिंह, मंगल सिंह व नगरूप सिंह के खिलाफ केस दर्ज करके 8 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । पुलिस व बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन कर रही है ।

3 शरणदाता गिरफ्तार : पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कादियां पुलिस ने दलीप सिंह, करतार सिंह व सतनाम सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

5 ए.के-47 व 10 स्टेनगनें लाया था : पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा व एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि थाना सिटी पुलिस बटाला व बी.एस.एफ. 84 बटालियन ने गत दिवस कलानौर के जिस आतंकवादी जसवंत सिंह गामा उर्फ़ जस्सा को गिरफ्तार किया था, उसने आरम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वह 5 बार पाकिस्तान गया तथा वहां से ट्रेनिंग ले कर अपने साथ 5 ए.के-47 राइफलें, 10 फ़ोल्डिंग स्टेनगनें, 9 रिवाल्वर व 10 हथगोले लाया था, जो उसने यहां आकर खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के आतंकवादियों को दे दिए थे । इसने कुछ हत्याओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । इस पर 50 हजार का ईनाम था । उससे पूछताछ जारी है ।

आत्म-समर्पण : लुधियाना (ह.स.): आज प्रातः यहां पुलिस के साथ ताजपुर रोड के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । उनसे एक स्कूटर, एक वैबलेस्काट आयातित रिवाल्वर, एक 12 बोर पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गये । उनके नाम बख्शीश सिंह, देवेंद्र सिंह उर्फ़ लम्बर तथा परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मी बताए जाते हैं । पुलिस ने आतंकवादियों के 2 शरणदाताओं को भी पकड़ा है ।

भच्चो मंडी से 'नागपाल' के अनुसार कल भच्चो मंडी से 4 किलोमीटर दूर गांव चक फतेह सिंह वाला में एक व्यक्ति से बंदूक छीन ली गई । पुलिस जांच कर रही है ।

दुकानदार की हत्या : रोपड़ (वा.) कल रात जिला रोपड़ में थाना मोरिंडा के अंतर्गत गांव सिद्धपुर कलां में आतंकवादियों ने एक दुकानदार किशोरी लाल की उसकी दुकान में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : भारत-पाक सीमा के फिरोज़पुर सैक्टर में पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश करने वाले तीन पाकिस्तानियों में से एक सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । दो अन्य वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गये ।

जालंधर (न.न.ए.): जालंधर पुलिस ने दो व्यक्तियों अवतार सिंह उर्फ़ तारा निवासी गांव तलवन और मक्खन सिंह निवासी कांहना देसियां को खतरनाक आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त गिरफ्तार किये गये मक्खन सिंह और अवतार के पास खतरनाक आतंकवादी, जिनमें गुरदीप सिंह उर्फ़ दीपा, सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता व हरनेक सिंह उर्फ़ नेका शामिल हैं, आकर ठहरते थे ।

दम्पति घायल : आज रात्रि जालन्धर जिले के लोहियां ग्राम के पास उग्रवादियों ने स्कूटर पर जा रहे कुलवंत सिंह व उनकी पत्नी को गोली मार कर घायल कर दिया व उनका स्कूटर लेकर फरार हो गए । उन्हें जालन्धर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

कल रात्रि भी लोहियां के पास ही महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था । उसे भी सिविल अस्पताल जालन्धर में भर्ती कराया गया है । वह भी पत्नी के साथ स्कूटर पर जा रहा था ।

उग्रवादी फरार : पटियाला (भूषण): एक कट्टर उग्रवादी अजीत सिंह गत शाम शाही समाधां के निकट पुलिस की हिरासत से फरार हो गया । वह एक पुलिस हैडकांस्टेबल पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार था । सी.आई.ए. स्टाफ उसे अस्पताल ले जा रहा था कि वह उसको ले जा रहे पुलिस कास्टबल पर हमला करके हथकड़ी समेत फरार हो गया ।

कहा जाता है कि अभियुक्त का एक साथी पहले ही मोटर साइकल लेकर वहां मौजूद था और अभियुक्त उसके मोटर साइकल पर बैठ कर फरार हुआ । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

अमरीकी दम्पति की गौरव गाथा

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (वार्ता): बहुत कम लोग उस अमरीकी मिशनरी दम्पति की गौरव गाथा को जानते हैं जो युवावस्था में ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ा था और जिसे महात्मा गांधी के प्रति अविचल समर्थन के कारण ब्रिटिश सरकार ने 1932 में भारत से निर्वासित कर दिया था । पहली बार भारत आने के ठीक 60 वर्ष बाद आज यह दम्पति अपने दो उद्देश्यों को लेकर एक अभियान के तहत भारत लौटा है । उनका पहला उद्देश्य है अपने विवाह की 60वीं वर्ष गांठ मनाना और दूसरा उद्देश्य है भारतीय युवकों को "भारत के अतीत के गौरव" की याद दिलाना । जीवन के 80 वर्ष पार कर चुके गोर्डन और हेलेन हाल्सटीड भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के विशेष अतिथि के रूप में 'भारत को पुनः खोजने' के अपने अभियान पर भारत आए हैं ।

हाल्सटीड दम्पति ने एक विशेष भेंट में भारत के अच्छे और बुरे दिनों की याद करते हुए कहा, 'जब हम अपने विवाह के तुरन्त बाद यहां आए तो भारत में जबरदस्त उत्तेजना थी । ऐसे वक्त जबकि अधिकतर यूरोपीय और अमरीकी देशों की विदेश नीति में हिंसा पर जोर दिया जा रहा था, महात्मा गांधी अहिंसा का संदेश दे रहे थे ।" दम्पति ने बताया कि उन्होंने इस संत के बारे में सिर्फ सुना और पढ़ा था । लेकिन जब उन्होंने भारत के लाखों लोगों पर महात्मा गांधी का जादुई असर देखा तो चकित रह गए । श्रीमती हेलेन ने कहा कि अपने एक चाचा की मदद से नौकरी पाकर लखनऊ में बसे । यह बीस के दशक के उत्तरार्द्ध और तीस के दशक के पूर्वार्द्ध का ऐसा समय था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने शिखर पर था । साइमन कमीशन बम्बई पहुंच चुका था और सभी राजनीतिक दलों ने उसका बहिष्कार कर दिया था । सविनय अवज्ञा आंदोलन तेज कर दिया गया था । महात्मा गांधी ने नमक बनाने के लिए ऐतिहासिक डांडी मार्च किया था । यह समय था जब पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 'स्वाधीनता' की घोषणा की थी ।

सिराकुज विश्वविद्यालय से स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात [illegible]

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बेनजीर की प्रधानमंत्री प

Punjab Samachar

औरत सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 28 नवम्बर (वार्ता, हस.) : पंजाब में कल रात से अब तक एक औरत सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । पटियाला में एक थाने में से 6 उग्रवादी फरार हो गए । एक सरकारी प्रवक्ता ने दावा किया कि तीन व्यक्तियों की हत्या होने की सूचना है लेकिन यह आपसी शत्रुता के मामले हैं । इनमें बटाला के करनैल सिंह तथा लुधियाना जिला के विजय कुमार व हरजीत कौर की हत्या शामिल है ।

बीरेवाला में हत्या : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस जिला के अंतर्गत गांव बीरेवाला में एक व्यक्ति करनैल सिंह की संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी फरार : पटियाला (भूषण) : आजकल थानों में सुरक्षा की क्या हालत है इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि एक पुलिस थाना से 6 उग्रवादी खिसकने में सफल हो गए । इनकी स्पैशल जज की अदालत से जमानतें हो गई थीं । फिर नाभा स्पैशल जेल से रिहाई के बाद उन्हें थाना नाभा में रखा गया ताकि सुरक्षा के साथ उन्हें संबंधित थानों के सुपुर्द किया जाए । रात को उन्हें थाने के एक कमरे में रखा गया गया जहां से वे थाने की दीवार तोड़ कर खिसक जाने में सफल हो गए ।

पटियाला में पटना के उग्रवादी अजीत सिंह का पुलिस हिरासत से भाग जाना इससे भी ज्यादा सनसनीपूर्ण है । उसे अस्पताल से दवाई पिला कर सी.आई.ए. स्टाफ हथकड़ी लगा कर ला रहा था जबकि उसने शाही समाधों के निकट अपने पहरेदार कांस्टेबल को अचानक हथकड़ी मारी और खुद को छुड़ा कर हथकड़ी सहित भाग निकला । पास ही उसका एक साथी मोटर साइकल लिए खड़ा था । वह उसके पीछे बैठ कर भाग निकला । इस घटना ने कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं । पुलिस इस खतरनाक उग्रवादी को पूरी सुरक्षा के साथ क्यों न लाई । फिर फरार होने के लिए शाही समाधों के निकट जगह चुनी गई जहां उसका साथी मोटर साइकल लिए मौजूद था । इससे जाहिर है कि यह सब कुछ पूर्व नियोजित था ।

हत्या : अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसिंहवाला में उग्रवादियों ने आज रात्रि एक वृद्ध की हत्या कर दी ।

थाना इंचार्ज के घर पर फायरिंग : आज रात्रि अमृतसर जिले के झब्बाल थाना इंचार्ज के घर पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । सुरक्षा गार्डों द्वारा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanjati

औरत सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 28 नवम्बर (वार्ता, हस.) : पंजाब में कल रात से अब तक एक औरत सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । पटियाला में एक थाने में से 6 उग्रवादी फरार हो गए । एक सरकारी प्रवक्ता ने दावा किया कि तीन व्यक्तियों की हत्या होने की सूचना है लेकिन यह आपसी शत्रुता के मामले हैं । इनमें बटाला के करनैल सिंह तथा लुधियाना जिला के विजय कुमार व हरजीत कौर की हत्या शामिल है ।

बीरेवाला में हत्या : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस जिला के अंतर्गत गांव बीरेवाला में एक व्यक्ति करनैल सिंह की संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी फरार : पटियाला (भूषण) : आजकल थानों में सुरक्षा की क्या हालत है इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि एक पुलिस थाना से 6 उग्रवादी खिसकने में सफल हो गए । इनकी स्पैशल जज की अदालत से जमानतें हो गई थीं । फिर नाभा स्पैशल जेल से रिहाई के बाद उन्हें थाना नाभा में रखा गया ताकि सुरक्षा के साथ उन्हें संबंधित थानों के सुपुर्द किया जाए । रात को उन्हें थाने के एक कमरे में रखा गया गया जहां से वे थाने की दीवार तोड़ कर खिसक जाने में सफल हो गए ।

पटियाला में पटना के उग्रवादी अजीत सिंह का पुलिस हिरासत से भाग जाना इससे भी ज्यादा सनसनीपूर्ण है । उसे अस्पताल से दवाई पिला कर सी.आई.ए. स्टाफ हथकड़ी लगा कर ला रहा था जबकि उसने शाही समाधो के निकट अपने पहरेदार कांस्टेबल को अचानक हथकड़ी मारी और खुद को छुड़ा कर हथकड़ी सहित भाग निकला । पास ही उसका एक साथी मोटर साईकल लिए खड़ा था । यह उसके पीछे बैठ कर भाग निकला । इस घटना ने कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं । पुलिस इस खतरनाक उग्रवादी को पूरी सुरक्षा के साथ क्यों न लाई । फिर फरार होने के लिए शाही समाधो के निकट जगह चुनी गई जहां उसका साथी मोटर साईकल लिए मौजूद था । इससे जाहिर है कि यह सब कुछ पूर्व नियोजित था ।

हत्या : अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसिंहवाला में उग्रवादियों ने आज रात्रि एक वृद्ध की हत्या कर दी ।

थाना इंचार्ज के घर पर फायरिंग : आज रात्रि अमृतसर जिले के झब्बाल थाना इंचार्ज के घर पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । सुरक्षा गार्डों द्वारा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sahatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जवाबी फायरिंग किए जाने पर वे भाग गए ।

औरत की लाश मिली : अमृतसर (हस.): पुलिस ने बताया कि आज थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव पंडोरी तख्त मल में खेतों में एक औरत की गोलियों से छलनी लाश मिली । इसकी पहचान नहीं हो सकी ।

बरनाला पुलिस ने विजय सिंह व बीर सिंह नामक दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जबकि लुधियाना जिला में बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । धूरी पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी हरदेव सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल व एक चोरी का स्कूटर बरामद किया ।

मोगा से आजाद के अनुसार गत दिनों यहां बस्ती मोहन सिंह में एक व्यक्ति सेवक सिंह की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस ने 12 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है । उनसे हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए गए ।

2 होमगार्ड घायल : आज शाम लगभग 6.30 बजे दो आतंकवादियों ने जी.टी.रोड मोगा स्थित शराब के एक ठेके के बाहर पहरा दे रहे दो होमगार्डों रणजीत सिंह व करनैल सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया । एक हवालदार सुरेंद्र सिंह बाल-बाल बच गया । आतंकवादी होमगार्डों के हथियार भी ले गए ।

Punjabi Sanatani

जत्थेदार तलवंडी आतंकवादियों के हमले में घायल, गनमैन व एक रिश्तेदार की मौत

पंडोरी तख्तमल में मारी गई स्त्री उग्रवादी गिरोह की सदस्य थी : अन्यत्र सहायक पुलिस इंस्पेक्टर समेत 5 की हत्या

चंडीगढ़, 29 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): एकीकृत अकाली दल (त) के अध्यक्ष जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी आज आतंकवादियों द्वारा उनकी हत्या के प्रयास में बाल-बाल बच गए जबकि उनका एक गनमैन तथा एक निकट संबंधी हमले में मारा गया । श्री तलवंडी के कंधे में गोली लगी । पंजाब में अन्यत्र 5 लोगों की हत्या कर दी गई जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा गया ।

तलवंडी घायल : लुधियाना (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर लुधियाना जिला में जगराओं तथा तलवंडी के बीच कमालपुर गांव के निकट एकीकृत अकाली दल (त) के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी की जिप्सी वैन पर घात लगा कर हमला कर दिया जिससे जत्थेदार तलवंडी के सरकारी गनमैन कमल कुमार तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य हरजिंदर सिंह की मृत्यु हो गई जबकि स्वयं जत्थेदार तलवंडी और उनके दो प्राइवेट गनमैन घायल हो गए । नजदीकी खेतों में कार्य कर रही एक महिला भी घायल हो गई ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार अज्ञात संख्या में आतंकवादी तरपाल से ढके एक ट्रक में सवार थे तथा जैसे ही श्री तलवंडी की गाड़ी ट्रक के निकट पहुंची, आतंकवादियों ने जबरदस्त फायरिंग शुरू कर दी जिससे कमल कुमार की मृत्यु हो गई जबकि श्री तलवंडी, श्री हरजिंदर सिंह व दो निजी गनमैन घायल हो गए । बाद में श्री हरजिंदर सिंह की मृत्यु हो गई ।

जत्थेदार तलवंडी और अन्य घायलों को सुधार गांव के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया । सी.एम.सी. से डाक्टरों की एक टीम को श्री तलवंडी

जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी की कार, जिस पर उग्रवादियों ने हमला करने का प्रयत्न किया था (छाया : भाम्बी)



एकीकृत अकाली दल (त) के प्रधान जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी जो मंगलवार को आतंकवादियों की फायरिंग में घायल हो गए । (छाया : कम्बोज)

व उनके साथियों के इलाज के लिए भेजा गया । एक अन्य समाचार के अनुसार जिप्सी में सवार दो अन्य व्यक्ति निर्मल सिंह व उजागर सिंह भी घायल हुए ।

श्री तलवंडी के कंधे में गोली लगी तथा उनकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है । बाद में श्री तलवंडी को सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया ।

सुविज्ञ सूत्रों ने कहा कि श्री तलवंडी अमृतसर जा रहे थे जहां कल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की बैठक होने वाली थी । एक सूचना के अनुसार श्री हरजिंदर सिंह जत्थेदार तलवंडी के निकट सम्बन्धी थे । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि यह घटना आज लगभग 12.40 बजे हुई । हमलावरों को सम्भवत: श्री तलवंडी के कार्यक्रम और रूट का पता था तथा वे सड़क के किनारे ट्रक खड़ा करके उनकी गाड़ी की प्रतीक्षा करते रहे । जब जत्थेदार तलवंडी की गाड़ी वहां पहुंची उन्होंने आटोमैटिक हथियारों से गोलियां चला कर गाड़ी के टायर फाड़ दिए । जैसे ही गाड़ी रुकी उन्होंने पुन: जबरदस्त फायरिंग की ।

जत्थेदार तलवंडी की एस्कार्ट जीप में सवार गनमैनों ने आतंकवादियों का पीछा करने की बजाय उन्हें अस्पताल ले जाने को प्राथमिकता दी । आतंकवादी ट्रक में सवार होकर फरार होने में सफल रहे ।

श्री तलवंडी ने कल चंडीगढ़ में कई वरिष्ठ अकाली नेताओं से मुलाकातें की थीं और ऐसी खबरें थीं कि अकाली एकता में प्रगति और पकड़ गए हैं । श्री तलवंडी ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के स्टे आर्डर के बावजूद नई कार्यकारिणी के चुनाव के बारे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की साधारण सभा की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करने की भी घोषणा की थी ।

पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में घायल एकीकृत अकाली दल के प्रधान श्री जगदेव सिंह तलवंडी का सी.एम.सी. लुधियाना में हाल पूछते हुए । साथ में पंजाब पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल भी दिखाई दे रहे हैं ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने आज शाम जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी से मुलाकात की । उनके साथ वित्तायुक्त और गृह सचिव श्री एल.एल. कपूर और पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल भी थे । श्री रे कुछ समय श्री तलवंडी के साथ रहे और उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा । अकाली सांसद मेवा सिंह गिल और पंजाब प्रदेश इंका अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह भी श्री तलवंडी को देखने गए ।

श्री रे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह एक दुखद घटना है । अकाली दलों (तलवंडी, लौंगोवाल व मास्टर धड़े), इंका, सी.पी.आई. और सी.पी.एम. को खालिस्तान के नारे की निंदा करनी चाहिए ।

किसान की हत्या : अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन थाने के लालपुरा गांव के किसान संतोख सिंह का उसके घर से अपहरण करने के बाद उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार अपहरण का समाचार पाकर सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे तथा आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन आतंकवादी भाग निकले । पुलिस ने घटनास्थल से एक स्कूटर, एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और 15 कारतूस बरामद किए हैं । यह हत्या आतंकवादी गुटों की आपसी लड़ाई का नतीजा बताई गई है ।

अकाली कार्यकर्ता की हत्या : कल रात भिखीविंड पुलिस थाने के नरसिंहवाला गांव में अकाली दल (लौंगोवाल) के कार्यकर्ता किरपाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । तीन व्यक्तियों ने किरपाल सिंह के घर में घुस कर उसके ऊपर ए.के. 47 चीनी राइफल से गोलियां चलाईं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

सब्बाल पुलिस थाने के पंडोरी तख्तमल गांव के खेतों में कल एक महिला की लाश बरामद की गई जिसकी शिनाख्त कर ली गई है । यह महिला पंडोरी तख्तमल गांव की सुरजीत कौर बताई गई है । पुलिस के अनुसार यह महिला आतंकवादी गुटों की आपसी रंजिश में मारी गई क्योंकि उसके आतंकवादियों के एक गिरोह के साथ सम्बन्ध थे । 'वार्ता' के अनुसार सुरजीत कौर सी.आर.पी. तथा आतंकवादियों के बीच हुई फायरिंग में मारी गई ।

आतंकवादियों द्वारा एकीकृत अकाली दल (त) के प्रधान जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी की हत्या के लिये जगराओं के पास किए गये हमले में मृत (1) जत्थेदार का गनमैन कमल कुमार और (2) उनके एक रिश्तेदार हरजिंदर सिंह के शव, (3) हमले में घायल संत निर्मल सिंह, (4) उजागर सिंह और (5) सरपंच सतनाम सिंह (6) जत्थेदार तलवंडी की कार के पीछे आ रही जिप्सी जीप भी गोलियां लगने से क्षतिग्रस्त हो गई । (छाया : कम्बोज)

पुलिस इंस्पेक्टर, दोस्त की हत्या : चीन निर्मित ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने पिछली रात मजीठा थानांतर्गत सन्तनगर गांव में एक सहायक पुलिस इंस्पेक्टर रणबीर सिंह और उनके दोस्त मुख्त्यार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने श्री रणबीर सिंह के घर पर धावा बोल दिया और उन्हें तथा उनके दोस्त को बाहर निकलने का हुक्म दिया । आतंकवादियों ने दोनों को एक पेड़ से बांध कर गोली मार दी ।

शव मिला : गुरदासपुर जिले के हाला गांव में आज प्रात: एक शव पाया गया जिस पर तेजधार हथियारों के निशान थे ।

हत्या का प्रयास : भटिंडा जिले में फतेहसिंहवाला गांव के निवासियों ने कल रात आतंकवादियों की ओर से बलवंत सिंह नामक व्यक्ति के परिवार की हत्या का प्रयास विफल बना दिया । बताया जाता है कि आतंकवादी जबरन उक्त व्यक्ति के घर में घुस गए तथा गोलियां चलानी शुरू कर दीं लेकिन ग्रामीणों द्वारा शोर मचा दिए जाने पर आतंकवादी भाग निकले । इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

होशियारपुर जिले में पुलिस ने एक आतंकवादी टिक्का सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उससे एक रिवाल्वर व 8 कारतूस बरामद किए ।

शरणदाता गिरफ्तार : रूपड़ (वार्ता): रूपड़ पुलिस ने यहां आसा सिंह में अमरीक सिंह, उसके भाई कुलविन्दर, व मक्खन सिंह को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह खतरनाक आतंकवादियों को पनाह दिया करते थे ।

रोष हड़ताल : नवांशहर जिले में पंजाब एंड सिंध बैंक के एक कर्मचारी की हत्या करके उग्रवादियों द्वारा डेढ़ लाख रुपये लूटने की घटना के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल की । एक रैली भी हुई जिसे बैंक कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया ।

मुझ पर हमले के पीछे रोडे परिवार का हाथ : तलवंडी

लुधियाना, 29 नवम्बर (ह.स.): एकीकृत अकालीदल के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी ने आरोप लगाया है कि आज यहां से निकट उन पर किये गये हमले में रोडे परिवार का हाथ है । स्थानीय अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग दो महीने पहले एकीकृत अकालीदल के प्रतिद्वंद्वी गुट के अध्यक्ष बाबा जोगिन्दर सिंह के पुत्र श्री एच.एस. रोडे ने 'धमकी' दी थी । श्री तलवंडी ने कहा, "मुझे अपने भविष्य का पता था ।"

श्री तलवंडी ने आरोप लगाया कि सरकार रोडे के परिवार को संरक्षण दे रही है । उन्होंने यह भी कहा कि सीमा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने श्री रोडे के विरुद्ध बहुत ही ढीला रुख अपनाया ।

घुसपैठिया मारा गया : फिरोजपुर सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया ।

ट्रक ले गए : मोगा (आज़ाद) : जी.टी. रोड पर घणीपुर वाले मोड़ पर ट्रक नम्बर एच.वाई.सी. 4310 में सो रहे ड्राइवर सुरेंद्र सिंह को उग्रवादियों ने उठाया तथा ट्रक ले गये । उन्होंने सुरेंद्र सिंह को रास्ते में उतार दिया । ट्रक में धान लदा हुआ था । यह ट्रक सफीदों (हरियाणा) से तरनतारन जा रहा था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

104 पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

जम्मू, 29 नवम्बर (वार्ता, सच्चर): सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू क्षेत्र से 16 पाकिस्तानी नागरिकों सहित ऐसे 104 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जो कथित रूप से "पाकिस्तान फील्ड इंटैलीजैंस यूनिट" के लिये जासूसी करते थे । सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक पी.सी. डोगरा ने सम्वाददाताओं को बताया कि गत वर्ष केवल 91 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे । श्री डोगरा ने कहा कि इस वर्ष मुठभेड़ों में 31 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये ।

उन्होंने कहा कि जम्मू सैक्टर में पूरी सीमा पर कंटीली बाड़ लगाने की अभी स्वीकृति नहीं मिली लेकिन फिर भी "संवेदनशील क्षेत्रों में यूनिट स्तर पर कंटीली बाड़ लगाई गई है ।" उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तस्करों व घुसपैठियों के मन में ऐसा डर बिठा दिया है कि पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों को अपने एजेंट सीमा पार भेजने में कठिनाई हो रही है । उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष मुठभेड़ों में 7 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गये थे जबकि इस वर्ष 31 घुसपैठिये मारे गए हैं । उन्होंने कहा कि तस्करों व घुसपैठियों के मन में यह डर समा गया है यदि उन्होंने सीमा पार करने की कोशिश की तो वे गोली मार कर उड़ा दिए जाएंगे जिसके परिणाम स्वरूप सीमा पर तस्करी के मामलों में कमी हुई है ।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष पशु चोरी का भी कोई मामला नहीं हुआ जबकि 1987 में ऐसे 8 मामले हुए थे ।

देवी लाल की पौत्र वधू की मौत को लेकर लोकसभा में फिर हंगामा

नई दिल्ली, 29 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल की पौत्रवधू सुप्रिया की मृत्यु के मामले को लेकर लोकसभा में आज फिर

अधीक्षक का कहना है कि पोस्टमार्टम घर में हुआ जबकि डाक्टर का कहना है कि पोस्टमार्टम अस्पताल में हुआ । उन्होंने कहा कि लोगों को पता

पर अत्याचार के मामले में पेश ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर दे रही थी । उन्होंने कहा कि नव-विवाहिता महिलाओं की संदेहास्पद मृत्यु की

और सहरुल अली खां ने इस पर कई बार आपत्ति की की जिससे चर्चा के दौरान काफी गर्मागर्मी भी पैदा हुई । जनता पार्टी के जयपाल रेड्डी के साथ कुछ

रवि शास्त्री-अमृता की दोस्ती टूटने का कारण कपिल देव ?

संसदीय गठबंधन के लिए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी व मुहाजिर कौमी मुहिम में समझौता

मीका सहित 3 कट्टर आतंकवादी मारे गए : सी. आर. पी. की चौकी को राकेटों से उड़ाने का प्रयास

अमृतसर के गांव मुगल चक में सुरक्षा बलों व उग्रवादियों में भीषण मुठभेड़

पंजाब में अन्यत्र 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 30 नवम्बर (वार्ता, ह.स.): आज प्रातः अमृतसर जिला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में 3 कट्टर आतंकवादी मारे गए जबकि अन्य स्थानों पर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सी.आर.पी. की एक चौकी तथा पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक नियंत्रण कक्ष को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया गया । आध दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला अमृतसर में एक पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग की ।

तीन आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (वार्ता, ह.स.): थाना तरनतारन के अंतर्गत गांव मुगल चक के निकट सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स के तीन कट्टर आतंकवादी मारे गये । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृत आतंकवादियों के नाम हरजिन्दर सिंह, बघेल सिंह तथा अमरीक सिंह उर्फ मीका हैं ।

मुठभेड़ में मारा गया एक आतंकवादी हरजिंदर सिंह पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह कालोवाहन का नजदीकी रिश्तेदार था उसका मारा जाना सुरक्षा बलों की एक बड़ी उपलब्धि है ।

यह निश्चित सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी एक फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं, सुरक्षा बलों ने फार्म हाऊस पर छापा मारा । मुठभेड़ तीन घंटे जारी रही । सूत्रों ने बताया कि मारे गए आतंकवादी कई अपराधों में वांछित थे ।

क्षेत्र की तलाशी लेने पर पुलिस ने दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 4 मैगजीन, एक पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया । एक अन्य सूचना के अनुसार मृत आतंकवादियों में एक भिंडरावाले टाईगर फोर्स का स्वयं भू एरिया कमांडर था । मुठभेड़ में पंजाब पुलिस का एक जवान भी घायल हुआ ।

घटना का ब्यौरा देते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक श्री धर्म सिंह ने कहा कि प्रातः लगभग 8 बजे सी.आर.पी. की 40 बटालियन की एक गश्ती पार्टी पर भिखाना गांव के निकट एक फार्म हाऊस में से फायरिंग की गई । सी.आर.पी. जवानों ने तुरन्त मोर्चे सम्भाल लिये और जवाबी गोलीबारी की लेकिन आतंकवादी मुगल चक गांव की ओर बच कर निकलने में सफल हो गये । गश्ती पार्टी ने तुरन्त कमुक मंगवाई । तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजीव गुप्ता भारी फोर्स के साथ मौका पर पहुंच गए और क्षेत्र में छानबीन शुरू कर दी गई । गांव में सभी लोगों को अपने मकान खाली करके सुरक्षित दूरी पर चले जाने के लिए कहा गया । छानबीन की कार्रवाई के दौरान पुनः सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की जो कि फार्म हाऊस में छिपे हुए थे । इस फायरिंग में पंजाब पुलिस का जवान सुरेंद्र सिंह घायल हो गया ।

इसके बाद हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने हल्की मशीन गनें, सेल्फ लोडिंग राईफलें, हथगोले और राईफल ग्रेनेड इस्तेमाल किये । सभी तीन आतंकवादी वहीं पर मारे गये ।

चौकी उड़ाने का प्रयास : आतंकवादियों ने कल लगभग आधी रात के समय अमृतसर जिला में थाना परगढ़ के अंतर्गत सराय अमानत खान गांव में सी.आर.पी. की एक चौकी को उड़ाने का असफल प्रयास किया । अधिकृत रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की 44वीं बटालियन की चौकी पर सोवियत निर्मित राकेटों से हमला किया लेकिन राकेट अपने ठिकाने पर पहुंचने में विफल रहे तथा खुले मैदान में ही फट गये । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

यहां सी.आर.पी. के नियंत्रण कक्ष के अनुसार हमले के समय चौकी में 15 जवान थे । आतंकवादियों ने पहले ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से, उसके बाद राकेटों से, हमला किया । जवानों द्वारा जवाबी कार्रवाई करने पर आतंकवादी भाग गए । क्षेत्र में और अधिक जवान भेज दिये गये हैं तथा क्षेत्र की घेराबंदी करके आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

बाद में आज प्रातः तलाश करने पर खेतों में एक और राकेट पड़ा मिला जो कि फटा नहीं था । अधिकारियों ने कहा कि हमले का दोहरा उद्देश्य था कि सी.आर.पी. की चौकी तथा निकट ही स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड ग्रिड सब स्टेशनों के नियंत्रण कक्ष दोनों को उड़ा दिया जाए । दो राकेट नियंत्रण कक्ष की दीवारों को भेद कर निकल गये जिससे वहां कुछ हानि हुई । बोर्ड के 3 अधिकारी जो वहां मौजूद थे, बाल-बाल बच गए ।

जांच से पता चला है कि राकेट 200 से 300 मीटर दूरी से खेतों से चलाए गये । दो राकेट सी.आर.पी. की चौकी के ऊपर से गुजर कर खेतों में जाकर फटे ।

पंडोरी सिधवां में हत्या : गत सायं तरनतारन पुलिस जिला के गांव पंडोरी सिधवां में एक व्यक्ति जगीर सिंह उर्फ जीरा की गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई । खबरों में कहा गया है कि कुछ आतंकवादियों ने जगीर सिंह की उस समय हत्या कर दी जब वह गत सोमवार (28 नवम्बर) उन्हें अगले गांव का रास्ता दिखाने गया था ।

इंका नेता व उसके गनमैन की हत्या आज सायं तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला (अमृतसर) के क्षेत्र मैहता चौक में गोलियां मार कर कांग्रेस (इ) के सक्रिय कार्यकर्त्ता जसवंत सिंह व उनके गनमैन कांस्टेबल कुलदीप सिंह की हत्या कर दी । जरनैल सिंह भिडरांवाला के विरुद्ध विचारधारा रखने के कारण श्री जसवंत सिंह आतंकवादियों की हिटलिस्ट पर थे । गनमैन को अमृतसर के एस.जी.बी. हस्पताल में गम्भीर घायलावस्था में दाखिल कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया ।

पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग : उग्रवादियों के एक गिरोह ने आज रात्रि थाना पट्टी जिला अमृतसर के क्षेत्र में स्थित गांव कैरों में पुलिस चौकी पर फ़ायरिंग की । फ़ायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ । पुलिस द्वारा जबाबी फ़ायरिंग करने से उग्रवादी भाग निकले । तरनतारन पुलिस जिले के अधीक्षक श्री संजीव गुप्ता ने यह जानकारी दी ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा के एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने बताया कि पुलिस ने 4 आतंकवादियों गुरमीत सिंह मीता, रणजीत सिंह, जगतार सिंह तथा अंगरेज सिंह को गिरफ्तार किया है जो कि आधी दर्जन हत्याओं व डकैतियों तथा ठेके लूटने के केसों में वांछित थे । पकड़े गये आतंकवादियों ने शेरगढ़ में रेलवे सुरक्षा बल की टुकड़ी पर फायरिंग करने की स्वीकारोक्ति की है । उनसे एक स्प्रिंग फील्ड कार्बाइन (जो कि रिटायर्ड कैप्टन काला सिंह से छीनी गई थी), एक .32 बोर का विदेशी रिवाल्वर, 6 कारतूस, एक हथगोला बरामद हुआ । आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि उनकी बैंक बाज़ार भटिंडा में सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी पर हथगोला फैंकने की योजना थी । श्री गिल ने बताया कि इन आतंकवादियों का खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से संबंध है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Spectator

कट्टर आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

संगरूर जिला के गांव कौंड़ियां में एक व्यक्ति बलजीत सिंह की हत्या किये जाने का समाचार मिला है ।

सरपंच गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): पुलिस सूत्रों के अनुसार रात रात्रि थाना सदर के अंतर्गत गांव सिधवां के निकट मामूली भिड़ंत के पश्चात एक कथित आतंकवादी सज्जन सिंह संधू सरपंच गांव संधू चट्ठा को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से एक 12 बोर साथ 5 कारतूस तथा 2 चले हुए कारतूस बरामद किये हैं । उसका एक साथी अंधकार का लाभ उठा कर भाग गया है । थाना भुलत्थ के अंतर्गत गांव लिटां के फैडरेशन के एक प्रमुख कार्यकर्त्ता सुरजीत सिंह को आतंकवादियों को शरण आदि देने के कथित आरोप में गिरफ्तार किया गया है । कथित आतंकवादी सज्जन सिंह का संबंध बब्बर खालसा के वधावा सिंह ग्रुप से है । दोनों से पूछताछ जारी है ।

साइकल सवार की हत्या : गुरदासपुर (ह.स.): आज बाद दोपहर जिला गुरदासपुर के गांव तलवंडी दोबां में एक साइकल सवार महेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई ।

फिरौती वसूली केन्द्र : फिरोजपुर (वार्ता): जिला फिरोजपुर के मंड क्षेत्र में एक फार्म हाऊस में स्थित इंटरनैशनल बब्बर खालसा फैडरेशन के मुख्यालय पर छापे के दौरान फैडरेशन का एक झंडा और साहित्य बरामद किया गया । जिला पुलिस चीफ श्री अरुण कौशिक ने बताया कि फैडरेशन मुख्यालय फिरौती राशि की वसूली का केन्द्र बना हुआ था । अपहृत लोगों से धन वसूलने के लिए एजैंटों के तौर पर काम कर रहे लगभग एक दर्जन लोगों को भी हिरासत में लिया गया है ।

ट्रक मिल गया : लुधियाना (धीमान) कल हुए गोली कांड में प्रयुक्त ट्रक जगराओं ट्रक यूनियन के पीछे खड़ा मिल गया है । यह ट्रक एच.एन.एन. 1161 परसों मंडी गोबिन्दगढ़ से चोरी हुआ था । इसमें से 91 खाली कारतूस बरामद किए गये । ट्रक के अंदर रेत की बोरियां रख कर मोर्चा बनाया हुआ था ।

एक लाख लूटा : लुधियाना से मुसाफिर ने सूचना दी है कि आज शाम मुहल्ला टैगोर नगर में एक स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादियों ने संजीव वालिया नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर 70-80 हजार रुपए नकद, कपड़े और सोने के आभूषण लूट लिए । उन्होंने घर वालों को आतंकित करने के लिए गोली चला दी जिससे घरेलू नौकर मंगल सिंह घायल हो गया । उसे दयानन्द अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । आक्रमणकारियों में 2 सिख युवक थे जबकि एक मोना था ।

दो गिरफ्तार : फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय थाना सदर पुलिस ने एक फरार उग्रवादी की तलाश में गांव मलिकपुर में कई मकानों की तलाशी ली व दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या, 2 पुलिस कर्मी हमले में घायल : 2 घुसपैठिए मारे गए

चंडीगढ़, 2 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया जिनमें दो पुलिस कर्मी भी शामिल हैं । कल शाम तरनतारन पुलिस जिला में मारे गए तीनों आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है । 2 उग्रवादियों के थाने से फरार होने के संबंध में 5 पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया गया । कपूरथला जिला में एक स्कूल की इमारत को आग लगा दी गई जबकि गिद्दड़बाहा में बिजली बोर्ड के एक कार्यालय को जलाया गया ।

किसान की हत्या : अमृतसर (ह.स) : गत रात गांव टिमोवाल में दो आतंकवादियों ने एक किसान सुरेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि सीमांत गांव अटारी में एक व्यक्ति मुकंद लाल को घायल कर दिया गया ।

'शीशा' गिरोह के सदस्य थे : कल शाम हुई भीषण मुठभेड़ का ब्यौरा देते हुए मारे गए तीन आतंकवादी बख्शीश सिंह 'शीशा' के गिरोह के थे । इनमें सर्बजीत सिंह उर्फ़ सीता स्वयं को तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एरिया कमांडर कहता था । 'शीशा' और उसके साथियों की मौत भिखीविंड क्षेत्र में 20 नवम्बर को पुलिस के साथ मुठभेड़ में हुई थी । दूसरे मृत आतंकवादी की शिनाख्त बलविंदर सिंह के रूप में हुई है, जोकि 'बी' श्रेणी आतंकवादी था, जबकि तीसरे का नाम सुखराज सिंह सोहल बताया जाता है, जोकि 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था । इन आतंकवादियों से छोटे आकार के 5 राकेट, तीन चीनी असाल्ट राइफलें, 4 भरी मैगज़ीनें व काफ़ी कारतूस मिले हैं ।

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ़ श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि उक्त पांच सदस्यीय ग्रुप 'सीता' के नेतृत्व में हरभजन सिंह सुरसिंहवाला के निर्देशों पर कार्य करता था । यह ग्रुप 15 से ज्यादा हत्याओं, लूट व फिरौती वसूल करने के लिए अपहरण के मामलों में संलिप्त था । श्री गुप्ता ने इन खबरों को गलत बताया कि कल तरनतारन पुलिस जिला में एक और उग्रवादी भी मारा गया था ।

बसें बंद : 'अशोक' के अनुसार अमृतसर जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग और अमृतसर-पठानकोट मार्ग को छोड़ कर शेष सभी मार्गों पर शाम पांच बजे से सुबह छः बजे तक बसों के आवागमन पर रोक लगा दी है । यह आदेश आतंकवादियों के सम्भावित हमलों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है, जो तुरन्त लागू हो गया ।

2 घुसपैठिये मरे : आज खेमकरण सैक्टर में अग्रिम चौकी हरभजन के निकट पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे 2 घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गये जबकि उनका एक साथी घायल हो गया । यह घुसपैठिये बंगला देश के नागरिक बताए जाते हैं ।

4 की हत्या : आज सायं मजीठा पुलिस जिला के रमदास थाना क्षेत्र के ग्राम वण के बाजार में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 3 दुकानदारों सहित 4 लोगों की हत्या कर दी ।

वार्ता के अनुसार यह वारदात थोबा ग्राम में हुई । उग्रवादियों ने पहले थोबा में 2 लोगों की हत्या की और भागते समय उन्होंने रमदास-अजनाला रोड पर 2 और लोगों की हत्या कर दी ।

4 अभियुक्त गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): इस जिले में 1 जनवरी, 1987 को गांव जंड मंगोली में स्टेट बैंक आफ़ इंडिया की ब्रांच को लूटने तथा बैंक गार्ड की बंदूक ले जाने के केस में पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि इन लुटेरों ने स्वीकार किया कि उन्होंने छीनी गई बंदूक कट्टर आतंकवादी सुच्चा सिंह को दी थी । गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के नाम डेनियल, सीता राम और पाला राम (सभी गांव अजरावर थाना राजपुरा) तथा हंसराज (गांव माड़) हैं । उनसे तीन पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी मिले । दो अन्य लुटेरों सुखविन्दर सिंह तथा अच्छर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया । 6 तस्करों को 'काफ़ीपोसा' के अंतर्गत नज़रबंद किया गया है ।

बिजली बोर्ड कार्यालय को आग : गिद्दड़बाहा (गोयल) : गत रात यहां पंजाब राज्य बिजली बोर्ड (देहाती) के स्थानीय कार्यालय को कुछ अज्ञात लोगों ने आग लगा दी । आग के कारण कार्यालय का सारा रिकार्ड जल गया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

पांच पुलिस कर्मी निलम्बित : मोगा से आज़ाद के अनुसार गत दिवस यहां जो दो आतंकवादी, दयाल सिंह—गांव चंद पुराना तथा हरजिन्दर सिंह जिन्दा—गांव छोटापुर, पुलिस की हिरासत से हथकड़ियों सहित भाग गये थे, के संबंध में पांच पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया गया है । इनको हवालात में भेज कर पूछताछ की जा रही है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Varta Bhawan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. ने आज यहां बताया है कि निलम्बित कर्मियों में जगदीश सिंह, प्रीतम सिंह, हरचरण सिंह, दर्शन सिंह तथा बाघ सिंह शामिल हैं । आतंकवादियों को यहां एक केस के संबंध में लाया गया था ।

सिनेमा घर शाम 6 बजे के बाद बंद : फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि फरीदकोट में स्थिति पूरे तौर पर नियंत्रण में है । संवेदनशील स्थानों के अलावा सरकारी प्रतिष्ठानों की रक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस व अर्धसैनिक बल तैनात कर दिये गये हैं । जिला में तीन दिन के लिए सभी सिनेमा घरों को सायं 6 बजे के बाद सिनेमा शो बंद करने का निर्देश दिया गया है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने दो आतंकवादियों अंगरेज सिंह तथा गुरमीत सिंह उर्फ़ बूटा को गिरफ्तार करके एक स्प्रिंग फ़ील्ड कार्बाइन तथा एक हथगोला बरामद किया ।

स्कूल को आग लगा दी : कपूरथला (शर्मा) : थाना सदर कपूरथला के अंतर्गत गांव खैरा दोनाके सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गत रात्रि लगभग एक बजे चार अज्ञात मुंह-सिर ढांपे व्यक्तियों ने बलपूर्वक प्रवेश करके स्कूल के कार्यालय में तेल डाल कर रिकार्ड, फ़र्नीचर आदि को आग लगा दी तथा चौकीदार को धमकी देकर चले गए । बताया जाता है कि सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल का चौकीदार सर्बजीत सिंह अपने भाई के साथ स्कूल के कार्यालय में सोया हुआ था कि रात्रि लगभग एक बजे चार अज्ञात व्यक्तियों ने आकर दरवाज़ा खोलने को कहा और उसके दरवाज़ा न खोलने पर दरवाज़ा तोड़ कर अन्दर प्रवेश करके चौकीदार व उसके भाई को थप्पड़ लगाए तथा कार्यालय में तेल छिड़क कर आग लगा दी । इससे रिकार्ड, फ़र्नीचर आदि जल गया । इसके पश्चात् उन्होंने स्कूल के चौकीदार व उसके भाई को धमकी दी कि शोर मचाया तो समाप्त कर दिए जाओगे । सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई । पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह आतंकवादी मामला नहीं है । रिकार्ड जलाने का तात्पर्य स्कूल में प्रवेश आदि का झगड़ा हो सकता है । आग लगाने से पूर्व चौकीदार व उसके भाई के बिस्तर बाहर निकाल दिए थे ।

घात लगा कर हमला : बटाला (ह.स.) : श्री हर गोबिन्दपुर थाने के उडेनवाल गांव के निकट कल रात छह आतंकवादियों ने एक पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए । बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.एम. शर्मा ने आज यहां बताया कि घायल पुलिसकर्मियों के नाम हैडकांस्टेबल सुखदेव सिंह और कांस्टेबल गुरनाम सिंह हैं ।

उन्होंने बताया कि पुलिस दल सखोवाल गांव जा रहा था, जहां कुछ आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस चौकी पर गोलियां चलाई थीं । जैसे ही पुलिस दल उडेनवाल के निकट पहुंचा, झाड़ियों में छिपे आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से गोलियां बरसाईं । उन्होंने दावा किया कि दोनों घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । चीमा खुड्डी के युगराज सिंह उर्फ़ तूफान सिंह तूफान का गुट घात लगा कर हमला करने के लिए और सेरोवाल के तलविंदर सिंह का गुट विशेष पुलिस चौकी पर हमला करने के लिए ज़िम्मेदार बताया गया है ।

उफ़ बूटा को गिरफ्तार करके एक स्प्रिंग फ़ील्ड कार्बाइन तथा एक हथगोला बरामद किया ।

स्कूल को आग लगा दी : कपूरथला (शर्मा) : थाना सदर कपूरथला के अंतर्गत गांव खैरा दोनाके सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गत रात्रि लगभग एक बजे चार अज्ञात मुंह-सिर ढांपे व्यक्तियों ने बलपूर्वक प्रवेश करके स्कूल के कार्यालय में तेल डाल कर रिकार्ड, फ़र्नीचर आदि को आग लगा दी तथा चौकीदार को धमकी देकर चले गए । बताया जाता है कि सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल का चौकीदार सर्बजीत सिंह अपने भाई के साथ स्कूल के कार्यालय में सोया हुआ था कि रात्रि लगभग एक बजे चार अज्ञात व्यक्तियों ने आकर दरवाज़ा खोलने को कहा और उसके दरवाज़ा न खोलने पर दरवाज़ा तोड़ कर अन्दर प्रवेश करके चौकीदार व उसके भाई को थप्पड़ लगाए तथा कार्यालय में तेल छिड़क कर आग लगा दी । इससे रिकार्ड, फ़र्नीचर आदि जल गया । इसके पश्चात् उन्होंने स्कूल के चौकीदार व उसके भाई को धमकी दी कि शोर मचाया तो समाप्त कर दिए जाओगे । सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई । पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह आतंकवादी मामला नहीं है । रिकार्ड जलाने का तात्पर्य स्कूल में प्रवेश आदि का झगड़ा हो सकता है । आग लगाने से पूर्व चौकीदार व उसके भाई के बिस्तर बाहर निकाल दिए थे ।

घात लगा कर हमला : बटाला (ह.स.) : श्रीहर गोबिन्दपुर थाने के उडेनवाल गांव के निकट कल रात छह आतंकवादियों ने एक पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए । बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.एम. शर्मा ने आज यहां बताया कि घायल पुलिसकर्मियों के नाम हैडकांस्टेबल सुखदेव सिंह और कांस्टेबल गुरनाम सिंह हैं ।

उन्होंने बताया कि पुलिस दल सखोवाल गांव जा रहा था, जहां कुछ आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस चौकी पर गोलियां चलाई थीं । जैसे ही पुलिस दल उडेनवाल के निकट पहुंचा, झाड़ियों में छिपे आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से गोलियां बरसाईं । उन्होंने दावा किया कि दोनों घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । चीमा खुड्डी के युगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह तूफ़ान का गुट घात लगा कर हमला करने के लिए और सेरोवाल के तलविंदर सिंह का गुट विशेष पुलिस चौकी पर हमला करने के लिए ज़िम्मेदार बताया गया है ।

26 हजार छीने : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के क्षेत्र ध्यानपुर स्थित प्राइमरी हैल्थ सैंटर के कर्मचारी ज्ञान चन्द से गत सायं तीन सशस्त्र युवक लगभग 26 हजार रुपए छीन कर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शव मिला : फिरोजपुर जिले के एक ग्राम के पास खेतों में एक युवक का गोलियों से बिंधा हुआ शव मिला है । समझा जाता है कि वह उग्रवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता में मारा गया ।

बालियां छीनीं : संगरूर से गर्ग के अनुसार यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव शेरपुर में स्कूटर सवार दो व्यक्तियों ने नसीब कौर नामक एक महिला के कानों से बालियां छीन लीं व फ़रार हो गए । घटना के समय नसीब कौर खेतों से घर लौट रही थी ।

महिला सहित 3 की हत्या :दो उग्रवादी मरे : बम फटा

चंडीगढ़, 5 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों को शरण देने वाली एक महिला सहित 3 लोगों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी, एक लाख लूट लिए. कई उग्रवादी, उनके शरणदाता गिरफ्तार कर लिए गए । दो मार गिराए गए ।

महिला की हत्या : अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरसिंहवाला में उग्रवादियों ने बट्टा सांसी की विधवा गुरनामी को कल रात्रि उसके घर से बाहर खींच कर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । गुरनामी पहले उग्रवादियों को शरण देती थी पर उसने उग्रवादियों को मदद देने से इन्कार कर दिया । उसके हत्यारों में मंजीत सिंह, जोगा सिंह शामिल हैं । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है ।

हत्या : अमृतसर जिले के ही मानिकपुरा ग्राम में उग्रवादियों ने प्यारा सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मजहबी सिख की हत्या : अमृतसर के ही तरनतारन सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सरहाली खुर्द में उग्रवादियों ने एक मजहबी सिख की उसके फार्म हाऊस में ही हत्या कर दी ।

उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर के लोपोके पुलिस थाने की पुलिस ने तीन उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

मजीठा पुलिस ने भी ब्यास थाना क्षेत्र के ग्राम टपियाला से भगवान सिंह, बलदेव सिंह, संतोख सिंह नामक तीन उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

एक लाख की लूट : लुधियाना की निरंकारी स्ट्रीट में तीन साइकल सवार उग्रवादियों ने स्वरूप सिंह के घर में घुसकर एक लाख रु. लूट लिए और साइकलों पर ही फरार हो गए ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने आज प्रात: तिबड़ी पुल के पास एक गश्त के दौरान निर्मल सिंह उर्फ निम्मा निवासी तिबड़ी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए हैं । निर्मल सिंह से पूछताछ की जा रही है ।

15 संदिग्ध गिरफ्तार :बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने आज यहां बताया कि थाना सिटी बटाला, श्री हरगोबिन्दपुर व कादियां पुलिस ने 15 संदिग्ध लोगों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों व आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में आतंकवादी निरोधक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री शर्मा के अनुसार इनकी शिनाख्त सुखदेव सिंह, साहब सिंह, सूरता सिंह गांव भरथ, रजिन्द्र सिंह, सुखविंद्र सिंह, सतनाम सिंह, धर्म सिंह, गुरमीत सिंह, बलविंद्र सिंह, अमरीक सिंह व सुखविंद्र सिंह गांव चीमां खुड्डी, काबुल सिंह गांव टपई, मदन सिंह मददी कादियां और जसबीर सिंह गोगी गांव मूला सनैया तथा मोहिन्द्र सिंह गांव भरथवाल के रूप में की गई है ।

बम फटा, 1 घायल :लुधियाना (धीमान, मुसाफिर) : आज यहां कृषि विश्वविद्यालय के हॉस्टल नं. 8 के निकट सायं लगभग 8.30 बजे एक हैंडग्रेनेड फट गया, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र जसवीर सिंह घायल हो गया । उसे विश्वविद्यालय के हस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पता

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पाक में छिपे आतंकवादी पुन: भारत लौटने की फिराक में

अमृतसर, 5 दिसम्बर (नारंग): विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पाक में पनाह लिए 60-65 के लगभग आतंकवादी वहां से अपना बोरिया-बिस्तर गोल करके भारत में प्रवेश करने की फिराक में हैं । इसका कारण पाकिस्तान में हुआ सत्ता परिवर्तन बताया जाता है । सूत्रों का कहना है कि अभी पाक की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने इन आतंकवादियों के वहां रहने या न रहने के बारे में शायद सोचा भी न हो, परन्तु भारत में आतंकवाद की घटनाओं में संलिप्त दुर्दांत आतंकवादियों ने अपने पार्क स्थित साथियों को सन्देश भेज कर भारत लौटने की सलाह दी है, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं श्रीमती बेनजीर जबरदस्ती उन्हें वापिस न भिजवा दें । इस बात की पुष्टि करते हुए एक गुप्तचर अधिकारी ने बताया कि सीमा पर सुरक्षा बलों ने गश्त तेज कर दी है ताकि यह दुर्दांत आतंकवादी अगर भारत में प्रवेश की कोशिश करें तो उन्हें धर-दबोचा जाए ।

परन्तु सुरक्षा बलों को एक मुश्किल तो यह आ रही है कि उन्हें यह पता नहीं चल पा रहा कि यह आतंकवादी किस रास्ते से आ सकते हैं, क्योंकि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanchar

महिला सहित 3 की हत्या :दो उग्रवादी मरे : बम फटा

चंडीगढ़, 5 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों को शरण देने वाली एक महिला सहित 3 लोगों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी, एक लाख लूट लिए, कई उग्रवादी, उनके शरणदाता गिरफ्तार कर लिए गए । दो मार गिराए गए ।

महिला की हत्या : अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरसिंहवाला में उग्रवादियों ने बट्टा सांसी की विधवा गुरनामी को कल रात्रि उसके घर से बाहर खींच कर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । गुरनामी पहले उग्रवादियों को शरण देती थी पर उसने उग्रवादियों को मदद देने से इन्कार कर दिया । उसके हत्यारों में मंजीत सिंह, जोगा सिंह शामिल हैं । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है ।

हत्या : अमृतसर जिले के ही मानिकपुरा ग्राम में उग्रवादियों ने प्यारा सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मजहबी सिख की हत्या : अमृतसर के ही तरनतारन सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सरहाली खुर्द में उग्रवादियों ने एक मजहबी सिख की उसके फार्म हाऊस में ही हत्या कर दी ।

उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर के लोपोके पुलिस थाने की पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

मजीठा पुलिस ने भी ब्यास थाना क्षेत्र के ग्राम टपियाला से भगवान सिंह, बलदेव सिंह, संतोख सिंह नामक तीन उग्रवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया ।

एक लाख की लूट : लुधियाना की निरंकारी स्ट्रीट में तीन साइकल सवार उग्रवादियों ने स्वरूप सिंह के घर में घुसकर एक लाख रु. लूट लिए और साइकलों पर ही फरार हो गए ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने आज प्रातः तिबड़ी पुल के पास एक गश्त के दौरान निर्मल सिंह उर्फ निम्मा निवासी तिबड़ी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए हैं । निर्मल सिंह से पूछताछ की जा रही है ।

15 संदिग्ध गिरफ्तार :बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने आज यहां बताया कि थाना सिटी बटाला, श्री हरगोबिन्दपुर व कादियां पुलिस ने 15 संदिग्ध लोगों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों व आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में आतंकवादी निरोधक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री शर्मा के अनुसार इनकी शिनाख्त सुखदेव सिंह, साहब सिंह, सूरता सिंह गांव भरथ, रजिन्द्र सिंह, सुखविंद्र सिंह, सतनाम सिंह, धर्म सिंह, गुरमीत सिंह, बलविंद्र सिंह, अमरीक सिंह व सुखविंद्र सिंह गांव चीमां खुड्डी, काबुल सिंह गांव टपई, मदन सिंह मददी कादियां और जसबीर सिंह गोगी गांव मूला सुनैया तथा मोहिन्द्र सिंह गांव भरथवाल के रूप में की गई है ।

बम फटा, 1 घायल :लुधियाना (धीमान, मुसाफिर) : आज यहां कृषि विश्वविद्यालय के हॉस्टल नं. 8 के निकट सायं लगभग 8.30 बजे एक हैंडग्रेनेड फट गया, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र जसवीर सिंह घायल हो गया । उसे विश्वविद्यालय के हस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पता

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पाक में छिपे आतंकवादी पुनः भारत लौटने की फिराक में

अमृतसर, 5 दिसम्बर (नारा): विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पाक में पनाह लिए 60-65 के लगभग आतंकवादी वहां से अपना बोरिया-बिस्तर गोल करके भारत में प्रवेश करने की फिराक में हैं । इसका कारण पाकिस्तान में हुआ सत्ता परिवर्तन बताया जाता है । सूत्रों का कहना है कि अभी पाक की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने इन आतंकवादियों के वहां रहने या न रहने के बारे में शायद सोचा भी न हो, परन्तु भारत में आतंकवाद की घटनाओं में संलिप्त दुर्दांत आतंकवादियों ने अपने [illegible] की सलाह दी है, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं श्रीमती बेनजीर जबरदस्ती उन्हें वापिस न भिजवा दें । इस बात की पुष्टि करते हुए एक गुप्तचर अधिकारी ने बताया कि सीमा पर सुरक्षा बलों ने गश्त तेज कर दी है ताकि यह दुर्दांत आतंकवादी अगर भारत में प्रवेश की कोशिश करें तो उन्हें धर-दबोचा जाए ।

परन्तु सुरक्षा बलों को एक मुश्किल तो यह आ रही है कि उन्हें यह पता नहीं चल पा रहा कि यह आतंकवादी किस रास्ते से आ सकते हैं, क्योंकि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Archive

फिल्म 'शूटिंग के दौरान फायरिंग से अभिनेता वीरेन्द्र सहित 4 मरे : 2 होमगार्डों, सी.आर.पी. जवान सहित 8 की हत्या

भू.पू. मंत्री के घर पर हो रही शूटिंग के दौरान वारदात में 8 घायल : मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

अजनाला क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा विशेष पुलिस चौकी पर सोवियत राकेटों से हमला

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज रात्रि एक भूतपूर्व मंत्री के घर पर चल रही फिल्म की शूटिंग के दौरान फायरिंग करके पंजाबी फिल्मों के अभिनेता वीरेन्द्र सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । घात लगा कर हमला करके 2 होम गार्ड जवानों की हत्या कर दी तथा अन्य घटनाओं में एक सिपाही व उसके भाई सहित 5 लोगों की हत्या कर दी । इसके अलावा एक विशेष पुलिस चौकी को रूसी राकेटों से ध्वस्त करने का प्रयास किया गया ।

आज रात्रि जालन्धर के पास हुई एक मुठभेड़ में एक उग्रवादी व एक सी.आर.पी. जवान मारा गया ।

फिल्म की शूटिंग के दौरान फायरिंग, 4 मरे : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार यहां से 40 किलोमीटर दूर तलवंडी कलां में भूतपूर्व मंत्री दलीप सिंह के घर पर उग्रवादियों ने आज रात्रि अंधाधुंध फायरिंग करके अभिनेता वीरेंद्र सहित 4 लोगों की हत्या कर दी और आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया । घटना के समय दलीप सिंह के घर में फिल्म की शूटिंग हो रही थी । दलीप सिंह बादल मंत्रिमंडल में मंत्री थे ।

उग्रवादियों ने फिल्म की शूटिंग कर रहे व शूटिंग देख रहे लोगों पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की ।

वहां फिल्म 'जट्ट ते जमीन' की शूटिंग हो रही थी जहां उग्रवादियों ने फायरिंग की । मृतकों में अभिनेता वीरेंद्र के अलावा अभिनेता भारत कुमार भी शामिल हैं । 7 घायलों में कैमरामैन प्रीतम सिंह, अभिनेत्री मनप्रीत कौर, राजू, शंकर, जसविंदर, अभिनेत्री मंजू बंसल, अजीत पाल शामिल हैं । उपायुक्त ने बताया कि तीन लोग मारे गए हैं ।

वीरेंद्र हिंदी फिल्मों के प्रख्यात अभिनेता धर्मेंद्र का भाई था । यह गांव तलवंडी कलां एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष जगदेव सिंह तलवंडी का है ।

'मुसाफिर' के अनुसार अस्पताल में लाए गए चारों घायलों की हालत गंभीर है ।

2 होम गार्डों की हत्या सहित तीन की हत्या : जालन्धर जिले के बंगा थाना क्षेत्र के ग्राम घुमाना के पास उग्रवादियों ने 2 होम गार्ड जवानों की हत्या कर दी व 3 को घायल कर दिया । उग्रवादियों ने पुलिस व होम गार्डों की गश्त कर रही टुकड़ी पर झाड़ियों के पीछे से घात लगा कर हमला किया ।

'कौड़ा' के अनुसार जब घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था तब उनमें से एक दम तोड़ गया । उग्रवादी एक मारुति वैन में थे ।

सी.आर.पी. जवान, उग्रवादी मरे : जालन्धर के नवांशहर थाना क्षेत्र में दौलतपुर ग्राम के पास एक धर्मस्थल में छिपे उग्रवादियों व सी.आर.पी. में हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया व एक सी.आर.पी. का जवान भी जान से हाथ धो बैठा । उग्रवादियों के धर्मस्थल में छिपे होने की सूचना पर वहां छापा मारा गया था, पर अंदर से उग्रवादियों ने फायरिंग करके सी.आर.पी. का एक जवान मार गिराया । सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी भी मारा गया ।

दो घुसपैठिये मरे : आज अमृतसर के अजनाला सैक्टर में बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिये मारे गए ।

कांस्टेबल, भाई की हत्या : अमृतसर (ह.स.): यहां के मेहता चौक थाना क्षेत्र के चाननके गांव में कल रात एक आतंकवादी गिरोह ने पंजाब

अभिनेता वीरेन्द्र

पुलिस के कांस्टेबल निर्मल सिंह और उसके चचेरे भाई लखविंदर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि दोनों भाई अपने घर में खाना खा रहे थे, तभी आतंकवादी अन्दर घुस आए और ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां बरसाकर दोनों का शरीर छलनी कर दिया । दोनों भाइयों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई ।

विशेष पुलिस चौकी उड़ाने का प्रयास : आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर से 35 किलो मीटर दूर थाना अजनाला के गांव तेरा कलां में विशेष पुलिस चौकी को राकेटों से उड़ाने का विफल प्रयास किया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने चौकी पर सोवियत निर्मित राकेटों से हमला किया । उन्होंने चार राकेट दागे, जो मकान की दीवारों को भेद कर निकल गए । किसी के हताहत होने की खबर नहीं है । आतंकवादियों को जब लगा कि राकेट निशाने पर नहीं लगे तो उन्होंने ए.के. 47 चीनी राइफलों से चौकी पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । चौकी से जवाब में गोली चलने पर आतंकवादी भाग गए । वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है ।

सारे क्षेत्र की नाकाबंदी करके आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी गई है । पंजाब में इस वर्ष फरवरी के बाद आतंकवादियों का यह सातवां राकेट हमला है । तीस नवम्बर के बाद सीमा क्षेत्र में दूसरी बार राकेटों से हमला किया गया है । पहली बार घरेंडा थाने के अन्तर्गत सराय अमानत खां में आतंकवादियों ने केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस की चौकी पर राकेट से हमला किया था ।

मजीठा पुलिस ने थाना ब्यास के अन्तर्गत एक गांव में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे गोली-सिक्का बरामद किया ।

श्री बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक कुख्यात तस्कर सरदूल सिंह को भी गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक पठानी आटोमैटिक राइफल व गोली-सिक्का बरामद किया ।

5 गिरोह पकड़े : अमृतसर पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में पांच विभिन्न आतंकवादी गिरोहों का सफाया करने का दावा करते हुए इनके 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । एस.पी. (सिटी) श्री बलदेव सिंह ने कहा कि यह गिरोह अनेक हत्याओं, डकैतियों, हथियार छीनने और धन ऐंठने के मामलों में वांछित था । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में तीन कट्टर आतंकवादी लक्खा, जसवन्त सिंह तथा काला शामिल हैं । अन्य आतंकवादियों में सरूप सिंह, रणजीत सिंह, मलूक सिंह, बरयाम सिंह, महेन्द्र सिंह, दिलबाग सिंह, सुरजीत सिंह, अजीत सिंह तथा गुरदयाल सिंह शामिल हैं । पुलिस ने उनसे पांच पिस्तौल, तीन .12 बोर की बंदूकें, कुछ गोली-सिक्का व दो लाख रुपया नकद बरामद किया ।

'अशोक सोनी' के अनुसार इन आतंकवादियों की गिरफ्तारी से पुलिस ने हाल बाजार अमृतसर में दिन-दहाड़े हुई अढ़ाई लाख की लूट का मामला सुलझा लेने का दावा किया है । एस.एस.पी. की प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार हाल बाजार में लूट की पांच नवम्बर को जो घटना हुई थी, उसमें पंजाब राज्य

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सेना बेनज़ीर को कब तक बर्दाश्त करेगी ?

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर (वार्ता): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को काफी समय तक बहुत फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा क्योंकि पिछले चार दशकों में पाकिस्तान में अस्थिरता पैदा करने वाले लोकतंत्र विरोधी ताकतों का अस्तित्व अभी समाप्त नहीं हुआ है । शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक 'पाकिस्तान आफटर जिया' में कहा गया है कि सैनिक सरकार, जिसने अभी तक देश पर शासन किया, अपने दूरगामी हितों के लिए खतरा महसूस होने पर वर्तमान सरकार को नहीं चलने देगी ।

टी. श्रीधर राव और जान कानियालिल और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की शोध छात्रा सुश्री सविता पांडे की इस पुस्तक में पाकिस्तान बनने के बाद से उसकी सेना का विस्तृत अध्ययन है । पुस्तक के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने जनरल जिया की मौत के बाद राजनीतिक ढांचे में आये शून्य को भरने के लिए चुनाव के बाद नागरिक सरकार की स्थापना को स्वीकार किया है और ऐसा मानती है कि उसके हरकत में आने का यह उचित समय नहीं है ।

पुस्तक में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि सेना तभी तक एक नागरिक सरकार को बर्दाश्त करेगी जब तक उसके दूरगामी हितों को खतरा नहीं होता और स्थिति पर नज़र रखते हुए वह उचित समय कार्रवाई के लिए तैयार रहेगी । देश में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बेनजीर भुट्टो को बहुत सम्भल कर चलना होगा । वैसे सेना अभी आराम गया । दूसरे शब्दों में पाकिस्तानी सेना, जिसे सत्ता का स्वाद मिल चुका है, काफी लम्बे समय तक सत्ताविहीन नहीं रह सकती । इस बात के भी संकेत नहीं हैं कि उसके इस चरित्र में कोई परिवर्तन आया हो ।

हर सरकार में कामकाज नियमानुसार होता है, लेकिन जब भी नियम तोड़े जाते हैं, जैसा कि पाकिस्तान में समय-समय पर हुआ है, तब नये शासक को वैधता प्रदान करने के लिए नियम पुस्तिका में संशोधन कर दिये जाते हैं ।

लेखकों का कहना है कि जिस तरह एक अच्छा जनरल अच्छा प्रधानमंत्री नहीं हो सकता, उसी तरह एक अच्छा प्रधानमंत्री भी अच्छा जनरल नहीं हो सकता और विकासशील देशों में जब भी सेना ने राजनीतिक सत्ता सम्भाली उसे असफलता मिली ।

विकसित देशों में फ्रांस के जनरल डिगाल और अमरीका के जनरल आईजनहावर का उदाहरण दिया जा सकता है लेकिन किसी भी विकासशील देश में अभी तक जनरल डिगाल के दृष्टिकोण और आईजनहावर की क्षमता वाला जनरल देखने को नहीं मिला ।

श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने स्वीकार किया कि देश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है और विदेशी मुद्रा की हालत तो यह है कि केवल एक सप्ताह की आयात की जरूरतें पूरी हो सकती हैं । इन परिस्थितियों में

Punjab Sahitya

निकलती है

राजकोट, 6 दिसम्बर (वार्ता): गुजरात पुलिस ने एक ऐसा हैंडपम्प खोज निकाला जिसमें से पानी नहीं 'शराब' निकलती थी । इस विचित्र हैंडपम्प को लोग 'धुनकू' कहते थे ।

पोरबंदर पुलिस ने बताया कि यह हैंडपम्प एक मकान में लगा था । मकान मालिक ने इस हैंडपम्प के नीचे पचास हजार लिटर क्षमता का एक टैंक लगा रखा था, जिसमें शराब भरी रहती थी । हैंडपम्प से पानी की जगह शराब निकलने का यही राज था ।

पुलिस ने 6 घंटे तक लगातार हैंडपम्प चला कर लगभग 12 हजार लिटर शराब निकाली । मकान मालिक रामजी रत्ना फरार है ।

फिल्म शूटिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

बिजली बोर्ड का कर्मचारी मलूक सिंह भी शामिल है, जो आतंकवादियों के इस गिरोह को बोर्ड द्वारा धन स्थानांतरित किए जाने सम्बन्धी सूचनाएं दिया करता था जिसके आधार पर आतंकवादी लूट की वारदात करते थे । एस.पी. सिटी ने कहा कि हाल बाजार में पंजाब बिजली बोर्ड के अधिकारियों से अढ़ाई लाख रुपए जिस गिरोह ने छीने थे उसका नेतृत्व आतंकवादी सरूप सिंह उर्फ रणजीत सिंह उर्फ बिट्टू निवासी गांव दालम जिला गुरदासपुर कर रहा था और उससे पुलिस ने लूटी गई राशि में से डेढ़ लाख रुपए बरामद कर लिए हैं । एस.पी. सिटी ने कहा कि पकड़ा गया दूसरा गिरोह बरयाम सिंह का है । उन्होंने 18-19 अगस्त की मध्य रात्रि को सरदूल सिंह उर्फ लाओ निवासी चब्बा की हत्या की थी । इन आतंकवादियों ने दो वर्ष पहले तरनतारन रोड पर एक शराब के ठेके को लूटा था । बरयाम सिंह ने इसी वर्ष कपूरथला जिला में पांच व्यक्तियों की हत्या भी की थी । इसी आतंकवादी ने अपने गिरोह के साथ मक्खूजीरा सड़क पर तीन लाख रुपए एक ईंटों के भट्ठे से भी लूटे थे ।

पकड़े गए तीसरे गिरोह में होशियारपुर का दिलबाग सिंह और अमृतसर जिले के थाना पट्टी के, गांव ठक्कर कौड़ा का सरजीत सिंह उर्फ मंड शामिल हैं जिन्हें पुलिस ने छहर्टा के प्रोफैसर विनोद कुमार पर घातक हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पकड़े गए दोनों युवक विद्यार्थी हैं । इनसे एक विदेशी पिस्तौल मिली है तथा वे स्कूटर छीनने की वारदातों में भी संलिप्त रहे हैं ।

दुकानदार की हत्या : मोगा (सर्व, ह.स.): गत रात जिला फरीदकोट के मोगा सदर थाना क्षेत्र के गांव धल्ले के में दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक दकानदार धर्मपाल की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि हमलावर उसके घर में घुसे तथा उसपर गोलियां बरसाईं । वह मौके पर ही दमतोड़ गया । हत्यारे फ़रार हो गए ।

बंदूक ले गए : गत रात थाना बाघापुराना के गांव चंदपुराना में तीन युवक एक व्यक्ति मोता सिंह के घर में घुसे तथा उसकी दोनाली बंदूक व 16 कारतूस छीनकर ले गए ।

कल रात ही वडेर गांव में अज्ञात व्यक्ति एक किसान के घर में घुसकर उसकी पत्नी की सोने की बालियां उतार कर ले गए ।

हत्या : भटिंडा के मानसा के पास उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक स्कूटर सवार की हत्या कर दी व एक को घायल कर दिया ।

फाजिल्का : नागपाल : फाजिल्का के ठंडी कादिम ग्राम में सतलुज नदी के किनारे एक पाकिस्तानी का शव बरामद हुआ जिससे एक पिस्तौल, कारतूस, पाकिस्तानी नोट व टार्च बरामद हुई । समझा जाता है कि वह घुसपैठिया था ।

उग्रवादियों की शिनाख्त : कल रात जिला लुधियाना में गांव ढैपई में नहर के पुल के निकट मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों की शिनाख्त अवतार सिंह तथा गुलज़ार सिंह के रूप में हुई है । वे हत्या और डकैती के कई मामलों में संलिप्त थे । उनके पास से एक चीनी असाल्ट राइफल, इसकी एक मैगज़ीन, 45 कारतूस, एक 9 एम.एम. की कार्बाइन, स्टेनगन व इसकी एक मैगज़ीन तथा एक स्कूटर बरामद हुआ ।

बटाला पुलिस ने एक उग्रवादी जोगेन्द्र सिंह को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया । उससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस मिले । एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति निर्मल सिंह को भी गिरफ्तार किया गया ।

फिरोज़पुर पुलिस ने एक संदिग्ध उग्रवादी को कल रात गिरफ्तार किया । उसका नाम रामसिंह बताया गया है ।

बम कांड के अभियुक्त न्यायिक हवालात में : पठानकोट (गुप्ता): पठानकोट बम कांड में पकड़े गए 6 आतंकवादियों को आज अदालत में पेश किया गया । अदालत ने 18 दिसम्बर तक इनको जुडीशियल हवालात में भेज दिया ।

42 बस यात्रियों की हत्या

मास्को, 6 दिसम्बर : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अफगान शहर उडुज के पास अफगान विद्रोहियों ने 42 बस यात्रियों की हत्या कर दी ।

इस्लामाबाद, 6 दिसम्बर : पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने कहा है कि उन्हें एक दीवालिया अर्थव्यवस्था विरासत में मिली है व उनके सामने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ हुए विवादास्पद एकमुश्त समझौते को स्वीकार करने के अलावा और कोई चारा नहीं है । इस समझौते पर नवम्बर चुनाव के सिर्फ दो सप्ताह पूर्व कामचलाऊ सरकार द्वारा हस्ताक्षर किये गये थे ।

उन्होंने कहा कि हम कुछ नहीं कर सकते । निवर्तमान सरकार पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से तमाम वायदे कर चुकी है । पूरी व्यवस्था जनरल जिया की बनाई हुई है । इसलिये यह व्यवस्था बनियादी रूप से पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के खिलाफ है । उन्होंने अंग्रेजी दैनिक 'द नेशन' के साथ एक भेंट में यह बात कही ।

श्रीमती बेनजीर ने बताया कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 करोड़ डालर ही रह गया है । मुद्रास्फीति की दर 15 प्रतिशत हो गई है और विदेशों से भेजी जाने वाली रकम में पिछले तीन महीने में 18 प्रतिशत गिरावट आई है ।

गत मास सरकार को अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए ऋण लेना पड़ा था । उन्होंने कहा कि पंजाब की स्थिति और आर्थिक संकट ही नई पी.पी.पी. सरकार के समक्ष दो बड़े मुद्दे हैं ।

यह पहला अवसर है कि पाकिस्तान में पंजाब और केंद्र में दो प्रतिद्वंद्वी पार्टियां शासन कर रही हैं ।

सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्टों के 23 जज नियुक्त

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर (वार्ता): सरकार ने आज उच्चतम न्यायालय में पांच और देश के छः उच्च न्यायालयों में 18 न्यायाधीशों की नियुक्ति की घोषणा की । एक सरकारी घोषणा के अनुसार उच्चतम न्यायालय में नियुक्त पांच न्यायाधीशों में कुलदीप सिंह भी शामिल हैं, जो इस समय अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल हैं ।

उच्चतम न्यायालय में नियुक्त अन्य चार न्यायाधीश एस.आर. पांडियन (मद्रास उच्च न्यायालय), डा. टी. कोचूथोमन (केरल), श्री अजीज मुशबर अहमदी (गुजरात) तथा खगेन्द्र नाथ सेकिया (असम) हैं ।

राष्ट्रपति ने उच्च न्यायालयों में 18 अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की है । इनमें पांच कलकत्ता, चार इलाहाबाद, तीन आंध्र, तीन केरल, दो गुवाहाटी और एक हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में नियुक्त किए गए हैं ।

शाम के भाव

(6 दिसम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 35.50, हिन्द मोटर 30.25, रिलायंस 152, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6300, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6700, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3210, मिल डिलिवरी : बनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 348-350, बनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 344-352, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 168, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 174, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 170, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 108, फ्रैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 1675, गुड़ बायदा (40 किलो) मार्च 118.20, तेल बिनौला (10 किलो) 178, गणेश जीरा (क्विंटल) 3225-3250, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो) 430, पीपरमैंट बोल्ड (प्रति किलो) 485 रुपए ।

दिल्ली सर्राफ़ा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6342, चांदी गढ़ी 6260, कच्ची चांदी 6365, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6740, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्ठर 3060-3070, सोना स्टैंडर्ड 3220, स्वर्ण आभूषण (22 कैरट) 3110, गिन्नी (प्रत्येक) 2525-2550 रुपए ।

दिल्ली अलौह धातु मार्कीट (एन.एन.एस.) रांगे की सिल्ली (प्रति किलो) 260, निकल प्लेट 378-388, जस्ता 47.50, गन मैटल फूट 56, ताम्बा सिल्ली 99, ताम्बा रॉड 102, ताम्बा तार फूट 83, चदरी पीतल 49, पीतल चादर कतरन 60, पीतल भरत फूट 47.50, पीतल पर्जा फूट 47.50, सीसा की सिल्ली देसी मुलायम 25.50, सीसा की सिल्ली देसी सख्त 27.50, अल्यूमीनियम क्वायल (22 गेज) 55, अल्यूमीनियम क्वायल (30 गेज) 66, अल्यूमीनियम क्वायल (36 गेज) 65, अल्यूमीनियम सिल्ली 44, अल्यूमीनियम रॉड 45.50, अल्यूमीनियम चद्दर कतरनें 38, अल्यूमीनियम तार फूट 41 रुपए ।

लुधियाना स्टाक मार्कीट (नेपाल लिमिटेड : अरिहंत फैब्रिक्स 28, एडडी इंडस्ट्री 29.5, भारती टैलीकाम 19, गुप्ता कर्पट 25, हीरो फाइ 11.50, जे.सी.टी. इनै. 22.25, मैजेस्टिक आटो 20.2 मालवा काटन 93, मास्टर शेयर्स 18, महावीर स्पि (ओल्ड) 85, मंजाल सोआ 23, ओमैक्स आटो 14, ओसव एग्रो फयरेन 61.50, स्टील स्ट्रिप्स एंड ट्यूब्स 14.75, ए एग्रो 26, वर्धमान स्पिनिंग 97 रुपए ।

परमिटेड : आइशर मोटर 16, इन्वेल 31, इस प्रोफाइल्स 21, इंडिया ग्लाइकाल 39, ओसवाल लौ 34.50, ओर्के 37, पीएसीएल 14.50, श्रेयांस स 13.25 उषा रैक्टीफायर 20, श्रेयांस पेपर 16, हीरो 34, रोड मास्टर 10, क्रिएटिव इम्पैक्स 15.25, प्रोग्रे कमर्शियल 16 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.ए एसी.सी. स्पॉट 412, आंध्र सीमैंट 15.75, अपोलो 30.50, एशियन होटल 50.50, डी.सी.एम. लि. 35, डी.सी.एम. टोयोटा 13, ईस्ट इंडिया होटल 59, एस 77, एस्सार शिपिंग 29.25, फूड स्पैशलिटीज 1 ग्रासिम इंडस्ट्रीज 85, गुजरात नर्मदा 57, एच.एम.एम 166, हीरो होंडा 37, हिन्द. एल्यूमीनियम 150, लीवर 76.50, हिन्द मोटर 30.25, हिन्द. डिवैलप

Punjab Sanchar

मोहाली में फैक्टरी से 1.22 लाख रुपये लूटे : के.एल.ओ. के 12 उग्रवादी गिरफ्तार

भिंदा मुठभेड़ के बाद फरार, मरने वाला आतंकवादी जसविंदर सिंह था

पंजाब में किसान सहित 3 व्यक्ति मरे

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (वार्ता. ह.स.): आतंकवादियों ने आज दिन-दहाड़े 1.22 लाख रुपए लूट लिए तथा 'खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन' के 12 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । कल सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में मारा गया उग्रवादी जसविंदर सिंह बराड़ था जबकि खूंखार उग्रवादी भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा बच कर निकलने में सफल हो गया । एक किसान सहित 3 व्यक्ति मारे गए । भारत-पाक सीमा पर 2 घुसपैठिए मारे गए ।

भिंदा फरार : जालन्धर (वार्ता): खूंखार आतंकवादी भूपिन्दर सिंह उर्फ भिंदा गत रात जालन्धर जिले के दौलतपुर ग्राम में पुलिस से हुई भयानक मुठभेड़ के बाद फरार हो गया । भूपिंदर सिंह 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का स्वयंभू 'लैफ्टिनैंट जनरल' है । इस मुठभेड़ में दो लोग मारे गए, इनमें से एक भूपिंदर सिंह का साथी जसविंदर सिंह बराड़ था और दूसरा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का सिपाही वीरेन्द्र सिंह नेगी । यह जानकारी पुलिस ने दी है ।

रिपोर्टों के अनुसार पुलिस दल ने दौलतपुर ग्राम में एक दोधी शमशेर सिंह के घर पर रात को लगभग साढ़े नौ बजे छापा मारा था । पुलिस को यह सुराग मिला था कि आतंकवादियों ने वहां शरण ली हुई है । जब पुलिस दल उक्त मकान पर पहुंचा तो आतंकवादियों ने अपनी ए.के. 47 राइफलों से गोलियां बरसानी शुरू कर दीं जिनसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक सिपाही घटनास्थल पर ही मारा गया । दोनों ओर से चली गोलियों के दौरान भूपिंदर सिंह का एक साथी जसविंदर भी गोलियों का निशाना बन गया, जबकि भूपिंदर सिंह भागने में सफल हो गया । मुठभेड़ की जगह से एक हथगोला भी मिला है ।

भूपिंदर सिंह थाना गढ़शंकर के अन्तर्गत गांव चक फल्लू का रहने वाला है तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के उस गिरोह से सम्बन्धित है जिसका सरगना निहंग नेता निहाल सिंह हरियांवेला वाले का भतीजा लाली है । इसी मध्य कल घुमाना गांव के निकट उग्रवादियों के हाथों मारे गए दो होमगार्डों की पहचान हैड कांस्टेबल गुरनाम सिंह तथा कांस्टेबल बलजीत सिंह के रूप में हुई है ।

कांस्टेबल दम तोड़ गया : इसी बीच कल रात घुमाना गांव के निकट हुई मुठभेड़ से घायल होने वाला कांस्टेबल सतविंदर सिंह आज दम तोड़ गया जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या तीन हो गई । दो अन्य घायलों सुरजन सिंह व रवीन्द्र सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

उच्च पुलिस अधिकारी अभी भी गांव में डेरे डाले हुए हैं तथा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खोजबीन की जा रही है ।

हीरो होंडा छीना : पटियाला (भूषण) कल सायं सात बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर मलकीयत सिंह से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.एच.आई. 2213 छीन लिया । यह घटना सरहिंद के निकट गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप तथा गांव माधो फिल के मध्य हुई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

1.22 लाख लूटे : खरड़ (शशि): दो युवकों ने आज दिन-दहाड़े मोहाली में केबल केन फैक्टरी में से 1.22 लाख रुपए लूट लिए । सूचनाओं के अनुसार दो सशस्त्र युवकों ने फैक्टरी के कैशियर को चाकू की नोक पर धमकाया तथा रकम लेकर फरार हो गए जो कि वह फैक्टरी वर्करों को वेतन देने के लिए बैंक से निकलवा कर लाया था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पूर्व सरपंच का अपहरण : अमृतसर (वार्ता): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के एक गांव के पूर्व सरपंच का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए दो लाख रुपए की मांग की है ।

12 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर जिला में पुलिस ने 'खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन' के 12 कट्टर उग्रवादियों को कत्थूनंगल, मजीठा तथा लोपोके थाना क्षेत्रों में बंदी बनाया । इनके नाम बलकार सिंह, मेजर सिंह, गुरदेव सिंह, बलदेव सिंह, करतार सिंह, गोपाल सिंह, जगीर सिंह, रणजीत सिंह, जगीर सिंह (दूसरा), रवेल सिंह, देवी दास और संगता सिंह बताए गए हैं । उनसे सात पिस्तौल, पांच रिवाल्वर तथा 57 कारतूस बरामद हुए । वे कई हत्या कांडों व डकैतियों में वांछित थे ।

गिरफ्तार किए गए सभी आतंकवादी अमृतसर, पटियाला तथा मजीठा क्षेत्र के निवासी हैं ।

चार नहीं दो मरे : चंडीगढ़ में एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शाम बताया कि कल रात लुधियाना जिले के सिधवां बेट थाने के गांव तलवंडी कलां में हुई गोलीबारी में केवल दो व्यक्ति पंजाबी फिल्म अभिनेता निर्माता तथा निर्देशक वीरेन्द्र और तकनीशियन भरत कुमार मारे गए और सात घायल हुए । पहले की खबरों में कहा गया था कि चार लोग मरे हैं ।

कल रात जिला फरीदकोट के थाना बाघापुराना के गांव कोटला मेहर सिंह में तीन आतंकवादियों ने मास्टर जोगा सिंह तथा रिटायर्ड सूबेदार लछमन सिंह से दो बंदूकें छीन लीं ।

किसान की हत्या : बाबा बकाला से अशोक के अनुसार आज दोपहर बाद यहां से छः किलो मीटर

Punjab Scan



(1) पंजाब प्रसिद्ध अभिनेता वीरेन्द्र, जिनकी मंगलवार की रात्रि को उग्रवादियों ने जिला लुधियाना के तलवंडी कलां में फिल्म की शूटिंग के दौरान फायरिंग करके हत्या कर दी, का [illegible] सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना से उनके पैतृक नगर फगवाड़ा में ले जाने के लिए गाड़ी में [illegible] जा रहे, (2) वीरेन्द्र के शोकग्रस्त संबंधी लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में, (3) फिल्म की [illegible] नेत्री मनप्रीत (विजय वासल) लुधियाना के अस्पताल में उपचाराधीन पड़ी है । (इनसेट) पि का कैमरामैन प्रीतम सिंह भी फायरिंग में घायल हो गया । (छाया : भाम्बी) (4) वीरेन्द्र (इन) का शव जब फगवाड़ा लाया गया तो उसके प्रशंसकों ने शव पर पुष्पांजलिया अर्पित कीं, (5) मृतक की पत्नी और बेटी विलाप करते हुए, (6) वीरेन्द्र के बड़े भाई हकीम [illegible] चिता को अग्नि देते हुए । (छाया : कौड़ा, अल्पना)

फारूक ने जनगणना के आंकड़ों को गलत बताया : विधानसभा में तीखी झड़पें

[illegible] 7 सावर (सच्चर): जम्मू-कश्मीर [illegible] विधानसभा का [illegible]कालीन अधिवेशन आज यहां [illegible] ठिज और मुस्लिम यूनाइटिड फ्रंट के [illegible] के मध्य [illegible] झड़पों और भाजपा सदस्यों व [illegible] सदस्य मुस्तफा के मध्य गर्मागर्मी के [illegible] आरम्भ आ । श्री मुस्तफा का समर्थन [illegible] यूनाइटिड फ्रंट के सदस्य कर रहे थे । [illegible] गठजोड़ [illegible] भाजपा के सदस्यों के मध्य भी [illegible] झड़पें हुईं । विधानसभा ने निर्दलीय सदस्य [illegible] मुस्तफा [illegible] मुस्लिम यूनाइटिड फ्रंट के अब्दुल [illegible] को [illegible] प्रताड़ित किया जब उन्होंने [illegible] की अनुमति के बगैर बोलना जारी रखा और [illegible] मीर मुस्तफा को प्रश्नकाल समाप्त होने तक [illegible] बाहर [illegible] का आदेश दिया गया ।

[illegible] की तुरन्त प्रश्नोत्तर काल में हुई जब [illegible] डाक्टर फारूक अब्दुल्ला ने अब्दुल रजा [illegible] प्रश्न के उत्तर में कहा कि 1951 की [illegible] में राज्य में मुस्लिम और गैर मुस्लिम का [illegible] 2.1 : 1 [illegible] जबकि 1981 की जनगणना [illegible] 1.8 : 1 [illegible] । मुस्लिम यूनाइटिड फ्रंट के [illegible] ने यह आरोप लगाने शुरू कर दिए कि राज्य [illegible] जनसंख्या कम हुई है जबकि मुख्यमंत्री [illegible] फारूक ने [illegible] का खंडन किया तथा कहा कि और निर्दलीय सदस्य मीर मुस्तफा ने कुछ आरोप लगाने शुरू कर दिए जो स्पीकर ने कार्रवाई से निकाल दिए । जब मीर मुस्तफा ने संविधान के खिलाफ कुछ टिप्पणियां कीं तो भाजपा के ठाकुर बलदेव सिंह और प्रोफैसर चमन लाल ने कड़ा प्रोटैस्ट किया तथा मीर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की । प्रो. गुप्ता ने कहा कि जो लोग भारतीय संविधान की निंदा करते हैं वे इस सदन के सदस्य बने नहीं रह सके । मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला ने मीर की अनुपस्थिति में कहा कि कई बार श्री मीर स्वयं नहीं जानते कि वह क्या कह रहे हैं । इंका सदस्य रंगील सिंह ने भी मीर के कथनों पर आपत्ति उठाई । स्पीकर ने श्री मीर के कुछ रिमार्क्स कार्रवाई से खारिज कर दिए । जब श्री मीर सदन से बाहर गए तो रजा मीर भी उठ कर बाहर चले गए । बाहर जाते हुए उन्होंने कुछ टिप्पणियां कीं जो शोर-शराबे में सुनाई नहीं दीं ।

शून्यकाल के दौरान और इससे पूर्व भी सत्तारूढ़ गठजोड़ के सदस्यों ने पाकिस्तान में कट्टरपंथी दलों की पराजय पर खुशी जाहिर की और आशा प्रकट की भारत-पाक सम्बन्धों में सुधार होगा । अब्दुल रशीद डार (नैकां) ने आशा प्रकट की कि दोनों देशों के मध्य सम्बन्ध इस सीमा तक सुधरेंगे कि

कर दी । वह उस समय गांव जमालपुर से मोटर साइकल पर गांव बुताला जा रहा था कि रास्ते में आतंकवादियों ने उस पर हमला कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

2 घुसपैठिए मारे गए : भारत-पाक सीमा पर गत रात्रि डेरा बाबा नानक सैक्टर में 3 में से 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए एक मुठभेड़ में मारे गए, जबकि उनका तीसरा साथी वापस भाग निकलने में सफल रहा । सरकारी तौर पर यह आज यहां बताया गया ।

गुरदासपुर (विनोद): गत रात साढ़े नौ बजे चार अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना काहनूवान के अन्तर्गत गांव कालाबाला में अर्जुन सिंह नामक किसान के घर में प्रवेश करके लाइसैंसी रिवाल्वर, दो कारतूस तथा 500 रुपए लूट लिए ।

शरणदाता गिरफ्तार : बस्सी पठानां (रुपाल): सरहिंद पुलिस ने कुलवन्त सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो खरा गांव का रहने वाला बताया गया है । उसके विरुद्ध गत कई मास से लोगों को धमकी पत्र लिख कर रुपए बटोरने में आतंकवादियों की सहायता करने, उन्हें शरण देने और अवैध शस्त्र रखने के आरोप में केस दर्ज किया गया है । एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुलवन्त सिंह के रहस्योद्घाटन पर पुलिस ने सुरक्षा बलों की मदद से लुधियाना के दो उग्रवादियों दर्शन सिंह और परमजीत को पकड़ा है जिनके कब्जे से रिवाल्वर, पिस्तौल और गत दिनों सिद्धूवाल से लूटा गया 30,000 रुपया बरामद होने के अलावा पूछताछ के दौरान कुछ अन्य खतरनाक लुटेरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है । यह लोग एक बोगस संगठन के पत्रों पर लोगों को रुपए देने के लिए धमकी पत्र लिखते थे ।

पूर्व मंत्री के घर की तलाशी : इस बीच कल सुरक्षा बलों ने एस.पी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में एक पूर्व मंत्री के डुब्बी माजरी स्थित निवास की एक घंटा तलाशी ली । पुलिस को संदेह था कि कथित उग्रवादी चरनजीत सिंह उर्फ चन्नी वहां आकर छुपा हुआ है, परन्तु वहां से कुछ नहीं मिला ।

नकदी और आभूषण छीने : खन्ना से पूर्ण चन्द ने खबर दी है कि आज प्रातः नौ बजे के लगभग मुहल्ला मातारानी में महेन्द्र नामक एक व्यक्ति के मकान में तीन के लगभग अज्ञात व्यक्ति जिन्होंने कम्बल लपेटे हुए थे, दाखिल हुए । घर में केवल औरतें ही मौजूद थीं । उन्होंने उनसे नकदी और आभूषण उनके हवाले करने को कहा और साथ ही धमकी दी अगर नकदी और आभूषण न दिए गए तो उन्हें पिस्तौल की गोली मारकर मार दिया जाएगा । औरतों ने शोर मचा दिया जिससे मुहल्ले के लोग घरों से बाहर आ गए । लोगों को देखकर यह लोग भाग गए । नगर पुलिस को फोन किया गया जो कि तुरन्त वहां पहुंच गई और उन लोगों की तलाश शुरू कर दी, मगर कोई भी व्यक्ति उनके हाथ न लगा । मुहल्ला में पुलिस ने गश्त तेज कर दी है । याद रखें खन्ना में पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : रामपुराफूल से सरस्वती की सूचना के अनुसार आज गांव फूलेवाल में बस स्टैंड पर उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति साधु (40 वर्ष) की हत्या कर दी जबकि उसका लड़का बाल-बाल बच गया । उग्रवादी वारदात के बाद फरार हो गए । पुलिस क्षेत्रों ने बताया कि उग्रवादियों की पहचान कर ली गई है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sahitya

मोहाली में फैक्टरी से 1.22 लाख रुपये लूटे : के.एल.ओ. के 12 उग्रवादी गिरफ्तार

भिंदा मुठभेड़ के बाद फरार, मरने वाला आतंकवादी जसविंदर सिंह था

पंजाब में किसान सहित 3 व्यक्ति मरे

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज दिन-दहाड़े 1.22 लाख रुपए लूट लिए तथा 'खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन' के 12 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । कल सी.आर.पी. के साथ मुठभेड़ में मारा गया उग्रवादी जसविंदर सिंह बराड़ था जबकि खूंखार उग्रवादी भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा बच कर निकलने में सफल हो गया । एक किसान सहित 3 व्यक्ति मारे गए । भारत-पाक सीमा पर 2 घुसपैठिए मारे गए ।

भिंदा फरार : जालन्धर (वार्ता): खूंखार आतंकवादी भूपिन्दर सिंह उर्फ भिंदा गत रात जालन्धर जिले के दौलतपुर ग्राम में पुलिस से हुई भयानक मुठभेड़ के बाद फरार हो गया । भूपिंदर सिंह 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का स्वयंभू 'लैफ्टिनैंट जनरल' है । इस मुठभेड़ में दो लोग मारे गए,इनमें से एक भूपिंदर सिंह का साथी जसविंदर सिंह बराड़ था और दूसरा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का सिपाही वीरेन्द्र सिंह नेगी । यह जानकारी पुलिस ने दी है ।

रिपोर्टों के अनुसार पुलिस दल ने दौलतपुर ग्राम में एक दोधी शमशेर सिंह के घर पर रात को लगभग साढ़े नौ बजे छापा मारा था । पुलिस को यह सुराग मिला था कि आतंकवादियों ने वहां शरण ली हुई है । जब पुलिस दल उक्त मकान पर पहुंचा तो आतंकवादियों ने अपनी ए.के. 47 राइफलों से गोलियां बरसानी शुरू कर दी जिनसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक सिपाही घटनास्थल पर ही मारा गया । दोनों ओर से चली गोलियों के दौरान भूपिंदर सिंह का एक साथी जसविंदर भी गोलियों का निशाना बन गया, जबकि भपिंदर सिंह भागने में सफल हो गया । मुठभेड़ की जगह से एक हथगोला भी मिला है ।

भूपिंदर सिंह थाना गढ़शंकर के अन्तर्गत गांव चक फूल्ल का रहने वाला है तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के उस गिरोह से सम्बन्धित है जिसका सरगना निहंग नेता निहाल सिंह हरियांवेलां वाले का भतीजा लाली है । इसी मध्य कल घुमाना गांव के निकट उग्रवादियों के हाथों मारे गए दो होमगार्डों की पहचान हैड कांस्टेबल गुरनाम सिंह तथा कांस्टेबल बलजीत सिंह के रूप में हुई है ।

कांस्टेबल दम तोड़ गया : इसी बीच कल रात घुमाना गांव के निकट हुई मुठभेड़ से घायल होने वाला कांस्टेबल सतविंदर सिंह आज दम तोड़ गया जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या तीन हो गई । दो अन्य घायलों सुरजन सिंह व रवीन्द्र सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

उच्च पुलिस अधिकारी अभी भी गांव में डेरे डाले हुए हैं तथा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खोजबीन की जा रही है ।

हीरो होंडा छीना : पटियाला (भूषण) कल सायं सात बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर मलकीयत सिंह से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.एच.आई. 2213 छीन लिया । यह घटना सरहिंद के निकट गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप तथा गांव माधो फिल के मध्य हुई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

1.22 लाख लूटे : खरड़ (शशि): दो युवकों ने आज दिन-दहाड़े मोहाली में केबल केन फैक्टरी में से 1.22 लाख रुपए लूट लिए । सूचनाओं के अनुसार दो सशस्त्र युवकों ने फैक्टरी के कैशियर को चाकू की नोक पर धमकाया तथा रकम लेकर फरार हो गए जो कि वह फैक्टरी वर्करों को वेतन देने के लिए बैंक से निकलवा कर लाया था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पूर्व सरपंच का अपहरण : अमृतसर (वार्ता): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के एक गांव के पूर्व सरपंच का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए दो लाख रुपए की मांग की है ।

12 कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर जिला में पुलिस ने 'खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन' के 12 कट्टर उग्रवादियों को कत्थूनंगल, मजीठा तथा लोपोके थाना क्षेत्रों में बंदी बनाया । इनके नाम बलकार सिंह, मेजर सिंह, गुरदेव सिंह, बलदेव सिंह, करतार सिंह, गोपाल सिंह, जगीर सिंह, रणजीत सिंह, जगीर सिंह (दूसरा), रवेल सिंह, देवी दास और मंगता सिंह बताए गए हैं । उनसे सात पिस्तौल, पांच रिवाल्वर तथा 57 कारतूस बरामद हुए । वे कई हत्या कांडों व डकैतियों में वांछित थे ।

गिरफ्तार किए गए सभी आतंकवादी अमृतसर, पटियाला तथा मजीठा क्षेत्र के निवासी हैं ।

चार नहीं दो मरे : चंडीगढ़ में एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शाम बताया कि कल रात लुधियाना जिले के सिधवां बेट थाने के गांव तलवंडी कलां में हुई गोलीबारी में केवल दो व्यक्ति पंजाबी फिल्म अभिनेता निर्माता तथा निर्देशक वीरेन्द्र और तकनीशियन भरत कुमार मारे गए और सात घायल हुए । शुरुआत की खबरों में कहा गया था कि चार लोग मरे हैं ।

कल रात जिला फरीदकोट के थाना बाघापुराना के गांव कोटला मेहर सिंह में तीन आतंकवादियों ने मास्टर जोगा सिंह तथा रिटायर्ड सूबेदार लछमन सिंह से दो बंदूकें छीन लीं ।

किसान की हत्या : बाबा बकाला से अशोक के अनुसार आज दोपहर बाद यहां से छः किलो मीटर दूर थाना ब्यास के गांव बुताला में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक किसान महेश सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह उस समय गांव जमालपुर से मोटर साइकल पर गांव बुताला जा रहा था कि रास्ते में आतंकवादियों ने उस पर हमला कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

2 घुसपैठिए मारे गए : भारत-पाक सीमा पर गत रात्रि डेरा बाबा नानक सैक्टर में 3 में से 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए एक मुठभेड़ में मारे गए, जबकि उनका तीसरा साथी वापस भाग निकलने में सफल रहा । सरकारी तौर पर यह आज यहां बताया गया ।

गुरदासपुर (विनोद): गत रात साढ़े नौ बजे चार अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना कादनूवान के अन्तर्गत गांव कालाबाला मे अर्जुन सिंह नामक किसान के घर में प्रवेश करके लाइसैंसी रिवाल्वर, दो कारतूस तथा 500 रुपए लूट लिए ।

शरणदाता गिरफ्तार : बस्सी पठानां (रुपाल): सरहिंद पुलिस ने कुलवन्त सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो खरा गांव का रहने वाला बताया गया है । उसके विरुद्ध गत कई मास से लोगों को धमकी पत्र लिख कर रुपए बटोरने में आतंकवादियों की सहायता करने, उन्हें शरण देने और अवैध शस्त्र रखने के आरोप में केस दर्ज किया गया है । एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुलवन्त सिंह के रहस्योद्घाटन पर पुलिस ने सुरक्षा बलों की मदद से लुधियाना के दो उग्रवादियों दर्शन सिंह और परमजीत को पकड़ा है जिनके कब्जे से रिवाल्वर, पिस्तौल और गत दिनों सिद्धवाल से लूटा गया 30,000 रुपया बरामद होने के अलावा पूछताछ के दौरान कुछ अन्य खतरनाक लुटेरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है । यह लोग एक बोगस संगठन के पत्रों पर लोगों को रुपए देने के लिए धमकी पत्र लिखते थे ।

पूर्व मंत्री के घर की तलाशी : इस बीच कल सुरक्षा बलों ने एस.पी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में एक पूर्व मंत्री के डुब्बी माजरी स्थित निवास की एक घंटा तलाशी ली । पुलिस को संदेह था कि कथित उग्रवादी चरनजीत सिंह उर्फ चन्नी वहां आकर छुपा हुआ है, परन्तु वहां से कुछ नहीं मिला ।

नकदी और आभूषण छीने : खन्ना से पूर्ण चन्द ने खबर दी है कि आज प्रातः नौ बजे के लगभग मुहल्ला मातारानी में महेन्द्र नामक एक व्यक्ति के मकान में तीन के लगभग अज्ञात व्यक्ति जिन्होंने कम्बल लपेटे हुए थे, दाखिल हुए । घर में केवल औरतें ही मौजूद थीं । उन्होंने उनसे नकदी और आभूषण उनके हवाले करने को कहा और साथ ही धमकी दी अगर नकदी और आभूषण न दिए गए तो उन्हें पिस्तौल की गोली मारकर मार दिया जाएगा । औरतों ने शोर मचा दिया जिससे मुहल्ले के लोग घरों से बाहर आ गए । लोगों को देखकर यह लोग भाग गए । नगर पुलिस को फोन किया गया जो कि तुरन्त वहां पहुंच गई और उन लोगों की तलाश शुरू कर दी, मगर कोई भी व्यक्ति उनके हाथ न लगा । मुहल्ला में पुलिस ने गश्त तेज कर दी है । याद रखें खन्ना में पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : रामपुराफूल से सरस्वती की सूचना के अनुसार आज गांव फूलेवाल में बस स्टैंड पर उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति साधु (40 वर्ष) की हत्या कर दी जबकि उसका लड़का बाल-बाल बच गया । उग्रवादी वारदात के बाद फरार हो गए । पुलिस क्षेत्रों ने बताया कि उग्रवादियों की पहचान कर ली गई है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1) पंजाबी के प्रसिद्ध अभिनेता वीरेन्द्र, जिनकी मंगलवार की रात्रि को उग्रवादियों ने जिला लुधियाना के गांव तलवंडी कलां में फिल्म की शूटिंग के दौरान फायरिंग करके हत्या कर दी, का शव सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना से उनके पैतृक नगर फगवाड़ा में ले जाने के लिए गाड़ी में रखा जा रहा है, (2) वीरेन्द्र के शोकग्रस्त संबंधी लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में, (3) फिल्म की अभिनेत्री मनप्रीत (विजय बांसल) लुधियाना के अस्पताल में उपचाराधीन पड़ी है । (इन्सैट) फिल्म का कैमरामैन प्रीतम सिंह भी फायरिंग में घायल हो गया । (छाया : भाम्बी) (4) वीरेन्द्र (इन्सैट) का शव जब फगवाड़ा लाया गया तो उसके प्रशंसकों ने शव पर पुष्पांजलियां अर्पित कीं, (5) मृतक की पत्नी और बेटी विलाप करते हुए, (6) वीरेन्द्र के बड़े भाई हकीम सतपाल चिता को अग्नि देते हुए । (छाया : कौड़ा, अल्पना,

फारूक ने जनगणना के आंकड़ों को गलत बताया : विधानसभा में तीखी झड़पें

जम्मू, 7 दिसम्बर (सच्चर): जम्मू-कश्मीर विधानसभा का शीतकालीन अधिवेशन आज यहां शून्यकाल में गठजोड़ और मुस्लिम यूनाइटिड फ्रंट के सदस्यों के मध्य तीखी झड़पों और भाजपा सदस्यों व निर्दलीय सदस्य मीर मुस्तफा के मध्य गर्मागर्मी के साथ आरम्भ हुआ । श्री मुस्तफा का समर्थन मुस्लिम युनाइटिड फ्रंट के सदस्य कर रहे थे । शून्यकाल में गठजोड़ तथा भाजपा के सदस्यों के मध्य भी कुछ झड़पें हुईं । विधानसभा ने निर्दलीय सदस्य मीर मुस्तफा तथा मुस्लिम युनाइटिड फ्रंट के अब्दुल रशीद मीर को बार-बार प्रताड़ित किया जब उन्होंने अध्यक्ष की अनुमति के बगैर बोलना जारी रखा और अध्यक्ष मीर मुस्तफा को प्रश्नकाल समाप्त होने तक सदन से बाहर रहने का आदेश दिया गया ।

गड़बड़ की शुरूआत प्रश्नोत्तर काल में हुई जब मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला ने अब्दुल रजा मीर के प्रश्न के उत्तर में कहा कि 1951 की जनगणना में राज्य में मुस्लिम और गैर मुस्लिम का अनुपात 2.1 : 1 था जबकि 1981 की जनगणना में यह 1.8 : 1 था । मुस्लिम युनाइटिड फ्रंट के सदस्यों ने यह आरोप लगाने शुरू कर दिए कि राज्य में मुस्लिम जनसंख्या कम हुई है जबकि मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक ने इसका खंडन किया तथा कहा कि जनसंख्या के आंकड़े सही नहीं हैं व राज्य में और निर्दलीय सदस्य मीर मुस्तफा ने कुछ आरोप लगाने शुरू कर दिए जो स्पीकर ने कार्रवाई से निकाल दिए । जब मीर मुस्तफा ने संविधान के खिलाफ कुछ टिप्पणियां कीं तो भाजपा के ठाकुर बलदेव सिंह और प्रोफैसर चमन लाल ने कड़ा प्रोटैस्ट किया तथा मीर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की । प्रो. गुप्ता ने कहा कि जो लोग भारतीय संविधान की निंदा करते हैं वे इस सदन के सदस्य बने नहीं रह सके । मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला ने मीर की अनुपस्थिति में कहा कि कई बार श्री मीर स्वयं नहीं जानते कि वह क्या कह रहेहैं । इंका सदस्य रंगील सिंह ने भी मीर के कथनों पर आपत्ति उठाई । स्पीकर ने श्री मीर के कुछ रिमार्क्स कार्रवाई से खारिज कर दिए । जब श्री मीर सदन से बाहर गए तो रज़ा मीर भी उठ कर बाहर चले गए । बाहर जाते हुए उन्होंने कुछ टिप्पणियां कीं जो शोर-शराबे में सुनाई नहीं दीं ।

शून्यकाल के दौरान और इससे पूर्व भी सत्तारूढ़ गठजोड़ के सदस्यों ने पाकिस्तान में कट्टरपंथी दलों की पराजय पर खुशी जाहिर की और आशा प्रकट की भारत-पाक सम्बन्धों में सुधार होगा । अब्दुल रशीद डार (नैकां) ने आशा प्रकट की कि दोनों देशों के मध्य सम्बन्ध इस सीमा तक सुधरेंगे कि

फैक्टरी से 1.22 लाख लूटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

6 नई पुलिस चौकियां : मोगा (सर्व): पंजाब सरकार ने उग्रवादियों द्वारा उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए मोगा उपमंडल के 6 और गांवों में नई पुलिस चौकियां खोलने का निर्णय किया है । यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार ये चौकियां थट्टी भाई, चिड़क, समाधि भाई, समालसर, जयमलसिंहवाला और भेलूर में होंगी ।

2 बंदूकें छीन ले गए : गत रात्रि अत्याधुनिक शस्त्रों से लैस कुछ उग्रवादियों ने थाना बाघा पुराना के गांव कोटला मेहरसिंहवाला में मास्टर जोरा सिंह और लछमन सिंह फौजी के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर उसकी कारतूसों सहित बन्दूक छीन ली और भाग गए । इसी थाने के गांव चंद पराना से उग्रवादी मनमोता सिंह से उसकी बन्दूक छीन कर भाग गए ।

कई हिरासत में : फगवाड़ा (खोसला): कल रात्रि और आज बाद दोपहर पुलिस और सुरक्षा बलों ने मुहल्ला भगतपुरा और सतनामपुरा व कई गांवों में सैंकड़ों मकानों का घेरा डालकर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में छापे मारे और कई व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

Punjab Sanatani

जीरा के निकट बारात पर फायरिंग : 5 मरे : दूल्हा-दुल्हन सहित 7 घायल

कई आतंकवादी गिरफ्तार : भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले

अजनाला क्षेत्र में उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 8 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से एक बारात के 5 सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि एक उग्रवादी मारा गया । विभिन्न स्थानों पर एक दर्जन से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार किए गए जिनसे बड़ी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ । मंगलवार को घुमाना गांव में हुई मुठभेड़ में घायल कांस्टेबल सतबिंदर सिंह की मौत की खबर को पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने गलत करार दिया ।

उग्रवादी मारा गया : अमृतसर (वार्ता): आज प्रातः जिला अमृतसर के अजनाला सैक्टर में बी.एस. पुरा सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ़. के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । बी.एस.एफ़. अधिकारियों के अनुसार 7 उग्रवादियों को जिन्होंने सीमा पार करने की कोशिश की, बी.एस.एफ़. की नाका पार्टियों ने ललकारा । इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि उसके साथी वापस पाकिस्तान भाग निकले । मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी ए.के. 47 राइफ़ल, दो हैंडग्रेनेड व 5,000 कारतूस बरामद हुए ।

ट्रक सवार उग्रवादी काबू : 'अशोक दूत' के अनुसार एस.एस.पी. तरनतारन ने आज यहां बताया कि गत रात तरनतारन नगर पुलिस ने गांव रतौल के नाले के पुल पर नाका लगाया हुआ था कि आधी रात के करीब पुलिस की नाका पार्टी ने एक ट्रक नम्बर बी.एम.बी. 5691 को अपनी ओर संदिग्ध परिस्थितियों में आते देखा । नाका पार्टी द्वारा ट्रक को रुकने का इशारा किए जाने पर ट्रक के अंदर छुपे बैठे उग्रवादियों ने पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फ़ायरिंग किए जाने के बाद उग्रवादियों को काबू कर लिया गया । एस.एस.पी. के अनुसार ट्रक में सवार तीन व्यक्तियों की दरबारा सिंह पुत्र अजायब सिंह निवासी मरढ़, कर्म सिंह पुत्र दरबारा सिंह निवासी मरढ़ और कर्म सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी कड़ियां के रूप में शिनाख्त हुई है । इन उग्रवादियों के कब्ज़े से दो रिवाल्वर, एक दोनाली बंदूक के इलावा एक किरपान भी बरामद हुई ।

आपसी शत्रुता : एस.एस.पी. मजीठा द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गत रात जमालपुर गांव में एक व्यक्ति महेश सिंह की कुछ आतंकवादियों ने हत्या कर दी । एस.एस.पी. के अनुसार जांच में पाया गया है कि यह हत्या आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

एक और मुठभेड़ : अजनाला क्षेत्र में कल मध्य रात आतंकवादियों के एक गिरोह और सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बीच ज़बरदस्त मुठभेड़ हुई । पुलिस के अनुसार बाद में आतंकवादी भाग निकले । आतंकवादी एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और एक थैली विस्फोटक छोड़ गए । मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ ।

अपहृत की हत्या : आतंकवादियों ने सुखमिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसका उन्होंने कुछ दिन पहले अपहरण कर लिया था । उसकी लाश आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला में भिखीविंड के निकट मिली ।

दुकानदार की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात गांव मानुके में आतंकवादियों ने एक दुकानदार बाबू राम की हत्या कर दी तथा उसके घर से 3,000 रुपए नकद व 27 तोले सोना लूट कर फ़रार हो गए । आतंकवादियों की संख्या चार थी । दुकानदार का घर दुकान से 50 मीटर की दूरी पर है । जब आतंकवादी घर को लूटकर भाग रहे थे तो बाबू राम की पत्नी ने शोर मचाया परन्तु कोई भी उसकी मदद को न आया । इसके बाद आतंकवादी दुकान पर गए तथा उससे कहा कि जो कुछ है, हमारे हवाले कर दो । दुकानदार ने लगभग 100 रुपए उन्हें दे दिए लेकिन फिर भी भागने से पहले उन्होंने बाबू राम को गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने इस सम्बन्ध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की । आतंकवादियों ने गांव में कुछ हवाई फ़ायर भी किए ।

5 बारातियों की हत्या : फिरोज़पुर (ह.स.): गत रात्रि ज़ीरा-मक्खू रोड पर गांव गुजरां के निकट एक बारात पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके पांच लोगों की हत्या कर दी । इस घटना में सात अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए । बारात डोली लेकर गांव लखीरे वाल से अपने गांव करीमवाला को लौट रही थी । घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

'कंतोड़' के अनुसार यह वारदात सायं लगभग पौने सात बजे हुई । उग्रवादियों की संख्या 8-10 थी । उन्होंने पहले बारातियों की प्रिवेट कार पर फ़ायरिंग की तथा इसके ड्राइवर मनदीप कुमार की हत्या कर दी । घायलों में दूल्हा सुखवन्त सिंह तथा दुल्हन जसबीर कौर भी शामिल हैं । अन्य घायलों के नाम नरेन्द्र कुमार, स्वर्ण कौर, वीर कौर, तरसेम सिंह तथा महेन्द्र कौर हैं ।

दूसरी कार अमृतसर से आ रही थी । इसमें सवार सुशील, पिंकी, विजय तथा बाबा मारे गए । इस हत्या-कांड के विरोध में आज ज़ीरा तथा कोटकपूरा में हड़ताल रही । उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी ।

पठानकोट से गुप्ता के अनुसार इस ग्राम का सही नाम सहरा है जो पठानकोट-कटलहर रोड पर पठानकोट से 15 कि. मी. दूर है । वहां उग्रवादियों ने बस अड्डे पर अंधाधुंध फायरिंग करके 5 लोगों की हत्या कर दी व 4 को घायल कर दिया । दो घायलों को सिविल अस्पताल पठानकोट में भरती कराया गया जिनके नाम मधु (बी.ए. की छात्रा, पुत्री डाक्टर मुनि लाल) तथा रमेश पाल बताए गए हैं । उग्रवादी मछली लेकर मछली तलवाने पहुंचे और जब तलने वाले ने इंकार किया तो उन्होंने गोली चला दी ।

स्पष्टीकरण : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने आज पत्रकारों को स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि गत दिवस गांव डाबांवाली के निकट हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी काबल सिंह और भजन सिंह ही गिरफ्तार किए गए थे, जबकि कुन्दन सिंह और पंजाब पुलिस का सिपाही गुरमेज सिंह भागने में सफल हो गए थे । उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस व सीमा सुरक्षा बल उनके छुपने के स्थानों पर छापे मारकर खोजबीन का काम कर रहे हैं । इन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने गांव चीमा खुड्डी के एक व्यक्ति महिन्दर सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के अभियोग में गिरफ्तार किया है । इसके अलावा सुरजीत सिंह व दलीप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया ।

अपहरण : फरीदकोट (ह.स.): प्राप्त सूचना के अनुसार गांव बहलावाल में दस सशस्त्र व्यक्ति एक व्यक्ति बूटा सिंह के घर में घुस गए तथा उससे पांच लाख रुपए मांगे । उसके इन्कार करने पर सशस्त्र व्यक्तियों ने फ़ायरिंग की तथा बूटा सिंह के नज़दीकी रिश्तेदार गुरमेल सिंह को साथ लेकर फरार हो गए । फ़ायरिंग में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

बंदूक छीनी : धूरी (सिंगला): दो आतंकवादियों ने थाना मालेरकोटला के गांव चीमा में एक पंचायत सदस्य से राइफल छीन ली । एक अन्य वारदात में मालेरकोटला के हरमीत सिंह का स्कूटर पी.ए.वी. 4246 चुरा लिया गया ।

भाई बलबीर सिंह की अंत्येष्टि : आनंदपुर साहब में तख्त श्री केसगढ़ साहब के हैड ग्रंथी भाई बलबीर सिंह, जिन की कल उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी, का आज कीरतपुर साहब गुरुद्वारा के निकट अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौका पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध थे ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Sahitya

भगौड़ा आतंकवादी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

ज्ञानी बलबीर सिंह के अंतिम संस्कार के समय भारी संख्या में लोग मौजूद थे,जिनमें अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह तरनतारनी भी शामिल हैं ।

कंता की लाश मिली : आज जिला जालन्धर में थाना नूरमहल के अन्तर्गत गांव तलवन दोगाला में एक खेत में इश्तहारी अपराधी कुलवन्त सिंह उर्फ़ कंता की लाश मिली । पुलिस को संदेह है कि यह गिरोहों की आपसी शत्रुता का नतीजा है । लाश के निकट ए.के. 47 चीनी राइफल के तीन कारतूस मिले ।

मृत आतंकवादी कुलवन्त सिंह 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' से सम्बन्धित था । पुलिस ने बताया कि 'कंता' एक स्त्री सहित दो व्यक्तियों की हत्या में वांछित था ।

शिरोमणि कमेटी द्वारा निंदा : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने तख्त श्री केसगढ़ के हैडग्रंथी ज्ञानी बलबीर सिंह की हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है । एक बयान में कमेटी के अतिरिक्त सचिव श्री कुलवन्त सिंह रंधावा ने हैड ग्रंथी की हत्या को एक निर्मम तथा कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि यह कुछ हताश 'पंथ विरोधी' शक्तियों द्वारा विवेक की आवाज़ को समाप्त करने का षड्यंत्र है । सिख नेताओं पर हमले के लिए सरकार को जिम्मेदार करार देते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग सिख नेतृत्व को खत्म करने का प्रयत्न कर रहे हैं और एकता प्रयासों को हानि पहुंचा रहे हैं, वे सिख नहीं हैं ।

ज्ञानी बलबीर सिंह उग्रवादियों के हाथों मारे जाने वाले दूसरे हैडग्रंथी हैं । इससे पहले 25 जुलाई को लुधियाना में इसी तरह दरबार साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी सोहन सिंह की हत्या कर दी गई थी । अमृतसर तथा राज्य में अन्य स्थानों पर शिरोमणि कमेटी के कार्यालय और दरबार साहब के प्रशासनिक कार्यालय आज ज्ञानी बलबीर सिंह के शोक में बंद रहे । शिरोमणि कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह तरनतारनी और सचिव मनजीत सिंह कलकत्ता ने कहा कि सरकार आतंकवादियों की हिटलिस्ट में शामिल व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम रही है ।

श्री कलकत्ता ने एक बयान में आरोप लगाया कि सिख हैडग्रंथियों पर हमलों के पीछे सरकारी एजैंसियों का हाथ है । उन्होंने कहा कि यह बात पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला को अकाल तख्त द्वारा क्षमा किये जाने के सवाल पर संसद में हुई बहस से ज़ाहिर है । उन्होंने आरोप लगाया कि एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी ने उन पर किये गये हमलों में जिन लोगों के नाम लिये हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में सरकार विलम्ब कर रही है । उन्होंने भूतपूर्व हैडग्रंथियों को हथियार उपलब्ध किये जाने पर कड़ी आपत्ति उठाई,जो कि अभी गुरुद्वारों पर जब्री कब्ज़े किये बैठे हैं । इसके विपरीत स्वर्ण मंदिर की पवित्रता की रक्षा के लिए नवगठित 'टास्क फ़ोर्स' को कोई हथियार नहीं दिये जा रहे ।

ज्ञानी बलबीर सिंह उग्रवादियों के हाथों मारे जाने वाले दूसरे हैडग्रंथी हैं । इससे पहले 25 जुलाई को लुधियाना में इसी तरह दरबार साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी सोहन सिंह की हत्या कर दी गई थी । अमृतसर तथा राज्य में अन्य स्थानों पर शिरोमणि कमेटी के कार्यालय और दरबार साहब के प्रशासनिक कार्यालय आज ज्ञानी बलबीर सिंह के शोक में बंद रहे । शिरोमणि कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह तरनतारनी और सचिव मनजीत सिंह कलकत्ता ने कहा कि सरकार आतंकवादियों की हिटलिस्ट में शामिल व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम रही है ।

श्री कलकत्ता ने एक बयान में आरोप लगाया कि सिख हैडग्रंथियों पर हमलों के पीछे सरकारी एजैंसियों का हाथ है । उन्होंने कहा कि यह बात पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला को अकाल तख्त द्वारा क्षमा किये जाने के सवाल पर संसद में हुई बहस से ज़ाहिर है । उन्होंने आरोप लगाया कि एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह तलवंडी ने उन पर किये गये हमलों में जिन लोगों के नाम लिये हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में सरकार विलम्ब कर रही है । उन्होंने भूतपूर्व हैडग्रंथियों को हथियार उपलब्ध किये जाने पर कड़ी आपत्ति उठाई,जो कि अभी गुरुद्वारों पर जबरी कब्ज़े किये बैठे हैं । इसके विपरीत स्वर्ण मंदिर की पवित्रता की रक्षा के लिए नवगठित 'टास्क फ़ोर्स' को कोई हथियार नहीं दिये जा रहे ।

कल रात जिला फिरोज़पुर में थाना मुक्खू के अन्तर्गत पंडोरी गांव में तीन सशस्त्र आतंकवादी गुरदयाल सिंह तथा स्वर्ण सिंह सरपंच से एक .12 बोर की बंदूक तथा 12 कारतूस छीन कर ले गए ।

शस्त्रास्त्र बरामद : जिला गुरदासपुर में बटाला थाना सदर के अन्तर्गत गांव धरनवाली में पुलिस ने एक व्यक्ति भजन लाल के घर पर छापा मारकर चार पिस्तौल, दो रिवाल्वर और विभिन्न बोर के 410 कारतूस बरामद किए । उसे हिरासत में ले लिया गया ।

बैंक के ताले टूटे : खन्ना (पूर्ण): ए.एस. कालेज फ़ार विमैन खन्ना में स्टेट बैंक आफ़ पटियाला की ब्रांच को लूटने की कोशिश चौकीदार के वहां पहुंच जाने के कारण नाकाम हो गई । तड़के चार बजे जब कालेज का चौकीदार बैंक के आगे पहुंचा तो उससे वहां दो युवकों को खड़े देखा । चौकीदार ने शोर मचाया,जिस पर यह दोनों युवक भाग गए । जब चौकीदार ने जाकर देखा तो बैंक के ताले टूटे हुए थे । बैंक के अधिकारियों को सूचना दी गई । कोई हानि नहीं हुई ।

शव मिला : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से पांच किलो मीटर दूर गांव खुराना के बस अड्डे पर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । अभी तक उसकी पहचान नहीं हुई । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

38-डाऊन पंजाब मेल पटरी से उतरी

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (ह.स.): फिरोजपुर से दिल्ली होकर बम्बई जाने वाली 38 डाऊन पंजाब मेल आज तड़के उत्तर रेलवे के जाखल-नरवाना सैक्शन के धरेड़ी स्टेशन पर पटरी से उतर गई ।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी व्यक्ति के हताहात होने की सूचना नहीं है । घटना के कारण की जांच की जा रही है । उक्त घटना के

उग्रवादियों द्वारा 3 की हत्या : एक आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : गिरोहों की आपसी दुश्मनी में 2 मरे : 3 बस यात्रियों का हत्यारा गिरफ्तार

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से उग्रवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि आतंकवादी ग्रुपों की आपसी शत्रुता में दो व्यक्ति मारे गए । एक गश्ती दल पर उग्रवादियों के हमले में एक बी.एस.एफ. जवान तथा एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गया । कपूरथला पुलिस ने जिला अमृतसर में तीन बस यात्रियों की हत्या व अनेक अन्य अपराधों में वांछित भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के दर्दांत आतंकवादी रणजीत सिंह को गिरफ्तार किया । एक दर्जन अन्य उग्रवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए, जिनमें एक ग्रंथी भी है । एक उग्रवादी ने विष खाकर आत्म-हत्या कर ली ।

दो की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री पी.एम. दास ने बताया कि गत रात आतंकवादियों की ओर से थाना धारीवाल के दो गांवों में विभिन्न वारदातों में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । श्री दास के अनुसार दोनों वारदातों में मरने वालों का सम्बन्ध आतंकवादी गिरोहों के साथ था और ऐसा लगता है कि यह हत्याएं आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई का नतीजा हैं । एक घटना गांव धरवाल में हुई जहां 5-6 सशस्त्र आतंकवादी रात 12 बजे अकाली दल (ल) के समर्थक जत्थेदार जोगेन्द्र सिंह के बेटे कश्मीर सिंह के घर में दीवार फांदकर दाखिल हो गए । उन्होंने जबरदस्ती एक कमरे का दरवाजा खुलवाया तथा कश्मीर सिंह को गोलियां मार कर ढेर कर दिया जबकि घर के किसी अन्य सदस्य को उन्होंने कुछ नहीं कहा । श्री दास के अनुसार कश्मीर सिंह का आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध था और 20 अक्तूबर को उसे पकड़ा भी गया था । आज कल वह जमानत पर था ।

दूसरी वारदात में चार आतंकवादी रात दस बजे नौशहरा मज्जा सिंह में किरपाल सिंह उर्फ पप्पू के घर में दाखिल होकर उसे अपने साथ ले गए । आज सुबह किरपाल सिंह की लाश गांव से दो किलो मीटर दूर खेत में पड़ी मिली । लाश पर गोलियों के निशान थे । किरपाल सिंह का भी आतंकवादियों से सम्बन्ध था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने गत रात नरोट जैमल सिंह थाने के गांव चेला-सयोडा में हुए गोली कांड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल जाने के बारे में बताया है । श्री दास ने बताया कि इस गोली कांड में चार व्यक्तियों की मृत्यु हुई और एक लड़की समेत दो घायल हुए हैं । श्री दास ने बताया कि गत शाम लगभग सात बजे आतंकवादियों ने गांव चेला-सयोडा के बस अड्डे पर फायरिंग की परन्तु गांव के सरपंच ने फायरिंग की आवाज सुनते ही अपनी राइफल से फायरिंग शुरू कर दी, जिससे आतंकवादी भाग खड़े हुए नहीं तो मृतकों की संख्या बढ़ जाती । मृतकों की शिनाख्त मनोहर लाल गांव मियानी, गगन सिंह गांव नंगल, बोध राज निवासी खुशी नगर और राम लाल निवासी टांडा के रूप में हुई है और घायलों की शिनाख्त कुमारी मधु और रमेश कुमार के रूप में हुई है जिन्हें पठानकोट अस्पताल दाखिल करवाया गया है । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल और 9 एम.एम. पिस्तौल प्रयोग किया । श्री दास के अनुसार इस हत्या कांड के सम्बन्ध में काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है और आशा है कि दोषियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा । आतंकवादियों की संख्या तीन थी जिसमें से दो केशधारी और एक क्लीन शेव था ।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया है कि काहनूवान पुलिस ने गुरदीप सिंह, सुखबिन्द्र सिंह, लखविंद्र सिंह निवासी सठियाली और स्वर्ण सिंह निवासी सैदोवाल खुर्द को देश विरोधी तथा खालिस्तान के पक्ष में प्रचार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है । श्री दास ने बताया कि काहनूवान पुलिस ने बलदेव सिंह और गुरदीप सिंह निवासी टिक्कापुर को गिरफ्तार कर उनसे एक पिस्तौल, दो कारतूस तथा एक चोरी का साइकल बरामद किया है । इनसे पूछताछ जारी है ।

गश्ती दल पर फायरिंग : कल रात थाना श्री हरगोबिंदपुर के एक गांव के निकट स्थित एक डेरी में छिपे आतंकवादियों ने एक गश्ती दल पर फायरिंग की जिससे बी.एस.एफ. का जवान रत्न लाल और एक विशेष पुलिस अधिकारी जसविंदर सिंह घायल हो गया ।

भजन सिंह का रिमांड : सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट बटाला ने बब्बर खालसा के उग्रवादी भजन सिंह का 19 दिसम्बर तक पुलिस रिमांड दे दिया । उसे एक अन्य उग्रवादी कुन्दन सिंह के साथ गत दिवस गिरफ्तार किया गया था ।

कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने एक दर्दांत आतंकवादी रणजीत सिंह पुत्र मस्सा सिंह वासी सराये अमानत खां थाना घरेंडा को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से एक पिस्तौल तथा पांच कारतूस बरामद किए हैं । इस दुर्दांत आतंकवादी का सम्बन्ध गुरबचन सिंह मानोचाहल के ग्रुप भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान से है । वह इसका सक्रिय सदस्य है । इसने अपने ग्रुप के साथ हत्याओं, डाकों आदि की कई वारदातें की थीं । सरकार की ओर से इसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम नियत है ।

सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में इस दुर्दांत आतंकवादी ने पुलिस को

आतंकवादियों द्वारा रविवार प्रातः लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर स्थित गांव चक सर्वण में मारे गए सुखदेव सिंह (ऊपर) और सुख भरत सिंह (नीचे) के शव । दोनों बाप-बेटा थे । (छाया : काम्बोज)

बताया कि उसने अपने गिरोह के साथ 25.8.87 को पुलिस स्टेशन चोपाल के अन्तर्गत गांव कसैल में निरवैल सिंह की हत्या की थी । इसी गांव के गुरमुख सिंह पर हमला 3.7.87 को किया था । 17.5.88 को भखना गांव जो कि घरेंडा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत है, में तीन बस सवार हिन्दुओं की हत्या की थी, 17.10.87 को घरेंडा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर हमला किया था । इसके अतिरिक्त गांव उल्ला खुर्द थाना घरेंडा के वासी अवतार सिंह से उसकी राइफल छीनी थी । उससे पूछताछ जारी है ।

पांच खूंखार उग्रवादी गिरफ्तार : धूरी से सिंगला ने खबर दी है कि संगरूर के पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह के अनुसार जिला पुलिस ने पांच खूंखार उग्रवादियों को पकड़ा है । इनके नाम हैं—भाग सिंह, जगदीप सिंह राणा, नरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह और भूपेन्द्र सिंह । भाग सिंह पंजाब एंड सिंध बैंक का कर्मचारी है और कडाचों में पड़े बैंक डाके में शामिल है । जिसमें डेढ़ लाख रुपए लूट लिए गए थे और एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी और गनमैन की गन छीन कर ले गए थे । जगदीप सिंह राणा बी श्रेणी का उग्रवादी है और कई कत्लों, डकैतियों में वांछित है । वह इस पांच सदस्यीय गिरोह का प्रमुख है । पुलिस ने लूट के डेढ़ लाख रुपए और भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं ।

दोनाली बंदूक ले गए : जालन्धर (ह.स.): कुछ अज्ञात व्यक्ति गत रात थाना भोगपुर के अन्तर्गत कोटली जस्सड़ गांव में एक व्यक्ति बलराज सिंह से एक दोनाली बंदूक तथा 22 कारतूस लूट कर ले गए ।

पिता, पुत्र की हत्या : लुधियाना (ह.स.): आज यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव चक सरवन नाथ में सुखदेव सिंह और उसके लड़के सुख भरत सिंह की चार आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । हत्यारों ने जो कि एक स्कूटर पर आए, सुखदेव सिंह से रिवाल्वर मांगा । उसके इन्कार करने पर उन्होंने उसकी व उसके लड़के की हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

अपहरण : फिरोजपुर की एक खबर में कहा गया है कि थाना मल्लांवाला के अन्तर्गत एक गांव में ईंटों के भट्ठे से एक व्यक्ति ओम प्रकाश का ट्रक सवार आतंकवादियों ने गत सायं अपहरण कर लिया । उसकी जेब में 3,000 रुपए थे ।

दुकानदार की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर तरनतारन पुलिस जिला में थाना झब्बाल के क्षेत्र में एक दुकानदार किशोरी लाल की गोली मारकर हत्या कर दी ।

तीन बंगला देशी गिरफ्तार : कल रात घरेंडा पुलिस ने तीन बंगला देशियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि वे सीमा पार के भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे ।

उग्रवादियों के पंजे से बच निकला : पुलिस ने बताया कि जिला अमृतसर के गांव मान का धर्म सिंह आज प्रातः उग्रवादियों के पंजे से बचकर निकलने में सफल हो गया तथा सुरक्षित घर पहुंच गया । पुलिस नियंत्रण कक्ष में पहुंची सूचना के अनुसार कुछ उग्रवादियों ने कुछ दिन पहले धर्म सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया था । पुलिस ने बताया कि जब उग्रवादी शराब में थे उस समय धर्म सिंह को बच निकलने का मौका मिल गया ।

मोटर साइकल छीना : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार दो व्यक्तियों ने, जिन पर उग्रवादी होने का संदेह है, आज बाद दोपहर परमजीत सिंह से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.सी.आई. 9589 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । यह घटना यहां से 30 किलोमीटर दूर हुई ।

जालन्धर पुलिस ने एक व्यक्ति हरदेव राम को गिरफ्तार किया तथा उससे एक कटी हुई नाली वाली .315 राइफल बरामद की ।

Punjabi Chaitanya

होने का संदेह है, आज बाद दोपहर परमजीत सिंह से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.सी.आई. 9589 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । यह घटना यहां से 30 किलोमीटर दूर हुई ।

जालन्धर पुलिस ने एक व्यक्ति हरदेव राम को गिरफ्तार किया तथा उससे एक कटी हुई नाली वाली .315 राइफल बरामद की ।

धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव ज़फरवाल में आतंकवादियों द्वारा मारा गया कश्मीर सिंह ।
(छाया : विनोद)

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार आज एक उग्रवादी ने पकड़े जाने के भय से साइनाईड खाकर आत्महत्या कर ली । एस.एस.पी. के अनुसार पुलिस डिवीजन नं. 6 में सुरक्षा बलों और पुलिस की गश्ती पार्टी को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जब उन्होंने उसे रुकने के लिए कहा तो उसने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, जिस पर उसने साइनाईड खाकर आत्महत्या कर ली । यह खतरनाक उग्रवादी बलवंत सिंह उर्फ बंत बताया जाता है, जो जिला फरीदकोट में थाना सदर के गांव गोखराना का रहने वाला है । यह कई हत्याओं और उग्रवाद की घटनाओं में वांछित था ।

उग्रवादी पकड़े न जा सके : कठुआ (महाजन): कल पंजाब के सीमांत गांव सिहोर में उग्रवादियों द्वारा 4 व्यक्तियों की हत्या करने के बाद उनके जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने की सूचना मिलने पर कठुआ के डी.एस.पी. श्री करनैल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के सीमांत गांवों पीरियां और गंडयाल में गुरदासपुर के एस.एस.पी., बी.एस.एफ. के अधिकारियों से मिल कर संयुक्त रूप से छापे मारे तथा तलाशियां लीं लेकिन किसी उग्रवादी का पता न चल सका । जांच-पड़ताल की जा रही है । सीमा पर चैकिंग सख्त कर दी गई है और रात्रि को भी पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है ।

रिबैरो पर हमला करने वाला पूर्व हवालदार और 2 अन्य आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए

ज़िला अमृतसर में उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में 3 घंटे मुकाबला

पंजाब में 4 की हत्या : एक घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 12 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.) पंजाब पुलिस के पूर्व महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो पर पी.ए.पी. जालन्धर में हमला करने वाला खुंखार आतंकवादी बाबा अजीत सिंह उर्फ हवालदार पुलिस के साथ मठभेड़ में मारा गया । दो अन्य दर्दांत आतंकवादी भी सुरक्षा बलों के साथ हुई भीषण मठभेड़ में मारे गए । आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक घुसपैठियों भी मारा गया । अपहृत भट्ठा मालिक के परिवार से आतंकवादियों ने 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

2 आतंकवादी मारे गए : अमृतसर (वार्ता): जिला अमृतसर में थाना सरहाली के अंतर्गत गांव तलवंडी सोभा सिंह में सुरक्षा बलों के साथ 3 घंटे तक चली एक मठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर फोर्स के 2 दर्दांत आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने घटनास्थल से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 5 मैगजीन, 2 पिस्तौल, एक 315 बोर राईफल तथा बड़ी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया ।

वि.प्र. के अनुसार मृत आतंकवादियों के नाम रत्न सिंह उर्फ रिखी तथा संतोख सिंह हैं जो पुलिस को कई हत्याकांडों में वांछित थे ।

ह.स. के अनुसार मृत आतंकवादियों का सम्बन्ध भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के गुरनाम सिंह जोड़ा गिरोह के साथ था । आई.जी. पुलिस (बार्डर) श्री बी.पाल सिंह ने बताया कि मठभेड़ तब हुई जब सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना पर गांव को घेरे में ले लिया । बाद में आतंकवादियों को एक फार्म हाऊस में देखा गया जहां उन्होंने मोर्चे सम्भाल रखे थे । दोनों ओर से सायरिंग में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि तीसरा जो सम्भवतः गिरोह का सरगना था, घने कोहरे का लाभ उठाते हुए बच निकला । इसी बीच सुरक्षा बलों ने फरार हुए आतंकवादी की तलाश शुरू कर दी है । श्री सिंह ने बताया कि यह गिरोह तरनतारन क्षेत्र में कई हत्याओं तथा बड़ी मात्रा में धन ऐंठने में संलिप्त था ।

नई आबकारी नीति 15 जनवरी तक

फगवाड़ा, 12 दिसम्बर : अगले वर्ष के लिए पंजाब सरकार की नई आबकारी नीति का प्रारूप 15 जनवरी तक तैयार हो जाएगा । कराधान व आबकारी आयुक्त श्री भगत सिंह को पंजाब सरकार ने नई नीति का प्रारूप तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं तथा कहा है कि 15 जनवरी तक यह प्रारूप सरकार के पास पहुंच जाना चाहिए ।

गांव भल्लर में हत्या : गत रात मजीठा पुलिस जिला के थाना लोपोके के गांव भल्लर में एक व्यक्ति सुच्चा सिंह की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिये भाग निकले : बी.एस.एफ. सूत्रों ने बताया कि आज सुबह जिला अमृतसर के अजनाला सैक्टर के गांव ध्यानपुरा के निकट बी.एस.एफ. के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद कुछ घुसपैठिये वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए । घुसपैठिये वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए । घुसपैठिये एक चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीन, 134 कारतूस, 2 सायनाइड कैप्सूल तथा 5 हजार रुपए नद में पीछे छोड़ गए । घटनास्थल से उत्तेजक साहित्य और कुछ कपड़े भी बरामद हुए ।

7 आश्रयदाता गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में आज सात व्यक्तियों को रमदास पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस प्रमुख जी.एस. मान ने बताया कि ये आतंकवादियों बलविंदर सिंह उर्फ बिन्द्रो, मंजीत सिंह, देवा सिंह, तारा सिंह, अजायब सिंह, कशमीर सिंह और बचित्तर सिंह हैं । पुलिस ने एक अन्य उग्रवादी करतार सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक .32 बोर रिवाल्वर बरामद किया । तरनतारन पुलिस ने निरवैर सिंह को गिरफ्तार करके एक देसी पिस्तौल बरामद किया ।

सुनाम में 3 बंदी : सुनाम से नागपाल ने खबर दी है कि कल शाम शहर के कुछ हिन्दू-सिख युवकों ने मिल कर 3 उग्रवादियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । उनकी आयु 22 और 25 वर्ष के बीच थी । बताया गया है कि कल शाम साढ़े 5 बजे बाबा करोड़ी मल की समाधि के निकट ईंटों के भट्ठा के मैनेजर भूपेन्द्र कुमार से पिस्तौल की नोक पर 4515 रुपए छीन लिए और फरार हो गए । जब मैनेजर ने शोर मचाया तो वहां लोग इकट्ठे हो गए । इससे उग्रवादी घबरा गए और शहर की ओर भागे और मुहल्ला नानकपुरा में एक मकान के अंदर घुस गए । उन्होंने परिवार के लोगों को धमकाया कि अगर किसी ने शोर मचाया तो गोली मार दी जाएगी । इसके बावजूद घर वालों ने उन्हें जफ्फा मार लिया । उग्रवादी वहां से भाग निकले । लोगों ने उनका पीछा जारी रखा । नानकपुरा और सुभाष नगर के बीच स्थित दुर्गा मंदिर के निकट उन्हें जा दबोचा । साथ ही पुलिस को फोन कर दिया । पुलिस ने आकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया ।

ट्रैक्टर ले गए :कपूरथला, (शर्मा): पता चला है कि 10-11 दिसम्बर की रात्रि को तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति थाना कोतवाली के अन्तर्गत गांव नवां पिंड में श्री गुरमुख सिंह के घर का दरवाजा खुलवा कर पिस्तौल की नोक पर उसका ट्रैक्टर नं. पी.ए.के. 3894 लेकर चले गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज करके पड़ताल आरम्भ कर दी है ।

दो शरणदाता गिरफ्तार : बटाला से 'कोड' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां पुलिस ने गांव ततले के मंजीत सिंह कुक्कू व गांव पंजगराईयां के भूपिन्द्र सिंह पिल्ला को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

हथगोला फैंका : ह.स. के अनुसार आतंकवादियों ने गांव बिजली वाल (बटाला) के निकट बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी पर हथगोला फैंका लेकिन यह फट नहीं सका ।

घुसपैठिया मारा गया : फाजिल्का, (नाग.): आज सुबह यहां से 7 किलोमीटर दूर गांव खानपुर में भारत-पाक सीमा के निकट एक अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया ।

10 लाख रुपए मांगे : फिरोजपुर, (बागी): शनिवार को जिस ईंट भट्ठा मालिक ओम प्रकाश का कार सवार उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था, उसके परिवार को उग्रवादियों ने संदेश भेजे हैं कि उसकी रिहाई के लिए 10 लाख रुपया दिया जाए । मक्खू, मल्लांवाला जीरा क्षेत्र में अपहरण का यह 15वां केस है । पुलिस व सी.आर.पी. ने दो दिन तक मंड क्षेत्र में खोजबीन की लेकिन कोई भी उग्रवादी पकड़ा नहीं जा सका । पुलिस ने मक्खू के निकट भट्ठा खड़ूर में उग्रवादियों के ठिकाने पर भी छापा मारा परन्तु छापों की जानकारी मिल जाने पर उग्रवादी पहले ही भाग गए ।

उग्रवादी अजीत सिंह मारा गया : होशियारपुर, (अश्विनी): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवर पाल सिंह गिल ने आज बताया कि गत रात दसूहा के मंड क्षेत्र में गांव मेवा मियानी के पास पतला दरिया के पुल के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक खतरनाक आतंकवादी बाबा अजीत सिंह उर्फ जस्सा सिंह उर्फ हवालदार जो पुलिस का पूर्व हैड कांस्टेबल था, मारा गया । श्री गिल ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के इस तथाकथित लैफ्टीनैंट जनरल की गिरफ्तार के लिए 30 हजार रुपए का ईनाम था । अजीत सिंह 13 अक्तूबर 1986 को पी.ए.पी. परिसर जालन्धर में पूर्व महानिदेशक पुलिस श्री जे.एफ. रिबैरो पर हुए हमले

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sentinel

संगरूर पुलिस ने गत दिवस उग्रवादियों से डेढ़ लाख रुपए, दो प्रतिबंधित मैगजीन, 315 बोर का राइफल, 32 बोर का रिवाल्वर, 12 बोर की राइफल, 9 एम.एम. की अमरीकन आटोमैटिक राइफल व 5 कारतूस बरामद किए ।

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

में वांछित था । 6 जुलाई 1987 को पटियाला के लालड़ बस हत्या कांड में भी शामिल था । जस्सा ने इस वर्ष 6 मई को मुकेरियां में डाक्टर केवल कृष्ण पर भी हमला करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । इस घटना में 3 लोग मारे गए थे जबकि 13 घायल हुए थे । श्री गिल के अनुसार उसने चंडीगढ़ पुलिस ट्रेनिंग सैंटर पर भी हमला करके ड्रिल कर रहे कुछ पुलिस कर्मियों की हत्या की थी । वह कुल 50 से अधिक हत्याओं में वांछित था । पुलिस को घटनास्थल पर एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफल, 2 मैगजीन, 25 चले हुए तथा 5 भरे हुए कारतूस मिले । श्री गिल ने बताया कि राज्य में पी.ए.पी. की एक बटालियन को आतंकवादियों की हिटलिस्ट में शामिल लोगों विशेष कर अकाली नेताओं और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

श्री गिल ने बताया कि अगले वर्ष के आरम्भ में होने वाले पंचायत चुनावों के सम्बन्ध में कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए संवेदनशील गांवों की सूचियां तैयार की जा रही है । फिर भी सुरक्षा प्रबन्धों के बारे में ज्यादा जानकारी चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद ही उपलब्ध कराई जा सकती है । उन्होंने कहा कि भारत-पाक सीमा पर कांटेदार तार जो कि 1 सितम्बर में आई बाढ़ के कारण अनेक स्थानों पर बह गई थी, को पुनः लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है । फिर भी हथियारों की तस्करी पूरी तरह रुकने की सम्भावना नहीं है ।

अजीत सिंह उर्फ जस्सा के मारे जाने से श्री रिबैरो पर हमले में वांछित दोनों पूर्व पुलिस कर्मी मारे जा चुके हैं । दूसरे पूर्व तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का सुखदेव सिंह उर्फ जनरल लाभ सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही जून 1988 में टांडा के निकट बी.एस.एफ. के हाथों मारा गया था । श्री रिबैरो इस हमले में बाल-बाल बच गए थे ।

2 डकैतियां :जालन्धर, (वार्ता): गत रात जिला जालन्धर में आतंकवादियों ने डकैतियों में 80,000 रुपए से अधिक मूल्य के जेवर, नकदी व कीमती सामान तथा एक दोनाली बंदूक लूट ली । पुलिस ने बताया कि 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना फिल्लौर के गांव शेखुपुरा में चनन सिंह के निवास स्थान से 20 तोले सोने के जेवर, 10 हजार रुपए नकद तथा कुछ विदेशी कपड़ा लूट लिया । दूसरी घटना में 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक दोनाली बंदूक, 11 कारतूस, 8 हजार रुपए नकद, दो घड़ियां तथा कुछ कपड़ा थाना बंगा के गांव बर्ज कंधाला में ज्ञान सिंह के घर से लूट लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिए हैं ।

न.न.ए. के अनुसार जालन्धर के थाना आदमपुर के गांव ईसरोवाल के प्रगट सिंह की पत्नी प्रकाश कौर उर्फ प्रकाशो को पुलिस ने खतरनाक आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में धारा 212-216 के अधीन गिरफ्तार कर लिया है । एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार उक्त गिरफ्तार महिला प्रकाश कौर के पास दलबीर कलवंत सिंह गुरकीरत व जीता नाम के खतरनाक आतंकवादी शरण लेते थे । ये आतंकवादी पुलिस को कई हत्यों के मामले में वांछित हैं ।

पटियाला में हत्या : आज शाम पटियाला में एक व्यक्ति प्रेमजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

बस यात्री की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): आज सुबह लगभग 11 बजे गांव सिंहवाला में बस स्टैंड के निकट एक आतंकवादी ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि वह बस में यात्रा कर रहा था । बताया जाता है कि आतंकवादी उस युवक के साथ ही बस में बैठा था । जैसे ही बस रुकी, उसने बस में ही गोली चला कर उसकी हत्या कर दी तथा पैदल ही भाग निकला । मृतक की जेब से पुलिस ने एक कागज बरामद किया जिस पर बेअंत सिंह पुत्र बूटा सिंह गांव समेवाली थाना मुक्तसर लिखा है ।

यह बस एक प्राइवेट कम्पनी की थी, जिसका नम्बर पी.ए.बी. 3068 था । बस मोगा से बाघापुराना जा रही थी । पुलिस ने बस में से 6 कारतूस भी बरामद किए हैं तथा बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

जगरांव के निकट हत्या : लुधियाना से मुसाफिर ने समाचार दिया है कि जगरांव के निकट गांव काऊंके कलां में आज सायं लगभग साढ़े 7 बजे पैदल आ रहे 2 उग्रवादियों ने अमर सिंह नामक एक 40 वर्षीय व्यक्ति की उस समय गोली मार कर

बाघा पुराना के निकट बस में एक उग्रवादी द्वारा मारे गए युवक का शव । (छाया : पवन)

हत्या कर दी, जब वह गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद अपने घर जा रहा था । उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए ।

नगेन्द्र सिंह की अन्त्येष्टि 15 को

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर : प्रख्यात न्यायविद तथा इंटरनैशनल कोर्ट आफ जस्टिस के पूर्व अध्यक्ष डा. नगेन्द्र सिंह की अन्त्येष्टि यहां बृहस्पतिवार 15 दिसम्बर को की जाएगी । उनका निधन कल हेग में हो गया था । डा. सिंह के परिवारजनों के अनुसार उनका पार्थिव शरीर विमान से यहां बृहस्पतिवार की सुबह लाया जाएगा ।

गीता जयन्ती महोत्सव आज से

फगवाड़ा, 12 दिसम्बर (अशोक): श्री गीता जयन्ती महोत्सव 13 से 19 दिसम्बर तक श्री गीता भवन चौक कटहरा, फगवाड़ा में श्री कृष्ण निवासाश्रम, कनखल, हरिद्वार के 1008 स्वामी दिव्यानन्द गिरि की अध्यक्षता में होगा ।

सोवियत नौ सेना में 4.80 लाख नौसैनिक हैं सोवियत संघ में हर साल सात परमाणु पनडुब्बियों का निर्माण हो रहा है । इसके अलावा सोवियत नौसेना के पास चार 'कीव श्रेणी' के विमान वाहक युद्धपोत और बड़ी संख्या में फ्रिगेट तथा विध्वंसक युद्धपोत भी हैं ।

सोवियत सेना के पास लगभग 1725 नौ सैनिक लड़ाकू विमान हैं । इसके अलावा 'नैवल इन्फैंटरी' अलग है । आंकड़ों के अनुसार सोवियत वायु सेना में 5.70 लाख सैनिक हैं तथा साढ़े नौ लाख रिजर्व सैनिक हैं । वायुसेना में छः हजार से अधिक लड़ाकू विमान शामिल हैं । हवाई सुरक्षा के लिए 5.70 लाख सैनिक अलग से हैं ।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार सोवियत संघ में मुख्य रूप से अमरीका की सेना के आकार को देखते हुए उसी अनुपात से सोवियत सेना का गठन और विस्तार किया है । 1970 के आसपास सोवियत सेना अमरीकी सेनाओं के बराबर पहुंच गई थी । 1960 और 1970 के बीच सोवियत संघ का प्रयास रहा कि वह अमरीका की सैन्य शक्ति के बराबर पहुंच जाए ।

रक्षा विशेषज्ञों का मत है कि एक बार अमरीका के बराबर आ जाने तथा कुछ क्षेत्रों में उससे आगे निकल जाने के बाद श्री गोर्बाच्योव का नया प्रस्ताव निरस्त्रीकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है ।

विशेषज्ञों के अनुसार भले ही गोर्बाच्योव के पांच लाख परम्परागत सैनिकों की कटौती के प्रस्ताव का सोवियत शक्ति पर कोई असर न पड़े लेकिन यह एक ऐसी पहल है, जिससे बारूद के ढेर पर बैठा विश्व राहत की सांस ले सकता है । अगर सोवियत संघ के प्रस्ताव से प्रेरित होकर अमरीका भी अपनी सैन्य शक्ति में कटौती करने तथा 'नाटो' देशों से कुछ सैनिकों की वापसी का प्रस्ताव करता है, तो विश्व में निःसंदेह तनाव कम होगा तथा अन्य देश भी उनका अनुसरण करेंगे ।

कुछ विशेषज्ञों के अनुसार इसका असर उन देशों पर भी पड़ेगा, जो दोनों महाशक्तियों की शह पर आपस में लड़ रहे हैं । इससे उनके बीच भी शांति स्थापित करने में भारी सहायता मिलेगी ।

अकाली दल को तोड़ने वाले ही अब एकता की बातें कर रहे हैं : बरनाला

सुनाम, 12 दिसम्बर (नागपाल): कस्बा लौंगोवाल में भाई मनी सिंह व उनके साथी शहीदों की स्मृति में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला और भूतपूर्व मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री बरनाला ने अपने भाषण में कहा कि बलिदानों से ही इतिहास बनता है । उन्होंने अकाल तख्त द्वारा उन्हें दी गई सजा का स्वागत किया तथा कहा कि इसको लोकसभा में बहस का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए था क्योंकि यह मेरा निजी और धार्मिक मामला है । श्री बरनाला ने कहा कि अकाली दलों के एकता सिद्धांतों के आधार पर हो सकती है । उन्होंने कहा कि आज मजे की बात यह है कि अकाली दल को तोड़ने वाले ही एकता की बातें कर रहे हैं । उनका संकेत श्री ढींडसा की ओर था । उन्होंने कहा कि अकाली दलों में फूट तथा पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों के लिए केन्द्रीय सरकार जिम्मेदार है क्योंकि वह पंजाब समझौते से मुकर गई है । श्री ढींडसा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि संत लौंगोवाल का नाम न लेना और उनकी कुर्बानियों को याद न करना खेदजनक है ।

इससे पूर्व श्री ढींडसा ने अपने भाषण में अकाली दलों में एकता पर जोर दिया तथा कहा कि उन्होंने कभी संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल की आलोचना नहीं की । उन्होंने कहा कि वह संत लौंगोवाल और भिंडरांवाले दोनों का सम्मान करते हैं । श्री सुरेन्द्र सिंह धुरी ने कहा कि श्री बरनाला ने अकाल तख्त द्वारा दी गई सजा को कबूल करके सिख परम्पराओं को चार चांद लगा दिए हैं ।

देश व पंजाब में शांति और समृद्धि के लिए अमृतसर में किए गए "शांति महायज्ञ" की पूर्णाहुति का दृश्य । यह यज्ञ आठ दिन चला । (छाया : रवि भंडारी)

गोरखा पर्वतीय परिषद के चुनाव आज

दार्जिलिंग, 12 दिसम्बर : दार्जिलिंग गोरखा पर्वतीय परिषद के 26 पदों के लिए कल यहां मतदान होगा । करीब साढ़े तीन लाख मतदाता कल अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

चुनाव की देखरेख करने वाले अधिकारियों ने बताया कि सभी 481 मतदान केंद्रों में तैयारी पूरी हो चुकी है ।

42 सदस्यीय इस परिषद में दो स्थानों पर पहले ही गोरखा नेता श्री सुभाष घीसिंग और श्रीमती गोपीमाया निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके हैं और चार सीटों पर सदस्य मनोनीत किए जाएंगे । श्री घीसिंग मिरिक वैली की सीट पर निर्विरोध निर्वाचित हुए थे । अब वह गोरखा वैली [illegible]

हत्या के आरोप में 3 को उम्रकैद

लुधियाना, 12 दिसम्बर (महिन्द्रा): स्थानीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री एन.एस. भाटिया ने गांव भट्टा जिला लुधियाना के हरचन्द सिंह, अजायब सिंह व बचित्तर सिंह को उम्रकैद का दंड दिया है और एक सरकारी गवाह वरियाम सिंह को छोड़ दिया है । इन अभियुक्तों पर दो एकड़ भूमि के लिए गत वर्ष 27 मई को एक अवयस्क युवक जसवन्त सिंह का अपहरण करने और बाद में उसकी हत्या करने का आरोप था ।

श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर अमृतसर में नगर कीर्तन का दृश्य । श्री गुरुग्रंथ साहब की पालकी तथा जलूस का नेतृत्व करते हुए पांच प्यारे । (छाया : रवि भंडारी)

शहीदी दिवस पर जलूस

Punjab Sanadani

भाजपा नेता सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : पहली बार अत्यन्त संवेदनशील जापानी रिमोट कंट्रोल बरामद

चंडीगढ़, 13 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने एक भाजपा नेता सहित 3 व्यक्तियों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । कल तलवंडी सोमा सिंह में मारा गया आतंकवादी संतोख सिंह उर्फ़ देसा पुलिस को कई हत्याओं और सुरक्षा बलों पर हमलों के केसों में वांछित था । कुख्यात उग्रवादी बलदेव सिंह दोरांगला द्वारा किए गए रहस्योद्घाटनों के आधार पर 30 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं । उनसे दो अत्याधुनिक संवेदनशील जापानी रिमोट कंट्रोल उपकरण बरामद हुए ।

दोरांगला के रहस्योद्घाटन : अमृतसर (ह.स.) : गत 29 नवम्बर को गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा के कट्टर आतंकवादी बलदेव सिंह दोरांगला द्वारा पूछताछ के दौरान किए गए सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटनों के बाद जिला गुरदासपुर की बटाला सब-डिवीज़न में शुरू की गई बड़ी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने 30 आतंकवादी और उनके साथी पकड़े हैं । यह जानकारी आज इंस्पैक्टर जनरल पुलिस (बार्डर) श्री सी.पाल सिंह ने दी । दोरांगला ने दावा किया था कि वह गत एक वर्ष में 20 बार पाकिस्तान गया था ताकि अपने उग्रवादी संगठन के लिए हथियार, गोली-सिक्का आदि ला सके । आई.जी. ने कहा कि ऐसे छापों में पहले बरामद किए गए हथियारों के भंडार के अलावा अब दो अत्यन्त संवदेनशील जापान निर्मित रिमोट कंट्रोल उपकरण बरामद हुए हैं । ऐसे उपकरण पहली बार बरामद किए गए हैं, जिनमें आंकड़ों वाला आनुपातिक रेडियो नियंत्रण तथा डैटोनेयर स्विच हैं । श्री सी. पाल सिंह ने कहा कि इस कार्रवाई में जिला गुरदासपुर के बटाला थाना सदर, नौशहरा मज्जा, धारीवाल, ज़फ़रवाल तथा जिला अमृतसर के थाना कत्थूनंगल क्षेत्र शामिल थे । गिरफ्तार किए गए लोगों में पुलिस का एक हैडकांस्टेबल कुलवन्त सिंह भी शामिल है, जोकि गिरोह के विभिन्न सदस्यों के मध्य एक महत्वपूर्ण सम्पर्क सूत्र था ।

आई.जी. ने कहा कि दोरांगला तथा उसके गिरोह के अन्य गिरफ्तार किए गए सदस्यों से पूछताछ जारी है तथा और अधिक सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन सम्भावित हैं । गैंग के सरगना ने पहले ही गत मास बटाला के चक्री बाज़ार में हुए बम धमाकों तथा पठानकोट व अन्य जगहों पर हुए विस्फोटों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की थी, जिनमें लगभग 70 लोग मारे गए थे । इन लोगों से बरामद हुए हथियारों में 11 चीनी राईफलें, 48 गन कॉटन स्लैब, 40 राकेट, एक पोर्टेबल रॉकेट लांचर, 6 चीनी पिस्तौल, 4 रिवाल्वर, बड़ी मात्रा में इलैक्ट्रिक डैटोनेटर व कुछ टाईम उपकरण भी शामिल थे । यह हथियार पाकिस्तान से लाए गए थे ।

आई.जी. ने बताया कि कल तलवंडी सोमा सिंह में मारे गए आतंकवादियों में से एक भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर संतोख सिंह उर्फ़ देसा था । देसा के सिर पर 20 हजार रुपए का ईनाम था । पुलिस को कई हत्याओं तथा सुरक्षा बलों पर किए गए कई हमलों में उसकी तलाश थी ।

व्यापारी का शव मिला : अमृतसर के एक व्यापारी मुलख राज का गोलियों से छलनी शव पुलिस को आज मजीठा थाने के मुगलाई गांव के निकट उसकी मारुति वैन से मिला । पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी । मुलखराज का कुछ

आतंकवादियों ने शनिवार को व्यास थाने के कम्बोवाल गांव के निकट उस समय अपहरण कर लिया था, जब वह अपनी वैन में कहीं जा रहा था । शव के निकट ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफल के दो खाली कारतूस पाए गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है । मुलख राज अजनाला रोड पर गुमतला का निवासी था ।

भट्ठा मालिक की हत्या : आज बाद दोपहर अमृतसर शहर के सुलतानविंड क्षेत्र में दो आतंकवादियों ने एक ईंट-भट्ठा मालिक सरदारी लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा पिस्तौल की नोक पर छीने गए एक स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए ।

वि.प्र. के अनुसार श्री सरदारी लाल भाटिया अमृतसर भारतीय जनता पार्टी के नेता थे । उन्हें तीन आतंकवादियों ने उनके भट्ठे पर आकर गोलियां मारीं जिससे वह सख्त घायल हो गए । उन्हें सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई । श्री भाटिया काफी अरसे तक नगरपालिका के सदस्य रहे । आतंकवादियों की ओर से उन्हें कई बार धमकियां दी गई थीं तथा उनसे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ी देवेन्द्र शर्मा सहित पांच के आरोप में गिरफ्तार

श्री शर्मा तथा श्री तिवारी के अलावा जो अन्य व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं उनमें नरेंद्र शोरेवाला, कमल चौधरी तथा जिपी नामक एक व्यक्ति शामिल हैं । श्री सम्पत सिंह ने बताया कि गत माह कैथल नरसंहार के बाद जो प्रतिक्रिया रूप में हिंसा हुई थी उस सम्बन्ध में पुलिस ने छः व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किए थे । इन लोगों ने कस्बे में साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने की चेष्टा की थी । उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति व सद्भाव हर कीमत पर बरकरार रखा जाएगा । जो भी तत्व राज्य की शांति भंग करने की चेष्टा करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

लाठीचार्ज में इंका कार्यकर्त्ता घायल : कैथल से 'ठकराल' के अनुसार देवेन्द्र शर्मा, रौशन लाल तिवारी आदि की गिरफ्तारियों के विरुद्ध आज रोष व्यक्त कर रहे इंका कार्यकर्त्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया जिससे 16 कार्यकर्त्ता घायल हो गए तथा 150 के करीब कार्यकर्त्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

इसहाक खान द्वारा 'शपथ ग्रहण

बाबा बुढ्डा गुरुद्वारे हटाने पर झगड़ा व

अमृतसर, 13 दिसम्बर (ह.स.): कल शाम यहां से 25 किलो मीटर दूर ऐतिहासिक गुरुद्वारा बीर साहब बड्ढा में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कर्मचारियों तथा एक संत के समर्थकों में जबरदस्त गर्मागर्मी हुई तथा दोनों ही पक्षों द्वारा एक-दूसरे की पगड़ियां उतारी गईं ।

बताया जाता है कि झगड़ा उस समय शुरू हुआ जब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कुछ कर्मचारी वहां कमेटी की ओर से कब्जा करने तथा वहां गुरुद्वारे के भवन की कार सेवा करवा रहे संत द्वारा रखी गई 'गोलक' को हटाने के लिए गए ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सूत्रों का कहना है कि शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी ने 'कार सेवा' के नाम पर गुरुद्वारों पर कब्जा करने वाले संतों के कब्जों को समाप्त करने के लिए ही गोलकों को हटाने का निर्णय कुछ समय पूर्व किया था । कुछ समय पूर्व ऐतिहासिक गुरुद्वारा शहीदां में से इस प्रकार की एक गोलक हटाई गई थी ।

बाबा बुड्ढा गुरुद्वारे में संत के समर्थकों ने अपनी गोलक हटाए जाने का विरोध किया जिससे झगड़ा हो गया । बताया जाता है कि शिरोमणि गुरुद्वारा

(10 एम.एम.) 7950, (12 से 25 एम.एम.) 7850 । **एम.एस. राउंड :** (8 एम.एम.) 8000, (10 एम.एम.) 8000, (12 एम.एम.) 7900 (16 एम.एम.) 7900 (6 एम.एम.) 7000 । **इगट :** (13.5"x4.5") 5900/6000.

अमृतसर सर्राफा (सोनी): सोना स्टैंडर्ड 3160, सोना बिट्ठर 3000, स्वर्ण आभूषण 2850, गिन्नी 2750, चांदी तेजाबी 6400, चांदी थोक 6300, सिक्का 6800 रुपए ।

भाजपा नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

रुपए की मांग भी की जाती रही ।

नारंग के अनुसार श्री भाटिया की शव यात्रा कल दोपहर 12 बजे 43, हुकम सिंह रोड से आरम्भ होगी । वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ चालक तथा भट्टा एसोसिएशन के उपप्रधान भी थे ।

किसान की हत्या : लुधियाना (ह.स.) : आतंकवादियों ने कल रात यहां से 45 किलोमीटर दूर जगराओं में एक किसान अमरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । अमरजीत सिंह जब कौंके गांव के गुरुद्वारे से लौट रहा था तब दो आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी ।

उग्रवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर पुलिस ने जरनैल सिंह, सुखचैन सिंह को हथियारों के साथ तथा अमृतसर जिले की मजीठा पुलिस ने बलविन्दर सिंह बिन्दा, मंजीत सिंह, निरंजन सिंह, तारा सिंह, अजायब सिंह, कश्मीर सिंह, बचितर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

मेरे दोस्त श्री मंगत राम चड्डा रेडियो, टी.वी. और स्टेज के हास्य कलाकार कैनेडा की यात्रा के बाद अपने

रस्म पगड़ी पर विशेष

उग्रवादियों ने वीरेन्द्र की हत्या कर पंजाबी संस्कृति को भारी आघात पहुंचाया

स्व. वीरेन्द्र

फगवाड़ा, 13 दिसम्बर (अशोक कौड़ा): पंजाब में आतंकवाद की आग एक के बाद एक उस व्यक्ति को निगलने में लगी है, जो राष्ट्रीय एकता व भाईचारे की बात कहता है, लिखता है । अमर शहीद लाला जगत नारायण जी का बलिदान इस शृंखला में प्रथम था, और तब से यह क्रम जारी है इसका अंत कहां जाकर होगा, कोई नहीं जानता । अब तक अनेकों धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक नेताओं को इस बलिदान की शृंखला में अपने प्राणों की आहुति डालनी पड़ी है । उग्रवादियों ने गत 6 दिसम्बर को रात्रि 8.30 बजे गांव तलवंडी राय में पंजाबी फिल्मों के प्रख्यात अभिनेता, निर्माता, निर्देशक श्री वीरेन्द्र की हत्या कर दी । वह उस समय वहां अपनी फिल्म 'जट्ट ते जमीन' की शूटिंग कर रहे थे । स्व. श्री वीरेन्द्र का असली नाम सुभाष उर्फ भापी था । वह फगवाड़ा के प्रसिद्ध आर्य नेता स्वर्गीय हकीम गुरदास राम के सुपुत्र थे । स्व. वीरेन्द्र ने अत्यन्त परिश्रम करके पंजाबी फिल्मों को आगे बढ़ाया था । उग्रवादियों ने पंजाबी संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले श्री वीरेन्द्र की हत्या करके यह सिद्ध कर दिया है कि उन्हें पंजाब व पंजाबी संस्कृति से कोई प्यार नहीं है ।

श्री वीरेन्द्र के निमित्त 14 दिसम्बर को आर्य हाई

Punjabi Sanjari

एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या

बटाला पुलिस ने 14 आतंकवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार किये

बेटे को घायल करने वाले को डाक्टर ने गोली मार दी

चंडीगढ़, 14 दिसम्बर (वार्ता, हस.) : गत रात आतंकवादियों ने पुलिस जिला बटाला में सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी पर राकेट से हमला किया लेकिन राकेट निशाने पर नहीं बैठा । बटाला पुलिस ने 14 आतंकवादियों और उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया । पंजाब में कल रात से 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । करतारपुर के एक गांव में तीन घरों से 5 लाख रुपए मूल्य की नकदी व जेवर लूट लिए गए । एक डाक्टर ने उसके बेटे पर हमला करने आए दो में से एक व्यक्ति को गोली मार दी ।

3 लोगों की हत्या : अमृतसर (हस) : आतंकवादियों ने कल रात लोपोके के सीमावर्ती क्षेत्र के गांव किरालगढ़ में एक किसान के परिवार के 3 सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादियों ने अंधाधुध गोलीबारी की जिससे परिवार के दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए । ए. के. 47 राइफलों से लैस तीन आतंकवादी श्री दारा सिंह के घर में घुसे तथा उन्होंने उनकी व उनके दो पुत्रों सरदूल सिंह व प्रताप सिंह की हत्या कर दी । किसान की पत्नी चरण कौर व एक पुत्र मलूक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

वि.प्र. के अनुसार मजीठा के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्राथमिक पूछताछ के अनुसार यह हत्याकांड निजी शत्रुता का परिणाम है न कि कोई आतंकवादी घटना ।

पुलिस चौकियों पर हमले : इस बीच आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात अजनाला सब डिवीजन में दो विशेष पुलिस चौकियों पर हमला किया लेकिन विशेष पुलिस चौकी से जवाब में गोली चलने पर आतंकवादी भाग गए । गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ । रमदास पुलिस थाने के मधुसांगा गांव में और अजनाला पुलिस थाने के तेरा खुर्द गांव स्थित चौकियों पर ये हमले किए गए । पिछले चार दिन में तेरा खुर्द चौकी पर इस तरह का यह दूसरा हमला है ।

लुटेरे पकड़े : इस बीच संदिग्ध युवकों मेजर सिंह और कुलवंत सिंह को गांव वालों ने उस समय पकड़ लिया जब उन्होंने नकली पिस्तौल दिखा कर रमदास पुलिस थाने के भूरे गिल गांव में लूटपाट करने का प्रयास किया । इनसे चोरी किया गया एक घोड़ा भी बरामद कर लिया गया । इन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है ।

कपूरथला पुलिस ने एक व्यक्ति संतोखसिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर का देसी पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए ।

दोनाली छीनी : जालन्धर—पुलिस ने आज बताया कि थाना नवांशहर के गांव कतेवाल में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति मलकीयत सिंह से उसकी दोनाली बंदूक तथा 8 कारतूस छीन लिए ।

हमलावर मारा गया : जालन्धर जिला के भोगपुर कस्बा में एक मैडीकल प्रैक्टीशनर डाक्टर प्यारा सिंह ने अपने क्लिनिक के बाहर अपने लड़के पर हमला करने वाले दो व्यक्तियों में से एक को गोली मार कर मार डाला । हमलावरों ने डाक्टर के लड़के को घायल कर दिया ।

न.न.ए. के अनुसार डाक्टर के बेटे का नाम अमृतपाल है । मारा गया हमलावर अवतार सिंह था जबकि उसके दूसरे साथी राम गोपाल को पकड़ लिया गया । पुलिस के अनुसार डाक्टर प्यारा सिंह के लड़के अमृत पाल का दोनों हमलावरों अवतार सिंह तथा राम गोपाल से पहले किसी बात कर झगड़ा हुआ था । उसी झगड़े का बदला लेने के लिए अमृत पाल पर हमला किया था । पुलिस का कहना है कि यह आतंकवादी घटना न होकर निजी शत्रुता का केस है ।

स्कूटर छीना : आज सुबह थाना भोगपुर के गांव मानकराय के निकट जगतार सिंह नामक व्यक्ति से दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.ए.एक्स 4299 छीन लिया ।

लूटपाट : करतारपुर (देवदत्त) : गत रात करतारपुर से तीन किलो मीटर दूर गांव चीमा में एक दर्जन लुटेरे तीन घरों में जबरदस्ती प्रवेश करके पांच लाख से ज्यादा मूल्य के सोने के जेवर, नकदी, कपड़े, स्टीरियो वगैरा लूट कर ले गए । बताया जाता है कि हथियारों से लैस चोर राजा सिंह के घर में घुस गए व राजा सिंह के परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया । वे 67 हजार रुपए नकद, 25 तोले सोने के जेवर और तकरीबन एक किलो चांदी और राजा सिंह की पत्नी अमर कौर की कानों की बालियां खींच कर ले गए जिनसे अमर कौर के कान फट गए । इसके बाद लुटेरे भूतपूर्व सरपंच भजन सिंह के घर गए और एक लाख से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर और स्टीरियो वगैरा ले गए । इसके बाद वे भोला सिंह के घर गए और डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए । इससे पहले इसी गांव में कर्म सिंह के घर भी चोरी हुई थी । चोर दो लाख रुपए से ज्यादा का सोना और नकदी ले गए थे । उसका भी अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

लाश मिली : जिला संगरूर में कलोडी गांव के एक नाले में से एक व्यक्ति मेजर सिंह की लाश बरामद हुई । मेजर सिंह का कुछ दिन पहले दो व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया था ।

दो का अपहरण : कल रात जिला संगरूर के गांव जुलां में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया ।

घायल : कल रात लुधियाना शहर में दीपक नगर में आतंकवादियों ने गोलियां चलाकर एक व्यक्ति सुरेंद्र कुमार को घायल कर दिया ।

एक लाख के आभूषण लूटे : 'मुसाफिर' ने खबर दी है कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में दिन-दहाड़े डकैती की दो घटनाएं होने की सूचना मिली है । स्थानीय मनोहर सिंह नगर में दो संदिग्ध उग्रवादियों सज्जन सिंह नाम के एक व्यक्ति के मकान पर आए और पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपए मूल्य के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए । दूसरी घटना कोछड़ मार्कीट में हुई जब दो लुटेरे देवेन्द्र कुमार के मकान में दाखिल हो कर पिस्तौल की नोक पर दस हजार रुपए लूट कर ले गए ।

राकेट फैंका : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला ने अलीवाल स्थित सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय के निकट गत रात 9 बजे जोरदार विस्फोट होने के सम्बन्ध में जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि विस्फोट राकेट फैंक कर किया गया था । ऐसा लगता है कि यह राकेट पंजाब पुलिस या सीमा सुरक्षा बल के किसी वाहन पर फैंका गया था मगर वह चन्द्र मोहन नामक एक व्यक्ति के घर के पीछे गिर कर फट गया जिससे कोई क्षति नहीं हुई । यह राकेट बब्बर खालसा इन्टरनैशनल के आतंकवादियों की ओर से फैंका गया । पुलिस तथा बी.एस.एफ. के अधिकारी घटनास्थल के आसपास का क्षेत्र सील करके अभियुक्तों की खोज कर रहे हैं । श्री गोबिन्द राम ने बताया कि जिला पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से आतंकवादियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत गत रात थाना सदर, थाना सिटी बटाला, डेरा बाबा नानक तथा फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने 14 संदिग्ध आतंकवादियों व उन्हें शरण देने वालों को गिरफ्तार करके उनसे भारी परिमाण में हथियार, गोली-सिक्का तथा विस्फोटक-सामग्री बरामद की है । इनमें बब्बर खालसा व खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित आतंकवादी शामिल हैं । ये बटाला, डाबांवाली, उमरपुरा, सुलतानखैरा व सारचूर के निवासी हैं । इनसे पूछताछ जारी है ।

कल थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव दकोहा के पास 2 सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति बूटा सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.ए.ए. 8071 छीन कर फरार हो गए ।

तीन राकेट बरामद : बटाला पुलिस ने गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से तीन 'खालिस्तानी' झंडे, एक राकेट तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के दस कारतूस बरामद किए । पहले गिरफ्तार किए जा चुके एक व्यक्ति कुंदन सिंह से भी तीन राकेट बरामद किए गए ।

हत्या : बटाला सदर थाना क्षेत्र के ग्राम संगरखा के पास आज सायं 6 बजे 2 उग्रवादियों ने रवेल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा घटनास्थल पर खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र छोड़ गए जिसमें कहा गया था कि वह लूटपाट करता था ।

मुठभेड़ : आज सायं हरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधवां के पास उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया जिसके बाद दोनों तरफ से काफी देर तक गोलियां चली ।

नए साल के आरम्भ में पता चलेगा कि कौन-सा अकाली नेता किस धड़े के साथ है

लुधियाना, 14 दिसम्बर (महिन्द्रा): अकाली दलों में एकता की बातचीत पिछलग्गू दो आजाद के खोज में हैं और इस मास वे सब अपना मन बना लेंगे कि भविष्य में उन्होंने किस किनारे पर कार्य करना

पास 2 सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति बूटा सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.ए.ए. 8071 छीन कर फरार हो गए ।

तीन राकेट बरामद : बटाला पुलिस ने गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से तीन 'खालिस्तानी' झंडे, एक राकेट तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के दस कारतूस बरामद किए । पहले गिरफ्तार किए जा चुके एक व्यक्ति कुंदन सिंह से भी तीन राकेट बरामद किए गए ।

हत्या : बटाला सदर थाना क्षेत्र के ग्राम संगरखा के पास आज सायं 6 बजे 2 उग्रवादियों ने रवेल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा घटनास्थल पर खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र छोड़ गए जिसमें कहा गया था कि वह लूटपाट करता था ।

मुठभेड़ : आज सायं हरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिधवां के पास उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया जिसके बाद दोनों तरफ से काफी देर तक गोलियां चली ।

60 हिरासत में : पठानकोट (गुप्ता): सहोड़ा गोलीकांड, जिसमें 4 व्यक्तियों को उग्रवादियों ने गोलियों से उड़ा दिया तथा 2 को घायल कर दिया था, के अभियुक्तों की तलाश में जिला गुरदासपुर पुलिस कठुआ (जे.एंड के.) पुलिस, बी.एस.एफ. ने सहोड़ा के इर्दगिर्द के मंड क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से श्री पी.एम.दास, एस.एस.पी. गुरदासपुर के नेतृत्व में घेराबंदी डाल कर स्क्रीनिंग शुरू की हुई है । पुलिस ने अब तक लगभग 60 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है । क्षेत्र में कई प्रकार के डेरे हैं जिनमें संदिग्ध व्यक्ति अक्सर आते-जाते रहते हैं । सरदार प्यारा सिंह ढिल्लों डी.एस.पी. पठानकोट के नेतृत्व में सहोड़ा के इर्दगिर्द के गांवों में सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं तथा कई स्थानों पर बी.एस.एफ. की टुकड़ियां भी बिठा दी गई हैं ।

छुरा मार कर हत्या : पटियाला (वार्ता): कल जिला पटियाला के गांव मुहब्बतपुरा में एक व्यक्ति पिपल सिंह की छुरा मार कर हत्या कर दी गई जबकि गुरदीप कौर व साहब सिंह को घायल कर दिया गया । पुलिस ने हमलावरों को पहचान लेने का दावा किया है ।

घुसपैठिया मरा : कल फिरोजपुर सैक्टर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।



होनोलुलू बंदरगाह के पास भारतीय मालवाहक पोत जगविवेक जिस पर सवार एक भारतीय नाविक अमरीकी नौसेना द्वारा चलाई गई खाली मिजाइल से हुए विध्वंस में मारा गया । (छाया : प्रै.ट्र.)

खूंखार आतंकवादी भिंदा ने आत्महत्या की : एक अन्य मुठभेड़ में मारा गया

मजीठा और तरनतारन क्षेत्रों में 11 उग्रवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार

ग्रन्थी सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : सहकारी बैंक से 2.76 लाख रुपए लूटे

चंडीगढ़, 15 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात एक खूंखार आतंकवादी गज्जन सिंह मुठभेड़ में मारा गया जबकि आतंकवादियों ने एक ग्रंथी सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मजीठा और तरनतारन पुलिस जिलों में 11 आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया गया । एक सहकारी बैंक से 2.76,900 रुपए लूट लिए गए ।

माह	उग्रवादियों द्वारा मारे गये लोगों की संख्या	जो सेवा पुलिस कर्मी व अन्य सीधे कर्मचारी की संख्या	मारे गये उग्रवादियों की संख्या	पकड़े गए उग्रवादी
मार्च 1988	265	9	25	277
अप्रैल 1988	214	11	26	292
मई 1988	343	10	66	677
जून 1988	160	15	46	529
जुलाई 1988	147	3	27	344
अगस्त 1988	104	9	26	326
सितम्बर 1988	97	11	31	239
अक्तूबर 1988	112	7	30	247

पंजाब में हत्याएं

NNS

खूंखार आतंकवादी भूपिंदर सिंह भिंदा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली ।

गज्जन सिंह मारा गया : बटाला से 'कोच्छड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव सिधवां के निकट गत रात बी.एस.एफ. 42 बटालियन के साथ हुई आतंकवादियों की मुठभेड़ के सम्बन्ध में जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि सीमा सुरक्षा बल ने नाका के दौरान दो संदिग्ध युवकों को रुकने की चेतावनी दी जिस पर उन्होंने फायरिंग कर दी । सीमा सुरक्षा बल ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप उनमें से एक आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई जबकि उसके साथी अंधेरे में भागने में सफल हो गया ।

एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम के अनुसार मृत आतंकवादी की शिनाख्त गज्जन सिंह गाव औलख के रूप में हुई है और घटनास्थल से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 इसके 150 जिन्दा कारतूस व एक चीन निर्मित 30 बोर की पिस्तौल, इसकी 8 जिंदा गोलियां व भारी मात्रा में चली गोलियां बरामद की गई हैं । बी.एस.एफ. व पुलिस सारा क्षेत्र सील करके इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है ।

श्री गोबिन्द राम के अनुसार मृत आतंकवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह खालसा के गिरोह का सदस्य था और पुलिस को इसकी अनेकों हत्याओं व पुलिस, बी.एस.एफ. पर घात लगाकर फायरिंग करने के मामलों में तलाश थी । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि गज्जन सिंह का दूसरा साथी बलविंदर सिंह घायलावस्था में भाग निकला ।

एक की हत्या : गत दिवस थाना सिटी बटाला के क्षेत्र धीर रोड के निकट रात के समय कुछ अज्ञात लोगों ने स्थानीय गांधी कैम्प निवासी जोगिन्द्र पाल (24) की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । हत्यारे हत्या करने के पश्चात मृतक का साइकल व घड़ी आदि ले गए । मृतक मशीनें आदि रंग करने का काम करता था । पुलिस केस दर्ज करके मामला की जांच कर रही है ।

दोरांगला का साथी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपर के पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास ने बताया कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने बब्बर खालसा के एरिया कमांडर बलदेव सिंह दोरांगला के साथी गुरचरण सिंह निवासी सोहल को गिरफ्तार करके उससे एक रिवाल्वर बरामद किया है, जो उसे बलदेव सिंह दोरांगला ने दिया था ।

देश विरोधी गतिविधियों में कई गिरफ्तार : श्री दास ने बताया कि धारीवाल पुलिस ने देश विरोधी तथा खालिस्तानी प्रचार करने तथा एक सम्प्रदाय के लोगों में आतंक फैलाने के आरोप में कश्मीर सिंह निवासी बल, दयाल सिंह निवासी बदेश, काका सिंह निवासी कंगा, सम्पूर्ण सिंह, जसवन्त सिंह, बलविंद्र सिंह निवासी अठवाल, करतार सिंह निवासी बबरी नंगल, जगतार सिंह निवासी बड़ैच, ध्यान सिंह, अजीत सिंह घुम्मन खुर्द और बलबीर सिंह निवासी दोबुर्जी को गिरफ्तार किया है ।

शरणदाता गिरफ्तार : श्री दास ने बताया कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने प्रमुख शस्त्र तस्कर सुच्चा सिंह डालेनंगल, जो पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल का निजी सहायक है, को शरण देने के आरोप में गुरबख्श सिंह निवासी हयातपुर को गिरफ्तार किया और कानूवान पुलिस ने आम तलाशी के दौरान एक बोर की एक नाली बंदूक, दस जीवित कारतूस, एक चला कारतूस बरामद किया है ।

भिंदा द्वारा आत्महत्या : खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल तथा खूंखार आतंकवादी भूपिंदर सिंह भिंदा ने आज शाम नवांशहर में पुलिस के घेरे में आ जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । भिंदा, जिसके सिर पर तीस हजार रुपए का ईनाम था, अनेक मामलों में पुलिस को वांछित था ।

भूपेंद्र सिंह होशियारपुर जिले के पड्डी सुरसिंह

उग्रवादियों ने कार लेकर जान छोड़ने की प्रार्थना पर गालियां बकनी शुरू कर दीं

Punjab Digital Library

कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल तथा खूंखार आतंकवादी भूपिंदर सिंह भिंदा ने आज शाम नवांशहर में पुलिस के घेरे में आ जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । भिंदा, जिसके सिर पर तीस हजार रुपए का ईनाम था, अनेक मामलों में पुलिस को वांछित था ।

भूपेंद्र सिंह होशियारपुर जिले के पड्डी सुर्सिंह ग्राम का रहने वाला था । जब सुरक्षा बल नवांशहर में उग्रवादियों की खोज में घर-घर की तलाशी ले रहे थे, वह एक घर में छिपा मिला और फरार होने का कोई रास्ता न पाने पर उसने आत्महत्या कर ली । उसके गिरोह में 8 सदस्य थे और यह गिरोह गढ़शंकर, माहलपुर, बलाचौर, नवांशहर, जालन्धर में कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । जालन्धर में पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अब भिंदा गिरोह का पूरी तरह सफाया हो गया है । उल्लेखनीय है कि 6-7 दिसम्बर की रात्रि को उसका साथी उग्रवादी जसविन्दर सिंह बराड़ दौलतपुर के पास मुठभेड़ में मारा गया था जबकि भिंदा भाग निकला था । सी.आर.पी. का जवान वीरेन्द्र सिंह नेगी इस मुठभेड़ में मारा गया था ।

पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला : गोराया (सेहरा): कल रात्रि लगभग 11 बजे यहां से 4 किलो मीटर दर गांव संगढेसियां के निकट सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी पर उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला किया । गोराया में तैनात सी.आर.पी.एफ. की 8वीं बटालियन की कम्पनी के डी.एस.पी. श्री अर्मी लाल ने बताया कि कल रात्रि 11 बजे वे जवानों के साथ रुहका कलां से गोराया की ओर 2 जीपों पर आ रहे थे कि संगढेसियां के निकट गन्ने के एक खेत में से निकल कर उग्रवादियों ने उन पर ए.के.-47 राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी । गश्ती पार्टी ने जब एल.एम.जी. और एस.एल.आर. से उग्रवादियों पर फायरिंग की तो वे रात्रि के अंधेरे में फरार होने में सफल हो गए । आज दिन भर इस क्षेत्र की जांच होती रही ।

बस यात्रियों की परेड कराई : नूरमहल की एक सूचना के अनुसार आज तलवन-जालंधर सड़क पर मारुति कार में सवार 5-6 सशस्त्र युवकों ने पंजाब रोडवेज की एक बस नम्बर पी.जे.क्यू. 3766 को रोक कर उसमें से स्त्रियों को छोड़ कर शेष सभी 25-30 सवारियों को नीचे उतार लिया । सभी को एक लाईन में खड़ा करके उन्होंने 100 गज तक यात्रियों की परेड कराई । बाद में वे यह कहते हुए चले गए कि जिस व्यक्ति की उन्हें तलाश थी, वह इसमें नहीं है । इससे बस यात्रियों में भारी आतंक फैल गया । पुलिस ने इस खबर की पुष्टि या खण्डन नहीं किया ।

ग्रंथी की हत्या : अमृतसर (वार्ता): प्राप्त सूचनाओं के अनुसार दो सशस्त्र आतंकवादी जिला अमृतसर के हंसावाल गांव के एक गुरुद्वारा से ग्रंथी गुरमुख सिंह और उसके पुत्र को बलपूर्वक खेत में ले गए जहां ग्रंथी को गोली मारने के बाद उसके पुत्र को उन्होंने छोड़ दिया ।

किसान की हत्या : वैरोवाल थाना के अन्तर्गत खडूर साहब के ऐतिहासिक कस्बा में एक किसान बलबीर सिंह की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी ।

अमृतसर जिला के थाना रमदास क्षेत्र के गांवों में आतंकवादियों के 6 आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए जिनमें एक परिवार के चार सदस्य भी शामिल हैं । पकड़े गए आश्रयदाताओं के नाम इकबाल सिंह, प्रकाश सिंह (सेमोवाल) गांव गालिब के धर्मसिंह, महताब सिंह, दलीप सिंह व सतनाम सिंह हैं ।

दुर्दांत आतंकवादी लक्खा मुठभेड़ में मारा गया : एक अन्य गुट-संघर्ष में मरा

पी.ए.पी. का हैड कांस्टेबल उग्रवादियों से संबंध रखने पर गिरफ्तार

एक परिवार के 4 सदस्यों सहित पंजाब में 7 की हत्या

चंडीगढ़, 16 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): एक कट्टर 'बी' श्रेणी आतंकवादी लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा जिसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम था, आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति उग्रवादियों की आपसी शत्रुता में मारा गया, जबकि एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 7 अन्य व्यक्ति आतंकवादियों के हाथों मारे गए । पी.ए.पी. के एक हैड कांस्टेबल को आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने पर गिरफ्तार किया गया, जबकि पुलिस व सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (अशोक सोनी): सी.आर.पी. की 48वीं बटालियन की 'बी' कम्पनी के जवानों ने कल दोपहर एक फार्म हाऊस की चैकिंग में ए.के. 47 राइफल के 11,000 कारतूस, 9 एच.ई. 36 हथगोले, एक पिस्तौल .455 बोर और इसके 230 कारतूस बरामद किए तथा ए.के. 47 राइफल की दो मैगज़ीनें भी मिली हैं । सुरक्षा बलों की ही एक अन्य पार्टी ने थाना हरिके के गांव राडलके में एक फार्म हाऊस की चैकिंग में एक चीनी ए.के. 47 राइफल बरामद की । थाना सरहाली के गांव डेरा साहब में खेतों में आज प्रातः हुई एक मुठभेड़ में एक खूंखार आतंकवादी लखविंदर सिंह मारा गया । इस मृत आतंकवादी के कब्ज़े से सुरक्षा बलों को एक चीनी राइफल और इसके दो मैगज़ीनों के अलावा 50 कारतूस व एक पिस्तौल भी मिला । सुरक्षा बल इस आतंकवादी के दो अन्य साथियों का पीछा कर रहे हैं । यह जानकारी आज दोपहर सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क ने दी ।

श्री विर्क जो दिल्ली से आज ही लौटे हैं, ने सी.आर.पी.एफ. के मुख्यालय में एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि सी.आर.पी. को कल एक बहुत बड़ी सफलता मिली जबकि 48वीं बटालियन की 'बी' कम्पनी के जवानों ने पट्टी के क्षेत्र में गांव तलवंडी में एक फार्म हाऊस की तलाशी लेते हुए एक ताज़ा बने गड्ढे में से 8 बोरियों में भरी हुई 11,000 गोलियां ए.के. 47 चीनी राइफल की, 9 हथगोले, एक पिस्तौल .455, दो मैगज़ीनें ए.के. 47 राइफल की बरामद कीं,जिस सी.आर.पी. दल ने यह सफल तलाशी ली, उसका नेतृत्व डी.एस.पी.सी.आर.पी श्री खूबी राम कर रहे थे श्री खूबी राम ने बताया कि वास्तव में परसों रात से पट्टी के क्षेत्र में सी.आर.पी. की 48वीं बटालियन की 'बी' कम्पनी द्वारा तलाशियों की कार्रवाई चल रही थी,जो कल 12 बजे तक जारी रही,लेकिन इस तलाशी अभियान में सी.आर.पी. को कोई सफलता नहीं मिली । इसके बाद मैंने (खूबी राम ने) गांव तलवंडी के कुछ फार्म हाऊसों की तलाशी लेने का निर्णय किया ।

श्री खूबी राम ने बताया कि मैं कल दोपहर बाद 10-12 जवानों को साथ लेकर गांव तलवंडी के बाहर बने फार्म हाऊसों की तलाशियां लेने गया । 5-6 फार्म हाऊसों की तलाशियां लेने पर कुछ बरामद नहीं हुआ,परन्तु जब फोर्स एक फार्म हाऊस में दाखिल हुई तो उस फार्म हाऊस में किसी को भी न पाकर जवानों को कुछ संदेह पैदा हुआ । जब मेरे जवान फार्म हाऊस के आंगन में पहुंचे तो हमें जमीन में एक जगह ताज़ी मिट्टी पड़ी नज़र आई जिस पर इसने मिट्टी को हटाना शुरू किया । उससे हमें .315 बोर का एक कारतूस मिला । इस एक कारतूस ने हमारे संदेह को बल दिया,जिसपर हमने उस जगह को और तेजी से खोदना शुरू किया । करीब एक घंटे की खुदाई के बाद 8 बोरें बरामद हुए तथा फिर अन्य हथियार व गोली-सिक्का मिला ।

श्री विर्क ने बताया कि सी.आर.पी. की एक अन्य पार्टी को फार्म हाऊसों की चैकिंग के दौरान गांव राडलके थाना हरिके में एक फार्म हाऊस में तूड़ी में छुपाई एक चीनी राइफल मिली । उन्होंने बताया कि इस फार्म हाऊस में सिर्फ एक वृद्ध व्यक्ति था अतः यहां से कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । श्री विर्क ने बताया कि आज प्रातः थाना सरहाली के गांव डेरा साहब में खेतों में तीन आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की एक गश्ती पार्टी का मुकाबला हुआ,जिसमें एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके बाकी के साथी भाग निकलने में सफल रहे । इस मुकाबले में विवरण देते हुए श्री विर्क ने बताया कि सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी को गांव डेरा साहब के बाहर खेतों में घूम रहे तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े जिसपर सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु उन संदिग्ध व्यक्तियों ने तुरन्त सुरक्षा बलों पर फायरिंग आरम्भ कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाब में गोली चलाई । इस गोली बारी में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके शेष दो साथी भाग निकले । श्री विर्क ने बताया कि मृत आतंकवादी की पहचान लखविंदर सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी गार्डन कालोनी पट्टी के रूप में की गई ।

इंका कार्यकर्त्ता की हत्या : गत रात थाना बैरोवाल के गांव खड़ूर साहब में आतंकवादियों ने एक इंका कार्यकर्त्ता मंगल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी जबरदस्ती उसके घर में घुसे और उसके शयन कक्ष में उसको गोलियां मारीं । उसकी वहीं पर मौत हो गई ।

बच्चे की लाश मिली : अमृतसर जिला में कल रात आतंकवादियों द्वारा अपहृत जसबीर सिंह की गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः बैरोवाल गांव के निकट मिली ।

जसबीर सिंह की हत्या फिरौती की राशि न मिलने पर की गई । सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री पी.एन. रामकृष्ण ने बताया कि जसबीर सिंह को बेरोवाल ग्राम में कल उसके घर के पास से ही सायं सात बजे अगवा किया गया । आज प्रातः उसका शव ग्राम के स्वास्थ्य केंद्र के बाहर पाया गया । उसका गला घोंटा गया था ।

लाश मिली : एक अन्य वारदात में अमृतसर जिला में गोइंदवाल-तरनतारन रोड पर एक युवक प्रकाश सिंह की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः बरामद हुई । पुलिस को संदेह है कि यह युवक आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का शिकार हुआ ।

लड़के का अपहरण : कल अमृतसर जिला के थाना सरहाली के गांव बिल्लियां वाला के निकट

(शेष पृष्ठ 12 पर)

पृथ्वी का तापमान बढ़ता रहा तो एक दिन यह भी शुक्र ग्रह बन जाएगी

माऊंटव्यू (कैलिफोर्निया), 16 दिसम्बर : पृथ्वी का औसत वार्षिक तापमान अगर इसी तरह बढ़ता रहा तो उसकी स्थिति शुक्र ग्रह की तरह हो जाएगी और वहां से मानव, वनस्पति और जीव-जन्तु लुप्त हो जाएंगे ।

शुक्र ग्रह के बारे में अमरीकी उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि आकार और संरचना में पृथ्वी और शुक्र जुड़वां ग्रह लगते हैं लेकिन जब पृथ्वी से उसकी तुलना की जाए तो महसूस होता है कि 1978 के बाद से इस ग्रह में विशेष रूप से काफी परिवर्तन आए हैं । शुक्र ग्रह की सतह का तापमान 900 डिग्री फारेनहाइट है, इस तापमान पर जस्ता जैसी धातु पिघल सकती है । उसका चुम्बकीय क्षेत्र भी बहुत कम है और पूरे ग्रह के चारों ओर बादलों का घना घेरा है, जिसका वायु मंडलीय दबाव पृथ्वी के दबाव से सौ गुणा ज्यादा है । शुक्र ग्रह की सतह से 95 किलोमीटर ऊपर भी दोपहर में तापमान 280 डिग्री फारेनहाइट पर पहुंच जाता है और रात को 170 डिग्री फारेनहाइट तक गिर जाता है ।

वैज्ञानिकों का मत है कि चार अरब वर्ष पूर्व शुक्र ग्रह पर संभवतः समुद्र रहे होंगे लेकिन तापमान में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी से उनका पानी भाप बनकर उड़ गया होगा, जैसा आजकल पृथ्वी पर हो रहा है । इसलिए मौसम सम्बन्धी इस खतरे को हमें गंभीरतापूर्वक समझना चाहिए । अरिज़ोना विश्वविद्यालय में नक्षत्र वैज्ञानिक डोनाल्ट हनटेन ने बताया कि शुक्र ग्रह के चारों ओर बादलों का घना घेरा होने से जैसे गर्मी बढ़ी होगी, वैसा ही कुछ पृथ्वी के साथ भी घट रहा है । इसके कारण समुद्रों का पानी भाप बन कर उड़ सकता है । शुक्र ग्रह पर आज जीवन का कोई चिन्ह नहीं है । वर्षों बाद पृथ्वी के साथ भी ऐसा हो सकता है । अमरीकी भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग के खगोलशास्त्री हेरालड मैससर्की ने बताया कि वैज्ञानिकों को इस बात के प्रमाण मिले हैं कि शुक्र ग्रह पर पहले भी ज्वालामुखी रहे होंगे और ऐसा लगता है कि वहां अभी भी कुछ जीवित ज्वालामुखी हैं । उन्होंने बताया कि शुक्र ग्रह पर समुद्र थे या नहीं, इसका पता लगाने के लिए हम समुद्री चट्टानों की खोज कर रहे हैं ।

गलत रूप से बाढ़ राहत पाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

चंडीगढ़, 16 दिसम्बर (ह.स.): पंजाब सरकार ने अपने सभी आयुक्तों तथा उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों ने गलत रूप से बाढ़ राहत प्राप्त की है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ।

वित्तायुक्त (राजस्व) श्री तेजेन्द्र खन्ना ने कहा है कि सरकार इन सूचनाओं का कड़ा नोटिस ले रही है कि कुछ लोगों ने गलत रूप से बाढ़ राहत प्राप्त की है । जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे मामले की जांच करें,हर पखवाड़े के बाद की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दें ।

आसू द्वारा असम सरकार पर असफलता का आरोप

गुवाहाटी, 16 दिसम्बर (वार्ता): अखिल असम छात्र संघ (आसू) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन ने केंद्र तथा राज्य सरकार पर असम समझौते के क्रियान्वयन में असफल रहने का आरोप लगाया है ।

Punjabi Jagran

लक्खा मारा गया

(पृष्ठ 1 का शेष)

दो मोटर साइकल सवार आतंकवादियों ने एक स्कूली बच्चे का अपहरण कर लिया । 9 वर्षीय बाबा शाम चार बजे के लगभग स्कूल से लौट रहा था कि आतंकवादी उसे उठाकर ले गए ।

बाबा की रिहाई के लिए उग्रवादियों ने उसके परिवार से तीन लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

थाना तरनतारन के अन्तर्गत गांव बासरके में एक व्यक्ति अवतार सिंह को गिरफ्तार किया गया । उससे एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए । सुरक्षा बलों ने वैरोवाल तथा भिखीविंड क्षेत्रों से सात आतंकवादी गिरफ्तार किए । उनसे बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र मिले ।

परिवार के चार सदस्यों की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बुटर कलां में गत रात कम से कम छः सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर वहां खाना खा रहे चार लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में एक महिला भी शामिल है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने घटनास्थल से आने के पश्चात् प्रातः पत्रकारों को घटना का विवरण देते हुए बताया कि मृतकों में एक किसान हिम्मत सिंह (50) इसके छोटे भाई की पत्नी जसबीर कौर (45) व जसबीर कौर के दो बेटे गुरमेज सिंह (21) व प्यारा सिंह (15) शामिल हैं । घर में उस समय केवल यही चारों थे और खाना खा रहे थे कि आतंकवादियों ने घर में घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके इनकी हत्या कर दी । हत्याकांड में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 का प्रयोग किया गया है । इसके काफी चले कारतूस घटना स्थल से मिले हैं ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि मृतका जसबीर कौर का पति जोगेंद्र सिंह पुलिस हवलदार है और आजकल पी.ए.पी. जालंधर में तैनात है । घटना सायं 7 बजे के लगभग की है । लेकिन पुलिस को रात लगभग 10 बजे सूचना मिली । सूचना मिलते ही पुलिस व बी.एस.एफ. के उच्चाधिकारी भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर चले गये हैं । सारा क्षेत्र सील करके हत्यारों की खोजबीन की जा रही है और उनके छुपने के स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं । इस संबंध में पूछताछ के लिए 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है । घटना स्थल से पुलिस को एक पत्र खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स व बब्बर खालसा इंटरनैशनल संगठनों का मिला है, जिसमें इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली गई है । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्टमार्टम के बाद शव उनके वारिसों को सौंप दिए गये हैं ।

व्यक्तिगत शत्रुता : बटाला के पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम ने एक बयान में पत्रकारों को बताया कि गत रात गांव बुटरकलां हत्याकांड के सम्बन्ध में तुरन्त कार्रवाई कर पुलिस ने इसी गांव के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है । उनसे की गई पूछताछ से पता चला है कि यह हत्याकांड व्यक्तिगत शत्रुता का परिणाम है, जो किराए के आतंकवादियों से करवाया गया है । इस हत्याकांड में इसी गांव का डाक्टर गुरनाम सिंह बुटर, खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का लैफ्टीनैंट जनरल जगराज सिंह और हरजिंदर सिंह जिंदा और गांव के सरपंच का भतीजा काला शामिल है । यह उग्रवादी पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त करके लौटे थे । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गांव के सरपंच साधा सिंह की मृतक परिवार से पुरानी शत्रुता चली आ रही थी । कुछ समय पहले सरपंच साधा सिंह के बेटे की लाश गांव के छप्पड़ में पड़ी मिली थी । उसे संदेह था कि उसकी हत्या इसी परिवार के लोगों ने की है या किसी से करवाई है, पुलिस को इस हत्याकांड के सम्बन्ध में अति महत्वपूर्ण सुराग मिल गए हैं और हत्यारों की गिरफ्तारी किसी भी समय सम्भव है ।

हैड-कांस्टेबल गिरफ्तार : फरीदकोट– एस.एस.पी. ने बताया कि कल रात पंजाब सशस्त्र पुलिस (पी.ए.पी.) के एक हैड कांस्टेबल को खुंखार आतंकवादियों से संबंध रखने तथा उन्हें शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । उससे एक .32 बोर का जर्मन रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किये गये जिनमें चीनी असाल्ट राइफल के कारतूस भी शामिल हैं । पूछताछ के दौरान उसने आतंकवादियों के साथ संबंध रखने, उनके हथियार रखने व उनको हथियार सप्लाई करना स्वीकार किया है । उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने 7 आतंकवादी और आश्रयदाता गिरफ्तार किये हैं जिनसे तीन पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

'जिन्दल' के अनुसार पी.ए.पी. का हैड-कांस्टेबल गुरदीप सिंह पहले कोटकपूरा में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड में डैपुटेशन पर तैनात था । वह वहां ए.एस.आई. के तौर पर काम करता था । पकड़े गए अन्य आतंकवादियों के नाम हैं : जसकरण सिंह, स्वर्ण सिंह, कृष्ण सिंह, जगमीर सिंह, मेहरबान सिंह, गुलज़ार सिंह और सुखविंदर सिंह ।

नकदी, गहने लूटे : मक्खू से 'शेखर' के अनुसार गत रात यहां की बस्ती ज्वाला सिंह में 4 आतंकवादी एक व्यक्ति गुरदास सिंह के घर में घुस गए तथा वहां से 1670 रुपए नकद व 26 किलो सोना लूट कर ले गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

मक्खू में रेलवे रोड पर एक व्यक्ति कामरेड शाम लाल से आतंकवादी 650 रुपये नकद व सोने के गहने लूट कर ले गए ।

13 गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): पुलिस ने जिला में 13 आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया । इनमें दुर्दांत आतंकवादी बलदेव सिंह दोरांगला का निकट साथी गुरचरण सिंह भी शामिल है ।

5 आतंकवादी पकड़े गए : रोपड़ (महेंद्र जैन): रोपड़ जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जसमेर सिंह गांव चैड़ियां, हरनेक सिंह गांव फतेहपुर (मोरिंडा), दरबारा सिंह गांव कोटला दधेड़ी (लुधियाना), हरविन्दर सिंह उर्फ़ काका रोपड़ एवं भूपेंद्र सिंह उर्फ नूरी गांव सुखरामपुर टप्परियां (रोपड़) से एक विदेशी डबल बैरल गन, दस कारतूस, एक 12 बोर पिस्तौल, 4 कारतूस, एक मोटर साईकल, तीन स्कूटर इन उग्रवादियों से बरामद किये हैं । पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन उग्रवादियों के पकड़े जाने से मोरिंडा के निरंकारी पिशौरा सिंह की हत्या का मामला सुलझा लिया गया है । इसके साथ ही मानपुर गांव के स. हरनेक सिंह के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या में संलिप्त आतंकवादी हत्यारे भी पकड़ लिये गए हैं ।

पुलिस अधिकारी श्री चंद्र शेखर ने बताया कि सुरजीत सिंह गिलां (जि. लुधियाना), प्रेम सिंह कटनीकलां (लुधियाना) एवं सुखा राम कटनीकलां (लुधियाना) एवं राजस्थान के जयपुर निवासी मोहन लाल आदि पर आधारित एक चोरों के गिरोह को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 4 स्कूटर, 3 मोटर साईकल, 2 हीरो होंडा सहित काफी अन्य सामान भी बरामद किया है ।

घायल कर दिया : लुधियाना (ह.स.): कल रात लुधियाना के सराभा नगर क्षेत्र में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जगदीप सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

दो गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव जगीना की श्रीमती राजेंद्र कौर और उसके निकट संबंधी राजविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

शव मिला : आज दोपहर बाद लुधियाना नगर में गुरुतेग बहादुर मार्केट के निकट एक शव मिला जिसके गले में रस्सी पड़ी हुई थी ।

नवांशहर (शर्मा): गत दिवस यहां पुलिस से मुकाबले के बाद ज़हर खाकर आत्महत्या करने वाला दुर्दांत उग्रवादी भूपिंदर सिंह भिंदा एक वर्ष से घर-गायब था । वह गत दिनों दौलतपुर में एक मुठभेड़ के बाद बच निकला था, जिसमें एक आतंकवादी और एक सी.आर.पी. का जवान मारा गया था । उसकी शिनाख्त उसकी मां अमर कौर ने की परन्तु उसे उसकी लाश ले जाने की अनुमति नहीं दी गई । स्थानीय नगरपालिका ने पुलिस की निगरानी में भिंदा का अंतिम संस्कार कर दिया ।

घायल : होशियारपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दशमेशनगर में पांच लोगों ने किरपानों से हमला करके राम सिंह तथा उनकी पत्नी हरभजन कौर को घायल कर दिया ।

बीरवार को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश डा. नागेंद्र सिंह की शव यात्रा एक तोपगाड़ी पर निकाली गई । (छाया : प्रे.ट्र.)

हेडगेवार जन्म शताब्दी समारोह

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (वार्ता): प्रमुख राष्ट्रवादी डाक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के जन्म शताब्दी समारोह कल से प्रारम्भ हो गए । देश के विभिन्न भागों में इस सिलसिले में समारोह आयोजित किए गए ।

केहर सिंह की फांसी पर रोक

(पृष्ठ 1 का शेष)

वकील श्री आर.एस. सोढी भी उपस्थित थे ।

न्यायालय में फैसला सुनाए जाने का समय अपरान्ह साढ़े तीन बजे निर्धारित किया गया था । इस समय के नजदीक आते-आते मुख्य न्यायाधीश का न्यायालय खचाखच भर गया । न्यायालय में उपस्थित वकीलों और दर्शकों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि संवाददाताओं को फैसले के मुख्य निष्कर्षों को लिखने के लिए मुख्य न्यायाधीश के कोर्ट मास्टर की मेज के समक्ष जाकर खड़ा होना पड़ा ।

केहर सिंह को साजिश के लिए श्रीमती गांधी की हत्या के जुर्म में मृत्यु दंड पाए सतवंत के साथ दो दिसम्बर को तिहाड़ जेल में फांसी दी जानी थी । केहर सिंह ने राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन द्वारा उसकी क्षमादान याचिका खारिज किए जाने के खिलाफ एक दिसम्बर को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी । उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चरनजीत तलवार और न्यायमूर्ति मलिक शरीफ़ुद्दीन ने यह याचिका खारिज कर दी थी । केहर सिंह के वकील श्री राम जेठमलानी और उसके पुत्र राजिंदर सिंह ने उसी दिन शाम को उच्च न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील की । संविधान पीठ ने शाम पांच बजे विशेष सुनवाई करने के बाद केहर सिंह को फांसी देने पर रोक लगा दी थी । उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने तीन अगस्त को सतवंत सिंह और केहर सिंह की अपील खारिज करते हुए उनकी मौत की सजा के फैसले को बरकरार रखा था । इसके बाद दोनों मुजरिमों की पुनर्विचार याचिका भी सात सितम्बर को खारिज हो गई थी । केहर ने इसके बाद उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी परन्तु यह भी 11 अक्तूबर को खारिज होने के बाद सत्र अदालत को दोनों मुजरिमों को फांसी देने के लिए वारंट जारी किया था परन्तु बाद में इस पर उच्चतम न्यायालय ने रोक लगा दी थी । इसके बाद फिर सारे मामलों का निबटारा होने के बाद दोनों मुजरिमों को दो दिसम्बर को फांसी देने के लिए वारंट जारी किए गए थे ।

केहर सिंह के पुत्र राजिंदर सिंह ने आशा व्यक्त की कि उनके पिता रिहा हो जाएंगे क्योंकि वह पूरी तरह निर्दोष हैं । श्री राजिंदर सिंह उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा आज दिए गए निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को सभी तथ्यों और ठक्कर आयोग की रिपोर्ट पर विचार करना होगा ।

शिकायत : इंदिरा गांधी हत्याकांड में बचाव पक्ष के दो गवाहों गुरबख्श सिंह तथा वीरेन्द्र सिंह ने हाईकोर्ट में शिकायत की है कि उन्हें दिल्ली पुलिस व अन्य सुरक्षा एजैंसियां तंग कर रही हैं ।

केन्द्रीय विद्यालय कपूरथला के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर ए.एस. बल विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा ऋचा जाम्वाल को (ऊपर) ट्राफी प्रदान करते हुए तथा (नीचे) इस अवसर पर प्रथम कक्षा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूहगान का एक दृश्य ।

बी.डी.ओ. रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

नकोदर, 16 दिसम्बर (गगन): जालन्धर के एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बैंस ने आज यहां छापा मार कर बी.डी.ओ. जसपाल सिंह और उसके चौकीदार को गांव मंडियाला के कार्यकारी सरपंच अमरजीत सिंह से 1500 रु. रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । बी.डी.ओ. ने सरकारी अनुदान का 21000 रुपए का चैक देने के लिए 1500 रुपए रिश्वत मांगी थी ।

शाम के भाव

(16 दिसम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 35, हिन्द मोटर 29.50, रिलायंस 159.50, चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6324, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6724, सोना बिट्टुर (प्रति 10 ग्राम)2990, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3125, मिल डिलिवरी : बनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 336-340, बनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 330-341, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 160, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो)167, तेल चावल खाद्य (10किलो)154, तेल चावल अखाद्य (10 किलो)104, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1665, तेल बिनौला (10 किलो) 168, गणेश जीरा (क्विंटल) 3500-3525, पीपरमैंट फ्लैक (प्रति किलो)

Punjab Kesari Jalandhar

हैडकांस्टेबल सहित पंजाब में 4 की हत्या, 2 कुख्यात आतंकवादी पुलिस घेरे से बच निकले

फिल्लौर में हवाई फ़ायरिंग, गोराया में सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला

अमलोह के निकट कार छीनी : पूर्व कांस्टेबल गिरफ्तार

चंडीगढ़, 17 दिसम्बर (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात से विभिन्न घटनाओं में आतंकवादियों ने एक हैडकांस्टेबल सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 2 कुख्यात आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर निकल गये । फिल्लौर में संदिग्ध व्यक्तियों ने हवाई फ़ायरिंग की जबकि गोराया में सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया गया । कुछ नकदी व एक मारुति कार छीने जाने की भी खबर है । आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक पूर्व पुलिस कांस्टेबल को भी गिरफ्तार किया गया ।

बस अड्डा पर फ़ायरिंग : गोराया (सीरा): आज प्रातः 10½ बजे फिल्लौर बस अड्डा पर संदिग्ध व्यक्तियों ने फ़ायरिंग करके आतंक फैला दिया तथा लोग दुकानों के शटर बंद करके भागने शुरू हो गए । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बस गोराया से आकर जैसे ही फिल्लौर बस अड्डे पर रुकी, उसके पीछे ही एक सफ़ेद रंग की मारुति कार भी वहां आकर रुक गई । बस से एक सिख युवक उतर कर निकटवर्ती बियर की दुकान की ओर बढ़ा । उसके पीछे कार से उतर कर दो व्यक्ति भी चले गये और उन्होंने बस से उतरने वाले एक व्यक्ति को रुक जाने के लिए कहा परन्तु वह नहीं रुका तथा और तेज़ चलने लगा । इस पर पीछे चलने वाले एक व्यक्ति ने भागना शुरू कर दिया और हवाई फ़ायरिंग की । उसके दूसरे साथी ने कचहरी की सड़क की ओर से होकर उसको आगे से घेरने की चेष्टा की । कार में आने वाले व्यक्ति बस से उतरने वाले को पकड़ने की कोशिश में हवाई फ़ायर भी करते जा रहे थे परन्तु वह व्यक्ति उनके हाथ में नहीं आया । इसके बाद गोराया और नूरमहल से भी पुलिस और सुरक्षा बलों की कुमक मंगवाई गई परन्तु इन तीनों का कोई पता नहीं चल सका कि वे कहां छुप गए । सुरक्षा बलों ने चारों ओर नाकाबंदी कर रखी थी । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुल 15-20 हवाई फ़ायर किये गये ।

कुख्यात आतंकवादी बच निकले : ह.स. के अनुसार दो कुख्यात आतंकवादी आज जालंधर जिले में फिल्लौर के निकट पुलिस के शिकंजे से बच निकले । जालंधर के पुलिस प्रमुख श्री इज़हार आलम ने बताया कि साधा वस्त्रों में तैनात पुलिस कर्मियों ने दो आतंकवादियों को क्षेत्र में घूमते देखा । उन्होंने दोनों आतंकवादियों का सक्रियता से पीछा किया तथा उन्हें पकड़ने की कोशिश में कुछ गोलियां भी चलाईं लेकिन आतंकवादी भाग निकलने में सफल रहे । श्री आलम ने बताया कि फ़ायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ । क्षेत्र को घेर लिया गया है तथा आतंकवादियों की खोज जारी है ।

सी.आर.पी. पर हमला : एक अन्य सूचना के अनुसार कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने गोराया के निकट केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 80वीं बटालियन के गश्ती दल पर हमला कर दिया । दोनों ओर से 15 मिनट तक गोलियां चलती रहीं । किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।

हैडकांस्टेबल की हत्या : कपूरथला (शर्मा): कल सायं 6½ बजे नडाला और फिरोज़पुर के मध्य आतंकवादियों ने गोलियां मार कर कपूरथला सी.आई.डी. कार्यालय के हैडकांस्टेबल गुरमेल सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि गुरमेल सिंह छुट्टी के बाद दफ्तर से अपने गांव मिज़ापुर को जा रहा था, जब 2 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने रास्ते में उस पर 38 बोर के रिवाल्वर से तीन गोलियां चलाईं । मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस को काफी देर से सूचना मिली तथापि उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये ।

धूरी (संगला) : पुलिस ने आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में दो व्यक्तियों प्रेम सिंह तथा गुरदीप सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे तस्करी का माल पकड़ा ।

किसान की हत्या : अमृतसर (वार्ता): गत रात तरनतारन पुलिस जिला के थाना वल्टोहा के अंतर्गत गांव असल औतार में दो आतंकवादी एक किसान सुरजीत सिंह के घर में घुस गये तथा गोलियां चलाईं जिससे सुरजीत सिंह सख्त घायल हो गया । बाद में सुरजीत सिंह की मृत्यु हो गई ।

पूर्व कांस्टेबल गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने लोपोके, रमदास तथा अजनाला क्षेत्रों में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक पूर्व कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी मजीठा पुलिस जिला के चीफ़ ने एक विज्ञप्ति में दी । अन्य गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं—गुरनाम सिंह हर्शा छीना, प्रकाश सिंह व उसका लड़का इकबाल सिंह गांव सैमोवाल, धर्म सिंह और उसका भाई दलीप सिंह तथा उनके लड़के मेहताब सिंह तथा सतनाम सिंह गांव गालन ।

रुपये लूटे : आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर फिरोज़पुर जिले के जगतार सिंह का 55,850 रुपयों से भरा थैला छीन लिया । पुलिस ने एक व्यक्ति गुरमीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे दो .12 बोर की पिस्तौलें, 16 कारतूस और ए.के. 47 चीनी राईफल के कुछ खाली कारतूस बरामद किये ।

कार छीनी : पटियाला (भूषण): गत रात जिला पटियाला के थाना अमलोह के अंतर्गत एक गांव के निकट सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से उसकी मारुति कार तथा 5,000 रुपए नकद छीन लिया ।

सरपंच के भाई की हत्या : खन्ना (पूर्ण): खन्ना से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव चक माफ़ी में आज अमरनाथ नामक व्यक्ति, जो कि जगन्नाथ सरपंच का भाई है, को आतंकवादियों ने गोली मार कर खत्म कर दिया । आतंकवादी स्कूटर पर आये थे । घटना के समय अमर नाथ दूध लेने जा रहा था ।

रत्तीपुर में हत्या : कल रात जिला लुधियाना के गांव रत्तीपुर में कुछ हमलावरों ने एक व्यक्ति सत्य नारायण की हत्या कर दी ।

4 स्त्रियां गिरफ्तार : कल लुधियाना जिला में साहनेवाल के निकट पुलिस ने 4 स्त्रियों जरनैल कौर, गुरमेल कौर, नछत्तर कौर तथा सुखबिंदर कौर को आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

अमृतसर पुलिस ने मजीठा के निकट एक व्यक्ति गुरनाम सिंह को सरकार के विरुद्ध भाषण देने तथा धन ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

अपहरण : फगवाड़ा (राकेश): पता चला है कि आज सायं यहां के निकटवर्ती गांव चिचराड़ी के पास एक गुज्जर जब अपने रेहड़े पर सामान लेकर जा रहा था तो रास्ते में कार सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका अपहरण कर लिया व फरार हो गए । अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है ।

राजीव इस्लामाबाद प्रवास बढ़ाएंगे

इस्लामाबाद, 17 दिसम्बर : पाकिस्तान के एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक 'द मुस्लिम' ने आज खबर दी है कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ की शिखर बैठक की समाप्ति पर प्रधानमंत्री राजीव गांधी इस्लामाबाद में अपना प्रवास कुछ घंटे के लिए बढ़ा देंगे । श्री गांधी और पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के बीच द्विपक्षीय मसलों पर बातचीत के लिए प्रवास का समय बढ़ाया गया है ।

'द मुस्लिम' के अनुसार हालांकि बातचीत के लिए विषय सूची को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है लेकिन दोनों नेताओं के बीच बातचीत के दौरान परमाणु मसले पर बातचीत होने की सम्भावना है । अभी इस बारे में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है कि पाकिस्तान बातचीत के दौरान सियाचिन का मामला उठाएगा अथवा नहीं ।

परमाणु बम बन

न्यूयार्क, 17 दिसम्बर : पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने आशा व्यक्त की है कि बुश प्रशासन उसे उसी तरह भारी सहायता राशि देगा, जिस तरह से प्रशासन ने ज़िया हकूमत को दी थी । श्रीमती भुट्टो ने कहा कि जनवरी में सत्ता सम्भालने वाली नई अमरीका सरकार पाकिस्तान को जनरल जिया के समय 'आर्थिक विकास' के लिए दी जाने वाली राशि में कमी नहीं आने देगी । श्रीमती भुट्टो ने कहा कि परमाणु बम बनाने की पाकिस्तान की कोई इच्छा नहीं है । नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री ने अमरीकन टैलीविजन नैटवर्क को एक भेंट में कहा कि 'लोकतांत्रिक पाकिस्तान के लिए यह ज़रूरी है कि पाकिस्तान के मामले में अमरीका की रुचि कम न हो । अगर अमरीका की रुचि कम हुई तो यह पाकिस्तान में लोकतंत्र और आर्थिक विकास के लिए अच्छा नहीं होगा ।' श्रीमती भुट्टो ने कहा कि जनरल जिया के शासनकाल में अमरीका से पाकिस्तान को मिली चार अरब डालर की सैनिक और आर्थिक सहायता का कुशलतापूर्वक इस्तेमाल नहीं किया गया । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का मूल आर्थिक ढांचा चरमरा गया है । पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए श्रीमती भुट्टो ने कहा कि हम परमाणु मसले पर उत्पन्न चिन्ता से वाकिफ़ हैं और यह कोई नई बात नहीं है । लेकिन इस समय अफगानिस्तान से सोवियत सेना की वापसी के कारण यह मसला अधिक महत्वपूर्ण बन

छोटी सी बात

रंगा

बेनज़ीर 35 वर्ष की आयु में विश्व की सबसे कम आयु की प्रधानमंत्री बनी हैं ।

भाई साहब, हम उससे उम्र में दुगने हैं, लेकिन अभी तक विधानसभा के सदस्य तक नहीं बन सके हैं !

2 व्यक्तियों की हत्या : भाजपा नेता पर घातक हमले का प्रयास : 16 आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 20 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद से दो व्यक्तियों की हत्या की गई । सुरक्षा बलों ने 3 दुर्दांत आतंकवादियों सहित 16 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । एक भाजपा नेता पर घातक हमले का प्रयास किया गया, जबकि विभिन्न घटनाओं में दो व्यक्ति घायल हो गए । सरकारी तौर पर बताया गया है कि गांव गोरेवाला में किसान दम्पति की हत्या ज़मीन के झगड़े का परिणाम है ।

13 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने गत रात मजीठा पुलिस जिला में 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें तीन कट्टर आतंकवादी हैं । मजीठा के पुलिस चीफ़ श्री जी.एस.मान ने आज यहां प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों में बब्बर खालसा का सुखदेव सिंह, खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन का जगतार सिंह तथा खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का जसपाल सिंह भी शामिल हैं । यह कट्टर आतंकवादी पुलिस जिला में 9 हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं । उन्होंने कहा कि इनसे 2 ए.के. 47 राईफलें, 11 पिस्तौलें, एक एच.ई. 36 हथगोला, तीन सौ कारतूस बरामद किये गये । शेष 10 आतंकवादियों के नाम निर्मल सिंह, बघेल सिंह, कुलवंत सिंह, मेजर सिंह, स्वर्ण सिंह, चरण सिंह, रणजीत सिंह, तरसेम सिंह, छिंदा सिंह तथा मोहन सिंह बताए गये हैं ।

पति-पत्नी की हत्या : गत सायं अमृतसर जिला के थाना मजीठा के गांव गोरेवाला में चीनी राईफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने एक किसान लक्खा सिंह के घर में घुस कर लक्खा सिंह व उसकी पत्नी कश्मीर कौर की हत्या कर दी । तथाकथित भिंडरांवाले टाइगर फ़ोर्स के सतनाम सिंह सत्ता गिरोह ने इस किसान दम्पत्ति की हत्या की ज़िम्मेदारी ली है ।

अमृतसर पुलिस ने एक आतंकवादी काबल सिंह को गिरफ्तार करके उससे ए.के. 47 राईफल बरामद की, उसकी गिरफ्तारी पहले गिरफ्तार किये जा चुके उसके साथियों से पूछताछ से प्राप्त जानकारी के आधार पर की गई ।

जालंधर पुलिस ने नंद किशोर को गिरफ्तार करके उससे 32 बोर का रिवाल्वर तथा दो कारतूस बरामद किए ।

दो गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): सुनाम पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्ति चौ. हरमेल सिंह और सुखपाल सिंह गुमटी कलां को गिरफ्तार किया । उनसे दो पिस्तौल तथा 4 कारतूस मिले ।

स्कूटर छीना : बटाला से 'बोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव तलवंडी झुंगला के निकट दो सशस्त्र अज्ञात युवक एक व्यक्ति गुरचरण सिंह से उसका स्कूटर पी.सी.बी. 3626 छीन कर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भाजपा नेता पर हमला : कपूरथला (शर्मा): भारतीय जनता पार्टी जिला कपूरथला के महासचिव श्री जुगल महाजन कल रात घातक हमले के एक प्रयास में बाल-बाल बच गये । उन पर उस समय गांव अद्दी खुई के निकट हमला किया गया, जबकि वह अपनी कार में जालंधर से लौट रहे थे । पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में श्री महाजन ने कहा कि उनकी कार का एक लाल रंग की मारुति कार में सवार कुछ लोगों ने पीछा किया । उनकी कार से आगे निकलने के बाद उन्होंने उनकी कार का रास्ता रोक दिया । इसके बाद उन्होंने उनकी कार की हैड लाइट तोड़ दी तथा गम्भीर परिणामों की धमकी दी लेकिन अन्य वाहनों को आते हुए देख कर वे फ़रार हो गये । पुलिस ने हमलावरों की पहचान लेने का दावा किया है ।

टैक्सी ड्राइवर घायल : कपूरथला: सभानपुर सड़क पर गत सायं स्कूटर पर जा रहे एक टैक्सी ड्राइवर पृथ्वी राज को गांव बादशाहपुर के निकट दो कथित आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । वह यहां सिविल अस्पताल में दाखिल हैं । बताया जाता है कि पृथ्वी राज स्कूटर पर पीछे बैठा था तथा उसका साथी इंद्रजीत सिंह स्कूटर चला रहा था कि गांव बादशाहपुर के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोका और स्कूटर न रोकने पर पीछे बैठे पृथ्वी राज पर फ़ायर किया, जो कि उसके गले के निकट लगा, पृथ्वी राज की हालत खतरे से बाहर है ।

एस.पी.ओ. द्वारा फ़ायरिंग : थाना भुलत्थ के गांव मकसूदपुर में गत सायं इशारा करने पर स्कूटर न रोकने के कारण एस.पी.ओ. ने फ़ायर करके एक स्कूटर सवार गुरमेज सिंह को घायल कर दिया । गोली उसके दायें कान में लगी है । गुरमेज सिंह के अनुसार वह जालंधर के मुहल्ला प्रीत नगर से एक साथी के साथ अपने ससुराल मकसूदपुर गया था, गांव में एस.पी.ओ. ने गोली चला कर उसको घायल कर दिया । रुकने का संकेत उसने नहीं देखा था ।

फिरोज़पुर जिला में एक आतंकवादी मंगी सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्ज़े से एक 12 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ ।

गुरु हरसहाय (भंडारी): सुरक्षा बलों द्वारा कई दिनों से गुरु हरसहाय ब्लाक में गांवों की तलाशियां ली जा रही हैं । इनमें गांव शरीनवाला, चुगा, लोपो, दीप सिंहवाला भी शामिल हैं । इन गांवों में पंचायत चुनावों में हिस्सा न लेने के लिए धमकी-भरे पत्र मिल रहे थे ।

आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर से गर्ग के अनुसार पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उसका नाम गुरबख्श सिंह वासी कमालपुर जिला होशियारपुर बताया गया है ।

छोटी सी बात

रंगा

मैं एक अकाली के रूप में पैदा हुआ था और अकाली के रूप में ही मरूंगा ।
—सुरजीत सिंह बरनाला

भाई साहब अगर उन्होंने राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने के लिए इस प्रकार की भावना व्यक्त की होती तो वह आज हमारे राष्ट्रीय स्तर के नेता होते ।

Punjab Samachar

गुरदासपुर के जिलाधीश का अंगरक्षक चरन सिंह गिरफ्तार

निरंकारी सहित पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद एक निरंकारी सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । पुलिस ने लगभग दो दर्जन आतंकवादियों तथा उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया, जिनमें गुरदासपुर के जिलाधीश श्री कल्हा का अंगरक्षक हैड-कांस्टेबल चरन सिंह भी शामिल है । गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से दो चीनी आटोमैटिक पिस्तौलों सहित काफी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का मिला ।

निरंकारी की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात जिला अमृतसर के मजीठा गांव में एक निरंकारी महेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । महेन्द्र सिंह की दर्जी की दुकान थी ।

लाश मिली : जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने गत रात जिला जालन्धर के थाना बंगा के गांव हकीमपुरा में नहर में से एक लाश बरामद की । लाश पर तेज़धार हथियारों के निशान हैं । उसकी पहचान उसी गांव के सुखदेव सिंह पुत्र राजबाल सिंह के रूप में की गई । पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है । जांच जारी है ।

फतेहगढ़ खानके में हत्या : जिला जालन्धर के गांव फतेहगढ़ खानके में एक युवक कश्मीरी लाल की हत्या कर दी गई ।

हत्या : फरीदकोट (वार्ता): कल रात जिला फरीदकोट में एक व्यक्ति अमरजीत सिंह की हत्या कर दी गई ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पंजदल के अनुसार पुलिस ने जिला में विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर तीन आतंकवादियों तथा उनको आश्रय देने वाले चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इन आतंकवादियों की पहचान करनैल सिंह गांव घाल खुर्द, जोगेन्द्र सिंह गांव ज़हीरा, जीत सिंह वासी मलोट के रूप में हुई है । इनसे दो 315 बोर के पिस्तौल, एक बारह बोर का पिस्तौल तथा इनके 14 कारतूस बरामद किए गए ।

आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान सिंदर सिंह, शिंगारा सिंह, हरेन्द्र सिंह, शिंगारा सिंह कोड़ेवाल के रूप में हुई है । यह लोग तथाकथित खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के गुरतेज सिंह तथा तेजा सिंह गिरोह के साथ सम्बन्धित आतंकवादियों को अपने घरों में शरण देते थे ।

कोई घायल नहीं हुआ : बाघापुराना (मित्तल): जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा है कि कल थाना बाघापुराना के गांव धोलिया खुर्द में कोई व्यक्ति गोली से घायल नहीं हुआ । उन्होंने बताया कि तीन सशस्त्र लुटेरे एक किसान मुख्तार सिंह के घर आए थे तथा नकदी व कीमती सामान मांगा । घर वालों ने कुछ भी देने से इन्कार कर दिया । उन्होंने उनमें से एक को जफ्फा भी डाल लिया । इस पर एक लुटेरे ने हवाई फ़ायर किया परन्तु कोई घायल नहीं हुआ । बाद में लुटेरे भाग निकले ।

रोपड़ जिला में एक आतंकवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया, जबकि कपूरथला जिला में एक और आतंकवादी भिंडर सिंह को काबू किया गया ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि गत शाम एक घर में छापा मारकर जिला पुलिस ने सात आतंकवादियों को एक समुदाय के लोगों को पंजाब छोड़ने के लिए मजबूर करने, खालिस्तान का प्रचार करने और कुछ लोगों की हत्या की योजना बनाते गिरफ्तार किया ।

श्री दास ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रमुख आतंकवादी गुरनाम सिंह दाबांवाली प्रमुख शस्त्र स्मगलर सच्चा सिंह डालेनंगल और कुछ अन्य आतंकवादी गांव खोखर राजपतां निवासी खड़क सिंह के घर इकट्ठे हुए हैं और विशेष योजना बना रहे हैं, जिस पर गुरदासपुर सदर पुलिस ने इस घर में छापा मारकर वहां से खड़क सिंह, भान सिंह और लछमन सिंह निवासी नरपुर, जोध सिंह निवासी हमराजपुर, निशान सिंह निवासी तुंग, रविन्द्र सिंह निवासी गुरदासपुर और कश्मीर सिंह निवासी लक्खोवाल को गिरफ्तार किया । इनसे पूछताछ जारी है ।

जिलाधीश का अंगरक्षक गिरफ्तार : गुरदासपुर के जिलाधीश का अंगरक्षक चरन सिंह गत रात बटाला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 11 आतंकवादियों व आश्रयदाताओं में शामिल है । एस.पी. (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज बताया कि इन लोगों से दो .30 एम.एम. चीनी आटोमैटिक पिस्तौलें, एक .455 सर्विस रिवाल्वर तथा 64 कारतूस बरामद किए गए । एस.पी. ने कहा कि पुलिस का हैड-कांस्टेबल चरन सिंह गुरदासपुर के जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा का अंगरक्षक था । वह श्री कल्हा के पूर्वाधिकारी श्री आर.पी.एस. पवार का भी अंगरक्षक था । श्री शर्मा ने अन्य दस लोगों के नाम बलविंदर सिंह, सरबजीत सिंह, दीप सिंह, लाल सिंह, जसपाल सिंह उर्फ़ जस्सा, गुरविंदर सिंह धवन, सतनाम सिंह चीचावाली, हरजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, नरेन्द्र सिंह, बलदेव सिंह तथा नरेन्द्र सिंह सरचूर बताए हैं । जसपाल सिंह ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह काफ़ी अरसे से बब्बर खालसा के आतंकवादियों को शरण देता रहा है । उसने यह भी बताया कि खूंखार आतंकवादी बलदेव सिंह दोरांगला के बताने पर जो 8.20 लाख रुपया हाल ही में पुलिस ने बरामद किया था, वह बब्बर खालसा संगठन ने काफी समय से उसके पास रखा हुआ था । जसपाल सिंह ने 20 अगस्त को गांव गोखवाल के निकट सी.आई.डी. इंस्पैक्टर अजीत सिंह पर घातक हमले के प्रयास में भी संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की । उससे एक पिस्तौल बरामद किया गया ।

हैड कांस्टेबल चरन सिंह, जिसे सर्विस रिवाल्वर सहित गिरफ्तार किया गया, ने स्वीकार किया कि उसका लड़का दिलबाग सिंह भी बब्बर खालसा के उग्रवादियों का साथी रहा है । उसने स्वीकार किया कि उसका लड़का 3 दिसम्बर को अलीवाल में बी.एस.एफ. के एक गश्ती दल पर राकेट ग्रेनेड से किए गए हमले में वांछित था ।

इसी मध्य बटाला पुलिस जिला प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने कहा कि ऐसे आतंकवादियों, जिन्होंने छोटे-मोटे अपराध किए हैं, के साथ सहानुभूति का रवैया रखा जाएगा तथा यदि वे अपने हथियारों समेत आत्म समर्पण कर दें तो उनका राष्ट्रीय मुख्य धारा में पुनर्वास कर दिया जाएगा । उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अन्य आतंकवादी, जिन्होंने हत्याएं की हैं, भी यदि हथियारों सहित आत्म समर्पण कर दें तो उनके बारे में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

मां-बेटे की हत्या : श्रीमती अच्छरी और उनका लड़का केवल कृष्ण जो कि जिला गुरदासपुर के थाना काहनुवान क्षेत्र से 4 दिन से लापता थे, आज मृत पाए गए । उनकी लाशें एक बोरी में बंद मिलीं ।

संगरावा में हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर बटाला के गांव संगरावा में आज रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे कुछ सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सौदागर सिंह की हत्या कर दी और फरार हो गए ।

फगवाड़ा (अशोक): गत सायं फगवाड़ा पुलिस ने निकटवर्ती गांव चाचोकी के पास नाकाबंदी के दौरान एक उग्रवादी बिन्दर सिंह पुत्र साधु सिंह निवासी गांव ढढियाली थाना हाजीपुर जिला होशियारपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 303 बोर का पिस्तौल व दो जीवित कारतूस बरामद किए हैं । अदालत ने अभियुक्त को 4 जनवरी 1989 तक का न्यायिक रिमांड देकर उसे जेल भिजवाने के आदेश दिए हैं ।

फाजिल्का (नागपाल): पुलिस ने स्थानीय राजकीय कालेज के निकट वीरान सड़क पर एक व्यक्ति खजान सिंह को गिरफ्तार किया । उससे एक बिना लाइसेंस का 12 बोर का पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया गया ।

punjabi yaadein

स्वयंभू एरिया कमांडर मारा गया : 6 व्यक्तियों की हत्या

पठानकोट बम कांड में 2 अभियुक्त, बटाला के गोली कांडों में 5 स्त्रियां गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): गत रात खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का एक स्वयंभू एरिया कमांडर मुठभेड़ में मारा गया जबकि आतंकवादियों ने 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पंजाब भर में लगभग तीन दर्जन आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । जिनमें पठानकोट बमकांड के दो अभियुक्त भी शामिल हैं । बटाला के गोलीकांडों के संबंध में 5 स्त्रियों को भी गिरफ्तार किया गया ।

एरिया कमांडर मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.):सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तथाकथित 'खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन' का एक स्वयंभू एरिया कमांडर मारा गया । मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री जी.एस. मान ने बताया कि एक पार्टी ने 22 और 23 दिसम्बर की मध्य रात्रि को थाना कत्थूनंगल के गांव तलवंडी दसौंधा सिंह के बाहर नाका लगा रखा था कि इसने एक स्कूटर पर जाते हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा । रुकने का संकेत किए जाने पर उन्होंने गोलियां चलाईं । नाका पार्टी की जवाबी फायरिंग पर उनमें से एक मारा गया जबकि दूसरा अंधेरे में फरार हो गया ।

बाद में मृत आतंकवादी की शिनाख्त सुरिंदर सिंह 'एरिया कमांडर' खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के रूप में की गई । वह पांच हत्याओं तथा 6 डकैतियों के लिए जिम्मेदार था । मुठभेड़ स्थल पर एक थामसन गन, 22 कारतूस व एक स्कूटर बरामद हुआ ।

इसी बीच मजीठा पुलिस जिला में थाना रमदास और अजनाला क्षेत्रों में 9 आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए । एस.एस.पी. श्री मान ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम अजीत सिंह, ध्यान सिंह, चनन सिंह, सविंदर सिंह, बाबा सिंह, कुन्दन सिंह, धनजीत सिंह, बूटा सिंह और कर्म सिंह बताए हैं । इन सभी को आतंकवाद एवं विध्वंसक गतिविधियां निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया ।

तरनतारन पुलिस ने भी राष्ट्र-विरोधी तथा उत्तेजक नारे लगाने व लोगों को सार्वजनिक सम्पत्ति को नुक्सान पहुंचाने के लिए भड़काने के आरोप में 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने इनके नाम करनैल सिंह, बलकार सिंह, बलदेव सिंह, अवतार सिंह, अमरजीत सिंह और पलविंदर कौर बताए हैं ।

किसान की हत्या : गत देर रात अमृतसर जिला में थाना मेहता के अन्तर्गत गांव जलालुस्मान में कुछ व्यक्तियों ने एक किसान दलबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री मान ने बताया कि यह हत्या निजी शत्रुता का परिणाम है और आतंकवादी कार्रवाई नहीं है । आगे जांच जारी है ।

नम्बरदार की हत्या : कल रात अमृतसर जिला में आतंकवादियों ने थाना तरनतारन के अन्तर्गत गांव कल्हा में एक नम्बरदार प्रीतम सिंह की हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना : संगरूर (गर्ग): कल रात डुगरी के निकट दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति हेमराज से उसका स्कूटर पी.सी.टी. 1402 छीन लिया ।

कल रात जिला लुधियाना के गांव गालिब कलां में एक आतंकवादी बलविंदर सिंह उर्फ़ बिंदर को गिरफ्तार किया गया । उससे एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

दुकानदार की हत्या : आज सायं थाना सदर अमृतसर के एक गांव में उग्रवादियों ने एक दुकानदार मदन लाल की हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

दो घायल : आज रात लोपोके-चुगावां सड़क पर उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में दो व्यक्ति घायल हो गए ।

5 आतंकवादी पकड़े : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि आज प्रातः पठानकोट सदर के क्षेत्र कोहली सुन्दरचक्क सड़क पर मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया । श्री पी.एम. दास ने बताया कि पठानकोट सदर के क्षेत्र कोटली-सुन्दरचक्क सड़क पर तरगड मोड़ पर बी.एस.एफ. और पंजाब पुलिस ने नाकाबंद कर रखी थी कि प्रातः कुछ व्यक्ति आते दिखाई दिए । जवानों ने जब उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जिस पर जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की और घेराबंदी करके आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया जिनकी शिनाख्त चंचल सिंह निवासी तलवंडी विर्क, रणजीत सिंह उर्फ राना निवासी भुभली, लखबीर सिंह निवासी बड़ैच, सतनाम सिंह संगतपुर और दलविंद्र सिंह निवासी मान के रूप में हुई है । गिरफ्तार आतंकवादियों से तीन पिस्तौल, एक खिलौना पिस्तौल, एक किरपान तथा काफी मात्रा में अनचले तथा चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । श्री दास ने बताया कि लगता है कि इन आतंकवादियों का इरादा हत्याएं और लूटमार करने का था । इनसे अभी पूछताछ जारी है ।

2 गिरफ्तार : श्री दास ने बताया कि 20 मई 1988 को पठानकोट में हुए बम धमाके जिसमें चार व्यक्ति मारे गए और 53 जख्मी हुए थे, के सम्बन्ध में पठानकोट सिटी पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । जिनकी शिनाख्त कुलविंद्र सिंह और सुखविंद्र सिंह निवासी सिधवां (धारीवाल) के रूप में हुई है । दोषियों ने स्वीकार किया है कि बम धमाकों की योजना सिधवां के सरपंच हरबंस सिंह के घर बनाई गई थी और बम भी वहीं तैयार किए गए थे । श्री दास के अनुसार इस सम्बन्ध में कुछ और गिरफ्तारियां होने की सम्भावना है ।

काला अफगानां के निकट हत्या : बटाला (कोछड़): कम से कम 6 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगानां के निकट एक युवक बलजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बी.एस.एफ. के अधिकारी फोर्स के साथ मौका पर चले गए हैं तथा सारा क्षेत्र सील करके हत्यारों की खोज की जा रही है । गत रात ही संगरावां गांव में सौदागर सिंह की हत्या कर दी गई थी । वह एक हैड

(शेष पृष्ठ 12 पर)

The name that's famed around the seven seas.

Keppel

Keppel Corporation Limited, Singapore



The Keppel Group — spearheaded by Keppel Corporation, Singapore — is a giant international conglomerate with 104 subsidiaries, 46 associate companies, a 3,600 strong team worldwide... turnover of S$ 670 million p.a., assets of over S$ 1665 million, capital and reserves of over S$ 490 million.

Keppel's major interest is shiprepair. Other activities include : offshore services, oil rig construction, industrial engineering, steel and structural construction, financial and insurance services.

KEPPEL now a participant in Chokhani International Shiprepair Complex at Madras Port

Sobhagya/285/88

पंचशील में पुनः निष्ठा

(पृष्ठ 1 का शेष)

नेताओं ने भी इस नीति को सराहा है ।"

भारत-चीन संबंधों में सुधार का भारत-सोवियत संबंधों पर क्या असर पड़ेगा, इस सवाल पर श्री गांधी ने कहा कि, "सोवियत संघ के साथ हमारे कोई मतभेद नहीं हैं । सोवियत संघ के साथ हमारी मैत्री मजबूत है और यह ज्यादा मजबूत होती जा रही है । मुझे उम्मीद है कि यह और मजबूत होगी तथा चीन के साथ हमारी मैत्री पर इसका असर नहीं पड़ेगा ।

इस सवाल पर कि चीन में आपको किस चीज ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, श्री गांधी ने कहा कि बहुत सी चीजें हैं, लेकिन जिस बात ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह थी पंचशील के आधार पर नई विश्व-व्यवस्था और एक नई अर्थ-व्यवस्था के बारे में चेयरमैन तेंग श्याओ फेंग की दृष्टि से इन दोनों क्षेत्रों में हम दोनों सफलतापूर्वक काम कर सकते हैं ।

क्या आप सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव और चेयरमैन तेंग के विचारों में समानता देखते हैं, इस सवाल पर श्री गांधी ने कहा कि दोनों की दृष्टि वही है, जो हमारी है और यह शांति तथा अहिंसा पर आधारित है । इसके ब्यौरे भले ही अलग-अलग हों, लेकिन मूल तत्व वही है ।

श्री गांधी ने कहा कि भारत और चीन अब यह महसूस करने लगे हैं कि पिछले लम्बे अर्से से वार्तालाप न होने के बावजूद पुराने विचार और पुरानी दोस्ती अपने स्थान पर सही सलामत है और हम उन्हीं सूत्रों को लेकर आगे बढ़े हैं ।

प्रधानमंत्री ने एक पाकिस्तानी संवाददाता को बताया कि चीनी नेताओं के साथ पाकिस्तान के बारे में चर्चा नहीं हुई । उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय हित के मामले द्विपक्षीय स्तर पर ही निपटाए जाते हैं । प्रधानमंत्री ने एशिया सहित विश्व के विभिन्न हिस्सों में हथियारों में कटौती के बारे में संयुक्त राष्ट्र के सामने रखे गए, सोवियत नेता गोर्बाच्योव के प्रस्तावों का स्वागत किया । उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे एशिया महाद्वीप में तनाव घटेगा ।

इससे पूर्व श्री राजीव गांधी के चीन के 5 दिवसीय सरकारी दौरे की समाप्ति पर जारी भारत-चीन संयुक्त विज्ञप्ति के अनुसार दोनों देशों ने पंचशील के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा पुनः व्यक्त करते हुए आपसी संबंधों का इस ढंग से विकास करने का फैसला किया है कि सीमा विवाद की जटिल समस्या का "उचित, न्याय-संगत और परस्पर स्वीकार्य" समाधान पाने के लिए अनुकूल वातावरण पैदा हो सके ।

दोनों देशों ने "तहे दिल से गहन विचार-विमर्श" के बाद सीमा समस्या को "शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण" बातचीत से हल करने का संकल्प लिया है जो दोनों देशों के बीच विवादों और टकराव के युग की समाप्ति का प्रतीक है । दोनों देश अन्य क्षेत्रों में भी अपने सम्बन्धों में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने पर सहमत हो गए ।

एशिया के ये दो महान देश न केवल 1954 में पंडित जवाहर लाल नेहरू की यात्रा के दौरान उत्पन्न भावना को जगाने पर सहमत हुए बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी उन्होंने एक साथ मिलकर काम करने का निश्चय किया है ।

सीमा मसले के हल के लिए एक संयुक्त कार्यकारी दल गठित किए जाने, आर्थिक सम्बन्धों, व्यपार तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर संयुक्त दलों का गठन इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं । विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले चार दिनों में श्री गांधी ने चीन के शीर्ष नेताओं से जो व्यापक विचार-विमर्श किया, उसके दौरान चीन ने भारत में तिब्बत के कुछ तत्वों द्वारा चीन विरोधी गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की । विज्ञप्ति में कहा गया है भारत ने पिछले काफी समय से चली आ रही अपनी नीति दोहराई है कि तिब्बत चीन का स्वायत्तशासी हिस्सा है तथा भारतीय भूमि पर तिब्बती तत्वों द्वारा चीन विरोधी राजनैतिक गतिविधियों की अनुमति नहीं है ।

विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग को सुविधाजनक समय पर भारत यात्रा करने का निमंत्रण दिया है । श्री गांधी ने कहा है कि जब भी उन्हें सुविधा हो वह भारत यात्रा पर आएं । विज्ञप्ति के अनुसार श्री पेंग ने यह निमंत्रण सहर्ष स्वीकार कर लिया । उनकी भारत-यात्रा की तारीख राजनयिक स्तर पर विचार-विमर्श के बाद तय की जाएगी ।

तीन पृष्ठों की इस विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री गांधी की चीनी प्रधानमंत्री ली पेंग, राष्ट्रपति यांग शांग कुन, महासचिव श्याओ शियांग तथा सैनिक आयोग के अध्यक्ष देंग स्याओपिंग से बातचीत मैत्रीपूर्ण, स्पष्टवादिता तथा आपसी सूझबूझ के माहौल में हुई । दोनों पक्षों के बीच उभयपक्षीय सम्बन्धों, आपसी हित वाले अंतर्राष्ट्रीय मसलों तथा अन्य क्षेत्रों में हुए व्यापक विचार-विमर्श की चर्चा करते हुए विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्षों की राय में इस तरह की बातचीत तथा बैठकें लाभदायक रहीं क्योंकि इनमें उभयपक्षीय सम्बन्धों में और सुधार लाने तथा उन्हें प्रगाढ़ बनाने की दिशा में आपसी समझ-बूझ बढ़ती है ।

दोनों पक्षों ने हाल ही के वर्षों में व्यापार, संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नागरिक उड्डयन तथा अन्य क्षेत्रों में हुए आपसी सहयोग तथा आदान-प्रदान पर सकारात्मक राय व्यक्त की है तथा दोनों देशों के बीच कल हुए समझौतों पर संतोष व्यक्त किया है । दोनों ही देशों ने इस बात पर बल दिया है कि वे एक-दूसरे से काफी कुछ सीख सकते हैं । दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत थे कि दोनों ही देश पंचशील के अपने पांच सिद्धांतों के आधार पर अच्छे पड़ोसियों वाले तथा मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध फिर से स्थापित किए जाने तथा उनमें सुधार लाने के इच्छुक हैं । इससे न केवल दोनों देशों के बुनियादी हितों की पुष्टि होती है बल्कि इससे एशिया में तथा दुनिया भर में शांति तथा स्थिरता स्थापित करने में काफी योगदान मिलेगा । दोनों पक्षों ने दोहराया कि वे आपसी सम्बन्धों को और प्रगाढ़ बनाए जाने के लिए प्रयास करेंगे ।

विज्ञप्ति में श्री गांधी ने चीन की सरकार तथा जनता के प्रति अपने तथा भारतीय शिष्टमंडल का यहां गर्मजोशी से किए स्वागत एवं हार्दिक मेजबानी के लिए आभार व्यक्त किया है ।

आज यहां से स्वदेश प्रस्थान से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी चियांतिग काऊंटी में मालू नगर की एक औद्योगिक इकाई देखने गये । श्री गांधी आज प्रातः शियेन से एक विशेष चीनी जैट विमान से शंघाई पहुंचे । हवाई अड्डे पर शंघाई के मेयर तथा अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया । श्री गांधी हवाई अड्डे से सीधे इस औद्योगिक नगरी रवाना हो गए । वह लगभग एक घंटे तक यहां रहे । बाद में मेयर ने श्री गांधी के सम्मान में भोज दिया ।

यात्रा दस बड़ी घटनाओं में से एक : चीन के राष्ट्रीय समाचार पत्रों के सम्पादकों ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा को देश के दस प्रमुख घटनाक्रमों में आठवां स्थान दिया है । सिन्हुआ संवाद समिति ने कुल 20 घटनाक्रमों की सूची सम्पादकों के पास भेज कर उन पर उनकी प्राथमिकता दर्ज करने का आग्रह किया था ।

बौन : पश्चिम जर्मनी ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे भारत-चीन संबंधों का नया अध्याय शुरू होगा ।

बेनजीर के साथ पंजाब के उग्रवादियों का मामला उठाऊंगा : राजीव

प्रधानमंत्री के विमान से, 23 दिसम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज कहा कि पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ अगले सप्ताह होने वाली बातचीत से दोनों देशों के बीच नई समझदारी पैदा होने और सम्बन्ध सामान्य होने की प्रक्रिया तेज होने की आशा है । शंघाई से नई दिल्ली

सेल ! सेल !

भारी रिडक्शन सेल

लुधियाना मिल रेट पर

होटल स्काईलार्क, जालंधर

में

(नवीनतम किस्में)

■ जैंट्स पुलोवर ■ लेडीज़ बैगी कार्डिगन्स

■ लेडीज़ ब्लाऊज़ ■ बेबी स्कर्ट सूट

■ बावा सूट और अनेक अन्य नवीनतम आइटमें

पशमीना हौज़री मिल, लुधियाना

बीजिंग में गत दिवस एक समझौते पर हस्ताक्ष
प्रधानमंत्री श्री ली पेंग के साथ चाय की मेज पर बा
गांधी को विभिन्न फोटो की एक पुस्तक भी भेंट

शेर सिंह दूमछेड़ी

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (संघी): युवा अकाली नेता शेर सिंह दूमछेड़ी,जो आजकल रासुका के तहत नज़रबंद हैं, के बेटे गुरविंदर सिंह दूमछेड़ी व उसके एक अन्य साथी दिलबाग सिंह को स्थानीय पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान यहां सैक्टर 35 में धारा 392 तथा शस्त्र-कानून के तहत गिरफ्तार किया है ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने बताया है कि गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्ज़े से एक पिस्तौल तथा चार जीवित कारतूस बरामद हुए हैं । ये दोनों गत जुलाई माह में यहां सैक्टर 37 में स्थित एक डाकघर से पिस्तौल की नोक पर 9800 रुपए

संघ लोकसेवा आयोग भवन में विस्फोट की धमकी

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर (वार्ता): संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त कराने के लिए धरने पर बैठे लोगों को शिव सेना के नाम से एक पत्र मिला है जिसमें आयोग को धमकी दी गई है कि अंग्रेजी को थोपा जाना जारी रहने पर आयोग भवन में बम विस्फोट होंगे । धरना देने वाले लोगों के एक प्रतिनिधि राजकरण सिंह ने बताया कि आयोग के अधिकारियों और तिलक मार्ग पुलिस थाने को इस पत्र की सूचना दे दी गई है । श्री सिंह ने कहा कि उनका धरना सर्वथा शांतिपूर्ण है और धरना देने वालों का इस धमकी से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

दो ग्रुपों की भिड़ंत में अनेक व्यक्ति घायल

होशियारपुर, 23 दिसम्बर (अश्विनी): स्थानीय फगवाड़ा रोड पर गांव बस्सी दौलतखान में गत रात 2 ग्रुपों में भिड़ंत के परिणाम स्वरूप कई व्यक्ति घायल हो गए । यह भिड़ंत भूमि-विवाद पर हुई । बताया जाता है कि एक व्यक्ति ने दूसरे धड़े के एक व्यक्ति के पशुओं के बाड़े को आग लगा दी जिससे तीन भैंसें जीवित जल गईं । प्रतिक्रिया स्वरूप दूसरे धड़े वालों ने आग लगाने वाले धड़े के व्यक्ति के बरामदे को आग लगा दी ।

गलत ढंग से बाढ़-सहायता लेने वालों को चेतावनी

होशियारपुर, 23 दिसम्बर (अश्विनी): जिलाधीश श्री जी.एस. संधू ने आज यहां बताया कि दसूहा उपमंडल में जिन लोगों ने बिना कोई नुक्सान हुए झूठे क्लेम दाखिल करके बाढ़.-सहायता प्राप्त कर ली थी, उनसे वापस लेने का काम शुरू कर दिया

Punjab Archive

मोगा के निकट आतंकवादियों द्वारा 7 बस यात्रियों का अपहरण

गोराया में आकाशवाणी ट्रांसमीटर का होमगार्ड स्टेनगन लेकर फरार

अकाली दल (ल) के नेता सहित 2 की हत्या

चंडीगढ़, 25 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक बस के 7 यात्रियों का अपहरण कर लिया जबकि अकाली दल (ल) के एक नेता सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । आकाशवाणी के गोराया स्थित ट्रांसमिटर का एक होम गार्ड अपने इंचार्ज की स्टेनगन लेकर फरार हो गया । अबोहर के निकट एक बस के यात्री बाल-बाल बच गए । कुछ स्थानों पर वाहन छीनने की घटनाएं हुई ।

7 बस यात्रियों का अपहरण : मोगा (ह.स.): आतंकवादियों ने आज सुबह मोगा के पास पंजाब रोडवेज की एक बस से एक ही समुदाय के 7 यात्रियों का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों की संख्या चार थी और वे चंडीगढ़ जाने वाली इस रोडवेज़ बस में पट्टी से चढ़े थे । जब बस मोगा के बाहरी क्षेत्र में मक्खू क्रासिंग पर पहुंची तो उन्होंने 7 यात्रियों को बस से उतरने को कहा ।

पुलिस के अनुसार सशस्त्र अपहरणकर्त्ताओं के पास चीनी ए.के. 47 राईफल भी थी । उन्होंने ड्राईवर को तेजी से बस मोगा की ओर ले जाने को कहा । ड्राईवर ने मोगा बस स्टाप पर पहुंचने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई । सभी अपहृत व्यक्ति सिख हैं । अपहरणकर्त्ता बाद में इन्हें मंड ले गये । पुलिस अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन काफी खोजबीन करने के बाद भी अपहरणकर्त्ता हाथ नहीं लगे और न कहीं अपहृत यात्री दिखाई दिए । यह घटना आज सुबह 8 बजे हुई थी ।

पिछले पंद्रह दिनों में मोगा के पास इस प्रकार की यह दूसरी घटना है । इससे पूर्व मोगा के पास एक आतंकवादी ने पट्टी-दिल्ली रूट पर पंजाब रोडवेज़ बस का अपहरण कर लिया था और एक ही समुदाय के लोगों को बस से उतरने को कहा था । जब बस लुधियाना बस स्टैंड के पास पहुंची तो अपहरणकर्त्ता भाग गया था ।

विवरण : मक्खू से मलिक और लूना की सूचना है कि पंजाब रोडवेज की बस पी.जे.बी. 4332 पट्टी से 6 बज कर 15 मिनट पर रवाना हुई । इसमें 15 व्यक्ति सवार थे जिनमें स्त्रियां भी थे । चार आतंकवादियों ने यहां से 2 किलोमीटर दूर ड्राइवर को बस रोकने के लिए कहा । इसके बाद उन्होंने एक ही समुदाय के 7 व्यक्तियों को नीचे उतारा व उनका अपहरण करके अज्ञात स्थान को ले गए । अपहृत लोगों में मक्खू के 6 दुकानदार तथा एक पट्टी का निवासी है । उनके नाम हैं : दर्शन कुमार (40), जगदीश कुमार (25), विजय कुमार (28), तरसेम लाल (45), हंसराज (30), ओम प्रकाश (35), सभी मक्खू के । पट्टी के अपहृत व्यक्ति का नाम यशपाल है । उसकी मां भी बस में सवार थी । उसने आतंकवादियों की बहुत मिन्नत-समानत की लेकिन आतंकवादियों ने एक न सुनी । जाती बार उन्होंने ड्राईवर और कंडक्टर को धमकी दी कि वे बस को सीधे मोगा ले जाएं व इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताएं अन्यथा उनका हश्र बहुत बुरा होगा । हम भी तुम्हारे पीछे आ रहे हैं ।

पंजाब के आईजी (बार्डर) श्री सी. पाल सिंह, फिरोज़पुर के पुलिस चीफ अनिल कौशिक, तरनतारन के पुलिस चीफ, पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल व अन्य अधिकारी मौका पर पहुंच गए तथा सुरक्षा बलों की कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं । सारे मंड क्षेत्र को घेर लिया गया है । मक्खू के दुकानदार हर रविवार को माल खरीदने के लिए हरियाणा जाते हैं । उनके घर वालों ने बताया कि इन दुकानदारों के पास काफी रुपये थे ।

फिरोजपुर से कंतोड़, लूना व मलिक के अनुसार मंड क्षेत्र में आज पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल पहुंचे तो मक्खू के लोग अपनी वीरता का सबूत देते हुए मंड में पहुंचे । लोग जब वहां पहुंचे तो पुलिस उस समय अपनी घेराबंदी समाप्त कर वापस लौट रही थी । लोगों को पुलिस ने जब रोका तो लोगों ने कहा कि हम अपने भाई और रिश्तेदारों की तलाश में जा रहे हैं । इस पर पुलिस ने कहा कि अब अंधेरा हो चुका है और अज्ञात व्यक्ति अपहृत व्यक्तियों को नौका में बिठा कर मंड के दूसरे पार ले गए हैं । पुलिस ने बताया कि जब अपहरणकर्त्ताओं ने देखा कि पुलिस पहुंच चुकी है तथा मंड एरिया में ऑपरेशन' कर रही है तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस ने भी काफी देर तक फायरिंग की लेकिन आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए । यह भी पता चला है कि आतंकवादियों द्वारा मक्खू में सात लोगों का अपहरण करने के बाद उन्होंने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से हवाई फायरिंग भी की । मक्खू कस्बे में शोक व्याप्त है तथा लोगों ने खाना भी नहीं बनाया ।

अकाली नेता की हत्या : फिरोज़पुर (वार्ता): चार आतंकवादियों ने आज दोपहर फिरोज़पुर जिले के मल्लांवाला गांव में अकाली दल (ल) के नेता जत्थेदार फौजा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वारदात के समय जत्थेदार फौजा सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे । जत्थेदार फौजा सिंह गत वर्ष आतंकवादियों के हमले से बच गए थे लेकिन तब उनका लड़का मारा गया था ।

आतंकवादियों ने बस रोकी : अबोहर (राज): पंजाब रोडवेज़ की एक बस को जोकि चंडीगढ़ से अबोहर आ रही थी, शनिवार को सायं 7 बजे तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने मलोट-अबोहर रोड पर कबरवाला गांव के पास रोक लिया तथा एक स्टेनगनधारी ने बस के चालक को खिड़की खोलने के लिए कहा लेकिन ड्राइवर ने उत्तर दिया कि खिड़की खराब है, तुम पीछे की खिड़की से आ जाओ । जब संदिग्ध आतंकवादी पिछली खिड़की की ओर जाने लगे तो चालक ने एक्सीलेटर दबा दिया तथा बस को आगे भगा ले गया । बस में केवल 8 यात्री थे तथा यह 45 मिनट लेट चल रही थी । इस तरह एक संभावित दुर्घटना टल गया ।

न्यायिक हिरासत में : पटियाला (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के आतंकवादी भूपिंदरपाल सिंह जिसे दिल्ली पुलिस से यहां लाया गया था, का 21 जनवरी तक न्यायिक रिमांड दिया गया है । उसे नाभा जेल में भेजा गया है ।

वैन छीनी : तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने कल बाद दोपहर भटिंडा के एक व्यक्ति सतपाल से मारुति वैन पी.ए.डब्ल्यू. 3334 छीन ली । यह वारदात राजपुरा-चंडीगढ़ रोड पर छतबीड़ के निकट हुई । बनूड़ पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

लड़की की हत्या : अमृतसर जिला के तुंग ब्यास में गत रात दो आतंकवादियों ने पिंकी नामक लड़की की हत्या कर दी और उसकी माता जसबीर कौर को घायल कर दिया । ए.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादी, हरजिन्दर पाल की दुकान पर गये और उनसे अपने साथ चलने को कहा । आतंकवादी उस समय निश्चित हो गये जब हरजिन्दर पाल अपनी दुकान के शटर गिरा कर उनके साथ चलने को राजी हो गया ।

स्थिति का लाभ उठाते हुए हरजिन्दर पाल ने भागना शुरू कर दिया, परन्तु आतंकवादियों ने गोली चला दी जिससे जसबीर कौर तथा पिंकी घायल हो गईं, जो अपने घर जा रही थीं । हरजिन्दर पाल तो भाग निकलने में सफल हो गया परन्तु घायल हुई पिंकी ने बाद में दम तोड़ दिया ।

स्टेनगन लेकर फरार : एक अन्य घटना में जालंधर जिला में गोराया आकाशवाणी ट्रांसमीटर केंद्र में पहरे पर तैनात एक होमगार्ड का एक जवान ड्यूटी इंचार्ज की स्टेनगन लेकर फरार हो गया । जवान का नाम सतनाम सिंह बताया गया है ।

गोली मार कर घायल किया : बटाला से 'कोछड' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव तलवंडी भरथ में दो अज्ञात सशस्त्र लोगों ने एक घर में घुस कर फायरिंग करके एक व्यक्ति महिन्दर सिंह को घायल कर दिया । घायल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में भर्ती कराया गया है । पुलिस व सुरक्षा बल सक्रियता से दोषियों की खोजबीन कर रहे हैं । उल्लेखनीय है कि गत कुछ दिनों से इस क्षेत्र में कुछ लुटेरे सरगर्म हैं और पिछले तीन दिनों में कई लूटमार की वारदातें हो चुकी हैं ।

ए.के. 47 राइफल बरामद : एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने गांव कुहाली के एक संदिग्ध आतंकवादी गुरदेव सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफल व 10 कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है ।

13 गिरफ्तार : श्री शर्मा ने कहा कि इसी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भाजपा 'संघ' से सम्बन्ध नहीं तोड़ेगी : जोशी

गौतमबुद्ध नगर (गया), 25 दिसम्बर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के महासचिव मुरली मनोहर जोशी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ पार्टी के सम्बन्ध तोड़ने की सम्भावना से इन्कार किया है । जोशी ने आज यहां सम्वाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ हमारे भावनात्मक सम्बन्ध हैं और इन्हें तोड़ना कठिन होगा ।

फिल्म अभिनेत्री शालिनी ढिल्लों द्वारा 'पंजाब केसरी' के पाठकों के लिए मोहक मुद्राओं में उचवाए गए कुछ चित्र । (छाया : नर्वदा)

Punjab Gazette

बस यात्रियों का अपहरण

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रकार थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में 13 संदिग्ध लोगों शिव सिंह, सरूप सिंह, पाला सिंह, अजीत सिंह व इसके बेटे बलवन्त सिंह, चनन सिंह, पूर्ण सिंह, अजायब सिंह, दीवान सिंह, सुरजन सिंह, दलबीर सिंह, हरबंस और निर्मल सिंह को गिरफ्तार करके इनसे दो पिस्तौल व 14 कारतूस बरामद किये हैं ।

पुलिस ने गुरदासपुर जिला में छह आतंकवादियों को बंदी बना कर उनसे एक ए.के. 47 राइफल, तीन पिस्तौलें और कुछ गोली-बारूद बरामद किया । बंदी बनाए गये आतंकवादियों के नाम गुरदेव सिंह, चंचल सिंह, रणजीत सिंह, लखबीर सिंह, सतनाम सिंह और दलबिन्दर सिंह बताये गये हैं ।

स्कूटर छीना : लुधियाना—गत रात लगभग 9 बजे मिल्लरगंज के निकट दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर राजेश कुमार से उसका स्कूटर व पी.सी.एफ. 3244 छीन लिया ।

मोटर साइकल छीना : होशियारपुर : कल सायं लगभग 8 बजे दो सशस्त्र उग्रवादियों ने महल्ला जगतपुरा में एक बैंक कर्मचारी से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल छीन लिया ।



बरनाला सिख पंथ में शामिल

(पृष्ठ 3 का शेष)

निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे बूचड़ों के विरुद्ध अकाल तख्त से हुकमनामा जारी किए जाने की सम्भावना से इंकार किया । उन्होंने कहा कि हुकमनामा केवल सिखों पर लागू होता है और निर्दोषों की हत्या करने वाले सिख नहीं । उन्होंने कहा कि अकाल तख्त ने सदा पंजाब में रक्तपात की निन्दा की है ।

प्रोफैसर दर्शन सिंह ने कहा कि कुछ 'एजैंसियां' पंजाबियों की हत्याएं करा रही हैं । उन्होंने कहा कि जो लोग इन हत्याओं के विरुद्ध अकाल तख्त से हुकमनामा जारी किए जाने की मांग कर रहे हैं, वे 'हत्याओं के नाम पर' सिखों की बदनामी कर रहे हैं ।

बेकरी वालों पर बिक्री-कर नहीं

अमृतसर, 25 दिसम्बर (कपूर): श्री अमृत लाल जैन महामंत्री पंजाब प्रदेश व्यापार मण्डल और श्री हरिवंश लाल गुप्ता प्रधान अमृतसर व्यापार मण्डल ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश व्यापार मण्डल को पंजाब के विभिन्न नगरों से समाचार मिले हैं कि बेकरी डीलरों में इस बात को लेकर घबराहट पाई जाती है कि पंजाब में बेकरी वालों पर बिक्री कर लगाया गया है, परन्तु यह ठीक नहीं है । उन्होंने कहा है कि बेकरी का धंधा करने वालों पर बिक्री कर नहीं लगाया गया । इसलिए इन व्यापारी नेताओं ने बेकरी वालों से अनुरोध किया है कि वह बिल्कुल घबराएं नहीं । पंजाब सरकार द्वारा जारी किया गया दो दिसम्बर को नोटिफिकेशन इस पर लागू नहीं होता ।

Punjabi Sarlatani

THE UNIQUE FIRST CHOICE FOR UNIQUE SUCCESS
MBD New Style QUESTION BANK
Available on All Subjects
for 8th, 9th, 10th, 11th & 12th Classes.
BASED ON NEW STYLE RECENTLY ISSUED BY THE HARYANA BOARD
* FIRM GRIP OVER THE SUBJECT MATTER
* REALISTIC APPROACH TO SYLLABUS AND STYLE
* GUARANTEE OF HIGH AND DESIRED RESULTS IN A SHORT SPAN OF TIME
A MUST FOR EVERY STUDENT
Available with your Local Book-Sellers

CITY EDITION

THE TRIBUNE

Regd. No. PB/CH-1

108TH YEAR OF PUBLICATION

Chandigarh : Monday, December 26, 1988

Vol. 108 No. 357

Pages: 16 Rs 1.20

GS INTERNATIONAL
AUTO PARTS

Mr Darshan Singh removes the small blackboard from the neck of Mr Surjit Singh Barnala exonerating him at Akal Takht on Sunday. – Tribune photo by Karam Singh.

Barnala exonerated, sets terms for unity

From Our Staff Correspondent

AMRITSAR, Dec 25 – Mr Surjit Singh Barnala was today exonerated and readmitted to the Sikh Panth when he presented himself at Akal Takht on the completion of the "tankha" (religious punishment) awarded to him on December 5.

He was excommunicated in February last year for defying an Akal Takht directive asking all Akali leaders to resign following a unity move initiated by Mr Darshan Singh, Jathedar of Akal Takht.

During the past 20 days, Mr Barnala had performed and listened to "akhand path", cleaned shoes and utensils of devotees, and sweeped the floors of gurdwaras.

Accompanied by his wife, Surjit Kaur, and son, Gaganjeet Singh, Mr Barnala entered the Golden Temple "parkarma" shortly before 1 p.m. He was followed by a small crowd of his supporters. His former ministerial colleagues and party MLAs were also present. He wore a white "kurta pyjama" and wrapped himself in a white shawl. A tight security ring was formed around him.

As per the "tankha", Mr Barnala offered "prasad" of Rs 1,100 each at Harmandar Sahib and Akal Takht and also offered Rs 1,100 each for the "golak" (cash box) at the two shrines.

It was an unusually large Sunday crowd inside the parkarma when Mr Barnala arrived. A number of devotees watched the exoneration proceedings.

Mr Darshan Singh, who addressed the congregation, hit out at those who had criticised the action taken against Mr Barnala by the head priests.

He said those who had tried to prevent Mr Barnala from appearing at Akal Takht or criticised the priests' decision were interfering in the Sikh affairs.

Akal Takht, he said, was the only court where an "accused" or a guilty person appeared in response to his own "voice of conscience" unlike ordinary courts where the accused persons were brought in handcuffs. Again, it was only at Akal Takht that the priests were in direct contact with the accused person and asked him if he accepted the punishment awarded to him. This did not happen elsewhere.

Mr Darshan Singh also mentioned the oft-repeated demand for issuing a "hukamnama" (edict) against "innocent killings". He said those who made such a demand forgot that Akal Takht's decisions were for the Sikhs alone. "Without any basis Akal Takht cannot hold the Sikh community responsible for the innocent killings," which in his view were being perpetrated by someone else. "Hukamnamas are for the Sikhs who accepted them with humility. Those who made such demands wanted to weaken Akal Takht.

Mr Darshan Singh's announcement about the exoneration of the former Chief Minister was greeted with shouts of "Bole So Nihal".

Later, talking to newsmen at the Circuit House, a beaming Mr Barnala said: "I feel sublime".

Answering questions on his next political step and chances of Akali unity, Mr Barnala said the major difference in bringing about unity now would be that "we will have open discussions and meetings with others. Earlier, we met secretly for obvious reasons. My own excommunication was an obstacle."

Mr Barnala maintained that his knowledge was that persons like Mr Simranjit Singh Mann, Mr Jagdev Singh Talwandi, Mr Jasbir Singh Rode and Baba Joginder Singh also "desired" unity, which, however, had to be the unity of "like-minded" people. The present set-up was "heterogeneous" where one had to deal with a terrorist also.

The whole trouble which resulted in the formation of different factions in the Akali Dal started with personality clash.

Mr Barnala demanded the release of all "innocent and political persons who were detained in different jails in the country."

Referring to the principles on which unity could be achieved, Mr Barnala said those who wanted unity should believe in democracy, adhere to the concept of non-violence and work for the rights of the Sikhs and Punjab". Unity had to be on some policy programme like the Anandpur Sahib resolution.

He reiterated that the Rajiv-Longowal accord was still "relevant".

In reply to a question, he said: "If there has to be an agreement between the Government and the terrorists which achieved more than what the accord has done, we will accept that agreement".

Asked if the terrorist groups also mattered in achieving unity, Mr Barnala said: "Let them first tear off their hit lists which had names of all Akali leaders.

India, Pak may sign accords

ISLAMABAD, Dec 25 (PTI) – The India-Pakistan talks on exploring immediate possibilities of giving new substance to bilateral relations are expected to run almost parallel to the three-day fourth SAARC summit commencing here on December 29.

Seven Heads of State and Government will travel 4 km on December 30 to their retreat to Daman-e-Koh, a tourist resort nestled in the Margala hills of Islamabad.

This will enable the hosts to squeeze more time and arrange for bilateral talks virtually on all three days of Prime Minister Rajiv Gandhi's stay in the Pakistan Capital.

The summit will be formally inaugurated on the evening of December 29 within hours of the arrival of dignitaries from Bangladesh, Bhutan, India, the Maldives, Nepal and Sri Lanka.

Mr Gandhi, accompanied by his wife, Sonia will reach here shortly before noon on Thursday.

The External Affairs Minister, Mr P.V. Narasimha Rao, accompanied by the Minister of State, Mr Natwar Singh, and the Information Secretary, Mr Gopi Arora, are scheduled to arrive on the morning of December 27.

The two-day sixth session of the Council of Foreign Ministers of SAARC member-States will start the same afternoon to formalise the agenda and the Islamabad declaration to be taken up at the summit level.

The Foreign Ministers' meeting will be preceded by a two-day session of the Foreign Secretaries of seven member-States.

Press reports here suggest that Mr Gandhi and Ms Benazir Bhutto, Prime Minister of the host country, will have their first-ever meeting for bilateral talks shortly after the formal inauguration of the summit.

Officials were non-committal about the possibility of some bilateral agreements being signed during Mr Gandhi's stay here.

They, however, point out that a draft on barring attacks on each other's nuclear installations is more or less ready. A cultural agreement, initialled three years ago, as well as an agreement on avoidance of double taxation are ready for formalisation.

The contentious Kashmir issue and the Siachen Glacier problem are expected to figure during the talks.

The handling of Mr Gandhi's visit to Pakistan, the first by an Indian Prime Minister in 28 years, will be a key aspect of Ms Bhutto's debut in diplomacy.

Ms Bhutto, the youngest Prime Minister in the World, will assume the responsibilities of the Chairperson of SAARC at the inaugural ceremony.

During their talks Mr Gandhi and Ms Bhutto are likely to agree to maintain peace on the border pending solution of all outstanding issues as per the Simla Agreement.

The Simla Agreement, signed by Mrs Indira Gandhi and Mr Zulfiqar Ali Bhutto, clearly states that all outstanding issues will be resolved by peaceful means, through bilateral negotiations or by other peaceful ways mutually agreed upon.

The two leaders are expected to discuss at length the question of stepping up bilateral trade and increasing people-to-people contacts. At present, the two-way trade turnover is less than Rs 60 crore per annum.

Mr Gandhi's letter to Ms Bhutto on her assumption of office as Prime Minister was well received here.

According to local media reports, Mr Gandhi's message has given a "clear signal that India is

Continued on page 16 col 4

6 bus passengers kidnapped

CHANDIGARH, Dec 25 (UNI) – Terrorists gunned down an Akali Dal (L) leader and kidnapped six bus passengers in Punjab today.

Four terrorists, armed with AK-47 rifles, shot dead Jathedar Fauja Singh while he was working in his fields at Mallanwala village in Ferozepore district this afternoon. The jathedar had escaped an attempt on his life by terrorists last year, but his son had died in the attack then.

Four gun-wielding terrorists stopped a Chandigarh-bound bus from Patti in Amritsar district near Makhu in Ferozepore district this morning and forced six passengers of a particular community to come out. The terrorists escaped along with the passengers towards the adjoining mand area.

AMRITSAR (FOC): Additional reinforcements of the CRPF and the BSF moved into the mand area falling in Amritsar and Ferozepore districts on Sunday evening to trace the kidnapped bus passengers.

According to a CRPF official, 12 companies of the CRPF have been rushed to the wild terrain of the mand falling between the Sutlej and Beas rivers in the Harike area.

The mand area falling in Ferozepore district is being searched by the police assisted by seven BSF companies. Security personnel went to the interior of the mand on motor-boats.

Combing was conducted on foot only, said the CRPF official. The search continued at night with the help of night flares and night vision devices.

Senior police and paramilitary officials supervised the search operation, which was continuing when last reports came in at the CRPF control room here.

Working on the theory that terrorists could be hiding in villages on the fringe of the mand, security personnel were carrying house-to-house search in 20-odd villages on the river side in the two districts.

According to PTI, the four terrorists boarded the bus at Patti. When it stopped at the Makhu crossing, they asked six passengers to alight.

The terrorists, armed with AK-47 rifles, then asked the driver to speed away the bus to Moga. The driver lodged a report with the authorities at the Moga bus stand.

The six passengers were all men. The incident took place at about 8 a.m.

This is the second incident involving a bus originating from Patti in a fortnight. Earlier, a youth had hijacked a Patti-Delhi Punjab Roadways bus near Moga.

Two terrorists shot dead Pinki and injured her mother, Jasbir Kaur, at Tung Beas in Majitha police district last night.

The terrorists first went to the shop of Harjinder Pal and asked him to accompany them.

Taking advantage of the situation, Harjinder Pal ran away and terrorists opened fire, injuring Pinki and Jasbir Kaur. Pinki died later.

PM's visit postponed

From Our Staff Correspondent

FATEHGARH SAHIB, Dec 25 – The proposed visit of Mr Rajiv Gandhi to lay the foundation stone of the Longowal Institute of Engineering at Longowal on January 2 has been postponed.

This was disclosed by the Financial Commissioner (homes), Mr S. L. Kapoor, while talking to newsmen here today.

According to official sources, Mr Gandhi will visit Longowal by the end of February.

Heavy snowfall in Shimla

From Our Staff Correspondent

SHIMLA, Dec 25 – After an interval of four years Shimla had white Christmas this year. Shimla and the surrounding areas had first snowfall of the season today though certain higher reaches of the district and Kufri and Phagu tourist resorts had snowfall last week also.

The entire town is covered with thick white sheet. It started snowing in the early hours of today and by afternoon the town had over 10 to 15 cm of snow. The higher areas of the district had 20 to 30 cm of snow.

Hundreds of tourists who had started arriving here since last evening enjoyed the sight of snowfall.

The traffic to the upper Shimla district has been suspended following the heavy snowfall. No bus left for the interior of the district.

Meanwhile, reports of heavy snowfall have also been received at the State headquarters from the tribal areas of the State. The entire Spiti valley has been experiencing heavy snowfall for the last four days. According to official report 60 cm snowfall was recorded at Kaza last evening.

Snowfall started at about 3 a.m. and continued till 3 p.m. in the higher areas of the town while in the lower parts of the town it snowed till 12 noon.

The local wisemen had anticipated a happy Christmas with snow this time, and the people got up this morning to find the town milk white. The telephone system has been letting the people down for the past four days.

Certain interior parts of the district remained without newspapers today Even at Shimla distribution of the newspapers was delayed. Today being Sunday and also Christmas day the snow clearance operations were not carried out.

It is after some years that winter tourists have come in such a large number to Shimla and the adjoining places of tourist attraction.

When the sun emerged, youth and children came out and exchanged snowballs, made statues of snow, and children sledged down slopes. Monkeys appeared in groups on snow to warm themselves.

CHANDIGARH (UNI): The Kashmir valley and several parts in Himachal Pradesh had fresh snowfall as sharp showers, accompanied by thunders and lightning lashed lower hills and plains in northern India during the past 24 hours.

The Indian Airlines flight to Srinagar from Delhi via Chandigarh and additional flight for Leh, from here was cancelled because of bad weather, Airlines sources said.

The Vayudoot's Avro flight on the Delhi-Chandigarh-Kulu route could not operate for the fourth day owing to bad weather in the Kulu valley.

The weather office here has issued a warning of heavy rain or snow at certain places in Himachal Pradesh during the next 48 hours.

The week-end weather turned out to be the foulest of the season in the wake of snow and rain as icy-winds blew across the region during the day.

Suicide by three sisters suspected

JEYPORE, Dec 25 (UNI) – The recovery of the body of one of the three missing sisters of a local family downstream the Kolab river yesterday has led to widespread speculation of a mass suicide on the lines of the Kanpur and Palghat cases.

The body of Sephali (18), who along with her sisters, has been missing since Tuesday, was found floating in the river at Kundra, 42 km from here. It has been sent for a post-mortem examination.

However, the police could find no trace of the other two sisters, Swapna (20) and Sangeeta (22). While Sangeeta was studying in a college, Sephali and Swapna were school students.

The police said the three sisters might have ended their lives by jumping into the Sati river, a tributary of the Kolab, after a petty quarrel at home on Tuesday night.

It ruled out their father facing any difficulty about their marriages. He had been well off since he left government job to look after his landed property.

3 die as police fires at unruly crowds

From Our Staff Correspondent

ROHTAK, Dec 25 – Three persons were killed when the police opened fire to disperse an unruly crowd at Charkhi Dadri, 50 km from here today.

Two of the dead persons have been identified as Parveen Kumar (Dadri) and Nathu Ram (Badhra).

A 20,000-strong growd turned out to witness a "ragni" competition organised at the CCI grounds which has a capacity of 10,000 only. Unable to see the competitors, a section of the crowd became restive and threw stones and brickbats towards the dias.

The Development Minister, Mr Hukam Singh, and the Chief Parliamentary Secretary, Mr Dhirpal Singh, were the chief guests at the function.

The police fired in the air to disperse the crowd but when the situation went out of control, it fired direct, according to information reaching here.

The irate crowd, mostly belonging to the villages around Dadri, allegedly set a Maruti vehicle, a scooter and a moped on fire.

The Deputy Commissioner and the Superintendent of Police, Bhiwani, have reached Dadri. Police reinforcements have been requisitioned from the neighbouring districts to help maintain law and order.

CHANDIGARH (FTTB): The situation in Charki Dadri continues to be tense but under control. A spokesman of the Haryana police said here on Sunday that when the lathi charge and teargas failed to have any effect on the unexpected large crowd, the police resorted to firing in which 15 persons were injured.

Three of them succumbed to their injuries on the way to hospital. Two injured persons were admitted to Bhiwani hospital, seven to Dadri hospital and three to Medical College, Rohtak.

Judicial custody for Atinder Pal Singh

PATIALA, Dec 25 (PTI) – Atinder Pal Singh, "President of the Khalistan Liberation Organisation", who was arrested by the Delhi police recently and brought to Patiala in connection with certain terrorist crimes was remanded in judicial custody till January 21 by the District and Sessions Judge.

Atinder Pal Singh had been sent to district jail, Nabha.

CHANDIGARH WEATHER

The maximum temperature on Sunday was 16.3°C (61.3°F) and the minimum 11°C (51.8°F).

The maximum relative humidity was 100 per cent and the minimum 70 per cent.

The sun will set on Monday at 5.29 and rise on Tuesday at 7.19.

OUTLOOK FOR MONDAY: Partly cloudy sky with thundry development likely towards afternoon/evening. Fall in the night temperature.

China too for mending fences

by V.N. Narayanan

CAN improved Sino-Indian relations be achieved without a border settlement? If so, what will be the scope and extent of such relations?

Contrariwise, should improved relations remain hostage to the border issue?

Two very ticklish questions that Mr Rajiv Gandhi had to face without ducking or fending off with the evasive "it is too early to tell" during his visit. Together they encompass the national and international aspects of India's China policy. In our words, this country has a problem with China to be sorted out between Mr Rajiv Gandhi and Mr Deng, Mr Zhao and Mr Li Peng. And it also has a problem about China to be sorted out within the country. The first can envisage better bilateral relations and a freeze of the border question (China's stand so far) while the second stands on a border settlement as the basis for development of relations (India's official and public attitude until the visit).

Mr Rajiv Gandhi understands the first and is keen to move forward. He does not seem to grasp the second – Indian inhibitions on China's motives, designs, policy twists and global priorities.

In the course of his Qinghua University address, the Prime Minister said: "I have grown in a world which has not benefited but only been disadvantaged by estrangement between China and India. I have come to office with the basic conviction that, between ourselves, we must make a new beginning... I am heartened that we are both prepared not to be mired in the past... but to explore new paths of benefit to each other and benefit to the world."

In the perspective which sees relations with China from a global overview, disputes, even major ones with emotive power of explosive potential, become secondary to mutual understanding and cooperation. The recent visit to China becomes fruitful even though the Chinese have not yielded any ground anywhere from their known positions – no commitment on the line of actual control, re-emphasis on Tibet, no concession on Sector-wise settlements. On the other hand, India has resiled from its position of holding border accord as a starting point for improvement in relations and a reference to Tibet in the joint communique.

And yet it is an advance because both India and China realise the need, for working with each other – 1.88 billion people – to make the weight of the developing world felt on the Super Powers. Mr Rajiv Gandhi further acknowledges the fact that China is poised to become a strong, self-reliant and extremely important global power by 2000 AD. Paul Kennedy in his famous book "The Rise and Fall of Super Powers" mentions Japan and China as the rising powers of the 21st century (the USA and the Soviet Union are described as the declining powers). What's more, a negative and tension-filled relationship with China will confine India to the somewhat sterile confines of South Asia and SAARC. There is also the need to dilute the Sino-Pak factor in the affairs of the subcontinent.

China too realises the need to mend fences with India. It knows India is far better equipped today to take on both Pakistan and China in a military conflict. Beijing is aware that a Sino-Soviet thaw is not to be relied upon for keeping up tensions along the Indian border.

And then there is Tibet – with the potential to become a hot potato in the hands of China

(To be concluded)

Other pages

* The second biggest town of Himachal Pradesh has remained neglected, Kishori Lal explains in Other side of Mandi ---------- page 3
* An explosion may have caused the Pan Am Boeing-747 disaster, observes Mr Justice B.N. Kirpal, who probed the "Kanishka" crash ---------- page 5
* MONDAY MONTAGE: Drama review plus other pieces on art, culture ---------- page 7
* Terrorist victim waits for job: Our readers complain page 11
* Star-studded fun-filled programmes for TV viewers on New Year's Eve ---------- page 13
* Defending champions JCT Mills fail to enter final of the Durand Cup Football Tournament ---------- page 14
* Tips for advance tax-payers ---------- page 15
* Unity chances brighten an interpretative report by Shyam Khosla ---------- page 16

KRISONS
VCR • & • VCP
TODAY'S STAR PERFORMERS

Authorised Dealers: CHANDIGARH: ★ MELODY HOUSE, SCO 93/1, Sector 17-D, Ph: 20455; ★ MUSICO, SCO 2446, Sector 22-C, Ph: 44751; ★ SURINDRA RADIOS PVT. LTD., SCO 1128, Sector 22-B, Ph: 24555; ★ PINKY RADIOS, SCO 369, Sector 35-B, Ph: 31443; AMRITSAR: ★ SANYO ELECTRONICS, Hall Bazar, Ph: 46976; JALANDHAR: ★ JANKI SONS, G.T. Road, Ph: 74159; SAHNI RADIOS, G.T. Road; HOSHIARPUR: ★ GOGIA ELECTRONICS, Kotwali Bazar, Ph: 3727, 2727; LUDHIANA: ★ MAINI SALES CORPORATION, Opp. Mini Secretariat, Ferozepur Road, Ph: 24014; BEDI TELE-SHOP, Gill Road, Miller Ganj, Ph: 39363; ★ GLOBE ELECTRONICS, Kamran Bazar, Ph: 33134; ★ KUMAR RADIOS, Chaura Bazar, Ph: 21425; ★ TAQELA MUSICAL-N-ELECTRICALS, Model Town Market, Ph: 50230; PATIALA: ★ LIFE ELECTRONICS, Dharampura Bazar, Ph: 73962; BATHINDA: ★ ANEJA ELECTRONICS, Post Office Bazar, Ph: 3153; BARNALA: ★ RAJNEESH ELECTRONICS, Sadar Bazar, Ph: 745; MOGA: ★ GOYAL & GOYAL, Court Road, Ph: 3335; AMBALA CANTT: ★ ASHOKA CORPORATION, Rai Market, Ph: 22380; KURUKSHETRA: ★ UNIQUE RADIOS, Krishna Gate, Thanesar, Ph: 556 P.P.; KARNAL: ★ RABINDRA ELECTRONICS, Opp. Randhir Cinema, Kunjpura Road, Ph: 3097; SHIMLA: ★ TELEVISION SERVICE COMPANY, 31/1, The Mall, Ph: 2071, 77756.

बस में से अपहृत पांच यात्रियों की लाशें मिलीं : दो गम्भीर रूप से घायल

मंड क्षेत्र में हत्यारों व सुरक्षा बलों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ जारी

पंजाब में अन्यत्र 4 की हत्या, उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब रोडवेज की बस से कल अपहृत पांच यात्रियों की हत्या कर दी गई जबकि दो अन्य को घायल कर दिया गया । आतंकवादियों ने एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक कट्टर उग्रवादी ने पुलिस के घेरे में आ जाने के बाद आत्म हत्या कर ली । खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू एरिया कमांडर सहित कई आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । मक्खू में आज भी हड़ताल रही तथा क्रुद्ध जनता ने थाने का घेराव किया । बस यात्रियों के हत्यारों के साथ मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों की जबरदस्त मुठभेड़ चल रही बताई जाती है ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या : संगरूर से 'पंजाब' के अनुसार आज एक खतरनाक आतंकवादी बग्गा सिंह वासी सहना ने पुलिस द्वारा घिर जाने पर अपने आपको गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस को पता चला था कि एक खतरनाक आतंकवादी गांव बालो के निकट से गुजर रहा है । जिस समय पुलिस ने इस आतंकवादी को रुकने के लिए कहा तो वह दौड़ पड़ा । पुलिस पार्टी ने उसका पीछा किया तथा थाना भून के गांव रूटिया के निकट उसे घेर लिया । इसके पश्चात खेतों में आतंकवादी का पुलिस के साथ मुकाबला शुरू हो गया । जब उसने देखा कि वह पुलिस के घेरे में से निकल नहीं सकता तो उसने खुद को गोली मार ली ।

समालसर में हत्या : बाघापुराना से ज्ञान के अनुसार कल रात गांव समालसर में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति लछमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस के एक प्रैस नोट में कहा गया है कि हमलावर की पहचान हो गई है । उसका नाम बलबीर सिंह है । फरीदकोट से जिंदल के अनुसार पुलिस चीफ एस.के. शर्मा ने बताया कि यह आतंकवादी हिंसा का नहीं, व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है । लछमन सिंह ने हमलावर बलबीर सिंह की पत्नी से बलात्कार किया था ।

पति, पत्नी व बेटी की हत्या : (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के अन्तर्गत गांव सोढपुर में आज तड़के चार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त जूनियर इंजीनियर चरण सिंह (60), उसकी पत्नी महिन्द्र कौर (55) व उनकी बेटी बरिन्द्र कौर (22) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । जिला पुलिस अधीक्षक श्री गोबिन्दराम, एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा व बी.एस.एफ. अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात पत्रकारों को बताया कि आज तड़के चीनी असाल्ट राइफलों से लैस चार आतंकवादी मृतकों के घर आए और दरवाजा खुलवाकर धन की मांग की । तब तक चरण सिंह की पत्नी व लड़की भी उनके पास आ गए । उनके पैसे देने में असमर्थता प्रकट करने पर उन्होंने लड़की को पकड़ लिया और उससे बलात्कार की नीयत से बाहर ले जाने लगे तो उसकी मां व पिता ने प्रतिरोध किया और मोटी लकड़ी की लट्ठ उठाकर उनका मुकाबला करने लगे । इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके तीनों की हत्या कर दी । उस समय घर में उनके छोटे बेटे 15 वर्षीय गुरदेव सिंह ने एक कमरे में छुपकर जान बचाई जबकि दूसरा बेटा, जो बिजली बोर्ड में जूनियर इंजीनियर है, घर पर नहीं था ।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चरण सिंह का परिवार पूर्ण जाट सिख व अमृतधारी है और गांव में अच्छी जमींदारी के साथ-साथ इनके दो बेटे विदेश गए हुए हैं जबकि बेटी बरिन्द्र कौर, जिसकी आतंकवादियों ने हत्या की है, ने गत वर्ष ही बी.ए. की थी व अपने कालेज में प्रथम रही थी ।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के लखविंद्र सिंह लक्खा मल्लिकपुर, सुखविंद्र सिंह दियालगढ़, रणजीत सिंह राणा दियालगढ़ व कश्मीर सिंह उधोवाल के रूप में कर ली गई है और पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारियों के नेतृत्व में दस टीमें उनकी खोजबीन कर रही हैं । खोजी कुत्तों का दस्ता भी मंगाया गया है ।

दो शरणदाता गिरफ्तार : कादियां पुलिस ने गांव कोट टोडर मल के कुन्दन सिंह व बख्शीश सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

स्कूटर छीना :लुधियाना (महिंद्रा): कल दोपहर बाद दो उग्रवादियों ने जिला लुधियाना के निकट गांव बेलेवाल में एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.सी.एम. 7061 व 800 रुपए छीन लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

5 बस यात्रियों की हत्या : कल जिला फिरोजपुर में मक्खू क्रासिंग के निकट पट्टी-चंडीगढ़ बस से अपहृत सात बस यात्रियों में से पांच के गोलियों से छलनी शव आज सुरक्षा बलों ने बरामद किए जबकि दो गम्भीर रूप से घायल यात्रियों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है । मृतकों की पहचान विजय कुमार, ओम प्रकाश, जगदीश कुमार, हंसराज तथा तरसेम लाल के रूप में की गई है । घायलों के नाम यशपाल तथा दर्शन लाल हैं । सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शव मक्खू के मंड क्षेत्र में मिले हैं ।

थाने का घेराव : मक्खू से शेखर के अनुसार क्रुद्ध भीड़ ने आज प्रातः मक्खू थाने का घेराव किया जो कि बाद में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के आश्वासन पर खत्म किया गया । दो घंटे बाद पुलिस की ओर से पांच यात्रियों की हत्या की सूचना लोगों को दी गई । लोगों ने आध घंटे तक मक्खू स्टेशन फाटक के निकट धरना देकर रेल तथा जी.टी. रोड पर सड़क यातायात ठप्प कर दिया । शहर में कल की तरह आज भी पूर्ण हड़ताल रही ।

आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल प्रातः लगभग 8 बजे पट्टी से चंडीगढ़ आ रही पंजाब रोडवेज की बस में से इन यात्रियों का अपहरण कर लिया था तथा इन्हें मंड के क्षेत्र में ले गए थे । सुरक्षा बलों ने इन यात्रियों की खोज के लिए कल से ही जबरदस्त अभियान छेड़ रखा था । लाशें 32 घंटे बाद बरामद की गईं ।

एक अन्य समाचार के अनुसार सुरक्षा बलों की आज हत्यारों के साथ जबरदस्त मुठभेड़ चल रही थी ।

आतंकवादी गिरफ्तार : संघी ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि पुलिस ने आज दोपहर सैक्टर 17 में स्थित जनरल बस स्टैंड के निकट खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित एक आतंकवादी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से सम्बन्धित सामग्री बरामद की । एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह के अनुसार जिला पटियाला में स्थित जुलकां थाना के अधीन पड़ने वाले गांव मीरांपुर का रहने वाला यह कट्टर आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के पटियाला यूनिट का 'एरिया कमांडर' बना हुआ था । उन्होंने बताया कि उसके कब्जे से खालिस्तान का प्रचार करने के बारे में 15 कापियां बरामद की गई हैं । उन्होंने बताया कि इस कट्टर आतंकवादी ने यह स्वीकार किया कि उसके खालिस्तान कमांडो फोर्स के 'जनरल' कंवलजीत सिंह से निकट सम्बन्ध हैं और वह के.सी.एफ. की ओर से प्रैस का काम तथा उसका प्रचार करता रहा है । सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार करने के बाद स्थानीय पुलिस ने यहां के सैक्टर 30 के एक ब्लाक मेकर रोशन लाल को भी गिरफ्तार कर लिया जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से सम्बन्धित सामग्री के प्रकाशन में उसकी मदद कर रहा था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

थाना सदर बटाला के गांव सोढपुर में आतंकवादियों द्वारा कत्ल किए गए (1) चरन सिंह, (2) उसकी पत्नी महेन्द्र कौर और (3) बेटी बरिन्द्र कौर के शव । (छाया : कोछड़)

दक्षेस विदेशमंत्रियों क्षेत्रीय योजना'

इस्लामाबाद, 26 दिसम्बर : दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) के सभी सात राष्ट्रों के विदेश सचिवों ने आज अपने समग्र संसाधनों के दोहन द्वारा इनका उपयोग क्षेत्र में अपनी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए करने के सम्बन्ध में महत्वाकांक्षी दक्षेस 2000 क्षेत्रीय योजना का अनुमोदन कर दिया ।

इस अभिनव अवधारणा में विकास आयोजना में मानवीय पक्ष को रेखांकित किया गया है तथा लोगों की प्राथमिक स्वास्थ्य सम्बन्धी जरूरतों, जनसंख्या, साक्षरता और आवास सम्बन्धी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संबंधित प्रयास पर बल दिया गया है । दक्षेस प्रयास पर बल दिया गया है । दक्षेस की स्थायी समिति के ग्यारहवें सत्र में भाग लेते हुए विदेश सचिवों ने क्षेत्र में रियायती दरों पर यात्रा सुविधा तथा संचार प्रणाली के विकास द्वारा लोगों के बीच सम्पर्क सूत्र बढ़ाने के उपयोग पर विचार किया ।

सात विदेश मंत्रियों ने इस वर्ष क्षेत्र में प्राकृतिक

बस यात्रियों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सिंह ने बताया कि इस ब्लाक मेकर के कब्जे से खालिस्तान का प्रचार करने के लिए बनाए गए एक ब्लाक वस्कैच आदि भी बरामद कर लिए गए हैं । इन दोनों के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियां (निवारक) कानून की धारा 4 तथा 124 ए व 153 ए के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है ।

रेलवे स्टेशन से 1.20 लाख रु. लूट लिया : फगवाड़ा (खोसला): आज सायं सवा छः बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 2 पर उग्रवादियों ने दो व्यापारियों से 1.20 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए । बताया जाता है कि चार मोटर साइकिल सवार उग्रवादी स्टेशन पर खड़े 2 व्यापारियों के पास गए और पिस्तौल दिखा कर अंग्रेजी में कहा कि "मुझे बैग दे दो ।" बैग लेकर वे मोटर साइकिल पर फरार होने में सफल हो गए । दोनों व्यापारी अमृतसर से यहां उगराही के लिए आए थे और उगराही करके वापस अमृतसर जाने के लिए प्लेटफार्म पर डीलक्स ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे थे ।

12354 रुपए लूट लिए : जालंधर (ह.स.): आज सायं थाना नकोदर जिला जालंधर के गांव ढेरियां में एक सहकारी समिति से दो सशस्त्र उग्रवादियों ने 12354 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने लूट का माल लेकर भागने से पूर्व कैशियर को पिस्तौल दिखा कर बुरी तरह धमकाया था ।

Punjabi Samachar

बस-यात्रियों की अपहरण के बाद हत्या करने वाले गिरोह के सदस्य सहित 5 उग्रवादी मारे गए

पांडे, भगवान दास की हत्या में वांछित उग्रवादी ने पकड़े जाने पर आत्महत्या कर ली

पंजाब में अन्यत्र 3 की हत्या, 2 घायल चल बसे

चंडीगढ़, 27 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में [illegible] स्थानों पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ों [illegible] उग्रवादी मारे गए, जबकि बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर ने पुलिस के कब्जे में आ [illegible] पर आत्महत्या कर ली । एक उग्रवादी का [illegible] से छलनी शव भी बरामद हुआ है । सुरक्षा [illegible] को आज उस समय विशेष सफलता प्राप्त हुई, [illegible] उसके साथ हुई मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो [illegible] के निशान सिंह गिरोह, जो मक्खू बस यात्री [illegible] के लिए जिम्मेवार है, का एक उग्रवादी मारा [illegible] । अन्य वारदातों में उग्रवादियों ने एक डाक्टर [illegible] 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि [illegible]दियों द्वारा घायल तीन व्यक्ति अस्पताल में दम [illegible] गए । विशेष पुलिस चौकी के जवानों ने आतंकवादियों के हमले को पछाड़ दिया ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : लुधियाना (हस): उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा के स्वयं भू एरिया कमांडर जसविंदर सिंह उर्फ जस्सी ने कल रात माडल टाऊन लुधियाना में पुलिस के कब्जे में आ जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि जसविंदर सिंह बब्बर खालसा का एक स्तम्भ था और वह लुधियाना तथा भटिंडा जिलों के 'एरिया कमांडर' के रूप में कार्य कर रहा था । श्री गिल ने बताया कि जसविंदर सिंह का दो भूतपूर्व मंत्रियों श्री जोगेंद्र पाल पांडे, श्री भगवान दास, कई अन्य विशिष्ट व्यक्तियों व पुलिस कर्मियों की हत्या में हाथ था । उससे एक 455 बोर का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किये गये । श्री गिल के अनुसार जसविंदर सिंह पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था ।

आतंकवादी मारा गया : बटाला (कोछड़)- पुलिस जिला बटाला में पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर के अंतर्गत गांव चीमा खुड्डी के निकट गत रात बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गया । सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से हथियार व गोली सिक्का बरामद होने के साथ-साथ कुछ चले कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

शरणदाता गिरफ्तार : थाना कादियां पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव आलख के एक संदिग्ध जरनैल सिंह को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।

घायल दम तोड़ गया : बटाला पुलिस जिला के गांव तलवंडी भरथ में रविवार को आतंकवादियों के हमले में घायल महिन्द्र सिंह की गत रात गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर में मृत्यु हो गई ।

उग्रवादी का गोलियों से छलनी शव मिला : बटाला से रात्रि देर से प्राप्त एक सूचना में कहा गया है कि एक उग्रवादी बलविन्दर सिंह उर्फ भिंड का गोलियों से छलनी शव थाना सदर बटाला के गांव अकरपुरा के निकट पाया गया है । पुलिस को उसके शव के निकट से एक पत्र मिला है, जिससे संदेह होता है कि उसकी हत्या के पीछे गिरोहों की प्रतिद्वंद्वता है ।

स्त्री की हत्या : फिरोजपुर जिला के गांव जाजरा में गत रात कुछ लोगों ने एक स्त्री शिंदो की हत्या कर दी ।

कल रात ही फिरोजपुर सैंट्रल जेल से एक उम्रकैदी कस्तूरी लाल फरार हो गया ।

मक्खू-कांड का उग्रवादी मारा गया : खालिस्तान कमांडो फोर्स के निशान सिंह गिरोह, जो मक्खू के निकट सात बस यात्रियों के अपहरण और उनमें से पांच यात्रियों की हत्याओं के लिए जिम्मेवार है, से सम्बद्ध एक उग्रवादी आज सायं जिला फिरोजपुर के मंड क्षेत्र में मुठभेड़ में मारा गया ।

मोगा में हत्या : कल रात मोगा में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति हरबंस सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

'ह.स.' के अनुसार पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज रात्रि यहां बताया कि मारे गए उग्रवादी का नाम अवतार सिंह है । अवतार सिंह मंड क्षेत्र में मक्खू के निकट उस स्थान पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया, जहां कल गोलियों से छलनी पांच बस-यात्रियों के शव बरामद हुए थे । श्री गिल ने कहा कि अंतिम सूचनाएं प्राप्त होने तक मुठभेड़ जारी थी ।

दो उग्रवादी मारे गए : श्री गिल ने कहा कि आज जिला अमृतसर में मट्टी के निकट हुए एक अन्य मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए । उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि उग्रवादी एक फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं । इस पर सुरक्षा बलों ने फार्म हाऊस पर छापा मारा । वहां हुए मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए ।

डाक्टर की हत्या : अमृतसर (हस): आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले के तरनतारन सदर थाने के अंतर्गत शंडेर गांव में करतार सिंह नामक एक डाक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार दो अज्ञात आतंकवादी डाक्टर करतार सिंह के घर में घुस आये और उन्हें गोलियां मारीं । उस वक्त वह सो रहे थे । डाक्टर की वहीं पर मृत्यु हो गई । आतंकवादी फरार हो गये और अपने पीछे ए.के. 47 असाल्ट राईफल के पांच खाली कारतूस और 303 बोर की एक राइफल छोड़ गए । (शेष पृष्ठ 10 पर)

फिरोजपुर के थाना मक्खू में आतंकवादियों द्वारा बस में सवार 7 यात्रियों के अपहरण के [illegible] 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । मरने वाले हैं : (1) विजय कुमार, (2) जगदीश ग्रोवर, [illegible]हंस राज, (4) तरसेम लाल मानकटाला और (5) ओम प्रकाश । (6) वह बस, जिसमें [illegible] यात्री सवार थे, (7) मक्खू का श्मशानघाट, जो एक साथ पांच शव जलाने के लिए छोटा [illegible]या, (8) मक्खू थाने का घेराव करते हुए लोग । (छाया : आर. के. स्टूडियो)

राजीव-बेनजीर वार्ता के परिणाम अत्यन्त फलदायक होंगे : नरसिम्हा

[illegible]नाबाद, 27 दिसम्बर (वार्ता): विदेश [illegible] वी. नरसिम्हा राव ने आज विश्वास व्यक्त [illegible] कि पाकिस्तान में नये माहौल के फलस्वरूप [illegible] और पाकिस्तान के संबंध घनिष्ठ हो सकेंगे । [illegible] यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से [illegible] करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी [illegible]किस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के [illegible] सप्ताहांत में होने वाली वार्ता का परिणाम [illegible] अधिक 'उत्साहवर्धक' होगा । वह दक्षिण [illegible] क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) के सदस्य देशों [illegible]ग मंत्रियों की आज से शुरू दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिये यहां पहुंचे थे । इस बैठक के बाद दक्षेस के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों का शिखर सम्मेलन होगा ।

दक्षेस के सामने मौजूद मुद्दों के बारे में श्री राव ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग एक नये युग में प्रवेश कर चुका है । उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम कुछ और ठोस क्षेत्रों में ऐसा ही सहयोग करने पर विचार करें ।

श्री राव ने कहा कि यह चौथा शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय सहयोग की एक लम्बी यात्रा की दिशा में एक और कदम होगा । हम आशा करते हैं कि इस सम्मेलन में कुछ और नए क्षेत्रों में सहयोग की शुरूआत होगी तथा कुछ नए कदम उठाए जाएंगे ।

वह एक विशेष विमान से यहां पहुंचे । उनके साथ विदेश राज्य मंत्री नटवर सिंह और सूचना सचिव गोपी अरोड़ा भी यहां आए हैं । दिल्ली में खराब मौसम के कारण उनका विमान लगभग दो घंटे देर से यहां पहुंचा । पाकिस्तान के विदेश मंत्री साहबजादा याकूब खां और दक्षेस के महासचिव अब्दुल अहसान ने हवाई अड्डे पर श्री राव की अगवानी की । श्री राव ने दक्षेस के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू होने से पहले श्री खां के साथ भी

छोटी सी बात

रगा

[illegible] प्रधानमंत्री से कभी भी [illegible]त बड़ी आशाएं नहीं रही हैं । [illegible]: उनके कार्यों से मेरा मोह भंग [illegible] का सवाल ही नहीं उठता है ।

—चन्द्रशेखर

Punjab Sanchar

गिल ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस वरिष्ठ अधीक्षकों, पुलिस उपमहानिरीक्षकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन चंडीगढ़ में बुलाया गया है । सरकार का यह दृढ़ संकल्प है कि प्रशासन को भ्रष्टाचार से मुक्त रखा जा सके । बाढ़ के कारण इस अभियान को क्रियान्वित करने में इस साल देरी हो गई है ।

सरकारी व गैर-सरकारी अध्यापकों तथा रोडवेज वर्करों की हड़ताल बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री ओझा ने कहा कि इस बारे सरकार टकराव की नीति नहीं अपनाना चाहती है । जिन लोगों ने हड़ताल में भाग लिया है उनके खिलाफ 'काम नहीं तो वेतन नहीं' की नीति के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, पर सरकार अपने कर्मियों के खिलाफ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई नहीं करना चाहती है । जिन कर्मियों ने हड़ताल में भाग लिया है उन बारे विस्तृत जानकारी इकट्ठी की जा रही है । उन्होंने विचार व्यक्त किया कि अध्यापक वर्ग और रोडवेज कर्मियों ने हड़ताल में भाग लेकर अच्छा नहीं किया । हड़ताल का कोई औचित्य ही नहीं था । सरकार किसी समझौते से पीछे नहीं हट रही है क्योंकि अध्यापकों से कोई समझौता हुआ ही नहीं था । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि क्रियान्वयन समिति की कई बैठकें हो चुकी हैं तथा इस बारे तीसरे वेतनायोग की सिफारिशें लागू करने के लिए जनवरी के पहले या दूसरे सप्ताह सभी कर्मियों के 'केस' राज्यपाल परिषद के सामने पेश कर दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि सरकार के ध्यान में यह बात भी आई है कि अध्यापकों की स्टे-इन-स्ट्राइक' में शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों ने भी भाग लिया था । जिन अधिकारियों के खिलाफ कुछ आरोप सिद्ध होंगे उनके खिलाफ कोई कार्रवाई अवश्य की जाएगी ।

यात्री परिवहन बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री ओझा ने कहा कि इस पर सरकार विचार कर रही है पर रोडवेज वर्करों की तरफ से हड़ताल करने का कोई मतलब नहीं है । रोडवेज की दशा सुधारने बारे कई बातों पर विचार किया जा रहा है । सरकार ने रोडवेज कर्मियों की यह बात मान ली है कि उनको ई.एस.आई. योजना से अलग कर दिया जाए ।

वित्तायुक्त राजस्व श्री तेजेन्द्र खन्ना ने बताया कि बाढ़ राहत कार्यों में हेराफेरी करने के आरोप में दो दर्जन पटवारियों, कई नायब तहसीलदारों, एक कानूनगो को निलम्बित कर दिया गया है व कुछ एक को चार्जशीट किय गया है । कुछ डाक्टरों व अध्यापकों को भी निलम्बित किया गया है जोकि राहत वितरण दलों के नेता थे । उन्होंने कहा कि राहत वितरण में हेराफेरी बारे सरकार को कई शिकायतें मिली हैं जिनकी जांच का कार्य शुरू कर दिया गया है । श्री खन्ना ने दावा किया कि राहत वितरण बारे पंजाब के किसी बड़े किसान संगठन ने कोई शिकायत नहीं की है । उन्होंने कहा कि दो माह पूर्व राज्य में जो विनाशकारी बाढ़ आई थी उसमें 940 लोग या तो मारे गए थे या लापता हैं । अब तक 71.50 करोड़ की बाढ़ राहत वितरित की जा चुकी है । इसमें से 58 करोड़ रुपए नकद तथा बाकी वस्तुओं के रूप में दिए गए हैं ।

मुख्य सचिव श्री ओझा ने दावा किया कि राज्य प्रशासन इस योग्य है कि यदि कोई गंभीर समस्या भी उसके सामने आ जाए तो वह तुरंत हरकत में आ जाता है । उन्होंने कहा कि हाल ही की बाढ़ में प्रशासन की बचाव व राहत भूमिका इसका उदाहरण है ।

श्री ओझा ने कहा कि राज्यपाल के दौर में पंजाब ने विभिन्न क्षेत्रों में भारी प्रगति की है और उनकी कारगुजारी से प्रशासन में विश्वास बढ़ा है ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

शरणदाता गिरफ्तार : वि.प्र. के अनुसार एस.एस.पी. मजीठा ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि थाना लोपोके के गांव कोहाला से अरबिंद सिंह उर्फ डेरु तथा अजनाला के गांव नोहलियां के सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया है । उनके विरुद्ध खतरनाक किस्म के आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है । उनसे एक दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

विशेष पुलिस चौकी पर हमला : मजीठा जिले के कल्यूनगल गांव के निकट कल रात कुछ आतंकवादियों ने विशेष सुरक्षा अधिकारी चौकी पर हमला कर दिया । आतंकवादी ए.के. 47 असाल्ट राईफलों से लैस थे । पुलिस के अनुसार चौकी के जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के कारण आतंकवादी भाग गये । घटनास्थल से ए.के. 47 राईफलों के तीस खाली कारतूस बरामद हुए । मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : गत रात जिला अमृतसर में घरेंडा क्षेत्र में सीमा पार करने की कोशिश करते हुए एक आतंकवादी महेंद्र सिंह को बी.एस.एफ. ने गिरफ्तार किया । खडूर साहब में दो आतंकवादियों कलविंदर सिंह तथा बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया ।

लूट की घटना : जलालाबाद (मलिक): कल रात यहां से 31 किलोमीटर दूर थाना ममदोट के गांव हीरके खानगढ़ के एक व्यक्ति गुरनाम सिंह के घर में एक आतंकवादी जबरदस्ती घुस आया तथा कहा कि हम 5 लोग हैं, हमारे लिए खाना तैयार करके रखो । गुरनाम सिंह के इन्कार करने पर आतंकवादी ने बंदूक तान ली तथा कहा कि खाना तैयार करके रखना । मैं अपने साथियों को लेने जा रहा हूं । इसके बाद गुरनाम सिंह अपने परिवार को लेकर साथ वाले गांव में चला गया परन्तु उसका बाप जिद्द करके घर में ही रहा । प्रातः होने पर गुरनाम सिंह ने पुलिस में रपट दर्ज करा दी और पुलिस मौका पर पहुंची तो गुरनाम सिंह के बूढ़े बाप ने बताया कि मेरे परिवार के घर से चले जाने के लगभग आध घंटा बाद 5 आतंकवादी वहां आए और आते ही एक ने कहा कि रोटी पकी है या नहीं । बूढ़े ने उत्तर दिया कि उसके घर वाले यहां से चले गये हैं । इसके बाद आतंकवादियों ने घर की तलाशी ली और लाइसैंसी हथियार व 12 तोले सोना तथा 5500 रुपए नकद लेकर फरार हो गए ।

स्कूटर छीना : संगरूर से गर्ग के अनुसार आज यहां से 15 किलोमीटर दूर शेरपुर में आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति जीत राम से उसका स्कूटर पी.सी.एस. 5057 छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक और घायल की मौत : जिला संगरूर में हमलावरों के हाथों घायल एक व्यक्ति गुरजंट सिंह

गुमशुदा की तलाश

मेरा भाई अविनाश चंद्र दिनांक 3.12.88 लुधियाना से गुम है । हुलिया उम्र 22 साल, रंग गोरा, कद 5'-7", शरीर पतला, पैंट तथा

Punjab Kesari

बस यात्री सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : 5 उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण

मुठभेड़ों में मारे गये 3 आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित

शाहकोट के निकट कट्टर उग्रवादी मारा गिया

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक बस यात्री सहित 3 लोगों की हत्या की गई जबकि एक भूतपूर्व पुलिस कांस्टेबल सहित दो दर्जन से ज्यादा आतंकवादी तथा आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए जबकि 5 उग्रवादियों ने आत्म समर्पण किया । कल रात विभिन्न वारदातों में मारे गए आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के बगीचा सिंह, हजारा सिंह, बलविंदर सिंह उर्फ पलविंदर सिंह उर्फ पिंदा आदि के रूप में हुई है । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों व आश्रयदाताओं से बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए ।

आतंकवादी मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के पुलिस अधीक्षक श्री गोबिन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि गत सायं पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ थाना सदर बटाला के क्षेत्र अकरपुरा-मिर्जाजान के निकट मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया,जबकि उसका साथी अंधेरे के कारण भागने में सफल हो गया ।

श्री गोबिन्द राम ने कहा कि मारे गये आतंकवादी की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित कट्टर आतंकवादी बलविंदर सिंह उर्फ पलविन्दर सिंह उर्फ पिंदा के रूप में की गई है और घटनास्थल से एक एच.ई. 36 हथगोला, हथियार व गोली-सिक्का मिला है । इससे पहले गत दिवस देर गए पत्रकारों को अपष्ट सूचना मिली थी कि पुलिस को एक आतंकवादी का गोलियां लगा शव मिला है ।

14 संदिग्ध व शरणदाता गिरफ्तार : एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम ने बताया कि अलग-अलग नाकों व छापों के दौरान थाना सदर पुलिस बटाला व बी.एस.एफ. ने बब्बर खालसा इंटरनैशनल व खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित 6 संदिग्ध आतंकवादियों प्यारा सिंह गांव कास्तीवाल, दिलबाग सिंह गांव दाबांवाली, जसवंत सिंह गांव तलवंडी लाल सिंह, हरभजन सिंह गांव मिर्जाजान, ज्ञान सिंह गांव रिखियां व हरदेव सिंह गांव बिजलीवाल को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, एक राकेट, एक ए.के.-47 राइफल व अलग-अलग बोर के 4 दर्जन जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

इसी प्रकार कादियां पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 8 लोगों अवतार सिंह, इसका भाई सतनाम सिंह (धन्ना), मंगल सिंह, मस्सा सिंह (कोटला डल्ला), गुरमुख सिंह (दुनियां संधू), लखविन्द्र सिंह (मुरादपुरा), अजीत सिंह (सेखवां) व भगवान सिंह (रोड़ा बुट्टर) को गिरफ्तार किया है ।

महिला की हत्या :'ह.स.' के अनुसार बटाला में बस्ती गुज्जां में आतंकवादियों ने एक महिला सुदेश रानी की हत्या कर दी ।

मृत आतंकवादियों की पहचान : अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर जिला के थाना वल्टोहा के गांव चीमा में सुरक्षा बलों तथा पांच आतंकवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । यह बात आज सुबह सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री रामाकृष्णन ने संवाददाता सम्मेलन में कही । यह मृत आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के बगीचा सिंह तथा हजारा सिंह हैं । श्री रामाकृष्णन ने मुठभेड़ का विवरण देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से संबंधित कुछ आतंकवादी चीमा गांव में घुसे हुए हैं, जिस पर उनकी खोज शुरू की गई । रात के समय

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राज्यपाल ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (एन.एस. परवाना): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कलकत्ता से लौटने पर यहां कल 29 दिसम्बर को राज्य की सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई है । बैठक में राज्य की राजनीतिक तथा कानून व्यवस्था की स्थिति पर विचार के अलावा पंचायत चुनाव कराने बारे भी विचार-विनिमय किया जाएगा । सम्भवतः श्री रे फरवरी माह के दौरान चुनाव कराने बारे सभी पार्टियों की राय जानना चाहेंगे । उल्लेखनीय है कि इंका के अलावा सभी राजनीतिक दल इस समय पंजाब में पंचायत चुनाव कराने के पक्ष में नहीं हैं ।

ज्ञात हुआ है कि कुछ इंका नेता भी इस समय पर पंचायत चुनाव कराए जाने के विरोधी हैं, पर प्रदेश इंका प्रधान श्री बेअंत सिंह ने हाल ही में घोषणा की है कि उनकी पार्टी चुनाव लड़ने को तैयार है जबकि श्री बी.बी. मेहरा जैसे इंकाई पंचायत चुनाव का खतरा

Punjabi Tribune

बस यात्री की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

जब यह अभियान जारी था तो सुरक्षा बलों पर एक फार्म हाऊस में से फ़ायरिंग की गई । सुरक्षा बलों ने तुरन्त पोजीशनें लेकर जवाब में में गोलीबारी की । सुरक्षा बलों ने हथगोलों का भी प्रयोग किया, जिसके कारण आतंकवादी कमरों से बाहर निकल कर सुरक्षा बलों की फ़ायरिंग के आगे ज्यादा देर नहीं टिक सके । पांच आतंकवादियों में से दो तो मारे गये जबकि तीन रात के अंधेरे में भाग जाने में सफल रहे । श्री रामाकृष्णन ने बताया कि मृत आतंकवादियों के कब्ज़े से एक चीनी राइफल, एक 315 बोर की राइफल, एक रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ । उन्होंने बताया कि भगौड़े आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

दो खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. श्री संजीव गप्ता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि थाना पट्टी की पुलिस पार्टी जब गांव कोटबुड्ढा और राधलके में छापे मारने के लिए जा रही थी तो रास्ते में छुपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग के बाद पुलिस दो आतंकवादियों बलविंदर सिंह भूतपूर्व पुलिस कांस्टेबल जोहड़ सिंहवाला और कश्मीर सिंह मरबी कलां को पकड़ने में सफल हो गई । उनके साथी अंधेरे में भाग निकले । उनके कब्ज़े से .410 बोर की राइफल व तीन गोलियां और .32 बोर का रिवाल्वर तथा तीन कारतूस पकड़े गए । बलविंदर सिंह लूटमार की कई वारदातों में पुलिस को वांछित था । मजीठा पुलिस ने भी एक आतंकवादी को पकड़कर उससे बंदूक बरामद की ।

औरत की हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव कोटली वधावा सिंह में कुछ आतंकवादियों ने एक बुड्ढा पारो की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्यारे पैदल ही फ़रार हो गये ।

घायल कर दिया : उग्रवादियों ने आज तरनतारन पुलिस जिले के गांव बंगालीपुर में एक व्यक्ति सुखविंदर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

बस में हत्या : फरीदकोट (वार्ता): आतंकवादियों ने आज फरीदकोट जिला में मोगा के निकट चलती बस में एक व्यक्ति परमजीत सिंह की हत्या कर दी । जिला पुलिस चीफ़ श्री एस.के. शर्मा ने दावा किया कि यह गिरोहों की आपसी शत्रुता का नतीजा है ।

उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : कल रात जिला फरीदकोट के गांव घोलिया कलां के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 5 उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । उनकी पहचान जगतार सिंह उर्फ तारा, मख्तार सिंह मिट्ठू, ज्ञानी बहादुर सिंह, मेजर सिंह तथा निर्मल सिंह के रूप में की गई है । उनसे एक कटी हुई नाली वाली बंदूक, एक रिवाल्वर, एक हथगोला तथा दो चोरी के स्कूटर बरामद किये गये । पुलिस ने दो शरणदाताओं सोहन सिंह व अमरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया ।

डिप्टी कमांडर मारा गया : फिरोजपुर (बागी): खतरनाक आतंकवादी अवतार सिंह पुत्र प्रताप सिंह वासी बैहकविलायत शाह थाना ज़ीरा जो कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के खूंखार आतंकवादी निशान सिंह स्वयंभू डिप्टी कमांडर था, गत सायं सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने आज पत्रकारों को बताया कि रविवार को 5 बस यात्रियों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की मंड क्षेत्र में तलाश के दौरान सुरक्षा बलों ने चार व्यक्तियों को जोगेवाला के निकट चुनौती दी । मुठभेड़ में अवतार सिंह मौके पर ही मारा गया, जबकि शेष तीन आतंकवादी फरार हो गये ।

श्री कौशिक ने बताया कि अवतार सिंह मंड क्षेत्र में एक महीने में 12 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । उसने 22 नवम्बर को मल्लांवाला थाना के कमालवाला गांव में 4 व्यक्तियों की, 30 नवम्बर को होमगार्ड के 3 जवानों की तथा हाल ही में ज़ीरा के निकट एक बारात के 5 लोगों की हत्या की थी । वह रविवार को मक्खू के बस यात्रियों की हत्या में भी वांछित था । उससे 315 बोर की राइफल और गोली-सिक्का बरामद किया गया ।

पत्रकार बाल-बाल बचे : ज़ीरा सब-डिविज़न के आतंकवादग्रस्त क्षेत्र में कार्य कर रहे तीन पत्रकार रविवार को आतंकवादियों के पंजे से बाल-बाल बच गये जबकि उस दिन आतंकवादियों ने पट्टी चंडीगढ़ बस में से 7 बस यात्रियों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया था । इसका ब्यौरा देता देते हुए जिला फिरोजपुर पत्रकार यूनियन के उपाध्यक्ष चंद्र शेखर और रौशन सिंह संधू ने बताया कि उन दोनों तथा हरबंस लाल शर्मा ने 25 दिसम्बर की सुबह किसी काम के लिए उसी बस में जालंधर जाने का फैसला किया था लेकिन उन्होंने लगभग एक घंटा पहले ही अपना फैसला बदल लिया तथा फिरोजपुर-जालंधर रेलगाड़ी में यात्रा करने का निर्णय किया, जो कि सुबह 9.15 बजे जालंधर पहुंचती है ।

एक उग्रवादी बंदी : शाहकोट से चोपड़ा ने खबर दी है कि आज शाम चार बजे एक स्कूटर पर दो उग्रवादी एक शैलर पर आए । उनके पास हथियार थे । उन्होंने शैलर मालिक को अपने साथ चलने को कहा । शैलर पर काम कर रहे कर्मचारियों ने स्थिति को भांप लिया और पिछली सीट पर बैठे स्कूटर सवार को दबोच लिया जबकि उसका साथी फरार हो गया । बाद में एक उग्रवादी को मोड पर दबोच लिया । उसके कब्ज़े से एक बंदूक बरामद हुई है ।

कट्टर उग्रवादी मारा गया : जालन्धर (ह.स.): आज शाम जिला जालन्धर के थाना शाहकोट के अंतर्गत ढंडोवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक कट्टर उग्रवादी मारा गया जबकि उसका एक साथी भाग निकलने में सफल हो गया । पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे थे । रुकने के संकेत किए जाने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से एक मारा गया । मृत आतंकवादी के कब्जे से एक ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल बरामद की गई ।

राजीव का भाषण

(पृष्ठ 3 का शेष)

विधायक बी. मोहन रंगारु की हत्या के बाद कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब है, पर केन्द्र राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना नहीं चाहेगा ।

उन्होंने कहा कि राज्य के प्रभावित जिलों में कानून और व्यवस्था की स्थिति सुधारने के लिए केन्द्र कोई कसर उठा नहीं रख रहा है ।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारी इस सिलसिले में राज्य सरकार को हर सम्भव सहायता दे रहे हैं । उन्होंने आंध्रप्रदेश के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की ।

पाक से सम्बन्ध बेहतर होंगे : प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस्लामाबाद में दक्षेस शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ उनकी मुलाकात से भारत और पाकिस्तान के सम्बन्ध बेहतर होंगे । श्री गांधी ने कहा कि उन्हें आशा है कि इस मुलाकात से दोनों देशों के सम्बन्धों में सुधार आएगा क्योंकि हम दोनों लोकतांत्रिक ढांचे के तहत काम कर रहे हैं । श्री प्रेम दास के श्रीलंका का राष्ट्रपति चुने जाने तथा भारत-श्रीलंका समझौते पर उसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर श्री गांधी ने कहा कि इस बारे में कुछ कहना जल्दी होगी ।

विरुदनगर में एक जनसभा में प्रधानमंत्री कांग्रेस (इ) का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें दिवंगत मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन की दोपहर का भोजन योजना को जारी रखने तथा स्वच्छ प्रशासन देने का आश्वासन दिया गया है ।

भाई द्वारा विवाहिता बहन की हत्या : हत्यारा गिरफ्तार

बटाला, 28 दिसम्बर (कोछड़): स्थानीय पुलिस थाना सदर के क्षेत्र फैजपुरा में गत दिवस मंगलवार 27 दिसम्बर को दोपहर समय एक विवाहिता श्रीमती सुदेश रानी की हत्या कर दी गई । थाना सदर पुलिस बटाला के सूत्रों ने बताया कि यह हत्या मृतका सुदेश रानी के सगे नवयुवक भाई किट्टू (जालन्धर) ने पारिवारिक झगड़े के कारण की है । मृतका के पति कुलवन्त राय की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके कथित हत्यारे किट्टू को गिरफ्तार कर लिया है ।

पंचायत निदेशक के कार्यालय पर छापा

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वि.प्र.): पंजाब सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायत सचिव श्री सी.एल. बैस ने कल बाद दोपहर यहां सैक्टर 17 में पंचायत निदेशक के कार्यालय पर छापा मारा । छापे के समय कार्यालय में डेढ़ दर्जन कर्मचारी अनुपस्थित थे इनमें 'कैटल फील्ड फेयर' अधिकारी कृष्ण लाल शर्मा भी हैं । इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है ।

Punjab Sampadak

बस यात्रियों की हत्या करने वाले 2 और आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए

बटाला पुलिस द्वारा विभिन्न बम धमाकों का सुराग लगा लेने का दावा

महिला सहित 3 लोगों की हत्या : 2 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): पट्टी से चंडीगढ़ आने वाली पंजाब रोडवेज की बस के पांच यात्रियों की हत्या करने वाले निशान सिंह गिरोह के दो और आतंकवादी सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए जबकि आतंकवादियों ने एक महिला सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । कुछ स्थानों पर लूट की वारदातें होने की भी सूचनाएं हैं । बटाला पुलिस ने पठानकोट, बटाला, जम्मू-कश्मीर व कुरुक्षेत्र में हुए बम धमाकों का सुराग लगा लेने का दावा किया है । अनेक आतंकवादी व आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए ।

2 उग्रवादी मारे गए : जालन्धर (ढल्ल) : कल सायं जालन्धर पुलिस को उस समय विशेष सफलता मिली जब शाहकोट क्षेत्र में उसने दो दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मार गिराए जो बाद में कारज सिंह निवासी गांव सिद्धवां थाना भिखीविंड और बलोचन सिंह निवासी बड़िंग सूबा सिंह थाना गोबाल के रूप में शिनाख्त किए गए ।

यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. जालन्धर श्री मुहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि यह दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के निशान सिंह गिरोह के सदस्य थे और 26 दिसम्बर को पट्टी से चंडीगढ़ जा रही बस में से मक्खू के निकट 7 यात्रियों का अपहरण करने वाले उग्रवादियों में शामिल थे ।

श्री आलम ने घटना का ब्यौरा बताते हुए कहा कि कल दोपहर किसी सूत्र से पता चला था कि दो उग्रवादी शाहकोट क्षेत्र में अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की हत्याओं के इरादे से घूम रहे हैं । इस पर उस क्षेत्र में नाके लगाए गए और कुछ गश्ती दल नियुक्त किए गए । सायं साढ़े पांच बजे के लगभग एक नाका पार्टी ने दो व्यक्तियों को स्कूटर पर आते देखा और चैलेंज किया तो उन्होंने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी कारज सिंह मारा गया जबकि दूसरा स्कूटर पर भाग निकला । इस पर पुलिस व सुरक्षा बलों ने उसका पीछा किया । आखिर 21 किलोमीटर तक की भागदौड़ के बाद वह गांव पंडोरी गंगा नेकोदर के एक फार्म हाऊस में घुस गया और फायरिंग व जवाबी फायरिंग के दौरान वह भी मारा गया । उसकी पहचान तरलोचन सिंह के रूप में हुई । दोनों उग्रवादियों के पास से एक-एक ए.के. 47 चीनी राइफल मिली । इनका एक साथी 27 दिसम्बर को मंड क्षेत्र में एक मुकाबला में मारा गया था ।

श्री आलम ने बताया कि यह गिरोह अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की हत्याएं करने तथा पिस्तौल की नोक पर अपहरण करके फिरौती के रूप में धन प्राप्त करने की वारदातों में संलिप्त रहा है । मृत उग्रवादी व उनके साथी कुछ समय पूर्व नकोदर के निकट एक राइस शैलर मालिक के लड़के को अपहृत करके ले गए थे और बड़ी मात्रा में राशि लेकर उसे छोड़ा था । इसी प्रकार जिला में एक अन्य युवक का अपहरण करके फिरौती वसूल की थी और उसे रिहा कर दिया था ।

श्री आलम ने कहा कि यद्यपि अनेक लोगों ने पुलिस में रपटें दर्ज नहीं करवाईं किन्तु उन्हें मालूम है कि इस गिरोह ने अनेक फैक्टरी मालिकों व व्यापारियों से पिस्तौल की नोक पर बहुत सा धन बटोरा है ।

'वार्ता' के अनुसार इस घटना के बाद गत दो दिनों में मारे जाने वाले निशान सिंह गिरोह के उग्रवादियों की संख्या 10 हो गई है ।

लूट की घटना : पटियाला (भूषण): कल आधी रात को इस जिला में थाना बस्सी पठाना के अंतर्गत गांव पामौर में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक सुनार जगन्नाथ से 104 ग्राम सोना, एक किलो ग्राम चांदी तथा 2 हजार रुपए नकद छीन लिए । फरार होने से पहले उन्होंने परिवार के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया तथा कमरे को बाहर से चिटखनी लगा दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर सवार की हत्या : आज बाद दोपहर जिला फिरोजपुर में जीरा के निकट आतंकवादियों ने एक स्कूटर सवार दलबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उसी के स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए ।

दफ्तर को लूट लिया : लुधियाना (मुसाफिर): आज बाद दोपहर 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने यहां से थोड़ी दूर कोहाड़ा के बिजली बोर्ड कार्यालय में घुस कर 50598 रुपए लूट लिये और फरार हो गये । इन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जसवंत राय का स्कूटर भी छीन लिया । राजपुरा-पटियाला सड़क पर उग्रवादी एक व्यक्ति राजेंद्र कुमार का मोटर साइकल छीन कर ले गये ।

बाप-बेटी की हत्या : अमृतसर (अशोक): गत रात तरनतारन पुलिस जिला में थाना सरहाली के निकट गांव चोला साहब में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चलाकर संतोख सिंह तथा उसकी लड़की दलबीर कौर की हत्या कर दी जबकि संतोख सिंह की पत्नी जगदीश कौर तथा लड़के जगीर सिंह को बुरी तरह घायल कर दिया । घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

आतंकवादी भाग निकले : एक अन्य वारदात में मजीठा पुलिस जिला में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ के बाद कुछ आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । पुलिस ने घटनास्थल पर एक माऊजर व मैगजीन तथा ए.के. 47 राइफल के 130 कारतूस बरामद किए ।

घायल कर दिया : गत रात अमृतसर जिला में बंगालीपुरा में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुखजिंदर सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

बम धमाकों का सुराग : बटाला (ह.स.): नवगठित बटाला पुलिस जिला ने ठोस परिणाम दिखाए हैं जबकि पुलिस बब्बर खालसा इंटरनैशनल के खूंखार आतंकवादी और स्वयंभू एरिया कमांडर बलदेव सिंह दोरांगला की गिरफ्तारी से बटाला, पठानकोट, जम्मू व कश्मीर व कुरुक्षेत्र के बम विस्फोटों का सुराग लगा लिया है । यह रहस्योद्घाटन करते हुए पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि 29 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक बटाला पुलिस ने लगभग 150 संदिग्ध आतंकवादियों व उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया और इस अवधि में 17 ए.के. 47 राइफलें, 50 राकेट, एक पोर्टेबल राकेट लांचर, 54 काटन स्लैब गन बम, 40 किलोग्राम विस्फोटक, कुछ पिस्तौल, रिवाल्वर, बड़ी मात्रा में कारतूस तथा 8.20 लाख रुपया नकद बरामद किया ।

गिरफ्तार किए गए अधिकांश आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनैशनल, खालिस्तान कमांडो फोर्स और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित हैं । इन गिरफ्तारियों से पुलिस 1 नवम्बर को पठानकोट में हुए बम विस्फोट तथा 4 नवम्बर को बटाला के चक्री बाजार में हुए बम धमाकों का सुराग लगाने में सफल हुई है । उक्त अवधि में 6 आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने 4 स्त्रियों समेत 16 लोगों की हत्या कर दी । उक्त अवधि में पुलिस ने एक हैड कांस्टेबल चरण सिंह को भी पकड़ा जो कि गुरदासपुर के जिलाधीश के सुरक्षा स्टाफ में तैनात था । तथापि इस अवधि में 80 निर्दोष लोगों को रिहा कर दिया गया जिन्हें पहले पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया था ।

नकदी, ज़ेवर लूटे : गत रात थाना कादियां के गांव ठीकरीवाल में तीन सशस्त्र व्यक्ति घुस गए और 5,000 रुपए नकद, 5 घड़ियां और 4 तोले बन्दूक की नोक पर लूट कर फरार हो गए ।

2 घुसपैठिए मरे : सरकारी सूचनाओं में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दक्षेस सम्मेलन की झलकियां

इस्लामाबाद, 29 दिसम्बर : दक्षेस के शिखर सम्मेलन की कार्रवाई आज यहां शुरू होने से पहले मेजबान देश पाकिस्तान की राष्ट्र धुन बजाई गई ।

दुर्घटनाग्रस्त विमान में बम रखने वाले की खोज के लिए अंतर्राष्ट्रीय अभियान शुरू

लॉकरबी, 29 दिसम्बर (वार्ता): लॉकरबी के दुर्घटनाग्रस्त विमान में बम रखने वाले की खोज के लिए अन्तर्राष्ट्रीय अभियान शुरू कर दिया गया है । इस दुर्घटना में कम से कम 270 लोग मारे गए थे । अमरीका ने हत्यारे या हत्यारों के बारे में सूचना देने वाले को पांच लाख डालर इनाम देने की घोषणा की है और ब्रिटेन के अधिकारियों ने अमरीकी विमान कम्पनियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर लेने को कहा है ताकि भविष्य में फिर ऐसी दुर्घटना नहीं हो ।

लॉकरबी के पुलिस प्रमुख ने बताया कि जांच का काम अन्तर्राष्ट्रीय पैमाने पर चल रहा है अमरीकी न्याय विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि जांच का काम सभी सम्भावनाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है ।

जांच के काम में स्काटलैंड की पुलिस, एफ.बी.आई., स्काटलैंड का आतंकवादी बिरोधी दस्ता और पश्चिमी जर्मनी की पुलिस लगी हुई है । आम तौर पर जांचकर्त्ताओं को कहना है कि दुर्घटना बम विस्फोट के कारण ही हुई है पर अभी पता लगाना बाकी है कि किस तरह का बम विमान में रखा गया है । जांच का काम मुख्य रूप से दो हवाई अड्डों पर चल रहा है पश्चिम जर्मनी के फैंकफुर्त हवाई अड्डे पर जहां से उड़ान शुरू हुई थी और लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर जहां विमान बदला गया था ।

न्यूयार्क पैन एम. के 21 दिसम्बर को दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के चार भारतीय यात्रियों के शव कल यहां पैन एम. की फ्लाइट एक से वापस ले आए गए हैं । ये लोग नई दिल्ली में एक विवाह समारोह में भाग लेने के बाद यहां लौट रहे थे ।

कैनेडी इंटर नैशनल एयर पोर्ट पर लाए गए इन शवों की शिनाख्त पुलिस ने इस प्रकार की है । ओम दीक्षित (55) उनकी पत्नी शांति दीक्षित (53), और उनके पौत्र-पौत्री दो वर्ष और ए. रत्न तथा तीन वर्ष की सुशील रत्न । इस विमान दुर्घटना में बच्चों की मां जरीना रत्न की भी मृत्यु हो गई थी लेकिन

सरहद के सिख छात्रों को मुआवजा न देने का आरोप

बीदर, 29 दिसम्बर (वार्ता): पंजाब पेरेन्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों बलदेव सिंह सहदेव ने इस आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार ने अक्तूबर के दंगों से प्रभावित सिख छात्रों को अभी तक मुआवजा अदा नहीं किया ।

श्री सहदेव ने यहां बताया कि राज्य सरकार ने दस हजार रुपए से पांच हजार रुपए तक का जो

Punjab Sentinel

2 उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

कहा गया है कि आज सुबह डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर पाकिस्तान से आने वाले 2 घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए । मरने वाले घुसपैठियों का एक साथी बच कर वापस भाग जाने में सफल हो गया ।

6 शरणदाता गिरफ्तार : कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस थाना सदर बटाला, कादियां व फतेहगढ़ चूड़ियां ने सुरजीत सिंह, रत्न सिंह गांव दियालगढ़, दलीप सिंह, उसकी पत्नी सविन्दर कौर व इनके बेटे सुखवंत सिंह गांव कोट टोडरमल व मान सिंह गांव सारचूर को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार करके इनसे कुछ विस्फोटक सामग्री बरामद की है ।

जिला गुरदासपुर में चार व्यक्तियों गुरनाम सिंह, परमजीत सिंह, कश्मीरा सिंह तथा बीरो को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

बंदूक छीन ली : खरड़ (शशि): निकटवर्ती गांव माजरा में सोमा सिंह नामक एक व्यक्ति से 4 अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी 12 बोर की लाइसैंसी बंदूक तथा 25 कारतूस छीन लिए ।

Punjabi Samachar

अमृतसर में शक्तिशाली बम विस्फोट, पुलिस इंस्पैक्टर सहित 4 लोग मरे

शवों के चीथड़े उड़ गए, 2 स्त्रियों समेत 9 घायल

पंजाब में अन्यत्र 4 हत्याएं : दुर्दांत आतंकवादी मारा गया

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (वार्ता, ह.स.): अमृतसर शहर में आज हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में एक पुलिस इंस्पैक्टर सहित 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि अन्यत्र आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । कई उग्रवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक दुर्दांत आतंकवादी परगट सिंह आज मुठभेड़ में मारा गया ।

बम विस्फोट में 4 मरे : अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर शहर के क्षेत्र शरीफ़पुरा में आज प्रातः आतंकवादियों द्वारा रखे गए एक बम के विस्फोट से चार व्यक्ति, जिनमें थाना राम बाग का कैंस्टेबल बचित्तर सिंह के अलावा किशन सिंह और राजेन्द्र पाल महाजन शामिल हैं, मारे गए जबकि 9 अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । धमाका प्रातः 7.15 बजे हुआ ।

इस घटना के सम्बन्ध में प्राप्त विवरण के अनुसार शहर की बाहरी आबादी शरीफ़पुरा की एक गली में अज्ञात आतंकवादियों ने एक देसी बम, जो कि एक टीन के कनस्तर में बंद था, एक साइकल के कैरियर पर रख कर साइकल को शरीफ़पुरा निवासी किशन सिंह के मकान के बाहर गली के चौराहे पर खड़ा कर रखा था । बताया जाता है कि किशन सिंह ने संदिग्ध साइकल को अपने घर के बाहर खड़ा देख कर थाना रामबाग को सूचित किया । सूचना मिलने पर थाना राम बाग के एच.एच.ओ. इंस्पैक्टर भगत सिंह 'बाबा' अपने साथ गार्ड लेकर किशन सिंह के साथ ही अपने वाहन पर रवाना हो गए । इंस्पैक्टर जब घटनास्थल पर पहुंचे, उस समय प्रातः लगभग 7.15 का समय था । कहा जाता है कि वाहन से उतर कर इंस्पैक्टर भगत सिंह साइकल के करीब गए और उन्होंने साइकल पर रखे कनस्तर का निरीक्षण किया । जैसे ही श्री भगत सिंह ने कनस्तर के साथ लिपटे फीते को खींचा, एक ज़बरदस्त धमाका हुआ । इस धमाके के साथ ही इंस्पैक्टर भगत सिंह, उनके गनमैन बचित्तर सिंह तथा किशन सिंह के शरीरों के लोथड़े गली के चौक में चारों ओर बिखर गए । घटना के समय चौराहे से गुज़र रहे 10 अन्य व्यक्ति भी बुरी तरह घायल हो गए ।

बम धमाके के घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनमें से एक [illegible] उक्त अवधि में शरीफ़पुरा आबादी में अधिकतम भीड़भाड़ होती है । ऐसा अनुमान है कि यह बम उसी अवधि में फटने के लिए रखा गया था । श्री अरोड़ा ने कहा कि एक और सम्भावना यह हो सकती है कि थाना जंडियाला का इंस्पैक्टर एच.एस. सूरी आतंकवादियों का लक्ष्य हो, क्योंकि उसका घर वहां से कुछ ही दूरी पर है । 'भाटिया' के अनुसार दरदर्शन पर कल रात फिल्म 'बॉबी' दिखाई गई थी जिसके कारण लोग सुबह जल्दी उठ नहीं सके और घटना के समय बाजार में ज्यादा भीड़ नहीं थी । इस तरह 'बॉबी' फिल्म ने कई लोगों की जान बचाई ।

श्री अरोड़ा ने कहा कि अब शहर में जीवन सामान्य है । उन्होंने कहा कि गश्त और वाहनों की चैकिंग का काम और तेज़ कर दिया गया है । पुलिस चीफ़ ने लोगों से अपील की कि वे किसी संदिग्ध वस्तु को न छूएं तथा तत्काल पुलिस को सूचना दें ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला तरनतारन के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार सिटी थाना तरनतारन की एक गश्ती पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि गांव बहला में हरभजन सिंह उर्फ़ हरजी की बैहक (ट्यूबवैल) पर कुछ आतंकवादी एकत्रित हैं और वे सी.आर.पी. तथा एस.पी.ओ. की चौकियों पर हमला करने की तैयारी कर रहे हैं । इस पर पुलिस ने हरभजन सिंह के ट्यूबवैल को घेर लिया । वहां मौजूद आतंकवादियों ने पुलिस पर फ़ायरिंग आरम्भ कर दी जिसके उत्तर में पुलिस ने भी फ़ायरिंग की । इस फ़ायरिंग के दौरान तीन आतंकवादी करनवीर सिंह, उसका भाई राजवीर सिंह तथा उनका एक साथी बलविंदर सिंह उर्फ़ बिल्ला जो गांव बहला के ही रहने वाले हैं, काबू कर लिए गए । उनके दो साथी हरभजन सिंह उर्फ़ हरजी तथा सुखविंदर सिंह उर्फ़ संघा भाग निकले । पुलिस ने एक .12 बोर की बंदूक, चार कारतूस और .303 की दस गोलियां कब्ज़े में लीं ।

परगट सिंह मारा गया : आज शाम जिला अमृतसर के थाना भिखीविंड के गांव लद्दोवाल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक दुर्दांत आतंकवादी परगट सिंह मारा गया । उसके कब्ज़े से एक .36 का रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

परगट सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक स्वयं भू एरिया कमांडर था और उसके सिर पर 30000 रुपए का पुरस्कार था । बताया गया है कि पुलिस पार्टी ने एक विशेष सूचना के आधार पर भाई लद्दो सिंह गांव के निकट बख्शीश सिंह सोना गिरोह के एक आश्रय स्थल पर छापा मारा था, जिससे वहां भिड़ंत हो गई और परगट सिंह मौके पर ही मारा गया ।

वैरोके में हत्या : ए.के 47 राईफलों से लैस उग्रवादियों ने आज रात्रि थाना लोपोके, जिला अमृतसर के गांव वैरोके में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मजीठा पुलिस जिले के एस.पी. (आप्रेशन) श्री बग्गा के अनुसार मृतक की मंगल दास के रूप में शिनाख्त की गई है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (अश्वनी): गत रात्रि जिला पुलिस ने थाना हरयाना के अन्तर्गत की गई नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करलिया । पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि स्कूटर एवं साइकलों पर सवार कुछ आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग की । जवाब में पुलिस द्वारा भी फ़ायरिंग की गई व पुलिस ने पांच आतंकवादी पकड़ लिए जबकि दो अंधेरे में भागने में सफल हो गए । प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के कब्ज़े से एक पिस्तौल व सात कारतूस बरामद किए गए । गिरफ्तार किए गए लोगों में खयाला सैनीया ग्राम का सतविन्द्र सिंह उर्फ़ तिक्कू, रमदासपुर ग्राम का हरमहिन्द्र सिंह उर्फ़ डाक्टर, सीकरी ग्राम का दलजीत सिंह, मूनक कलां ग्राम का रविन्द्र सिंह उर्फ मंगाव नंगल ईशेर ग्राम का परमिन्द्र सिंह उर्फ़ बाला शामिल हैं ।

रुपए लूटे : मोहाली (न): एक मोटर साइकल सवार उग्रवादी ने फेज़ 5 में एक व्यक्ति गोपाल कृष्ण से 800 रुपए लूट लिए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : हरियाणा में कुरुक्षेत्र जिला पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे दो पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

11 शरणदाता गिरफ्तार : बटाला (कोछा): पुलिस जिला बटाला के एस.पी मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर बटाला ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में जसवन्त सिंह ऊधोवाल, बलदेव सिंह, गुरनाम सिंह (दियालगढ़) को गिरफ्तार करके उनसे कुछ विस्फोटक सामग्री व कारतूस आदि बरामद किए हैं । श्री शर्मा के अनुसार थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात

(शेष पृष्ठ 10 पर)

punjabi nantari

लिपटे फीते को खोला, एक ज़बरदस्त धमाका हुआ । इस धमाके के साथ ही इंस्पैक्टर भगत सिंह, उनके गनमैन बचित्तर सिंह तथा किशन सिंह के शरीरों के लोथड़े गली के चौक में चारों ओर बिखर गए । घटना के समय चौराहे से गुज़र रहे 10 अन्य व्यक्ति भी बुरी तरह घायल हो गए ।

बम धमाके के घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनमें से एक राजेन्द्रपाल की अस्पताल में मृत्यु हो गई । अन्य 9 घायलों के नाम इस प्रकार हैं—राम लुभाया (किरयाना मर्चैंट) निवासी गोल मस्जिद, तीर्थ राम भाटिया निवासी शरीफ़पुरा, गुरिंदर पाल सिंह कांस्टेबल थाना राम बाग, सच्चा सिंह कांस्टेबल पंजाब होमगार्ड, अशोक कुमार (बेकरी शाप मालिक) शरीफ़पुरा, गुरशिंदर सिंह कांस्टेबल पंजाब होमगार्ड, बिशारती निवासी शरीफ़पुरा, अवतार सिंह कांस्टेबल (ड्राइवर) राम बाग तथा नीलम निवासी गोल मस्जिद ।

इस ज़बरदस्त धमाका को लगभग आधे अमृतसर शहर में सुना गया । धमाके से इर्द-गिर्द के मकानों के दरवाजे और खिड़कियों के शीशे टूट गए । जिस साइकल पर बमयुक्त कनस्तर रखा हुआ था, वह भी बुरी तरह टूट-फूट गया । वह मोपेड, जिस पर शिकायतकर्ता श्री किशन सिंह सवार थे, भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । बम में प्रयुक्त लोहे आदि के टुकड़े लगने से पुलिस की मारुति जिप्सी व घटनास्थल पर खड़ी एक मारुति कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई । श्री किशन सिंह व अन्य मृतकों के शरीर के जैसे के लोथड़े घटनास्थल से कई-कई गज दूरी पर जाकर गिरे देखे गए तथा चारों ओर के मकानों की दीवारों से चिपके देखे गए । घटनास्थल पर चारों ओर कोहराम मचा हुआ था ।

प्राप्त सूचना से जो तस्वीर उभरी है, उसके अनुसार जिस गली में यह घटना हुई है, उसमें एक पुलिस निरीक्षक का निवास-स्थान है, जो कि इस समय जिला के एक थाना में तैनात है । वास्तव में यह पुलिस निरीक्षक ही आतंकवादियों का निशाना थे क्योंकि जो मारुति कार घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त हुई, वह उन्हीं की ही बताई जाती है । आतंकवादियों ने सम्भवतः उनकी हत्या के इरादे से यह साइकल बम वहां रखा था ।

इस घटना का जहां दर्दनाक पहलू यह है कि श्री भगत सिंह इंस्पैक्टर राम बाग पुलिस, जो कि स्वभाव के बड़े मृदुल थे, 31 जनवरी, 1989 को रिटायर होने जा रहे थे, वहीं दहद बात यह भी है कि इंस्पैक्टर भगत सिंह विस्फोट विशेषज्ञों की सहायता लिए बिना स्वयं ही उसको देखने लगे । श्री भगत सिंह, श्री बचित्तर सिंह और किशन सिंह की क्षत्-विक्षत् लाशों को चादरों से बांध कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया । पोस्टमार्टम के बाद श्री भगत सिंह की लाश उनके गांव पधियाना थाना आदमपुर जिला जालन्धर तथा कांस्टेबल बचित्तर सिंह की लाश उनके गांव जानियां चाहल थाना शाहकोट जिला जालन्धर पुलिस की सुरक्षा में भेजी गई ।

हानि अधिक हो सकती थी यदि... : 'वार्ता' के अनुसार आज सुबह जो बम विस्फोट हुआ, यदि यह विस्फोट प्रातः 8.30 और 9 बजे के बीच हुआ होता तो इससे बहुत अधिक क्षति हो सकती थी । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि

अमृतसर के शरीफ़पुरा में शुक्रवार को हुए बम विस्फोट से (1) पुलिस इंस्पैक्टर सरदार भगत सिंह का क्षत-विक्षत शव, (2) गनमैन बचित्तर सिंह, (3) राजेन्द्र पाल महाजन, (4) किशन सिंह के शव और (5) घायल श्री तीरथ राम भाटिया, (6) नीलम, (7) अवतार सिंह, (8) विद्यावती, (9) गुरशिंदर सिंह, (10) राम लुभाया तथा (11) अशोक कुमार । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani



अमृतसर में शरीफ़पुरा आबादी में वह स्थान जहां शुक्रवार को उग्रवादियों द्वारा रखे बम के विस्फोट से अनेक लोग हताहत हो गए । चित्र में (1) वह स्थान जहां साइकिल पर पीपे में बम रखा हुआ था । साइकिल पास में पड़ी है तथा अन्य नष्ट स्कूटर आदि, (2) जिस मकान के आगे बम फटा तथा खून से लथपथ सड़क, (3) क्षतिग्रस्त पुलिस जीप, (4) वहां खड़ी एक कार की खिड़की के टूटे शीशे व बम के टुकड़ों से पड़े निशान, (5) आस-पास के मकानों की खिड़कियों के शीशे बम विस्फोट से टूट गए, (6) मृतकों के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । *(छाया : रवि भंडारी)*

अकाली दल (ल) उग्रवादियों से कोई सम्पर्क नहीं रखेगा : थापर

अमृतसर, 30 दिसम्बर (ह.स.): अकाली दल (ल) दिल्ली के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह थापर ने कहा है कि उनकी पार्टी उग्रवादियों से कोई भी सम्पर्क नहीं रखेगी तथा विभिन्न अकाली धड़ों में एकता के लिए किए जा रहे प्रयासों का पूर्ण समर्थन करेगी । आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में श्री थापर ने कहा कि विभिन्न अकाली धड़ों में एकता कुछ आधारभूत सिद्धांतों के आधार पर ही हो सकती है । भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला द्वारा अकाल तख्त के समक्ष पेश होने के सम्बन्ध में उठाए गए कदमों की सराहना की । श्री थापर ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम था और सभी अकाली नेताओं को इसकी सराहना करनी चाहिए ।

श्री थापर ने कहा कि 1987 में श्री दर्शन सिंह रागी द्वारा बनाए गए एकीकृत अकाली दल की अब कोई भी वैधता नहीं रह गई है क्योंकि यह कई अलग-अलग धड़ों में बंट गया है । श्री थापर ने कहा कि एकीकृत अकाली दल के विघटन का सब से प्रमुख कारण यह रहा कि इसमें विभिन्न दृष्टिकोणों वाले लोग शामिल थे, जबकि अकाली दल (ल) आज भी 'चट्टान' की तरह दृढ़ है । श्री थापर ने कहा कि अगर अकाली दलों में एकता का लक्ष्य प्राप्त करना है तो उग्रवादियों को इन प्रयासों में शामिल करने के बारे में कोई भी विचार नहीं किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि अकाली दल (लौंगोवाल) सदा ही शांति का समर्थक रहा है । उन्होंने कहा कि उनके दल ने कभी भी उग्रवादियों व उनकी गतिविधियों का समर्थन नहीं किया है ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यप्रणाली के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अत्यन्त विवादास्पद संस्था बन गई है तथा इसके कामकाज में भ्रष्टाचार एक आम बात बन गई है । उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के नए चुनाव करवाए जाएं जिससे कि कमेटी में नए व उत्साही लोग आ सकें । यही नए लोग भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा सकेंगे । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री थापर ने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से

जनता पार्टी का जनता दल में विलय नहीं होगा

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर (वार्ता): जनता पार्टी के पांच नेताओं ने आज यहां कहा कि पार्टी का जनता दल में विलय नहीं होगा तथा वह अपना अलग अस्तित्व बनाए रखेगी । इससे जनता दल के लिए संकट भी गहरा हो गया है । पार्टी के उपाध्यक्ष इंदुभाई पटेल तथा अन्य नेताओं ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यदि समान विचारों वाला कोई दल जनता पार्टी में विलय करना चाहता है तो उसका स्वागत है । पार्टी की सांसद सरोजनी महिषि ने एक

अमृतसर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 1 का शेष)

वरियाम सिंह (खुजाला) को गिरफ्तार करके उससे गोली-सिक्का बरामद किया है । मठभेड़ गांव कंडीला के निकट हुई बताई गई है । श्री शर्मा ने बताया कि थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में बख्शीश सिंह (मेहरा), सुरिन्द्र सिंह (राजवाला), दो महिलाओं दलबीर कौर, हरबंस कौर (चीमा खुड्डी), सुरता सिंह, सतनाम सिंह व इसके भाई अजायब सिंह (टंडे) को गिरफ्तार किया है ।

दुकानदार की हत्या : थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भगतूपरा में 3 उग्रवादियों ने जगनलाल नामक एक मीट बिक्रेता की हत्या कर दी । मृतक अपने लड़के के साथ कस्बा उदनवाल में मीट की दुकान करता था । सायं लगभग साढ़े 5 बजे वह अपने लड़के के साथ साइकल पर वापस जा रहा था कि गन्ने के खेतों में से निकल कर उग्रवादियों ने उन्हें घेर लिया । उसके लड़के ने भाग कर जान बचाई ।

दो संदिग्ध पकड़े : संगरूर से गर्ग के अनुसार पुलिस ने कट्टर उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों कुलदीप सिंह निवासी मुंशीवाल तथा अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने दी ।

दो की हत्या : मानसा (छोटे): आज सुबह यहां मानसवेरे के निवासियों रमेश कुमार तथा राम प्रताप की अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । उस समय उक्त दोनों व्यक्ति सैर के लिए जा रहे थे । पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी । रमेश कुमार विकिन कंट्रैक्टर तथा राम प्रताप सुनार थे ।

इस हत्याकांड के विरोध में मानसा में पूर्ण हड़ताल रही । सभी दुकानें बंद थीं ।

लूट की वारदात : पटियाला (भूषण): गत रात यहां माडल टाऊन में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने अमृत इंटरप्राइजिज़ नामक संस्थान से 22 तोले सोने के जेवर तथा 28 हजार रुपए नकद लूट लिए । दो संदिग्ध व्यक्ति तो अन्दर दाखिल हो गए जबकि तीसरा बाहर खड़ा रहा । वारदात के बाद अभियुक्त फरार होने में सफल हो गए ।

सर्दी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

शिमला, 30 दिसम्बर (ह.स.): लाहौल-स्पीति जिला में लोहसर से टैबो तक के 70 किलोमीटर के क्षेत्र में तापमान में अत्याधिक कमी होने से सामान्य जन-जीवन पूर्णतः अस्त व्यस्त हो गया । लाहौल स्पीति, किन्नौर और पांगी घाटी के लोग अत्याधिक सर्दी से ठिठुर रहे हैं । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार शिमला जिला के दूरवर्ती क्षेत्र में जीवनोपयोगी वस्तुओं की सप्लाई शुरू हो गई है ।

गुमशुदा की तलाश

मेरी पत्नी केसरी देवी, उम्र 65 साल,

जिला योजना बोर्ड में राजनैतिक दलों को प्रतिनिधित्व देने की मांग

होशियारपुर, 30 दिसम्बर (अश्विनी कपूर): एस.जी.पी.सी. के भूतपूर्व अध्यक्ष व लीगोवाल अकाली दल के नेता श्री काबुल सिंह ने पंजाब के राज्यपाल से सभी जिलों के योजना बोर्डों में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग की है ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा भंग होने के पश्चात भूतपूर्व विधायक भी इन बोर्डों के सदस्य नहीं रहे इसलिए सभी दलों को इन बोर्डों में शामिल किया जाना आवश्यक है ।

श्री काबुल सिंह ने कहा कि गत सितम्बर मास की भयंकर बाढ़ से लोगों के खेतों में आई रेत उठाने के लिए सरकार सब सिडी नहीं पूरा खर्चा दे अगर सरकार खर्चा नहीं दे सकती तो रेत स्वयं उठाने के लिए प्रबन्ध करे ।

उन्होंने बाढ़ से टूटने वाली जिला होशियारपुर की सभी सड़कों की मरम्मत के लिए केंद्रीय सरकार से केंद्रीय पूल से फंड देने की मांग की ।

बाढ़ सहायता वितरण में हेराफेरी का आरोप

होशियारपुर, 30 दिसम्बर (अश्विनी कपूर): पटयाल ग्राम के आध दर्जन लोगों ने जिलाधीश को एक शिकायत की है जिसमें उक्त ग्राम में बाढ़ सहायता के वितरण करने वाले कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाए गए हैं । यह आरोप लगाया गया कि एक मकान के नुक्सान के लिए परिवार के दो-दो तीन-तीन सदस्यों को पैसे लेकर मुआवजा दे दिया गया ।

सहायता करने वालों ने 20 से 40 प्रतिशत तक रिश्वत सहायता चैक प्राप्त करने वालों से लिए । जिलाधीश ने होशियारपुर के एस.डी.ओ. सिविल को इस सम्बन्ध में जांच करने के आदेश दिए हैं ।

एक स्पष्टीकरण

जालन्धर, 30 दिसम्बर : पंजाब केसरी के 13 नवम्बर के अंक में प्रकाशित लेख "स्वमूत्र से चिकित्सा" में लिखा है कि यह चिकित्सा आर्य समाज कपूरथला के प्रधान श्री हरि सिंह करते हैं । लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री हरि सिंह आर्य समाज के प्रधान नहीं हैं । सुश्री कमलेश कुमारी अरोड़ा आर्य समाज कपूरथला की प्रधान हैं ।

अल्पसंख्यक संगठन के यूनिट भंग

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (संघी) : अखिल भारतीय अल्पसंख्यक संगठन के प्रधान डाक्टर एम.ए. हलीम ने अपने हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ यूनिटों को भंग कर दिया है ।

Punjab Sahaara